सीमांत क्षेत्रों में पहचान पत्र जारी करने का सैद्धांतिक रूप से निर्णय

उग्रवादियों द्वारा 3 व्यक्तियों की हत्या : गोराया में ड्रम में पड़ी लाश मिली

जालन्धर क्षेत्र में सक्रिय 5 उग्रवादी गिरफ्तार

चंडीगढ़, 11 अप्रैल (ह.स., वार्ता): उग्रवादियों ने पंजाब में 3 लोगों की हत्या कर दी जबकि एक व्यक्ति का शव एक ड्रम में मिला । जालन्धर जिला में सक्रिय 5 उग्रवादी गिरफ्तार कर लिए गए । कई जगह लूट पाट की वारदातें हुई । फिरोजपुर और फाजिल्का के सीमांत क्षेत्रों के लगभग डेढ़ लाख नागरिकों को शिनाख्ती कार्ड जारी करने का सैद्धांतिक रूप से निर्णय ले लिया गया ।

एक की हत्या

अमृतसर (अशोक): थाना कत्थूनंगल के गांव गद्दरजादा में आज सायं लगभग साढ़े छः बजे दो उग्रवादियों ने 23 वर्षीय रणजीत सिंह को गोली मार कर उसकी हत्या कर दी ।

शिनाख्ती कार्ड

फिरोजपुर (ह.स.): उपायुक्त श्री रमेश इंद्र सिंह के अनुसार पंजाब सरकार ने भारत पाकिस्तान सीमा के पांच किलोमीटर क्षेत्र में रहने वाले लोगों को शिनाख्ती कार्ड जारी करने का सैद्धांतिक रूप से निर्णय किया है । उन्होंने बताया कि प्राथमिक अनुमान के अनुसार फिरोजपुर और फाजिल्का सब-डिविजनों में लगभग डेढ़ लाख नागरिकों को शिनाख्ती कार्ड जारी किए जाएंगे । उन्होंने बताया कि राज्यपाल श्री एस.एस. रे 13 अप्रैल को यहां आ रहे हैं, जो फिरोजपुर जिले के पाकिस्तान के साथ लगती लगभग 160 किलोमीटर लम्बी सीमा का निरीक्षण करेंगे ।

2 घुसपैठिए मरे

जलालाबाद (राकेश): यहां से 10 किलो मीटर दूर जोधा ब्यानी सीमा चौकी पर सीमा सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में 2 पाक घुसैठिए मारे गए, जबकि एक उग्रवादी अंधेरे का लाभ उठा कर भाग गया । बताया गया है कि प्रातः साढ़े तीन बजे लगभग सीमा सुरक्षा बल के जवान जब गश्त पर थे तो ऐसा मालूम हुआ कि तीन व्यक्ति पाकिस्तान की ओर से भारत की सीमा में प्रवेश कर रहे हैं । सुरक्षा बल के जवानों ने उन्हें ललकारा तो उन्होंने गोली चला दी । सुरक्षा बल के जवानों ने जवाबी गोली चलाई जिससे 2 घुसपैठिए मारे गए, एक भागने में सफल हो गया । मरने वालों की जेब से सौ-सौ रुपए के 2 पाकिस्तानी नोट और एक उर्दू में लिखा पत्र मिला है । मृतकों में से एक की आयु 20 वर्ष और दूसरे की 22 वर्ष है ।

कार व जेवर छीने

गिद्दड़बाहा (पुरु.): गत दिवस मलोट-गिद्दड़बाहा सड़क से कुछ उग्रवादियों ने एक कार नम्बर पी.जे.ओ. 6870 छीन ली और कुछ दूर ले जाकर उसे जला दिया । कार में सवार जोड़े से उन्होंने सोने के जेवर भी छीन लिए । गिद्दड़बाहा पुलिस ने इस संबंध में केस दर्ज कर लिया है ।

जिम्मेदारी ली

मोगा (आजाद): गत दिवस थाना बाघा पुराना के गांव घोलियां खुर्द की एक मस्जिद में हुए हत्याकांड जिसमें पांच लोग मारे गए थे, की जिम्मेदारी भिडरांवाला टाइगर फोर्स ने ली है फोर्स की ओर से सुरजीत सिंह पेंटा और रणजोध सिंह उर्फ जोधा के हस्ताक्षरों से जारी बयान में कहा गया कि ऐसे अंध विश्वास को बढ़ावा देने वाले, पुलिस मुखबिरों और पंथ-द्रोहियों को परिवार सहित 'सोधा' जाएगा ।

अंतिम संस्कार

ज्ञान मित्तल के अनुसार गत रात आतंकवादियों द्वारा मारे गए 5 व्यक्तियों का आज अंतिम संस्कार कर दिया गया । हत्याओं के विरोध में आज बाघा पुराना में पूर्ण हड़ताल रही । हत्याकांड बारे मिली और जानकारी के अनुसार आतंकवादी गांव कोटला मेहर सिंह वाला में सोमा सिंह नामक व्यक्ति की हत्या करने आए थे, परन्तु वह घर पर न होने के कारण बच गया । इस पर आतंकवादियों ने उसके 12 वर्षीय लड़के को मारने का प्रयास किया पर उसके वृद्ध दादा की याचना पर उसे छोड़ दिया गया । गांव माड़ी मुस्तफा में एक व्यक्ति किशोर कुमार की हत्या व उसकी पत्नी को घायल करने के बाद उन्होंने उनके घर को आग लगा दी, जिससे हजारों की सम्पत्ति जल गई ।

हालत गम्भीर

जालन्धर (ह.स.): आदमपुर पुलिस स्टेशन के गांव कंडोला कांड में घायल श्रीमती शकुंतला देवी की हालत अभी गम्भीर है । उल्लेखनीय है कि गत रात उग्रवादियों द्वारा की गई अंधाधुंध फायरिंग में श्री चमन लाल और उसके पिता श्री मलावा राम की मृत्यु हो गई थी । शकुंतला देवी को जालन्धर सिविल अस्पताल में दाखिल कराया गया ।

सुराग नहीं

इसी बीच सुरक्षा बलों ने इस हत्याकांड में संलिप्त उग्रवादियों की तलाश में विभिन्न स्थानों पर छापे मारे परन्तु अभी तक उन्हें कोई सुराग नहीं मिला ।

नकदी व मोटर साइकिल छीना

दो उग्रवादियों ने शाहकोट में एक पैट्रोल पम्प से एक हजार रुपए लूट लिए । पुलिस के अनुसार भागने से पूर्व उग्रवादी वहां खड़ा एक मोटर साइकिल भी ले गए ।

बाद में प्राप्त सूचनानुसार पैट्रोल पम्प से दो हजार रुपए लूटे गए ।

गत रात नकोदर के किशन सिंह का ट्रैक्टर कुछ उग्रवादी ले गए ।

शव मिला

जिला जालंधर में गोराया से पुलिस को एक ड्रम में पड़ा शव मिला है ।

स्कूटर छीना

बंगा पुलिस स्टेशन के गांव मोरांवाली के निकट उग्रवादियों ने केवल सिंह नामक व्यक्ति से उसका स्कूटर छीन लिया ।

जंडे सराए में फायरिंग

करतारपुर (देवदत्त): गत रात लगभग आधा दर्जन आतंकवादियों ने यहां के निकटवर्ती गांव जंडे सराए में एक महजबी सिख अरुड़ सिंह के घर का दरवाजा खटखटाया । अरुड़ सिंह ने दरवाजा नहीं

(शेष पृष्ठ 8 पर)

महिलाओं केहत्यारेपंथ के सेवक नहीं : रे

गुरदासपुर, 11 अप्रैल (विनोद, महेन्द्र): आज यहां से 30 किलो मीटर दूर पठानकोट उपमंडल के कस्बा सुजानपुर के पास यू.बी.डी. हाइडल प्रोजैक्ट नं. 2 एवं 3 के शिलान्यासन समारोह में पंजाब के राज्यपाल श्री सिद्धार्थ शंकर रे ने कहा कि मासूम बच्चों व महिलाओं की हत्या करने वाले न तो सिख पंथ की सेवा कर रहे हैं और न पंजाब की । उन्होंने कहा कि इनके जघन्य अपराधों को भगवान भी क्षमा नहीं करेगा । श्री रे ने कहा कि इस वर्ष राज्य में आतंकवाद की वृद्धि के बावजूद विकास कार्य तेज किए जाएंगे ।

श्री रे ने कहा कि सरकार ने आतंकवादियों से वार्ता के द्वार खोले थे परन्तु ऐसा लगता है कि इन आतंकवादियों पर किसी का नियंत्रण नहीं रहा है तथा ये मात्र विदेशी इशारों पर ही चल रहे हैं ।

श्री रे ने कहा कि पंजाब में पुलिस एवं सुरक्षा बलों को निर्देश दिए गए हैं कि वे हत्याएं रोकने के हर सम्भव कदम उठाएं तथा आतंकवाद का लौह हाथों से मुकाबला करें । उन्होंने कहा कि इन हत्याओं को रोकने के लिए कोई कठोर कदम अवश्य उठाना होगा । उन्होंने जनता से अपील की कि वह प्रशासन को आतंकवाद से निपटने में सहयोग दे ।

श्री रे ने कहा कि आज से वह 5 दिनों के लिए राज्य के सीमांत जिलों का दौरा शुरू कर रहे हैं और इतने दिन तक वह चंडीगढ़ में बाहर रह कर आतंकवाद से प्रभावित इन जिलों के लोगों से मिलेंगे । उन्होंने कहा कि पंजाब के 99 प्रतिशत लोग खालिस्तान की मुर्खतापूर्ण मांग के विरुद्ध हैं । गांवों में उग्रवादियों के विरुद्ध सख्त घृणा पाई जाती है । उन्होंने कहा कि आतंकवाद को निश्चित रूप से रोकना होगा । श्री रे ने अपने भाषण के दौरान आतंकवादियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की घोषणा करते समय मेज पर एक-दो बार जोर से मुक्के मारकर अपने दृढ़ संकल्प को व्यक्त किया ।

बिजली बोर्ड के कार्यालयों से रुपए लूटे जाने की वारदातों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि उन्होंने बिजली बोर्ड को निर्देश दिया है कि भविष्य में

(शेष पृष्ठ 8 पर)

स्तान की मांग पर ही मेटी द्वारा चेतावनी

कार्य सूची में 'खालिस्तान' के मसले को शामिल नहीं किया जाता ।

समिति के प्रवक्ता ज्ञानी जागीर सिंह ने आज एक लिखित बयान में कहा कि केन्द्र सरकार से 'खालिस्तान' के अलावा और किसी मसले पर बातचीत नहीं होगी ।

बयान की प्रतियां स्वर्ण मन्दिर परिसर में सम्वाददाताओं को दी गई । बयान में यह भी कहा गया कि किसी भी सिख संगठन को 'खालिस्तान' को छोड़ कर दूसरे मुद्दे पर बातचीत की इजाजत नहीं दी जाएगी ।

इस बयान में कहा गया है कि तथाकथित खालिस्तान के लिए लड़ाई सुनियोजित ढंग से लड़ी जा रही है । पंथक कमेटी का यह बयान अकाल तख्त के जत्थेदार भाई जसबीर सिंह खालसा द्वारा दमदमा साहब में 13 अप्रैल को बैसाखी के अवसर

Jammu Samachar

पहचान पत्र ...
(पृष्ठ 3 का शेष)

खोला और शोर मचा दिया जिससे गांव के लोग इकट्ठे हो गए । लोगों ने आतंकवादियों को ललकारा, जिस पर आतंवादी फायरिंग करते हुए भाग गए । गोली की आवाज सुनते ही आसपास के गांवों में आतंक फैल गया ।

पांच उग्रवादी गिरफ्तार

जिला जालंधर में सुरक्षा बलों ने जालंधर शहर और आसपास के क्षेत्रों में वारदातें करने वाले दुर्दांत उग्रवादी गिरोह का पता लगा कर उसके पांच सदस्यों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है । गिरफ्तार उग्रवादियों की शिनाख्त सुरेंद्र सिंह, हरविंदर सिंह उर्फ नैका, जोरावर सिंह उर्फ सोढी, गुरदेव सिंह उर्फ गाबा और जसपाल सिंह के रूप में की गई है । इनके कब्जे से माडल टाऊन, जालंधर व गांव बुधियां से छीने गए स्कूटर तथा 303 बोर की एक बंदूक व एक पिस्तौल, 12 बोर के तीन पिस्तौल और 19 कारतूस बरामद किए गए ।

पूछताछ के दौरान उन्होंने 14 मार्च, 1988 को स्कूटर, एक हजार रुपए, सोने की अंगूठी, 9 मार्च को 4341 रुपए व मोटर साइकिल छीनने, 7 अप्रैल को स्कूटर छीनने, 21 मार्च को एक शराब के ठेके से नकदी लूटने, 2 जनवरी को सीमेंट विक्रेता से नकदी छीनने, 27 जनवरी को 1850 रुपए छीनने, 2 मार्च को स्कूटर छीनने, 19 मार्च को छः हजार रुपए, 22 मार्च को मोटर साइकिल छीनने, 9 नवम्बर 1987 को स्कूटर, 20 मार्च, 1988 को पांच हजार रुपए, 4 अप्रैल को 4385 रुपए, 5 दिसम्बर, 1987 को सोने की चैन व अंगूठी, 10 नवम्बर, 1987 को शराब के ठेके से 300 रुपए, 9 अप्रैल, 1988 को स्कूटर चोरी करने इत्यादि के मामलों में संलिप्त होना स्वीकार किया है ।

मरीज बन कर आए

नवांशहर (शर्मा): गत सायं साढ़े सात बजे गांव लंगड़ोआ के आर.एम.पी. श्री सुरेन्द्र पाल जिनकी दो उग्रवादियों ने गोली मार कर हत्या कर दी थी, के बारे पता चला है कि वे साइकिलों पर मरीज बन कर आए । दुकान में बैठ कर एक ने श्री पाल को नब्ज दिखाई और दूसरे ने उन्हें तीन गोलियां मारीं । इसके बाद वे साइकिलों पर ही फरार हो गए । उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पूर्व एक बैंक को लूटने आए उग्रवादियों को श्री पाल ने ही ललकारा था और गोली चलाई थी जिससे उग्रवादी भाग गए थे ।

धमकी-भरे पोस्टर

फगवाड़ा (कौड़ा): खालिस्तान लिबरेशन फोर्स आनंदपुर साहिब की तरफ से कल व आज फगवाड़ा के निकटवर्ती गांवों जंगली इत्यादि में धमकीपूर्ण पोस्टर दीवारों पर चिपकाए गए, जिनमें गांववासियों से टैलीविजनों के एंटीना उतारने, रामायण बंद रखने, कुत्ते बांध कर रखने, सायंकाल से ही घरों की बत्तियां बंद करने की चेतावनी दी गई है । पंजाबी में छपे इन पोस्टरों को उतारने वालों को शीघ्र 'सोध' देने की भी धमकी दी गई है । इससे पूर्व क्षेत्र में भारी आतंक व्याप्त हो गया है ।

पुरुषों के लिए
कीमती दवाइयों का निचोड़, हर मौसम में प्रयोग किया जाने वाला । काम शक्ति व मानसिक परेशानियों के समाधान के लिए अनमोल तोहफा

शरणदाता गिरफ्तार

'खोसला' के अनुसार आज स्थानीय थाना सदर पुलिस ने उग्रवादियों को शरण देने के अपराध में कलविन्दर सिंह पुत्र अमर सिंह निवासी गोंसपुर व नरेन्द्र सिंह निवासी गांव बवेली को गिरफ्तार किया है ।

4 हिरासत में

कल रात स्थानीय पुलिस की तरफ से 8 अप्रैल को गांव भबियाना में हुई उग्रवादियों व सी.आर.पी.एफ. के बीच हुई मुठभेड़ के सम्बन्ध में मलिकपुर, पंडोरी गोलां व चाघरां (जिला होशियारपुर) में लगातार 4 घंटे तक तलाशी ली गई तथा 4 व्यक्तियों को हिरासत में लिया । एक सूचना के अनुसार इस सम्बन्ध में पुलिस ने अभियुक्त नामजद कर लिया है ।

नकदी व जेवर लूटे

गत रात्रि यहां से 8 किलोमीटर दूर गांव बहुआ में लगभग आधा दर्जन उग्रवादी जगदीश सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में दाखिल होकर लगभग एक हजार रुपए व सोने के कुछ जेवर तथा कपड़े छीन कर ले गए । जाते समय वे पुलिस में केस दर्ज करवाने पर गम्भीर परिणामों की धमकी दे गए ।

राजपुरा में फायरिंग

पटियाला (भूषण): कल प्रातः 4 बजे राजपुरा में स्टेट बैंक आफ पटियाला की मेन ब्रांच पर तैनात भारत-तिब्बत पुलिस फोर्स ने फायरिंग की । बताया गया है कि पुलिस फोर्स ने धमाके की आवाज सुनी । जिसे उन्होंने यह समझा कि बाहर से गोली चलाई जा रही है । इस पर फोर्स के दो जवानों ने फायरिंग शुरू कर दी । एक जवान ने 14 फायर किए, दूसरे जवान ने एक फायर किया । बैंक से गनमैन ने जो ड्यूटी पर था दो फायर किए ।

तथापि यह पता न चल सका कि क्या किसी ने फायरिंग की थी या फोर्स ने केवल धमाके की आवाज सुनी । पुलिस जांच कर रही है । इस ब्रांच में भारत-तिब्बत पुलिस फोर्स 6 अप्रैल से तैनात है और पूरी चौकसी से काम कर रही है ।

एक की हत्या

गुरदासपुर (ह.स.): फतेहगढ़ चूड़ियां पुलिस स्टेशन के गांव पब्बाराली में चार उग्रवादियों ने तेजधार हथियारों से गुरचरण सिंह नामक व्यक्ति की हत्या कर दी और उसके दो लड़कों को घायल कर दिया ।

मुठभेड़ के बाद फरार

पाकिस्तान से भारत में घुसे तीन उग्रवादी आज दीनानगर पुलिस स्टेशन के गांव शाहपुर में सुरक्षा बलों से तीन घंटे तक मुठभेड़ के बाद फरार होने में सफल हो गए ।

पुलिस के अनुसार बी.एस.एफ. के जवानों जो अभी तक उनकी तलाश में हैं, को ए.के. 47 चीनी राइफल का एक मैगजीन मुकाबले वाले स्थान से मिला है । सूत्रों के अनुसार उग्रवादियों ने 100 से अधिक राऊंड चलाए । यह मुठभेड़ लगभग अढ़ाई बजे शुरू हुई ।

40 हजार के जेवर लूटे

डेरा बाबा नानक पुलिस स्टेशन के गांव सिंघपुरा में दो उग्रवादियों ने भूतपूर्व सरपंच बाबा सिंह के घर से 40 हजार रुपए के 15 तोले सोने के जेवर लूट लिए । पुलिस के अनुसार प्रातः लगभग 10 बजे हुई इस वारदात के समय बाबा सिंह की बहू श्रीमती जीत कौर घर में अकेली थी ।

एक की हत्या

बंगा से 'खोसला' के अनुसार यहां से 10 कि.मी. दूर मकंदपुर के बस स्टैंड पर रात लगभग पौने 8 बजे एक व्यक्ति राजवंत पांडे की उग्रवादियों ने गोली मार कर हत्या कर दी । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

ठेके में तोड़फोड़

गत रात्रि निकटवर्ती गांव बहराम में कुछ उग्रवादियों ने शराब के ठेके पर तोड़फोड़ की व काफी सामान लूट लिया ।

मंत्रिमंडल में विस्तार ...
(पृष्ठ 3 का शेष)

तक श्री के.आर. पूनिया के पास था । गृहमंत्री श्री सम्पत सिंह को अब आबकारी व कराधान विभाग की जगह स्थानीय निकाय विभाग दे दिया गया है जोकि श्री बी.डी. गुप्ता के पास था ।

जन-स्वास्थ्य मंत्री श्री राम बिलास शर्मा से जेल विभाग लेकर अब इलैक्ट्रानिक्स विभाग दे दिया गया है जोकि श्री पूनिया के पास था । सिंचाई व विद्युत मंत्री श्री बीरेंद्र सिंह से चुनाव व विधायन विभाग लेकर उसकी जगह टाऊन एंड कंट्री प्लानिंग व अर्बन एस्टेट विभाग दे दिया गया है । ये विभाग अब तक मुख्यमंत्री खुद संभाले हुए थे ।

चुनाव व विधायन विभाग अब उप-मुख्यमंत्री श्री बनारसी दास गुप्ता को दे दिया गया है । उद्योग मंत्री श्री किरपा राम पूनिया के पास अब पर्यटन तथा अनुसूचित जाति व पिछड़ी श्रेणी कल्याण विभाग सहित छः में से केवल तीन विभाग ही रह गए हैं जबकि मुख्यमंत्री चौ. देवी लाल के पास अब ग्यारह में से नौ विभाग बाकी बचे हैं ।

श्रीलंका में मध्यावधि चुनाव की सम्भावना

कोलम्बो, 11 अप्रैल : श्रीलंका की सत्तारूढ़ युनाइटेड नैशनल पार्टी मध्यावधि चुनाव कराने का एलान कर सकती है । समाचार पत्रों में आज प्रकाशित खबर के अनुसार राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री ललित अतुलतमुदली ने कल यहां एक जनसभा में यह घोषणा की । उन्होंने कहा कि सत्तारूढ़ दल अचानक चुनाव की घोषणा करके विपक्ष को 'हतप्रभ' कर सकता है । उन्होंने कहा कि जनमत संग्रह से सरकार को घाटा ही होगा । 1982 में कराए गए जनमत संग्रह से संसद का कार्यकाल 6 साल के लिए बढ़ा दिया गया था ।

देश में 1977 में पिछला चुनाव हुआ था जिसमें युनाइटेड नैशनल पार्टी ने 168 सदस्यीय सदन में करीब 140 सीटें प्राप्त करके विशाल बहुमत प्राप्त किया था ।

श्रीलंका के सैनिकों ने उत्तर मध्य अनुराधापुरा जिले के जंगलों में गुप्त अड्डों पर हमला कर लिबरेशन टाइगर्स आफ तमिल ईलम के कम से कम दस संदिग्ध छापामारों को मार गिराया और एक जवान मारा गया । मीगोस्वेवा वह स्थान है जहां गत शुक्रवार को टाइगर्स छापामारों ने कथित रूप से 14 सिंहलियों की हत्या कर दी थी ।

अधिकृत सूत्रों के अनुसार गत शुक्रवार को हत्या के बाद दो महिलाओं के सिर काटकर पेड़ पर लटका दिए थे ।

श्रीलंका सेना ने भारतीय सेना के जवानों जैसी वर्दियां और पचास टार्च लाईट भी बरामद कीं ।



पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद के बाहरी सैंकड़ों हथगोले, बम, भूमि से वायु में मार करने

कम्युनिस्ट वर्कर के घर हमला

नकोदर, 11 अप्रैल (गगन): थाना नूरमहल के गांव जंडियाला में कम्युनिस्ट वर्कर श्री गुरदेव सिंह के घर कुछ सशस्त्र व्यक्तियों द्वारा हमला किए जाने की सूचना मिली है । ये हमलावर कांग्रेस पार्टी से सम्बद्ध बताए जाते हैं ।

बताया गया है कि नशे में धुत ये व्यक्ति गालियां निकालते हुए गुरदेव सिंह के घर का दरवाजा तोड़ कर अंदर प्रवेश कर गए तथा मकान पर भारी पथराव किया । हमलावर इस बात से अत्यधिक दुखी थे कि गांव में कम्युनिस्ट पार्टियां सरेआम इंका विरोधी प्रचार करती हैं कि इंका उग्रवाद का समर्थन कर रही है । हमले के दौरान गुरदेव सिंह व उसके परिवार के व्यक्तियों ने एक कमरे में छिप कर जान बचाई ।

गुरदेव सिंह ने गुरमेज भज्जी, जैला, दलबीरा तथा 15 अन्यों के खिलाफ पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है । कम्युनिस्ट नेताओं गुरचेतन सिंह तथा कर्मजीत सिंह ने इस हमले की निन्दा की है तथा गुंडा तत्वों को तुरन्त गिरफ्तार करने की मांग की । इस दौरान यह भी ज्ञात हुआ है कि कुछ इंका नेताओं ने दोषियों को बचाने के प्रयास शुरू कर दिए हैं ।

सत्ता और पूंजी के गठबंधन से भ्रष्टाचार पनपता है : वी.पी. सिंह

जयपुर, 11 अप्रैल (ह.स.): जनमोर्चा के नेता विश्वनाथ प्रताप सिंह ने कहा है कि जहां सत्ता और पूंजी का गठबंधन होता है भ्रष्टाचार वहीं से पनपने लगता है ।

श्री सिंह आज यहां बनी पार्क स्थित न्यायालय में वकीलों को सम्बोधित कर रहे थे । उन्होंने कहा कि पूंजी और सत्ता के बीच गठबंधन करने वाले व्यक्तियों को कानून भी अपनी गिरफ्त में नहीं ले पाता । श्री सिंह ने कहा कि भ्रष्टाचार किसी एक व्यक्ति या पार्टी की देन नहीं है । यह देन व्यवस्था की है । उन्होंने वकीलों का आह्वान किया कि इस व्यवस्था को बदलने के लिए शुरू किए राष्ट्रीय आंदोलन में अपनी अहम भूमिका निभाएं ।

श्री सिंह ने कहा कि पनडुब्बी और बोफोर्स सौदे फोड़े जैसे हैं जिनका आप्रेशन करने की आवश्यकता है । अगर समय पर फोड़े का आप्रेशन नहीं किया गया तो वह नासूर बन जाएगा । उन्होंने कहा कि समय-समय पर उस फोड़े का मवाद निकालना आवश्यक है ।

शहंशाह बनाम 'शाह'

जनमोर्चा नेता विश्वनाथ प्रताप सिंह ने कहा कि 'शहंशाह' 'शाह' को हुक्म देता है और 'शाह' हुक्म की तामील करता है । श्री सिंह ने यह टिप्पणी उस समय की जब उनके भाषण के दौरान किसी ने शहंशाह (अमिताभ बच्चन) का नाम लिया । उन्होंने कहा, "जब मैं वित्तमंत्री था तो 'शहंशाह' के भाई के खिलाफ आरोपों की जांच के लिए मैंने एक पत्र लिखा था । उस समय श्री मूपनार ने कहा था कि यह कोई पार्टी विरोधी काम नहीं है लेकिन ठीक दस घंटे बाद मुझे पार्टी से निकाल दिया गया ।"

छात्रों पर लाठीचार्ज

विश्वनाथ प्रताप सिंह की सभा में भाग लेने के इच्छुक मालवीय रीजनल इंजीनियरिंग कालेज के छात्रों पर आज पुलिस ने लाठीचार्ज किया । यह आरोप युवा जनता के प्रदेशाध्यक्ष राजेंद्र सिंह राठौर ने राजस्थान विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर आयोजित छात्रों की सभा में लगाया । बाद में

Punjabi Sangam

पुलिस भिड़ंत में 1 उग्रवादी मरा : दूसरे ने आत्महत्या कर ली : 2 आपस में लड़ मरे

बी श्रेणी के आतंकवादी सहित 10 गिरफ्तार : 35 शरणदाता भी पकड़े गए

पंजाब में 4 महिलाओं सहित 15 की हत्या

चंडीगढ़, 12 अप्रैल (ह.स.): उग्रवादियों ने गत रात से पंजाब में दो महिलाओं सहित 11 लोगों की हत्या कर दी । सुरक्षा बलों से मठभेड़ में एक, जबकि महिलाओं को लेकर उग्रवादियों में हुए आपसी झगड़े में दो उग्रवादी मारे गए । एक उग्रवादी ने पुलिस द्वारा घेर लिए जाने पर साइनाइड खा कर आत्महत्या कर ली । पुलिस और सुरक्षा बलों ने विभिन्न स्थानों से 'बी' श्रेणी के एक उग्रवादी सहित 10 उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में 35 लोगों को गिरफ़्तार कर लिया ।

दो की हत्या

अमृतसर (वार्ता, वि.प्र., ह.स.): आतंकवादियों ने अमृतसर जिले के गुड्डी गांव में मोहिन्दर सिंह नामक एक व्यक्ति और उसकी एक महिला रिश्तेदार की गोली मार कर हत्या कर दी ।

ग्रंथी की हत्या

प्राप्त रिपोर्टों के अनुसार कुछ आतंकवादियों और स्पैशल प्रोटैक्शन फ़ोर्स के बीच कल रात अमृतसर जिले के वरियाम नंगल में मठभेड़ हुई । मुठभेड़ के बाद भागते हुए आतंकवादियों ने एक ग्रंथी जसवन्त सिंह की उनके घर में गोली मार कर हत्या कर दी । उस समय ग्रंथी सो रहे थे ।

उग्रवादी द्वारा आत्म-हत्या

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि घरिंडा थाने के भूसे गांव में कल रात सुरक्षा बल से घिरने के बाद एक आतंकवादी ने साइनाइड खाकर आत्म-हत्या कर ली । उसका साथी भाग निकला । मृतक के पास से एक दुनाली बंदूक और दो कारतूस मिले हैं । उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है ।

दो उग्रवादी मरे

आज सायं एस.एस.पी. कार्यालय से जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार थाना बैरोवाल के गांव हंसवाला के एक फ़ार्म हाऊस में एक उग्रवादी गुट द्वारा दो उग्रवादियों की हत्या कर दी गई । प्राप्त विवरणानुसार तीन उग्रवादी एक फ़ार्म हाऊस में शरण लिए हुए थे जबकि इसी दौरान चार उग्रवादी बाहर से आए । इनका फ़ार्म हाऊस में पहले से छिपे दो उग्रवादियों के साथ दो युवा महिलाओं, जिनमें से एक किसी भूतपूर्व सूबेदार की पत्नी है और दूसरी उसकी लड़की है, को लेकर आपस में गर्मागर्मी हो गई । इस पर पहले से वहां छिपे तीन उग्रवादियों ने बाद में आए उग्रवादियों पर ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफलों से हमला कर दिया । इस फ़ायरिंग में बाद में आए चार उग्रवादियों में से दो रणजीत सिंह गांव वरियाम और बलविंदर सिंह गांव नागोके मारे गए ।

मृतक की शिनाख्त

जालन्धर (वार्ता, ह.स.): पुलिस ने उस पान-विक्रेता की शिनाख्त कर ली है, जिसे बंगा थाना क्षेत्र के मुकंदपुर गांव में कल रात एक आतंकवादी ने गोली मार कर मार डाला था । पुलिस के अनुसार उसका नाम राजवंश पांडेय था और वह बिहार का रहने वाला था ।

एक गिरफ्तार

पुलिस ने कल रात जिले में विभिन्न स्थानों पर छापों के दौरान नूरमहल पुलिस थाना क्षेत्र के तलवन गांव से गुरबचन सिंह नामक एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया । पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि गुरबचन के पास से एक दुनाली बंदूक और दो कारतूस बरामद किए गए ।

स्कूटर छीना

आज प्रातः लगभग साढ़े ग्यारह बजे रंधावा मसंदां के निकट दो उग्रवादियों ने जितेन्द्र कृष्ण नामक व्यक्ति से उसका स्कूटर छीन लिया ।

7197 रुपए छीने

नवांशहर (ह.स.): दो स्कूटर सवार उग्रवादियों ने नवांशहर पुलिस स्टेशन के गांव खड़कोवाल में कोआप्रेटिव सोसाइटी के कैशियर मोहिंदर सिंह और सेल्जमैन देवेन्द्र पाल से बंदूक की नोक पर 7197 रुपए छीन लिए ।

यातायात अवरुद्ध

नवांशहर में आज एक सी.आर.पी. के जवान से झगड़ा हो जाने पर पंजाब रोडवेज के ड्राइवरों ने चंडीगढ़-नवांशहर मार्ग पर यातायात अवरुद्ध कर दिया ।

आभूषण छीने

लुधियाना (मुसाफ़िर): आज स्थानीय निरंकारी मुहल्ले में तीन स्कूटर सवार दोपहर लगभग एक बजे एक उद्योगकार गुरदित्ता के

(शेष पृष्ठ 10 पर)

विन चड्ढा भारत रवाना

न्यूयार्क, 12 अप्रैल : बोफोर्स के भूतपूर्व भारतीय एजैंट विन चड्ढा कल यहां से दिल्ली के लिए रवाना हो गए । वह वहां बोफोर्स संसदीय जांच समिति के समक्ष उपस्थित होंगे । श्री चड्ढा ब्रिटिश एयरवेज की उड़ान से लंदन के लिए रवाना हुए, जहां से वह नई दिल्ली जाएंगे । दिल्ली में वह इसी सप्ताह बोफोर्स तोप सौदे की जांच कर रही संयुक्त संसदीय समिति के समक्ष पेश होंगे ।

श्री विन चड्ढा अपने पुत्र हर्ष चड्ढा के साथ पिछले साल मई में अमरीका आए थे । उनके यहां आने पर भारत में काफी होहल्ला मचा था । हर्ष चड्ढा पिछले महीने भारत लौट गए थे ।

पत्रकार रासुका के तहत गिरफ्तार

अमृतसर, 12 अप्रैल : यूनाइटेड न्यूज़ आफ इंडिया के स्थानीय संवाददाता कलदीप सिंह अरोड़ा को आज यहां राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत हिरासत

फ्री कैम्प

केवल पुराने रोगों के लिए

केवल एक दिन के लिए

दिल्ली के ख्याति प्राप्त शाही हकीम

हकीम जनाब इकबाल (नेत्र विशेषज्ञ)

और

हकीम इकरामल्ला

Punjabi Kesari

पंजाब में हत्याएं ...

(पृष्ठ 3 का शेष)

मकान पर आए । उन्होंने मकान में दाखिल हो कर रिवॉल्वर की नोक पर कौशल्या देवी के गले की सोने की चैन उतार ली । उसके बाद वे घर के अन्दर से लगभग एक लाख रुपए के मूल्य के सोने के आभूषण और नकदी लेकर फ़रार हो गए । जाते वक्त वह कौशल्या देवी और नौकर को रसोई घर में बंद करके फ़रार हो गए ।

साढ़े तीन लाख के जेवरात, नकदी लूटी

'ह.स.' के अनुसार उग्रवादियों ने लुधियाना के एक उद्योगपति के घर से साढ़े तीन लाख रुपए के सोने के जेवर और नकदी लूट ली ।

स्कूटर व जेवर ले गए

'धीमान' के अनुसार गुरदेव नगर क्षेत्र में आठ डाकादी सतीश कुमार, ओम प्रकाश ढल्ल के घर में घुसे और महिलाओं को एक कमरे में बंद करके घर से एक बी.सी.आर., स्कूटर व जेवर ले गए ।

3 की हत्या

उग्रवादियों ने आज रात जिला अमृतसर के गांव लोहरके में अमर सिंह और उसकी दो पत्नियों की हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार कुछ उग्रवादी अमर सिंह के घर में बलात घुसे और अपराध के बाद फ़रार हो गए । सूचना मिलते ही पुलिस के उच्चाधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए ।

दम्पति की हत्या

गुरदासपुर (विनोद): तीन अज्ञात व्यक्तियों ने रात रात थाना श्रीहरगोबिंदपुर के गांव चीमा खुड्डी के एक मकान में घुसकर एक दम्पति सुलखन सिंह

रात रात जलालाबाद से 10 कि.मी. दूर भारत-पाक सीमा पर सीमा सुरक्षा बल के जवानों के साथ मुठभेड़ में मारे गए दो पाकिस्तानी घुसपैठिए । (छाया : राकेश)

बटाला के गांव चीमा खुड्डी में आतंकवादियों द्वारा मारा गया जमींदार (1) सुलक्खण सिंह और (2) उसकी पत्नी सुरिन्दर कौर उर्फ पुष्पा । (छाया : कोछड़)

तथा सुरेन्द्र कौर की हत्या कर दी ।

बटाला से 'कोछड़' के अनुसार पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि गत रात लगभग 8.30 बजे तीन अज्ञात युवक, जो कि चीनी असाल्ट राइफलों से लैस थे, एक किसान सुलखन सिंह के घर आए व सो रहे सुलखन सिंह (50) व उसकी पत्नी सुरिन्द्र कौर उर्फ़ पुष्पा के सिर में गोलियां मार कर उनकी हत्या कर दी । पुलिस व सुरक्षा बलों को घटनास्थल से ए.के. 47 असाल्ट राइफल के चार चले कारतूस व एक खालिस्तान लिबरेशन फ़ोर्स का पत्र मिला है । तूफ़ान सिंह तूफ़ान की ओर से लिखे इस पत्र में कहा गया है कि मृतक सुलखन सिंह बी.एस.एफ़. के जवानों को घर में शराब पिलाता था व इसकी पत्नी बदचलन थी । सिविल अस्पताल बटाला में पोस्टमार्टम के बाद शव उनके वारिसों को सौंप दिए गए ।

जेवर व नकदी छीनी

दो सशस्त्र आतंकवादी गुरदासपुर जिले में डेरा बाबा नानक पुलिस थाने के सिहपुरा गांव में सच्चा सिंह नामक एक व्यक्ति के घर से स्वर्ण आभूषण और 30,000 रुपए नकद लेकर भाग गए ।

ठेके के कर्मी की हत्या

बंगा (खोसला): आज रात 8 बजे यहां से 15 किलो मीटर दूर सरदाल कांजियां में दो उग्रवादियों ने शराब के ठेके के कर्मचारी की गोलियां मार कर हत्या कर दी । उन्होंने आते ही ठेके के कर्मचारी को कहा कि 'ठहर जा तेरी शराब अभी बिकवाते हैं ।' इसके साथ ही उन्होंने उस पर चार गोलियां चलाईं । थोड़ी दूरी पर कुछ लोग कंबाइन की मुरम्मत करा रहे थे, वे बच गए । इसके अतिरिक्त मृतक का भाई जो हर रोज उसे लेने आता था, वह बाहर खड़ा था लेकिन उग्रवादियों ने उसे कुछ नहीं कहा । मृतक गांव तारपुर का रहने वाला था और उसकी आयु 25 वर्ष थी ।

मृतक का नाम रमेश कुमार बताया गया है ।

सी.आर.पी. की गोली से मरा

कपूरथला (शर्मा): एस.पी. श्री पी.एम. दास ने बताया कि गत रात मौज़ा लाइयांवाला के निकट सी.आर.पी. के साथ मुकाबले में कुख्यात तस्कर मुख्तार सिंह का स्कूटर सवार लड़का शमशेर सिंह मारा गया, जबकि पोस्त के बोरों से भरा एक ट्रक, स्कूटर, काफ़ी गोली-सिक्का पुलिस ने कब्ज़े में लेकर चार व्यक्तियों को हिरासत में ले लिया । एक अन्य ट्रक को उसका ड्राइवर भगा ले गया । पुलिस उसका पता लगाने की कोशिश में सरगर्म है ।

श्री दास ने बताया कि जिला जालन्धर में तैनात सी.आर.पी. की 80वीं बटालियन ने गत रात लोहियां के निकट नाकाबंदी की हुई थी कि दो ट्रक एक स्कूटर सवार के साथ वहां पहुंचे । सी.आर.पी. के जवानों ने उन्हें रुकने का संकेत किया तो ट्रकों में से फ़ायरिंग शुरू हो गई । सी.आर.पी. के जवानों ने पीछा करते हुए जवाबी फ़ायरिंग की । गांव लाइयांवाला के निकट स्कूटर सवार मारा गया और एक ट्रक पकड़ा गया । दूसरा ट्रक काबू नहीं आया । पकड़े गए ट्रक में एक सौ से ज्यादा पोस्त चरा के बोरे तथा ऊपर आटे की बोरियां लदी हुई थीं । श्री दास ने कहा कि सी.आर.पी. के वीरता दिखाने वाले इंस्पैक्टर श्री ललिता सिंह को ईनाम देने की सिफ़ारिश की गई है ।

एक अन्य समाचार के अनुसार मुठभेड़ जिला जालन्धर के शाहकोट पुलिस थाना के क्षेत्र तलवंडी-माधो में हुई और ये तस्कर नहीं, उग्रवादी थे ।

पैट्रोल पम्प लूट लिया

फगवाड़ा (कौड़ा): आज लगभग पौने तीन बजे दो संदिग्ध आतंकवादी, जो लाल रंग के हीरो होंडा पर सवार थे होशियारपुर रोड चौक पर स्थित भगिल फ़िलिंग स्टेशन पर आए और सेल्ज़मैन बलदेव राज से दो हजार से अधिक रुपया पिस्तौल की नोक पर लूट लिया और होशियारपुर की ओर फ़रार हो गए ।

महसूल चुंगी लूटने की कोशिश

दो आतंकवादियों ने फगवाड़ा-होशियारपुर रोड स्थित महसूल चुंगी लूटने की कोशिश की । दोनों ने चुंगी क्लर्क अशोक कुमार से पिस्तौल की नोक पर कैश मांगा, मगर अशोक कुमार ने शोर मचा दिया । इस पर आतंकवादी उसके मुंह पर दो-चार थप्पड़ मारकर फ़रार हो गए । इसी दौरान स्थानीय नगर पालिका ने अपने सभी कर्मचारियों का दस-दस हज़ार का बीमा करा दिया ।

पुलिस रिमांड

खोसला के अनुसार स्थानीय थाना सदर पुलिस ने जिन दो व्यक्तियों नरेंद्र सिंह व कुलविंदर सिंह को उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया था, का अदालत ने 15 अप्रैल तक पुलिस रिमांड दे दिया है ।

सख्ती के आदेश

आज स्थानीय रैस्ट हाऊस में डी.आई.जी. श्री सी.पी. सिंह ने जिला जालंधर व कपूरथला के उच्च पुलिस अफसरों की मीटिंग बुलाई जिसमें उन्होंने उग्रवाद को सख्ती से कुचलने के आदेश दिए ।

छः हिरासत में

कल रात थाना सदर पुलिस व सी.आर.पी.एफ. ने संयुक्त तौर पर छापे मार कर पांच्टा बुद्धेली

कर हत्या कर दी । पता चला है कि उसे पहले धमकी भरे पत्र मिले थे । वारदात के समय गुरमीत ठेका बंद कर रहा था ।

ठेके के कर्मचारी गुरमीत का गोलियों से छलनी शव आज प्रातः मुक्तसर के निकट मिला ।

मोगा से 'आजाद' के अनुसार उग्रवादियों ने पहले हवाई फायरिंग की जिस पर ठेके के कर्मचारियों ने ठेके की खिड़की अन्दर से बंद कर ली । उग्रवादियों ने बंद खिड़की द्वारा ही ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल से फायरिंग की जिससे एक कर्मचारी प्रितपाल सिंह निवासी गुड़का कलां (लुधियाना) घायल हो गया जबकि दूसरा कर्मचारी परमजीत सिंह बच गया । घायल कर्मचारी को सिविल अस्पताल मोगा दाखिल कराया गया है । यह ठेका कोटकपूरा रोड पर बस अड्डे पर ही स्थित है । सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए ।

उग्रवादियों ने मोगा के निकट जोगिन्दर सिंह अराड़ा और गांव गज्जनवाला के निकट कौर सिंह से उनके स्कूटर छीन लिए । बाद में कौर सिंह का स्कूटर कुछ दूर पड़ा मिल गया ।

इंका विधायक की हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

राजविन्दर सिंह ने पूछताछ में बताया कि सिख-विरोधी दंगों के दौरान निम्मी नामक व्यक्ति का मकान जला दिया गया था । निम्मी के ही उकसाने पर कांग्रेस (इ) विधायक की हत्या की साजिश की गई ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार ये आतंकवादी कानपुर में सात महीने रहे और उन्होंने काकदेव व किदवईनगर में छात्रों के रूप में किराए पर दो मकान लिए थे । रंजीतनगर में ओरिएंटल बैंक डकैती में भी उनका हाथ था । कांग्रेस (इ) विधायक विलायती राम कत्याल की हत्या में इन चार आतंकवादियों सतविन्दर सिंह, राजविन्दर सिंह, केवल सिंह तथा कंवर जीत सिंह में से तीन ने भाग लिया जबकि एक मैडीकल कालेज के निकट एक होटल में नाश्ते के लिए रुक गया था ।

तीन आतंकवादी सुबह श्री कत्याल की हत्या के पहले रिहर्सल के तौर पर घटनास्थल पर गए थे लेकिन उन्हें आते देख कर वे उनकी हत्या करके

अरुणाचल प्रदेश सरकार द्वारा स्वीकृत

परिणाम

श्री कृष्णा साप्ताहिक लाटरी

जीतिये रु.

ड्रा हर मंगलवार

39 लाख

टिकट रु.5/-

S1739H/1

'श्री कृष्णा' के 27वें ड्रा का परिणाम, जो 12.4.1988 को सायं 3.00 बजे, ईटानगर में जजों के सामने निकाला गया :

1ST PRIZE (1) Rs. 5,00,000/- A-170995

2ND PRIZE (9) Rs. 5,000/- each (On last 5 digits of 1st Prize.) 70995

3RD PRIZE : (90) Rs. 1,000/- each (On last 4 digits of 1st Prize.) 0995

4TH PRIZE : (900) Rs. 50/- each (On last 3 digits of 1st Prize.) 995

5TH PRIZE : (9000) Rs. 20/- each (On last 2 digits of 1st Prize.) 95

6TH PRIZE : (90,000) Rs. 10/- each (On last 1 digit of 1st Prize.) 5

7TH PRIZE : (2,00,000) Rs. 5/- each (On proceeding & succeeding Nos. of 6th Prize.) 4, 6

Result of Lucky Dip Coupon of 27th Draw held on 12.4.88

1st Prize. (5) Rs. 12,000/- each or Motor Cycle. 1433

(All Coupons Ending with last 4 digits.)

2nd Prize. (1) Rs. 10,000/- Or V.C.P 045549

3rd Prize. (1) Rs. 7,500/- or Crown Colour T.V. 14"" 028176

4th Prize. (50) Rs. 400/- each or H.M.T. Watch. 831

(All Coupan Ending with last 3 digits.)

5th Prize. (100) Rs. 100/- each or Calculator. 173 707

(All Coupons Ending with last 3 digits.)

परिणाम ड्रा की तिथि को आकाशवाणी पर, समाचारों के बाद 9.15 बजे भी सुना जा सकता है ।

Punjab Sangam

गत रात जलालाबाद से 10 कि.मी. दूर भारत-पाक सीमा पर सीमा सुरक्षा बल के जवानों के साथ मुठभेड़ में मारे गए दो पाकिस्तानी घुसपैठिए । (छाया : राकेश)

गया है कि मृतक सुलतन सिंह बी.एस.एफ. के जवानों को घर में शराब पिलाता था व इसकी पत्नी बदचलन थी । सिविल अस्पताल बटाला से पोस्टमार्टम के बाद शव उनके वारिसों को सौंप दिए गए ।

जेवर व नकदी छीनी

दो सशस्त्र आतंकवादी गुरदासपुर जिले में डेरा बाबा नानक पुलिस थाने के सिहपुरा गांव में सच्चा सिंह नामक एक व्यक्ति के घर से स्वर्ण आभूषण और 30,000 रुपए नकद लेकर भाग गए ।

ठेके के कर्मी की हत्या

बंगा (खोसला): आज रात 8 बजे यहां से 15 किलो मीटर दूर सरदाल कांजियां में दो उग्रवादियों ने शराब के ठेके के कर्मचारी की गोलियां मार कर हत्या कर दी । उन्होंने आते ही ठेके के कर्मचारी को कहा कि 'ठहर जा तेरी शराब अभी बिकवाते हैं ।' इसके साथ ही उन्होंने उस पर चार गोलियां चलाईं । थोड़ी दूरी पर कुछ लोग कंबाइन की मुरम्मत करा रहे थे, वे बच गए । इसके अतिरिक्त मृतक का भाई जो हर रोज उसे लेने आता था, वह बाहर खड़ा था लेकिन उग्रवादियों ने उसे कुछ नहीं कहा । मृतक गांव तारपुर का रहने वाला था और उसकी आयु 25 वर्ष थी ।

महसूल चुंगी लूटने की कोशिश

दो आतंकवादियों ने फगवाड़ा-होशियारपुर रोड स्थित महसूल चुंगी लूटने की कोशिश की । दोनों ने चुंगी क्लर्क अशोक कुमार से पिस्तौल की नोक पर कैश मांगा, मगर अशोक कुमार ने शोर मचा दिया । इस पर आतंकवादी उसके मुंह पर दो-चार थप्पड़ मारकर फ़रार हो गए । इसी दौरान स्थानीय नगर पालिका ने अपने सभी कर्मचारियों का दस-दस हज़ार का बीमा करा दिया ।

पुलिस रिमांड

खोसला के अनुसार स्थानीय थाना सदर पुलिस ने जिन दो व्यक्तियों नरेंद्र सिंह व कुलविंदर सिंह को उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया था, का अदालत ने 15 अप्रैल तक पुलिस रिमांड दे दिया है ।

सख्ती के आदेश

आज स्थानीय रैस्ट हाउस में डी.आई.जी. श्री सी.पी. सिंह ने जिला जालंधर व कपूरथला के उच्च पुलिस अफ़सरों की मीटिंग बुलाई जिसमें उन्होंने उग्रवाद को सख्ती से कुचलने के आदेश दिए ।

छः हिरासत में

कल रात थाना सदर पुलिस व सी.आर.पी.एफ. ने संयुक्त तौर पर छापे मार कर पांछटा, बवेली, पण्डोरी व मलिकपुर गांवों में लगभग पांच घंटे तक घर-घर की तलाशी ली तथा छः व्यक्तियों को हिरासत में लिया है ।

पांच गिरफ्तार

पटियाला (भूषण): जिला पुलिस ने गत कुछ दिनों के दौरान 'बी' श्रेणी के उग्रवादी देवेन्द्र सिंह सहित पांच उग्रवादियों को गिरफ़्तार किया है । पुलिस के एक प्रवक्ता के अनुसार देवेन्द्र पुलिस को बहुत से केसों में वांछित था । पुलिस ने उसके कब्ज़े से एक रिवाल्वर, दो कारतूस और एक स्कूटर बरामद किया है । इसके अतिरिक्त गांव खोहले माजरा के जसवन्त सिंह, कमालपुर के अजमेर सिंह, बादली के मुख्तियार सिंह और बस्सी पठानां के प्यारा सिंह को गिरफ्तार किया गया है । प्यारा सिंह एक गुरुद्वारा में सेवादार है । इनके कब्ज़े से एक रिवाल्वर, एक पिस्तौल और आठ कारतूस बरामद हुए हैं । पुलिस को इनसे पूछताछ के बाद कई केस सुलझ जाने की आशा है ।

चौकीदार की हत्या

गत रात एफ.सी.आई. के गोदामों के चौकीदार की कुछ उग्रवादियों ने छुरा मार कर हत्या कर दी ।

स्कूटर छीना

खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के इंस्पैक्टर श्री ज्ञानचंद से दो उग्रवादियों ने पटियाला-सामाना रोड पर नस्सुपुर गांव के निकट उनका स्कूटर छीन लिया ।

3 की हत्या

राजपुरा (मासूम): निकटवर्ती बसन्तपुरा की मंडी में पुलिस की वर्दी में तीन आतंकवादियों ने अंधाधुंध फ़ायरिंग शुरू कर दी, जिससे तीन व्यक्ति मारे गए और चार अन्य को घायल हो गए । दो व्यक्ति घटनास्थल पर ही मारे गए जबकि तीसरा प्यारू राम अस्पताल जाकर दम तोड़ गया । घायलों में से एक ओम प्रकाश घड़ीसाज़ को राजेन्द्र अस्पताल पटियाला भेजा गया है ।

सरहंद से 'राकेश' के अनुसार स्कूल का हैड मास्टर, जिसका आज ही अमृतसर से पोल तबादला

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

आवश्यकता

Wanted a resident Doctor for a Children Hospital in Jalandhar, Preferably D.C.H. Contact immediately.

Dr. Arun Gupta, Pediatrician,
28/8, Central Town, Jalandhar.
Tel.75579, Res.-3045.

एक फोरमैन की जरूरत है जो ISI, Pipe Fitting का काम अच्छी तरह जानता हो । वेतन योग्यतानुसार दिया जाएगा । इच्छुक स्वयं सम्पर्क करें । Hilton Metal & Steel Works, 1082 Dada Colony, Jalandhar-144004.

हमें अपने office के लिए पढ़ी-लिखी व Smart लड़की की जरूरत है, वेतन हर माह 1000/- और Market में काम करने वाले एक लड़के की जरूरत है । वेतन 1000/- महीना । बाक्स 685, पंजाब केसरी, जालंधर ।

Security Guards Exservicemen immediately for Gujarat Rs. 600/- free accomodation. Contact—Mongia House, 693, Railway Road, Rohtak.

Tagore's Shanti Niketan Day Boarding Public School, 8-Adarsh Nagar, Wanted Math Mistress & Convent educated primary mistress. Apply principal.

Parkash Color Lab. (P.) Ltd., Parkash Building, Near Friends Cinema, Old Post Office Road, Jalandhar. Requires following staff for Japanese Camputensed Color Lab in Jalandhar. Lab Assistants, Counter Boys/ Girls, Accountant. Aeequnts Assistant (Either Sex). Contact immediately.

नर्सरी

पापलर नर्सरी (सामने सन्यास आश्रम, बस्ती नौ, जालंधर) गुलाब लाल 3/-, विलायत 7/-, स्टैडिंग 10/-, खड़े प्लांट काला 25/-, भूरा 5/-, खुरमानी शाने पंजाब 8/-, कटार 8/- और आरनामैंटल पौदे तथा पापुलर और सफेदा आदि ।

होम्योपैथी

ताज होम्योपैथी (समस्त रोग होम्योपैथिक चिकित्सा) 300 पृष्ठ हिन्दी या उर्दू 18 रुपए । पोस्टेज 5 रुपए । वी.पी. मंगाएं । निराला जोगी मौसर्क (बिहाईड बस स्टैंड), पानीपत ।

टीवी ट्रेनिंग

कालेज में आकर या घर बैठे कलर टीवी सीखिए । अमरीकन टीवी ट्रेनिंग इंस्टीच्यूट, रेलवे रोड, जालंधर शहर ।

फोटोस्टैट

Immediate sale of Japanese Tomco Electrostat machine, Model 1986, like brand new condition. Contact—Sangam Studio, Madhopuri Chowk, Ludhiana-26944.

चिकित्सा

रोगों की जड़ पेट के कीड़े मिटाएं । कोर्स 1½ मास 90/- भेज कर, स्पैशल क्लीनिक, A-151, अजीत नगर, अम्बाला छावनी से मंगवाएं ।

केवल एक पुड़िया से खूनी बवासीर के मुफ्त इलाज हेतु पधारें/लिखें : फैंसी ज्यूलर्ज, संतपुरा, यमुनानगर ।

शिक्षा

अंग्रेजी, जर्मन फ्रैंच, स्पेनिश, इटालियन इत्यादि सीखें । स्वयं मिलें : Ajanta School of Foreign Languages, Majitha Road,

Punjabi Sahitya

पांच गिरफ़्तार

पटियाला (भूषण): जिला पुलिस ने गत कुछ दिनों के दौरान 'बी' श्रेणी के उग्रवादी देवेन्द्र सिंह सहित पांच उग्रवादियों को गिरफ़्तार किया है। पुलिस के एक प्रवक्ता के अनुसार देवेन्द्र पुलिस को बहुत से केसों में वांछित था। पुलिस ने उसके कब्ज़े से एक रिवाल्वर, दो कारतूस और एक स्कूटर बरामद किया है। इसके अतिरिक्त गांव खोहले माजरा के जसवन्त सिंह, कमालपुर के अजमेर सिंह, बादली के मुख्तियार सिंह और बस्सी पठानां के प्यारा सिंह को गिरफ़्तार किया गया है। प्यारा सिंह एक गुरुद्वारा में सेवादार है। इनके कब्ज़े से एक रिवाल्वर, एक पिस्तौल और आठ कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस को इनसे पूछताछ के बाद कई केस सुलझ जाने की आशा है।

चौकीदार की हत्या

गत रात एफ.सी.आई. के गोदामों के चौकीदार की कुछ उग्रवादियों ने छुरा मार कर हत्या कर दी।

स्कूटर छीना

खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के इंस्पैक्टर श्री ज्ञानचंद से दो उग्रवादियों ने पटियाला-सामाना रोड पर नस्सुपुर गांव के निकट उनका स्कूटर छीन लिया।

3 की हत्या

राजपुरा (मासूम): निकटवर्ती वसन्तपुरा की मंडी में पुलिस की वर्दी में तीन आतंकवादियों ने अंधाधुंध फ़ायरिंग शुरू कर दी, जिससे तीन व्यक्ति मारे गए और चार अन्य को घायल कर गए। दो व्यक्ति घटनास्थल पर ही मारे गए जबकि तीसरा प्यारू राम अस्पताल जाकर दम तोड़ गया। घायलों में से एक ओम प्रकाश पंड़ीसाज़ को राजेन्द्रा अस्पताल पटियाला भेजा गया है।

सरहंद से 'लेकेश' के अनुसार स्कूल का हैड मास्टर, जिसकी आज ही अमृतसर से पोर्ल तबादला हुआ था, उग्रवादियों को देख अपना साइकल फैंक कर खेतों की ओर भाग गया। उग्रवादियों ने उसकी पीठ में गोलियां मारीं जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई।

एक अन्य सूचना के अनुसार घायलों में हरिया राम, नसीब चंद और राकेश कुमार भी शामिल हैं। मृतकों की शिनाख्त प्यारू राम, बारू राम और स्कूल अध्यापक दरबार किशन के रूप में की गई है।

एक की हत्या

फिरोज़पुर (ह.स.): सरकारी सूत्रों के अनुसार आज सुबह फिरोज़पुर जिले के रत्ता गांव में चार आतंकवादियों ने गुरबंस सिंह नामक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी।

शरणदाता गिरफ़्तार

'धीमान' के अनुसार जिला पुलिस ने उग्रवादियों को शरण देने और राष्ट्र विरोधी भाषण देने के आरोप में 35 लोगों को गिरफ़्तार किया है।

बसों पर पाबंदी

जिला मैजिस्ट्रेट श्री राकेश सिंह ने रात सात बजे से प्रातः पांच बजे तक जिला-भर में बिना सशस्त्र गार्डों के बसें चलाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। यह आदेश 20 अप्रैल तक लागू रहेगा।

ठेके के कर्मी की हत्या

बाघापुराना (मित्तल): यहां से लगभग आठ किलो मीटर दूर मोगा सदर पुलिस स्टेशन के गांव सिंघवाला में दो स्कूटर सवार उग्रवादियों ने शराब के ठेके के कर्मचारी गुरमीत सिंह बराड़ की गोली मार

उग्रवादियों द्वारा एक ही परिवार के 6 लोगों सहित 9 की हत्याएं, कई घायल

जालन्धर में 4 ठेके, नकोदर, फगवाड़ा में 3 पैट्रोल पम्प व दो ठेके लूटे गए

जम्मू-कश्मीर की पाक से संलग्न सीमा पर रात्रि कर्फ्यू, गश्त बढ़ा दी गई

चंडीगढ़, 13 अप्रैल (वार्ता): पंजाब में आतंकवादियों ने नौ लोगों की गोली मार कर हत्या कर दी, जिनमें 6 एक ही परिवार के थे तथा सात अन्य को घायल कर दिया । कई जगह लूटपाट हुई । जम्मू-कश्मीर की पाक से संलग्न सीमा पर रात्रि कर्फ्यू लागू करके गश्त बढ़ा दी गई ।

एक ही परिवार के 6 लोगों की हत्या

कपूरथला (वार्ता): आज रात्रि थाना सुल्तानपुर लोधी के ग्राम मिरजापुर में पांच उग्रवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग करके एक ही परिवार 6 व्यक्तियों की हत्या कर दी व एक को घायल कर दिया । मृतकों के नाम जगदीश, सीता कुमारी, दुर्गा दास, सुखजिंदर, जोगेंद्रपाल, राम लुभाया बताए गए हैं । घायल का नाम सुखजीत बताया गया है ।

जालन्धर (क): गत रात थाना आदमपुर के गांव मानको में दो उग्रवादियों ने एक चीनी ए.के. 47 राइफल तथा एक रिवाल्वर से लैस होकर शंकरदास व उसके लड़के बलवन्त राय की उनके घर में घुस कर अंधाधुंध फ़ायरिंग करके हत्या कर दी जबकि बलवन्त राय की पत्नी चांद रानी गोलियां लगने से गम्भीर रूप से घायल हो गई । उसे तुरन्त निकट के अस्पताल में दाखिल करा दिया गया ।

उक्त हत्याओं के साथ जिला जालन्धर, जिसमें कुछ दिनों से छीना-झपटी, लूट-पाट आदि की घटनाओं में तेज़ी आ गई है, में गत एक सप्ताह के दौरान उग्रवादी हत्याओं की संख्या नौ हो गई है ।

इस थाना क्षेत्र में पिछले चार दिनों में ऐसी यह दूसरी वारदात है । गत रविवार को कंडोला गांव में आतंकवादियों ने गोलियां चला कर एक व्यक्ति चमन लाल और उसके पिता मलावा राम की हत्या कर दी थी । गोलीबारी में चमन लाल की पत्नी शकुन्तला देवी घायल हुई थी ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बलवन्त राय निकट के गांव जफ़र में प्राइमरी अध्यापक था और वह कंडोला गांव में मारे गए प्राइमरी अध्यापक चमन लाल के परिवार की सहायतार्थ कल दिन में गांव में फ़ंड जमा कर रहा था । रात को उसकी तथा उसके पिता की उग्रवादियों ने हत्या कर दी जबकि उसका युवा लड़का घर की दीवार फांद कर बच गया ।

चार ठेके लूटे

आज दोपहर यहां मंडी रोड, मदन फ़्लोर मिल, अड्डा होशियारपुर तथा नई कचहरी स्थित चार ठेके उग्रवादियों ने लूट लिए और क्रमशः 3500 रुपए, चार हजार, सात हजार तथा साढ़े तीन हजार रुपए ले गए । बताया गया है कि नई कचहरी के निकट के ठेके के लूटे जाने के समय ठेके के एक नौकर ने निकट खड़े कुछ पुलिस कर्मियों को जाकर कहा तो एक गनमैन ने फ़ायर भी किया, किन्तु दोनों उग्रवादी स्कूटर पर फ़रार हो गए । अनुमान है कि चार ठेके एक ही गिरोह ने लूटे क्योंकि यह वारदातें 15-15 मिनट के अन्तर पर ही हुईं और बगैर नम्बर प्लेट वाला स्कूटर इस्तेमाल किया गया । यह भी अनुमान है कि इसी गिरोह ने मालड़ी व नकोदर में पैट्रोल पम्प आज प्रातः लूटे ।

न.न.अ. के अनुसार पुलिस ने शहर के चारों ओर नाकाबंदी कर रखी है, लेकिन अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं की जा सकी । आज से 15 दिन पहले भी इसी तरह शराब के चार ठेकों से 23 हजार रुपया लूटा गया था । उस समय भी कोई गिरफ्तारी नहीं की जा सकी थी ।

जालन्धर के करतारपुर क्षेत्र में एक उग्रवादी ने आज रात्रि वीरेन्द्र धीमान से उसका काला हीरो होंडा मोटर साइकल छीन लिया ।

घायल कर दिया

गत रात थाना शाहकोट के गांव इनोवाल में दो स्कूटर सवार आतंकवादियों ने गोली मारकर त्रिलोक सिंह को घायल कर दिया । बताया जाता है कि आतंकवादियों ने उससे उसकी लाइसैंसशुदा 12 बोर की बंदूक मांगी थी । जब वह अलमारी में से बंदूक निकालने लगा तो उन्हें उसपर शक हो गया तथा उन्होंने उसके हाथ पर गोली मार दी । पुलिस सूत्रों ने बताया कि आतंकवादी उसकी बंदूक लेकर फरार हो गए ।

मृतक की शिनाख्त

इस बीच जालन्धर जिले में बंगा थाना क्षेत्र के सरहाल काजियां गांव में कल रात दो आतंकवादियों द्वारा की गई गोलीबारी में मारे गए युवक की आज शिनाख्त कर ली गई । रमेश कुमार नामक यह युवक ताहरपुर गांव का निवासी था । वह एक स्कूटर से अपने भाई, विजय कुमार को सरहाल काजियां पहुंचाने आया था । विजय कुमार सरहाल काजियां में शराब के एक ठेके पर काम करता है । जैसे ही दोनों भाई ठेके पर पहुंचे, आतंकवादियों ने उन पर गोलियां चला दीं । गोलीबारी में रमेश कुमार मारा गया, पर उसका भाई बच गया ।

दो पैट्रोल पम्प लूट लिए

नकोदर (गगन): आज पहली बार नकोदर के थाने के सामने व डिप्टी सुपरिंटैंडैंट पुलिस नकोदर के दफ्तर के साथ लगती दीवार वाले एक पैट्रोल पम्प मैसर्ज़ केवल कृष्ण पवन कुमार की फर्म से दो अज्ञात युवकों द्वारा बड़े ही दुस्साहसपूर्ण ढंग से 5000/- रुपए लूट लेने की खबर मिली है । इसके तुरन्त बाद ही इसी सड़क पर स्थित एक और पैट्रोल पम्प, भगत राम एंड संज़ से भी इन्हीं युवकों ने 400 रुपया लूटा । बताया जाता है कि दो नौजवान एक बिना नम्बर वैस्पा हरे रंग के स्कूटर पर आए तथा पिस्तौल की नोक पर यह सारी लूटने की कार्रवाई पांच-सात मिनट में ही समाप्त करके जालन्धर वाली सड़क की तरह चले गए । पुलिस ने तुरन्त सूचना मिलते ही उनका पीछा किया, मगर कुछ हाथ नहीं लगा । उल्लेखनीय है कि 31 मार्च को स्थानीय सब्ज़ी मंडी में आतंकवादियों ने सी.आर.पी.एफ. की चौकी होते हुए भी अंधाधुंध गोलियां चलाकर दो व्यक्तियों की हत्या कर दी थी तथा 6 को ज़ख्मी कर दिया था । आज फिर थाने के समीप इस हुई घटना ने पुलिस को नाकाम साबित कर दिया । लोगों में भारी असुरक्षा की भावना पाई जा रही है ।

पैट्रोल पम्प लूटा

फगवाड़ा से खोसला और कौड़ा ने खबर दी है कि आज 12 बजे के लगभग यहां भोगल फ़िलिंग स्टेशन से दो पिस्तौलधारी आतंकवादी 8500 रुपए लूटकर फ़रार हो गए । वह बिना नम्बर के आसमानी रंग वाले वैस्पा स्कूटर पर आए थे । कल भी फगवाड़ा में एक पैट्रोल पम्प लूटा गया था । बताया जाता है कि आज पैट्रोल पम्प लूटने वाले भी कल वाले ही आतंकवादी थे । आते ही उन्होंने पहले सेल्ज़मैनों बलदेव कुमार तथा करनैल सिंह के थैलों में 1000 रुपए निकाले तथा फिर सेफ़ से 7500 रुपए निकाले ।

इस फ़िलिंग स्टेशन को लूटने के बाद वह हदियाबाद गए और वहां शराब के दो ठेकों से पिस्तौल की नोक पर 1200 रुपए लूट ले गए । एक ठेके से 500 रुपए तथा दूसरे से 700 रुपए लूटे गए । इसके बाद वे दरवेश पिंड की ओर चले गए ।

दो स्कूटर सवारों ने आज हदियाबाद के पैट्रोल पम्प को भी लूटने की कोशिश की लेकिन सफल नहीं हुए । इन वारदातों के बाद क्षेत्र में पुलिस और सी.आर.पी. की गश्त तेज़ कर दी गई है ।

ठीकरी पहरा

'खोसला' के अनुसार पता चला है कि थाना सदर फगवाड़ा के अंतर्गत सारे गांवों में उग्रवादियों की तरफ से की जा रही वारदातों को रोकने के लिए अनिश्चित काल के लिए रात का ठीकरी पहरा लगवा दिया गया है । सभी पंचायतों को इस आदेश पर अमल करने को कहा गया है । अगर कोई सरपंच आदेश नहीं मानेगा, उसे गिरफ्तार भी किया जा सकता है ।

3 हिरासत में

पुलिस ने उग्रवादियों को संरक्षण देने के आरोप में 3 व्यक्तियों को हिरासत में लिया है । इससे पहले भी पनाह देने के आरोप में 2 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया जा चुका है तथा 3 व्यक्ति अभी तक फरार हैं । पुलिस ने कुछ ग्रंथियों को भी हिरासत में लिया है क्योंकि पुलिस को आशंका है कि ग्रंथियों ने मिल कर एकगिरोह बना लिया है जो कि यहां के क्षेत्र में वारदातें करने में सक्रिय है ।

(शेष पृष्ठ 6 पर)

गिल अतिरिक्त मुख्य सचिव

चंडीगढ़, 13 अप्रैल (वार्ता): पंजाब सरकार ने आज रात्रि विकास आयक्त एम.एस. गिल को राज्य का अतिरिक्त मुख्य सचिव नियुक्त किया है । वे अपने पहले के विभाग भी सम्भाले रहेंगे।



जिला जालंधर के थाना आदमपुर के गांव मानको में गत रात्रि उग्रवादि
(1) शंकर दास और (2) उनके बेटे बलवंत राय के शव, (3) ग
बलवंत राय की पत्नी चांद रानी, (4) शोक संतप्त परिवार ।

सियाचिन की अग्रिम चौकि
द्वारा दौरे के दौरान पाक

सियाचिन क्षेत्र से, 13 अप्रैल (ह.स., वार्ता): सियाचिन क्षेत्र में पाकिस्तानी फौजों ने आज दोपहर उस समय गड़बड़ करने की कोशिश की जब रक्षा मंत्री कृष्ण चंद्र पंत अग्रिम चौकियों का दौरा कर रहे थे । भारतीय तोपों ने गोलाबारी करके पाक फौजों को खामोश कर दिया । पाक सेना ने नए बंकर बनाने की कोशिश की थी ।

श्री पंत ने सियाचिन क्षेत्र के दुर्गम स्थानों का दौरा किया और वहां तैनात थलसेना तथा वायुसेना के जवानों से बातचीत की । एक अग्रिम ठिकाने पर उन्होंने जवानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि अगर पाकिस्तान ने इस क्षेत्र में कोई भी खुराफात की तो उसे समुचित जवाब दिया जाएगा ।

रक्षा मंत्री ने जैसे ही अपना भाषण समाप्त किया, एकाएक भारतीय सेना की मीडियम और फील्डगनों से ज़बरदस्त गोलाबारी शुरू हो गई । रक्षा मंत्री के साथ गए कुछ रक्षा सम्वाददाताओं के कान खड़े हो गए । सेनाधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तानी फौजों की हलचल के कारण उन्हें यह 'जवाब' दिया गया है । यह घटना उपस्थित विशिष्ट व्यक्तियों से सिर्फ 200 गज दूर हुई । तब सभी लोग जलपान कर रहे थे ।

सम्वाददाताओं द्वारा पूछे जाने पर सेना के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि भारत की अग्रिम गुप्त चौकी ने वायरलैस पर सूचना दी थी, पाकिस्तानी सीमा पर एक बार फिर बंकर बनाने की कोशिश कर रहे हैं ।

उन्होंने बताया कि निर्माणाधीन बंकर के देशांश) विस्तृत नक्शे स्थिति मालूम होने पर नली निशाने पर साधी

रक्षा मंत्री श्री पंत के भटनागर, उत्तरी सैनिक कमांडिंग-इन-चीफ लैफ़ पश्चिमी वायु कमा कमांडिंग-इन-चीफ़ ए और वरिष्ठ सेनाधिकारी

वरिष्ठ सेनाधिकारि बताया कि इस क्षेत्र में "ह सैनिक हलचल को नजर पाकिस्तान द्वारा आये दि रहती है, जिसे 'खामोश जरूरी है ।" भारतीय मिनट तक मीडियम पाकिस्तानी ठिकानों प 'खामोश' कर दिया ।

इससे पूर्व रक्षामंत्री महत्वपूर्ण स्थानों का हव में हैलीकाप्टर से अग्रिम ठिकानों पर जवानों को स ने कहा कि देश को अप विश्वास है कि वे सीमा सक्षम हैं और इसके लि हैं ।

उग्रवादियों द्वारा स्वर्ण मंदिर में खालिस्तानी झंडा
लहराने के बाद फ़ायरिंग : क्षेत्र में आतंक

अमृतसर, 13 अप्रैल (हस., वार्ता): स्वर्ण मंदिर परिसर आज 'खालिस्तान' समर्थक उग्रवादियों की दहशत के कारण बंद कर दी गई । इस प्रकार अंधाधुंध गोलियां चलने के कारण स्वर्ण मंदिर

Punjab Sanatan





जिला जालंधर के थाना आदमपुर के गांव मानको में गत रात्रि उग्रवादियों की गोलियों से मारे गये (1) शंकर दास और (2) उनके बेटे बलवंत राय के शव, (3) गोलीबारी में सख्त घायल बलवंत राय की पत्नी चांद रानी,(4) शोक संतप्त परिवार । (छाया : प्यारे)



Punjab Sangrahalaya

अमृतसर के विभिन्न गांवों से आतंकवादियों के भय से पलायन करके अमृतसर शहर के दुर्गयाना तीर्थ की धर्मशाला में शरण लेने वाले 60 परिवारों में से कुछ परिवार। ये परिवार रनगढ़, घरेंडा, तख्त वैरोवाल, जंडियाला, फतेहाबाद, तरनतारन के गांवों के हैं । (छाया : ओम भंडारी)

पंजाब में हत्याएं ...

(पृष्ठ 3 का शेष)

निषेधाज्ञा बढ़ी

'संघी' के अनुसार जिला मैजिस्ट्रेट चंडीगढ़ ने शहर में जलूस निकालने, नारे लगाने, भाषण देने या सार्वजनिक स्थान पर 5 या इससे अधिक लोगों के एकत्र होने पर लगाई गई पाबंदी को 12 जून तक बढ़ा दिया है । एक अन्य आदेश द्वारा सिनेमा घरों में हैंड बैग, ब्रीफ़ केस, पर्स, लंच बाक्स व ट्रांज़िस्टर आदि ले जाने व शहर में घातक हथियार लेकर चलने पर लगाई गई पाबंदी को भी 12 जून तक बढ़ा दिया गया है ।

स्कूटर छीना

लुधियाना (ह.स.): दो संदिग्ध आतंकवादी आज एक स्थानीय व्यापारी नरेश कुमार धीर से उसका स्कूटर छीन कर फ़रार हो गए ।

जगरांव में फायरिंग, एक मरा

लुधियाना : वार्ता : आज सायं लुधियाना जिले के जगरांव कस्बे के लाजपत राय बाजार में स्कूटर सवार दो उग्रवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग करके एक व्यक्ति की हत्या कर दी, चार को घायल कर दिया व मोगा की ओर फरार हो गये ।

महिन्द्रा के अनुसार गत दिवस लुटेरों ने जो दो घटनाएं कीं, उस बारे पुलिस प्रमुख श्री ए.पी. पांडे ने बताया कि लुधियाना में लुटेरों का एक गैंग उठ खड़ा हुआ है और दोनों घटनाएं एक ही गिरोह ने की हैं । श्री पांडे ने आगे बताया कि पुलिस ने निरंकारी मुहल्ला के एक व्यापारी के घर से एक छुरा बरामद किया है, जो कि लुटेरों ने घर वालों को डराने के लिए प्रयोग किया था । वे तीन लुटेरे थे जिनके पास एक पिस्तौल भी था । घर वाले बयान करते हैं कि लुटेरे उनका 40 हजार रुपए नकद और 20 तोले सोना लूट कर ले गए हैं । इस व्यापारी और उसके बेटे को लुटेरों ने एक कमरे में बंद कर दिया था । श्री पांडे ने दूसरी घटना के विवरण देते हुए बताया कि गुरदेव नगर के इस व्यापारी के परिवार के सदस्यों को भी एक कमरे में बंद कर दिया गया । यहां आधी दर्जन के लगभग लुटेरे घर में घुसे । घर वालों ने क्षति का अनुमान तीन लाख रुपए बताया है ।

इसी प्रकार खन्ना के विशेष स्टाफ ने चार लुटेरे गिरफ्तार किए हैं जिनका अंतर्जिलागिरोह के साथ सम्बन्ध है । इस गिरोह के चार सदस्यों के कब्जे से 30 रिक्शाएं बरामद हुई हैं ।

दहेज जला दिया

बटाला (कोछड़): आज दोपहर तीन बजे उग्रवादियों ने कादियां थाना क्षेत्र के ग्राम तलवंडी चुघना में अपनी बहन का दहेज ले जा रहे रछपाल सिंह का ट्रैक्टर, ट्राली व उसमें रखे दहेज के सामान को जला दिया । हयातनगर, गुरदासपुर के रछपाल सिंह की बहन की शादी एक माह पूर्व हुई थी, वह अब दहेज का सामान पहुंचाने जा रहा था ।

सीमा क्षेत्र में रात्रि कर्फ़्यू

जम्मू (ह.स.): पाकिस्तान से लगी जम्मू-कश्मीर सीमा पर चौकसी और कड़ी कर दी गई है । सरकारी सूत्रों के अनुसार बढ़ा रात का कर्फ़्यू लगा दिया गया है । सूत्रों ने बताया कि यह कदम इन खबरों के मिलने पर उठाया गया है कि तोड़-फोड़ और गड़बड़ी फैलाने के उद्देश्य से कुछ प्रशिक्षित आतंकवादी पाकिस्तान से जम्मू-कश्मीर में घुसने का प्रयास कर रहे हैं । सभी सीमावर्ती जिलों के जिला मैजिस्ट्रेटों ने अधिसूचना जारी करके भारत-पाक सीमा से लगे सभी गांवों में रात नौ बजे से सवेरे पांच बजे तक सभी तरह की गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा दिया है ।

जम्मू के जिला मैजिस्ट्रेट ने कल जम्मू की सीमा से लगे 63 गांवों में सभी तरह की गतिविधियों पर रोक लगा दी । यह आदेश तत्काल लागू हो गया और दो महीने तक जारी रहेगा । पंजाब से लगी राज्य की सीमा पर भी कड़ी निगरानी रखी जा रही है ताकि पंजाब से संदिग्ध आतंकवादियों को घुसने से रोका जा सके ।

NEW DIMENSION IN DIAGNOSTICS AND THERAPEUTICS.
* PARALYTIC AND JOINT DISEASES.
* NERVOUS SYSTEM DISORDERS & DEFICIENCIES.
* DISEASES OF THE HEART AND BLOOD CIRCULATION.
* RESPIRATORY AND ALLERGIC DISORDERS.
* STOMACH, LIVER, KINDNEY AND HORMONAL DISEASES.
CHINESE MEDICINE CLINIC®
399-R, Model Town, JALANDHAR.

अरोड़ा की गिरफ्तारी के बिरुद्ध पत्रकारों का प्रोटैस्ट, रे से भेंट

अमृतसर, 13 अप्रैल (ह.स.): अमृतसर में पत्रकारों के एक दल ने आज राज्यपाल सिद्धार्थ शंकर रे से भेंट करके यूनाइटेड न्यूज़ आफ़ इंडिया के सम्वाददाता कुलदीप सिंह अरोड़ा को रिहा करने की मांग की । श्री अरोड़ा को कल राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत हिरासत में ले लिया गया था ।

श्री रे ने पत्रकारों को आश्वासन दिया कि वह व्यक्तिगत तौर पर इस मामले की सच्चाइयों का पता लगाएंगे और देखेंगे कि कहीं पर्याप्त कारणों के बिना श्री अरोड़ा को हिरासत में तो नहीं लिया गया है ।

श्री अरोड़ा को अमृतसर केन्द्रीय जेल में रखा गया है । श्री अरोड़ा की रिहाई की मांग करते हुए अमृतसर श्रमजीवी पत्रकार संघ के महासचिव शम्मी सरीन के हस्ताक्षरयुक्त एक ज्ञापन राज्यपाल को दिया गया । ज्ञापन में कहा गया कि श्री अरोड़ा की गिरफ्तारी प्रैस की आज़ादी का उल्लंघन है । पत्रकारों ने एक बैठक में फैसला किया कि वे विरोध के तौर पर अगले सात दिन सभी सरकारी समारोहों का बहिष्कार करेंगे ।

जालन्धर (क): जालन्धर रिपोर्टर्ज़ एसोसिएशन की आज यहां एक आपात् बैठक प्रधान श्री महेश पासन की अध्यक्षता में हुई जिसमें श्री कुलदीप सिंह अरोड़ा को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के अधीन गिरफ्तार किए जाने की कड़ी निन्दा की गई और रोष प्रगट करने के लिए एक सप्ताह के लिए 19 अप्रैल तक सभी सरकारी समारोहों का बाइकाट करने का निर्णय किया गया ।

एक प्रस्ताव में एसोसिएशन ने उक्त घटना को पंजाब में लागू की जाने वाली आपात्-स्थिति की झलक करार दिया, जो यह दर्शाती है कि सरकार उस स्थिति का इस्तेमाल प्रैस की आज़ादी छीन लेने के लिए करेगी ।

प्रस्ताव में श्री पासन की अध्यक्षता में एक तीन सदस्यीय समिति बनाई गई,जो इस आंदोलन बारे अमृतसर के पत्र प्रतिनिधियों से तालमेल करेगी । इसके अन्य दो सदस्य हैं—श्री सुरिन्दर अरोड़ा व श्री तेजिन्दर सिंह कोहली । प्रस्ताव में जालन्धर, चंडीगढ़, पटियाला व लुधियाना आदि से छपने वाले समाचार पत्रों के सम्पादकों से इस संघर्ष में सहयोग की अपील की गई ताकि उक्त बाइकाट को प्रभावी बनाया जा सके ।

भंगड़ा डाल रहे लोगों पर हमला

कठुआ, 13 अप्रैल (महाजन): जम्मू-कश्मीर की पंजाब के साथ लगने वाली सीमा पर कठोरता से कार्रवाई करने के कश्मीर सरकार के सभी दावे उस समय खोखले सिद्ध हुए जबकि आज पांच संदिग्ध

Punjab Kesari Archive

सिपाही की हत्या करके 3 लाख रुपये से अधिक लूटे : एक और शस्त्र भंडार पकड़ा

घात लगाकर हुए हमले में एक सिपाही मरा, दूसरा घायल, जगीर सिंह के खिलाफ केस दर्ज

पंजाब में 4 की हत्या, 7 घुसपैठी मरे

चंडीगढ़, 14 अप्रैल (वार्ता, ह.स.): पंजाब में आतंकवादियों ने 2 ग्रंथियों सहित 4 व्यक्तियों की गोलियां मार कर हत्या कर दी । लुधियाना में तीन लाख रुपए से अधिक की रकम लूट ली । खालिस्तान कमांडो फोर्स का एक दुर्दांत आतंकवादी गिरफ्तार किया गया । पुलिस पर घात लगा कर किए गए एक हमले में एक सिपाही मारा गया व दूसरा घायल हो गया । खालिस्तान कमांडो फोर्स के प्रवक्ता जगीर सिंह के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया । सीमा पर 5 पाक घुसपैठिये मारे गए । अमृतसर के बटाली ग्राम में एक और बड़ा शस्त्र भंडार पकड़ा गया ।

2 घुसपैठिये मरे

गुरु हरसहाय (भंडारी): यहां से 15 किलो मीटर दूर भारत-पाक सीमा पर चौकी बहादुरके के निकट बी.एस.एफ. के साथ मुठभेड़ में दो पाकिस्तानी घुसपैठिये मारे गए । प्राप्त सूचना के अनुसार आज प्रातः चार जवानों ने चौकी के निकट नाका लगा रखा था । दो पाकिस्तानियों को अवैध रूप से भारत की सीमा में प्रवेश करते देख कर उन्हें चुनौती दी गई । उन्होंने रुकने की बजाए जवानों पर फायरिंग शुरू कर दी । जवानों की जवाबी फायरिंग में दोनों वहीं मारे गए । उनके कब्जे से 137 मीटर पाकिस्तानी कपड़ा, एक पिस्तौल व तीन कारतूस बरामद हुए ।

हत्या करके रुपए लूटे

लुधियाना (अरिवनी, कम्बोज, महिंद्रा): आज प्रातः 11½ बजे के लगभग यहां नगर निगम के भवन में दो आतंकवादियों ने एक पुलिस कांस्टेबल की हत्या करके तथा दूसरे को गम्भीर रूप से घायल करके नगर निगम का तीन लाख दो हजार रुपया लूट लिया तथा फरार हो गए । यह आतंकवादी, जिनकी संख्या 3 थी, हीरो होंडा मोटर साइकल पर आए थे । उस समय नगर निगम के हैड कैशियर नछत्तर सिंह तथा कैशियर जगजीत सिंह दो कांस्टेबलों गुरमीत चंद तथा इकबाल सिंह के साथ म्युनिसिपल बैन में नगर निगम की चुंगियों का कैश लेकर निगम में ही स्थित यूनाइटिड कमर्शियल बैंक में जमा कराने के लिए आए थे । बताया जाता है कि उनके पास दो बैग थे । ज्यों ही वे बैन से उतरे, आतंकवादियों ने जो केशधारी थे और खाकी वर्दी में थे, गोलियां चलानी शुरू कर दीं । उनके तीसरे साथी आतंकवादी ने जो मोना था, मोटर साइकल स्टार्ट रखा हुआ था । आतंकवादियों की फायरिंग से गुरमीत चन्द तथा इकबाल सिंह कांस्टेबल घायल हो गए । नछत्तर सिंह हैड कैशियर ने अपना बैग फैंक दिया परन्तु आतंकवादी जगजीत सिंह कैशियर का बैग छीन कर ले जाने में सफल हो गए । दोनों बैगों में 8 लाख 52 हजार 748 रुपए 42 पैसे थे जबकि नछत्तर सिंह का बैग बच जाने से 5½ लाख रुपया बच गया । दूसरे बैग में 3 लाख 2 हजार 748 रुपए 42 पैसे थे । कांस्टेबल गुरमीत चन्द की अस्पताल में मृत्यु हो गई । कांस्टेबल इकबाल सिंह का सी.एम.सी. में आप्रेशन किया गया है । घटनास्थल से 5 चले हुए कारतूस बरामद हुए हैं । वारदात के बाद जब आतंकवादी मोटर साइकल पर फरार हुए तो पास ही माता रानी चौक में उनका मोटर साइकल फिसल गया लेकिन वे तुरन्त मुड़कर निग्गर मंडी की ओर चले गए । आम लोगों का ख्याल है कि वह वहां निकट ही किसी धर्म स्थान में घुस गए । उच्च अधिकारी मौके पर पहुंच गए और आतंकवादियों की तलाश की जा रही है ।

पता चला है कि कांस्टेबल गुरमीत चन्द ने अपनी राइफल चलाने की कोशिश की थी परन्तु न चल सकने पर उसने उसका बट्ट एक आतंकवादी को दे मारा था लेकिन दूसरे आतंकवादी ने उसे गोली मार दी ।

नेपाल के अनुसार घायल गनमैन इकबाल सिंह को डाक्टर बचाने की कोशिश कर रहे हैं । निगम के कई कर्मचारियों ने घायल कांस्टेबलों को बचाने के लिए खून भी दिया । निगम क्षेत्रों ने बताया कि पुलिस ने शहर की नाकाबंदी करके हीरो होंडा और इस प्रकार के मोटर साइकिलों की बिक्री की और निकवर्ती जिलों की पुलिस को सूचना दे दी ।

नगर निगम के चुंगी विभाग के कर्मचारियों की मांग है कि निगम अपने खर्चे पर चुंगी विभाग के कर्मचारियों का कम से कम एक लाख रुपए का बीमा करवाए ।

आहूजा के अनुसार इकबाल सिंह का आज दोपहर सी.एम.सी. हस्पताल में आप्रेशन किया गया । इकबाल सिंह की हालत अब खतरे से बाहर बताई जाती है ।

हीरो होंडा

नगर निगम गोली कांड में आतंकवादियों ने हीरो होंडा मोटर साइकिल का प्रयोग किया अतः तीनों आतंकवादी इस पर सवार होकर भाग गए । लुधियाना पुलिस ने उक्त हीरो होंडा मोटर साइकिल की तलाश शुरू कर दी तथा शहर के हर छोटे-बड़े चौक में नाकाबंदी की । इस बीच के मध्य पुलिस ने हजारों मोटर साइकिलों को अपनी पकड़ में लेकर थानों में पहुंचाया । शाम ढलने पर शहर में मोटर साइकिल दिखने बंद हो गए क्योंकि लोग समझ गए थे कि पुलिस अपना गुस्सा प्रत्येक हीरो होंडा पर निकाल रही है ।

जिला पुलिस प्रमुख श्री ए.पी. पांडे ने आज यहां बताया कि लुधियाना पुलिस ने 'खालिस्तान कमांडो फोर्स' के एक सरगरम सदस्य दलजीत सिंह को 10 अप्रैल 88 को गिरफ्तार किया है । दलजीत सिंह जगराओं के गांव मुल्लाह का रहने वाला है तथा पुलिस को उसकी पिछले 4 महीनों से तलाश थी । इस आतंकवादी ने 18 फरवरी को अपने साथियों सहित रायकोट पुलिस स्टेशन के थानेदार को मारने की योजना बनाई थी लेकिन असफल रहे । इस दौरान उन्होंने नगर पालिका रायकोट के पार्क के चौकीदार राम कुमार की हत्या कर दी थी । इस गिरोह ने रायकोट कस्बा के हिन्दुओं को मारने की भी योजना बनाई थी, जोकि प्रातः सैर करने घर से निकलते हैं । पुलिस की चौकसी के कारण उनकी यह योजना विफल हो गई । विस्तृत पूछताछ अभी जारी है ।

जोशी के अनुसार आज सवेरे 11.25 बजे तीन उग्रवादी नगर निगम के मातारानी चौक की तरफ वाले दरवाजे के निकट गोलियां चला कर पंजाब पुलिस के दो सिपाहियों इकबाल सिंह व गुरजीत चंद को गंभीर रूप में घायल कर गये । घायलों को तुरन्त हस्पताल ले जाया गया जिनमें से गुरजीत चंद की सी.एम.सी. अस्पताल में मृत्यु हो गई । जिम्मेदार पुलिस सूत्रों ने बताया कि नगर निगम के बड़े चुंगी कार्यालय से खजांची जगजीत सिंह व नछत्तर सिंह दो थैलों में पुलिस बैन में सवार होकर लगभग 8 लाख रुपए बैंक में जमा कराने (जोकि नगर निगम की बिल्डिंग में ही स्थित है) के लिए ला रहे थे । जब वे बैन से नीचे उतरे तो उग्रवादियों से गुत्थम-गुत्था होना पड़ा तथा इस छीना-झपटी में एक थैला तो बचा कर वे अंदर ले गए तथा दूसरा थैला लगभग 3.50 लाख रुपए सहित उग्रवादी लूट कर भीना बाजार की ओर भाग गए । पता चला है कि यह रकम गतदिवस बैंक की छुट्टी के कारण चुंगी खजांची के पास इकट्ठी हो गई थी । पुलिस प्रमुख श्री पांडे तत्काल घटनास्थल तथा सी.एम.सी.

(शेष पृष्ठ 8 पर)





चुंगी शाखा की कैश ले जाने वाली वैन जिसपर वीरवार लाख रुपए से अधिक लूट लिया (इन्सैट) उग्रवादियों के मीत चंद का शव, (2) नगर निगम लुधियाना के कार्यालय बिखरा खून । इसी जगह उग्रवादियों ने वैन पर (छाया : कम्बोज)

न दरबार साहब में हुई केन्द्र अत्यन्त चिन्तित

बाबला): परिसर न्तित है गठनों ने 2 मिनट जलूस

शेष रूप बंधे हैं, लिस्तान निधियों ही जारी

जपा

देश के पर डोरे हो जाएं प्राप्त हो

समर्थक त बैठकें । श्री जता रहे कांग्रेस के पद

किये जाते हैं । सरकार ने अब तक अपनी ओर से दरबार साहब परिसर में दाखिल होने के चरम पग को रोकने की कोशिशें की हैं, जबकि उग्रवादियों का उद्देश्य सरकार को पुनः परिसर में दाखिल होने के लिये उकसाना है क्योंकि दरबार साहब में पुलिस के प्रवेश पर मनोवैज्ञानिक रूप से हमेशा सिखों द्वारा रोष व्यक्त किया जाता है ।

अकाल तख्त के नये जत्थेदार भाई जसवीर सिंह रोडे और जैन मुनि आचार्य सुशील के मध्य बातचीत का मुख्य उद्देश्य ऐसे पग उठाना रहा है जिनसे गुरुद्वारों को समाज-विरोधी तत्वों से मुक्त रखा जा सके । भाई जसवीर सिंह अभी भी कुछ उग्रवादी संगठनों को इस पर सहमत करने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन पाकिस्तान समर्थित पंथक कमेटी और अन्य कट्टरपंथी संगठन ऐसी स्थिति पैदा करने के लिये प्रयत्नशील हैं जिसमें भाई जसवीर का मिशन सफल न हो सके । राजनीतिक क्षेत्रों का ख्याल है कि भाई रोडे के प्रयत्नों के अलावा पाकिस्तान समर्थित उग्रवादी संगठनों के विरुद्ध तथा उन्हें दरबार साहब परिसर से निकलने की जरूरत के बारे में अभियान शुरू किया जाना चाहिए ।

तलबंडी साबो में भाई जसवीर सिंह द्वारा आयोजित सम्मेलन कुछ हद तक 'रचनात्मक' रहा है यद्यपि भाई जसवीर सिंह ने अपने भाषण में अपने विकल्प खुले रखे हैं और सिख छात्र संघ के दोनों धड़ों के नेताओं के भाषण काफी सख्त थे । अभी तक भाई जसवीर सिंह केवल सिख छात्र संघ के दो धड़ों और एकीकृत अकाली दल के नेतृत्व को अपने साथ लाने

(शेष पृष्ठ 8 पर)

पंजाब को मिल रहा नदी-जल छीना गया तो आतंकवाद समाप्त न हो सकेगा : सुरजीत

बरनाला, 14 अप्रैल (सिधवानी): स्वतंत्रता सेनानी पं. विद्यादेव श्रद्धांजलि समारोह शहीद आजम भगत सिंह के साथी पं. कस्तूरी लाल की अध्यक्षता में हुआ जिसमें कम्युनिस्ट नेता का. हरकिशन सिंह सुरजीत ने इस अवसर पर कहा कि पंजाब के हालात बिगाड़ने के लिए केंद्रीय सरकार जिम्मेवार है । पंजाब को परीक्षण करने का उसने अखाड़ा बनाया हुआ है । यदि पंजाब-समझौता लागू किया होता तो आज हालात इतने खराब न होते । उन्होंने कहा कि संत हरचंद सिंह लौंगोवाल ने पंजाब-समझौते के लिए तो अपना बलिदान दे दिया, परन्तु दूसरा पक्ष (राजीव गांधी) इस सम्बन्ध में गंभीर नहीं । वह जानबूझ कर हेराफेरी से काम ले रहा है ।

का. सुरजीत सिंह ने कहा कि पंजाब को इस समय जो नदी जल मिल रहा है, यदि उसे छीना गया तो पंजाब में आतंकवाद समाप्त न हो सकेगा । उन्होंने कहा कि बरनाला अकाली दल देश की एकता और अखंडता की रक्षा के लिए डट कर खड़ा है । उसने गुरुद्वारों में आपत्तिजनक गतिविधियों का विरोध किया है, परन्तु केंद्रीय सरकार ने राजनीतिक हितों के दृष्टिगत बरनाला सरकार को तोड़ दिया, जिसके परिणामस्वरूप आतंकवादी घटनाओं में वृद्धि हुई । उन्होंने पंजाब समझौते के अधीन गठित आयोगों को न्यायपालिका की परम्पराओं के विपरीत कार्य बताया । मार्क्सी नेता ने रहस्योद्घाटन किया कि बरनाला सरकार तोड़ने से एक सप्ताह पूर्व एक समझौता किया गया, मगर उसे लागू करना देशहित में नहीं । उस समझौते को पूरा करने में कैसे रोडे अटकाए गए, इसका विवरण वह बाद में बताएंगे ।

का. सुरजीत ने अपने भाषण में निर्दोष लोगों की हत्याओं को सिख परम्परा के विपरीत बताया ।

श्री सुरजीत सिंह बरनाला ने पं. विद्या देव को श्रद्धांजलि भेंट करते हुए कहा कि वह संत लौंगोवाल के करीबी साथी और सलाहकार थे । उन्होंने तथा उनके साथियों ने स्वतंत्रता-संग्राम में जो योगदान दिया, उसकी जितनी सराहना की जाए, कम है ।

पंजाब के हालात पर प्रकाश डालते हुए श्री बरनाला ने कहा कि यदि पंजाब-समझौता लागू किया जाता तो ऐसे खतरनाक हालात पैदा न होते । एमरजैंसी लगाने से हालात सुधरने की बजाय और खराब होंगे ।

श्रीलंका में 35 मरे

कोलम्बो, 14 अप्रैल (वार्ता): तमिल छापामारों ने श्रीलंका के एक सैनिक शिविर पर हमला करके 7 सैनिकों की हत्या कर दी । उधर भारतीय शांति सेना के अभियान में अभी तक 27 तमिल छापामार मारे गए हैं ।

तीन घर जल कर राख

होशियारपुर, 14 अप्रैल (प्रद्युम्न): यहां से छः किलोमीटर दूर गांव सेचां में आग लगने से तीन घर जल कर राख हो गए । यदि होशियारपुर से फायर ब्रिगेड पहुंच कर आग न बुझाता तो सारा गांव ही जल जाता । चानन राम, सुखदेव और राम चंद के मकान जले हैं । आग लगने का कारण पता नहीं चल सका ।

सरकारी एजैंसियों द्वारा पंजाब व हरियाणा की मंडियों में गेहूं की खरीद शुरू

चंडीगढ़, 14 अप्रैल (एन.एस.परवाना): नए सैशन में पंजाब व हरियाणा के किसानों

है ।

श्री टक्कर ने रहस्योद्घाटन किया कि समूचे





(1) लुधियाना नगर निगम के महसूल चुंगी शाखा की कैश ले जाने वाली वैन जिसपर वीरवार प्रातः हमला करके उग्रवादियों ने 3 लाख रुपए से अधिक लूट लिया (इन्सैट) उग्रवादियों के हमले में मारे गए पुलिस कांस्टेबल गुरमीत चंद का शव, (2) नगर निगम लुधियाना के कार्यालय के मेन गेट के बाहर सड़क पर बिखरा खून । इसी जगह उग्रवादियों ने वैन पर हमला किया । *(छाया : कम्बोज)*

Punjab Satarkta

वैशाखी के दिन दरबार साहब में हुई घटनाओं से केन्द्र अत्यन्त चिन्तित

नई दिल्ली, 14 अप्रैल (जी.एस.चावला): सरकार वैशाखी के दिन दरबार साहब परिसर अमृतसर में हुई घटनाओं पर अत्यधिक चिन्तित है जिनमें पंथक कमेटी तथा अन्य उग्रवादी संगठनों ने खालिस्तान के झंडे लहराये और 10 से 12 मिनट तक हवा में गोलियां चलाईं व परिक्रमा में जलूस निकाला ।

किये जाते हैं । सरकार ने अब तक अपनी ओर से दरबार साहब परिसर में दाखिल होने के चरम पग को रोकने की कोशिशें की हैं, जबकि उग्रवादियों का उद्देश्य सरकार को पुनः परिसर में दाखिल होने के लिये उकसाना है क्योंकि दरबार साहब में पुलिस के प्रवेश पर मनोवैज्ञानिक रूप से हमेशा सिखों द्वारा रोष व्यक्त किया जाता है ।



जिला कपूरथला में थाना सुलतानपुर लोधी के गांव मिर्जापुर में बुधवार की रात को उग्रवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग करके दो भाइयों के परिवारों के 6 लोगों की हत्या कर दी । चित्र में मृतकों (1) जोगेन्द्र पाल, (2) उसके छोटे भाई दुर्गादास, (3) लड़के जगदीश कुमार, (4) दूसरे लड़के अमरजीत, (5) पत्नी श्रीमती राम लुभाई, (6) दुर्गा दास की बेटी सीता रानी के शव, (7) घायल सुखजीत कुमार, (8) दो शवों के पास विलाप कर रही महिलाएं, (9) तीन भाइयों के साथ-साथ बने मकान जिनमें से दो के निवासियों को उग्रवादियों ने निशाना बनाया । तीसरे मकान (X) में पूर्ण चंद के परिवार के 9 सदस्य खेतों में छुप कर बच गए, (10) दुर्गादास का मकान जहां दो हत्याएं की गईं, (11) जोगेंद्र पाल के घर की रसोई में मीठे चावल बने थे लेकिन उन्हें खाना किसी को नसीब न हुआ, (12) जोगेन्द्र पाल के घर के आंगन में फैला खून । (छाया : शर्मा)

पंजाब में हत्याएं
(पृष्ठ 3 का शेष)

अस्पताल सारी स्थिति का जायजा लेने हेतु पहुंच गए ।

आतंकवादी गिरफ्तार

पुलिस और सुरक्षा बलों ने जगराओं थाना के गांव मल्लां के खतरनाक आतंकवादी दलजीत सिंह, जो खालिस्तान कमांडो फोर्स का सक्रिय सदस्य है, को गिरफ्तार कर लिया । वह चार महीने से फरार था । 18 फरवरी की शाम को उसने अपने साथियों के साथ रायकोट के नगर पालिका पार्क में एस.एच.ओ. पर कातिलाना हमला किया जो सफल नहीं हुआ । उसने नगर पालिका के चौकीदार रामकुमार की गोली मारकर हत्या कर दी थी । पुलिस के अनुसार उसने रायकोट के एक समुदाय के लोगों की प्रातः के समय हत्या करने की भी योजना बनाई थी ।

कल जगराओं के बाजार में फायरिंग से मरने वाले की शिनाख्त सुखदेव सिंह के रूप में हुई है जबकि चार घायलों के नाम छबील दास, अजय कुमार, जैला तथा पृथ्वी राज हैं ।

मोटर साइकल छीना

करतारपुर (देव.): गत शाम करतारपुर फर्नीचर बाजार में आतंकवादी रिवाल्वर की नोक पर एक फर्नीचर मर्चेंट से हीरो होंडा मोटर साइकल छीन कर भाग गए । प्राप्त सूचना के अनुसार वीरेन्द्र सिंह अपनी दुकान शाम 6½ बजे बंद करके घर को जाने लगा एक आतंकवादी ने वीरेन्द्र सिंह को कहा कि मोटर साइकल हमारे हवाले कर दे । इसपर दोनों में हाथापाई हो गई और आतंकवादी जमीन पर गिर गया । उसने रिवाल्वर निकाल कर कहा कि गोली मार दूंगा और मोटर साइकल लेकर फरार हो गया । बताया जाता है कि इस आतंकवादी का एक साथी कुछ दूरी पर खड़ा था । दोनों मोटर साइकल पर बैठ कर फरार हो गए ।

शराब के ठेकेदार की हत्या

भटिंडा (ग्रोवर): यहां से 25 किलो मीटर दूर गांव ललियाना में रात दस बजे के करीब तीन सिख युवकों ने एक शराब के ठेकेदार सतपाल सिंह की हत्या कर दी तथा शराब की बोतलें तोड़ दीं । बताया जाता है कि हमलावर स्कूटर पर आए तथा उसी पर फरार हुए । थाना कोट फत्ता ने केस दर्ज कर लिया है ।

ग्रंथी की हत्या

कल रात ही जिला भटिंडा के एक गांव में आतंकवादियों ने एक ग्रंथी हाकिम सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी ।

जगीर सिंह के विरुद्ध केस

तलवंडी साबो पुलिस ने वैशाखी समारोहों के दौरान तलवंडी साबो में खालिस्तान के नक्शे चिपकाने तथा उत्तेजक भाषण देने के आरोप में खालिस्तान कमांडो फोर्स के प्रवक्ता जगीर सिंह के विरुद्ध केस दर्ज किया है ।

शव की शिनाख्त

फिल्लौर (निर्मल): ए.एस.पी. फिल्लौर सब-डिवीजन श्री रविन्द्रपाल सिंह ने आज पत्रकारों को बताया है कि थाना गोराया के पास नहर के किनारे जो इस में एक लाश मिली थी, उसकी पहचान कर ली गई है । मृतक फगवाड़ा के पास गांव चहेड़ू का रहने वाला है, उसका नाम जोगा सिंह पुत्र तारा सिंह जट है मृतक के फिल्लौर के गांव मठाड़ा में ससुराल हैं । जोगा सिंह की हत्या क्यों की गई, किसने की, इस संबंध में पुलिस पूछताछ कर रही है । आशा है कि कातिल शीघ्र पकड़े लिए जाएंगे ।

निषेधाज्ञा

संगरूर से गर्ग के अनुसार जिला मैजिस्ट्रेट ने एक आदेश द्वारा शाम सात बजे से प्रातः 5.30 बजे तक बसों के चलने पर पाबंदी लगा दी है । रात का सिनेमा शो बंद कर दिया गया है । इसी प्रकार जलसे, जलूसों आदि पर भी पाबंदी लगा दी गई है । यह सभी आदेश 9 जून तक लागू रहेंगे ।

हत्या कांड का ब्यौरा

कपूरथला (शर्मा): थाना सुल्तानपुर लोधी के गांव मिर्जापुर में गत सायं चीनी ए.के. 47 असाल्ट राइफलों, स्टेनगनों तथा 38 बोर के रिवाल्वर से लैस 5 खतरनाक आतंकवादियों ने ब्राह्मणों के दो घरों में दाखिल होकर अंधाधुंध गोली वर्षा की तथा दो स्त्रियों सहित 6 व्यक्तियों की हत्या कर दी थी । हत्यारे खालिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाते तथा फायर करते हुए पैदल ही वहां से दरिया के मंड क्षेत्र को चले गए । दोनों घरों में मसदेव सिंह ब्राह्मण के हस्ताक्षरों वाले पत्र मिले हैं । इन पत्रों में इस सामूहिक हत्या कांड की जिम्मेदारी खालिस्तान कमांडो फोर्स ने ली है । आज प्रातः प्रैस पार्टी ने सिविल अस्पताल सुल्तानपुर लोधी में दाखिल घायल सुखजीत कुमार से भेंट की और फिर घुस्सी बांध के निकट गांव मिर्जापुर में लोगों से इस रक्तिम कांड के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की । इस गांव में चार ब्राह्मण भाइयों के परिवार अपनी 22 एकड़ भूमि में खेती करके तथा दूसरे काम करके परिवारों को पालते हैं ।

गत सायं लगभग साढ़े सात बजे खाकी वर्दियों में पांच सशस्त्र आतंवादी पहले पंडित दर्गा दास के घर से दाखिल हुए तथा अंधाधुंध गोलियां चला कर आंगन में पंडित दर्गा दास तथा कमरे में उसकी नौजवान लड़की सीता रानी की हत्या कर दी । पंडित दर्गा दास की पत्नी शौच के लिए घर से बाहर गई होने के कारण बच गई । वहां खालिस्तान कमांडो फोर्स का पत्र छोड़ने के लिए आतंकवादी छोटी दीवार फांद कर पंडित जोगेन्द्र पाल के घर में घुसे । आंगन में बनी खुली रसोई में उसकी पत्नी ने मीठे चावल बनाए हुए थे तथा परिवार के लोगों को वह खाने के लिए बला रही थी । आतंकवादियों ने फायरिंग करके पंडित जोगेन्द्र पाल की पत्नी रामलुभाई की आंगन में ही तथा जोगेन्द्र पाल, उसके एक लड़के जगदीश कुमार और दूसरे लड़के अमरजीत उर्फ राणा की कमरों में दाखिल होकर हत्या कर दी । उनका तीसरा लड़का घायल होने के बाद जान बचाने के लिए अनाज रखने वाली कोठरी में घुस गया । वहां भी खालिस्तान कमांडो फोर्स का पत्र छोड़ने के बाद यह आतंकवादी तीसरे भाई पंडित पूर्ण चन्द के घर गए लेकिन यह नौ सदस्यीय परिवार दुकान के दरवाजे से निकल कर खेतों में छुप गया जिससे उनकी जानें बच गईं । गोलियों की आवाजें सुन कर गांव के लोगों ने अपने घरों के दरवाजे बंद कर लिए तथा बत्तियां बुझा दीं । कई घंटे तक कोई भी इन अभागों की सहायता के लिए न आया । पहुंची तथा घायल सुखजीत को अस्पताल पहुंचाया ।

सुल्तानपुर लोधी अस्पताल में दाखिल सुखजीत की दशा खतरे से बाहर है । उसकी बाईं जांघ में गोली लगी है । ज्ञात हुआ है कि क्षेत्र में बहुत अधिक आतंक होने के कारण किसी ने भी लाशों को ले जाने के लिए अपना ट्रैक्टर ट्राली नहीं दी तथा मृतकों के रिश्तेदार अपनी ट्रैक्टर ट्राली लाए । आतंक के कारण क्षेत्र में लोगों ने अपने घरों की छतों से टी.वी. के एंटेना उतारे हुए हैं । जोगेन्द्र पाल का लड़का अमरजीत उर्फ राणा सुल्तानपुर लोधी में दर्जी का काम करता था । जिलाधीश श्री गुलवन्त सिंह, एस.पी. श्री पी. एम. दास व अन्य उच्चाधिकारी मौके पर पहुंचे । तीन संदिग्ध लोगों को हिरासत में लिया गया है ।

स्कूटर छीना पर ले जा न सके

थाना सुल्तानपुर लोधी के अन्तर्गत गांव बलपुर के निकट गत दिवस दो स्कूटर सवार आतंकवादियों ने पिस्तौल की नोक पर एक व्यक्ति बलदेव सिंह से उसका स्कूटर छीन लिया परन्तु गांव दरियावाल के निकट गियर की तार निकल जाने के कारण आतंकवादी स्कूटर वहीं छोड़ कर भाग गए । पुलिस ने स्कूटर अपने कब्जा में ले लिया है ।

फगवाड़ा (राकेश): आज स्थानीय पुलिस ने कई जगह छापे मार कर एक आतंकवादी गिरोह के 2 सदस्यों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है । लगभग दो सप्ताह पहले भी इसी गिरोह के 2 सदस्यों सुरिन्द्र सिंह व जोगा सिंह को पुलिस पहले ही कमांरेड बलहार सिंह की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया जा चुका है । अभी तक कई अन्य सदस्य फरार हैं ।

घरों की तलाशी

कल रात स्थानीय पुलिस ने निकटवर्ती गांवों पाछटा व मलिकपुर में संदिग्ध व्यक्तियों की खोज में छापे मार कर मकानों की तलाशी ली तथा 2 व्यक्तियों की हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है । पुलिस को आशंका थी कि कुछ उग्रवादी वारदातें करने के लिए वहां छिपे हुए हैं ।

एक सिपाही मरा, दूसरा घायल

गुरदासपुर (विनोद, कोछड़): जिला गुरदासपुर के थाना श्रीहरगोबिन्दपुर के गांव रंगीलपुरा के निकट आज प्रातः गश्त के लिए जा रहे पंजाब पुलिस के कर्मचारियों पर आतंकवादियों ने घात लगाकर चीनी असाल्ट राइफल से फायरिंग करके एक हवलदार परस राम व सिपाही रमेश चन्द्र को गम्भीर घायल कर दिया । दोनों को पहले बटाला सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया । बाद में गम्भीर हालत में सिपाही रमेश चन्द्र को अमृतसर के गुरुतेग बहादर अस्पताल भेजा गया है । कोछड़ की सूचना है कि रमेश की अस्पताल में मृत्यु हो गई ।

5 पाकिस्तानी मरे, एक गिरफ्तार

नई दिल्ली (वार्ता): पंजाब में भारत-पाक सीमा पर हाल ही में भारत की सीमा में प्रवेश करने की कोशिश करने वाले पांच पाकिस्तानी घुसपैठिये मारे गए व जम्मू के सांम्बा क्षेत्र में एक घुसपैठिये को सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने पकड़ लिया । बल की एक विज्ञप्ति के अनुसार यह पांचों घुसपैठिये अलग-अलग घटनाओं में पंजाब में खासा व खेमकरण सैक्टरों में मारे गए ।

सीमा सुरक्षा बल द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार उसके पास से पाकिस्तानी मुद्रा तथा एक पहचान पत्र बरामद किया गया । विज्ञप्ति के अनुसार पंजाब के अजनाला क्षेत्र में भारत की सीमा में घुसने का प्रयास करने वाले तीन घुसपैठिये दोनों पक्षों के बीच गोलीबारी के बाद अंधेरे का फायदा उठा कर बच निकले ।

राकेट लांचर बरामद

अमृतसर (ह.स.): जिला अमृतसर के एस.एस.पी. श्री इजहार आलम के अनुसार पुलिस ने गत रात्रि गांव बुटारी थाना जंडियाला के अन्तर्गत अवतार सिंह के फार्म हाउस में स्थित पशुओं के रहने के स्थान में बने एक पक्के बंकर से एक गुप्त शस्त्रागार पकड़ा है जिसमें पुलिस ने पहली बार दो राकेट लांचर पकड़े। पुलिस ने आज तक पहले केवल राकेट ही पकड़े थे परन्तु राकेट को चलाने वाले लांचर पहली बार पकड़े गए । इसके अलावा दो एस.एल.आर., एक ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल, एक थामसन गन, एक कारबाइन, एक 7.62 राइफल जो केन्द्रीय रिजर्व पुलिस के अधिकारियों से एक वर्ष पहले उग्रवादियों ने छीनी थीं । एक 315 बोर राइफल, छः मोर्टार और पिस्तौलें, 3500 कारतूस बरामद किए गए । श्री आलम ने बताया कि यह हथियारों का जखीरा भिंडरांवाले टाइगर फोर्स ग्रुप के प्रयोग के लिए था ।

ग्रंथी की हत्या

श्री इजहार आलम के अनुसार अज्ञात उग्रवादियों ने गांव गगा थाना बैरोवाल के अन्तर्गत एक ग्रंथी वीर सिंह की गोलियां मारकर हत्या कर दी ।

चंडीगढ़ में पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री जे.एफ. रिबैरो ने बताया कि सुरक्षा बलों ने सूचना मिलने पर अवतार सिंह के बुटारी स्थित फार्म पर छापा मारा था । अवतार सिंह फरार हो गया । श्री रिबैरो ने कहा कि पकड़ा गया शस्त्र भंडार भिंडरांवाला टाइगर फोर्स तथा खालिस्तान कमांडो फोर्स का है ।

सायं के भाव

दिल्ली, 14 अप्रैल (एस.एल.एस.): दिल्ली क्लाथ 28.25, रिलायंस 79.25, चांदी (999) 6203 हाजिरी 5893, चांदी सिक्का 6573, सोना बिट्टर 3150, सोना स्टैंडर्ड 3190, वनस्पति उ.प्र. 322-330, हरियाणा 324-330, तेल सरसों 183, सोयाबीन तेल 186, तेल वाशन खाद्य 185, अखाद्य 140, चर्बी 1730, गुड़ बायदा 1210, तेल बिनौला 191, बीरा 3950.90 रुपए ।

अमृसर में लाश मिली

अमृतसर, 14 अप्रैल : आज शाम यहां भगतां वाला के निकट एक अधेड़ आयु व्यक्ति की लाश मिली । लाश की पहचान नहीं हो सकी । पुलिस ने लाश को पोस्ट मार्टम के लिए अस्पताल पहुंचाया । मृत्यु का कारण मालूम नहीं हो सका क्योंकि लाश पर कोई जख्म का निशान नहीं है ।

केन्द्र चिंतित ...
(पृष्ठ 3 का शेष)

में सफल हुए हैं । कट्टरपंथी उग्रवादी अभी भी उनसे दूर हैं । आचार्य सुशील मुनि, जो कि भाई जसवीर सिंह से सम्पर्क बनाये हुये हैं, आजकल विदेश यात्रा पर गये हुये हैं तथा भाई जसवीर सिंह के साथ उनकी आगे बातचीत स्वदेश वापसी पर ही हो सकेगी । इसी बीच सरकार पंजाब में हिंसा रोकने के प्रशासनिक पग्रों की लगातार समीक्षा कर रही है

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

चिकित्सा

रोगों की जड़ पेट के कीड़े मिटाएं । कोर्स 1½ मास 90/- भेज कर, स्पैशल क्लीनिक, A-151, अजीत नगर, अम्बाला छावनी से मंगवाएं ।

टैलीविज़न सीखें

रंगबार टैलीविज़न, V.C.R. कोर्स मिलें : नैशनल इलैक्ट्रोनिक्स ट्रेनिंग कालेज, सामने आऊट गेट, बस स्टैंड, पठानकोट ।

गुमशुदा

एक बिस्तरा बैग हरिद्वार से शिमला वाली बस नं. U.T.C. 6259 से 6.4.1988 को बदला गया है । पता देने वाले को 100 रु. दिया जाएगा । सीता राम चोपड़ा, कपड़े वाले 2198/1 दर्गा पुरी हैबोवाल कलां, लुधियाना ।

आवश्यकता

Wanted two accountants preferably B.Com with two years experience or Matriculate with five years experience to handle account job independetnly. Contact : M/s. Grover Wines Pvt. Ltd., 174, Civil Lines, Near New Courts, Jalandhar City.

शिक्षा

अंग्रेजी, जर्मन फ्रैंच, स्पेनिश, इटालियन इत्यादि सीखें । स्वयं मिलें : Ajanta School of

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 14.4.88, 43/- without trays. NECC Suggested Retail Price 6/- per Dozen.

बिकाऊ

रतिया में चालू हालत में बर्फ फैक्टरी बिकाऊ है । क्षमता 10 टन है । इच्छुक मिलें–कृष्णा आईस फैक्टरी, रतिया (हरियाणा) फोन-62.

ज़मीन/जायदाद/प्लाट

हरियाणा मोटर मार्कीट में दुकानें बिकाऊ हैं, इच्छुक (मोटर मैकेनिक/स्पेयर पार्ट्स/ट्रकों से सम्बन्धित) आज ही मिलें : बग्गा एंड बजाज सेल्ज सर्विस (रजि.), कचहरी चौक, अम्बाला शहर, फोन-58847.

सस्ते प्लाट, जगाधरी रोड पर इंडस्ट्रीयल एरिया के साथ चुंगी से एक किलोमीटर दूर 30 रु. गज बिकाऊ । मिलें–शर्मा एण्ड सन्ज, प्रापर्टी डीलर्ज, निकट टांगरी पुल, जगाधरी रोड, अम्बाला छावनी । फोन-23798.

अम्बाला-जगाधरी रोड पर निकट दोसड़का, 42 एकड़ काश्ता ज़मीन, चार ट्यूबवैलों सहित 35,000 रु. एकड़ बिकाऊ, इसके अतिरिक्त शानदार प्लाट व काश्ता ज़मीन बिकाऊ । मिलें–रंधावा प्रापर्टी डीलर्ज, टक्कर मार्किट, साहा चौक (अम्बाला) ।

2 भाजपा नेताओं सहित 6 व्यक्तियों की हत्या : मुठभेड़ में आतंकवादी मारा गया

सी.आर.पी. का जवान घायल : 9 उग्रवादी गिरफ्तार किए गए

लुधियाना के निकट शस्त्रागार लूटा, आज अमृतसर बंद

चंडीगढ़, 15 अप्रैल (वार्ता, ह.स.): पंजाब में आतंकवादियों ने 2 भाजपा नेताओं सहित 6 व्यक्तियों की हत्या कर दी जबकि सुरक्षा बलों से एक मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया और दूसरी मुठभेड़ में सी.आर.पी. का एक जवान घायल हो गया । लुधियाना के निकट पुलिस के एक शस्त्रागार को लूट लिया गया जबकि जिला फरीदकोट में 9 आतंकवादियों को गिरफ्तार करके भारी मात्रा में गोली-सिक्का पकड़ा गया । भाजपा नेता प्रकाश दुआ की हत्या के विरोध में कल अमृतसर बंद का आह्वान दिया गया ।

भाजपा नेता की हत्या

अमृतसर (वि.प्र.): अमृतसर के हाल बाज़ार क्षेत्र में आज प्रातः आतंकवादियों ने भारतीय जनता पार्टी के नेता श्री प्रकाश चंद दुआ की 9.45 बजे कांग्रेस भवन से कुछ कदम की दूरी पर गली में उनकी दुकान पर गोलियां मार कर हत्या कर दी । दोनों आतंकवादी साइकल पर बड़े आराम से चले गए । बाज़ार वालों ने उनकी आयु 18-20 वर्ष बताई है । श्री प्रकाश चन्द दुआ जो कि भाजपा दक्षिण मंडल के प्रधान थे, प्रातः 9.30 बजे के लगभग अपनी दुकान 'प्रकाश इलैक्ट्रीकल्ज़' पर आए और वह दुकान खोलने के बाद अभी अन्दर गए ही थे कि इसी बीच दो आतंकवादी साइकल पर आए और श्री दुआ पर पिस्तौल से गोलियां चलाईं । दो गोलियां श्री दुआ के चहरे पर लगीं । उन्हें अस्पताल ले जाया गया परन्तु वह रास्ते में ही दम तोड़ गए । बाज़ार में भगदड़ मच गई तथा आस-पास की दुकानें तुरन्त बंद हो गईं । कांग्रेस भवन, जो श्री दुआ की दुकान से 25-30 गज की दूरी पर है, के बाहर पंजाब पुलिस मौजूद थी, परन्तु कोई टस से मस न हुआ और आतंकवादी अपना काम करने के बाद बड़े आराम से साइकल पर सुभाष पार्क से गुज़र कर दूसरे बाज़ार में चले गए ।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हत्यारे श्री दुआ की दकान पर आए । उन्होंने श्री दुआ और उनके नौकर पर गोली चलाई । नौकर काऊंटर के पीछे बैठ जाने से बाल-बाल बच गया । शहर के बीचों-बीच दिन-दहाड़े हत्या की पिछले दस दिन में यह दूसरी वारदात है । इससे पूर्व दाल मंडी इलाके में स्थानीय नेता जीवन प्रकाश की हत्या कर दी गई थी । हत्याकांड के बाद भाजपा समर्थक अस्पताल के बाहर नारे लगाते हुए जमा हो गए । पुलिस ने उन्हें तितर-बितर किया । नगर में पुलिस गश्त बढ़ा दी गई है ।

दुकानदारों में रोष

श्री दुआ की हत्या के विरुद्ध दुकानदारों में काफी रोष पाया जा रहा है और यह कहा जा रहा है कि सरकार ने बाजारों में पुलिस और सुरक्षा बलों के जवान केवल दिखावे के तौर पर खड़े कर रखे हैं, जो कि भरे-बाजारों में आतंकवादियों की ओर से हत्याएं किए जाने पर भी हरकत में नहीं आते । आज अमृतसर के सरकारी अस्पताल में भड़के हुए नौजवानों ने कुछ वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों तथा कांग्रेसी नेताओं का उनके समक्ष सयापा किया तथा उन्हें बुरा-भला कहा ।

अमृतसर बंद का आह्वान

नारंग के अनुसार भारतीय जनता पार्टी ने भाजपा नेता श्री प्रकाश चन्द दुआ की आज उग्रवादियों द्वारा निर्मम हत्या किए जाने के विरोध में कल, शनिवार को अमृतसर बंद का आह्वान किया है । अमृतसर भाजपा के सचिव श्री हरीश तनेजा ने बताया कि शहीद श्री दुआ की शव यात्रा कल प्रातः 12 बजे उनके निवास स्थान (चौक राम बाग) से चलेगी । उन्होंने आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील की ।

आर्य प्रतिनिधि सभा के सचिव श्री सुभाष भाटिया, अ.भा. विद्यार्थी परिषद के सचिव श्री कृष्ण चोपड़ा, राष्ट्रीय सुरक्षा समिति की प्रचार सचिव प्रो. लक्ष्मी कांता चावला, जिला व्यापार मंडल के प्रधान श्री कृष्ण कुमार चोपड़ा आदि अनेक हिन्दू संस्थाओं ने इस बंद को समर्थन देने की घोषणा की है ।

सी.आर.पी. पर हमला

अमृतसर ज़िला के तरनतारन सब-डिवीज़न के गांव डुग्गरवाल में गत रात सी.आर.पी. की एक गश्ती पार्टी पर आतंकवादियों ने घात लगाकर हमला कर दिया, जिससे सी.आर.पी. का एक जवान मुहम्मद अहमद (35) गोलियां लगने से बुरी तरह घायल हो गया । उसे छाती व बाज़ू में गोलियां लगी हैं । उसे अमृतसर के सिविल अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है, जहां उसकी दशा नाज़ुक बताई जाती है । सी.आर.पी. की यह टुकड़ी गांव डुग्गरवाल में एक डेरे पर छापा मारने गई थी कि आतंकवादियों ने उस पर हमला कर दिया । बाद में वे खेतों में से होते हुए भाग गए । हमला रात लगभग 12.30 बजे हुआ ।

आतंकवादी मारा गया

अमृतसर के मजीठा थाने के मनावाबाद गांव के पास खालिस्तान लिबरेशन फ़ोर्स का एक आतंकवादी कल रात पुलिस के हाथों मारा गया । आतंकवादियों ने केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस के गश्ती दल पर घात लगाकर हमला किया था, लेकिन जवानों ने मुस्तैदी दिखाते हुए पलट कर हमला किया । उसमें मेजर सिंह नामक आतंकवादी मारा गया । पुलिस के अनुसार उसके दो साथी बच निकले । पुलिस की ओर से कोई घायल नहीं हुआ है ।

उच्च स्तरीय बैठक

बाबा बकाला से मेहरा के अनुसार आज रैया रैस्ट हाऊस में पंजाब पुलिस तथा सी.आर.पी. के उच्चाधिकारियों की बैठक हुई । जिसमें बाबा बकाला सब डिवीजन की कानून व्यवस्था की स्थिति तथा सुरक्षा प्रबन्धों का जायज़ा लिया गया । बैठक की अध्यक्षता सी.आर.पी. के आई.जी. श्री जोगेन्द्र सिंह ने की। इसमें डी.आई.जी. सी.आर.पी. श्री एस.एस. विर्क, ज़िला के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी तथा सब डिवीजन के अन्तर्गत आने वाले तीन थानों के प्रभारी शामिल हुए । बैठक के बाद कल अमृतसर के एक गांव में से बरामद किए गए हथियार पत्रकारों को दिखाए गए ।

दो लाशें मिलीं

गत रात ज़िला अमृतसर के थाना सरहाली के गांव जौड़ा में गोलियों से छलनी दो शव मिले ।

मृतक सगे भाई थे

तरनतारन से पन्नू के अनुसार गांव जौड़ा में मिली लाशें दो सगे भाईयों सुखदेव सिंह उर्फ सुक्खा (24) तथा महेन्द्र सिंह (20) की थीं । जिनकी आतंकवादियों ने गोलियां मारकर हत्या कर दी । सुक्खा विवाहित था और उसके दो लड़के व एक लड़की है जबकि महेन्द्र सिंह अविवाहित था । दोनों निकटवर्ती गांव सखीरा के निवासी थे । उनके पिता श्री अजायब सिंह ने बताया कि दोनों भाई एक किसान के खेत में गेहूं की कटाई के लिए गए थे । रास्ते में उनका अपहरण कर लिया गया । दोनों के बाजू बंधे हुए थे । पुलिस के अनुसार दोनों की गोलियां मार कर हत्या करने से पहले उन्हें बुरी तरह मारपीट की गई । पुलिस के अनुसार वारदात वाले स्थान से खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के अवतार सिंह ब्रह्मा का लिखा पत्र मिला है । पत्र फोर्स के लैटर पैड पर नहीं बल्कि एक सादे कागज पर है जिसमें दर्ज है कि दोनों भाई लूटपाट की वारदातें करते थे इसीलिए उनकी हत्या की गई है । घटनास्थल से ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल के चार तथा 315 बोर की राइफल का एक चला हुआ कारतूस मिला है । पुलिस को इस घटना की सूचना आज प्रातः सात बजे दी गई ।

5 आतंकवादी पकड़े

बाघा पुराना से मित्तल के अनुसार यहां से सात किलो मीटर दूर गांव जैमल सिंह वाला के निकट सुरक्षा बलों ने एक मुठभेड़ के बाद पांच आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया जबकि उनके दो साथी अंधेरे का लाभ उठाते हुए फरार हो गए । उनके कब्जे से भारी मात्रा में शस्त्रास्त्र बरामद हुए । पकड़े गए आतंकवादियों की पहचान गुरदेव सिंह, नायब सिंह, राजेन्द्र सिंह, प्रीतम सिंह, गुरजीत सिंह के रूप में हुई है । फरार हुए आतंकवादियों की पहचान भी कर ली गई है । वे हैं : सुरेन्द्र सिंह और रूबी सिंह । पकड़े गए आतंकवादियों से दो 32 बोर की पाकिस्तानी राइफलें, एक बारूद का पैकेट, एक एच.ई. 36 हथगोला, 315 बोर की राइफल तथा

(शेष पृष्ठ 10 पर)

उग्रवादियों को पाक मदद व उसके परमाणु कार्यक्रम से भारत चिंतित : राजीव

टोक्यो, 15 अप्रैल : प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने आज जापानी नेताओं को पाकिस्तान के परमाणु कार्यक्रम और पंजाब में आतंकवादियों को दी जा रही पाकिस्तानी मदद के बारे में चिंता जताई । उगते सूरज का मुल्क कहे जाने वाले जापान की तीन दिन की सरकारी यात्रा के दूसरे दिन आज श्री गांधी ने जापानी प्रधानमंत्री नोबोरू ताकेशीता से अपनी पहली मुलाकात के दौरान यह बात कही । श्री गांधी ने कहा कि भारत को इस बात का पक्का यकीन है और उसके पास सबूत भी हैं कि पाकिस्तान का एटमी कार्यक्रम शांतिपूर्वक मकसद के लिए नहीं है और वह अपने विमानों को परमाणु बम ले जाने योग्य बना रहा है तथा यूरेनियम का इस्तेमाल करके परमाणु बम बना रहा है । जापान के प्रमुख व्यापारियों की एक सभा में श्री गांधी ने कहा कि भारत अपने यहां व्यापारिक सहयोग के लिए भेजे गए जापानी कम्पनियों के प्रस्तावों को जल्द से जल्द मंजूरी देगा ।

जापानी दैनिक "मैनिची" शिम्बून" को एक साक्षात्कार में श्री गांधी ने कहा कि पाकिस्तान अपने लड़ाकू विमानों में सुधार करने में भी लगा है ताकि वे खतरनाक हथियार ले जा सकें ।

उन्होंने बताया कि पाकिस्तान के पास सिवा परमाणु बम बनाने के परिष्कृत यूरेनियम के उपयोग का कोई और तरीका नहीं है यह भी सब लोग अच्छी तरह जानते हैं कि परमाणु हथियार बनाने के बाद वह उनका किसके खिलाफ प्रयोग करेगा ।

अगर जापान दक्षिण अफ्रीका का प्रमुख निर्यातक देश हो जाए तो उन्हें कैसा लगेगा, यह पूछे जाने पर श्री गांधी ने बताया कि हमारे दिल में इस पर बड़ी तीव्र प्रतिक्रिया होगी ।

प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने जापानी व्यापारियों को आश्वासन दिया है कि भारत औद्योगिकी तथा आधुनिकीकरण को प्रोत्साहित करने सम्बन्धी प्रक्रिया तथा नियमों को लचीला बना रहा है । श्री गांधी ने आज यहां व्यापारियों तथा उद्योगपतियों के साथ लगभग एक घंटे की बैठक के दौरान स्पष्ट किया कि उनकी सरकार भारत में पूंजी लगाने वालों को लाभ दिलाने की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए आवश्यक कदम उठा रही है । उन्होंने कहा कि लाल फीताशाही से बचने के लिए सभी सम्बद्ध मामले एक ही स्थान पर निबटाने की प्रणाली भी शुरू की जा रही है ।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पंजाब के उग्रवादियों को पाकिस्तान में ट्रेनिंग मिल रही है और वहां के ट्रेनिंग कैम्पों के बारे में हमारे पास सुनिश्चित सूचना है । भारत द्वारा सम्बन्ध सुधारने के लिए पहल किए जाने के बावजूद पाकिस्तान ने कोई उत्सुकता नहीं दिखाई है । जापान के साथ आर्थिक सहयोग के प्रस्तावों पर निर्णय लेने के लिए भारत जल्द ही एक त्वरित प्रणाली शुरू करेगा । प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने जापान के प्रधानमंत्री नोबेरू ताके शीता को आधिकारिक स्तर की बातचीत में सरकार के इस निर्णय से आज अवगत कराया ।

दोनों नेताओं ने दो घंटे तक आपसी विचार-विमर्श किया । श्री ताके शीता ने भारत की आर्थिक उदारता की नीति का स्वागत किया तथा कहा कि जापान में भारत के साथ आर्थिक सहयोग की दिलचस्पी बढ़ रही है ।

भारत और पाकिस्तान के परमाणु कार्यक्रम का जिक्र करते हुए श्री ताके शीता ने आशा व्यक्त की कि दोनों देश परमाणु अप्रसार संधि पर हस्ताक्षर करेंगे । श्री गांधी ने कहा कि भारत और पाकिस्तान

(शेष पृष्ठ 10 पर)

2 भाजपा नेताओं सहित 6 व्यक्तियों की हत्या : मुठभेड़ में आतंकवादी मारा गया

सी.आर.पी. का जवान घायल : 9 उग्रवादी गिरफ्तार किए गए

लुधियाना के निकट शस्त्रागार लूटा, आज अमृतसर बंद

चंडीगढ़, 15 अप्रैल (वार्ता, ह.स.): पंजाब में आतंकवादियों ने 2 भाजपा नेताओं सहित 6 व्यक्तियों की हत्या कर दी जबकि सुरक्षा बलों से एक मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया और दूसरी मुठभेड़ में सी.आर.पी. का एक जवान घायल हो गया । लुधियाना के निकट पुलिस के एक शस्त्रागार को लूट लिया गया जबकि जिला फरीदकोट में 9 आतंकवादियों को गिरफ्तार करके भारी मात्रा में गोली-सिक्का पकड़ा गया । भाजपा नेता प्रकाश दुआ की हत्या के विरोध में कल अमृतसर बंद का आह्वान दिया गया ।

भाजपा नेता की हत्या

अमृतसर (वि.प्र.): अमृतसर के हाल बाज़ार क्षेत्र में आज प्रातः आतंकवादियों ने भारतीय जनता पार्टी के नेता श्री प्रकाश चंद दुआ की 9.45 बजे कांग्रेस भवन से कुछ कदम की दूरी पर गली में उनकी दुकान पर गोलियां मार कर हत्या कर दी । दोनों आतंकवादी साइकल पर बड़े आराम से चले गए । बाज़ार वालों ने उनकी आयु 18-20 वर्ष बताई है । श्री प्रकाश चन्द दुआ जो कि भाजपा दक्षिण मंडल के प्रधान थे, प्रातः 9.30 बजे के लगभग अपनी दुकान 'प्रकाश इलैक्ट्रीकल्ज़' पर आए और वह दुकान खोलने के बाद अभी अन्दर गए ही थे कि इसी बीच दो आतंकवादी साइकल पर आए और श्री दुआ पर पिस्तौल से गोलियां चलाईं । दो गोलियां श्री दुआ के चहरे पर लगीं । उन्हें अस्पताल ले जाया गया परन्तु वह रास्ते में ही दम तोड़ गए । बाज़ार में भगदड़ मच गई तथा आस-पास की दुकानें तुरन्त बंद हो गईं । कांग्रेस भवन, जो श्री दुआ की दुकान से 25-30 गज की दूरी पर है, के बाहर पंजाब पुलिस मौजूद थी, परन्तु कोई टस से मस न हुआ और आतंकवादी अपना काम करने के बाद बड़े आराम से साइकल पर सुभाष पार्क से गुज़र कर दूसरे बाज़ार में चले गए ।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हत्यारे श्री दुआ की दकान पर आए । उन्होंने श्री दुआ और उनके नौकर पर गोली चलाई । नौकर काऊंटर के पीछे बैठ जाने से बाल-बाल बच गया । शहर के बीचों-बीच दिन-दहाड़े हत्या की पिछले दस दिन में यह दूसरी वारदात है । इससे पूर्व लाल मंडी इलाके में स्थानीय नेता जीवन प्रकाश की हत्या कर दी गई थी । हत्याकांड के बाद भाजपा समर्थक अस्पताल के बाहर नारे लगाते हुए जमा हो गए । पुलिस ने उन्हें तितर-बितर किया । नगर में पुलिस गश्त बढ़ा दी गई है ।

दुकानदारों में रोष

श्री दुआ की हत्या के विरुद्ध दुकानदारों में काफी रोष पाया जा रहा है और यह कहा जा रहा है कि सरकार ने बाजारों में पुलिस और सुरक्षा बलों के जवान केवल दिखावे के तौर पर खड़े कर रखे हैं, जो कि भरे-बाजारों में आतंकवादियों की ओर से हत्याएं किए जाने पर भी हरकत में नहीं आते । आज अमृतसर के सरकारी अस्पताल में भड़के हुए नौजवानों ने कुछ वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों तथा कांग्रेसी नेताओं का उनके समक्ष सयापा किया तथा उन्हें बुरा-भला कहा ।

अमृतसर बंद का आह्वान

नारंग के अनुसार भारतीय जनता पार्टी ने भाजपा नेता श्री प्रकाश चन्द दुआ की आज उग्रवादियों द्वारा निर्मम हत्या किए जाने के विरोध में कल, शनिवार को अमृतसर बंद का आह्वान किया है । अमृतसर भाजपा के सचिव श्री हरीश तनेजा ने बताया कि शहीद श्री दुआ की शव यात्रा कल प्रातः 12 बजे उनके निवास स्थान (चौक राम बाग) से चलेगी । उन्होंने आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील की ।

आर्य प्रतिनिधि सभा के सचिव श्री सुभाष भाटिया, अ.भा. विद्यार्थी परिषद के सचिव श्री कृष्ण चोपड़ा, राष्ट्रीय सुरक्षा समिति की प्रचार सचिव प्रो. लक्ष्मी कांता चावला, जिला व्यापार मंडल के प्रधान श्री कृष्ण कुमार चोपड़ा आदि अनेक हिन्द संस्थाओं ने इस बंद को समर्थन देने की घोषणा की है ।

सी.आर.पी. पर हमला

अमृतसर ज़िला के तरनतारन सब-डिवीज़न के गांव डुग्गरवाल में गत रात सी.आर.पी. की एक गश्ती पार्टी पर आतंकवादियों ने घात लगाकर हमला कर दिया,जिससे सी.आर.पी. का एक जवान मुहम्मद अहमद (35) गोलियां लगने से बुरी तरह घायल हो गया । उसे छाती व बाज़ू में गोलियां लगी हैं । उसे अमृतसर के सिविल अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है,जहां उसकी दशा नाज़ुक बताई जाती है । सी.आर.पी. की यह टुकड़ी गांव डुग्गरवाल में एक डेरे पर छापा मारने गई थी कि आतंकवादियों ने उस पर हमला कर दिया । बाद में वे खेतों में से होते हुए भाग गए । हमला रात लगभग 12.30 बजे हुआ ।

आतंकवादी मारा गया

अमृतसर के मजीठा थाने के मनावाबाद गांव के पास खालिस्तान लिबरेशन फ़ोर्स का एक आतंकवादी कल रात पुलिस के हाथों मारा गया । आतंकवादियों ने केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस के गश्ती दल पर घात लगाकर हमला किया था,लेकिन जवानों ने मुस्तैदी दिखाते हुए पलट कर हमला किया । उसमें मेजर सिंह नामक आतंकवादी मारा गया । पुलिस के अनुसार उसके दो साथी बच निकले । पुलिस की ओर से कोई घायल नहीं हुआ है ।

उच्च स्तरीय बैठक

बाबा बकाला से मेहरा के अनुसार आज रैया रैस्ट हाऊस में पंजाब पुलिस तथा सी.आर.पी. के उच्चाधिकारियों की बैठक हुई । जिसमें बाबा बकाला सब डिवीजन की कानून व्यवस्था की स्थिति तथा सुरक्षा प्रबन्धों का जायज़ा लिया गया । बैठक की अध्यक्षता सी.आर.पी. के आई.जी. श्री जोगेन्द्र सिंह ने की। इसमें डी.आई.जी. सी.आर.पी. श्री एस.एस. विर्क., ज़िला के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी तथा सब डिवीजन के अन्तर्गत आने वाले तीन थानों के प्रभारी शामिल हुए । बैठक के बाद कल अमृतसर के एक गांव में से बरामद किए गए हथियार पत्रकारों को दिखाए गए ।

दो लाशें मिलीं

गत रात ज़िला अमृतसर के थाना सरहाली के गांव जौड़ा में गोलियों से छलनी दो शव मिले ।

मृतक सगे भाई थे

तरनतारन से पन्नू के अनुसार गांव जौड़ा में मिली लाशें दो सगे भाईयों सुखदेव सिंह उर्फ सुक्खा (24) तथा महेन्द्र सिंह (20) की थीं । जिनकी आतंकवादियों ने गोलियां मारकर हत्या कर दी । सुक्खा विवाहित था और उसके दो लड़के व एक लड़की है जबकि महेन्द्र सिंह अविवाहित था । दोनों निकटवर्ती गांव सखीरा के निवासी थे । उनके पिता श्री अजायब सिंह ने बताया कि दोनों भाई एक किसान के खेत में गेहूं की कटाई के लिए गए थे । रास्ते में उनका अपहरण कर लिया गया । दोनों के बाजू बंधे हुए थे । पुलिस के अनुसार दोनों की गोलियां मार कर हत्या करने से पहले उन्हें बुरी तरह मारपीट की गई । पुलिस के अनुसार वारदात वाले स्थान से खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के अवतार सिंह ब्रह्मा का लिखा पत्र मिला है । पत्र फोर्स के लैटर पैड पर नहीं बल्कि एक सादे कागज पर है जिसमें दर्ज है कि दोनों भाई लूटपाट की वारदातें करते थे इसीलिए उनकी हत्या की गई है । घटनास्थल से ए.के.47 चीनी असाल्ट राइफल के चार तथा 315 बोर की राइफल का एक चला हुआ कारतूस मिला है । पुलिस को इस घटना की सूचना आज प्रातः सात बजे दी गई ।

5 आतंकवादी पकड़े

बाघा पुराना से मित्तल के अनुसार यहां से सात किलो मीटर दूर गांव जैमल सिंह वाला के निकट सुरक्षा बलों ने एक मुठभेड़ के बाद पांच आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया जबकि उनके दो साथी अंधेरे का लाभ उठाते हुए फरार हो गए । उनके कब्जे से भारी मात्रा में शस्त्रास्त्र बरामद हुए । पकड़े गए आतंकवादियों की पहचान गुरदेव सिंह, नायब सिंह, राजेन्द्र सिंह, प्रीतम सिंह, गुरजीत सिंह के रूप में हुई है । फरार हुए आतंकवादियों की पहचान भी कर ली गई है । वे हैं : सुरेन्द्र सिंह और रूबी सिंह । पकड़े गए आतंकवादियों से दो 32 बोर की पाकिस्तानी राइफलें, एक बारूद का पैकेट, एक एच.ई. 36 हथगोला, 315 बोर की राइफल तथा

(शेष पृष्ठ 10 पर)

उग्रवादियों को पाक मदद व उसके परमाणु कार्यक्रम से भारत चिंतित : राजीव

टोक्यो, 15 अप्रैल : प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने आज जापानी नेताओं को पाकिस्तान के परमाणु कार्यक्रम और पंजाब में आतंकवादियों को दी जा रही पाकिस्तानी मदद के बारे में चिंता जताई । उगते सूरज का मुल्क कहे जाने वाले जापान की तीन दिन की सरकारी यात्रा के दूसरे दिन आज श्री गांधी ने जापानी प्रधानमंत्री नोबोरू ताकेशीता से अपनी पहली मुलाकात के दौरान यह बात कही । श्री गांधी ने कहा कि भारत को इस बात का पक्का यकीन है और उसके पास सबूत भी हैं कि पाकिस्तान का एटमी कार्यक्रम शांतिपूर्वक मकसद के लिए नहीं है और वह अपने विमानों को परमाणु बम ले जाने योग्य बना रहा है तथा यूरेनियम का इस्तेमाल करके परमाणु बम बना रहा है । जापान के प्रमुख व्यापारियों की एक सभा में श्री गांधी ने कहा कि भारत अपने यहां व्यापारिक सहयोग के लिए भेजे गए जापानी कम्पनियों के प्रस्तावों को जल्द से जल्द मंजूरी देगा ।

जापानी दैनिक "मैनिची" शिम्बून" को एक साक्षात्कार में श्री गांधी ने कहा कि पाकिस्तान अपने लड़ाकू विमानों में सुधार करने में भी लगा है ताकि वे खतरनाक हथियार ले जा सके ।

उन्होंने बताया कि पाकिस्तान के पास सिवा परमाणु बम बनाने के परिष्कृत यूरेनियम के उपयोग का कोई और तरीका नहीं है यह भी सब लोग अच्छी तरह जानते हैं कि परमाणु हथियार बनाने के बाद वह उनका किसके खिलाफ प्रयोग करेगा ।

अगर जापान दक्षिण अफ्रीका का प्रमुख निर्यातक देश हो जाए तो उन्हें कैसा लगेगा, यह पूछे जाने पर श्री गांधी ने बताया कि हमारे दिल में इस पर बड़ी तीव्र प्रतिक्रिया होगी ।

प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने जापानी व्यापारियों को आश्वासन दिया है कि भारत औद्योगिकी तथा आधुनिकीकरण को प्रोत्साहित करने सम्बन्धी प्रक्रिया तथा नियमों को लचीला बना रहा है । श्री गांधी ने आज यहां व्यापारियों तथा उद्योगपतियों के साथ लगभग एक घंटे की बैठक के दौरान स्पष्ट किया कि उनकी सरकार भारत में पूंजी लगाने वालों को लाभ दिलाने की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए आवश्यक कदम उठा रही है । उन्होंने कहा कि लाल फीताशाही से बचने के लिए सभी सम्बद्ध मामले एक ही स्थान पर निबटाने की प्रणाली भी शुरू की जा रही है ।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पंजाब के उग्रवादियों को पाकिस्तान में ट्रेनिंग मिल रही है और वहां के ट्रेनिंग कैम्पों के बारे में हमारे पास सुनिश्चित सूचना है । भारत द्वारा सम्बन्ध सुधारने के लिए पहल किए जाने के बावजूद पाकिस्तान ने कोई उत्सुकता नहीं दिखाई है ।

जापान के साथ आर्थिक सहयोग के प्रस्तावों पर निर्णय लेने के लिए भारत जल्द ही एक त्वरित प्रणाली शुरू करेगा । प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने जापान के प्रधानमंत्री नोबेरु ताके शीता को आधिकारिक स्तर की बातचीत में सरकार के इस निर्णय से आज अवगत कराया ।

दोनों नेताओं ने दो घंटे तक आपसी विचार-विमर्श किया । श्री ताके शीता ने भारत की आर्थिक उदारता की नीति का स्वागत किया तथा कहा कि जापान में भारत के साथ आर्थिक सहयोग की दिलचस्पी बढ़ रही है ।

भारत और पाकिस्तान के परमाणु कार्यक्रम का जिक्र करते हुए श्री ताके शीता ने आशा व्यक्त की कि दोनों देश परमाणु अप्रसार संधि पर हस्ताक्षर करेंगे । श्री गांधी ने कहा कि भारत और पाकिस्तान

(शेष पृष्ठ 10 पर)

अमृतसर के गांव बुटारी में सी. आर. पी. द्वारा आतंक्रवादियों से पकड़े गए हथियार (1-2) पहली बार पकड़े गए दो राकेट लांचर, (3) गत दिनों पकड़े गए राकेट, जो लांचरों से दागे जाते हैं, (4) सी.आर.पी.एफ. के डी. आई. जी. श्री एस. एस. विर्क हथियारों का निरीक्षण करते हुए, (5-7) थामसन सब-मशीनगन, 7.62 बोर की बोल्ट एक्शन राइफल, एसाल्ट राइफल तथा रिवाल्वर, (8-9) भारी मात्रा में बरामद गोली सिक्का, जिनमें 100 राऊंड ए.के.-47, 500 राऊंड थामसन राइफल, 500 राऊंड 9 मी नाट श्री के पकड़े गए । (छाया : पंजाब केसरी)

(1) अमृतसर के हाल बाजार में शुक्रवार को उग्रवादियों की फायरिंग से मारे गए भाजपा नेता श्री प्रकाश दुआ का शव, (2) श्री दुआ की दुकान जहां आकर उग्रवादियों ने गोली चलाई, (3) मृतक का बिलखता परिवार. (छाया : ओम भंडारी)

Punjabi Bhawan

पंजाब में हत्यायें

(पृष्ठ 1 का शेष)

लगभग चार दर्जन कारतूस मिले हैं । बताया जाता है कि यह आतंकवादी एक चोरी के ट्रैक्टर पर सवार होकर गांव जैमल सिंहवाला के निकट घूम रहे थे । सुरक्षा बलों ने शक पड़ने पर उन्हें रुकने का संकेत दिया । उन्होंने रुकने की जगह फायरिंग शुरू कर दी । सुरक्षा बलों ने भी जवाबी फायरिंग की । दोनों पक्षों में लगभग बीस मिनट गोली चली । इसी दौरान उनमें से दो आतंकवादी फरार हो गए जबकि पांच को सुरक्षा बलों ने पकड़ लिया । पूछताछ के दौरान इन लोगों ने हत्या और लूटपाट की वारदातों में संलिप्त होने की स्वीकारोक्ति की है । उन्होंने रहस्योद्घाटन किया कि वे क्षेत्र में अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों की हत्या और बैंक डकैतियों की योजना बना रहे थे । भिड़ंत वाले स्थान पर पुलिस ने 18 चले हुए कारतूस बरामद किए । भागने वाले आतंकवादी एक थैला वहां फैंक गए जिसमें से स्टेनगन के 17 तथा ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल के 30 कारतूस बरामद हुए ।

चार पकड़े

फरीदकोट से जिंदल के अनुसार पुलिस व सुरक्षा बलों ने मुक्तसर तथा निहालसिंहवाला थाना क्षेत्रों में विभिन्न स्थानों पर छापे मारकर चार आतंकवादियों को बंदी बना लिया । उनके नाम रणजीत सिंह, पाला सिंह, सुखदेव सिंह तथा मक्खन सिंह बताए गए हैं । उनसे एक 12 बोर तथा एक 315 बोर का पिस्तौल बरामद हुआ है । इसके अलावा दो दर्जन अनचले कारतूस भी उनसे मिले । यह आतंकवादी लूटपाट की वारदातों में पुलिस को वांछित थे ।

एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि जिला में पकड़े गए 9 आतंकवादियों में से पांच खालिस्तान लिबरेशन आर्गेनाइजेशन से तथा शेष छोटे-मोटे ग्रुपों से सम्बद्ध हैं । प्रवक्ता ने कहा कि ट्रैक्टर पर जा रहे आतंकवादियों ने किसानों का वेष बना रखा था ।

एक व्यक्ति की हत्या

फिरोजपुर (बागी): गत रात जिला लुधियाना के थाना मल्लांवाला के अन्तर्गत गांव वयला बोधा में आतंकवादियों ने एक व्यक्ति करनैल सिंह की हत्या कर दी ।

सरपंच की हत्या

बंगा (खोसला): थाना नवांशहर ब्लाक औड़ भारतीय जनता पार्टी के प्रधान तथा सरपंच ग्राम पंचायत श्री तेजपाल तेजी की आज प्रातः पौने सात बजे तीन आतंकवादियों ने गोलियां मारकर हत्या करदी । मृतक पत्रकार तथा समाचार पत्र एजैंट भी था । आतंकवादी स्कूटर पर आए तथा वारदात करने के बाद फरार होने में सफल हो गए । भारतीय जनता पार्टी पंजाब के उपाध्यक्ष चौधरी स्वर्ण राम ने इस हत्या कांड की कड़ी निंदा करते हुए भारत सरकार से अपील की कि निर्दोषों की हत्याओं की रोकथाम के लिए तत्काल रूप से कड़े पग उठाए जाएं अन्यथा केन्द्रीय सरकार गद्दी छोड़कर नए चुनाव कराए ।

फगवाड़ा (राकेश): स्थानीय थाना सदर पुलिस ने कल रात व आज दोपहर बाद के दौरान क्षेत्र के 4 गांवों रानीपुर, गण्डवा, जगपालपुर तथा रावलपिंडी गांवों की लगातार 5 घंटे तक लगभग 60-65 गज की दूरी से [illegible] पुलिस कांस्टेबल सोये हुए थे जबकि दो कांस्टेबल व ए.एस.आई. अंदर ड्यूटी पर थे । अन्य 4 सिपाही एक स्थानीय कालेज में ड्यूटी पर थे । वारदात का पता प्रातः पांच बजे गारद तबदील होने पर ही चला । खोजी कुत्ते मंगाए गए लेकिन कोई सुराग न मिला । अभियुक्त अपने पांवों या उंगलियों का कोई निशान नहीं छोड़ गए । खन्ना से 'सहगल' की सूचना है कि इस थाना का प्रभारी नरेन्द्र सिंह आतंकवादियों की हिट लिस्ट पर है । उसे कई धमकियां भी मिल चुकी हैं ।

खजांची को लूटने की कोशिश

गत दिवस सैंट्रल कोआप्रेटिव बैंक खन्ना का खजांची ओम प्रकाश जब स्टेट बैंक आफ इंडिया से एक लाख रुपया निकलवाकर बाहर आया तो दो संदिग्ध आतंकवादी उसपर झपटे तथा थैला छीनने का प्रयास किया । गनमैन ने जब बंदूक का रुख उनकी ओर किया तो वे एक गली में भाग गए तथा वहां खड़े एक स्कूटर पर सवार होकर भाग गए ।

ठेके में तोड़-फोड़

दोराहा से 'आनन्द' के अनुसार गांव दुगरी में गत रात तीन अज्ञात आतंकवादी हीरो होंडा मोटर साइकल पर शराब के ठेके पर आए तथा कारिंदे से नकदी मांगी । ठेके में उस समय सिर्फ 425 रुपए थे । बाद में आतंकवादियों ने ठेके की अलमारियों व नौकरों के बिस्तरों को आग लगा दी तथा शराब की बोतलें तोड़ दीं ।

हत्यारों की पहचान

कुरुक्षेत्र (नन्हा): हरियाणा पुलिस ने शाहाबाद में तीन व्यक्तियों की हत्या करने वाले आतंकवादियों की पहचान कर ली है तथा उन्हें शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा । यह जानकारी देते हुए हरियाणा पुलिस के महानिदेशक श्री हंसराज सक्सेना ने कल रात कहा कि उक्त घटना के समय मारे गए आतंकवादी की भी पहचान हो गई है । उन्होंने राज्य में कानून व्यवस्था को नियंत्रित करने में जनता के सहयोग की प्रशंसा की तथा कहा कि लोगों को पूरी सुरक्षा प्रदान की जाएगी । उन्होंने कहा कि हरियाणा की पंजाब के साथ लगने वाली सीमा सील कर दी गई है । उन्होंने कहा कि हरियाणा की पुलिस देश की सर्वश्रेष्ठ पुलिस है ।

उन्होंने बताया कि सितम्बर 1987 के सूर्य ग्रहण के दौरान उन्हें सूचना मिली थी कि आतंकवादी मेला क्षेत्र में दाखिल होकर सैंकड़ों तीर्थ यात्रियों की हत्या करेंगे लेकिन हरियाणा पुलिस ने स्थिति को सुचारू रूप से नियंत्रित कर लिया । उन्होंने लोगों से अपील की कि वे शाहाबाद में डाक्टर हरनाम सिंह विधायक के परिवार द्वारा दिखाई गई वीरता से शिक्षा ग्रहण करें । उन्होंने सोम दत्त को उसकी बहादुरी के लिए पुलिस कांस्टेबल की नौकरी देने की घोषणा की ।

नकदी व जेवर लूटे

दीनानगर (कपूर): निकटवर्ती गांव सिंगोवाल में ज्ञान सिंह के घर से कुछ संदिग्ध व्यक्ति नकदी व आभूषण लूट कर ले गए । बताया जाता है कि रात के समय उक्त व्यक्ति ज्ञान सिंह के घर आए तथा ज्ञान सिंह व उसके पुत्र को पकड़कर घर से बाहर ले गए । घर के शेष सदस्यों को उन्होंने एक कमरे में बंद कर दिया । उन्होंने ज्ञान सिंह की पत्नी को

जिला लुधियाना के थाना डेहलों की पुलिस चौकी मलोद से गत रात आतंकवादियों ने सेंध लगाकर असला लूट लिया । चित्र में (ऊपर) पुलिस चौकी का मुख्य द्वार, (नीचे) चौकी की पिछली दीवार जहां सेंध लगाई गई । (इन्सैट में) दीवार में लगी लगभग तीन फुट चौड़ी सेंध । (छाया : रवीन्द्र पुरी)

जैल सिंह बारे रहस्योद्घाटन

(पृष्ठ 1 का शेष)

आता था । इस जमाने में ऐसे कई लोग थे जो आते और ज्ञानी जी से खुल कर बातें करते । सरकार के विरुद्ध बातचीत होती और ज्ञानी जी उसमें भाग लेते ।

एक व्यक्ति अल्पसंख्यक आयोग का कार्यकर्त्ता और दो-तीन ज्ञानी हजरात जिनके पास राष्ट्रपति भवन का कार्ड था और वे कार्ड लेकर कभी भी और राष्ट्रपति भवन में कहीं भी आ-जा सकते थे ।

प्रश्न : आप कहना यह चाहते हैं कि ये लोग अमृतसर इत्यादि स्थानों से आए थे ?

उत्तर : हां, यह सही है । ज्ञानी जी किसी के पक्ष में कुछ करने से झिझकते नहीं थे ।

एक उदाहरण दूं : मुझे याद आता है कि उनके कुछ रिश्तेदार लुधियाना में 23 वर्षों से किसी पद पर नियुक्त थे । इसके बाद भी उन्होंने वहीं रहना चाहा और कमांडर इन चीफ के कार्यालय से उनका काम कर दिया गया ।

एक घटना भी सुनिए, कि विंग कमांडर ईश्वरन जो अब आई.आई.टी. में प्रोफैसर है, वह जगुआर सौदे से सम्बद्ध थे, बुद्धिमान आदमी थे । अतः इस सिलसिले में उन्हें पैरिस जाना था, परन्तु अंत में जाने क्या हुआ कि ज्ञानी जी के एक रिश्तेदार को भेज दिया गया । इसके साथ ही विंग कमांडर ईश्वरन ने त्यागपत्र दे दिया । इस प्रकार के परिवार पोषण के बहुत-से उदाहरण हैं ।

प्रश्न : अच्छा तो फिर हम पीछे चलते हैं । उस समय राजीव गांधी जो आज प्रधानमंत्री हैं,

उग्रवादियों को पाक मदद ...

(पृष्ठ 1 का शेष)

के परमाणु कार्यक्रम को एक ही तराजू से नहीं तोला जा सकता ।

उन्होंने कहा कि भारत के पास यह साबित करने के लिए सबूत है कि पाकिस्तान का परमाणु कार्यक्रम शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए नहीं । पाकिस्तान का परमाणु कार्यक्रम सैनिक देखरेख में चल रहा है ।

श्री राजीव गांधी ने श्री ताके शीता को भारत आने का न्योता दिया है । श्री ताकेशीता ने निमंत्रण स्वीकार कर लिया है लेकिन उनकी भारत यात्रा की कोई तारीख अभी तय नहीं हुई है ।

भारत महोत्सव का उद्घाटन

श्री राजीव गांधी तथा जापान के प्रधानमंत्री ताके शीता ने आज यहां एक भव्य समारोह में जापान में भारत महोत्सव का विधिवत उद्घाटन किया । महोत्सव छह माह तक चलेगा ।

श्री राजीव गांधी ने आज यहां जापान के भूतपूर्व प्रधानमंत्री यासुहिरो नकासोने से भेंट की और पाकिस्तान के आणविक कार्यक्रम के प्रति भारत की चिंता से अवगत कराया । समझा जाता है कि श्री गांधी ने भारत को सूखा राहत के लिए सहायता देने के लिए उनके प्रति आभार व्यक्त किया ।

संविधान संशोधन अवैध

इन्दौर, 15 अप्रैल (वार्ता): एक स्थानीय नागरिक एस.पी. आनंद ने मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की इन्दौर पीठ के समक्ष एक याचिका दायर कर 59वें संविधान संशोधन अधिनियम को चुनौती दी है । इस अधिनियम के तहत पंजाब में

विन चड्ढा

(पृष्ठ 1 का शेष)

इस सौदे में कई भारतीय नेताओं और रक्षा अधिकारियों को घूस दी गई । ग्यारह माह के अमरीका प्रवास और तथाकथित बीमारी के इलाज के खर्च के बारे में पूछे जाने पर श्री चड्ढा ने कहा, "सारा खर्च मेरे छोटे भाई ने उठाया जिसे मैंने पाला-पोसा और पढ़ाया-लिखाया । वह मेरी इज्जत पिता के समान करता है ।"

विन चड्ढा के पास इस समय एक अस्थायी पासपोर्ट है । उनका मूल पासपोर्ट गत वर्ष जुलाई में जब्त कर लिया गया था । श्री चड्ढा को कई बार भारत बुलाया गया पर वह डाक्टरों से बीमारी का प्रमाणपत्र लेकर भारत आना टालते रहे ।

तोप सौदे की जांच के सिलसिले में यह समिति की बैठकों का सम्भवतः अंतिम दौर है और उसे दो बार कार्यकाल बढ़ाए जाने के बाद अब अपनी रिपोर्ट 29 अप्रैल तक दे देनी है । समिति का गठन 12 अगस्त, 1987 को हुआ था तथा बाद में काम पूरा न होने की वजह से पहले संसद के शरद सत्र और फिर इस वर्ष बजट सत्र में 26 फरवरी को इसका कार्यकाल बढ़ाया गया ।

संसदीय समिति के अध्यक्ष शंकरानंद ने भी माना कि श्री चड्ढा ने बैठक में पूरा सहयोग दिया । उन्होंने एक प्रश्न के उत्तर में बताया कि समिति फिलहाल अपना कार्यकाल बढ़ाने के बारे में नहीं सोच रही है । मैं 29 अप्रैल से पहले अपनी रिपोर्ट दे दूंगा ।"

समिति के सूत्रों के अनुसार एक सदस्य ने श्री विन चड्ढा से पूछा कि बोफोर्स के प्रतिनिधि के रूप में भारत में उनका क्या काम था । जवाब में श्री चड्ढा ने कहा कि वह भारतीय बंदरगाहों से बोफोर्स तोपों को उनके गंतव्य स्थान पर पहुंचाने की व्यवस्था और होटल में कमरे तथा हवाई-टिकटों का इंतजाम जैसे काम कर रहे थे । सूत्रों के अनुसार, श्री चड्ढा ने बताया कि उनके बैंक के खातों को दोबारा नहीं खोला गया, जैसा कि वह चाहते थे । अमरीका से यहां आने के लिए उन्हें थोड़ा पैसा निकालने दिया गया । सूत्रों ने बताया कि श्री चड्ढा को उनका भारतीय पासपोर्ट वापस सौंप दिया गया लेकिन अमरीका वापसी के लिए उन्हें कोई आश्वासन नहीं दिया गया ।

'संत सिपाही' पर पाबंदी

चंडीगढ़, 15 अप्रैल (वि.प्र.): पंजाब सरकार ने अमृतसर से प्रकाशित होने वाली पत्रिका 'संत सिपाही' के जनवरी अंक में आपत्तिजनक सामग्री प्रकाशित होने के आरोप में इस अंक पर प्रतिबंध लगा दिया है । राज्य सरकार ने एक आदेश द्वारा इस अंक की प्रत्येक कापी, रिप्रिंट व अनुवाद पर पाबंदी लगा दी है ।

Punjabi Sahapedia

एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि जिला में पकड़े गए 9 आतंकवादियों में से पांच खालिस्तान लिबरेशन आर्गेनाइजेशन से तथा शेष छोटे-मोटे ग्रुपों से सम्बद्ध हैं । प्रवक्ता ने कहा कि ट्रैक्टर पर जा रहे आतंकवादियों ने किसानों का वेष बना रखा था ।

एक व्यक्ति की हत्या

फिरोजपुर (बागी): गत रात जिला लुधियाना के थाना मल्लांवाला के अन्तर्गत गांव वयला बोधा में आतंकवादियों ने एक व्यक्ति करनैल सिंह की हत्या कर दी ।

सरपंच की हत्या

बंगा (खोसला): थाना नवांशहर ब्लाक औड़ भारतीय जनता पार्टी के प्रधान तथा सरपंच ग्राम पंचायत श्री तेजपाल तेजी की आज प्रातः पौने सात बजे तीन आतंकवादियों ने गोलियां मारकर हत्या करदी । मृतक पत्रकार तथा समाचार पत्र एजैंट भी था । आतंकवादी स्कूटर पर आए तथा वारदात करने के बाद फरार होने में सफल हो गए । भारतीय जनता पार्टी पंजाब के उपाध्यक्ष चौधरी स्वर्ण राम ने इस हत्या कांड की कड़ी निंदा करते हुए भारत सरकार से अपील की कि निर्दोषों की हत्याओं की रोकथाम के लिए तत्काल रूप से कड़े पग उठाए जाएं अन्यथा केन्द्रीय सरकार गद्दी छोड़कर नए चुनाव कराए ।

फगवाड़ा (राकेश): स्थानीय थाना सदर पुलिस ने कल रात व आज दोपहर बाद के दौरान क्षेत्र के 4 गांवों रानीपर, गण्डवा, जगपालपुर तथा रावलपिंडी गांवों की लगातार 5 घंटे तक लगभग 60-65 मकानों की तलाशी ली तथा एक व्यक्ति को हिरासत में ले लिया । पुलिस पिछले कई दिनों से लगातार देहात में छापे मार रही है । पुलिस ने पहले हिरासत में लिए 3 व्यक्तियों की पूछताछ के बाद छोड़ दिया । यहां पिछले दिनों से पैट्रोल पम्पों व शराब के ठेकों पर नकदी छीनने की घटनाओं को देखते हुए पैट्रोल पम्पों पर भी पुलिस की ड्यूटी शुरू कर दी है ।

शस्त्रागार लूट लिया

लुधियाना (जोशी, महिन्द्रा): यहां से 30 किलो मीटर दूर कस्बा मलौद के थाना की इमारत में सेंध लगाकर कल रात आतंकवादियों ने शस्त्रागार का ताला तोड़कर 6 राइफलें, एक स्टेनगन, दो मैगजीन व करीब 300 कारतूस लूट लिए । प्राप्त सूचना के अनुसार आतंकवादियों ने पुलिस थाने की पिछली दीवार से ईंटें निकालकर बड़ा सा सुराख बनाया और शस्त्र आदि लूट ले गए । जिला संगरूर, जिला लुधियाना की पुलिस, सी.आर.पी. तथा बी.एस.एफ. की पार्टियां अभियुक्तों की खोज के लिए मलौद पहुंच गई हैं । इस थाने में 9 कांस्टेबल, 2 हैड कांस्टेबल तथा एक ए.एस.आई. तैनात हैं । एक कांस्टेबल जहां शस्त्रास्त्र पड़े थे वहां ड्यूटी दे रहा था । शस्त्रागार के निकट एक बैठक में चार

लिया जाएगा । यह जानकारी देते हुए हरियाणा पुलिस के महानिदेशक श्री हंसराज सवान ने कल रात कहा कि उक्त घटना के समय मारे गए आतंकवादी की भी पहचान हो गई है । उन्होंने राज्य में कानून व्यवस्था को नियंत्रित करने में जनता के सहयोग की प्रशंसा की तथा कहा कि लोगों को पूरी सुरक्षा प्रदान की जाएगी । उन्होंने कहा कि हरियाणा की पंजाब के साथ लगने वाली सीमा सील कर दी गई है । उन्होंने कहा कि हरियाणा की पुलिस देश की सर्वश्रेष्ठ पुलिस है ।

उन्होंने बताया कि सितम्बर 1987 के सूर्य ग्रहण के दौरान उन्हें सूचना मिली थी कि आतंकवादी मेला क्षेत्र में दाखिल होकर सैंकड़ों तीर्थ यात्रियों की हत्या करेंगे लेकिन हरियाणा पुलिस ने स्थिति को सुचारू रूप से नियंत्रित कर लिया । उन्होंने लोगों से अपील की कि वे शाहाबाद में डाक्टर हरनाम सिंह विधायक के परिवार द्वारा दिखाई गई वीरता से शिक्षा ग्रहण करें । उन्होंने सोम दत्त को उसकी बहादुरी के लिए पुलिस कांस्टेबल की नौकरी देने की घोषणा की ।

नकदी व जेवर लूटे

दीनानगर (कपूर): निकटवर्ती गांव सिंगोबाल में ज्ञान सिंह के घर से कुछ संदिग्ध व्यक्ति नकदी व आभूषण लूट कर ले गए । बताया जाता है कि रात के समय उक्त व्यक्ति ज्ञान सिंह के घर आए तथा ज्ञान सिंह व उसके पुत्र को पकड़कर घर से बाहर ले गए । घर के शेष सदस्यों को उन्होंने एक कमरे में बंद कर दिया । उन्होंने ज्ञान सिंह की पत्नी को धमकी दी कि सारे जेवर व नकदी उनके हवाले कर दे अन्यथा उसके पति व लड़के की हत्या कर दी जाएगी । उसने नकदी व जेवर उन्हें दे दिए । जाते हुए वे ज्ञान सिंह को कह गए कि सप्ताह तक एक लाख रुपया तैयार रखना । हम आकर ले जाएंगे । उसी रात इस गांव के तीन हरिजनों के घरों में भी चोरी हो गई ।

सिर कटा शव मिला

जिला गुरदासपुर के थाना सदर पठानकोट के गांव भीरपर में रैस्ट हाऊस के निकट खेत में एक युवक का सिर कटा शव मिला ।

ठेका लूट लिया

नकोदर (गगन): नकोदर से आठ किलोमीटर दूर गांव बाठ कलां में कल रात एक शराब के ठेके से 1296 रुपए लूट लेने की खबर मिली है । बताया जाता है कि दो नवयुवक पैदल ही ठेके पर आए तथा ठेके के कर्मचारी को पिस्तौल की नोक पर सब नकदी रखने के लिए कहा । कर्मचारी के अनुसार लूटने वाले नकोदर की तरफ से आए तथा हरीपुर की तरफ चले गए । पुलिस को इसकी खबर आज प्रातः दी गई ।

आता था । इस जमाने में ऐसे कई लोग थे जो आते और ज्ञानी जी से खुल कर बातें करते । सरकार के विरुद्ध बातचीत होती और ज्ञानी जी उसमें भाग लेते ।

एक व्यक्ति अल्पसंख्यक आयोग का कार्यकर्त्ता और दो-तीन ज्ञानी हज़रात जिनके पास राष्ट्रपति भवन का कार्ड था और वे कार्ड लेकर कभी भी और राष्ट्रपति भवन में कहीं भी आ-जा सकते थे ।

प्रश्न : आप कहना यह चाहते हैं कि ये लोग अमृतसर इत्यादि स्थानों से आए थे ?

उत्तर : हां, यह सही है । ज्ञानी जी किसी के पक्ष में कुछ करने से झिझकते नहीं थे ।

एक उदाहरण दूं : मुझे याद आता है कि उनके कुछ रिश्तेदार लुधियाना में 23 वर्षों से किसी पद पर नियुक्त थे । इसके बाद भी उन्होंने वहीं रहना चाहा और कमांडर इन चीफ के कार्यालय से उनका काम कर दिया गया ।

एक घटना भी सुनिए, कि विंग कमांडर ईश्वरन जो अब आई.आई.टी. में प्रोफैसर है, वह जगुआर सौदे से सम्बद्ध थे, बुद्धिमान आदमी थे । अतः इस सिलसिले में उन्हें पैरिस जाना था, परन्तु अंत में जाने क्या हुआ कि ज्ञानी जी के एक रिश्तेदार को भेज दिया गया । इसके साथ ही विंग कमांडर ईश्वरन ने त्यागपत्र दे दिया । इस प्रकार के परिवार पोषण के बहुत-से उदाहरण हैं ।

प्रश्न : अच्छा तो फिर हम पीछे चलते हैं । उस समय राजीव गांधी जो आज प्रधानमंत्री हैं, कांग्रेस के महासचिव होने के अतिरिक्त एक महत्वपूर्ण संसद सदस्य भी थे । उनसे ज्ञानी जी के कैसे सम्बन्ध थे ?

उत्तर : उस समय राजीव गांधी उंगली से संकेत भी करते तो ज्ञानी जी दौड़े जाते थे । स्वर्गीय प्रधानमंत्री के साथ भी उनका यही मामला था । वह उनके लिए दरवाजा भी खोलने से नहीं हिचकिचाते थे ।

प्रश्न : कहा जाता है कि प्रधानमंत्री बहुत खर्चीले सिद्ध हुए हैं, या उन पर अधिक खर्च होता है । क्या ज्ञानी जैल सिंह के खर्चों का भार सरकार पर बहुत कम पड़ता था ?

उत्तर : राष्ट्रपति भवन में ज्ञानी जी से मिलने के लिए हजारों व्यक्ति आया करते थे और आप नाश्ता-पानी के बिल पर नज़र डालिए तो लगेगा कि उनके नाश्ते-पानी का बिल किसी भी राष्ट्रपति के बिल से अधिक हुआ करता था और वह भी कम से कम दस गुणा अधिक ।

एक बार ज्ञानी जी औरंगाबाद गए । उनकी घर की औरतें सभी साथ थीं । वहां से अजन्ता-एलोरा जाना था, उनकी बेटी के लिए अलग से कार का प्रबन्ध हुआ और व्यापक स्तर पर फजूलखर्ची हुई ।

इसी प्रकार एक बार ज्ञानी जी इंदौर गए । वहां से उन्हें भोपाल जाना था । दोनों जगह समारोह थे और उनमें भाग लेने के लिए वह हैलीकाप्टर चाहते थे । यदि वह चाहते तो उस दौरे को इस तरीके से तय किया जा सकता था कि कम से कम खर्च हो, मगर वे इसके विरुद्ध थे ।

एक बार ऐसा हुआ कि हम सब गोआ के साहिल से आई.एन.एस. विक्रांत पर सवार सैंकड़ों मील दूर समुद्र में यात्रा कर चुके थे कि एक बटलर ने आकर कहा कि ज्ञानी जी केवल नारियल पानी पीएंगे और कुछ नहीं । दो हैलीकाप्टर गोआ जाकर 'नारियल' लाने वाले थे कि मैं ज्ञानी जी के पास गया और उनसे पूछा कि क्या उन्होंने ऐसा आदेश दिया है, तो उन्होंने कहा नहीं, परन्तु शायद यह सब केवल इस लिए था

के परमाणु कार्यक्रम को एक ही तराजू से नहीं तोला जा सकता ।

उन्होंने कहा कि भारत के पास यह साबित करने के लिए सबूत है कि पाकिस्तान का परमाणु कार्यक्रम शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए नहीं । पाकिस्तान का परमाणु कार्यक्रम सैनिक देखरेख में चल रहा है ।

श्री राजीव गांधी ने श्री ताके शीता को भारत आने का न्योता दिया है । श्री ताकेशीता ने निमंत्रण स्वीकार कर लिया है लेकिन उनकी भारत यात्रा की कोई तारीख अभी तय नहीं हुई है ।

भारत महोत्सव का उद्घाटन

श्री राजीव गांधी तथा जापान के प्रधानमंत्री ताके शीता ने आज यहां एक भव्य समारोह में जापान में भारत महोत्सव का विधिवत उद्घाटन किया । महोत्सव छह माह तक चलेगा ।

श्री राजीव गांधी ने आज यहां जापान के भूतपूर्व प्रधानमंत्री यासुहिरो नकासोने से भेंट की और पाकिस्तान के आणविक कार्यक्रम के प्रति भारत की चिंता से अवगत कराया । समझा जाता है कि श्री गांधी ने भारत को सूखा राहत के लिए सहायता देने के लिए उनके प्रति आभार व्यक्त किया ।

संविधान संशोधन अवैध

इन्दौर, 15 अप्रैल (वार्ता): एक स्थानीय नागरिक एस.पी. आनंद ने मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की इन्दौर पीठ के समक्ष एक याचिका दायर कर 59वें संविधान संशोधन अधिनियम को चुनौती दी है । इस अधिनियम के तहत पंजाब में राष्ट्रपति शासन की अवधि बढ़ाने तथा वहां आपातकाल लागू करने का प्रावधान किया गया है ।

श्री आनंद ने याचिका में कहा है कि यह संशोधन संसद के अधिकार क्षेत्र के बाहर है । याचिका में कहा गया है कि संसद ने ऐसा संशोधन किया है जो संविधान के बुनियादी ढांचे को आघात पहुंचाता है, इसलिए यह संशोधन विधि विरुद्ध और अवैध है । उन्होंने याद दिलाया है कि उच्चतम न्यायालय ने केशवानंद भारती प्रकरण में संविधान के बुनियादी ढांचे को "अनतिक्रमणीय" करार दिया था ।

हो सकता है कि ज्ञानी जी के

शस्त्रागार लूट लिया

लुधियाना (जोशी, महिन्द्रा): यहां से 30 किलो मीटर दूर कस्बा मलौद के थाना की इमारत में सेंध लगाकर कल रात आतंकवादियों ने शस्त्रागार का ताला तोड़कर 6 राइफलें, एक स्टेनगन, दो मैगजीन व करीब 300 कारतूस लूट लिए । प्राप्त सूचना के अनुसार आतंकवादियों ने पुलिस थाने की पिछली दीवार से ईंटें निकालकर बड़ा सा सूराख बनाया और शस्त्र आदि लूट ले गए । जिला संगरूर, जिला लुधियाना की पुलिस, सी.आर.पी. तथा बी.एस.एफ. की पार्टियां अभियुक्तों की खोज के लिए मलौद पहुंच गई हैं । इस थाने में 9 कांस्टेबल, 2 हैड कांस्टेबल तथा एक ए.एस.आई. तैनात हैं । एक कांस्टेबल जहां शस्त्रास्त्र पड़े थे वहां ड्यूटी दे रहा था । शस्त्रागार के निकट एक बैठक में चार

सिर कटा शव मिला

जिला गुरदासपुर के थाना सदर पठानकोट के गांव भीरपुर में रैस्ट हाऊस के निकट खेत में एक युवक का सिर कटा शव मिला ।

ठेका लूट लिया

नकोदर (गगन): नकोदर से आठ किलोमीटर दूर गांव बाठ कलां में कल रात एक शराब के ठेके से 1296 रुपए लूट लेने की खबर मिली है । बताया जाता है कि दो नवयुवक पैदल ही ठेके पर आए तथा ठेके के कर्मचारी को पिस्तौल की नोक पर सब नकदी रखने के लिए कहा । कर्मचारी के अनुसार लूटने वाले नकोदर की तरफ से आए तथा हरीपुर की तरफ चले गए । पुलिस को इसकी खबर आज प्रातः दी गई ।

प्रश्न : कहा जाता है कि प्रधानमंत्री बहुत खर्चीले सिद्ध हुए हैं, या उन पर अधिक खर्च होता है । क्या ज्ञानी जैल सिंह के खर्चों का भार सरकार पर बहुत कम पड़ता था ?

उत्तर : राष्ट्रपति भवन में ज्ञानी जी से मिलने के लिए हजारों व्यक्ति आया करते थे और आप नाश्ता-पानी के बिल पर नज़र डालिए तो लगेगा कि उनके नाश्ते-पानी का बिल किसी भी राष्ट्रपति के बिल से अधिक हुआ करता था और वह भी कम से कम दस गुणा अधिक ।

एक बार ज्ञानी जी औरंगाबाद गए । उनकी घर की औरतें सभी साथ थीं । वहां से अजन्ता-एलोरा जाना था, उनकी बेटी के लिए अलग से कार का प्रबन्ध हुआ और व्यापक स्तर पर फजूलखर्ची हुई ।

इसी प्रकार एक बार ज्ञानी जी इंदौर गए । वहां से उन्हें भोपाल जाना था । दोनों जगह सभारोह थे और उनमें भाग लेने के लिए वह हैलीकाप्टर चाहते थे । यदि वह चाहते तो उस दौरे को इस तरीके से तय किया जा सकता था कि कम से कम खर्च हो, मगर वे इसके विरुद्ध थे ।

एक बार ऐसा हुआ कि हम सब गोआ के साहिल से आई.एन.एस. विक्रांत पर सवार सैंकड़ों मील दूर समुद्र में यात्रा कर चुके थे कि एक बटलर ने आकर कहा कि ज्ञानी जी केवल नारियल पानी पीएंगे और कुछ नहीं । दो हैलीकाप्टर गोआ जाकर 'नारियल' लाने वाले थे कि मैं ज्ञानी जी के पास गया और उनसे पूछा कि क्या उन्होंने ऐसा आदेश दिया है, तो उन्होंने कहा नहीं, परन्तु शायद यह सब केवल इस लिए था कि कैप्टन महादेवन के नाम पर कलंक लगे ।

इस प्रकार की कितनी ही घटनाएं हैं । उनके निजी स्टाफ और खानदान के लोग विदेशों के दौरे से वापिस आते तो अपने लिए 10-15 वी.सी.आर. इत्यादि लाते और राष्ट्रपति के सामान में रख देते, क्योंकि उनके सामान की तलाशी नहीं होती थी । मैं नहीं समझता कि किसी व्यक्ति को इतने वी.सी.आर. की जरूरत पड़ती है ।

प्रश्न : विदेशी दौरे के खर्च ?

उत्तर : वह मैक्सिको और अर्जेन्टीना के सरकारी दौरे पर गए और उन्होंने साथ जाने के लिए जिस टीम का चुनाव किया, उसमें उन्हीं के रिश्तेदार थे और यही नहीं कि वे उनके साथ गए बल्कि उन्होंने जैनेवा, सान फ्रांसिस्को, हवाई द्वीप, हांगकांग, फ्लोरिडा और जो भी पर्यटन के स्थान थे, उन देशों में गए और आनन्दित हुए ।

प्रश्न : इस दौरे में कितने व्यक्ति गए थे ?

उत्तर : मुझे उन में से 11 के बारे में तो याद है : दो लड़कियां, पोते-पोतियां, एक पुलिस अधिकारी की पत्नी (वह उनकी पोती लगती थी), छोटे बच्चे-बच्चियां और ये सभी वी.आई.पी. बताए गए थे ।

ऐसे ही एक दौरे में चैकोस्लोवाकिया की चाय हमारे लिए बहुत कष्टप्रद है । खाना खाते समय बीयर मांग गई, हालांकि मुझे याद है कि ऐसे दावत के प्रोग्रामों में भारतीयों के लिए पानी सुरक्षित होता है, परन्तु न केवल यह कि बीयर तलब की गई बल्कि जम कर पी भी गई और मुझे लगा कि हम अपने देश की बहुत बुरी तस्वीर बना रहे हैं ।

चोरी बरामद : चोर गिरफ्तार

फिल्लौर, 15 अप्रैल (भाखड़ी): गत रात यहां नूरमहल रोड पर एक ट्रैक्टर की वर्कशाप से चोरों

क्लासीफाइड विज्ञापन

आवश्यकता

Wanted two boys for shop. Contact : Galaxy Video Parlour, 252-Adrash Nagar, Jalandhar.

बिकाऊ

Raniganj coal 130 M.T. lying for immediate sale. Contact : Kundanlal Pyarelal, 185-Urban Estate, Bhatinda. Telephone-3397.

आवश्यकता

हिन्दू हाई स्कूल बंगा में दो स्थायी पदों पर अनुभवी पुरुष S.S. अध्यापक चाहिएं । प्रार्थना पत्र मुख्याध्यापक को 16 अप्रैल तक तथा साक्षात्कार 17 अप्रैल प्रातः 11 बजे होगा ।

चिकित्सा

रोगों की जड़ पेट के कीड़े मिटाएं । कोर्स 1½ मास 90/- भेज कर, स्पैशल क्लीनिक, A-151 अजीत नगर, अम्बाला छावनी से मंगवाएं ।

साड़ियां

फ्रीडम साड़ी सैंटर, कटड़ा जैमल सिंह, अमृतसर । विभिन्न रंगों, डिज़ाइनों में लेडीज़ सूट, साड़ियां खरीदने के लिए पधारें ।

टेलरिंग

Bhasin & Co., Katra Jaimal Singh, Amritsar. For Gent's Safari-Suits, Shirts and Wedding Suits.

शिक्षा

खैरुद्दीन हाई स्कूल (रजिस्टर्ड) दोमोरिया पुल लुधियाना, नए वर्ष का प्रवेश आरम्भ, आठवीं/नौवीं फेल दसवीं (पंजाब बोर्ड) करें ।

साल बचाओ, बिना आठवीं मैट्रिक, दसवीं पास इंटर/10+2 करें । मैट्रिक/प्रैप/इंटर डायरैक्ट बी.ए. करें । आर.एम.पी. बनने हेतु परामर्श लें—राष्ट्रीय डिग्री कालेज, पुरानी सब्जी मंडी, हिसार-125001. (JDI)

RMP (सरकारी मान्य) 15 दिन में करें । (सबसे कम फीस), Matric बिना आठवीं के । Inter (10+2) मैट्रिक के बाद एक वर्ष में ।

जमीन/जायदाद/प्लाट

जैन लिंक रोड, जालंधर पर स्थित कमर्शियल आफिस/रिहायशी ईमारत, 11 मरले, खाली कब्जा, मिलें—कपूर एंड कं., प्रापर्टी डीलर्ज़, 189, आदर्श नगर, जालंधर, फोन : 73788.

किराए के लिए

5 दुकानें IInd Floor पर Small Industries/ Office/ Swarankar/ Readymade/ Tailars/ Stickers/ Beauty parlour/ Mitha Bazar में उपलब्ध हैं, मिलें—Seth Jewellers, Attari Bazar, Jalandhar City.

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 15.4.88, 43/- without trays. NECC Suggested Retail Price 6/- per Dozen.

व्यापार

'Minimax' Brand इलैक्ट्रीकल असैसरीज़ के निर्माता जो कि पिछले 12 वर्ष से 250 डीलर्ज़ तथा 1800 स्टाक्सिट्स द्वारा सुचारू रूप से चल रही है, उद्यमियों की अपने सहयोगी (ancilliary) यूनिट के रूप में चलाने के लिए आमंत्रित करती है । कुल पूंजी 15,000/- से 75000/- तक लगाएं । तैयार माल उचित दामों पर लेने का आश्वासन । मशीनरी तथा कच्चे माल का प्रबंध । 'Minimax' Industries, Quiet Office 15, Sector 35-A, Chandigarh.

Opportunity to start side business. Enhance your income through side-business of hire-purchase. Start it with 10,000/- or more. Contact—Anand Pratyabhoot Vit Nigam Limited, Pratyabhoot Minar, Main Road, West Patel Nagar, New Delhi, Phones : 5726904-586644; 487-R, Model Town, Ludhiana 1134, Sector 36-C, Chandigarh, Phone : 21331. Other Branches. Agra, Bombay, Faridabad, Ghaziabad, Jaipur, Jalandhar, Lucknow.

मैडीकल

'निराला जोगी' 1988 'ताजउलमुजरबात' (सरल अनुभवी योग) 300 पृष्ठ 18 रुपए । मासिक पत्रिकाओं में आयुर्वेदिक/स्वास्थ्य जानकारी वार्षिक

Punjabi Sanatan

आतंकवादियों द्वारा महिला सहित 9 व्यक्तियों की हत्या : भारी परिमाण में गोली सिक्का बरामद

जिला जालन्धर में मैटाडोर और स्कूटर छीना

चंडीगढ़, 16 अप्रैल (वार्ता, ह.स.): पंजाब में आतंकवादियों ने कल रात के बाद से एक स्त्री सहित 9व्यक्तियों की हत्या कर दी और 3 लोगों को घायल कर दिया अमृतसर जिले में पुलिस ने एक बंकर से भारी मात्रा में गोली सिक्का बरामद किया ।

जिला गुरदासपुर के सीमा क्षेत्र में 2 पाकिस्तानी घुसपैठी मारे गए ।

सी.आर.पी. का जवान मरा

अमृतसर के हरीके थाना क्षेत्र के ग्राम रतिया खुर्द में उग्रवादियों के साथ हुई मुठभेड़ में सी.आर.पी. का एक जवान मारा गा ।

शव मिला

अमृतसर सदर पुलिस थाना क्षेत्र के गुमटाला ग्राम के पास पुलिस ने सिर विहीन एक शव बरामद किया है ।

2 हथगोले, गोली-सिक्का बरामद

अमृतसर (वार्ता): गत रात इस जिला के थाना तरनतारन के अंतर्गत दुग्गल गांव में आधी रात के दौरान छापे में एक बंकर से बड़ी मात्रा में गोली-सिक्का बरामद किया गया । बरामद हुए गोली सिक्के में 2 एच.ई. 36 हथगोले तथा थामसन सब-मशीनगन, ए.के. 47 चीनी राइफल तथा 9 एम.एम. पिस्तौलों की 820 राउंड शामिल है ।

तीन की हत्या

अमृतसर जिले में दो अलग-अलग घटनाओं में आतंकवादियों ने तीन व्यक्तियों की गोली मार कर हत्या कर दी जबकि जालन्धर जिला में एक महिला की हत्या कर दी गई । पहली घटना लोपोके थाने के छिहन गांव में हुई जहां दो लोगों की हत्या की गई । मृतकों के नाम विरसा सिह तथा सुरेंद्र सिह बताए गए हैं । पुलिस ने आज सुबह अमृतसर जिले के ही मकबूलपुर स्थित एक कोल्ड स्टोरेज के मशीन चालक का अध जला शव बरामद किया । पुलिस का कहना है कि आतंकवादियों के एक गुट ने मशीन चालक के साथ हाथापाई की तथा आज तड़के उसे जला दिया । मृतक का नाम अजीत सिह बताया जाता है । कोल्ड स्टोरेज के चौकदार गोपाल सिह को भी गम्भीर रूप से झुलसी अवस्था में सरकारी अस्पताल में दाखिल कराया गया है ।

एक और हत्या

एक अन्य घटना में थाना जंडियाला के गांव बडाला में तीन आतंकवादी एक पुलिस कांस्टेबल के घर में घुसे तथा उसके एक रिश्तेदार की गोली मार कर हत्या कर दी । कांस्टेबल इस वारदात में घायल हो गया । कांस्टेबल के रिश्तेदार की पहचान जस्सा सिह के रूप में की गई है ।

आतंकवादी 45 मिनट घूमते रहे

फिरोजपुर (बागी): वीरवार रात को थाना मल्लां वाला के गांव कमाला बोदला में 50 वर्षीय करनैल सिह की 4 आतंकवादियों ने हत्या कर दी थी । घटना का ब्यौरा देते हुए एस.पी. (आप्रेशन) एच.बी. चांद ने बताया कि आतंकवादियों ने करनैल सिह के घर का दरवाजा खटखटाया । जैसे ही वह घर से बाहर आया उस पर गोलियों की बौछार कर गई, जिससे वह वहीं दम तोड़ गया । श्री चांद ने बताया कि आतंकवादियों का एक बहादुर किसान लखविंदर सिह (30) ने प्रतिरोध किया । जब आतंकवादियों ने उसे दरवाजा खोलने के लिए कहा तो उसने धमकी दी कि वह गोली चला देगा । इस पर आतंकवादी वहां से चले गए । लखविंदर सिह ने बताया कि खालिस्तान कमांडो फोर्स के कुख्यात आतंकवादी गुरनाम सिह बडाला के नेतृत्व में आतंकवादी 45 मिनट तक गांव में रहे तथा धमकियां देते रहे कि सिख विरोधी शराबी तथा मांसाहारी खत्म कर देंगे । ग्रामीणों ने भयभीत होकर बत्तियां बुझा दीं तथा किसी ने भी बाहर आने की जुर्रत न की ।

2 घायल

लुधियाना से महिन्द्रा के अनुसार आज सायं यहां से 18 किलोमीटर दूर सुदानावाला में स्कूटर सवार तीन उग्रवादियों ने दो लोगों को घायल कर दिया । उग्रवादी सतीश कुमार की दुकान पर आए और उससे पैसे मांगे, पर सतीश ने इन्कार कर दिया, जिस पर उग्रवादियों ने उस पर गोली चलाने की कोशिश की, पर एक ग्राहक साधू राम ने उग्रवादियों को पकड़ने का प्रयास किया । उग्रवादियों द्वारा की गई फायरिंग से दोनों घायल हो गए । घटनास्थल से .45 व .32 बोर के चले हुए कारतूस मिले हैं ।

ठेकेदार की हत्या

संगरूर (गोयल): गत सायं जिला संगरूर के थाना सेना के गांव कैरे में तीन आतंकवादियों ने एक शराब के ठेकेदार की गोली मार कर हत्या कर दी । यह जानकारी एस.एस.पी. श्री परमजीत सिह संधु ने दी । आतंकवादी हीरो होंडा मोटर साइकल पर आए तथा देसी शराब के ठेकेदार हंस राज पर गोलियां बरसाईं । यह घटना शाम 7 बजे की है । आतंकवादियों ने ए.के. 47 असाल्ट चीनी राइफल से फायरिंग की । हंस राज की मौके पर ही मृत्यु हो गई ।

2 उग्रवादी पकड़े

राजपुरा (मासूम): डी.एस.पी. श्री एम.एस. धालीवाल ने बताया कि गत दिवस थाना घिनौर के एस.एच.ओ. प्रकाश सिह ने गश्त के दौरान गांव भगरै के पुल पर दो संदिग्ध उग्रवादी पकड़े । इनके नाम जसवंत सिह उर्फ वन्त तथा मेजर सिह पुत्र करनैल सिह गांव कमालपुर बताए गए हैं । उनके कब्जे से दो पिस्तौल बरामद किए गए । इन दोनों ने पकड़े जाने पर खालिस्तान समर्थक नारे लगाए ।

स्त्री का शव मिला

जालन्धर (ह.स.): आज जालन्धर शहर की बस्ती गुजां आबादी में एक स्त्री गुरबचन कौर अपने घर में मृत पाई गई । उसका शव खून से लथपथ पड़ा था ।

बस्ती गुजां की घटना का ब्यौरा देते हुए पुलिस ने बताया कि चार हमलावर लूटने के इरादे से हरदयाल के घर में घुसे तथा उसकी पत्नी गुरबचन कौर पर हमला किया क्योंकि उसने उनका प्रतिरोध किया था । उसकी मौका पर ही मृत्यु हो गई । घटना के समय उसका पति घर पर नहीं था ।

एक अन्य वारदात में आज फिल्लौर के निकट एक व्यक्ति अमरजीत से उसका स्कूटर छीन लिया गया । आतंकवादी बंगा में एक व्यक्ति सरदारा सिह के घर से एक दोनाली बंदूक भी ले गए ।

स्त्री घायल

बंगा कस्बा के गांधी नगर में एक स्त्री सरस्वती देवी को आतंकवादियों ने गोली मार कर घायल कर दिया । उसे सिविल अस्पताल बंगा में दाखिल करा दिया गया है ।

बंगा से खोसला की सूचना है कि सरस्वती देवी पर जब गोली चलाई गई तब वह अपने घर में बर्तन साफ कर रही थी । गोली उसके पांव पर लगी, जिससे वह लहू-लुहान हो गई । उसे सी.एम.सी. लुधियाना में दाखिल कराया गया है । उसका घर एस.एच.ओ. सुरजीत सिह के घर के सामने है, जिस पर आतंकवादियों ने गत 8 मार्च को हमला किया था । एस.एच.ओ. के घर पर तैनात पुलिस कर्मचारी ने जवाब में जब हवाई फायर किया तो आतंकवादी भाग निकले ।

शराब ठेका कर्मचारी की हत्या

बंगा से खोसला के अनुसार यहां से 5 किलोमीटर दूर गांव करनाना में दो स्कूटर सवार आतंकवादियों ने शराब के ठेके के एक कर्मचारी मंजैल सिह उर्फ लाली पर गोलियां चला कर उसकी हत्या कर दी व बाद में फरार हो गए । आतंकवादी जाते समय वहां एक हस्तलिखित पत्र छोड़ गए, जिसमें कहा गया है कि शराब के किसी भी ठेके के कर्मचारी को नहीं बख्शा जाएगा । उन्होंने गांव औड, सरहाल कांजियां तथा बंगा में श्रीमती सरस्वती पर आज की गई फायरिंग की जिम्मेदारी अपने ऊपर ली । पत्र के नीचे खतरनाक आतंकवादी जनरल जबरजंग सिह के हस्ताक्षर हैं । हमलावर खालिस्तानी नारे लगाते हुए फरार हो गए ।

सरपंच पर फायरिंग

आज रात बंगा के निकटवर्ती गांव जंडियाला में रात के 9 बजे तीन आतंकवादियों ने गांव के सरपंच अजीत सिह पर फायरिंग कर दी परन्तु उनका निशाना चूक गया । इस दौरान अजीत सिह ने अपने साथियों की सहायता से आतंकवादियों पर जवाबी फायरिंग की लेकिन वे अंधेरे का लाभ उठा कर फरार हो गए ।

मैटाडोर छीन ली

एक अन्य वारदात में गत रात आतंकवादियों ने जालन्धर-पठानकोट रोड पर भोगपुर के निकट एक व्यक्ति से उसकी मैटाडोर छीन ली ।

फगवाड़ा (राकेश) : आज स्थानीय सिटी व सदर पुलिस ने कई जगह छापे मार कर डा. तरलोचन सिह व जसबीर सिह उर्फ बिट्टू को उग्रवादियों को संरक्षण देने के आरोप में गिरफ्तार किया है । अदालत ने जसबीर सिह का 18 अप्रैल तक शारीरिक रिमांड दे दिया है । पुलिस ने 2 उग्रवादियों कुलविन्दर सिह गोंसपुर तथा नरिन्दर सिह बबेली का शारीरिक रिमांड समाप्त होने पर अदालत में पेश किया तथा अदालत ने 29 अप्रैल तक न्यायिक रिमांड देकर जालन्धर जेल भेज दिया है ।

कौड़ा के अनुसार फगवाड़ा में उग्रवादियों द्वारा केंद्रीय आरक्षण बल की चौकी उड़ाने हेतु राकेटों द्वारा आक्रमण के असफल प्रयास के उपरांत अब तक पुलिस एक दर्जन से अधिक गांवों में छापा व तलाशी ले चुकी है व दो दर्जन से अधिक व्यक्तियों को पूछताछ के लिए हिरासत में लेकर छोड़ चुकी है, परन्तु अभी तक पुलिस को कोई सफलता प्राप्त नहीं हो सकी है व मात्र हवा ही में हाथ-पैर मार रही प्रतीत होती है । आज तड़के पुनः गांव माधोपुर व संगतपुर

(शेष पृष्ठ 10 पर)



Punjab Samachar







जिला अमृतसर के गांव मकबूलपुरा में गत रात उग्रवादियों ने एक कोल्ड स्टोरेज के मकैनिक अजीत सिंह को जिन्दा जला कर मार डाला जबकि चौकीदार गोपाल सिंह बुरी तरह झुलस गया । (1) वह कोल्ड स्टोरेज जहां वारदात हुई, (2) वह तख्तपोश जिसके साथ बांध कर मृतक को पीटा गया और जलाया गया, (3) वह चारपाई जिसके साथ बांध कर चौकीदार की पिटाई की गई और फिर जलाया गया, (4) कोल्ड स्टोरेज में बिखरा सामान । (छाया : भंडारी)

आतंकवादियों द्वारा हत्यायें

(पृष्ठ 3 का शेष)

में पुलिस ने छापे मारे परन्तु कोई सफलता न मिली । आज दोपहर को पुन: पुलिस ने वाहनों की भारी चैकिंग की व तलाशियां लीं ।

2 घुसपैठिए मरे

गुरदासपुर (वार्ता): सुरक्षा बलों ने गत रात जिला गुरदासपुर में भड़ुआर के निकट दो पाकिस्तानी घुसपैठी मार गिराए ।

स्कूटर छीना

खरड़ (शशि): आज मोहाली के फेस 10 में प्रात: दो अज्ञात सिख युवकों ने विद्या सागर नामक एक व्यक्ति से पिस्तौल की नोक पर उसका स्कूटर नं. पी.यू.एस. 6873 छीन लिया ।

मोटर साइकिल वाले परेशान

लुधियाना, 16 अप्रैल (प्रदीप) : बुलेट मोटर साइकिल का पीछा छोड़ कर पुलिस हीरो होंडा व इंड सुजूकी (तेज रफ्तार) मोटर साईकल मालिकों को परेशान कर चुकी है क्योंकि कोई भी उग्रवादी घटना होने के उपरांत इनकी शामत आ जाती है । परन्तु आज लुधियाना में बिस्कुटी रंग की मारुति कार के मालिकों की सभी कारों को शहर के हर कोने में कुछ देर के लिए पूछताछ कर के रोक लिया गया । इससे सड़कों व नाकेबंदी स्थानों पर कारों की लम्बी कतारें लग गईं ।

लुधियाना सिटीजन कौंसिल के चेयरमैन श्री दर्शन अरोड़ा ने शहरी प्रशासन व विशेषकर पुलिस व सी.आर.पी.एफ. अधिकारियों से आग्रह किया है कि वे बिना कारण स्कूटर, मोटरसाईकल या कार मालिकों को पूछताछ के लिए परेशान न करें । केवल-मात्र सन्देहास्पद दो या चार पहिया वाहनों को ही रोका जाए ।

'सौ दिन सास के' आज टी.वी. पर

नई दिल्ली, 16 अप्रैल (वार्ता): दरदर्शन पर कल शाम हिंदी फीचर फिल्म 'सौ दिन सास के' प्रसारित होगी । इस फिल्म के मुख्य कलाकार है : राज बब्बर, रीना राय, आशा पारिख ।

27 तमिल विद्रोही मरे

कोलम्बो, 16 अप्रैल : भारतीय शांति सेना के साथ मुठभेड़ों में 27 तमिल उग्रवादी मारे गए और 36 घायल हुए हैं ।

सिख छात्र नेता ने खुद को खालिस्तान की मांग से अलग किया

जम्मू, 16 अप्रैल (वार्ता): आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन की जम्मू-कश्मीर इकाई के अध्यक्ष ने स्वयं को यह कह कर खालिस्तान की मांग से अलग कर लिया कि जम्मू-कश्मीर के सिख देश की एकता व अखंडता में विश्वास रखते हैं । हरचरण सिंह जिसकी रिहाई राज्य उच्च न्यायालय के आदेश से हुई है, ने कहा है कि जम्मू-कश्मीर के सिखों का खालिस्तान की मांग से कुछ लेना-देना नहीं है । दो वर्ष तक जेल में बंद रहे फैडरेशन के नेता का

Sanaa

मुठभेड़ में स्वयंभू जनरल हरिसिंह व निम्मा सहित 11 उग्रवादी मरे : 3 सुरक्षा कर्मी शहीद

जिला अमृतसर में 7, जालन्धर व भटिंडा में 2-2 मरे, फरीदकोट में 2 की हत्या, सिपाही दम तोड़ गया

हरपिंदर सिंह घुल्ला उर्फ़ हरिसिंह ग्रुप ने एक ही परिवार के 18 सदस्यों सहित अकेले मार्च में 54 हत्याएं कीं

भिड़ंत स्थल से 3 चीनी असाल्ट राइफ़लें, 2 दोनाली बंदूकें, एक 315 बोर राइफ़ल व 3 पिस्तौल बरामद : हरिसिंह होशियारपुर बाल गृह से भागा हुआ 19 वर्षीय किशोर

चंडीगढ़, 17 अप्रैल (वार्ता, ह.स.): पंजाब में विभिन्न स्थानों पर हुई मुठभेड़ों में स्वयंभू जनरल हरि सिंह तथा निर्मल सिंह निम्मा सहित 11 आतंकवादी मारे गए जबकि 3 सुरक्षा बल कर्मचारी शहीद हो गए । लुधियाना में एक घायल कांस्टेबल दम तोड़ गया । सबसे भीषण मुठभेड़ जिला अमृतसर के गांव रत्ता गुड्डा में हुई । स्वयं-भू जनरल हरि सिंह ने अपने साथियों के साथ मिल कर केवल मार्च महीने में 54 हत्याएं की थीं । जिला कपूरथला में आतंकवादियों ने एक किसान की रिहाई के लिए एक लाख रुपए की फिरौती मांगी ।

जिला अमृतसर में एक कोल्ड स्टोरेज के मालिक के लड़के की तथा फ़ीदकोट के गांव में एक स्त्री व उसके रिश्तेदार की हत्या कर दी गई ।

भीषण मुठभेड़

अमृतसर (वि.प्र.): गत रात अमृतसर जिला के थाना हरीके के गांव रत्ता गड्डा में सुरक्षा बलों तथा आतंकवादियों के मध्य हुई 7 घंटे की भीषण भिड़ंत में 7 आतंकवादियों तथा 3 सुरक्षा सैनिकों के मारे जाने का समाचार है । एक सुरक्षा कर्मी घायल हुआ जिसे अस्पताल में दाखिल करवा दिया गया है । मृत आतंकवादियों के कब्जे से सुरक्षा बलों को भारी मात्रा में हथियार व गोला बारूद मिला जबकि भारी मात्रा में गोली सिक्के को आतंकवादियों ने आग लगा दी । पकड़े गए हथियारों में 3 चीनी ए.के. 47 असाल्ट राइफलें, एक एस.एल. आर., दो बन्दूकें, तीन रिवाल्वर तथा बड़ी मात्रा में कारतूस शामिल हैं ।

आतंकवादियों तथ सुरक्षा बलों के मध्य अब तक के हुए सबसे लम्बे मुकाबले के बारे में जो विवरण प्राप्त हुआ है उसके अनुसार कल सायं सुरक्षा बलों की 19वीं बटालियन की एक गश्ती पार्टी गांव रत्ता गुड्डा (सरहाली के निकट) थाना हरीके में गश्त के दौरान खेतों में से गुजर रही थी कि अचानक इस गश्ती पार्टी पर खेतों में छुपे हुए कुछ आतंकवादियों ने गोलियों की बौछार की । इस पर गश्ती पार्टी ने भी तुरन्त पोजीशनें लेकर जवाबी गोलीबारी शुरू कर दी । सूचनाओं में कहा गया है कि गश्ती पार्टी ने आतंकवादियों के साथ भिड़ंत के दौरान वायरलैस पर आतंकवादियों के हमले संबंधी सूचना भेजी जिस पर भारी संख्या में सुरक्षा बलों की कुमुक घटनास्थल की ओर रवाना हो गई । इस बीच गश्ती टुकड़ी ने आतंकवादियों का डट कर मुकाबला किया । लगभग आधे घंटे के मुकाबले के बाद आतंकवादियों ने एक निकटवर्ती फार्म हाऊस में पनाह ली और फार्म हाऊस के अंदर से सुरक्षा बलों पर गोलियां बरसानी शुरू कर दीं ।

बताया जाता है कि सुरक्षा बलों की भारी कुमुक ने घटनास्थल पर पहुंच कर आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में हिस्सा लिया जबकि भारी संख्या में सुरक्षा बलों ने फार्म हाऊस को चारों ओर से घेर लिया । इस तरह से यह मुकाबला जो सायं 5 बजे शुरू हुआ रात पौने एक बजे तक चला । मुकाबले के बाद जब तड़के सुरक्षा बल फार्म हाऊस में गए तो वहां से 7 आतंकवादियों के शव बरामद हुए ।

इस मुठभेड़ में मारे गए सुरक्षा कर्मियों के नाम कांस्टेबल लक्ष्मण, कांस्टेबल पी.आर. अर्जुनन तथा नायक राम प्रकाश हैं । घायल कांस्टेबल का नाम गोपाल कृष्णन बताया गया है । नायक राम प्रकाश के बारे में बताया गया है कि वह गम्भीर रूप से घायल हुआ था और उसे रात 9.15 बजे सिविल अस्पताल अमृतसर में लाया गया लेकिन वह घावों को सहन न करते हुए दम तोड़ गया ।

इस भीषणतम भिड़ंत में बमों का भी खुल कर इस्तेमाल हुआ । सुरक्षा बलों द्वारा फार्म हाऊस पर फैंके गए बमों से दो घरों की छतें उड़ गईं तथा फार्म हाऊस चारों ओर से गोलियां लगने से छलनी हो गया ।

घटनास्थल से मिले ब्यौरे में बताया गया है कि सुरक्षा बल जोकि गांव में छानबीन कर रहे थे जब गांव के बाहर एक किलो मीटर दूर बने धन्ना सिंह तथा बगा सिंह दो भाइयों के इस फार्म हाऊस पर पहुंचे तो उन्होंने घर के बाहर बैठी दो महिलाओं से पूछा कि घर के अंदर कोई है तो उन्होंने नकारात्मक उत्तर दिया लेकिन घर के अंदर हिलजुल की आवाज से सुरक्षा सैनिक शंकित हो उठे । उन्होंने जांच के बारे ज्यों ही आगे बढ़ना चाहा तो एक कमरे की खिड़की से सुरक्षा सैनिकों पर गोलियां चलने लगीं जिस पर उन्होंने तुरन्त ही पोजीशनें लेकर जवाबी फायर शुरू कर दिए । मुठभेड़ में शामिल दो कम्पनियों ने न सिर्फ फार्म हाऊस की खिड़कियों के रास्ते से आतंकवादियों पर फायरिंग की बल्कि एच.ई. 36 हथ गोले भी फैंके । इससे उन दो कमरों की छतें उड़ गईं जहां से आतंकवादी फायरिंग कर रहे थे । बमों से कमरों के अंदर पड़ी पराली को आग लग गई जिससे आतंकवादी गोलियां लगने से मरने के बाद बुरी तरह से झुलस भी गए ।

मृतक आतंकवादियों में स्वयंभू जनरल हरि सिंह उर्फ़ घुल्ला निवासी चोला साहब भी शामिल है जिसने अपने साथी आतंकवादियों के साथ गत मार्च महीने में 54 निर्दोषों की हत्या की । इनमें थेहराझरा (पंगोटा) में एक ही परिवार के 18 व्यक्तियों तथा कौड़ा विधान में एक ही परिवार के 11 सदस्यों की हत्या भी शामिल है

अन्य आतंकवादियो के नाम इस प्रकार हैं : जस्सा सिंह निवासी गुरु का बाग संगतपुरा, सर्बजीत सिंह निवासी मंडा पिंड, धर्म सिंह निवासी मंडा पिंड, गुरिन्द्र सिंह डग्गर निवासी मंडा पिंड । इनके अलावा एक 60 वर्षीय वृद्ध गुरमुख सिंह भी गोलियों की चपेट में आकर मारा गया । एक आतंकवादी की शिनाख्त निर्मल सिंह उर्फ निम्मा निवासी मुरादपुरा के रूप में की गई है ।

पुलिस के अनुसार सभी मृत आतंकवादी कथित जनरल लाभ सिंह की खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स के हैं तथा 'जनरल' हरि सिंह,जिसकी आयु सिर्फ 19 वर्ष थी, होशियारपुर की बाल सुधार जेल से भागा हुआ कैदी था और भगौड़ा होने के बाद जनरल लाभ सिंह की खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स में शामिल हो गया था ।

कोल्ड स्टोरेज मालिक के पुत्र की हत्या

अमृतसर जिले के तहसीलपुरा गांव में एक कोल्ड स्टोरेज के मालिक के लड़के दलीप सिंह की हत्या कर दी गई ।

सिनेमा में बम फैंका गया

अमृतसर की अजनाला तहसील के दीप सिनेमा हाल पर आज उग्रवादियों ने उस समय एक बम फैंका जब वहां पिक्चर दिखाई जा रही थी । बम फटने से अशोक कुमार नामक एक सिनेमा दर्शक घायल हो गया ।

लावारिस शव बरामद

रैय्या से जसपाल के अनुसार यहां से 3 किलो मीटर दूर गांव निज्जर से फत्तूवाल जाने वाले कच्चे मार्ग पर एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ है । उसके शरीर पर तेजधार शस्त्रों के घावों के चिन्ह हैं । उसकी आयु 17-18 वर्ष के मध्य बताई जाती है । पुलिस के अनुसार हत्या का यह केस उग्रवादियों की परस्पर लड़ाई का परिणाम प्रतीत होता है । मृतक के निकट से एक पत्र पड़ा मिला है, जिस पर खतरनाक उग्रवादी सुरजीत सिंह पैंटा के हस्ताक्षर हैं । पत्र में लाल स्याही से लिखा है कि इस दुष्ट को सोधा गया है । पुलिस ने शव कब्जे में लेकर अस्पताल में पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है । पुलिस मामले की जांच कर रही है ।

कर्मियों ने जवाबी फ़ायर किए,जिससे उक्त बस का ड्राइवर लाभ सिंह मौका पर ही मारा गया जबकि दूसरा व्यक्ति दौड़ कर बस में सवार हो गया । फिर वे बस को रामपुराफूल की ओर ले गए । बस घटनास्थल से लगभग 200 गज दूर जाकर खड़ी हो गई जिसमें उसका कंडक्टर दर्शन सिंह गांव संगर तहसील तलवंडी साबो मृर्दा पाया गया । पुलिस ने शस्त्रास्त्र कानून के तहत केस दर्ज कर लिया । बस मालिकों का कहना है कि मरने वालों के पास कोई हथियार नहीं था । बस में ड्राइवर लाभ सिंह कंडक्टर दर्शन सिंह सिर्फ दो ही व्यक्ति थे और वे भटिंडा से बस की मुरम्मत करवा कर आ रहे थे । जब वे ठेका पर शराब लेने गए तो वहां मौजूद शराबी पुलिस वालों ने अंधाधुंध फ़ायरिंग करके उन्हें मार डाला । सुबह यह खबर फैलते ही ड्राइवरों व कंडक्टरों ने सभी सरकारी तथा प्राइवेट बसों का पहिया जाम कर दिया, जिसके परिणामस्वरूप कई रूटों पर ट्रैफ़िक जमा हो गया । मृतकों के वारिसों की मांग है कि दोषी पुलिस वालों को गिरफ्तार करके सज़ा दी जाए ।

दो की हत्या

फरीदकोट (ह.स.): इस जिला के किंगरां गांव में एक स्त्री बलबीर कौर व उसके एक संबंधी की हत्या कर दी गई,जबकि बलबीर कौर की दो नन्हीं लड़कियों को घायल कर दिया गया ।

2 आतंकवादी मरे

जालन्धर (ह.स.): जालन्धर सदर पुलिस थाना क्षेत्र में धालीवाल कादियां गांव के निकट आज तड़के सुरक्षा कर्मियों के साथ एक अन्य मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए । पुलिस सूत्रों ने बताया कि पुलिस उप-अधीक्षक के नेतृत्व में सुरक्षा कर्मियों ने धारीवाल कादियां गांव के निकट एक पुल पर नाका लगाया था । तभी दो संदिग्ध आतंकवादी संदिग्ध परिस्थितियों में वहां एक मोटर साईकिल पर चक्कर लगाते हुए नज़र आए । रुकने के लिए कहे जाने पर उन्होंने सुरक्षा कर्मियों पर गोली चलानी शुरू कर दी । जवाबी कार्रवाई में दोनों आतंकवादी मारे गए । गोली-बारी करीब पन्द्रह मिनट तक हुई । पुलिस ने घटनास्थल से मोटर साइकिल पी.सी.एच. 1746 के अलावा एक रिवाल्वर, एक पिस्तौल और बडी संख्या में कारतूस बरामद किए ।

मृतक की शिनाख्त

संदिग्ध आतंकवादियों द्वारा बंगा पुलिस थाना क्षेत्र के करनैना गांव के निकट एक शराब के ठेके पर मारे गए व्यक्ति की शिनाख्त कर ली गई है । उसका नाम मझैल सिंह उर्फ़ लाली है ।

वेतन में उग्रवादियों का हिस्सा

अमृतसर, 17 अप्रैल (भटिया): जिला अमृतसर के गांवों में रहने वाले अध्यापकों को अब एक नई तरह की समस्या का सामना करना पड़ रहा है । पता चला है कि उग्रवादी वेतन वाले दिन स्कूलों में पहुंच जाते हैं और हैडमास्टर को वेतन रजिस्टर उनके हवाले करने का आदेश देते हैं । इसके बाद किसी भी अध्यापक द्वारा वेतन लेने पर वे वेतन का एक चौथाई भाग उनसे ले लेते हैं । इन्कार करने वाले को गोली से उड़ाने की धमकी दी जाती है ।

जम्मू-कश्मीर के सिख भी खालिस्तान की मांग के विरुद्ध

जम्मू, 17 अप्रैल (ह.स.): आल इंडिया सिख स्टुडैंट्स फैडरेशन जम्मू-कश्मीर शाखा के प्रधान हरचरण सिंह खालसा ने आज कहा है कि जम्मू-कश्मीर के सिख खालिस्तान की मांग का का विरोध करते हैं और उनका खालिस्तान की मांगसे कोई सम्बन्ध नहीं है । राज्य के उच्च न्यायालय द्वारा खालसा का नजरबंदी आदेश निरस्त करनेके बाद उन्हें रिहा कर दिया गया है । उन्होंने कहा कि राज्य के सिख देश की एकता तथा अखंडता में विश्वास रखते हैं । उन्होंने कहा कि वे किसी मनजीत सिंह को नहीं जानते जो फैडरेशन के एक धड़े का नेता होने का दावा करता है । उन्होंने पंजाब में निर्दोषों की हत्याओं की निंदा की ।

पुलिस शस्त्रागार से गोली सिक्का चोरी

नई दिल्ली, 17 अप्रैल (ह.इ.): दिल्ली सशस्त्र पुलिस (डी.ए.पी.) की पहली बटालियन के शस्त्रागार से 9 मिली मीटर गोली सिक्का के 1000 से भी अधिक कारतूस, .303 की अस्त्रा गोलियां, कई डेटोनेटर व स्टेनगन के कलपुर्जे गायब पाए गए हैं । सूत्रों के अनुसार स्टेनगन के पार्ट व गोली सिक्का की चोरी का पता मार्च के महीने में लगा था जब 9 मिली मीटर व .303 के कई खाली कारतूस शस्त्रागार में पड़े मिले । इन खाली कारतूसों के बदले में नए कारतूस जारी करने का कोई रिकार्ड नहीं था । अधिक छानबीन से पता चला कि स्टेनगन के कई बैरल व ट्रिगर भी वहां से नदारद थे ।

सूत्रों ने बताया कि मामला वरिष्ठ अधिकारियों की जानकारी में लाया गया जिन्होंने तत्काल

Punjab Digital Library

आतंकवादियों के मध्य हुई 7 घंटे की भीषण भिड़ंत में 7 आतंकवादियों तथा 3 सुरक्षा सैनिकों के मारे जाने का समाचार है । एक सुरक्षा कर्मी घायल हुआ जिसे अस्पताल में दाखिल करवा दिया गया है । मृत आतंकवादियों के कब्जे से सुरक्षा बलों को भारी मात्रा में हथियार व गोला बारूद मिला जबकि भारी मात्रा में गोली सिक्के को आतंकवादियों ने आग लगा दी । पकड़े गए हथियारों में 3 चीनी ए.के. 47 असाल्ट राइफलें, एक एस.एल. आर., दो बन्दूकें, तीन रिवाल्वर तथा बड़ी मात्रा में कारतूस शामिल हैं ।

आतंकवादियों तथा सुरक्षा बलों के मध्य अब तक के हुए सबसे लम्बे मुकाबले के बारे में जो विवरण प्राप्त हुआ है उसके अनुसार कल सायं सुरक्षा बलों की 19वीं बटालियन की एक गश्ती पार्टी गांव रत्ता गुड्डा (सरहाली के निकट) थाना हर्षेव में गश्त के दौरान खेतों में से गुजर रही थी कि अचानक इस गश्ती पार्टी पर खेतों में छुपे हुए कुछ आतंकवादियों ने गोलियों की बौछार की । इस पर गश्ती पार्टी ने भी तुरन्त पोजीशनें लेकर जवाबी गोलीबारी शुरू कर दी । सूचनाओं में कहा गया है कि गश्ती पार्टी ने आतंकवादियों के साथ भिड़ंत के दौरान वायरलैस पर आतंकवादियों के हमले संबंधी सूचना भेजी जिस पर भारी संख्या में सुरक्षा बलों की कुमुक घटनास्थल की ओर रवाना हो गई । इस बीच गश्ती टुकड़ी ने आतंकवादियों का डट कर मुकाबला किया । आतंकवादियों ने भी सुरक्षा बलों की गोलियों का सहन न करते हुए दम तोड़ गया ।

इस भीषणतम भिड़ंत में बमों का भी खुल कर इस्तेमाल हुआ । सुरक्षा बलों द्वारा फार्म हाऊस पर फैंके गए बमों से दो घरों की छतें उड़ गईं तथा फार्म हाऊस चारों ओर से गोलियां लगने से छलनी हो गया ।

घटनास्थल से मिले ब्यौरे में बताया गया है कि सुरक्षा बल जोकि गांव में छानबीन कर रहे थे जब गांव के बाहर एक किलो मीटर दूर बने धन्ना सिंह तथा बग्गा सिंह दो भाइयों के इस फार्म हाऊस पर पहुंचे तो उन्होंने घर के बाहर बैठी दो महिलाओं से पूछा कि घर के अंदर कोई है तो उन्होंने नकारात्मक उत्तर दिया लेकिन घर के अंदर हिलजुल की आवाज से सुरक्षा सैनिक शंकित हो उठे । उन्होंने जांच के बारे ज्यों ही आगे बढ़ना चाहा तो एक कमरे की खिड़की से सुरक्षा सैनिकों पर गोलियां चलने लगीं जिस पर उन्होंने तुरन्त ही पोजीशनें लेकर जवाबी फायर शुरू कर दिए । मुठभेड़ में शामिल दो कम्पनियों ने ने सिर्फ फार्म हाऊस की खिड़कियों के रास्ते से आतंकवादियों पर फायरिंग की बल्कि एच.ई. 36 हथ गोले भी फैंके । इससे उन दो कमरों की छतें उड़ गईं जहां से आतंकवादी फायरिंग कर रहे थे । बमों से कमरों के अंदर पड़ी पराली को आग लग गई जिससे आतंकवादी गोलियां लगने से मरने के बाद बुरी तरह से झुलस भी गए ।

कोल्ड स्टोरेज मालिक के पुत्र की हत्या

अमृतसर जिले के तहसीलपुरा गांव में एक कोल्ड स्टोरेज के मालिक के लड़के दलीप सिंह की हत्या कर दी गई ।

सिनेमा में बम फैंका गया

अमृतसर की अजनाला तहसील के दीप सिनेमा हाल पर आज उग्रवादियों ने उस समय एक बम फैंका जब वहां पिक्चर दिखाई जा रही थी । बम फटने से अशोक कुमार नामक एक सिनेमा दर्शक घायल हो गया ।

नावारिस शव बरामद

रैय्या से जसपाल के अनुसार यहां से 3 किलो मीटर दूर गांव निज्जर से फत्तूवाल जाने वाले कच्चे मार्ग पर एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ है । उसके शरीर पर तेजधार शस्त्रों के घावों के चिन्ह हैं । उसकी आयु 17-18 वर्ष के मध्य बताई जाती है । पुलिस के अनुसार हत्या का यह केस उग्रवादियों की परस्पर लड़ाई का परिणाम प्रतीत होता है । मृतक के निकट से एक पत्र पड़ा मिला है, जिस पर खतरनाक उग्रवादी सरजीत सिंह पैंटा के हस्ताक्षर हैं । पत्र में लाल स्याही से लिखा है कि इस दुष्ट को सोधा गया है । पुलिस ने शव कब्जे में लेकर अस्पताल में पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है । पुलिस मामले की जांच कर रही है ।

2 और मरे

भटिंडा (वार्ता): गत रात जिला भटिंडा के थाना बल्लियां वाली के गांव ढड्डा में एक पुलिस पार्टी के साथ भिड़ंत में 2 उग्रवादी मारे गए + उनके 5 साथी भाग निकले ।

डी.एस.पी. का बयान

रामपुराफूल से 'सरस्वती' ने खबर दी है कि डी.एस.पी. श्री सुखमिन्दर सिंह ने ढड्डे की घटना के बारे में बताया कि गत रात लगभग 12.30 बजे कुछ व्यक्ति रामगढ़िया बस सर्विस की एक बस नम्बर पी.ए.टी. 2017 में सवार होकर जा रहे थे । दो व्यक्ति बस से उतर कर ढड्डे के ठेका शराब पर गए जबकि अन्य लोग स्टार्ट बस में ही बैठे रहे । ठेके पर गए दो व्यक्तियों ने जाते ही धक्के मार कर ज़बरदस्ती ठेके का दरवाजा खोल लिया । फिर उन्होंने शराब की 5-6 बोलतें भी तोड़ डालीं व कारिंदों को धमकी दी कि जो नकदी उनके पास है, वह उनके हवाले कर दें । इसी दौरान पीछे से बस में सवार व्यक्तियों ने ठेके की तरफ 7-8 गोलियां चलाईं । ठेका की छत पर ठहरे हुए तीन पुलिस को गिरफ्तार करके सज़ा दी जाए ।

दो की हत्या

फरीदकोट (ह.स.): इस जिला के किंगरां गांव में एक स्त्री बलबीर कौर व उसके एक संबंधी की हत्या कर दी गई,जबकि बलबीर कौर की दो नन्हीं लड़कियों को घायल कर दिया गया ।

2 आतंकवादी मरे

जालन्धर (ह.स.): जालन्धर सदर पुलिस थाना क्षेत्र में धालीवाल कादियां गांव के निकट आज तड़के सुरक्षा कर्मियों के साथ एक अन्य मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए । पुलिस सूत्रों ने बताया कि पुलिस उप-अधीक्षक के नेतृत्व में सुरक्षा कर्मियों ने धारीवाल कादियां गांव के निकट एक पुल पर नाका लगाया था । तभी दो संदिग्ध आतंकवादी संदिग्ध परिस्थितियों में वहां एक मोटर साइकिल पर चक्कर लगाते हुए नज़र आए । रुकने के लिए कहे जाने पर उन्होंने सुरक्षा कर्मियों पर गोली चलानी शुरू कर दी । जवाबी कार्रवाई में दोनों आतंकवादी मारे गए । गोली-बारी करीब पन्द्रह मिनट तक हुई । पुलिस ने घटनास्थल से मोटर साइकिल पी.सी.एच. 1746 के अलावा एक रिवाल्वर, एक पिस्तौल और बडी संख्या में कारतूस बरामद किए ।

मृतक की शिनाख्त

संदिग्ध आतंकवादियों द्वारा बंगा पुलिस थाना क्षेत्र के करनैना गांव के निकट एक शराब के ठेके पर मारे गए व्यक्ति की शिनाख्त कर ली गई है । उसका नाम मज़ैल सिंह उर्फ़ लाली है ।

घायल कर दिया

गुरदासपुर (बिनोद): कहनुवान थाना के गांव राहोवाल में गत रात लगभग 12 बजे कुछ अज्ञात आतंकवादियों ने गांव के हकीम हंस राज के घर प्रवेश करके उसे तेज़ हथियारों से सख्त घायल कर दिया, जिसकी दशा अस्पताल में चिन्ताजनक बताई जाती है । हकीम के घर वालों ने बताया कि घटना के बाद हंस राज सारी रात मदद के लिए लोगों को आवाज़ें लगाता रहा, मगर गांव का कोई भी आदमी उसकी सहायता को न आया । इस गांव में यह अकेला हिन्दू परिवार है । (शेष पृष्ठ 8 पर)

जिला अमृतसर के हरिके क्षेत्र में स्थित गांव रत्ता गुड्डा में धन्ना सिंह और बग्गा सिंह के मकान में छुपे आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ में मारे गये (1 से 7) बाएं से जनरल हरि सिंह, सर्वजीत सिंह, गुरमुख सिंह, धर्म सिंह, गुरदेव सिंह, जसविन्दर सिंह और निर्मल सिंह निम्मा के शव, (8,9) वह हवेली और आगे के दो मकान जहां मुकाबला हुआ, (10) सुरक्षा बलों के जवानों ने छत में सुराख करके अंदर फायरिंग की, (11,12) गोलियों की बौछार से छतें गिर गईं, (13,14) डी.आई.जी. पुलिस श्री सिद्दीकी, एस.एस.पी. श्री इज़हार आलम, सी.आर.पी. के डी.आई.जी. श्री विर्क घटनास्थल का निरीक्षण करते हुये, (15) मृत आतंकवादियों की लाशों का ढेर, (16) घटनास्थल पर जमा गांव के लोग, (17) मृत आतंकवादियों से मिले हथियारों का निरीक्षण करते हुए श्री विर्क, (18) आतंकवादियों से मिली 3 ए.के. 47 असाल्ट राइफलें, (19) 3 राइफलें, (20) 6 मैगजीन और कारतूसों से भरा थैला । (छाया : ओम भंडारी)

3 घुसपैठिये मरे

श्रीगंगानगर, 17 अप्रैल : अनूपगढ़ सैक्टर में बी.एस.एफ. से हुई मुठभेड़ में तीन पाक घुसपैठिये मारे गए । प्राप्त सूचना के अनुसार चार घुसपैठिये जब भारतीय क्षेत्र में प्रविष्ट हो रहे थे तब बी.एस.एफ. ने उन्हें चुनौती दी ,जिस पर घुसपैठियों ने फायरिंग शुरू कर दी । जवाबी फायरिंग किए जाने पर तीन घुसपैठिये मारे गए जबकि एक वापस पाकिस्तानी क्षेत्र में फरार हो गया ।

वी.पी. सिंह नामांकन पत्र भरने की तैयारी में आज इलाहाबा

नई दिल्ली, 17 अप्रैल (वार्ता): जनमोर्चा नेता विश्व नाथ प्रताप सिंह इलाहाबाद संसदीय क्षेत्र उपचुनावों में नामांकन पत्र भरने की "तैयारी" के लिए कल इलाहाबाद रवाना हो रहे हैं । आज अल्दी में बुलाई गई प्रैस कांफ्रैंस में श्री सिंह ने पत्रकारों को बताया कि कहा जाता है कि 19 तारीख को इलाहाबाद चुनावों के बारे में अधिसूचना जारी होने वाली है । वे अधिसूचना जारी होने पर नामांकन वापिस लेने की तारीख तक इलाहाबाद में ही रहेंगे । श्री सिंह ने बताया कि वे केवल अमिताभ बच्चन के खिलाफ ही विपक्ष के सर्वसम्मत प्रत्याशी बनेंगे । कांग्रेस (इ) की ओर से इलाहाबाद से किसी अन्य व्यक्ति के खड़े होने पर वह यह चुनाव नहीं लड़ेंगे ।

श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने कहा कि कांग्रेस (इ) की चुनाव नीति से वे भली-भांति परिचित हैं । पिछले चुनावों में प्रदेश कांग्रेस समिति के अध्यक्ष रहते हुए उन्हें मालूम है कि कैसे अंतिम क्षणों में अमिताभ बच्चन को खड़ा किया गया था । इसलिए इस बार वे किसी भी परिस्थिति के लिए तैयार रहना चाहते हैं । एक प्रश्न के उत्तर में श्री सिंह ने स्वीकार किया कि अभी तक विपक्ष ने उन्हें इलाहाबाद से चुनाव लड़ने के लिए सर्वसम्मत प्रत्याशी नहीं चुना है । प्रधानमंत्री राजीव गांधी की इस चुनौती कि कोई भी इलाहाबाद में व्यक्ति विशेष नहीं बल्कि कांग्रेस की नीतियों के खिलाफ चुनाव लड़ कर दिखाए, श्री सिंह ने कहा कि कांग्रेस के किसी भी प्रत्याशी के खिलाफ लड़ना कांग्रेस नीतियों के खिलाफ लड़ना है ।

विश्वनाथ प्रताप सिंह ने कहा कि शंकरानन्द संयुक्त संसदीय समिति से बोफोर्स प्रकरण की सच्चाई उजागर होने वाली नहीं है और विन चड्ढा ने वही कहा है, जिसकी उससे उम्मीद थी । प्रश्नों के उत्तर में उन्होंने कहा कि विन चड्ढा ने जो कुछ कहा है, उससे ज्यादा आप उससे क्या उम्मीद कर सकते हैं ? यह पूछने पर कि असलियत का पता लगाने के लिए विपक्ष ने श नहीं किया, उन्होंने तक पहुंच ही नहीं प्रकरण पर इसके इंकार कर दिया । विस्तार से तभी अन्यथा मेरी बाकी मैं जनता तक पहु पाता । "एक व

प्रधानमंत्री गलत सलाह के शिकार हो सकते हैं परन्तु वह देश को खतरे में कदापि नहीं देखना चाहते : अरुणा

जालंधर, 17 अप्रैल (क): प्रख्यात स्वतंत्रता सेनानी श्रीमती अरुणा आसिफ़ अली ने आज पंजाब की स्थिति पर गहरा दुःख व चिंता व्यक्त की और कहा कि वह पंजाब के सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल की अगवाई के लिए तैयार हैं ताकि प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी को मिल कर उन्हें राज्य की स्थिति बारे ठीक-ठीक जानकारी दी जा सके ।

श्रीमती अरुणा आसिफ़ अली आज यहां हिंद समाचार ग्रुप के मुख्य संपादक श्री विजय चोपड़ा के निवास पर पत्रकारों से बातचीत कर रही थीं । उन्होंने कहा कि वह पंजाब के हालात के बारे में बहुत चिंतित हैं । उन्होंने कहा कि वह पंजाब के कई बार दौरे कर चुकी हैं और वहां के लोगों को अच्छी तरह जानती हैं । उन्होंने कहा कि वह पंजाब के लोगों के दुःख-दर्द में उनके साथ शामिल होना चाहती हैं । उन्होंने कहा कि वह पंजाब के लोगों के लिए कुछ करना चाहती हैं । उन्होंने कहा कि वह पंजाब के लोगों के लिए कुछ करना चाहती हैं । उन्होंने कहा कि वह पंजाब के लोगों के लिए कुछ करना चाहती हैं ।

श्रीमती अरुणा आसिफ़ अली



जिला अमृतसर के हारके क्षेत्र में स्थित गांव रत्ता गुड्डा में धन्ना सिंह और बग्गा सिंह के मकान में छुपे आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ में मारे गये (1 से 7) बाएं से जनरल हरि सिंह, सर्वजीत सिंह, गुरमुख सिंह, धर्म सिंह, गुरेंद्र सिंह, जसविन्दर सिंह और निर्मल सिंह निम्मा के शव, (8,9) वह हवेली और आगे के दो मकान जहां मुकाबला हुआ, (10) सुरक्षा बलों के जवानों ने छत में सुराख करके अंदर फायरिंग की, (11,12) गोलियों की बौछार से छतें गिर गईं, (13,14) डी.आई.जी. पुलिस श्री सिद्दीकी, एस.एस.पी. श्री इज़हार आलम, सी.आर.पी. के डी.आई.जी. श्री विर्क घटनास्थल का निरीक्षण करते हुये, (15) मृत आतंकवादियों की लाशों का ढेर, (16) घटनास्थल पर जमा गांव के लोग, (17) मृत आतंकवादियों से मिले हथियारों का निरीक्षण करते हुए श्री विर्क, (18) आतंकवादियों से मिली 3 ए.के. 47 असाल्ट राइफलें, (19) 3 राइफलें, (20) 6 मैगजीन और कारतूसों से भरा थैला ।

(छाया : ओम भंडारी)

उग्रवादी मरे

(पृष्ठ 3 का शेष)

गत रात ही चार सशस्त्र आतंकवादी बटाला के गांव बल के निवासी गुरजीत सिंह के घर आए और उसे उसकी लाइसैंसी रिवाल्वर देने को कहा । उसने बताया कि उसके पास कोई रिवाल्वर नहीं । इस पर उन्होंने घर की तलाशी ली और सोने की चार चूड़ियां, दो बालियां, एक वी.सी.आर., 4 हजार रु. नकद, एक कैमरा, 6 घड़ियां, 2 टेप रिकार्डर लूट लिए और फ़रार हो गए ।

एक अन्य घटना में गुरदासपुर के गांव साहोवाल में कुछ अज्ञात सशस्त्र आतंकवादी राज रानी के घर आए और 6 हजार के ज़ेवर और एक हजार रुपया नकद लूट ले गए ।

घायल कांस्टेबल की मृत्यु

लुधियाना (जोशी, महिन्द्रा): कांस्टेबल इकबाल सिंह, जोकि वीरवार को यहां माता रानी चौक में आतंकवादियों की गोली से गम्भीर रूप से घायल हो गया था, आज प्रातः अस्पताल में दम तोड़ गया । इस हमले में कांस्टेबल गुरमीत चंद्र की मौके पर ही मृत्यु हो गई थी । आतंकवादी इस हमले में 3 लाख रुपए से अधिक की राशि लूट कर ले गए थे ।

2 घायल

तीन स्कूटर सवार आतंकवादियों ने कल रात थाना साहनेवाल के गांव सुतनवाला में गोली चला कर दो लोगों को घायल कर दिया । आतंकवादी एक दुकान से कुछ रकम लूट कर फरार हो गए ।

विशेष टीम नियुक्त

इसी मध्य वीरवार की रात को मलौद थाने में से लूटे गए हथियारों का पता लगाने के लिए एक विशेष टीम गठित की गई है जिसमें दो डी.एस.पी., एक इंस्पैक्टर तथा अन्य पुलिस कर्मी शामिल हैं । टीम ने संदिग्ध आतंकवादियों के कई ठिकानों पर छापे मारे हैं तथा लगभग दो दर्जन संदिग्ध लोगों से पूछताछ की है ।

दो लोगों का अपहरण

कपूरथला (शर्मा): गत सायं इस जिला के सुलतानपुर लोधी थाना के गांव बाजा में 4 आतंकवादियों ने बंदूक की नोक पर एक किसान तथा उसके ड्राइवर का अपहरण कर लिया । पुलिस ने बताया कि किसान का नाम बलविन्दर सिंह तथा ड्राइवर का नाम बलकार सिंह है । इस बीच अपहर्ताओं ने ड्राइवर को मुक्त कर दिया है तथा किसान की रिहाई के लिए 1 लाख रुपए की फिरौती मांगी है ।

स्कूटर छीना

गत रात थाना ढिलवां के गांव नूरपुर जट्टां में गुरदेव सिंह से उसका स्कूटर छीन लिया गया ।

उग्रवादियों व अफीम तस्करों में मिली-भगत

रतलाम, 17 अप्रैल : रतलाम पुलिस को पंजाब के आतंकवादियों और पाकिस्तान से अफीम की तस्करी करने वालों के बीच मिली-भगत होने का पता चला है । हाल ही में पुलिस ने फतेहाबाद निवासी एक पिता-पुत्री के पास से चार किलो ग्राम मादक द्रव्य बरामद किये । नगर पुलिस अधीक्षक





जिला जालंधर के गांव धालीवाल के पास पुलिस के साथ मुठभेड़ में मरे (1,2) दो उग्रवादियों के शव, (3) वह इंड-सुजुकी मोटर साइकिल जिस पर वे सवार थे । (छाया : कपूर)

192 ग्रामीणों की हत्या

नैरोबी, 17 अप्रैल (ए.पी.): केन्या के उत्तर-पश्चिमी जिले तुरकाना में पशुचोरों ने 192 ग्रामीणों की हत्या कर दी तथा 50 को घायल कर दिया । समाचार पत्र "संडे नेशन" ने प्रांतीय आयुक्त मोहम्मद युसुफ हाजी के हवाले से आज यह समाचार देते हुए कहा है कि पुलिस के साथ मुठभेड़ में 40 पशुचोर मारे गए तथा शेष पड़ोसी देश सूडान की सीमा में प्रवेश कर गए ।

श्री हाजी ने कहा कि ऐसा विश्वास किया जाता है कि हमलावर दक्षिणी सूडान के थे जहां गृहयुद्ध और सूखे के कारण खाद्यान्न की बहुत कमी है । उन्होंने बताया कि बुधवार को हुए इस हमले में हमलावरों ने तेजधार वाले हथियारों तथा स्वचालित राइफलों तक का उपयोग किया । हमलावर हजारों मवेशी, भेड़ें और बकरियां हांक का ले गए ।

पंजाब देश का मस्तक : साठे

नई दिल्ली, 17 अप्रैल : केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री बसन्त साठे ने आज यहां कहा कि पंजाब इस देश का मस्तक है । जो लोग पंजाब को इस देश से अलग करने का षड्यंत्र रच रहे हैं, वह भारत का सर काट देना चाहते हैं । श्री साठे आज यहां शिवाजी जयन्ती समारोह में बोल रहे थे । भारत विकास परिषद ने समारोह का आयोजन किया था । श्री साठे ने कहा

ने संदिग्ध आतंकवादियों के कई ठिकानों पर छापे मारे हैं तथा लगभग दो दर्जन संदिग्ध लोगों से पूछताछ की है ।

दो लोगों का अपहरण

कपूरथला (शर्मा): गत सायं इस जिला के सुलतानपुर लोधी थाना के गांव बाजा में 4 आतंकवादियों ने बंदूक की नोक पर एक किसान तथा उसके ड्राइवर का अपहरण कर लिया । पुलिस ने बताया कि किसान का नाम बलविन्दर सिंह तथा ड्राइवर का नाम बलकार सिंह है । इस बीच अपहर्त्ताओं ने ड्राइवर को मुक्त कर दिया है तथा किसान की रिहाई के लिए 1 लाख रुपए की फिरौती मांगी है ।

स्कूटर छीना

गत रात थाना ढिलवां के गांव नूरपुर जट्टां में गुरदेव सिंह से उसका स्कूटर छीन लिया गया ।

उग्रवादियों व अफीम तस्करों में मिली-भगत

रतलाम, 17 अप्रैल : रतलाम पुलिस को पंजाब के आतंकवादियों और पाकिस्तान से अफीम की तस्करी करने वालों के बीच मिली-भगत होने का पता चला है । हाल ही में पुलिस ने फतेहाबाद निवासी एक पिता-पुत्री के पास से चार किलो ग्राम मादक द्रव्य बरामद किये । नगर पुलिस अधीक्षक ओ.एस. जौहर ने बताया कि पिता-पुत्री मादक द्रव्य पंजाब के आतंकवादियों को बेचने ले जा रहे थे । कल विदिशा में एक अवकाश प्राप्त सिपाही और ट्रक मालिक के पास से साढ़े छह किलो ग्राम चरस बरामद की गई । पुलिस ने सिपाही के घर पर छापा मारा और 25 किलो ग्राम मादक द्रव्य बरामद किया । जांच पड़ताल के बाद पता चला कि उनके दो साथी बाकी चरस के साथ शुक्रवार को ही नागपुर के लिए रवाना हो गये । नागपुर पुलिस को सावधान कर दिया गया है और अवकाश प्राप्त सिपाही के दोनों साथियों समेत ट्रक चालक की पुलिस तेजी से तलाश कर रही है । चालक ट्रक समेत भोपाल भाग गया ।

192 ग्रामीणों की हत्या

नैरोबी, 17 अप्रैल (ए.पी.): केन्या के उत्तर-पश्चिमी जिले तुरकाना में पशुचोरों ने 192 ग्रामीणों की हत्या कर दी तथा 50 को घायल कर दिया । समाचार पत्र "संडे नेशन" ने प्रांतीय आयुक्त मोहम्मद युसूफ हाजी के हवाले से आज यह समाचार देते हुए कहा है कि पुलिस के साथ मुठभेड़ में 40 पशुचोर मारे गए तथा शेष पड़ोसी देश सूडान की सीमा में प्रवेश कर गए ।

श्री हाजी ने कहा कि ऐसा विश्वास किया जाता है कि हमलावर दक्षिणी सूडान के थे जहां गृहयुद्ध और सूखे के कारण खाद्यान्न की बहुत कमी है । उन्होंने बताया कि बुधवार को हुए इस हमले में हमलावरों ने तेजधार वाले हथियारों तथा स्वचालित राइफलों तक का उपयोग किया । हमलावर हजारों मवेशी, भेड़ें और बकरियां हांक कर ले गए ।

पंजाब देश का मस्तक : साठे

नई दिल्ली, 17 अप्रैल : केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री बसन्त साठे ने आज यहां कहा कि पंजाब इस देश का मस्तक है । जो लोग पंजाब को इस देश से अलग करने का षड्यंत्र रच रहे हैं, वह भारत का सर काट देना चाहते हैं । श्री साठे आज यहां शिवाजी जयन्ती समारोह में बोल रहे थे । भारत विकास परिषद ने समारोह का आयोजन किया था । श्री साठे ने कहा कि "कुछ गुमराह लोग पराई सल्तनत से प्रेरणा लेकर देश को तोड़ने का काम कर रहे हैं।" उन्होंने कहा कि खालसा का अर्थ पवित्रता है और पवित्रता यानी खालिस्तान स्थापित ही करना है तो सारे देश को ही क्यों नहीं पवित्र बनाया जाता है, क्यों एक स्थान विशेष की ही मांग की जा रही है ? श्री साठे ने कहा कि सिखों और हिन्दुओं में कोई अन्तर नहीं है । 'केवल दाढ़ी रख लेने से कोई अलग थोड़े ही हो जाएगा । ' श्री साठे ने कहा कि हमें राणा प्रताप, गुरु गोबिन्द सिंह तथा शिवाजी जैसे महापुरुषों से प्रेरणा लेनी चाहिए जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी देश की एकता और अखंडता के लिए काम किया ।

परिणाम है ।

माकपा पंजाब के कार्यकारी सचिव श्री गुरचरण सिंह रंधावा ने कहा कि पंजाब की वर्तमान स्थिति उत्पन्न न होती, यदि 1947 के बाद यहां के कुछ वर्गों ने पंजाबी को न त्यागा होता और सभी ने पंजाबियत अपनाई होती और पंजाब की मांगों को सभी पंजाबियों की मांगों के रूप में पेश किया होता । उन्होंने राजीव-लौंगोवाल समझौते को लागू न किए जाने की स्थिति में और बिगाड़ लाने का बड़ा कारण करार दिया ।

उन्होंने कहा कि केंद्र ने पांचों हैडग्रंथियों को रिहा कर सिख राजनीति का केंद्रबिंदु बना दिया है, जिससे सुरक्षा बल हतोत्साहित हुए हैं । उन्होंने कहा कि यद्यपि 99% सिख उग्रवाद के विरुद्ध हैं, किंतु सिखों का केंद्र सरकार पर से विश्वास उठ चुका है । उन्होंने कहा कि यदि इन्हें उग्रवाद के विरुद्ध सक्रिय बनाना है तो कोई सहमति का हल निकालने का यत्न प्रधान मंत्री को करना चाहिए ।

वयोवृद्ध अकाली नेता श्री उमरानंगल ने कहा कि आज सिख गुरु नानक का मिशन ही भूल गए हैं, जो उनके सामने रखने की जरूरत है और वह निडर होकर यह कार्य कर रहे हैं । उन्होंने कहा कि भाषाई राज्यों का निर्णय स्वयं कांग्रेस का था, जो पंजाब बारे टालमटोल से लागू किया । राजीव-लौंगोवाल समझौता किया मगर लागू नहीं किया । उग्रवादी भी उसने ही पैदा किए थे । यदि सरकार ने भाई जसवीर सिंह से कोई समझौता किया है तो उसे पूरा करे । वह तभी कोई प्रभावी रोल अदा कर सकेंगे ।

प्रो. लक्ष्मीकांता चावला ने श्रीमती अरुणा आसिफ अली से कहा कि वह प्रधानमंत्री को पंजाब आकर सारी स्थिति देखने को कहें और केवल दूरदर्शन से स्थिति को समझने तक स्वयं को सीमित न रखें ।

श्री सतपाल डांग ने कहा कि उग्रवादियों से वार्ता कर शांति की बहाली की आशा करना गलत होगा । उन्होंने आशंका व्यक्त की कि सरकार विधान की धारा-370 का इस्तेमाल कर पंजाब में एक धर्माधारित राज्य बना देगी, जिसकी कटु प्रतिक्रियाएं सारे देश में होंगी । उन्होंने सभी राज्यों को अधिक किंतु एक समान अधिकार देने की मांग की ।

श्रीमती सुशील महाजन पूर्व-विधायक गुरदासपुर ने सीमावर्ती जिला के गांवों में उग्रवादी संकट से भयभीत लोगों की दशा से अवगत कराया और केंद्र से तुरंत कुछ प्रभावी पग उठाने को कहा ।

पंजाब कांग्रेस के प्रधान श्री बेअंत सिंह ने सभी दलों के लिए सांझा कोड आफ कंडक्ट बना कर उग्रवाद के विरुद्ध संयुक्त अभियान का सुझाव पेश किया । उन्होंने इस आरोप को चुनौती दी कि सिख गुलामों जैसा जीवन बिता रहे हैं । उन्होंने मुख्यग्रंथियों से कहा कि उग्रवादी तत्वों व लुटेरों से गुरुद्वारों को मुक्त कराएं ।

पंजाब भाजपा के प्रधान डा. बलदेव प्रकाश ने खेद व्यक्त किया कि सरकार की पंजाब-समस्या व स्थिति बारे कोई स्पष्ट व ठोस नीति ही नहीं है, या है तो वह असफल हो चुकी है । उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि सीमा-पट्टी का अधिकार लिया मगर पट्टी नहीं बनाई, न ही सीमा पूरी तरह सील करपाई है । उन्होंने कहा कि सरकार पहले इस समस्या से जूझने की इच्छा शक्ति बनाए, फिर यह लड़ाई चाहे लम्बी ही क्यों न हो, सफलतापूर्वक लड़ी जा सकेगी । उन्होंने पाकिस्तान के हाथ की सरकार

क्लासीफाइड विज्ञापन

ड्राईविंग सीखें

ड्राईविंग हैवी ट्रक, कार (लाइसैंस समेत), टैलीविज़न, ट्रांज़िस्टर, स्टीरियो, इलैक्ट्रीशियन, प्लम्बर, कारपैंटर, RCC बार-बैंडर, बैल्डिंग कोर्स । रिहायश फ्री, मिलें : नैशनल इंजीनियरिंग कालेज, पीछे बस स्टैंड की पानी वाली टैंकी, लुधियाना, फोन : 31437; *सामने बस स्टैंड, खन्ना; *184, मोता सिंह नगर, जालंधर ।

मैडिकल

मैडिकल कोर्स या रजिस्ट्रेशन करवाने से पूर्व सलाह लें तथा मैडिकल व स्वास्थ्य संबंधी पुस्तकों का सूची पत्र मुफ्त मंगवाएं :-मैडिकल हाऊस, कुतुब रोड, दिल्ली-110006.

(JD)

नाम परिवर्तन

मैं,लछमन दास सुपुत्र श्री सरधा राम गांव मसाना जाटूटान, डाकखाना मुस्तफ़ाबाद जिला कुरुक्षेत्र, ने अपना नाम बदल कर लच्छमन सिंह रख लिया है ।

चिकित्सा

चमड़ी रोग, मर्दों और औरतों की पूरी सेहत वास्ते

टैलीविज़न सीखें

रंगदार टैलीविज़न, V.C.R. कोर्स मिलें : नैशनल इलैक्ट्रौनिक्स ट्रेनिंग कालेज, सामने आऊट गेट, बस स्टैंड, पठानकोट ।

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 17.4.88, 43/- without trays. NECC Suggested Retail Price 6/- per Dozen.

बिकाऊ

बॉयलर 8x4 वर्टीकल, Rating 76, Pressure 100, Year of make 1949. मिलें : B. S. Woollen Fnishers, Krishanpura, Panipat, Phone :2697.

(JD)

आवश्यकता

नान वैजीटेरियन ब्रांच के लिए एक अनुभवी कुक चाहिए । 21 अप्रैल को स्वयं मिलें । मिगलानी प्रापर्टी डीलर्स, 23, लक्ष्मी मार्कीट, नेहरू गार्डन रोड, जालंधर ।

मुनियारी की दुकान पर काम करने के लिये

निविद

मुठभेड़ में 6 दुर्दांत उग्रवादी मरे, 3 जवान घायल : 7 घुसपैठी मारे गये

वल्टोहा क्षेत्र में पुलिस पार्टी पर हमला, डी.एस.पी. बाल-बाल बचा

डाक्टर समेत 6 की हत्या, खालड़ा क्षेत्र में 2 लाख की लूट

चंडीगढ़, 18 अप्रैल(वार्ता. ह.स.): उग्रवादियों ने अकाली नेता, शिक्षक, डाक्टर सहित 6 लोगों की हत्याएं कर दी । पुलिस दल पर घात लगाकर किए गए हमले में एक डी.एस.पी. बाल-बाल बच गया जबकि 5 पुलिस कर्मी घायल हो गए । खालड़ा क्षेत्र में एक ग्राम में दो लाख रुपए की नकदी व जेवर लूटे गए । उग्रवादियों के सम्भावित हमलों की आशंका के दृष्टिगत राज्य भर में कड़ी सतर्कता के आदेश दे दिए गए । बी.एस.एफ. से हुई विभिन्न मुठभेड़ों में 7 घुसपैठिये मारे गए । निशान सिंह बिछोवा व सतनाम सिंह जैसे दुर्दांत उग्रवादियों सहित 6 उग्रवादी भी मारे गए ।

6 उग्रवादी मरे

आज बाद दोपहर थाना लोपोके के अन्तर्गत गांव बोपाराय कलां में एक बड़ी मुठभेड़ में 6 दुर्दांत उग्रवादी मारे गए जबकि सी.आर.पी. के तीन जवान घायल हो गए । सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ के बाद भारी मात्रा में हथियार व गोली-सिक्का बरामद किया । गत दो दिनों में यह दूसरी बड़ी मुठभेड़ है । कल की मुठभेड़ में रत्ता गुड्डा गांव में 6 आतंकवादी व तीन सी.आर.पी. जवान मारे गए थे ।

मृतकों में 'ए' श्रेणी का दुर्दांत उग्रवादी निशान सिंह बिछोवा शामिल है । पुलिस के अतिरिक्त महानिदेशक के.पी.एस. गिल के अनुसार मुठभेड़ तीन घंटे तक चली ।

श्री गिल ने बताया कि मृतकों में सतनाम सिंह, एरिया कमांडर आफ भिंडरावाला टाइगर्स फोर्स तथा जग्गा सिंह व ढिल्लों शामिल हैं । उनसे चार आर्मी यूनिफार्म भी मिलीं । एक माऊजर पिस्तौल भी मिला है । एक चीनी राइफल पर खालिस्तान शब्द खुदा हुआ है । दूसरी चीनी राइफलों पर भिंडरावाला टाइगर्स फोर्स, सतनाम सिंह एरिया कमांडर जग्गा सिंह, ढिल्लों के नाम खुदे हुए हैं ।

उन्होंने बताया कि इस मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने उग्रवादियों से बड़ी संख्या में साइनाइड की गोलियां भी बरामद की हैं । उन्होंने बताया कि यदि यह गिरोह सतनाम सिंह का है तो वह करीब 40 व्यक्तियों की हत्या के लिए जिम्मेदार था ।

जिला मुख्यालय में पहुंची सूचनाओं के अनुसार गांव बोपा राय से सुरक्षा बलों की एक गश्ती टुकड़ी जीप पर गुजर रही थी कि अचानक खेतों में से उग्रवादियों ने सुरक्षा बलों पर फायरिंग शुरू कर दी, जिस पर जवानों ने तुरंत पोजीशनें लेकर आतंकवादियों की फायरिंग के जवाब में भीषण गोलीबारी की । यह मुठभेड़ शाम 5.15 बजे शुरू हुई और करीब पौना घंटा चली । जिसके परिणामस्वरूप छः उग्रवादी मारे गए जबकि दूसरी ओर सुरक्षा बलों के तीन जवान घायल हुए, जिनमें एक सब-इंस्पैक्टर आर.एस. पाल तथा दो कांस्टेबल रत्न सिंह तथा पी. रापाया शामिल हैं । इन तीनों घायलों को अमृतसर के सिविल अस्पताल में दाखिल कराया गया है । मृत उग्रवादियों के कब्जे से 5 ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफलें, एक विदेशी कार्बाइन तथा तीन एच.ई. 36 हथगोले मिले । इसके अलावा भारी परिमाण में गोली-सिक्का भी बरामद हुआ ।

सूचना में कहा गया है कि सुरक्षा बलों पर यह फायरिंग गांव के बाहर स्थित मास्टर तारा सिंह के फार्म हाऊस से की गई थी । अमृतसर जिला के उच्च पुलिस अधिकारी मौके पर चले गए हैं ।

आर.एम.पी. की हत्या

बटाला (कोछड़): जिला गुरदासपुर में नवगठित पुलिस जिला बटाला के थाना सदर के गांव रियाली कलां में आज प्रातः लगभग 9.30 बजे दो सशस्त्र अज्ञात युवकों ने फायरिंग करके एक व्यक्ति की हत्या कर दी । पुलिस के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार आतंकवादियों द्वारा मारे गए व्यक्ति का नाम ज्ञान सिंह (50 वर्ष) है । वह अलीवाल में आर.एम.पी. डाक्टर की प्रैक्टिस करता था और गांव रियाली कलां में रहता था । आज सुबह वह तैयार होकर स्कूटर पर अलीवाल जाने के लिए जैसे ही निकला, पैदल आए दो अज्ञात युवकों ने चीनी असाल्ट राइफल ए.के. 47 से फायरिंग करके उसकी हत्या कर दी और उसका स्कूटर पी.बी.जे. 6408 लेकर फरार हो गए । स्कूटर बाद में पुलिस को निकटवर्ती गांव सुन्दल के पास पड़ा मिला ।

'चौधरी' के अनुसार ज्ञान सिंह गांव का सरपंच भी था । वह अपने पीछे विधवा पत्नी, 2 लड़के तथा एक लड़की छोड़ गया है । इस वारदात के सम्बन्ध में पुलिस ने 6 व्यक्तियों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है ।

2 लाख की नकदी, जेवर लूटे

खालड़ा (शर्मा): गत रात्रि खालड़ा थाने के गांव माड़ी कम्बोकी में कुछ उग्रवादियों ने तीन भाइयों मेजर सिंह, प्रीतम सिंह, अजीत सिंह व एक व्यक्ति चरण सिंह से कुल 2 लाख रुपए मूल्य की नकदी व सोने के जेवर लूट लिए । बताया जाता है कि पहले तीनों भाइयों को इकट्ठा करके उन्हें धमकी दी गई कि जो है दे दो अन्यथा उनकी हत्या कर दी जाएगी ।

सतर्कता आदेश

फगवाड़ा (कौड़ा): कल पंजाब में उग्रवादियों व सुरक्षा बलों की परस्पर भिड़तों में लगभग एक दर्जन उग्रवादियों के मारे जाने के दृष्टिगत आतंकवादियों द्वारा किसी भी सम्भावित प्रतिक्रिया के दृष्टिगत राज्य भर में कड़े सतर्कता आदेश दिए गए हैं व सभी जिलाधिकारियों को सम्बन्धित जिलों में सभी संवेदनशील क्षेत्रों, महत्वपूर्ण व्यक्तियों इत्यादि की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था करने को कहा गया है । इसी मध्य सुरक्षा बलों द्वारा राज्य भर में अचानक छापा व तलाशी अभियान निरन्तर जारी है ।

सब-डिवीजनल मैजिस्ट्रेट फगवाड़ा श्री कंवलवीर सिंह सिद्धू ने फगवाड़ा सब-डिवीजन में स्कूटरों व मोपेडों पर दोहरी पुरुष सवारी बिठाने पर आज्ञा की समयावधि में वृद्धि कर दी है । आज यहां जारी एक आदेश द्वारा फगवाड़ा सब-डिवीजन में प्रातः छः बजे से सायं सात बजे तक अब इन वाहनों पर दोहरी पुरुष सवारी बिठाने की आज्ञा प्रदान की गई है जबकि इन्हीं वाहनों पर इकहरी सवारी की आज्ञा प्रातः छः बजे से रात्रि नौ बजे तक दे दी गई है । आदेश द्वारा 3.5 हार्स पावर या इससे अधिक शक्ति के वाहनों पर प्रतिबंध पूर्ववत् जारी रहेगा ।

राकेश के अनुसार आज स्थानीय पुलिस ने निकटवर्ती गांवों मानकां, पंडोरी, भल्लाराई व वाधां में आतंकवादियों की टोह में छापे मारे तथा दो व्यक्तियों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ शुरू कर दी है ।

पुलिस ने पिछले दिनों एक व्यक्ति डा. तरलोचन सिंह गांव पंडोरी को उग्रवादियों को संरक्षण देने के आरोप में गिरफ्तार किया था, को अदालत ने आज पुलिस रिमांड समाप्त होने पर तीन मई तक जुडिशियल रिमांड देकर जालंधर जेल भेज दिया है ।

थाना सदर के अंतर्गत उग्रवादियों की गतिविधियों की रोकथाम के लिए 'विशेष पुलिस अफसर' की नियुक्ति करने का फैसला किया गया है जोकि उन देहातों में तैनात होंगे जो अधिक आतंकवाद के शिकार हैं । इसके लिए भूतपूर्व फौजियों व गांवों के अच्छे नौजवानों को पहल दी जाएगी । प्रत्येक गांव में पांच अफसर रखे जाएंगे तथा उनका वेतन व हथियार पंजाब सरकार उपलब्ध करवाएगी । उक्त अफसर किसी भी सुरक्षा बलों तथा पुलिस के आदेश के बिना ही अपना एक्शन ले सकेंगे ताकि उग्रवादियों का मुकाबला कर सकें ।

मांस विक्रेता की हत्या

जालन्धर : जालन्धर जिले के नूरमहल थाने के तलवन गांव के एक मांस विक्रेता सोहन सिंह की आज तड़के तीन संदिग्ध आतंकवादियों ने हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार आतंकवादी सोहन सिंह के मकान में घुस गए और उसकी हत्या करके भाग गए । पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है ।

न.न.ए. के अनुसार सोहन सिंह प्रमुख कांग्रेसी नेता था । वह अपने घर के बरामदे में सो रहा था कि आतंकवादियों ने गोलियां मार कर उसे मार डाला ।

पुलिस दल पर हमला

अमृतसर (वि.प्र.): आतंकवादियों के एक गिरोह ने गत रात वल्टोहा थानान्तर्गत बरनाला गांव के करीब पुलिस के एक गश्ती दल पर घात लगा कर हमला किया । इससे पांच पुलिस कर्मी गम्भीर रूप से घायल हो गए । घायलों में से तीन की हालत नाजुक बताई जाती है ।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि पट्टी के पुलिस उपाधीक्षक जयदेव सुमन के नेतृत्व में कुछ वाहनों में सवार पुलिस दल इलाके की गश्त लगा रहा था । पुल के करीब छिपे आतंकवादियों ने चीन निर्मित ए.के. 47 राइफल जैसे आधुनिक हथियारों से उन पर गोली चलानी शुरू कर दी । पुलिस ने जवाब में गोली चलाई लेकिन उग्रवादी भागने में सफल हो गए ।

हैड कांस्टेबल सच्चा सिंह, तीन कांस्टेबल हरदीप सिंह, हजारा सिंह और बूटा सिंह तथा ड्राइवर गुरदयाल सिंह गम्भीर रूप से घायल हो गए । उन्हें

(शेष पृष्ठ 6 पर)

Punjab Sandesh

(6) दैनिक पंजाब केसरी जालंधर, 19 अप्रैल, 1988



अमृतसर के गांव बोपाराय कला में उग्रवादियों ने पंजाब पुलिस की जीप पर फायरिंग करके (1) हवलदार सच्चा सिंह, (2) हरदेव सिंह, (3) हरदीप सिंह और (4) गुरदयाल सिंह (तीनों सिपाही)को घायल कर दिया । ये सभी गुरु तेगबहादुर अस्पताल अमृतसर में उपचाराधीन हैं । (छाया : रंजु भंडारी)

दुर्दांत उग्रवादी मरे
(पृष्ठ 3 का शेष)

यहां गुरु तेग बहादुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनमें से तीन की हालत गम्भीर बताई जाती है ।

हैड कांस्टेबल के कंधे पर गोलियां लगीं, जबकि तीन कांस्टेबलों को टांगों में गोलियां लगी बताई गई हैं ।

शिक्षक की हत्या

अमृतसर के रमदास थाना क्षेत्र ग्राम मवोली में उग्रवादियों ने विनोद कुमार नामक एक स्कूल शिक्षक की हत्या कर दी । विनोद कुमार ने दो उग्रवादियों को हथियारों सहित स्कूल में आते देखा तो वह भागा पर उग्रवादियों ने पीछा करके उसे गोली मार दी ।

राख मिला

पुलिस सूत्रों के अनुसार अमृतसर सदर थाना क्षेत्र के ग्राम बुर्ज में गोलियों से बिंधा किसी अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ है ।

कल अजनाला के एक सिनेमा हाल के बाहर हुए बम विस्फोट में एक व्यक्ति घायल हो गया था, उसे अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है ।

एक की हत्या, 2 घायल

अमृतसर में थाना अजियाला के गांव लोने में आतंकवादियों ने गत रात एक व्यक्ति निरंजन सिंह की हत्या कर दी जबकि कुंदन सिंह व हीरा सिंह को घायल कर दिया ।

5 पुलसिये मरे

गत रात्रि भारत-पाक सीमा के अटारी सैक्टर में गांव मक्खा में सीमा सुरक्षा बल के सशस्त्र सैनिकों ने 5 पाकिस्तानी घुसपैठी मारे गए । उनकी दो लाशें कब्जे में भी लीं ।

अजनाला सैक्टर में हुई मुठभेड़ में भी 2 पाक घुसपैठिए मारे गए ।

ट्रैक्टर चुराया

मुक्तिसर (सांसल): आज यहां से 46 किलोमीटर दूर गांव रोहला में तीन सशस्त्र सवार एक देसी शराब के ठेके से 28115 रुपए तथा 40 शराब की बोतलें लूट कर फरार हो गए । यह सूचना पुलिस ने दी ।

स्कूटर छीना

जरग (जरीर): यहां के निकटवर्ती गांव मजाद के पास अज्ञात वैक्तिक नामक एक व्यक्ति से दो उग्रवादियों ने पिस्तौल की नोक पर उसका स्कूटर पी.एच.बी. 3517 छीन लिया ।

रहस्यमय फायरिंग

बस्सी पठाना (रूपनगर): रविवार की रात्रि को नगर के दक्षिण-पूर्व छोर की ओर से लगभग साढ़े आठ बजे गोलियां चलने की आवाज सुनाई दी । उस समय लोग अपने घरों में बैठे रविवारीय फीचर प्रोग्राम देख रहे थे । एक अनुमान के अनुसार चलाई गई गोलियों की संख्या 10 से 20 तक थी । पुलिस ने तुरन्त उस क्षेत्र को घेर में ले लिया परन्तु अभी तक गोलियां चलाने वालों का पता नहीं चल पाया और न ही यह पता चल सका है कि गोली कहां चली । पुलिस ने गश्त तेज कर दी है ।

दोहरी सवारी पर पाबंदी बढ़ी

'संभी' के अनुसार चंडीगढ़ के जिला मैजिस्ट्रेट श्री कृष्ण मोहन ने दंपतिया स्वचालित वाहनों पर रात के समय दोहरी सवारी पर सात में लगी पाबंदी को 18 मई से घटा कर 11 बजे रात्रि कर दिया है लेकिन पाबंदी एक घंटा कम कर दी गई है । अब यह पाबंदी शाम 7 बजे से लेकर सुबह 6 बजे तक लागू रहेगी जबकि पहले पाबंदी सुबह 7 बजे तक थी ।

'समाज सुधार' अभियान फिर शुरू

मोगा (बांसल): आज दिन की वारदातों से यह बात स्पष्ट हो गई है कि उग्रवादियों ने गांवों में अपना तथाकथित समाज सुधार अभियान फिर शुरू कर दिया है । गांवों में ऐसी चेतावनियां दी जा रही हैं कि टी.वी. के एंटीना हटा दिए जाएं और अमृतधारी सिख कृपाण धारण करें । शराब की दुकानों को लूटा जा रहा है तथा शराब की दुकानें चलाने वालों की हत्या की कोशिश की जा रही है । केवल मोगा सब डिवीजन में ही गत 16 दिनों में तीन शराब के ठेकों पर हमले किए गए, जिनमें दो व्यक्ति मारे गए तथा एक घायल हो गया । ऐसा महसूस किया जा रहा है कि इससे सरकार को शराब की बिक्री से होने वाली आय में कमी होगी क्योंकि शराब के ठेकों के मालिक भयभीत हो गए हैं । यहां से 2 किलोमीटर दूर गांव दुनेके में भी टी.वी. एंटीना हटाने तथा कृपाण धारण करने की मुनादी की गई है ।

उग्रवादियों की गोलियों से बटाला के निकटस्थ गांव रियाली कला में मारा गया डाक्टर ओ.एन.सिंह (ऊपर) और अस्पताल में विलाप कर रहे मृतक के सम्बन्धी (नीचे) । (छाया : खोसला)

अकाली नेता की हत्या

आज सायं फरीदकोट के रोमियां ग्राम में उग्रवादियों ने सब्जिन्दर सिंह रोमी नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी ।

मृतक्यक्त सिंह रोमियां सोना सार्वजनिक सेवादी का भू.पू. अध्यक्ष था व अकाली दल (लोंगोवाल) का सक्रिय कार्यकर्त्ता था । यह अपने घर जा रहा था, जब उस पर हमला हुआ ।

रजरा का जिला-भगत
(पृष्ठ 3 का शेष)

के पलायन के सम्बन्ध में पूछे गए प्रश्न के उत्तर में श्री रे ने कहा कि लोगों में आतंक को समाप्त करने के लिए सरकार ने अमृतसर जिले में तीन तथा गुरदासपुर जिले में दो पुलिस जिले बनाए हैं । उन्होंने कहा कि सरकार इस बात के लिए हर सम्भव कदम उठा रही है कि न केवल लोगों का पलायन रुके बल्कि पलायन करके गए लोग अपने-अपने घरों को वापस लौट आएं ।

जोधपुर के बंदी

जोधपुर के और नजरबंदों की रिहाई की सम्भावना के बारे में पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में राज्यपाल ने कहा कि इस बात की सम्भावना से इन्कार नहीं किया जा सकता है । उन्होंने कहा कि वैसे यह प्रधानमंत्री पर निर्भर करता है, यह निर्णय तो प्रधानमंत्री ने करना है कि स्थिति की जरूरत को देखते हुए क्या कदम उठाए जाएं ।

राज्यपाल अपनी दिल्ली यात्रा के दौरान केन्द्रीय कृषि मंत्री, केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री तथा गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों से भी भेंट करेंगे ।

अरोड़ा के बारे में विशेष रिपोर्ट मांगी

श्री रे ने कहा कि उन्होंने एन.एन. वोहरा समिति के अमृतसर स्थित सलाहकार श्री कुलदीप सिंह अरोड़ा की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में विशेष रिपोर्ट तैयार करने को कहा है । ऐसा होने के उत्तर में उन्होंने कहा कि पहले रिपोर्ट आने दीजिए तब सरकार उनकी गिरफ्तारी के बारे में सोचेगी । श्री अरोड़ा को अमृतसर में गत 2 अप्रैल को रासुका के अन्तर्गत गिरफ्तार किया गया था ।

उग्रवादी संगठनों द्वारा प्रचार
(पृष्ठ 3 का शेष)

पंजाब के बाहर के लोगों पर अपनी ईमानदारी का प्रभाव डालना चाहती है तो इसका असर उलटा ही हुआ और साम्प्रदायिक भावनाएं पैदा हुई हैं ।

पंजाब के खेल इस बात से हैरान हैं कि केंद्र इतने खतरनाक खेल क्यों खेल रहा है ।

पंजाब में आतंकवाद से निपटने के लिए और ज्यादा प्रशासनिक उपाय कर रहा है । पंजाब में आतंकवाद से निपटने के लिए और ज्यादा प्रशासनिक उपाय कर रहा है । चूंकि राज्यपाल श्री सिंह्वर मान से भेंट आए हैं, समझा जाता है कि एक-दो दिन में स्थिति की पुनः समीक्षा करेंगे तथा पंजाब के राज्यपाल श्री एस.एस. रे के तीन सलाहकारों की नियुक्ति बारे स्वीकृति देंगे । राज्यपाल ने शुरू में सलाहकारों की नियुक्ति के प्रस्ताव का विरोध किया था परन्तु देखने में आया है कि चूंकि राज्यपाल आपात-कालीन स्थिति निपटने में व्यस्त रहते हैं, उन्होंने सभी आर्थिक मामले विभागीय सचिवों व अन्य अधिकारियों को सौंप रखे हैं, जिनमें राज्य सरकार के सभी स्तरों पर भ्रष्टाचार फैल चुका है । राज्य में पुलिस प्रशासन भी भ्रष्ट बताया जाता है ।

वधवा समिति द्वारा किरण बेदी के निलंबन की मांग रद्द

नई दिल्ली, 18 अप्रैल (एजेंसी): राजधानी में वकीलों के आंदोलन से संबंधित घटनाओं की जांच कर रही विशेषाधिकार समिति ने जनरी दिल्ली की पुलिस उपायुक्त श्रीमती किरण बेदी को निलंबित करने की मांग को ठुकरा दिया है । समिति ने सिफारिश की है कि श्रीमती बेदी के खिलाफ गृहमंत्री बूटा सिंह को शिकायत भेजी जाए ।

नई दिल्ली के एन.एन. गोस्वामी और न्यायमूर्ति डी.पी. वधवा ने अपनी अन्तरिम रिपोर्ट में कहा, "श्रीमती पुलिस उपायुक्त (उत्तरी) श्रीमती किरण बेदी के खिलाफ की पर्याप्त साक्ष्य है ।

समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि हम नहीं समझते कि विधानसभा इस अभ्यावेदन में इस सरकार को कोई और विभिन्न मुद्दों पर अभी अपने निष्कर्ष देने हैं । अन्तरिम रिपोर्ट में कहा गया है कि हालांकि हमने एक प्रथम दृष्टया निष्कर्ष दिया है, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं है कि उस आधार पर ही विधानसभा इस अभ्यावेदन में इस सरकार को उनके खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई शुरू करने की सिफारिश करें । निश्चित रूप से हम उनके निलम्बन की सिफारिश नहीं कर सकते क्योंकि इसे एक दंड के रूप में लिया जा सकता है जबकि हमें अभी अपनी जांच पूरी करनी है ।"

श्री बूटा सिंह ने सदन में बताया कि समिति ने श्रीमती बेदी तथा चार अन्य पुलिस अधिकारियों के तबादले की सिफारिश की है । इसे सरकार ने स्वीकार करके कार्रवाई कर दी है । श्री बेदी के अलावा जिन चार अधिकारियों का तबादला किया गया है, उनके नाम इस प्रकार हैं : अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त एम.एल. संघू, थाना समयपुर के एस.एच.ओ. भगवान सिंह तथा सब-इंस्पैक्टर सोपान सिंह कानपुर और तीसहजारी पुलिस चौकी के इंचार्ज जितेन्द्र सिंह ।

इस रिपोर्ट में सिफारिश की गई है कि "इन अधिकारियों को ऐसे विभागों में तत्काल स्थानांतरित किया जाए जहां वे इनमें से किसी के लिए समिति अथवा अन्यथा हानिप्रद होने वाले व्यक्ति को प्रभाव अथवा अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करना सम्भव न हो । समिति ने यह भी सिफारिश की कि 21 जनवरी और 17 फरवरी की घटनाओं से सम्बन्धित मामलों की जांच का कार्य अन्वेषण सी.बी.आई. को सौंपा जाए ।

रिपोर्ट में कहा गया है कि 21 जनवरी की घटना की प्रथम सूचना रिपोर्ट ठीक-ठीक दर्ज नहीं की गई । श्रीमती बेदी ने स्वयं यह बात कही है । हम महसूस करते हैं कि 17 फरवरी की प्रथम सूचना रिपोर्ट लापरवाही से लिखी गई है ।

गुमशुदा की तलाश

मेरे पिता श्री रसालदार सिंह, उम्र 54 साल, कद 5'-3", रंग सांवली, 8.4.88 को 5 बजे सैर को निकले, वापिस घर नहीं पहुंचे। पहुंचाने वाले को 1000/- शुक्रराना दिया जाएगा ।

कुलदीप सिंह, क्वार्टर नं. 313, जी-ब्लाक नंगल टाऊनशिप (पंजाब)

कम्युनिस्ट विधायक करने वाले उग्रवादियों

चंडीगढ़, 18 अप्रैल (संघी): हरियाणा पुलिस ने गत 10 अप्रैल को शाहाबाद के कम्युनिस्ट विधायक श्री हरनाम सिंह के घर गोलियों की बौछार करने के कांड में शामिल सभी उग्रवादियों की शिनाख्त कर लेने में सफलता प्राप्त कर ली है । प्राप्त समाचारों के अनुसार इस कांड में 5 उग्रवादी शामिल थे, जिनमें से एक की मौके पर ही मृत्यु हो गई थी । इस कांड में श्री हरनाम सिंह के पुत्र सहित परिवार के 3 सदस्यों की मृत्यु हो गई थी जबकि श्री हरनाम सिंह सहित पांच व्यक्ति घायल हो गए थे ।

प्राप्त समाचारों के अनुसार इस कांड के फरार उग्रवादियों में से 2 हरियाणा व 2 पंजाब के रहने वाले हैं । उन्हें पकड़ने के लिए हरियाणा पुलिस ने राज्य के साथ-साथ पंजाब के क्षेत्र में कई स्थानों पर छापे मारे लेकिन अभी तक उनका पता नहीं चल सका । यह भी पता चला है कि हरियाणा सरकार को सूचनाएं मिली हैं कि खालिस्तान कमांडो फोर्स से सम्बन्धित लगभग आधी दर्जन पूर्व राज्य में उग्रवादी कार्रवाइयां करने के लिए सरहार सहित परिसर से रिनात किए गए हैं । और वे गए पंजाब की सीमा से लगते राज्यों के जिलों अम्बाला, करनाल, हिसार व सिरसा में सक्रिय होने की कोशिश में हैं । सरकार ने उग्रवादियों की गतिविधियों से निपटने के लिए पिछले एक सप्ताह के दौरान ही कई व्यापक पग उठाए हैं । राज्य में दाखिल होने वाले सभी वाहनों की जांच की जा रही है तथा उग्रवादियों के छिपने के



अमृतसर के सीमा क्षेत्र अटारी के गांव रोडाबाला में बी.एस.एफ. ने 8 किलो हैरोइन (नीचे) पकड़ी, जिसकी भारत में मूल्य 80 लाख और विदेश में 8 करोड़ है । (ऊपर) बी.एस.एफ. के डी.आई.जी. श्री भारत भूषण के साथ नाकां पार्टी के अधिकारी व जवान, जिन्होंने हैरोइन पकड़ी ।

पंजाब में भूमिगत जल स्तर गिर रहा है

लुधियाना, 18 अप्रैल (वि.सं.): पंजाब में भूमि के नीचे जल-स्तर खतरनाक गति से नीचा हो रहा है और यदि सुरक्षात्मक उपाय न किए गए तो भूमि बंजर बन जाएगी, विशेषज्ञ चेतावनी दी है । यह जानकारी पंजाब जल संरक्षण निदेशक श्री एस.एस. तेलवी ने दी । यह यहां से 45 किलोमीटर दूर गांव अकोरा में जल संरक्षण शिविर समारोह में बोल रहे थे ।

नगर निगम के कार्यालय 'शोक स्वरूप बंद रहे'

लुधियाना, 18 अप्रैल (वि.सं.): लुधियाना नगर निगम के सभी कार्यालय आज जल के आरंभ दिन के लिए, श्री कांसटेबली गुरमीत सिंह तथा इंस्पैक्टर दिल की मौत के, शोक स्वरूप बंद रहे । उल्लेखनीय है कि गत सप्ताह ये दोनों जीवन खोते समय आतंकवादियों के हमले में मारे गए थे ।

सरकारी सम्मान से अन्त्येष्टि

गोरया से सेहरा के अनुसार पुलिस कांस्टेबल इकबाल सिंह की अन्त्येष्टि आज उनके पैतृक गांव बड़ा सिंह में पूरे सरकारी सम्मान के साथ कर दी गई । इस अवसर पर लुधियाना के एस.पी. मुख्यालय श्री इकबाल सिंह ढिल्लों और लुधियाना नगर निगम के संयुक्त आयुक्त श्री ए.एस. गुलाटी भी उपस्थित थे ।

Punjabi Sahara

लिया ।

चीनी का ट्रक ले गए

एक अन्य सूचना के अनुसार गत रात छ संदिग्ध उग्रवादी करतारपुर के निकट चीनी की बोरियों से लदे एक ट्रक पी.एन.बी. 7833 को भगा ले गए। उस ने ट्रक चालक को पिस्तौल दिखाकर ट्रक से नीचे उतार दिया था।

मार्क्सवादी कार्यकर्त्ता की हत्या : 3 घायल

उग्रवादियों ने आज दिन में 12.30 जे जालन्धर जिले में गांव संगढ़ेसियां व गोराया के मध्य जी.टी. रोड पर मार्क्सी कम्युनिस्ट पार्टी के नेता श्री कुलवन्त सिंह रुड़काकलां तथा श्री शिंगारा सिंह बोपाराय तथा उनके अन्य दो साथियों पर अंधाधुंध फायरिंग करके उन्हें गम्भीर रूप से घायल कर दिया । इन घायलों को सी.एम.सी. अस्पताल लुधियाना में भर्ती कराया गया है । श्री कुलवन्त सिंह गांव के सरपंच भी हैं ।

बाद में श्री कुलवन्त सिंह के साथ घायल मार्क्सवादी कम्युनिस्ट कार्यकर्त्ता अश्विनी कुमार के अस्पताल में मृत्यु हो गई । वह श्री कुलवन्त सिंह का गनमैन भी था । पुलिस सूत्रों के अनुसार आतंकवादियों की संख्या का पता नहीं चल सका है। घायल मार्क्सी नेता अपनी मारुति कार सी.एच.आ. 6564 में सवार होकर कहीं जा रहे थे कि रास्ते उन पर अज्ञात व्यक्तियों ने घात लगाकर अंधाधुंध गोलियां चलाईं । बताया जाता है कि श्री कुलवन्त सिंह के साथियों ने भी अपने लाइसैंसी हथियारों आक्रमण करने वालों पर गोलियां चलाईं जिस उग्रवादी भाग गए पर कार में बैठे सभी व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गए । कार को भी भा क्षति पहुंची है ।

पुलिस ने केस दर्ज करके जांच प्रारम्भ कर है । अस्पताल में भर्ती किए गए अन्य घायलों व दशा में सुधार बताया गया है ।

बताया जाता है कि श्री कुलवन्त सिंह व श्री शिंगारा सिंह कथित रूप से उग्रवादियों की हि लिस्ट में थे ।

थाना नूरमहल के गांव उमरपुर के एक व्यक्ति प्रियतम सिंह से उग्रवादी पिस्तौल की नोक प उसका 32 बोर का रिवाल्वर तथा तीन गोलियां लू ले गए ।

(शेष पृष्ठ 6 पर)

अमृतसर के गांव बोपारायकलां में गत दिवस मुठभेड़ में मारे गये आतंकवादी (1 से 6) निशान सिंह, जगदीश सिंह, गुलजार सिंह, सोभा सिंह और अन्य के शव (7 से 9) सी.आर.पी. के घायल तीन जवान रतन सिंह, आर.एस. पाल और पी. राजपाल अस्पताल में चिकित्साधीन (10) बोपाराय गांव के खेतों में वह बम्बी जहां मुठभेड़ हुई, (11) घटनास्थल पर गश्त करते सुरक्षा कर्मी (12-14) खेतों से मिले हथगोले, गोली सिक्का दिखाते हुए जवान और अभी खोज जारी, (15-17) गांव में डेरा तारा सिंह जहां की तलाशी ली गई और बैठी महिलाएं । (छाया : रवि भंडारी)

अमृतसर के गांव बोपारायकलां में सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ के बाद भारी परिमाण में हथियार औ गोली-सिक्का बरामद किया जिनके ऊपर 'खालिस्तान' लिखा है—राइफलें, मैगजीनें, गोली सिक्का, माउज़ पिस्तौलें और बम-गोले । (छाया : ओम भंडारी

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बब्बर खालसा का शस्त्रागार

(पृष्ठ 3 का शेष)

नकोदर में उग्रवादियों के हाथों मारा गया ए.एस.आई. बुध सिंह । (छाया : गगन)

लुधियाना में आतंकवादियों द्वारा घायल पुलिस कांस्टेबल इकबाल सिंह जो गत दिवस अस्पताल में दम तोड़ गया । (छाया : कम्बोज)

गोराया के निकट गांव संगढेसियां में मंगलवार की प्रातः को उग्रवादियों ने मार्क्सी कम्युनिस्ट नेताओं की कार पर फायरिंग करके उन्हें गम्भीर रूप से घायल कर दिया और कार ड्राइवर की हत्या कर दी । (ऊपर) गांव संगढेसिया के बस स्टैंड का कमरा, जिसमें छिपकर उग्रवादियों ने फायरिंग की । (नीचे) कम्युनिस्ट नेताओं की कार, जो फायरिंग के दौरान पंक्चर होकर वृक्ष से टकराकर टूट गई । (छाया : सिहरा)

(ऊपर) आतंकवादियों द्वारा क्षीरे कोट अमृतसर जिले में मारे गए शिदर सिंह पुत्र रतन सिंह मज़हबी की लाश (नीचे) महंत मुंशा दास की लाश । चित्र में उसकी लम्बी जटाएं भी दिखाई दे रही हैं । (छाया : जयपाल)

एक गिरफ्तार

फगवाड़ा (राकेश): पिछले दिनों स्थ
थाना सदर पुलिस ने जसबीर सिंह उर्फ बिट्टू नि
गांव डाडियां जिला होशियारपुर को आतंकवा
को पनाह देने के आरोप में गिरफ्तार किया था
पुलिस ने शारीरिक रिमांड समाप्त होने पर अद
में पेश किया । अदालत ने उसका 3 मई
न्यायिक रिमांड देकर जालन्धर जेल भेज दिया

कौड़ा के अनुसार केन्द्रीय आरक्षण बल
डी.आई.जी. श्री के.आर. के. प्रशाद ने आज
स्थानीय रैस्ट हाऊस में बल के अधिकारियों से
स्तरीय बैठक की व गम्भीर मंत्रणाएं कीं । स
जाता है कि हाल ही में उग्रवादियों द्वारा के
आरक्षण बल की फगवाड़ा स्थित चौकी पर राके
किए आक्रमण व विगत दिवस जिला अमृतस
उग्रवादियों के साथ एक भिड़ंत में तीन जवानों
मृत्यु के उपरांत उत्पन्न हुए हालात के बाद उत
हुई नवीनतम स्थिति पर विचार-विमर्श
गया । बैठक में इन घटनाओं के बाद सी.आर
की चौकियों पर कड़े सुरक्षा प्रबन्धों बारे मंत्रणाए
गई ।

टैलीविजन चलाने पर महिला की हत्या

बटाला (कोछड़): पंजाब के नवगठित पू
जिला बटाला के गांव मन्नन में दो अज्ञात युवक
फायरिंग करके श्रीमती सतनाम कौर (40 व
की हत्या कर दी । जिला पुलिस के आधिकारी
सूत्रों के अनुसार हत्या कल रात नौ बजे की
जिसकी सूचना पुलिस को आज बाद दोपहर मिली
बताया जाता है कि दो आतंकवादी श्रीमती सत
कौर के घर में घुसे और बोले कि टी.वी. क्यों
रखा है, और इसके साथ ही एक ने ईंट मारकर टी
तोड़ दिया और दूसरे ने 303 के रिवाल्वर
फायरिंग करके सतनाम कौर की हत्या कर दी

कीमती सामान ले गए

होशियारपुर से अश्विनी कपूर ने खबर दी है
गत रात माहलपुर के निकटवर्ती गांव कल्लेकल
में चार सशस्त्र आतंकवादियों ने जोगेन्द्र सिंह
मकान में घुस कर उसकी पत्नी जसबीर कौर
सोने की बालियां, उसके पति की घड़ी और 6
रुपए लूट लिए । इसके बाद उग्रवादियों ने दोनो
एक कमरे में बंद कर दिया और दूसरे कमरों के
तोड़कर उनमें से कीमती सामान उठा लिया
फरार हो गए ।

अकाली नेता के गनमैन व ड्राइवर की मृ

अकाली दल (ल) के नेता व मोगा मार्कीट क
के भूतपूर्व चेयरमैन मलकीयत सिंह की कार
ड्राइवर जरनैल सिंह तथा उनका निजी गन
बलवंत सिंह, जो कल श्री मलकीयत सिंह
उग्रवादियों द्वारा किए गए हमले के दौरान गम
रूप से घायल हो गए थे, की आज मोगा सि
अस्पताल में मृत्यु हो गई ।

उग्रवादियों ने कल सायं श्री मलकीयत सिंह
उनके गांव रानियां के निकट गोली मार कर ह
कर दी ।

युवक की हत्या

बाघा पुराना से ज्ञान मित्तल के अनुसार पुलि
नत्थूवाला ग्राम के पास के ग्राम वड्डा घर
मल्कियत सिंह नामक एक युवक का गोलियं
बिंधा शव बरामद किया है । वह दो दिन से ला
था । उसके परिजनों के अनुसार पुलिस वर्दी
दो व्यक्ति उसे घर से ले गए थे । पुलिस
अनुसार उग्रवादियों ने मल्कियत सिंह की हत्या
दी है ।

पुजारी की हत्या

अबोहर (सदोष): स्थानीय बालाजी मन्दि
युवा पुजारी कृष्ण कुमार की गत रात्रि में एक
तीन अज्ञात व्यक्तियों ने हत्या कर दी तथा मन्दि
मुख्य पुजारी श्री राधे श्याम को गम्भीर रूप से घ
कर दिया । बताया जाता है कि अभि
हनुमानगढ़ रोड स्थित इस प्रसिद्ध मन्दिर की दी
फांद कर मन्दिर परिसर में घुसे । घायल श्री
श्याम को गम्भीर रूप से घायल अवस्था में अस्प
में भर्ती कराया गया है । मन्दिर में उस
उपस्थित एक अन्य वृद्ध पुजारी श्री गुरदयाल
समय बिजली बंद होने के कारण बच गया । ह
मन्दिर से चांदी का मुकुट तथा नकदी भी ले ग
मृतक पुजारी का पिछले दिनों ही विवाह हुआ

इस घटना की सूचना मिलते ही पुलिस व के
रिजर्व पुलिस के जवान घटनास्थल पर पहुंच
तथा उन्होंने सारे क्षेत्र को घेर लिया । क्षे
निवासियों में इस घटना को लेकर भारी रोष व
है ।

बब्बर खालसा का शस्त्रागार

(पृष्ठ 3 का शेष)

नकोदर में उग्रवादियों के हाथों मारा गया ए.एस.आई. बुध सिंह । (छाया : गगन)

लुधियाना में आतंकवादियों द्वारा घायल पुलिस कांस्टेबल इकबाल सिंह जो गत दिवस अस्पताल में दम तोड़ गया । (छाया : कम्बोज)

गोराया के निकट गांव संगढेसियां में मंगलवार की प्रातः को उग्रवादियों ने मार्क्सी कम्यूनिस्ट नेताओं की कार पर फायरिंग करके उन्हें गम्भीर रूप से घायल कर दिया और कार ड्राइवर की हत्या कर दी । (ऊपर) गांव संगढेसिया के बस स्टैंड का कमरा, जिसमें छिपकर उग्रवादियों ने फायरिंग की । (नीचे) कम्यूनिस्ट नेताओं की कार, जो फायरिंग के दौरान पंक्चर होकर वृक्ष से टकराकर टूट गई । (छाया : सिहरा)

एक गिरफ्तार

फगवाड़ा (राकेश): पिछले दिनों स्थानीय थाना सदर पुलिस ने जसबीर सिंह उर्फ बिट्टू निवासी गांव डाडियां जिला होशियारपुर को आतंकवादियों को पनाह देने के आरोप में गिरफ्तार किया था, को पुलिस ने शारीरिक रिमांड समाप्त होने पर अदालत में पेश किया । अदालत ने उसे 3 मई तक न्यायिक रिमांड देकर जालन्धर जेल भेज दिया है ।

कौड़ा के अनुसार केन्द्रीय सुरक्षण बल के डी.आई.जी. श्री के.आर. के. प्रसाद ने आज सायं स्थानीय रैस्ट हाऊस में बल के अधिकारियों से उच्च स्तरीय बैठक की व गम्भीर मंत्रणा की । समझा जाता है कि हाल ही में उग्रवादियों द्वारा केन्द्रीय आरक्षण बल की फगवाड़ा स्थित चौकी पर राकेटों से किए आक्रमण व विगत दिवस जिला अमृतसर में उग्रवादियों के साथ एक भिड़ंत में तीन जवानों की मृत्यु के उपरांत उत्पन्न हुए हालात के बाद उत्पन्न हुई नवीनतम स्थिति पर विचार-विमर्श किया गया । बैठक में इन घटनाओं के बाद सी.आर.पी. की चौकियों पर कड़े सुरक्षा प्रबन्ध करने की मंत्रणाएं की गईं ।

टैलीविजन चलाने पर महिला की हत्या

बटाला (कोछड़): पंजाब के नवगठित पुलिस जिला बटाला के गांव मत्तनं में दो अज्ञात युवकों ने फायरिंग करके श्रीमती सतनाम कौर (40 वर्षीय) की हत्या कर दी । जिला पुलिस के अधिकारिक सूत्रों के अनुसार हत्या कल रात नौ बजे की गई जिसकी सूचना पुलिस को आज दोपहर मिली । बताया जाता है कि दो आतंकवादी श्रीमती सतनाम कौर के घर में घुसे और बोले कि टी.वी. क्यों चला रखा है, और इसके साथ ही एक ने छुरा मारकर टी.वी. तोड़ दिया और दूसरे ने 303 के रिवाल्वर से फायरिंग करके सतनाम कौर की हत्या कर दी ।

कीमती सामान ले गए

होशियारपुर से अश्विनी कपूर ने खबर दी है कि गत रात माहलपुर के निकटवर्ती गांव कल्लेकलां में चार संदिग्ध आतंकवादियों ने जोगेन्द्र सिंह के मकान में घुस कर उसकी पत्नी जसबीर कौर की सोने की बालियां, उसके पति की घड़ी और 600 रुपए लूट लिए । इसके बाद उग्रवादियों ने दोनों को एक कमरे में बंद कर दिया और दूसरे कमरों के ताले तोड़कर उनमें से कीमती सामान उठा लिया और फरार हो गए ।

अकाली नेता के गनमैन व ड्राइवर की मृत्यु

अकाली दल (ल) के नेता व मेन मार्केट कमेटी के भूतपूर्व चेयरमैन मलकीयत सिंह की कार का ड्राइवर जरनैल सिंह तथा उनका निजी गनमैन बलवंत सिंह, जो कल श्री मलकीयत सिंह पर उग्रवादियों द्वारा किए गए हमले के दौरान गम्भीर रूप से घायल हो गए थे, की आज सुबह सिविल अस्पताल में मृत्यु हो गई ।

उग्रवादियों ने कल सायं श्री मलकीयत सिंह की उनके गांव रानियां के निकट गोली मार कर हत्या कर दी ।

युवक की हत्या

बाघा पुराना से ज्ञान मित्तल के अनुसार पुलिस ने नत्थूवाला ग्राम के पास के खेत वड्डा घर के मल्कियत सिंह नामक एक युवक का गोलियों से बिंधा शव बरामद किया है । वह दो दिन से लापता था । उसके परिजनों के अनुसार पुलिस वर्दी पहने दो व्यक्ति उसे घर से ले गए थे । पुलिस

Punjabi Bolta



लुधियाना में आतंकवादियों द्वारा घायल पुलिस कांस्टेबल इकबाल सिंह जो गत दिवस अस्पताल में दम तोड़ गया । (छाया : कम्बोज)

गोराया के निकट गांव संगढेसियां में मंगलवार की प्रातः को उग्रवादियों ने मार्क्सी कम्युनिस्ट नेताओं की कार पर फायरिंग करके उन्हें गम्भीर रूप से घायल कर दिया और कार ड्राइवर की हत्या कर दी । (ऊपर) गांव संगढेसिया के बस स्टैंड का कमरा, जिसमें छिपकर उग्रवादियों ने फायरिंग की । (नीचे) कम्युनिस्ट नेताओं की कार, जो फायरिंग के दौरान पंक्चर होकर वृक्ष से टकराकर टूट गई । (छाया : सिहरा)

(ऊपर) आतंकवादियों द्वारा धीरे कोट अमृतसर जिले में मारे गए शिदर सिंह पुत्र रतन सिंह मज़हबी की लाश (नीचे) महंत मुंशा दास की लाश । चित्र में उसकी लम्बी जटाएं भी दिखाई दे रही हैं । (छाया : जयपाल)

फायरिंग करके श्रीमती सतनाम कौर (40 वर्षीय) की हत्या कर दी । जिला पुलिस के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार हत्या कल रात 9 बजे की गई जिसकी सूचना पुलिस को आज बाद दोपहर मिली । बताया जाता है कि दो आतंकवादी श्रीमती सतनाम कौर के घर में घुसे और बोले के "बीबी, क्यों छुपा रखा है, और इसके साथ ही एक ने ललकार कर टी.वी. तोड़ दिया और दूसरे ने 303 की रिवाल्वर से फायरिंग करके सतनाम कौर की हत्या कर दी ।

कीमती सामान ले गए

होशियारपुर से अश्विनी कपूर की खबर दी है कि गत रात माहलपुर के निकटवर्ती गांव कल्लेकल में चार संदिग्ध आतंकवादियों ने हंसराज सिंह के मकान में घुस कर उसकी पत्नी जसबीर कौर की सोने की बालियां, उसके पति की घड़ी और 600 रुपए लूट लिए । इसके बाद उग्रवादियों ने दोनों को एक कमरे में बंद कर दिया और दूसरे कमरों के ताले तोड़कर उनमें से कीमती सामान उठा लिया और फरार हो गए ।

अकाली नेता के गनमैन व ड्राइवर की मृत्यु

अकाली दल (ल) के नेता व मोगा मार्कीट कमेटी के भूतपूर्व चेयरमैन मलकीयत सिंह की कार का ड्राइवर जरनैल सिंह तथा उनके निजी गनमैन बलवंत सिंह, जो कल श्री मलकीयत सिंह पर उग्रवादियों द्वारा किए गए हमले के दौरान गम्भीर रूप से घायल हो गए थे, की आज मोगा सिविल अस्पताल में मृत्यु हो गई ।

उग्रवादियों ने कल सायं श्री मलकीयत सिंह की उनके गांव रानियां के निकट गोली मार कर हत्या कर दी ।

युवक की हत्या

बाघा पुराना से ज्ञान मित्तल के अनुसार पुलिस ने नत्थूवाला ग्राम के पास से एक बड्डा घर से मल्कियत सिंह नामक एक युवक की गोलियों से बिंधा शव बरामद किया है । वह कई दिन से लापता था । उसके परिजनों के अनुसार पुलिस वर्दी पहने दो व्यक्ति उसे घर से ले गए थे । पुलिस के अनुसार उग्रवादियों ने मल्कियत सिंह की हत्या कर दी है ।

पुजारी की हत्या

अबोहर (सदोष): स्थानीय हनुमान जी मन्दिर के युवा पुजारी कृष्ण कुमार की गतरात्रि में एक या तीन अज्ञात व्यक्तियों ने हत्या करी तथा मन्दिर के मुख्य पुजारी श्री राधे श्याम को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । बताया जाता है कि अभियुक्त हनुमानगढ़ रोड स्थित इस सिद्धमन्दिर की दीवार फांद कर मन्दिर परिसर में घुसे । घायल श्री राधे श्याम को गम्भीर रूप से घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है । मन्दिर में उस समय उपस्थित एक अन्य वृद्ध पुजारी ने गुरदयाल उस समय बिजली बंद होने के कारण बच गया । हत्यारे मन्दिर से चांदी का मुकुट तथा नकदी भी ले गए । मृतक पुजारी का पिछले दिनों ही विवाह हुआ था ।

इस घटना की सूचना मिलते ही पुलिस व केन्द्रीय रिजर्व पुलिस के जवान घटनास्थल पर पहुंच गए तथा उन्होंने सारे क्षेत्र को घेर लिया । क्षेत्र के निवासियों में इस घटना को लेकर भारी रोष व्याप्त है ।

Punjab Archive

एकीकृत अकाली दल के नेता सहित 6 की हत्या : 2 आतंकवादी मारे गए

ममदोट सैक्टर में दो पाक घुसपैठी मुठभेड़ में मरे

जालंधर के गांव में लड़की को गोली मारी गई

चंडीगढ़, 20 अप्रैल (वार्ता, ह.स.): गत 24 घंटों के दौरान पंजाब में एकीकृत अकाली दल के एक नेता सहित 6 व्यक्तियों की हत्या की गई । पुलिस के साथ मुठभेड़ में 2 आतंकवादी मारे गए जबकि 2 पाकिस्तानी घुसपैठिए सीमा सुरक्षा बल की गोली का शिकार हुए । इसके अलावा कुछ लूट-पाट की वारदातें हुई ।

महंत की हत्या

बटाला (कोछड़): नवगठित पुलिस जिला बटाला में पुलिस थाना डेरा बाबा नानक के गांव डेढ़गबार में गत रात कुछ अज्ञात लोगों ने वहां एक मन्दिर के महंत रामदास (65) की हत्या कर दी । पुलिस केआधिकारिक सूत्रों के अनुसार हत्या रात देर से की गई लेकिन पुलिस को आज प्रातः पता चला । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

सोने की बालियां व चूड़ियां ले गए

इसी जिला में पुलिस थाना श्री हरगोबिन्दपुर के गांव दकोहा में गत रात कुछ अज्ञात सशस्त्र युवक एक घर में घुस कर वहां सो रही एक महिला के कानों से सोने की बालियां व कलाई से सोने की चूड़ियां उतार कर फरार हो गए । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

टैक्सी चालक घायल

खन्ना (पूर्ण): गत रात खन्ना का एक टैक्सी ड्राइवर बलविंदर सिंह अपनी टैक्सी लेकर गांव सलोदी गया । सलोदी से एक किलो मीटर के फासिले पर उसे दो युवकों ने रोका और पिस्तौल दिखाकर टैक्सी उनके हवाले करने को कहा, परन्तु उसने ऐसा करने से इन्कार कर दिया, जिस पर एक युवक ने पिस्तौल से दो गोलियां चलाकर उसे घायल कर दिया । रात को ही उसे सिविल अस्पताल लाया गया । डाक्टर ने प्रारम्भिक उपचार के बाद उसे सी.एम.सी. लुधियाना भेज दिया । उसकी दशा चिन्ताजनक है ।

ठेके से नकदी लूटी

कल बाद दोपहर एक स्कूटर पर सवार तीन युवक यहां से आठ किलोमीटर दूर गांव रोहनंकलां के शराब के ठेके पर आए और कारिंदों को पिस्तौल दिखाकर सारी नकदी उनके हवाले करने को कहा, कारिंदे ने सभी 2815 रुपए उनके हवाले कर दिए । वे रुपए लेकर चले गए ।

2 घुसपैठी मरे

फिरोज़पुर (बागी): भारत-पाक सीमा के ममदोट सैक्टर में सीमा सुरक्षा बल से मुठभेड़ में दो पाक घुसपैठी मारे गए । मृतकों के पास से भारतीय तथा पाकिस्तानी रुपए बरामद हुए ।

कारिंदे की हत्या

भटिंडा (ग्रोवर): कुछ अज्ञात लोगों ने गत रात थाना बलियांवाली के गांव खोखर में शराब के ठेके के कारिंदे प्रेम कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी । हत्या करने के बाद अभियुक्त फरार होने में सफल हो गए ।

दो आतंकवादी मरे

फरीदकोट (वार्ता): आज तड़के थाना महना के गांव रामूवाला में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए । मुठभेड़ तब हुई जब पुलिस पार्टी ने चार संदिग्ध व्यक्तियों को रुकने के लिए संकेत दिया और उन्होंने गोली चलानी शुरू कर दी । पुलिस की जवाबी फ़ायरिंग में उनमें से दो मारे गए जबकि दो अन्य फरार हो गए ।

बाघापुराना से मित्तल के अनुसार मृत आतंकवादियों के कब्जे से दो चीनी ए.के. 47 असाल्ट राइफलें जो कि मैगजीनों से भरी हुई थीं, दो मैगजीन तथा 20 चले हुए कारतूस बरामद किए गए । फरार हुए आतंकवादियों की खोज की जा रही है । जिला पुलिस चीफ श्री गोबिन्दराम ने बताया कि मृतक आतंकवादी बाघापुराना थाने के गांव जैमलसिंहवाला में एक अप्रैल को तीन व्यक्तियों की हत्या, घोलियां खुर्द में 7 अप्रैल को 5 व्यक्तियों की हत्या तथा कोटला साहर सिंह में 10 अप्रैल को हुई 4 व्यक्तियों की हत्या की वारदातों में वांछित थे ।

शव यात्रा पर लाठीचार्ज

अबोहर (सदोष): कल बाला जी मन्दिर में आतंकवादियों के हाथों मारे गए पुजारी कृष्ण कुमार शास्त्री की अंत्येष्टि में शामिल होने से पुलिस ने लोगों को रोका । दूसरे घायल पुजारी राधे श्याम की हालत सिविल अस्पताल में सुधर रही है । अभी तक पुलिस इस मामले का कोई सुराग नहीं लगा पाई । इसी बीच हिंदू शिव सेना प्रधान सतपाल खारीवाल, भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रधान विनोद सिंगला, भाजपा के महासचिव रामकिशन मित्तल ने बिना किसी उत्तेजना के लोगों पर लाठीचार्ज किए जाने की निंदा की तथा आरोप लगाया कि पुलिस ने शव उठाए हुए लोगों पर भी लाठियां बरसाईं ।

ग्रंथी की हत्या

अमृतसर (वार्ता): गत रात्रि अमृतसर में गिलवाली गली में स्थित गुरुद्वारे के ग्रंथी हरभजन सिंह की आतंकवादियों ने गोली मारकर हत्या कर दी ।

एक व्यक्ति की हत्या

तरनतारन से 'पन्नू' के अनुसार गत रात लगभग 11 बजे यहां से 16 किलो मीटर दूर गांव पखोके में दो अज्ञात व्यक्तियों ने एक व्यक्ति जरनैल सिंह (35) की गोलियां मारकर हत्या कर दी । मृतक थाना जंडियाला के गांव बत्त का निवासी था । वह एक गुरुद्वारे के लिए गेहूं लेने तथा दूसरी उग्राही के लिए दलबीर सिंह के फार्म हाऊस पर जो कि गांव से एक किलो मीटर दूर स्थित है, आया हुआ था । अचानक दो संदिग्ध व्यक्ति वहां आए और वे जरनैल सिंह को उग्राही करने के लिए बुरा भला कहने लगे । इसी बीच वे उसकी पीठ पर राइफल तानकर उसे फार्म हाऊस से बाहर लगभग बीस गज की दूरी पर ले गए और वहां उसकी गोलियां मारकर हत्या कर दी । जरनैल सिंह को चार गोलियां लगीं । उसके साथ एक दस वर्षीय लड़का भी उग्राही के लिए आया हुआ था लेकिन आतंकवादियों ने उसको कुछ नहीं कहा । यह भी बताया जाता है कि जरनैल सिंह आप्रेशन ब्लू स्टार से पहले भिंडरांवाले का आदमी समझा जाता था । बाद में उसके विचार बदल गए तथा सरकार ने उसको हथियार के लिए लाइसैंस दिया था । सरकार जांच कर रही है ।

जत्थेदार व पुत्र की हत्या

कपूरथला (शर्मा): आतंकवादियों ने आज तड़के कपूरथला जिले के भुहावेंद गांव में कपूरथला कोतवाली क्षेत्र के एकीकृत अकाली दल के जत्थेदार हीरा सिंह और उसके पुत्र इन्द्रजीत सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी तथा उनकी पत्नी बलबीर कौर को गम्भीर रूप से घायल कर दिया ।

कपूरथला जिला के पुलिस प्रमुख स्वर्ण सिंह ने बताया कि कुछ आतंकवादी आज तड़के जत्थेदार के घर में घुसे और अंधाधुंध गोलियां चलाईं । इससे परिवार के दो सदस्य घटनास्थल पर ही मारे गए । श्री सिंह ने कल ही नए पुलिस प्रमुख का पद भार सम्भाला था । आतंकवादियों ने ए.के. 47 राइफल का उपयोग किया । श्री सिंह ने बताया कि घटना के बाद आतंकवादियों के छिपने के अनेक ठिकानों पर छापा मारा गया और पूछताछ के लिए अनेक व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया है ।

पुलिस ने बताया कि जत्थेदार हीरा सिंह की हत्या की जिम्मेदारी बब्बर खालसा संगठन ने अपने ऊपर ली है ।

ठेका लूटा गया

नकोदर (गगन): नकोदर से पांच किलो मीटर दूर जालन्धर वाली सड़क पर स्थित गांव गोहीर के शराब के ठेके से दो बंदूकधारी व्यक्तियों द्वारा 3000/- रुपए लूट लेने की खबर मिली है । बताया जाता है कि रात 8.30 बजे के करीब लुटेरे आए और बंदूक की नोक पर दिन भर की सेल

(शेष पृष्ठ 8 पर)

हेगड़े द्वारा असंतुष्टों को खुली चुनौती

बैंगलूर, 20 अप्रैल : कर्नाटक के मुख्यमंत्री राम कृष्ण हेगड़े ने आज अपनी पार्टी के असंतुष्ट विधायकों को चुनौती दी कि वे जनता विधायक दल की बैठक में उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाएं । उन्होंने घोषणा की कि बैठक तीन मई को होगी । दिल्ली से लौटने के बाद श्री हेगड़े ने सम्वाददाताओं के प्रश्नों का जवाब देते हुए कहा कि असंतुष्ट अगर ऐसा प्रस्ताव लाते हैं तो उनका स्वागत है । उन्होंने कहा कि विश्वास प्रस्ताव लाने की बजाए मैं इसका अधिक स्वागत करूंगा । श्री हेगड़े ने कहा कि उन्होंने कई मंत्रियों को पत्र लिखा है जो मंत्रि परिषद की बैठक में उनके प्रति विश्वास प्रकट करने के बावजूद अब असंतुष्टों का साथ दे रहे हैं । उन्होंने पत्र का विवरण बताने से इन्कार किया । लेकिन उन्होंने कहा कि पत्र 'कारण बताओ' नोटिस नहीं है । श्री हेगड़े ने कहा कि पार्टी के

उग्रवादियों को प्रोत्साहन देने में पाक को अमरीकी मदद

नई दिल्ली, 20 अप्रैल : लोकसभा में आज दोनों पक्षों के सदस्यों का विचार था कि पंजाब में आतंकवादी तत्वों को बढ़ावा देने की पाकिस्तान की कार्रवाई के पीछे किसी बड़ी ताकत का हाथ है और यह ताकत अमरीका के अलावा और कोई नहीं है । विदेश मंत्रालय की अनुदान मांगों पर आज दूसरे दिन की बहस में भाग लेते हुए सदस्यों ने अमरीका द्वारा

मिला । एक सशक्त, गुट निरपेक्ष, स्थायित्वपूर्ण सार्वभौमिक पाकिस्तान स्वयं भारत के राष्ट्रीय हित में है । उन्होंने कहा कि चीन के साथ सीमा का मामला बहुत जटिल है । भारत इसे शांतिपूर्ण बातचीत के साथ हल करना चाहता है,लेकिन किसी भी समाधान में दोनों देशों के बीच जनभावना का ख्याल रखना बहुत जरूरी है । श्री गांधी ने बताया



जिला गुरदासपुर में सुरक्षा बलों द्वारा छापे के दौरान पकड़ी गई 16 दिखाते हुए ।





जिला अमृतसर के गांव लालपुरा में गत दिवस एक फार्म हाऊस से सुर कर पकड़ा गया शस्त्र भंडार (1) सी.आर.पी. के महानिरीक्षक श्री डी.आई.जी. श्री एस.एस. विर्क शस्त्रों का निरीक्षण करते हुए, (2) असाल्ट राइफलें और पांचों में भरे हुए मैगजीन, (3) ए.के. 47 राइफ (4) 15 खाली मैगजीनें, (5) पिस्तौल की दो सौ गोलियों से बना 'ड

Punjabi Bhaichara

जिला गुरदासपुर में सुरक्षा बलों द्वारा छापे के दौरान पकड़ी गई 16 मिजाइलें, सीमा सुरक्षा बल के डी.आई.जी. श्री चमन लाल पत्रकारों को दिखाते हुए । (छाया : विनोद)





2

3

4

5



6



1

जिला अमृतसर के गांव लालपुरा में गत दिवस एक फार्म हाऊस से सुरक्षा बलों द्वारा छापा मार कर पकड़ा गया शस्त्र भंडार (1) सी.आर.पी. के महानिरीक्षक श्री के.पी.एस. गिल और डी.आई.जी. श्री एस.एस. विर्क शस्त्रों का निरीक्षण करते हुए, (2) पांच चीनी ए.के. 47 असाल्ट राइफलें और पांचों में भरे हुए मैगजीन, (3) ए.के. 47 राइफलों की असंख्य गोलियां, (4) 15 खाली मैगजीनें, (5) पिस्तौल की दो सौ गोलियों से बना 'इंडिया' शब्द, (6) 30 बोर की 11 पिस्तौलें, (7) 38 बोर की 6 पिस्तौलें, 32 बोर का एक रिवाल्वर और पिस्तौलों की मैगजीन । (छाया : रवि भंडारी)

एकीकृत अकाली दल के नेता की हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

लूटकर चलते बने ।

फिल्लौर (भाखड़ी): गत रात यहां से तीन किलो मीटर दूर गांव तेहंग में महेन्द्र सिंह नामक व्यक्ति के घर हुई लूट की घटना का विवरण प्राप्त हुआ है । लुटेरों ने,जिनकी संख्या पांच थी व एक के पास दोनाली बंदक व दूसरे के पास पिस्तौल व अन्य के पास लोहे की सलाखें थीं, 30000/- रुपए का माल लूट लिया । महेन्द्र सिंह ने पुलिस को बताया कि गत आधी रात को वह अपने कमरे में ताले लगाकर सो रहा था कि लुटेरों ने आकर उसकी भैंस को खोल दिया । उसने समझा कि भैंस खुल गई है । वह ताला खोल कर भैंस को बांधने उठा । लुटेरों ने जो पास ही छिपे थे,उसे पकड़कर दबोच लिया व उसे अन्दर ले गए । वह उससे एक दोनाली बंदक 13 कारतूस, 2500/- रुपए नकद व सोने की बालियां, कीमती कपड़े, टेप रिकार्डर व अन्य सामान छीन कर ले गए ।

दो स्कूटर छीने

सरहिंद से 'राकेश' के अनुसार गत रात मंडी गोबिंदगढ़ रेलवे स्टेशन के निकट दो अज्ञात व्यक्ति हथियारों की नोक पर एक व्यक्ति हरमिंदर सिंह आहूती से उसका स्कूटर पी.सी.के. 3012 छीन कर ले गए । इसी प्रकार यहां से दस किलो मीटर दूर थाना पुलेपर के गांव रुड़की में एक व्यक्ति सुखदेव सिंह से दो पिस्तौलधारी उसका स्कूटर नम्बर सी.एच.टी. 7871 छीन कर ले गए ।

लड़की को गोली मार दी

जालन्धर (ह.स.): जालन्धर जिले के पास अलगो गांव में दो आतंकवादियों ने एक लड़की वरिंदर कौर को गोली मार दी जिससे वह घायल हो गई । हमलावरों ने उससे उसके चाचा तथा भाई का अता-पता पूछा । जब उसने कहा कि वे घर पर नहीं हैं तो उन्होंने लड़की को ही गोली मार दी ।

खालिस्तानी पोस्टर

आज सायं जालन्धर जिले के थाना आदमपुर के गांव कंडोला में बस अड्डे पर खालिस्तान समर्थक पोस्टर देखे जाने पर क्षेत्र में आतंक व्याप्त हो गया । पुलिस सूत्रों ने बताया कि पोस्टर पर भिंडरांवाला तथा अमरीक सिंह के चित्र भी थे । पुलिस ने तत्काल पोस्टर हटा दिया तथा मामले की जांच कर रही है ।

अश्विनी की अन्त्येष्टि

जालन्धर जिले के बोपाराय ग्राम में अश्विनी कुमार की अन्त्येष्टि कर दी गई । उसे कल गोराया के पास सगोलिया ग्राम में उग्रवादियों ने उस समय गोली मार कर मार डाला था, जब वह मार्क्सीत कार में अन्य मार्क्सी नेताओं के साथ जा रहा था । अन्त्येष्टि के अवसर पर प्रमुख मार्क्सी नेता गुरचरण सिंह

बटाला के गांव मेतले में आतंकवादियों की गोलियों से मारी गई श्रीमती सतनाम कौर । (छाया : क्वेछड़)



अमृतसर में दरबार साहब के बाहर अखाड़ा ब्रह्म बूटा के निकट उग्रवादियों द्वारा छुरा घोंप कर अनिल कुमार की हत्या कर दी गई । (ऊपर) अनिल कुमार उनके पीछे दरबार साहब की ओर भागा, मगर घटा पर चौक में गिरकर दम तोड़ गया । (नीचे) उसका शव । (छाया : पंजाब केसरी)

रंधावा आदि उपस्थित थे । तीन अन्य घायलों शंघारा सिंह, चूहड़ सिंह, जगराज सिंह की हालत में सुधार बताया जाता है ।

फिल्लौर (निर्मल): गत दिनों फिल्लौर के गांव मुठड़ा के पास डाकटर अमरजीत सिंह से छीना गया स्कूटर पी.सी.आर. 2325 मिल गया है । लुटेरे उस स्कूटर को फिल्लौर-नूरमहल सड़क पर हरीपुर गांव के पास छोड़ गए ।

पुलिस द्वारा गांवों में छापे जारी

फगवाड़ा (राकेश): कल रात स्थानीय थाना सदर पुलिस व सी.आर.पी.एफ. ने निकटवर्ती गांवों नारंग शाहपुर तथा पंधेरी में छापे मार कर कई मकानों की तलाशी ली परन्तु पुलिस किसी भी व्यक्ति को हिरासत में लेने या गिरफ्तार करने में सफल नहीं हुई । पुलिस पिछले कई दिनों से गांवों में छापे मारने का अपना अभियान जारी रखे हुए है ।

Punjabi Sahit

पुलिस कांस्टेबल, प्रवासी मज़दूर सहित पंजाब में 6 की हत्या, 5 व्यक्ति घायल

फिरोज़पुर में बी.एस.एफ. की 5 अतिरिक्त बटालियनें पहुंचेंगी

लुधियाना में प्रापर्टी डीलर को लूटा, स्कूटर छीना

चंडीगढ़, 21 अप्रैल (वार्ता, ह.स.): पंजाब में गत 24 घंटों के दौरान आतंकवादियों ने एक पुलिस कांस्टेबल, एक प्रवासी मज़दूर सहित 6 व्यक्तियों की हत्या कर दी । जिला फिरोजपुर में भारत-पाक सीमा पर गश्त तेज करने के लिए बी.एस.एफ. की 5 अतिरिक्त बटालियनें शीघ्र पहुंचने की सम्भावना है । कुछ स्थानों पर शराब के ठेके लूटने व वाहन छीनने की भी वारदातें हुईं ।

राज्य में विभिन्न वारदातों में 12,000 रुपए से अधिक की राशि लूटी गई ।

महंत की हत्या

बटाला (कोछड़, विनोद): पुलिस जिला बटाला के थाना डेरा बाबा नानक के गांव कोटली सूरत मल्ली में गत रात कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने मन्दिर के पुजारी नारायण शाह (80 वर्ष) की हत्या कर दी । जिला पुलिस अधीक्षक श्री सुमेध सैनी ने बताया कि हत्या रात को नौ बजे के बाद की गई मगर पुलिस को सूचना सबेरे दी गई । बताया गया है कि उग्रवादी मन्दिर का दरवाजा तोड़कर अन्दर दाखिल हुए और महंत के सिर पर गोलियां मारकर उसकी हत्या कर दी । पुलिस ने 8 संदिग्ध लोगों को हिरास्त में ले लिया है । शव का पोस्ट मार्टम करके लाश वारिसों के हवाले कर दी है ।

कांस्टेबल की हत्या

सरकारी सूत्रों ने आज बताया कि पंजाब पुलिस के कांस्टेबल अजमेर सिंह की थाना धारीवाल में उसके पैतृक गांव केले कलां में उग्रवादियों ने हत्या कर दी । कांस्टेबल जालन्धर में नियुक्त था और छुट्टियां बिताने आया था ।

आतंकवादियों का संगठन

उग्रवादियों के नए संगठन खालिस्तान अनारेगोनट फोर्स की ओर से पत्रकारों को भेजी गई एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि उनका मुख्यालय जिला गुरदासपुर में होगा और उनका मुख्य कार्य लूट-खसूट, धमकी पत्र लिखने वालों, मुखबिरों व अमृतधारी बन उसे भंग करने वालों की हत्या करना होगा । वह खालिस्तान बनाने के लिए संघर्ष करेंगे । प्रैस नोट पर इसके नेता गड़गज सिंह गड़गज, निधड़क सिंह निधड़क, निडर सिंह शेर और जालम सिंह जालम का नाम लिखा है ।

दो ठेके लूटे

होशियारपुर (प्रद्युम्न): यहां से 30 कि.मी. दूर ब्रही में और 25 कि.मी. दूर ढोलबाहा में दो ठेके लूटे गए । पहले ठेके से 1200 रुपया और दूसरे से 2400 रुपया लूटा गया जबकि एक कर्मचारी को घायल किया गया । सूचनानुसार प्रमोद कुमार जो मदन लाल से ठेके पर काम करता है, ब्रही में बैठा था कि एक युवक उससे एक पौआ ले गया । सायं सात बजे यही युवक अपने एक साथी के साथ फिर आया और बोला तुम्हें कहा नहीं था कि सायं सात बजे के बाद ठेका बंद कर दिया करो । इसपर उसने कहा कि आपने जो कुछ लेना है ले लो । इस पर उन्होंने उससे गल्ले की सारी रकम 1200 रुपया ले लिया और जाते समय उसे चाकू से घायल कर गए । दूसरे ठेके पर सायं साढ़े सात बजे आए 2400 रुपया रमेश चन्द्र नामक कर्मचारी से छीनकर भाग गए । पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है ।

दो की हत्या

अमृतसर (ह.स., वि.प्र.): अमृतसर जिले में कल रात एक किसान गुरमुख सिंह और बिहार से आया एक खेत मजदूर अलग-अलग वारदातों में मारे गए । पुलिस के मुताबिक, जंडियाला थाने के निरंजनपुरा गांव में किसान गुरमुख सिंह अपने खेत में फसल की रखवाली के लिए सोया हुआ था । आतंकवादियों ने ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल से गोलियां चलाकर उसे मार डाला झब्बाल थाने के बुचेड़ गांव में बिहार से आया एक खेत मजदूर मारा गया ।

भिंडरांवाला टाइगर फोर्स का काम

वि.प्र. ने खबर दी है कि एक सरकारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि निरंजनपुरा में की गई हत्या भिंडरांवाला टाइगर फोर्स के एक ग्रुप का काम है । पुलिस की जांच के अनुसार आतंकवादियों का एक साथी भूपिन्द्र सिंह उर्फ भिंदा एक लड़की से प्रेम करता है, उस लड़की का अपने मामा के साथ जमीन का झगड़ा रहा है । मृतक उस लड़की के विरुद्ध उसके मामा की मदद कर रहा था जिस पर उसे ठिकाने लगा दिया गया ।

एक व्यक्ति की हत्या

फरीदकोट (वार्ता): गत रात मोगा सब डिवीजन के गांव बुध सिंह वाला में एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी गई । उसकी पहचान नहीं हो सकी ।

बी.एस.एफ. अधिकारी आएंगे

फिरोजपुर (धीमान): बी.एस.एफ. के अधिकारियों की एक टीम दस दिनों के अन्दर फिरोजपुर जिला का दौरा कर रही है ताकि पाकिस्तान के साथ लगने वाली सीमा सील करने के पगों का जायजा लिया जा सके । जिलाधीश श्री राकेश सिंह ने बताया कि इस समय जिला में बी.एस.एफ. की चार बटालियनें हैं तथा पांच बटालियनें शीघ्र पहुंच रही हैं ताकि सीमा के साथ-साथ गश्त को तेज किया जा सके । उन्होंने कहा कि प्रत्येक बटालियन के अन्तर्गत सुरक्षा की दृष्टि से लगभग बीस किलो मीटर का क्षेत्र आता है ।

शिनाख्ती कार्डों के बारे में जिलाधीश ने कहा कि यह कार्ड सीमा पट्टी के पांच किलो मीटर क्षेत्र में रहने वाले 15 वर्ष से अधिक आयु के पुरुषों को स्थायी आधार पर जारी किए जाएंगे । इनकी संख्या लगभग 70 हजार होने की सम्भावना है । श्री सिंह ने कहा कि जिन लोगों को शिनाख्ती कार्ड जारी किए जाने हैं, उनकी सूची तैयार की जा रही है । यह कार्ड सैक्यूरिटी प्रिंटिंग प्रैस नासिक में छापे जाएंगे ।

बंदूक छीनी

एक अन्य समाचार में कहा गया है कि सशस्त्र उग्रवादी गांव माचेके में एक घर में घुसकर एक डबल बैरल बंदूक व 18 कारतूस ले गए ।

प्रापर्टी डीलर लूटा

लुधियाना (ह.स.): आज यहां माडल टाऊन में एक प्रापर्टी डीलर जगत राम से उसका बैग छीन लिया गया जिसमें 8,500 रुपए थे । दो आतंकवादी उसकी दुकान में घुसे और पिस्तौल की नोक पर बैग लेकर चलते बने। लौटते हुए उन्होंने किसी सरकारी विभाग के इंजीनियर हरनेक सिंह को रोका और हवा में कुछ गोलियां चलाने के बाद उसका स्कूटर छीन कर ले गए ।

एक मरा एक घायल

पटियाला (ह.स.): पटियाला से करीब 30 किलो मीटर दूर सरहिंद में कल रात आतंकवादियों ने शराब की दुकान पर दो व्यक्तियों को गोली मारकर घायल कर दिया था । इनमें से नरेश कुमार की आज राजिन्द्रा अस्पताल में मृत्यु हो गई । दूसरे घायल अमरजीत सिंह को मामूली घाव आए हैं ।

फायरिंग से एक जख्मी

नकोदर (गगन): नकोदर से एक किलो मीटर की दूरी पर महितपुर वाली सड़क पर स्थित बुड्डी

(शेष पृष्ठ 8 पर)

21वीं शती में प्रवेश करते समय भारत विश्व भर के सर्वाधिक ऋण देशों में एक होगा : गिल

पटियाला, 21 अप्रैल (भूषण): "जब हम इक्कीसवीं शताब्दी में प्रवेश करेंगे तो उस समय भारत विश्व भर के सर्वाधिक ऋणी देशों में एक होगा ।"

यह समीक्षा भारत के सुविख्यात अर्थ विशेषज्ञ डा. के.एस. गिल की है, जो गुरुनानक देव विश्वविद्यालय के उपकुलपति रह चुके हैं । यहां पंजाबी विश्वविद्यालय के इकनौमिक्स डिपार्टमैंट की ओर से कराए गए एक विशेष भाषण में जो गत दिवस कराया गया, डा. गिल ने देश पर बढ़ते हुए ऋण पर गहरी चिन्ता प्रकट की । उन्होंने कहा कि दूसरे देशों से लिया गया ऋण इतना बढ़ चुका है कि अब भारत की गणना उन छः देशों में होती है जो भारी ऋणों के बोझ तले दबे हुए हैं । व्यापार घाटा 6 हजार करोड़ रुपए से बढ़ गया है और आत्मनिर्भरता का लक्ष्य प्राप्त करने की कोई संभावना दिखाई नहीं देती ।

रहा है, जो इस बात से प्रकट है कि सन् 1950-51 में यह अनुमान लगाया गया था कि प्रति व्यक्ति आय सन् 1977-78 तक दुगुनी हो जाएगी, परन्तु अब आंकड़ों से पता चलता है कि यह लक्ष्य हम सन् 1990-91 तक प्राप्त कर सकेंगे । उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय आय में कृषि का भाग सन् 1950-51 में 50 प्रतिशत था, जो सन् 1985-86 में घट कर 31 प्रतिशत रह गया । दूसरी ओर कृषि में कार्यरत श्रमिक-बल उसी प्रकार 70 प्रतिशत रहा ।

डा. गिल ने कहा कि सोशलिस्ट पैटर्न का दावा करने के बावजूद भारत पूंजीवादी मार्ग पर अग्रसर है । आज पब्लिक सैक्टर "सरकारी सरमायादारी" बन कर रह गया है ताकि वह देश में पूंजीवादी विकास को बढ़ावा दे सके ।

श्री गिल ने कहा कि देश में काम करने वाले 42 प्रतिशत लोग बेकार हैं, यह समीक्षा उन्होंने एक वर्ष

Punjab Sahitya

जालन्धर की बैंस मार्केट में विस्फोट, 2 मरे, 3 घायल



जालन्धर की बैंस मार्केट में वीरवार को हुए बम विस्फोट में मारा गया एक युवक (1) तथा घायल, (2) गुरमीत सिंह, (3) तेजेन्द्र सिंह, (4) काला सिंह । (छाया : वेद कपूर)

जालन्धर, 21 अप्रैल (वार्ता, ह.स.): मिलाप चौक से सैदां गेट की ओर जाने वाली सड़क पर पक्का बाग के बाहरी क्षेत्र में स्थित बैंस मार्केट में आज रात्रि एक वीडियो कैसेट पार्लर में हुए भयंकर विस्फोट से 2 लोगों की मृत्यु हो गई और तीन घायल हो गए । मृतकों में वीडियो पार्लर का मालिक गुरिन्दर सिंह रूबी जो पीर बोदला बाजार का रहने वाला था तथा मल्कियत सिंह शामिल हैं । मल्कियत सिंह वीडियो कैसेट एजैंट था और घटना के समय दुकान पर आया हुआ था । घायलों में गुरमेज सिंह, काला सिंह व तेजेन्द्र सिंह शामिल हैं जो सभी सैदां गेट के रहने वाले हैं । तेजेन्द्र सिंह मृत गुरेन्द्र सिंह रूबी का भाई है । तीनों घायलों की हालात गम्भीर है । संदेह किया जाता है कि उग्रवादी गुटों से सम्बद्ध कुछ लोग जब विस्फोटक सामग्री उठा रहे थे या रख रहे थे, उसी दौरान विस्फोट हो गया और पूरे बाजार में आग लग गई । घटना 8.45 बजे रात को हुई । रूबी का शव मलबे में दबा था जबकि मल्कियत सिंह के शव के परखचे उड़ गए ।

इस दुकान के साथ की आधा दर्जन दुकानों को भी काफी नुक्सान पहुंचा और दीवारों में दरारें पड़ गईं ।

जालन्धर पुलिस के एडीशनल एस.पी. एस.एम. शर्मा व डी.एस.पी. बलदेव राज के अनुसार अभी तक यह पता नहीं चल सका कि विस्फोट कैसे और किस चीज से हुआ ?

विस्फोट के कारण दुकान के शटर के भी चिथड़े उड़ गए ।

जालन्धर के उपायुक्त तथा एस.एस.पी. एस.एस. बैंस व अन्य अधिकारियों ने घटनास्थल का दौरा किया व बाद में अस्पताल जाकर घायलों को देखा ।

ह.स. के अनुसार उग्रवादियों ने जालन्धर में यह नए सिरे से हमला किया है । घटनास्थल पर चारों ओर खून व मांस के लोथड़े पड़े हुए थे । विस्फोटक विशेषज्ञों को बुलाया गया है । सम्पूर्ण क्षेत्र को सील कर दिया गया है ।

पुलिस अधिकारी यह जानने का प्रयास कर रहे

(शेष पृष्ठ 8 पर)

ये दिन भी देखने थे : घरों से बेघर अपने ही देश में !

1


2


3

4

5

6


7

8

9

10

11

(1) ट्रकों में सामान लादकर विभिन्न गांवों के आतंकवाद से पीड़ित लोग पठानकोट पहुंचे, (2) और हाऊसिंग बोर्ड कालोनी के बाहर लगाए गए कैम्पो में शरण ली, (3) आतंकवाद का शिकार निःसहाय महिलाएं, (4) कैम्प में स्थान न होने पर बाहर सामान रख कर रखवाली करता परिवार का सदस्य, (5) पलायनकर्त्ताओं के बच्चों को पढ़ाती हुई पलायनकर्त्ता लड़कियां, (6) सरकारी सहायता के लिये पलायनकर्त्ताओं की भारी भीड़, (7-8) वे परिवार जो अपने गांव छोड़ कर बटाला में आए, (9) रहने को स्थान न मिलने पर बाहर ही सामान रख कर एक महिला खाना बनाती हुई, (10-11) दाढ़ी-केश रख लिए पगड़ी भी बांध ली, फिर भी गांव छोड़ कर आना ही पड़ा ।

(छाया : रवि भंडारी)

Punjab Sahapedia



थाना डेरा बाबा नानक के गांव कोटली सूरत मल्ली में गत रात आतंकवादियों द्वारा मारा गया महंत नारायण शाह। (छाया : कोछड़)

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

पिंड में रात साढ़े दस बजे के करीब तीन उग्रवादियों ने फायरिंग करके श्री दर्शन सिंह (30) पुत्र श्री भगत सिंह को घायल कर दिया । बताया जाता है कि यह तीनों आधुनिक हथियारों से लैस होकर पहले एक गांव के एक निवासी को साथ लेकर श्री भगत सिंह जो कि कांग्रेस (इ) का सक्रिय वर्कर है, का घर पूछा तो इस आदमी ने डर के मारे उसका घर बता दिया । घर में घुसते ही दर्शन सिंह मिला तो उन्होंने उसके पिता श्री भगत सिंह के बारे में पूछा । उसने कहा वह ट्यूबवैल पर रहता है । तीनों अपने हथियारों के साये में उसे ट्यूबवैल पर ले गए जब उसका पिता वहां नहीं मिला तो दो हमलावर वहां पानी पीने लग गए जबकि एक उसके सिर पर खड़ा रहा । मौका देखकर बहुत ही होशियारी से श्री दर्शन सिंह भागने में सफल हो गया । हमलावरों ने अपनी ए.के. 47 गन से तीन गोलियां उसपर चलाईं जिसमें से दो गोलियां उसकी टांगों में लगीं तथा एक पास से गुजर गई । श्री दर्शन सिंह जख्मी हालत में भी भाग कर अपनी व अपने परिवार की जान बचाने और किसी प्रकार घर वालों को सूचना देने में सफल हो गया तथा आप किसी पड़ौसी गांव में भागकर पहुंच गया । किसी अन्य आदमी की सहायता से वह नकोदर अस्पताल में पहुंचा । वे भगत सिंह खुद भी गांव में से किसी प्रकार बचकर पुलिस स्टेशन पर पहुंचा । पुलिस सूचना मिलते ही सी.आर.पी.एफ. के साथ घटनास्थल पर पहुंच गई । इतने में हमलावर वहां से भागने में सफल हो गए थे । बताया जाता है कि वह पैदल ही आए तथा पैदल ही चले गए, नकोदर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

किसान घायल

एक अन्य घटना के अनुसार गत दिवस नकोदर-नूरमहल सड़क पर ट्रैक्टर द्वारा अपनी गेहूं मंडी ले जा रहे एक किसान गुरबख्श को उग्रवादियों ने गोली मारकर घायल कर दिया । गुरबख्श रामपुर का निवासी है ।

फगवाड़ा (राकेश): आज जिला कपूरथला के नए एस.पी. श्री स्वर्ण सिंह ने चार्ज सम्भालने के बाद पहली बार फगवाड़ा का दौरा किया तथा सुरक्षा कर्मियों के कार्यों का निरीक्षण किया । बाद में उन्होंने सी.आर.पी. तथा पुलिस के अफसरों के साथ स्थानीय रैस्ट हाऊस में मीटिंग की तथा उग्रवाद से सख्ती से निपटने तथा कानून व्यवस्था हर कीमत पर कायम रखने के आदेश दिए ।

कपूरथला कोतवाली के गांव घुग्ग बेट में गत रात आतंकवादियों ने (1) एकीकृत अकाली दल के जत्थेदार हीरा सिंह और (2) उसके आठ-नौ वर्ष के बेटे इन्द्रजीत सिंह की हत्या कर दी तथा (3) हीरा सिंह की पत्नी बलबीर कौर को घायल कर दिया, जो अस्पताल में चिकित्साधीन है । (छाया : शर्मा)

किसानों की प्रदर्शन की धमकी

होशियारपुर, 21 अप्रैल (प्रद्युम्न): जिला में गेहूं की भारी आवक शुरू हो गई है परन्तु खरीद एजैंसियां खरीद में काफी रोड़े अटका रही हैं जिससे किसान काफी परेशान हैं, ठंडा में गेहूं के भारी ढेर लगे हुए हैं । क्योंकि वहां चक्कियां और आटा मिल नहीं, इसलिए वहां से माल केवल सरकारी एजैंसियां ही खरीद सकती हैं । 20 अप्रैल को वहां से कुछ गेहूं पनसप ने खरीदी मगर बाकी यह कहकर छोड़ दी कि इसमें गीलापन है । किसानों की मांग है कि एजैंसियों को निर्देश दिए जाएं कि वे किसानों को अकारण परेशान न करें अन्यथा पिछली बार की तरह प्रदर्शन किए जाएंगे ।

सैनिक स्कूल का छात्र डूब

Kamboj Sangathan



उग्रवादियों द्वारा शुक्रवार की रात्रि को जालन्धर की मंडी फैंटनगंज में 7 लोगों की हत्या कर दी व कई को घायल कर दिया गया । चित्र में (1-5) मृतकों में से 5 के शव व (6) घायल चौकीदार । *(छाया : कपूर)*



फरीदकोट पुलिस द्वारा बाघा पुराना क्षेत्र के गांव जैमल सिंह वाला से भारी परिमाण में बरामद किए गए हथियार और गोली-सिक्का (1) ए.के. 47 राइफलें, (2) रिवाल्वर और ए.के. 47 की मैगज़ीनें, (3) असंख्य गोलियां और (4) टाइम-बम । *(छाया : जिंदल)*

जालंधर में 7, अमृतसर में 8 लोगों सहित पंजाब में 19 हत्याएं

जैमलसिंहवाला ग्राम में 4 राकेट लांचर, 15 चीनी राइफ़लें, 5 पिस्तौलें, 2 टाइम बम, 4500 कारतूस मिले; सी.आर.पी. पर फ़ायरिंग, बटाला में विस्फोट

फरीदकोट में सबसे बड़ा शस्त्र भंडार बरामद : दिल्ली में भी शस्त्र मिले

चंडीगढ़, 22 अप्रैल (वार्ता, ह.स.): आज रात्रि जालंधर के मंडी फैंटनगंज में उग्रवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग करके 7 लोगों की हत्या कर दी तथा अमृतसर जिले के अजनाला थाना क्षेत्र के अंतर्गत 8 प्रवासी मजदूरों की हत्या कर दी । सुरक्षा बलों ने जिला फरीदकोट में दो बंकरों में छुपाया हुआ भारी शस्त्र भंडार बरामद किया जो कि अब तक राज्य में पकड़ा गया सबसे बड़ा शस्त्र भंडार बताया गया है । दिल्ली पुलिस ने भी हथियारों का एक भंडार बरामद किया । इसके अलावा पंजाब में एक दुकानदार सहित 4 व्यक्तियों की हत्या की गई, एक डाकघर लूटा गया । एक दर्जन से अधिक उग्रवादी गिरफ्तार किए गए । बटाला सिटी थाना के निकट बम विस्फोट हुआ । फगवाड़ा में सी.आर.पी. पर फायरिंग की गई ।

आठ की हत्या

अमृतसर : आज सायं अमृतसर जिले के अजनाला थाना क्षेत्र के ग्राम जगतारवाला में पांच उग्रवादियों ने घात लगाकर हमला करके आठ प्रवासी मजदूरों की हत्या कर दी । बताया जाता है कि सायं 7.45 बजे ये प्रवासी मजदूर खेतों से काम करके लौट रहे थे जब उन पर फायरिंग की गई । इस घटना में नौ लोग घायल हो गए ।

पुलिस के अनुसार ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफलों से लैस पांच उग्रवादियों ने ग्राम के बाहर की बस्ती पर हमला किया । मृतकों में राजपूतों की सिंहानिया जाति के लोग हैं ।

7 मरे

जालंधर, (ह.स., वार्ता) : जालंधर की मंडी फैंटनगंज में आज रात्रि उग्रवादियों के एक गिरोह द्वारा स्वचालित शस्त्रों से अंधाधुंध फायरिंग किए जाने से कम से कम 7 लोग मारे गए और कई घायल हो गए ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार उग्रवादियों ने ए.के.-47 चीनी असाल्ट राइफलों तथा अमरीकी राइफलों से फायरिंग की । देखते ही देखते मंडी क्षेत्र में लाशें फैल गईं और भगदड़ मच गई । चीख-पुकार व भगदड़ के बीच ही उग्रवादी निकल भागने में कामयाब हो गए । वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए । पुलिस ने शवों व घायलों को सिविल अस्पताल भिजवाया तथा क्षेत्र की तुरंत कड़ी नाकेबंदी करके उग्रवादियों की तलाश शुरू कर दी ।

मृतकों में बिट्टू, अनिल भल्ला, अविनाश उर्फ पिन्टू उर्फ पतासेवाला, राकेश कुमार, सुरेश कुमार, राम उजागर पल्लेदार, धन्ना जो राम लाल एंड संस धूरी का कर्मचारी है और जो धूरी जाने के लिए बैग लेकर जा रहा था, शामिल है । एक घायल का नाम राम यादव है जो वहां का चौकीदार है । जब वह गेट बंद कर रहा था तभी उग्रवादियों ने फायरिंग की ।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुरेश कुमार ने एक उग्रवादी को पकड़ लिया तो दूसरे ने उसे गोली मार दी ।

प्राप्त सूचनाओं के अनुसार रात्रि 8.20 बजे तीन उग्रवादी पैदल ही मंडी रोड बाजार की तरफ के गेट से मंडी में प्रविष्ट हुए और साथ ही दुकानदारों, आने-जाने वालों आदि पर अंधाधुंध फ़ायरिंग शुरू कर दी । फ़ायरिंग से फैले आतंक और भगदड़ के दौरान व मंडी के रेलवे स्टेशन की तरफ के गेट से बाहर निकले और वहां पहले से खड़े एक ट्रक में बैठकर फ़रार हो गए । दो लोग गंभीर घायल हैं जिनमें से एक के सिर में गोली लगी है जबकि दूसरा मंडी का चौकीदार है । जिस घायल के सिर में गोली लगी है, उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी ।

आज जालंधर बंद

हिन्दू शिव सेना के एस.के. सरवाल के अनुसार इस घटना के विरोध में संगठन ने कल शनिवार को जालंधर बंद का आह्वान किया है ।

एक सूचना के अनुसार एक उग्रवादी ने अपने थैले से हथियार निकाल कर फायरिंग शुरू की जबकि दूसरी सूचना के अनुसार तीनों उग्रवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग की । एक बेकरी के अंदर एक शव पड़ा रहा व भीड़ ने पुलिस को पहले शव नहीं उठाने दिया पर बाद में अधिकारियों के समझाने पर शव उठाया जा सका ।

जिला प्रशासन ने रैड अलर्ट जारी कर दी है । सभी थानों को चौकस रहने को कहा गया है क्योंकि जिले में और उग्रवादी घटनाओं व उनपर प्रतिक्रियाओं की आशंका है । निकटवर्ती जिलों से और पुलिस मंगाई गई है ।

भिंडरावाला टाइगर्स फोर्स आफ खालिस्तान का एक लेटरपैड वहां मिला है जिसमें सरजीत सिंह पैंटा व सुखजिंदर सिंह संगा ने इस कांड की जिम्मेदारी ली है ।

न.न.अ. के अनुसार उग्रवादी एक रिक्शे में फरार हुए और आगे जाकर किसी वाहन में सवार होकर भाग निकले ।

शस्त्रास्त्र बरामद

फरीदकोट (जिंदल): फिरोजपुर रेंज के डी.आई.जी. श्री सरबजीत सिंह ने आज यहां पत्रकारों को बताया कि फरीदकोट पुलिस ने बाघापुराना क्षेत्र के गांव जैमल सिंह वाला में एक ट्यूबवैल के निकट भारी परिमाण में विदेशी हथियार व गोली-सिक्का बरामद किया है । ये हथियार चार फुट गहरे गड्ढे में रखे हुए थे तथा कारतूस थैलियों में बंद थे जिन पर पाकिस्तान लिखा हुआ था । बरामद हथियारों में 15 ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफलें, पांच 32 बोर के पिस्तौल, दो टाइम बम, चार राकेट लांचर, 4215 जीवित कारतूस, 9 एम.एम. कार्बाइन के 150 जीवित कारतूस तथा बीस मैगजीन ए.के. 47 के हैं । इन

(शेष पृष्ठ 8 पर)

सुशील मुनि अब मंजीत व संधू को रिहा कराने के चक्कर में

नई दिल्ली, 22 अप्रैल (जी.एस. चावला): सुविज्ञ सूत्रों के अनुसार जेल में सिंह हैड ग्रंथियों व भाई जसवीर सिंह रोडे से बातचीत करके योजना बनाने वाले आचार्य सुशील मुनि अपनी पहली योजना फेल हो जाने के कारण अब नई योजना बना रहे हैं जिसके अन्तर्गत उग्रवादी गुटों को संगठित करके उन्हें अकाल तख्त के प्रमुख जत्थेदार भाई जत्थेदार की सर्वोच्चता के भी समर्थक थे और बाद में उन्होंने प्रो. दर्शन सिंह रागी के हाथ मजबूत किए जाने की अपील भी की थी । आचार्य सुशील मुनि व भाई जसवीर सिंह रोडे महसूस करते हैं कि वर्तमान स्थितियों में सरकार सिमरनजीत सिंह मान को रिहा करने की बात नहीं मानेगी । यदि पंजाब में हत्याएं कम हुई होतीं तो शायद सरकार उनकी रिहाई के

Punjab Archive

जालन्धर में फायरिंग ...

(पृष्ठ 1 का शेष)

सभी पर विदेशी मोहरें लगी हैं ।

यह अब तक बरामद हथियारों का सबसे बड़ा ज़खीरा है । ये हथियार ट्यूबवैल के पास दो बंकरों से मिले । अमृतसर जिले में विभिन्न स्थानों पर छापे मार कर पिछले सप्ताह भी काफी संख्या में राकेट लांचर तथा चीनी असाल्ट राइफलें बरामद की गई थीं । फरीदकोट जिले में इन हथियारों की बरामदगी कुछ गिरफ्तार आतंकवादियों से पूछताछ के दौरान मिली सूचना के आधार पर की गई । यह हथियार गांव बैमल सिंह वाला में तीन,गांव धोलियां में पांच, कोटला मेहर सिंह वाला में चार व्यक्तियों की हत्याओं में प्रयुक्त किए गए थे ।

पंजाब के नए पुलिस महानिदेशक के.पी.एस. गिल, फरीदकोट के उपाध्यक्ष गुरदेव सिंह बराड़, फिरोजपुर पुलिस रेंज के उप-महानिरीक्षक सरबजीत सिंह और जिला पुलिस अधीक्षक गोविंद राम ने कहा कि इन हथियारों का इस्तेमाल आतंकवादी फरीदकोट और उसके आसपास के जिलों में किया करते थे ।

एक दिन पहले छापा मारा होता तो...

गुरदासपुर (विनोद, वार्ता): पुलिस की जांच से रहस्योद्घाटन हुआ है कि बी.एस.एफ. द्वारा कलानौर में बूटा सिंह के फार्म हाऊस से पकड़े गए 16 सतह से हवा में मार करने वाले राकेट दो कुख्यात तस्करों सच्चा सिंह और जसबीर सिंह द्वारा पाकिस्तान से चोरी-छुपे बड़ी मात्रा में लाए गए हथियारों का एक हिस्सा हैं । यहां यह रहस्योद्घाटन करते हुए एस.एस.पी. श्री पी.एम. दास ने कहा कि यदि सुरक्षा बलों ने एक दिन पहले फार्म हाऊस पर छापा मारा होता तो पांच चीनी ए.के. 47 असाल्ट राइफलें तथा भारी परिमाण में गोली-सिक्का मिल सकता था । श्री दास ने बताया कि यह राइफलें जोकि बूटा सिंह के पास रखी गई थीं, छापे से एक दिन पहले सच्चा सिंह आतंकवादियों को बेचने के लिए वहां से ले गया था । सच्चा सिंह और जसबीर सिंह पंथक कमेटी के सदस्य वस्सन सिंह ज़फरवाल के निकट सहयोगी हैं । उन्होंने इस वर्ष जनवरी में तीन बोरियों में बंद करके तीस ए.के. 47 राइफलें पाकिस्तान से स्मगल की थीं । उन्हें बूटा सिंह के घर में रखा गया था जोकि कलानौर कस्बे के बाहरी क्षेत्र में स्थित है । बाद में यह राइफलें सच्चा सिंह ने अमृतसर जिलों में आतंकवादियों को बेच दीं । यह जानकारी बूटा सिंह से पूछताछ के दौरान मिली है । एस.एस.पी. ने कहा कि राइफलों की खेप बिक जाने के बाद जसबीर सिंह ने जनवरी के अंत में मिसाइलें फार्म हाऊस में जमा कराई थीं । उस समय से इन मिसाइलों के लिए ग्राहक खोजने के साथ-साथ सच्चा सिंह और जसबीर सिंह का बूटा

जिला गुरदासपुर में धारीवाल थाना के अंतर्गत गांव दबुर्जी में आतंकवादियों द्वारा मारा गया किशोर चंद (55 वर्ष) । (छाया : विनोद)

सिंह के साथ निकट सम्पर्क बना रहा । जसबीर सिंह जोकि थाना मजीठा जिला अमृतसर के गांव विराम का निवासी है, तथा बूटा सिंह थाना कलानौर के अंतर्गत गांव नरवाना में अपनी बहन के ससुराल वालों के घर में अक्सर मिलते थे । सच्चा सिंह वही तस्कर है जिसने कनाडा के शहरी दलजीत सिंह को गत वर्ष पाकिस्तान से भारत में दाखिल होने में मदद दी थी । दलजीत सिंह जोकि आतंकवादी गतिविधियों के लिए वित्तीय सहायता देने आया था, को एक सीमांत गांव से बी.एस.एफ. ने गिरफ्तार कर लिया था । ज़फरवाल द्वारा मिसाइलों का सौदा किए जाने का संकेत सच्चा सिंह द्वारा एक ग्रंथी कश्मीर सिंह के नाम लाए गए पत्र से मिलता है । पत्र में वस्सन सिंह जोकि पाकिस्तान में है, ने थाना धारीवाल के गांव बल के निवासी कश्मीर सिंह को लिखा था कि वह समय-समय पर उसके द्वारा भेजे जाने वाले हथियारों तथा गोली-सिक्के को सुरक्षित स्थानों पर रखने के लिए दो अतिरिक्त व्यक्तियों का प्रबन्ध करे । ग्रंथी ने इस कार्य के लिए अपने ही गांव के एक अपने ही नाम वाले व्यक्ति तथा गांव विदेश के एक व्यक्ति दयाल सिंह को चुना । बूटा सिंह के अलावा ग्रंथी कश्मीर सिंह ने कई रहस्योद्घाटन किए हैं । अभी तक पता नहीं चला कि क्या दसरा कश्मीर सिंह और दयाल सिंह भी पकड़े गए हैं या नहीं । तथापि दोनों तस्कर सच्चा सिंह तथा जसबीर सिंह फरार बताए गए हैं । श्री दास ने कहा कि अब तक पकड़े गए हथियार वास्तविक शस्त्र भंडार का एक छोटा-सा हिस्सा हैं और आतंकवादियों ने पाकिस्तान से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष तरीकों से भारी परिमाण में हथियार व गोली-सिक्का चोरी-छुपे भारत में पहुंचाया होगा ।

दुकानदार की हत्या

गत रात ही थाना धारीवाल के अंतर्गत गांव दोबुर्जी में एक दुकानदार किशोर चन्द (55) की उसकी दुकान में हत्या कर दी गई । खालिस्तान कमांडो फोर्स ने हत्या की जिम्मेदारी कबूल की है लेकिन इसका कोई कारण नहीं दिया । एस.एस.पी. ने बताया कि किशोर चंद की पत्नी ने अपने पति की जान बख्श देने के लिए हत्यारों की बहुत मिन्नतें कीं लेकिन उन पर इसका कोई असर नहीं हुआ ।

तीन की हत्या

अमृतसर (वि.प्र.): अमृतसर जिले में कल रात से अब तक संदिग्ध आतंकवादियों ने तीन व्यक्तियों की गोली मार कर हत्या कर दी । इनमें प्रौढ़ आय के पति-पत्नी और पंचायत का एक सदस्य शामिल है । पुलिस के अनुसार कत्थूनंगल थाना क्षेत्र के मट्ठचक गांव में दयाल सिंह और उनकी पत्नी अमरीक कौर की हत्या कर दी गई । उधर सरहाली थाना क्षेत्र के चोला साहब गांव में पंचायत के एक सदस्य हजारा सिंह की उनके घर में हत्या कर दी गई । पुलिस ने जांच शुरू कर दी है । खालिस्तान कमांडो फोर्स ने दयाल सिंह व अमरीक सिंह की हत्या की जिम्मेदारी लेते हुए कहा है कि दयाल सिंह अफीम व अन्य मादक पदार्थों का धंधा करता था ।

तीन आतंकवादी गिरफ्तार

एस.एस.पी. श्री राजेंद्र सिंह ने बताया कि गत रात मजीठा पुलिस जिला में तीन संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि बचन सिंह तथा जोगेन्द्र सिंह को मजीठा पुलिस ने गिरफ्तार किया, कुलवंत सिंह को कत्थूनंगल पुलिस ने पकड़ा है । पहले वाले दोनों आतंकवादी मान सिंह मान की खालिस्तान लिबरेशन आर्म्ड फोर्स के नाम पर धमकी भरे पत्र लिखकर धन बटोरने की योजना बना रहे थे, तीसरा आतंकवादी खालिस्तान लिबरेशन फ़ोर्स के आतंकवादियों के लिए गोली-सिक्का ले जा रहा था । श्री राजेंद्र सिंह ने कहा है कि जनता की सुविधा के लिए नवगठित मजीठा पुलिस जिले का मुख्यालय अमृतसर जिला कचहरी में होगा ।

बम विस्फोट

बटाला (कोछड़): पुलिस स्टेशन सिटी के निकट आज सायं लगभग चार बजे एक विस्फोट होने से आतंक फैल गया । विस्फोट से राम रक्खा उर्फ कक्क (16) निवासी काहनूवान रोड गंभीर घायल हो गया । उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है । घटनास्थल से प्राप्त जानकारी के अनुसार और पुलिस सूत्रों से अनौपचारिक बातचीत से ज्ञात हुआ है कि गत बीस फरवरी को स्थानीय चकरी बाजार स्थित सेठ क्लाथ हाऊस से सिटी पुलिस व सुरक्षा बलों ने एक बमनुमा वस्तु बरामद की थी और उसी समय से यह वस्तु सिटी पुलिस में एक स्थान पर सीमैंट की बोरियां लगाकर सुरक्षित रखी हुई थी । उस समय कहा गया कि इसे सैनिक विशेषज्ञ आकर निष्क्रिय करेंगे, लेकिन आज दो माह के बाद भी न कोई जांच करने आया और न ही इसे निष्क्रिय किया जा सका था । दो दिन पूर्व सिटी पुलिस ने चोरी आदि के आरोप में दो युवकों को हिरासत में लिया हुआ था और उनसे आज सफाई बगैरह करा रहे थे । उन युवकों में से घायल होने वाले युवक ने प्लास्टिक की बमनुमा वस्तु से उसका डैटोनेटर यह समझ कर निकाल लिया कि यह लाइटर है और जब उसने इसे लाइटर की तरह दबाने का प्रयास किया तो यह फट गया ।

पांच आतंकवादी पकड़े

हुए । यह सभी लुधियाना, नकोदर तथा नंगल क्षेत्रों से सम्बन्ध रखते हैं और लूटमाट, चोरी व छीना-झपटी की कई वारदातों में संलिप्त थे ।

शिव सेना नेता पर फायरिंग

राकेश के अनुसार फगवाड़ा के शिव सेना के संयुक्त सचिव कुलदीप कुमार पर आज रात्रि लगभग 8.30 बजे दो उग्रवादियों ने शुगर मिल चौक पर फायरिंग की,पर वे भाग कर बालबाल बच गए ।

सी. आर. पी. पर फायरिंग

फगवाड़ा की शुगर मिल चौक पर तीन उग्रवादियों ने सी.आर.पी. की टुकड़ी पर फायरिंग की पर कोई हताहत नहीं हुआ । उग्रवादी पैदल आए थे व पैदल ही फरार हो गए ।

पैट्रोल पम्प लूटा

जालंधर (वार्ता): आज बाद दोपहर थाना सदर जालंधर के गांव ताजपुर में एक पैट्रोल पम्प से दो स्कूटर सवार युवक सात सौ रुपए लूट कर ले गए ।

ट्रक बरामद

करतारपुर (साहनी): गत दिवस करतारपुर के निकट से चीनी की बोरियों से लदा ट्रक पी.एन.डी. 7833 जिसे कुछ संदिग्ध उग्रवादी भगा ले गए थे, आज स्थानीय पुलिस ने जिला कपूरथला के गांव सुरखपर के पास से बरामद कर लिया है । बताया जाता है कि यह ट्रक गुरदासपुर से भटिंडा जा रहा था ।

डाकघर लूटा

होशियारपुर (प्रद्युम्न): आज यहां से बीस किलोमीटर दूर गांव बुड्ढी पिंड में तीन स्कूटर सवार आतंकवादी एक उप-डाकघर से 5300 रुपए लूटकर फरार हो गए । पुलिस ने बताया कि हमलावरों ने फरार होने से पहले स्टाफ को पिस्तौल दिखाकर धमकाया । इसी बीच यहां से तीस किलोमीटर दूर म्यानी में गत रात पुलिस तथा अर्द्ध सैनिक बलों ने छापा मारा और आधी रात तीन बजे से दोपहर 12 बजे तक घर-घर की तलाशी ली । पता लगा है कि कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया परन्तु पूछताछ करने के बाद कुछ को छोड़ दिया गया । कुछ लोगों को जांच के लिए हिरासत में रखा गया ।

फसल कटाई के लिए पुलिस संरक्षण

वि.प्र. ने चंडीगढ़ से खबर दी है कि पंजाब सरकार ने आतंकवाद से प्रभावित क्षेत्रों में खड़ी फसलों की कटाई के लिए पुलिस संरक्षण का प्रबन्ध करने का फैसला किया है । यह जानकारी वित्तायुक्त (राजस्व) श्री तेजिंद्र खन्ना ने आज दी । उन्होंने कहा कि यह पग आतंकवाद प्रभावित क्षेत्रों के किसानों की कठिनाइयों के बारे में राज्य मुख्यालय में पहुंची सूचनाओं के बाद उठाया गया है जहां हार्वेस्टिंग कांबाइनों के निजी मालिक आतंकवादियों की धमकियों के दृष्टिगत अपनी मशीनें इन क्षेत्रों में खड़ी फसलों की कटाई के लिए भेजने को तैयार नहीं हैं । उन्होंने कहा कि ऐसे केसों में जिला मैजिस्ट्रेट खड़ी फसलों की कटाई के लिए मशीनों का अधिग्रहण करेंगे । उन्होंने कहा कि फसलों की कटाई शांतिपूर्वक और बिना किसी बाधा के करने के लिए आवश्यक पुलिस बल की व्यवस्था की हैरोइन भी पकड़ी गई है ।

पुलिस के एक प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि हथियारों का जखीरा पश्चिमी दिल्ली के विकासपुरी में एक नाले के पास बने गड्ढे से मिला । बैसाखी की पूर्व संध्या पर गिरफ्तार आतंकवादी अवतार सिंह उर्फ बिट्टू और परमजीत सिंह उर्फ पम्मा ने इन हथियारों को इस गड्ढे में छिपाया था । प्रवक्ता ने बताया कि राजधानी में बड़े पैमाने पर हिंसा करने के इरादे से आने वाले आतंकवादी दस्ते के ये दोनों सदस्य थे । पश्चिमी दिल्ली में एक विवाह समारोह में धावा बोल कर आतंक फैलाने का इनका इरादा था ।

अवतार सिंह उर्फ बिट्टू और परमजीत सिंह उर्फ पम्मा से पूछताछ के बाद एक ए.के. 47 असाल्ट राइफल, दो माऊजर पिस्तौल और 126 कारतूस बरामद हुए । ये दोनों आतंकवादी राजधानी में पिछले साल सनसनीखेज वारदात करने वाले आतंकवादी सुरजीत सिंह उर्फ पैंटा के गिरोह के सदस्य हैं ।

प्रवक्ता ने बताया कि अवतार सिंह उर्फ बिट्टू और परमजीत सिंह उर्फ पम्मा से मिली जानकारी के बाद पंजाब में भी बड़ी संख्या में हथियार बरामद किए गए । ये आतंकवादी 'भिंडरांवाले टाइगर्स फोर्स आफ खालिस्तान' के सदस्य हैं । इनसे मिली जानकारी के बाद सुरक्षा बल को गिरोह के स्वयंभू जनरल सुरजीत सिंह उर्फ पैंटा के छिपने के 16 ठिकानों का सफाया करने में मदद मिली । ये दोनों आतंकवादी भी कम से कम चालीस हत्याओं में शामिल थे ।

प्रवक्ता ने दावा किया कि अन्य इलाकों में भी इस प्रकार के बंकरों का पता चला है । आतंकवादी इन बंकरों का इस्तेमाल सुरक्षा बल की टुकड़ियों पर हमला करने के लिए इस्तेमाल करते थे । इस गिरोह के इन सदस्यों को सुरजीत सिंह पैंटा से मजनूं का टीला क्षेत्र में मिलना था परन्तु इससे पूर्व ही वे पुलिस की गिरफ्त में आ गए ।

पैंटा का भाई हाथ न आया

दिल्ली पुलिस ने पिछले कुछ दिनों में पैंटा के भाई हरचरण सिंह ज्ञानी को पकड़ने के लिए कई स्थानों पर छापे मारे परन्तु वह हाथ नहीं आया । पैंटा को पकड़ने के लिए भी पश्चिम तथा दक्षिण दिल्ली में कई स्थानों पर छापे मारे गए जोकि होली के कुछ दिन पूर्व ही दिल्ली आया था । उसने दक्षिण दिल्ली में अनेक लोगों की हत्या करने की योजना बनाई थी । पुलिस ने आतंकवादियों के अड्डों तथा समाज विरोधी तत्वों के ठिकानों का पता लगाने के लिए क्षेत्रवार सर्वे शुरू किया है । पुलिस ने अति विशिष्ट व्यक्तियों तथा सरकारी भवनों की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है ।

चीन के साथ व्यापार घटा

नई दिल्ली, 22 अप्रैल (वार्ता): चीन के साथ द्विपक्षीय व्यापार में 1987-88 के पहले नौ महीनों में उनके पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में कमी आई है ।

मुफ़्त कैम्प मुफ़्त कैम्प

जालन्धर में फटने वाला प्लास्टिक एक्सप्लोसिव टाइम बम था, जो लेते-देते फट गया : सिद्दीकी

जालन्धर, 22 अप्रैल (क.): गत रात स्थानीय नया बाज़ार स्थित बैस मार्कीट की एक दुकान बी.के. साऊंड सैंटर जिसका मालिक काला सिंह उर्फ़ काला है, में जो ज़ोरदार विस्फोट हुआ था, उसकी जांच अभी किसी निर्णय पर नहीं पहुंची । इस विस्फोट में दो युवक गुरिन्दर सिंह रूबी जो साथ की दुकान गोल्डन लायब्रेरी का मालिक था तथा कंवलजीत सिंह सतनामी, जो रूबी की दुकान पर आया हुआ था, की मृत्यु हो गई थी और चार युवक काला, तेजिन्दर सिंह व रूपिन्दर सिंह रूबी के भाई हैं और गुरमीत सिंह घायल हो गए थे । तेजिन्दर सिंह और रूपिन्दर सिंह को सिविल अस्पताल से छुट्टी दे दी गई जबकि काला और गुरमीत सिंह दोनों को गम्भीर अवस्था में सी.एम.सी. अस्पताल लधियाना ले जाया गया । इसी बीच दोनों मृतकों, जिनके शरीर के विभिन्न अंग बोटी-बोटी हो कर उड़ गए थे, के शवों का पोस्टमार्टम आज सायं किया गया और उन्हें उनके परिवारों के हवाले कर दिया गया । इससे पूर्व सिविल अस्पताल के तीन डाक्टरों की जिस टीम को पोस्टमार्टम करने के लिए तैनात किया गया था, उसका मत था कि शव पोस्टमार्टम के लिए अमृतसर मैडीकल कालेज में भेज दिए जाए किन्तु बाद में यहीं पोस्ट मार्टम करने का निर्णय किया गया ।

यह भी उल्लेखनीय है कि आज तीन बजे दोपहर विस्फोटक विशेषज्ञ यहां पहुंचे थे और वे घटनास्थल का जायज़ा ले रहे थे किन्तु वह जांच आगे बढ़ाने में कठिनाई अनुभव कर रहे थे, क्योंकि जिस दुकान में यह धमाका हुआ, उसमें मलबा इतना गिरा पड़ा है कि बम के टुकड़ों आदि की तलाश में कठिनाई आ रही थी । मौका पर जाकर देखा गया कि दुकान के बीच में एक फुट के घेरे में फर्श काला हुआ पड़ा है और उसकी छत पर भी धमाके का प्रभाव बीच में ही पड़ा, जिससे वह अंदर से गुम्बद समान हो गई । अनुमान है कि विस्फोटक पदार्थ या बम दुकान के बीच में फटा ।

इस विस्फोट से इस दुकान की दीवारों पर खून उड़े. गोश्त के चीथड़ों से लगा और झुलसाहट के काले दाग पड़ गए । दुकान में लगे काऊंटरों तथा

(शेष पृष्ठ 6 पर)

जालन्धर का बम विस्फोट ...

(पृष्ठ 1 का शेष)

बैंच अन्य फ़िटिंग्स टुकड़े-टुकड़े होकर ढेर के रूप में दुकान में बिखरी पड़ी थीं । छत में कुछ सुराख भी हो गए ।

इस विस्फोट से आसपास तथा सामने की पांच दुकानें भी प्रभावित हुईं, जिनके शटर उड़ गए । सामने की एक ब्यूटी पार्लर दुकान का सारा सामान जल गया । इस पार्लर की प्रोप्राइटर दो मिनट पूर्व ही दुकान बंद करके ऊपर अपने मकान में गई ही थी कि धमाका हो गया ।

गुरिन्दर सिंह उर्फ़ रूबी का स्कूटर पी.यू.सी. 7990 कहीं निकट खड़ा था और उसे भी आग लग गई, जिसे खींच कर कुछ लोग मार्कीट की गली की ओर के दरवाजे की ओर ले गए । लोगों ने ही दुकान तथा स्कूटर की लगी आग बुझाई । उक्त स्कूटर की रजिस्ट्रेशन पहले गुरमीत सिंह के नाम थी ।

घटना लगभग 8.40 बजे रात हुई । तब मार्कीट का गली की ओर का दरवाजा बंद था और ताला लगा था,किन्तु उस क्षेत्र के लोगों का कहना है कि तीन-चार युवकों ने किरपानों आदि या अन्य साधन से ताला या जंजीर तोड़ी और फिर यह कहते हुए गली में से दौड़ते गए कि सिलेंडर फट गया है, बचाओ । एक युवक, जिसका बाजू घायल था, उसे तो कई लोगों ने मार्कीट की पिछली गली, जो पक्का बाग की ओर निकलती है, में से भागते हुए हिंद समाचार ग्राऊंड की ओर जाते देखा, किन्तु वह कौन था, इसका पुलिस पता लगाने की कोशिश में है । उस क्षेत्र के लोगों ने यह भी बताया कि एक युवक ने तो बनियान पहन रखी थी और पीला पटका बांध रखा था जबकि अन्य दो-तीन ने बुशर्ट-पैंट आदि पहनी हुई थी । एक बेदी नाम के युवक की चर्चा इन गलियों में होती सुनी गई ।

सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न, जिसका उत्तर ढूंढने में सभी को कठिनाई आ रही है, वह यह है कि यह धमाका कैसे और किसके द्वारा किया गया या यदि यह बम विस्फोट था तो बम वहां कैसे पहुंचा, कौन लाया या वहीं किसी के पास पहले था ? पुलिस दो थ्यूरियों पर काम कर रही बताई गई है । एक यह कि बम वहां किसी मृतक या घायल के हाथ में था जो या तो दूसरे को उस बारे समझा रहा था कि फट गया या हाथ में से गिर जाने से धमाका हो गया । यह भी जांच की जा रही है कि यह बम वहीं बनाया जा रहा था या कहीं से लाया गया था और कहीं अन्य भेजा जाना था ।

इसी बीच मृतकों व घायलों के पूर्व-जीवन की गतिविधियों की भी जांच की जा रही है । इनमें से रूबी, कंवलजीत, गुरमीत आदि की गतिविधियों का कुछ रिकार्ड पुलिस में बताया गया है । इनमें से दो-तीन युवक तीन-चार मास पूर्व नई कचहरियों के निकट एक युवक को गोली मारने की नीयत से पीछा करते सी.आर.पी. द्वारा पकड़ लिए गए थे और उनके कब्जे से रिवाल्वर आदि भी मिला था ।

इस बीच डी.आई. जालंधर रेंज श्री ए.ए. सिद्दीकी ने बताया कि यद्यपि चंडीगढ़ व जालंधर के बैलिस्टिक एक्सपर्ट्स धमाका की प्रकृति आदि बारे किसी निश्चित पते पर नहीं पहुंचे, किन्तु यह बात स्पष्ट है कि उक्त बम जालंधर के फ्रैंड्स सिनेमा के बाहर फटे टाइम बम जैसा ही था ।

उन्होंने कहा कि यह बम प्लास्टिक एक्सप्लोसिव टाइम बम लगता है,जो लेते-देते हुए फट गया । ऐसा लगता है कि इसे लेने-देने वाले नौसिखिए थे । यह भी लगता है कि ये लोग बब्बर खालसा गुट के सहयोगी रहे हैं,जो विस्फोटक स्टोर करने या लाने-ले जाने का काम करते थे । श्री सिद्दीकी के अनुसार तेजिन्दर सिंह इससे पूर्व भी एक अपराध में पकड़ा गया था और ज़मानत पर रिहा है ।

इसी बीच पता चला है कि पुलिस इस विस्फोट की क्षमता व प्रकार को देख कर सम्बन्धित व्यक्तियों का सम्बन्ध बब्बर खालसा ग्रुप से मानती है,जो पहले भी कई धमाके कर चुका है,जिनमें जालंधर में फ्रैंड्स सिनेमा के बाहर हुआ जून 1987 का धमाका भी शामिल है,जिसमें स्वयं दो उग्रवादियों समेत तीन व्यक्ति मारे गए थे और दो दर्जन घायल हो गए थे । गत दिनों नई कचहरी में भी टाइम बम रखा गया था जो फटा नहीं था ।

पुलिस ने रात ही डेढ़ दर्जन के लगभग स्थानों पर बब्बर खालसा से सम्बन्धित शक्की व्यक्तियों को पकड़ने के लिए छापे मारे और कुछेक व्यक्ति पूछताछ के लिए हिरासत में भी लिए बताए गए हैं ।

दोनों मृतक 25-26 वर्ष के बताए गए हैं, जिनके विवाह हुए थोड़ा ही समय हुआ था ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार तेजिन्दर सिंह व रूपिंदर सिंह को हिरासत में ले लिया गया है ।



वीरवार की र
गया, (2) कि

रा

कामराज न
राजीव गांधी ने
कमीशन देने की
आज यहां इंका
संयुक्त संसदीय
कर रही है । उन
कोई भी व्यक्ति
पाई गई तो उसक
कार्रवाई की जाए
अधिक कुछ भ
उल्लेखनीय है कि
ऐसे दस्तावेजों
हिंदुजा की एक
का पैसा मिल
श्री गांधी अफ्ता
के प्रश्नों का
की स्थिति के
स्वीकार किया कि
लेकिन इस बात
बातचीत को तैय
के साथ बातचीत
हथियार डाल
खंडन किया कि

ALL IN

थाना अजनाला के गांव जस्तरवाल में गत दिवस आतंकवादियों द्वारा एक ही समुदाय के मारे गए (1 से 8) राजू, हंस राज, द्वारिका दास, जोगेंद्र पाल, महेश कुमार, सतपाल, धुन्न और मोहन सत्तार के शव तथा (9-10) घायल अशोक और केशो राम । (छाया : रवि भंडारी)

अकाली दल (ल) के वरिष्ठ नेता व उसके गनमैन सहित 6 लोगों की हत्या

चंडीगढ़, 23 अप्रैल (वि.प्र.): उग्रवादियों ने गत रात्रि जिला कपूरथला में एक बिजली कर्मी सहित दो व्यक्तियों और जिला गुरदासपुर में एक ग्रंथी की हत्या कर दी । आज सायं जिला अमृतसर में एक अकाली नेता तथा उसके गनमैन की हत्या कर दी गई । ग्रंथी पहले उग्रवादी घटनाओं में संलिप्त था और दो मास पूर्व ही रिहा हुआ था, जबकि जिला कपूरथला में मारा गया बिजली कर्मी एक डकैती की घटना में संलिप्त था लेकिन अदालत से बरी हो गया था । बिजली-कर्मी की हत्या की जिम्मेदारी नए नक्सली गुट 'शहीद भगत सिंह ब्रिगेड' ने ली है । फगवाड़ा में विश्वकर्मा मंदिर में सी.आर.पी.एफ. के मुख्यालय, जिस पर उग्रवादियों ने राकेटों से हमला किया था, में सुरक्षा प्रबंधों में त्रुटियों के लिए जिम्मेदार कमांडैंट को जबरी रिटायर कर दिया गया है । जिला अमृतसर और जिला जालंधर में 15 व्यक्तियों की हत्या के दृष्टिगत राज्य में ताजा रैड अलर्ट जारी कर दिया गया है । जिला अमृतसर में एक ही सम्प्रदाय के 8 व्यक्तियों को हाथ-पांव बांध कर मारा गया । समझा जाता है कि उग्रवादी पाक भाग गए हैं । अमृतसर में उग्रवादियों ने एक डाक घर भी लूट लिया । धूरी के क्षेत्र में एक अज्ञात शव मिला है, जबकि फाजिल्का क्षेत्र में एक पाक घुसपैठिया मुकाबले में मारा गया । बलाचौर में गोली मार कर एक व्यक्ति घायल कर दिया गया ।

जैमल पड्डा के गांव में दो हत्याएं

कपूरथला (शर्मा): थाना सुभानपुर के गांव लखन के पड्डे में आज प्रातः लगभग सात बजे साइकलों पर आए तीन उग्रवादियों ने खेतों में शौच निवृत्ति के लिए जा रहे दो मित्रों भूपेन्द्र सिंह और जनक राज की गोलियां मारकर हत्या कर दी और साइकलों पर भाग गए । इस गांव में कुछ समय पूर्व प्रसिद्ध नक्सली नेता श्री जैमल सिंह पड्डा की भी उग्रवादियों ने गोलियां मारकर हत्या कर दी थी । मृतक भूपेन्द्र सिंह गांव के बिजली बोर्ड के कार्यालय में लाइनमैन था जबकि मृतक जनक राज पशु अस्पताल में फार्मासिस्ट था ।

एक मृतक भी संदिग्ध था

कपूरथला के एस.पी. स. स्वर्ण सिंह ने स्टाफ व अधिकारियों के साथ घटनास्थल देखने के बाद सम्वाददाताओं को बताया कि क्षेत्र में नाकाबंदी कर ली गई है और पुलिस पार्टियां उग्रवादियों के ठिकानों पर छापे मार रही हैं । उन्होंने बताया कि मृतक भूपेन्द्र सिंह और जनकराज भिडरांवाले के एक श्रद्धालु ताला सिंह के घर में किराएदार थे । भूपेन्द्र सिंह 1984 में हमीरा बिजली बोर्ड के कार्यालय में कर्मचारी था तो उसने अजनाला से कथित उग्रवादी बुलाकर कार्यालय में डाका डलवाया था और वे लोग लगभग 60000 रुपए नगद और एक स्कूटर ले गए थे तथा एक व्यक्ति की उन्होंने हत्या कर दी थी । इस मुकद्दमे में भूपेन्द्र सिंह बरी होने के बाद लाइनमैन बनकर इस गांव में तैनात था ।

एक पुलिस प्रवक्ता ने आज सायं संदेह व्यक्त किया कि सम्भवतः दोनों मृतकों ने जैमल सिंह पड्डा के हत्यारों को अपने घरों में शरण दी थी ।

'शहीद भगत सिंह ब्रिगेड ने जिम्मेवारी ली'

जालन्धर से प्राप्त एक रिपोर्ट में एक नए नक्सलवादी गुट 'शहीद भगत सिंह ब्रिगेड' ने आज लखन के पड्डे गांव में मारे गए जनकराज तथा भूपिंदर सिंह की हत्या की जिम्मेदारी ली है तथा मृतकों पर खालिस्तानियों के मुखबिर होने का आरोप लगाया गया है । तथाकथित ब्रिगेड के स्वयंभू क्षेत्रीय कमांडर करतार सिंह ने एक वक्तव्य में कहा है कि ये हत्याएं पंजाब कीर्ति किसान यूनियन के अध्यक्ष जैमल सिंह की हत्या के बदले की कार्रवाई के रूप में की गई हैं ।

सभी मृतक एक सम्प्रदाय के

अमृतसर (वि.प्र.): थाना अजनाला के गांव

(शेष पृष्ठ 10 पर)

: नगर में पुलिस

युवक गिरफ्तार

उग्रवादी ने उस पर गोली चला दी जो उसके बाजू में लगी और उग्रवादी उस गेट से निकल भागे ।

अनिल भल्ला तथा मिन्टू के बारे में बताया गया है कि उन्होंने भी अलग-अलग स्थानों पर उग्रवादियों को जफ्फा मारा मगर दूसरे उग्रवादी की गोली का शिकार हो गए ।

लोगों में इस बात पर बड़ा रोष पाया जाता है कि मंडी में स्टेट बैंक की ब्रांच की सुरक्षा के लिए इंडो-तिब्बत बार्डर फोर्स के एक दर्जन जवान तैनात हैं और वे ऊपर की मंजिल से यह दृश्य देखते रहे

(शेष पृष्ठ 10 पर)

न्यू भंडारी अस्पताल,
र कामयाबी के साथ चल रहा है ।
ीछे मेन पोस्ट एंड टेलीग्राफ आफिस

नवोदय प्रवेश परीक्षा
ऐम बी डी नवोदय गाइड की अभूतपूर्व सफलता के बाद
अब ऐमबीडी नवोदय
चयन परीक्षा अभ्यास-पुस्तिका

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

जस्तरवाल में कल सायं लगभग 7.30 बजे आधा दर्जन उग्रवादियों ने चीनी असाल्ट राइफलों और अन्य शस्त्रों से फायरिंग करके जिन आठ खेत मजदूरों की हत्या की है, उन सभी की शिनाख्त हो गई है । मृतकों की आयु 18-25 वर्ष के मध्य है । ये सभी एक ही सम्प्रदाय से सम्बन्ध रखते हैं । इन्हें उग्रवादियों ने दूसरे सम्प्रदाय के लोगों और स्त्रियों एवं बच्चों से अलग करके अपनी गोलियों का निशाना बनाया । इनके नाम जोगेन्द्र पाल, महेश कुमार, सतपाल, धन्न, मोहन सत्तार, राज, हंसराज और द्वारिका दास हैं । कहा जाता है कि जब गेहूं की कटाई के बाद घरों को जाने के लिए ये लोग अपने कपड़े आदि सम्भाल रहे थे तो उग्रवादियों ने अचानक आकर उन्हें घेर लिया और उन्हें दूसरे लोगों से अलग करके फायरिंग शुरू कर दी । गांव जस्तरवाल में भी इन उग्रवादियों ने फायरिंग की लेकिन गांव में स्पैशल पुलिस अफसर की जवाबी फायरिंग पर उग्रवादी भाग खड़े हुए अन्यथा वे बहुत अधिक प्राण हानि करते । इसी दौरान सी.आर.पी.एफ. की गश्ती पार्टी भी जीप में वहां पहुंच गई लेकिन तब तक उग्रवादी भाग चुके थे ।

हाथ-पांव बांध कर मारा

इस वारदात में घायल दो भाइयों केशो राम और अशोक कुमार को गुरु तेग बहादुर अस्पताल में भर्ती करवा दिया गया है । इस घटना के बाद यहां एक ही समुदाय के दो सौ परिवारों में डर और आतंक व्याप्त है । सभी मृतक राजपूत हैं । हत्यारों ने इन निर्दोष लोगों के हाथ-पांव बांधने के बाद उन पर गोलियां चलाईं ।

रात भर खेतों में छिपे रहे

'ह.स' के अनुसार गोलीबारी में बचे दो अन्य व्यक्तियों वीरा सिंह (35) और हीरा (19) ने सम्वाददाताओं को बताया कि दो नकाबपोश आतंकवादी उन्हें लेकर बैठ गए जबकि गिरोह के तीन अन्य सदस्य गांव का जायजा लेने चले गए । उन्होंने लगभग 45 मिनट तक गांव में जम कर गोलियां चलाईं । वापस लौटने के बाद उन्होंने एक ही समुदाय के लोगों को एक कतार में खड़ा करके आतंकवादियों ने उन पर गोलियां बरसा दीं । हत्यारों ने भूतपूर्व सरपंच की पुत्री कृष्णा को छोड़ दिया । वहां से भागे लोगों ने बताया कि डर के मारे उन्हें अपने घर लौटने की हिम्मत नहीं हुई । इसलिए वे रात भर गेहूं के खेत में छुपे रहे ।

चिंगारा गिरोह जिम्मेदार

ग्रामीणों ने बताय कि आतंकवादी दोपहर में इस गांव के गिर्द घूमकर एक समुदाय के परिवारों के गिर्द घूमकर एक समुदाय के परिवारों के बारे में जानकारी एकत्रित करते रहे थे । श्री सिंह ने बताया कि भिडरांवाले टाइगर्स फोर्स का सतनाम सिंह सत्ता उर्फ चिंगारा गिरोह इस अपराध के लिए जिम्मेदार है । घटनास्थल से मिले एक पर्चे से यह तथ्य प्रकाश में आया ।

उग्रवादी पाक भाग गए

घटना के बाद एक ही समुदाय के लगभग 15 परिवार अपने घरबार छोड़कर यहां से चले गए । डाक्टर योगीनाथ ने गांव में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल तैनात करने की मांग की । ग्रामीणों ने ग्राम रक्षा दल को अत्याधुनिक हथियारों से लैस करने और उन्हें बायरलैस सैट मुहैया कराने की मांग की । ग्राम रक्षा दल की बहादुरी के कारण गांववासी आतंकवादियों को शिकार होने से बच गए । प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आतंकवादियों ने उन पर गोलियों की बरसात कर दी । लोगों को अपने मकानों से भाग कर खुले खेतों में शरण लेनी पड़ी । सुरक्षा बल और पुलिस ने आतंकवादियों की धरपकड़ के लिए व्यापक अभियान चलाया है । हत्यारों के पाकिस्तान सीमा की ओर भाग जाने का संदेह है । सीमा घटनास्थल से सिर्फ आठ किलो मीटर के फासले पर है । आतंकवादियों के शिकार लोगों के शव बाद में पोस्ट मार्टम के लिए अजनाला अस्पताल ले जाए गए । प्रत्येक शव पर गोलियों के अनेक जख्म हैं । जिस स्थान पर हिंसा का यह तांडव हुआ, वहां जगह-जगह खून के धब्बे, एक जोड़ी जूते और किसानों के औजार बिखरे पड़े हैं । पुलिस ने घटनास्थल से ए.के. 47 असाल्ट राइफल के अनेक खाली कारतूस बरामद किए ।

डाकघर लूट लिया

दो संदिग्ध उग्रवादियों ने कल अमृतसर में

कपूरथला के गांव लखनके पड्डे में शनिवार प्रातः आतंकवादियों ने दो व्यक्तियों की हत्या कर दी । (1) मृतक जनकराज और (2) भूपिन्दर सिंह के शव । (छाया : शर्मा)

मंडी फैंटनगंज, जालन्धर में आतंकवादियों के हाथों मारा गया 24 वर्षीय युवक अनिल कुमार भल्ला (छाया : गगन)

"लैफ्टिनैंट जनरल" मल्कियत सिंह अजनाला ने एक वक्तव्य में अमरीक सिंह की हत्या में फोर्स का हाथ होने से इंकार किया है । दोनों ने अमरीक सिंह की हत्या में सरकार का हाथ होने का शक जाहिर किया है । उन्होंने चेतावनी दी कि इस हत्या का बदला लिया जाएगा और दोषी व्यक्ति को उचित दंड दिया जाएगा ।

फायरिंग से युवक घायल

होशियारपुर (अश्विनी, प्रद्युम्न): गत रात्रि बलाचौर थाना के अन्तर्गत थोपीया ग्राम में तीन उग्रवादियों ने गोली मारकर ग्राम उधनोवाल के एक नवयुवक सुरेन्द्र सिंह को घायल कर दिया । सुरेन्द्र सिंह के भाई मलकीयत सिंह ने पुलिस को बयान दिया कि वह तथा सुरेन्द्र सिंह अपने भाई को डाक्टर को दिखाकर लौट रहे थे, जब वे थोपीया में देसी शराब के ठेके के पास पहुंचे तो वहां मौजूद तीन उग्रवादियों ने यह कहकर सुरेन्द्र सिंह पर पिस्तौल से फायरिंग आरम्भ कर दी कि उसने ग्राम में शराब का ठेका खुलवाया है । बाद में तीनों उग्रवादी 'खालिस्तान जिंदाबाद, अलग मकान, अलग संविधान व अलग निशान लेकर रहेंगे,' के नारे लगाते हुए भाग गए । बलाचौर पुलिस ने धारा 307/34 तथा टी.डी. एक्ट की धारा 3/4/5 के अन्तर्गत केस दर्ज कर लिया है ।

पुलिस अधिकारियों की बैठक

होशियारपुर जिला में सुरक्षा प्रबन्धों का जायजा लेने के लिए अर्ध सैनिक बलों व उच्च पुलिस अधिकारियों की बैठक आज यहां सम्पन्न हुई । बैठक में जिला पुलिस चीफ श्री परमजीत सिंह संधू, सी.आर.पी.एफ. के जिला कमांडैंट चौधरी भगत सिंह, एस.पी. डिटैक्टिव श्री हरभजन सिंह बाजवा तथा एस.पी. आप्रेशन श्री जी.एस. साही आदि शामिल हुए । बैठक में जिला जालन्धर में आतंकवाद की घटनाओं में आई तेजी को देखते हुए जिला होशियारपुर में ला एंड आर्डर बनाए रखने के सम्बन्ध में कई एक निर्णय किए गए । बाद में एस.एस.पी. श्री संधू ने जिला होशियारपुर के सभी सहायक व उपपुलिस कप्तानों, सैक्टर कमांडरों व पुलिस स्टेशनों के एस.एच.ओ. की अलग बैठक करके बैठक में हुए फैसलों पर सख्ती से अमल करने के निर्देश दिए । एस.एस.पी. श्री संधू ने बताया कि बरामद हुआ है । उसके निकट एक साइकल भी पड़ा है । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

राइफल छीन ली

चार अज्ञात व्यक्तियों ने गांव माझके के जसपाल राम से 315 बोर की एक राइफल और 12 कारतूस छीन लिए । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

रैड अलर्ट जारी

चंडीगढ़ (ह.स.): परसों रात्रि को जिला अमृतसर और जिला जालन्धर में दो स्थानों पर 15 व्यक्तियों की नृशंस हत्या के दृष्टिगत पंजाब में ताजा 'रैड अलर्ट' जारी किया गया है ।

विधायक के परिवार के सदस्यों की अन्तिम शोकसभा आज

शाहाबाद मारकंडा (ह.स.): शाहाबाद कांड में विधायक डाक्टर हरनाम सिंह के मृतक पुत्र खुशदेव सिंह, पुत्रवधू गुरप्रीत कौर और उनके सम्बन्धी गुरदीप सिंह की कल एक शोकसभा में श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी । विधायक के पुत्र एवं पुत्रवधू की गत दिन आतंकवादियों द्वारा हत्या कर दी गई थी । इस घटना में एक आतंकवादी अपने ही साथियों की गोली का निशाना बना था जबकि विधायक के परिवार वालों ने बहादुरी से आतंकवादियों का मुकाबला किया ।

किसान की हत्या

आज रात्रि अमृतसर जिले के तरनतारन क्षेत्र के बाहरी क्षेत्र में चुंगी चौकी के पास उग्रवादियों ने एक घर में घुस कर वहां सो रहे 50 वर्षीय किसान प्यारा सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

पिस्तौल सहित गिरफ्तार

करतारपुर (साहनी): स्थानीय पुलिस ने आज एक व्यक्ति गुरदेव सिंह पुत्र बूटा सिंह को एक पिस्तौल तथा कुछ कारतूसों सहित गिरफ्तार कर लिया । पुलिस सूत्रों के अनुसार कुछ समय पहले करतारपुर जी.टी. रोड पर गेहूं से भरे ट्रक की चोरी में गुरदेव सिंह का हाथ था ।

महंत शुक्रवार को प्रणय सूत्र में बंधेंगे

गुवाहाटी, 23 अप्रैल (टे.): असम के 34 वर्षीय मुख्यमंत्री प्रफुल्ल कुमार महंत शादी करने वाले हैं । असम गण परिषद के अध्यक्ष श्री महंत आज कल अपना कामकाज करते समय बहुत प्रसन्न दिखाई देते हैं । सौभाग्यशाली लड़की का नाम कुमारी जयश्री गोस्वामी (25) है, जो गुवाहाटी कॉटन कालेज में प्राणी विज्ञान शास्त्र पढ़ाती हैं । वर-वधू दाम्पत्य सूत्र में यहां 29 अप्रैल को बंध जाएंगे । धुबरी जिला में गौरीपुर के श्री रमेश गोस्वामी की कन्या जयश्री ने मुख्यमंत्री का दिल "आसू" के दिनों में ही जीत लिया था ।

असामान्य रूप से निश्चिंत नजर आ रहे मुख्यमंत्री ने पत्रकार को बताया कि शादी की तिथि 5-6 दिन पहले ही पक्की हुई है । उन्होंने बताया कि दो दिन का विवाह समारोह उनके दिसपुर स्थित सरकारी निवास स्थान पर होगा ।

जब उनसे पूछा गया कि क्या जयश्री विवाहोपरांत पढ़ाना जारी रखेंगी तो मुख्यमंत्री ने खिलखिला कर हंसते हुए कहा, "यह फैसला मैं उन्हीं पर छोड़ दूंगा । विवाह से पहले ही मैं किसी झगड़े में नहीं पड़ता ।" श्री दादा महंत के तीन पुत्रों में ज्येष्ठ प्रफुल्ल महंत ने कहा था कि जब तक असमगण परिषद और उनकी सरकार स्थिर नहीं हो जाती, वे शादी नहीं करेंगे । उन्होंने अपना वचन निभा लिया लगता है क्योंकि मुख्यमंत्री बने उन्हें ढाई साल हो चुके हैं । उनके मंत्रिमंडल के लगभग आधी दर्जन सहयोगी पद सम्भालते ही एक के बाद एक प्रणय सूत्र में बंधते चले गए । मुख्यमंत्री ने देश भर में अपने मित्रों और राजनीतिक नेताओं को विवाह का न्यौता दिया है । देश में यह पहला मौका होगा जब कोई मुख्यमंत्री अपने कार्यकाल में शादी कर रहा है ।

पलायनकर्त्ताओं के साथ राजनीतिक खेल खेलना शोभा नहीं देता

पठानकोट, 23 अप्रैल (महेंद्र): पंजाब ब्राह्मण सभा के प्रधान पं. किशोर चंद ने जिला गुरदासपुर ब्राह्मण सभा के प्रधान श्री राम लुभाया के साथ पलायनकर्त्ता कालोनी का दौरा किया तथा पलायनकर्त्ताओं की कहानियां सुन कर रो पड़े ।

फैंटनगंज हत्याकांड

(पृष्ठ 3 का शेष)

मगर किसी ने उग्रवादियों का न पीछा किया और न उन पर या हवा तक में फायर किया । लोगों का यह भी कहना है कि वह बैंक का सायरन ही बजा देते तो शायद उग्रवादी शीघ्र भागने की करते । दूसरी ओर फोर्स का कहना है कि वह बैंक की सुरक्षा के लिए तैनात हैं और वे दी गई हिदायतों से बाहर नहीं जा सकते ।

इस बीच डी.आई.जी. आप्रेशन श्री सी. पाल सिंह तथा एस.एस.पी. श्री एस.एस. बैंस ने बताया कि घटना के तुरन्त बाद नगर की कुछ आबादियों तथा आसपास के क्षेत्रों में छापे मारे गए । यह घटना भिंडरांवाला टाइगर फोर्स के उस गुट की लगती है जो नामी उग्रवादी सुरजीत सिंह पिंटा से सम्बद्ध है और जिसका नेतृत्व चरणजीत सिंह करता है जो पंथक कमेटी के सदस्य धन्ना सिंह का भाई है । इस बात की पुष्टि मंडी के अन्दर से मिले एक पर्चे से भी हुई है जिसमें इस फोर्स का नाम दर्ज है । इस पर्चे में कहा गया है कि ये हत्याएं श्री इजहार आलम के अमृतसर से जालन्धर में तबादले का स्वागत करने के लिए की गई हैं और जिस दिन वह यहां बाकायदा चार्ज लेंगे, उस दिन उन्हें इससे कहीं बड़ा तोहफा भेंट किया जाएगा ।

श्री सिंह के अनुसार इस वारदात में ए.के. 47 राइफल तथा .445 बोर का रिवाल्वर आदि इस्तेमाल किया गया क्योंकि जहां डेढ़ दर्जन के लगभग उक्त राइफल के खोल मिले हैं, वहां एक दो .445 बोर के खोल भी हाथ लगे हैं ।

एक समाचार के अनुसार आज प्रातः एक पुलिस अधिकारी ने स्टेशन के बाहर शोक पड़ने पर दो युवकों को रोका जिनमें एक सिख व दूसरा मोना था । तलाशी पर उनके कब्जे से एक पिस्तौल या रिवाल्वर मिला जिस पर दोनों को पुलिस ने हिरासत में लिया ।

उक्त क्षेत्र के लोगों में यह प्रश्न भी चर्चा का विषय बना हुआ है कि रेलवे थाना मंडी से सौ डेढ़ सौ गज पर है और उसके अधिकारी व अन्य कर्मी मंडी के निकट चलते-फिरते देखे गए, मगर कोई हरकत में नहीं आया ।

पंजाब भाजपा के प्रधान डा. बलदेव प्रकाश आज समाचार सुनते ही यहां आए और मृतकों के परिवारों से सहानुभूति प्रकट करने गए तथा घटनास्थल पर भी गए । श्री वीरेन्द्र भी मंडी फैंटन गंज गए तथा लोगों की व्यथा सुनी और मृतकों के परिवारों से सहानुभूति प्रकट की । भाजपा के पूर्व विधायक वैद्य ओम प्रकाश दत्त, अन्य भाजपा नेता डा. दुर्गा दत्त ज्योति, वैद्य हंसराज, श्री केवल कृष्ण मधु आर्ट, श्री वेद प्रकाश कपूर व श्री मदन मोहन अग्रवाल आदि भी संस्कार के अवसर पर उपस्थित थे ।

जालन्धर भाजपा के उत्तरी मंडल की एक आपात बैठक श्री केवल कृष्ण की अध्यक्षता में हुई जिसमें उक्त घटना की घोर निंदा की गई तथा सरकार पर और कड़े पग उठाने पर जोर दिया गया ।

जहां तक घटना की तफसील का सम्बन्ध है, उस बारे मिले ब्योरे कुछ भिन्नता रखते हैं । प्रायः लोगों का कहना है कि तीन उग्रवादी मंडी रोड की ओर से रिक्शा में आए और श्री कुन्दन लाल की दकान के सामने उतर पड़े और थैले से हथियार निकाल लिए । तब रिक्शा चालक अपनी रिक्शा वहीं छोड़ कर भाग गया । दूसरा मत यह है कि वे पैदल दाखिल हुए और पैदल ही स्टेशन की ओर के गेट से निकले और बाहर एक पहले से स्टार्ट ट्रक में बैठकर रेलवे कालोनी की ओर भाग गए । एक मत यह भी है कि वे पहले एक रिक्शा में बैठे और आगे जाकर किसी अन्य वाहन की सवारी की । कुछ का कहना है कि मंडी के अन्दर दो ही उग्रवादी गए और उनके तीन चार साथी मंडी के बाहर स्टेशन की ओर खड़े प्रतीक्षा करते रहे ।

प्रत्यक्षदर्शियों ने यह भी बताया कि एक उग्रवादी ने काली तथा एक ने लाल पगड़ी बांध रखी थी, और सभी ने सफेद कुर्ते पाजामे पहन रखे थे ।

मणिपुर के कई मंत्रियों की हत्या का प्रयास

इम्फाल, 23 अप्रैल : मणिपुर के उग्रवादियों ने आज यहां राज्य के कई मंत्रियों व वरिष्ठ अधिकारियों

Punjab Sonali

मीटर के फासले पर है । आतंकवादियों के शिकार लोगों के शव बाद में पोस्ट मार्टम के लिए अजनाला अस्पताल ले जाए गए । प्रत्येक शव पर गोलियों के अनेक ज़ख्म हैं । जिस स्थान पर हिंसा का यह तांडव हुआ, वहां जगह-जगह खून के धब्बे, एक जोड़ी जूते और किसानों के औजार बिखरे पड़े हैं । पुलिस ने घटनास्थल से ए.के. 47 असाल्ट राइफल के अनेक खाली कारतूस बरामद किए ।

डाकघर लूट लिया

दो संदिग्ध उग्रवादियों ने कल अमृतसर में इस्लामाबाद में डाकघर की शाखा को लूट लिया और कुल 533 रुपए उड़ा कर ले गए । पुलिस के अनुसार 300 रुपए सब-पोस्ट मास्टर से और शेष राशि टिकटें बेचने वाले से छीनी गई ।

अकाली नेता, गनमैन की हत्या

थाना मजीठा के गांव मुधल में अमृतसर जिला अकाली दल (ल) के वरिष्ठ नेता श्री सरदूल सिंह मुधल और उनके गनमैन मल्कीयत सिंह की उग्रवादियों ने आज सायं हत्या कर दी ।

दोनों की मौके पर ही मृत्यु

55 वर्षीय मुधल, जो उग्रवादियों के कट्टर विरोधी थे, एक आढ़ती की दुकान पर खड़े थे, जब 3 से 4 उग्रवादी चोरी के एक ट्रैक्टर पर वहां आए और श्री मुधल, उनके गनमैन और उनके सहयोगियों पर गोलियों की बौछार करके ट्रैक्टर पीछे ही छोड़ कर एक स्कूटर पर भाग निकले । श्री मुधल और उनके गनमैन की मौके पर मृत्यु हो गई, अकाली दल के सक्रिय कार्यकर्त्ता श्री कश्मीर सिंह गम्भीर रूप से घायल हो गए । श्री कश्मीर सिंह को गुरु तेगबहादुर अस्पताल में नाजुक अवस्था में दाखिल करवाया गया है । उनकी छाती में गोलियां लगी हैं ।

धमकियां मिलती रहती थीं

श्री मुधल, जो अकाली दल (ल) मजीठा के सर्कल प्रधान थे, श्री सुरजीत सिंह बरनाला के शासन के दौरान एक वर्ष के लिए मार्कीट कमेटी मजीठा के प्रधान रहे थे, सितम्बर 1985 में उन्होंने मजीठा निर्वाचन क्षेत्र से विधानसभा का चुनाव लड़ा था लेकिन कांग्रेस (इ) के उम्मीदवार से बहुत कम वोटों से हारे थे । पंजाब के भूतपूर्व मंत्री श्री शशपाल सिंह ने श्री मधुल की हत्या पर शोक व्यक्त करते हुए कहा है कि श्री मुधल को उग्रवादियों के पत्र उनके उग्रवादियों के विरुद्ध सख्त स्टैंड के कारण मिलते रहते थे । श्री मुधल ने गांव में न केवल अपने घर की किलेबंदी कर ली थी बल्कि उन्होंने अतीत में उग्रवादियों द्वारा किए गए हमलों को भी पछाड़ा था । श्री शशपाल सिंह के अनुसार श्री मधुल संत हरचंद सिंह लौंगोवाल के निकट सहयोगी थे और उन्होंने धर्मयुद्ध मोर्चे में भी भाग लिया था ।

ट्रक छीन कर ले गए

तरनतारन (पन्नू): गत रात्रि लगभग 12 बजे यहां से 30 किलो मीटर गांव पंजवार में 8 अज्ञात व्यक्ति एक ट्रक छीन कर ले गए । उन्होंने ट्रक के ड्राइवर और कंडक्टर को हत्या की धमकी देकर उनसे चाबियां छीन लीं । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया ।

ग्रंथी की हत्या

बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना श्रीहरगोबिन्दपुर के गांव मनेश में गत रात कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने फायरिंग करके 22 वर्षीय एक ग्रंथी अमरीक सिंह की हत्या कर दी तथा एक टेलर मास्टर शिव सिंह को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । एस.एस.पी. श्री सुमेध सैनी ने पत्रकारों को बताया कि मृतक दमदमी टकसाल से सम्बन्धित गुरुद्वारा बाबा राम थाला में गत एक साल से ग्रंथी था । उसे गत आधी रात को गोलियों से मार डाला गया, जबकि घायल शिवसिंह बटाला के सिविल अस्पताल में दाखिल है । श्री सैनी ने बताया कि मृतक अमरीक सिंह भी आतंकवादी था और उसे आप्रेशन ब्ल्यू स्टार के बाद गिरफ्तार किया गया था । वह कई घटनाओं में संलिप्त रहा था । दो मास पूर्व ही वह जमानत पर रिहा किया गया था । श्री सैनी के अनुसार घटनास्थल से खालिस्तान कमांडो फोर्स का एक पत्र मिला है जिस पर मलकीयत सिंह अजनाला के हस्ताक्षर हैं, और खालिस्तान कमांडो फोर्स ने इस घटना की जिम्मेदारी ली है । इससे लगता है कि यह आतंकवादियों की आपसी दुश्मनी की घटना है ।

'ह.स.' के अनुसार पुलिस ने इस घटना के सम्बन्ध में चार व्यक्तियों को हिरासत में लिया है ।

हत्या से इंकार

तथाकथित "खालिस्तान कमांडो फोर्स" ने दमदमी टकसाल के कार्यकर्त्ता अमरीक सिंह की हत्या में अपना हाथ होने से आज अमृतसर में इंकार किया है । स्वयंभू "जनरल" भाई लाभ सिंह और सिंह, एस.पी. डिटैक्टिव श्री हरभजन सिंह बाजवा तथा एस.पी. आप्रेशन श्री जी.एस. साही आदि शामिल हुए । बैठक में जिला जालन्धर में आतंकवाद की घटनाओं में आई तेजी को देखते हुए जिला होशियारपुर में ला एंड आर्डर बनाए रखने के सम्बन्ध में कई एक निर्णय किए गए । बाद में एस.एस.पी. श्री संधू ने जिला होशियारपुर के सभी सहायक व उपपुलिस कप्तानों, सैक्टर कमांडरों व पुलिस स्टेशनों के एस.एच.ओ. की अलग बैठक करके बैठक में हुए फैसलों पर सख्ती से अमल करने के निर्देश दिए । एस.एस.पी. श्री संधू ने बताया कि होशियारपुर नगर में सुरक्षा प्रबन्ध और ज्यादा मजबूत करने के लिए नगर में सुरक्षा बलों की अतिरिक्त टुकड़ियां तैनात करने का निर्णय किया गया है ।

शिव सेना नेता पर फायरिंग

फगवाड़ा (कौड़ा): विगत रात्रि हिन्दू शिव सेना के स्थानीय संयुक्त सचिव कुलदीप कुमार उर्फ दानी पर दो हथियारबंद उग्रवादियों ने उस समय गोलियों की बौछार कर दी, जब वह अपने मित्र नरेश कुमार के साइकल के पीछे बैठ कर स्थानीय शुगर मिल चौक से गुजरता हुआ अपने घर जा रहा था । फायरिंग होते ही दानी ने साइकल से निकटवर्ती एक गड्ढे में छलांग लगा दी व कलाबाजियां खाते हुए अपनी जान बचाई । उग्रवादियों ने तीन गोलियां चलाई लेकिन वह और उसका मित्र बाल-बाल बच गए । पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है । सुरक्षा बलों ने रात भर फगवाड़ा व आसपास के क्षेत्रों में कई स्थानों पर छापे मारे व नाकाबंदी की ।

सी.आर.पी. का कमांडर जख्मी रिटायर

एक सूचना के अनुसार फगवाड़ा में तैनात केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की 78वीं बटालियन के कमांडैंट बी.एस. यादव को अनिवार्य रूप से सेवानिवृत्त कर दिया गया है । उन्हें तीन मास के नोटिस काल के बदले में 13965 रुपए का चैक दे दिया गया है । हालांकि श्री यादव सेवानिवृत्ति आदेश में इसका कोई कारण नहीं बताया गया है लेकिन जानकार सूत्रों का कहना है कि उन्हें विश्व कर्मा मन्दिर में बटालियन के कैम्प मुख्यालय में सुरक्षा प्रबन्धों में त्रुटियों के लिए जिम्मेदार पाया गया, जहां 21 मार्च को राकेट से हमला हुआ था । समझा जाता है कि कमांडैंट ने कहा है कि उन्हें इसके लिए इस आधार पर जिम्मेदार नहीं ठहराया जाना चाहिए, क्योंकि पिछले कुछ मौकों पर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मौके का निरीक्षण किया था और सुरक्षा व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया था । श्री यादव ने कहा कि वह दिल्ली उच्च न्यायालय में इस आधार पर अपील करेंगे कि यह कार्रवाई दुर्भावनापूर्ण है । बटालियन अब तक 60 से अधिक आतंकवादियों को गिरफ्तार कर चुकी है तथा मुठभेड़ में एक आतंकवादी को मौत के घाट उतार चुकी है ।

तलाशियां ली गईं

सुरक्षा बलों ने गत रात्रि फगवाड़ा और आसपास के क्षेत्रों में तलाशियां लीं, जो 12 घंटे तक जारी रहीं । पुलिस सूत्रों के अनुसार सुरक्षा बलों द्वारा कोई भी संदिग्ध व्यक्ति नहीं पकड़ा जा सका ।

घुसपैठिया मारा गया

फाजिल्का (नागपाल): फाजिल्का उपमंडल में कल तड़के थालीवाला थाने के क्षेत्र में बी.एस.एफ. के जवानों के साथ मुकाबले में एक पाक घुसपैठिया मारा गया । प्राप्त विवरणों के अनुसार दो घुसपैठिए भारतीय प्रदेश में दाखिल हो रहे थे कि उसे नाकापार्टी ने चुनौती दी । इस पर उन्होंने फायरिंग करनी शुरू कर दी । जवाबी फायरिंग में एक घुसपैठिया मारा गया जबकि दूसरा अंधेरे का लाभ उठाकर भाग निकला । मृतक की जेब में से दस पैसे का पाकिस्तानी सिक्का बरामद हुआ है ।

धमकी भरे पत्र

राजपुरा (मासूम): यहां से 26 किलो मीटर दूर थाना लालडू के गांव रुड़की में कांग्रेसी नेता श्री इन्द्रसिंह शास्त्री, जो मार्कीट कमेटी के भूतपूर्व प्रधान हैं, को उग्रवादियों ने भेजे पत्र में 15 मई तक उनकी हत्या कर देने की धमकी दी है । पत्र पुलिस को सौंप दिया गया है । कांग्रेस (इ) के महामंत्री श्री विनोद शर्मा को भी धमकी भरा पत्र मिला है ।

घायलों की दशा अब ठीक

गत दिनों यहां बसन्तपुरा में अंधाधुंध फायरिंग से तीन लोग मारे गए थे और चार घायल हो गए थे । अब चारों व्यक्तियों की दशा ठीक है । पुलिस के अनुसार यह कांड खालिस्तान कमांडो फोर्स ने किया ।

अज्ञात शव बरामद

धूरी (सिंगला): अमरगढ़ थाने के क्षेत्र में शोकरों और जटुआना गांव के मध्य एक अज्ञात राव

मुख्यमंत्री अपने कार्यकाल में शादी कर रहा है ।

पलायनकर्त्ताओं के साथ राजनीतिक खेल खेलना शोभा नहीं देता

पठानकोट, 23 अप्रैल (महेंद्र): पंजाब ब्राह्मण सभा के प्रधान पं. किशोर चंद ने जिला गुरदासपुर ब्राह्मण सभा के प्रधान श्री राम लुभाया के साथ पलायनकर्त्ता कालोनी का दौरा किया तथा पलायनकर्त्ताओं की कहानियां सुन कर रो पड़े । किशोर चंद ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि आजाद भारत में अपने ही प्रदेश के लोग पलायन करके आ रहे हैं, यह कितने दुःख की बात है । उन्होंने पलायनकर्त्ताओं को दिल्ली दंगा-पीड़ितों के पैटर्न पर शीघ्र सुविधाएं देने की मांग की है । पं. राम लुभाया ने इस मौके पर कहा कि सभी दलों को वोट की राजनीति छोड़ कर पलायनकर्त्ताओं की यथाशक्ति मदद करनी चाहिए । दुःखों के मारे लोगों के साथ राजनीतिक खेल खेलना शोभा नहीं देता । याद रहे, पलायनकर्त्ता कालोनी में इन दिनों पलायनकर्त्ता दो ग्रुपों में बंट गए हैं, एक ग्रुप का नेतृत्व चरणजीत कालिया (पलायनकर्त्ता) करते हैं तथा दूसरे ग्रुप का नेतृत्व राष्ट्रीय सुरक्षा समिति पठानकोट करती है । पिछले दिनों दो ग्रुपों में झगड़ा भी हो गया था और बात थाने तक भी पहुंची और कुछ पलायनकर्त्ताओं को एक रात थाना में भी काटनी पड़ी । बाद में श्री प्यारा सिंह ढिल्लों डी.एस.पी. पठानकोट तथा बी.आर. बंगा एस.डी.एम. पठानकोट के सहयोग से मामला सुलझा ।

पुलिस के साये में कटाई शुरू

चंडीगढ़, 23 अप्रैल (ह.स.): जिला गुरदासपुर में उग्रवादियों की धमकी के दृष्टिगत आज प्रातः पुलिस सुरक्षा में फसलों की कटाई शुरू हो गई । जालन्धर के डिवीजनल कमिश्नर के.एस. जंजुआ ने कटाई की शुरूआत बारे राज्यपाल श्री एस.एस. रे को सूचित किया । कटाई के लिए जिला प्रशासन की ओर से कम्बाईन की व्यवस्था की गई है । उन्होंने बताया कि पुलिस फोर्स इस लिए उपलब्ध कराई गई है क्योंकि उग्रवादियों ने प्राईवेट कम्बाईन मालिकों से अपनी मशीनें किराए पर न देने की धमकी दे रखी थी ।

ॐ भूर्भुवः स्वः तत
भर्गो देवस्य धीमहि धिय
दूसरी



मास्टर पन्न
जो 24.4.86
उनके अदृश्य मार्गदर्शक हा
उदारता तथा निष्काम सेवा के अ
करेंगे । उनकी अमर स्मृति मे
शाश्वत शांति प्रदान करने की
हम उन्हें प्रेम-पूर्वक
हरियाणा स्टोर्ज़ प्राइवे
देविंदर बेकर्ज़ प्राइवेट
देविंदर एंड कम्पनी,
डी.एल. गुप्ता एंड कं
स्पैशलाइज़्ड एनर्जी प्
शांति ट्रेड लिंक्स, चंड

होशियारपुर जिला इंका के उपाध्यक्ष सहित पंजाब में 13 लोगों की हत्या

उग्रवादियों की फ़ायरिंग से घायल सिपाही व जालन्धर बम कांड के घायल काला भी दम तोड़ गए

एक पाक घुसपैठिया, एक उग्रवादी भिड़न्तों में मारे गये

चंडीगढ़, 24 अप्रैल (ह.स., वार्ता, वि.प्र.): उग्रवादियों ने होशियारपुर के इंका नेता लाला संत राम सहित पंजाब में 13 लोगों की हत्या कर दी । जिला अमृतसर में उग्रवादियों की फ़ायरिंग से गत दिन घायल हुआ सिपाही आज घावों की ताव न सहता हुआ दम तोड़ गया । जालंधर बम-कांड में घायल एक और व्यक्ति की आज मृत्यु हो गई । जिला अमृतसर में सुरक्षा बलों के साथ मुकाबले में बी श्रेणी का एक उग्रवादी, जिला फिरोज़पुर में एक पाक घुसपैठिया मारे गए । संगरूर में उग्रवादियों ने सुरक्षा बलों की जीप पर फ़ायरिंग की, जबकि जिला संगरूर के एक गांव में लोगों ने लूट मार करने आए उग्रवादी को पकड़ कर सुरक्षा बलों को सौंपा । फिरोज़पुर व खरड़ क्षेत्र में भी एक-एक उग्रवादी पकड़ा गया है । उग्रवादियों ने अपनी एक साथी महिला की हत्या कर दी ।

उग्रवादी सहित पांच मरे

अमृतसर (ह.स.): आतंकवादियों ने अमृतसर जिले में कल रात से तीन व्यक्तियों की गोली मारकर हत्या कर दी,जबकि एक आतंकवादी सुरक्षा बल के साथ मुठभेड़ में मारा गया । पहले की एक आतंकवादी घटना में घायल पुलिस कांस्टेबल सुरिंदर पाल सिंह ने आज सुबह गुरु तेग बहादुर अस्पताल में दम तोड़ दिया । आतंकवादियों ने वैरोवाल थाने के थाना छाबड़ी गांव में एक स्कूल अध्यापक अजीत सिंह और एक अन्य व्यक्ति स्वर्ण सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी । एक अन्य व्यक्ति प्यारा सिंह शहर के बाहरी इलाके में मारा गया । एक अज्ञात आतंकवादी मजीठा थाने के क्षेत्र में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारा गया । उसके दो साथी भाग निकले । मृत आतंकवादी के कब्ज़े से एक दोनाली बंदूक और कुछ कारतूस बरामद हुए हैं । पुलिस कांस्टेबल सुरिन्दर पाल सिंह गत 16 अप्रैल को उस समय घायल हो गया था, जब आतंकवादियों ने लोपोके थाने के चड्ढा गांव में सरपंच के मकान पर गोलियां चलाई थीं ।

दो हत्याओं का विवरण

जिला अमृतसर में एक अध्यापक और उसके साथी की हत्या के सम्बन्ध में तरनतारन से पन्नू ने समाचार दिया है कि थाना वैरोवाल के गांव वेईपुई (खान झाबड़ी) में गत रात्रि लगभग साढ़े नौ बजे कुछ उग्रवादी स्वर्ण सिंह और तारा सिंह के फार्म हाऊस पर आए और उन्होंने आवाज देकर उसे जगाया । फिर उसको साथ लेकर सुखजीत सिंह पुत्र सच्चा सिंह के फार्म हाऊस पर गए । स्वर्ण सिंह को कहा गया कि वह सुखजीत सिंह को जगाए । फिर दोनों स्वर्ण सिंह और सुखजीत सिंह को साथ लेकर थोड़ी दूर चले गए तथा वहां जाकर दोनों की हत्या कर दी । घटनास्थल से ए.के.-47 असाल्ट राइफल के चार खाली कारतूस मिले हैं । बब्बर खालसा के लैटर पैड पर लिखा एक पत्र भी मिला है, जिसमें कहा गया है कि ये दोनों ही पुलिस के मुखबिर थे ।

उग्रवादी मार डालने का दावा

इस बीच ग्राम रक्षक दस्ते ने कल रात जिला अमृतसर के ब्यास थाने के गांव जलानपुर में आतंकवादियों के हमले को नाकाम कर दिया । पुलिस के अनुसार भारी गोलीबारी के आदान-प्रदान के बाद दस्ते ने आतंकवादियों के इरादे पूरे नहीं होने दिए । ग्राम रक्षक दस्ते ने दावा किया कि गोलीबारी में कम से कम एक आतंकवादी मारा गया या घायल हुआ क्योंकि मुठभेड़ स्थल पर काफी मात्रा में खून बिखरा देखा गया ।

मजीठा के एस.एस.पी. श्री राजेंद सिंह ने बाद में एक प्रैस विज्ञप्ति में कहा कि भिंडरांवाला टाईगर्स फोर्स आफ खालिस्तान के 10 सदस्यों ने थाना ब्यास के गांव जमेलपुर में एस.पी.ओ. की चौकी पर हमला कर दिया । एस.पी. ओज़. ने हमले का उत्तर दिया और एक उग्रवादी को घायल कर दिया लेकिन घायल उग्रवादी को उसके साथी उठा कर ले गए । उन्होंने कहा कि विशेष पुलिस के अधिकारियों को इसका पुरस्कार दिया जाएगा तथा प्रत्येक को 200 रुपए के नगद ईनाम के साथ प्रशंसा पत्र दिया जाएगा ।

'बी' श्रेणी का उग्रवादी था

जगदेव कलां गांव के निकट मारा गया उग्रवादी 'बी' श्रेणी का बिक्रमजीत सिंह उर्फ बिक्का है, जो जिला अमृतसर के गांव सहसरां का रहने वाला है । वह जगदेवकलां नरसंहार कांड में पुलिस को वांछित था, जहां 12 निर्दोष व्यक्तियों की गोलियां मार कर हत्या कर दी गई थी । गत वर्ष कक्कड़ में ट्रेन में इसी ने एक श्रमिक की हत्या की थी । उसके निकट से एक छीनी हुई डबल बैरल गन., एक एच.ई.-36 हथगोला और गोली सिक्का बरामद किया गया है ।

भूतपूर्व सरपंच की हत्या

कपूरथला (शर्मा): यहां से लगभग 6 किलो मीटर दूर सुभानपुर थाने के गांव डायनबिड में उग्रवादियों ने आज तड़के भूतपूर्व सरपंच पूर्ण सिंह की उसके मकान के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी । आतंकवादियों ने सरपंच के मकान का दरवाज़ा खटखटाया और उन्हें गांव में शराब के एक ठेके पर लगी आग बुझाने में मदद देने के लिए बाहर बुलाया । सरपंच के बाहर निकलते ही दो आतंकवादियों ने उन पर गोली चला दी । पूर्ण सिंह की मौके पर ही मृत्यु हो गई ।

इंका नेता व युवक की हत्या

होशियारपुर (अश्विनी, प्रद्युम्न): गत रात्रि दो सशस्त्र उग्रवादियों ने यहां से लगभग 40 किलो मीटर दूर मैली ग्राम में इंका के प्रमुख नेता व होशियारपुर सैंट्रल कोआपरेटिव बैंक लिमिटेड के प्रबन्ध-निदेशक लाला संत राम पब्बी व एक नवयुवक चमन लाल की गोलियां मारकर हत्या कर दी । होशियारपुर के जिला पुलिस प्रमुख श्री परमजीत सिंह संधु ने आज यहां बताया कि गत रात्रि लगभग सवा आठ बजे दो उग्रवादी लाला संत राम की दवाइयों की दुकान, जो उनके घर के बाहर ही स्थित है, पर गए । एक उग्रवादी के पास 12 बोर की कटी हुई राइफल तथा दूसरे के पास पिस्तौल थी । पिस्तौल वाला उग्रवादी दुकान के अन्दर चला गया व लाला संत राम पर फ़ायरिंग आरम्भ करके उनकी हत्या कर दी । घटना के समय ग्राम का एक 22 वर्षीय हरिजन नवयुवक चमन लाल भी लाला संतराम के पास बैठा हुआ था । जब वह उग्रवादियों के डर से भागने लगा तो दुकान के बाहर खड़े उग्रवादी ने 12 बोर की राइफल से उस पर भी फ़ायरिंग आरम्भ कर दी, जिससे उसकी भी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । एस.एस.पी. ने बताया कि दोनों उग्रवादी पैदल ही लाला संतराम की दुकान पर गए थे व बाद में पैदल ही भागे । बताया जाता है कि दोनों उग्रवादियों ने अपने मुंह ढांपे हुए थे । माहलपुर पुलिस ने इस घटना के सम्बन्ध में धारा 302 शस्त्र एक्ट व टी.डी. एक्ट की धारा 3/415 के अन्तर्गत केस दर्ज कर लिया है । श्री संधु ने बताया कि इस घटना के सम्बन्ध में पूछताछ के लिए पांच लोगों को हिरासत में लिया गया है । पुलिस व अर्द्ध सैनिक बलों की तरफ से माहलपुर, होशियारपुर सदर व गढ़शंकर पुलिस थानों के अन्तर्गत लगभग एक दर्जन ग्रामों में गत रात्रि व आज तड़के छापे मारे गए । एस.एस.पी. ने आशा प्रकट की कि इस हत्याकांड का सुराग शीघ्र लगा लिया जाएगा । लाला संत राम पब्बी पंजाब के भूतपूर्व शिक्षामंत्री चौधरी गुरमेल सिंह के करीबी साथी थे व काफी समय तक माहलपुर ब्लाक समिति तथा माहिलपुर ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भी रहे तथा कुछ मास पूर्व होशियारपुर सैंट्रल कोआपरेटिव बैंक के मैनेजिंग डायरैक्टर चुने गए थे । स्वर्गीय लाला संत राम ने जिला होशियारपुर में सहकारिता लहर के प्रचार व प्रसार के लिए भारी योगदान दिया था ।

(शेष पृष्ठ 10 पर)

जिला अमृतसर में थाना मजीठा के गांव मदल में आतंकवादियों के हाथों मारा गया (1) मलकीयत सिंह और (2) घायल कश्मीर सिंह, (3-4) चाटीविंड अमृतसर और मजीठा के पास मारे गए दो व्यक्ति, जिनमें से एक का नाम प्यारा सिंह है, जबकि दूसरे का नाम पता नहीं चल सका । *(छाया : रवि भंडारी)*

जिला होशियारपुर के थाना माहलपुर के गांव मैली में गत रात उग्रवादियों ने दो व्यक्तियों की हत्या कर दी (1) मृतक संत राम का शव, (2) संत राम के परिवार की महिलाएं विलाप करते हुए, (3) मृतक चमन लाल का शव, (4) रोती-बिलखती चमन लाल के परिवार की महिलाएं । *(छाया : प्रद्युम्न)*

पटियाला पुलिस द्वारा पकड़े गए हथियार, गोली-बारूद व 22 करोड़ रु. मूल्य की स्मैक दिखाते हुए वर्त्ता के एस.एस.पी. सीतल दास ।

Punjabi Sanatan

पटियाला जिला में 22 करोड़ की स्मैक बरामद: भारी असले सहित आतंकवादी गिरफ्तार

पटियाला, 24 अप्रैल (भूषण): ज़िला पुलिस ने कल यहां से 20 किलोमीटर दूर गांव जखवाली के निकट एक ट्रक से भारी मात्रा में स्मैक बरामद की है, जिसका मूल्य अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार में 22 करोड़ रुपए के लगभग है । ट्रक दिल्ली की ओर जा रहा था ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सीतल दास के अनुसार चार पाकिस्तानी तस्कर, जिनका नेता कुख्यात तस्कर तबाजुद्दीन है, इस स्मैक को तरनतारन पुलिस ज़िला के थाना खालरा के गांव बसेरके के निकट भारत-पाक सीमा पार करके लाए थे । वहां पर उन्होंने यह माल भारतीय तस्कर अमर सिंह के हवाले कर दिया जो इसे पुलिस को धोखा देने के लिए एक जाली नम्बर प्लेट वाले ट्रक में ले जा रहा था । ट्रक की तलाशी लेने पर इसमें से 104 किलोग्राम वज़न स्मैक के 110 पैकेट बरामद हुए । भारतीय बाज़ार में इसकी कीमत लगभग एक करोड़ दस लाख रुपए है, जबकि अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार में 20 करोड़ रुपए बताई जाती है । अमर सिंह तथा ट्रक ड्राइवर ज्ञान सिंह गिरफ्तार कर लिए गए हैं ।

एक अन्य छापे में पुलिस ने चार ए.के. 47 असाल्ट राइफलें, इसके एक हज़ार कारतूस व 6 मैगज़ीन, एम थामसन गन और एक आटोमैटिक राइफल, जो द्वितीय महायुद्ध के समय की और चीनी राइफलों से भी अधिक खतरनाक समझी जाती है, सात रिवाल्वर व पिस्तौलें तथा कुछ .38 पिस्तौल के खाली कारतूस बरामद किए हैं । यह असला पिछले दो दिनों के दौरान 9 आतंकवादियों के पास से बरामद हुआ । असले में शामिल दो चीनी राइफलें दुर्दांत आतंकवादी गुलज़ार सिंह से बरामद हुईं, जो कुछ समय पूर्व मुकाबले में मारा गया था । अन्य पकड़े गए आतंकवादियों में मोहाली का 'बी' श्रेणी का आतंक देविन्दर सिंह, सामाना पुलिस थाना का भलन सिंह, प्यारा सिंह (बस्सी पठाना), कुलविंदर सिंह (खरड़), मेजर सिंह (सरहिंद), जसवंत सिंह (राजपुरा), गुरजंट सिंह (जस्सोवाल) तथा चरनजीत सिंह पुत्र हरविन्दर सिंह बदूंगर कालोनी, पटियाला शामिल हैं । इसके अतिरिक्त इन आतंकवादियों के कब्जे से एक वी.सी.आर. एक रिकार्ड प्लेयर, एक प्राजैक्टर तथा दो मूवी कैमरे भी बरामद हुए हैं ।

पंजाब की विधवाएं राष्ट्रपति, अन्य नेताओं से मिलने दिल्ली पहुंचीं

नई दिल्ली, 24 अप्रैल (वार्ता): आतंकवादी घटनाओं के भय से पंजाब से भागकर यहां आई 6 विधवाओं ने केंद्र सरकार से अनुरोध किया है कि पंजाब में निर्दोष व्यक्तियों की रक्षा की जाए । ये

पंजाब की राष्ट्रीय सुरक्षा समिति ने मांग की है कि अगर पाकिस्तान पंजाब में आतंकवादियों की मदद कर रहा है तो उसे मुंहतोड़ जवाब दिया जाए ।

बटाला के गांव चैनेवाल के निकट आतंकवादियों ने एक महिला मनजीत कौर की हत्या कर दी। (छाया : कोछड़)

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

गिल की उच्चाधिकारियों से बैठक

पंजाब पुलिस के नए महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल आज यहां आए । उन्होंने जिले में कानून-व्यवस्था की स्थिति का जायजा लेने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ एक बैठक की जिसमें जालन्धर रेंज के डी.आई.जी. ए.एस. सिद्दीकी, डी.आई.जी. आप्रेशन सी. पाल सिंह, होशियारपुर के एस.एस.पी. श्री परमजीत सिंह संधु और सी.आर.पी.एफ. के उच्चाधिकारी शामिल हुए । बैठक में उग्रवादियों की सरगर्मियों की रोकथाम के लिए महत्वपूर्ण निर्णय किए गए । श्री गिल ने अधिकारियों को दिशा निर्देश भी दिए ।

3 की हत्या

जालन्धर (क): गत रात जिला जालन्धर में उग्रवादियों ने हत्याओं का क्रम जारी रखा । एक घटना में उग्रवादी एक व्यक्ति से रिवाल्वर छीन कर ले गए ।

पुराना साथी था

पुलिस सूत्रों से मिले विवरण के अनुसार गत रात तीन बजे नकोदर के निकट के गांव गिल में तीन उग्रवादियों ने एक युवक स्वर्ण सिंह के घर में घुसकर निकट से गोलियां मारकर उसकी हत्या कर दी और उसके भाइयों व पत्नी आदि को कुछ कहे बगैर फ़रार हो गए । बताया गया है कि स्वर्ण सिंह पहले उग्रवादियों का साथी था,किन्तु बाद में पकड़े जाने के बाद उसके कथित बताने पर कुछ उग्रवादी पकड़े गए थे । इस कारण उग्रवादी उसके विरुद्ध थे और गत रात्रि उन्होंने उसकी जान ले ली ।

नकोदर से 'गगन' ने गिल गांव में हुई हत्या का विवरण देते हुए बताया है कि स्वर्ण सिंह (25 वर्ष) अपने खेत में ट्राली पर अपने दो पंजाबी नौकरों के साथ सोया हुआ था कि चार उग्रवादियों ने फायरिंग करके उसकी हत्या कर दी । बताया जाता है कि वह अपनी गेहूं की गहाई करके सोया था । उग्रवादी पैदल ही आए और पैदल ही भाग गए । उन्होंने मृतक की पूरी तरह शिनाख्त करके उसे गोलियां मारीं । उसके दोनों नौकरों को कुछ नहीं कहा । बाद में वे हीरां गांव में एक डेरे के पास स्वर्ण सिंह के मकान के पास रुके और हवाई फायरिंग करके भाग गए ।



जिला कपूरथला के क्षेत्र ढिलवां में रविवार को (ऊपर) बम फटने से मारे गये युवक अवतार सिंह का शव । (नीचे) विस्फोट के बाद एकत्रित किये गये बम के टुकड़े । मृतक बम का पीतल निकाल रहा था । (छाया : जसपाल)

एक का हत्या, एक घायल

दूसरी घटना के अनुसार गत रात करतारपुर थाना के गांव ब्राह्मणी में तीन उग्रवादियों ने एक व्यक्ति हरीश कुमार की गोली मार कर हत्या कर दी जबकि उसके सम्बन्धी अशोक कुमार को घायल कर दिया, जो अब सिविल अस्पताल जालन्धर में उपचाराधीन पड़ा है । अशोक कुमार के अनुसार हरीश कुमार तथा वह घर से बाहर गए हुए थे कि तीन उग्रवादियों ने उन्हें शस्त्र दिखा कर रोक लिया और दोनों को बांध दिया, किन्तु इसी दौरान वह (अशोक) भाग खड़ा हुआ, जिस पर उग्रवादियों ने उन दोनों को गोलियां मारीं, जिससे हरीश कुमार मौका पर ही दम तोड़ गया जबकि वह (अशोक) घायल हो गया ।

रिवाल्वर छिना

तीसरी घटना नवांशहर के निकट गांव लंगड़ोआ में हुई जब दो उग्रवादियों ने गत रात बजे गोलियां मारकर मार डाला । बताया जाता है कि वह यथापूर्व शराब का ठेका बंद करके अपने गांव को जा रहा था कि दो किलो मीटर दूर उसे गोलियां मारकर घटनास्थल पर ही मार डाला गया । उसकी कोई औलाद नहीं है । उसे ठेके पर तैनात अभी कुछ दिन ही हुए थे कि मौत ने आ घेरा । जब वह रात घर न पहुंचा तो सुबह उसकी तलाश हुई । लाश खेतों में पड़ी मिली । उसकी टांग का कुछ हिस्सा और गुप्तांग कोई जंगली जानवर खा गया था ।

शराब के ठेकेदारों को चेतावनी

आज सायं खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स ने प्रैस के नाम एक वक्तव्य में शराब के ठेकेदारों और कर्मचारियों को चेतावनी दी है कि वे ठेकेबंद कर दें, अन्यथा उनका हश्र औड़, सरहाल कांज़ियां, करनाना और खानखाना जैसा होगा । सिग्रेट, बीड़ी, पान और तम्बाकू आदि नशीली वस्तुएं बेचने वालों, इनका प्रयोग करने वालों को चेतावनी दी गई है कि उनका हश्र राजवंत पांडे कलनपुर जैसा होगा । बयान पर स्वयंभू जरनल लाभ सिंह और एरिया कमांडर भाई परमजीत सिंह पम्मा के हस्ताक्षर हैं ।

घर-घर की तलाशी

फगवाड़ा (कौड़ा): गत रात्रि सुरक्षा बलों ने फगवाड़ा के कई निकटवर्ती गांवों में दस घंटे तक घर-घर में तलाशी ली । सुरक्षा बलों ने कई स्थानों पर नाकाबंदी भी कर रखी थी । इस आप्रेशन के दौरान यद्यपि कोई संदिग्ध व्यक्ति हिरासत में नहीं लिया गया,तथापि लोगों का मनोबल ऊंचा हुआ है और वह स्वयं को सुरक्षित अनुभव करते हैं ।

घुसपैठिया मारा गया

फिरोज़पुर (ह.स.): जिला फिरोज़पुर में फाज़िल्का सैक्टर में थाना थालीवाल क्षेत्र में बी.एस.एफ. के साथ मुकाबले में एक उग्रवादी मारा गया । वह पाकिस्तान से भारत में घुसने की कोशिश कर रहा था । इसके दो साथी भाग निकलने में सफल हो गए ।

हथगोले समेत उग्रवादी गिरफ्तार

फिरोज़पुर जिले में थाना सदर फाज़िल्का की पुलिस ने कमलवाल गांव के जरनैल सिंह को गिरफ्तार करके उसके कब्ज़े से एक हथगोला बरामद किया है ।

फसल, ट्रैक्टर को आग

गुरु हरसहाय (भंडारी): कल रात उग्रवादियों ने यहां से 4 किलो मीटर दूर झोक टहर सिंह गांव के जमींदार प्रीतम सिंह की फसल, ट्रैक्टर, ट्राली, थ्रैशर मोटरों आदि को आग लगा दी । बताया गया कि कल रात 11 बजे के लगभग 6 उग्रवादी प्रीतम सिंह के खेत में आए और वहां सो रहे चार व्यक्तियों को जगाकर साथ ले गए और कहा कि हमें प्रीतम सिंह का घर दिखाओ । जब वे प्रीतम सिंह के घर पहुंच गए तो पहले गुरुग्रंथ की पड़ी बीड़ को माथा टेका और पूछा कि प्रीतम सिंह कहां है ? घर वालों ने बताया कि वह बाहर गया हुआ है । उसके घर से यह कहकर लौट गए कि उसे कहना कि बीड़ को गुरुद्वारा में पहुंचा दे और यह एक ट्रेलर है ।

महिला की हत्या

बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना डेरा बाबा नानक के गांव चैनेवाल के निकट तीन अज्ञात युवकों ने गोलियां मारकर 26 वर्षीय एक विवाहित महिला मंजीत कौर 'डॉली' की गत रात हत्या कर दी । पुलिस जिला बटाला के एस.एस.पी. श्री सुमेध सिंह सैनी के अनुसार गत रात लगभग आतंकवादियों की आपसी दुश्मनी भी हो सकती है । स्थानीय सिविल अस्पताल से पोस्ट-मार्टम के बाद शव उसके वारिसों को सौंप दिया गया है ।

रंधावा के निकट साथी पर हमला

डेरा बाबा नानक मार्कीट कमेटी के भूतपूर्व चेयरमैन और भूतपूर्व इंका मंत्री संतोख सिंह रंधावा के निकट साथी प्रकाश सिंह ठेठरके की जीप पर उस समय फ़ायरिंग की गई,जब वह अपने गनमैन गुरप्रीत सिंह के साथ बटाला आ रहे थे । पुलिस के सूत्रों के अनुसार फ़ायरिंग एक 47 राइफल से की गई फ़ायरिंग जीप के आगे के दोनों पहिए फट गए । गनमैन ने तुरन्त ज़मीन पर लेटकर जवाबी फ़ायरिंग की,जिससे हमलावर भाग गए और कोई नुक्सान नहीं हुआ ।

पुलिस जीप पर फ़ायरिंग

संगरूर (गोयल): थाना भदौड़ के गांव अलकरा के निकट स्कूटर पर सवार दो उग्रवादियों ने पुलिस की एक गश्ती जीप पर ए.के. 47 चीनी राइफलों से हमला कर दिया । संगरूर के पुलिस अधीक्षक ज्ञान सिंह ने बताया कि इस हमले में किसी के मरने या घायल होने की कोई सूचना नहीं है । उन्होंने बताया कि जब पुलिस पार्टी ने दो उग्रवादियों को आते देखा तो उन्हें ललकारा । जवाब में उग्रवादियों ने पुलिस जीप पर फ़ायरिंग शुरू कर दी । पुलिस पार्टी ने जवाबी फ़ायरिंग की और उनका पीछा किया । स्कूटर सवार उग्रवादी भाग निकले । वह फरीदकोट जिले के थाना निहालसिंहवाला के गांव सैदा के निकट पहुंचे तो उनका स्कूटर फिसल गया । वह स्कूटर वहीं पर छोड़,सफ़ेदे के पेड़ों के नीचे छिप गए । जीप वहां नहीं पहुंच सकी । अतः उग्रवादी पैदल ही फ़रार होने में सफल हो गए ।

पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) श्री एम.एम. कपूर ने पार्टी के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर क्षेत्र की नाकाबंदी कर ली है ।

ग्रामीणों ने उग्रवादी पकड़ा

गत रात्रि जिला संगरूर के थाना लहरा के गांव घोड़ा नाम में ग्रामीणों ने एक उग्रवादी गुरदीप सिंह को पकड़ा है । बताया जाता है कि तीन उग्रवादी बलदेव सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में आए और उनमें से एक गुरदीप सिंह बलदेव सिंह को बुलाने के लिए बलात उसके घर में घुसा । बलदेव सिंह और उसके घर वालों द्वारा शोर मचाए जाने पर लोग वहां एकत्रित हो गए और उन्होंने गुरदीप सिंह को पकड़ लिया । उसने अपने अन्य दोनों साथियों के नाम सुखविंद्र सिंह और बिदर सिंह बताए हैं ।

शव बरामद

धूरी (सिंगल): मालेरकोटला की पुरानी अनाजमंडी में एक व्यक्ति का शव मिला है । बताया जाता है कि वह विक्षिप्त था । पुलिस ने एक व्यक्ति पाला राम राजपूत को गिरफ्तार किया है । उसके कब्जे से 12 बोर की एक पिस्तौल और कुछ कारतूस बरामद किये गये हैं ।

जालन्धर कांड के मृतक की अंत्येष्टि

धूरी में आढ़ती राम लाल एंड संज का कर्मचारी दाना, जिसकी गत दिवस जालन्धर में हुई फायरिंग में मृत्यु हो गई थी, की अंत्येष्टि उसके गांव ककरवाल में कर दी गई । बताया जाता है कि वह बड़े ही गरीब परिवार से सम्बद्ध था ।

दुकान लूटने आया उग्रवादी पकड़ा गया

खरड़ (शशि): यहां के गांव डाऊन माजरा में

उग्रवादियों के 22 शरण दाता गिरफ्तार

फरीदकोट (जिन्दल): पुलिस ने बाघा पुराना क्षेत्र से 22 और उग्रवादियों के शरणदाता गिरफ्तार किए हैं । जिला पुलिस के एक प्रवक्ता ने यह जानकारी देते हुए बताया कि स्वयंभू जनरल हरमा सिंह आफ डाला, साधा सिंह वाला के जगरूप सिंह, गज्जन सिंह वाला के रूपी, गांव नत्थेवाला के अमरजीत सिंह उर्फ जोगी, वड्डा घरेट के छिंदा सिंह आदि कथित उग्रवादियों के सभी प्रमुख छिपने के स्थान छिन्न-भिन्न कर दिए गए हैं । इन गिरफ्तार 22 शरणदाताओं ने पुलिस के समक्ष स्वीकार किया है कि वे उक्त उग्रवादियों को आश्रय, वित्तीय सहायता और अन्य मदद देते रहे हैं ।

ग्रंथी की हत्या

अहमदगढ़ (पुरी): यहां से 5 किलो मीटर दूर गुरुद्वारा घल्लूघारा रहीड़ में कुछ उग्रवादियों ने गत रात्रि 80 वर्षीय ग्रंथी बाबा रत्न सिंह की बुरी तरह हत्या कर दी । प्राप्त सूचना के अनुसार रात को लगभग 7 बजे पांच उग्रवादी, जिनमें से 2 निहंगों के वेश में थे, गुरुद्वारे में आए । उन्होंने रात्रि का खाना भी खाया । रात्रि को उन्होंने बाबा रत्न सिंह की हत्या कर दी और उनके एक साथी गरमेल सिंह को घायल कर दिया । गुरमेल सिंह की सी.एम.सी. लुधियाना में हालत गम्भीर है । पता चला है कि मृतक ग्रंथी गुरदासपुर के गांव मुनवा का निवासी था ।

ग्रंथी ने टांग काट दी

कुरुक्षेत्र (ह.स.): आज प्रातः जिला कुरुक्षेत्र के थाना रादौर के क्षेत्र में स्थित गांव कबूलपुर में एक ग्रंथी ने एक व्यक्ति बलबीर सिंह पर हमला कर दिया । बलबीर सिंह की टांग ग्रंथी ने काट डाली है । ग्रंथी को गिरफ्तार कर लिया गया है ।

गश्त तेज करने के आदेश

हरियाणा में पंजाब से लगे हुए अम्बाला, कुरुक्षेत्र, हिसार और सिरसा जिलों में अधिकारियों को कड़ी निगरानी रखने और गश्त तेज करने का आदेश दिया है । अम्बाला के ग्रामीण इलाकों में सभी पुरुषों को निर्देश दिया गया है कि वे रेलवे लाइनों और महत्वपूर्ण रेलवे ठिकानों पर दिन रात चौकसी करें ।

अगला इंका अधिवेशन जम्मू-कश्मीर में

कामराजनगर, 24 अप्रैल (वार्ता): कांग्रेस (इ) का अगला अधिवेशन इसी वर्ष अक्तूबर में सम्भवतः जम्मू-कश्मीर में होगा । कांग्रेस (इ) महासचिव गुलाम नबी आज़ाद ने पार्टी के भविष्य के कार्यक्रमों की घोषणा करते हुए यह जानकारी दी और बताया कि 'राष्ट्र निर्माण' के बारे में दिल्ली में इस वर्ष अक्तूबर में एक राष्ट्रीय संगोष्ठी होगी ।

अन्य कार्यक्रम इस प्रकार हैं :

पार्टी संगठन को मज़बूत बनाने के बारे में दिल्ली में राष्ट्रीय संगोष्ठी कार्यशाला जून-जुलाई 1988, सभी राज्य जिला ब्लाक इकाइयों का 31 अगस्त 1988 तक पुनर्गठन । 'राष्ट्र निर्माण' के बारे में जिला और राज्य स्तर पर संगोष्ठियों और कार्यशालाओं का आयोजन 30 जून 1988 तक हो जाएगा ।

वी.पी. सिंह

(पृष्ठ 3 का शेष)

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

मैडिकल

मैडिकल कोर्स या रजिस्ट्रेशन करवाने से पूर्व सलाह लेतथा मैडिकल व स्वास्थ्य संबंधी पुस्तकों का सूची पत्र मुफ्त मंगवाएं :-मैडिकल हाऊस, कुतुब रोड, दिल्ली-110006. (JO)

चिकित्सा

दमा सफल इलाज, अनुभवी M.D. पास डाक्टर Ex gazetted research officer द्वारा 25 वर्ष के परिश्रम से प्राप्त सिद्ध योग । हज़ारों दमा रोगी लाभ उठा चुके । मिलें/लिखें-Dr. D.N. Sharma M.D. (Ay.) 625, Urban Estate-II, Hisar.

टी.वी. ट्रेनिंग

Colour TV, VCR सीखें-सचदेवा TV Training Institute (Regd.), सदर बाज़ार, नज़दीक किताब बाज़ार, लुधियाना ।

रंगदार टैलीविज़न, V.C.R. कोर्स मिलें : नैशनल इलैक्ट्रोनिक्स ट्रेनिंग कालेज, सामने आऊटगेट, बस स्टैंड, पठानकोट ।

ड्राइविंग सीखें

ड्राइविंग हैवी ट्रक, कार (लाइसैंस समेत), टैलीविज़न, ट्रांज़िस्टर, स्टीरियो, इलैक्ट्रीशियन, प्लम्बर, कारपैंटर, RCC बार-बैंडर, वैल्डिंग कोर्स । रिहायश फ्री, मिलें : नैशनल इंजीनियरिंग कालेज, पीछे बस स्टैंड की पानी वाली टैंकी, लुधियाना, फोन : 31437; सामने बस स्टैंड, खन्ना; 184, मोता सिंह नगर, जालंधर ।

आवश्यकता

1982 में स्थापित की गई उत्तरी भारत की एक प्रसिद्ध वित्तीय कम्पनी को नारायणगढ़, अम्बाला, यमुनानगर, शाहाबाद, कुरुक्षेत्र, करनाल में निम्नलिखित पदों के लिए कर्मचारियों की आवश्यकता है । एजैंट्स-वेतन 550/-, योग्यता मैट्रिक, फील्ड अफसर-वेतन 750/-, योग्यता मैट्रिक फर्स्ट डिवीजन, इंसपैक्टर-वेतन 1000/-, ग्रैजुएट । इच्छुक लड़के/लड़कियां प्रार्थना पत्र पूरे विवरण और योग्यताओं की तसदीकशुदा कापियों सहित 10 दिन के अंदर निम्नलिखित पते पर आवेदन करें । ब्रांच मैनेजर

रोज़गार

सरकारी नौकरी/रोज़गार के इच्छुक अपनी योग्यता/आयु लिखें : Rozgar Guidance Institute, 6885/4, Ambala City.

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 24.4.88, 43/- without trays. NECC Suggested Retail Price 6/- per Dozen.

कार बाज़ार

कारें, स्कूटर और मोटर साईकिल खरीदने/बेचने के लिए मिलें : गुरु नानक आटो डील, स्कूटर मार्किट, पुली अली मुहल्ला, जालंधर ।

ज़मीन/जायदाद/प्लाट

जी.टी. रोड मिलर गंज, लुधियाना में स्थित दुकान बिकाऊ है, इच्छुक पार्टी मिलें-क्राउन इलैक्ट्रिक स्टोर, जी.टी. रेड, मिलर गंज, लुधियाना फोन : 32655 PP.

टाइपिंग

For Punjabi and English applications and type work, kindly visit Asian Bright Centre, Lal Market, Back Side Tempoo Adda and Saw Mills, Premgarh Road, Hoshiarpur.

सार्वजनिक सूचना

मेरा सौतेला भाई बूटा राम मुझ से अलग रहता है । उसका मेरे साथ कोई सम्बन्ध नहीं । उसके किसी लेन-देन का मैं जिम्मेवार नहीं हूं । शाम सुन्दर सेठी 658-9, कटड़ा खजाना, अमृतसर

ड्राइविंग-टी.वी. सीखें

ड्राइविंग हैवी ट्रक, कार (लाइसैंस समेत), टैलीविज़न/Colour TV/ट्रांज़िस्टर इलैक्ट्रीशियन, वायरमैन, रैफ्रीजिरेशन, RCC बार बैंडर, प्लम्बर, वैल्डिंग, मोटर मैकेनिक कोर्स, रिहायश उपलब्ध, दाखले हेत मिलें : प्रिंसीपल, टी.आई.टी. कालेज 232, डिफैंस कालोनी, निकट चौक खालसा कालेज, जालंधर शहर । निकट मेन गेट, सामने बस स्टैंड, लुधियाना ।

जिला कपूरथला के क्षेत्र ढिलवां में रविवार को (ऊपर) बम फटने से मारे गये युवक अवतार सिंह का शव । (नीचे) विस्फोट के बाद एकत्रित किये गये बम के टुकड़े । मृतक बम का पीतल निकाल रहा था । (छाया : जसपाल)

अपनी गेहूं की गहाई करके सोया था । उग्रवादी पैदल ही आए और पैदल ही भाग गए । उन्होंने मृतक की पूरी तरह शिनाख्त करके उसे गोलियां मारीं । उसके दोनों नौकरों को कुछ नहीं कहा । बाद में वे हीरां गांव में एक डेरे के पास स्वर्ण सिंह के मकान के पास रुके और हवाई फायरिंग करके भाग गए ।

एक का हत्या, एक घायल

दूसरी घटना के अनुसार गत रात करतारपुर थाना के गांव ब्राह्मणी में तीन उग्रवादियों ने एक व्यक्ति हरीश कुमार की गोली मार कर हत्या कर दी जबकि उसके सम्बन्धी अशोक कुमार को घायल कर दिया, जो अब सिविल अस्पताल जालन्धर में उपचाराधीन पड़ा है । अशोक कुमार के अनुसार हरीश कुमार तथा वह घर से बाहर गए हुए थे कि तीन उग्रवादियों ने उन्हें शस्त्र दिखा कर रोक लिया और दोनों को बांध दिया, किन्तु इसी दौरान वह (अशोक) भाग खड़ा हुआ, जिस पर उग्रवादियों ने उन दोनों को गोलियां मारीं, जिससे हरीश कुमार मौका पर ही दम तोड़ गया जबकि वह (अशोक) घायल हो गया ।

रिवाल्वर छिना

तीसरी घटना नवांशहर के निकट गांव लंगड़ोआ में हुई जब दो उग्रवादियों ने गत रात अवतार सिंह के घर में घुसकर उनका 32 बोर का रिवाल्वर छीन लिया और फ़रार हो गए । सभी मामलों बारे केस सम्बन्धित थानों में दर्ज हो गए हैं ।

विस्फोट में घायल मर गया

गत बीरवार को जालन्धर के नया बाज़ार की बैंस मार्कीट में हुए बम विस्फोट में घायल काला सिंह की आज सी.एम.सी. अस्पताल लुधियाना में मृत्यु हो गई । इस विस्फोट में दो व्यक्ति पहले मारे गए थे । इस वारदात में काला सिंह सहित चार व्यक्ति घायल हुए थे ।

स्कूटर छीन लिया

गत रात्रि जिला जालन्धर में गांव संघा के निकट दो सशस्त्र व्यक्तियों ने एक व्यक्ति स्वर्ण चंद से उसका स्कूटर छीन लिया ।

ठेके का कर्मचारी मारा गया

बंगा (खोसला): यहां से पांच किलो मीटर दूर देसी शराब के ठेके का कारिंदा सोहन सिंह लखपुरी उर्फ बोला को कुछ उग्रवादियों ने कल रात साढ़े आठ

घर-घर की तलाशी

फगवाड़ा (कौड़ा): गत रात्रि सुरक्षा बलों ने फगवाड़ा के कई निकटवर्ती गांवों में दस घंटे तक घर-घर में तलाशी ली । सुरक्षा बलों ने कई स्थानों पर नाकाबंदी भी कर रखी थी । इस आप्रेशन के दौरान यद्यपि कोई संदिग्ध व्यक्ति हिरासत में नहीं लिया गया, तथापि लोगों का मनोबल ऊंचा हुआ है और वह स्वयं को सुरक्षित अनुभव करते हैं ।

घुसपैठिया मारा गया

फिरोज़पुर (ह.स.): जिला फिरोज़पुर में फाज़िल्का सैक्टर में थाना वाल्टीवाल क्षेत्र में बी.एस.एफ. के साथ मुकाबले में एक उग्रवादी मारा गया । वह पाकिस्तान से भारत में घुसने की कोशिश कर रहा था । इसके दो साथी भाग निकलने में सफल हो गए ।

हथगोले समेत उग्रवादी गिरफ्तार

फिरोज़पुर जिले में थाना सदर फाजिल्का की पुलिस ने कमलवाल गांव के जरनैल सिंह को गिरफ्तार करके उसके कब्ज़े से एक हथगोला बरामद किया है ।

फसल, ट्रैक्टर को आग

गुरु हरसहाय (भंडारी): कल रात उग्रवादियों ने यहां से 4 किलो मीटर दूर झोक टहरसिंह गांव के जमींदार प्रीतम सिंह की फसल, ट्रैक्टर, ट्राली, थ्रैशर मोटरों आदि को आग लगा दी । बताया गया कि कल रात 11 बजे के लगभग 6 उग्रवादी प्रीतम सिंह के खेत में आए और वहां सो रहे चार व्यक्तियों को जगाकर साथ ले गए और कहा कि हमें प्रीतम सिंह का घर दिखाओ । जब वे प्रीतम सिंह के घर पहुंच गए तो पहले गुरुग्रंथ की पड़ी बीड़ को माथा टेक और पूछा कि प्रीतम सिंह कहां है ? घर वालों ने बताया कि वह बाहर गया हुआ है । उसके घर से यह कहकर लौट गए कि उसे कहना कि बीड़ को गुरुद्वारा में पहुंचा दे और यह एक ट्रेलर है ।

महिला की हत्या

बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना डेरा बाबा नानक के गांव चैनेवाल के निकट तीन अज्ञात युवकों ने गोलियां मारकर 26 वर्षीय एक विवाहित महिला मंजीत कौर 'डाली' की गत रात हत्या कर दी । पुलिस जिला बटाला के एस.एस.पी. श्री सुमेध सिंह सैनी के अनुसार गत रात लगभग 10.30 बजे तीन सशस्त्र अज्ञात युवक मंजीत कौर के ससुराल गांव दर्गाबाद में आए और वहां से उसे अपने साथ ले गए और गांव चैनेवाल के निकट जाकर गोलियां मारकर उसकी हत्या कर दी ।

सच्चाई की कीमत

पुलिस के आधिकारिक सूत्रों ने आगे बताया कि अमृतसर पुलिस ने कुछ समय पहले मंजीत कौर व एक अन्य लड़की को दरबार साहिब क्षेत्र से बरामद किया था और अमृतसर में उस समय तैनात एस.एस.पी. श्री इज़हार आलम ने इन्हें पत्रकारों के समक्ष पेश किया था । यहां इन्होंने कुछ उग्रपंथियों के आचरण पर कई प्रकार के आरोप लगाए थे, जिस कारण गत रात इसे सच्चाई की कीमत चुकानी पड़ी । पुलिस के अधिकारिक सूत्रों ने आगे कहा कि फायरिंग ए.के. 47 असाल्ट राइफलों से की गई है । पुलिस व सीमा सुरक्षा बल के जवान क्षेत्र सील करके हत्यारों की खोज कर रहे हैं । श्री सैनी ने आगे कहा कि मृतका स्वयं भी उग्रपंथी थी और कई बार इसे गिरफ्तार भी किया गया था, अभी 15 दिन पहले ही यह जमानत पर छूट कर आई थी, हत्या का कारण

उन्होंने बताया कि जब पुलिस पार्टी ने दो उग्रवादियों को आते देखा तो उन्हें ललकारा । जवाब में उग्रवादियों ने पुलिस जीप पर फ़ायरिंग शुरू कर दी । पुलिस पार्टी ने जवाबी फ़ायरिंग की और उनका पीछा किया । स्कूटर सवार उग्रवादी भाग निकले । वह फरीदकोट जिले के थाना निहालसिंहवाला के गांव सैदा के निकट पहुंचे तो उनका स्कूटर फिसल गया । वह स्कूटर वहीं पर छोड़, सफेदे के पेड़ों के नीचे छिप गए । जीप वहां नहीं पहुंच सकी । अतः उग्रवादी पैदल ही फ़रार होने में सफल हो गए ।

पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) श्री एम.एम. कपूर ने पार्टी के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर क्षेत्र की नाकाबंदी कर ली है ।

ग्रामीणों ने उग्रवादी पकड़ा

गत रात्रि जिला संगरूर के थाना लहरा के गांव घोड़ा नाम में ग्रामीणों ने एक उग्रवादी गुरदीप सिंह को पकड़ा है । बताया जाता है कि तीन उग्रवादी बलदेव सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में आए और उनमें से एक गुरदीप सिंह बलदेव सिंह को बुलाने के लिए बुलात उसके घर में घुसा । बलदेव सिंह और उसके घर वालों द्वारा शोर मचाए जाने पर लोग वहां एकत्रित हो गए और उन्होंने गुरदीप सिंह को पकड़ लिया । उसने अपने अन्य दोनों साथियों के नाम सुखविंद्र सिंह और बिंदर सिंह बताए हैं ।

शव बरामद

धूरी (सिंगल): मालेरकोटला की पुरानी अनाजमंडी में एक व्यक्ति का शव मिला है । बताया जाता है कि वह विक्षिप्त था । पुलिस ने एक व्यक्ति पाला राम राजपूत को गिरफ्तार किया है । उसके कब्जे से 12 बोर की एक पिस्तौल और कुछ कारतूस बरामद किये गये हैं ।

जालन्धर कांड के मृतक की अंत्येष्टि

धूरी में आढ़ती राम लाल एंड संज का कर्मचारी दाना, जिसकी गत दिवस जालन्धर में हुई फायरिंग में मृत्यु हो गई थी, की अंत्येष्टि उसके गांव ककरवाल में कर दी गई । बताया जाता है कि वह बड़े ही गरीब परिवार से सम्बद्ध था ।

दुकान लूटने आया उग्रवादी पकड़ा गया

खरड़ (शशि): यहां के गांव डाऊन माजरा में कल रात्रि एक किरयाना की दुकान को लूटने आए तीन में से एक उग्रवादी को लोगों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया । पुलिस सूत्रों के अनुसार ये उग्रवादी साइकिल पर सवार होकर बहादुर सिंह की दुकान पर आए और एक उग्रवादी ने दुकान के अंदर जाकर उस पर रिवाल्वर तान कर सारी नकदी उसके हवाले कर देने को कहा । लेकिन दुकानदार ने नकदी देने की बजाए उसे दबोच लिया और शोर मचा दिया, जिस पर लोग एकत्रित हो गए और उसे पकड़ लिया । इस दौरान पकड़े गए उग्रवादी ने गोली भी चलाई लेकिन वह किसी को न लगी । उसके अन्य साथी लोगों की भीड़ लगती देख कर भाग गए । पुलिस ने गिरफ्तार उग्रवादी का 26 अप्रैल तक पुलिस रिमांड ले लिया और फरार हुए उग्रवादियों की खोज शुरू कर दी । पुलिस सूत्रों के अनुसार इन उग्रवादियों ने इस गांव में आने से पूर्व गांव झुग्गीइन में एक देसी शराब के ठेके से आठ सौ रुपए लूटे और शराब की चालीस बोलतें तोड़ डालीं । इस उग्रवादी की गिरफ्तारी से पुलिस को क्षेत्र में हुई लूट की घटनाएं हल किए जाने की आशा है ।

हत्या कर दी और उनके एक साथी गुरमेल सिंह को घायल कर दिया । गुरमेल सिंह की सी.एम.सी. लुधियाना में हालत गम्भीर है । पता चला है कि मृतक ग्रंथी गुरदासपुर के गांव मुनवा का निवासी था ।

ग्रंथी ने टांग काट दी

कुरुक्षेत्र (ह.स.): आज प्रातः जिला कुरुक्षेत्र के थाना रादौर के क्षेत्र में स्थित गांव कबूलपुर में एक ग्रंथी ने एक व्यक्ति बलबीर सिंह पर हमला कर दिया । बलबीर सिंह की टांग ग्रंथी ने काट डाली है । ग्रंथी को गिरफ्तार कर लिया गया है ।

गश्त तेज करने के आदेश

हरियाणा में पंजाब से लगे हुए अम्बाला, कुरुक्षेत्र, हिसार और सिरसा जिलों में अधिकारियों को कड़ी निगरानी रखने और गश्त तेज करने का आदेश दिया है । अम्बाला के ग्रामीण इलाकों में सभी पुरुषों को निर्देश दिया गया है कि वे रेलवे लाइनों और महत्वपूर्ण रेलवे ठिकानों पर दिन रात चौकसी करें ।

अगला इंका अधिवेशन जम्मू-कश्मीर में

कामराजनगर, 24 अप्रैल (वार्ता): कांग्रेस (इ) का अगला अधिवेशन इसी वर्ष अक्तूबर में सम्भवतः जम्मू-कश्मीर में होगा । कांग्रेस (इ) महासचिव ग़ुलाम नबी आज़ाद ने पार्टी के भविष्य के कार्यक्रमों की घोषणा करते हुए यह जानकारी दी और बताया कि 'राष्ट्र निर्माण' के बारे में दिल्ली में इस वर्ष अक्तूबर में एक राष्ट्रीय संगोष्ठी होगी ।

अन्य कार्यक्रम इस प्रकार हैं :

पार्टी संगठन को मज़बूत बनाने के बारे में दिल्ली में राष्ट्रीय संगोष्ठी कार्यशाला जून-जुलाई 1988, सभी राज्य जिला ब्लाक इकाइयों का 31 अगस्त 1988 तक पुनर्गठन । 'राष्ट्र निर्माण' के बारे में जिला और राज्य स्तर पर संगोष्ठियों और कार्यशालाओं का आयोजन 30 जून 1988 तक हो जाएगा ।

वी.पी. सिंह

(पृष्ठ 3 का शेष)

सरकार की इस घोषणा पर टिप्पणी करते हुए कहा कि एच.डब्ल्यू.डी. के दिसम्बर 1981 सौदे में कोई भारतीय एजैंट नहीं था, जनमोर्चा नेता ने कहा चाहे बोफ़ोर्स का मामला हो या पनडुब्बी के सौदे का, सरकार एजैंट के संदर्भ में 'भारतीय' शब्द का प्रयोग अवश्य करती है ।

उन्होंने कहा यह सम्भव है कि यह भुगतान ऐसी फर्म के माध्यम से किया गया हो, जो विदेश में पंजीकृत हो ताकि वास्तव में रकम प्राप्त करने वाले के नाम का खुलासा न हो सके । उन्होंने कहा कि आपूर्ति करने वाली फ़र्म कमीशन या रिश्वत का भुगतान हर मामले में अपने एजैंट को नहीं करती । व्यक्ति विशेष अपने द्वारा नामज़द किए गए व्यक्ति या फर्म के ज़रिए भी इसे प्राप्त कर सकता है । कोई ज़रूरी नहीं कि यह व्यक्ति या फ़र्म सौदे से संबंधित हो या नहीं ।

श्री सिंह ने कहा कि जो व्यक्ति इस सौदे से सीधे संबंधित रहा है और जिसे इसका भुगतान हुआ उसे इस बात की खास तौर पर चिन्ता रहती है कि सौदे में कोई और बिचौलिया न हो ताकि उसकी धन राशि में किसी प्रकार की कोई कमी न हो सके ।

Punjabi Tribune

वृद्ध ग्रन्थी, टकसाल के गुरुद्वारे की इंचार्ज महिला सहित 8 की हत्या

जालन्धर बम कांड के मृतकों की संख्या 4 हो गई : उग्रवादी जीप, स्कूटर, रिवाल्वर, राइफलें, कारतूस आदि लूट ले गए

उग्रवादियों के आपसी झगड़ों में हत्याएं बढ़ीं

जालन्धर, 25 अप्रैल (वार्ता): उग्रवादियों ने एक वृद्ध हैड ग्रंथी, दमदमी टकसाल के एक गुरुद्वारे की भूतपूर्व महिला इंचार्ज सहित 8 लोगों की हत्या कर दी व लूटपाट की विभिन्न घटनाओं में एक जीप, दो स्कूटर, चार आग्नेयास्त्र व गोलियां कारतूस, नकदी आदि लूट ली । जालन्धर बम कांड में घायल एक और व्यक्ति की मृत्यु हो जाने से इस कांड के मृतकों की संख्या चार हो गई । अब उग्रवादियों की आपसी लड़ाई में मरने वालों की संख्या बढ़ी है ।

उग्रवादियों के 22 शरणदाता बंदी

फरीदकोट पुलिस ने खालिस्तान लिबरेशन आर्गेनाइजेशन के उग्रवादियों के कई छिपने के अड्डे तबाह कर दिए व उग्रवादियों को शरण देने वाले 22 लोगों को गिरफ्तार कर लिया ।

9 उग्रवादी बंदी

कल रात्रि फरीदकोट पुलिस ने बाघापुराना के पास एक मुठभेड़ के बाद 9 उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया । उनसे एक ट्रैक्टर, दो विदेशी रिवाल्वर, एक राइफल, एक हथगोला, 5 पिस्तौलें, 4 दर्जन कारतूस आदि बरामद हुए ।

4 की हत्या

बटाला से वार्ता, कोछड़ के अनुसार गुरदासपुर जिले में उग्रवादियों ने चार लोगों की हत्या कर दी । एस.एस.पी. सुमेध सिंह सैनी ने बताया कि गुरदासपुर जिले के श्री हरगोबिंदपुर थाना क्षेत्र के मनेश ग्राम में दमदमी टकसाल का गुरुद्वारा बाबा राम थम्मन है । उग्रवादियों ने कल रात्रि इस गुरुद्वारे की भू.पू. इंचार्ज 60 वर्षीय भजन कौर व उसके बेटे 32 वर्षीय शेर सिंह की उनके फार्म हाऊस में गोलियां मार कर हत्या कर दी । इनके साथ ही उग्रवादियों ने एक तीसरे व्यक्ति 65 वर्षीय मोहन सिंह की हत्या कर दी । उग्रवादियों ने पहले मोहन सिंह को सोते से उठाया और फिर उसे भजन कौर के घर ले गए । वहां भजन कौर व शेर सिंह को भी सोते से उठाया और फिर तीनों को बाहर लाकर उन पर गोलियों की बौछार कर दी, जिससे तीनों की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । उग्रवादियों ने ए.के.-47 चीनी राइफलों से गोलियां चलाईं । मोहन सिंह भजन कौर का रिश्तेदार था ।

इस हत्या कांड की जिम्मेदारी खालिस्तान लिबरेशन फोर्स ने ली है । घटनास्थल से एक पर्जा मिला, जिस पर स्वयंभू लैफ्टिनैंट जनरल तूफान सिंह तूफान के हस्ताक्षर हैं । इसमें कहा गया है कि 19-20 अप्रैल की रात्रि को इसी ग्राम में उग्रवादी से ग्रंथी बने अमरीक सिंह की हत्या का बदला लिया गया है । अमरीक सिंह को भजन कौर, जोगेन्द्र कौर के नेतृत्व वाले इस गुरुद्वारे का ग्रंथी बनाया गया था । पर्जे में आरोप लगाया गया है कि बाद में भजन कौर ने भाड़े के उग्रवादियों के जरिये अमरीक सिंह की हत्या करा दी ।

इस हत्या कांड के बाद ये उग्रवादी जोगेन्द्र कौर के घर भी गए, पर जोगेन्द्र कौर व उसका पुत्र घर के पीछे की दीवार फांद कर भाग कर बच गए । जोगेन्द्र कौर की बेटी को उग्रवादियों ने कुछ नहीं कहा ।

उग्रवादियों की संख्या चार थी । घटनास्थल से ए.के. 47 के 10, 315 बोर की राइफल की 1, 12 बोर की पिस्तौल के दो चले हुए कारतूस मिले । इस मामले में 7-8 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है । ये सभी मृतक अमृतधारी थे और किसी न किसी रूप में उग्रवादियों को शरण देते थे या उनकी मदद करते थे ।

इसके बाद उग्रवादी पास के दूसरे ग्राम खुजाला में गए और वहां एक फार्म हाऊस पर अपने परिवार के साथ सो रहे 55 वर्षीय ज्ञानी बाबा सिंह को उसकी पत्नी व बेटी से अलग कर दिया । उग्रवादियों ने पहले बाबा सिंह से पूछा कि क्या वह उन्हें पहचानता है । जब बाबा सिंह ने कहा कि वह उन्हें नहीं पहचानता, तब उग्रवादियों ने उसे गोलियां मार कर मार डाला । बाबा सिंह का एक पुत्र ज्ञानी सविन्दर सिंह आनन्दपुर साहब गुरुद्वारा का ग्रंथी है और आतंकवादी अपराधों के कारण उसे गिरफ्तार किया गया था, पर दो माह पूर्व ही उसे जमानत पर रिहा कर दिया गया था ।

हैडग्रंथी की हत्या

उग्रवादियों ने कल रात्रि संगरूर जिले के रहीरा ग्राम स्थित गुरुद्वारा घल्लूघारा में वहां के हैडग्रंथी 88 वर्षीय बाबा रत्न सिंह की हत्या कर दी, उसके सेवादार गुरमेल को घायल कर दिया, पर तीसरे ग्रंथी 88 वर्षीय बाबा नत्था सिंह को कुछ नहीं कहा । उग्रवादियों की संख्या 5 थी, जिनमें से दो निहंगों के वेश में थे ।

फांसी देकर प्रवासी की हत्या

कल अहमदगढ़ के बाहरी क्षेत्र में एक प्रवासी श्रमिक को उग्रवादियों ने वृक्ष के साथ रस्सी बांध कर उसे फांसी देकर मार डाला था ।

उग्रवाद की अनेकों घटनाओं में शामिल स्वर्ण सिंह का शव, जिसकी उग्रवादियों ने गत दिन थाना नकोदर के गांव गिल में हत्या कर दी (छाया : गगन)

पहलवान की हत्या

अमृतसर जिले के मजीठा पुलिस थाना क्षेत्र के ग्राम चर्देल में उग्रवादियों ने वहां के भू.पू. सरपंच सोहन सिंह पहलवान की हत्या कर दी । उग्रवादियों ने उस पर स्वचालित शस्त्रों से फायरिंग की ।

बिजली बोर्ड का अधिकारी घायल

अमृतसर के जंडियाला थाना क्षेत्र के ग्राम चगलवड्डी में उग्रवादियों ने पंजाब बिजली बोर्ड के इंस्पैक्टर गुरमीत सिंह बल को गोली मार कर घायल कर दिया ।

दो गिरफ्तार

लुधियाना (महिन्द्रा): एस.एस.पी. के अनुसार पुलिस व सुरक्षा बलों ने दो उग्रवादियों दर्शन सिंह व सुखदर्शन सिंह को गिरफ्तार कर लिया जिन्होंने संतपाल व दर्शन लाल की हत्या की थी ।

जोशी के अनुसार आज यहां जिला शिकायत कमेटी की कानून व व्यवस्था से सम्बद्ध सब-कमेटी की बैठक में एक प्रश्न के उत्तर में पुलिस प्रमुख श्री ए.पी. पांडे ने स्पष्ट किया कि लुधियाना में एक माह से पूर्व जो वारदातें हुई हैं, उन सब का पता लगा लिया गया है । उन्होंने स्पष्ट किया कि इन वारदातों में संलिप्त अपराधी या तो पकड़ लिए गए हैं अथवा पुलिस मुकाबलों में मारे जा चुके हैं । इस बैठक में कई सदस्यों ने विशेषत: अकाली (ल.) के स्थानीय जत्थेदार कृपाल सिंह भिखी ने शिकायत की थी कि जिला में कानून व व्यवस्था को बिगाड़ने की घटनाओं में वृद्धि हुई है । बैठक में यह ज़ोरदार मांग भी की गई कि कानून-व्यवस्था में और सुधार लाने के लिए थानों से जुड़ी हुई पुलिस चौकियों में टैलीफोन की सुविधा प्रदान की जाए ।

मालेरकोटला (जिंदल): संगरूर के जिलाधीश श्री विजय कैन ने धारा 144 के अन्तर्गत विभिन्न

(शेष पृष्ठ 6 पर)

महिलाओं व बच्चों की हत्या करने वालों का मुकाबला करें : गुरजीत

चंडीगढ़, 25 अप्रैल (एन.एस. परवाना): चार उग्रवादी संगठनों खालिस्तान कमांडो फोर्स, भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स, खालिस्तान लिबरेशन फोर्स व बब्बर खालसा और सिख छात्र संगठन ने घोषणा की है कि उनका महिलाओं और बच्चों की हत्याएं करने, लोगों को धमका कर लूटमार करने, पैसे बटोरने और सिखों के घरों से हथियार इत्यादि छीनने की वारदातों से कोई सम्बन्ध नहीं । वह इस तरह की वारदातों के विरुद्ध हैं । ऐसे तत्वों को उन्होंने 'सोधा' भी है । यह घोषणा सिख छात्र संगठन के संयोजक गुरजीत सिंह ने आज चंडीगढ़ के आसपास एक गुप्त स्थान पर की ।

चंडीगढ़ की एक प्रैस पार्टी से लगभग एक घंटे तक एक बागीचे में बैठ कर बातचीत के दौरान गुरजीत सिंह ने कहा कि मैंने इस सम्बन्ध में उग्रवादी संगठनों के नेताओं से बातचीत की है, जिन्होंने बताया कि उनके नाम पर महिलाओं व बच्चों की हत्याएं करने और लूटमार करने की जो वारदातें हो रही हैं, उनसे उनका कोई सम्बन्ध नहीं । गुरजीत सिंह ने इस सम्बन्ध में सिख जनता को आह्वान किया कि यदि इस तरह के तत्व उनके घरों में आते हैं तो वे उनका मुकाबला करें, चाहे गोली मार दें । हम उनका समर्थन करेंगे और उनकी इस कार्रवाई का स्वागत करेंगे । उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे इस तरह के अवसर पर इकट्ठे होकर मुकाबला करें ।

गुरजीत सिंह जिसके लिए पंजाब सरकार ने एक लाख रुपए का ईनाम रखा हुआ है, ने लाल रंग की पगड़ी और चश्मा लगा रखा था । उन्होंने घोषणा की कि रणजीत सिंह गिल और सुखविंदर सिंह संधु को पुराने पदों पर बहाल कर दिया गया है । रणजीत सिंह गिल संगठन के जनरल सैक्रेटरी और सुखविंदर आर्गेनाइजिंग सैक्रेटरी नियुक्त किए गए हैं । उल्लेखनीय है कि ये दोनों भारतीय सेना के भूतपूर्व कमांडर इन चीफ जनरल वैद्य की हत्या में संलिप्त हैं और इन दिनों अमरीका में उनके विरुद्ध केस चल रहा है ।

गुरजीत सिंह ने कहा कि संगठन की ओर से 13 मई को अमरीका में भारतीय दूतावास के सामने प्रदर्शन किया जा रहा है । उस दिन वहां ज्ञापन दिया जाएगा । उन्होंने इस संबंध में ब्रिटेन, कनाडा, अमरीका, जर्मन, आस्ट्रेलिया और हालैंड इत्यादि में आबाद सिख संगठनों को अपील की कि वे इस प्रदर्शन में हिस्सा लें और आर्थिक सहायता सीधे संगठन को ही भेजें । उन्होंने अमरीका सरकार से अपील की कि वह रणजीत सिंह गिल और सुखविंदर सिंह को भारत सरकार के हवाले न करे ।

एक प्रश्न के उत्तर में गुरजीत सिंह ने कहा कि उग्रवादी संगठनों के नेताओं ने संगठन की ओर से शुरू किए गए कार्यक्रम का पूर्ण

(शेष पृष्ठ 6 पर)

Punjabi Sahat.com





पुलिस जिला बटाला के थाना हरगोविन्दपुर के गांव मनेश व खुजाला में उग्रवादियों ने फायरिंग करके 4 व्यक्तियों की हत्या कर दी । (1) गांव मनेश में मारी गई स्त्री भजन कौर, (2) भजन कौर के पुत्र शेर सिंह (3) भजन कौर का डेरा दिखाने गए मारे गए मोहन सिंह और (4) गांव खुजाला में उग्रवादियों की गोलियों से मारे गए ज्ञानी बावा सिंह के शव । (छाया : कोछड़)

पंजाब में हत्यायें

(पृष्ठ 3 का शेष)

आदेशों की मुद्दत 9 जून 1988 तक बढ़ा दी है । एक आदेश द्वारा उन्होंने सार्वजनिक स्थानों पर पिस्तौल, बंदूक, कारबाइन और अन्य प्रकार का गोली-सिक्का लेकर चलने पर पाबंदी लगा दी है लेकिन पुलिस तथा अर्धसैनिक बलों को इस आदेश से छूट होगी । एक अन्य आदेश द्वारा उन्होंने सभी दुकानों के सायं 7.45 तक बंद होने के आदेश दिए हैं जबकि ढाबे और अन्य जलपान की दुकानें नौ बजे तक खुली रह सकती हैं ।

बसों के सायं सात बजे से सुबह 5.30 बजे तक न चलने के आदेश को भी 9 जून 1988 तक बढ़ा दिया गया है ।

अफगान नागरिक गिरफ्तार

बी.एस.एफ. ने फिरोजपुर के ममदोट सैक्टर में कल रात्रि सात अफगान नागरिकों को सीमा पार करके पंजाब में घुसते समय पकड़ा, उनमें दो महिलाएं थीं ।

दो अन्य घुसपैठिये बी.एस.एफ. द्वारा चुनौती दिए जाने पर पाकिस्तान लौट गए । वे एक भरी हुई पिस्तौल छोड़ गए ।

कार छीन ली

संगरूर (गोयल): गत सायं जिला संगरूर के गांव किला हकीमां तथा गांव बालियां के मध्य तीन उग्रवादियों ने एक फिएट कार छीन ली । एस.एस.पी. श्री ज्ञान सिंह ने बताया कि संगरूर के श्री कंवर भान सुपुत्र श्री सुग्गा राम ने आज प्रातः थाना धूरी में सूचना दी कि उनकी फिएट कार नं. पी.जे.एस. 195 तीन उग्रवादी पिस्तौल की नोक पर छीन कर ले गए । एस.पी. हैड क्वार्टर श्री एम.एम. कपूर पुलिस पार्टी के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए और अभियुक्तों की तलाश शुरू कर दी ।

तेज़धार हथियारों से घायल

फगवाड़ा (कौड़ा) : विगत रात्रि निकटवर्ती गांव में एक अज्ञात व्यक्ति को कुछ शरारती ने तेज़धार हथियारों से गम्भीर घायल कर दिया । घायल व्यक्ति को पहले फगवाड़ा व बाद में लुधियाना अस्पताल ले जाया गया । दूसरी तरफ सुरक्षा बलों ने फगवाड़ा व आसपास के क्षेत्रों में तलाशी व छापामार अभियान निरंतर जारी रखा व अनेक स्थानों पर छापे मारे ।

लूटपाट

जालन्धर जिले में लूटपाट की चार घटनाओं में आतंकवादी चार आग्नेय अस्त्रों के अलावा एक जीप तथा दो स्कूटर ले भागे । इन लोगों ने कुछ नकदी भी छीन ली ।

देर रात एक बजे के लगभग दो स्कूटरों पर सवार चार आतंकवादियों ने शाहकोट पुलिस थाना क्षेत्र के सादिकपुर गांव से गुरबचन सिंह नाम के एक व्यक्ति के फार्म हाऊस में घुसकर एक राइफल, एक पिस्तौल व पचास कारतूस छीन लिए ।

लूटपाट की दूसरी घटना रात दो बजे के लगभग नकोदर पुलिस थाना क्षेत्र में पाडोरी गांव में हुई जहां चार आतंकवादियों ने एक दोनाली बंदूक, अठारह कारतूस व एक जीप उड़ा ली । आतंकवादियों ने गांव में घुसते ही लीडरा गांव के निर्मल सिंह के बारे में पूछा और उससे जबरदस्ती बंदूक व कारतूस छीन लिए । बाद में वे लोग भाग सिंह नामक एक व्यक्ति से 1500 रुपए छीनकर उसी की जीप में भाग गए । भाग सिंह पटियाला जिले के खेरी मंडल ग्राम से अपनी हारवेस्टर कम्बाइन लेकर यहां कटाई के लिए आया था ।

अन्य आतंकवादियों ने कल रात ही नूरमहल थाना क्षेत्र के बुर्ज हसन गांव में अजीत सिंह नाम के एक व्यक्ति के घर में घुसकर एक बंदूक तथा 17 कारतूस छीन लिए । आतंकवादियों ने उसके बेटे हरनेक सिंह की भी बंदूक छीन ली तथा उसका स्कूटर भी ले भागे ।

तीन आतंकवादियों ने कल रात ही टूट कलां गांव के निकट सुखदेव सिंह नाम के व्यक्ति से भी एक स्कूटर छीन लिया । यह व्यक्ति नकोदर शहर से अपने गांव महसमपुर लौट रहा था ।

बम कांड का घायल मर गया

वीरवार की रात्रि को जालन्धर की बैंस मार्कीट में हुए बम कांड का एक और घायल गुरमीत सिंह की भी आज सी.एम.सी. लुधियाना में मृत्यु हो गई । इस विस्फोट में कंवलजीत सिंह व गुरेन्द्र सिंह रूबी की तत्काल मृत्यु हो गई थी व काला सिंह की कल अस्पताल में मृत्यु हो गई थी । इस कांड के दो और घायल पुलिस की हिरासत में हैं ।

छापे जारी

क. के अनुसार गत 21 व 22 अप्रैल को क्रमशः स्थानीय बैंस मार्कीट में बम धमाका व मंडी फैंटनगंज में उग्रवादियों द्वारा की गई सात हत्याओं की जो घटनाएं हुई थीं, उनकी जांच के दौरान पुलिस इस निश्चित मत पर पहुंची है कि जहां मंडी फैंटनगंज की घटना में भिंडरांवाला टाइगर फोर्स के पिंटा ग्रुप का हाथ था, वहां बम धमाका की घटना का सम्बन्ध बब्बर खालसा के सुखा गुट से है जिसने यहां बम सप्लाई किया ।

डी.आई.जी. जालन्धर रेंज श्री ए.ए. सिद्दीकी के अनुसार बम धमाका के सिलसिले में नगर में कई स्थानों पर छापे मारे गए और अनेक व्यक्ति हिरासत में लिए गए, जिनसे पूछताछ की जा रही है, किन्तु जांच के बाद निर्दोष पाए जाने पर कई व्यक्ति छोड़ दिए गए हैं ।

उन्होंने कहा कि पूछताछ के दौरान यह तो बात सामने आई है कि कोई व्यक्ति अमृतसर से मृतकों के पास आया करता था किन्तु अभी तक उस व्यक्ति बारे ठीक व पूरी जानकारी नहीं मिल पाई ।

श्री सिद्दीकी ने कहा कि उक्त बम धमाका की घटना से संबद्ध ऐसे चारों व्यक्ति मर गए हैं, जो कुछ तथ्यों पर से पर्दा हटा सकते थे । इनमें से गौरेंद्र सिंह उर्फ रूबी व कंवलजीत सिंह मौका पर ही मर गए थे जबकि काला व गरमीत भी लुधियाना के अस्पतालों में दम तोड़ गए हैं । इससे इस कांड की जांच को कुछ धक्का अवश्य लगा है किन्तु इस बारे किसी ठोस नतीजे पर पहुंचने की आशा है ।

उन्होंने कहा कि मंडी फैंटनगंज के हत्या कांड के दोषियों की तलाश में आदमपुर व करतारपुर थानों के क्षेत्र में अनेक छापे मारे गए हैं और कई व्यक्ति पूछताछ के लिए हिरासत में भी लिए गए हैं किन्तु अभी तक कांड के दोषियों का पता नहीं चल सका ।

करतारपुर से साहनी के अनुसार गत रात थाना करतारपुर के गांव ब्रह्मपुर में हुई हत्या का और विवरण प्राप्त हुआ है । बताया जाता है कि दोनों यवकों अशोक तथा हरीश कुमार को बांध कर उन पर गोलियां चलाने के बाद आतंकवादी इसी गांव के किशोरी लाल के घर गए तथा उसका दरवाजा खुलवाने की कोशिश की । दरवाजा न खुलने की सूरत में उसको तोड़ कर घर में दाखिल हुए तथा घर में औरतों को पूछा कि तुम्हारे आदमी कहां हैं ? उनके यह कहने पर कि वह काम पर गए हुए हैं तो वह उनकी छत पर चढ़ कर गोलियां चलाने लगे । गांव वालों ने बताया कि लगभग एक घंटा तक गोलियां चलती रहीं । लोगों ने बताया कि एक तो गांव में अंधेरा था, दूसरा लोग गोलियों की आवाज सुन कर अपने घरों से खेतों को भागने शुरू हो गए, जिससे लोगों की जानें बच गईं । इस घटना को लेकर यहां काफी चिन्ता व्याप्त है । यहां के काफी लोग आज गांव छोड़कर शहरों को चले गए हैं । कुछ परिवारों को कपूरथला, जालन्धर तथा करतारपुर में भी जाते हुए देखा गया । बताया जाता है कि इस गांव में ज्यादा आबादी हिन्दुओं की है ।

250 परिवार पलायन कर गए

करतारपुर से देवदत्त के अनुसार करतारपुर के निकटवर्ती गांव ब्राह्मणवाली, जहां 23 और 24 अप्रैल की मध्य रात्रि को उग्रवादियों ने अंधाधुंध फ़ायरिंग करके एक व्यक्ति की हत्या कर दी थी और एक व्यक्ति को घायल कर दिया था, से 250 हिन्दू परिवार पलायन कर गए हैं । बताया गया है कि उक्त फ़ायरिंग के बाद उग्रवादी गांव के हिन्दुओं को धमकी दे गए थे कि वे गांव छोड़ कर चले जाएं, नहीं तो उनको सोध दिया जाएगा । इस गांव की कुल 600 परिवारों की आबादी में से लगभग 300 हिन्दू हैं । जो परिवार गांव में रहे हैं, उन्होंने अपने पुरुष सदस्यों को गांव से बाहर भेज दिया है । वे गेहूं की कटाई और गेहूं को बेचने के बाद गांव छोड़ कर चले जाएंगे । गांव के लोगों ने इस सम्वाददाता को बताया कि गांव के लोग सायं 6 बजे के बाद मकानों में घुस कर दरवाज़े बंद कर लेते हैं ।

आतंकवादी गिरफ्तार

श्रीगंगानगर (गुरदीप): जिले की घड़साना थाना पुलिस ने सीमांत गांव 8 के.एन.डी. में रह रहे एक व्यक्ति के घर अचानक छापा मारकर वहां छिपे एक संदिग्ध आतंकवादी को गिरफ्तार किया है । गिरफ्तार व्यक्ति का नाम कश्मीर सिंह बताया गया है जो कि फिरोजपुर जिले के गांव पक्की चिश्तियां का रहने वाला है । कश्मीर सिंह के कब्जे से एक पिस्तौल व 7 जिन्दा कारतूस बरामद किए गए हैं ।

हौजरी पर सेल्स टैक्स घटाने की मांग

लुधियाना, 25 अप्रैल (प्रदीप): हौजरी उत्पादन पर सेल्ज टैक्स को 2% से बढ़ाकर 4% कर दिए जाने के रोष स्वरूप एक सफल रैली का आयोजन निट-वियर क्लब व 26 अन्य हौजरी संघ के समर्थन में पिछले दिनों लुधियाना में किया गया ।

श्री विनोद थापर प्रैस सचिव निट-वियर क्लब ने बताया है कि हौजरी निर्माताओं का एक शिष्टमंडल पंजाब के गवर्नर से मिलकर उन्हें पूरी स्थिति की जानकारी देगा । श्री थापर के अनुसार अगर नई सेल्ज टैक्स दर लागू की गई तो हौजरी उद्योग को बहुत भारी संकट का सामना करना पड़ेगा ।

जनता पार्टी राज्यसभा में सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी

नई दिल्ली, 25 अप्रैल (वार्ता): जनता पार्टी राज्यसभा में सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी हो गई है और उसने मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी का स्थान ले लिया है । पिछले कई वर्षों से मार्क्सवादी पार्टी राज्यसभा में सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी थी ।

सदन में जनता पार्टी ने अपने सदस्यों की संख्या दोगुनी कर ली है । अब उसके 20 सदस्य हो गए हैं । राज्यसभा के द्विवार्षिक चुनाव और लोकदल (अ) के विलय से यह स्थिति पैदा हुई है । मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी के सदस्यों की संख्या 15 रह गई है, अब विपक्ष में अब उसका दूसरा स्थान है ।

सत्तारूढ़ दल की सदस्य संख्या 145 से घट कर 141 हो गई है, इसमें चार मनोनीत सदस्य शामिल हैं, जो बाद में पार्टी के सदस्य बन गए थे । राज्यसभा के सदस्यों की संख्या 240 है । पांच स्थान रिक्त हैं ।

सत्तारूढ़ दल को अब संविधान संशोधन के लिए दो-तिहाई बहुमत के उद्देश्य से अपनी मित्र विपक्षी पार्टियों तथा निर्दलीय सदस्यों पर निर्भर करना पड़ेगा ।

तेलगू देशम का तीसरा स्थान है, उसके सदस्यों की संख्या 14 है । पहले इस पार्टी के सदस्य 11 थे । सदन में ताला दलगत स्थिति इस प्रकार है : कांग्रेस (इ) 141, जनता पार्टी 20, मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी 15, तेलगू देशम 14, भाजपा 8, लोकदल 7, अन्ना द्रमुक (जानकी) 6, अन्ना द्रमुक (जयललिता) 5, द्रमुक-कम्यूनिस्ट पार्टी तीन-तीन, आर.एस.पी. 2, अकाली दल, फारवर्ड ब्लाक नैशनल कांफ्रैंस, मुस्लिम लीग, केरल कांग्रेस, सिक्किम परिषद एक-एक, निर्दलीय 2 तथा मनोनीत 6 और रिक्त स्थान 5 ।

DISTRICT RED CROSS SOCIETY
AMRITSAR

THE RED CROSS RAFFLE DRAW fixed for 10.4.1988 has been POSTPONED to **SUNDAY THE 8th MAY, 1988.**

Narinder Singh P.C.S.
Honorary Secretary.

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

सार्वजनिक सूचना

बाबा भोतो की मेल : सभी महाजन भाइयों को

रोज़गार

सरकारी नौकरी/रोज़गार के इच्छुक अपनी

Punjabi Sahafat

शिव सेना वर्कर, 3 महिलाओं सहित पंजाब में 9 की हत्या : 5 घायल

अमृतसर बंद का आह्वान : लाला संत राम के हत्यारों को पहचान लेने का दावा

अमृतसर में लोगों ने अतिवादी को पीट-पीट कर मार डाला

चंडीगढ़, 26 अप्रैल (वार्ता, ह.स.): आतंकवादियों ने अपनी रक्तिम गतिविधियां जारी रखते हुए शिव सेना के एक कार्यकर्त्ता तथा 3 महिलाओं सहित 9 लोगों की हत्या कर दी जबकि एक आतंकवादी को क्रुद्ध भीड़ ने पीट-पीट कर मार डाला । शिव सेना ने आज पुतलीघर क्षेत्र में हुए गोलीकांड के विरुद्ध कल बुधवार को अमृतसर बंद का आह्वान किया । एक डी.एस.पी. के भाई को गोली मार कर घायल कर दिया गया । जिला अमृतसर में 13 आतंकवादी गिरफ्तार किए गए । होशियारपुर पुलिस ने इंका नेता लाला संत राम के हत्यारों की शिनाख्त कर लेने का दावा किया ।

एक की हत्या, तीन घायल

अमृतसर (वि.प्र.): आज प्रातः 9.30 बजे के लगभग तीन आतंकवादियों ने, जिनकी आयु 17-20 वर्ष के मध्य बताई गई है, पुतलीघर चौक के निकट नवीन मार्केट में अंधाधुंध फ़ायरिंग की । एक दुकानदार विद्यासागर की गोलियां लगने से मृत्यु हो गई जबकि तीन दुकानदार रवि कुमार, नरेश कुमार तथा किशन लाल घायल हो गए । विद्या सागर की मृत्यु अस्पताल में दाखिल कराए जाने के बाद हुई । घायलों में से रवि की हालत नाज़ुक बताई जाती है ।

आतंकवादी को मार डाला

कहा जाता है कि ये आतंकवादी जो दो साइकलों पर सवार थे, ने मार्केट में दाखिल होते ही जब फ़ायरिंग की तो दुकानदारों ने शोर मचाया । लोगों ने एक आतंकवादी को पकड़ लिया तथा उसे पीट-पीटकर जान से मार दिया । उसके पास से एक माऊज़र बरामद किया गया । एक आतंकवादी की साइकल तथा घड़ी भी मौके पर गिर गई । दूसरे आतंकवादी को, जो कि एक दीवार पर चढ़ कर एक धर्म स्थान में दाखिल हो गया था, को सुरक्षा बलों ने गिरफ्तार कर लिया ।

एक अन्य सूचना में हमलावरों की संख्या पांच बताई गई है ।

यतीमखाना में घुसे

आज यहां जिला के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुतलीघर चौक में फ़ायरिंग करने वाले दो आतंकवादी करीबी यतीमखाना, जो कि धर्म स्थान में ही है, की ओर भागे, जिनका पीछा करती हुई सी.आर.पी. यतीमखाना के अन्दर घुस गई । इसी दौरान उच्चाधिकारी भी मौका पर पहुंच गए और यतीमखाना से दस नौजवानों को हिरासत में लिया गया जिनकी क्षेत्र के लोगों से शिनाख्त कराई जाएगी क्योंकि क्षेत्र के दुकानदारों का कहना है कि फ़ायरिंग करके भागने वाले दूसरे आतंकवादी उनमें शामिल हैं ।

इस अधिकारी ने बताया कि पुतली घर क्षेत्र में पुलिस और सी.आर.पी. की गश्त बढ़ा दी गई है और आतंकवादियों के अड्डों की खोज जारी है ।

जिला अमृतसर मुख्यालय में एस.एस.पी. मजीठा, जिनका कार्यालय जिला कचहरी में ही है, ने आज पत्रकार सम्मेलन में बताया कि उनके पुलिस जिला मजीठा में आठ थाने हैं, जिसमें लोपोकी, अजनाला, रमदास, मजीठा, कत्थू नंगल, बाबा बकाला, जंडियाला, मेहता तथा ब्यास शामिल हैं । इन थानों के क्षेत्र में पड़ने वाले गांवों में आतंकवादियों के ठिकानों की खोज शुरू कर दी गई है तथा आतंकवादियों को शरण देने वालों का पता लगाया जा रहा है । 13 आतंकवादियों, उनके समर्थकों तथा शरणदाताओं को शस्त्रास्त्र सहित गिरफ्तार किया गया है, जिसका ब्यौरा इस प्रकार है : जंडियाला में निर्मल सिंह धूलका, मंगल सिंह धूलका व बलविंदर सिंह माहनियां ब्राह्मणां को गिरफ्तार करके एक एच.ई. 36 हथगोला और .12 बोर का पिस्तौल कब्ज़े में लिया गया । यह तीनों भिंडरांवाला टाइगर फ़ोर्स के सहायक हैं । थाना ब्यास के क्षेत्र में महेन्द्र सिंह, भान सिंह, सुलक्खन सिंह और काला सिंह को गिरफ्तार किया गया । यह लोग भिंडरांवाला टाइगर फ़ोर्स के लिए हथियार लाते-ले जाते थे । अवतार सिंह बटारी तथा दया सिंह कलेके को गिरफ्तार किया गया है । अवतार सिंह के फ़ार्म हाऊस के बंकर नुमा कमरे (भूमिगत) से हथियारों का भंडार पकड़ा गया । ये दोनों उस समय फ़रार हो गए थे । थाना मेहता के क्षेत्र में परगट सिंह, दविंद्र सिंह व सुखदेव सिंह को पकड़ा गया । यह तीनों भी आतंकवादियों के साथी हैं । उनके एक चीनी असाल्ट राइफल बरामद हुई । खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स का कुछ और असला भी उनसे बरामद हुआ है । रमदास पुलिस ने पाकिस्तान से आए एक आतंकवादी गुलज़ार सिंह को गिरफ्तार किया है । पुलिस ने बताया कि वह हाल ही में पाकिस्तान से आया था और हथियार भी लाया था । उससे एक चीनी असाल्ट राइफल बरामद कर ली गई । शेष हथियार उसने अपने साथियों में वितरित कर दिये हैं, जिसकी तलाशी जारी है ।

खडूर साहब में हुई हत्या के बारे में मृतक की पत्नी प्रीतम कौर ने बताया कि हत्यारे खालिस्तान समर्थक नारे लगाते हुए फ़रार हुए । घटनास्थल पर एक पत्र फैंका गया था, जो कि इंटरनैशनल बब्बर खालसा के लैटर पैड पर था । पत्र में लिखा गया था कि सुखचैन सिंह गुरुघर का अपमान करता था ।

दस हिरासत में

अमृतसर के पुलिस प्रमुख श्री सुरेश अरोड़ा ने बताया कि पुतलीघर गोली कांड के सिलसिले में अब तक दस व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया है ।

पुतलीघर गोलीकांड के सम्बन्ध में पकड़े गये लोगों में अमृतसर सिटी अकाली दल (ल) का महासचिव हरभजन सिंह बराड़ भी शामिल है ।

बंद का आह्वान

हिंद शिव सेना ने एक प्रैस विज्ञप्ति में कहा है कि मृतक विद्या सागर तथा तीनों घायल शिव सेना के सक्रिय कार्यकर्त्ता हैं । इस घटना के विरुद्ध रोष व्यक्त करने के लिए शिव सेना ने कल 27 अप्रैल बुधवार को अमृतसर बंद का आह्वान दिया है ।

खडूर साहब में हत्या

अमृतसर जिला के खडूर साहब गांव में एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई । मृतक का नाम सुखचैन सिंह बताया गया है । पुलिस सूत्रों ने बताया कि चार आतंकवादियों ने सुखचैन सिंह को गांव में उसके फ़ार्म हाऊस से ज़बरदस्ती बाहर खींच लिया व उसको गोली मार दी ।

डी.एस.पी. का भाई घायल

एक अन्य घटना में दो आतंकवादियों ने पंजाब राज्य विद्युत बोर्ड के अधीक्षक एवं पुलिस उपाधीक्षक (गुप्तचर) परमजीत सिंह के भाई गुरमीत सिंह को छज्जलविडी गांव में गोली मारकर घायल कर दिया । सूत्रों के अनुसार आतंकवादी गुरमीत सिंह के निवास पर श्री परमजीत सिंह के बारे में पूछने आए थे और जब गुरमीत सिंह ने अपने भाई के घर में नहीं होने की बात कही तो आतंकवादियों ने उन पर गोली चला दी । इस घटना के समय श्री परमजीत सिंह घर में ही थे । गुरमीत सिंह को अमृतसर में गुरु तेगबहादुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

पत्रकार पर छापा

जालन्धर से प्रकाशित होने वाले एक पंजाबी दैनिक के अमृतसर स्थित पत्रकार महेंद्र सिंह के घर व कार्यालय पर छापा मार कर पुलिस ने नरेन्द्र सिंह नामक एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया । इस स्टाफ के अन्य सदस्यों के घरों व आवासों पर भी छापे मारे गए ।

लूट की वारदात

इसी बीच घरेंडा थाना क्षेत्र के कलस गांव में तीन संदिग्ध व्यक्तियों ने बलवन्त सिंह नामक व्यक्ति के घर पर धावा बोलकर दो हजार रुपए नकद और कीमती सामान लूट लिया । पुलिस ने दो संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है । उनके नाम मुख्तियार सिंह और नरेन्द्र सिंह हैं । मुख्तियार सिंह के कब्ज़े से एक रिवाल्वर और कुछ कारतूस बरामद हुए ।

गोलियां मारकर महिला की हत्या

बटाला (कोछड़, विनोद): जिला गुरदासपुर में थाना धारीवाल के गांव पीरूशाह में गत रात तीन अज्ञात सशस्त्र लोगों ने फ़ायरिंग करके एक महिला सुरजीत कौर की हत्या कर दी ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बीती रात लगभग दस बजे चार आतंकवादी जो ए.के. 47 राइफलों से लैस थे, सुरजीत कौर (52) के घर दीवार फांद कर आए और सुरजीत कौर की गोली मार कर हत्या कर दी । परन्तु सुरजीत कौर के साथ सोए उसके 12 वर्षीय दोहते को कुछ नहीं कहा और आतंकवादी जाते हुए दोहते को एक पत्र भी पकड़ा गए जो कि खालिस्तान कमांडो फोर्स का सुखदेव सिंह झामका का लिखा था जिसमें हत्या की जिम्मेदारी ली गई है । पता चला है कि आतंकवादियों ने सुरजीत कौर को उसके द्वारा कुछ बुरे काम बंद करने की चेतावनी भी दे रखी थी । गुरदासपुर अस्पताल में पोस्ट मार्टम कर लाश वारिसों को सौंप दी गई है । (शेष पृष्ठ 8 पर)

अमृतसर के पुतली घर चौक में मंगलवार को आतंकवादियों *सागर का शव (इन्सैट पुरानी तस्वीर), (2) घायल कि* *(4) रवि कुमार, (5, 6) मृतक की पत्नी, मां और सम्* *दुकान, जहां गोली चली, (8) घटना के बाद बंद बाज़ार*

चम्बा में भीषण अग्नि करोड़ से अधिक की

चम्बा, 26 अप्रैल (मधु): गत रात्रि में यहां डोगरा बाजार में हुए भीषण अग्निकांड में एक करोड़ रुपए से अधिक की सम्पत्ति जल कर भस्म हो गई । इस अग्निकांड में 18 दुकानें व 4 मकान सामान सहित जल गए ।

ये दुकानें मुख्य रूप से स्टेशनरी, कपड़ों तथा टैलीविजन की थीं । यह क्षेत्र नगर के सबसे पुराने भागों में से माना जाता है । अग्निकांड की सूचना मिलते ही जिलाधीश, पुलिस अधीक्षक, एस.डी.एम. तथा अन्य अधिकारी तत्काल घटनास्थल पर पहुंच गए । फा लगभग ती पाया ।

इस अ लगता था

जिला गुप्ता ने क्षति से प्र करा दिया सरकार

उन्हों आग के दुकानों को भी

जिल कारणों हुई हानि

इस प्रस्ताव की न्या इस अग्नि गई ढील से पीड़ित प्रकट अदालतों

इस प्रकट रहा । हांडा त किशोरी सम्वेदन

दीन द्वारा सी नामक जाने का उक्त पा जिला है, गत अवस्था उसे पक अफीम बोतल की अ करके भेज दि

1000 रुपए में प्रश्न-पत्र जाए तो परीक्षा का क्या लाभ ?

गुरदासपुर, 26 अप्रैल (विनोद): जिला गुरदासपुर में कालेज स्तरीय परीक्षाएं एक मज़ाक बन कर रह गई हैं । विशेष सूत्रों से पता चला है कि कालेज स्तर की परीक्षाओं के प्रश्न-पत्र परीक्षा से 2-3 दिन पहले 500 से 1000 रुपए में आसानी से उपलब्ध हो जाता है और पता चला है कि यह पेपर बटाला से मिलते हैं और इस सम्बन्ध में संयुक्त अकाली दल के एक प्रमुख नेता का पत्र बहुत सक्रिय है । दूसरी ओर जो प्रश्न पत्र विद्यार्थियों को दिए जा रहे हैं, उसमें से ज्यादा हिस्सा पाठ्यक्रम से बाहर का होता है । बी.एस.सी. होम साईंस प्रथम वर्ष के फिजिक्स के प्रश्न पत्र में 9 में से 6 प्रश्न, बाटनी का शतप्रतिशत और जूओलोजी प्रश्न पत्र में 2 विषय पाठ्यक्रम से बाहर के थे ।

अधिकारी समर्पण भाव से कार्य करें : रे

चंडीगढ़, 26 अप्रैल (हस): पंजाब के राज्यपाल श्री एस.एस. रे ने राज्य में शांति बहाल करने और उग्रवाद से निपटने के लिये अधिकारियों से समर्पण भाव से कार्य करने का आह्वान किया । पंजाब के वित्तायुक्तों और प्रशासनिक सचिवों की बैठक में श्री रे ने जनता से सीधे संबंधित विभागों में लोगों की शिकायतें दूर किये जाने पर बल दिया ।

राज्यपाल ने लोगों की शिकायतें दूर करने के दृष्टिगत सरकारी मशीनरी में सुधार के लिये सरकार द्वारा हाल ही में दिये गए निर्देशों का उल्लेख किया और अधिकारियों से इनके क्रियान्वयन का आग्रह किया । राज्यपाल ने कहा कि प्रशासन का काम वर्तमान में सबसे बड़ा मिशन है और इसके लिये सभी अधिकारियों को बढ़िया काम करना चाहिए । इस अवसर पर राज्यपाल के सलाहकार श्री जे.एफ. रिबैरो और राज्य के मुख्य सचिव श्री आर.पी. ओझा भी उपस्थित थे ।

पंजाब के राज्यपाल श्री सिद्धार्थ शंकर रे मंगलवार को *की अध्यक्षता करते*

अनंतनाग में लूटपाट पर उतारू भीड़ पर लाठीचार्ज, अश्रुगैस : 40 घायल, कई वाहन जले

अनंतनाग, 26 अप्रैल (ह.स.): दक्षिणी कश्मीर के जिला अनंतनाग में एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी से सम्बन्धित घटना के विरुद्ध विरोध व्यक्त कर रही, पथराव कर रही, लूटपाट पर उतारू भीड़ पर पुलिस द्वारा आज लाठीचार्ज किया गया और अश्रुगैस छोड़ी गई । हिंसा में लगभग 40 लोग घायल हो गए और दर्जनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए । उक्त घटना के सम्बन्ध में आज अनंतनाग जिले में पूर्ण हड़ताल रही और सभी दुकानें व व्यापारिक संस्थान बंद रहे ।

गड़बड़ उस समय शुरू हुई, जब मुख्यमंत्री के अतिरिक्त निजी सचिव और एक बेरोजगार लड़की एक स्थानीय प्रिंटिंग प्रैस में कथित रूप से अश्लील मुद्रा में पाए गए ।

पुलिस ने क्रुद्ध भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बार-बार लाठीचार्ज किया । जब फिर भी भीड़ नियंत्रित न हुई तो पुलिस ने शेरीपुरा, चेनी चौक और रेशी बाग में अश्रुगैस छोड़ी ।

श्रीनगर से प्राप्त एक रिपोर्ट में कहा गया है कि किसी हिंसा को रोकने के लिए भारी संख्या में पुलिस तैनात कर दी गई है । स्थिति यद्यपि तनावपूर्ण है लेकिन नियंत्रण में है ।

इसी मध्य एक सरकारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि अतिरिक्त निजी सचिव को तत्काल उसकी सेवाओं से मुक्त कर दिया गया है और उसके विरुद्ध केस दर्ज कर दिया गया है ।

होटलों में नर मांस बिक्री का मामला विधान परिषद में उठा

लखनऊ, 26 अप्रैल (वार्ता): उत्तर प्रदेश के अनेक भागों में बच्चों का अपहरण कर उनकी कथित हत्या के बाद नर मांस बेचने वाले एक गिरोह की गतिविधियों का मामला आज राज्य विधानसभा में उठाया गया । इस मामले पर पेश कार्यस्थगन प्रस्ताव की अनेक सूचनाओं में आरोप लगाया गया कि कानपुर का एक होटल अपने ग्राहकों को नर मांस बेचता है ।

मूल रूप से यह मामला उठाते हुए भाजपा के श्री कलराज मिश्र ने दावा किया कि इटावा में गिरफ्तार किए गए युवक ने इस सिलसिले में अपने जर्म का इकबाल किया था । प्रस्ताव की प्रवेशयता की बहस में हस्तक्षेप करते हुए सदन के नेता बलदेव सिंह ने सदस्यों को बताया कि इस सम्बन्ध में शिकायत मिलने पर पुलिस ने सम्बन्धित होटल पर छापा मार कर सभी मांसाहारी खाद्य पदार्थ नमूने जांच के लिए भेज दिए हैं ।

उन्होंने बताया कि इस सिलसिले में इटावा में भी पुलिस ने पूछताछ की है । उक्त होटल बंद कर दिया गया है और होटल मालिक की निगरानी की जा रही है ।

प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी मंगलवार को नई दिल्ली में जोर्डन के युवराज अल हसन बिन तलाल का स्वागत करते हुए ।

Punjab Archive

अमृतसर के पुतली घर चौक में मंगलवार को आतंकवादियों द्वारा फायरिंग से मारे गए (1) विद्या सागर का शव (इन्सैट पुरानी तस्वीर), (2) घायल किशन लाल, (3) नरेश कुमार और (4) रवि कुमार, (5, 6) मृतक की पत्नी, मां और सम्बन्धी विलाप करते हुए, (7) मृत की दुकान, जहां गोली चली, (8) घटना के बाद बंद बाज़ार । (छाया : ओम भंडारी)

Punjab Sanatani

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

दो की हत्या

पुलिस जिला बटाला में थाना फतेहगढ़ चूड़ियां के गांव सारचूड़ में गत रात 4-5 अज्ञात सशस्त्र लोगों ने फ़ायरिंग करके दो ईसाई भाइयों बशीर मसीह व लूचा मसीह की हत्या कर दी ।

पुलिस के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार गत रात यह गांव में अवैध शराब बेच रहे थे कि हत्यारों ने आकर इन पर फ़ायरिंग कर दी । फ़ायरिंग चीनी असाल्ट राइफल ए.के. 47 से की गई । पुलिस व बी.एस.एफ. सारा क्षेत्र सील करके खोजबीन का काम कर रही है । सिविल अस्पताल बटाला से पोस्ट मार्टम के बाद लाशें उनके वारिसों को दे दी गई ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार रात लगभग दस बजे चार आतंकवादी आए और दोनों भाइयों के हाथ बांध कर साथ ले गए और गांव के बाहर ले जाकर दोनों को गोली मार दी । घटनास्थल से खालिस्तान कमांडो फोर्स का सुखदेव सिंह झामका तथा चंचल सिंह उद्दके का लिखा पत्र मिला है जिसमें मृतकों पर दोष लगाया गया है कि ये अवैध शराब का व्यापार करते हैं । गुरदासपुर अस्पताल में जब मृतकों का पोस्ट मार्टम करवाने लाया गया तो भी उनके हाथ बंध हुए थे । आतंकवादियों ने ए.के. 47 राइफल का प्रयोग किया ।

थाना धारीवाल के अंतर्गत कादियां के निकट एक अन्य महिला श्रीमती महेंद्र कौर की हत्या कर दी गई ।

दो गिरफ्तार

गुरदासपुर पुलिस ने गांव बल के कश्मीर सिंह तथा उग्रवादियों के शरणदाता गांव चाबा के प्रीतम सिंह को गिरफ्तार किया है । कश्मीर सिंह उग्रवादियों के हथियार एक-दूसरे स्थान पर ले जाने का काम करता था । कलानौर के बूटा सिंह, जिसके फार्म हाऊस से 19 अप्रैल को बी.एस.एफ. ने मिसाइलें बरामद की थीं, गांव बल के ही ग्रंथी कश्मीर सिंह तथा गांव विदेश के दयाल सिंह को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है । एस.एस.पी. ने कहा कि जबकि कश्मीर सिंह को पंथक कमेटी के सदस्य वस्सन सिंह ज़फ़रवाल तथा तस्कर व आतंकवादी सुच्चा सिंह को हथियार लाने ले जाने के लिए रखा हुआ था और प्रीतम सिंह दोनों को शरण दिया करता था । ज़फ़रवाल तथा सुच्चा सिंह अभी भी फ़रार हैं ।

कांटेदार तार

इसी बीच आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पाकिस्तान से आतंकवादियों की घुसपैठ और हथियारों व गोला-बारूद की तस्करी को रोकथाम के लिए कुल 553 किलोमीटर लम्बी पंजाब सीमा के जिस 260 किलो मीटर लम्बे हिस्से को कांटेदार तार लगाने के लिए चुना गया है, उस पर प्रथम चरण में विभिन्न स्थानों पर 100 किलो मीटर लम्बी कांटेदार तार लगाई जाएगी । सूत्रों ने बताया कि इसमें से जिला गुरदासपुर में 46 किलो मीटर क्षेत्र चुना गया है जबकि पाकिस्तान के साथ जिला गुरदासपुर की 128 किलो मीटर सीमा लगती है । तार लगाने का काम सैंट्रल पी.डब्ल्यू.डी. तथा बी.एस.एफ. द्वारा किया जा रहा है ।

दम्पति की हत्या

फिरोज़पुर (बागी): चार अज्ञात व्यक्तियों ने कल रात फिरोज़पुर जिले के थाना घाल खुर्द के गांव लाले में एक हरिजन बलबीर सिंह व उसकी पत्नी गुरमेल कौर की हत्या कर दी ।

ठेकेदार की हत्या

भटिंडा (ग्रोवर): जिला भटिंडा में कल रात



सरहिन्द में गत दिवस ठेके पर आतंकवादियों की फायरिंग में मारे गये नरेश कुमार का शव । (छाया : भरत वर्मा)

रामामंडी में उग्रवादियों ने शराब के एक ठेकेदार रणजीत सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी ।

औरत ज़ख्मी

नकोदर (गगन): नकोदर शहर की घनी आबादी में स्थित मुहल्ला गुरु नानक में गोली चलने से एक औरत ज़ख्मी हो गई । बताया जाता है कि रात आठ बजे के करीब तीन अज्ञात नवयुवक (18-20 वर्ष की आय के) चेहरे ढापे हुए इस मुहल्ला के निवासी श्री अजीत सिंह किरयाना मर्चेंट के निवास स्थान पर आए । इन नवयुवकों में से दो ने अपनी पिस्तौलें घर के मैम्बरों के ऊपर तान दीं, जबकि एक बाहर दरवाजे पर बंदूक तानकर पहरा देने लगा । दोनों युवकों ने श्री अजीत सिंह से नकदी, आभूषण व मोटर साइकल की मांग की, लेकिन वह उन युवकों से उलझते रहे तो इतने में उनकी पत्नी साथ वाले कमरे में टैलीफोन करने गई तो एक युवक ने उसे ज़ोर से थप्पड़ दे मारा, जिससे उसके मुंह से खून बहने लगा । अचानक ही एक पड़ौसी परमजीत, टेलर मास्टर की पत्नी अजीत सिंह के घर किसी काम आई तो देखा कि बाहर उनके द्वार पर एक व्यक्ति बंदूक लिए खड़ा है तो वह व्यक्ति देखते ही उस औरत पर झपटा और उससे हाथापाई की । बाद में उस पर गोली चला कर उसे ज़ख्मी कर दिया । शोर मचने पर लोग घरों की छतों पर जमा हो गए । एक साहसी बालक ने उन युवकों पर पत्थरों की बौछार शुरू कर दी जिससे वे बिना लूट-मार किए पैदल ही भाग गए । पुलिस को तुरन्त सूचना दी गई, मगर पुलिस घटनास्थल पर डेढ़ घंटे के बाद पहुंची । घर वालों का कहना है कि पुलिस ने हमारी रपट दर्ज नहीं की क्योंकि वे हमें इस बात से डराते रहे कि आपको अभियुक्तों की पहचान करनी होगी । लोगों में भारी असुरक्षा की भावना व्याप्त है ।

अचानक गोली चली

जालन्धर (वार्ता): आज सुबह यहां मदन फ्लोर मिल के निकट बैंक आफ़ बड़ौदा की ब्रांच में इंडो-तिब्बतन बार्डर पुलिस के एक जवान की बंदूक से अचानक गोली चल गई, लेकिन कोई व्यक्ति घायल नहीं हुआ । पंजाब में बैंकों की मुख्य ब्रांचों में आई.टी.बी.पी. सुरक्षा ड्यटी पर तैनात है ।

फगवाड़ा (राकेश): स्थानीय थाना सदर पुलिस ने आतंकवादियों को पनाह देने व लुटेरों के कई अड्डों पर गिरफ्तारी के लिए छापे मारे तथा खलवाड़ा गेट व जिला लुधियाना के कई देहातों में छापे मार कर एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है । पुलिस सूत्रों के अनुसार इस व्यक्ति ने कबूल किया है कि उसने कई क्षेत्रों में लटमार व अन्य घटनाएं की हैं, इससे पहले भी पुलिस कई देहातों में छापे मार रही है ।

संत राम के हत्यारे नामज़द

होशियारपुर (अश्विनी, प्रद्युम्न): जिला पुलिस चीफ़ श्री परमजीत सिंह संधू ने आज यहां बताया कि होशियारपुर सैंट्रल कोआप्रेटिव बैंक के मैनेजिंग डायरैक्टर व जिला इंका उपप्रधान लाला संत राम पब्बी व चमन लाल के हत्यारे नामज़द कर लिए गए हैं । श्री संधू ने आशा प्रगट की कि उन्हें शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा । एस.एस.पी. ने बताया इस हत्याकांड के सम्बन्ध में अब तक एक दर्जन लोगों से पूछताछ की गई है व आध दर्जन और लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया है ।

पिस्तौल सहित युवक गिरफ्तार

श्री संधू ने बताया कि बलाचौर पुलिस ने एक पुलिस कर्मचारी को गिरफ्तार कर लिया है । उसके कब्ज़े से 3.3 बोर का एक पिस्तौल बरामद किया गया । नवयुवक परागपुर ग्राम के सरपंच शमशेर सिंह की हत्या में भी पुलिस को वांछित था ।

गुमशुदा की तलाश

श्री बूटा राम जनरल असिस्टैंट, दूरदर्शन केंद्र जालन्धर 16.3.88 बाद दोपहर से अपनी ड्यूटी पर नहीं आ रहा और न ही इसका कुछ पता है । इस लिए इश्तहार द्वारा उक्त बूटा राम को इस

बोफोर्स की खरीद वी.पी. की सहमति से हुई थी

नई दिल्ली, 26 अप्रैल : वित्त मंत्रालय में तत्कालीन व्यय विभाग के सचिव आर. गणपति के अनुसार बोफोर्स तोप सौदे की मंजूरी देने में तत्कालीन वित्त मंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह की पूरी सहमति थी । बोफोर्स जांच संसदीय समिति को दिए गए अपने साक्ष्य में तत्कालीन व्यय सचिव ने बताया कि तोप की खरीद के बारे में फर्मों का चयन करने की सिफारिशों को मंत्री महोदय (विश्वनाथ प्रताप सिंह) के सम्मुख प्रस्तुत किया गया था । इन निर्णयों को वित्त मंत्री और रक्षा मंत्री ने भी देखा था । ऐसे ठेकों के सम्बन्ध में सचिव के अधिकार बहुत सीमित होते हैं और उन्हें स्वीकृति के लिए सम्बद्ध विभाग के मंत्री और वित्त मंत्री की स्वीकृति ली जाती है । संसदीय समिति ने तत्कालीन वित्त सचिव से यह स्पष्ट रूप से पूछा था कि क्या बोफोर्स तोप का चयन करने की सिफारिश करने के बारे में 12 मार्च 1986 का निर्णय सर्वसम्मति से किया गया था ? व्यय सचिव ने बताया कि इस बारे में कोई असहमति नहीं थी, यहां तक कि चर्चाओं में भी अन्तिम निष्कर्ष बिना किसी आपत्ति के सर्वसम्मति से किए गए ।

1



2



3

(1) जिला गुरदासपुर के थाना धारीवाल के क्षेत्र में स्थित गांव पीरोशाह में उग्रवादियों द्वारा मारी गई स्त्री सुरजीत कौर का शव । (2) जिला पुलिस बटाला के गांव सारचूढ़ में आतंकवादियों के हाथों मारे गये लूचा मसीह (3) बशीर मसीह के शव । (छाया : गुप्ता)

गोरखाओं द्वारा पुलिस शिविर पर बमों से हमला

दार्जिलिंग, 26 अप्रैल : सदर सब-डिविजन में तुकवेर चाय बागान के निकट बंधरा सशस्त्र पुलिस शिविर पर कल रात गोरखा राष्ट्रीय मुक्ति मोर्चे के उग्रवादियों ने बमों तथा आग्नेयास्त्रों से हमला किया ।

Punjab Kesari Archive

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

दो की हत्या

पुलिस जिला बटाला में थाना फतेहगढ़ चूड़ियां के गांव सारचूड़ में गत रात 4-5 अज्ञात सशस्त्र लोगों ने फ़ायरिंग करके दो ईसाई भाइयों बशीर मसीह व लूचा मसीह की हत्या कर दी ।

पुलिस के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार गत रात यह गांव में अवैध शराब बेच रहे थे कि हत्यारों ने आकर इन पर फ़ायरिंग कर दी । फ़ायरिंग चीनी असाल्ट राइफल ए.के. 47 से की गई । पुलिस व बी.एस.एफ. सारा क्षेत्र सील करके खोजबीन का काम कर रही है । सिविल अस्पताल बटाला से पोस्ट मार्टम के बाद लाशें उनके वारिसों को दे दी गई ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार रात लगभग दस बजे चार आतंकवादी आए और दोनों भाइयों के हाथ बांध कर साथ ले गए और गांव के बाहर ले जाकर दोनों को गोली मार दी । घटनास्थल से खालिस्तान कमांडो फोर्स का सुखदेव सिंह झामका तथा चंचल सिंह उद्दके का लिखा पत्र मिला है जिसमें मृतकों पर दोष लगाया गया है कि ये अवैध शराब का व्यापार करते हैं । गुरदासपुर अस्पताल में जब मृतकों का पोस्ट मार्टम करवाने लाया गया तो भी उनके हाथ बंधे हुए थे । आतंकवादियों ने ए.के. 47 राइफल का प्रयोग किया ।

थाना धारीवाल के अंतर्गत कादियां के निकट एक अन्य महिला श्रीमती महेंद्र कौर की हत्या कर दी गई ।

दो गिरफ्तार

गुरदासपुर पुलिस ने गांव बल के कश्मीर सिंह तथा उग्रवादियों के शरणदाता गांव चावा के प्रीतम सिंह को गिरफ्तार किया है । कश्मीर सिंह उग्रवादियों के हथियार एक-दूसरे स्थान पर ले जाने का काम करता था । कलानौर के बूटा सिंह, जिसके फार्म हाऊस से 19 अप्रैल को बी.एस.एफ. ने मिसाइलें बरामद की थीं, गांव बल के ही ग्रंथी कश्मीर सिंह तथा गांव विदेश के दयाल सिंह को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है । एस.एस.पी. ने कहा कि जबकि कश्मीर सिंह को पंथक कमेटी के सदस्य बख्सन सिंह ज़फ़रवाल तथा तस्कर व आतंकवादी सुच्चा सिंह को हथियार लाने ले जाने के लिए रखा हुआ था और प्रीतम सिंह दोनों को शरण दिया करता था । ज़फ़रवाल तथा सुच्चा सिंह अभी भी फ़रार हैं ।

कांटेदार तार

इसी बीच आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पाकिस्तान से आतंकवादियों की घुसपैठ और हथियारों व गोला-बारूद की तस्करी की रोकथाम के लिए कुल 553 किलोमीटर लम्बी पंजाब सीमा के जिस 260 किलो मीटर लम्बे हिस्से को कांटेदार तार लगाने के लिए चुना गया है, उस पर प्रथम चरण में विभिन्न स्थानों पर 100 किलो मीटर लम्बी कांटेदार तार लगाई जाएगी । सूत्रों ने बताया कि इसमें से जिला गुरदासपुर में 46 किलो मीटर क्षेत्र चुना गया है जबकि पाकिस्तान के साथ जिला गुरदासपुर की 128 किलो मीटर सीमा लगती है । तार लगाने का काम सैंट्रल पी.डब्ल्यू.डी. तथा बी.एस.एफ. द्वारा किया जा रहा है ।

दम्पति की हत्या

फिरोज़पुर (बागी): चार अज्ञात व्यक्तियों ने कल रात फिरोज़पुर जिले के थाना घाल खुर्द के गांव लाले में एक हरिजन बलबीर सिंह व उसकी पत्नी गुरमेल कौर की हत्या कर दी ।

ठेकेदार की हत्या

भटिंडा (ग्रोवर): जिला भटिंडा में कल रात रामामंडी में उग्रवादियों ने शराब के एक ठेकेदार रणजीत सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी ।

औरत ज़ख्मी

नकोदर (गगन): नकोदर शहर की घनी आबादी में स्थित मुहल्ला गुरु नानक में गोली चलने से एक औरत ज़ख्मी हो गई । बताया जाता है कि रात आठ बजे के करीब तीन अज्ञात नवयुवक (18-20 वर्ष की आयु के) चेहरे ढांपे हुए इस मुहल्ला के निवासी श्री अजीत सिंह किरयाना मर्चेंट के निवास स्थान पर आए । इन नवयुवकों में से दो ने अपनी पिस्तौलें घर के मैम्बरों के ऊपर तान दीं, जबकि एक बाहर दरवाजे पर बंदूक तानकर पहरा देने लगा । दोनों युवकों ने श्री अजीत सिंह से नकदी, आभूषण व मोटर साइकल की मांग की, लेकिन वह उन युवकों से उलझते रहे तो इतने में उनकी पत्नी साथ वाले कमरे में टैलीफोन करने गई तो एक युवक ने उसे ज़ोर से थप्पड़ दे मारा, जिससे उसके मुंह से खून बहने लगा । अचानक ही एक पड़ौसी परमजीत टेलर मास्टर की पत्नी अजीत सिंह के घर किसी काम आई तो देखा कि बाहर उनके द्वार पर एक व्यक्ति बंदूक लिए खड़ा है तो वह व्यक्ति देखते ही उस औरत पर झपटा और उससे हाथापाई की । बाद में उस पर गोली चला कर उसे ज़ख्मी कर दिया । शोर मचने पर लोग घरों की छतों पर जमा हो गए । एक साहसी बालक ने उन युवकों पर पत्थरों की बौछार शुरू कर दी जिससे वे बिना लूट-मार किए पैदल ही भाग गए । पुलिस को तुरन्त सूचना दी गई, मगर पुलिस घटनास्थल पर डेढ़ घंटे के बाद पहुंची । घर वालों का कहना है कि पुलिस ने हमारी रपट दर्ज नहीं की क्योंकि वे हमें इस बात से डराते रहे कि आपको अभियुक्तों की पहचान करनी होगी । लोगों में भारी असुरक्षा की भावना व्याप्त है ।

अचानक गोली चली

जालन्धर (वार्ता): आज सुबह यहां मदन फ्लोर मिल के निकट बैंक आफ़ बड़ौदा की ब्रांच में इंडो-तिब्बतन बार्डर पुलिस के एक जवान की बंदूक से अचानक गोली चल गई, लेकिन कोई व्यक्ति घायल नहीं हुआ । पंजाब में बैंकों की मुख्य ब्रांचों में आई.टी.बी.पी. सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात है ।

फगवाड़ा (राकेश): स्थानीय थाना सदर पुलिस ने आतंकवादियों को पनाह देने व लुटेरों के कई अड्डों पर गिरफ्तारी के लिए छापे मारे तथा खलवाड़ा गेट व जिला लुधियाना के कई देहातों में छापे मार कर एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है । पुलिस सूत्रों के अनुसार इस व्यक्ति ने कबूल किया है कि उसने कई क्षेत्रों में लूटमार व अन्य घटनाएं की हैं, इससे पहले भी पुलिस कई देहातों में छापे मार रही है ।

संत राम के हत्यारे नामज़द

होशियारपुर (अश्विनी, प्रद्युम्न): जिला पुलिस चीफ़ श्री परमजीत सिंह संधू ने आज यहां बताया कि होशियारपुर सैंट्रल कोआप्रेटिव बैंक के मैनेजिंग डायरैक्टर व जिला इंका उपप्रधान लाला संत राम पब्बी व चमन लाल के हत्यारे नामज़द कर लिए गए हैं । श्री संधू ने आशा प्रगट की कि उन्हें शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा । एस.एस.पी. ने बताया इस हत्याकांड के सम्बन्ध में अब तक एक दर्जन लोगों से पूछताछ की गई है व आध दर्जन और लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया है ।

पिस्तौल सहित युवक गिरफ्तार

श्री संधू ने बताया कि बलाचौर पुलिस ने एक नवयुवक तेजपाल उर्फ़ पप्पू को गिरफ्तार कर लिया है । उसके कब्ज़े से 3.3 बोर का एक पिस्तौल बरामद किया गया । नवयुवक पुराणपुर ग्राम के सरपंच शमशेर सिंह की हत्या में भी पुलिस को वांछित था ।

सरहिन्द में गत दिवस ठेके पर आतंकवादियों की फायरिंग में मारे गये नरेश कुमार का शव । (छाया : भरत वर्मा)

बोफोर्स की खरीद वी.पी. की सहमति से हुई थी

नई दिल्ली, 26 अप्रैल : वित्त मंत्रालय में तत्कालीन व्यय विभाग के सचिव आर. गणपति के अनुसार बोफोर्स तोप सौदे की मंजूरी देने में तत्कालीन वित्त मंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह की पूरी सहमति थी । बोफोर्स जांच संसदीय समिति को दिए गए अपने साक्ष्य में तत्कालीन व्यय सचिव ने बताया कि तोप की खरीद के बारे में फर्मों का चयन करने की सिफारिशों को मंत्री महोदय (विश्वनाथ प्रताप सिंह) के सम्मुख प्रस्तुत किया गया था । इन निर्णयों को वित्त मंत्री और रक्षा मंत्री ने भी देखा था । ऐसे ठेकों के सम्बन्ध में सचिव के अधिकार बहुत सीमित होते हैं और उन्हें स्वीकृति के लिए सम्बद्ध विभाग के मंत्री और वित्त मंत्री की स्वीकृति ली जाती है । संसदीय समिति ने तत्कालीन वित्त सचिव से यह स्पष्ट रूप से पूछा था कि क्या बोफोर्स तोप का चयन करने की सिफारिश करने के बारे में 12 मार्च 1986 का निर्णय सर्वसम्मति से किया गया था ? व्यय सचिव ने बताया कि इस बारे में कोई असहमति नहीं थी, यहां तक कि चर्चाओं में भी अन्तिम निष्कर्ष बिना किसी आपत्ति के सर्वसम्मति से किए गए ।

(1) जिला गुरदासपुर के थाना धारीवाल के क्षेत्र में स्थित गांव पीरोशाह में उग्रवादियों द्वारा मारी गई स्त्री सुरजीत कौर का शव । (2) जिला पुलिस बटाला के गांव सारचूड़ में आतंकवादियों के हाथों मारे गये लूचा मसीह (3) बशीर मसीह के शव । (छाया : गुप्ता)

गोरखाओं द्वारा पुलिस शिविर पर बमों से हमला

दार्जिलिंग, 26 अप्रैल : सदर सब-डिविजन में तुकवेर चाय बागान के निकट बंधुरा सशस्त्र पुलिस शिविर पर कल रात गोरखा राष्ट्रीय मुक्ति मोर्चे के उग्रवादियों ने बमों तथा आग्नेयास्त्रों से हमला किया ।

पंजाब की आतंक
आज राष्ट्रपति

नई दिल्ली, 26 अप्रैल (वार्ता, हस): पंजाब की आतंकवादी हिंसा में विधवा हुई महिलाओं का एक दल राष्ट्रपति रामास्वामी वेंकटरमन से कल यहां मुलाकात करेगा । इन महिलाओं का कहना है कि प्रधानमंत्री राजीव गांधी और गृहमंत्री बूटा सिंह से मुलाकात करना समय गंवाना है ।

राष्ट्रीय सुरक्षा समिति अमृतसर शाखा की प्रचार सचिव लक्ष्मीकांता चावला ने आज यहां एक संवाददाता सम्मेलन में इन विधवा महिलाओं की पत्रकारों से भेंट के दौरान यह जानकारी दी ।

अमृतसर जिले के थाना मेहता चौक के मेहसमपुर खुर्द गांव की श्रीमती सुमित्रा ने कहा कि गत दस मार्च को आतंकवादियों ने उसी के सामने उसका सुहाग उजाड़ दिया और आतंकवादियों के डर से गांव का कोई भी व्यक्ति उसके पति गिरधारी लाल की अर्थी को कंधा देने नहीं आया ।

श्रीमती सुमित्रा के अनुसार अमृतसर जिले के गांवों में आतंकवादियों ने सभी लोगों को रात को बत्ती न जलाने तथा टैलीविज़न और रेडियो न चलाने की धमकी दे रखी है ।

श्रीमती सुमित्रा ने आरोप लगाया कि गांव में केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल के जवान भी उनकी मदद करने से कतराते हैं । आतंकवादियों ने सुमित्रा के पति के भतीजे को भी उसी दिन मौत के घाट उतार दिया था । धर्मपाल की विधवा पत्नी, चंचल रानी के 6 बच्चे हैं और वह इन दिनों श्रीमती सुमित्रा के साथ अमृतसर के शिविर में रहती है । श्रीमती सुमित्रा ने बताया कि पिछले तीन वर्षों में उसके खानदान के 35 पुरुष सदस्य आतंकवादी हिंसा में मारे गये हैं । सुमित्रा और चंचल ने कहा कि बिट्टू और पेंटा का पंजाब में इतना आतंक है कि किसी परिवार को उनकी धमकी मिलने के बाद केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल मदद करने के बजाय उन्हें गांव छोड़ने की सलाह देते हैं ।

अमृतसर जिले के ब्यास थाना के तहत बुताला गांव की विधवा निर्मल रानी ने बताया कि उनके पति राममूर्ति को गत 16 फरवरी को आतंकवादियों ने सरे बाज़ार गोली मार दी थी । गोली से वह गम्भीर रूप से घायल हो गये । लेकिन गांव के किसी व्यक्ति ने श्री राममूर्ति को अस्पताल ले जाने के लिये ट्रैक्टर देने की निर्मल रानी की गुहार नहीं सुनी । अंततः

चुनाव सूचना

लुधियाना, 26 अप्रैल (महिन्द्रा): नगर में ग्रीन पार्क के नाम पर एक सुन्दर कालोनी है, जिसमें 140 परिवार एक-दूसरे के सुख-दुख में पूरी तरह शामिल होते हैं । ग्रीन पार्क सभा के सचिव प्रिंसीपल एच.एल. शर्मा व श्री धर्मपाल खन्ना के अनुसार आगामी वर्ष के लिए ग्रीन पार्क सभा के प्रधान श्री अशोक भल्ला, उपाध्यक्ष श्री ओम प्रकाश व श्री वेद प्रकाश महेन्द्रू, महासचिव प्रिंसीपल एच.एल. शर्मा, संयुक्त सचिव प्रोफैसर आर.के. कौशल तथा कोषाध्यक्ष श्री राजिन्द्र सोनी चुने गए हैं ।

अमृतसर सेवा समिति द्वारा पीड़ित परिवारों की सहायता

अमृतसर, 26 अप्रैल (कपूर): अमृतसर सेवा समिति ने उग्रवाद से पीड़ित परिवारों तथा उनके अनाथ बच्चों की सहायता की है । पीड़ित सेवा प्रकल्प समिति अमृतसर के संयोजक श्री प्रकाश चंद जोशी ने एक बयान में सेवा समिति अमृतसर को योगदान के लिए धन्यवाद देते हुए बताया है कि सेवा समिति की ओर से 251 अनाथ स्कूली बच्चों की पढ़ाई के लिए मुफ्त पुस्तकें, कापियां, पैंसिलें दी गई हैं तथा बच्चों को दो-दो जोड़ी पैंटें व कमीजें भी दी गई हैं । इसके अलावा 100 से अधिक महिलाओं, पुरुषों की आटा, खुराक आदि का पूरा प्रबन्ध किया गया है और परचून खर्च के लिए नकद राशि भी सहायतार्थ दी गई है ।

शराबी द्वारा वृद्ध दुकानदार की हत्या : 200 रुपए भी लूट लिए

नकोदर, 26 अप्रैल (गगन): यहां से लगभग 10 किलो मीटर दूर गांव चानीया में आज प्रातः 8 बजे गांव के ही एक शराबी व्यक्ति रूपा ने 90 वर्षीय वृद्ध दुकानदार केहर सिंह की हत्या कर दी । बताया जाता है कि अभियुक्त ने तेजधार शस्त्र से दुकानदार की हत्या करके लगभग 200 रुपए चुरा लिए । बाद में वह खेतों में गेहूं की कटाई कर रहे अपने भाइयों के पास पहुंचा और उनकी भी हत्या करने की कोशिश की। इस पर उसके भाइयों ने उसे पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया ।

गुमशुदा की तलाश

श्री बूटा राम जनरल असिस्टैंट, दूर-दर्शन केंद्र जालन्धर 16.3.88 बाद दोपहर से अपनी ड्यूटी पर नहीं आ रहा और न ही इसका कुछ पता है । इस लिए इश्तहार द्वारा उक्त बूटा राम को इस इश्तहार के प्रकाशन से 30 दिन के अंदर-अंदर अपनी ड्यूटी पर उपस्थित होने को कहा जाता है ।

अगर किसी को बूटा राम के बारे में पता चले तो कृपया अपनी निकटस्थ पुलिस चौकी या निम्न पते पर सूचित करें ।

डायरैक्टर
दूरदर्शन केंद्र, जालन्धर
फोन कार्यालय : 79304,

गुमशुदा की तलाश

मेरा लड़का रमेश कुमार, आयु 26 वर्ष, रंग गोरा, कद करीब पांच फुट 24.3.88 से घर से लापता है । इसक सूचना या घर पहुंचाने वाले व्यक्ति को किराए के अलावा 500 रुपए शुक्राना दिया जाएगा । अगर रमेश खुद पढ़े तो तुरंत घर चला आए, उसकी मां सख्त बीमार है ।

पता :

एक अंक में

सुपर हिमालयन वीकली

सुपर हिमालयन वीकली लाटरी के 99वें ड्रा का परिणाम, जो शिमला में 26.4.88 को निकाला गया :-

DRAW FOR SERIES SHA, SHB, SHC,

Punjabi Parichar

अमृतसर में सैर कर रहे लोगों पर फ़ायरिंग से 3 मरे, निरंकारी समेत 5 अन्य की भी हत्या

पुराने अमृतसर शहर में लगाया कर्फ़्यू शाम को हटा लिया गया

फिरोजपुर सीमा पर पाक घुसपैठिया मारा गया

चंडीगढ़, 27 अप्रैल (वार्ता, ह.स.): आतंकवादियों ने आज सुबह अमृतसर के बाहरी क्षेत्र में नहर के किनारे सैर कर रहे लोगों पर गोलियां चला कर 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी । पंजाब में अन्य वारदातों में एक निरंकारी सहित 5 व्यक्ति मारे गए । अमृतसर में आतंकवादियों के दो सशस्त्र गुटों में भिड़ंत टल गई । फिरोजपुर सीमा पर एक पाक घुसपैठिया मारा गया । जिला जालंधर में एक पैट्रोल पम्प व एक शराब का ठेका लूटा गया ।

3 मरे, 1 घायल

अमृतसर (वि.प्र.): आज पातः 6.30 बजे चार आतंकवादियों ने जो कि स्कूटर पर सवार थे, चाटीविंड क्षेत्र में सैर के लिए इकट्ठे हुए लोगों पर अंधाधुंध फायरिंग की जिससे 3 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई जबकि एक अन्य घायल हो गया । मृतकों में हरिशंकर राय (75) किला भंगियां, इंका सांसद श्री आर.एल. भाटिया की आयल मिल का कर्मचारी अमर नाथ तथा घनश्याम (वाराणसी) शामिल हैं । घनश्याम की मृत्यु अस्पताल जाकर हुई । अब इस कांड के एक घायल श्री शिव लाल सेठी (45) अस्पताल में उपचाराधीन हैं । उनके कंधे पर गोली लगी है । वह पंजाब नैशनल बैंक कटड़ा आहलूवालिया के मैनेजर हैं ।

कहा जाता है कि जब आतंकवादियों ने सैर कर रहे लोगों पर फायरिंग की तो श्री सेठी ने कंधे पर गोली लगने के बाद नहर में छलांग लगा दी । आतंकवादियों ने नहर में भी उस पर गोलियां चलाईं परंतु उन्हें कोई और गोली नहीं लगी । कंधे पर गोली लगने से उनकी हालत गम्भीर है । जिस जगह यह वारदात हुई वहां से लगभग डेढ़ किलोमीटर की दूरी पर अमरनाथ की लाश पुलिस ने बरामद की । सूचना मिलने पर पुलिस व सी.आर.पी. के उच्चाधिकारियों ने मौके पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी ।

कर्फ़्यू हटाया गया

अमृतसर के जिला मैजिस्ट्रेट ने प्रातः 8 बजे से शहर के बड़े हिस्से में लगाया गया कर्फ़्यू शाम 5.30 बजे उठा लिया । यह कर्फ़्यू हिंदू शिव सेना के अमृतसर बंद के आह्वान के दृष्टिगत उत्पन्न तनाव को देखते हुए लगाया गया था । जिलाधीश ने दावा किया कि 9.30 घंटे के कर्फ़्यू के दौरान कोई अप्रिय घटना नहीं हुई ।

दुकानें बंद कराने की कोशिश

आज कर्फ़्यू से बाहर वाले क्षेत्र लोहगढ़ में नारे लगाते हुए युवकों के गिरोह ने वाहनों को रोकां तथा दुकानदारों को दुकानें बंद करने के लिए बाध्य किया तथापि सुरक्षा बलों ने उन्हें तितर-बितर कर दिया जो कि बड़ी संख्या में नगर में तैनात थे ।

अंत्येष्टि

कल की फायरिंग में मरने वालों का आज हाथी गेट के बाहर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अंतिम संस्कार कर दिया गया । इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग इकट्ठे हो गए थे जिन्होंने सरकार व पुलिस के विरुद्ध नारे लगाए । जब राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के कुछ नेताओं ने उन्हें सम्बोधित करने की कोशिश की तो उन्हें 'हूट' किया गया । इन नेताओं ने निकटवर्ती थाने में शरण ली ।

आतंकवादी गुट आमने-सामने

आज प्रातः सशस्त्र आतंकवादियों के दो ग्रुप अमृतसर की ब्रह्मबूटा मार्केट में एक-दूसरे के सामने मोर्चे बना कर डट गए जिससे क्षेत्र में तनाव पैदा हो गया । यह स्थिति दोनों ग्रुपों में गर्मागर्मी होने के बाद उत्पन्न हुई । एक ग्रुप ने गुरु रामदास लंगर की इमारत की छत पर पोजीशनें ले लीं, जबकि दूसरे ग्रुप ने एक निजी मकान की छत पर मोर्चा सम्भाल लिया, तथापि किसी ओर से गोली नहीं चली ।

घायल चल बसा

कल पुतलीघर चौक क्षेत्र में आतंकवादियों की फायरिंग से घायल होने वाले रवि कुमार की गत रात मृत्यु हो गई । एक व्यक्ति विद्यासागर की कल अस्पताल पहुंचते ही मृत्यु हो गई थी । दो घायल नरेश कुमार तथा कृष्ण लाल अस्पताल में उपचाराधीन हैं ।

भूतपूर्व सैनिक की हत्या

गत रात थाना लोपोके के गांव किरालगढ़ में एक भूतपूर्व सैनिक गुरदयाल सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी गई । इस घटना का पता आज सुबह चला जब उसकी गोलियों से छलनी लाश गांव के एक खेत में पाई गई । आतंकवादियों ने ए.के. 47 राइफल का प्रयोग किया ।

निरंकारी की हत्या

कपूरथला (शर्मा): थाना सुभानपुर के मौजा रमीदी के निकट गत रात्रि लगभग पौने नौ बजे सशस्त्र आतंकवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग करके एक प्रमुख निरंकारी व कांग्रेस (इ) वर्कर सोहन सिंह की उसके घर के बाहर हत्या कर दी । हत्यारे पैदल आए और पैदल ही वापस चले गए । बताया जाता है कि सोहन सिंह मौजा रमीदी से कुछ फासले पर अपने फार्म हाऊस में रहता था । गत रात वह अपने परिवार के सदस्यों के साथ टैलीविजन देखते हुए अचानक लघुशंका के लिए बाहर आया तो वहां खड़े तीन आतंकवादियों ने चीनी ए.के. 47 असाल्ट

(शेष पृष्ठ 6 पर)

Nitin Sanatani



(1) उग्रवादियों द्वारा गांव रमीदी जिला कपूरथला में मारे गए व्यक्ति सोहन सिंह (इन्सैट) का शव, (2) मृतक के परिवार के सदस्य विलाप करते हुए, (3) सोहन सिंह का बिखरा हुआ खून । (छाया : शर्मा), (4) थाना सदर बटाला के गांव रामपर कुतियांवाली में उग्रवादियों द्वारा मारे गए बिजली बोर्ड के ड्राफ्ट्समैन बलदेव सिंह का शव । (छाया : कोछड़), (5) उग्रवादियों ने नवोदर के गांव तलवंडी सलेम में स्वर्गीय पंजाबी कवि पाश के चाचा नाज़र सिंह (इन्सैट) की हत्या कर दी । चिन्हित स्थान पर श्री नाज़र सिंह का रक्त बिखरा हुआ दिखाई दे रहा है । (छाया : गगन)

अमृतसर में चाटीविंड नहर के पास आतंकवादियों की फ़ायरिंग में मारे गए (1) घनश्याम, (2) अमरनाथ तथा (3) हरि शंकर के शव, (4) गोलीबारी में घायल शिव लाल । (छाया : रवि भंडारी)



जिला अमृतसर के विभिन्न गावों से पलायन करके आए 27 परिवारों के 176 सदस्य, जिन्होंने ग्राम दयाल जंजघर बेरी में शरण ली। (छाया : रवि भंडारी)

सैर कर रहे लोगों पर फायरिंग

(पृष्ठ 3 का शेष)

राइफल से फायरिंग करके उसे वहीं ढेर कर दिया । गोलियों की आवाज सुनकर घर वाले छिप गए । कुछ देर बाद पुलिस को सूचना दी गई । एस.एस.पी. श्री स्वर्ण सिंह पुलिस फोर्स समेत वहां पहुंच गए । खोजी कुत्ते घटनास्थल पर ले जाए गए । क्षेत्र को घेर कर अभियुक्तों की तलाश शुरू कर दी गई ।

बिजली कर्मी की हत्या

बटाला (कोछड़): जिला बटाला में गत 24 घंटों के दौरान हुई आतंकवादी हिंसा की अलग-अलग घटनाओं में एक बिजली बोर्ड कर्मचारी की हत्या की गई, एक रोडवेज की बस व एक खोखा जला दिया गया ।

पुलिस थाना सदर बटाला के गांव रामपुर कृत्तियां में गत रात चार सशस्त्र अज्ञात युवकों ने पंजाब राज्य बिजली बोर्ड के ड्राफ्ट्समैन व जमींदार बलदेव सिंह (36) की हत्या कर दी ।

जिला बटाला के पुलिस प्रमुख श्री सुमेध सिंह सैनी ने यहां पत्रकारों को विवरण देते हुए बताया कि गत रात चार अज्ञात युवक जो ए.के. 47, स्टेनगन व रिवाल्वर से लैस थे, मृतक के डेरा पर गए और इसके भाई सुखदेव सिंह को जगाकर इसके बारे में पूछा, उसके बताने पर आतंकवादी इसके कमरे में गए और इसे अपने साथ बाहर लाकर गोलियों से छलनी कर दिया । अभी तक इस हत्या की गुत्थी नहीं सुलझ सकी । पुलिस को हत्या की सूचना प्रातः मिली । प्राप्त जानकारी के अनुसार इस हत्या की जिम्मेदारी खालिस्तान कमांडो फोर्स के जनरल सुखदेव सिंह झामके ने ली है और कहा है कि मृतक भ्रष्टाचारी था ।

बस को आग

इसी रात थाना श्रीहरगोबिन्दपुर के गांव डोगर महेश में कुछ राष्ट्र विरोधी तत्वों ने गांव में खड़ी पंजाब रोडवेज की बस पी.बी.एन. 1128 को आग लगाकर पूरी तरह जला दिया । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

खोखा जलाया

इसी रात थाना कादियां के गांव कोट टोडर मल में कुछ शरारती तत्वों ने एक जूतों का खोखा आग लगाकर जला दिया । खोखा के मालिक प्रकाश चन्द ने बताया कि उसकी दस हजार रुपए की क्षति हुई है । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

महिला की हत्या

25-26 अप्रैल की रात को थाना कादियां के गांव नंगल बुटर में दो लूटमार करने वाले अज्ञात युवकों ने चाकू मारकर एक महिला महेन्द्र कौर की हत्या कर दी । पुलिस सूत्रों के अनुसार रात के समय दो लुटेरे मृतका के घर घुसे व इसके कानों से सोने की बालियां उतारने का प्रयास किया । विरोध करने पर उन्होंने चाकू मार-मारकर महेन्द्र कौर की हत्या कर दी ।

पाश के चाचा की हत्या

नकोदर (गगन): पुलिस ने बताया कि ट्रैक्टर पर सवार दो आतंकवादियों ने आज तड़के एक किसान, नाजर सिंह की जालन्धर जिला स्थित उसके पैतृक गांव तलवंडी सलेम में गोली मारकर हत्या कर दी । नाजर सिंह मशहूर पंजाबी कवि अवतार सिंह संधू उर्फ 'पाश' के चाचा थे ।

पाश तथा उनके मित्र हंसराज की गत 23 मार्च को इसी गांव में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी । दोनों खालिस्तान अभियान के विरोधी थे ।

आतंकवादियों ने पहले कल आधी रात के बाद किसी समय निकट के लिद्दड़ां गांव से ट्रैक्टर चुराया जिस पर बैठ कर वे तलवंडी सलेम पहुंचे । वहां उन्होंने घर में सो रहे नाजर सिंह को जगाया और गोली मारकर उसकी हत्या कर दी । पुलिस ने बताया कि भागने से पहले आतंकवादियों ने खालिस्तान समर्थक नारे लगाए ।

मृतक का चेहरा एक ओर से पूरी तरह उड़ गया । पुलिस के अनुसार यह गोलियां 12 बोर की बंदूक से दागी गईं । ट्यूबवैल पर मौजूद कुछ मजदूरों ने इस वारदात को देखा लेकिन वे डर के मारे छिप गए । एक मजदूर ने हिम्मत करके भागकर गांव में जाकर मृतक के परिवार के सदस्यों को वारदात की सूचना दी । श्री नाजर सिंह अपने पीछे विधवा पत्नी के अलावा दो पुत्र व दो पुत्रियां छोड़ गए हैं । सूचना मिलते ही अड्डा टूटकलां में तैनात नाका पुलिस पार्टी घटनास्थल पर पहुंची । पुलिस ने बताया कि हमलावरों ने वारदात के लिए मुख्य सड़क का नहीं बल्कि लिंक सड़क का प्रयोग किया ।

एक अन्य सूचना के अनुसार पाश की हत्या के बाद आतंकवादियों ने दो बार श्री नाजर सिंह की हत्या का प्रयास किया था । आतंकवादियों द्वारा प्रयुक्त ट्रैक्टर पी.जे. क्यू. 2776 बाद में मलसियां वाली सड़क पर स्थित गांव बिल्ली के पास छोड़ा हुआ मिला ।

फैडरेशन वर्कर गिरफ्तार

फिरोजपुर (कनतोड़, पायलट): फिरोजपुर पुलिस ने आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन के एक कार्यकर्त्ता बरयाम सिंह को गिरफ्तार किया है । बताया जाता है कि 28 मार्च को वह फैडरेशन के लैटर पैड पर लिखा एक पत्र लेकर एक स्थानीय कपड़ा विक्रेता से 30 मीटर कपड़ा लेने आया था । पत्र पर जगजीत सिंह लैले के हस्ताक्षर थे तथा लिखा था कि यदि कपड़ा न दोगे तो गम्भीर परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहना । दुकानदार ने मिन्नत-समाजत करके पांच मीटर कपड़ा देकर जान छुड़ाई थी । आज बरयाम सिंह फिर उसी दुकान पर आया तथा कहा कि वह पत्र भी वापस कर दो और शेष कपड़ा भी दे दो अन्यथा गम्भीर नतीजे भुगतने होंगे । दुकानदार ने मौका पाकर पड़ोसी दुकानदारों को भी बुला लिया । हालात बिगड़ने पर जब वह भागने की कोशिश में था तो दकानदारों ने मिलकर उसे दबोच लिया तथा बी.एस.एफ. की निकटवर्ती चौकी के हवाले कर दिया । उससे पूछताछ जारी है और सनसनीपूर्ण रहस्योद्घाटन की सम्भावना है ।

घुसपैठी मारा गया

'धीमान' के अनुसार 25 और 26 अप्रैल की मध्यवर्ती रात को एक पाकिस्तानी घुसपैठिया बी.एस.एफ. की गोली से मारा गया । बताया जाता है कि बी.एस.एफ. की नाका पार्टी ने दो पाकिस्तानियों को सीमा में घुसते देखा । चुनौती दिए जाने पर उन्होंने फायरिंग आरम्भ कर दी । जवाबी फायरिंग में उनमें से एक मारा गया जबकि दूसरा फरार हो गया ।

हत्याकांड व लूटपाट की योजना बनाते तीन बंदी

धुरी (सिंगला): जिला संगरूर पुलिस ने 3 उग्रवादियों को गिरफ्तार करके इन उग्रवादियों द्वारा की जाने वाली हत्याओं व पैट्रोल पम्पों को लूटने की योजना को विफल कर दिया है । इनकी गिरफ्तारी से पुलिस को गत जनवरी में बरनाला में हुए जघन्य हत्याकांड के अभियुक्तों का पता लगाने में भी सफलता मिली है ।

जिला पुलिस प्रमुख श्री ज्ञान सिंह ने बताया कि बरनाला-रायपुर सड़क पर स्थित खाद फैक्टरी के पीछे स्थित एक सुनसान मकान से इन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया है ।

यह बरनाला व लादड़े के निकटवर्ती क्षेत्रों में पैट्रोल पम्प लूटने तथा हत्याकांड करने की योजना बना रहे थे । उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए इन उग्रवादियों में सुखपाल सिंह उर्फ सुक्खा (बरनाला), सर्वजीत सिंह उर्फ सरबी (बरनाला) सुब्बा सिंह (गांव तेहबई थाना भिखीविंड जिला भटिंडा) शामिल हैं । इन उग्रवादियों से दो ए.के. 47 चीनी राइफलें, जिनमें से एक में मैगजीन लोड की हुई थी, एक 12 बोर की रिवाल्वर, 12 बोर के कारतूस तथा बिना नम्बर वाला हीरो हौंडा मोटर साइकल बरामद किया गया है ।

बरनाला हत्याकांड के अभियुक्तों का पता चला

उन्होंने बताया कि सर्वजीत सिंह एक खतरनाक उग्रवादी है तथा उसने बाबा आल्हा सिंह पार्क बरनाला में गत 22 जनवरी की प्रातः किए गए हत्याकांड में अपना व अपने साथियों का हाथ होना स्वीकार किया । पूछताछ के दौरान उसने इस हत्याकांड में संलिप्त अपने चार अन्य साथियों के नाम भी बताए ।

श्री ज्ञान सिंह ने बताया कि पुलिस ने वह ट्रैक्टर भी बरामद कर लिया है जिसका उपयोग यह उग्रवादी गिरोह करता था । नगरपालिका बरनाला के इस ट्रैक्टर को शेरपुर थाने के गांव कट्टू के जग्गे नामक एक अभियुक्त ने चुराया था । इन अभियुक्तों ने गत जनवरी में लहरा में एक डेरी को लूटने की घटना में अपना हाथ होना भी स्वीकार किया है ।

पैट्रोल पम्प, ठेका लूटा

जालंधर (ह.स.): आज जिला जालंधर में विभिन्न वारदातों में आतंकवादियों ने एक पैट्रोल पम्प तथा एक शराब के ठेके से 8425 रुपए लूट लिए । दो स्कूटर सवार आतंकवादियों ने थाना बंगा के गांव बहराम में पैट्रोल पम्प से 6,000 रुपए लूट लिए । आज दोपहर थाना गोराया के गांव कट्टावर में शराब के ठेके से 2425 रुपए लूटे गए ।

थाना गोराया के ही गांव बसियां में एक व्यक्ति अमर सिंह के घर से तीन आतंकवादी एक बंदूक तथा पांच कारतूस छीन ले गए ।

मुठभेड़

आज रात्रि जालंधर जिले के सुच्ची पिंड के पास सुरक्षा बलों व उग्रवादियों में जबर्दस्त मुठभेड़ हुई पर उग्रवादी फरार हो गए । आदमपुर में पुलिस पार्टी ने दो स्कूटर सवार लोगों को ग्राम के बाहर रुकने का संकेत दिया तो स्कूटर सवारों ने फायरिंग शुरू कर दी । पुलिस ने भी जबाबी गोलियां चलाईं पर दोनों तरफ से कोई हताहत नहीं हुआ । उग्रवादी स्कूटर छोड़ कर फरार हो गए ।

कारिंदा घायल

फगवाड़ा (कौड़ा): आज सायं 5.30 बजे के करीब हीरो हांडा पर सवार 2 आतंकवादियों ने यहां से 6 किलोमीटर दूर मौजा जगयालपुर में गोली मार कर शराब के ठेके के कारिंदे गुरनाम सिंह को सख्त घायल कर दिया । उन्होंने पहले कारिंदे से कैश मांगा । इंकार करने पर उन्होंने लोहे की खिड़की से अंदर बाजू करके उस पर फायर किया । गोली गुरनाम सिंह की पीठ में लगी तथा वह सख्त घायल हो गया । उसे स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया जहां उसकी हालत गम्भीर बताई गई है ।

लुधियाना (महिंद्रा): जिला पुलिस प्रमुख श्री ए.पी. पांडे ने आज यहां बताया कि एक व्यक्ति मल्कीयत सिंह को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 12 बैग पोस्त (डोडे) पकड़े गए हैं जिसका भार 5 क्विंटल 40 किलो है । श्री पांडे ने बताया कि यह पोस्त गांव फेरू रय्या (रायकोट) के समीप एक नाका दल ने पकड़ा । उन्होंने बताया कि रायकोट पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है । जांच जारी है ।

जोशी के अनुसार लुधियाना के अतिरिक्त जिलाधीश श्री बी.डी. अग्रवाल ने धारा 144 के अधीन एक आदेश जारी करके जिला भर में गंडासों, त्रिशूल, छबी, छुरें व किरपानों तथा अन्य आग्नेयास्त्र आदि लेकर चलने पर पाबंदी लगा दी है । इनमें विस्फोटक पदार्थ तथा घातक हथियार भी शामिल हैं । यह पाबंदी 26.6.88 तक लागू रहेगी । श्री अग्रवाल ने इस आदेश को तत्काल प्रभावी बना दिया है ।

'धीमान' के अनुसार रात्रि दस बजे ताजपुर रोड पर दो उग्रवादियों ने कंवलजीत से उसका स्कूटर छीन लिया ।

फगवाड़ा के निकट गांव जगयालपुर में उग्रवादियों द्वारा की गई फायरिंग से घायल शराब के ठेके का कर्मचारी गुरनाम सिंह, जो अस्पताल में दाखिल है । (छाया : कौड़ा, अल्पना)

बीकानेर सैक्टर में पाक घुसपैठिये 18 मुठभेड़ों में 38 मारे गए

बीकानेर, 27 अप्रैल (वार्ता): बीकानेर सैक्टर की 345 किलो मीटर लम्बी अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर इस वर्ष अब तक हुई 18 मुठभेड़ों में 38 पाकिस्तानी घुसपैठिये मारे गए जबकि गत वर्ष इसी

बोफोर्स ...

(पृष्ठ 3 का शेष)

समिति ने महाधिवक्ता के सामने यह नुक्ता रखा कि यदि बोफोर्स के साथ हुए सौदे में उक्त धारा शामिल की जाती है तो बोफोर्स को यह अवसर नहीं मिल सकता था कि वह कह कर कि यह व्यापारिक भेंट है, जानकारी देने से इन्कार कर देती । इस प्रश्न के उत्तर में महाधिवक्ता ने कहा कि बोफोर्स तो भी इस 'भेद' को बताने की बात कह सकता था । फिर समिति ने यह नुक्ता उठाया कि बोफोर्स ने यह स्टैंड लिया है कि उसने कोई कमीशन नहीं दी और भारत सरकार की इच्छाओं के अनुसार उसने कंसल्टैंसी समझौता समाप्त कर दिया है और उसने केवल कार्य समेटने का ही व्यय दिया है । इसका उत्तर महाधिवक्ता ने दिया कि मैसर्ज बोफोर्स की ओर से तीन कम्पनियों, जिनके साथ कार्य समेटने के सम्बन्ध में समझौता किया गया था, का पता चले बिना यह बताना कठिन होगा कि दी गई राशि में कमीशन भी शामिल था और यह समझौते की शर्तों के अनुसार था ?

कठुआ से चनाब तक बाड़ लगाने का कार्य शुरू

जम्मू, 27 अप्रैल (ह.स.): कठुआ से चनाब तक अन्तर्राष्ट्रीय सीमा को बाड़ लगाने का कार्य आज यहां शुरू हो गया । यह कार्य सैंट्रल पब्लिक वर्क्स डिपार्टमैंट (सी.पी.डब्ल्यू.डी.) और सीमा सुरक्षा बल द्वारा किया जा रहा है । सरकारी सूत्रों के अनुसार इससे पूर्व बी.एस.एफ. ने सीमा पर तीन महत्वपूर्ण स्थानों पर कांटेदार तार की बाड़ लगाई है । शेष कार्य सी.पी.डब्ल्यू.डी. द्वारा पूर्ण किया जाएगा । इसी मध्य सम्बद्ध अधिकारियों ने इस बात का जायजा लगा लिया है कि भारत-पाक अन्तर्राष्ट्रीय सीमा के 500 मीटर के अन्दर रहने वाले कितने लोग प्रभावित होने की सम्भावना है । यह कार्रवाई केवल जम्मू और कठुआ जिलों में की गई है, जहां सीमा पर आबादी पुंछ आदि के मुकाबले में काफी सघन है ।

जम्मू के सीमांत क्षेत्र में तैनात सीमा सुरक्षा बल के महानिदेशक शैलेन्द्रनाथ मिश्र ने बताया कि पाकिस्तानी तस्करों और संदिग्ध आतंकवादियों की घुसपैठ रोकने के लिए सभी संवेदनशील ठिकानों को कंटीली बाड़ से सील कर दिया गया है । उन्होंने

मंगलोर गणेश बीड़ी नं. 501

विनोबा भावे रोड, मैसूर

वालों की तैयार की हुई बीड़ी नं. 501 का रेट 25

Punjabi Sangtani

इंका नेता सहित 5 की हत्या : पकड़े गये उग्रवादी द्वारा आत्महत्या

नकोदर के पास आढ़ती से एक लाख रु. लूटने में बैंक का गनमैन बंदी, 2 घुसपैठिये मरे

ऊधोवाल में सहकारी बैंक लूटा गया, जालन्धर, अमृतसर में कई गिरफ्तार

चंडीगढ़, 28 अप्रैल (वार्ता): पंजाब में गत 24 घंटों के दौरान आतंकवादियों ने एक इंका नेता सहित पांच व्यक्तियों की हत्या कर दी, जबकि दो घुसपैठिये मुठभेड़ में मारे गए। अन्य वारदातों में लगभग 1.25 लाख रुपए लूट लिए गए । जालंधर में दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया जबकि एक मुठभेड़ के बाद दो आतंकवादी बच निकलने मे सफल हो गए । एक बैंक के सुरक्षा गार्ड को आढ़ती से रुपए लूटने में गिरफ्तार किया गया। होशियारपुर में एक व्यक्ति की गोली मारने में पकड़े उग्रवादी ने विष खा कर आत्म-हत्या कर दी ।

राधास्वामी की हत्या

कपूरथला (शर्मा): यहां से 15 कि.मी. दूर थाना ढिलवां के गांव नूरपुर जट्टां में चार अज्ञात सशस्त्र आतंकवादियों ने घर में दाखिल होकर गत सायं एक सक्रिय कांग्रेसी कार्यकर्त्ता और राधास्वामी जागीर सिंह की अंधाधुंध फ़ायरिंग करके हत्या कर दी,जबकि उसके बेटे सरवन सिंह ने भाग कर जान बचाई । आतंकवादियों ने भाग रहे सरवन सिंह पर तीन फ़ायर किए मगर सौभाग्यवश उसे कोई गोली नहीं लगी । आतंकवादियों ने घर के बाहर पड़ी 60-65 गेहूं की भरियों के अलावा ट्रैक्टर-ट्राली को भी आग लगा दी ।

बताया जाता है कि खेतों में बने मकान के बाहर चार आतंकवादी चीनी असाल्ट ए.के. 47 राइफलों से सज्जित आए और सरवन सिंह से जागीर सिंह के बारे पूछा । उसने अज्ञानता प्रकट की और अपने-आपको नौकर बताया तो दो आतंकवादी उसके पास खड़े हो गए और दो मकान के अन्दर चले गए और जागीर सिंह की हत्या कर दी । जागीर सिंह की पोती उपिन्दर जीत कौर बाहर सरवन सिंह के पास खड़े दो आतंकवादियों से मिन्नतें करने लगी कि उसके चाचा को छोड़ दें । इसी दौरान सरवन सिंह भाग खड़ा हुआ । घर के अन्य सदस्य छुप गए । पता चला है कि कुछ दिन पूर्व फ़ैडरेशन के नाम से हिन्दी में लिखा एक पत्र सरवन सिंह को मिला था, जिसमें उनके लाइसैंसी रिवाल्वर और 25 हजार रुपए नकद की मांग की गई थी । मृतक जागीर सिंह और उसके परिवार ने उसे मात्र एक शरारत समझा ।

पुलिस इस थ्यूरी पर काम कर रही है कि कहीं यह निजी शत्रुता का केस तो नहीं ।

फगवाड़ा (राकेश): आज सुबह दस बजे के करीब यहां से 14 कि.मी. दूर गांव सरहाल मुंडी के बस अड्डे पर एक व्यक्ति, जो कि डडवाल का रहने वाला था, जब एक खोखा में नाई से शेव करवा रहा था तो स्कूटर पर सवार दो नौजवान लड़के आए तथा पिस्तौल दिखाकर सब को भाग जाने के लिए कहा । जब सभी खेतों में भाग गए तो वे स्कूटर वाले से पिस्तौल की नोक पर स्कूटर छीन कर फ़रार हो गए। थाना गोराया में रिपोर्ट दर्ज करवा दी गई है।

फगवाड़ा से राकेश के अनुसार पिछले वर्ष 29 नवम्बर को यहां के निकटवर्ती गांव माधोपुर के पास से पिस्तौल की नोक पर एक मोटर साइकल यामादा फगवाड़ा के एक व्यक्ति से छीना गया था, स्थानीय पुलिस को एक स्थान से प्राप्त हो गया है जो कि बाद में उसके मालिकों को सौंप दिया गया ।

जिला कपूरथला के डी.सी. ने एक आदेश जारी करके धारा 144 की अवधि जिला भर में 31 मई तक बढ़ा दी है जिसके अन्तर्गत मोटर साइकलों पर पीला रंग रंगना, 5 व्यक्तियों के इकट्ठे न होना, तेज व मारू हथियार लेकर न चलना, आम दुकानों का समय सायं 7 बजे व दवाइयों, खाने, फल, हलवाई व शराब के ठेके तथा सिनेमा घर सायं 9 बजे तक, 3.5 हार्स पावर से कम मोटर साइकल स्कूटर सुबह 6 बजे से सायं 7 बजे तक दोहरी सवारी व सुबह 6 बजे से सायं 9 बजे तक स्कूटर आदि चलाए जा सकते हैं ।

एक लाख रुपया छीना

नकोदर (गगन): देर से मिली एक सूचना के अनुसार कि नकोदर-जंडियाला रोड पर स्थित गांव चक-मुगलानी के समीप एक बस में सवार दो अज्ञात नवयुवकों द्वारा बस में ही बैठे एक नूरमहल के रहने वाले आढ़ती श्री राम अलोक से एक लाख रुपया छीन लेने की खबर मिली है । बताया जाता है कि यह आढ़ती उक्त रकम किसी मंडी में किसानों को बांटने के लिए लेकर जा रहा था । वह यह एक स्थानीय बैंक से लेकर इस बस में सवार हुआ था । रुपए छीने जाने के समय उसने बहुत शोर मचाया, मगर भरी बस में से किसी ने भी उसकी मदद नहीं की । आढ़ती के कहने पर बैंक के गनमैन को पुलिस ने पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया है । लूट करने वाले बहुत ही नाटकीय व दुस्साहसपूर्ण ढंग से पहले मोटर साइकल,फिर ट्रैक्टर तथा फिर स्कूटर छीन कर उस पर बैठकर फ़रार होने में सफल रहे । यह वारदात दिन-दिहाड़े हुई ।

ह.स. के अनुसार पुलिस ने बताया कि आढ़ती ने उक्त रकम पंजाब एंड सिंध बैंक नकोदर से निकलवाई थी । तथापि क्षेत्र के लोगों और बस के यात्रियों ने तीन आतंकवादियों में से दो की पहचान सब-इंस्पैक्टर महेन्द्र सिंह (जो कि उसी बैंक का गनमैन है) तथा हरजीत सिंह के रूप में की है । महेन्द्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि हरजीत सिंह अभी तक फ़रार है ।

दो घुसपैठिए मरे

गुरदासपुर (विनोद): गत रात्रि जिला गुरदासपुर की डेरा बाबा नानक सीमा पर घनिएकेबैट चैक पोस्ट के पास बी.एस.एफ.के साथ मुठभेड़ में दो घुसपैठिए मारे गए । जिला के एस.एस.पी. ने बताया कि भारतीय क्षेत्र में घुस रहे 5 लोगों को जब बी.एस.एफ. के जवानों ने ललकारा तो उन्होंने गोली चला दी । जवानों की जवाबी फ़ायरिंग में दो घुसपैठिए मारे गए जबकि तीन वापस पाकिस्तान में भाग गए ।

बटाला से कोछड़ के अनुसार दोनों मृतकों के उग्रवादी होने का संदेह है ।

24 घंटे नाकाबंदी

होशियारपुर (अश्विनी): होशियारपुर के ज़िला पुलिस प्रमुख श्री परमजीत सिंह संधू ने बताया कि होशियारपुर नगर के संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस व अर्ध सैनिक बलों की तरफ से 24 घंटे नाकाबंदी करने की स्कीम आरम्भ कर दी गई है । उन्होंने कहा कि पुलिस व अर्ध सैनिक बलों के कर्मचारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे नाकाबंदी के समय वाहनों आदि की चैकिंग करते हुए अकारण किसी को परेशान न करें ।

खंडन

श्री संधू ने आकाशवाणी द्वारा आज प्रातः आठ बजे के समाचार बुलेटिन में प्रसारित इस समाचार का खंडन किया कि गत रात्रि चार आतंकवादियों ने एक किसान की गोलियां मारकर हत्या कर दी । श्री संधू ने कहा कि ज़िला होशियारपुर में गत रात्रि ऐसी कोई घटना नहीं हुई ।

दसूहा से झावर के अनुसार दो अज्ञात व्यक्तियों ने कुलदीप सिंह से उसका चेतक बजाज स्कूटर पी.ए.ओ. 2016 छीन लिया ।

पकड़े गए उग्रवादी द्वारा आत्म-हत्या

प्रद्युम्न की सूचना के अनुसार होशियारपुर से 20 किलो मीटर दूर सैला खुर्द में आज दोपहर दो बजे के करीब दो नौजवान उग्रवादी जिनमें से एक के हाथ में पिस्तौल तथा दूसरे के हाथ में स्टेनगन थी, ड्राईक्लीनर मदन लाल की दुकान पर आए तथा पिस्तौलधारी उग्रवादी ने गोली चला दी । मदन लाल ने इस उग्रवादी को धक्का दिया तथा शोर मचा दिया । शोर मचने पर उग्रवादी भाग निकले परन्तु गश्त कर रही पुलिस ने उनमें से एक को पकड़ लिया जिस पर उसने जेब से एक पुड़िया निकाली तथा खा ली । उसे बेहोशी की हालत में गढ़शंकर अस्पताल ले जाया गया पर वहां से जब उसे पी.जी.आई. ले जाया जा रहा था तो वह रोपड़े के पास दम तोड़ गया । उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी ।

गोली मारकर घायल कर दिया

होशियारपुर से प्रद्युम्न के अनुसार आज रात्रि 8 बजे यहां से चार किलो मीटर दूर गांव पुरहीरां में सीतामढ़ी निवासी एक श्रमिक कुंवरजीत को दो स्कूटर सवार उग्रवादियों ने गोली मारकर घायल कर दिया । कुंवरजीत उस समय शौच निवृत्ति से लौट रहा था । गोली उसकी टांग में लगी है । घायल को सिविल अस्पताल में दाखिल करवा दिया गया है । बताया जाता है कि ये दोनों उग्रवादी होशियारपुर नगर में ही हैं ।

3 की हत्या

अमृतसर (वि.प्र.): अमृतसर जिले में कल रात तीन हत्याओं की खबर देते हुए पुलिस ने आज बताया कि मजीठा थाना के मुदाल गांव में एक व्यक्ति शंकर सिंह (उम्र 40 वर्ष) की हत्या हुई,जबकि कत्थूनंगल थाना क्षेत्र के कोटली ढोला शाह गांव में आतंकवादियों ने अवतार सिंह और गोपाल सिंह नाम के दो व्यक्तियों की गोली मार कर हत्या कर दी ।

मृतक भाई थे

पुलिस ने बाद में बताया कि कोटली ढोला शाह में मारे गए व्यक्ति सगे भाई थे । खालिस्तान कमांडो फोर्स ने उनकी हत्या की जिम्मेदारी ली है । इस सम्बन्ध में घटनास्थल पर सुखदेव सिंह शामके के हस्ताक्षरों वाला एक पत्र पाया गया ।

पाकिस्तानी गिरफ्तार

गत रात खालड़ा सैक्टर में बी.एस.एफ. ने एक पाकिस्तानी नागरिक शेर मुहम्मद को अवैध रूप से सीमा पार करते हुए गिरफ्तार किया ।

इसी बीच जिला अमृतसर में एक संदिग्ध व्यक्ति तथा उग्रवादियों को शरण देने वाले दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया । दो शरणदाताओं गुरबख्श सिंह व करतार सिंह को थाना जंडियाला के गांव गादली से गिरफ्तार किया गया जबकि अमर सिंह नामक संदिग्ध व्यक्ति को छहटां पुलिस ने पकड़ा । उससे एक देसी पिस्तौल बरामद हुआ ।

एक और किसान की हत्या

तरनतारन से पन्नु के अनुसार गत रात यहां से 30 किलो मीटर दूर गांव चोला साहब में दो अज्ञात व्यक्तियों ने एक किसान नत्था सिंह (40) की गोलियां मार कर हत्या कर दी । नत्था सिंह गेहूं की गहाई करने के उपरांत अपने खेतों से वापस घर जा रहा था कि रत्तोके-चोला साहब सम्पर्क सड़क पर हमलावरों ने उसे घेर कर उस पर गोलियां बरसाईं । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

पिस्तौल बरामद

फाज़िल्का (लूना): थाना सदर फाज़िल्का ने भारत-पाक सीमा पर स्थित गांव दोनानका के निवासी ठक्कर सिंह के लड़के बूरी को गिरफ्तार करके उससे 12 बोर का बिना लाइसैंस पिस्तौल बरामद किया ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

जिला फिरोज़पुर के थाना घल्ल खुर्द के गांव लले में गत रात आतंकवादियों ने (1) बलबीर सिंह और उसकी पत्नी (2) गुरमेज कौर की हत्या कर दी (3) शोकग्रस्त परिवार के सदस्य एवं निकट सम्बन्धी (छाया : पायलट) (4) कपूरथला के गांव नूरपुर जट्टां में मारे गए कांग्रेसी कार्यकर्त्ता जागीर सिंह का शव । (छाया : शर्मा)

सभी क्वार्टर भर जाने के कारण सरकार ने पलायनकर्त्ताओं के लिए टैंट लगवा दिए

पठानकोट, 28 अप्रैल (गुप्ता): पठानकोट की हाऊसिंग बोर्ड कालोनी, जहां अमृतसर तथा गुरदासपुर के देहातों से पलायन करके आए 300 परिवार रह रहे हैं, में अभी तक पलायन करके लोग आ रहे हैं ।

अब हाऊसिंग बोर्ड कालोनी पठानकोट में सभी एम.आई.जी. तथा एल.आई.जी. क्वार्टर पलायन-कर्त्ताओं से भर गए हैं । प्रशासन ने पलायनकर्त्ताओं की कठिनाइयों के दृष्टिगत मैदान में ही टैंट लगवा दिए हैं । टैंटों में बिजली की व्यवस्था भी की जा रही है । चूंकि कड़ाके की गर्मी पड़ रही है, इसलिए टैंटों में रहने वाले परिवार दिन में यहां नहीं रह सकते, उनको कालोनी में ही खाली पड़े बरामदों में दिन काटना पड़ता है ।

पठानकोट के एस.डी.एम. श्री बी.आर. बंगा ने बताया कि पलायनकर्त्ता कालोनी में लोगों की सुरक्षा के लिए कांटेदार तार लगा दी जाएगी तथा बी.एस.एफ. भी तैनात कर दी गई है । उन्होंने कहा कि पलायनकर्त्ताओं को सरकार की तरफ से घोषित सुविधाएं देने के लिए फार्म भरवाए जा रहे हैं तथा 80 परिवारों को 2500 रुपया आज बांटा गया ।

व्यापार मंडल डमटाल की ओर से पलायनकर्त्ताओं को अब तक कई ट्रक राशन बांटा जा चुका है तथा सत्य साई सेवा समिति की तरफ से कपड़े बांटे गए । राष्ट्रीय सुरक्षा समिति पठानकोट

पनडुब्बी सौदे पर हंगामा

नई दिल्ली, 28 अप्रैल (वार्ता): राज्यसभा में आज उस समय सत्तारूढ़ पार्टी तथा विपक्षी सदस्यों के बीच काफी देर तक जम कर तीखी झड़पें होती रहीं, जब जनता पार्टी के श्री राम जेठमलानी पश्चिम जर्मनी के साथ पनडुब्बी सौदे पर हुई अल्पावधि चर्चा में भाग ले रहे थे ।

पीठासीन उप-सभापति एच. हनुमंतैया को उत्तेजित कांग्रेस (इ) सदस्यों को नियंत्रण में करने में काफी कठिनाई हो रही थी । कांग्रेस (इ) सदस्य श्री जेठमलानी के भाषण का विरोध कर रहे थे । हाल में कर्नाटक से निर्वाचित श्री जेठमलानी का सदन में यह पहला भाषण था ।

Property of Sohan Lal

इका नेता सहित 5 की हत्या : पकड़े गये उग्रवादी द्वारा आत्महत्या

नकोदर के पास आढ़ती से एक लाख रु. लूटने में बैंक का गनमैन बंदी, 2 घुसपैठिये मरे

ऊधोवाल में सहकारी बैंक लूटा गया, जालन्धर, अमृतसर में कई गिरफ्तार

चंडीगढ़, 28 अप्रैल (वार्ता): पंजाब में गत 24 घंटों के दौरान आतंकवादियों ने एक इका नेता सहित पांच व्यक्तियों की हत्या कर दी, जबकि दो घुसपैठिये मुठभेड़ में मारे गए। अन्य वारदातों में लगभग 1.25 लाख रुपए लूट लिए गए । जालंधर में दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया जबकि एक मुठभेड़ के बाद दो आतंकवादी बच निकलने मे सफल हो गए । एक बैंक के सुरक्षा गार्ड को आढ़ती से रुपए लूटने में गिरफ्तार किया गया। होशियारपुर में एक व्यक्ति की गोली मारने में पकड़े उग्रवादी ने विष खा कर आत्म-हत्या कर दी ।

राधास्वामी की हत्या

कपूरथला (शर्मा): यहां से 15 कि.मी. दूर थाना ढिलवां के गांव नूरपुर जट्टां में चार अज्ञात सशस्त्र आतंकवादियों ने घर में दाखिल होकर गत सायं एक सक्रिय कांग्रेसी कार्यकर्त्ता और राधास्वामी जागीर सिंह की अंधाधुंध फ़ायरिंग करके हत्या कर दी, जबकि उसके बेटे सरवन सिंह ने भाग कर जान बचाई । आतंकवादियों ने भाग रहे सरवन सिंह पर तीन फ़ायर किए मगर सौभाग्यवश उसे कोई गोली नहीं लगी । आतंकवादियों ने घर के बाहर पड़ी 60-65 गेहूं की भरियों के अलावा ट्रैक्टर-ट्राली को भी आग लगा दी ।

बताया जाता है कि खेतों में बने मकान के बाहर चार आतंकवादी चीनी असाल्ट ए.के. 47 राइफलों से सज्जित आए और सरवन सिंह से जागीर सिंह के बारे पूछा । उसने अज्ञानता प्रकट की और अपने-आपको नौकर बताया तो दो आतंकवादी उसके पास खड़े हो गए और दो मकान के अन्दर चले गए और जागीर सिंह की हत्या कर दी । जागीर सिंह की पोती उपिन्दर जीत कौर बाहर सरवन सिंह के पास खड़े दो आतंकवादियों से मिन्नतें करने लगी कि उसके चाचा को छोड़ दें । इसी दौरान सरवन सिंह भाग खड़ा हुआ । घर के अन्य सदस्य छुप गए । पता चला है कि कुछ दिन पूर्व फैडरेशन के नाम से हिन्दी में लिखा एक पत्र सरवन सिंह को मिला था, जिसमें उनके लाइसैंसी रिवाल्वर और 25 हजार रुपए नकद की मांग की गई थी । मृतक जागीर सिंह और उसके परिवार ने उसे मात्र एक शरारत समझा ।

पुलिस इस थ्यूरी पर काम कर रही है कि कहीं यह निजी शत्रुता का केस तो नहीं ।

फगवाड़ा (राकेश): आज सुबह दस बजे के करीब यहां से 14 कि.मी. दूर गांव सरहाल मुंडी के बस अड्डे पर एक व्यक्ति, जो कि डडवाल का रहने वाला था, जब एक खोखा में नाई से शेव करवा रहा था तो स्कूटर पर सवार दो नौजवान लड़के आए तथा पिस्तौल दिखाकर सब को भाग जाने के लिए कहा । जब सभी खेतों में भाग गए तो वे स्कूटर वाले से पिस्तौल की नोक पर स्कूटर छीन कर फ़रार हो गए। थाना गोराया में रिपोर्ट दर्ज करवा दी गई है ।

फगवाड़ा से राकेश के अनुसार पिछले वर्ष 29 नवम्बर को यहां के निकटवर्ती गांव माधोपुर के पास से पिस्तौल की नोक पर एक मोटर साइकल यामादा फगवाड़ा के एक व्यक्ति से छीना गया था, स्थानीय पुलिस को एक स्थान से प्राप्त हो गया है जो कि बाद में उसके मालिकों को सौंप दिया गया ।

जिला कपूरथला के डी.सी. ने एक आदेश जारी करके धारा 144 की अवधि जिला भर में 31 मई तक बढ़ा दी है जिसके अन्तर्गत मोटर साइकलों पर पीला रंग रंगना, 5 व्यक्तियों के इकट्ठे न होना, तेज व मारू हथियार लेकर न चलना, आम दुकानों का समय सायं 7 बजे व दवाइयों, खाने, फल, हलवाई व शराब के ठेके तथा सिनेमा घर सायं 9 बजे तक, 3.5 हार्स पावर से कम मोटर साइकल स्कूटर सुबह 6 बजे से सायं 7 बजे तक दोहरी सवारी व सुबह 6 बजे से सायं 9 बजे तक स्कूटर आदि चलाए जा सकते हैं ।

एक लाख रुपया छीना

नकोदर (गगन): देर से मिली एक सूचना के अनुसार कि नकोदर-जंडियाला रोड पर स्थित गांव चक-मुगलानी के समीप एक बस में सवार दो अज्ञात नवयुवकों द्वारा बस में ही बैठे एक नूरमहल के रहने वाले आढ़ती श्री राम अलोक से एक लाख रुपया छीन लेने की खबर मिली है । बताया जाता है कि यह आढ़ती उक्त रकम किसी मंडी में किसानों को बांटने के लिए लेकर जा रहा था । वह यह एक स्थानीय बैंक से लेकर इस बस में सवार हुआ था । रुपए छीने जाने के समय उसने बहुत शोर मचाया, मगर भरी बस में से किसी ने भी उसकी मदद नहीं की । आढ़ती के कहने पर बैंक के गनमैन को पुलिस ने पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया है । लूट करने वाले बहुत ही नाटकीय व दुस्साहसपूर्ण ढंग से पहले मोटर साइकल, फिर ट्रैक्टर तथा फिर स्कूटर छीन कर उस पर बैठकर फ़रार होने में सफल रहे । यह वारदात दिन-दिहाड़े हुई ।

ह.स. के अनुसार पुलिस ने बताया कि आढ़ती ने उक्त रकम पंजाब एंड सिंध बैंक नकोदर से निकलवाई थी । तथापि क्षेत्र के लोगों और बस के यात्रियों ने तीन आतंकवादियों में से दो की पहचान सब-इंस्पैक्टर महेन्द्र सिंह (जो कि उसी बैंक का गनमैन है) तथा हरजीत सिंह के रूप में की है । महेन्द्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि हरजीत सिंह अभी तक फ़रार है ।

दो घुसपैठिए मरे

गुरदासपुर (विनोद): गत रात्रि जिला गुरदासपुर की डेरा बाबा नानक सीमा पर घनिए के बेट चैक पोस्ट के पास बी.एस.एफ. के साथ मुठभेड़ में दो घुसपैठिए मारे गए । जिला के एस.एस.पी. ने बताया कि भारतीय क्षेत्र में घुस रहे 5 लोगों को जब बी.एस.एफ. के जवानों ने ललकारा तो उन्होंने गोली चला दी । जवानों की जवाबी फ़ायरिंग में दो घुसपैठिए मारे गए जबकि तीन वापस पाकिस्तान में भाग गए ।

बटाला से कोछड़ के अनुसार दोनों मृतकों के उग्रवादी होने का संदेह है ।

24 घंटे नाकाबंदी

होशियारपुर (अश्विनी): होशियारपुर के जिला पुलिस प्रमुख श्री परमजीत सिंह संधू ने बताया कि होशियारपुर नगर के संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस व अर्ध सैनिक बलों की तरफ से 24 घंटे नाकाबंदी करने की स्कीम आरम्भ कर दी गई है । उन्होंने कहा कि पुलिस व अर्ध सैनिक बलों के कर्मचारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे नाकाबंदी के समय वाहनों आदि की चैकिंग करते हुए अकारण किसी को परेशान न करें ।

खंडन

श्री संधू ने आकाशवाणी द्वारा आज प्रातः आठ बजे के समाचार बुलेटिन में प्रसारित इस समाचार का खंडन किया कि गत रात्रि चार आतंकवादियों ने एक किसान की गोलियां मारकर हत्या कर दी । श्री संधू ने कहा कि जिला होशियारपुर में गत रात्रि ऐसी कोई घटना नहीं हुई ।

दसूहा से झांवर के अनुसार दो अज्ञात व्यक्तियों ने कुलदीप सिंह से उसका चेतक बजाज स्कूटर पी.ए.ओ. 2016 छीन लिया ।

पकड़े गए उग्रवादी द्वारा आत्म-हत्या

प्रद्युम्न की सूचना के अनुसार होशियारपुर से 20 किलो मीटर दूर सैला खुर्द में आज दोपहर दो बजे के करीब दो नौजवान उग्रवादी जिनमें से एक के हाथ में पिस्तौल तथा दूसरे के हाथ में स्टेनगन थी, ड्राईक्लीनर मदन लाल की दुकान पर आए तथा पिस्तौलधारी उग्रवादी ने गोली चला दी । मदन लाल ने इस उग्रवादी को धक्का दिया तथा शोर मचा दिया । शोर मचने पर उग्रवादी भाग निकले परन्तु गश्त कर रही पुलिस ने उनमें से एक को पकड़ लिया जिस पर उसने जेब से एक पुड़िया निकाली तथा खा ली । उसे बेहोशी की हालत में गढ़शंकर अस्पताल ले जाया गया पर वहां से जब उसे पी.जी.आई. ले जाया जा रहा था तो वह रोपड़े के पास दम तोड़ गया । उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी ।

गोली मारकर घायल कर दिया

होशियारपुर से प्रद्युम्न के अनुसार आज रात्रि 8 बजे यहां से चार किलो मीटर दूर गांव पुरहीरां में सीतामढ़ी निवासी एक श्रमिक कंवरजीत को दो स्कूटर सवार उग्रवादियों ने गोली मारकर घायल कर दिया । कंवरजीत उस समय शौच निवृत्ति से लौट रहा था । गोली उसकी टांग में लगी है । घायल को सिविल अस्पताल में दाखिल करवा दिया गया है । बताया जाता है कि ये दोनों उग्रवादी होशियारपुर नगर में ही हैं ।

3 की हत्या

अमृतसर (वि.प्र.): अमृतसर जिले में कल रात तीन हत्याओं की खबर देते हुए पुलिस ने आज बताया कि मजीठा थाना के मुदाल गांव में एक व्यक्ति शंकर सिंह (उम्र 40 वर्ष) की हत्या हुई, जबकि कत्थूनंगल थाना क्षेत्र के कोटली ढोला शाह गांव में आतंकवादियों ने अवतार सिंह और गोपाल सिंह नाम के दो व्यक्तियों की गोली मार कर हत्या कर दी ।

मृतक भाई थे

पुलिस ने बाद में बताया कि कोटली ढोला शाह में मारे गए व्यक्ति सगे भाई थे । खालिस्तान कमांडो फोर्स ने उनकी हत्या की जिम्मेदारी ली है । इस सम्बन्ध में घटनास्थल पर सुखदेव सिंह झामके के हस्ताक्षरों वाला एक पत्र पाया गया ।

पाकिस्तानी गिरफ्तार

गत रात खालड़ा सैक्टर में बी.एस.एफ. ने एक पाकिस्तानी नागरिक शेर मुहम्मद को अवैध रूप से सीमा पार करते हुए गिरफ्तार किया ।

इसी बीच जिला अमृतसर में एक संदिग्ध व्यक्ति तथा उग्रवादियों को शरण देने वाले दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया । दो शरणदाताओं गुरबख्श सिंह व करतार सिंह को थाना जंडियाला के गांव गादली से गिरफ्तार किया गया जबकि अमर सिंह नामक संदिग्ध व्यक्ति को छहर्टा पुलिस ने पकड़ा । उससे एक देसी पिस्तौल बरामद हुआ ।

एक और किसान की हत्या

तरनतारन से पन्नू के अनुसार गत रात यहां से 30 किलो मीटर दूर गांव चोला साहब में दो अज्ञात व्यक्तियों ने एक किसान नत्था सिंह (40) की गोलियां मार कर हत्या कर दी । नत्था सिंह गेहूं की गहाई करने के उपरांत अपने खेतों से वापस घर जा रहा था कि रत्तोके-चोला साहब सम्पर्क सड़क पर हमलावरों ने उसे घेर कर उस पर गोलियां बरसाईं । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

पिस्तौल बरामद

फाज़िल्का (मूना): थाना सदर फाज़िल्का ने भारत-पाक सीमा पर स्थित गांव दोनानका के निवासी ठक्कर सिंह के लड़के बूरी को गिरफ्तार करके उससे 12 बोर का बिना लाइसैंस पिस्तौल बरामद किया ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

जिला फिरोजपुर के थाना घल्ल खुर्द के गांव लले में गत रात आतंकवादियों ने (1) बलबीर सिंह और उसकी पत्नी (2) गुरमेज कौर की हत्या कर दी (3) शोकग्रस्त परिवार के सदस्य एवं निकट सम्बन्धी (छाया : पायलट) (4) कपूरथला के गांव नूरपुर जट्टां में मारे गए कांग्रेसी कार्यकर्त्ता जागीर सिंह का शव । (छाया : शर्मा)

सभी क्वार्टर भर जाने के कारण सरकार ने पलायनकर्त्ताओं के लिए टैंट लगवा दिए

पठानकोट, 28 अप्रैल (गुप्ता): पठानकोट की हाऊसिंग बोर्ड कालोनी, जहां अमृतसर तथा गुरदासपुर के देहातों से पलायन करके आए 300 परिवार रह रहे हैं, में अभी तक पलायन करके लोग आ रहे हैं ।

अब हाऊसिंग बोर्ड कालोनी पठानकोट में सभी एम.आई.जी. तथा एल.आई.जी. क्वार्टर पलायन-कर्त्ताओं से भर गए हैं । प्रशासन ने पलायनकर्त्ताओं की कठिनाइयों के दृष्टिगत मैदान में ही टैंट लगवा दिए हैं । टैंटों में बिजली की व्यवस्था भी की जा रही है । चूंकि कड़ाके की गर्मी पड़ रही है, इसलिए टैंटों में रहने वाले परिवार दिन में यहां नहीं रह सकते, उनको कालोनी में ही खाली पड़े बरामदों में दिन काटना पड़ता है ।

पठानकोट के एस.डी.एम. श्री बी.आर. बंगा ने बताया कि पलायनकर्त्ता कालोनी में लोगों की सुरक्षा के लिए कांटेदार तार लगा दी जाएगी तथा बी.एस.एफ. भी तैनात कर दी गई है । उन्होंने कहा कि पलायनकर्त्ताओं को सरकार की तरफ से घोषित सुविधाएं देने के लिए फार्म भरवाए जा रहे हैं तथा 80 परिवारों को 2500 रुपया आज बांटा गया ।

व्यापार मंडल डमटाल की ओर से पलायनकर्त्ताओं को अब तक कई ट्रक राशन बांटा जा चुका है तथा सत्य साई सेवा समिति की तरफ से कपड़े बांटे गए । राष्ट्रीय सुरक्षा समिति पठानकोट

पनडुब्बी सौदे पर हंगामा

नई दिल्ली, 28 अप्रैल (वार्ता): राज्यसभा में आज उस समय सत्तारूढ़ पार्टी तथा विपक्षी सदस्यों के बीच काफी देर तक जम कर तीखी झड़पें होती रहीं, जब जनता पार्टी के श्री राम जेठमलानी पश्चिम जर्मनी के साथ पनडुब्बी सौदे पर हुई अल्पावधि चर्चा में भाग ले रहे थे ।

पीठासीन उप-सभापति एच. हनुमंतैया को उत्तेजित कांग्रेस (इ) सदस्यों को नियंत्रण में करने में काफी कठिनाई हो रही थी । कांग्रेस (इ) सदस्य श्री जेठमलानी के भाषण का विरोध कर रहे थे । हाल में कर्नाटक से निर्वाचित श्री जेठमलानी का सदन में यह पहला भाषण था ।

Punjab Archive

उग्रवादियों द्वारा बस पर फायरिंग, 5 घायल

चंडीगढ़, 28 अप्रैल (ह.स.): आज रात्रि पंजाब के पटियाला जिले के डेरा बस्सी के पास उग्रवादियों ने दिल्ली से आ रही हिमाचल रोड ट्रांसपोर्ट कार्पोरेशन की बस पर फायरिंग की, जिससे कम से कम पांच लोग घायल हो गए, जिन्हें पी.जी.आई. में भरती कराया गया है ।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मारूति कार में सवार उग्रवादियों ने बस को रोकने का प्रयास किया परन्तु ड्राइवर ने खतरा भांप कर बस नहीं रोकी । इस पर उग्रवादियों ने कार से ही फायरिंग की और गोलियां बस की दीवार चीर कर यात्रियों को लगीं ।

उल्लेखनीय है कि इस घटनास्थल से 20 किलोमीटर दूर लालडू के पास भी गत वर्ष जुलाई में तीन उग्रवादियों ने 38 बस यात्रियों की हत्या कर दी थी ।

इस बस में दो सिक्योरिटी गार्ड भी दिल्ली से चंडीगढ़ होते हुए शिमला जा रहे थे ।

घायलों में से चार कल शुक्रवार से शिमला में होने वाली इंटप की कान्फ्रेंस में भाग लेने जा रहे थे । इनके नाम हैं : अभिमन्यु तिवारी, एम.सी. झा, मदन सोनार, ये सभी राजरप्पा प्रोजैक्ट हजारी बाग, बिहार के हैं और लखविंदर शाह आई.एफ.एफ.सी. ओ.एन. ऋषि रोड से सम्बद्ध है ।

प्राप्त सूचना के अनुसार मदन सोनार की हालत काफी गंभीर है ।

संघी के अनुसार डेरा बस्सी के पास बंकरपुर ग्राम के पास जब बस पहुंची तो अचानक गोलियां चलनी शुरू हो गईं । अभिमन्यु के अनुसार जब बस पर एकदम ही फायरिंग हुई तो चालक ने बस तेजी से भगाई व बस में बैठे सिक्योरिटी गार्डों ने भी फायरिंग की । डेढ़ किलोमीटर तक दोनों तरफ से गोलियां चलीं । अंधेरे के कारण उग्रवादियों की संख्या ज्ञात नहीं हो सकी । बस में 40 सवारियां थीं । एक घायल का नाम हरजीत सिंह है ।

Punjab Archive

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

स्कूटर छोड़कर फ़रार

जालन्धर (ह.स.): गत रात जालन्धर जिले में सुच्ची पिंड के निकट एक संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद दो संदिग्ध आतंकवादी भाग निकलने में सफल हो गए । पुलिस सूत्रों ने बताया कि थाना आदमपुर की एक गश्ती पार्टी ने दो स्कूटर सवारों को गांव के बाहर रुकने का संकेत किया । उन्होंने रुकने की बजाए पुलिस पर फ़ायरिंग शुरू कर दी । पुलिस ने भी आत्म रक्षा में जवाबी फ़ायरिंग की । फ़ायरिंग से दोनों पक्षों में कोई घायल नहीं हुआ । आतंकवादी अंधेरे का लाभ उठाते हुए अपना स्कूटर छोड़कर भाग निकले । पुलिस ने स्कूटर कब्ज़े में ले लिया । भागे हुए आतंकवादियों की खोज के लिए ज़बरदस्त प्रत्यन किए जा रहे हैं । फ़ायरिंग होने से क्षेत्र में आतंक व्याप्त हो गया ।

दो गिरफ्तार

वार्ता के अनुसार कल रात जालन्धर के संतोखपुरा चौक में एक पुलिस पार्टी ने आधी रात के करीब दो आतंकवादियों को गिरफ्तार करके उनसे एक पिस्तौल व तीन कारतूस बरामद किए । पुलिस सूत्रों ने इनके नाम कुलदीप सिंह (जो कि मिस्त्री है) तथा संतोख सिंह (जो कि तरखान है) बताए हैं । दोनों जालन्धर के निवासी बताए जाते हैं ।

सहकारी बैंक लूटा

लुधियाना (ह.स.): संदिग्ध आतंकवादियों ने गांव ऊधेवाल में एक सहकारी बैंक से 24,450 रुपए लूट लिए ।

रुपए बैंक के खज़ांची प्रेमनाथ से पिस्तौल की नोक पर छीने गए । आतंकवादी बिना नम्बर प्लेट के स्कूटर पर आए थे ।

लुधियाना से महिन्द्रा के अनुसार अखिल भारतीय छात्र संघ के एक प्रैस नोट में यह रहस्योद्घाटन किया गया है कि लुधियाना पुलिस ने कल प्रातः अस्पताल माडल टाऊन में छापा मार कर संत जरनैल सिंह भिंडरांवाला का भूतपूर्व गनमैन भाई हरी सिंह बापू और संघ का भूतपूर्व कोषाध्यक्ष भाई जगरूप सिंह तथा कमांडो फोर्स के दो प्रमुख सदस्य भाई जगरूप सिंह रूपी तथा भाई मेजर सिंह को गिरफ्तार किया है । उन्होंने पुलिस को चेतावनी दी है कि यदि उक्त लोगों पर हिंसा की गई तो परिणाम भयानक होंगे ।

यह प्रैस नोट संघ के संयोजक भाई गुरजीत सिंह और एडहाक समिति के सदस्य भाई गुरजीत सिंह काका और भाई कुलवन्त सिंह खुखराना की तरफ से जारी किया गया है ।

उग्रवादियों की धमकि से 40 हिन्दू परिवा

कपूरथला, 28 अप्रैल (ह.स.): उग्रवादियों की धमकियों के कारण यहां से लगभग आठ किलो मीटर दूर स्थित गांव ब्राह्मणीवाल से लगभग 40 हिन्दू परिवार कपूरथला और राज्य के अन्य स्थानों पर पलायन करके चले गए हैं । इनमें से 12 परिवारों ने स्थानीय सनातन धर्म सभा में और पांच अन्य ने [illegible]

बटाला में बम विस्फोटों में 8 मरे, 100 घायल : पंजाब में अन्यत्र 24 हत्यायें

5 बम फैंके गये, बम फैंकने वाले 3 उग्रवादी भी मरे, विस्फोटों से 5 मरे, भीड़ द्वारा व्यापक हिंसा, एक को जिंदा जला दिया, दूसरे को पीट कर मार डाला, अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लागू

चंडीगढ़, 29 अप्रैल (वार्ता, ह.स.): आज सायं उग्रवादियों ने बटाला के चक्करी बाजार में 5 बम फैंक कर कम से कम 5 लोगों की हत्या कर दी व 100 को घायल कर दिया । बम फैंकने वाले दो उग्रवादी भी मारे गए जबकि एक अन्य सूचना के अनुसार इस घटना से उत्तेजित भीड़ ने एक व्यक्ति को जिंदा जला दिया व दूसरे को पीट-पीट कर मार डाला । शहर में कई जगह आगजनी, पथराव की वारदातों के बाद प्रशासन ने बटाला में अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लागू कर दिया । इसके अलावा पंजाब में अन्यत्र 24 लोगों की उग्रवादियों ने हत्या कर दी ।

एक सूचना के अनुसार अमृतसर जिले में 17, होशियारपुर जिले में 1, भटिंडा जिले में 2, बाघापुराना में 1, बंगा में एक,बटाला के पास के एक ग्राम में 2 लोगों की हत्याएं की गईं जबकि बटाला शहर में बम फटने से व हिंसा में 8 लोग मारे गए जिनमें 3 उग्रवादी भी शामिल हैं ।

आज गुरदासपुर जिले में बंद

गुरदासपुर से विनोद के अनुसार हिन्दू शिव सेना बोर्ड के उपप्रधान विजय गिल व जिला प्रधान जय देव ने शनिवार को गुरदासपुर बंद का आह्वान किया है और प्रधानमंत्री से मांग की है कि अमृतसर व गुरदासपुर जिलों को तत्काल सेना के हवाले किया जाए ।

कोछड़ के अनुसार बटाला के मुख्य चकरी बाजार क्षेत्र में आज सायं लगभग साढ़े पांच बजे हुए पंच विस्फोटों में सात लोगों की मृत्यु हो गई व लगभग 100 घायल हो गए ।

बाद में प्राप्त सूचनानुसार चकरी बाजार के पांच सौ मीटर क्षेत्र में पांच स्थानों पर बम धमाके हुए । मृतकों में महिंदर महाजन, एक 19 वर्षीय लड़का रोटी, हरबंस लाल भाटिया शामिल हैं । एक मृतक व्यक्ति सिख है । उसकी अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी । दो उग्रवादी भी बम फैंकते समय मारे गए । इसतरह बम विस्फोटों में कुल छः लोग मारे गए ।

बम धमाकों के कारण शहर के नेहरू गेट, सब्जी मंडी क्षेत्रों में भारी तनाव पैदा हो गया है । दोनों समुदायों के लोग एक-दूसरे के विरुद्ध नारे लगा रहे थे । इस अवसर पर सब्जी मंडी में शरारती लोगों ने पांच दुकानों को आग लगा दी । एक फ़ायर भी हुआ । पुलिस और सुरक्षा बलों के जवानों ने गुब्बारा सत करतारिया की तलाशी भी ली ।

कर्फ्यू लागू

तनाव की स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने शहर में अनिश्चितकाल के लिए कर्फ्यू लगा दिया है । ए.डी.एम. श्री कुलवंत सिंह की ओर से सिविल अस्पताल का दौरा किया गया, जहां बम धमाकों के घायलों को भर्ती कराया गया है ।

एक को जिन्दा जला दिया

इन विस्फोटों के बाद बाजार में अनेक स्थानों पर लोग एकत्रित हो गए । इसके बाद ये लोग हिंसा करने लगे । यहां मिली खबरों के अनुसार उग्र भीड़ ने एक व्यक्ति को जिंदा ही जला दिया जबकि एक अन्य को पीट-पीट कर मार डाला । उग्र भीड़ ने पथराव किया । कारों में आग लगाने का समाचार भी मिला है ।

उग्रवादी तीन थे

कोछड़ के अनुसार मृतकों में तीन उग्रवादी शामिल हैं । इनमें से एक ने बम फैंकने के उपरांत भीड़ से बचने का रास्ता न मिलने पर कोई विषाक्त पदार्थ खा लिया । दूसरा उग्रवादी बम फटने से ही मारा गया, तीसरे उग्रवादी को भीड़ ने पीट-पीट कर मार डाला और फिर जला दिया । बी.एस.एफ. के डी.आई.जी. जालन्धर रेंज के डी.आई.जी. ए.एस. मिट्ठीकी, गुरदासपुर के उपायुक्त डी.एस. कल्हा आदि ने घटनास्थल का दौरा किया । पुलिस सूत्रों के अनुसार उग्रवादी साइकिलों के कैरियरों पर बम रख कर लाए थे और उन रास्तों से नहीं गुज़रें जिन पर बी.एस.एफ. के नाके थे । घायलों में से 2 राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के नरेश महाजन व उनके भाई सुरेश महाजन को अमृतसर अस्पताल भेजा गया । अन्य कई घायल प्राथमिक उपचार के बाद छोड़ दिए गए । कई अन्य घायल अमृतसर भेज दिए गए । स्थानीय सिविल अस्पताल में बलबीर कौर, उसका बेटा रिंकल, इलाहाबाद का बबलू, रूपोवाली से पलायन करके आई उर्मिला देवी व उसका बेटा संजीव, गुलशन हलवाई, मंगत राय, राजन मल्होत्रा की हालत गम्भीर बताई जाती है ।

बिजली बंद

जिस समय घायलों को सिविल अस्पताल में ले जाया गया, उस समय अस्पताल की लाइटें बंद हो गईं । लोगों ने आरोप लगाया है कि बिजली कई शरारती तत्वों की ओर से बन्द की गई है । अस्पताल में उस समय कोई डाक्टर नहीं था । निजी प्राईवेट डाक्टरों को घायलों को देखने लाए । अस्पताल के डाक्टर 15-20 मिनट बाद पहुंचे ।

35 गम्भीर

बम्ब धमाकों में घायल 100 लोगों में 35 की हालत गम्भीर है ।

गम्भीर रूप से घायल व्यक्तियों को अमृतसर भेज दिया गया है । 30-35 घायल प्राइवेट डाक्टरों से उपचार करा कर घरों को चले गए । 15 घायलों को सिविल अस्पताल में प्राथमिक चिकित्सा के बाद छुट्टी दे दी गई । अस्पताल में भर्ती 29 घायलों में दो महिलाएं भी शामिल हैं ।



बटाला थाना सदर के गांव बल्ल में आतंकवादियों ने दो भाइयों (1) सुखवंत सिंह और (2) गुरिन्दर सिंह की हत्या कर दी, (3) हत्या के बाद घर को आग लगा दी । जला हुआ सामान, (4) मृतकों के परिवार की महिलाएं विलाप करती हुई, (5-6) गत दिवस पाकिस्तान की ओर से भारत में प्रवेश करते दो घुसपैठिए डेरा बाबा नानक सैक्टर में सीमा सुरक्षा बल की चौकी धनिए के बेट में बी.एस.एफ. से मुठभेड़ में मारे गए । (छाया : कोछड़)

अमृतसर जिले में विभिन्न स्थानों पर 17 लोगों की नृशंस हत्या, भटिंडा जिले में थानेदार के पिता की, बंगा में छात्र, बाघापुराना में ग्रंथी, बटाला के पास दो भाइयों की हत्यायें

कुछ घायलों के नाम इस प्रकार हैं : श्रीमती विनोद अग्रवाल उनके दो छोटे बच्चे, भोला (35), रमेश (30), शिव कुमार (82), विट्ठ महाजन (26), नरेश (25), सुभाष चंद (19), राजन मल्होत्रा (24), सुरेंद्र सिंह (30), श्रीमती सरिता (32), सरंद कुमार शर्मा (38), मदन लाल (40), फला गनी, वीरेंद (15), वीरेंद्र महाजन (39) तथा बबलू (16) शामिल हैं । बबलू दो-तीन दिन पूर्व यहां अपने मामा के घर आया हुआ था । उसके मामा के लड़के की बम विस्फोट में मौत हो गई । ये दोनों घर से सब्जी लेने गए थे । सब्जी खरीदने के बाद वे चक्करी बाजार में घूमने चले गए थे । कुछ अन्य घायलों में देवेंद्र कुमार (35), सज्जन चंद (40), उसका लड़का गौशन लाल (20), बलदेव राज (50), नागयण दास (50), गुलशन कुमार, रमेश कुमार, सतीश कुमार तथा सुरेंद्र कुमार शामिल हैं । इस बम कांड में मारे गए तथा घायल हुए प्रायः सभी व्यक्ति चक्करी बाजार में काम करते हैं ।

कुछ अन्य घायलों के नाम हैं–बलदेव राज महाजन, नारायण दास, ज्ञान चंद, विकास कुमार, पवन कुमार, दौलत राम, मुकेश कुमार, त्रिलोकी नाथ, देवेंद्र सिंह, बलबीर कौर, काका, देव दत्त ।

यह विस्फोट 5.30 बजे हुए परन्तु 7.15 तक कोई डाक्टर अस्पताल नहीं आया ।

एक धर्मस्थल में भी भीड़ पर गोलियां चलाई गईं ।

भीड़ ने नेहरू गेट के पास एक और व्यक्ति को गंभीर रूप में घायल कर दिया व उसका स्कूटर जला दिया । सिविल अस्पताल के पास तैनात चार पुलिस वालों पर भी भीड़ ने हमला किया पर वे भाग कर बच गए ।

चक्करी बाजार में 5.25 बजे से 5.31 बजे तक पांच जगह बम फटे । ये बम 200 से 250 मीटर के दायरे में फैंके गए । पहला बम जगन्नाथ जनरल मर्चेंट की दुकान पर, दूसरा बम गलाटी पैन हाऊस पर, तीसरा बम सान कटपीस हाऊस, चौथा बम डीलक्स कोच पर फैंका गया । एक बम काली मंदिर के पास फटा ।

इसी बीच सर्कुलर रोड मोहल्ले में उग्रवादियों ने फायरिंग करके एक व्यक्ति को घायल कर दिया ।

अमृतसर (ह.स., वि.प्र.): आतंकवादियों ने जिला अमृतसर में कल रात गमपरा गांव में पांच व्यक्तियों, भैणी मट्ठ गांव में चार, महमूदपुरा गांव में दो और पंडोरी रन सिंह, कोटली मलियान तथा

(शेष पृष्ठ 6 पर)

अमृतसर के छहर्टा के निकटस्थ गांव रामपुर में उग्रवादियों द्वारा 5 लोगों की हत्या कर दी गई (चित्रों में) (1) निरंजन दास, (2) उसकी बेटी रीटा, (3) सुखदेव, (4) सुरेन्द्र और (5) रंजीत के शव, (इन्सैट पुराने चित्र) (6 से 9) परिवारों के सदस्य विलाप करते हुए । (10) उग्रवादी कमरे का दरवाजा तोड़ कर अंदर दाखिल हुए, (11) गोलियों के निशान दिखाता हुआ निरंजन दास का रिश्तेदार, (12) मकान की छत जहां पर

दिल्ली में एक और दुर्दांत आतंकवादी गिरफ्तार

नई दिल्ली, 29 अप्रैल : दिल्ली पुलिस ने जरनैल सिंह भिंडरांवाले के अनुयायी तथा भारत में आतंकवादी गतिविधियों की योजना बनाने वाले शातिर आतंकवादी रूपिंदर सिंह उर्फ अणसी को गिरफ्तार किया है । रूपिंदर सिंह हाल ही में कनाडा से आने के बाद राजधानी में घुस आया था । पुलिस सूत्रों ने आज यहां यह जानकारी दी । रूपिंदर सिंह कनाडा में स्थित इंटरनैशनल सिख यूथ फैडरेशन का सक्रिय सदस्य है । राजधानी में पुलिस की जबरदस्त सुरक्षा व्यवस्था को झांसा देकर रूपिंदर हवाई अड्डे से बच निकला था । सूत्रों ने बताया कि उसे उत्तरी दिल्ली के अशोक विहार क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है ।

दिल्ली पुलिस चालू माह में अब तक कुल मिलाकर पांच खतरनाक आतंकवादियों को गिरफ्तार कर चुकी है । इनमें दो आतंकवादियों को वैशाखी की पूर्व-संध्या पर 12 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया था । इससे पूर्व भी एक अन्य आतंकवादी को पहाड़गंज क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया था ।

सूत्रों ने बताया कि गिरफ्तार आतंकवादी ने बताया कि वह किसी योजना के सिलसिले में यहां आया था । उसने यह भी बताया कि वह दिल्ली और पंजाब में आतंकवादी गतिविधियों के लिए धन मुहैया कराने के लिए काम करता था ।

सूत्रों के अनुसार भिंडरांवाले के समय में अणसी अखिल भारतीय सिख छात्र महासंघ का भी सक्रिय सदस्य था । इस संगठन के अध्यक्ष अमरीक सिंह तथा महासचिव हरमिंदर सिंह संधु थे । सूत्रों के अनुसार अणसी ने बताया कि वह नियमित रूप से स्वर्ण मंदिर जाया करता था । रूपिंदर सिंह उर्फ अणसी 1983 में कनाडा चला गया था और वहीं से वह आतंकवादी गतिविधियों की योजनाएं बनाता था ।

Punjab Archive

बटाला में बम

(पृष्ठ 3 का शेष)

अब्दल गावों में एक-एक व्यक्ति की हत्या कर दी ।

ये गांव छहर्टा, झब्बाल तथा कत्थूनगल थानों के तहत आते हैं ।

पांच की हत्या

पुलिस के अनुसार अमृतसर के पास रामपुरा गांव में आधी रात के करीब चार-पांच आतंकवादी आए, जो चीनी ए.के. 47 असाल्ट राइफल जैसे अत्याधुनिक हथियारों से लैस थे । उन्होंने अंधाधुंध गोली चलाई, जिसमें पांच व्यक्ति मारे गए ।

आतंकवादियों ने घर-घर जाकर गोलियां चलाईं, जिसमें नारायण दास (उम्र 50 वर्ष), उनकी बेटी रीटा (उम्र 15 वर्ष), एक युवक सविंदर राम (उम्र 20 वर्ष), उसका छोटा भाई बाबू राम (उम्र 17 वर्ष) तथा एक अन्य युवक रंजीत सिंह (उम्र 18 वर्ष) मारे गए । इनमें चार की घटनास्थल पर ही, जबकि रीटा की अस्पताल जाकर मृत्यु हो गई ।

एक अन्य हत्या

'नारंग' के अनुसार उग्रवादी दरवाजा तोड़ कर अन्दर गए और दाखिल होते ही श्री तुलसी राम, उनके दो जवान बेटों श्री सुरेंद्र कुमार (बीस साल) एवं श्री सुखदेव राज (सोलह वर्ष) को गोलियों से भून कर उनकी आवाज़ हमेशा-हमेशा के लिए बंद कर दी । फिर आतंकवादी साथ वाले मकान, जोकि श्री निरंजन दास का था, के अन्दर ज़बरदस्ती घुसे और वहां पर सोए हुए श्री निरंजन दास, जोकि 'खराद' का काम करके अपने परिवार का पेट पालते थे, के सीने में गोलियां मार दीं । श्री निरंजन दास की 15 साल की लड़की रीटा को गोलियों से भून डाला । थोड़ी दूर ही चारपाई पर सोए एक सिख मज़हबी युवक 'लड्डू' (बीस साल) की हत्या कर दी ।

मृतकों के परिजनों के अनुसार हमलावरों की संख्या दस से बारह थी और वे अपने चेहरे को कपड़ों से ढके हुए थे । उन्होंने गांव के बाहरी हिस्से में स्थित दो मकानों को अपना निशाना बनाया ।

सबसे पहले आतंकवादी दीवार फांद कर श्री निरंजन दास के आंगन में घुसे और दरवाजा खटखटाया । कोई उत्तर नहीं मिलने पर उन्होंने दरवाजा तोड़ दिया और श्री दास की पत्नी संतोष रानी को बाहर घसीट लिया । उन्होंने उससे उसके चार पुत्रों और अन्य हिन्दू परिवारों का पता ठिकाना पूछा ।

आतंकित संतोष रानी ने बाद में सम्वाददाताओं को बताया कि उसकी दया की भीख का हत्यारों पर कोई असर नहीं हुआ और उन्होंने श्री निरंजन दास और पत्नी पर गोलियां चलाना शुरू कर दिया । निरंजन दास ने आतंकवादियों से जूझने की कोशिश की थी ।

उनके चार बेटे गांवों में आतंकवादी वारदातों के डर से पहले ही पास के छहर्टा औद्योगिक कस्बे में रहने चले गए थे । वरना इस घर का शायद कोई मर्द जीवित नहीं बचता ।

निरंजन दास की हत्या के बाद आतंकवादियों का गिरोह तुलसी राम के मकान पर पहुंचा और घर की तलाशी ली लेकिन तुलसी राम घर पर नहीं थे । फिर आतंकवादियों ने घर की छत पर सो रहे लोगों को उठाया और उनमें से एक केशधारी सिख इंदरजीत सिंह को छोड़ कर उसके मोने भाई रंजीत सिंह तथा सुखदेव राज और उसके भाई सुरिन्दर पाल की गोली मार कर हत्या कर दी ।

इंदरजीत सिंह ने आतंकवादियों को बहुत समझाया कि रंजीत सिंह उसका सगा भाई है लेकिन उन्होंने एक नहीं सुनी और बाकी तीनों की निर्मम हत्या कर दी । हत्यारे बाद में एक ट्रैक्टर पर फरार हो गए । रंजीत सिंह के रोते-बिलखते चाचा ने बताया कि उसका भतीजा स्थानीय कालेज का उभरता हुआ मुक्केबाज था । रंजीत ने पिछले साल दिसम्बर में संगरूर में हुए मुक्केबाजी के राज्य स्तरीय मुकाबले में दूसरा स्थान जीता था

दोनों मामलों में हत्या के लिए आतंकवादियों ने ए.के. 47 राइफलों तथा नौ मि.मि. स्टेनगनों का इस्तेमाल किया था, पुलिस ने घटनास्थलों से इन हथियारों से चले करीब 55 खाली कारतूस बरामद किए ।

ADMISSION NOTICE

(FOR GOVT. RECOGNISED)

NURSERY TEACHERS TRAINING COURSES :

(For Girls Only)

(1) Two years course for matriculates.

(2) One year course for graduates.

Prospectus alongwith the admission form can be had from the office on counter Rs. 10/- only, by Post Rs. 20/- only through M.O./DD.

LAST DATE FOR THE RECEIPT OF THE FORMS IS 30TH MAY, 1988.

Office hours 9 A.M. to 5 P.M.

SAI NIKETAN INSTITUTE OF TRAININGS,

164, Sector 36-A, CHANDIGARH.

क्लासीफाइड विज्ञापन

गांव वालों ने बताया कि घटनास्थल से मुश्किल से 50 मीटर दूर तैनात ग्रामीण सुरक्षा दस्ते ने आतंकवादियों का मुकाबला किए बगैर उन्हें भाग जाने दिया । आतंकवादियों ने हवा में गोलियां दागते हुए (खालिस्तान) समर्थक नारे भी लगाए थे ।

दूसरी तरफ दस्ते के दो सिपाहियों और तीन गांव वालों के मुताबिक पास के खेतों में ट्रैक्टर के शोर में गोलियों की आवाज उन्हें सुनाई ही नहीं दी ।

छहर्टा थाने के पुलिस अधिकारी के अनुसार दस्ते के दो सदस्य घटना के समय गांव से गायब थे और उन्हें हादसे की सूचना भी बाकी-टाकी में घटना के दो घंटे बाद मिली । हादसा कल रात करीब साढ़े दस बजे हुआ ।

गांव वाले इस बात पर गुस्से में थे कि हथियारबंद दस्ते की मौजूदगी के बावजूद आतंकवादी आधे घंटे तक गांव में कहर बरसा कर भाग निकले ।

एक की हत्या

पुलिस ने कत्थूनंगल थानांतर्गत कोटली मलियां गांव के एक युवक (18 वर्षीय) राजपाल सिंह की आतंकवादियों द्वारा घर में गोली मार कर हत्या किए जाने की खबर दी है । राजपाल सिंह की मां गोली लगने से ज़ख्मी हुई है ।

दो की हत्या

आतंकवादियों के एक अन्य गिरोह ने महमदपुर गांव में दो युवकों की कल रात हत्या कर दी । पुलिस का कहना है कि आतंकवादियों ने 27 वर्षीय मंशी राम और 18 वर्षीय गुरदयाल सिंह को घर से खींच कर बाहर रस्सियों से बांध दिया और फिर उनके सिरों में गोलियां मार दीं, जिससे दोनों तत्काल मर गए ।

छुरा घोंपा

अब्दल गांव में जिस व्यक्ति की छुरा घोंप कर हत्या की गई उसका नाम चमन लाल है । उसे दो व्यक्तियों ने चाकू मारे ।

चार की हत्या

अमृतसर जिले के भैणी मट्टू गांव में पांच आतंकवादियों ने एक वृद्ध किसान कंदन सिंह, उसके दो संबंधियों 22 वर्षीय हरजिंदर सिंह और 40 वर्षीय बलदेव राज तथा 12 वर्ष के एक चालक पप्पू की गोली मार कर हत्या कर दी ।

किसान की हत्या

सरहाली पुलिस स्टेशन के गांव रत्तोके में उग्रवादियों ने एक किसान की हत्या कर दी ।

एक की हत्या

एक ही परिवार के चार सदस्यों की गोली मार कर हत्या करने के बाद भागते आतंकवादियों ने इसी थाना क्षेत्र के पंडोरी रन सिंह गांव में एक किसान जोगिंद सिंह की भी गोली मार कर हत्या कर दी ।

शव मिला

वल्टोहा थाना क्षेत्र के एक ग्राम के पास एक व्यक्ति का गोलियों से बिंधा शव मिला है ।

जिम्मेदारी ली

अमृतसर जिला के झब्बाल थाना क्षेत्र में पांच लोगों की हत्या की जिम्मेदारी 'खालिस्तान कमांडो फोर्स' तथा शेष हत्याओं की जिम्मेदारी 'भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स' ने ली है ।

चार गिरफ्तार

जालंधर (ह.स.): पुलिस ने लटपुर की

लुधियाना (आहूजा): गत रात जमालपुर कालोनी से दो संदिग्ध व्यक्तियों ने दर्शन कुमार नामक एक युवक से पिस्तौल की नोक पर उसका स्कूटर पी.सी.एन. 6234 छीन लिया ।

एक अन्य घटना में ताजपुर रोड पर से दो संदिग्ध लड़कों ने कमलजीत नाम के एक युवक से उसका बजाज चेतक स्कूटर पी.सी.एल. 3264, पिस्तौल दिखा कर छीन लिया ।

उग्रवादी द्वारा आत्महत्या

होशियारपुर (ह.स.): पुलिस सूत्रों के अनुसार होशियारपुर जिले के सैला खुर्द गांव में कल सायं एक डाईक्लीनर पर प्राण लेवा हमले की कोशिश कर भाग रहे एक आतंकवादी को लोगों ने पकड़ कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया ।

खबर है कि इस आतंकवादी ने पुलिस हिरासत में ज़हर खा लिया । उसे चंडीगढ़ के पी.जी.आई. में कल रात को ले जाया गया लेकिन वह रास्ते में ही दम तोड़ गया । उसकी शिनाख्त नहीं हुई है ।

पुलिस के अनुसार उक्त आतंकवादी के एक साथी को बाद में गिरफ्तार कर लिया गया ।

मज़दूर की हत्या

होशियारपुर सदर पुलिस स्टेशन के क्षेत्र में उग्रवादियों ने बिहारी मज़दूर की हत्या कर दी ।

ए.एस.आई. के पिता की हत्या

भटिंडा (गोबर): गत रात चार-पांच उग्रवादियों ने ए.एस.आई. नगौर सिंह के 65 वर्षीय पिता प्रीतम सिंह का गांव चक्क हीरा सिंह वाला से जीप पी.एन.डी. 7795 में अपहरण कर लिया । सी.आर.पी.एफ. की नाका पार्टी ने पक्काकलां के निकट उग्रवादियों को चुनौती दी । दोनों ओर से चली गोली में प्रीतम सिंह की मृत्यु हो गई । उग्रवादी अंधेरे का लाभ उठाते हुए जीप वहीं छोड़कर फ़रार हो गए । गत वर्ष भी उग्रवादियों ने उक्त ए.एस.आई. की बच्ची की हत्या कर दी थी ।

परिवार और पुलिस सूत्रों के अनुसार उग्रवादी श्री प्रीतम सिंह को यह कह कर साथ ले गए कि उनका लड़का एक दुर्घटना में घायल हो गया है और वह सिविल अस्पताल में है । श्री प्रीतम सिंह जो खेतों में काम कर रहे थे, उनके साथ चले गए । रास्ते में उग्रवादियों ने उनकी हत्या कर दी ।

पुलिस ने इस हत्याकांड में प्रयुक्त जीत सी. आर. पी. ने एक मठभेड़ के बाद पकड़ ली और फिर रामपुराफूल निवासी जीप मालिक को पकड़ लिया ।

तेज़धार से हत्या

'वार्ता' के अनुसार भटिंडा जिला में आतंकवादियों ने कल रात एक व्यक्ति रंगड़ सिंह को तेज़धार वाले किसी हथियार से मार डाला ।

ग्रंथी की हत्या

बाघापुराना से ज्ञान मित्तल के अनुसार गत रात यहां से 14 किलो मीटर दूर गांव माला कला में कुछ आतंकवादियों ने गांव के गुरुद्वारे के ग्रंथी हरबंस सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । जिला पुलिस प्रमुख श्री गोबिन्द राम के अनुसार हमलावर पैदल ही गुरुद्वारे में आए । घटना के बाद पैदल ही फरार हो गए । इस हमले में ग्रंथी के साथ सो रहे चार व्यक्ति बाल-बाल बच गए । इन चारों में से दो उसी गांव के वासी थे जबकि शेष दो रोडवेज के चालक व परिचालक थे जो रात को वहीं सोते थे ।

फगवाड़ा से कौड़ा के अनुसार जालन्धर रेंज के डी.आई.जी. (आप्रेशन) श्री सी.पाल सिंह ने आज सायं फगवाड़ा में पुलिस व केंद्रीय आरक्षण बल के अधिकारियों से लम्बी मीटिंग की ।

समझा जाता है कि बैठक में पंजाब में बढ़ रही हिंसा, उग्रवादियों की तरफ से बढ़ रही मारधाड़, कत्लेआम व आज बटाला में विस्फोट की घटनाएं सहित अनेक उग्रवादी घटनाओं के दृष्टिगत सुरक्षा बलों द्वारा अपनाई जा रही नीति के बारे विचार-विमर्श किया गया । एक अन्य सूचना अनुसार कुछ उपद्रवियों ने निकटवर्ती गांव रावलपिंडी में एक शराब के ठेके को आग लगा दी ।

33701 रुपए छीने

चंडीगढ़ (संघी): आज दोपहर मोहाली के फेस पांच में स्थित पी.डब्ल्यू.डी. जन-स्वास्थ्य के मंडल कार्यालय से वेतन की राशि ले जा रही एक क्लर्क मंजीत कौर से स्कूटर सवार दो अज्ञात युवकों ने 33701 रुपए छीन लिए ।

घायल कर दिया

गुरदासपुर (विनोद): गत रात गुरदासपुर सदर के गांव पिण्डोरी भैंसा के सरपंच भोली राम तथा एक अन्य व्यक्ति सतवंत सिंह को कुछ व्यक्ति ट्रैक्टर पर अगवा कर ले गए और ज़ख्मी कर दिया ।

जिला पुलिस प्रमुख श्री पी.एम. दास ने बताया कि बीती रात छः व्यक्ति एक टैक्टर पर गांव पिण्डोरी भैंसा आए और सरपंच भोली राम तथा सतवंत सिंह को ज़बरदस्ती ट्रैक्टर में डाल कर दीनानगर थाने के गांव कोतोवाल ले गए और वहां दोनों को तेज़ हथियारों से ज़ख्मी करके भाग गए । पुलिस ने इस सम्बन्ध में दोषियों की शिनाख्त कर ली है और गांव कोतोवाल निवासी दर्शनसिंह, दलीप सिंह, सन्तोख सिंह, अवतार सिंह, जसवंत सिंह और गुरदासपुर निवासी भूपिन्दर सिंह के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है, परन्तु सभी फरार हैं ।

दो भाइयों की हत्या

बटाला (कोछड़, चौधरी): पुलिस जिला बटाला में थाना सदर बटाला के गांव बल्ल में गत रात चार सशस्त्र उग्रवादियों ने फ़ायरिंग करके दो भाइयों की हत्या कर दी ।

जिला बटाला के पुलिस प्रमुख श्री सुमेध सिंह सैनी ने पत्रकारों को विवरण देते हुए बताया कि मृतकों के नाम सुखवंत सिंह पप्पू (24) व गुरिन्दर सिंह (16) हैं । दोनों भाई मज़हबी सिख हैं और गुरिन्दर सिंह नौवीं कक्षा का छात्र था । दोनों का पोस्टमार्टम सिविल अस्पताल बटाला से करा दिया गया ।

श्री सैनी ने कहा कि गत रात लगभग 12.45 बजे चीनी असाल्ट राइफलों ए.के. 47 और 12 बोर दोनाली व आग्नेयास्त्रों से लैस चार उग्रवादी मृतकों के घर आए और छत पर सो रहे दोनों भाइयों की गोलियां मार कर हत्या कर दी । घर में उस समय मृतकों का नाना वृद्ध दर्शन सिंह, मृतक सुखवन्त सिंह की पत्नी, इनके एक भगौड़े भाई बलविंदर सिंह की पत्नी और उनके छोटे बच्चे थे । उन्होंने कमरों के अन्दर छिप कर जानें बचाईं । हत्यारों ने बाद में एक साथ की दुकान तोड़ वहां से मिट्टी का तेल निकाल मृतकों के घर पर छिड़क कर आग लगा दी, जिसे बी.एस.एफ. ने तुरंत आकर बुझा दिया ।

श्री सैनी ने कहा कि दोनों मृतकों का एक आतंकवादी भाई बलजीत सिंह बिट्टू जेल में है और

Punjabi Jagran

वर्षीय बलदेव राज तथा 12 वर्ष के एक बालक की गोली मार कर हत्या कर दी ।

किसान की हत्या

सरहाली पुलिस स्टेशन के गांव रत्तोके में उग्रवादियों ने एक किसान की हत्या कर दी ।

एक की हत्या

एक ही परिवार के चार सदस्यों की गोली मार कर हत्या करने के बाद भागते आतंकवादियों ने इसी थाना क्षेत्र के पंडोरी रन सिंह गांव में एक किसान जोगेंद्र सिंह की भी गोली मार कर हत्या कर दी ।

शव मिला

वल्टोहा थाना क्षेत्र के एक ग्राम के पास एक व्यक्ति का गोलियों से बिंधा शव मिला है ।

जिम्मेदारी ली

अमृतसर जिला के झब्बाल थाना क्षेत्र में पांच लोगों की हत्या की जिम्मेदारी 'खालिस्तान कमांडो फोर्स' तथा शेष हत्याओं की जिम्मेदारी 'भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स' ने ली है ।

चार गिरफ्तार

जालंधर (ह.स.): पुलिस ने लूटपाट की वारदातों के सिलसिले में चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है । इनमें आदमपुर थाने के कालरा गांव का सरपंच तथा एकीकृत अकाली दल का जत्थेदार त्रिलोचन सिंह और उनके तीन पुत्र शामिल हैं ।

इन पर अन्य मामलों के अलावा पंद्रह दिन पहले कठार गांव के सरपंच से राइफल छीनने का आरोप है ।

इसी बीच पुलिस ने गोराया गांव के चार व्यक्तियों के खिलाफ सरकार-विरोधी नारे लगाने तथा अल्पसंख्यकों को गांव में भाग जाने की धमकी देने के आरोप में मामला दर्ज किया है ।

छात्र की हत्या

बंगा में वार्ता के अनुसार आज सायं सिख नैशनल कालेज के एक छात्र सरदारा सिंह (प्लस टू) की कालेज गेट के बाहर ही 2 उग्रवादियों ने गोली मार कर हत्या कर दी ।

रास्ते में उग्रवादियों ने उनकी हत्या कर दी ।

पुलिस ने इस हत्याकांड में प्रयुक्त जीत सी. आर. पी. ने एक मुठभेड़ के बाद पकड़ ली और फिर रामपुराफूल निवासी जीप मालिक को पकड़ लिया ।

तेज़धार से हत्या

'वार्ता' के अनुसार भटिंडा जिला में आतंकवादियों ने कल रात एक व्यक्ति रंगड सिंह को तेज़धार वाले किसी हथियार से मार डाला ।

ग्रंथी की हत्या

बाघापुराना से ज्ञान मित्तल के अनुसार गत रात यहां से 14 किलो मीटर दूर गांव माला कलां में कुछ आतंकवादियों ने गांव के गुरुद्वारे के ग्रंथी हरबंस सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । जिला पुलिस प्रमुख श्री गोबिन्द राम के अनुसार हमलावर पैदल ही गुरुद्वारे में आए । घटना के बाद पैदल ही फरार हो गए । इस हमले में ग्रंथी के साथ सो रहे चार व्यक्ति बाल-बाल बच गए । इन चारों में से दो उसी गांव के वासी थे जबकि शेष दो रोडवेज के चालक व परिचालक थे जो रात को वहीं सौते थे ।

श्री गोबिन्द राम ने बताया कि दोषियों को नामजद कर लिया गया है तथा शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा । हत्या का कारण एक महिला बताई गई है तथा मृतक ग्रंथी के उस महिला से कथित रूप से अवैध सम्बन्ध थे । सम्भवतः इसी लिए केवल ग्रंथी की ही हत्या की गई है ।

ठेके को आग

फगवाड़ा (खोसला): कल रात यहां से छः किलोमीटर दूर फगवाड़ा-होशियारपुर रोड पर गांव रावलपिंडी पर कुछ आतंकवादियों ने वहां के ठेका शराब देसी पर जाकर एक कपड़े पर मिट्टी का तेल छिड़क कर शटर के रास्ते अन्दर फैंक दिया, जिससे ठेके का सारा सामान जल कर राख हो गया । ठेके के दराज में 1680 रुपए नकद थे, वे भी जल कर राख हो गए । थाना सदर ने केस दर्ज कर लिया है ।

सैनी ने पत्रकारों को विवरण देते हुए बताया कि मृतकों के नाम सुखवंत सिंह पप्पू (24) व गुरिन्दर सिंह (16) हैं । दोनों भाई मज़हबी सिख हैं और गुरिन्दर सिंह नौवीं कक्षा का छात्र था । दोनों का पोस्टमार्टम सिविल अस्पताल बटाला में करा दिया गया ।

श्री सैनी ने कहा कि गत रात लगभग 12.45 बजे चीनी असाल्ट राइफलों ए.के. 47 और 12 बोर दोनाली व आग्नेयास्त्रों से लैस चार उग्रवादी मृतकों के घर आए और छत पर सो रहे दोनों भाइयों की गोलियां मार कर हत्या कर दी । घर में उस समय मृतकों का नाना वृद्ध दर्शन सिंह, मृतक सुखवन्त सिंह की पत्नी, इनके एक भगौड़े भाई बलविंदर सिंह की पत्नी और उनके छोटे बच्चे थे । उन्होंने कमरों के अन्दर छिप कर जानें बचाईं । हत्यारों ने बाद में एक साथ की दुकान तोड़ वहां से मिट्टी का तेल निकाल मृतकों के घर पर छिड़क कर आग लगा दी, जिसे बी.एस.एफ. ने तुरंत आकर बुझा दिया ।

श्री सैनी ने कहा कि दोनों मृतकों का एक आतंकवादी भाई बलजीत सिंह बिट्टू जेल में है और एक भाई बलविंदर सिंह भगौड़ा है । वह लोगों को धमकीपूर्ण पत्र लिख कर धन ऐंठता है । जांच से लगता है कि यह हत्या भी आतंकवादियों की आपसी दुश्मनी का नतीजा है और लगता है कि हत्याएं खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स के स्वयंभू लै. जनरल सुखदेव सिंह झामके ग्रुप द्वारा की गई हैं और दो लोगों की शिनाख्त कर ली गई है ।

आधा घंटा मुठभेड़

एस.एस.पी. श्री समेध सिंह सैनी ने पत्रकारों को आगे बताया कि गांव बल्ल में सीमा सुरक्षा बल की स्थायी चौकी है । फ़ायरिंग की आवाज सुनते ही बी.एस.एफ. के जवान वहां चले गए और उनकी आतंकवादियों से गोलीबारी होने लगी, उसी दौरान गांव बल्ल के साथ लगते जिला अमृतसर के गांव महमदपुरा में भी गत रात आतंकवादियों ने फ़ायरिंग करके दो लोगों की हत्या कर दी थी, वहां आज जिला अमृतसर के ए.एस.पी. श्री गोयल भी सारी फ़ोर्स के साथ वहां आ गए और उन्होंने भी आतंकवादियों पर फ़ायरिंग की, लेकिन बीस-तीस मिनट की फ़ायरिंग में अंधेरे का लाभ उठा कर आतंकवादी भागने में सफल हो गए । सारा क्षेत्र सील करके खोजबीन की जा रही है ।

रिवाल्वर ले गए

पुलिस थाना सदर बटाला के गांव दाबावाली में से इसी गांव के भूतपूर्व सरपंच साधु सिंह के घर से गत रात दो सशस्त्र लोग इसका लाइसैंसी .32 बोर का रिवाल्वर व कुछ गोलियां ले गए । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

जमानत नहीं

लुधियाना, 29 अप्रैल (आहूजा): स्थानीय कलावैरी चर्च के हुए झगड़े के सम्बन्ध में गिरफ्तार सात व्यक्तियों की जमानत की प्रार्थना जज ने रद्द कर दी ।

दिल्ली की मंडियां–29 अप्रैल (एन.एन.एस.):

अनाज : देसी गेहूं 240-350, गेहूं कल्याण 203-207, गेहूं

थी । एक्सियन ने पहले फरवरी में इसे दीवार की कुछ भाग गिरा दिया था तब उन्होंने 12 फरवरी से लेकर 20 अप्रैल तक पुलिस तक कई बार रसाई की किन्तु पुलिस ने कोई सहायता नहीं की, जबकि उस दिन उन्होंने पुलिस कर्मियों के संरक्षण में बाकी की दीवार भी गिरा दी ।

रक्तदान शिविर

जालन्धर, 29 अप्रैल : जालंधर के उपायुक्त सुधीर मित्तल ने दोआबा मिल्क प्लांट जालंधर द्वारा आयोजित रक्तदान कैम्प का उद्घाटन किया । समारोह की अध्यक्षता दोआबा को-आपरेटिव मिल्क प्रोडयूसर्ज यूनियन के चेयरमैन दलीप सिंह ने की । प्लांट के मैनेजिंग डायरैक्टर अमरीक सहित 50 लोगों ने रक्तदान किया ।

बस चालक पुरस्कृत होगा

(पृष्ठ 3 का शेष)

बताया कि इस क्षेत्र में निगम की बस पर हमले की यह दूसरी घटना है । राज्य सरकार से कहा जा रहा है कि इन घटनाओं के दृष्टिगत बस के सुरक्षा गार्डों को स्वचालित शस्त्र दिए जाएं । उन्होंने बताया कि रात के समय बसों को आगे-पीछे चलाए जाने बारे भी विचार किया जा रहा है । इस बारे हरियाणा रोडवेज़ से भी सम्पर्क किया जा रहा है । एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने बताया कि बस के सुरक्षा गार्डों ने आतंकवादियों पर छः फ़ायर किए, पर आतंकवादियों को कोई नहीं लगा ।

रात्रि सेवा बंद की जाए

शिमला : राज्य के पुलिस अधिकारियों ने हिमाचल पथ परिवहन निगम को चेतावनी दी है कि वह पंजाब में आतंकवादी घटनाओं के दृष्टिगत अपनी रात्रि बस सेवा बंद करे । इन अधिकारियों का कहना है कि निगम पुलिस के सुझाव के बावजूद पंजाब के क्षेत्र से अपनी रात्रि बस सेवा जारी रखे हुए है । लालडु बस हत्याकांड के बाद चार माह तक निगम की रात्रि बस सेवा निलम्बित रही थी । इससे होने वाली आर्थिक क्षति के कारण निगम ने सरकार से रात्रि बस सेवा बहाल करने को कहा था ।

पुलिस का उस समय भी यह विचार था कि पंजाब के क्षेत्र से रात्रिकालीन बस सेवा ले जाना 'खतरनाक' हो सकता है तथा उन्होंने इन बसों के यात्रियों को पर्याप्त सुरक्षा देने में भी अपनी असमर्थता व्यक्त की थी । इस सबके बावजूद गत एक जनवरी से दिल्ली व अन्य स्थानों को यह बस सेवा शुरू कर दी गई थी ।

रे घायलों को देखने गए

पंजाब के राज्यपाल श्री सिद्धार्थ शंकर रे ने आज पी. जी. आई. जाकर कल रात पटियाला जिले में डेरा बस्सी के पास हिमाचल पथ परिवहन निगम की बस में घायल यात्रियों को देखा तथा उनकी कुशल-क्षेम पूछी ।

श्री रे ने घायलों की हालत में सुधार के बारे में जानकारी ली तथा उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की । उन्होंने उन्हें फल भी दिए । बाद में राज्यपाल विमान से अमृतसर चले गए, जहां वे पाकिस्तान से लगी सीमा पर बाड़ लगाने के कार्य का निरीक्षण करेंगे ।

INSTITUTE OF PERSONNEL MANAGEMENT AND INDUSTRIAL RELATIONS
(RECOGNISED)
ADMISSION NOTICE
CORRESPONDENCE COURSES DEPTT.

Applications on prescribed forms are invited for admission to
POST GRADUATE CORRESPONDENCE DIPLOMA COURSE in INDUSTRIAL RELATIONS & LABOUR LAWS (RECOGNISED)
This course is RECOGNISED by Government under The Punjab Welfare Officers Recruitment Rules, 1952 and The Factories Act, 1948 for appointment in Government and other Factories vide Punjab Govt. notification No. SO 30/PWORCSR/52/5/Amd/88.
ELIGIBILITY
Bachelor's Degree in Arts/Science/Engg. Law or equivalent.

2 स्त्रियों सहित 7 व्यक्तियों की हत्या : 5 घुसपैठी भी मारे गए

बटाला में अनिश्चिकालीन कर्फ़्यू जारी; गुरदासपुर, दीनानगर व धारीवाल में हड़ताल : बम-धमाकों के संबंध में स्त्री समेत 16 हिरासत में

चंडीगढ़, 30 अप्रैल (वार्ता, ह.स.): पंजाब में गत 24 घंटों के दौरान तीन ग्रंथियों व दो स्त्रियों सहित 7 व्यक्तियों की आतंकवादियों ने हत्या कर दी जबकि 5 घुसपैठी सीमा पार करने की कोशिश में मारे गए। औद्योगिक नगर बटाला में अनिश्चितकालीन कर्फ़्यू जारी है। बटाला बम कांड के विरुद्ध गुरदासपुर, दीनानगर, धारीवाल में पूर्ण हड़ताल रही। गुरदासपुर जिला में बस सेवा पूर्णतया निलम्बित कर दी गई है। बटाला के बम धमाकों के संबंध में एक स्त्री सहित 16 व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया।

दो ग्रंथियों की हत्या

कपूरथला (शर्मा): सुभानपुर थाना के गांव डोगरांवाला में कल रात 4 सशस्त्र आतंकवादियों ने गुरुद्वारे में आकर ग्रंथी दिलीप सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी। उसके बाद इसी थाना के गांव दयालपुर में भी आतंकवादियों ने गुरुद्वारा के ग्रंथी साधु सिंह को भी गोलियां चला कर मार डाला। पुलिस का विचार है ये दोनों हत्याएं आतंकवादियों के एक ही गिरोह का काम है।

बताया जाता है कि डोगरांवाला के ग्रंथी ने गुरुद्वारा स्वयं बनाया था और दान आदि इकट्ठा करके गुरुद्वारे को चलाता था। कल रात वह गुरुद्वारे से बाहर आकर बैठा ही था कि ए.के.-47 चीनी राइफलें लिए आतंकवादी आए और पूछा कि दिलीप सिंह कौन है। ग्रंथी के बताने पर कि मैं हूं, उन्होंने उसके पास बैठे दो अन्य व्यक्तियों को वहां से उठ कर चले जाने को कहा और फिर गोलियां मार कर दिलीप सिंह की हत्या कर दी।

दयालपुर गांव के गुरुद्वारे का ग्रंथी साधु सिंह अपने कमरे में सोया हुआ था और आतंकवादियों ने उसे सोते हुए ही मार डाला। उसकी हत्या का पता सुबह लगा जब लोग गुरुद्वारे में माथा टेकने के लिए आने लगे।

इन दोनों केसों की सूचना पुलिस को सुबह ही दी गई। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

बंगा के निकट फ़ायरिंग

बंगा से खोसला की सूचना है कि नीले रंग के स्कूटर पर सवार दो आतंकवादियों ने यहां से 15 किलो मीटर दूर भरने मजारा के निकट पंजाब रोडवेज़ जालन्धर के स्टेशन सुपरवाइज़र श्री चरण सिंह गिल पर उस समय फ़ायरिंग की, जब वह जालन्धर की ओर अपने स्कूटर पर जा रहे थे। श्री गिल बाल-बल बच गए परन्तु एक गोली उनके स्कूटर पर लगी। आतंकवादियों ने ए.के.-47 चीनी राइफल से गोलियां चलाईं। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

बंगला-देशी गिरफ़्तार

फिरोज़पुर (वाणी): पाकिस्तान से आज भारतीय सीमा में छुपने की कोशिश कर रहे बंगला देश के एक नागरिक को ममदोट सैक्टर में गिरफ़्तार कर लिया गया। गिरफ़्तारी सीमा सुरक्षा बल की एक नाका पार्टी ने की।

दो बहनों की हत्या

गुरदासपुर (विनोद, कोछड़): गत रात जिला गुरदासपुर में कहनूवान थाने के अंतर्गत गांव भैनी पिसवाल में दो मोटर साईकल सवार आतंकवादियों ने दो बुजुर्ग बहनों की गोली मार कर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों के अनुसार रात लगभग 8.30 बजे दो आतंकवादी मोटर साईकल पर भैनी-पिसवाल निवासी जोगा सिंह के डेरे पर, जोकि गांव से बाहर था, आए और वहां उन्होंने पहले एक अंधी महिला वीरो (55), जोकि अविवाहित थी, की गोली मार कर हत्या कर दी। गोली की आवाज़ सुन कर डेरे में वीरो की बहन महिन्द्र कौर (50) खेतों की ओर भागी परन्तु आतंकवादियों ने पीछा करके खेतों में महिन्द्र कौर की गोली मार कर हत्या कर दी। पता चला है कि इस परिवार ने धमकी भरे पत्र लिख कर फिरौती मांगने वाले एक आतंकवादी को पकड़वाया था, जोकि अब ज़मानत पर रिहा है। आशंका है कि इन हत्याओं के पीछे यही कारण है। वारदात के समय परिवार का पुरुष सदस्य डेरे पर नहीं था। कुछ और लोग टूटी इकट्ठी कर रहे थे, जिन्हें आतंकवादियों ने कुछ नहीं कहा।

हड़ताल

बटाला में हुए बम कांड के संबंध में हिन्दू शिव सेना के आह्वान पर आज गुरदासपुर में पूर्ण हड़ताल रही, परन्तु सुबह सब्ज़ी मंडी में काम होता रहा। बाद में गीता भवन में शहरियों की शोक सभा हुई जिसमें हिन्दू शिव सेना, पंजाब के उपप्रधान श्री विजय गिल ने पंजाब की स्थिति पर चिन्ता व्यक्त करते हुए सरकार से अमृतसर और गुरदासपुर के सीमांत ज़िलों को सेना के हवाले करने की मांग की।

धारीवाल और दीनानगर कस्बों में भी पूर्ण हड़ताल होने का समाचार मिला है।

बटाला में कर्फ़्यू जारी

बटाला (कोछड़): कल 29 अप्रैल शाम को बटाला के प्रमुख व भीड़ वाले बाज़ार चक्रों में पांच स्थानों पर ज़ोरदार बम विस्फोटों के कारण तीन संदिग्ध युवकों व एक महिला सहित मृतकों की संख्या 8 हो गई, जबकि इस समय सिविल अस्पताल बटाला में 10, अमृतसर अस्पताल में दो दर्जन से अधिक घायल भर्ती हैं जिनमें से 8 की दशा अभी तक चिन्ताजनक बताई जाती है। बटाला में अनिश्चितकाल के लिए कर्फ़्यू जारी है। बी.एस.एफ., सी.आर.पी.एफ., पी.ए.पी. व पुलिस भारी संख्या में तैनात है। किसी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली।

पंजाब के राज्यपाल श्री एस.एस. रे आज बटाला के सिविल अस्पताल में गए और कल के बम धमाकों में घायल होने वालों से मिले। उन्होंने सिविल अस्पताल बटाला तथा अमृतसर के सिविल अस्पताल में दाखिल घायलों को क्रमशः 2500 और 3000 रुपए की तात्कालिक सहायता की घोषणा की। श्री रे ने यह भी घोषणा की कि घायलों को दवाइयां और भोजन भी मुफ़्त दिया जाएगा। श्री रे के साथ उनकी धर्मपत्नी श्रीमती माया रे,

(शेष पृष्ठ 10 पर)

करता है : राजीव

अकाल नहीं।"

उन्होंने हिमाचल प्रदेश के भौगौलिक व पर्यावरण सम्बन्धी संतुलन के लिए शीघ्र वनों में वृद्धि करने की आवश्यकता पर बल दिया। पौंग डैम के कारण निर्वासित हुए लोगों तथा शाह नहर परियोजना विवाद की चर्चा करते हुए कहा कि उन्होंने इस मामले पर राजस्थान के मुख्यमंत्री और पंजाब के राज्यपाल से विचार-विमर्श किया है और हिमाचल के मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह से कहा है कि वह इन दोनों मामलों पर सम्बन्धित राज्यों से बातचीत करें।

श्री गांधी ने आश्वासन दिया कि हाल में बैजनाथ-पपरोला-पठानकोट मार्ग पर चालू की गई धौलाधार एक्सप्रैस ट्रेन देहरी, नंदपुर तथा बटोली से होकर जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार राज्य में ऊंचे क्षेत्रों में कुकिंग गैस पहुंचाने की व्यवस्था कर रही है।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री का स्वागत करते हुए हिमाचल के मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने प्रदेश के निर्माण व विकास के लिए स्वर्गीय प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू व इंदिरा गांधी की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि केंद्रीय सरकार की मदद से अब पौंग डैम निर्वासितों के पुनर्वास की समस्या शीघ्र ही दूर कर ली जाएगी। उन्होंने शाह नहर परियोजना विवाद भी शीघ्र हल हो जाने की आशा प्रकट की।

(शेष पृष्ठ 10 पर)

FOR
LATEST
SHIRTS & TROUSERS,
Adam & Eve
CORNER
FROCKS,
BAWA SUITS,
LADY SUITS
Adam & Eve
CORNER
SHOP No. 7, OLD COURTS,
G.T. ROAD, JALANDHAR.

Punjab Sahibani

ज़िला कपूरथला के थाना सुभानपुर के गांव डोगरांवाला में गत रात आतंकवादियों के हाथों मारा गया ग्रंथी, (1) दिलीप सिंह और, (2) दयालपुर के गुरुद्वारे का ग्रंथी साधु सिंह (छाया : शर्मा), जिला गुरदासपुर में काहनूवान थाना के गांव भैनी पिसवान में मारी गईं दो बहनें, (3) वीर कौर और (4) महिन्दर कौर (छाया : विनोद), चक्री बाज़ार, बटाला में हुए बम-विस्फोटों में मारे गये (5) संजीव कुमार लाटी, (6) महेंद्र पाल महाजन, (7) हरबंस लाल भाटिया, (8) संदिग्ध युवक, अधिकारियों के अनुसार पकड़े जाने के भय से जिसने विष खालिया और मर गया, (9) पुलिस के अनुसार, बम रखते हुये फट जाने से मरा संदिग्ध युवक, (10) बम फैंकते समय जिसे उग्र भीड़ ने पकड़ कर मार डाला और जला दिया, (11) विस्फोट की लपेट में आया वृद्ध जिसकी शिनाख्त नहीं हो सकी, (12) स्कूटर जिसका एक सवार विस्फोट में मारा गया, जबकि दूसरा घायल हो गया, (13 से 15) बुरी तरह नष्ट साइकिल जिनके कैरियरों पर बम रख कर लाए जाने का संदेह है, (16 से 18) चक्री बाज़ार के विभिन्न स्थान जहां विस्फोट हुए, (19) विस्फोट से गिरी दुकान, (20) घायल बबला, (21) गांव रूपोवाली से पलायन करके आई घायल उर्मिला और उसका बेटा, (22) घायल गुलशन, (23) घायल मंगत राम, (24) घायल राजन मल्होत्रा, (25) घायल बलबीर कौर और उसका बेटा । (छाया : कोछड़)

2 स्त्रियों सहित 7 व्यक्तियों की हत्या : 5 घुसपैठी भी मारे गए

बटाला में अनिश्चितकालीन कर्फ़्यू जारी; गुरदासपुर, दीनानगर व धारीवाल में हड़ताल : बम-धमाकों के संबंध में स्त्री समेत 16 हिरासत में

Punjab Archive

...यों सहित 7 व्यक्तियों की हत्या : 5 घुसपैठी भी मा...

...अनिश्चितकालीन कर्फ़्यू जारी; गुरदासपुर, दीनानगर व धारीवाल में हड़ताल : बम-धमाकों के संबंध में स्त्री समेत 16...

...प्रैल (वार्ता, ह.स.): पंजाब में ...न तीन ग्रंथियों व दो स्त्रियों ...आतंकवादियों ने हत्या कर दी ...मा पार करने की कोशिश में ...ोगिक नगर बटाला में ...र्फ़्यू जारी है । बटाला बम ...पुर, दीनानगर, धारीवाल में ...ुरदासपुर जिला में बस सेवा ...र दी गई है । बटाला के बम ...एक स्त्री सहित 16 व्यक्तियों ...गया ।

...या

...र्ता): सुभानपुर थाना के गांव ...त 4 सशस्त्र आतंकवादियों ने ...दिलीप सिंह की गोलियां मार ...उसके बाद इसी थाना के गांव ...कवादियों ने गुरुद्वारा के ग्रंथी ...लियां चला कर मार डाला । ...दोनों हत्याएं आतंकवादियों के एक ही गिरोह का काम है ।

बताया जाता है कि डोगरांवाला के ग्रंथी ने गुरुद्वारा स्वयं बनाया था और दान आदि इकट्ठा करके गुरुद्वारे को चलाता था । कल रात वह गुरुद्वारे से बाहर आकर बैठा ही था कि ए.के.-47 चीनी राइफलें लिए आतंकवादी आए और पूछा कि दिलीप सिंह कौन है । ग्रंथी के बताने पर कि मैं हूं, उन्होंने उसके पास बैठे दो अन्य व्यक्तियों को वहां से उठ कर चले जाने को कहा और फिर गोलियां मार कर दिलीप सिंह की हत्या कर दी ।

दयालपुर गांव के गुरुद्वारे का ग्रंथी साधु सिंह अपने कमरे में सोया हुआ था और आतंकवादियों ने उसे सोते हुए ही मार डाला । उसकी हत्या का पता सुबह लगा जब लोग गुरुद्वारे में माथा टेकने के लिए आने लगे ।

इन दोनों केसों की सूचना पुलिस को सुबह ही दी गई । पुलिस ने जांच शुरू कर दी है ।

बंगा के निकट फ़ायरिंग

बंगा से खोसला की सूचना है कि नीले रंग के स्कूटर पर सवार दो आतंकवादियों ने यहां से 15 किलो मीटर दूर भरने मजारा के निकट पंजाब रोडवेज़ जालन्धर के स्टेशन सुपरवाइज़र श्री चरण सिंह गिल पर उस समय फ़ायरिंग की, जब वह जालन्धर की ओर अपने स्कूटर पर आ रहे थे । श्री गिल बाल-बल बच गए परन्तु एक गोली उनके स्कूटर पर लगी । आतंकवादियों ने ए.के.-47 चीनी राइफल से गोलियां चलाई । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

बंगला-देशी गिरफ्तार

फिरोजपुर (बाग़ी): पाकिस्तान से आज भारतीय सीमा में छुपने की कोशिश कर रहे बंगला देश के एक नागरिक को ममदोट सैक्टर में गिरफ्तार कर लिया गया । गिरफ्तारी सीमा सुरक्षा बल की एक नाका पार्टी ने की ।

दो बहनों की हत्या

गुरदासपुर (विनोद, कोछड़): गत रात जिला गुरदासपुर में काहनूवान थाने के अंतर्गत गांव भैनी पिसवाल में दो मोटर साइकिल सवार आतंकवादियों ने दो बुजुर्ग बहनों की गोली मार कर हत्या कर दी । पुलिस सूत्रों के अनुसार रात लगभग 8.30 बजे दो आतंकवादी मोटर साइकिल पर भैनी-पिसवाल निवासी जोगा सिंह के डेरे पर, जोकि गांव से बाहर था, आए और वहां उन्होंने पहले एक अंधी महिला वीरो (55), जोकि अविवाहित थी, की गोली मार कर हत्या कर दी । गोली की आवाज़ सुन कर डेरे में वीरो की बहन महिन्द्र कौर (50) खेतों की ओर भागी परन्तु आतंकवादियों ने पीछा करके खेतों में महिन्द्र कौर की गोली मार कर हत्या कर दी । पता चला है कि इस परिवार ने धमकी भरे पत्र लिख कर फिरौती मांगने वाले एक आतंकवादी को पकड़वाया था, जोकि अब ज़मानत पर रिहा है । आशंका है कि इन हत्याओं के पीछे यही कारण है । वारदात के समय परिवार का पुरुष सदस्य डेरे पर नहीं था । कुछ और लोग तूड़ी इकट्ठी कर रहे थे, जिन्हें आतंकवादियों ने कुछ नहीं कहा ।

हड़ताल

बटाला में हुए बम कांड के संबंध में हिन्दू शिव सेना के आह्वान पर आज गुरदासपुर में पूर्ण हड़ताल रही, परन्तु सुबह सब्ज़ी मंडी में काम होता रहा । बाद में गीता भवन में शहरियों की शोक सभा हुई जिसमें हिन्दू शिव सेना, पंजाब के उपप्रधान श्री विजय गिल ने पंजाब की स्थिति पर चिन्ता व्यक्त करते हुए सरकार से अमृतसर और गुरदासपुर के सीमांत जिलों को सेना के हवाले करने की मांग की ।

धारीवाल और दीनानगर कस्बों में भी पूर्ण हड़ताल होने का समाचार मिला है ।

बटाला में कर्फ़्यू जारी

बटाला (कोछड़) : कल 29 अप्रैल शाम को बटाला के प्रमुख व भीड़ वाले ... स्थानों पर ज़ोरदार बम विस्फ... संदिग्ध युवकों व एक महिला स... 8 हो गई, जबकि इस समय ... बटाला में 10, अमृतसर अस्प... अधिक घायल भर्ती हैं जिनमें से ... चिन्ताजनक बताई जाती ... अनिश्चितकाल के लिए ... बी.एस.एफ., सी.आर.पी.एफ. ... भारी संख्या में तैनात है । कि... घटना की सूचना नहीं मिली ।

पंजाब के राज्यपाल श्री एस... के सिविल अस्पताल में गए और ... में घायल होने वालों से मिले ... अस्पताल बटाला तथा अ... अस्पताल में दाखिल घायलों ... और 3000 रुपए की तात्... घोषणा की । श्री रे ने यह भी घ... को दवाइयां और भोजन भी मुफ़्... रे के साथ उनकी धर्मपत्नी ...

(शेष पृष्ठ 10

...: राजीव

...श प्रदेश के भौगौलिक व ...संतुलन के लिए शीघ्र वनों में ...यकता पर बल दिया । पौंग ...त हुए लोगों तथा शाह नहर ...री चर्चा करते हुए कहा कि ...र राजस्थान के मुख्यमंत्री और ...विचार-विमर्श किया है और ...वीरभद्र सिंह से कहा है कि वह ...सम्बन्धित राज्यों से बातचीत

...ाश्वासन दिया कि हाल में ...धनकोट मार्ग पर चालू की गई ...न देहरी, नंदपुर तथा बटोली से ...होंने कहा कि सरकार राज्य में ...गैस पहुंचाने की व्यवस्था कर

...धानमंत्री का स्वागत करते हुए ...री वीरभद्र सिंह ने प्रदेश के ...लिए स्वर्गीय प्रधानमंत्री जवाहर ...गांधी की भूरि-भूरि प्रशंसा ...क केंद्रीय सरकार की मदद से ...तों के पुनर्वास की समस्या शीघ्र ...एगी । उन्होंने शाह नहर ...शीघ्र हल हो जाने की आशा

(शेष पृष्ठ 10 पर)

FOR
LATEST
SHIRTS & TROUSI
Adam & Ev
CORNER
FROCKS,
BAWA SUITS,
LADY SUITS
Adam & E
CORNE
SHOP No. 7, OLD C
G.T. ROAD, JALAN

Punjabi Sanatan

के थाना सुभानपुर के गांव डोगरांवाला में गत रात आतंकवादियों के हाथों मारा गया ग्रंथी, (1) दिलीप सिंह और, (2) दयालपुर के गुरुद्वारे का ग्रंथी साधु सिंह (छाया
हनूवान थाना के गांव भैनी पिसवान में मारी गई दो बहनें, (3) वीर कौर और (4) महिन्दर कौर (छाया : विनोद), चक्री बाज़ार, बटाला में हुए बम-विस्फोटों में मारे
6) महेंद्र पाल महाजन, (7) हरबंस लाल भाटिया, (8) संदिग्ध युवक, अधिकारियों के अनुसार पकड़े जाने के भय से जिसने विष खालिया और मर गया, (9) पुलिस
ाने से मरा संदिग्ध युवक, (10) बम फैंकते समय जिसे उग्र भीड़ ने पकड़ कर मार डाला और जला दिया, (11) विस्फोट की लपेट में आया वृद्ध जिसकी शिनाख्त
जिसका एक सवार विस्फोट में मारा गया, जबकि दूसरा घायल हो गया, (13 से 15) बुरी तरह नष्ट साइकिल जिनके कैरियरों पर बम रख कर लाए जाने का स
ज़ार के विभिन्न स्थान जहां विस्फोट हुए, (19) विस्फोट से गिरी दुकान, (20) घायल बबला, (21) गांव रूपोवाली से पलायन करके आई घायल उर्मिला औ
ुलशन, (23) घायल मंगत राम, (24) घायल राजन मल्होत्रा, (25) घायल बलबीर कौर और उसका बेटा ।

त्रयों सहित 7 व्यक्तियों की हत्या : 5 घुसपैठी भी मारे

अनिश्चितकालीन कर्फ़्यू जारी; गुरदासपुर, दीनानगर व धारीवाल में हड़ताल : बम-धमाकों के संबंध में स्त्री समेत 16 गि

बटाला के प्रमुख व भीड़ वाले बाजा

बाद में राज्यपाल ने पुलिस, नागरिक, बी.एस.एफ., सी.आर.पी.एफ. के उच्चाधिकारियों से मंत्रणा करके स्थिति का जायज़ा लिया । नागरिक प्रशासन व पुलिस के उच्चाधिकारियों ने पत्रकारों को बताया कि स्थिति नियंत्रण में है । किसी प्रकार का तनाव नहीं । सब्ज़ी मंडी में किसी दुकान को आग नहीं लगाई गई, कोई लूटपाट की वारदात नहीं हुई । भड़की भीड़ पहले 5-10 मिनट में ही कोई गड़बड़ कर पाई जिस पर सुरक्षा बलों व पुलिस ने तुरन्त नियंत्रण कर लिया ।

कल के बम धमाकों में तीन आतंकवादियों सहित आठ लोग मारे गए थे । तीन मृतकों संजीव कुमार, हरबंस लाल भाटिया और महेंद्र पाल महाजन की आज कड़े सुरक्षा प्रबंधों के बीच अंत्येष्टि कर दी गई । इस संवाददाता ने घटनास्थल का दौरा करके देखा कि जिन साइकलों पर बम लाए गए थे, वह टुकड़े-टुकड़े हो गए थे । धमाकों से लगभग एक दर्जन दुकानें तबाह हो गईं । कुछ की तो छतें ही उड़ गईं ।

सुनियोजित कार्रवाई

आई.जी. बार्डर रेंज श्री चमन लाल ने आज कहा कि बटाला के चक्री बाजार में 10 सदस्यीय आतंकवादी गिरोह द्वारा किए गए बम धमाके एक 'सुनियोजित कार्रवाई' थी । उन्होंने बटाला की स्थिति को 'अत्यन्त तनावपूर्ण लेकिन शांत' बताया ।

बस सेवा बन्द

जिलाधीश श्री कल्हा ने कम से कम आज के लिए कर्फ़्यू में कोई ढील देने की सम्भावना रद्द कर दी । जिलाधीश ने बताया कि तनाव की हालत को देखते हुए पूरे जिला में बस सेवा पूरी तरह बंद कर दी गई है ।

16 व्यक्ति हिरासत में

श्री चमन लाल ने बताया कि एक नौजवान औरत सहित कुल 16 व्यक्तियों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है । उक्त औरत जसबीर कौर को भीड़ ने घटनास्थल पर ही पकड़ कर सुरक्षा बलों के हवाले किया था । उसने अपने इकबाली बयान में बमकांड में संलिप्त होना स्वीकार किया है । पुलिस सूत्रों ने कहा कि जसबीर कौर ने इन धमाकों के पीछे सुखदेव सिंह झामका के नेतृत्व वाले खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स गिरोह का हाथ बताया है । फ़ोर्स का स्वयंभू एरिया कमांडर झामके गत जनवरी से लेकर अमृतसर के चौक मेहता क्षेत्र और गुरदासपुर ज़िले की बटाला और श्री हरगोबिन्दपुर तहसीलों में कई आतंकवादी कार्रवाइयों में संलिप्त रहा है ।

श्री चमन लाल ने बताया कि सुरक्षा बलों ने बम धमाकों के तत्काल बाद चक्री बाजार से तीन अनफटे बम भी बरामद किए । यह बम जिन्हें उन्होंने 'देसी परन्तु शक्तिशाली' करार दिया, बाद में सैनिक विशेषज्ञों ने नाकारा बना दिए । श्री चमन लाल ने कहा कि विस्फोटों के तुरन्त बाद जब भीड़ ने शहर के मध्य में स्थित गुरुद्वारा सत करतारियां पर पथराव किया और जूते फैंके तो अन्दर से कुछ गोलियां चलाई गईं । सुरक्षा बलों के सामयिक हस्तक्षेप से स्थिति नियंत्रण में कर ली गई।

आई.जी. का दावा था कि धमाकों से लगभग एक दर्जन दुकानें क्षतिग्रस्त हुईं,लेकिन अमृतसर के पत्रकारों ने क्षेत्र के दौरे के दौरान देखा कि 50 से

बल मंगवाए गए हैं । सी.आर.पी. की पांच कम्पनियां जोकि गत सायं यहां पहुंची थीं, को सिर्फ चक्री बाजार में तैनात किया गया है । बी.एस.एफ. और पंजाब पुलिस को इस क्षेत्र से हटा कर अन्यत्र तैनात कर दिया गया है ।

आज जिला गुरदासपुर भाजपा प्रधान व भूतपूर्व विधायक मास्टर मोहन लाल, चौ. राम लाल ने अपने अन्य सहयोगियों के साथ बटाला के घटना स्थल का निरीक्षण किया व इस घटना की कड़ी निन्दा करते हुए आतंकवाद के विरुद्ध सख्त कार्रवाई व सैनिक कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि यह देश का दुर्भाग्य है कि प्रधानमंत्री इस घटना स्थल के इतने निकट पठानकोट आकर भी यहां आने में हिचकिचाते व डरते हैं । इस अवसर पर पं. ओमां शंकर व स्थानीय भाजपा प्रधान श्री बलदेव मित्र कांसरा भी उनके साथ थे । भूतपूर्व इंका विधायक श्री अश्विनी सेखड़ी, सिटी इंका प्रधान श्री चमन लाल भागी, स. विरसा सिंह व वरिन्द्र शर्मा, सुभाष सेखड़ी ने राज्यपाल से मिल कर आतंकवाद को सख्त हाथों निपटने की मांग करते हुए इस घटना की कड़ी आलोचना की ।

एक और ग्रंथी की हत्या

फरीदकोट (ह.स.): सरकारी खबरों के अनुसार फरीदकोट जिले के महल कलां गांव में आतंकवादियों ने एक ग्रंथी हरबंस सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । हमलावर नकदी सहित कुछ कीमती सामान भी ले गए ।

स्कूटर छीना

राजपुरा (मासूम): गत दिवस यहां से 10 कि.मी. दूर गांव झांसला के निकट चंडीगढ़ के सैक्टर 35 निवासी हरिन्दर सिंह से पिस्तौल की नोक पर उसका स्कूटर छीन लिया गया ।

5 घुसपैठिए मरे

अमृतसर (वि.प्र.): अमृतसर में भारत-पाक सीमा पर परसों रात पांच घुसपैठिए मारे गए तथा एक को गिरफ्तार कर लिया गया ।

सीमा सुरक्षा बल के सूत्रों के अनुसार खेमकरण इलाके में मेहन्दीपुर गांव की सीमा चौकी के पास मुठभेड़ में तीन घुसपैठिए मारे गए । दो घुसपैठिए अटारी सैक्टर के घरेंडा इलाके में मारे गए जबकि उनके दो साथी वापस पाकिस्तान भागने में कामयाब रहे । खालड़ा इलाके में गैर कानूनी तौर पर भारत में घुसते हुए एक घुसपैठिया पकड़ लिया गया । उसका नाम जमाल भट्ट बताया गया है । वह लाहौर का रहने वाला है ।

छठा भी मरा

अशोक सोनी के अनुसार जमाल भट्ट मुठभेड़ में मारा गया जो मेवा मंडी लाहौर का रहने वाला था ।

रे के विरुद्ध नारेबाज़ी

'सोनी' के अनुसार बटाला के चक्री बाजार में कल हुए बम धमाकों के 22 घायलों को यहां सिविल अस्पताल में उपचार के लिए लाया गया है,जिनमें से एक महिला पूनमवती (कुछ एजैंसियों ने उसका नाम फूलां वती दिया है) घावों को सहन न करते हुए दम तोड़ गई । आज सुबह पंजाब के राज्यपाल श्री रे घायलों को देखने अस्पताल पहुंचे । घायलों के अभिभावकों ने राज्यपाल के समक्ष प्रदर्शन किया तथा नारेबाज़ी करते हुए उनसे त्यागपत्र की मांग की । श्री रे प्रातः 9.45 बजे अस्पताल में आए तथा

राज्यपाल सिद्धार्थ शंकर रे और श्रीमती माया रे बटाला अस्पताल में बम विस्फोट के एक घायल बच्चे को देखते हुए । (छाया : कोछड़)

के अनुसार आतंकवादी स्वर्ण सिंह की हत्या करने आए थे, लेकिन स्वर्ण सिंह घर पर न मिला तो वे उसके भाई की ही हत्या कर गए । आतंकवादी जाते हुए घर से 35 हजार रुपए भी ले गए ।

ठेका जला दिया

फगवाड़ा (खोसला, कौड़ा): गत रात्रि फगवाड़ा से 6 किलो मीटर दूर गांव रावलपिंडी के निकट कुछ आतंकवादियों ने शराब के एक ठेके को आग लगा दी ।

फगवाड़ा (राकेश): आज स्थानीय थाना सदर पुलिस ने पिछले माह स्थानीय विश्वकर्मा मंदिर पर सी.आर.पी.एफ. की चौकी को राकेटों से हमला करने के आरोप में आतंकवादियों के एक गिरोह के सदस्य स. दिलबाग सिंह निवासी गांव डुमेली थाना सदर फगवाड़ा को गिरफ्तार करके उससे पूछताछ शुरू कर दी है ।

स्कूटर छीना

खरड़ (शशि): दो उग्रवादियों ने आज प्रातः निकटवर्ती गांव जंडपुर के निकट प्रदीप कुमार नामक व्यक्ति से पिस्तौल की नोक पर उसका स्कूटर नम्बर डी.एच.एस. 2548 छीन लिया ।

लुधियाना (महिन्द्रा): लुधियाना नागरिक परिषद् के चेयरमैन श्री दर्शन अरोड़ा, उपाध्यक्ष अजीत सिंह छावनी मुहल्ला तथा सचिव जगदीश आनंद ने बटाला में गत रात्रि बम फैंकने और उससे पांच निर्दोषों की हत्याओं और असंख्य घायल होने के विरुद्ध रोष व्यक्त किया है । उक्त नेताओं ने पंजाब के राज्यपाल श्री रे से त्यागपत्र की मांग करते हुए कहा है कि यदि वे राज्य की कानून-व्यवस्था ठीक नहीं कर सकते तो केंद्र उनकी जगह कोई ऐसा प्रशासक तैनात करे जो हालात नियंत्रण में ला सके ।

उग्रवादी घायल

नकोदर (गगन): नकोदर क्षेत्र में स्कूटर छीनने की दो वारदातें हुईं, लेकिन तीसरी वारदात में उग्रवादी न केवल कुछ प्राप्त कर सके बल्कि उनमें से एक घायल हो गया तथा उन्हें छीना हुआ एक स्कूटर छोड़ कर भागना पड़ा ।

होमगार्ड का इंस्पैक्टर मक्खन सिंह कल रात्रि नकोदर से अपने गांव नूरपुर जा रहा था कि मलसियां रोड पर स्कूटर की रोशनी में तीन उग्रवादियों को देखकर अपना स्कूटर पी.बी.क्यू. 4085 छोड़कर भाग गया ।

कल सायं चार बजे यहां से लगभग चार किलोमीटर दूर गांव पिंडोरी के निकट दो अज्ञात युवकों ने बंदूक की नोक पर एक व्यक्ति अवतार सिंह का स्कूटर नम्बर पी.बी.क्यू. 5112 छीन लिया ।

Punjab Sahitya Academy

दो नवदम्पतियों सहित 10 लोगों की हत्याएं, 'जनरल व एरिया कमांडर' सहित 6 उग्रवादी मरे

भारी परिमाण में हथियार बरामद, फिरोजपुर रेंज के डी.आई.जी. बाल-बाल बचे, मृतकों में मार्क्सी वर्कर भी शामिल

चंडीगढ़, 1 मई (वार्ता, ह.स.): उग्रवादियों ने आज रात्रि पटियाला के सरहंद में दो नव-विवाहित दम्पतियों सहित 6 लोगों की हत्या कर दी । विभिन्न मुठभेड़ों में 6 आतंकवादी मारे गए जिनमें खालिस्तान लिबरेशन फोर्स का 'जनरल' महताब सिंह तथा खालिस्तान कमांडो फोर्स का स्वयं-भू एरिया कमांडर किशन सिंह भी शामिल हैं । आतंकवादियों ने मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के एक वर्कर सहित 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी । फिरोजपुर रेंज के डी.आई.जी. सर्वजीत सिंह की कार पर घात लगा कर हमला करने का प्रयास किया गया । रामपुराफूल के निकट नहर से एक लाश मिली ।

6 मरे

उग्रवादियों ने आज रात्रि पटियाला जिले में 2 जगह फायरिंग करके 6 लोगों की हत्या कर दी जिसमें दो नवविवाहित जोड़े शामिल हैं । ये दो नव-विवाहित दम्पति सरहंद नहर में पंजाब टूरिज्म के तैरते रैस्टोरैंट में मारे गए। यह 'रैस्टोरैंट' सरहंद में है । उग्रवादियों ने पहले रैस्टोरैंट पर हमला किया और स्वचालित शस्त्रों से फायरिंग करके दो नव-विवाहित दम्पतियों की हत्या कर दी । इसके बाद वहां से भागते समय उग्रवादियों ने जीता ग्राम के पास दो और लोगों की हत्या कर दी ।

पटियाला से भूषण के अनुसार उग्रवादियों ने जिन अन्य दो लोगों की हत्याएं जहां कीं,उस ग्राम का नाम भमरसी है ।

सरहंद से वर्मा के अनुसार फ्लोटिंग रैस्टोरैंट की कार पार्किंग पर तीन स्कूटर सवार उग्रवादियों ने आटोमैटिक शस्त्रों से अंधाधुंध फायरिंग करके 2 स्त्रियों सहित 4 व्यक्तियों की हत्या कर दी जबकि 7 अन्य को घायल कर दिया । मृतकों में मंडी गोबिन्दगढ़ का एक व्यक्ति विपन कुमार, उसकी धर्मपत्नी और उसका बहनोई, जो रामपुराफूल का रहने वाला था, आदि शामिल हैं । चौथे मृतक की अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी ।

घायलों में 2 बच्चे भी शामिल हैं । घायलों को मंडी गोबिन्दगढ़, फतेहगढ़ साहिब के सिविल अस्पतालों और राजेन्द्रा अस्पताल पटियाला में दाखिल करवा दिया गया है । फायरिंग के कारण कार-पार्किंग में खड़ी कारों के शीशे टूट गए ।

बताया जाता है कि सभी मृतक और घायल उस समय रैस्टोरैंट में से खाना खाकर अभी बाहर निकले ही थे कि उग्रवादियों ने फायरिंग करनी शुरू कर दी ।

आतंकवादी मरा

फिरोजपुर (धीमान): आज प्रातः इस जिला के थाना मल्लांवाला के अंतर्गत गांव मुट्ठियांवाली में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया जबकि उसके दो साथी भाग गए । इस मुठभेड़ में गोली लगने से एक ग्रामीण घायल हो गया, जिसे अस्पताल में दाखिल कराया गया । यह मुठभेड़ जो कि भीषणतम बताई जाती है, डेढ़ घंटा जारी रही ।

बागी के अनुसार मुट्ठियांवाली में मारा गया आतंकवादी खालिस्तान लिबरेशन फोर्स का स्वयंभू जनरल महताब सिंह था । घटना की जानकारी देते हुए एस.पी. आप्रेशन श्री हरभजन चांद ने बताया कि बी.एस.एफ. तथा पंजाब पुलिस की एक संयुक्त पार्टी ने सुबह 5 बजे गांव में उग्रवादियों के कुख्यात आश्रयदाता तथा हथियारों के तस्कर भगवंत सिंह के घर पर छापा मारा । उग्रवादियों ने छापा मार दल को देख कर फायरिंग शुरू कर दी । सुरक्षा बलों ने भी जवाबी फायरिंग की । इसी बीच उग्रवादी पाकिस्तान की सीमा की ओर दौड़े । सुरक्षा बलों ने भी उनका पीछा किया । जब फायरिंग बंद हुई तो 'जनरल' महताब सिंह की लाश पड़ी मिली । क्षेत्र की तलाशी लेने पर 2 ए.के. 47 चीनी राइफलें, 4 मैगज़ीन, 6 सौ कारामद गोलियां, एक 455 बोर का सर्विस रिवाल्वर कारतूसों सहित महताब सिंह की लाश के निकट मिला । खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के 'जनरल' पिपल सिंह तथा महताब सिंह की रबड़ की मोहरें और के.एल.एफ. के लैटर पैड, जिन पर धन ऐंठने के लिए धमकी भरे पत्र लिखे थे, भी बरामद हुए । पुलिस ने भगवंत सिंह के घर से दो घोड़े भी बरामद किए, जिन्हें हथियारों की तस्करी के लिए विशेष रूप से प्रशिक्षित किया गया था । 'जनरल' महताब सिंह का मारा जाना सुरक्षा बलों की बहुत बड़ी उपलब्धि है ।

डी.आई.जी. बाल-बाल बचे

गत रात फिरोजपुर और मोगा के मध्य एक रेलवे क्रासिंग के निकट फिरोजपुर रेंज के डी.आई.जी. पुलिस श्री सर्वजीत सिंह की कार पर आतंकवादियों ने घात लगा कर हमला किया लेकिन वह बाल-बाल बच गए । डी.आई.जी. के साथ चल रही एस्कार्ट पार्टी ने जवाबी फायरिंग की तथापि एस्कार्ट कार के ड्राइवर को मामूली जख्म आए ।

'एरिया कमांडर' मरा

फरीदकोट (वार्ता): खालिस्तान कमांडो फोर्स का एरिया कमांडर कुख्यात आतंकवादी किशन सिंह आज प्रातः जिला फरीदकोट के गांव बुट्टर कला में सी.आर.पी. के साथ एक मुठभेड़ में मारा गया । उसके चार साथी भाग निकले । मारे गए आतंकवादी से एक विदेशी रिवाल्वर, 7 कारतूस तथा 6 खाली कारतूस मिले । पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि किशन सिंह कम से कम 10 हत्याओं में वांछित था ।

नहर से लाश मिली

रामपुराफूल (सरस्वती): पुलिस ने भुच्चो मंडी से कुछ किलोमीटर दूर मौजा लहरा मुहब्बत के निकट एक नहर से एक व्यक्ति की लाश बरामद की है, जिस पर गोलियों के कई निशान हैं । यह लाश निकटवर्ती गांव ढड्डे के एक व्यक्ति सीता राम बाजीगर की है । सीता राम एक स्थानीय प्राइवेट फर्म का ड्राइवर था । पुलिस लाश को पोस्टमार्टम के लिए भटिंडा सिविल अस्पताल ले गई है ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 28 अप्रैल को सीता राम अपनी जीप जी.टी. रोड पर स्थित एक वर्कशाप पर मुरम्मत करा रहा था । वहां दो उग्रवादी आए और उन्होंने सीता राम से कहा कि वह उन्हें जीप पर एक जगह छोड़ आए ।

वह जीप में बैठ कर मौजा लहरा मुहब्बत की ओर चले गए । गांव में पहुंच कर उग्रवादियों ने सीता राम को नहर से पानी लाने के लिए कहा । जब वह वहां गया तो उग्रवादियों ने उस पर फायरिंग करके उसे वहीं ढेर कर दिया ।

2 उग्रवादी मारे गए

फगवाड़ा (खोसला, कौड़ा): गत आधी रात के बाद यहां से 18 किलोमीटर दूर गांव वघाना के निकट सुरक्षा बलों व आतंकवादियों के एक चार सदस्यीय गिरोह के साथ मुठभेड़ में 2 उग्रवादी मौके पर ही मारे गए जबकि उनके दूसरे 2 साथी भाग निकलने में सफल हो गए । प्राप्त जानकारी अनुसार रात लगभग एक बजे केंद्रीय आरक्षी बल (सी.आर.पी.) के एक गश्ती दल ने चार उग्रवादियों को देख कर ललकारा जिस पर उग्रवादियों ने सुरक्षा बलों पर फायरिंग कर दी । जवाब में सुरक्षा बलों ने भारी फायरिंग की । पता चला है कि दोनों तरफ से फायरिंग का आदान-प्रदान लगभग आधा घंटा जारी रहा । फायरिंग में दो उग्रवादियों की मौके पर ही मौत हो गई । फायरिंग के बाद घटनास्थल से सुरक्षा बलों को 12 बोर का एक पिस्तौल व एक 315 बोर की राइफल व 19 रुपए की नकदी बरामद हुई । पुलिस व सुरक्षा बलों ने भाग गए उग्रवादियों की खोज में अनेक स्थानों पर छापे मारे व वायरलैस द्वारा निकटवर्ती स्थानों पर नाकाबंदी के संदेश दिए । सदर पुलिस ने इस संदर्भ में विधिवत केस दर्ज कर लिया है । पूरे क्षेत्र में तलाशी व छापामार अभियान आरम्भ किया गया है ।

मारे गए 2 उग्रवादियों में से एक की शिनाख्त हो गई है । वह चंद्र मोहन उर्फ छोटे पुत्र साधु राम ब्राह्मण है तथा थाना माहिलपुर जिला होशियारपुर के एक गांव का है । यह जनवरी में थाना बंगा की हवालात से फरार हो गया था । वह थाना सदर फगवाड़ा में भी लूटमार तथा डकैती के केसों में वांछित था ।

स्कूटर, रिवाल्वर छीना

कपूरथला (शर्मा): थाना सदर कपूरथला के गांव खुसरोपुर के निकट गत शाम रिवाल्वर से लैस दो उग्रवादियों ने एक व्यक्ति शशिकांत से उसका स्कूटर बजाज सुपर नम्बर पी.बी.के. 6078 छीन लिया तथा उसी स्कूटर पर भाग गए । आज प्रातः 6.30 बजे तीन सशस्त्र उग्रवादियों ने इसी थाने के मौजा इब्बन में सरपंच गुरमीत सिंह के घर में घुस कर उसका लाइसैंसी रिवाल्वर तथा 20 कारतूस छीन लिए । उग्रवादी पैदल आए और पैदल ही चले गए । पुलिस ने दोनों केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी ।

मोटर साइकल छीना

जालन्धर (ह.स.): जिला जालन्धर के थाना नूरमहल के गांव गुमटाला के निकट हरि किशन से उसका हीरो होंडा मोटर साइकल पी.यू.बी. 881 दो सशस्त्र युवकों ने छीन लिया ।

पैट्रोल पम्प लूटा

गत रात नकोदर के निकट उग्रवादी एक पैट्रोल पम्प से 577 रुपए लूट कर भाग गए ।

सरपंच से बंदूक छीनी

एक अन्य घटना में नकोदर थाना क्षेत्र के गांव बिल्ला नवाब खां के सरपंच नरेंद्र सिंह से उसकी दुनाली बंदूक व 15 कारतूस छीने गए ।

ढड्डा में 1 मरा

लुधियाना (वार्ता): लुधियाना जिला में गत रात ग्राम ढड्डा के निकट पुलिस ने एक गश्ती दल के साथ हुई मुठभेड़ में भी 3 आतंकवादियों में से एक मारा गया । यह मुठभेड़ तब हुई जब आतंकवादियों ने एक पुलिस दल पर हमला कर दिया । आतंकवादी के शव के पास एक चीनी राइफल जिस पर खालिस्तान कमांडो फोर्स का चिन्ह अंकित था, एक मैगज़ीन व 30 कारतूस बरामद हुए ।

मार्क्सवादी वर्कर की हत्या

अमृतसर (वि.प्र.): अमृतसर जिले के तरनतारन थानांतर्गत खालड़ा क्षेत्र में कल रात आतंकवादियों ने मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्त्ता सुच्चा सिंह की हत्या कर दी ।

सुल्तानविंड में आतंकवादी मरा

जिला के सुल्तानविंड क्षेत्र में आज तड़के सुरक्षा बलों की एक गश्ती टुकड़ी के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया । उसके पास से चीन निर्मित ए.के. 47 राइफल व कुछ कारतूस बरामद हुए ।

मां-बेटी की हत्या

बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में श्री हरगोबिंदपुर क्षेत्र में स्थित गांव भोमेबोझे में गत रात्रि 10-12 अज्ञात लोगों ने एक घर में घुस कर सो रहीं एक मां-बेटी की हत्या कर दी । एस.एस.पी. श्री

(शेष पृष्ठ 10 पर)

कर्मचारी को रिटायरमैंट वाले दिन भविष्यनिधि की रकम देने बारे पग उठाए जाएंगे : टाइटलर

शिमला, 1 मई (वार्ता, ख.): केंद्रीय श्रम राज्यमंत्री श्री जगदीश टाइटलर ने कहा है कि औद्योगिक विवाद कानून में संशोधन के लिए एक बिल संसद के चालू सत्र में पेश किया जाएगा । उन्होंने पत्रकारों के साथ बातचीत करते हुए कहा कि बिल में श्रमिक संघों में अधिक अनुशासन रखने तथा केवल बहुमत वाले श्रमिक संघ और मैनेजमैंट के बीच समझौते का प्रावधान किया जाएगा ।

केंद्रीय मंत्री ने घोषणा की कि ई.एस.आई. सुविधा के लिए वेतन सीमा 1500 रुपए से बढ़ा कर 2500 रुपए की जाएगी, परन्तु कर्मचारी के योगदान में कोई वृद्धि नहीं की जाएगी । ई.एस.आई. अस्पतालों के कोष का 'दुरुपयोग' होने की शिकायतों के दृष्टिगत उन्होंने कहा कि सरकार इन अस्पतालों का प्रबन्ध अपने हाथ में लेने का विचार कर रही है । परीक्षण के तौर पर सरकार हिमाचल प्रदेश या उड़ीसा में एक अस्पताल का अधिग्रहण करेगी । इस परीक्षण के उत्साहवर्धक परिणाम निकलने पर केंद्र और ज्यादा ई.एस.आई. अस्पतालों का अधिग्रहण करेगा । इस समय राज्य सरकारें देश में 100 के करीब ई.एस.आई. अस्पतालों को चला रही हैं, जिनका 87.5 प्रतिशत

देश में अनाज भंडार की स्थिति 'संतोषप्रद', अधिक गेहूं के आयात की जरूरत नहीं : सुखराम

Punjabi Sahat.com

और अढ़ाई सौ रुपए प्रति मास मकान के किराए के रूप में दिए जाएंगे । ऐसे परिवारों को अपना

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

सुमेध सिंह सैनी ने आज यहां बताया कि मृतकों की शिनाख्त परमजीत कौर (45) और प्रसन्नजीत कौर (18) के रूप में की गई है । उन्होंने बताया कि हत्याओं ने चीनी असाल्ट राइफल ए.के. 47 का प्रयोग किया ।

इन हत्याओं की जिम्मेदारी खालिस्तान लिबरेशन फोर्स ने ली है । भागते हुए आतंकवादियों ने वहां एक पत्र छोड़ा है, जिस पर तूफान सिंह के हस्ताक्षर हैं । पुलिस ने इस सम्बन्ध में पूछताछ के लिए 6 व्यक्तियों को हिरासत में लिया है ।

बटाला में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सी.आर.पी. की एक और टुकड़ी तैनात की गई है ।

कार्बाइन सहित बंदी

बटाला पुलिस ने एक संदिग्ध आतंकवादी को गिरफ्तार करके उससे एक कार्बाइन तथा कुछ

Punjabi Sanatan

ा बाणी' के मुख्य उप सम्पादक बंत सिंह सहित 6 की हत्या, मुठभेड़ों में 2 उग्रवा

स., वार्ता): आतंकवादियों ने समूह के पंजाबी दैनिक म्पादक बंत सिंह, अकाली तथा एक दम्पति सहित 6 कि सुरक्षा बलों से मुठभेड़ों । बलाचौर व धूरी में दो ना बम कांड के एक और कारण नगर में कर्फ्यू में दी । मजीठा और फरीदकोट त्तार किए गए ।

श्री बंत सिंह 1978 में जगवाणी का प्रकाशन आरम्भ होने पर उपसम्पादक के रूप में इसके सम्पादक मंडल में शामिल हुए और बाद में इसके मुख्य उपसम्पादक बन गए । घटना के समय वह अपने दफ्तर के काम के बाद साइकल पर अपने घर जा रहे थे ।

जालन्धर रिपोर्टर्स एसोसिएशन ने बंत सिंह की हत्या की कड़ी भर्त्सना की है और इस बारे में एक शोकसभा कल डी.पी.आर.ओ. पंजाब के कार्यालय

धर के माडल हाऊस में उग्रवादियों द्वारा मारे गये प्रमुख पत्रकार बंत (नीचे) उनकी बिलखती पत्नी व अन्य परिवार जन

उपसम्पादक बनाया गया ।

कामरेड बंत सिंह रायपुरी पंजाबी के प्रमुख प्रगतिवादी कवि श्री संतोख सिंह धीर के दामाद तथा प्रसिद्ध पत्रकार स्वर्गीय बलजीत पन्नू के सांढू थे । कामरेड बंत सिंह का बड़ा लड़का 8वीं में तथा छोटा चौथी कक्षा में पढ़ता है ।

हिंद समाचार पत्र समूह से सम्बन्ध रखने वाले श्री बंत सिंह तीसरे पत्रकार हैं, जो आतंकवादियों की गोलियों का निशाना बने । इससे पहले हिंद समाचार पत्र समूह के संस्थापक सम्पादक लाला जगत नारायण की सितम्बर 1981 में हत्या कर दी गई थी, जबकि श्री रमेश चन्द्र जिन्होंने अपने पिता की हत्या के बाद हिंद समाचार पत्र समूह के प्रधान सम्पादक का कार्यभार सम्भाला था, को 12 मई 1984 को आतंकवादियों ने शहीद कर दिया था ।

हिंद समाचार पत्र समूह से सम्बन्धित कुछ अन्य स्वतंत्र पत्रकारों की भी आतंकवादियों द्वारा हत्या की जा चुकी है, जिनमें गुरदासपुर के ज्ञानी जगजीत सिंह तथा तरनतारन के श्री नरेन्द्र पाल सिंह पाल शामिल हैं । दो पत्रकारों को आतंकवादी हिंसा में अपने पुत्रों का बलिदान देना पड़ा । इनमें फिरोजपुर के पत्रकार श्री सत्यपाल बागी के सुपुत्र डा. इन्द्रजीत बागी तथा इसके खेमकरण स्थित सम्वाददाता के पुत्र शामिल हैं ।

अकाली नेता की हत्या

फिरोजपुर (धीमान): गत रात इस जिला के थाना घाल खुर्द के गांव सुलनानी में संदिग्ध आतंकवादियों ने अजमेर सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी । कहा जाता है कि मृतक अजमेर सिंह पहले अकाली दल (ल) जिला फिरोजपुर का महासचिव था तथा वह बाद में एकीकृत अकाली दल में शामिल हो गया था । बताया जाता है कि अजमेर सिंह अपने गांव जा रहा था जबकि आतंकवादियों ने उसे घेर लिया और उसपर गोलियों की बौछार कर दी । इस हमले में ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल का प्रयोग किया गया ।

कनतोड़ के अनुसार फिरोजपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजपुर श्री अनिल कौशिक ने बताया कि अप्रैल माह में भारत पाक सीमा पर अवैध रूप से घुसपैठ करने वालों के साथ सात मुठभेड़ें हुईं जिनमें आठ घुसपैठिये मारे गए । इनमें से चार भारतीय व चार पाकिस्तानी नागरिक थे ।

बिल्लू बकरियां वाला मारा गया

फरीदकोट (शाम, मित्तल): फिरोजपुर रेंज के डी.आई.जी. श्री सर्वजीत सिंह पर डगरू रेलवे क्रासिंग के निकट कुछ दिन पूर्व फायरिंग करने वाला स्वयंभू एरिया कमांडर बिल्लू बकरियांवाला निवासी गांव चंदपुराना, जिला फरीदकोट, गत रात पुलिस और सुरक्षा बलों से बाघापुराना के निकट हुए मुकाबले के दौरान मारा गया जबकि उसका एक साथी फरार होने में सफल हो गया ।

फरीदकोट के जिला पुलिस प्रमुख श्री गोविन्द राम ने पत्रकारों को बताया कि यह उग्रवादी 'खालिस्तान लिबरेशन आर्गेनाइजेशन' के दुर्दान्त उग्रवादी हुसना सिंह का जूनियर था । मृत उग्रवादी के कब्जे से ए.के. 47 असाल्ट राइफल के 4 भरे हुए मैगजीन, 455 बोर का एक रिवाल्वर, दो दर्जन कारतूस और मुठभेड़ से लगभग तीन घंटे पूर्व बाघापुराना क्षेत्र से छीना हुआ स्कूटर बरामद हुआ ।

मृत उग्रवादी हत्या के दो दर्जन और डकैतियों की लगभग एक दर्जन वारदातों में जिला फरीदकोट, फिरोजपुर और भटिंडा पुलिस को वांछित था । पुलिस प्रमुख ने बताया कि फरार उग्रवादी हुसना सिंह था जिसकी तलाश में पुलिस पार्टियां भेज दी गई हैं । श्री गोविंद राम ने बताया कि गत एक सप्ताह के दौरान सुरक्षा बलों ने मडबाला के निकट एक ट्रैक्टर जिस पर जाली नम्बर लिखा हुआ था, पर सवार खालिस्तान कमांडो फोर्स के 6 उग्रवादियों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया, गिरफ्तार उग्रवादियों की शिनाख्त इस प्रकार की गई है–

जस्मैल सिंह उर्फ जैला (मुक्तसर), चरणजीत सिंह उर्फ काला और मुख्तियार सिंह (दोनों अमृतसर), झल्ल सिंह और बलविंदर सिंह (मुक्तसर) तथा जसकरण सिंह उर्फ भोला (फिरोजपुर) । इनके कब्जे से पुलिस व सुरक्षा बलों ने एक थामसन सब मशीनगन, एक ए.के. 47 असाल्ट राइफल, एक 38 बोर का पाकिस्तानी रिवाल्वर, दो 12 बोर की बंदूकें, तीन किलो हाई पावर डिस्फोटक (पाकिस्तान निर्मित), एक पिस्तौल और लगभग साढ़े तीन सौ जीवित व खाली कारतूस बरामद किए ।

पूछताछ के दौरान उन्होंने स्वीकार किया कि चरणजीत सिंह उर्फ काला प्राय: पाकिस्तान गोली सिक्का लेने जाया करता था । पकड़ा गया गोली सिक्का 'खालिस्तान कमांडो फोर्स' के स्वयंभू लैफ्टिनैंट जनरल सुखदेव सिंह झामका के निर्देश पर इस जिले में वारदातें करने के लिए भेजा गया था । उन्होंने गांव आसाबट्टर में बैंक मैनेजर कृष्ण लाल की हत्या व लूट, गांव खारा में ठेके के एक कर्मचारी राम लखन की हत्या और गांव सरायेनागा के निकट एक बैंक की वैन पर भी फायरिंग करना स्वीकार किया ।

वृद्ध किसान की हत्या

भटिंडा (गोबर): कल इस जिला में मौड़कलां गांव में एक किसान बग्गा सिंह की हत्या कर दी गई । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है लेकिन कोई गिरफ्तारी नहीं की गई ।

शव मिला

धूरी (सिंगला): थाना मालेरकोटला के अन्तर्गत गांव रड़वां में लसाड़ा नाले के निकट एक प्रवासी श्रमिक का शव पड़ा मिला । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

मैजिस्ट्रेट को धमकियां

जुडीशियल मैजिस्ट्रेट बरनाला श्री भगवान सिंह को तथाकथित खालिस्तान कमांडो फोर्स की ओर से एक धमकी भरा पत्र मिला है जिसमें कहा गया है कि सिख युवकों के विरुद्ध केस 15 मई तक खारिज किए जाएं अन्यथा उनके समूचे परिवार को खत्म कर दिया जाएगा । पत्र पर भाई लाभ सिंह का नाम अंकित है ।

ठेकेदारों को धमकी

बरनाला (सिंघवानी): उग्रवादी संगठन खालिस्तान लिबरेशन आर्गेनाइजेशन (के.एल.ओ.) ने धमकी दी है कि दरबार साहब के निकट हुई फायरिंग का बदला लिया जाएगा । एक पत्र में संगठन ने भटिंडा के ए.एस.आई. के पिता की हत्या की जिम्मेदारी ली है और उक्त पुलिस अधिकारी पर कई आरोप लगाए गए हैं । शराब के ठेकेदारों को भी यह धंधा बंद करने की चेतावनी दी गई है ।

नहर में लाश

बलाचौर (जोशी): यहां से दस किलो मीटर दूर काठगढ़ मोड़ के निकट बिस्त दोआब नहर में एक लाश मिली । पुलिस ने लाश को पोस्ट मार्टम के लिए गढ़शंकर सिविल अस्पताल भेजा गया । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

स्कूटर छीना

बलाचौर के निकट एक व्यक्ति सुरेन्द्र कुमार से उसका स्कूटर छीन लिया गया ।

सरहाली मंडी में आतंकवादी मरा

अमृतसर (वि.प्र.): सरहाली थानान्तर्गत सरहाली मंडी गांव के निकट कल रात सुरक्षा बलों के साथ एक मुठभेड़ में एक संदिग्ध आतंकवादी राणा सिंह पुत्र मस्सन सिंह मारा गया । आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों के एक गश्ती दल पर घात लगाकर हमला करने की कोशिश की थी । पुलिस के अनुसार घटना में सुरक्षा कर्मियों को चोट नहीं आई ।

6 गिरफ्तार

आज मजीठा पुलिस जिला में 6 आतंकवादी व उनके शरणदाता गिरफ्तार किए गए तथा उनसे काफी मात्रा में हथियार आदि बरामद हुए । एस.एस.पी. श्री राजेन्द्र सिंह ने कहा कि गिरफ्तार किए गए आतंकवादी भिंडरांवाले टाइगर फोर्स आफ खालिस्तान से सम्बन्धित हैं । ब्यास पुलिस ने अमरजीत सिंह, देवेन्द्र सिंह तथा सुखविंदर के आतंकवादी गिरोह को गिरफ्तार किया व उनसे एक 12 बोर की बंदूक, एक देसी पिस्तौल व कुछ गोली-सिक्का मिला ।

यह गिरोह गांव दूल्लोके में सी.आई.डी. पुलिस प्रमुख श्री सुमेध पत्रकारों को बताया हरगोबिन्दपुर के गांव बी.एस.एफ. व पुलिस संदिग्ध युवक दिलबाग छिपे दो खतरनाक आ तूफान सिंह तूफान और अंधेरे का फायदा उठा दोनों खालिस्तान लिबरे

श्री सैनी ने बताया पर कुछ खतरनाक आ पर सीमा सुरक्षा बल लिया । डेरा के अन्द हथगोला सुरक्षा बलों लेकर सुरक्षा बलों ने परिणामस्वरूप दिलबा

श्री सैनी ने कहा कि निकट से पुलिस को ए एक एच.ई. 36 का ह का हथगोला डेरे की घटनास्थल से ए.के. 4 चली हुई 58 गोलिय मृतक का है ।

श्री सैनी ने आगे युवक भी कई वारदात

थाना सदर, बटाला के गांव मनन में आतंकवादियों द्वारा मारे गये

उग्रवादियों को दरबार साहब से निकालने को सरकार द्वारा फिलहाल कार्रवाई नहीं : रिबैरो

जालन्धर, 4 मई (क): पंजाब के राज्यपाल के सलाहकार श्री जे.एफ. रिबैरो ने आज यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उग्रवाद से प्रभावित क्षेत्रों से हिन्दुओं, यहां तक कि सिख परिवारों का पलायन एक मजबूरी है और यह पलायन तब तक नहीं रुक सकता जब तक कि लोग आश्वस्त अनुभव नहीं करते कि शांति व कानून की स्थिति संतोषजनक है । साथ ही उन्होंने यह बात दोहराई कि सरकार उग्रवादियों से लोगों के जीवन आदि को खतरा कम से कम करने के सभी उपाय कर रही है । उन्होंने स्वीकार किया कि गुरदासपुर व अमृतसर जिलों विशेषकर इनके ग्रामीण क्षेत्रों में उग्रवादी खतरा इतना बना है कि वहां लोगों का जीना दूभर है ।

श्री रिबैरो, जो सलाहकार का पद सम्भालने के बाद पहली बार यहां आए थे, ने एक प्रश्न के उत्तर

अनुसार कोई प्रमुख उग्रवादी नेता स्वर्ण मंदिर में नहीं ठहरा हुआ ।

यह पूछे जाने पर कि अकाल तख्त के जत्थेदार परिसर में अपना नियंत्रण कबतक स्थापित करेंगे क्या इस बारे में सरकार के दिमाग में कोई समय सीमा है, श्री रिबैरो ने कहा कि यह स्थिति पर निर्भर करता है ।

इस प्रश्न, कि क्या किसी राजनीतिक दल का उग्रवादियों के पीछे हाथ है, के उत्तर में श्री रिबैरो ने कहा कि वे ऐसा नहीं समझते बल्कि उग्रवादी तो सभी राजनीतिक दलों को टिच समझते हैं और सभी दल भी उन्हें समझाने आदि में स्वयं को पूरी तरह असमर्थ एवं अक्षम समझते हैं ।

दरबार साहिब के इर्द-गिर्द पुलिसकर्मी के तैनात

र की रात्रि को जालंधर के माडल हाऊस में उग्रवादियों द्वारा मारे गये प्रमुख पत्रकार बंत (ऊपर) का शव तथा (नीचे) उनकी बिलखती पत्नी व अन्य परिवार जन (इनसैट में) बंत ी साइकिल (छाया : कपूर)

र की हत्या

व रात्रि जालन्धर में हिन्द समाचार पत्र
के पंजाबी दैनिक जगबाणी के मुख्य
ादक श्री बन्त सिंह की उग्रवादियों ने उनके
माडल हाऊस के पास गोलियां मार कर
र दी ।

त समाचारों के अनुसार शाम पौने नौ बजे
ड्यूटी करके जाने के बाद माडल हाऊस
के निकट अज्ञात सशस्त्र व्यक्तियों ने श्री
को गोली मार दी जिससे उनकी घटनास्थल
त्यु हो गई । वे लगभग 42 वर्ष के थे ।
सिंह अपने पीछे अपनी विधवा तथा दो बेटे
ड़े हैं । वेपंजाबी के विख्यात प्रगतिवादी कवि
ा सिंह धीर के दामाद थे ।

मरेड बंत सिंह रात लगभग सवा नौ बजे जब
र जाते हुए न्यू माडल हाऊस का पहला मोड़
ाली के शुरू में ही अज्ञात आतंकवादियों ने,
संख्या के बारे में अभी तक पता नहीं चल
ात लगाकर उन पर अंधाधुंध गोलियों की
कर दी । एक गोली उनके माथे पर तथा
र गोलियां सिर के पिछले भाग में लगीं
परिणामस्वरूप उनकी घटनास्थल पर ही
गई ।

ाया जाता है कि आतंकवादियों ने चीनी ए.के.
ाल्ट राइफलों से फायरिंग की ।

में प्रातः 9.30 बजे बुलाई है । यह जानकारी महासचिव गुरमीत सिंह ने दी ।

कामरेड बंत सिंह का जन्म जिला भटिंडा के एक अत्यन्त पिछड़े हुए गांव रायपुर में हुआ । बचपन से ही वह क्रांतिकारी स्वभाव के थे । स्कूली शिक्षा समाप्त करके वह राजनीति में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने लगे । भारतीय-कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सी) के नेता कामरेड जगजीत सिंह लायलपुरी के प्रभावाधीन आकर वह मार्क्सी पार्टी में काम करने लगे लेकिन 1967 में चले नक्सलबादी आंदोलन से प्रभावित होकर उन्होंने सी.पी.आई. (एम.एल.) की गतिविधियों में भाग लेना शुरू कर दिया । इस बीच उन्हें जेल यात्रा भी करनी पड़ी और पुलिस की यातनाएं झेलीं लेकिन जीवन की अन्तिम सांस तक वह अपनी पार्टी-लाईन पर अडिग कदमों से चलते रहे ।

1968 में ही उन्होंने पत्रकारिता के क्षेत्र में पदार्पण किया । पहले रोजाना लोक लहर में काम करते रहे और उसके बाद वह रोजाना 'नवां जमाना' में कई वर्षों तक सेवारत रहे । यहीं उन्होंने क्रियात्मक रूप से कामरेड सुरजन सिंह जीरवी के पत्रकारिता की शिक्षा ली । 1978 में दैनिक 'जगबाणी' का प्रकाशन आरम्भ हुआ तो पहले वह उप-सम्पादक बने तथा 1982 में उन्हें मुख्य

क्षेत्रों से हिन्दुओं, यहां तक कि सिख परिवारों का पलायन एक मंजबूरी है और यह पलायन तब तक नहीं रुक सकता जब तक कि लोग आश्वस्त अनुभव नहीं करते कि शांति व कानून की स्थिति संतोषजनक है । साथ ही उन्होंने यह बात दोहराई कि सरकार उग्रवादियों से लोगों के जीवन आदि को खतरा कम से कम करने के सभी उपाय कर रही है । उन्होंने स्वीकार किया कि गुरदासपुर व अमृतसर जिलों विशेष कर इनके ग्रामीण क्षेत्रों में उग्रवादी खतरा इतना बना है कि वहां लोगों का जीना दूभर है ।

श्री रिबैरो, जो सलाहकार का पद सम्भालने के बाद पहली बार यहां आए थे, ने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि उग्रवाद व अलगाववाद के विरुद्ध लड़ाई सख्त व लम्बी है और वे यह नहीं कह सकते कि यह कब तक चलेगी किंतु वे देश वासियों को विश्वास दिलाते हैं कि सरकार तथा सुरक्षा बल उग्रवाद की समाप्ति तक लड़ाई जारी रखने को कृत संकल्प है चाहे उसके लिए जवानों व अधिकारियों को कितना ही बलिदान क्यों न देना पड़े ।

उग्रवादियों द्वारा दरबार साहिब में आश्रय लेने तथा उसका एक अड्डे के रूप में दुरुपयोग करने बारे प्रश्नों के उत्तर में श्री रिबैरो ने कहा कि बद्यपि देश में कोई ऐसा स्थान नहीं जो कानून के दायरे से बाहर हो किन्तु अभी सरकार की कोई ऐसी योजना नहीं कि वह दरबार साहिब में मौजूद उग्रवादियों व समाज विरोधी तत्वों को निकालने के लिए कोई कार्रवाई करे । सरकार नहीं चाहती कि दरबार साहिब में प्रवेश के कारण कोई और उलझनें पैदा हों । परिस्थितियों की कुछ सीमाएं हैं, जिनको देख कर चलना जरूरी है ।

उन्होंने साथ ही कहा कि वास्तव में स्वर्ण मंदिर की पवित्रता बनाए रखना या भंग हुई पवित्रता को बहाल करना यह सिख संगत तथा अकाल तख्त के जत्थेदार आदि की बुनियादी जिम्मेदारी है और भाई जसबीर सिंह रोडे परिसर को समाज विरोधी तत्वों से साफ करने का प्रयास कर भी रहे हैं यद्यपि कुछ उग्रवादी तत्व इस कोशिश का विरोध कर रहे हैं । उन्होंने कहा कि सरकार स्थिति पर नजर रखे हुए है क्योंकि वह अनावश्यक हस्तक्षेप नहीं करना

पंजाब के राज्यपाल के सलाहकार श्री जे.एफ. रिबैरो बुधवार को जालंधर में सिविल और अर्द्ध सैनिक बलों के अधिकारियों की एक संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए । (छाया : कपूर)

चाहती ।

इस प्रश्न के उत्तर में कि यदि उग्रवादी गुटों में कल को स्वर्ण मंदिर के अंदर आपसी टकराव हो जाए तो भी क्या सुरक्षा बल वहां प्रवेश नहीं करेंगे, श्री रिबैरो ने कहा कि मृतकों को उठाने के लिए तो वहां जाना ही पड़ेगा । उन्होंने कहा कि सरकार की कार्रवाई स्थिति पर निर्भर करेगी । उन्होंने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि सरकार के जानकारी

प्रधानमंत्री व उनके निकटतम कुटुम्ब की सुरक्षा के लिये विशेष ग्रुप गठित होगा

नई दिल्ली, 4 मई: प्रधानमंत्री तथा उनके निकटतम कुटुम्ब के सदस्यों की सुरक्षा के लिए विशेष सुरक्षा ग्रुप के गठन तथा नियमन का विधेयक आज लोकसभा में पेश किया गया । गृह राज्यमंत्री पी. चिदम्बरम ने यह विधेयक पेश किया । इसके वित्तीय ज्ञापन में बताया गया है कि पहले ही गठित किए जा चुके इस विशेष सुरक्षा बल पर वर्ष 1987-88 के दौरान 4,68,21,570 रुपए आवर्ती खर्च हुआ था । विधेयक में बताया गया है कि इस बल पर कोई अनावर्ती अतिरिक्त खर्च की सम्भावना नहीं है ।

विधेयक के उद्देश्य और कारणों की जानकारी देते हुए श्री चिदम्बरम ने बताया कि प्रधानमंत्री और उनके निकटतम कुटुम्ब की अधिकतम सुरक्षा के लिए विशेष सुरक्षा ग्रुप, मंत्रिमंडल सचिवालय के अधीन अप्रैल 1985 में बनाया गया था । नए विधेयक के तहत इसे एक केंद्रीय सशस्त्र बल के रूप में गठित किया जाएगा । विधेयक में इस बल के सदस्यों की सेवा शर्तें निर्धारित की जाएंगी । विधेयक में बल में अनुशासन कायम रखने तथा इसके नियन्त्रण सम्बन्धी प्रावधान किए गए हैं । कुछ प्रावधान इस बल के सदस्यों के मूल अधिकारों के बारे में भी हैं ।

विधेयक में कहा गया है कि पिछले कुछ वर्षों के दौरान आतंकवाद का खतरा देश के विभिन्न भागों और विदेश में खतरनाक मोड़ ले रहा है । आतंकवादियों का उद्देश्य सरकार को भयभीत करने के लिए हत्याएं, आगजनी, लूटपाट और अन्य जघन्य अपराध करना तथा जनता के प्रमुख सदस्यों तथा सरकार में शामिल लोगों की चुन-चुन कर हत्या करके निर्वाचित सरकार को अस्थिर बनाना है । गत तीन वर्षों में वर्तमान प्रधानमंत्री का जीवन समाप्त करने की अनेक धमकियां दी गई हैं । विधेयक में प्रावधान है कि विशेष सुरक्षा ग्रुप पर केंद्र सरकार का नियंत्रण होगा तथा यह एक निदेशक के अधीन काम करेगा । जरूरत पड़ने पर ग्रुप के सदस्य देश के किसी भी भाग अथवा विदेशों में काम करेंगे ।

नैशनल कौंसिल आफ खालिस्तान, दल खालसा पर रोक लगी

नई दिल्ली, 4 मई (वार्ता): केन्द्र सरकार ने नैशनल कौंसिल आफ खालिस्तान तथा दल खालसा को गैर-कानूनी गतिविधि (निवारण) कानून के अन्तर्गत गैर-कानूनी संगठन घोषित कर उन पर रोक लगा दी है । यह आदेश तत्काल लागू हो गए

भविष्य निधि पर मासिक ब्याज दिया जाए

नई दिल्ली, 4 मई (वार्ता): अधीनस्थ विधायी समिति ने सिफारिश की है कि कर्मचारियों की भविष्य निधि पर ब्याज वार्षिक के स्थान पर मासिक आधार पर दिया जाए । समिति ने इसके लिए 1952 के भविष्य निधि योजना कानून में संशोधन की सिफारिश की है । समिति की उन्नीसवीं रिपोर्ट में अध्यक्ष जैनुल बशर ने कहा है कि यह दयनीय स्थिति है कि सरकार मानती है कि भविष्य निधि पर ब्याज देने की सरकार की पद्धति अधिक तर्कसंगत है लेकिन इसके बावजूद यह पद्धति प्रशासनिक कारणों से कर्मचारी भविष्य निधि संगठन पर लागू नहीं की गई । यह रिपोर्ट आज लोकसभा में पेश की गई ।

यह पूछे जाने पर कि अकाल तख्त के जत्थेदार परिसर में अपना नियंत्रण कबतक स्थापित करेंगे क्या इस बारे में सरकार के दिमाग में कोई समय सीमा है, श्री रिबैरो ने कहा कि यह स्थिति पर निर्भर करता है ।

इस प्रश्न, कि क्या किसी राजनीतिक दल का उग्रवादियों के पीछे हाथ है, के उत्तर में श्री रिबैरो ने कहा कि वे ऐसा नहीं समझते बल्कि उग्रवादी तो सभी राजनीतिक दलों को टिच समझते हैं और सभी दल भी उन्हें समझाने आदि में स्वयं को पूरी तरह असमर्थ एवं अक्षम समझते हैं ।

दरबार साहिब के इर्द-गिर्द गलियारे के निर्माण की बात का खंडन करते हुए श्री रिबैरो ने कहा कि यह तो उसके आसपास को साफ-सुथरा व सुन्दर बनाने की योजना है और इससे जो लोग प्रभावित होंगे, उन्हें संबंधित नोटिफिकेशन के अनुसार रिलीफ दी जाएगी ।

एक अन्य प्रश्न के उत्तर में श्री रिबैरो ने कहा कि जब लोग अनुभव करने लग जाएंगे कि उग्रवादी तो स्वर्ण मंदिर की पवित्रता भंग न करने के आदेश भी मानने को तैयार नहीं और खालिस्तान की मांग को लेकर निर्दोष व्यक्तियों की हत्याएं करके बहुत बुरा कर रहे हैं तब उग्रवादी अलग-थलग पड़ जाएंगे और उन्हें उनके विरुद्ध की गई कड़ी कार्रवाई पर लोगों की हमदर्दी उपलब्ध न हो पाएगी ।

श्री रिबैरो ने बताया कि इससे पूर्व उन्होंने गृह, ट्रांसपोर्ट व पी.डब्ल्यू.डी. विभागों के उच्च अधिकारियों की अलग-अलग बैठकों में भाग लिया और इन विभागों की कार्य शैली तथा समस्याओं को जाना ।

गृह विभाग के अधिकारियों की बैठक में डी.आई.जी. जालन्धर श्री ए.ए. सिद्दीकी, डिप्टी कमिश्नर जालन्धर श्री सुधीर मित्तल, एस.एस.पी. श्री इब्राहार आलम, पुलिस अधीक्षकों व जिले के उपपुलिस अधीक्षकों, सुरक्षा बलों के कमांडैंट, सभी एस.डी.एम. तथा जालन्धर स्थित एडीशनल मैजिस्ट्रेट शामिल हुए और शांति व कानून की स्थिति का मंथन किया और श्री रिबैरो ने किए जा रहे उपायों में सुधार बारे निर्देश दिए ।



थाना सदर, बटाला के गांव मनन में आतंकवादियों द्वारा मारे गये (1) दर्शन सिंह और पत्नी, (2) सिन्दर कौर, (3) खून से लतपथ वे चारपाइयां जिन पर पति-पत्नी की हत्या गई, (4) थाना श्री हरगोबिन्दपुर के गांव बोलेवाल में बी.एस.एफ. के साथ मुठभेड़ में मारा संदिग्ध युवक और एक खतरनाक आतंकवादी का भाई दिलबाग सिंह । (छाया : व

कांस्टेबल जसबीर सिंह, गांव सतकोहा में दलबीर सिंह, जमालपुर में रिटायर्ड ए.एस.आई. बहादर सिंह तथा गांव शेरोवाल में एक ग्रंथी सहित कई हत्याओं में संलिप्त था । गिरोह ने अपने एक साथी बीरा की भी तीन मास पहले हत्या कर दी थी, जब बीरा ने देवेन्द्र सिंह तथा सुखविंदर की बहनों की इज्जत लूटने की कोशिश की थी । यह जानकारी गिरफ्तार किए गए आतंकवादियों से पूछताछ के दौरान प्राप्त हुई । लोगोंके पुलिस ने बी.टी.एफ. के दिलबाग सिंह व तारा सिंह को गिरफ्तार किया । पुलिस ने एक कुख्यात तस्कर व आतंकवादी सुखदेव सिंह को भी गिरफ्तार किया, जो कि आतंकवादियों के लिए हथियारों की तस्करी करता था ।

स्त्री घायल

अमृतसर जिले के परागपुरा गांव में कल रात ट्रैक्टर पर सवार आतंकवादियों ने कुलवन्त कौर को गोली मारकर घायल कर दिया । इसके पूर्व ये आतंकवादी पाल सिंह से उसका ट्रैक्टर छीन कर भागे थे ।

खेमकरण की सूचना है कि पट्टी के मेन बाजार में तीन उग्रवादियों ने एक व्यक्ति से 8 सौ रु. नकद व घड़ी तथा आईडांटिटी कार्ड छीन लिया ।

मुठभेड़ में आतंकवादी मरा

बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला के

बार गिरफ्तार किया गया था । एक महीना पह यह जमानत पर छूट कर आया था और आज शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी का कर्म था ।

पति-पत्नी की हत्या

पुलिस थाना सदर बटाला के गांव मनन में रात दो अज्ञात लोगों ने एक घर के अन्दर घुसक रहे पति-पत्नी की दर्शन सिंह (45) व उसकी प सिन्दर कौर (40) की सोते समय हत्या कर दी एस.एस.पी. श्री सैनी ने पत्रकारों को बताया हत्यारों ने हत्या में चीनी असाल्ट राइफल ए.के. का प्रयोग किया है और हत्यारों की शिनाख्त कर गई है, सारा क्षेत्र सील करके वी.एस.एफ. व पु खोजबीन कर रही है ।

'ह.स.' के अनुसार पुलिस ने चक्री बाजार में बम धमाकों के सम्बन्ध में ठठियारा मुहल्ला के व्यक्तियों सुखविंदर सिंह तथा जसपाल सिंह आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्त करके इस कांड का सुराग लगाने का दावा किया है सूत्रों ने बताया कि इन धमाकों के लिए जिम्मेद व्यक्तियों ने बम कांड से एक दिन पहले उ व्यक्तियों के घर में रात काटी थी । बताया जाता कि इस सम्बन्ध में कछ और गिरफ्तारियां भी की हैं ।

(शेष पृष्ठ 6 प

फरीदकोट पुलिस की ओर से मंछवाला गांव में उग्रवादियों से मुठभेड़ के बाद पकड़े गए हथियार । (छाया : जिन्दल)

स्वर्णमंदिर परिसर के बाहर सी.आर.पी. द्वारा पक्का मोर्चा

जालन्धर, 4 मई (वा.): स्वर्ण मंदिर परिसर के बाहर आज इस समय तक तक सी.आर.पी. द्वारा

निरवैर सिंह तथा जागीर सिंह तार संघ

बंत सिंह की हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

ा में फिर कर्फ्यू

ज प्रात: गुरु तेग बहादर अस्पताल अमृतसर अप्रैल को यहां हुए बम विस्फोट में घायल एक महाशा मदन लाल मेहता की मृत्यु हो जाने ण और संस्कार के लिए शव यहां आने के शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए न की ओर से यहां फिर दोपहर 12 बजे से प्रात: 7 बजे तक कर्फ्यू लगा दिया उससे पहले आज पांच दिन बाद प्रात: 7 बजे कर्फ्यू समाप्त कर दिए जाने की घोषणा की ।

आह्वान

ृतसर में बम धमाकों में एक घायल महाशा ाल मेहता की मृत्यु के रोष स्वरूप आज भाजपा की ओर से बंद का आह्वान किया जिस कारण सारे शहर की दुकानें बंद रहीं । हले भी कर्फ्यू हटा लिए जाने के बाद चकरी बड़ा बाजार, सिटी रोड व आंतरिक अन्य बंद रहे क्योंकि जनता का कहना है कि जब [redacted] सुनिश्चित नहीं बनाई जाती, के आश्रितों और दुकानों की क्षति का ा प्रशासन की ओर से नहीं मिलता, शहर ा ।

अंतिम संस्कार

मदन लाल का बाद में यहां अंतिम संस दिया गया ।

लोग परेशान

अधिकारियों में आपसी तालमेल न हो ठोस व पक्का निर्णय न लिए जाने के कार प्रात: कर्फ्यू हटाए जाने के पश्चात लोगों को परेशान होना पड़ा जब स्थायी चौकियों पर गश्त कर रहे सुरक्षा बलों ने अपने कारोबार रहे लोगों व अन्य को रोकना आरम्भ कर जब लोग कहते कि कर्फ्यू हटाने का सायरन ब है तो उत्तर मिलता कि उन्हें कोई आदेश प्राप्त जानकारी के अनुसार नागरिक प्रशासन सुरक्षा बल, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस फोर्स व अधिकारियों को भरोसे में नहीं लेते जिसका लोगों को भुगतना पड़ता है ।

घायल करके लूट लिया

पठानकोट (गुप्ता): पठानकोट में गत रोड रेलवे फाटक के पास चार व्यक्तियों ने अटैंडैंट प्रदीप कुमार को, जो साइकल पर था खड़ा होने का इशारा करने के बाद उस पर से हमला कर दिया और उसकी जेब से 45 निकाल लिए ।

प्रदीप कुमार को सिविल अस्पताल में करवा दिया गया है । पठानकोट पुलिस ने के कर लिया है परन्तु अभी तक कोई गिरफ्तारी सकी ।

Punjabi Samaj

आतंकवादियों ने गत रात के बाद एक अमृतधारी किसान समेत 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी, बी.एस.एफ. के एक जवान को घायल कर दिया तथा फिरौती के उद्देश्य से एक लड़के का अपहरण कर लिया । जगबाणी के मुख्य उप-सम्पादक बंत सिंह की हत्या के संबंध में चार व्यक्तियों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया । फिरोजपुर जिले में उग्रवादियों से मुठभेड़ में एक एस. एस. आई. मारा गया ।

मुठभेड़ में ए. एस. आई. मरा

फिरोजपुर से कनतोड़ के अनुसार आज रात्रि थाना मल्लांवाला के ग्राम निहालालबेड़ा में उग्रवादियों व पुलिस में हुई मुठभेड़ में पुलिस का एक ए.एस. आई. श्याम सुंदर, जो फरीदकोट में तैनात था, मारा गया । श्याम सुंदर को सरकार ने बदनाम उग्रवादी वरियाम सिंह खण्यिां वाली को मार गिराने पर एक लाख रुपए ईनाम दिया था । एस.पी. आपरेशन एच. बी. चांद सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे ।

ट्रक ड्राइवर व कंडक्टर की हत्या

सामाना (वर्मा): यहां से 15 किलोमीटर दूर जिला सदर पटियाला के गांव बलवेड़ा के निकट कल रात के लगभग 10 बजे कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने ट्रक के ड्राइवर व कंडक्टर की हत्या कर दी और ट्रक समेत से लदा ट्रक लेकर फरार हो गए । प्राप्त सूचना के अनुसार सामाना की एक फर्म कुंदन राइस मिल का ट्रक नं. पी.जे.पी. 7923 सामाना से दिल्ली के लिए चावल लाद कर रवाना हुआ । गांव बलवेड़ा के पास कुछ अज्ञात आतंकवादियों ने ट्रक को रोक कर ड्राइवर को गोली मार कर मार दिया । लगभग 2 किलो मीटर आगे जाकर उन्होंने कंडक्टर को ट्रक से नीचे फैंक दिया, जिससे उसकी चोट लगने से मृत्यु हो गई । मृतक ड्राइवर का नाम लखविंदर सिंह है जबकि कंडक्टर का नाम मिड्डा सिंह है । हमलावर व्यक्ति ट्रक व उसमें लदा 150 बोरी चावल जिसकी कीमत लगभग 60 हजार रुपए बताई जाती है लेकर फरार हो गए । पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच कर जांच कर रहे हैं ।

डाके लूटे

पटियाला (भूषण): कल शाम थाना भादसों में दो देसी शराब के ठेके लूट लिए गए । तीन आतंकवादी पहले बलिया खुर्द में शराब के ठेके पर गए और सेल्जमैन से दो हजार रुपए छीन लिए । इसके बाद वे गांव बीरदल के ठेके के कर्मचारी से 1500 रुपए छीन कर फरार हो गए । थाना भादसों में केस दर्ज कर लिया गया है ।

पटियाला से भूषण के अनुसार जिलाधिकारी ने आदेश दिए हैं कि शाम को बसें चलाने से पहले ड्राइवर व बस कंडक्टर यात्रियों के बैग व ब्रीफकेस चैक किया करें और कोई भी बस बस अड्डे के अलावा अन्य कहीं नहीं रोकी जाएगी । सायं सात से प्रातः 5.30 बजे तक कोई बस नहीं चलेगी । बाजार 7.30 बजे शाम को बंद होंगे लेकिन हलवाई, ढाबे, मैडीकल स्टोर, शराब के ठेके 9 बजे बंद होंगे ।

बी.एस.एफ. जवान घायल

अमृतसर (वि.प्र.): यहां जिला मुख्यालय में मिली सूचना के अनुसार कल शाम 7.30 बजे के लगभग थाना अजनाला के गांव तलवंडी राय के निकट बी.एस.एफ. की एक पार्टी पर जो कि टैलीफोन की तारें ठीक कर रही थी, आतंकवादियों ने फायरिंग की । बी.एस.एफ. के जवानों ने भी जवाबी फायरिंग की जिस पर आतंकवादी भाग निकले । बी.एस.एफ. का एक जवान मामूली घायल हुआ ।

लड़के का अपहरण

एक और सूचना के अनुसार थाना पट्टी के गांव समरावां में 5 आतंकवादी एक व्यक्ति सोहन लाल के घर में रात के समय जबरदस्ती घुस गए और घर से एक लड़के कर्मचन्द पुत्र लेखराज को बलपूर्वक साथ ले गए । साथ ही धमकी दे गए कि यदि लड़का वापस लेना है तो एक लाख रुपए पहुंचा दो ।

हत्या की धमकी

एक अन्य सूचना के अनुसार आतंकवादियों ने धमकी दी कि यदि 7 दिन के अन्दर फिरौती की रकम न दी गई तो लड़के की हत्या कर दी जाएगी । इससे पहले दुकानदार सोहन लाल को धमकी भरे पत्र मिले थे जिनमें पैसे मांगे गए थे । अपहृत लड़के का पता लगाने के लिए सुरक्षा बलों ने निकटवती गांवों में छापे मारे लेकिन उसका कुछ पता न चला ।

चार आतंकवादी घायल

लुधियाना (ह.स.): यहां से 16 किलो मीटर दूर बद्दोवाल में पुलिस की वैन उलट जाने से चार कांस्टेबल व चार आतंकवादी घायल हो गए । बताया जाता है कि पुलिस वैन में चार आतंकवादियों को जगराओं की अदालत में पेश करने के बाद वापस लुधियाना ले जाया जा रहा था कि वैन अचानक उलट गई । घायलों को सिविल अस्पताल में दाखिल करा दिया गया ।

उग्रवादी, 4 पुलिस कर्मी बंदी

संगरूर (गोयल): आज दोपहर राक्सी सिनेमा के निकट गोशाला रोड पर एक संदिग्ध उग्रवादी ने एक टैक्सी चोरी कर ली । सूत्रों के अनुसार दोपहर 12½ बजे एक व्यक्ति टैक्सी स्टैंड से कार पी.ए.एस. 296 राजपुरा के लिए किराया पर ले गया । पुरानी ट्रक यूनियन के निकट पहुंच कर उस व्यक्ति ने टैक्सी ड्राइवर बबली को स्टीयरिंग से धक्का देकर नीचे गिराने की कोशिश की । उसके शोर मचाने पर लोग एकत्रित हो गए तथा संदिग्ध उग्रवादी भाग कर करीब के एक क्वार्टर में जा छुपा जहां चार पुलिस कर्मचारी, जो उसके साथी बताए जाते हैं, शराब पी रहे थे । पुलिस ने छापा मार कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया तथा उक्त चार पुलिस कर्मचारियों को भी हिरासत में ले लिया । पुलिस के अनुसार अभियुक्त गांव खानपुर भोगला थाना राजपुरा जिला पटियाला का साधा सिंह है, उसके विरुद्ध पुलिस ने धारा 382 के अन्तर्गत केस दर्ज किया है । पुलिस कर्मियों को इस उग्रवादी को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है ।

पाबंदियां

फिरोजपुर (बागी): फिरोजपुर के जिला मैजिस्ट्रेट श्री राकेश सिंह ने निम्नलिखित आदेश जारी किए हैं जो कि 30 जून तक लागू रहेंगे, कोई भी शस्त्र विक्रेता जिला में किसी भी बोर के दस से अधिक कारतूस नहीं बेचेगा । अन्तर्राष्ट्रीय सीमा के पांच सौ मीटर क्षेत्र में आवागमन पर पाबंदी रहेगी । सभी बसें शाम सात बजे तक अपने लक्ष्य पर पहुंच जानी चाहिएं और जिला में शाम सात बजे के बाद सशस्त्र पहरे के बगैर कोई बस नहीं चल सकेगी तथापि फिरोजपुर शहर व छावनी की सीमाओं में लोकल बसें रात नौ बजे तक बगैर प्रहरी के चल सकेंगी । रात आठ बजे से प्रातः पांच बजे तक नहरों के किनारों पर आम लोगों के घूमने पर पाबंदी रहेगी । जिला भर में रात नौ बजे के बाद सिनेमा घरों में कोई शो नहीं चलेगा । आग्नेयास्त्र लेकर चलने पर भी रोक रहेगी । रात आठ बजे से प्रातः छः बजे के बीच दोपहिया वाहन नहीं चलेंगे । सभी दुकानें 7.45 बजे शाम बंद होंगी लेकिन ढाबे, होटल, सब्जियों की दुकानें तथा कैमिस्टों की दकानें रात 9 बजे बंद होंगी तथापि अबोहर सब-डिवीजन में खाने-पीने के सामान की दकानें तथा कैमिस्टों की दुकानें रात 10 बजे बंद होंगी ।

हत्यारों को पकड़ने के लिए छापे

जालन्धर (ह.स.): पुलिस ने दैनिक जगबाणी के मुख्य उप-सम्पादक श्री बंत सिंह के हत्यारों को पकड़ने के लिए कई स्थानों पर छापे मारे । श्री बंत सिंह की कल रात ड्यूटी से घर लौटते समय गोली मार कर हत्या कर दी गई थी । कम से कम 4 व्यक्तियों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है ।

बंदूक ले गए

Punjabi Sanatan

फिर कर्फ्यू

बटाला से कोछड़ के अनुसार आज सायं 7 बजे पुन: प्रात: सात बजे तक के लिए कर्फ्यू लाग् कर दिया गया जिससे नागरिकों को कठिनाई हुई क्योंकि प्रशासन ने पहले आज प्रात: 7 बजे से कर्फ्यू समाप्त किए जाने की घोषणा की थी ।

बी.एस.एफ. के कार्य की सराहना

अलग-अलग राजनीतिक, सामाजिक व धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि व अधिकतर नागरिक स्थानीय बी.एस.एफ. द्वारा कर्फ्यू के दौरान लोगों के साथ सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार, दूध आदि की सही व्यवस्था और विस्फोटों के दिन भड़की भीड़ को नियंत्रण करने के लिए सक्रिय रहने के कारण उसकी सराहना कर रहे हैं । उल्लेखनीय है कि विस्फोट होने के पश्चात एकत्र उग्र भीड़ कुछ पंजाब पुलिस के लोगों व एक-दो प्रशासनिक अधिकारियों से भी उलझ गई थी और सिविल अस्पताल में उस समय कोई डाक्टर भी उपलब्ध नहीं था जब विस्फोटों से घायल वहां लाए गए जिस पर बी.एस.एफ. के अधिकारी तुरन्त जाकर बहुत से प्राइवेट डाक्टरों को जीपों में लेकर आए थे ।

खोखा जला दिया

'चौधरी' के अनुसार गत रात यहां गुरु नानक नगर में गुरु नानक स्कूल के सामने सत पाल नामक एक व्यक्ति के सिगरेट के खोखे को आग लगा दी गई जिससे सारा खोखा जल गया ।

3 आतंकवादी गिरफ्तार

कपूरथला (शर्मा): एस.एस.पी. श्री स्वर्ण सिंह ने बताया कि अर्धसैनिक बलों और कपूरथला पुलिस ने गत रात थाना ढिलवां के मौजा संगोजला के निकट मंड क्षेत्र में और थाना कोतवाली के मौजा ओचा के निकट नाकाबंदी करके तीन आतंकवादियों बलबीर सिंह, सोहन सिंह तथा दलबीर सिंह को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से एक 30 बोर की आटोमैटिक अमरीकी कार्बाइन, एक 315 बोर की राइफल, एक पिस्तौल 303 बोर, एक पिस्तौल 9 एम.एम. तथा 24 कारतूस बरामद किए । श्री स्वर्ण सिंह ने बताया कि आतंकवादी बलबीर सिंह तथा सोहन सिंह खूंखार उग्रवादी सुखदेव सिंह झामका के गिरोह से सम्बन्ध रखते हैं । गिरफ्तार किए गए दोनों आतंकवादी हरियांवेला वाले के भतीजे जसवीर सिंह गांव फतेहपुर सीकरी जिला होशियारपुर के गिरोह के साथ भी रहे हैं, जो कि पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारा गया था । इनसे पूछताछ की जा रही है ।

थाना कादियां के गांव टपई में आतंकवादियों के हाथों मारा गया जोध सिंह । (छाया : कोछड़)

स्कूटर छीन लिया

फगवाड़ा (राकेश): आज शाम 4 बजे के करीब गांव रुड़की में सशस्त्र व्यक्तियों द्वारा एक किसान को लूट लिया गया । बताया जाता है कि रात एक बजे के करीब गांव रुड़की थाना गोराया में 4 व्यक्ति जोकि पिस्तौलों से लैस थे, वहां के एक किसान करनैल सिंह के घर की दीवार फांद कर अंदर गए तथा करनैल को डरा कर चाबियां मांगीं कि अगर उसने चाबियां न दीं तो उसके लड़के अमरजीत को मार दिया जाएगा । उन चारों सशस्त्र व्यक्तियों ने वहां मकान से हजारों रुपए की नकदी, जेवर, कपड़े, वी.सी.आर. आदि इकट्ठे करके, परिवार के सारे सदस्यों को एक कमरे में बंद कर दिया । घर से करनैल सिंह के लड़के अमरजीत सिंह का स्कूटर उठा कर 4 में से दो व्यक्ति सारा सामान लेकर चले गए तथा 2 घर पर रहे लेकिन थोड़ी देर बाद ही वे घर का सामान कहीं छोड़ कर वापस आ गए तथा स्कूटर छोड़ कर चारों लुटेरे पैदल ही भाग गए ।

बंत सिंह की हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

पंजाब हिन्दू शिव सेना अध्यक्ष प्रो. रमाकांत जलोटा, श्री जोगिन्दर सिंह मान, स्थानीय अमन कमेटी के संयोजक डा. साधु राम, लोकदल नेता बनारसी दास वरमानी, धार्मिक समिति के संयोजक डा. जोगिन्दर पाल शर्मा, राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के जिला संयोजक तेजस्वी कुमार व स्थानीय संयोजक मेहश मड़िया ने इस दुखदायी हत्या की कड़ी निन्दा की व इसे प्रैस की स्वतंत्रता पर आक्रमण बताया है ।

आज प्रात: स्थानीय पत्रकारों, लेखकों की अलग-अलग सभाओं में भी कामरेड बंत सिंह की हत्या कर शोक प्रकट किया गया व अभियुक्तों की अविलम्ब गिरफ्तारी की मांग की गई । वरिष्ठ पत्रकार श्री मनोहर लाल कौड़ा, प्रो. जसवंत सिंह, ठाकर दास चावला व अशोक कौड़ा ने इस हत्याकांड को प्रैस की स्वतंत्रता पर आक्रमण बताया व सरकार से पत्रकारों की सुरक्षा की मांग की गई ।

लोकतंत्र पर प्रहार

फिल्लौर (भाखड़ी): फिल्लौर पत्रकार यूनियन की एक सभा में श्री बंत सिंह की हत्या को लोकतंत्र पर प्रहार बताया गया व मांग की गई कि पत्रकारों की सुरक्षा के उचित प्रबन्ध किए जाएं ।

पत्रकारों की सुरक्षा की मांग

होशियारपुर से अश्विनी के अनुसार स्थानीय पत्रकारों ने श्री बंत सिंह की हत्या की निन्दा करते हुए पंजाब के राज्यपाल से प्रैस की स्वतंत्रता को बनाए रखने के लिए पत्रकारों की सुरक्षा की मांग की । एक शोक प्रस्ताव में स्वर्गीय के परिवार से सहानुभूति प्रकट की गई ।

संगरूर से गोयल के अनुसार यहां स्थानीय पत्र प्रतिनिधियों की एक हंगामी बैठक में श्री बंत सिंह की हत्या की कड़ी निन्दा की गई और स्वर्गीय को श्रद्धांजलि भेंट की गई ।

'पंजाब केसरी' दिल्ली के सभी पत्रकारों एवं गैर-पत्रकार कर्मचारियों ने एक शोकसभा करके अपने वरिष्ठ सहयोगी श्री बंत सिंह की निर्मम हत्या पर गहरा दुख प्रकट किया और इसे आतंकवाद के विरुद्ध लड़ी जा रही कलम की लड़ाई में हिन्द समाचार पत्रसमूह परिवार के एक और अमूल्य

क्लासीफाइड विज्ञापन

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 5.5.88, 50/- without trays. NECC Suggested Retail Price 6.85 per Dozen.

टी. वी. ट्रेनिंग

घर बैठे या कालेज में आकर कलर टी.वी. सीखें । अमरीकन टी.वी. ट्रेनिंग इंस्टीच्यूट, रेलवे रोड, जालंधर शहर ।

व्यापार

'Minimax' Brand इलैक्ट्रीकल असैसरीज़ के निर्माता उद्यमियों को, सहयोगी (ancillary) यूनिट के लिए आमंत्रित करते हैं । हमारे लिए इलैक्ट्रीकल असैसरीज़ बनाएं । 15,000/- से 1,50,000/- तक लगाएं । तैयार माल लेने का आश्वासन । मशीनरी, कच्चा माल का प्रबंध । Minimax Industries, Quiet Office-15, Sector 35-A, Chandigarh.

Opportunity to start side business. Enhance your income through side-business of hire-purchase. Start it with 10,000/- or more. Contact—Anand Pratyabhoot Vit Nigam Limited, Pratyabhoot Minar, Main Road, West Patel Nagar, New Delhi, Phones : 5726904-586644; 487-R, Model Town, Ludhiana. 1134, Sector 36-C, Chandigarh, Phone : 21331. Other Branches. Agra,

आवश्यकता

Desire to appoint female/male Chemist Minimum Qualification B.Sc. and female Account-Assistants minimum Qualificition B.Com. Attractive salary with other benefits. Apply to Box 27, Punjab Kesari, Jalandhar.

नाम परिवर्तन

I, Chanchal Madan have changed my name to Meena Sachdev after my marriage in may 1964.

जमीन/जायदाद/प्लाट

जगाधरी रोड, महेशनगर से 2½ किलोमीटर दूर पक्की सड़क पर इंडस्ट्री लगाने के लिए 2 किले जमीन बिकाऊ । मिलें : शर्मा एंड सन्ज, प्रापर्टी डीलर्ज़, निकट टांगरी पुल, जगाधरी रोड, अम्बाला छावनी । फोन : 23798.

शिक्षा

बिना आठवीं मैट्रिक सितम्बर में गारंटिड करें । 10+2 (भोपाल) प्रैप/इंटर पास सीधा बी.ए./ R.M.P. बी.एड., एल.एल.बी. (पटना, भोपाल) । गांधी मैमोरियल कालेज यमुना नगर (अम्बाला) ।

सातवीं, आठवीं नवीं पास या फेल विद्यार्थियों को शर्तिया मैट्रिक पास कराने की गारंटी । दाखिला शुरू । Metro College, Bazar, Narsinghdass (Near Majith Mandi)

Punjabi Sangtan

और लुधियाना जिला में एक बैंक से 33 हजार रुपए लूट लिए । मृतकों में एक ही परिवार के सात सदस्य और एक महिला भी शामिल है । पुलिस व सुरक्षा बलों ने बरनाला से 'ए' श्रेणी के 4, जिला पटियाला पुलिस ने 5 और जिला लुधियाना में 6 दुर्दांत उग्रवादियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है । जिला संगरूर में उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में दो पुलिस कर्मचारियों को निलम्बित कर दिया गया ।

2 आतंकवादी मरे

पटियाला जिले में बनूड़ नगर के पास जंगपुरा गांव में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए जिनमें दुर्दांत आतंकवादी दलजिदर सिंह उर्फ छंदी बावा भी है । दूसरे मृत आतंकवादी की पहचान नहीं हो सकी ।

चंडीगढ़ में मुठभेड़ के विवरण देते हुए पंजाब के पुलिस महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल ने कहा कि बी.एस.एफ. और सी.आर.पी. की एक संयुक्त गश्ती टुकड़ी ने आज शाम बनूड़ क्षेत्र में चोरी का एक मोटर साइकिल देखा । जब वे वाहन की ओर बढ़े तो उन पर तीन आतंकवादियों ने गोली चलाई । जब गश्ती टुकड़ी ने जवाबी फायरिंग की तो आतंकवादी मोटर साइकिल तथा .38 बोर का एक रिवाल्वर वहीं छोड़ कर भागे ।

सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों का पीछा किया । आतंकवादियों ने पांच किलोमीटर दूर जाकर जंगपुरा गांव के पास पोजीशनें सम्भाल लीं और वहां सुरक्षा बलों से मुकाबला किया । बीस घंटे तक गोलियां चलती रहीं, जिसके बाद दो आतंकवादियों के शव मिले जबकि एक फरार हो गया । घटनास्थल से दो चीनी ए.के. 47 असाल्ट राइफलें, 1000 से ज्यादा कारतूस और 200 खाली कारतूस मिले ।

श्री गिल ने कहा कि दलजिदर सिंह हरियाणा के अम्बाला जिले का निवासी था । वह गत सप्ताह चंडीगढ़ के पास हिमाचल की दो बसों पर फायरिंग की घटना में संलिप्त था । इसी गिरोह ने हरियाणा के विधायक हरनाम सिंह के परिवार पर शाहाबाद (हरियाणा) में हमला किया था और बसंतपुरा में पांच लोगों की हत्या की तथा डाकघर से 1.30 लाख रुपए लूटे थे ।

श्री गिल ने कहा कि यह गिरोह अम्बाला के विधायक मास्टर शिवप्रसाद पर प्रथम जनवरी को

जनीति में कूदेंगे ?

नहीं गया था । उन्होंने कहा कि [illegible]ा का विश्वास न्यायपालिका व सेना में ही रह गया है और यदि ये भी स्वतंत्र न रहे तो जनता का विश्वास बिल्कुल उठ जाएगा । उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि केंद्र सरकार तबादला नीति का दुरुपयोग कर रही है ।

श्री तेवातिया ने कहा कि वह 18 साल राजनीति से दूर रहे हैं अत: कुछ सोच कर ही पुन: प्रवेश करना होगा । उन्होंने कहा लोकतंत्र को जीवित रखना है तो इंका का विकल्प बनाना ही होगा । श्री तेवातिया, जो श्री देवी लाल के समवैचारिक राजनीतिज्ञ हैं, ने कहा कि उनको एम.डी. विश्वविद्यालय रोहतक तथा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में से किसी एक के कुलपति पद को चुनने की भी पेशकश की गई थी पर उन्होंने इसे स्वीकार नहीं किया ।

9 की हत्या

पटियाला (ह.स., भूषण): आतंकवादियों ने पटियाला जिले में कल देर रात दो अलग-अलग घटनाओं में एक ही परिवार के सात सदस्यों सहित नौ लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सीतल दास ने बताया कि पातड़ां थाने के गुलारी गांव में अत्याधुनिक हथियारों से लैस उग्रवादियों द्वारा मारे गए लोगों में परिवार का मुखिया हरबंस सिंह, उसकी पत्नी मोहिंदर कौर, तीन लड़कों कैप्टन सिंह (12), बालेन्द्र सिंह (14) व लखा सिंह (20) और दो लड़कियां जसविंदर कौर (19) व परमजीत कौर (16) शामिल है ।

निरंकारी भवन में हत्या

पटियाला के ही बनूड़ क्षेत्र के निरंकारी भवन में भी कल रात एक आतंकवादी गिरोह ने हमला करके एक व्यक्ति करनैल सिंह की हत्या कर दी और एक महिला को बुरी तरह घायल कर दिया ।

निरंकारी प्रमुख और उसकी पत्नी निरंकारी भवन में हुई फायरिंग में बच गए । प्राप्त विवरणानुसार 35 वर्षीय जसबीर कौर अपने पति (निरंकारी प्रमुख) पर लेट गई और उसे कहा कि वह हिले नहीं । उग्रवादी दोनों को 'मारे गए' समझकर चले गए । फायरिंग में जसबीर कौर घायल हो गई ।

ठेके के कर्मी की हत्या

एक अन्य घटना में पटियाला जिले के बनूड़ गांव में तीन आतंकवादियों ने शराब के ठेके पर काम करने वाले एक कर्मचारी राज कुमार की भी गोली मार कर हत्या कर दी ।

जिम्मेदारी ली

'भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स आफ खालिस्तान' ने इन हत्याओं की जिम्मेदारी ली है ।

पांच उग्रवादी गिरफ्तार

एस.एस.पी. श्री सीतल दास के अनुसार गत रात रणजोध सिंह उर्फ सुखा गिरोह से सम्बन्धित पांच दुर्दांत उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया गया । रणजोध सिंह को गत सप्ताह गिरफ्तार किया गया था । श्री सीतल दास ने बताया कि पुलिस ने अमलोह क्षेत्र में गांव खुंजुन के निकट कार में जा रहे इन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया । इनमें मंदौर का जगतार सिंह, सरहंद पुलिस स्टेशन के गांव टोडा के सरबजीत सिंह और कुलविंदर सिंह शामिल हैं । उनसे बरामद कार पटियाला सदर पुलिस स्टेशन के गांव भाखड़ा के निकट से छीनी गई थी । उनके कब्जे से दो रिवाल्वर बरामद हुए हैं । अन्य दो उग्रवादियों के नाम मेजर सिंह बदोवाल और गुरमीत सिंह उर्फ मीता बस्सी पठानां हैं । श्री सीतल दास ने बताया कि उन्होंने बहुत-सी छीना-झपटी की वारदातें करना स्वीकार किया है ।

किसान की हत्या

अमृतसर (वि.प्र., ह.स.): संदिग्ध आतंकवादियों ने कल रात वल्टोहा थाने के भांगला गांव में एक 50 वर्षीय किसान त्रिलोक सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । पुलिस ने बताया कि ए.के. 47 असाल्ट चीनी राइफल से लैस कम से कम तीन आतंकवादी कल रात लगभग साढ़े दस बजे त्रिलोक सिंह के घर में घुस आए और उसे गोली मार कर भाग निकले ।

आतंकवादियों को चुनौती दी तो उन्होंने गोली चला दी जिससे एक जवान मौके पर ही मारा गया जबकि दूसरा सख्त घायल हो गया ।

शव मिला

थाना मेहता के गांव नाथ की खूही के निकट खेतों में एक व्यक्ति का अधजला शव मिला है । इसकी शिनाख्त नहीं हो सकी । उसकी हत्या के बाद जला दिया जाने का संदेह व्यक्त किया गया है ।

3 गिरफ्तार

तरनतारन से 'पन्नू' के अनुसार पुलिस ने झब्बाल थाना क्षेत्र से तीन उग्रवादियों पंडोरी रण सिंह के मेजर सिंह व सरवन सिंह और थब्बा के रणजीत सिंह को हथियारों सहित गिरफ्तार किया है, एक के कब्जे से 38 बोर का एक रिवाल्वर और उसके पांच कारतूस, दूसरे से 303 बोर की राइफल और उसके पांच कारतूस तथा तीसरे से एक दोनाली बंदूक और उसके 30 कारतूस बरामद हुए हैं ।

गिरफ्तार उग्रवादी पुलिस को हत्या की कई वारदातों में वांछित थे । उनसे पूछताछ अभी जारी है ।

दो गिरफ्तार

हरिके थाना क्षेत्र से दो उग्रवादियों गांव मखू के पाल सिंह उर्फ पाला और रेशम सिंह को गिरफ्तार किया गया है । उनके कब्जे से दो 12 बोर के पिस्तौल और 5-5 कारतूस बरामद हुए हैं । इन उग्रवादियों ने स्वीकार किया कि 27.9.87 को उन्होंने एक व्यक्ति अयोध्या प्रकाश को गम्भीर रूप से घायल किया था । एक व्यक्ति इन्द्रजीत से 12 बोर का रिवाल्वर छीना था । यह उग्रवादी खालिस्तान लिबरेशन फोर्स से सम्बन्धित हैं । इन्होंने 31 मार्च 1988 को गांव थेह राजपूत में 18 व्यक्तियों की हत्या करना भी स्वीकार किया है ।

डाक्टर की हत्या

धूरी (सिंगला, जैन): रात 8.30 बजे शेरपुर-खेड़ी चहिलां के मध्य प्राइवेट प्रैक्टीशनर डा. कृष्ण लाल जो कि अपने मोटर साइकल पर अपने लड़के संजीव कुमार के साथ शेरपुर आ रहा था, की खेतों में छिपे चार उग्रवादियों ने हत्या कर दी । उसका लड़का बच गया, उसे मामूली-सा घाव है । गोलियां ए.के. 47 चीनी राइफल से चलाई गई । उसके कुछ चले कारतूस मिले हैं । आज शेरपुर शोक में पूर्ण बंद रहा ।

शरणदाता कर्मी निलम्बित

संगरूर से गोयल ने खबर दी है कि एस.एस.पी. श्री ज्ञान सिंह ने, एक आतंकवादी को शरण देने के आरोप में दो पुलिस कांस्टेबलों को निलम्बित करके उनके विरुद्ध विभागीय जांच का आदेश दिया है । एस.एस.पी. के अनुसार कल गौशाला रोड पर एक आतंकवादी साधु सिंह ने एक फिएट कार (पी.ए.एस. 296) को लूटने की कोशिश की, परन्तु जब सफल न हुआ तो उसने भाग कर उक्त कांस्टेबलों के घर शरण ले ली । निलम्बित कांस्टेबल करनैल सिंह थाना कोतवाली संगरूर और बलबीर सिंह थाना मुनक की चौकी खनौरी में तैनात था । इस सम्बन्ध में कल चार कांस्टेबलों को हिरासत में लिया गया था ।

चार उग्रवादी गिरफ्तार

बरनाला से सिंधवानी ने समाचार दिया है कि

Punjabi Sanatan

शरण देने के आरोप में 2 पुलिस कर्मी निलम्बित : लुधियाना जिला के एक बैंक से 33000 लूटे

पटियाला जिले में 2 आतंकवादी मुठभेड़ में मरे

चंडीगढ़, 6 मई (ह.स.): पंजाब के विभिन्न स्थानों पर उग्रवादियों ने 16 लोगों की हत्या कर दी और लुधियाना जिला में एक बैंक से 33 हजार रुपए लूट लिए । मृतकों में एक ही परिवार के सात सदस्य और एक महिला भी शामिल है । पुलिस व सुरक्षा बलों ने बरनाला से 'ए' श्रेणी के 4, जिला पटियाला पुलिस ने 5 और जिला लुधियाना में 6 दुर्दांत उग्रवादियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है । जिला संगरूर में उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में दो पुलिस कर्मचारियों को निलम्बित कर दिया गया ।

2 आतंकवादी मरे

पटियाला जिले में बनूड़ नगर के पास जंगपुरा गांव में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए जिनमें दर्दांत आतंकवादी दलजिदर सिंह उर्फ छंदी बावा भी है । दूसरे मृत आतंकवादी की पहचान नहीं हो सकी ।

चंडीगढ़ में मुठभेड़ के विवरण देते हुए पंजाब के पुलिस महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल ने कहा कि बी.एस.एफ. और सी.आर.पी. की एक संयुक्त गश्ती टुकड़ी ने आज शाम बनूड़ क्षेत्र में चोरी का एक मोटर साइकिल देखा । जब वे वाहन की ओर बढ़े तो उन पर तीन आतंकवादियों ने गोली चलाई । जब गश्ती टुकड़ी ने जवाबी फायरिंग की तो आतंकवादी मोटर साइकिल तथा .38 बोर का एक रिवाल्वर वहीं छोड़ कर भागे ।

सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों का पीछा किया । आतंकवादियों ने पांच किलोमीटर दूर जाकर जंगपुरा गांव के पास पोजीशनें सम्भाल लीं और वहां सुरक्षा बलों से मुकाबला किया । बीस घंटे तक गोलियां चलती रहीं, जिसके बाद दो आतंकवादियों के शव मिले जबकि एक फरार हो गया । घटनास्थल से दो चीनी ए.के. 47 असाल्ट राइफलें, 1000 से ज्यादा कारतूस और 200 खाली कारतूस मिले ।

श्री गिल ने कहा कि दलजिदर सिंह हरियाणा के अम्बाला जिले का निवासी था । वह गत सप्ताह चंडीगढ़ के पास हिमाचल की दो बसों पर फायरिंग की घटना में संलिप्त था । इसी गिरोह ने हरियाणा के विधायक हरनाम सिंह के परिवार पर शाहाबाद (हरियाणा) में हमला किया था और बसंतपुरा में पांच लोगों की हत्या की तथा डाकघर से 1.30 लाख रुपए लूटे थे ।

श्री गिल ने कहा कि यह गिरोह अम्बाला के विधायक मास्टर शिवप्रसाद पर प्रथम जनवरी को हुए हमले में भी संलिप्त था । उस हमले में मास्टर जी का नौकर मारा गया था ।

9 की हत्या

पटियाला (ह.स., भूषण): आतंकवादियों ने पटियाला जिले में कल देर रात दो अलग-अलग घटनाओं में एक ही परिवार के सात सदस्यों सहित नौ लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सीतल दास ने बताया कि पातड़ां थाने के गुलारी गांव में अत्याधुनिक हथियारों से लैस उग्रवादियों द्वारा मारे गए लोगों में परिवार का मुखिया हरबंस सिंह, उसकी पत्नी मोहिंदर कौर, तीन लड़कों कैप्टन सिंह (12), बालेन्द्र सिंह (14) व लखा सिंह (20) और दो लड़कियां जसविंदर कौर (19) व परमजीत कौर (16) शामिल है ।

निरंकारी भवन में हत्या

पटियाला के ही बनूड़ क्षेत्र के निरंकारी भवन में भी कल रात एक आतंकवादी गिरोह ने हमला करके एक व्यक्ति करनैल सिंह की हत्या कर दी और एक महिला को बुरी तरह घायल कर दिया ।

निरंकारी प्रमुख और उसकी पत्नी निरंकारी भवन में हुई फायरिंग में बच गए । प्राप्त विवरणानुसार 35 वर्षीय जसबीर कौर अपने पति (निरंकारी प्रमुख) पर लेट गई और उसे कहा कि वह हिले नहीं । उग्रवादी दोनों को 'मारे गए' समझकर चले गए । फायरिंग में जसबीर कौर घायल हो गई ।

ठेके के कर्मी की हत्या

एक अन्य घटना में पटियाला जिले के बनूड़ गांव में तीन आतंकवादियों ने शराब के ठेके पर काम करने वाले एक कर्मचारी राज कुमार की भी गोली मार कर हत्या कर दी ।

जिम्मेदारी ली

'भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स आफ खालिस्तान' ने इन हत्याओं की जिम्मेदारी ली है ।

पांच उग्रवादी गिरफ्तार

एस.एस.पी. श्री सीतल दास के अनुसार गत रात रणजोध सिंह उर्फ सुखा गिरोह से सम्बन्धित पांच दुर्दांत उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया गया । रणजोध सिंह को गत सप्ताह गिरफ्तार किया गया था । श्री सीतल दास ने बताया कि पुलिस ने अमलोह क्षेत्र में गांव खुंजुन के निकट कार में जा रहे इन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया । इनमें मंदीर का जगतार सिंह, सरहंद पुलिस स्टेशन के गांव टोडा के सरबजीत सिंह और कुलविंदर सिंह शामिल हैं । उनसे बरामद कार पटियाला सदर पुलिस स्टेशन के गांव भाखड़ा के निकट से छीनी गई थी । उनके कब्जे से दो रिवाल्वर बरामद हुए हैं । अन्य दो उग्रवादियों के नाम मेजर सिंह बदोवाल और गुरमीत सिंह उर्फ मीता बस्सी पठानां हैं । श्री सीतल दास ने बताया कि उन्होंने बहुत-सी छीना-झपटी की वारदातें करना स्वीकार किया है ।

किसान की हत्या

अमृतसर (वि.प्र., ह.स.): सीनियर जवान घायल हो गया । बताया जाता है कि बी.एस.एफ. की एक नाका पार्टी ने जब तीन आतंकवादियों को चुनौती दी तो उन्होंने गोली चला दी जिससे एक जवान मौके पर ही मारा गया जबकि दूसरा सख्त घायल हो गया ।

शव मिला

थाना मेहता के गांव नाथ की खूही के निकट खेतों में एक व्यक्ति का अधजला शव मिला है । इसकी शिनाख्त नहीं हो सकी । उसकी हत्या के बाद जला दिया जाने का संदेह व्यक्त किया गया है ।

3 गिरफ्तार

तरनतारन से 'पन्नू' के अनुसार पुलिस ने झब्बाल थाना क्षेत्र से तीन उग्रवादियों पंडोरी रण सिंह के मेजर सिंह व सरवन सिंह और थब्बा के रणजीत सिंह को हथियारों सहित गिरफ्तार किया है, एक के कब्जे से 38 बोर का एक रिवाल्वर और उसके पांच कारतूस, दूसरे से 303 बोर की राइफल और उसके पांच कारतूस तथा तीसरे से एक दोनाली बंदूक और उसके 30 कारतूस बरामद हुए हैं ।

गिरफ्तार उग्रवादी पुलिस को हत्या की कई वारदातों में वांछित थे । उनसे पूछताछ अभी जारी है ।

दो गिरफ्तार

हरिके थाना क्षेत्र से दो उग्रवादियों गांव मखू के पाल सिंह उर्फ पाला और रेशम सिंह को गिरफ्तार किया गया है । उनके कब्जे से दो 12 बोर के पिस्तौल और 5-5 कारतूस बरामद हुए हैं । इन उग्रवादियों ने स्वीकार किया कि 27.9.87 को उन्होंने एक व्यक्ति अयोध्या प्रकाश को गम्भीर रूप से घायल किया था । एक व्यक्ति इन्द्रजीत से 12 बोर का रिवाल्वर छीना था । यह उग्रवादी खालिस्तान लिबरेशन फोर्स से सम्बन्धित हैं । इन्होंने 31 मार्च 1988 को गांव थेह राजपूत में 18 व्यक्तियों की हत्या करना भी स्वीकार किया है ।

डाक्टर की हत्या

धूरी (सिंगला, जैन): रात 8.30 बजे शेरपुर-खेड़ी चहिलां के मध्य प्राइवेट प्रैक्टीशनर डा. कृष्ण लाल जो कि अपने मोटर साइकल पर अपने लड़के संजीव कुमार के साथ शेरपुर आ रहा था, की खेतों में छिपे चार उग्रवादियों ने हत्या कर दी । उसका लड़का बच गया, उसे मामूली-सा घाव है । गोलियां ए.के. 47 चीनी राइफल से चलाई गई । उसके कुछ चले कारतूस मिले हैं । आज शेरपुर शोक में पूर्ण बंद रहा ।

शरणदाता कर्मी निलम्बित

संगरूर से गोयल ने खबर दी है कि एस.एस.पी. श्री ज्ञान सिंह ने, एक आतंकवादी को शरण देने के आरोप में दो पुलिस कांस्टेबलों को निलम्बित करके उनके विरुद्ध विभागीय जांच का आदेश दिया है । एस.एस.पी. के अनुसार कल गौशाला रोड पर एक आतंकवादी साधु सिंह ने एक फिएट कार (पी.ए.एस. 296) को लूटने की कोशिश की, परन्तु जब सफल न हुआ तो उसने भाग कर उक्त कांस्टेबलों के घर

जनीति में कूदेंगे ?

नहीं गया था । उन्होंने कहा कि [illegible]ा का विश्वास न्यायपालिका व सेना में ही रह गया है और यदि ये भी स्वतंत्र न रहे तो जनता का विश्वास बिल्कुल उठ जाएगा । उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि केंद्र सरकार तबादला नीति का दुरुपयोग कर रही है ।

श्री तेवातिया ने कहा कि वह 18 साल राजनीति से दूर रहे हैं अत: कुछ सोच कर ही पुन: प्रवेश करना

की तलाशियां लेकर ए श्रेणी के ही तीन अन्य आतंकवादियों को भी पकड़ा । पुलिस का विचार है कि ये सभी लोग कोई खूनी कांड करने आए थे मगर गिरफ्तार कर लिए गए । इन गिरफ्तारियों से क्षेत्र के लोगों में भारी आतंक फैल गया । इनका सम्बन्ध खालिस्तान लिबरेशन आर्गेनाइजेशन के साथ बताया जाता है । पुलिस को इनके कब्जे से लैटर पैड और असला मिला है । पुलिस ने इस सम्बन्ध में विवरण बताने से इन्कार कर दिया है । एस.एस.पी. के अलावा अन्य पुलिस उच्चाधिकारी जांच के लिए पहुंच गए हैं । चार दिन पूर्व इसी गिरोह की ओर से तथाकथित जनरल सुखदेव सिंह के हस्ताक्षरों के साथ एक स्थानीय पत्रकार को धमकीपूर्ण पत्र मिला जिसमें कहा गया था कि सी.आर.पी. ने दरबार साहब की ओर जो गोलियां चलाई हैं, उनका बदला शीघ्र लिया जाएगा । उस पत्र में भटिंडा में ए.एस.आई. के परिवार को मारने की जिम्मेदारी भी ली गई थी । शराब के ठेकेदारों को कहा गया था कि वे यह काम छोड़कर कोई अन्य काम शुरू करें ।

सहायक इंस्पैक्टर की मृत्यु

फिरोज़पुर (ह.स., कंतोड़): पंजाब पुलिस का एक सहायक इंस्पैक्टर श्याम सुन्दर कल रात फिरोज़पुर जिले में मालांवाला के नजदीक संदिग्ध आतंकवादियों से मुठभेड़ में मारा गया । पुलिस को प्राप्त प्रारम्भिक सूचना में यह जानकारी दी गई है ।

सूचना के अनुसार एक पुलिस दल ने एक संदिग्ध व्यक्ति के मकान पर छापा मारा । जब पुलिस वहां पहुंची तो मकान के भीतर से पुलिस कर्मियों पर गोलियां चलाई गईं, जिससे सहायक सब-इंस्पैक्टर की मौके पर ही मृत्यु हो गई । आतंकवादी भाग निकले ।

पुलिस ने ए.के. 47 असाल्ट चीनी राइफल के आठ कारतूस और 303 बोर का एक कारतूस घटनास्थल से बरामद किया । श्री श्याम सुन्दर उग्रवादियों की हिटलिस्ट में थे क्योंकि वह उस पुलिस पार्टी में शामिल थे जिससे मुठभेड़ के दौरान मक्तसर के निकट हुए बस हत्याकांड का दोषी 'ए' गोली मार कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया । पुलिस ने बताया कि हमलावरों ने शिंगारा सिंह के मकान के दरवाजे पर दस्तक दी और जैसे ही यह बाहर निकला उस पर गोली चला दी । शिंगारा सिंह को स्थानीय सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

घायल की मृत्यु

एक अन्य समाचार के अनुसार शिंगारा सिंह की बाद में मृत्यु हो गई ।

कर्फ्यू समाप्त

बटाला के एस.डी.एम. श्री कुलवन्त सिंह तथा कार्यकारी मैजिस्ट्रेट श्री हरभूपिन्दर सिंह ने पत्रकारों को बताया कि आज 6 मई को भी बटाला में प्रातः सात से सायं सात बजे तक कर्फ्यू में ढील दी गई । इस अवधि में जनजीवन सामान्य रहा । इसके बाद कर्फ्यू पूरी तरह हटा लिया गया ।

फसल की कटाई

इन अधिकारियों ने बताया कि गांवों से पलायन करके आए लोगों द्वारा छोड़ी गई 450 एकड़ भूमि पर से फसल की कटाई की जा चुकी है । गत 5 मई तक पलायन करके आए 518 लोगों को 14.24 लाख रुपए की सरकारी राहत दी गई है । उन्होंने बताया गत 29 अप्रैल को स्थानीय चक्री बाजार में हुए विस्फोटों से हुई क्षति का जायजा तहसीलदार के नेतृत्व में चार सदस्यीय दल ने लिया है तथा शीघ्र ही दुकानदारों को मुआवजा दिया जाएगा । उन्होंने बताया कि अभी 50 लोगों ने 24 लाख के मुआवजे की मांग की है ।

शव बरामद

लुधियाना, (आहूजा): स्थानीय पुलिस ने सराभा नगर थाने के साथ लगते एक पार्क में से किसी अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया है । मृतक की आयु लगभग 35 वर्ष है । शव पर लगभग दर्जन घावों के निशान हैं । पुलिस ने मामला दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है ।

फिरोज़पुर के थाना मल्लांवाला के गांव निहाल लवेरा में गत दिवस उग्रवादियों के हाथों मारे गये असिस्टैंट सब-इंस्पैक्टर श्याम सुंदर का शव । *(छाया : कन्तोड़)*

डाक्टर कृष्ण कुमार जिनकी शेरपुर में गत रात्रि उग्रवादियों ने हत्या कर दी । *(छाया : सिंगला)*

33000 लूटे

लुधियाना से धीमान, महेन्द्रा के अनुसार यहां से 54 किलो मीटर दूर गांव गालिब में आज प्रातः 11 बजे के लगभग आठ उग्रवादियों ने सैंट्रल बैंक आफ इंडिया की ब्रांच से 33000 रुपए लूट लिए और फरार हो गए । बताया जाता है कि उग्रवादियों के पास एक ए.के. 47 असाल्ट राइफल थी । उन्होंने बैंक में दाखिल होते ही तमाम स्टाफ को एक कमरे में बंद कर दिया और रुपए लूट कर भाग गए । पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी है और अभियुक्तों की तलाश के लिए जगह-जगह नाकाबंदी कर दी है ।

6 गिरफ्तार

एस.एस.पी. श्री पांडे ने बताया कि सी.आई.ए. स्टाफ ने जसियां रोड से खालिस्तान कमांडो फोर्स के दो आतंकवादियों पाल सिंह और मुख्त्यार सिंह को गिरफ्तार किया है । उनके कब्जे से 12 कारतूसों सहित 12 बोर की एक बंदूक जिस पर खालिस्तान कमांडो फोर्स लिखा था और एक थामसन गन तथा 455 बोर के 50 कारतूस बरामद किए गए । श्री पांडे के अनुसार ये कई घटनाओं में संलिप्त हैं । उनके कब्जे से लुधियाना से प्रथम मई को छीना गया एक स्कूटर (एस.के.एम. 1661) भी बरामद हुआ है । श्री पांडे ने बताया कि चार अन्य संदिग्ध आतंकवादियों को भी गिरफ्तार किया गया है जिन पर आतंकवादियों को शरण देने का आरोप है । इनमें एक बलदेव सिंह उर्फ बाली (दर्जी), जसदेव सिंह उर्फ जग्गी, अमरजीत उर्फ जीती और मलकीयत सिंह शामिल हैं । इश्तहारी मुजरिम इनके पास आकर ठहरते थे । बलदेव सिंह उर्फ बाली से 12 बोर का एक पिस्तौल, दो कारतूस भी मिले हैं । इनसे पूछताछ की जा रही है ।

स्कूटर छीने

जालन्धर (ह.स.): नकोदर पुलिस स्टेशन के गांव टटकलां से दो सशस्त्र उग्रवादी एक व्यक्ति जगीर सिंह का स्कूटर ले गए और शाहकोट पुलिस स्टेशन के गांव कंगरां के निकट एक व्यक्ति अजीत सिंह से उसका स्कूटर छीन लिया ।

एक अन्य समाचार के अनुसार पांच उग्रवादी जगीर सिंह के घर में घुसे और उसके बारे पूछा ।

आक्सीजन गैस व डी ए गैस

अमृतसर में

अब आक्सीजन गैस व डी ए गैस भरने का प्लांट अमृतसर में शुरू हो गया है । उपभोक्ताओं के अपने सिलंडर भी भरे जा सकते हैं ।

ज़िला अमृतसर व बटाला में एजैंसी लेने के इच्छुक शीघ्र सम्पर्क करें :

जम्मू गैसिज़,

अहाता हिन्दुस्तान वैजीटेबल आयल कार्पोरेशन, शूगर मिल, छहर्टा (अमृतसर)

हैड आफिस : भगत सिंह चौक, जालंधर । फोन-79191.

बवासीर व गुदचीर (FISSURE)

का कुछ ही मिन्टों में सफल इलाज

भगन्दर (FISTULA-in-ano) का भी बिना आप्रेशन सफल इलाज

डाः गुप्ता बवासीर अस्पताल

14-ई, टैगोर नगर, सामने नया दयानन्द अस्पताल, लुधियाना ।

विशेषज्ञः डाः कृष्ण मुरारी गुप्ता B.A.M.S A.V.A(MDU) डाः जगदीश कुमार गुप्ता

Punjabi Sanata

खींची गई थीं तथा उसके कानों से खून बह रहा था । गैर-सरकारी सूत्रों के अनुसार कि इस औरत को गला घोंटकर मारा गया । इस औरत का पति विदेश में रहता है तथा इसके चार जवान बच्चों में से दो शादीशुदा हैं । नकोदर के डी.एस.पी. श्री जगदीश कमार इस घटना के बाद वहां पहुंचे और छानबीन की । घर वालों ने बताया कि श्रीमती बंचनी रात नौ बजे अपने कमरे में सोने के लिए चली गई और हम सभी भी अपने कमरों में चले गए अगर इस कत्ल का शोर पड़ने पर ही हमें पता चला । घर वालों ने किसी से दुश्मनी होने की बात नहीं की है । नकोदर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है । शव पोस्ट-मार्टम के बाद घर वालों को सौंप दिया गया ।

स्कूटर छीना

टांडा से गुप्ता ने खबर दी है कि शाम पांच बजे जैन मैडिकल स्टोर का एक कर्मचारी बलविंदर सिंह जब टांडा से गिद्दड़बाहा जा रहा था कि रास्ते में तीन सशस्त्र उग्रवादियों ने उसको घेर लिया और स्कूटर छीन कर भाग गए । स्कूटर का नम्बर पी.सी.जे. 7390 था । पुलिस में रिपोर्ट लिखवा दी गई है ।

punjabi sahitra

...जाब, हरियाणा में 23 मरे : पानीपत में विवाह समारोह पर अंधाधुंध फायरिं...

...8 की घटनास्थल पर मौत : 5 अस्पतालों के रास्ते में दम तोड़ गए : घायल रोहतक और दिल्ली के अस्पतालों में भर्ती

कपूरथला के गांव लखनकलां में 6, जिला जालंधर में 3, अमृतसर में एक व्यक्ति की हत्या : आभूषण, नकदी लू...

...रक्षा बलों से मुठभेड़ में कारी साहरी हत्या कांड के सरगना सुर्जन सिंह (ए श्रेणी) सहित 6 उग्रवादी मरे : एक जवान शहीद : भाजपा द्वारा हरियाणा बंद का आह्...

...गढ़, 8 मई (वार्ता, ह.स.): पंजाब व ...में गत 24 घंटों के दौरान आतंकवादी ...में आई तेजी में 23 व्यक्तियों की मृत्यु हो ...ड़ में 6 उग्रवादी तथा सीमा सुरक्षा बल ...वान मारा गया । मृत उग्रवादियों में कारी ...ए हत्याकांड का सरगना तथा 'ए' श्रेणी ...ी सुरजन सिंह भी शामिल है ।

आतंकवादियों ने ऐतिहासिक नगर ...में बंजारों के एक विवाह समारोह में ...ायरिंग करके 13 लोगों को मौत के घाट ...कि 26 को घायल किया । इस सामूहिक ...के बाद हरियाणा पुलिस ने राज्य भर में ...रैड अलर्ट जारी कर दिया । हरियाणा भाजपा ने सोमवार 9 मई को हरियाणा बंद का आह्वान दिया है ।

13 की हत्या

पानीपत (सोनी, अम्बीश): तीन आतंकवादियों ने कल रात पानीपत के एक विवाह समारोह में अंधाधुंध गोलियां चलाकर 13 व्यक्तियों को मौत के घाट उतार दिया । मृतकों में चार स्त्रियां व दो बच्चे थे । बारात दिल्ली के नगलोई क्षेत्र से आई थी और यह सभी बागड़ी थे ।

जी.टी. रोड पर यह घटना रात साढ़े ग्यारह बजे के आसपास हुई । उस समय बारात अभी खाना खा ही रही थी कि वृक्षों की ओर से दो दिशाओं से गोलियां बरसनी शुरू हो गईं । इससे वहां कोहराम मच गया । ऐसा ख्याल है कि यह फायरिंग ए.के. 47 असाल्ट राइफलों से की गई । इस घटना के बाद राज्य के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने पानीपत में डेरा डाल लिया है । पुलिस ने संदिग्ध आतंकवादियों की खोज में कई स्थानों पर छापे मारे हैं तथा कई धर्म स्थानों की तलाशी ली है । यह आशंका भी व्यक्त की जा रही है कि आतंकवादी इस क्षेत्र में आस-पास ही कहीं छिपे हैं । खोजी कुत्तों की भी मदद ली गई है ।

प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि हमलावर रेलवे लाइन पार करके पीछे से आए । तीन की आयु 20 से 25 वर्ष के मध्य थी । तीनों ने खाकी वर्दियां पहन रखी थीं तथा सिर पर टोप लगा रखे थे । दो आतंकवादी फायरिंग करते रहे जबकि तीसरा आतंकवादी खड़ा होकर उनको निर्देश देता रहा । हमलावरों ने सब से पहले गोली रिक्शा पर बैठे एक व्यक्ति को मारी । उसके बाद आतंकवादियों ने टैंट का पर्दा ऊपर उठाकर वीडियो फिल्म देख रहे लोगों पर फायरिंग शुरू कर दी । गोलियां चलने पर घटनास्थल पर जबरदस्त भगदड़ मच गई तथा परोसा गया खाना छोड़कर लोग सुरक्षित स्थानों की ओर भागने लगे । नगलोई से आई केसरी नामक स्त्री ने बताया कि उसने अपनी बहू और बच्चों को एक गड्ढे में छुपाकर उनकी जान बचाई ।

एक अन्य सूचना के अनुसार आठ व्यक्तियों की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई जबकि पांच अस्पताल में दम तोड़ गए ।

विवाह मंडप में चहं ओर खून बिखरा पड़ा था । वीडियो सैट, कुर्सियां, पानी की टैंकी तथा पर्दे में भी गोलियों के निशान लगे थे । गोलियों की आवाज से शुरू में ऐसा लगा कि बारातियों ने पटाखे छोड़े हैं । सहसा किसी को विश्वास ही नहीं हुआ कि आतंकवादी आ गए हैं । हमलावरों की खाकी वर्दी देखकर लोगों ने समझा कि पुलिस ने उनपर गोलियां चलाई हैं । एक घायल लाल चन्द ने अस्पताल में बताया कि लोगों को धड़ाधड़ गिरते देखकर उसने समझा कि टैंट में करंट आ गया है । वह भाग कर लाठी ले आया । जब उसने दो युवकों को गोलियां चलाते देखा तो वह उनके पीछे भागा । लेकिन उसपर भी गोलियां चलाई गईं । घायलों में दुल्हा राजपाल भी शामिल है ।

यह बागड़ी यहां पशु मेले में आए थे जो कि 4 मई को समाप्त हो गया था लेकिन यह लोग विवाह के लिए यहां रुक गए थे । लगभग 100 बाराती नगलोई से आए थे । घायलों में बारातियों की संख्या अधिक है । किसी के हाथ में गोली लगी है, किसी की टांग में, मृतकों में गणेश दास भाटिया के डेरे के भी पांच व्यक्ति शामिल हैं जो वीडियो पर फिल्म देखने के लिए वहां आ गए थे ।

पानीपत में 4 वर्ष पूर्व हुये दंगों के कारण यह नगर तभी से आतंकवादियों की हिट लिस्ट पर था तथा यहां के लोगों को निरंतर धमकियां मिल रही थीं । कुख्यात आतंकवादी तलविंदर सिंह हाल ही में पानीपत के निकट एक गांव से पकड़ा गया था । आतंकवादियों का वास्तविक लक्ष्य पानीपत का निरंकारी भवन और असंध तहसील का क्षेत्र था । सुविज्ञ सूत्रों के अनुसार आतंकवादियों की नजर में कथित घुसपैठ की अफवाहें काफी समय से उड़ रही थीं । यहां के निरंकारी भवन पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था कर दी गई थी । पुलिस अधीक्षक श्री विपिन कुमार ने कल रात ही यहां गश्त का निरीक्षण किया था । स्थानीय लोगों ने बताया कि जहां सामूहिक हत्याकांड हुआ वहां रात 11 बजे तक पुलिस की मोटर साइकल मौजूद थी । हत्याकांड स्थल से उप पुलिस अधीक्षक, सिटी पुलिस तथा सदर पुलिस का कार्यालय केवल एक फर्लांग की दूरी पर है । स्काईलार्क रैस्ट हाउस तथा बस अड्डा निकट होने के कारण इस क्षेत्र में रात को चहल-पहल रहती है । जी.टी. रोड होने के कारण यहां से वाहनों के गुजरने का सिलसिला भी जारी रहता है । जिस क्षेत्र में विवाह समारोह हो रहा था वह क्षेत्र पीछे की तरफ वीरान है और वहां से रास्ता रेलवे लाइन को निकलता है । आतंकवादियों ने इसी क्षेत्र की निर्जनता का लाभ उठाया । वे पैदल ही उस रास्ते से आये और बड़ी आसानी से भागने में सफल हो गये ।

आतंकवादियों ने वहां खड़े वैनों पर भी गोली चलाई । हरियाणा में देवी लाल के शासनकाल में यह आतंकवादियों की चौथी सबसे बड़ी कारवाई है । दीरियापुर बस हत्याकांड के बाद पानीपत की घटना में 4 से अधिक व्यक्ति मारे गए हैं । दीरियापुर बस कांड में तीन दर्जन बस यात्री मरे थे । एक जनवरी 1988 को अम्बाला में भाजपा के विधायक श्री शिव प्रसाद को गोली मारी गई थी ।

मृतकों की संख्या 15 है । घायलों की सूची इस प्रकार है : धर्मपाल पुत्र मंगत, सरजीत पुत्र जिला सिंह, भजन पुत्र नत्थू, दलीप पुत्र रामदीन, बिमला पत्नी नत्थू, राजू पुत्र निहाला, परकेश पुत्र गुरु चन्द, सुनील पुत्र परकेश, कम्मो पत्नी परकेश, फतना पुत्र चंदे, रेशमा पत्नी सुरेश, सुरजीत पुत्र रणजीत सिंह, भोला राम पुत्र प्यारा, राजा राम पुत्र प्यारा, चन्द पुत्र हरचंद, मुंदी पत्नी चन्द, रवि पुत्र एण, विनोद पुत्र राजपाल, लालचन्द पुत्र कल्लू राम, सुनील पुत्र बाबू राम, मंगत राम पुत्र किशोरी लाल, श्री चंद पुत्र मुंशी राम पुत्र लालचन्द, चंदन पुत्र असू राम । इसके अलावा रणजीत, मंगत राम व बाबू राम को दिल्ली तथा परकेश, रवि, लाल चन्द, श्री चन्द व राजन को रोहतक के अस्पतालों में दाखिल कराया गया है ।

पानीपत की एस.डी.एम. श्रीमती जयवन्ती ग्योकंद ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद 13 में से 12 लाशों उनके वारिसों को सौंप दी गई हैं ।

20-20 हजार की सहायता

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री देवी लाल ने आज यहां घोषणा की कि गत रात बंजारा समुदाय (बाजीगर) के जिन 13 लोगों की उग्रवादियों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी, उनके आश्रितों को राज्य सरकार की ओर से 20-20 हजार रुपए वित्तीय सहायता के रूप में दिए जाएंगे जबकि घायल 26 लोगों को 10-10 हजार रुपए देने का फैसला किया गया है । इसके अतिरिक्त बिन दो लड़कियों शांता और उषा की शादी थी, उन्हें भी 10-10 हजार रुपए दिए जाएंगे ।

श्री देवी लाल, जो सूचना मिलते ही आज प्रातः स्थिति का जायजा लेने के लिए घटनास्थल पर पहुंचे, ने रैस्ट हाउस में पत्रकारों से बातचीत के दौरान राज्य के लोगों से अपील की कि वे इस तरह की वारदातों से भयभीत न हों और आपसी भाईचारा बनाए रखें । उन्होंने राज्य में कानून व्यवस्था बनाए रखने में बिना प्रशासनों की सहायता करने की भी अपील की ।

श्री देवी लाल ने कहा कि यह हमारे देश का दुर्भाग्य है कि उग्रवादी अपनी गतिविधियां बढ़ाने में सफल होते जा रहे हैं । उन्होंने राज्य के लोगों को आश्वासन दिया कि सरकार उनके जान-माल की रक्षा करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी ।

पानीपत में उग्रवादियों ने सांसियों के डेरे पर विवाह समारोह के अवसर पर फायरिंग करके 13 लोगों की हत्या कर दी । चित्रों में (1-3) दो परिवारों के बिलखते लोग, (4) विवाह का मंडप, (5) गोलियों से छलनी वी.सी.आर., टैलीविजन आदि, (6) एक मृत बच्चे के पास बिलख उसके माता-पिता, (7) अन्य शवों के पास बिलख रहे उनके परिजन, (8) लोगों ने शवों को उठा कर ट्रक में रखा, (9) ट्रक के अंदर र शव ।

(छाया : पुरी

ने पालिका उपचुनाव के लिए आज शुरू होने वाला प्रचार अभियान स्थगित कर दिया । राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कार्यकर्त्ताओं की बैठक प्रांत प्रचारक

ब्यास नदी की ओर भाग खड़े हुए । जिस पर सीमा सुरक्षा बल के एक दल ने इन उग्रवादियों का पीछा किया जबकि सीमा सुरक्षा बल के दूसरे दल ने बागीचे

गिराए ।

जब सीमा सुरक्षा बल के जवानों द्वारा घोड़े भागने वाले उग्रवादियों का पीछा किया जा रहा

Punjabi...com



नरमहल के पास पुआधा ग्राम के गुरद्वारे में उग्रवादियों द्वारा मारे गए हरभजन सिंह ग्रंथी (इनसैट में पुराना चित्र) का शव । (छाया : तरसेम)

पानीपत में फायरिंग ...

(पृष्ठ 3 का शेष)

आतंकवादी मुठभेड़ में मारा गया । घटनास्थल से 3 ए.के. 47 राइफलें, एक पिस्तौल, लगभग 250 कारतूस बरामद हुए हैं ।

इस मुठभेड़ की सूचना मिलते ही डी.आई.जी. पुलिस श्री सिद्दीकी भी घटनास्थल पर पहुंच गए ।

कारी-साहरी हत्या कांड का सरगना मारा गया

पुलिस सूत्रों के अनुसार मुठभेड़ में मृत एक उग्रवादी की शिनाख्त हो गई है । वह 'ए' श्रेणी का उग्रवादी सुरजन सिंह है, वह कारी-साहरी गांव में गत दिनों हुए जघन्य हत्या कांड का सरगना था । अन्य मृत आतंकवादियों की पहचान नहीं हो सकी है ।

किसान की हत्या

अमृतसर (वि.प्र.) : बल्टोहा थाने के जंड गांव में संदिग्ध आतंकवादियों ने शिगारा सिंह नामक किसान की कल रात गोली मार कर हत्या कर दी । पुलिस ने बताया कि दो आतंकवादियों ने रात में शिगारा सिंह के दरवाजे पर दस्तक दी । दरवाजा खुलने पर उन्होंने पीने के लिये पानी मांगा । शिगारा सिंह खुद पानी लेकर आया । पानी पीते ही आतंकवादियों ने रिवाल्वर निकाला और उसे गोली का निशाना बना दिया । शिगारा सिंह की मौके पर ही मृत्यु हो गई ।

6 व्यक्तियों की हत्या

कपूरथला (शर्मा): यहां से लगभग आठ किलोमीटर दूर थाना सदर कपूरथला के मौजा लखन कलां में गत रात लगभग साढ़े नौ बजे चार सशस्त्र व्यक्तियों ने एक ब्राह्मण के घर में दाखिल होकर अंधाधुंध फायरिंग करके एक ही परिवार के चार सदस्यों तथा दो नौकरों की हत्या कर दी । गोलियां मार कर ट्यूब लाइटें तोड़ कर फायर करते हुए खालिस्तान व भिंडरांवाले के पक्ष में नारे लगाते हुए हत्यारे पैदल ही चले गए । बताया जाता है कि पंडित अमर नाथ की जमीन छावनी में आ जाने के कारण उसने ट्रैक्टर ट्राली व थ्रैशर बनाया हुआ है तथा जमीन ठेके पर लेकर खेती करता था । अमर नाथ का मकान गांव के बाहर है तथा उसकी बाहरी दीवार भी नहीं है । गत रात लगभग साढ़े नौ बजे पंडित अमर नाथ अपने दो नौकरों जो कि प्रवासी मजदूर हैं, के साथ घर में तूड़ी ढोकर खाने के लिए आंगन में बैठा हुआ था कि अचानक चार आतंकवादी घर में दाखिल हुए और अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी । पंडित अमर नाथ (30), उसके पिता करतार चन्द (60) तथा दो नौकर कनकू व सुबा की वहीं मौत हो गई । उसके बाद आतंकवादियों ने कमरे के अन्दर दाखिल होकर अमर नाथ की पत्नी कमलेश रानी (27) व मासूम लड़के कुक्कू (5) की भी गोलियां मार कर हत्या कर दी । बड़ा लड़का 7 वर्षीय सोनू दरवाजे के पीछे हो जाने के कारण मौत के मुंह में जाने से बाल-बाल बच गया ।

गोलियों की आवाज सुनते ही गांव में बत्तियां बुझ गईं और दरवाजे बंद हो गए । केवल अमर नाथ के घर में बत्ती जल रही थी और गोलियों से घायल होने वाले शायद पानी की एक-एक बूंद के लिए तड़पते हुए दम तोड़ गए । कोई गांव वाला या रिश्तेदार वहां नहीं पहुंचा । मृतकों के एक सम्बन्धी ने बताया कि पीले पटके बांधे चार आतंकवादी उसने देखे जिन्होंने दौड़कर घर के अन्दर दाखिल होकर अंधाधुंध फायरिंग की व नारे लगाए । मौत के मुंह से बचने वाला सात वर्षीय मासूम सोनू अपने मर चुके भाई कुक्कू के साथ रात लगभग डेढ़ बजे तक पड़ा रहा । रात डेढ़ बजे उनका एक रिश्तेदार अपने भाई के खून से लथपथ सोनू को अपने घर उठा कर ले गया । पुलिस को इस खूनी कांड की सूचना प्रातः सात बजे मिली । सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री स्वर्ण सिंह, जिलाधीश श्री तलवाड़ और दूसरे अफसर मौका पर पहुंच गए । खोजी कुत्ते मंगाए गए । क्षेत्र की नाकाबंदी व घेराबंदी के बाद तलाशी ली जा रही है ।

पंडित अमर नाथ के परिवार में अब सिर्फ सात वर्षीय सोनू बचा है । इस गांव में मृतकों के रिश्तेदारों के तीन अन्य मकान हैं जबकि अल्पसंख्यक वर्ग के काफी घर हैं । क्षेत्र में बहुत भय व्याप्त है ।

थाना सदर कपूरथला के क्षेत्र में गत 30 घंटों के दौरान आतंकवादियों के हाथों 13 व्यक्ति मारे जा चुके हैं व चार घायल हो चुके हैं । 6 मई की शाम को मौजा सिधवां दोना में सात व्यक्तियों की हत्या की गई थी जबकि चार घायल हुए थे । आज सिधवां दोना के लोगों ने जिलाधीश श्री तलवाड़ से भेंट करके बताया कि उनके गांव में भारी आतंक व्याप्त है और लोग पलायन कर रहे हैं । श्री तलवाड़ ने उन्हें पूर्ण सुरक्षा का आश्वासन दिया । सिधवां में जिला प्रशासन ने मृतकों के अन्तिम संस्कार के लिए दो-दो हजार रुपए दिए तथा लखन कलां के मृतकों के अन्तिम संस्कार का भी प्रबन्ध किया है ।

जेवर, नकदी लूटी

कल रात थाना सुल्तानपुर लोधी के अंतर्गत गांव मसीतां में दो घरों से 5 आतंकवादी 3300 रुपए मूल्य के जेवर व नकदी छीन कर फरार हो गए ।

लूटने की कोशिश

फगवाड़ा (कौड़ा): कल रात तीन आतंकवादियों ने पिस्तौल की नोक पर एक ढाबे को लूटने की कोशिश की तथापि दो ग्राहकों के आ जाने पर वे वहां से भाग निकले ।

तीन ग्रंथियों की हत्या

नकोदर (गगन): थाना नूरमहल के दो गांवों में आतंकवादियों ने तीन ग्रंथियों की हत्या कर दी । गांव डागरा में 43 वर्षीय जोगेन्द्र सिंह ग्रंथी की हत्या की गई । खबरों के अनुसार रात आतंकवादी स्कूटर पर एक व्यक्ति करनैल सिंह के घर आए तथा उससे उसकी दोनाली बंदूक तथा स्कूटर मांगा । उस समय वहां ग्रंथी जोगेन्द्र सिंह भी मौजूद था । उसने आतंकवादियों से कहा कि करनैल सिंह को मारपीट क्यों कर रहे हो अतः आतंकवादियों ने करनैल सिंह को तो छोड़ दिया परन्तु ग्रंथी जोगेन्द्र सिंह को गोलियां मार कर मार डाला । बाद में आतंकवादियों को करनैल सिंह ने अपना स्कूटर और बंदूक दे दी और आतंकवादी फरार हो गए ।

दूसरी वारदात थाना नूरमहल के गांव पोधारा में हुई जहां आतंकवादियों ने गुरुद्वारा के दो ग्रंथियों की हत्या कर दी । इनमें से एक हरभजन सिंह (32 वर्ष) तथा दूसरा अजायब सिंह (50 वर्ष) है । उनकी हत्या उस समय की गई जबकि वे सो रहे थे । अजायब सिंह लुधियाना के गांव हम्बड़ां का रहने वाला था । समझा जाता है कि दोनों गांवों में जो कि निकट ही हैं, एक ही गिरोह ने वारदातें कीं । आतंकवादी जाते हुए उनकी कमीजों पर बी.टी.एफ. (भिंडरांवाला टाइगर फोर्स) लिख गए ।

फिल्लौर से तरसेम के अनुसार गांव के लोगों ने बताया कि सन्त अजायब सिंह व ग्रंथी हरभजन सिंह को पहले केसरी दोआबा कमांडो फोर्स की ओर से धमकी भरा पत्र मिला था जिसमें लिखा था कि आप शराब छोड़ दो, नहीं तो आपकी हत्या कर दी जाएगी । उग्रवादी जाते हुए घटना स्थल पर भी एक पत्र छोड़ गए हैं । यह पत्र भिंडरांवाला टाइगर फोर्स का है । हरभजन सिंह ग्रंथी की शादी एक साल पहले हुई थी ।

आतंकवादियों की पहचान

पटियाला (भूषण) : हाल ही में बनूड़ के निकट सी.आर.पी. के साथ हुई मुठभेड़ में मारे गए तीनों आतंकवादियों की आज हरियाणा पुलिस ने पहचान कर ली । जानकार सूत्रों के अनुसार इनमें बलजिंदर सिंह उर्फ चंदी पुत्र महाबली सिंह निवासी बिचवारी थाना सदर अम्बाला, बलविंदर सिंह उर्फ बिनी पुत्र गुरदर्शन सिंह निवासी अमालपुरा कादियां थाना बटाला जिला करनाल तथा सतविंदर सिंह उर्फ सत्ता पुत्र किरपाल सिंह कमालपुरा जिला करनाल शामिल हैं ।

हाशियारपुर से आश्वनी के अनुसार माहलपुर पुलिस ने उग्रवादियों को शरण देने, उनके शस्त्रास्त्रों को छिपाने और सहायता देने के आरोप में चार संदिग्ध व्यक्तियों के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है । इनमें जगमल सिंह उर्फ अवतार सिंह, अमरजीत सिंह उर्फ अम्बा (दोनों गांव डंडेबाल), शीतल सिंह गांव माबला और हरभजन सिंह उर्फ राजू गांव भीखोवाल शामिल हैं । उनके विरुद्ध केस दर्ज कर लिया गया है । गिरफ्तारी किसी भी क्षण सम्भावित है ।

प्रधानमंत्री समझ लें ...

(पृष्ठ 3 का शेष)

थी, सुरेंद्र पाल को भी गोली लगी थी, 13-14 दिन अमृतसर के अस्पताल में रहे, एक बाजू थोड़ा सा नाकारा, लाटरी की टिकटें बेचने का स्टाल लगवा दिया है भाजपा वालों ने, कविता शर्मा बेटी, 9वीं की छात्रा (12), लवलीन चौथी क्लास की छात्रा (10),

लड़ाई जारी रहेगी

(पृष्ठ 3 का शेष)

चुनाव जीतने के लिए ही बनाई है ।

श्री बरनाला ने कहा कि केंद्र सरकार ने उनकी सरकार से जोधपुर के नजरबंदों की रिहाई का वादा किया था परन्तु अब यह कैदी जानबूझ कर नहीं छोड़े जा रहे । उन्होंने मांग की कि पंजाब के युवकों की बेरोजगारी समाप्त करने के लिए उपाय किए जाएं ।

श्री बरनाला ने आतंकवादी गतिविधियों पर चिन्ता व्यक्त की और कहा कि यदि हम आतंकवाद के विरुद्ध न डटे तो हमें सैंकड़ों 'भोग' समारोहों में शामिल होना पड़ सकता है क्योंकि उग्रवादी किसी को भी नहीं बख्शते । उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की नीयत ही साफ नहीं है, इसलिए पंजाब समस्या हल नहीं हो सकेगी ।

हथियार खरीदें

इस अवसर पर निहंग प्रमुख बाबा अजीत सिंह और बाबा जिंदा सिंह ने लोगों को हथियार खरीदने का आह्वान किया ताकि उग्रवादियों का मुकाबला किया जा सके । उन्होंने पलायन करने वाले लोगों से कहा कि वे अन्य राज्यों को न जाएं बल्कि उनके डेरों में आएं, उन्हें पूर्ण सुरक्षा प्रदान की जाएगी ।

बाबा अजीत सिंह ने उग्रवादियों से केंद्र द्वारा समझौते के प्रयास पर आपत्ति की और कहा कि इससे वे लोग हतोत्साहित होंगे जो राज्य में उग्रवाद के विरुद्ध लड़ाई लड़ रहे हैं ।

स्थिति गम्भीर

श्री जगजीत सिंह आनंद ने कहा कि आतंकवादी गतिविधियां बढ़ रही हैं । निर्दोष लोगों की हत्याएं होती जा रही हैं । जब तक हत्याएं बंद नहीं होतीं, शांति नहीं होगी । दरबार साहब परिसर में भी स्थिति गंभीर है । उन्होंने कहा कि अब तक सी.पी.आई. के 60, मार्क्सी पार्टी के 20 और लेनिनवादी मार्क्सी पार्टी के 6 वर्कर शहीदी पा चुके हैं । उन्होंने कहा कि मौत से डरना नहीं चाहिए और उग्रवाद का एकजुट होकर मुकाबला करना चाहिए ।

बिना सुरक्षा जाएं

श्री उमरानंगल ने निर्दोष लोगों की हत्याओं पर गहरा दुख व्यक्त किया । उन्होंने कहा कि हमें उग्रवादियों के ठिकानों पर बिना सुरक्षा के जाना चाहिए । उन्होंने कहा कि उग्रवादी मुझे जहां बुलाएं, मैं वहां जाने के लिए तैयार हूं । श्री उमरानंगल ने अपनी ओर से उग्रवादियों को पेशकश की कि वह उग्रवादियों से जलियांवाला बाग में मिलने के लिए तैयार हैं और उनका पूरा मुकाबला करेंगे । उन्होंने कहा कि जब तक सांस है उग्रवाद का मुकाबला करता रहूंगा ।

निश्चित प्रोग्राम

'ह.स.' के अनुसार श्री उमरानंगल ने श्री रिबैरो की ओर संकेत करते हुए कहा कि वह अपने लिए कुछ नहीं चाहते परन्तु केंद्र को पंजाब बारे अंतिम निर्णय प्राथमिकता के आधार पर करना चाहिए । उन्होंने स्पष्ट किया कि पाकिस्तान के उद्देश्य सफल नहीं होने दिए जाएंगे । उन्होंने कहा कि उग्रवादियों द्वारा दरबार साहब परिसर प्रयोग किया जाना गलत बताया और कहा कि यदि उनमें साहस है तो लोगों के सामने आएं ।

श्री उमरानंगल ने अपनी पार्टी नेता श्री सुरजीत सिंह बरनाला से अनुरोध किया कि वह उग्रवाद से निपटने के लिए निश्चित प्रोग्राम दें जिसे हम किसी भी कीमत पर क्रियान्वित करेंगे । उन्होंने कहा कि सिखों को जल्दी में और बिना सुरक्षा के दरबार साहब जाना चाहिए ।

सहायता के चैक

इस अवसर पर श्री रिबैरो ने कुछ उग्रवाद से पीड़ित परिवारों को सहायता के चैक प्रदान किए ।

श्री उमरानंगल को भेजे गए अपने संदेश में राष्ट्रपति आर. वेंकटरमन ने कहा है कि मनुष्य का जैसे-जैसे विकास हुआ था, वह बर्बरता से विमुख होकर सभ्य, सामाजिक बना था पर अब इस प्रक्रिया को उलटा किया जा रहा है ।

पंजाब के राज्यपाल श्री सिद्धार्थ शंकर रे ने

क्लासीफाइड विज्ञापन

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 8.5.88, 52/- without trays. NECC Suggested Retail Price 7.10 per Dozen.

गुमशुदा

मेरा पर्स (काले रंग का) जिसमें ड्राईविंग लाईसैंस, जिमखाना क्लब का कार्ड, लगभग 350 रुपये तथा अन्य कागज़ हैं इंडस्ट्रीयल एस्टेट से अड्डा होशियारपुर के बीच गिर गया है । जिसे मिला हो कृपया पहुंचा दें ।

कोचिंग

60 दिनों में अंग्रेजी बोलना सीखें—कैरियर्ज़ कालेज, सामने दर्पण स्टुडियो, भारत नगर, लुधियाना ।

ज़मीन/जायदाद/प्लाट

Plot required in Urban Estate Phase=I/II, Jalandhar. Contact :—Capoor & Co., Property Dealers, 189-Adarsh Nagar, Jalandhar. Phone : 73788.

र साहब के बाहर आतंकवादियों-सुरक्षा बलों में
स्त फायरिंग: डी.आई.जी. विर्क घायल: कर्फ्यू लगा

क युवक और एक सेवादार सहित 5 मरे : 7 पत्रकार भी परिसर में फंस गए, उनमें से 2 घायल, क्षेत्र में आतंक

में विभिन्न स्थानों पर 6 लोग मरे : दो बैंकों से 2.60 लाख रुपए लूटे

.स.): आज दरबार
आतंकवादियों और
दस्त गोलीबारी में
श्री एस.एस. विर्क
जबकि फायरिंग की
की मृत्यु हो गई ।
तंकवादियों ने 6
बकि 2 बैंकों से
पानीपत में हुए
यु हो गई जबकि
ड में तीन भगौड़े

हर एक बजे के
पी. पर अचानक
क सी.आर.पी. के
रबार साहब के
आर.पी. की नई
ए थे । जब श्री
कारियों के साथ
और उनके गिर्द
में खड़े थे तो इस
ामदास सराए के
शुरू कर दी ।
और गोली लगी
ल गया और खून

ब 1.45 बजे
र्ड में दाखिल
आप्रेशन कर
र बताई जाती
धिकारी श्री विर्क
र्ड पद्मश्री की

के उत्तर में
फायरिंग शुरू
ोबारी हुई ।
बार साहब के

गिर्द दूसरे क्षेत्रों घंटा घर, चौक बाबा साहब, बाबा अटल की ओर से भी फायरिंग हुई । एक घंटे के अंदर दरबार साहब के चारों ओर फायरिंग का सिलसिला आरम्भ हो गया ।

वार्ता के अनुसार 29 अप्रैल के बाद दरबार साहब क्षेत्र में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों में यह दूसरी बार फायरिंग हुई है । 29 अप्रैल को हुई फायरिंग में एक श्रद्धालु महिला स्वर्ण कौर घायल हो गई थी । अतीत के विपरीत पुराने शहर में स्थिति सामान्य दिखाई दे रही थी । केवल परिसर के गिर्द 500 मीटर की परिधि में स्थित दकानें हड़बड़ाहट में बंद हो गईं । कटड़ा अहलुवालिया तथा बाजार माईसेवा में लोग इधर-उधर भागते दिखाई दिए परन्तु शहर के अन्य स्थानों पर कारोबार सामान्य रूप से जारी रहा ।

तनाव का कारण

एक अन्य सूचना के अनुसार दरबार साहब क्षेत्र में तनाव उस समय पैदा हुआ जब सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों को अकाल तख्त की ओर जाने वाले गेट की बाईं और 'पक्का मोर्चा' बनाने से रोका । श्री विर्क गड़बड़ की सूचना मिलने पर वहां पहुंचे थे ।

अनिश्चितकालीन कर्फ्यू

जिला मैजिस्ट्रेट श्री सर्वजीत सिंह ने फायरिंग शुरू होने के तत्काल बाद मौका का निरीक्षण किया और उच्चाधिकारियों से मशविरा करने के बाद अमृतसर शहर की चार दीवारी के अंदर अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लगा दिया । कर्फ्यू की घोषणा करने के लिए शहर में सरकारी गाड़ियां तत्काल ही घूमने लगीं जिससे शहर के आंतरिक क्षेत्र में दुकानें आदि बंद हो गईं और तीन बजे तक पूरा शहर सुनसान दिखने लगा ।

2 मरे

आतंकवादियों तथा सी.आर.पी. के मध्य हुई भीषण गोलीबारी की चपेट में आकर एक वृद्धा दलीप कौर तथा एक युवक विनोद कुमार की मृत्यु हो गई ।

सूत्रों के अनुसार विनोद कुमार (25) जोकि अमृतसर के बाजार माई सेवां का रहने वाला था, को गोली छाती में लगी और जब उसे अस्पताल की ओर लाया जा रहा था तो रास्ते में ही उसकी मृत्यु हो गई । दलीप कौर (62) को गोली उस समय लगी जब वह दरबार साहब में दर्शनों के लिए जाने से पूर्व पांव धो रही थी । उसे भी गोली लगाने पर अस्पताल पहुंचाया गया जहां उसकी मृत्यु हो गई ।

तीसरा शव जौड़ा घर (जहां जूते रखे जाते हैं) के पास तथा चौथा शव ब्रह्मबूटा अखाड़े के पास पड़ा देखा गया ।

जिस समय पत्रकार बाहर आ रहे थे उस समय सुरक्षा बलों ने फायरिंग बंद रखी । उग्रवादियों ने उस समय अवश्य एक गोली चलाई । इस अवधि में कुछ श्रद्धालु भी बाहर आने में सफल रहे ।

पैंटा घेरे में

सुविज्ञ सूत्रों से पता चला है कि भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स आफ खालिस्तान के उग्रवादी सुरजीत सिंह पैंटा सहित 80 उग्रवादी परिसर में घिरे हुए हैं । उग्रवादी वाकी-टाकी उपकरणों के जरिए एक-दूसरे से सम्पर्क बनाए हुए हैं । सुरक्षा बलों द्वारा श्री विर्क की खबर अपने वायरलैस पर जारी किए जाने के साथ ही उग्रवादियों को भी इसका पता लग गया ।

पत्रकार घायल

परिसर में फंसे हुए एक पत्रकार के अनुसार फायरिंग में वीर प्रताप के सम्वाददाता नरेन्द्र शर्मा की टांग में गोली लगी जबकि एक गोली इंडियन एक्सप्रैस के दिनेश कुमार के पांव को छूती हुई निकल गई । उनके अलावा अंदर फंसे हुए पत्रकारों में हिन्दुस्तान टाइम्ज के अविनाश सिंह, इंडियन एक्सप्रैस के फोटोग्राफर स्वदेश तलवाड़, इंडिया टुडे के फोटोग्राफर प्रमोद पुष्करना, अकाली पत्रिका की मिस ज्योति तथा फ्री लांसर मनोहर लाल शामिल हैं । एक प्रत्यक्षदर्शी पत्रकार जिसने परिसर के अंदर से टैलीफोन किया, बताया कि फायरिंग में एक सेवादार मर गया है, जिसकी लाश अकाल तख्त के निकट पड़ी है जबकि तीन घायलों जिनमें एक स्त्री भी है, के बारे में कुछ पता नहीं चला । उसने बताया कि लगभग 150 श्रद्धालु भी अंदर फंसे हुए हैं ।

फायरिंग में सी.आर.पी. के कुछ जवान भी घायल हुए बताए जाते हैं ।

सरकारी विज्ञप्ति

दरबार साहब अमृतसर के गिर्द सुरक्षा बलों तथा आतंकवादियों के मध्य हुई फायरिंग के बारे में आज शाम एक सरकारी बयान जारी हुआ जिसमें

पत्रकार बाहर निकले

आज देर शाम को परिसर में फंसे सातों पत्रकार अपने हाथ सिरों पर रख कर बाहर निकल आए ।

ये पत्रकार घंटाघर गेट से सायं 6.45 बजे से 7 बजे के बीच निकले । इनमें अविनाश सिंह (हिन्दुस्तान टाइम्स), दिनेश कुमार (इंडियन एक्सप्रैस), नरेंद्र शर्मा व मनोहर शर्मा (दैनिक प्रताप), ज्योति शर्मा (अकाली पत्रिका), स्वदेश तलवाड़ फोटोग्राफर (इंडियन एक्सप्रैस) व प्रमोद पुष्करणा फोटोग्राफर (इंडिया टुडे) शामिल थे । नरेंद्र शर्मा के बाएं पैर पर गोली लगी है पर उनकी हालत खतरे से बाहर है ।

रात्रि 9 बजे सुरक्षा बलों ने लाऊड स्पीकर से घोषणा की कि वे फायरिंग बंद कर रहे हैं । इसपर घंटाघर की ओर के मुख्य द्वार से लगभग 150 श्रद्धालु बाहर निकल आए । उधर कोतवाली में पंजाब पुलिस के महानिदेशक के.पी.एस. गिल ने आई.जी. बार्डर रेंज चमन लाल, डी.आई.जी. बार्डर रेंज ए.ए. सिद्दीकी एस.एस.पी. सुरेश अरोड़ा के साथ उच्च स्तरी परामर्श किया । शहर में भी अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात कर दिए गए हैं ।

4 की हत्या

जिला अमृतसर के गांव हर्षा छीना थाना अजनाला में आतंकवादियों ने एक व्यक्ति इंद्र सिंह की कल रात हत्या कर दी । एक अन्य वारदात में बाबा पोटा के डेरे में एक सेवादार बाबा सिंह की हत्या कर दी गई । एक निहंग चैन सिंह की थाना अजनाला के गांव बिलहाला कलां में हत्या कर दी गई, जबकि थाना बल्टोहा के गांव पूना में दो आतंकवादियों ने एक स्त्री ईशर कौर की हत्या कर दी ।

हर्षा छीना में ही आतंकवादियों ने एक व्यक्ति कर्म सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

युवक की लाश मिली

आज प्रातः थाना बैरोवाल के गांव वई-पुई में एक युवक की गोलियों से छलनी लाश भी पाई गई ।

मृतकों की संख्या 14 हुई

पानीपत (सुधाकर): परसों रात बागड़ी लोहारों के एक विवाह समारोह पर हुई फायरिंग में मरने वालों की संख्या 14 हो गई है । जो 5 घायल रोहतक मैडीकल कालेज में भेजे गए थे, उनमें से एक ही मृत्यु हो गई है ।

राइफल का प्रयोग किया । सम्भव है कि उग्रवादियों को पकड़ने के लिए हरियाणा के पंजाबी बाहुल्य जिलों सिरसा, अम्बाला, कुरुक्षेत्र और करनाल इत्यादि में व्यापक स्तर पर चैकिंग की जाए ।

कोई सुराग नहीं

इसी मध्य चंडीगढ़ में सरकारी सूत्रों ने बताया कि पानीपत में हुए खूनी कांड के संबंध में अभी तक कोई सुराग नहीं मिला । फायरिंग में घायल होने वालों की दशा खतरे से बाहर बताई गई है ।

मिस्त्री की हत्या

फगवाड़ा (कौड़ा): गत रात्रि लगभग 11.30 बजे स्थानीय गोविन्दपुरा मोहल्ला में चार सशस्त्र आतंकवादियों ने एक मिस्त्री निर्मल सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । बताया जाता है कि चारों उग्रवादी जिनमें दो सिख व दो मोने थे, पैदल ही निर्मल सिंह के घर तक गए, दरवाजा खटखटाया, उसके भाई टहल सिंह द्वारा दरवाजा खोलने पर उन्होंने निर्मल सिंह को बुलाने को कहा । 32 वर्षीय विवाहित नौजवान निर्मल सिंह के आते ही उन्होंने उस पर गोलियों की बौछार कर दी, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । चारों अभियुक्त अंधेरे में आसानी से पैदल ही फरार हो गए । पुलिस मामले को निजी शत्रुता का मामला बता रही है व छानबीन कर रही है ।

बैंक लूट लिया

आज प्रातः फगवाड़ा से 4 किलोमीटर दूर गांव चचराड़ी में कैनरा बैंक की ब्रांच से 4 आतंकवादी जो स्टेनगनों व रिवाल्वरों से लैस थे, 1 लाख 40 हजार 2 सौ रुपए लूट कर फरार हो गए । सूचनाओं में कहा गया है कि 2 आतंकवादी बैंक के बाहर खड़े रहे जबकि 2 बैंक में दाखिल हुए । उन्होंने मैनेजर श्री डी.एफ. नारीवाल और कैशियर शीतल सिंह से सेफ की चाबियां लीं और रुपए लेकर किसी को हानि पहुंचाए बगैर वहां से फरार हो गए । उस समय बैंक अभी खुला ही था तथा गनमैन को अभी बंदूक नहीं दी गई थी । गोराया पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है ।

गोराया से 'सीरा' की सूचना है कि उक्त बैंक के गनमैन शिंगारा राम ने बताया कि घटना के समय सफाई कर्मचारी भागो बैंक में सफाई कर रही थी और 6 कर्मचारी बैंक के अंदर थे । इनमें एक महिला कर्मचारी सतनाम कौर भी थी । उस समय 9 बज कर 55 मिनट हुए थे । एक 22 वर्षीय युवक ने दरवाजा खटखटाया और कैशियर से

जिला गुरदासपुर के थाना कहनूवान के अंतर्गत स्थित गांव कोटली हरचंदा के बाहिर पुलिस मारे गए (1) 'ए' श्रेणी के आतंकवादी सुरजन सिंह का शव । (2 से 5) इसी मुठभेड़ में मा अशोक कुमार के शव (7-8) मृत आतंकवादियों से मिले हथियार । एक ए.के. 47 अ

पंजाब से लगे क्षेत्रों में आतंक
को रोकने के उपायों पर उ

नई दिल्ली, 9 मई (वार्ता): पंजाब से लगे क्षेत्रों में आतंकवादी गतिविधियों को रोकने के उपायों पर आज यहां उच्च स्तरीय बैठक में विचार-विमर्श किया गया । बैठक की अध्यक्षता गृहमंत्री बूटा सिंह ने की । इसमें गृह राज्यमंत्री पी. चिदम्बरम, गृह सचिव सी.जी. सोमैया, हरियाणा के पुलिस महानिदेशक एच.आर. स्वान, पंजाब के पुलिस महानिदेशक के.पी.एस. गिल, सीमा सुरक्षा बल के महानिदेशक एच.पी. भटनागर, केन्द्रीय आरक्षी पुलिस बल के महानिदेशक पी.जी. हलरंकर तथा दिल्ली के पुलिस आयुक्त विजय करण ने भाग लिया ।

एक सरकारी प्रवक्ता ने बाद में बताया कि बैठक में पंजाब से लगे राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों में आवश्यकता पड़ने पर सुरक्षा बलों को चौकस रखने का निश्चय किया गया है ।

बैठक में यह निश्चय किया गया कि के अलावा पंजाब से लगे राज्यों व के प्रदेशों की पुलिस बलों के बीच सूचना आ व्यवस्था में अधिक सुधार लाने के प्राथमिकता दी जाएगी । पानीपत घटना हुए केन्द्र सरकार ने हरियाणा को कछ अ बल भेजे हैं । हरियाणा सरकार भी अप बल की क्षमता हर तरह से बढ़ाना चाहत

अर्द्ध सैनिक बल भेजे

केंद्र सरकार ने पानीपत की घटना को हरियाणा में अर्द्ध सैनिक बल भेजे हैं और प्राथमिकता के आधार पर आगे और स मुहैया कराने का आश्वासन दिया है । के ने आज अमृतसर में हुई घटना के सम्बन्ध





Punjab Sangam

...(चं.ड.): आज दोपहर एक बजे के करीब दरबार साहब से सी.आर.पी. पर अचानक गोलियां चलनी शुरू हो गईं, जबकि सी.आर.पी. के डी.आई.जी. श्री एस.एस. विर्क दरबार साहब के बाहर ब्रह्मबूटा मार्केट की ओर सी.आर.पी. की नई चौकियों का निरीक्षण करने गए थे । जब श्री विर्क सुरक्षा बलों के अन्य अधिकारियों के साथ चौकियों का निरीक्षण कर रहे थे और उनके गिर्द सी.आर.पी. के जवान भारी संख्या में खड़े थे तो इस जमघट को देखकर लंगर और गुरु रामदास सराए के ऊपर से आतंकवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी । श्री विर्क के बाएं जबड़े के निचली ओर गोली लगी जिससे उनका सारा निचला जबड़ा हिल गया और खून बहने लगा ।

श्री विर्क के बाद दोपहर करीब 1.45 बजे सिविल अस्पताल के एमरजैंसी वार्ड में दाखिल कराया गया तब डाक्टरों ने उनका आप्रेशन कर दिया । उनकी दशा खतरे से बाहर बताई जाती है । बाद में उच्चपुलिस व अन्य अधिकारी श्री विर्क को देखने अस्पताल गए । श्री विर्क पद्मश्री की उपाधि से सम्मानित हैं ।

आतंकवादियों की फायरिंग के उत्तर में सी.आर.पी. ने भी मोर्चे सम्भाल कर फायरिंग शुरू कर दी । दोनों ओर से भीषण गोलीबारी हुई । ब्रह्मबूटा के साथ-साथ दरबार साहब के रूप से जारी रहा ।

तनाव का कारण

एक अन्य सूचना के अनुसार दरबार साहब क्षेत्र में तनाव उस समय पैदा हुआ जब सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों को अकाल तख्त की ओर जाने वाले गेट की बाईं ओर 'पक्का मोर्चा' बनाने से रोका । श्री विर्क गड़बड़ की सूचना मिलने पर वहां पहुंचे थे ।

अनिश्चितकालीन कर्फ्यू

जिला मैजिस्ट्रेट श्री सर्वजीत सिंह ने फायरिंग शुरू होने के तत्काल बाद मौका का निरीक्षण किया और उच्चाधिकारियों से मशविरा करने के बाद अमृतसर शहर की चार दीवारी के अंदर अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लगा दिया । कर्फ्यू की घोषणा करने के लिए शहर में सरकारी गाड़ियां तत्काल ही घूमने लगीं जिससे शहर के आंतरिक क्षेत्र में दुकानें आदि बंद हो गईं और तीन बजे तक पूरा शहर सुनसान दिखने लगा ।

2 मरे

आतंकवादियों तथा सी.आर.पी. के मध्य हुई भीषण गोलीबारी की चपेट में आकर एक वृद्धा दलीप कौर तथा एक युवक विनोद कुमार की मृत्यु हो गई ।

सूत्रों के अनुसार विनोद कुमार (25) जोकि अमृतसर के बाजार माई सेवां का रहने वाला था, को

पैंटा घेरे में

सुविज्ञ सूत्रों से पता चला है कि भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स आफ खालिस्तान के उग्रवादी सुरजीत सिंह पैंटा सहित 80 उग्रवादी परिसर में घिरे हुए हैं । उग्रवादी वाकी-टाकी उपकरणों के जरिए एक-दूसरे से सम्पर्क बनाए हुए हैं । सुरक्षा बलों द्वारा श्री विर्क की खबर अपने वायरलैस पर जारी किए जाने के साथ ही उग्रवादियों को भी इसका पता लग गया ।

पत्रकार घायल

परिसर में फंसे हुए एक पत्रकार के अनुसार फायरिंग में वीर प्रताप के सम्वाददाता नरेन्द्र शर्मा की टांग में गोली लगी जबकि एक गोली इंडियन एक्सप्रैस के दिनेश कुमार के पांव को छूती हुई निकल गई । उनके अलावा अंदर फंसे हुए पत्रकारों में हिन्दुस्तान टाइम्ज के अविनाश सिंह, इंडियन एक्सप्रैस के फोटोग्राफर स्वदेश तलवाड़, इंडिया टुडे के फोटोग्राफर प्रमोद पुष्करना, अकाली पत्रिका की मिस ज्योति तथा फ्री लांसर मनोहर लाल शामिल हैं । एक प्रत्यक्षदर्शी पत्रकार जिसने परिसर के अंदर से टैलीफोन किया, बताया कि फायरिंग में एक सेवादार मर गया है, जिसकी लाश अकाल तख्त के निकट पड़ी है जबकि तीन घायलों जिनमें एक स्त्री भी है, के बारे में कुछ पता नहीं चला । उसने बताया कि लगभग 150 श्रद्धालु भी अंदर फंसे हुए हैं ।

फायरिंग में सी.आर.पी. के कुछ जवान भी घायल हुए बताए जाते हैं ।

सरकारी विज्ञप्ति

दरबार साहब अमृतसर के गिर्द सुरक्षा बलों तथा आतंकवादियों के मध्य हुई फायरिंग के बारे में आज शाम एक सरकारी बयान जारी हुआ जिसमें कहा गया कि आज बाद दोपहर लगभग 1.30 बजे डी.आई.जी. सी.आर.पी. श्री एस.एस. विर्क, एस.एस.पी. श्री सुरेश अरोड़ा, सी.आर.पी. की 49वीं बटालियन के कमांडैंट और एस.पी. सिटी दरबार साहब के करीब उस स्थान पर गए जहां आतंकवादी अपनी मोर्चाबंदी को पक्का करने के लिए एक प्राइवेट जगह पर अवैध कब्जा करके वहां एक दीवार का निर्माण कर रहे थे । विज्ञप्ति के अनुसार आतंकवादी चाहते थे कि इस तरह से वे प्राइवेट इमारत पर कब्जा करके वहां अपनी मोर्चाबंदी कर लें लेकिन जब उक्त अधिकारियों ने वहां पहुंच कर उस जगह खड़े कुछ युवकों को ऐसा करने से रोका तो वे युवक दरबार साहब के भीतर चले गए और उन्होंने सुरक्षा बलों पर फायरिंग शुरू कर दी जिससे एक गोली श्री विर्क के निचले जबड़े में जा घुसी । आतंकवादियों की ओर से अचानक शुरू की गई फायरिंग से सुरक्षा बल अचम्भित रह गए लेकिन तुरन्त ही सुरक्षा बलों ने भी जवाबी फायरिंग की । प्रैस विज्ञप्ति के अनुसार आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर 8 ओर से फायरिंग की । श्री विर्क को उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया जहां उनका सफल आप्रेशन हो गया है । अब उनकी दशा खतरे से बाहर है ।

विज्ञप्ति में बताया गया है कि परिस्थितियों को देखते हुए शहर की चारदीवारी में अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लगा दिया गया है । अब फायरिंग रुकी हुई है । विज्ञप्ति में कहा गया है कि सुरक्षा बलों ने नागरिकों की सुरक्षा के कारण काफी संयम से काम लिया ।

टैलीफोन पर सम्पर्क किए जाने पर अकाल तख्त के जत्थेदार जसवीर सिंह रोडे के आवास पर ठहरे कई स्त्री-पुरुषों में से एक ने बताया कि फायरिंग जारी है । यह आवास घंटाघर गेट के पास स्थित है । पूरी

(1) अमृतसर में दरबार साहिब घंटाघर चौक का एक चित्र, जहां सोमवार को उग्रवादियों और सुरक्षा बलों के मध्य गोली चली । (2) गोली से बचने के लिये लोग सुरक्षित स्थानों पर छिपने के लिए भागते हुए । (3) फायरिंग से सी.आर.पी.एफ. के डी. आई. जी. श्री एस. एस. विर्क (इनसैट) घायल हो गए । उन्हें गुरु तेग बहादुर अस्पताल अमृतसर के एमरजैंसी वार्ड में तत्काल दाखिल किया गया । (4) फायरिंग के दृष्टिगत नगर में कर्फ्यू लगा दिया गया । (5) उग्रवादियों की फायरिंग से राहगीर विनोद कुमार (6) वृद्धा दलीप कौर मारे गए । उनके शव पड़े दिखाई दे रहे हैं । (छाया : भंडारी)

...नरल वैद्य के दो हत्यारों को कैद की सज़ा

...पुर, 9 मई (वार्ता): विशेष न्यायाधीश बी.एल. ... ने आज यहां भूतपूर्व बलसेनाध्यक्ष जनरल ...धीर वैद्य के हत्यारों निर्मल सिंह उर्फ निम्मा ... सुखदेव सिंह उर्फ सुक्खा को आतंकवादी एवं ...कारी गतिविधि (निरोधक) कानून 1985

आतंकवादी के साथ श्री वैद्य का पीछा किया था और उसने उनके सिर में तीन गोलियां दागी थीं जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । इसके बाद वे बम्बई लौट आए और विभिन्न स्थानों को चले गए ।

(1) अमृतसर में दरबार साहिब घंटाघर चौक का एक चित्र, जहां सोमवार को उग्रवादियों और सुरक्षा बलों के मध्य गोली चली । (2) गोली से बचने के लिये लोग सुरक्षित स्थानों पर छिपने के लिए भागते हुए । (3) फायरिंग से सी.आर.पी.एफ. के डी. आई. जी. श्री एस. एस. विर्क (इनसैट) घायल हो गए । उन्हें गुरु तेग बहादुर अस्पताल अमृतसर के एमरजैंसी वार्ड में तत्काल दाखिल किया गया । (4) फायरिंग के दृष्टिगत नगर में कर्फ्यू लगा दिया गया । (5) उग्रवादियों की फायरिंग से राहगीर विनोद कुमार (6) वृद्धा दलीप कौर मारे गए । उनके शव पड़े दिखाई दे रहे हैं । (छाया : भंडारी)

जिला गुरदासपुर के थाना कहनूवान के अंतर्गत स्थित मारे गए (1) 'ए' श्रेणी के आतंकवादी सुरजन सिंह का अशोक कुमार के शव (7-8) मृत आतंकवादियों

पंजाब से लगे क्षे... को रोकने के उ...

नई दिल्ली, 9 मई (वार्ता): पंजाब से लगे क्षेत्रों में आतंकवादी गतिविधियों को रोकने के उपायों पर आज यहां उच्च स्तरीय बैठक में विचार-विमर्श किया गया । बैठक की अध्यक्षता गृहमंत्री बूटा सिंह ने की । इसमें गृह राज्यमंत्री पी. चिदम्बरम, गृह सचिव सी.जी. सोमैया, हरियाणा के पुलिस महानिदेशक एच.आर. स्वान, पंजाब के पुलिस महानिदेशक के.पी.एस. गिल, सीमा सुरक्षा बल के महानिदेशक एच.पी. भटनागर, केन्द्रीय आरक्षी पुलिस बल के महानिदेशक पी.जी. हलरंकर तथा दिल्ली के पुलिस आयुक्त विजय करण ने भाग लिया ।

एक सरकारी प्रवक्ता ने बाद में बताया कि बैठक में पंजाब से लगे राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों में आवश्यकता पड़ने पर सुरक्षा बलों को चौकस रखने

इलाहाबाद सहित विभिन्न संसदीय उप-चुनाव 16 जून को

नई दिल्ली, 9 मई: चुनाव आयोग ने इलाहाबाद सहित सात संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों और ग्यारह विधान सभा क्षेत्रों में 16 जून को उपचुनाव कराने का निश्चय किया है ।

चुनाव आयोग ने दिल्ली महानगर परिषद के लिए कोई भी उपचुनाव न कराने का फैसला किया ।

चुनाव आयोग के एक प्रवक्ता ने आज रात यहां यह जानकारी दी । उन्होंने बताया कि चुनाव कार्यक्रम के अनुसार इन सभी सातों संसदीय और 11 विधान सभा क्षेत्रों में 16 मई को उपचुनावों के लिए अधिसूचना जारी की जाएगी । उम्मीदवार 23 मई तक अपने नामांकन दाखिल कर सकेंगे, जबकि 24 मई को उनकी जांच की जाएगी । 26 मई तक उम्मीदवार अपने नाम वापस ले सकेंगे । मतदान 16 जून को कराया जाएगा । प्रवक्ता ने बताया कि आयोग ने जिन सात संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में उपचुनाव कराने का निश्चय किया है, वे हैं—गुजरात में गोधरा, हरियाणा में फरीदाबाद और सिरसा, जम्मू-कश्मीर में ऊधमपुर, मेघालय में तुरा, राजस्थान में पाली और उत्तर प्रदेश में इलाहाबाद । विधान सभाओं के जिन 11 स्थानों के

प्रवक्ता ने बताया कि आयोग ने पहले दिल्ली महानगर परिषद की मालवीय नगर सीट पर भी उपचुनाव कराने का निश्चय किया था, लेकिन केन्द्र सरकार द्वारा इन्हें बताया गया कि सरकारिया आयोग द्वारा दिल्ली में विधान सभा गठित करने के बारे में विचार करने के कारण अभी यह चुनाव नहीं कराया जाए ।

हरियाणा को बस-सेवा बहाल

चंडीगढ़, 9 मई (ह.स.): पंजाब रोडवेज ने आज हरियाणा से होकर चलने वाली बस सेवा पुनः बहाल कर दी है । यह बस सेवा गत दिवस पानीपत हत्याकांड के बाद सुरक्षा की दृष्टि से निलम्बित की गई थी ।

भाई जसवीर सिंह सरकार से वार्ता को तैयार

लंदन, 9 मई (वार्ता): बी.बी.सी. के अनुसार

1

2

3

4

5


6

7


8

जिला गुरदासपुर के थाना कहनुवान के अंतर्गत स्थित गांव कोटली हरचंदा के बाहिर पुलिस व बी.एस.एफ. की टुकड़ियों के साथ गत दिवस हुई मुठभेड़ में

उग्रवादियों ने गत दिवस रामुपराफूल के निकट गांव करिड़वाल में एक ही परिवार के चार सदस्यों

विर्क घायल ...

(पृष्ठ 3 का शेष)

खजांची को चाबियां देने के लिए कहा । मैनेजर ने बताया कि आतंकवादी चाबियां लेकर स्ट्रांग रूम में चले गए और वहां से रुपए लेकर फरार हो गए । जाती बार एक कर्मचारी का स्कूटर भी ले गए । उच्च पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए ।

एक और बैंक लूटा

आज दोपहर थाना नवांशहर के अंतर्गत गांव महालों में सैंट्रल को-आप्रेटिव बैंक की ब्रांच से आतंकवादियों ने 1.20 लाख रुपए लूट लिए । आतंकवादी लगभग डेढ़ बजे बैंक में आए और पिस्तौल की नोक पर स्टाफ को धमका कर लूट की रकम ले उड़े । भागते हुए वे बैंक के बाहर खड़ा एक हीरो होंडा मोटर साइकल भी ले गए ।

ढाबा वालों को धमकियां

गत रात्रि स्थानीय जी.टी. रोड फगवाड़ा पर संदिग्ध उग्रवादियों ने 'प्रभात ढाबा' के मालिक हरमनजीत को पिस्तौल की नोक पर मीट का धंधा बंद करने की धमकी दी । बताया जाता है कि दोनों उग्रवादियों ने दुकान में प्रवेश करते हुए ढाबा मालिक को 'खलिस्तान कमांडो फोर्स' का पत्र दिखाते हुए कहा कि यदि पंजाबी आती है तो इसे देख लो व पिस्तौल लहरा कर आधी दर्जन ग्राहकों के समक्ष ही उसे मीट का धंधा बंद करने का निर्देश दिया । इससे पूर्व स्थानीय हरगोविन्द नगर में इन उग्रवादियों ने 'जज दा ढाबा' के मालिक दविन्दर सिंह को ढाबा बंद करने की धमकी दी थी । दूसरी तरफ इन दोनों ने आरोप लगाया कि पुलिस बजाय उन्हें सुरक्षा देने के, उन्हें ही डरा-धमका रही है ।

फगवाड़ा (राकेश): कल रात यहां पर एक व्यक्ति निर्मल सिंह की गोलियों से की गई हत्या के सम्बन्ध में स्थानीय थाना सिटी पुलिस ने अभियुक्तों की तलाश में कई जगह छापे मारे व चार सम्बंधित व्यक्तियों को हिरासत में लिया है, उनसे पूछताछ की जा रही है । कल रात थाना सदर पुलिस ने कई गांवों में छापे मारकर दो व्यक्तियों को हिरासत में लिया है ।

माहिलपुर में भिड़ंत

होशियारपुर (अश्विनी): आज प्रातः 4.30 बजे यहां से थोड़ी दूर माहिलपुर के निकट पुलिस व आतंकवादियों के मध्य भिड़ंत हो गई । सूचनाओं में बताया गया है कि पुलिस की एक गश्ती पार्टी ने नाकाबंदी की हुई थी । अचानक सामने से दो आतंकवादी आते देख कर पुलिस ने उन्हें चुनौती दी । आतंकवादियों ने गोली चला दी जिसके उत्तर में पुलिस ने भी फायर किए । जब आतंकवादियों का गोली-सिक्का खत्म हो गया तो उन्होंने हाथ खड़े कर दिए । पुलिस ने एक आतंकवादी बलबीर सिंह को गिरफ्तार कर लिया, जबकि उसका साथी हरभजन सिंह व जोगा सिंह फरार हो गए । बलबीर सिंह के कब्जे से एक अमरीकी कार्बाइन तथा एक मैगजीन बरामद हुई ।

बटाला में पूर्ण बंद

बटाला (कोछड़): भारतीय जनता पार्टी और उससे सम्बद्ध संगठनों के आह्वान पर आज तनावग्रस्त बटाला शहर में पूर्ण बंद रहा । भारतीय

आयोजन का निर्णय लिया गया । गत 29 अप्रैल को हुई हिंसा और हत्या के आरोप में गिरफ्तार तीन लोगों की रिहाई की मांग को लेकर यह कार्रवाई की गई ।

दूसरी ओर गुरदासपुर जिला एकीकृत अकाली दल के अध्यक्ष बलवंत सिंह उधोके और स्थानीय अकाली दल (लौंगोवाल) के अध्यक्ष श्री धर्म सिंह ने हिंसा पर उतारू भीड द्वारा चार लोगों की कथित हत्या किए जाने का विरोध करने की घोषणा की है । इन दोनों व्यक्तियों ने शेष पांच अभियुक्तों को भी गिरफ्तार करने की मांग की है ।

अकाली नेताओं ने कल एस.डी.एम. श्री कुलवंत सिंह को एक ज्ञापन दिया था जिसमें उनकी मांगें दर्ज थीं, इनमें उन लोगों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग भी शामिल है, जिन्होंने हिंसा के दौरान एक धर्म स्थान को आग लगाने की कोशिश की थी । आग बी.एस.एफ. ने तत्काल बुझा दी थी तथा इससे केवल कुछ लकड़ी जली थी । दूसरी ओर भाजपा नेताओं ने कल सिटी थाना के बाहर प्रदर्शन किया, 8 लोगों के विरुद्ध दर्ज केस वापस लेने तथा उनकी रिहाई की मांग की । इन लोगों में से 5 अभी तक फरार हैं ।

रामायण देखने वालों की हत्या करने की योजना थी

गुरदासपुर (विनोद): जिला गुरदासपुर में काहनूवान थाने के अंतर्गत गांव कोटली हरचंदा में बी.एस.एफ. तथा पंजाब पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारे गए 6 आतंकवादियों की इस क्षेत्र में रामायण सीरियल देख रहे लोगों की बड़े स्तर पर हत्याएं करने की योजना थी । इस मुठभेड़ के बारे में बताते हुए डी.आई.जी. पुलिस श्री ए. सिद्दीकी तथा जिला पुलिस प्रमुख श्री पी.एम. दास ने बताया कि गत दिवस 9 आतंकवादी 6 घोड़ों पर इस इलाके में निहंगों के कपड़े पहन कर घूम रहे थे जिससे आम जनता तथा सुरक्षा बलों ने इन्हें निहंग समझा और यह आतंकवादी इस क्षेत्र में घूमते रहें, परन्तु सीमा सुरक्षा बल की एक गश्ती पार्टी को किसी ने सूचना दी कि इन घोड़ों पर घूमने वालों के पास शस्त्र भी हैं । सीमा सुरक्षा बल ने जब आतंकवादियों के शरण स्थल गांव कोटली हरचंदा के बाहर वृक्षों में घिरे एक ट्यूबवैल पर छापा मारा तो चार आतंकवादियों जो घोड़ों पर पहरा दे रहे थे, ने फायरिंग शुरू कर दी जिससे सीमा सुरक्षा बल का कांस्टेबल अशोक कुमार जख्मी हो गया और घुड़सवार आतंकवादी गांव राजू बेला जो कि ब्यास दरिया की ओर है की तरफ भाग । सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने इसकी सूचना पुलिस तथा बी.एस.एफ. को दी जिस पर जिला पुलिस प्रमुख श्री पी.एम. दास भारी फोर्स के साथ घटनास्थल की ओर चल पड़े ।

श्री सिद्दीकी ने बताया कि यह प्रातः 9 बजे की घटना है । फायरिंग की आवाज सुनते ही गांव कोटली हरचंदा के कुछ नौजवानों जिसमें गांव सुरक्षा स्कीम के अधीन दी गई राइफलों वाले चार युवक भी शामिल थे, ने भाग रहे आतंकवादियों पर फायरिंग शुरू कर दी जिससे आतंकवादी घबरा गए और उनका गोलियों से भरा एक थैला गिर गया परन्तु आतंकवादी भागते रहे और गांव के नौजवानों ने पुलिस तथा बी.एस.एफ. के साथ मिल कर लगभग 10 किलो मीटर इन आतंकवादियों का पीछा किया

और वह दरिया में बह गया ।

श्री सिद्दीकी ने बताया कि बी.एस.एफ. की एक अन्य टुकड़ी ने अन्य आतंकवादियों की घेराबंदी किए रखी और इनमें रुक-रुक कर फायरिंग होती रही । दोपहर को खतरनाक आतंकवादी सुरजन सिंह निवासी समोचक्क (दीना नगर) इस ट्यूबवैल से हथियारों समेत भाग खड़ा हुआ और एक अन्य ट्यूबवैल में छुप गया । यहां से सुरजन सिंह ने पुलिस तथा सुरक्षा बलों के साथ काफी लम्बे समय तक मुकाबला किया और जवानों पर हथगोले भी फैंके । इस ट्यूबवैल की छत तथा दीवारें काफी मजबूत थीं और दरवाजा भी बंद या जिस पर जवानों ने लाइट मशीनगन की सहायता से इस ट्यूबवैल की एक दीवार गिराने में सफलता प्राप्त की परन्तु सुरजन सिंह ने अपनी तरफ से मरने तक फायरिंग जारी रखी । जहां से सुरजन सिंह भागा था वहां छुपे चार आतंकवादियों में से तीन भागने में सफल हो गए परन्तु एक प्रीतम सिंह जोकि सुरजन सिंह का भतीजा था, गम्भीर रूप से जख्मी हो गया । जवानों ने उस पर काबू पा लिया । उसने मरने से पहले बताया कि उनकी योजना आज सुबह रामायण देख रहे लोगों पर अंधाधुंध फायरिंग करके हत्याएं करने की थी और रात को दीनानगर इलाके में रत्न सिंह नामक एक व्यक्ति की तथा दीनानगर शहर में हत्याएं करने की थी । परन्तु प्रीतम सिंह जल्दी दम तोड़ गया जिस कारण वह ज्यादा कुछ नहीं बता सका । पुलिस ने घटनास्थल पर 4 ए.के.-47 राइफलें, 2 पिस्तौल, 1 मस्कट राइफल, 9 मैगजीन ए.के.-47 राइफल, 1 जीवित हैंडग्रनेड, 496 ए.के.-47 राइफल की गोलियां, 10 गोलियां 38 बोर की, 16 अन्य, 24 गोलियां 12 बोर राइफल की और 62 ए.के.-47 राइफल की चली हुई गोलियां बरामद कीं । मुठभेड़ में आतंकवादियों की 3 घोड़ियां मारी गईं और 2 जीवित पकड़ी गई हैं, जबकि भागने वाले 3 आतंकवादी एक घोड़ी तथा असला ले गए । इस मुठभेड़ में बी.एस.एफ. का जवान अशोक कुमार जो जख्मी हुआ था, अमृतसर अस्पताल ले जाते हुए दम तोड़ गया ।

आई.जी. घटनास्थल पर

आज प्रातः श्री चमन लाल इंस्पैक्टर जनरल पुलिस ने भी घटना स्थल का दौरा किया और जवानों और गांव के साहसी युवकों से मुलाकात कर उनकी प्रशंसा की । डी.आई.जी. श्री ए. सिद्दीकी ने बताया कि अब पुलिस तस्कर तथा अन्य समाज विरोधी तत्वों की धर-पकड़ शुरू करेगी । उन्होंने बताया कि इस समय जिला अमृतसर में भिंडरांवाला टाइगर फोर्स, खालिस्तान कमांडो फोर्स और बब्बर खालसा इंटरनैशनल, गुरदासपुर इलाके में खालिस्तान लिबरेशन फोर्स का युगराज सिंह उर्फ तूफान सिंह तूफान और निशान सिंह कलानौर का ग्रुप सक्रिय है और गुरदासपुर, अमृतसर जिला सीमा पर खालिस्तान का सुखदेव सिंह झामका ग्रुप सक्रिय है परन्तु इन दोनों जिलों में सुरक्षा बलों के दबाव के कारण आतंकवादी अब जालन्धर, पटियाला, और हरियाणा प्रांत में चले गए हैं ।

श्री सिद्दीकी ने बताया कि इस मुठभेड़ में मारे गए आतंकवादी खालिस्तान कमांडो फोर्स से संबंधित थे और मारा गया आतंकवादी सुरजन सिंह 'ए' श्रेणी का आतंकवादी था । इसकी गिरफ्तारी के लिए 50 हजार का इनाम घोषित था और यह जिला

Punjab Sanatan

श्री सिद्दीकी ने बताया कि इस मुठभेड़ में गांव वालों की भूमिका तथा सहयोग बहुत प्रशंसनीय रहा और इन युवकों को जिनके नाम रघबीर सिंह, राज कुमार, बलबीर सिंह, पूर्ण चंद, ओम प्रकाश और शमशेर सिंह को योग्य इनाम दिया जाएगा और जाएगी ।

बटाला से कोछड़ के अनुसार आज सायं 8.30 बजे दशहरा ग्राऊंड के पास दो उग्रवादियों ने गोली मारकर पंजाब बिजली बोर्ड के क्लर्क जसवन्त राय को उस समय घायल कर दिया, जब वह ड्यूटी खत्म करके जा रहे थे ।

निहालसिंहवाला द्वारा राजीव को लिखे पत्र में बूटा सिंह पर गम्भीर आरोप

नई दिल्ली, 9 मई (जी.एस.चावला) राजधानी में पंजाब के दो कांग्रेस (इ) महारथियों, जिनमें से एक केंद्र में महत्वपूर्ण पद पर आसीन है और दूसरा पंजाब का भूतपूर्व मुख्यमंत्री है तथा दोनों ही गृहमंत्री बूटा सिंह के राजनीतिक विरोधी हैं, ने बूटा सिंह को भूतपूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह की अस्थिरता फैलाने की योजना के साथ जोड़ने की नई रणनीति निर्धारित की है और उनके विरुद्ध एक बड़ा अभियान शुरू कर दिया है ।

दोनों इंका महारथी पार्टी उच्च कमान पर जोर दे रहे हैं कि पंजाब प्रदेश कांग्रेस (इ) के अध्यक्ष श्री बेअंत सिंह को उनके पद से हटा दिया जाए जोकि बूटा सिंह के समर्थक हैं । उनका कहना है कि बेअंत सिंह की जगह श्री निहालसिंहवाला को इस पद पर नियुक्त किया जाए । वे उच्च कमान को बता रहे हैं कि श्री निहालसिंहवाला एकमात्र ऐसे व्यक्ति है जोकि पंजाब में आतंकवादियों के विरुद्ध सहासपूर्वक लड़ सकते हैं । पहले यह अभियान कुछ आगे बढ़ा था लेकिन बाद में इसे छोड़ दिया गया था ।

श्री बेअंत सिंह के समर्थक उक्त इंका महारथी पर अपने पद का अपने राजनीतिक विरोधियों के विरुद्ध तथा कुछ वर्गों की सहायता के लिए प्रयोग करने का आरोप लगा रहे हैं । वे प्रधानमंत्री से मिल कर यह कहने वाले हैं कि वह उक्त महारथी को कहें कि यदि यह राजनीतिक लड़ाई लड़ना चाहता है तो पहले अपने पद से इस्तीफा दे । जिन्होंने प्रधानमंत्री को पत्र लिख कर श्री निहालसिंहवाला की राजनीतिक व अन्य पृष्ठ भूमि तथा पंजाब पुलिस के विरुद्ध उनके लगातार प्रहारों के कारणों से भी अवगत करायार है ।

इस अभियान के पहले कदम के तौर पर श्री गुरचरण सिंह निहालसिंहवाला ने जोकि केंद्र में महत्वपूर्ण पद पर आसीन नेता के बहुत निकट है, प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी को एक पत्र लिख कर बूटा सिंह के विरुद्ध अत्यन्त गम्भीर आरोप लगाए हैं जिनमें उन्हें (बूटा सिंह को) अकाली करार दिया गया है तथा उनको ज्ञानी जैल सिंह की देश में अस्थिरता फैलाने की योजना में शामिल करार दिया है । श्री निहालसिंहवाला को इस इंका महारथी ने 5 मई को यहां बुलाया था और इसके बाद प्रधानमंत्री को पत्र भेजा गया । इससे पूर्व इंका महारथी के एक सहायक ने जन-मोर्चा नेता श्री आरिफ मुहम्मद खां को श्री बूटा सिंह के विरुद्ध लोकसभा में बोलने के लिए सामग्री दी थी ।

बूटा सिंह के विरोधियों ने अस्थिरता फैलाने की थ्यूरी के बारे में बूटा सिंह के विरुद्ध पार्टी सांसदों को जानकारी देने का भी अभियान शुरू किया है । इस अभियान को इन अटकलों के दृष्टिगत तेज किया गया है कि अगले कुछ दिनों में संसद सत्र के समाप्त होने

Punjabi Sanath

उग्रवादियों ने अजनाला जिला अमृतसर में पिता, पुत्र सहित 3 व्यक्तियों, चमकौर साहिब के निकट एक हैडकांस्टेबल और उसके पिता की, नवांशहर के निकट चौकीदार के पिता, जिला गुरदासपुर में बी.एस.एफ. के नायक के पिता की अपहरण के बाद हत्या कर दी जबकि नूरमहल-नकोदर मार्ग पर एक सरकारी गोदाम से 200 बोरी गेहूं, नकोदर के एक गांव के एक घर से बंदूक और 1300 रुपए लूट लिए । होशियारपुर में शराब का ठेका लूट लिया गया । पटियाला में उग्रवादी स्कूल की मिनी बस भगा कर ले गए । संगरूर पुलिस ने 3 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है । कठुआ में 4 घुसपैठिए भी पकड़े गए । रोपड़ के निकटवर्ती गांव हालो माजरा में सी.आर.पी.एफ. के कैम्प के निकट घूम रहे उग्रवादी को सी.आर.पी. के एक जवान ने मार दिया ।

पिता, पुत्र सहित तीन की हत्या

अमृतसर (ह.स., वार्ता): अमृतसर जिले के अजनाला क्षेत्र में आतंकवादियों ने कल रात्रि तीन व्यक्तियों की गोली मार कर हत्या कर दी । यह परिवार सब्जी मंडी अजनाला में रहता था । पुलिस के अनुसार मारे गए व्यक्तियों के नाम करतार चंद्र, उसका पुत्र रवि तथा एक अन्य व्यक्ति भीमा बागड़ी है । पुलिस के सूत्रों ने बताया कि उग्रवादियों ने सर्वप्रथम भीमा के घर में जाकर उसे नींद से जगाया और बंदूक दिखाकर उसे करतार चंद के घर में ले गए, जहां उन्होंने तीनों की अंधाधुंध गोलियां चला कर हत्या कर दी । भीमा बागड़ी मारे गए करतार चंद का सम्बन्धी है । उग्रवादी वारदात के बाद फरार हो गए ।

हैड कांस्टेबल सहित दो की हत्या

रोपड़ (वि.प्र.): उग्रवादियों ने आज प्रातः जिले के क्षेत्र बेला चमकौर साहिब में फायरिंग करके पंजाब पुलिस के एक हैडकांस्टेबल भजन और उसके पिता नसीब सिंह की हत्या कर दी जबकि एक अन्य व्यक्ति को घायल कर दिया । पुलिस के अनुसार उग्रवादी स्कूटर पर फरार होने में सफल रहे । प्राप्त सूचनाओं के अनुसार भरतगढ़ थाने पर तैनात हैडकांस्टेबल भजन सिंह अपने पिता और एक अन्य सम्बन्धी के साथ चमकौर साहिब के निकट स्थित अपने गांव की ओर जा रहा था । वे एक जीप में सवार थे । घटना के समय हैडकांस्टेबल और उसका पिता एवं संबंधी एक पैट्रोल पम्प के निकट खड़े थे । वे जीप में पैट्रोल भरवाने के लिए वहां रुके थे । उग्रवादियों द्वारा की गई फायरिंग से भजन सिंह और उसका पिता मौके पर ही मारे गए । घटना की सूचना मिलते ही एस.एस.पी. श्री चंद्रशेखर, एस.पी. (आप्रेशन) आर.एस. टिवाना और डी.एस.पी. चमन लाल घटनास्थल पर रवाना हो गए ।

जैन के अनुसार उग्रवादी हरभजन सिंह का सरकारी पिस्तौल भी ले गए । कुछ दूर तक वे स्कूटर नम्बर सी.एच.टी. 9858 पर गए और बाद में बेला से चंडीगढ़ जाने वाली बस में सवार होकर भाग निकले ।

बंदूक, नकदी लेकर भाग गए

नकोदर (ह.स., वार्ता): आतंकवादियों ने जालंधर जिले में नकोदर थाने के अलवाली गांव में सुरिन्दर सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में धावा बोला और प्वाइंट 12 बोर की बंदूक, बीस कारतूस तथा 1300 रुपया नकद लेकर भाग गए ।

नकोदर से 'गगन' के अनुसार सुरेन्द्र सिंह गांव आलेवाली के सरपंच हैं और लोंगोवाल अकाली दल के नेता हैं । अभियुक्त सरपंच के पड़ोसी की दीवार फांद कर घर में दाखिल हुए । वारदात के बाद अभियुक्त जब पैदल ही वापस जा रहे थे तो लोगों ने उन पर भारी पथराव किया । इस पर अभियुक्तों ने लोगों को डराने के लिए 6-7 फायर किए लेकिन कोई घायल न हुआ । सूचना देने पर पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंच गई लेकिन अभियुक्त फरार होने में सफल हो गए ।

दो सौ बोरी गेहूं ले गए

जालंधर जिले के ही नूरमहल थाने के इलाके में आठ संदिग्ध आतंकवादियों ने नूरमहल-नकोदर मार्ग पर पंजाब के एक सरकारी गोदाम पर धावा बोला और दो सौ बोरी गेहूं ट्रक में लाद कर भाग गए । आतंकवादियों ने गेहूं लादने से पहले चौकीदार और सहायक तकनीशियन को एक कमरे में बंद कर दिया था ।

चौकीदार के पिता की हत्या

जिला जालंधर में एक दूसरी घटना में कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने नवांशहर थानांतर्गत भरता कलां गांव के चौकीदार के पिता की कल रात तेजधार

अमृतसर में गत रात्रि हाथी गेट इलाके में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों में हुई मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया और 3 व्यक्ति घायल हो गए । चित्रों में–(1) घायल जवान मिलाप चंद, (2) घायल राहगीर हकीम अमरनाथ, (3) घायल जवान इलम चन्द्र, (4) मारे गए आतंकवादी का शव, (5) वह जगह जहां मुठभेड़ हुई, (6 से 8) अजनाला में आतंकवादियों द्वारा मारे गए रवि कुमार, भीमा और करतार चन्द के शव । (छाया : रवि भंडारी)

पंजाब में आतंकवादियों के दबाव के आगे नहीं झुकेंगे : राजीव

नई दिल्ली, 13 मई : प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने स्पष्ट किया है कि सरकार पंजाब के बारे में किसी तरह से सख्ती कम नहीं करेगी । उन्होंने कहा कि सरकार आतंकवादियों के दबाव के आगे नहीं झुकेगी ।

श्री गांधी ने आज यहां संसद के बजट सत्र की समाप्ति के अवसर पर कांग्रेस (इ) संसदीय दल को संबोधित करते हुये कहा कि पाकिस्तान एक ओर जहां पंजाब में आतंकवादियों की मदद कर रहा है, वहीं दूसरी ओर सियाचिन पर आक्रामक कार्रवाइयों पर भारत पर दबाव डालने का प्रयास कर रहा है ।

उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान से सोवियत सेनाओं की वापसी के बाद पाकिस्तान को हथियार एकत्र करने के अपने महत्वकांक्षी कार्यक्रम को जारी रखने की कोई जरूरत नहीं है लेकिन यदि उसने इसे

पार्टी को मजबूत बनाया ।

उन्होंने कहा कि हमें सख्ती के साथ उन शक्तियों से लडना है जो देश की एकता और अखंडता को कमजोर कर रहे हैं या करना चाहते हैं । उन्होंने जोरदार शब्दों में कहा कि किसी भी क्षेत्र में अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी ।

16 मई को "पंजाब दिवस" मनाने का फैसला

चंडीगढ़, 13 मई (संघी): भाजपा चंडीगढ़ ने 16 मई को पंजाब बचाओ दिवस के रूप मे मनाने का फैसला किया है । पार्टी इकाई के अध्यक्ष श्री प्रेम सागर जैन के अनुसार उस दिन उग्रवाद को समाप्त करने के लिए सख्त नीति अपनाए जाने के बारे में

Punjabi Soch

पड़ा । कांस्टेबल ने यह सोच कर कि उग्रवादी उसका शस्त्र छीनना और कैम्प को नुक्सान पहुंचाना चाहता है, गोली चला दी । इससे उग्रवादी मौके पर ही मारा गया । मृतक की अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी ।

उग्रवादी गिरफ्तार

संगरूर (गोयल): जिला पुलिस ने 3 संदिग्ध व्यक्तियों को थाना मालेरकोटला के गांव हकीमपुरा के निकट ईंटों के वीरान भट्ठे से पकड़ा है । उनके कब्जे से 12 बोर की एक देसी पिस्तौल, एक खिलौना पिस्तौल और एक चाकू बरामद हुआ है । संगरूर के एस.एस.पी. श्री ज्ञान सिंह ने बताया कि अभियुक्तों ने स्वीकार किया है कि वे लटमार की योजना बना रहे थे । उन्होंने कहा कि हमारे अपराध को पुलिस उग्रवाद की घटना कह कर ही दबा देगी, इसलिए हमने लूटमार का निर्णय किया था । इनमें मुहम्मद अनवार, उमरदीन और केवल कृष्ण शामिल हैं ।

Punjabi Sanatani

...स.आई., हैड कांस्टेबल व 10 अन्य की हत्या : 38 घायल, 3 शव

...मई (वार्ता, ह.स.): उग्रवादियों ने ...ा में फायरिंग करके 5 लोगों की ...क हैड कांस्टेबल, दो सिपाहियों ...को घायल कर दिया । आज सायं ... एक ए.एस.आई. व एक हैड ...ा कर दी गई । कल रात्रि बंगा के ...लोगों की हत्या कर दी गई थी । ...ा शव बरामद किए ।

...हचान

...) :गत आधी रात बंगा के निकट ...स्त्र उग्रवादियों ने जिन सोये हुए ... अंधाधुंध फायरिंग करके उनकी ...उनकी पहचान हो गई है । इनमें ...उसकी पत्नी श्रीमती शांति देवी ... पाल व उसकी पत्नी श्रीमती ...न हैं । श्री राजिन्दर पाल की 6 ... गंभीर रूप में घायल हो गई । ...नुसार उक्त दोनों जोड़े पड़ोसी ...लाल व उसकी पत्नी की मृत्यु ...ई वहां राजिन्दर पाल व उसकी ...स्पताल ले जाते हुए रास्ते में दम ...। नवां शहर अस्पताल में

...दियों ने ए.के. 47 चीनी राइफल ... इस राइफल के कई कारतूस ...स के हाथ लगे ।

...ा में नवां शहर कस्बा में रात को ...वर्षीय सुमित दत्त पुत्र श्री इन्द्र ...लगने से गंभीर रूप से घायल हो ...म.सी. अस्पताल लुधियाना में ...ा है । बताया गया है कि कुछ ...रात को गोलियां चलाईं जो छत ...रोकों से गुज र कर सुमित को जा

...सार भीमा गांव की वारदात के ...ने बताया कि रात लगभग साढ़े ...क सूचना के अनुसार 7) सशस्त्र ... उन्होंने गांव के दो हरिजनों को उठाया तथा उनसे ब्राह्मणों के घरों का पता पूछा । वे एक हरिजन को अपने साथ ले गए । एक अन्य व्यक्ति जोकि अपने घर के बाहर टार्च लिए खड़ा था, उसे भी आतंकवादी साथ ले गए । वारदात स्थल पर पहुंच कर उक्त दोनों व्यक्ति अपनी मौत सुनिश्चित देख कर भाग गए ।

5 की हत्या, 35 घायल

पटियाला (राज): आज रात्रि एक जीप पर सवार छः उग्रवादियों ने राजपुरा में तीन जगह फायरिंग करके 5 लोगों की हत्या कर दी तथा एक हैडकांस्टेबल, दो सिपाहियों सहित कम से कम 28 लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिया । बताया जाता है कि आज सायं जब राजपरा के टालीवाला चौक पार्क के पास कुछ युवक जूस पी रहे थे और कुछ लोग पार्क में बैठे हुए थे, तभी एक जीप में सवार छः उग्रवादियों ने वहां आकर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी, जिससे लाडी, विक्रम, ऋषि, राम लाल व सोनू मारे गए, 35 अन्य लोग घायल हो गए, जिनमें महिलाएं व बच्चे भी शामिल हैं । उग्रवादी वहां से जब भागे तो आगे जाकर पंजाब पुलिस की नाका पार्टी से उनकी मुठभेड़ हो गई और दोनों तरफ से गोलियां चलीं पर उग्रवादी हैडकांस्टेबल अमर सिंह, पुलिस जीप ड्राइवर सिपाही जगपाल तथा सिपाही बलदेव सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए । वहां से उग्रवादी जीप में नीलपर की ओर गए और रास्ते में दो जगह और फायरिंग की, जिनके हताहतों की संख्या अज्ञात है ।

बटाला (कोछड़) : आज प्रातः स्थानीय रलव गोदाम के निकट से दो सशस्त्र अज्ञात युवकों ने एक युवक मुकेश कुमार से उसका 1402 छीन कर फरार हो गए

फिल्लौर के ए.एस.आई. करनैल उग्रवादियों ने हत्या कर दी ।

ए.एस.आई. व हैडकांस्टेब

फिल्लौर (भाखड़ी): आ... निकटवर्ती गांव अपरा के पैट्रो... पुलिस की एक गश्ती पार्टी पर ... लगा कर हमला करने से एक ... सिंह मारा गया और मोटर साइ... कांस्टेबल विजय कुमार गम्भी... गया । बताया गया है कि मो... ए.एस.आई. करनैल सिंह को ... पर गोलियां लगीं, जो जानल... कांस्टेबल विजय कुमार ... लुधियाना के सी.एम.सी. अस्प... गया, जहां उसकी रा... गई । ए. एस. आ... हैं । उग्रवादियों की संख्या म...

स्कूटर छीन लिया

शेरपुर से भुल्लर के अन... गांव संघेड़ के निकट शराब के... से कुछ अज्ञात लोगों ने उसक... छीन लिया । वारदात के ... बरनाला से शेरपुर आ रहा ... सम्बन्धी रिपोर्ट दर्ज करके स... कर दी है ।

(शेष पृष्ठ 1...

उग्रवाद से निपटने के लिए पंजाब के अधिकारियों को खुली छूट : धर्म स्थानों का दुरुपयोग रोकने को विधेयक पेश होगा : पाणिग्रही

शिमला, 15 मई (ख.वा.) : केंद्रीय गृह राज्यमंत्री श्री चिन्तामणि पाणिग्रही ने आज यहां पत्रकारों को बताया कि धर्म स्थानों का राजनीतिक गतिविधियों के लिए प्रयोग रोकने के लिए संसद के आगामी सैशन में एक विधेयक पेश किया जाएगा । उन्होंने बताया कि यह प्रस्तावित विधेयक विभिन्न राजनीतिक पार्टियों से विचार-विमर्श के बाद तैयार किया जाएगा ।

श्री पाणिग्रही ने कहा कि दरबार साहब अमृतसर में उग्रवादी राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के लिए पुनः गढ़ न बना पाएं, इसलिए प्रभावी पग उठाए जाएंगे । उन्होंने कहा कि दरबार साहब परिसर में उग्रवादियों के प्रवेश और बच निकलने के सभी संभव रास्ते प्रभावी ढंग से सील किए जाएंगे ।

सी.आर.पी. के डी.आई.जी श्री एस.एस. विर्क पर गत सप्ताह उग्रवादियों द्वारा हमला किए जाने के बाद परिसर से उग्रवादियों को निकालने के लिए लोगों द्वारा दिए गए समर्थन पर उनका धन्यवाद करते हुए श्री पाणिग्रही ने कहा कि इससे स्पष्ट है कि लोग उग्रवाद का विरोध करते हैं ।

श्री पाणिग्रही ने कहा कि पाकिस्तान के साथ लगती सीमा के साथ बाड़ लगाने का कार्य तेजी से चल रहा है और इससे हथियारों और प्रशिक्षित उग्रवादियों की घुसपैठ रोकने में सहायता मिलेगी । पंजाब मीडिया पर सैंसर लगाए जाने बारे पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में श्री पाणिग्रही ने कहा कि अभी तक यह ठीक चल रहा है । लोकतांत्रिक समाज में उत्तरदायित्वहीन रिपोर्टिंग पर लोग स्वयं सबसे बड़ा प्रतिबंध हैं । उन्होंने बताया कि भारत बंगला-देश सीमा पर बाड़ लगाने के प्रथम चरण का कार्य जारी है । यह कार्य दो चरणों में होगा और इस पर 350 करोड़ रुपए व्यय होंगे ।

श्री पाणिग्रही ने बताया कि बाड़ के साथ एक सड़क निर्माण का प्रस्ताव विचाराधीन है । इस पर सुरक्षा बलों की गश्त रहेगी और वह कड़ी नजर रख पाएंगे ।

अधिकारियों को उग्रवादियों से निपटने को पूरे अधिकार

श्री पाणिग्रही ने कहा कि पंजाब में उग्रवाद से निपटने के लिए स्थानीय अधिकारियों को खुली छूट दी गई है ।

श्री पाणिग्रही ने आज यहां हिमाचल स्वतंत्रता सेनानी सम्मेलन को सम्बोधित किया ।

धार्मिक उन्माद से समझौता समस्या का हल नहीं : यश

पंजाब कांग्रेस के नेता तथा पंजाब के भूतपूर्व मंत्री श्री यश ने इस अवसर पर कहा कि सरकार व कांग्रेस धार्मिक उन्माद से समझौता करके उग्रवाद का हल नहीं निकाल सकती है । उन्होंने कहा कि पहले भी ऐसी शक्तियों से समझौते के परिणामस्वरूप ही पाकिस्तान बना था और अब पंजाब में भी कांग्रेस धार्मिक उन्माद से लड़ने के बजाय साम्प्रदायिक तत्वों से समझौते का मार्ग अपनाने का प्रयास कर रही है । उन्होंने कहा कि समस्या का समाधान यही है कि साम्प्रदायिक तत्वों के साथ कड़ाई से निपटा जाए । उन्होंने सरकार के इस दावे को गलत बताया कि पंजाब में कुछ मुट्ठी भर लोग ही गुमराह हैं । उन्होंने कहा कि न तो यह लोग मुट्ठी भर हैं तथा न ही यह गुमराह नजर आते हैं ।

Punjabi Jagran

हुआ है, जिस पर तेजधार शस्त्रों के निशान हैं । पुलिस ने कहा है कि अभी शव की शिनाख्त नहीं हो सकी ।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि अमृतसर जिले के रमन्नाचक गांव में आज एक व्यक्ति का शव मिला जिस पर गोलियों के घाव थे ।

अमृतसर के मुले चक ग्राम से भी एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है ।

ट्रैक्टर जला दिया

आज प्रात: थाना नकोदर के गांव घरी में चार संदिग्ध आतंकवादियों ने एक व्यक्ति हरजीत सिंह के घर पर उनका ट्रैक्टर जला दिया । पुलिस ने बताया कि ट्रैक्टर नष्ट हो गया । उसने बताया कि आतंकवादियों ने मकान को भी जलाने की कोशिश की लेकिन केवल एक दरवाजा ही जला तथा आग पर काबू पा लिया गया ।

2 चीनी राइफलें बरामद

भटिंडा (ह.स.) : पुलिस ने इस जिला के गांव नंदगढ़ कोटरा में एक मकान कर छापा मार कर दो

Punjab Sanatan

वादियों द्वारा पंजाब में 44 लोगों की हत्य

जिले में कई वारदातों में 19 लोगों की हत्या, सामाना 18 लोगों की व पटियाला में 1 व्यक्ति की हत्या

मुकेरियां में इंका नेता केवल कृष्ण व उनका गनमैन फाय गंभीर घायल, 3 मरे, राजपुरा के मृतकों की संख्या 7

...ी): उग्रवादियों ...कर दी व दर्जनों

...ं 19 लोगों की ...समराय में 6, ...एं शामिल हैं । ...ों की हत्या की ...माना में व एक ...ई । राजपुरा में ...गों के आज दम ...ाई ।

...ं उग्रवादियों के ...उनके गनमैन ...सहित 3 लोग

...त्या की गई । ...रु. की लूटपाट

...ा से 30 किलो ...र उग्रवादियों ...कम से कम 18 ...गए ।

...ों को राजेन्द्रा ...जबकि अन्य को ...ाया गया है । ...ही आए थे । ...चीनी असाल्ट ...प्रयोग किया । ...है ।

...भरी मार्केट में ...से अंधाधुंध

...इकल सवार ...बाहरी भाग में ...धुंध फायरिंग ...र 5 अन्य को ...न्दा अस्पताल ...ा है । उच्च ...व गए हैं और ...नाका पार्टियों ...ारी किए गए

...स घटनास्थल ...ग्रवादियों को

अन्य घायल हो गये ।

मृतकों में से पांच की शिनाख्त विजय कुमार (पंडोरी), हरपाल, रेशम, कुंदन लाल, मदन लाल (सभी समराय) के रूप में की गई है ।

जिला जालन्धर के थाना भोगपुर के तहत गांव चमयारी में ईंटों के एक भट्ठे पर रविवार रात को उग्रवादियों द्वारा की गई अंधाधुंध फायरिंग में मारे गये (1) बचना राम, (2) गुरदास, (3) सतपाल, (4) जागर राम, (5) बब्बू, (6) सोहन लाल तथा (7) कर्मचंद के शव । इस जगह घायल हुए, (8) सतपाल (गांव दयालपुर), (9) पवन, (10) सुरेंद्रपाल, (11) भल्ला राम, (12) बाबूलाल (छाया : जैमिनी शिव)

घायलों के नाम पाखर राम, सुरेन्द्र सिंह और सोहन सिंह बताए गए हैं ।

आज रात्रि बाद जिले के नूरमहल थाना क्षेत्र में समराय में फायरिंग की घटना के बाद सी.आर.पी.

भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स के उग्रवादियों का हाथ है ।

गोराया में 4 मरे

पुलिस सूत्रों से मिले विवरणों के अनुसार दो मोटर साइकिल सवार चार उग्रवादियों में से दो ने गोराया में बंद रेलवे क्रासिंग के निकट ए.के-47 चीनी राइफलों से अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी, जिसमें तीन व्यक्ति मौका पर मारे गए, और लगभग आधी दर्जन घायल हो गए । उग्रवादियों ने गोलियां प्रातः लगभग साढ़े सात बजे उस समय चलाईं जब फगवाड़ा से लुधियाना जा रहे एक डीजल इंजन के कारण क्रासिंग बंद था और दोनों ओर बड़ी संख्या में लोग रुके हुए थे । घायलों को सिविल अस्पताल फगवाड़ा में ले जाया गया । मृतकों के नाम हैं : नरेश कुमार पुत्र अमर नाथ, जुगल किशोर पुत्र हरिरसम, जोगेंद्र राम पुत्र अमरनाथ हरिजन । एक अपुष्ट सूचना के अनुसार एक व्यक्ति इस अवसर पर मची भगदड़ में मारा गया । इस सहित मृतकों की संख्या 4 है ।

गोराया फायरिंग कांड का विवरण देते हुए सीहरा ने लिखा है कि नरेश कुमार और जुगल किशोर गोराया के ही रहने वाले थे और जोगेन्द्र राम गांव पलपोता के रहने वाले थे । घायलों में 20-22 वर्षीय युवक पाली, 47-48 वर्षीय दुकानदार राम लुभाया और कारखाने का एक श्रमिक गुरशिंदर सिंह शामिल हैं । राम लुभाया अपनी दुकान का शटर बंद कर रहा था कि उसके हाथ में गोली लगी । गुरशिंदर सिंह अपने साइकिल पर वहां से गुजर रहा था कि उसकी जांघ में गोली लगी । एक स्त्री फल खरीद रही थी कि एक गोली उसकी जांघ पर लगी और दूसरी पांव में लगी । सभी घायलों को फिल्लौर के अस्पताल में दाखिल करवा दिया गया है । मृतक नरेश कुमार के संबंध में पता चला है कि वह अपने स्कूटर नं. पी.ए.यू. 993 पर सवार था, जब उसको गोली लगी । शेष दोनों मृतकों में से एक साइकिल पर और दूसरा मोपेड पर सवार था । इन सभी को फाटक पार करने के समय गोली लगी । जोगेंद्र कुमार अपने घर से बिजली का बिल देने के लिए गोराया आया था । दो स्कूटरों पर सवार उन सभी उग्रवादियों के पास एक से शस्त्र थे और वारदात के पश्चात् वे गांव उल्लेवाल की ओर भागे । वे जाते हुए आधा किलो मीटर तक गोलियां चलाते गए तथा खालिस्तान कमांडो फोर्स के नारे लगाते गए । उन्होंने 7-8 मिनटों में सैकड़ों कारतूस चलाए । पुलिस को वारदात वाले स्थान से एक दर्जन ए.के.-47 असाल्ट राइफल के कारतूस मिले हैं । वारदात वाले स्थान से खालिस्तान कमांडो फोर्स का एक लैटर पैड भी मिला है । पुलिस ने उनका पीछा करने की भी कोशिश की लेकिन उग्रवादी उसके हाथ न लगे । घटना के विरोध में आज गोराया पूर्ण बंद रहा ।

पांचों घायलों को भी यहां सिविल अस्पताल में दाखिल कराया गया, जहां उनका आपरेशन किया गया और गोलियां निकाली गईं । सभी की हालत गम्भीर बताई गई है । पुलिस सूत्रों के अनुसार ए.के.-47 व .38 बोर के 30 खोल घटनास्थल से पुलिस को मिले । मृतकों के नाम हैं—सोहन लाल पुत्र बचनी राम व करतार चंद पुत्र फकीर चंद (दोनों गांव मुराली जिला होशियारपुर), बचना राम पुत्र जीवन राम और उसका लड़का सतपाल तथा बाबी पुत्र दीवान चंद (तीनों गांव गोविन्दा जिला कपूरथला) जागर राम पुत्र दौलत राम, गांव दौलतपुर जिला होशियारपुर तथा गुरदास राम पुत्र कुंदन राम, मुबारकपुर जिला ऊना । घायलों के नाम हैं—छिन्दर पाल (35), गांव नडाली जिला कपूरथला, गुरदयाल (32), सहमीपुर, जालन्धर, पवन कुमार (22) तलवाड़ जिला ऊना, सतपाल (16) दयालपुर, जालन्धर और भोला राम (22), मुदाली, होशियारपुर ।

आदमपुर के गांवों में 2 मरे

गत रात ही थाना आदमपुर के गांव तलवंडी राइयां तथा गांव उदेसियां में उग्रवादियों ने क्रमशः फूमन सिंह और करनैल चंद की हत्या कर दी । गांव उदेसियां में गोली लगने से जोगिन्दर सिंह घायल हो गया । बताया गया है कि फूमन सिंह पुछें बताया करता था जबकि करतार चंद गांव के बाबा बालक नाथ मंदिर का पुजारी था ।

आज डी.आई.जी. श्री भट्टी, एस.एस.पी. श्री इजहार आलम, जिलाधीश श्री मित्तल ने भट्टी गांव का दौरा किया । उन्होंने भट्ठा वालों को अपनी सुरक्षार्थ शस्त्रों के लाइसैंस लेने के लिए कहा ।

डा. केवल कृष्ण घायल

दसूहा (शावर): निकटवर्ती कस्बे मुकेरियां की पुरानी सब्जी मंडी में आज सायं साढ़े 5 बजे मारुति वैन में सवार होकर आए कुछ उग्रवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग करके भूतपूर्व मंत्री डा. केवल कृष्ण को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । इस गोलीबारी में दो व्यक्ति मौके पर ही मारे गए । फायरिंग में मरने वालों में एक छः वर्षीय लड़की शोभा रानी और 55 वर्षीय ज्ञान शामिल हैं । इस अवसर पर घायल हुए 11 व्यक्तियों में ब्लाक कांग्रेस मुकेरियां के सुर्गी राम गाड, डा. केवल कृष्ण का गनमैन राज कुमार, कुलदीप सिंह गांव लतीहपुर, गिरधारी राम मुकेरियां, लखविन्द्र कौर मुकेरियां, जोगेन्द्र कुमार जंगलबाना, कुमारी लिशगा, शायर सुखदेव बहल, केवल कृष्ण, करतारा, सुभाष कुमार शामिल हैं ।

मुकेरियां फायरिंग कांड में दो घायलों कुलदीप सिंह और गिरधारी लाल को होशियारपुर के अस्पताल में दाखिल करवाया गया है । डा. केवल कृष्ण सहित 8 घायल लुधियाना ले जाए गए हैं, जबकि तीन घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई ।

घायल स्त्री की मृत्यु

लुधियाना से नेपाल, मुसाफिर और महेन्द्रा के अनुसार डा. केवल कृष्ण को दयानन्द अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है जबकि सी.एम.सी. में राजकुमार गनमैन, जोगेन्द्र कौर, केवल कृष्ण (रोगी) जोगेन्द्र सिंह, शिबा और सुगी राम दाखिल हैं । एक घायल स्त्री लखविंद्र कौर की अस्पताल लाते समय मृत्यु हो गई ।

ईंट भट्ठे का वह कमरा जहां 7 मजदूरों की गोली मार कर हत्या की गई । (छाया : कपूर)

मुंह ढके हुए थे

होशियारपुर से प्रद्युम्न के अनुसार होशियारपुर के एस.एस.पी. परमजीत सिंह संधू ने बताया कि सब्जी मंडी मुकेरियां में आज सायं दो व्यक्ति मारे गए और कुल 13 व्यक्ति घायल हुए । डा. केवल कृष्ण सहित 8 गम्भीर घायल व्यक्ति सी.एम.सी. लुधियाना में भेज दिए गए हैं, जबकि 3 घायल होशियारपुर और मुकेरियां के अस्पतालों में भेज दिए गए हैं । उन्होंने बताया कि उग्रवादियों की संख्या चार थी और वे क्रीम रंग की मारुति वैन में आए, जिसका नम्बर पी.पी.डी. 1878 है । उन्होंने यह भी बताया कि उग्रवादियों ने अपने मंह ढके हुए थे और वे ए.के.47 राइफलों से लैस थे । उल्लेखनीय है कि 30 मार्च, 1983 को भी डा. केवल कृष्ण की इसी दुकान पर उग्रवादियों ने बम मारा था, जिसके परिणामस्वरूप उनका लड़का डा. बग्गी घायल हो गया था । श्री संधू ने बताया कि वारदात के बाद इन उग्रवादियों ने आधा किलो मीटर दूर जाकर मारुति वैन छोड़ दी और दो स्कूटर छीन लिए । वे चारों इन स्कूटरों पर सवार होकर आगे चल पड़े और लगभग 1000 फुट के फासले पर उन्होंने स्कूटर भी छोड़ दिए । फिर उन्होंने मैटाडोर छीनी और उसमें सवार होकर भादड़ा वाली सड़क पर चले गए ।

लोगों में रोष

मुकेरियां के लोगों में रोष है कि जब घायलों को स्थानीय अस्पताल में ले जाया गया तो वहां सीनियर मैडीकल अफसर मौजूद नहीं था । यह भी कहा जाता है कि वह अक्सर गैर हाजिर रहता है । लोगों ने प्राइवेट डाक्टर बुलाकर घायलों को डाक्टरी सहायता दिलाई । इतना ही नहीं, अस्पताल की एम्बुलैंस का ड्राइवर भी मौजूद नहीं था ।

मलकियत सिंह अजनाला

बलोचक में गत रात्रि कथित आतंकवादियों की तेजधार शस्त्रों से जाता है कि रात्रि साढ़े ने डेरा पर आकर महंत के लिए कहा तथा उ दरवाजे को आग लगा पश्चात् महंत देव गिरि हत्या की सूचना पुलि पुलिस अधिकारी घटन

'ठेके' को आग लग

पता चला है कि थ डिडविंडी में गत रात्रि ताला तोड़ कर आग लगाया जा रहा है ।

3 उग्रवादी दबोच

लुधियाना (धीम

तीन उग्रवादी पिस्तौल हजार रुपए छीन ज जोधेवाल के निकट पु तीनों उग्रवादी पुलिस नाम हैं—सुरेन्द्र सिंह जगदेव सिंह, तीनों पुलिस ने उनसे 6 हज इसके अतिरिक्त उ पिस्तौल भी बरामद

बैंक से 1.8 लाख

फिरोजपुर (क

फिरोजपुर के उपमंड पंजाब नैशनल बैंक की रुपए लूट कर ले ग कीशिक ने घटनास्थल उग्रवादियों ने प्रातः 9. चौकीदार को कहा कि चौकीदार ने कहा कि बाद आना । उग्रवा थोड़ी देर बाद वहां आ चका था । उग्रवादि और 3-4 ग्राहकों क और कैशियर इंद्रजीत कैश मांगा, जो उस दिया । उग्रवादी यह परु ही फरार होने में संबंध में केस दर्ज क को हिरासत में लेकर

'ह.स.' के अनु

Punjab Sa Sangrah

जिला जालन्धर के थाना भोगपुर के तहत गांव चमयारी में ईंटों के एक भट्ठे पर रविवार रात को उग्रवादियों द्वारा की गई अंधाधुंध फायरिंग में मारे गये (1) बचना राम, (2) गुरदास, (3) सतपाल, (4) जागर राम, (5) बब्बू, (6) सोहन लाल तथा (7) कर्मचंद के शव । इस जगह घायल हुए, (8) सतपाल (गांव दयालपुर), (9) पवन, (10) सुरेंद्रपाल, (11) भल्ला राम, (12) चारूलाल (छाया : जैमिनी शिव)

घायलों के नाम पासर राम, सुरेन्द्र सिंह और सोहन सिंह बताए गए हैं ।

आज रात्रि जालंधर जिले के नूरमहल थाना क्षेत्र में समराय में फायरिंग की घटना के बाद सी.आर.पी. व बी.एस.एफ. ने जगह-जगह नाके लगा दिये । एक नाका पार्टी ने नूरमहल की ओर से एक कार आते देखी तो उसे रुकने का इशारा किया पर कार न रुकी तो उस पर गोली चलाई गई जिससे कार चालक गुरदयाल सिंह, कमलजीत सिंह तथा सुखदेव सिंह घायल हो गये जबकि दो अन्य युवक बच गये । घायलों को सिविल अस्पताल में भरती कराया गया ।

जालंधर व पटियाला जिलों में आज रात्रि रैड अलर्ट जारी कर दी गई और जगह-जगह छापे मारे गये । पुलिस को संदेह है कि पंजाब में, विशेष कर जालंधर व पटियाला जिलों में आज हुये हत्याकांडों में

आग जगीर सिंह इत्यादि के शव जलाने से लगी

अमृतसर, 16 मई (ह.स.): पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल ने आज यहां पत्रकारों से बातचीत के दौरान बताया कि दरबार साहब परिसर में स्थित घंटा घर में पंथक कमेटी के प्रवक्ता जगीर सिंह सहित कुछ अन्य के शव जलाने के अपुष्ट समाचार हैं । पत्रकारों द्वारा घंटाघर भवन के ऊपरी हिस्से में गत दिवस शवों के दाह संस्कार के कारण लगी आग की रिपोर्ट के बारे में पूछे गये प्रश्न के उत्तर में श्री गिल ने कहा कि कल दोपहर बाद अधिकारियों को इसकी सूचना मिली थी और सायं पत्रकारों ने भी इसका उल्लेख किया । उन्होंने कहा

(शेष पृष्ठ 6 पर)

भोगपुर कांड : 7 मरे

दूसरी दानवीय घटना भोगपुर के निकट गांव चमियारी में रात 11 बजे हुई जब दो मोटर साइकिलों पर तीन उग्रवादी तिलक राज के भट्ठे पर गए और उसके श्रमिकों को उनके कमरों में सोये उठा कर एक कमरे में खड़ा करके उन पर ए.के.-47 राइफल तथा 38 बोर की राइफल से अंधाधुंध गोलियों की बौछाड़ कर दी, जिससे 7 श्रमिक मौका पर ही मारे गए और पांच गम्भीर रूप में घायल हो गए । अधिकतर मृतकों व घायलों के चेहरों पर गोलियां लगी हैं । सातों मृतकों के शव आकाशात: यहां सिविल अस्पताल में लाए गए और पोस्ट मार्टम के बाद उनके संबंधियों के हवाले कर दिए गए ।

सिंह शामिल हैं । राम लुभाया अपनी दुकान का शटर बंद कर रहा था कि उसके हाथ में गोली लगी । गुरशिंदर सिंह अपने साइकिल पर वहां से गुजर रहा था कि उसकी बांह में गोली लगी । एक स्त्री फल खरीद रही थी कि एक गोली उसकी बांह पर लगी और दूसरी पांव में लगी । सभी घायलों को फिल्लौर के अस्पताल में दाखिल करवा दिया गया है । मृतक नरेश कुमार के संबंध में पता चला है कि वह अपने स्कूटर नं. पी.ए.यू. 993 पर सवार था, जब उसको गोली लगी । शेष दोनों मृतकों में से एक साइकिल पर और दूसरा मोपेड पर सवार था । इन सभी को फाटक पार करने के समय गोली लगी । जोगेंद्र कुमार अपने घर से बिजली का बिल देने के लिए गोराया आया था । दो स्कूटरों पर सवार उन सभी उग्रवादियों के पास एक से शस्त्र थे और वारदात के पश्चात् वे गांव उल्लेवाल की ओर भागे । वे जाते हुए आधा किलो मीटर तक गोलियां चलाते गए तथा खालिस्तान कमांडो फोर्स के नारे लगाते गए । उन्होंने 7-8 मिनटों में सैकड़ों कारतूस चलाए । पुलिस को वारदात वाले स्थान से एक दर्जन ए.के.-47 असाल्ट राइफल के कारतूस मिले हैं । वारदात वाले स्थान से खालिस्तान कमांडो फोर्स का एक लैटर पैड भी मिला है । पुलिस ने उनका पीछा करने की भी कोशिश की लेकिन उग्रवादी उसके हाथ न लगे । घटना के विरोध में आज गोराया पूर्ण बंद रहा ।

डा. केवल कृष्ण घायल

रमूहा (आबर): निकटवर्ती कस्बे मकेरियां की पुरानी सब्जी मंडी में आज सायं साढ़े 5 बजे मारुति वैन में सवार होकर आए कुछ उग्रवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग करके मृतपूर्व मंत्री डा. केवल कृष्ण को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । इस गोलीबारी में दो व्यक्ति मौके पर ही मारे गए । फायरिंग में मरने वालों में एक छ: वर्षीय लड़की शोभा रानी और 55 वर्षीय ज्ञान शामिल हैं । इस अवसर पर घायल हुए 11 व्यक्तियों में ब्लाक कांग्रेस मकेरियां के सुशी राम गाड, डा. केवल कृष्ण का गनमैन राज कुमार, कुलदीप सिंह गांव नतीहपुर, गिरधारी राम मकेरियां, लखविन्द्र कौर मकेरियां, जोगेन्द्र कुमार डंगलबाना, कुमारी लिशमा, शायर सुखदेव बहल, केवल कृष्ण, करतारा, सुभाष कुमार शामिल हैं ।

जवाबी फायरिंग

उग्रवादियों द्वारा आते ही फायरिंग करने से डा. केवल कृष्ण के डी और रनमैनों मोहन लाल और मदन लाल ने जवाबी फायरिंग की, जिससे एक उग्रवादी घायल होकर गिर पड़ा । उग्रवादी फरार होते समय घायल उग्रवादी को भी साथ ले गए । उग्रवादियों ने जब भागने के लिए मारुति वैन को मोड़ा तो उसका एक दरवाजा वहीं गिर गया ।

डा. केवल कृष्ण, जिनको एक गोली जबड़े में और दूसरी छाती में लगी है, की हालत काफी गम्भीर है और उनको सी.एम.सी. लुधियाना में ले जाया जा रहा है । घायलों में से चार की दशा गम्भीर बताई जाती है ।

ईंट भट्ठे का वह कमरा जहां 7 मजदूरों की गोली मार कर हत्या की गई । (छाया : कपूर)

मुंह ढके हुए थे

होशियारपुर से प्रद्युम्न के अनुसार होशियारपुर के एस.एस.पी. परमजीत सिंह संधू ने बताया कि सब्जी मंडी मकेरियां में आज सायं दो व्यक्ति मारे गए और कुल 13 व्यक्ति घायल हुए । डा. केवल कृष्ण सहित 8 गम्भीर घायल व्यक्ति सी.एम.सी. दिए । फिर उन्होंने मैटाडोर छीनी और उसमें सवार होकर भादड़ां वाली सड़क पर चले गए ।

लोगों में रोष

मकेरियां के लोगों में रोष है कि जब घायलों को स्थानीय अस्पताल में ले जाया गया तो वहां सीनियर मैडीकल अफसर मौजूद नहीं था । यह भी कहा जाता है कि वह अक्सर गैर हाजिर रहता है । लोगों ने प्राइवेट डाक्टर बुलाकर घायलों को डाक्टरी सहायता दिलाई । इतना ही नहीं, अस्पताल की एम्बुलैंस का ड्राइवर भी मौजूद नहीं था ।

'संघर्ष जारी रखूंगा'

एक अन्य सूचना के अनुसार उग्रवादियों ने मारुति वैन एक व्यापारी से छीनी । उग्रवादियों की तलाश के लिए कुत्ता स्क्वैड, फिंगर प्रिंट विशेषज्ञ बुला लिए गए हैं । अस्पताल में डा. केवल कृष्ण ने जबड़े में गोली लगी होने के बावजूद इस पत्रकार को कहा, "मुझ पर और मुझ जैसे अन्य लोगों को गोलियां मारने से उग्रवादियों का उद्देश्य पूर्ण नहीं होगा । मैं उग्रवाद के विरुद्ध अपना संघर्ष जारी रखूंगा ।"

डेरे के महंत की हत्या

कपूरथला (शर्मा): थाना भुलत्थ के गांव

मलकियत सिंह अजनाला मारा गया

अमृतसर, 16 मई (ह.स.): आज पुलिस महानिदेशक श्री के.पी. एस. गिल के अनुसार अमृतसर जिले के अम्बाल ग्राम के पास गोलियों से बिंधा एक शव बरामद हुआ । संदेह किया जाता है कि यह शव कुख्यात उग्रवादी मलकियत सिंह अजनाला का है, जो शुक्रवार की रात्रि को स्वर्ण मंदिर परिसर की सुरक्षा बलों द्वारा की गई घेराबंदी तोड़ कर निकल भागा था । उस रात उसका साथी 'फौजी' नामक उग्रवादी मुठभेड़ में मारा गया था, जबकि मलकियत सिंह अजनाला घायल होने के बावजूद फरार हो गया था ।



Punjabi Sanchar

(1) स्वर्ण मंदिर परिसर में उग्रवादियों की गोलीबारी से निकलता हुआ धुआं, (2) परिसर से निकल कर आत्मसमर्पण करने वाले उग्रवादी तथा अन्य लोग, (3) परिसर से निकाल कर एक शव ले जाया जा रहा है, (4) हाथ ऊंचे करके आत्मसमर्पण के लिये आ रहा एक उग्रवादी, (5) कुछ उग्रवादियों के सड़क पर पड़े शव ।

(छाया : रवि भंडारी)

अमृतसर में स्वर्ण मंदिर परिसर में गुरु रामदास सराय के ऊपर की छत से आई.जी. श्री चमन लाल तथा (बाएं से) विजयपाल सिंह की पत्नी सुरेन्द्र कौर, बैरागी की पत्नी दिलप्रीत कौर, सुरजीत सिंह अजनाला की पत्नी सुरजीत कौर, लाभ सिंह की पत्नी कुलजीत कौर, हरि कौर, अकतर सिंह और चरणजीत उर्फ चनी आतंकवादियों को आत्म-समर्पण करने के लिए आग्रह करते हुए ।

(छाया : ओम भंडारी)

सुरक्षा बलों द्वारा भारी हथियारों का प्रयोग, दरबार साहब से फ़ायरिंग जारी और शव मिले

अमृतसर, 16 मई (वार्ता, ह.स.): सुरक्षा बलों ने स्वर्ण मंदिर परिसर के अंदर से हो रही भारी फायरिंग का मुकाबला करने के लिये मोर्टार, राकेट लांचर, भारी एवं हल्की मशीनगनों, हथगोलों का प्रयोग किया तथा वहां से 40 से 60 उग्रवादियों को निकालने के लिये सी. एन. व सी. एस. श्रेणी के अश्रुगैस गोले फैंके । पुलिस महानिदेशक श्री के. पी. एस. गिल ने बताया कि इससे पूर्व स्वर्ण मंदिर परिसर के अंदर दो बुंगों पर मोर्चे जमाये उग्रवादियों की चीनी राइफलों को खामोश कराने में सफल हो गये । इन उग्रवादियों ने अपने साथियों की बार-बार की गई अपीलों के बावजद आत्मसमर्पण नहीं

सराय क्षेत्र की एक इमारत की छत से गोलीबारी बंद हो गई । अपील किये जाने से पहले सुरक्षा बलों ने मशीनगनों से भारी गोलीबारी करके दो मीनारों में बड़े-बड़े सुराख करने की कोशिशें कीं ताकि वे सुरक्षा की दृष्टि से अनुपयोगी हो जाएं ।

आतंकवादियों ने हरिमंदिर साहब के सभी दरवाजों और खिड़कियों को बंद कर रखा है । मंदिर के भीतर से अथवा मंदिर पर गोलियां नहीं चल रही हैं । मंदिर के सभी धार्मिक कामकाज आज आठवें दिन भी स्थगित रहे । परिक्रमा से सटी इमारत की दूसरी मंजिल के एक कमरे से धुआं निकल रहा है । दर्दांत आतंकवादी मलकीयत सिंह अजनाला जो कि शुक्रवार को परिसर में से फरार होने में सफल हो गया था, के पिता गुरदीप सिंह अजनाला और पत्नी सुरजीत कौर, खालिस्तान कमांडो फोर्स का आतंकवादी चरणजीत सिंह चन्नी, विजयपाल सिंह की पत्नी सुरेंद्र कौर, रोशन लाल बैरागी की पत्नी निरप्रीत कौर तथा लाभ सिंह उर्फ लब्भ उत्तर प्रदेश की पत्नी कलजीत कौर ने भी अंदर रह रहे आतंकवादियों से आत्म-समर्पण की अपील की । सरकारी प्रैस विज्ञप्ति में बताया गया कि आत्म-समर्पण की अपील करने वालों में पंथक कमेटी का सदस्य हरि सिंह भी शामिल है ।

कमरे से बम फैंका

कमरा नम्बर 14 जिसको खालिस्तान का मुख्यालय कहा जाता है जहां कुख्यात आतंकवादी पैंटा रहता था, में से किसी ने एक हथगोला ऊपर की ओर फैंका जिससे ऊपर की मंजिल में आग लग गई तथा धुआं ही धुआं फैल गया ।

बताया जाता है कि स्थिति पूरी तरह सुरक्षा बलों के नियंत्रण में है । पुलिस सूत्रों के अनुसार

में गोलियां चलीं । सुरक्षा बलों वाले बुंगों को अपना निशाना बनाए हुए थे ।

की जाएगी । उन्होंने कहा कि युद्धविराम के दौरान हम

गिल का पत्रकार सम

'वि.प्र.' के अनुस सम्मेलन में पंजाब पु के.पी.एस. गिल ने आतंकवादियों ने आ उनकी पड़ताल के जिनमें सात पुरुष, ए हैं । श्री गिल ने

जो चार लाशें कब्जे में ली गई थीं, उनका आज पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार कर दिया गया । आज परिसर में दो और लाशें मिलीं । इनमें एक लाश मंजी साहब के निकट जोड़े रखने वाली जगह से तथा दूसरी सराय में शिरोमणि कमेटी के दफ्तर के करीब से बरामद की गई । इससे दरबार साहब परिसर से आतंकवादियों को निकालने के लिए शुरू की गई कार्रवाई में अब तक मरने वालों की संख्या 27 हो गई है । हमारी यह सूचना भी है कि घंटाघर की इमारत जहां कल सुबह आग लगी थी, में आतंकवादियों ने कुछ लाशें डीजल डाल कर जला दीं

Punjab Digital Library

(1) स्वर्ण मंदिर परिसर में उग्रवादियों की गोलीबारी से निकलता हुआ धुआं, (2) परिसर से निकल कर आत्मसमर्पण करने वाले उग्रवादी तथा अन्य लोग, (3) परिसर से निकाल कर एक शव ले जाया जा रहा है, (4) हाथ ऊंचे कर के आत्मसमर्पण के लिये आ रहा एक उग्रवादी, (5) कुछ उग्रवादियों के सड़क पर पड़े शव ।

(छाया : रवि भंडारी)

अमृतसर में स्वर्ण मंदिर परिसर में गुरु रामदास सराय के ऊपर की छत से आई.जी. श्री चमन लाल तथा . (बाएं से) विजयपाल सिंह की पत्नी सुरेन्द्र कौर, बैरागी की पत्नी दिलप्रीत कौर, सुरजीत सिंह अजनाला की पत्नी सुरजीत कौर, लाभ सिंह की पत्नी कुलबीर कौर, अकत्तर सिंह और चरणजीत उर्फ चनी आतंकवादियों को आत्म-समर्पण करने के लिए आग्रह करते हुए ।

(छाया : ओम भंडारी)

सुरक्षा बलों द्वारा भारी हथियारों का प्रयोग, दरबार साहब से फ़ायरिंग जारी, 3 और शव मिले

अमृतसर, 16 मई (वार्ता, ह.स.): सुरक्षा बलों ने स्वर्ण मंदिर परिसर के अंदर से हो रही भारी फायरिंग का मुकाबला करने के लिये मोर्टार, राकेट लांचर, भारी एवं हल्की मशीनगनों, हथगोलों का प्रयोग किया तथा वहां से 40 से 60 उग्रवादियों को निकालने के लिये सी. एन. व सी. एस. श्रेणी के अश्रुगैस गोले फैंके । पुलिस महानिदेशक श्री के. पी. एस. गिल ने बताया कि इससे पूर्व स्वर्ण मंदिर परिसर के अंदर दो बुंगों पर मोर्चे जमाये उग्रवादियों की चीनी राइफलों को खामोश कराने में सफल हो गये । इन उग्रवादियों ने अपने साथियों की बार-बार की गई अपीलों के बावजूद आत्मसमर्पण नहीं किया ।

सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि स्वर्ण मंदिर के अंदर छिपे उग्रवादियों के पास भारी परिमाण में विस्फोटक सामग्री है और वे वहां विस्फोट कर सकते हैं ।

स्वर्ण मंदिर परिसर क्षेत्र से आज तीन उग्रवादियों के शव बरामद किये गये ।

कल सुरक्षा बलों के आगे आत्म-समर्पण करने वाले आतंकवादियों ने आज अपने साथियों से अपील की कि वे स्वर्ण मंदिर परिसर से बाहर आ जाएं तथा हथियारों सहित आत्म-समर्पण कर दें ।

दोपहर बाद लगभग तीन बज कर पचास मिनट पर अपील किये जाने के तत्काल बाद गुरु रामदास सराय क्षेत्र की एक इमारत की छत से गोलीबारी बंद हो गई । अपील किये जाने से पहले सुरक्षा बलों ने मशीनगनों से भारी गोलीबारी करके दो मीनारों में बड़े-बड़े सुराख करने की कोशिशें कीं ताकि वे सुरक्षा की दृष्टि से अनुपयोगी हो जाएं ।

आतंकवादियों ने हरिमंदिर साहब के सभी दरवाजों और खिड़कियों को बंद कर रखा है । मंदिर के भीतर से अथवा मंदिर पर गोलियां नहीं चल रही हैं । मंदिर के सभी धार्मिक कार्यक्रम आज आठवें दिन भी स्थगित रहे । परिक्रमा से सटी इमारत की दूसरी मंजिल के एक कमरे से धुआं निकल रहा है । इसी के कमरा नं. 14 में तथाकथित खालिस्तान का दफ्तर है । वहां आग लगने का कारण पता नहीं चला है ।

आत्म-समर्पण की अपील करने वालों में अन्य लोगों के अलावा खालिस्तान कमांडो फोर्स के ग्यारह सदस्यीय गुट का नेता सकत्तर सिंह भी शामिल है, जिसने कल समर्पण किया था । उसने लाऊड स्पीकर पर घोषणा की कि "चिन्ता की कोई बात नहीं है हमारी देखभाल अधिकारी कल समर्पण करने के बाद से अच्छी तरह कर रहे हैं । मैं सभी से जो अंदर हैं गुजारिश करता हूं कि अपने हथियारों के साथ बाहर आकर समर्पण कर दें । आप पर गोली नहीं चलाई जाएगी । मैं इसकी पूरी जिम्मेदारी लेता हूं ।"

दुर्दांत आतंकवादी मलकीयत सिंह अजनाला जो कि शुक्रवार को परिसर में से फरार होने में सफल हो गया था, के पिता गुरदीप सिंह अजनाला और पत्नी सुरजीत कौर, खालिस्तान कमांडो फोर्स का आतंकवादी चरणजीत सिंह चन्नी, विजयपाल सिंह की पत्नी सुरेंद्र कौर, रोशन लाल बैरागी की पत्नी निरप्रीत कौर तथा लाभ सिंह उर्फ लब्भू उत्तर प्रदेश की पत्नी कुलजीत कौर ने भी अंदर रह रहे आतंकवादियों से आत्म-समर्पण की अपील की । सरकारी प्रैस विज्ञप्ति में बताया गया कि आत्म-समर्पण की अपील करने वालों में पंथक कमेटी का सदस्य भाई धन्ना सिंह भी शामिल है ।

विज्ञप्ति में कहा गया है कि गत रात भी दोनों ओर से रुक-रुक कर फायरिंग होती रही । कल आत्म-समर्पण करने वाले 7 आतंकवादियों ने पहले रात 12½ बजे अखाड़ा बहमबूटा तथा बाद में गुरु रामदास सराय की छत से बार-बार अपीलें कीं कि अंदर रह गये आतंकवादी बाहर आ जाएं । प्रशासन और सुरक्षा बलों ने भी कल रात से लाऊड स्पीकर पर परिसर में छिपे आतंकवादियों से बाहर आ जाने की कई बार अपील की ।

'नारंग' की सूचना है कि दरबार साहब परिसर के अंदर से आतंकवादियों तथा बाहर सुरक्षा बलों के मध्य एक बजे से 1.40 बजे तक जबरदस्त फायरिंग हुई । 40 मिनट की इस अवधि में हजारों की संख्या में गोलियां चलीं । सुरक्षा बलों वाले बुंगों को अपना निशाना बनाए हुए थे ।

कमरे से बम फैंका

कमरा नम्बर 14 जिसको खालिस्तान का मुख्यालय कहा जाता है जहां कुख्यात आतंकवादी पैंटा रहता था, में से किसी ने एक हथगोला ऊपर की ओर फैंका जिससे ऊपर की मंजिल में आग लग गई तथा धुआं ही धुआं फैल गया ।

बताया जाता है कि स्थिति पूरी तरह सुरक्षा बलों के नियंत्रण में है । पुलिस सूत्रों के अनुसार 'खालिस्तान कमांडो फोर्स' के दुर्दांत आतंकवादी कारज सिंह धंडे के नेतृत्व में परिसर में बचे शेष आतंकवादी एक मीनार पर से हमला करके सुरक्षा बलों का प्रतिरोध कर रहे हैं ।

जेल में ग्रंथियों से भेंट

अधिकारी इस बात पर विचार कर रहे हैं कि दरबार साहब में छिपे आतंकवादियों से आत्म-समर्पण के लिये किसी धार्मिक नेता से अपील करवाई जाए । कुछ अधिकारी इस सिलसिले में जेल में बंद सिख प्रमुख ग्रंथियों से मिले भी हैं ।

सीमावर्ती रेंज के महानिरीक्षक श्री चमन लाल ने बताया कि अधिकारियों ने फैसला किया है कि दरबार साहब की पवित्रता पर आंच न आने देने के लिये वहां और उसके अगल-बगल में गोलीबारी नहीं की जाएगी । उन्होंने कहा कि यह हमारा वादा है कि युद्धविराम के दौरान हम गोली नहीं चलाएंगे ।

गिल का पत्रकार सम्मेलन

'वि.प्र.' के अनुसार आज शाम पत्रकार सम्मेलन में पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल ने बताया कि कल जिन आतंकवादियों ने आत्म-समर्पण किया था, पुलिस ने उनकी पड़ताल के बाद 17 को रिहा कर दिया, जिनमें सात पुरुष, पांच स्त्रियां व पांच बच्चे शामिल हैं । श्री गिल ने बताया कि शेष 128 लोगों को विधिवत गिरफ्तार कर लिया गया है, जिनमें 117 पुरुष तथा 11 स्त्रियां शामिल हैं । यह गिरफ्तारियां धारा 307 (सुरक्षा बलों पर फायरिंग), धारा 121 (सरकार के विरुद्ध युद्ध की घोषणा), धारा 122 (सरकार के विरुद्ध हथियार व गोला-बारूद जमा करना), धारा 124 (विद्रोहात्मक कार्रवाइयां) तथा आतंकवाद उन्मूलन एक्ट के अधीन की गई ।

श्री गिल के बताया कि आज सुबह भी दरबार साहब के अन्दर छुपे आतंकवादियों से आत्म-समर्पण की अपील की गई । कल जिन आतंकवादियों ने आत्म-समर्पण किया था, उनसे यह अपील कराई गई । श्री गिल ने बताया कि कल दरबार साहब के अंदर मरने वाले आतंकवादियों की गिनती चार लाशों कब्जे में ली गई थीं, उनका आज पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार कर दिया गया । आज परिसर में दो और लाशें मिलीं । इनमें एक लाश मंजी साहब के निकट जोड़े रखने वाली जगह से तथा दूसरी सराय में शिरोमणि कमेटी के दफ्तर के करीब से बरामद की गई । इससे दरबार साहब परिसर से आतंकवादियों को निकालने के लिए शुरू की गई कार्रवाई में अब तक मरने वालों की संख्या 27 हो गई है । हमारी यह सूचना भी है कि घंटाघर व इमारत जहां कल सुबह आग लगी थी, में आतंकवादियों ने कुछ लाशें डीजल डाल कर जला दीं लेकिन इस सूचना की पुष्टि नहीं हो सकी ।

श्री गिल ने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि आतंकवादियों की ओर से दरबार साहब परिसर में दो बुंगों पर से फायरिंग आज भी जारी रही अतः अब बुंगे खाली कराने के लिए सुरक्षा बल भी फायरिंग कर रहे हैं । स्वर्ण मंदिर में जो आतंकवादी भाग गए थे, उनकी ओर से आज कोई फायरिंग नहीं हुई ।

41 आतंकवादी

स्वर्ण मंदिर परिसर में अभी भी लगभग 40 आतंकवादी मोर्चाबंदी किए हुए हैं, जिनमें कारज सिंह, निरवैर सिंह, निशान सिंह, बलविंदर मल्हाली और चंचल सिंह उठोके जैसे खतरनाक आतंकवादी भी शामिल हैं ।

(शेष पृष्ठ 6 पर)

Punjabi Sanjhani





परिसर में उग्रवादियों की गोलीबारी से निकलता हुआ धुआं, (2) परिसर से निकल कर आत्मसमर्पण करने वाले उग्रवादी तथा अन्य लोग, (3) परिसर से निकाल कर एक शव ले जाया जा रहा है, (4) हाथ ऊंचे करके आत्मसमर्पण के लिये आ रहा एक उग्रवा
डक पर पड़े शव ।

(छाया

दिर परिसर में गुरु रामदास सराय के ऊपर की छत से आई.जी. श्री चमन लाल तथा . (बाएं से) विजयपाल सिंह की पत्नी सुरेन्द्र कौर, बैरागी की पत्नी दिलप्रीत कौर, सुरजीत सिंह अजनाला की पत्नी सुरजीत कौर, लाभ सिंह की पत्नी कुलजैत कौर, सकत्तर सिंह और चर
ात्म-समर्पण करने के लिए आग्रह करते हुए ।

(छा

Punjabi Sa

चंडीगढ़, 17 मई (हस, वार्ता, वि.प्र.): उग्रवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग करके समराला में एक मंदिर के पुजारी, एक श्रद्धालु, जिला अमृतसर में 2 महिलाओं सहित 3 व्यक्तियों और बटाला के सदर के गांव में एक दुकानदार की हत्या कर दी जबकि सामाना, पटियाला, समराय में कल हुए गोलीकांडों के घायल 8 व्यक्तियों ने घावों की ताव न सहते हुये दम तोड़ दिया । जिला अमृतसर के गांव अमरकोट में उग्रवादियों ने बी.एस.एफ. की पार्टी पर घात लगा कर हमला करके एक सूबेदार तथा 3 जवानों को घायल कर दिया । पुलिस को विश्वास है कि मुकेरियां में भूतपूर्व इंका मंत्री डा. केवल कृष्ण पर हमले के दौरान घायल उग्रवादी भी मर गया है । उग्रवादियों ने जिला अमृतसर में जो हत्याएं की थीं, वहां वे तीनों शव भी उठा कर अपने साथ ले गए । जिला जालंधर में सहकारी समितियों से 49500 रुपए लूट ले गए, जबकि वाहन चुराने और घरों में लूटमार करने की घटनाएं भी जारी रहीं । अमृतसर में बस फायरिंग करके 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । इसी मध्य सामाना में सावधानीवश अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लगा दिया गया है ।

पंजाब में उग्रवादियों द्वारा की जा रही हत्याओं में वृद्धि के दृष्टिगत हरियाणा में आज रैड अलर्ट जारी कर दिया गया ।

निरंकारी मुखिया की हत्या की कोशिश

चंडीगढ़ से संघी के अनुसार स्थानीय पुलिस ने चंडीगढ़ के निरंकारी मुखिया श्री केशो राम के सैक्टर 19 में स्थित आवास को आग लगाने की आज प्रातः लगभग 3 बजे कोशिश करने के आरोप में हरि मोहन नामक एक व्यक्ति को धारा 436, 511 के अंतर्गत गिरफ्तार कर लिया । उक्त घटना की जानकारी देते हुये चंडीगढ़ के एस.एस.पी. श्री आर.पी. सिंह ने बताया कि श्री केशो राम के आवास पर तैनात सी.आर.पी.एफ. के जवान गोपाल टिर्के ने हरि मोहन को दीवार कूद कर घर में घुसते देखा तो उसे रुकने की चेतावनी दी लेकिन इस चेतावनी के बावजूद भी जब वह न रुका तो सी.आर.पी.एफ. के जवान ने उसे डराने के लिये हवा में गोली चला दी, जिससे हरि मोहन अपने हाथ उठा कर सी.आर.पी.एफ. के जवान के पास आ गया । उसके कब्जे से पैट्रोल की एक बोतल, माचिस और एक सलाख बरामद हुई है । श्री सिंह ने बताया कि अब तक की छानबीन के अनुसार पता चला है कि इस वारदात का कारण निजी शत्रुता है ।

बी.एस.एफ. पर हमला

अमृतसर (वि.प्र.): यहां मिली एक सूचना के अनुसार गत रात 9.45 बजे के लगभग खैमकरण सैक्टर में स्थित गांव अमरकोट के निकट सड़क के किनारे छुपकर बैठे आतंकवादियों ने बी.एस.एफ. की एक नाका पार्टी पर हमला किया जो जीप में सवार थी । बी.एस.एफ. की पार्टी पर चीनी असाल्ट राइफलों से अंधाधुंध फायरिंग की गई । आतंकवादियों की इस फायरिंग से जीप में सवार सूबेदार शरनसिंह (40) जो कि नाका पार्टी का हैड था और तीन अन्य जवान नायक इमदाद हुसैन (30), लांस नायक गुरचरण सिंह (31) जो जीप चला रहा था और कांस्टेबल पर्वत सिंह (35) भी घायल हो गए । फायरिंग से जीप के टायर भी फट गए । घायल होने के बावजूद बी.एस.एफ. की इस जीप नम्बर पी.सी.आर. 3865 का ड्राइवर जीप को रिमों पर ही भगाता रहा और डेढ़ किलो मीटर आगे जाकर जीप उलट गई । चारों घायल जवान अमृतसर के सरकारी अस्पताल में दाखिल हैं जिन्हें अधिकतर टांगों, बाजुओं और सिरों में गोलियां लगी हैं ।

3 की हत्या : शव भी साथ ले गए

अमृतसर से ह.स. के अनुसार उग्रवादियों ने जिला अमृतसर में कल रात्रि दो महिलाओं सहित एक ही परिवार के तीन लोगों की गोली मार कर हत्या कर दी । वैरोवाल थाने के क्वेड़ा गांव में अनगिनत उग्रवादियों ने एक किसान महेन्द्र सिंह के घर में बलात् घुस कर उसकी, उसकी पत्नी और लड़की की गोली मार कर हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार हत्यारे मृतकों के शव भी एक गाड़ी में लाद कर ले गए ।

बस पर फायरिंग में 3 मरे

आज सायं जिला अमृतसर के थाना छहर्टा के अंतर्गत स्थित गांव चक मुकंदां के निकट नगर निगम की एक बस पर फायरिंग करके 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी, जबकि 3 अन्य को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । मृतकों की शिनाख्त एक टांगे वाले और एक व्यक्ति काला के रूप में की गई है । काला का पिता राम प्रकाश और संत राम अस्पताल में दाखिल करवाए गए हैं ।

अमृतसर से प्राप्त एक समाचार में कहा गया है यह बदकिस्मत बस अमृतसर से भगना गांव की ओर जा रही थी, जब उग्रवादियों ने इस पर चीनी ए.के. 47 राइफलों से हमला किया । काला गांव भगना खुर्द का निवासी था ।

पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल ने पत्रकारों को बताया कि यात्रियों को बस से उतार कर मारा गया ।

उग्रवादियों ने बस रुकवाने के लिए इस पर फायरिंग की । बस इस पर एक वृक्ष से टकरा गई । उग्रवादियों ने यात्रियों को बस में से बाहर आने के लिए कहा । दो व्यक्तियों की मौके पर ही मृत्यु हो गई जबकि एक अन्य की पीछा करके हत्या कर दी

(शेष पृष्ठ 8 पर)



मुकेरियां गोलीकांड में घायल डा. केवलकृष्ण, . जो सी. एम. सी. अस्पताल लुधियाना में उपचाराधीन हैं, को देखने सर्वश्री बेअंत सिंह, सेवा राम अरोड़ा, संतोख सिंह रंधावा, ओमप्रकाश गुप्ता, सतपाल पराशर अस्पताल गये (छाया : कम्बोज)

सस्ती लोकप्रियता के ...रहे हैं : भगवानदास

परिषद चंडीगढ़ के महासचिव भूपिन्दर सिंह गिल ने मांग की है कि गिरफ्तार किए गए सिंह साहिबान को तुरन्त रिहा किया जाए तथा परिसर की घेराबंदी खत्म की जाए ताकि दरबार साहिब में मर्यादा बहाल की जा सके ।

लुधियाना : शिव सेना (उत्तरी भारत) के प्रधान श्री जगदीश तांगड़ी ने प्रैस विज्ञप्ति जारी करते हुए सुरक्षा बलों द्वारा दरबार साहब को आतंकवादियों से मुक्ति दिलाने व उसकी मर्यादा को बहाल करने के लिए उठाए गए सराहनीय कदमों की

राजीव स्वर्ण मंदिर नहीं आ रहे

नई दिल्ली, 17 मई (जी.एस. चावला): प्रधानमंत्री राजीव गांधी की निकट भविष्य में पंजाब या स्वर्ण मंदिर अमृतसर आने की कोई योजना नहीं

बरनाला एंड कम्पनी की गिरफ्तारी के रामे ने रिबैरो की नींद हराम की

Sanatani Punjabi

सामाना में आतंकवादियों द्वारा गत दिवस अन्धाधुंध की गई फायरिंग में मारे गए 20 लोगों में से (1) हलवाई यूनियन के प्रधान (इनसैट) मोहन

Punjabi Sarata

अमृतसर के निकट 4 मजदूरों की हत्या

अमृतसर, 17 मई (अशोक सोनी):
आज रात्रि के बाद लगभग एक दर्जन आतंकवादियों ने निकटवर्ती गांव पिट्ठेवढ के एक फार्म हाऊस पर हमला करके चार प्रवासी मजदूरों की हत्या कर दी। रात्रि 3.30 बजे पंजाब केसरी कार्यालय में प्राप्त सूचना अनुसार आतंकवादियों ने इन मजदूरों को पहले एक कमरे में बंद कर दिया फिर उन पर फायरिंग कर दी, जिससे दो मजदूरों की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई और 6 को घायल कर दिया। दो घायलों की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मृत्यु हो गई।

Punjabi Sanatan



में सोमवार को पंजाब कांग्रेस (इ) महासचिव डा. केवल कृष्ण की दुकान पर आतंकवादियों द्वारा की रेंग में (1) मरे ज्ञान चंद का शव । इसी घटना में घायल (2) कुलदीप सिंह, (3) गिरधारी लाल, देव मित्र, (5) डा. केवल कृष्ण की दुकान का भीतरी भाग जहां 4 लोगों ने घुस कर जान बचाई, तंकवादियों द्वारा प्रयुक्त कार जिसके शीशे लोगों ने पथराव करके तोड़ दिए (7) घटना के विरोध में में हड़ताल रही । (फोटो : प्रद्युम्न)

पानीपत हत्याकांड में संलिप्त तीनों आतंकवादि

शिनाख्त : आत्म समर्पण करने वालों में श

चंडीगढ़, 17 मई (संघी): हरियाणा पुलिस ने गत सात मई को पानीपत में एक बारात पर अंधाधुंध फायरिंग कर बाजीगर समुदाय के 14 व्यक्तियों की हत्या कर देने व 25 अन्य को घायल करने के मामले में संलिप्त तीनों आतंकवादियों की शिनाख्त कर ली है ।

यहां पत्रकारों को यह जानकारी देते हुए राज्य के पुलिस महानिदेशक श्री हंसराज स्वान ने बताया कि शिनाख्त किए गए आतंकवादियों में मेजर सिंह, निहाल सिंह व निशान सिंह शामिल हैं । ये तीनों आतंकवादी करनाल के असंध क्षेत्र के गांवों के निवासी हैं ।

राज्य पुलिस को संदेह है कि गत 15 मई को स्वर्ण मंदिर परिसर से जिन आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों के सामने आत्मसमर्पण किया था उनमें ये तीनों हत्यारे भी शामिल हैं । श्री स्वान ने बताया कि गत दस अप्रैल को शाहाबाद में भाकपा विधायक श्री हरनाम सिंह के घर अंधाधुंध फायरिंग कर चार लोगों की हत्या करने व पांच अन्य को घायल कर देने के मामले में संलिप्त दया सिंह नामक भी उक्त तीनों आतंकवादियों सहित राज्य पुलिस का एक दल अमृतसर सैनिक भगौड़ा दुर्दांत आतंकवादी आत्मसमर्पण करने वाले आतंकवादि है ।

कुछ प्रश्नों के उत्तर में श्री स्वान पानीपत नरसंहार के सम्बन्ध में पूछताछ के लिए हिरासत में लिया मेजर सिंह का एक नजदीकी रिश्तेदा था । जिसने यह स्वीकार किया आतंकवादी असंध में स्थित निरंकारी वारदात करने के लिए अमृतसर से पुलिस को पूर्व सूचना मिल जाने के का भवन पर पुलिस तैनात कर दी गई थी वहां हमला करने का अपना इरादा बद तीनों आतंकवादी अमृतसर वापस बारात पर ए.के. 47 राइफल से अं गोलियां चला कर हत्याकांड कर गए

हरियाणा में 'रैडअलर्ट'

इसी बीच पता चला है कि पड़ोसी में आतंकवादी हिंसा तेज होने के साथ सरकार ने राज्यभर में 'रैडअलर्ट' घो है । श्री स्वान ने आज यहां कहा कि सु कड़े कर दिए गए हैं, ताकि पड़ो आतंकवादियों के हरियाणा में प्रवेश समाप्त की जा सके और राज्य को आत की गतिविधियों से बचाया जा सके । उ कि सुरक्षा व्यवस्थाओं की देखरेख के अधिकारी सारे राज्य में फैल गए हैं अ

कार्रवाई की मांग

फगवाड़ा, 17 मई (कौड़ा): पंजाब प्रदेश कांग्रेस (इ) के संयुक्त सचिव श्री जोगेन्द्र सिंह मान ने पार्टी हाई कमान से मांग की है कि पार्टी के संसद सदस्य श्री कमल चौधरी द्वारा गृहमंत्री बूटा सिंह के खिलाफ बयानबाजी करने के सम्बन्ध में अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए । आज यहां जारी एक बयान में श्री मान ने कमल चौधरी द्वारा पंजाब के हालात खासकर अमृतसर के हालात से निपटने के लिए पंजाब के राज्यपाल द्वारा उठाए गए पगों पर भी किन्तु-परन्तु करने की आलोचना करते

गोली से आतंक

ला, 17 मई (शर्मा): आज शाम यहां ढ़े पांच बजे नगर में उस समय आतंक जब सूचना ब्यूरो के कार्यालय के सामने के कारण गोली चल गई । बताया कि कस्बा भुलत्थ में तैनात पुलिस टर हरभजन सिंह उग्रवादियों की हिट

मकान देखने मोहल्ले में आए । बाद में वे पैदल वापस जा रहे थे । थानेदार के दो लड़कों ने उन्हें उग्रवादी समझ कर स्कूटर पर उनका पीछा किया, जबकि इन कर्मचारियों ने भी दोनों लड़कों को उग्रवादी समझ लिया । सूचना ब्यूरो के दफ्तर के निकट लड़कों ने कर्मचारियों को पकड़ लिया और फिर वह आपस में गुत्थमगुत्था हो गए । इस दौरान गोली चल गई । मगर कोई घायल न हुआ ।

Punjabi Sangtani

उग्रवादियों द्वारा सोमवार की रात को सामाना में मारे गए लोगों की चिताओं से भरा हुआ श्मशान घाट । (छाया : पुरी)

सोमवार रात को गुरबख्श कालोनी, पटियाला में आतंकवादियों की फायरिंग में घायल हुये, (1) गोरा लाल, (2) विनोद कुमार, (3) अमोलक सिंह, (4) बब्बू राजा और (5) पृथ्वी सिंह, (6) वह स्थान जहां आईसक्रीम की रेहड़ी खड़ी थी, जिस पर फायरिंग की गई । बिखरे पड़े आईसक्रीम के पैकेट । (छाया : राजू)

Punjabi Sanata...

ंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

अतिरिक्त दो मृतकों के नाम राजेन्द्र
बताए गए हैं, जबकि तीसरे घायल
ताया गया है । सुरक्षा बलों और
त दस दिन से चल रहे युद्ध के दौरान
की गई प्रथम बड़ी कार्रवाई है
खोज शुरू कर दी गई है ।

लु की हत्या

(महेन्द्रा, ह.स.): ए.के. 47
स आतंकवादियों ने आज तड़के
के समराला कस्बे में एक धार्मिक
घुसकर दो व्यक्तियों को गोली से
एक अन्य को घायल कर दिया ।
कि स्कूटर सवार आतंकवादी सुबह
वनाथ मन्दिर में घुसे और अंधाधुंध
र पुजारी शिव भंडारी और एक
द खन्ना को मार डाला । दो अन्य
और सत्य प्रसाद घायल हो गए ।
आतंकवादी स्कूटर से भागने में
पुलिस ने घटनास्थल से एक पर्चा
जिसमें भिंडरांवाले टाइगर्स फोर्स ने
जिम्मेदारी ली है । मृतक श्री खन्ना
के मालिक थे जबकि दोनों घायल
। घटना की सूचना मिलते ही कई
अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच

द्वारा दो व्यक्तियों की हत्या के
समराला में पूर्ण हड़ताल रही ।

ण्ण का आप्रेशन सफल रहा

से महिन्द्र, मुसाफिर, धीमान के
के भूतपूर्व मंत्री डा. केवल कृष्ण
वादियों ने गोलियां मारकर उनके
क्लीनिक में घायल कर दिया था, का
प्रेशन कर दिया गया । दयानन्द
मैडिकल सुपरिंटैंडैंट डा. एस.बी.
ज बताया कि उनका आप्रेशन सफल
के बाएं बाजू तथा मुंह पर जख्म आए
उनकी हालत खतरे से बाहर है ।
पांच आदमी तथा तीन औरतें कल रात
दाखिल करवाई गई थीं, जिनमें से एक
दर कौर कल अस्पताल में जख्मों के
ड़ गई बाकी दो औरतें जोगेन्द्र कौर
शावा (25) की हालत खतरे से बाहर
दमियों में से एक जख्मी जोगेन्द्र सिंह
में गोली लगी थी, उसकी हालत खतरे
डा. केवल कृष्ण का गनमैन राजकुमार
में गोली लगी थी, गम्भीर हालत में
नके अलावा केवल कृष्ण (35) के
लियां लगी हैं । खुशी राम (68) और
र (30) के पेट में गोलियां लगी हैं ।
हालत गम्भीर बताई जाती है । ये सभी
ोली कांड में डा. केवल कृष्ण के साथ ही
।

ाकर हत्या

(कोछड़) : पुलिस जिला बटाला में
टाला के गांव बज्जूमान में आज बाद
ग 2.30 बजे तीन अज्ञात युवकों ने
में आकर फायरिंग करके ओमप्रकाश
क्त की हत्या कर दी । पुलिस के
ों के अनुसार हत्यारों ने चीनी असाल्ट
के 47 से फायरिंग की । लाश

करतारपुर रेलवे स्टेशन के बाहर मंगलवार को उग्रवादियों द्वारा की गई फायरिंग से घायल कुछ लोगों में से (1) मिलाप, (2) विमल, (3) नरेन्द्र, (4) अश्विनी, (5) अशोक, (6) उप्पल कुमार । *(छाया : कपूर)*

छः और व्यक्ति के मर जाने से मृतकों की संख्या बढ़कर 20 हो गई । 16 घायल व्यक्ति यहां सिविल अस्पताल में दाखिल हैं ।

वारदात के विवरण

घटना के सम्बन्ध में प्राप्त विवरणों के अनुसार कल रात्रि लगभग आठ बजे आतंकवादी दो ग्रुपों में स्थानीय चकला बाजार में आए और उन्होंने ए.के. 47 राइफलों से फायरिंग शुरू कर दी । गोली का पहला निशाना अपनी दुकान पर खड़े स्थानीय हलवाई यूनियन के प्रधान मोहन लाल चोपड़ा बने, उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई । आतंकवादियों ने आसपास खड़े अन्य लोगों पर भी फायरिंग की और पास के मोहल्ला गढ़ामी पुरी में दाखिल हो गए जहां

अस्पताल में लाए गए थे ।

गुलार कांड सुलझा लेने का दावा

पटियाला के एस.एस.पी. श्री सीतल दास ने आज यहां कहा कि हाल ही में उग्रवादियों द्वारा की गई हत्याएं उग्रवादियों की सुनियोजित कार्रवाई का परिणाम हैं । उन्होंने यह भी बताया कि कुछ दिन पूर्व पातड़ा के निकट गांव गुलार में नौ व्यक्तियों के हत्यारों की शिनाख्त कर ली गई है । यह कार्रवाई गुरबचन सिंह मानोचाहल के गिरोह ने की । गांव गुलार के कुछ लोग भी इस घटना में शामिल हैं । उन्होंने हत्याओं के अन्य मामले भी सुलझा लेने का दावा किया ।

दो उग्रवादी गिरफ्तार

गत रात्रि दो उग्रवादियों ने लगभग साढ़े आठ बजे विश्वविद्यालय परिसर के निकट गांव थेरी में सी.आर.पी.एफ. की स्पैशल चौकी पर अंधाधुंध फायरिंग की । सी.आर.पी. ने गोली का करारा उत्तर दिया और अभियुक्तों को पकड़ लिया । अभियुक्तों से काफी महत्वपूर्ण जानकारी मिलने की आशा की जा रही है ।

पटियाला में हड़ताल

जिला पटियाला में हाल ही में हत्याओं की कई घटनाओं के विरुद्ध आज यहां अल्पसंख्यक वर्ग के व्यापारियों ने हड़ताल की । भाजपा ने पंजाब में सामान्य स्थिति लाने के लिए पंजाब को सेना के हवाले करने की मांग की है ।

दुकान को आग लगा दी

रात रात्रि यहां बगीची हेतराम में एक व्यक्ति नरेश कुमार की दुकान को अज्ञात लोगों ने आग लगा दी । फायर ब्रिगेड ने आकर आग बुझाई ।

गुरबख्श कालोनी का घायल चल बसा

पटियाला के गुरबख्श नगर में गोलीबारी में गम्भीर रूप से घायल हुए एक व्यक्ति ने भी आज पटियाला में दम तोड़ दिया । एक सरकारी प्रवक्ता ने यह जानकारी देते हुए बताया कि घटना में घायल पांच अन्य व्यक्तियों की दशा सुधर रही है ।

मुकेरियां में हड़ताल

होशियारपुर (अश्विनी, प्रद्युम्न): गत शाम मुकेरियां में पंजाब के भूतपूर्व वित्तमंत्री व पंजाब इंका महासचिव डाक्टर केवल कृष्ण की दुकान पर हमला करके आतंकवादियों द्वारा एक महिला, एक छोटी बच्ची व एक अन्य व्यक्ति की हत्या तथा डा. केवल कृष्ण सहित 13 अन्य लोगों को घायल किए जाने की घटना के विरोध में आज मुकेरियां में पूर्ण हड़ताल रही । नगर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए होशियारपुर से अतिरिक्त सुरक्षा बल मुकेरियां भेजे गए हैं । जालन्धर रेंज के डी.आई.जी. श्री डी.आर. भट्टी भी जिला के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ आतंकवादियों की धड़पकड़ के लिए शुरू किए गए अभियान की जानकारी प्राप्त करने के लिए वहां मौजूद हैं

वैन से गोली-सिक्का बरामद

पुलिस सूत्रों ने आज पत्रकारों को बताया कि गत रात्रि उग्रवादियों द्वारा घटना में इस्तेमाल की गई मारुति वैन में से ए.के. 47 चीनी राइफलों के चार भरे हुए मैगजीन तथा तीन बैगों में से लगभग 150 कारतूस बरामद किए गए । सूत्रों ने बताया कि उग्रवादियों ने मारुति वैन कुछ दिन पूर्व दसूहा के एक शैलर से उड़ाई थी व इसका नम्बर पी.सी.डी. 678 की प्लेट बदल कर पी.सी.डी. 1878 की प्लेट लगा दी थी ।

सुखा सिपाही वैन चला रहा था ?

कीमती सामान लूट लिया । मुकेरियां 458/380 के अन्तर्गत केस दर्ज
थाना टांडा के अन्तर्गत ग्राम भुल्लपुर
ध्यान सिंह के घर से चोरों द्वारा हजारों
सामान तथा जेवर आदि चोरी किए
प्राप्त हुई है । चोर चोरी करने के
सिंह के पड़ोसी सरवण सिंह के घर से
चोरी करके ले गए ।

शस्त्र ही धोखा दे गए

जालंधर (क) : जवानों में द
बेदम हों तो उग्रवादियों का बच
उनकी फुर्ती ही समझी जाएगी
नकोदर-नूरमहल के क्षेत्र में रैड
पुलिस व सुरक्षा बलों की गश्ती
रहीं । कुछ छापे भी मारे गये
आने-जाने वालों की कड़ी चैकिंग भी
पुलिस उस समय मात खा गई जब
तीन-चार पुलिस कर्मियों ने एक
व्यक्तियों को जाते देखा । सूत्रों के
को पहचान भी लिया गया कि वह
एक अन्य उग्रवादी है । जवानों ने
थे, उन उग्रवादियों का पीछा भी
जवान ने रिवाल्वर से फायर भी किय
नहीं । दूसरे ने एस.एल.आर.
कोशिश की मगर वह भी नाकाम
तीसरे ने राइफल इस्तेमाल करनी च
मायूस किया और इस बीच तीनों
ओझल हो जाने में सफल हो गए ।

न रुकने पर पुलिस की गोली

'वार्ता' के अनुसार जालंधर
क्षेत्र में कल रात एक कार में सव
पुलिस की गोली से घायल हुये थे ज
था कि ये लोग आतंकवादियों की
हुये । पुलिस सूत्रों ने बताया कि
के कहने पर जब कार नहीं रुकी तो
चलाई । पुलिस दल समराय जा
रात छह व्यक्तियों की गोली मार
थी और दो घायल हुये थे । सू
घायलों के नाम गुरदयाल सिंह, क
सुखदेव सिंह हैं । इन्हें सिविल अ
किया गया है । इनकी हालत ख
जाती है । कार से सफर कर रहे
गए ।

कबीरा जब हम पैदा हुए ज
ऐसी करनी कर चलो, हम
भारी शोक एवं दुःखी हृदय से
हमारे पूजनीय पिता श्री गौरी शं
तिथि 7.5.88 दिनांक श
हैं, उनकी आत्मिक शांति के लिए र
दिनांक बीरवार को 1 बजे से 2 ब
औड़ (जालंधर) में होगी । कृपया
पता : सुभाष भल्ला, फोन-21
गांव औड़,
ज़िला जालंधर (पंजाब)

हमारे प्रिय श्री मदन
जो आज ही के दिन 18.5
हो गए । आज उनकी प
हम परिवारजन उन्हें अ
अर्पित करते हुये प्रभु से

Punjabi Sarafani

बटाला (कोछड़) : पुलिस जिला बटाला में थाना सदर बटाला के गांव बज्जूमान में आज बाद दोपहर लगभग 2.30 बजे तीन अज्ञात युवकों ने एक दुकान में आकर फायरिंग करके ओमप्रकाश नामक व्यक्ति की हत्या कर दी । पुलिस के अधिकृत सूत्रों के अनुसार हत्यारों ने चीनी असाल्ट राइफल ए.के. 47 से फायरिंग की । लाश पोस्टमार्टम के लिए गुरदासपुर अस्पताल में भेजी गई है ।

समाचार समितियों के अनुसार गांव बज्जूमान में 3 व्यक्ति मारे गए ।

3 मारे जाने का खंडन

मृतक ओम प्रकाश जयंतीपुर का निवासी था । बटाला के एस.एस.पी. श्री सुमेध सिंह सैनी ने इस समाचार का खंडन किया है कि थाना सदर बटाला के गांव बज्जूभान में उग्रवादियों ने आज सायं 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी । उन्होंने बताया कि ओमप्रकाश की हत्या के सम्बन्ध में 12 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया है ।

आयुर्वेदिक डाक्टर पर हमला

कोछड़ के अनुसार आज प्रातः बटाला से मरड़ स्थित सरकारी आयुर्वेदिक डिस्पैंसरी में जा रहे डाक्टर विजय बावा का स्कूटर गांव टडियाला के निकट रोक कर तीन अज्ञात युवकों ने पिटाई करके उन्हें चेतावनी दी कि यदि वह फिर इस डिस्पैंसरी में आया तो जान से मार दिया जाएगा । उल्लेखनीय है डाक्टर विजय उपरोक्त डिस्पैंसरी में डाक्टर तैनात है ।

निन्दा

जिला गुरदासपुर इंका प्रधान श्री रघुनाथ सहाय पुरी, महासचिव श्री तिलक राज गुप्ता, स्थानीय भूतपूर्व इंका विधायक अश्विनी सेखड़ी व स्थानीय इंका महासचिव श्री मोहन सिंह वीनस, प्रधान चमन लाल भागी, वीरेन्द्र शर्मा ने गत दिवस आतंकवादियों की ओर से फायरिंग करके डाक्टर केवल कृष्ण को घायल करने और जालन्धर, पटियाला व अन्य स्थानों पर मासूमों की हत्याओं की कड़ी निंदा की है। इन सभी ने स्वर्ण मन्दिर अमृतसर से आतंकवादियों को सुरक्षा बलों द्वारा निकाल उसकी पवित्रता बहाल करने की प्रशंसा की है ।

सामाना में कर्फ्यू, मृतकों की संख्या 20 हुई

सामाना (वर्मा): कल के भीषण नरसंहार के बाद आज प्रातः साढ़े पांच बजे नगर में एहतियात के तौर पर अनिश्चितकाल के लिए कर्फ्यू लगा दिया गया । इसी मध्य उग्रवादियों की फायरिंग से घायल कल रात्रि लगभग आठ बजे आतंकवादी दो ग्रुपों में स्थानीय चकला बाजार में आए और उन्होंने ए.के. 47 राइफलों से फायरिंग शुरू कर दी । गोली का पहला निशाना अपनी दुकान पर खड़े स्थानीय हलवाई यूनियन के प्रधान मोहन लाल चोपड़ा बने, उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई । आतंकवादियों ने आसपास खड़े अन्य लोगों पर भी फायरिंग की और पास के मुहल्ला घडामी पली में दाखिल हो गए जहां उन्होंने लगभग आठ व्यक्तियों की हत्या की तथा कइयों को घायल कर दिया । फायरिंग से मौके पर 14 लोगों की मृत्यु हो गई तथा 22 अन्य घायल हो गए । बाद में छः अन्य घायल भी दम तोड़ गए ।

थाने का टैलीफोन खराब

घटना के तुरन्त बाद शहर के लोगों ने थाना सामाना को टैलीफोन पर सूचना देनी चाही लेकिन थाने का टैलीफोन खराब था, पुलिस लगभग आधे घंटे के बाद घटनास्थल पर पहुंची । शहर में स्ट्रीट लाइट के न होने के कारण आतंकवादी भाग जाने में सफल हो गए । सामाना पुलिस के पास फोर्स की कमी होने के कारण नगर की चारों तरफ से नाकाबंदी भी न की जा सकी और डी.एस.पी. स. अपार सिंह बाजवा खुद ही घायलों को उठाकर अस्पताल में लाने में ही व्यस्त रहे । शहर के लोगों में रोष व्याप्त है कि पुलिस चौकी के अधिकारियों की कारगुजारी नगण्य बराबर रही । भविष्य में लोग कभी भी किसी मुसीबत का शिकार हो सकते हैं ।

निंदा

इस नरसंहार की सामाना के भू.पू. विधायक श्री संतराम सिंगला, जिला पटियाला जनता पार्टी के अध्यक्ष डा. राम गोपाल, श्री शान्ति कुमार जैन, भाजपा नेता डा. लक्ष्मण दास सेवक, कश्मीरी लाल गुप्ता, कांग्रेस के श्री मोहन लाल जैन, श्री सतपाल जौहरी, पत्रकार एसोसिएशन के प्रधान राजकुमार वर्मा, यंग फैडरेशन के प्रधान पी.एस. नागी तथा लाला रोशन लाल ने कटु निंदा की है तथा सरकार से मांग की है कि शहर की सुरक्षा के लिए ठोस पग उठाए जाएं ।

अंत्येष्टि कर दी गई

सामाना में मारे गए व्यक्तियों में दो लड़के और घायलों में तीन लड़के शामिल हैं । मृतकों के शव पोस्टमार्टम के बाद आज सुबह उनके परिवार वालों को सौंप दिए गए और दोपहर में उनका अन्तिम संस्कार कर दिया गया ।

सामाना के मृतकों, घायलों के नाम

पटियाला से 'भूषण' के अनुसार कल रात्रि सामाना में उग्रवादियों की फायरिंग से मारे गए व्यक्तियों के नाम इस प्रकार हैं : सुभाष चंद (18), बहाली राम (25), मोहन लाल (42), नारायण दास (40), बिशन दास (42), हरिन्द्र कुमार (18), कानू राम (46), नरेन्द्र कुमार (21), ओम प्रकाश, नन्द लाल (40), घनश्याम दास (60), अनिल कुमार (18), हरनेक सिंह (46), बिशम्भर सिंह (23), दलीप सिंह (22), सतपाल (23), एक व्यक्ति की शिनाख्त नहीं हो सकी । राजेन्द्रा अस्पताल में 19 घायलों को लाया गया, जिनमें सत पाल (23), शाम लाल (30), गोरा लाल (40), मंगत राम (26), अंग्रेज सिंह (16), सुभाष चंद (35), राजेन्द्र (22), इंद्र सैन (18), सुरेन्द्र कुमार

सूत्रों के अनुसार आज प्रातः बटाला से मरड़ स्थित सरकारी आयुर्वेदिक डिस्पैंसरी में जा रहे डाक्टर विजय बावा का स्कूटर गांव टडियाला के निकट रोक कर तीन अज्ञात युवकों ने पिटाई करके उन्हें चेतावनी दी कि यदि वह फिर इस डिस्पैंसरी में आया तो जान से मार दिया जाएगा । उल्लेखनीय है डाक्टर विजय उपरोक्त डिस्पैंसरी में डाक्टर तैनात है ।

निन्दा

जिला गुरदासपुर इंका प्रधान श्री रघुनाथ सहाय पुरी, महासचिव श्री तिलक राज गुप्ता, स्थानीय भूतपूर्व इंका विधायक अश्विनी सेखड़ी व स्थानीय इंका महासचिव श्री मोहन सिंह वीनस, प्रधान चमन लाल भागी, वीरेन्द्र शर्मा ने गत दिवस आतंकवादियों की ओर से फायरिंग करके डाक्टर केवल कृष्ण को घायल करने और जालन्धर, पटियाला व अन्य स्थानों पर मासूमों की हत्याओं की कड़ी निंदा की है। इन सभी ने स्वर्ण मन्दिर अमृतसर से आतंकवादियों को सुरक्षा बलों द्वारा निकाल उसकी पवित्रता बहाल करने की प्रशंसा की है ।

सामाना में कर्फ्यू, मृतकों की संख्या 20 हुई

सामाना (वर्मा): कल के भीषण नरसंहार के बाद आज प्रातः साढ़े पांच बजे नगर में एहतियात के तौर पर अनिश्चितकाल के लिए कर्फ्यू लगा दिया गया । इसी मध्य उग्रवादियों की फायरिंग से घायल

डीलर्ज़ चाहिएं
ढ़ और हिमाचल में शहरवार/क्षेत्रवार
तरों की आवश्यकता है
ों में 'शाका' फल-सुगंधित-पेय के लिए ।
इंडस्ट्रीब्यूटर्ज़
ड. एरिया, फेस-II,
कोल्ड स्टोर, चंडीगढ़

मारुति वैन में से ए.के. 47 चीनी राइफलों के चार भरे हुए मैगजीन तथा तीन बैगों में से लगभग 150 कारतूस बरामद किए गए । सूत्रों ने बताया कि उग्रवादियों ने मारुति वैन कुछ दिन पूर्व दसूहा के एक शैलर से उड़ाई थी व इसका नम्बर पी.सी.डी. 678 की प्लेट बदल कर पी.सी.डी. 1878 की प्लेट लगा दी थी ।

सुखा सिपाही वैन चला रहा था ?

सूत्रों ने बताया कि इस घटना में खालिस्तान कमांडो फोर्स के आतंकवादी शामिल थे । सूत्रों ने कहा कि इस बात की भी जांच की जा रही है कि क्या मारुति वैन चला रहा व्यक्ति कुख्यात आतंकवादी के.सी.एफ. का स्वयंभू जनरल लाभसिंह उर्फ सुखा सिपाही था ? सूत्रों ने यह भी बताया कि इस हत्या कांड में होशियारपुर सदर पुलिस स्टेशन के अन्तर्गत ग्राम भाले के गुरचरण सिंह उर्फ सुरेन्द्र बाबा की संलिप्तता की भी जांच की जा रही है । पुलिस सूत्रों ने बताया कि फायरिंग की घटना के पश्चात उग्रवादियों ने भागने के लिए चार बार वाहन बदले । सर्वप्रथम मुकेरियां की चुंगी के पास से मारुति वैन छोड़ते समय एक टैम्पू नम्बर पी.ए.टी. 5414 छीना व दसूहा-हाजीपुर सड़क पर स्थित ग्राम सुन्दरपुर के पास दो स्कूटर छीने व बाद में पंगूआ तथा नंगल विहाला ग्रामों के मध्य स्कूटर छोड़कर एक ट्रक में बैठकर फरार हुए ।

उग्रवादी मारा गया

पुलिस सूत्रों ने कहा कि मारुति वैन जो घायल उग्रवादी के खून से सन्न थी, को देखकर ऐसा लगता है कि घायल उग्रवादी की मृत्यु हो गई होगी । सूत्रों ने यह भी बताया कि इस हत्या कांड के सम्बन्ध में दसूहा सब डिविजन के लगभग एक दर्जन ग्रामों में छापे मारे गए हैं व कुछ लोगों को पुलिस ने पूछताछ के लिए हिरासत में भी लिया गया है । मुकेरियां में गत सायं की घटना के पश्चात पुलिस बलों को गढ़शंकर व बलाचौर सब डिवीजनों में गश्त करने के लिए तैनात किया गया है । इंका सांसद श्री कमल चौधरी तथा बहुत से अन्य इंका नेताओं ने डा. केवल कृष्ण पर हमले की कड़ी निंदा की है । मुकेरियां से प्राप्त एक अन्य समाचार में कहा गया है कि कल के गोली कांड के कारण वहां भारी तनाव पाया जाता है ।

बंदूक, नगदी लूट कर ले गए

मुकेरियां के पास मनसूरपुर ग्राम में एक व्यक्ति सुबैग सिंह के घर से चार शस्त्र लुटेरों ने पिस्तौल की नोक पर एक डी.बी.बी. एल. गन, 11000 रुपए नगदी, 9 घड़ियां, टेप रिकार्डर, सोने के जेवर व अन्य

शाम के भाव
(17, मई 1988)

दिल्ली, (एन.एन.एस.): दिल्ली क्लाथ 34.25, हिंद मोटर्स 20.50, रिलायंस 144, चांदी (999) 6095, चांदी सिक्का 6400, सोना बिट्ठूर (प्रति 10 ग्राम) 3120, सोना स्टैंडर्ड (10 ग्राम) 3150, मिल डिलीवरी : वनस्पति उ.प्र. प्रति टिन 326-332, वनस्पति हरियाणा व पंजाब प्रति टिन 324-330, तेल सरसों टैंकर (प्रति 10 किलो) 172, सोयाबीन तेल (प्रति 10 किलो) 182, तेल चावल खाद्य (10 किलो) 168, तेल चावल अखाद्य (10 किलो) 135, चर्बी 1790, गुड़ बायदा 124.90, तेल बिनौला (10 किलो) 186, गणेश जीरा 3725-3775, पिपरामैंट चूरा 170, पिपरामैंट पापड़ी 190 रुपए ।

PUNJABI SANATAN

1

3

4

5

6

7

8

9

जिला जालन्धर के गांव समराय में गत दिवस आतंकवादियों की गोलीवर्षा में मारे गए (1) विजय

Punjabi Sanatani













Punjabi Sansar

खरड़ के पास 30 श्रमिकों की हत्या कर कई शव जला दिये

चंडीगढ़, 8 मई (ह.स., वि.प्र., वार्ता): उग्रवादियों ने गत रात्रि जिला रोपड़ में सतलुज-यमुना सम्पर्क नहर के श्रमिकों पर अंधाधुंध फायरिंग करके 30 श्रमिकों की नृशंस हत्या कर दी । हत्या के बाद हत्यारों द्वारा आग लगा दिए जाने से कुछ शव जल गए । जिला अमृतसर के एक डिस्ट्रीबिंड में गत रात 4 प्रवासी श्रमिकों की हत्या कर दी गई, जबकि करतारपुर फायरिंग कांड में मारे गए एक व्यक्ति का शव आज प्रातः मिला । दोनों मध्य सामाना में कार में आज प्रातः 2 घंटे की देरी दी गई । जिला अमृतसर और जिला जालंधर से क्रमशः 2 और 7 उग्रवादी सुरक्षा बलों ने काबू किए हैं । पटियाला में उग्रवादी 50000 रुपए और एक स्कूटर छीन कर फरार हो गए । राज्य के कई अन्य भागों में भी उग्रवादियों ने फायरिंग करके कई लोगों को घायल कर दिया । लूटमार की कई अन्य घटनाएं भी राज्य में हुई ।

30 श्रमिकों की हत्या

खरड़ (मोहाली जिला) (संधी, जैन): उग्रवादियों ने कल रात्रि यहां से लगभग 10 किलोमीटर दूर स्थित गांव मुबारकपुर के क्षेत्र में बन रही सतलुज-यमुना योजक नहर पर कार्य कर रहे श्रमिकों पर अंधाधुंध फायरिंग करके सोते हुये 30 श्रमिकों की निर्दयतापूर्वक हत्या कर दी, जबकि 13 अन्य को घायल कर दिया । घायलों को चंडीगढ़ के पी.जी.आई. में दाखिल करवाया गया, जिनमें से 5 की हालत चिन्ताजनक बनी हुई है ।

घटना रात की, प्रातः जानकारी मिली

इस वारदात, जो रात लगभग 11 बजे हुई, की सूचना 8 घंटे बाद आज प्रातः लगभग 7 बजे खरड़ पुलिस को मिली । घटना के पर पहुंचे पत्रकारों को घटना का विवरण देते हुये जिला रोपड़ के एस.एस.पी. श्री चंद्रशेखर ने बताया कि उग्रवादी हमलावरों की संख्या 10 से 12 के मध्य थी, 2 मारुति कारों व एक मोटर साईकल पर सवार होकर घटनास्थल पर आए और 3-4 ग्रुपों में बंट कर ए.के.-47 चीनी राइफलों से अंधाधुंध गोलियां चलानी शुरू कर दीं । उग्रवादियों के एक ग्रुप ने एक झोंपड़ी में सो रहे 16 श्रमिकों की हत्या करने के बाद वहां जल रहे मिट्टी के तेल के लैम्प से झोंपड़ी को आग लगा दी, जिस से श्रमिकों के शव पूर्णतया जल गए जबकि कुछ अन्य झोंपड़ियों के बाहर सो रहे श्रमिकों पर गोलियां चला कर 12 की हत्या कर दी गई । ये शव पांचवों पर कुछ दूरी पर पड़े हुये पाए गए ।

कुल 150 श्रमिक थे

जिस समय यह वारदात हुई, उस समय वहां लगभग 150 मजदूर थे, जिनमें से कई दिन भर की

एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि इस वारदात के पीछे उन उग्रवादियों का हाथ लगता है, जो गत 2 दिनों से जिला पटियाला में निर्दोष व्यक्तियों की हत्या करते चले आ रहे हैं । पुलिस ने इस संबंध में केस दर्ज कर लिया है ।

मजदूरों ने अफसर समझा था

भाग कर अपनी जान बचाने वाले श्रमिकों ने बताया कि मार्च मास में वे बिहार व उड़ीसा से काम की तलाश में आए थे । कल रात्रि उग्रवादियों को कार में मौके पर आते देख कर उन्होंने समझा कि शायद कुछ अधिकारी आ रहे है लेकिन कार से उतरते ही उग्रवादियों ने गोलियां चलानी शुरू कर दीं, जिससे वहां भगदड़ मच गई । गोलियों से छलनी कुछ श्रमिक काफी देर तक पानी मांगते रहे लेकिन वहां उनकी सहायता करने वाला कोई नहीं था । 3 घायल श्रमिकों ने भागते हुये दम तोड़ा । कुछ श्रमिकों ने भाग कर कोने में दुबक कर अपनी जान बचाई । इन श्रमिकों ने बताया कि उग्रवादी लगभग एक घंटे तक घटनास्थल पर रहे और टार्च की सहायता से बचे हुये लोगों की तलाश करते रहे, जिस कारण मदद मांगने वाले अपने घायल साथियों की मदद करने तक का साहस नहीं कर सके ।

अब यहां नहीं रुकेंगे

कुछ मजदूर, जो अपना सामान बांधने में व्यस्त थे, इतने भयभीत थे कि वे ठीक प्रकार पत्रकारों से बातचीत नहीं कर पा रहे थे । इन मजदूरों ने कहा कि अब वे किसी भी मूल्य पर यहां नहीं रुकेंगे और अब तक की मजदूरी मिलते ही अपने गांव वापस लौट जाएंगे । कई श्रमिकों ने बताया कि रात्रि काफी देर तक आंधी चलते रहने के कारण वे समय पर खाना नहीं पका सके । आंधी रुकने पर वे अपनी झोंपड़ियों से बाहर निकल कर अभी खाना पका ही रहे थे कि उग्रवादी आ धमके । उन्हें क्या पता था कि उनके जीवन में इससे भी बड़ी आंधी आने वाली है ।

सुरक्षा प्रबंध किए जा रहे हैं

जिला रोपड़ के जिलाधीश श्री जे.आर. कुंडल ने बताया कि मृतकों का पोस्टमार्टम करने के बाद गांव में ही उनका अंतिम संस्कार करने का प्रबंध कर दिया जाएगा । मृतकों के परिवारों व घायलों को वित्तीय सहायता दिये जाने का भी प्रबंध किया जा रहा है । सतलुज योजक सम्पर्क नहर पर काम करने वाले श्रमिकों की उग्रवादियों द्वारा हत्या करने की जिला रोपड़ में यह पहली घटना है । श्री कुंडल ने बताया कि जिला रोपड़ के क्षेत्र में बन रही 65 किलोमीटर लम्बी सतलुज-यमुना सम्पर्क नहर के 32 किलोमीटर भाग में इन दिनों मजदूर काम पर लगे हुए हैं । इस भाग में श्रमिकों की सुरक्षा के लिये तत्काल उचित एवं जरूरी जा रहे हैं । उन्होंने

Punjabi Tribune

लोगों को घबरा दिया । लूटमार की कई अन्य घटनाएं भी हुई हैं ।

30 श्रमिकों का हत्या

खरड़ (संवाददाता) उग्रवादियों ने कल रात यहां से लगभग 10 किलोमीटर दूर स्थित गांव मजात के क्षेत्र में बन रही सतलुज-यमुना योजक नहर पर काम कर रहे श्रमिकों पर अंधाधुंध फायरिंग करते हुये 30 श्रमिकों को निर्दयतापूर्वक हत्या कर दी, जबकि 13 अन्य को घायल कर दिया । घायलों को चंडीगढ़ के पी.जी.आई. में दाखिल करवाया गया, जिनमें से 5 की हालत चिन्ताजनक बनी हुई है ।

घटना रात के बारे जानकारी मिली

इस वारदात बारे लगभग 11 बजे हुई, की सूचना 8 घंटे बाद अर्थात: लगभग 7 बजे खरड़ पुलिस को मिली । मौके पर पहुंचे पत्रकारों को घटना का ब्यौरा देते हुये जिला रोपड़ के एस.एस.पी. श्री चंद्रशेखर ने बताया कि उग्रवादी जिनकी संख्या 10 से 12 के मध्य थी, 2 मारुति कारों व एक मोटर साईकल पर सवार होकर घटनास्थल पर आए और 3-4 ग्रुपों में बंट कर ए.के.-47 चीनी राइफलों से अंधाधुंध गोलियां चलानी शुरू कर दीं । उग्रवादियों के एक ग्रुप ने एक झोंपड़ी में सो रहे 18 श्रमिकों की हत्या करने के बाद वहां जल रहे मिट्टी के तेल के लैम्प से झोंपड़ी को आग लगा दी, जिससे श्रमिकों के शव पूर्णतया जल गए जबकि कुछ झोंपड़ियों के बाहर सो रहे श्रमिकों पर गोली चला कर 12 की हत्या कर दी गई । ये शव विभिन्न स्थानों पर कुछ दूरी पर पड़े हुये पाए गए ।

कुल 150 श्रमिक थे

जिस समय वारदात हुई, उस समय वहां लगभग 150 श्रमिक थे, जिनमें से कई दिन भर की थकान से चूर हो रहे, कुछ सोने की तैयारी कर रहे थे तथा कुछ अभी खाना पकाने व खाने में व्यस्त थे । गोलियां चलने की आवाज़ सुनते ही जाग रहे श्रमिकों ने अंधेरे में भाग कर आसपास के खेतों व वृक्षों के पीछे छिप कर अपनी जान बचाई ।

भारी मैगजीन बरामद

श्री चंद्रशेखर ने बताया कि उग्रवादियों, जिनकी आयु लगभग 20-25 वर्ष के लगभग थी, की ओर से चलाई गई गोलियों के 83 खाली खोल घटना स्थल से बरामद किए गए जबकि ए.के. 47 चीनी राइफल को 30 कारतूसों से भरी एक मैगजीन भी बरामद हुई है ।

'लाभ सिंह' के नाम पत्र

घटना स्थल के निकट से पुलिस को खालिस्तान कमांडो फोर्स का एक पत्र भी मिला है, जिसमें लिखा हुआ है कि अमृतसर में स्वर्ण मंदिर पर की गई पुलिस की घेराबंदी के जवाब में ये हत्याएं की जा रही हैं । जब तक घेराबंदी हटाई नहीं जाती, इस प्रकार की कार्रवाइयां होती रहेंगी । पत्र पर जनरल लाभ सिंह का नाम लिखा हुआ है । श्री चंद्र शेखर ने विचार व्यक्त

सतलुज-यमुना लिंक नहर के निर्माण कार्य में लगे मजदूरों के खरड़ के पास मजात गांव में स्थित कैम्प पर मंगलवार रात को आतंकवादियों ने गोलीबारी करके 30 मज़दूरों की हत्या कर दी और अनेक शवों को उनके तम्बुओं पर पैट्रोल डाल कर जला दिया । चित्रों में (1) एक ही जगह जले पड़े 16 शव, (2) दो भाइयों के जले हुए शव, (3) एक ही कमरे में पड़े शव, (4) जो लोग बच गए वे अपने राज्यों को लौटने को तैयार बैठे हैं, (5 से 8) कुछ और जले हुए शव, (9) मौत से बच कर भाग न सके और पक्की झोंपड़ी में ही आतंकवादियों ने उन्हें मार डाला, (10) शौच

घायल श्रमिकों ने भागते हुये दम तोड़ा । कुछ श्रमिकों ने भाग कर कोने में दुबक कर अपनी जान बचाई । इन श्रमिकों ने बताया कि उग्रवादी लगभग एक घंटे तक घटनास्थल पर रहे और टार्च की सहायता से बचे हुये लोगों की तलाश करते रहे, जिस कारण मदद मांगने वाले अपने घायल साथियों की मदद करने तक का साहस नहीं कर सके ।

अब यहां नहीं रुकेंगे

कुछ मजदूर, जो अपना सामान बांधने में व्यस्त थे, इतने भयभीत थे कि वे ठीक प्रकार पत्रकारों से बातचीत नहीं कर पा रहे थे । इन मजदूरों ने कहा कि अब वे किसी भी मूल्य पर यहां नहीं रुकेंगे और अब तक की मजदूरी मिलते ही अपने गांव वापस लौट जाएंगे । कई श्रमिकों ने बताया कि रात्रि काफी देर तक आंधी चलते रहने के कारण वे समय पर खाना नहीं पका सके । आंधी रुकने पर वे अपनी झोंपड़ियों से बाहर निकल कर अभी खाना पका ही रहे थे कि उग्रवादी आ धमके । उन्हें क्या पता था कि उनके जीवन में इससे भी बड़ी आंधी आने वाली है ।

सुरक्षा प्रबंध किए जा रहे हैं

जिला रोपड़ के जिलाधीश श्री जे.आर. कुंडल ने बताया कि मृतकों का पोस्टमार्टम करने के बाद गांव में ही उनका अंतिम संस्कार करने का प्रबंध कर दिया जाएगा । मृतकों के परिवारों व घायलों को वित्तीय सहायता दिये जाने का भी प्रबंध किया जा रहा है । सतलुज योजक सम्पर्क नहर पर काम करने वाले श्रमिकों की उग्रवादियों द्वारा हत्या करने की जिला रोपड़ में यह पहली घटना है । श्री कुंडल ने बताया कि जिला रोपड़ के क्षेत्र में बन रही 65 किलोमीटर लम्बी सतलुज-यमुना सम्पर्क नहर के 32 किलोमीटर भाग में इन दिनों मजदूर काम पर लगे हुए हैं । इस भाग में श्रमिकों की सुरक्षा के लिये तत्काल उचित पग उठाए जा रहे हैं । उन्होंने बताया कि वारदात में संलिप्त उग्रवादियों का पता लगाने के लिए कई स्थानों पर पुलिस पार्टियां भेज दी गई हैं ।

कई मजदूर गायब

उन्होंने बताया कि मृतकों में से 3 की अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी । उन्होंने बताया कि वारदात के दौरान जान बचाने के लिये घटना स्थल से भागे कई मजदूर अभी तक वापस नहीं लौटे हैं । जिन 27 मृतकों की शिनाख्त की जा चुकी है, उनमें विजय साहू, दिगम्बर राव, प्रभाकरण, राम प्रधान, पोंड़ साहू, कसवो साहू, धनेशरो साहू, सौदाई साहू, रमेश साहू, बिहारी साहू, बाला महा बत्तरा, सोरू जुलंका, शत्रुघ्न लंका, भाजिया साहू, अनंत साहू, सौकती सारो परेरा, सिखारू साहू, उत्तरा साहू, भीमा महा बत्तरा, श्री नाथ, कंवर साहू, दयानंद यादव, जय कुमार यादव, बंस राज, रजत लाल, जादो राम व राम प्रकाश । पी.जी.आई. चंडीगढ़ से मिली सूचना के अनुसार इस वारदात में घायल 9 व्यक्तियों को दाखिल किया गया है, जिनमें लक्ष्मी यादव, सीता राम, कमल प्रधान, प्रेमानंद, गदाधर प्रधान,

Punjabi Sahit

(1-2) जिला अमृतसर के गांव चक मुकंदा के पास उग्रवादियों द्वारा मारे गये दो बस यात्रियों के शव, (3 से 7) इसी जिले के गांव भिट्टेवढ़ा में उग्रवादियों की गोलीबारी से मरे क्रमशः एल. यादव, विजेन्द्र यादव, बुआ लाल, इंदी यादव और राजेंद्र यादव के शव, (8 से 10) इसी घटना में घायल क्रमशः विजय यादव, राम नंदन और लक्ष्मी मोती यादव । (छाया : रवि भंडारी)

खरड़ के निकट 30 की हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

धीनेश्वर, तीनपंथ लाल, लक्ष्मण व अमृतपाल शामिल हैं ।

समझा जाता है कि रात की फायरिंग की घटना के बाद से बहुत से श्रमिक अपने-अपने गृह राज्यों में

अन्तर्गत गांव कोटली हरचन्दा के बाहर आतंकवादियों के साथ हुई मुठभेड़ जिसमें छः आतंकवादी मारे गए थे, के समय गांव के कुछ युवकों ने पुलिस व सुरक्षा बलों को सहयोग दिया था । इस सम्बन्ध में 11 युवकों को 2500 रुपए (प्रत्येक को) इनाम देने की सिफारिश की गई है । इन युवकों को स्पैशल पुलिस फोर्स में भी भर्ती किया जाएगा ।

सरगर्मियों के दृष्टिगत तहसील बंगा के चार गांवों माहिलपुर गैला, बहराम, कटारियां और गुणाचौर में पुलिस चौकियां कायम कर दी गई हैं ।

घर से बाहर बुला कर गोली मार दी

नकोदर में गत रात्रि 2 उग्रवादियों ने गोली मार कर एक व्यक्ति देवेंद्र सिंह को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । देवेंद्र सिंह गांव लखा कलां जिला कपूरथला का निवासी है । वह एक व्यक्ति मुख्तियार सिंह के घर के बाहर ठहरा हुआ था, उसे वहां से घर से बाहर बुला कर गोली मारी गई ।

बताया गया है कि उग्रवादियों ने भागने से पूर्व मुख्तियार सिंह की पत्नी इकबाल कौर की सोने की बालियां छीन लीं ।

मुकाबले के बाद 7 उग्रवादी गिरफ्तार

जालंधर पुलिस ने गत रात्रि थाना नकोदर के गांव तलवंडी भूरे के निकट एक संक्षिप्त मुकाबले के बाद 7 कथित उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया और उनके कब्जे से दो देसी पिस्तौलें, एक डबल बैरल बंदूक तथा अन्य शस्त्र बरामद किए । दोनों तरफ से कोई भी व्यक्ति मुकाबले में घायल न हुआ । पुलिस के अनुसार इन उग्रवादियों की मनजीत सिंह उर्फ सोमा, जसपाल सिंह उर्फ पाला, रणजीत सिंह (सभी कोटकलां निवासी), जसबीर सिंह आफ रंगड़ा और सुखदेव सिंह आफ कोटकलां, परमजीत सिंह आफ कोटला भाग और जसविंद्र सिंह आफ रंगड़ा के रूप में शिनाख्त की गई है । ये सभी गांव थाना नकोदर के अंतर्गत क्षेत्र में स्थित हैं । अभियुक्त तीन स्कूटरों पर आ रहे थे, जब पुलिस की नाका पार्टी ने उन्हें रुकने के लिये कहा । जब वे न रुके तो पुलिस ने फायरिंग शुरू कर दी और संक्षिप्त मुकाबले के बाद उनको काबू कर लिया । पुलिस ने सभी तीनों स्कूटरों को भी जब्त कर लिया है ।

कई गांवों में तलाशियां

नकोदर से गगन के अनुसार विश्वसनीय सूत्रों से पता चला है कि वारदातों में संलिप्त व समाज विरोधी लोगों को पकड़ने के लिये सुरक्षा बलों ने नकोदर तहसील के गांवों में कई स्थानों पर छापे मार कर तलाशियां लेनी शुरू कर दी हैं । पता चला है कि कुछ व्यक्तियों को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया गया है ।

स्कूटर छीन लिया

गए । मोटर साइकल आज प्रातः बस स्टैंड के निकट बरामद हो गया ।

4 गिरफ्तार

पुलिस जिला बटाला के एस.एस.पी. ने बताया कि थाना डेरा बाबा नानक की पुलिस ने गांव तलवंडी गराया के दलबीर सिंह, लखबीर सिंह, बलविंद्र सिंह व गांव तलवंडी रामा के सुलक्खन सिंह को राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के अन्तर्गत गिरफ्तार किया है ।

ठेके के कर्मचारी की हत्या

पुलिस जिला बटाला में थाना फतहगढ़ चूड़ियां के गांव घनियां के बांगर में एक उग्रवादी ने फायरिंग करके एक शराब के ठेके के कर्मचारी राम लुभाया की हत्या कर दी । घटना की सूचना मिलते ही पुलिस व बी.एस.एफ. के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए और सारे क्षेत्र को सील करके खोज कार्य शुरू कर दिया है ।

डाका डालने वाले 2 उग्रवादियों की शिनाख्त

फिरोजपुर (बागी): थाना जीरा के गांव मनावां में गत दिवस पंजाब नैशनल बैंक में डाका डाल कर 1.5 लाख रुपए लूटने वाले 4 उग्रवादियों में से 2 की पुलिस ने शिनाख्त कर ली है । एस.एस.पी. श्री अनिल कौशिक ने यह रहस्योद्घाटन करते हुए आज यहां बताया कि इन अभियुक्तों को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस पार्टियां भेज दी गई हैं । पुलिस ने डकैती में प्रयुक्त हीरो होंडा को गत सायं फिरोजपुर नगर से बरामद कर लिया है । उग्रवादियों ने यह मोटर साइकिल स्थानीय धवन कालोनी से छीना था । श्री कौशिक ने कहा कि दो उग्रवादी थाना पट्टी जिला अमृतसर के रहने वाले हैं ।

2 तस्कर गिरफ्तार

श्री कौशिक ने रहस्योद्घाटन किया कि पुलिस ने पश्चिम विहार नई दिल्ली के नितिन कुमार, जो कुख्यात चरस-तस्कर है, को नाकाबंदी के दौरान हरबंस सिंह नामक व्यक्ति के साथ गिरफ्तार किया है और 8 किलो चरस बरामद की है ।

कार छीन ली

'ह.स.' के अनुसार आज जिला रोपड़ में पिपल माजरा गांव के निकट तीन उग्रवादियों ने एक फिएट कार छीन ली । यह जानकारी पटियाला रेंज के पुलिस मुख्यालय में पहुंची सूचनाओं में दी गई ।

Punjabi Sanjatani

खरड़ के निकट 30 की हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

धीनेश्वर, तीनपंथ लाल, लक्ष्मण व अमृतपाल शामिल हैं ।

समझा जाता है कि रात की फायरिंग की घटना के बाद से बहुत से श्रमिक अपने-अपने गृह राज्यों में लौट गए हैं ।

घटनास्थल पर ही पोस्टमार्टम

रोपड़ से 'जैन' के अनुसार मृतकों में 26 उड़ीसा और 4 उत्तर प्रदेश के निवासी थे । यह घटना लांडरां-सरहिंद सड़क पर लांडरां गांव से 8 किलो मीटर दूर सड़क पर हुई । प्रात: सात बजे ठेकेदार के मुंशी हरजिंद्र सिंह ने खरड़ थाने में जाकर घटना की सूचना दी । शवों का पोस्टमार्टम रोपड़ से आई सिविल सर्जन की डाक्टरों की टीम ने घटनास्थल पर ही किया । मृतकों में कई परस्पर सम्बन्धी थे ।

आर्थिक सहायता देने की घोषणा

चमकौर साहिब से 'भंगू' के अनुसार श्री कुंडल ने मृत-श्रमिकों के परिवारों को 20000-20000 रुपए और घायलों को 1000-1000 रुपए देने की घोषणा की है । श्री कुंडल ने कहा है कि रोपड़ के एस.डी.एम. को मृतकों के परिवारों को अनुदान देने के लिये बिहार व उड़ीसा भेजा जाएगा ।

'हस' के अनुसार मौत के सौदागरों के इस खूनी तांडव के बाद इस क्षेत्र में अजब-सी दहशत है । टूटे हुए तम्बू और बिखरा हुआ सामान अपनी कहानी खुद कह रहा है । आज सुबह तक वहां धुआं उठता दिखाई दे रहा था । कुछ अधजले शव भी वहां पड़े देखे गए । अब मजदूरों की इस बस्ती में जले हुए तम्बुओं, बिखरे सामान और टूटे-फूटे बर्तनों के अलावा और कुछ नहीं बचा ।

एक गोली दीवार को चीरते हुए वहां मजदूरों द्वारा बनाए गये मंदिर में जा घुसी परन्तु संयोग से मंदिर में भगवान जगन्नाथ की मूर्ति सुरक्षित बच गई।एक मृतक के मुंह में तोअब तक खाने का ग्रास था । उड़ीसा के पुरी जिले के नोजगा गांव के घनेश्वर ने अपनी पक्की झोंपड़ी के एक छेद से आंख लगा कर इस नरसंहार को देखा । उसमें करीब 25 मजदूर थे । उसने कहा, आतंकवादियों को अपनी ओर आते देख कर मैंने दरवाजा बंद कर लिया । आतंकवादियों ने झौंपड़ी की टीन की छत पर कई गोलियां दागीं, परन्तु निशाना न लगते देख मुड़ कर दूसरी झौंपड़ी की ओर चले गये । घनेश्वर अब तक डरा हुआ था । उसने कहा कि कुछ समय तक आतंकवादियों ने गोलीबारी जारी रखी तथा झौंपड़े जलाते रहे । ऐसा लग रहा था कि हत्यारे भागने की हड़बड़ी में नहीं हैं । उन्होंने करीब दो घंटे मौत का तांडव रचा ।

एस.एस.पी. के अनुसार प्रमाणों से यही लगता है कि हत्यारे वहां से लगभग 2 किलोमीटर दूर गुरुद्वारा सांपला साहिब की ओर भाग गए ।

उग्रवादियों से सम्बन्ध रखने पर दो बंदी

गुरदासपुर (विनोद):जिला गुरदासपुर के पुलिस प्रमुख पी.एम. दास ने बताया कि सदर पुलिस ने सेवा सिंह निवासी भोगपुर सैदा और बटाराम आतंकवादियों के साथ हुई मुठभेड़ जिसमें छः आतंकवादी मारे गए थे, के समय गांव के कुछ युवकों ने पुलिस व सुरक्षा बलों को सहयोग दिया था । इस सम्बन्ध में 11 युवकों को 2500 रुपए (प्रत्येक को) इनाम देने की सिफारिश की गई है । इन युवकों को स्पैशल पुलिस फोर्स में भी भर्ती किया जाएगा ।

श्री दास ने आम जनता से अपील की है कि वे कहीं भी लावारिस पड़ी किसी चीज को न छुएं व इसकी सूचना पुलिस को दें ।

धारीवाल में दूध व चारा रोकने वाले 4 युवक बंदी

जिला पुलिस प्रमुख श्री पी.एम. दास ने बताया कि धारीवाल तथा नौशहरा मज्जासिंह के गांवों से धारीवाल शहर में दूध तथा चारे की सप्लाई बंद करवाने की कोशिश में लगे चार युवकों को गिरफ्तार किया गया है । उन्होंने कहा कि सुरेन्द्र सिंह (मानेपुर), सलविंदर सिंह (रानियां), ज्ञान सिंह (सुचेतगढ़) और धीर सिंह (बटाला) को उस समय गिरफ्तार किया गया, जबकि वे धारीवाल शहर में दूध व चारा लाने वाले लोगों को जबरदस्ती वापस भेज रहे थे । जब इन युवकों को गिरफ्तार किया गया तो इन्होंने भारत विरोधी नारे लगाए ।

श्री दास ने बताया कि शहरों में दूध व चारे की सप्लाई बंद करवाने का प्रयास करने वालों के विरुद्ध कड़े कदम उठाने के आदेश दिए गए हैं । उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे इस भ्रामक प्रचार का विरोध करें ।

ऊधोवाल में फायरिंग

बटाला (कोछड़): पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस थाना सदर बटाला के गांव ऊधोवाल में रात रात दो अज्ञात युवकों ने एक व्यक्ति सरदारा मसीह के घर पर फायरिंग की लेकिन किसी प्रकार की कोई क्षति नहीं हुई ।

स्टेशन-फायरिंग : 1 शव मिला

जालन्धर (ह.स., साहनी): पुलिस ने आज तड़के यहां करतारपुर रेलवे स्टेशन से करीब आधा किलो मीटर दूर चरण दास उर्फ नाहना नामक व्यक्ति का गोलियों से क्षत-विक्षत शव बरामद किया । स्टेशन पर कल रात संदिग्ध आतंकवादियों के हमले में 9 व्यक्ति घायल हो गए थे । पुलिस को संदेह है कि चरणदास भी कल रात आतंकवादियों की अंधाधुंध फायरिंग में घायल हो गया होगा, लेकिन वह बहुत दूर तक नहीं जा सका । इस बीच कल की गोलीबारी में घायल व्यक्तियों में से आठ की शिनाख्त कर ली गई है । इनके नाम हैं–विजय कुमार, उप्पल कुमार, मेहताब सिंह, विनोद कुमार, नरिंदर कुमार, अश्विनी कुमार, अशोक कुमार तथा अशोक कुमार । नाहना स्थानीय ऋषि नगर का रहने वाला था । पुलिस को घटनास्थल से ए.के. 47 राइफल के कुछ कारतूस मिले हैं । बताया गया है कि जब लोग रात को घायलों को लेकर अस्पताल गए तो वहां अंधेरा था, कई लोग वहां अंधेरे में गिर पड़े । अस्पताल के डाक्टर को जब घर से बुलाया गया तो वह काफी देर बाद आया और कहा कि इन्हें जालन्धर ले जाओ ।

हत्या

करतार से ह.स. के अनुसार मोहल्ला विरोधी लोगों को पकड़ने के लिये सुरक्षा बलों ने नकोदर तहसील के गांवों में कई स्थानों पर छापे मार कर तलाशियां लेनी शुरू कर दी हैं । पता चला है कि कुछ व्यक्तियों को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया गया है ।

स्कूटर छीन लिया

आज दोपहर थाना सदर जालंधर में स्थित परागपुर चुंगी के निकट दो सशस्त्र युवकों ने एक व्यक्ति रमेश कुमार से उसका स्कूटर छीन लिया और फरार हो गए ।

दिल का दौरा पड़ने से व्यापारी की मृत्यु

सामाना (बर्मा): देर से मिली एक सूचना के अनुसार सामाना में हुए गोलीकांड की खबर सुनते ही कल यहां के एक किरयाना व्यापारी 50 वर्षीय श्री स्वरूप चंद की दिल का दौरा पड़ने से मृत्यु हो गई ।

कर्फ्यू जारी

सामाना में आज दसरे दिन भी कर्फ्यू जारी रहा । दिन में दो बार ढील दी गई । एस.डी.एम. सामाना श्री मुख्तार सिंह संधू ने घोषणा की है कि गोलीकांड में मृतकों के परिवारों को बीस-बीस हज़ार रुपये व घायलों को पांच-पांच हज़ार रुपए दिए जाएंगे।

सामाना में पुलिस फोर्स की कमी के कारण यहां के लोगों में अभी भी भय व आतंक व्याप्त है ।

नगर निवासियों ने सरकार से मांग की है कि यहां तुरंत और सुरक्षा बलों की व्यवस्था की जाए ।

सामाना के प्रमुख व्यक्तियों की एक हंगामी बैठक आज यहां भूतपूर्व विधायक श्री संतराम सिंगला की अध्यक्षता में हुई, जिसमें निर्णय लिया गया कि मृतकों के वारिसों की सहायता के लिये नगर से राशि एकत्र की जाए ।

50000 रु., स्कूटर छीन लिया

पटियाला (भूषण): 3 उग्रवादियों ने गत अमलोह के दो युवकों अशोक कुमार और राजबीर सिंह से उनका स्कूटर छीन लिया । वे अपने घर अमलोह जा रहे थे । अभियुक्तों ने पिस्तौल की नोक पर उनकी घड़ी और 50000 रुपए भी लूट लिए । पुलिस ने इस सम्बन्ध में केस दर्ज कर लिया है ।

दो गिरफ्तार

पुलिस ने स्थानीय गुरुद्वारा दुख निवारण साहिब के एक रागी बलजीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया है । आल इंडिया सिख स्टुडैंट्स फैडरेशन के वर्कर संत सिंह पाली को भी गिरफ्तार कर लिया गया है ।

धमकी भरा पोस्टर

सुनाम (नागपाल): थाना दिड़बा के गांव मूजरां में उग्रवादियों ने यहां के एक दुकानदार देसराज स्वर्णकार की दुकान के बाहर एक पोस्टर लगा दिया, जिसमें धमकी दी गई है कि गांव के ट्रांसफार्मर के साथ एक थैला लटक रहा है । उसमें 10000 रुपए डाल दिए जाएं । यदि न डाले गए या इसकी सूचना पुलिस को दी गई तो उसके परिवार को समाप्त कर दिया जाएगा । दुकानदार ने पुलिस को सूचना दी । बाद में पुलिस ने ट्रांसफार्मर से लटकता हुआ थैला बरामद कर लिया ।

चार श्रमिकों की हत्या

Punjabi Sarlatan

गुरुद्वारा सांपला साहिब को और भाग गए ।

उग्रवादियों से सम्बन्ध रखने पर दो बंदी

गुरदासपुर (विनोद): जिला गुरदासपुर के पुलिस प्रमुख पी.एम. दास ने बताया कि सदर पुलिस ने सेवा सिंह निवासी भोगपुर सैदा और बटाराम निवासी चक भंगुआ को देशद्रोही गतिविधियों, उत्तेजक नारे लगाने व आतंकवादियों से सम्बन्ध रखने पर गिरफ्तार किया है ।

श्री दास ने बताया कि जिला पुलिस द्वारा अब आतंकवाद के साथ-साथ तस्करी और अन्य अपराध रोकने के लिए विशेष कदम उठाए जा रहे हैं । आतंकवाद से निपटने के लिए कड़े कदम उठाए गए हैं ।

12 नई पुलिस चौकियां

जिला गुरदासपुर में अब 12 नई पुलिस चौकियां स्थापित की गई हैं जिनसे इनकी संख्या बढ़कर 32 हो गई है । जल्दी ही संवेदनशील क्षेत्रों में 18 और नई चौकियां स्थापित की जाएंगी । श्री दास ने बताया कि 8 मई को काहनूवान थाने के पड़े । अस्पताल के डाक्टर को जब घर से बुलाया गया तो वह काफी देर बाद आया और कहा कि इन्हें जालन्धर ले जाओ ।

हत्या

करतार से ह.स. के अनुसार मोहल्ला देवीदासपुरा में दो उग्रवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग करके महंगा सिंह (खैबरबाद तलवंडी) की हत्या कर दी । वह महेन्द्र सिंह नामक व्यक्ति के घर आया था । महेन्द्र सिंह भी घायल है ।

दो का अपहरण

बंगा (खोसला) : आज दोपहर बाद लगभग चार बजे यहां से 12 किलो मीटर दूर हकीमपुर के गुरुद्वारे के निकट पुल पर एक मारुति वैन में सवार कुछ व्यक्तियों ने हवाई फायरिंग शुरू कर दी । वहां पुल पर मौजूद तीन व्यक्तियों में से दो का मारुति वैन के सवारों ने अपहरण कर लिया । तीसरा व्यक्ति भागने में सफल हो गया । इस सम्बन्ध में विवरण की प्रतीक्षा की जा रही है ।

जिला जालन्धर में उग्रवाद की बढ़ रही पुलिस को दी गई तो उसके परिवार को समाप्त कर दिया जाएगा । दुकानदार ने पुलिस को सूचना दी । बाद में पुलिस ने ट्रांस्फार्मर से लटकता हुआ थैला बरामद कर लिया ।

चार श्रमिकों की हत्या

अमृतसर : संदिग्ध आतंकवादियों ने कल देर रात अजनाला पुलिस थाना क्षेत्र के बिट्टूवाल गांव में अंधाधुंध गोली चला कर चार व्यक्तियों को गोली से उड़ा दिया और चार अन्य को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । पुलिस ने बताया कि ए.के. 47 चीनी राइफलों से लैस चार से पांच आतंकवादियों का एक गिरोह काका सिंह नामक व्यक्ति के घर में घुस गया और वहां सोये हुए मजदूरों पर ताबड़तोड़ गोली चलाना शुरू कर दिया । भजन यादव और नंदी यादव मौके पर ही मारे गए । 6 अन्य गम्भीर रूप से घायल हो गए । तेज नारायण यादव और राजिंदर यादव ने अस्पताल ले जाए जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया । चार अन्य घायलों को गुरु तेग बहादुर अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है । इनके नाम लड्डू लाल यादव, विजय यादव, रामनारायण यादव तथा लक्ष्मी यादव हैं । सभी हताहत आपस में सम्बन्धी हैं और बिहार में दरभंगा के हजारा गांव के निवासी हैं । ये लोग काका सिंह नामक किसान के यहां कृषक-मजदूर थे और कटाई के लिए यहां आए थे । वरिष्ठ पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं और मामले की तहकीकात कर रहे हैं ।

2 उग्रवादी काबू

अमृतसर में सुरक्षा बलों के एक प्रवक्ता ने बताया कि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के एक गश्ती दल ने आज तड़के घरिंडा पुलिस थाना क्षेत्र के कोट अमानत सरन गांव में एक मुठभेड़ के बाद 2 आतंकवादियों को धर दबोचा । प्रवक्ता ने बताया कि आतंकवादियों ने गश्ती दल पर गोलियां चलाई । जवाबी फायरिंग में जगतार सिंह नामक आतंकवादी घायल हो गया । उसके साथी को सुरक्षा कर्मियों ने धर दबोचा । उनके कब्जे से एक ए.के. 47 राइफल, एक .32 बोर की रिवाल्वर तथा भारी संख्या में गोली-बारूद बरामद हुआ ।

घायल युवती की मृत्यु

गांव मेंहदीपुर जिला अमृतसर में लाइसैंसी बंदूक से चली गोली से घायल लड़की की आज यहां सिविल अस्पताल में मृत्यु हो गई । पुलिस ने इस सम्बन्ध में केस दर्ज कर लिया है ।

गन, कारतूस व लाइसैंस लेकर फरार

होशियारपुर (अश्विनी कपूर) : थाना सदर के अंतर्गत ग्राम हरदो खानपुर के एक व्यक्ति मिलखा सिंह के घर से तीन सशस्त्र उग्रवादियों ने गत दिनों डी.बी.बी.एल. की एक राइफल व दो कारतूस लूट लिये व फरार हो गए । मिलखा सिंह ने पुलिस को बताया कि घटना के समय वह तथा उसकी पत्नी दोनों ही घर में मौजूद न थे व उसकी लड़की सुखबीर कौर ही घटना के समय घर में थी । उग्रवादी मिलखा सिंह का शस्त्र-लाइसैंस भी साथ ले गये । पुलिस ने धारा-392 के अंतर्गत केस दर्ज करके जांच आरम्भ कर दी है ।

कम्युनिस्ट कार्यकर्त्ता घायल

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 18.5.88 49/- without trays. NECC Suggested Retail Price 6.70 per Dozen.

व्यापार

प्लास्टिक हाऊसहोल्ड आइटमों की बिक्री हेतु डीलर्स और सेल्समैन चाहिएं । कनिष्का प्लास्टिकस प्रा. लि., 177 राम दरबार, चंडीगढ़ । फोन-22217.

शिक्षा

बिना आठवीं, सीधे मैट्रिक सितम्बर में करें । इंटर (यू.पी.) मैट्रिक, इंटर पास बी.ए. फाईनल करें । एच.पी. कालेज, गोहाना रोड, सोनीपत-131001.

आठवीं और नौवीं फेल एक वर्ष में दसवीं (पंजाब बोर्ड) पास करें । सैंट्रल माडल हाई स्कूल (रजिस्टर्ड) दोमोरिया पुल, लुधियाना ।

आठवीं, नौवीं फेल सीधा दसवीं पास करें । अमन पब्लिक स्कूल, आनंद नगर (मकसूदां), जालंधर-8.

RMP रजिस्ट्रेशन 10 दिनों में । बिना आठवीं मैट्रिक/दसवीं पास सीधा बी.ए. गारंटिड सितम्बर में-गीता डिग्री कालेज, पीछे ITI, यमुनानगर ।

RMP (सरकारी मान्य) रजिस्ट्रेशन/+2 (Direct) Bhopal/Matric (बिना पूर्व परीक्षा) सितम्बर/गारंटिड । LLB (Professional)/ B.Ed (पत्राचार)/Prep/Inter Pass B.A./ B.Com./B.Sc. (Direct)/M.B.B.S./ B.D.S./B.E./Polytechnic/B. Pharmacy D. Pharmacy admission guidance write for prospectus or contact personally. सरस्वती कालेज, 651, मंदिरवाली गली, घुम्हार मंडी, लुधियाना ।

सूचना

मेरा लड़का सुखदेव कुमार मेरे कहने में नहीं, जो भी कोई लेन-देन करेगा, मैं उसका जिम्मेवार नहीं हूंगा, मैं उसे अपनी जायदाद तथा कारोबार से बेदखल करता हूं । किशनलाल, गली नं. 8, कमालपुर, होशियारपुर ।

Attn. Poultry farmers Mr. Jagtar Singh Service boy has left our organisation W.E.F. 6th April, 1988. Company will not be responsible for any cash transaction or commitments made by him. Operation Manager, Northern Hatcheries Pvt. Ltd., Ludhiana.

आवश्यकता

खरादिए, रंदामैन, शेपरमैन, फिटर और वैल्डरों की जरूरत है । स्वयं मिलें : सैम्भी इंडस्ट्रीज़, 117, अमन नगर, सामने कन्या महाविद्यालय, जालंधर-144 004.

आवश्यकता है भूतपूर्व सैनिकों की सिक्योरिटी सुपरवाइज़र-2, वेतन 850/- स्थान चंडीगढ़ सिक्योरिटी गार्ड्ज़-20 वेतन 525/- स्थान जालंधर, रोपड़, दिल्ली, चंडीगढ़, रिहायश मुफ्त, मिलें—कर्नल बख्शी चंद, 22 माल, जालंधर कैंट ।

Wanted immediately Touring Agents at least 5 years experience in reputed concern. Typist either sex. Contact personally : Khalsa Engineering Works, Preet Nagar, Jalandhar-144 004.

Wanted two acconts clerks. Contact M/s. Raja Garments, 12, Sunder Singh Market, Gill Road, Ludhiana. Phone-26578.

Punjabi Sanatan



उग्रवादियों को स्वर्ण मंदिर परिसर स्थित बुंगों से बाहर निकालने के बाद जब सुरक्षा बलों ने अंदर तलाशी ली तो वहां से खालिस्तान कमांडो फोर्स के लैटर पैड, उन लैटर पैडों पर लिखे धमकी भरे व फिरौती मांगने वाले पत्र, उग्रवादियों द्वारा तैयार की गई हिटलिस्ट (तीर के निशान से चिन्हित) तथा गोलियां और खालिस्तान कमांडो फोर्स के आइडेंटिटी कार्ड । (छाया : पुरी)

28 लोगों की हत्या, 7 उग्रवादी मुठभेड़ों में मरे

चंडीगढ़, 19 मई (ह.स., वार्ता, वि.प्र.): पंजाब में उग्रवादियों ने 28 निर्दोषों की हत्या कर दी, जबकि 7 उग्रवादी और 1 पाकिस्तानी घुसपैठिया मारा गया । मृत उग्रवादियों और घुसपैठिये के निकट से भारी मात्रा में शस्त्र एवं गोली-सिक्का बरामद हुआ है । प्राप्त विवरणों के अनुसार जिला जालन्धर में 5, लुधियाना में 8, गुरदासपुर में 2, कपूरथला में 5 और अमृतसर में 1 निर्दोष व्यक्ति की हत्या की । 3 उग्रवादी जिला अमृतसर में और एक उग्रवादी खन्ना के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारा गया । करतारपुर में उग्रवादियों की फायरिंग से घायल हुआ एक व्यक्ति अस्पताल में दम तोड़ गया । सामाना में आज कर्फ्यू में ढील के दौरान हुई हिंसा के बाद पौने 3 घंटे बाद ही ढील को वापस ले लिया गया । जिला लुधियाना में एक सहकारी बैंक से उग्रवादी 3600 रुपए लूट कर ले गए । जिला जालन्धर में पुलिस ने 7 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है और स्वर्ण मंदिर में आत्म-समर्पण करने वाले आतंकवादियों से पूछताछ के दौरान मिले सुरागों के आधार पर राज्य में उग्रवादियों के ठिकानों पर छापे मारे गए हैं ।

उग्रवादी द्वारा भाभी, भतीजे, भतीजी की हत्या

कपूरथला (शर्मा): जिला कपूरथला के दो गांवों में गत रात्रि सशस्त्र आतंकवादियों ने एक ही परिवार के तीन सदस्यों, जिनमें दो स्त्रियां भी शामिल हैं, सहित पांच निर्दोष व्यक्तियों की अंधाधुंध गोलियां मार कर निर्मम हत्या कर दी । पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना कोतवाली के गांव खुखरैन में गत रात्रि लगभग पौने दो बजे प्लस बी श्रेणी के दर्दांत आतंकवादी बागीचा सिंह ने अपने एक अन्य साथी के साथ अपने भाई जोगेन्द्र सिंह के घर आकर अपनी भाभी बलबीर कौर को जगा कर चाय बनाने के लिए कहा और चाय पीने के पश्चात् उसने अपनी भाभी बलबीर कौर को कहा कि तुम मेरे विरुद्ध पुलिस के पास मुखबरी करते हो, और चीनी एसाल्ट राइफल ए.के. 47 से गोलियां मार कर बलबीर कौर की आंगन में हत्या कर दी । फिर कमरे के अन्दर अपने 17-18 वर्षीय भतीजे गुरनाम सिंह व 21-22 वर्षीय भतीजी लखविंद्र कौर की गोलियां मार कर हत्या कर दी । 12-13 वर्षीय दूसरे भतीजे भाग सिंह पर भी फायरिंग की, परन्तु वह भाग कर अपने प्राण बचाने में सफल हो गया । गांव वालों के अनुसार व्यक्तियों बाबा मिलखी राम तथा बाबा भाली दास उर्फ घुल्ला शाह की फायरिंग करके हत्या कर गए । कहा जाता है कि मृतक जादू टोने का काम करते थे । दोनों हत्या कांडों की सूचना पुलिस थानों को आज प्रातः मिली । सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए । क्षेत्र की नाकाबंदी कर ली गई है । गांव डोला के डेरा में कमरा के अन्दर सोया व्यक्ति पूर्ण दास बच गया ।

घुसपैठी मारा गया

अमृतसर (वार्ता, ह.स.): सीमा सुरक्षा बल ने झब्बाल थाने के भिखीविंड क्षेत्र में एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को कल रात गोली से उड़ा दिया । यह जानकारी पुलिस अधिकारियों ने दी है । पुलिस ने बताया है कि तीन घुसपैठिये भारत-पाकिस्तान सीमा को पार करने के बाद जब भारतीय क्षेत्र में आने की कोशिश कर रहे थे तो उन्हें सीमा सुरक्षा बल ने चुनौती दी । जिनमें से एक सीमा सुरक्षा बल की गोली से घटनास्थल पर ही मारा गया, जबकि दो अन्य वापस पाकिस्तानी क्षेत्र में भाग जाने में सफल हो गए ।

3 उग्रवादी मारे गए

दो आतंकवादी अमृतसर जिले में वीरोवाल पुलिस थाना क्षेत्र के एकल गड्डा गांव में स्थित सुरक्षा कर्मियों के साथ एक मुठभेड़ में मारे गए । एक आतंकवादी भागने में सफल हो गया । घटनास्थल से दो ए.के.-47 राइफलें और कुछ कारतूस बरामद हुए हैं । एक अन्य वारदात में लोपोके पुलिस थाना क्षेत्र के कक्कड़ गांव में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक संदिग्ध आतंकवादी मारा गया । यहां प्राप्त रिपोर्टों के अनुसार सुरक्षा कर्मियों ने कल सात आतंकवादियों की तलाश में बाहल सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में छापा मारा । इस पर वहां छुपे एक आतंकवादी ने घोड़े पर सवार होकर भागना चाहा । सुरक्षा कर्मियों ने चेतावनी देने के बाद उसे गोली मार दी । आतंकवादी ने भागते समय एक सुरक्षा कर्मी की राइफल छीनने की कोशिश की थी ।

पिस्तौल सहित बंदी

पुलिस ने परमार सिंह नामक एक उग्रवादी को बंदी बना कर उसके कब्जे से एक पिस्तौल जब्त की है ।

हकीम की हत्या

गत रात्रि जिला अमृतसर में भगाना कलां गांव में उग्रवादियों ने एक हकीम की हत्या कर दी ।

सीमा पर 3 उग्रवादी मारे गए

अमृतसर जिले में अजनाला सैक्टर में फतेहपुर पोस्ट के निकट कल रात्रि सुरक्षा बलों के साथ दो घंटे की मुठभेड़ के बाद तथाकथित खालिस्तान कमांडो फोर्स के तीन कुख्यात आतंकवादी मारे गए । ये तीनों पाकिस्तान की तरफ से भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करने का प्रयास कर रहे थे । सीमा सुरक्षा बल की विज्ञप्ति के अनुसार मृत आतंकवादियों के पास से पंथक कमेटी के लैटर हैड पर कमेटी के भूमिगत सदस्य भाई वस्सन सिंह द्वारा लिखित महत्वपूर्ण दस्तावेज मिले हैं । आतंकवादियों के पास से भारतीय मुद्रा, राइफल, हथगोले और नौ डेटोनेटर बरामद हुए हैं । इसके पूर्व समाचारों में इन्हें घुसपैठिए बताया गया था ।

कर्फ्यू में ढील के दौरान हिंसा

पटियाला (भूषण): यहां से 28 किलो मीटर दूर सामाना में आज कर्फ्यू में 3 घंटे की ढील के दौरान दो दुकानें जला दी गईं । आज प्रातः 6 बजे से सायं 6 बजे तक कर्फ्यू में ढील की घोषणा की गई थी लेकिन ढील के प्रथम तीन घंटों के दौरान हिंसा शुरू हो गई और कई जगह पथराव किया गया । कुछ समाज विरोधी तत्वों ने दो दुकानों को आग लगा दी, जिस पर पौने नौ बजे प्रातः कर्फ्यू में दी गई ढील वापस ले ली गई । क्षेत्र में सुरक्षा बलों और पुलिस की गश्त तेज कर दी गई है ।

उग्रवादियों द्वारा 6 की हत्या

वार्ता के अनुसार आज रात्रि नूरमहल के पावर हाऊस के पास एक काली हीरो होंडा मोटर साइकिल पर सवार 3 उग्रवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग करके स्टेट बैंक आफ इंडिया के कैशियर हुसन लाल लाली की हत्या कर दी, जो दांतों के डाक्टर राणा के स्कूटर के पीछे बैठ कर जा रहा था । डाक्टर स्कूटर से गिर गया पर बच गया । इसके बाद ये उग्रवादी पास के ग्राम उप्पल खालसा में गए जहां ग्राम के बाहर ही उन्होंने तीन बिहारी मजदूरों पर फायरिंग करके उनमें से दो कासिम व लक्खी डूल की हत्या कर दी व तीसरे को घायल कर दिया । वहां से ये उग्रवादी उसी ग्राम के शराब के ठेके पर गए जहां उन्होंने शराब पी रहे अमरीक सिंह व अवतार सिंह की हत्या कर दी तथा बाहर खड़े जोगेंद्र राय की भी हत्या कर दी । इन उग्रवादियों में से एक केसधारी था व दो मौने थे ।

आपसी फायरिंग में दो जवान घायल

जालन्धर जिले के डेरा माजा गांव में भी सीमा सुरक्षा बल का एक जवान और होमगार्ड का एक जवान आपसी गोलीबारी में घायल हो गए । यहां प्राप्त खबर के अनुसार जालन्धर जिले से आए सुरक्षा बल ने स्वर्ण सिंह के ट्यूबवैल पर नाका डाल दिया । उसी बीच कपूरथला जिले के ही छापा मार दल ने ट्यूबवैल पर छापा मारा । कपूरथला के छापा मार दल को कुछ सशस्त्र व्यक्तियों ने मोर्चा लेते हुए देखा । इस पर उन्होंने गोली चला दी । इस गोलीबारी में केन्द्रीय आरक्षित पुलिस दल का जवान पी.के. सरकार और होम गार्ड का जवान रौनकी राम घायल हो गए ।

7 उग्रवादी गिरफ्तार

इस बीच सुरक्षा बल ने कल रात जालन्धर जिले के विभिन्न स्थानों पर विशेष छापा मार कर तथा

हथियारों की तस्करी शिरोमणि कमेटी के वाहनों में होती थी : गिल

अमृतसर, 19 मई (अशोक सोनी): पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल ने आज शाम बताया कि दरबार साहब में छुपे आतंकवादी, जिन्होंने सुरक्षा बलों के समक्ष आत्म-समर्पण किया है, ने पुलिस जांच के दौरान बताया कि वे हथियारों की तस्करी अक्सर इन्हें एक जगह से दूसरी जगह ले जाने के लिए शिरोमणि कमेटी के वाहनों का प्रयोग करते थे । श्री गिल ने आज यहां पत्रकारों को बताया कि आत्म-समर्पण करने वाले आतंकवादियों में से कुछ ने पुलिस को बताया है कि वे हथियारों की तस्करी के लिए शिरोमणि कमेटी के वाहनों का प्रयोग करते थे । श्री गिल ने कहा कि पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि क्या शिरोमणि कमेटी के अधिकारी इस तस्करी में शामिल थे । उन्होंने कहा कि पुलिस को इस बात की भी जांच करनी है कि क्या शिरोमणि कमेटी के अधिकारी इस तस्करी के बारे में जानते थे । श्री गिल ने कहा कि पुलिस को इस बात की भी जांच करनी है कि क्या शिरोमणि कमेटी के अधिकारी इस तस्करी में शामिल थे । उन्होंने कहा कि पुलिस को इस बात की भी जांच करनी है कि क्या शिरोमणि कमेटी के अधिकारी इस तस्करी के बारे में जानते थे । श्री गिल ने कहा कि पुलिस को इस बात की भी जांच करनी है कि क्या शिरोमणि कमेटी के अधिकारी इस तस्करी में शामिल थे । उन्होंने कहा कि पुलिस को इस बात की भी जांच करनी है कि क्या शिरोमणि कमेटी के अधिकारी इस तस्करी के बारे में जानते थे ।

Punjabi Sanjha

(पृष्ठ 3 का शेष)

दो की हत्या

जिला जालन्धर के गांव देवीदासपुरा में उग्रवादियों ने दो व्यक्तियों की गोली मार कर हत्या कर दी ।

मृतकों की संख्या दो हो गई

मंगलवार की रात्रि को उग्रवादियों द्वारा करतारपुर रेलवे स्टेशन के बाहर की गई फायरिंग में प्रात: सिविल अस्पताल जालन्धर में मृत्यु हो गई । एक व्यक्ति की गोलियों से छलनी लाश बुधवार को प्रात: स्टेशन के निकट मिली थी । जालन्धर के सिविल अस्पताल में 6 घायल उपचाराधीन हैं । गम्भीर रूप से घायल दो व्यक्तियों को कल पी.जी.आई. चंडीगढ़ में भेज दिया गया था ।

उग्रवादी भाग निकले

जालन्धर जिले के एक गांव में सुरक्षा बल ने सुराग मिलने पर एक फार्म हाऊस पर छापा मारा । संदिग्ध आतंकवादियों ने कल रात जालन्धर जिले में करतारपुर के निकट खेराबाद तलवंडी गांव में महंगा सिंह नामक एक व्यक्ति को गोली से उड़ा दिया और एक अन्य को घायल कर दिया । पुलिस ने बताया कि आतंकवादियों ने मोहिंदर सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में घुस कर गोलियां चलाना शुरू कर दिया, जिसमें में महंगा सिंह मारा गया ।

उग्रवादियों के ठिकानों पर छापे

इस बीच सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों के छुपने के ठिकानों पर छापे मार कर कुछ आतंकवादियों और उनको शरण देने वालों को गिरफ्तार किया है । ये छापे पिछले दस दिन के दौरान स्वर्ण मन्दिर परिसर में समर्पण करने वाले आतंकवादियों से मिले सुराग के आधार पर मारे गए । पुलिस ने कुछ हथियार और कारतूस भी बरामद किए ।

पंचायत समिति के भूतपूर्व सदस्य की हत्या

बटाला (कोछड़, विनोद, चौधरी): बुधवार की रात्रि को थाना सदर बटाला के गांव तलवंडी लाल सिंह में उग्रवादियों ने पंचायत समिति के भूतपूर्व सदस्य राजेन्द्र सिंह रंधावा की गोलियां मारकर हत्या कर दी । बताया जाता है कि कल रात दस बजे सशस्त्र उग्रवादी राजेन्द्र सिंह के मकान पर आए और दरवाजा खटखटाकर उसे और उसके युवा बेटे को बाहर बुलाया और 20 गज दूर ले जाकर राजेन्द्र सिंह रंधावा की ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल से गोलियां चला कर हत्या कर दी । तब उग्रवादियों ने उसके लड़के से कहा कि हमने तुम्हें कुछ नहीं कहना केवल तेरे बाप को सोधना था । घटनास्थल पर से एक खत बब्बर खालसा की ओर से लिखा हुआ मिला जिसमें कहा गया था कि हमारे रास्ते में जो भी आइ आएंगे उनका यही हश्र होगा । इस पत्र पर गुरनाम सिंह डरवांवाली के हस्ताक्षर थे ।

डाक्टर की हत्या

उग्रवादियों ने कल रात ही थाना श्रीहरगोबिंदपुर के गांव चौडाकी में एक आर.एम.पी. डाक्टर अशोक कुमार की गोलियां मारकर हत्या कर दी । अशोक कुमार अपने घर में सोया हुआ था कि दो उग्रवादी उसके घर में घुसे और 12 बोर के पिस्तौल से उसे गोलियां मारीं जो उसके सीने में लगीं और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई ।

दो और मृत आतंकवादियों की शिनाख्त

गुरदासपुर के एस.एस.पी. श्री पी.एम. दास ने आज यहां बताया कि 8 मई को काहनूवान थाने के गांव कोटली हरचंदा के पास सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए दो और आतंकवादियों की शिनाख्त हो गई है जबकि दो की शिनाख्त पहले ही हो चुकी है । अब जिनकी शिनाख्त हुई है वे हैं मनजीत सिंह उर्फ मीता (पूलोवाल, जि. कपूरथला) और लखविंदर सिंह उर्फ बिट्टू (सजाला, थाना श्री हरगोबिन्दपुर) । ये आतंकवादी कारी-सारी कांड लिए । उग्रवादी स्टेनगन और पिस्तौल से लैस थे । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच आरम्भ कर दी है ।

खन्ना में फायरिंग : 2 मरे

खन्ना (पूर्ण): आज दोपहर बाद साढ़े 3 बजे यहां हरे रंग के स्कूटर पर सवार होकर आए 3 उग्रवादियों ने चांदला बाजार की मीट मार्कीट में अंधाधुंध फायरिंग करके बशीर अहमद निवासी मालेरकोटला और राज कुमार निवासी कोटला जनेर की हत्या कर दी और 6 अन्य व्यक्तियों सर्वजीत कौर, देव सिंह, ओम प्रकाश, बनारसी दास, गिरधारी लाल और एक अन्य (जिसकी शिनाख्त नहीं हो सकी) को घायल कर दिया । घायलों में से गिरधारी लाल और एक अन्य घायल को दशा गम्भीर होने के कारण सी.एम.सी. लुधियाना में दाखिल करा दिया गया है ।

श्रमिक मारा गया

बाद में एक शव मड़ियां रोड पर पड़ा मिला, बताया गया है कि भाग रहे उग्रवादियों पर पुलिस द्वारा फायरिंग करने से यह प्रवासी श्रमिक मारा गया ।

बताया जाता है कि उग्रवादी जब फायरिंग करके भाग रहे थे तो उनका हरे रंग का स्कूटर खराब हो गया, इस पर उन्होंने वह स्कूटर छोड़ दिया और एक दुकानदार का स्कूटर उठा कर भाग गए । इस घटना के बाद नगर बंद हो गया ।

एक उग्रवादी मारा गया

एस.डी.एम. श्री सोढी के अनुसार उग्रवादियों को खन्ना से 5 किलो मीटर दूर गांव बघोर में पुलिस और सुरक्षा बलों ने घेर लिया । इस अवसर पर हुए मुकाबले में एक उग्रवादी मारा गया और दो अन्य भाग निकलने में सफल रहे ।

लुधियाना से धीमान, प्रदीप और महेंद्रा के अनुसार उग्रवादियों की संख्या 4-5 थी । उग्रवादियों द्वारा फायरिंग करते ही दुकानदारों में एकदम भगदड़ मच गई और उन्होंने अपनी दुकानें बंद कर दीं । लुधियाना के एस.एस.पी. श्री ए.पी. पांडे सहित अन्य वरिष्ठ पुलिस और सुरक्षा बलों के अधिकारी घटना की सूचना मिलते तत्काल घटनास्थल पर पहुंच गए ।

2 बिहारी श्रमिकों की हत्या

समराला (भारद्वाज): समराला सब-डिविजन में उग्रवादियों ने गत रात्रि 5 व्यक्तियों की हत्या और 3 अन्य को घायल कर दिया । प्राप्त विवरण के अनुसार उग्रवादी पहले गांव महंदूद में गए, जहां उन्होंने खेतों में ट्यूबवैल पर सोए हुए भोला नाथ, ठाकर दास और लखविंद्र ठाकर की हत्या कर दी । ये तीनों बिहारी खेत मजदूर थे ।

भट्ठे के मालिक के बेटे सहित 3 मारे गए

बाद में ये निकटवर्ती कटानी गांव में एक भट्ठे पर गए, जहां उन्होंने भट्ठा मालिक के लड़के मंगत राम के अतिरिक्त रायबरेली से काम करने आए दो श्रमिकों द्वारिका दास और लाल सिंह की हत्या कर नोक पर उसके लगभग तीस हजार रुपए के 8 तोले सोने के आभूषण छीन कर फरार हो गए । पता चला है कि जाते समय अभियुक्त महिला को घर के गुसलखाने में बंद कर गए ।

परिसर के अंदर क्या निकला ?

अमृतसर, 19 मई (ह.स.): विस्फोटक विशेषज्ञों के दलों को स्वर्ण मंदिर परिसर के अंदर लगाये गये विस्फोटकों की तलाशी के दौरान एक युवा उग्रवादी का शव, 13 आग्नेयास्त्र तथा कई बाल्टी 'मानव-मल' मिला । बरामद हथियारों में 10 ए.के.-47 चीनी असाल्ट राइफलें, एक स्टेनगन, एक पिस्तौल, एक रिवाल्वर, 8 बोर गोली-सिक्का शामिल हैं । जिस युवक का शव मिला है उसने विष खाकर आत्महत्या की है । इस प्रकार परिसर से बरामद शवों की संख्या 5 और कुल मृतकों की संख्या 30 हो गई । मृत उग्रवादी युवक के बायें हाथ में जहर के ऊपर की रैपर पन्नी थी । वहां कुछ एफ. एम. बैंड के वाकी-टाकी सैट भी मिले हैं । इस सबकी पुष्टि एस.जी.पी.सी. के माल सिंह घुम्मन ने अंदर का दौरा करने के बाद की पर हरि सिंह आरेवाला ने कोई भी टिप्पणी करने से इन्कार कर दिया ।

पत्रकारों ने देखा कि बम डिस्पोजल स्कवाड ने वहां से एक थामसन मशीनगन तथा एक बुलेटप्रूफ जैकेट भी बरामद की । उग्रवादी वहां पेशाब भी करते थे और मल त्याग भी करते थे । मंदिर के कई भागों में मल-मूत्र व दुर्गंध के कारण जाना कठिन है । 13 नम्बर कमरे से एक सूटकेस में साढ़े चार लाख रुपए मिले । बम स्कवाड ने अत्यन्त घातक विस्फोटक भी हटाये व चार विभिन्न किस्म के हथगोले भी निकाले जो अत्यन्त घातक थे ।

कारज सिंह ठंडे का शव

रैडक्रास के वालंटियर आज सायं कारज सिंह ठंडे का शव भी परिक्रमा से निकाल लाये ।

उग्रवादियों ने घी के पीपों में पेशाब किया व बड़ी थालियों में मल त्याग किया ।

हथियारों की तस्करी

(पृष्ठ 3 का शेष)

बोलवाल का गैंग तो बिल्कुल समाप्त हो गया है । उन्होंने बताया कि अवतार सिंह ब्रह्मा, पिपल सिंह तथा जगराज सिंह उर्फ तूफान सिंह के गिरोह को भी भारी चोट पहुंची है ।

श्री गिल ने बताया कि आज हमने दरबार साहब के अन्दर विस्फोटक विशेषज्ञ भेजे थे जिनके साथ 14 प्रमुख नागरिकों को भी भेजा गया । इनमें ज्ञानी महेन्द्र सिंह भूतपूर्व सचिव शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी, इम्प्रूवमैंट ट्रस्ट के चेयरमैन ब्रिगेडियर महेन्द्र सिंह, डाक्टर दलजीत सिंह,

क्लासीफाइड इश्तहार

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 19.5.88, 49/- without trays. NECC Suggested Retail Price 6.70 per Dozen.

शिक्षा

सातवीं, आठवीं, नवीं पास-फेल विद्यार्थियों को शर्तिया मैट्रिक पास कराने की गारंटी । दाखिला शुरू । Metro College, Bazar Narsinghdass (Near Majith Mandi), Amritsar. Phone : 47664.

मैट्रिक, +2, प्रैप/इंटर पास सीधा B.A., RMP गारंटिड करें । जनता आदर्श महाविद्यालय, रादौर (कुरुक्षेत्र) ।

B.A. Final After Prep (Osmania University Exams. Oct. 1988) +2 Bhopal (after Matric) R.M.P. (Patna) वैद्यविशारद/आयुर्वेदरत्न । कीरती कालेज, कैलाश सिनेमा चौक, लुधियाना ।

R.M.P. (सरकारी मान्यता प्राप्त) 15 दिनों में कर भारत में कहीं भी Practice करो । Matric बिना आठवीं Inter (10+2) Matric के बाद B.A., B.Com./M.A./M.Com. one sitting. B.A.M.S. (one year) after Ayurvaid Rattan, ANM (Nursing 1½ years) OT/LT/JBT/B.Ed. (Regular Correspondence) मार्ग दर्शन एम.बी.एस./बी.डी.एस. बी.ई./डी. फार्मेसी/बिदर (कर्नाटक) Shaheed Bhagat Singh College, 2203/21-C, Chandigarh.

मैट्रिक (बिना पूर्व परीक्षा), 14 वर्षीय लड़के/लड़कियां योग्य सितम्बर में गारंटिड पास करें । मैट्रिक पास +2 (Direct) Prep/Inter Pass B.A./B.Com./Direct) JBT/OT/B.Ed./NTT (पत्राचार)/LL.B (3 years Professional) RMP (प्रैक्टिस वैद्य) रजिस्ट्रेशन (बहुत कम फीस) आयुर्वेद रत्न/वैद्यविशारद (प्रयाग, प्राईवेट)। Write for Prospectus. Sonepat Degree College, 403/Sector-14, Sonepat (Haryana).

साल बचाओ, बिना आठवीं मैट्रिक, दसवीं पास

रोज़गार

6500 Government Posts of Clerks for Matriculates. For details write : Principal, Rozgar Guidance Institute, Ambala City.

हकलाना

सावधान; हमसे इलाज करवा कर गए कुछ लड़कों ने हरियाणा, यू.पी., राजस्थान में नकली स्कूल खोले हुए हैं । वहां सही इलाज नहीं हो रहा, कहीं बाद में आपको पछताना न पड़े । पब्लिक स्पीकिंग इंस्टीच्यूट, टाऊन मनीमाजरा, चंडीगढ़ ।

प्रवेश सूचना

Matric, (10+2) Inter, (B.A./B.Com./B.Sc. one sitting (Oct. '88 Exam.) Intensive coaching elementary/advanced English speaking course. Shivaji Public College, 1010/19-B, Chandigarh.

दाखला सूचना

Admission Guidance D. Pharmacy (Patna), two years recognised course for Matriculates, Contact : D.C. Institute, 51-D, Sarabha Nagar, Ludhiana.

शेयर

Sale/Purchase of Mastershares. Contact :—Ashwani, Authorised Agent Unit Trust of India, National Savings Organisation, 192/G, Fatehpura, Jalandhar. Phone : 71365.

ढिलाई

जालंधर में हर प्रकार की पानी मिट्टी और सीरों मिट्टी की देगी ढिलाई के लिये सम्पर्क करें :—इंडो जर्मन इंजीनियर्ज़, न्यू माडल हाऊस, जालंधर । फोन : 2967.

नाम परिवर्तन

I, Amar Singh Brar Son of Sh. Kartar Singh R/o Vill. Smalsar, Teh. Moga, Distt. Faridkot declare that my daughter has changed her name from Manjit Kaur Brar to Malkiat Kaur Brar

Sonatan Punjabi's

गुरदासपुर के एस.एस.पी. श्री पी.एम. दास ने आज यहां बताया कि 8 मई को काहनूवान थाने के गांव कोटली हरचंदा के पास सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए दो और आतंकवादियों की शिनाख्त हो गई है जबकि दो की शिनाख्त पहले ही हो चुकी है । अब जिनकी शिनाख्त हुई है वे हैं मनजीत सिंह उर्फ मीता (पूलोवाल, जि. कपूरथला) और लखविंदर सिंह उर्फ बिट्टू (सजाला, थाना श्री हरगोबिन्दपुर) । ये आतंकवादी कारी-सारी कांड के अलावा जालन्धर के फ्रैंड्ज सिनेमा के पास बम कांड आदि अनेक वारदातों के लिए जिम्मेदार थे । अब इस मुठभेड़ में मारे गए केवल एक आतंकवादी की शिनाख्त होना बाकी है जबकि छठा नहर में बह गया था और उसकी लाश नहीं मिली ।

बन्दूक व स्कूटर छीना

गुरु नानक कालेज बटाला के एक प्रोफैसर व थाना सदर बटाला के गांव सैद मुबारक के सरपंच श्री राम सिंह पड्डा से रात को उनके घर आकर दो सशस्त्र युवक उसकी 12 बोर की लाइसैंसी दोनाली बन्दूक व उसका चेतक बजाज स्कूटर पी.बी.एल. 2548 छीन कर ले गए ।

दो गिरफ्तार

पुलिस जिला बटाला के एस.एस.पी. श्री सुमेध सिंह सैनी के अनुसार पुलिस थाना कादियां के गांव दौलतपुर के चंचल सिंह व संतोख सिंह को आतंकवादी निरोधक एक्ट में गिरफ्तार किया गया है ।

बन्दूक व स्कूटर छीना

पुलिस थाना श्री हरगोबिन्दरपुर के गांव धीरोवाली के हजारा सिंह से उसकी एक नाली लाइसैंसी बन्दूक व गांव मनेश के बलदेव सिंह से उसका स्कूटर पी.डब्ल्यू.एक्स. 5073 गत रात तीन अज्ञात युवक छीन कर ले गए ।

'दि बर्थ' से बड़ी फिल्म, फिल्म फैस्टीवल की सबसे गर्म फिल्म

अनुसार उग्रवादी पहले गांव महंदूद में गए, जहां उन्होंने खेतों में ट्यूबवैल पर सोए हुए भोला नाथ, ठाकर दास और लखविंद्र ठाकर की हत्या कर दी । ये तीनों बिहारी खेत मजदूर थे ।

भट्ठे के मालिक के बेटे सहित 3 मारे गए

बाद में ये निकटवर्ती कटानी गांव में एक भट्ठे पर गए, जहां उन्होंने भट्ठा मालिक के लड़के मंगत राम के अतिरिक्त रायबरेली से काम करने आए दो श्रमिकों द्वारिका दास और लाल सिंह की हत्या कर दी । भट्ठे पर उन्होंने दो व्यक्तियों केवल कृष्ण और रघुनाथ को घायल कर दिया । केवल कृष्ण भट्ठा मालिक का ड्राइवर है, उसे पानी दे रहा रघुनाथ गोली लगने से घायल हो गया ।

घड़ी साज घायल

इसके पश्चात उग्रवादियों का यह गिरोह गांव चकसराय में भी गया, जहां उन्होंने फायरिंग करके एक घड़ीसाज रमेश कुमार को घायल कर दिया। ये सभी वारदातें रात्रि लगभग अढ़ाई बजे हुईं ।

घायल बाद में मर गया

समझा जाता है कि यही गिरोह बाद में बागपुर में गया और एक व्यक्ति को गोली मारकर गम्भीर रूप से घायल कर दिया, जिसकी बाद में अस्पताल में मृत्यु हो गई ।

6 मास पूर्व विवाह हुआ था

कटानी-फायरिंग कांड के सम्बन्ध में लुधियाना से आहूजा ने जानकारी दी है कि उग्रवादियों ने जब यह वारदात की, उस समय मजदूर भट्ठे में कोयला डाल रहे थे । मृतक मंगत राम जोधेवाल बस्ती लुधियाना का रहने वाला था तथा छः मास पूर्व ही उसका विवाह हुआ है । घर के सदस्यों के अनुसार मंगत राम सदैव शाम को घर लौट आता था लेकिन रात को ट्रक बिगड़ जाने के कारण वह रात भट्ठे पर ही रुक गया था ।

मुकाबले में उग्रवादी मारा गया

बाद में प्राप्त सूचना के अनुसार चांदना बाजार खन्ना में फायरिंग करके भागने वाले उग्रवादियों में से

Punjabi Sanata

प्रवासी मज़दूरों और 8 बस यात्रियों सहित 44 व्यक्तियों क

ों के भट्ठों व श्रमिक शिविरों पर पुलिस चौकसी बढ़ाने के आदेश

पंजाब में रैड अलर्ट : सामाना में कर्फ्यू जारी : कपूरथला में 2

ोट 'शहर के मुख्य बाजार और हिमाचल परिवहन की 3 बसों में बम विस्फोट; पठानकोट में कर्फ्यू : एक आतंकवादी मरा, एक

र्ता, ह.स.): पंजाब में दौर में कल रात के बाद 30 व्यक्तियों की हत्या कवादी मारे गए । एक भी मारा गया । यों में वृद्धि के दृष्टिगत ारी करोदया है । राज्य के भट्ठों पर जहां प्रवासी रते हैं, पर पुलिस को श दिए हैं । पटियाला कर्फ्यू बिना ढील जारी

निदेशक श्री के.पी.एस. गिल ने आज अमृतसर में कहा कि हमने पहले हं। आतंकवादी हिंसा को रोकने के लिए कदम उठाए हैं । उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों के अधिकारियों तथा जवानों को सक्रिय कर दिया गया है । श्री गिल ने कहा-हमने पुलिस के अधिकारियों व कर्मचारियों के ड्यूटी के घंटे बढ़ा दिए हैं ।

हिमाचल पथ परिवहन की बसों तथा पठानकोट में बम विस्फोटों में कम से कम 14 लोग मारे जाने के बाद पठानकोट में अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लगा दिया गया है ।

आज शाम भटिंडा में डी.ए.वी. कालेज के निकट 2 आतंकवादियों ने एक सब इंस्पैक्टर पुलिस हरभजन सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । आतंकवादी उसका सरकारी रिवाल्वर भी ले गए । हरभजन सिंह यहां एस.पी. डिटैक्टिव के रीडर थे तथा शाम को दफ्तर का काम खत्म होने पर घर वापस जा रहे थे । उच्चाधिकारी मौके पर पहुंच गए और हत्यारों की खोज शुरू कर दी गई ।

6 की हत्या

रामपुराफूल से पृथ्वी चन्द सरस्वती ने खबर दी है कि कल रात साढ़े आठ बजे उग्रवादियों ने यहां से 15 किलो मीटर दूर भुच्चो मंडी में बस स्टैंड के निकट फायरिंग करके 6 व्यक्तियों की हत्या और 5 लोगों को घायल कर दिया, उनमें से एक की हालत गम्भीर बताई जाती है । उग्रवादियों ने चादरें ओढ़ी हुई थीं और वारदात करने के बाद वह पैदल ही वापस चले गए । हो सकता है कि उन्होंने अपना स्कूटर या कोई व्हीकल कुछ दूर खड़ी की हुई हो । बताया जाता है कि सी.आर.पी. की टुकड़ी वारदात से थोड़ी देर पहले ही वहां गश्त करके गई थी और अभी 200 गज दूर ही पहुंची होगी कि उग्रवादियों ने बस स्टैंड के निकट हलवाइयों की दो दुकानों पर ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफलों, 12 बोर की राइफलों और रिवाल्वरों से फायरिंग शुरू कर दी । सी.आर.पी. वालों ने फायरिंग की आवाज सुनते ही हवा में 250-300 फायर किए और फायर करते हुए घटनास्थल की ओर बढ़े, जिस पर उग्रवादी वहां से भाग खड़े हुए । सी.आर.पी. वालों ने लगभग साढ़े चार किलो मीटर तक उनका पीछा किया मगर वह भागने में सफल हो गए । घटनास्थल पर एकत्रित लोगों का कहना है कि अगर सी.आर.पी. वाले फायरिंग न करते तो मरने वालों की संख्या कहीं अधिक हो जाती ।

उग्रवादियों की गोलियों से मरने वालों के नाम हैं : (1) जगसैर सिंह (18 वर्ष), (2) मदन लाल (12 वर्ष), (3) सुरेश कुमार (26 वर्ष), (4) ओम प्रकाश (30 वर्ष), (5) राम अवतार (17 वर्ष), (6) पुरुषोत्तम उर्फ कक्कू (25 वर्ष) । घायलों के नाम (1) रूप सिंह (35 वर्ष), (2) लाला राम (10 वर्ष), (3) परखा राम (12 वर्ष), (4) धर्मपाल (28 वर्ष), (5) शंकर (11 वर्ष) । धर्मपाल की हालत गम्भीर है । इस हत्या कांड के विरुद्ध आज भुच्चो मंडी में पूर्ण हड़ताल रही ।

भुच्चो मंडी में मारे गए व्यक्ति भी प्रवासी श्रमिक बताए जाते हैं । इनमें अधिकांश राजस्थान व हरियाणा के हैं ।

आतंकवादी ने ज़हर खाया

भटिंडा से प्राप्त एक रिपोर्ट के अनुसार एक आतंकवादी ने नंदगढ़ कोटरा में उस समय ज़हर खाकर आत्महत्या कर ली जब उसका पीछा कर रहे पुलिस कर्मी उसके काफी निकट पहुंच चुके थे । भटिंडा के सीनियर पुलिस अधीक्षक आर.एस. गिल ने मृतक आतंकवादी का नाम सरबजीत सिंह उर्फ शब्बी उर्फ गामा बताया है । उन्होंने बताया कि सरबजीत लोहियाना जिले के रायकोट गांव का निवासी था और बरनाला में हुए नरसंहार तथा डकैती के कई मामलों में पुलिस को उसकी तलाश थी ।

4 व्यक्तियों की हत्या

फरीदकोट (जिदल): आज बाद दोपहर गांव कोट सुखिया में संदिग्ध आतंकवादियों ने चार व्यक्तियों की गोलियां मारकर हत्या कर दी तथा दो को घायल कर दिया । मृतकों में भारतीय खाद्य निगम के दो इंस्पैक्टर नरेश कुमार पुत्र भगीरथ राय वासी फरीदकोट तथा राजीव कुमार वासी बाघपुराना भी शामिल हैं । अन्य दो मृतक इसी गांव के निवासी हैं । बताया जाता है कि दोनों इंस्पैक्टर उस समय खाना खा रहे थे कि आतंकवादियों ने उन पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी । गोलियां लगने से घटनास्थल पर ही इंस्पैक्टरों की मृत्यु हो गई । घायलों के नाम प्रभदयाल सिंह तथा मुंशी धन्ना लाल हैं । सूचना मिलते ही उच्च पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए ।

4 मारे गए

बटाला (कोछड़): कल देर रात बटाला पुलिस जिला में विभिन्न वारदातों में आतंकवादियों ने चार व्यक्तियों की हत्या कर दी तथा दो को घायल कर दिया ।

पुलिस प्रमुख श्री सुमेध सिंह सैनी ने यहां इस पत्रकार को घटनास्थलों के निरीक्षण के पश्चात बताया कि थाना फतेहगढ़ चूड़ियां के गांव घनिए के बांगर में एक किसान बलदेव सिंह प्रातः घर में अपनी वृद्ध माता व बच्चों को छोड़ बस अड्डा पर अपनी पत्नी को बस में बिठाने गया । जब लौटा तो घर में उसकी वृद्ध माता करतार कौर (70), उसके बेटे वरिन्द्र सिंह (8) व बेटी गोल्डी (12) के खून से लथपथ शव पड़े थे और दूसरी बेटी हृदयजीत कौर (10) गम्भीर घायल अवस्था में पड़ी थी ।

उसने पुलिस के सामने संदेह व्यक्त किया है कि यह हत्याएं उसके भतीजे जसविन्दर सिंह ने की हैं । जसविन्दर सिंह फौज में है व आज कल छुट्टी आया हुआ है और साथ के घर में रहता है जबकि जसविन्दर के पिता व बलदेव सिंह के भाई निरंजन सिंह की बहुत पहले मृत्यु हो चुकी है ।

श्री सैनी ने बताया कि बलदेव सिंह के अनुसार उसकी तीन बहनों ने बटवारे में अपने हिस्से आई एक किल्ला जमीन बलदेव सिंह को दे दी थी जिस कारण दोनों परिवारों में झगड़ा शुरू हो गया और आज प्रातः यह हत्या कांड हो गया । श्री सैनी ने कहा कि जसविंदर सिंह उर्फ 'जब' को इस हत्या कांड के संदेह में हिरासत में ले लिया गया है और उससे पूछताछ जारी है ।

एक और हत्या

श्री सैनी ने बताया कि थाना फतेहगढ़ चूड़ियां के गांव शफकोट में गत रात को एक व्यक्ति बलबीर सिंह की भी तेज धार हथियारों से हत्या कर दी गई । यह घटना भी व्यक्तिगत शत्रुता की है ।

खीवा में गत रात आतंकवादियों ने पांच व्यक्तियों (1) सत्या देवी, (2) व राज, (4) सीता रानी और (5) सुखदेव की हत्या कर दी और दो अन्य अनिता को घायल कर दिया । (छाया : शिव जैमिनी)



थाना नूरमहल के गांव उप्पल खालसा में गत दिवस आतंकवादियों की गोलियों से मारे गए (1) अवतार सिंह, (2) जोगेंद्र राम, (3) मलकीयत सिंह, (4) बिहारी मजदूर कासिम, (5) बिहारी मजदूर शकीवल और (6) हुस्नलाल । (छाया : तरसेम)

खन्ना में आतंकवादियों द्वारा गत दिवस की गई फायरि (2) बशीर अहमद, तीन घायल हुये जिनके नाम है और (5) बनारसी दास । इसके अतिरिक्त पुलिस आतंकवादी जिसकी शिनाख्त नहीं हो सकी ।

र में महिलाओं-पुरुषों के बहुमूल्य वस्त्र, सैनिक वर्दियां : बालों का थैला : भारी परिमाण में शस्त्र

Punjabi Tribune Samachar

निधि आतंकवादियों से मुक्त हुये दरबार साहब को देखने गए । उन्होंने वहां क्या देखा, वह चित्रों की जुबानी यहां प्रस्तुत है : (1) श्री रिबैरो और पुलिस महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल हरमंदिर साहब को देखते हुये, (2) 'खालिस्तान कार्यालय' के बाहर बिखरी आधुनिक चीनी बारूदी छड़ें और कारतूस, (3) श्री हरमंदिर साहब की ऊपरी मंजि तोड़-फोड़, जिसमें गुरु ग्रंथ साहब भी बेतरतीबी से पड़ा है । आकाशवाणी द्वारा कीर्तन-प्रसारण के लिए रखा ट्रांसमीटर भी तोड़ डाला गया, (4) एक से दूसरे कमरे में जाने के लिये उग्रवादियों द्वारा दीवारें तोड़ कर बनाए गए रास्ते, (5) हरमंदिर साहब की छत पर पड़ी असाल्ट राइफलें, (6 से 8) श्री हरमंदिर साहब में पड़े मल-मूत्र से भरे बर्तन कि की, (9 से 13) परिक्रमा के विभिन्न कमरों में पड़े अवैध हथियार, गोली सिक्का तथा पाठ्य-सामग्री एवं पुरुषों और महिलाओं के कपड़े, (14) भिंडरावाला टाइगर फोर्स आफ खालिस्तान के स्वयं भू. लै. जनरल सुरजीत सिंह पैंटा का कार्यालय । (अन्य फोटो पृष्ठ 12 पर देखें)

Punjabi Sanatan



...ों को निकालने की कार्रवाई के बाद शुक्रवार सायं को सफाई सेवा का कार्य शुरू कर दिया गया । (1) फायर ब्रिगेड के कर्मचारी दशहरी ड्योढ़ी के फर्श को धोते हुए, (2) परिक्रमा की सफाई का एक दृश्य । (इन्सैट) एक सेवादार मुख्य द्वार की सफाई करता हुआ । (3-4) दरबार साहिब अमृतसर के परिसर से बरामद हथियार ।

आतंकवादी बाद में फायर करते हुए भाग गए । घटना के समय गांव में बिजली नहीं थी । उस समय गुरनाम कौर के घर पर उसका पति तथा 12 वर्षीय पुत्र था । गुरनाम कौर के पति ने उस समय सहायता के लिए पुकारा पर कोई बाहर नहीं आया । प्रातः उसने सीमा सुरक्षा बल की चौकी में जाकर इस घटना की रिपोर्ट लिखाई । गुरनाम कौर की हालत चिंताजनक बताई जाती है ।

अनिश्चितकालीन कर्फ्यू

गुरदासपुर से 'विनोद' के अनुसार जिला प्रशासन ने पठानकोट में बसों में बम-विस्फोटों के दृष्टिगत स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिए आज रात्रि नौ बजे पठानकोट में अनिश्चितकाल के लिए कर्फ्यू लगा दिया है ।

'बंद' का आह्वान

इसी मध्य पंजाब हिंदू शिव सेना के उपप्रधान श्री विजय कुमार गिल ने पठानकोट में आज सायं बसों में हुए बम विस्फोटों के दृष्टिगत कल 21 मई को जिला गुरदासपुर में 'बंद' का आह्वान किया है ।

विस्फोटों से 14 मरे

पठानकोट शहर में तथा हिमाचल पथ परिवहन की बसों में हुए अनेक विस्फोटों में कम से कम 14 लोगों के मारे जाने और 90 अन्य के घायल होने का समाचार है ।

जम्मू से बरास्ता पठानकोट-कांगड़ा जा रही

पठानकोट से 'गुप्ता' के अनुसार आज रात्रि बी.एस.एफ. के डी.आई.जी. श्री वाई.एस. जाफा सहित अनेक अधिकारियों ने बम-विस्फोट स्थलों का दौरा किया । श्री जाफा और पठानकोट के एस.डी.एम. श्री बी.आर. बांगा ने नगर निवासियों को शांति बनाए रखने की अपील की है ।

हिमाचल की बसों में विस्फोटों के अलावा पठानकोट शहर में मुख्य मार्केट में 4 विस्फोट एक साथ हुए । तीन विस्फोट ट्रिस्ट होटल और गांधी चौक के बीच मुख्य सड़क पर हुए ।

पांच की हत्या, दो घायल

नकोदर (गगन): यहां से 15 किलोमीटर दूर कपूरथला-नकोदर सड़क पर स्थित गांव सीवा में गत रात 1.20 बजे 15 सशस्त्र व्यक्तियों ने इस ब्राह्मणों की आबादी वाले गांव में अंधाधुंध गोलियां चलाकर पांच व्यक्तियों की हत्या कर दी । मरने वालों में एक परिवार के तीन तथा एक अन्य परिवार के दो सदस्य शामिल हैं ।

बताया जाता है कि आधी रात के समय सशस्त्र व्यक्ति गांव में दाखिल हुए तो गांव के चौकीदारों ने उन्हें देख लिया, परन्तु उनके पास कोई हथियार नहीं होने के कारण वे छुप गए । आतंकवादी कुछ लोगों के मकानों की छतों पर चढ़ कर गोलियां चलाने लगे । गोलियों की आवाज सुन कर लोग अपने घरों के अंदर जा घुसे । आतंकवादियों ने खालिस्तान जिंदाबाद व खालिस्तान कमांडो फोर्स जिंदाबाद के नारे लगाए । एक अनुमान के अनुसार निवासियों को लगातार खतरा बना रहता है । इन गांवों में सभी ब्राह्मण परिवार खेती करते हैं तथा निर्धन हैं । कवि पाश व उसके साथी हंस राज की हत्या के बाद से इस क्षेत्र में आतंकवादी सरगर्म हैं ।

नूरमहल पूर्ण बंद

कल शाम नूरमहल के आई.जी. व डिप्टी कमि. लगे गांव उप्पल खालसा में हुए गोलीकांड के विरुद्ध आज नूरमहल में पूर्ण बंद रहा और सारा व्यापार ठप्प रहा । जो श्री हंस राज नामक स्टेट बैंक आफ इंडिया नूरमहल का क्लर्क मारा गया था, वह नकोदर तहसील के गांव बाह कलां का रहने वाला था । उसके गांव में भी आज पूर्ण बंद रहा ।

पुलिस पर गोली चला दी । पुलिस की जवाबी गोलीबारी से उनमें से एक मारा गया । उससे एक देसी पिस्तौल व पांच कारतूस बरामद हुए । उसका साथी बिना नम्बर का स्कूटर छोड़ कर पैदल ही भाग निकला । कुछ ही दूरी पर एक और पिस्तौल तथा पांच कारतूस मिले हैं ।

मिल मालिक घायल

धूरी (संत): कल सायं अज्ञात व्यक्तियों ने मालेरकोटला के निकट एक आटा मिल मालिक प्रीतम सिंह को गोली मार कर सख्त घायल कर दिया । उसे नाजुक हालत में सी.एम.सी. लुधियाना में दाखिल करा दिया गया ।

ठेका लूटा

तीन स्कूटर सवारों ने थाना भवानीगढ़ के गांव भारो में एक शराब के ठेके से 3500 रुपए लूट

मृतक बिहारी थे

मृतकों के नाम मोईनं मुहम्मद, हकीम मुहम्मद, अख्तर, रत्ती लाल तथा मस्तदीन मुहम्मद बताए जाते हैं । मुहम्मद मस्तान को अस्पताल में दाखिल कराया गया है क्योंकि उसकी दशा गंभीर है । सभी मजदूर बिहार के जिला दरभंगा के गांव कटराई से सम्बन्ध रखते हैं ।

कर्फ्यू में ढील नहीं

पटियाला (भूषण): सामाना में कल कर्फ्यू में ढील के समय हुई हिंसक वारदात के मद्देनजर जिला प्रशासन ने आज कर्फ्यू में ढील न देने का फैसला किया है । प्रशासन दोपहर बाद फिर से स्थिति की समीक्षा करेगा ।

पटियाला से करीब 30 किलो मीटर दूर स्थित सामाना में 17 मई को आतंकवादियों द्वारा 17 लोगों की हत्या के बाद एहतियाती तौर कर कर्फ्यू लगा दिया गया था ।

ग्रंथी व साथी की हत्या

गत रात थाना सदर नाभा के गांव धनेरा में एक गुरुद्वारा के ग्रंथी कुंदन सिंह तथा उसके साथी की कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने गोली मार कर हत्या कर दी । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया । बताया जाता है कि ग्रंथी व उसका साथी निरंजन सिंह खाना खाने के बाद गुरुद्वारा के बाहर टहल रहे थे जब उन्हें गोलियां मारी गईं । अज्ञात व्यक्ति ए.के. 47 असाल्ट राइफलों से लैस थे । घटनास्थल से दो दर्जन चले हुए कारतूस बरामद हुए ।

लूटने आए तीन कथित आतंकवादियों में से दो को पुलिस की गश्ती पार्टी ने पकड़ लिया जबकि तीसरा भागने में सफल हो गया ।

बताया जाता है कि डा. स्वर्णजीत धवन ने कुछ वर्ष पूर्व सरकारी नौकरी छोड़कर अपनी प्राईवेट प्रैक्टिस आरम्भ की हुई है । उनकी पत्नी स्थानीय सिविल अस्पताल में दांतों की डाक्टर है । गत सायं लगभग साढ़े आठ बजे मुंह ढांपे तीन व्यक्ति उनके मकान की बैठक में आकर डा. धवन से कहने लगे कि 16 मई की हड़ताल को तुमने दुकान बंद नहीं की थी, इसलिए अपनी पत्नी को बुलाकर रिवाल्वर, नकदी तथा जेवरात उनके हवाले करो । डा. धवन की पत्नी भी बैठक में आ गई । इसी मध्य संयोगवश किसी मरीज ने आकर दरवाजा खटखटाया तो तीनों आतंकवादी घबरा कर दीवार फांद कर भागे । वहां गश्त कर रही पुलिस पार्टी ने पीछा करके दो आतंकवादियों करनैल सिंह निवासी डब थाना सदर बटाला तथा देविंद्र सिंह निवासी औजला थाना कलानौर को गिरफ्तार कर लिया जबकि उनका तीसरा साथी भागने में सफल हो गया । मालूम हुआ है कि तीनों व्यक्ति दो प्राइवेट डाक्टरों के पास नौकर हैं । बताया जाता है कि कुछ दिन पूर्व तीन-चार संदिग्ध व्यक्ति डा. धवन के क्लीनिक में आकर मरीजों से डाक्टर के सम्बन्ध में पूछते रहे । यहां नगर में प्राईवेट प्रैक्टिस कर रहे डाक्टर विमल शर्मा मैडिकल स्पैशिलिस्ट तथा उनकी डाक्टर पत्नी आभा शर्मा बच्चों की स्पैशलिस्ट अचानक कुछ दिवस पूर्व रात्रि को अपने सामान लेकर हरियाणा को पलायन कर गए ।

पंजाब में हिमाचल की

शिमला, 20 मई : आज पठानकोट में हिमाचल की बसों में हुए विस्फोटों के बाद हिमाचल सरकार ने पंजाब में अपनी सभी बस सेवाएं अगले आदेश तक बंद कर दी हैं । हिमाचल पथ परिवहन की सभी बसों के यात्रियों और उनके सामान की तलाशी ली जाया करेगी ।

रस्म पग

आपको बड़े दुखी हृदय से सूचित किया जाता है कि हमारे पूज्यनीय **श्री गोवर्धन दास जी गोयल** S.D.O. Canals, Moga मंगलवार 10.5.88 को स्वर्ग सिधार गये हैं । रस्म पगड़ी तिथि 25.5.88 दिन बुधवार 2 बजे हमारे निवास स्थान 261, सर्वधर्म स्ट्रीट, दत्त रोड, मोगा पर होगी ।

शोकग्रस्त :

Phone : 31911 श्रीमती सरला गोयल (धर्मपत्नी)
नरेश गोयल
सुशील गोयल
अनिल गोयल
सुपुत्र

नोट : अलग कार्ड नहीं भेजे

Punjab Sanatani

...ाव में हत्याएं ...

(पृष्ठ 1 का शेष)

...ा कर दी । पुलिस ने बताया कि ...ा क्षेत्र के तलवंडी लाल सिंह गांव में ...ों ने 45 वर्षीय राजिन्दर सिंह की

...गोबिन्दपुर थाना क्षेत्र के चौरा गांव ...घटना में तीन आतंकवादियों ने ...सुक्खा की हत्या कर दी । दोनों ...कवादियों ने चीन निर्मित ए.के. 47 ...का इस्तेमाल किया । पुलिस ने ...कर लिए हैं और जांच-पड़ताल शुरू

...वृद्धा पर गोलियां चलाईं

...(विनोद): जिले के कोट बलियां ...में तीन आतंकवादियों ने एक वृद्धा ...गोली मारकर घायल कर दिया । ...न अस्पताल में भर्ती श्री गुरनाम ...रात्रि में 12.30 बजे तीन अज्ञात ...दरवाजा खटखटाया । जब गुरनाम ...ा खोलने से इन्कार किया तो ...की दीवार फांदकर घर में घुसने की ...पर गुरनाम कौर ने मजबूर होकर ...उग्रवादियों ने उससे कहा कि वह ...ा बनाए । पर गुरनाम कौर ने ...का हवाला देकर कहा कि वह खाना ...है ।

...दियों ने उससे गांव के एक व्यक्ति ...पर आवाज देकर उसका दरवाजा ...। गुरनाम कौर द्वारा ऐसा करने से ...उग्रवादियों ने उस पर गोलियां चला ...म्भीर रूप से घायल हो गई ।

आतंकवादी बाद में फायर करते हुए भाग गए । घटना के समय गांव में बिजली नहीं थी । उस समय गुरनाम कौर के घर पर उसका पति तथा 12 वर्षीय पुत्र था । गुरनाम कौर के पति ने उस समय सहायता के लिए पुकारा पर कोई बाहर नहीं आया । प्रातः उसने सीमा सुरक्षा बल की चौकी में जाकर इस घटना की रिपोर्ट लिखाई । गुरनाम कौर की हालत चिंताजनक बताई जाती है ।

अनिश्चितकालीन कर्फ्यू

गुरदासपुर से 'विनोद' के अनुसार जिला प्रशासन ने पठानकोट में बसों में बम-विस्फोटों के दृष्टिगत स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिए आज रात्रि नौ बजे पठानकोट में अनिश्चितकाल के लिए कर्फ्यू लगा दिया है ।

'बंद' का आह्वान

इसी मध्य पंजाब हिंदू शिव सेना के उपप्रधान श्री विजय कुमार गिल ने पठानकोट में आज सायं बसों में हुए बम विस्फोटों के दृष्टिगत कल 21 मई को जिला गुरदासपुर में 'बंद' का आह्वान किया है ।

बिस्फोटों से 14 मरे

पठानकोट शहर में तथा हिमाचल पथ परिवहन की बसों में हुए अनेक विस्फोटों में कम से कम 14 लोगों के मारे जाने और 90 अन्य के घायल होने का समाचार है ।

जम्मू से बरास्ता पठानकोट-कांगड़ा जा रही हिमाचल पथ परिवहन की बस में जो कंडवाल के निकट जा रही थी एक बम फटा, जिससे तीन व्यक्ति मारे गए । पठानकोट से 15 किलोमीटर दूर एक और बस में, जो हरिद्वार-पठानकोट-चम्बा रूट पर थी, विस्फोट से दो यात्री मारे गए तथा 15 घायल हो गए ।

पठानकोट बस स्टैंड पर खड़ी हिमाचल की ही एक अन्य बस में विस्फोट हुआ जिससे तीन यात्री मारे गए और 12 घायल हो गए । पठानकोट में जी.टी. रोड पर हुए एक विस्फोट में दो लोग मारे गए तथा छह घायल हो गए । मृतकों में एक महिला भी थी ।

पठानकोट से 'गुप्ता' के अनुसार आज रात्रि बी.एस.एफ. के डी.आई.जी. श्री वाई.एस. जाफा सहित अनेक अधिकारियों ने बम-विस्फोट स्थलों का दौरा किया । श्री जाफा और पठानकोट के एस.डी.एम. श्री बी.आर. बांगा ने नगर निवासियों को शांति बनाए रखने की अपील की है ।

हिमाचल की बसों में विस्फोटों के अलावा पठानकोट शहर में मुख्य मार्केट में 4 विस्फोट एक साथ हुए । तीन विस्फोट टूरिस्ट होटल और गांधी चौक के बीच मुख्य सड़क पर हुए ।

पांच की हत्या, दो घायल

नकोदर (गगन): यहां से 15 किलोमीटर दूर कपूरथला-नकोदर सड़क पर स्थित गांव खीवा में गत रात 1.20 बजे 15 सशस्त्र व्यक्तियों ने इस ब्राह्मणों की आबादी वाले गांव में अंधाधुंध गोलियां चलाकर पांच व्यक्तियों की हत्या कर दी । मरने वालों में एक परिवार के तीन तथा एक अन्य परिवार के दो सदस्य शामिल हैं ।

बताया जाता है कि आधी रात के समय सशस्त्र व्यक्ति गांव में दाखिल हुए तो गांव के चौकीदारों ने उन्हें देख लिया, परन्तु उनके पास कोई हथियार नहीं होने के कारण वे छुप गए । आतंकवादी कुछ लोगों के मकानों की छतों पर चढ़ कर गोलियां चलाने लगे । गोलियों की आवाज सुन कर लोग अपने घरों के अंदर जा घुसे । आतंकवादियों ने खालिस्तान जिंदाबाद व खालिस्तान कमांडो फोर्स जिंदाबाद के नारे लगाए । एक अनुमान के अनुसार आतंकवादियों ने 50 के करीब गोलियां चलाईं । मृतकों में श्री केशव दत्त (45), उनकी बेटी सीता रानी (14), उनका बेटा सुखदेव कुमार (12) बताए जाते हैं । दूसरे मृतकों में श्रीमती सत्या देवी (40) तथा उनका नौजवान बेटा योगराज (18) शामिल हैं । योगराज की मौत आतंकवादियों के साथ हाथापाई के बाद हुई । उसने आवाजें लगाकर कई और लोगों की भी जान बचाई । वारदात के बाद आतंकवादी नहर के समीप खड़े किए हुए एक ट्रैक्टर पर सवार होकर नारेबाजी करते हुए फरार हो गए । इन गांवों के लिए सरकार ने गांव उग्गी में सी.आर.पी. की चौकी कायम कर रखी है । गांव वालों ने वारदात के कई घंटे बाद आकर मृतकों को देखा तथा इस चौकी को सूचना दी । नकोदर पुलिस को इस वारदात का प्रातःकाल पता चला ।

'क' के अनुसार आतंकवादियों ने लगभग तीस गोलियां चलाईं और एक घंटा तक गांव में रहे । फायरिंग में दो लोग घायल हुए जिनमें अनीता पुत्री ओम दत्त तथा कमलेश पुत्री सोहन लाल शामिल हैं । दोनों घायलों को नकोदर के सिविल अस्पताल में दाखिल कराया गया ।

उल्लेखनीय है कि नकोदर तहसील के तीन गांव ब्राह्मणों की घनी आबादी वाले हैं जिनमें खीवा, उग्गी तथा भूहड़ शामिल हैं । इन गांवों के निवासियों को लगातार खतरा बना गांवों में सभी ब्राह्मण परिवार निर्धन हैं । कवि पाश व उसके हत्या के बाद से इस क्षेत्र में आतंक

नूरमहल पूर्ण बंद

कल शाम नूरमहल के बाईपा लगे गांव उप्पल खालसा में हुए गो आज नूरमहल में पूर्ण बंद रहा ठप्प रहा । जो श्री हुस्न लाल नाम इंडिया नूरमहल का क्लर्क मारा गा तहसील के गांव बाठ कलां का उसके गांव में भी आज पूर्ण बंद

पुलिस पर गोली चला दी । पु गोलीबारी से उनमें से एक मारा देसी पिस्तौल व पांच कारतूस बरा साथी बिना नम्बर का स्कूटर छोड़ निकला । कुछ ही दूरी पर एक पांच कारतूस मिले हैं ।

मिल मालिक घायल

धूरी (सत): कल सायं अ मालेरकोटला के निकट एक आ प्रीतम सिंह को गोली मार कर दिया । उसे नाजुक हालत में सी. में दाखिल करा दिया गया ।

ठेका लूटा

तीन स्कूटर सवारों ने थाना भारो में एक शराब के ठेके से 3 लिए । उन्होंने कुछ शराब की बो

आतंकवादी मारा गया

नवांशहर से 'शर्मा' की सूच सवा दो बजे यहां से सात कि किशनपुरा के निकट पुलिस के सा आतंकवादी मारा गया । बताय संदिग्ध व्यक्ति एक स्कूटर पर जा की नाकाबंदी पार्टी ने उन्हें ल

5 मजदूरों की हत्या

अमृतसर (ह.स., वार्ता): अनुसार ए.के. 47 से लैस पांच से ने कल रात जिले में अजनाला पु गांव छीना कर्मसिंह के एक फार्म बोलकर पांच कृषि मजदूरों की हत्य विवरण के अनुसार आतंकवादियों सिंह नामक एक व्यक्ति के फार्म वहां काम कर रहे नौ मजदूरों को एक कमरे में ले गया । इसके बाद पर अंधाधुंध गोलियां बरसाना पांच मजदूर मौके पर ही मारे गए, गम्भीर रूप से घायल हो गया । प्रकार भागने में सफल हो गए ।

पंक्ति में खड़े करके गोलियां

एक सूचना के अनुसार आत मजदूरों को एक पंक्ति में खड़ मारीं । मंगलवार की रात को जि के नजदीक आतंकवादियों ने विहा लगभग 30 मजदूरों की हत्या कर अन्य को घायल कर दिया था ।

मजीठा पुलिस जिला के एस. सिंह ने बताया कि अमृतसर जिला की हत्या में तथाकथित भिंडरांवाले दुर्दांत आतंकवादी सतनाम सिंह 'स

अमृतसर के गांव सोहियां ट्यूबवैल पर एक श्रमिक की आतं कर दी ।

को काला करने का वैदिक साधन

...सफेद बालों की समस्या ...है, यह किसी भी आयु के ...कती है । यद्यपि आयुर्वेद ...को काला करने का इलाज ...भी यह समस्या ज्यों की त्यों ...ाले बालों की इच्छा इन्सान ...प्रबल रही है । इसलिए ...ी द्वारा इन्हें काला रखने का ...जाता है । परन्तु अब ...Centre लुधियाना जोकि ...ल आयुर्वेदिक इलाज करते ...कई शहरों में Branches ...बालों को काला करने का ...इलाज किया जाता है । ...ए आज ही सम्पर्क करें :

...lair Centre,
...e Enclave College
...d, Ludhiana.

गुमशुदा की तलाश

मेरा लड़का सुमीत वकील गत 11 मई 1988 से गुम है । उसकी माता सख्त बीमार है । अगर सुमीत इसे पढ़े तो शीघ्र घर चला आए । अगर सुमीत किसी को मिले तो वह इस पते पर सूचित करे । सम्पर्क बताने वाले को उचित पारिश्रमिक दिया जाएगा ।

एन.पी. वकील
अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई व जनस्वास्थ्य, हमीरपुर (हि.प्र.)

...शुदा की तलाश

...शपाल, उम्र 22 साल, कद 5'-2", ...र से कहीं चला गया है, उसके बारे सूचना ...00/- इनाम दिया जाएगा । अगर वह

Punjabi Sanatan

निकला । कुछ ही दूरी पर एक और पिस्तौल तथा पांच कारतूस मिले हैं ।

मिल मालिक घायल

धूरी (संत): कल सायं अज्ञात व्यक्तियों ने मालेरकोटला के निकट एक आटा मिल मालिक प्रीतम सिंह को गोली मार कर सख्त घायल कर दिया । उसे नाजुक हालत में सी.एम.सी. लुधियाना में दाखिल करा दिया गया ।

ठेका लूटा

तीन स्कूटर सवारों ने थाना भवानीगढ़ के गांव भारो में एक शराब के ठेके से 3500 रुपए लूट लिए । उन्होंने कुछ शराब की बोतलें भी तोड़ दीं ।

आतंकवादी मारा गया

नवांशहर से 'शर्मा' की सूचना है कि गत रात सवा दो बजे यहां से सात किलोमीटर दूर गांव किशनपुरा के निकट पुलिस के साथ मुकाबले में एक आतंकवादी मारा गया । बताया जाता है कि दो संदिग्ध व्यक्ति एक स्कूटर पर जा रहे थे कि पुलिस की नाकाबंदी पार्टी ने उन्हें ललकारा । उन्होंने

5 मजदूरों की हत्या

अमृतसर (ह.स., वार्ता): एक रिपोर्ट के अनुसार ए.के. 47 से लैस पांच से छः आतंकवादियों ने कल रात जिले में अजनाला पुलिस थाना क्षेत्र के गांव छीना कर्मसिंह के एक फार्म हाऊस पर धावा बोलकर पांच कृषि मजदूरों की हत्या कर दी । प्राप्त विवरण के अनुसार आतंकवादियों का गिरोह जगीर सिंह नामक एक व्यक्ति के फार्म हाऊस गया और वहां काम कर रहे नौ मजदूरों को बंदूक की नोक पर एक कमरे में ले गया । इसके बाद उन्होंने मजदूरों पर अंधाधुंध गोलियां बरसाना शुरू कर दिया । पांच मजदूर मौके पर ही मारे गए, जबकि एक अन्य गम्भीर रूप से घायल हो गया । तीन मजदूर किसी प्रकार भागने में सफल हो गए ।

पंक्ति में खड़े करके गोलियां मारीं

एक सूचना के अनुसार आतंकवादियों ने इन मजदूरों को एक पंक्ति में खड़ा करके गोलियां मारीं । मंगलवार की रात को जिला रोपड़ में खरड़ के नजदीक आतंकवादियों ने बिहार और उड़ीसा के लगभग 30 मजदूरों की हत्या कर दी थी जबकि 12 अन्य को घायल कर दिया था ।

मजीठा पुलिस जिला के एस.एस.पी. श्री राजेंद्र सिंह ने बताया कि अमृतसर जिला में प्रवासी मजदूरों की हत्या में तथाकथित भिंडरांवाले टाइगर फोर्स के दुर्दांत आतंकवादी सतनाम सिंह 'संता' का हाथ है ।

अमृतसर के गांव सोहियां कलां में भी एक ट्यूबवैल पर एक श्रमिक की आतंकवादियों ने हत्या कर दी ।

AR PRESENTS
KE DUSHMAN :
HEMA MALINI, FARAH, AMRISH
AIL PRICE : 150/-
E FOR NR. INDIA ONLY.
MARKETED BY :
SUPER STAR VIDEO,
M-6, PALIKA BAZAR,
NEW DELHI-110 001

लोगों की हत्या के बाद एहतियाती तौर कर कर्फ्यू लगा दिया गया था ।

ग्रंथी व साथी की हत्या

गत रात थाना सदर नाभा के गांव धनेरा में एक गुरुद्वारा के ग्रंथी कुंदन सिंह तथा उसके साथी की कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने गोली मार कर हत्या कर दी । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया । बताया जाता है कि ग्रंथी व उसका साथी निरंजन सिंह खाना खाने के बाद गुरुद्वारा के बाहर टहल रहे थे जब उन्हें गोलियां मारी गईं । अज्ञात व्यक्ति ए.के. 47 असाल्ट राइफलों से लैस थे । घटनास्थल से दो दर्जन चले हुए कारतूस बरामद हुए ।

घुसपैठी मरा

फाजिल्का (नागपाल): कल जलालाबाद सैक्टर में भरभारसिंह वाला सीमा चौकी पर बी.एस.एफ. के साथ मुठभेड़ में एक पाकिस्तानी घुसपैठी मारा गया ।

खन्ना में पूर्ण हड़ताल

लुधियाना (महिन्द्रा): खन्ना की मीट मार्केट में गत दिवस मुहम्मद बशीर तथा राजकुमार की उग्रवादियों के हाथों हुई हत्याओं के विरुद्ध खन्ना के दुकानदारों ने पूर्ण हड़ताल की । नगर व्यापार मंडल के प्रधान श्री के.एल. सहगल ने टैलीफोन पर बताया कि आज सुबह व्यापारी संगठनों की एक बैठक खन्ना के माता रानी चौक में हुई जिसमें खन्ना में हुई हत्याओं की निंदा की गई तथा मृतकों के परिवारों के प्रति सहानुभूति प्रकट की गई । यह निर्णय भी लिया गया कि आज प्रोटैस्ट के तौर पर 'खन्ना बंद' रखा जाए ।

गोली कांड का विवरण

खन्ना से 'पूर्ण' के अनुसार कल चांदला मार्केट में आतंकवादियों ने सब से पहले मीट विक्रेता बशीर मुहम्मद की हत्या की तो उनके आगे एक ट्रैक्टर आ गया जिसने दूसरे दुकानदारों ने गोली की आवाज सुनकर अपनी दुकानों के शटर बंद कर दिए । ट्रैक्टर के जाने के बाद आतंकवादियों का स्कूटर खराब हो गया । उन्होंने पैदल चलकर बंद दुकानों के शटरों पर ही गोली चलाई । चार दुकानों के शटरों पर गोलियों के निशान हैं । मीट मार्केट में ही राजकुमार भी मारा गया तथा पांच व्यक्ति घायल हो गए । इसके बाद आतंकवादी देवी मन्दिर के आगे पहुंचे वहां उन्होंने एक बर्फ विक्रेता पर गोली चलाई परन्तु उसे गोली नहीं लगी । बाद में आतंकवादी एक और 80 वर्षीय व्यक्ति गिरधारी लाल पर गोली चला गए जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया । आतंकवादियों ने पानी की टैंकी के पास से एक दुकान के आगे से दूसरा स्कूटर उठा लिया । पुलिस उनका पीछा कर रही थी जो कि गांव बघौर तक गई । वहां उन्हें घेरा गया लेकिन पुलिस के हाथ कोई न आया । एक कम्युनिस्ट वर्कर टाहलू राम के मकान में एक बीस वर्षीय प्रवासी लड़का भागता हुआ दाखिल हो गया । जब वह बाहर निकला तो पंजाब पुलिस के एक कर्मचारी ने उसे गोली मार दी जिससे वह मर गया । उल्लेखनीय है कि खन्ना में उग्रवाद की यह पांचवीं वारदात है । पांच वारदातों में 8 व्यक्ति मारे गए हैं ।

डाक्टर को लूट लिया

एक अन्य सूचना के अनुसार लुधियाना में आज, बाद दोपहर 2 उग्रवादी माडल टाऊन में एक डाक्टर विपन बेरी के क्लिनिक में मरीज दिखाने के लिए आए तथा फिर पिस्तौल दिखा कर उसके घर से 15

आतंकवादियों करनैल सिंह निवासी डब थाना सदर बटाला तथा देविंद्र सिंह निवासी औजला थाना कलानौर को गिरफ्तार कर लिया जबकि उनका तीसरा साथी भागने में सफल हो गया । मालूम हुआ है कि तीनों व्यक्ति दो प्राइवेट डाक्टरों के पास नौकर हैं । बताया जाता है कि कुछ दिन पूर्व तीन-चार संदिग्ध व्यक्ति डा. धवन के क्लीनिक में आकर मरीजों से डाक्टर के सम्बन्ध में पूछते रहे । यहां नगर में प्राईवेट प्रैक्टिस कर रहे डाक्टर विमल शर्मा मैडिकल स्पैशिलिस्ट तथा उनकी डाक्टर पत्नी आभा शर्मा बच्चों की स्पैशलिस्ट अचानक कुछ दिवस पूर्व रात्रि को अपने सामान लेकर हरियाणा को पलायन कर गए ।

एक दर्जन हिरासत में

होशियारपुर (अश्विनी): होशियारपुर के एस.एस.पी. श्री परमजीत सिंह संधू ने आज यहां बताया कि पुलिस ने मुकेरियां हत्या कांड के सम्बन्ध में एक दर्जन और लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया है । श्री संधू ने बताया कि इस कांड के सम्बन्ध में अब तक 50 के लगभग लोगों से पूछताछ की जा चुकी है । उल्लेखनीय है कि मुकेरियां कांड में एक तीन मास की लड़की, एक महिला तथा एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई थी व पंजाब इंका महासचिव डा. केवल कृष्ण सहित एक दर्जन अन्य व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गए थे ।

छापे तेज़

जालंधर (क): इस बीच सुरक्षा बलों ने जिला भर में उग्रवादियों की बढ़ रही वारदातों के दृष्टिगत उनकी तलाश में छापों का अभियान तेज कर दिया है । पुलिस क्षेत्रों में इस बात पर गहरी चिंता पाई जाती है कि जिला में गत एक मास से उग्रवादी काफी सरगर्म हैं और केवल गत चार दिन में 35 के लगभग व्यक्तियों की हत्या कर चुके हैं ।

पुलिस का अनुमान है कि कम से कम नकोदर, नूरमहल व करतारपुर आदि के क्षेत्र में तो गुरनेक सिंह उर्फ नेका के नेतृत्व में खालिस्तान कमांडो फोर्स का एक गिरोह सरगर्म है ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार इस गिरोह के साथ कुछ महिलाएं भी जुड़ी हैं जो उनके हथियार आदि एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाती हैं ताकि हत्यारे बगैर हथियारों के और बगैर शक के आ-जा सकें ।

इस गिरोह की तलाश में नकोदर आदि क्षेत्र में गत रात आधी दर्जन गांवों में छापे मारे गए और एक दर्जन व्यक्ति हिरासत में लिए गए जिन्हें पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया ।

उल्लेखनीय है कि गत 16-17 मई की रात को नकोदर-नूरमहल के बीच एक स्कूटर पर नेका, दीपा आदि तीन उग्रवादियों को जाते हुए देखा गया था और एक पुलिस दस्ते ने उनका पीछा किया था और उन पर अपने हथियारों से फायर भी किए थे किन्तु उनके हथियार ही चले नहीं और तीनों उग्रवादी फरार होने में सफल हो गए थे ।

जालंधर नगर में भी आज एस.पी. आप्रेशन श्री डी.एस. ढिल्लों व डी.एस.पी. सिटी श्री बलदेव राज शर्मा की निगरानी में स्थानीय अमन नगर आबादी को घेर कर सुरक्षा बलों ने घर-घर की तलाशी ली । कुछ संदिग्ध व्यक्ति हिरासत में भी लिए गए जिनसे पूछताछ हो रही है ।

अतिरिक्त सुरक्षा बल

फिल्लौर (भाखड़ी): फिल्लौर उपमंडल व आसपास के क्षेत्रों में आतंकवादी कार्रवाइयों में वृद्धि

Punjabi Sanath

हत्या : गांव वालों ने आतंकवादी भगा दिए

पंजाब और जम्मू क्षेत्र में रेल गाड़ियों पर कड़ी नज़र रखने के निर्देश

गोराया के निकट मुठभेड़ में उग्रवादी मारा गया

चंडीगढ़, 21 मई (वार्ता, ह.स.): आतंकवादियों ने प्रवासी मज़दूरों के विरुद्ध अपना अभियान जारी रखते हुए पंजाब में 10 और प्रवासी मजदूरों की हत्या कर दी जबकि अन्य वारदातों में 4 व्यक्ति मारे गए । अधिकारियों ने पंजाब व जम्मू क्षेत्र में रेलगाड़ियों पर कड़ी नज़र रखने का निर्देश दिया है । सामाना में दूसरे दिन भी कर्फ्यू में ढील नहीं दी गई, जबकि पठानकोट में कर्फ्यू समाप्त कर दिया गया । बम कांडों के विरोध में गुरदासपुर तथा हिमाचल प्रदेश के कुछ कस्बों में हड़ताल रही । ज़िला होशियारपुर में स्पैशल पुलिस चौकी के अधिकारी के साथ मुठभेड़ के बाद आतंकवादी भागने पर विवश हो गए और इस प्रकार कारी साहरी जैसा एक और कांड टल गया ।

जालन्धर रेंज के डी.आई.जी. ने जालन्धर व कपूरथला ज़िलों में सक्रिय आतंकवादी गिरोह की पहचान कर लेने का दावा किया ।

गोराया के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया ।

9 मज़दूरों की हत्या

अमृतसर (ह.स.): आतंकवादियों ने प्रवासी मज़दूरों के विरुद्ध अपना अभियान जारी रखते हुये कल रात थाना अजनाला के गांव गुज्जरवाल में गुरदेव सिंह नामक किसान के ट्यूबवैल पर गोलियां चला कर 9 प्रवासी मज़दूरों को सदा की नींद सुला दिया । यह सभी मज़दूर बिहार के रहने वाले थे ।

नव-गठित पुलिस जिला मजीठा के एस.एस.पी. श्री राजेंद्र सिंह ने बताया कि मृतक प्रवासी मजदूरों के नाम शम्भू, दिनेश, सुधीर यादव, शतगंज यादव, ऊभी लाल, अशोक यादव, सीमन यादव, जैला, जगदीश प्रसाद हैं । एक घायल मोती प्रसाद को अजनाला के अस्पताल में दाखिल कराया गया है । उसकी दशा खतरे से बाहर है । दो सगे भाई कार्तिक तथा बीरम इसलिए बच गए क्योंकि वे ट्यूबवैल की छत पर सो रहे थे ।

श्री राजेंद्र सिंह ने बताया कि इस हत्याकांड में सम्भवत: भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स के सतनाम उर्फ सत्ता के गिरोह का हाथ है । श्री राजेंद्र सिंह ने बताया कि आतंकवादी प्रवासी मजदूरों की हत्या इस लिए कर रहे हैं क्योंकि उन्हें मारना 'आसान' है ।

सभी 12 मजदूर बिहार में माधेपुर जिले में टेहरी गांव के रहने वाले थे । जोगिन्दर सिंह नामक एक किसान ने दो महीने पहले इन्हें गेहूं की कटाई और धान की रोपाई के लिए अपने यहां रखा था । घटना की विस्तृत जानकारी देते हुए श्री सिंह ने बताया कि चीनी ए.के. 47 राइफल से लैस लगभग पांच आतंकवादी उस ट्यूबवैल वाली कोठरी में घुस गए, जहां दस मजदूर सो रहे थे । आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलियां चलाईं, जिससे नौ मजदूर

(शेष पृष्ठ 10 पर)

अजनाला जिला अमृतसर के गांव गुजरपुरा में उग्रवादियों ने शुक्रवार की रात्रि को अंधाधुंध फायरिंग करके 9 प्रवासी श्रमिकों की हत्या कर दी ।

Punjabi Sanatan

हत्या : गांव वालों ने आतंकवादी भगा दिए

पंजाब और जम्मू क्षेत्र में रेल गाड़ियों पर कड़ी नज़र रखने के निर्देश

गोराया के निकट मुठभेड़ में उग्रवादी मारा गया

चंडीगढ़, 21 मई (वार्ता, ह.स.): आतंकवादियों ने प्रवासी मज़दूरों के विरुद्ध अपना अभियान जारी रखते हुए पंजाब में 10 और प्रवासी मजदूरों की हत्या कर दी जबकि अन्य वारदातों में 4 व्यक्ति मारे गए । अधिकारियों ने पंजाब व जम्मू क्षेत्र में रेलगाड़ियों पर कड़ी नज़र रखने का निर्देश दिया है । सामाना में दूसरे दिन भी कर्फ्यू में ढील नहीं दी गई, जबकि पठानकोट में कर्फ्यू समाप्त कर दिया गया । बम कांडों के विरोध में गुरदासपुर तथा हिमाचल प्रदेश के कुछ कस्बों में हड़ताल रही । ज़िला होशियारपुर में स्पैशल पुलिस चौकी के अधिकारी के साथ मठभेड़ के बाद आतंकवादी भागने पर विवश हो गए और इस प्रकार कारी साहरी जैसा एक और कांड टल गया ।

जालन्धर रेंज के डी.आई.जी. ने जालन्धर व कपूरथला ज़िलों में सक्रिय आतंकवादी गिरोह की पहचान कर लेने का दावा किया ।

गोराया के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया ।

9 मज़दूरों की हत्या

अमृतसर (ह.स.): आतंकवादियों ने प्रवासी मज़दूरों के विरुद्ध अपना अभियान जारी रखते हुये कल रात थाना अजनाला के गांव गुज्जरवाल में गुरदेव सिंह नामक किसान के ट्यूबवैल पर गोलियां चला कर 9 प्रवासी मज़दूरों को सदा की नींद सुला दिया । यह सभी मज़दूर बिहार के रहने वाले थे ।

नव-गठित पुलिस जिला मजीठा के एस.एस.पी. श्री राजेंद्र सिंह ने बताया कि मृतक प्रवासी मजदूरों के नाम शम्भू, दिनेश, सुधीर यादव, शतगंज यादव, ऊभी लाल, अशोक यादव, सीमन यादव, जैला, जगदीश प्रसाद हैं । एक घायल मोती प्रसाद को अजनाला के अस्पताल में दाखिल कराया गया है । उसकी दशा खतरे से बाहर है । दो सगे भाई कार्तिक तथा बीरम इसलिए बच गए क्योंकि वे ट्यूबवैल की छत पर सो रहे थे ।

श्री राजेंद्र सिंह ने बताया कि इस हत्याकांड में सम्भवत: भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स के सतनाम उर्फ सत्ता के गिरोह का हाथ है । श्री राजेंद्र सिंह ने बताया कि आतंकवादी प्रवासी मजदूरों की हत्या इस लिए कर रहे हैं क्योंकि उन्हें मारना 'आसान' है ।

सभी 12 मजदूर बिहार में माधेपुर जिले में टेहरी गांव के रहने वाले थे । जोगिन्दर सिंह नामक एक किसान ने दो महीने पहले इन्हें गेहूं की कटाई और धान की रोपाई के लिए अपने यहां रखा था । घटना की विस्तृत जानकारी देते हुए श्री सिंह ने बताया कि चीनी ए.के. 47 राइफल से लैस लगभग पांच आतंकवादी उस ट्यूबवैल वाली कोठरी में घुस गए, जहां दस मजदूर सो रहे थे । आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलियां चलाईं, जिससे नौ मजदूर

(शेष पृष्ठ 10 पर)

Punjab Sanatan

गत रात उग्रवादियों ने भुच्चो मंडी में अंधाधुंध फायरिंग करके जिन 6 लोगों, सुरेश कुमार, रामावतार, ओम प्रकाश, मदन लाल, जगसीर और सतपाल की हत्या कर दी, उनमें से (ऊपर) पांच के शव । (नीचे) सिविल अस्पताल भटिंडा में दाखिल पांच घायलों में से तीन धर्मपाल, शंकर लाल और लाल चंद ।

(छाया : मान)

पंजाब में हत्याएं ...

(पृष्ठ 3 का शेष)

घटनास्थल पर ही मारे गए तथा एक अन्य घायल हो गया ।

श्री सिंह ने कहा कि प्रवासी मजदूरों की सुरक्षा यकीनी बनाई जाएगी तथा किसानों से कहा जाएगा कि वे प्रवासी मजदूरों को हर शाम अपने वाहनों में नजदीकी सी.आर.पी. या एस.पी.ओ. चौकी में पहुंचाया करें तथा सुबह ले जाया करें ।

जिंदा बच जाने वाले मजदूर बड़े भयभीत हैं और उनका कहना है कि वे अब पंजाब में नहीं रहेंगे और अगले कुछ दिनों में अपने राज्य को लौट जाएंगे । पोस्टमार्टम के उपरांत इन मजदूरों की लाशों का अजनाला में ग्रामीणों ने अंतिम संस्कार कर दिया । श्री राजेंद्र सिंह ने बताया कि गत 10 दिनों के दौरान अजनाला सब-डिवीजन में 22 प्रवासी मजदूरों की हत्या की जा चुकी है ।

श्री सिंह ने बताया कि गोलियां चलने की आवाज सुन कर किसान जोगेंद्र सिंह, जिसका घर ट्यूबवैल से सिर्फ 50 फुट की दूरी पर है, निकटवर्ती घरों की ओर दौड़ा तथा लोगों से मदद के लिए मांग की । स्तब्ध जोगेंद्र सिंह ने बताया कि आतंकवादियों को चुनौती देने के लिए सिर्फ एक व्यक्ति बाहर निकला लेकिन अपराधी भाग चुके थे । सुरक्षा बलों को इस वारदात की जानकारी आज सुबह ही मिली । घटनास्थल से ए.के. 47 चीनी राइफल के कम से कम 35 खाली कारतूस बरामद हुए ।

कर ली है और गिरोह के सदस्यों को शीघ्र काबू कर लिया जाएगा ।

दोधियों को धमकी

पता चला है कि फगवाड़ा से 10 कि.मी. दूर गांव घुम्मन के पास कुछ दोधियों जो कि दूध लेकर शहर फगवाड़ा आते थे, को कुछ आतंकवादियों ने धमकी दी कि अगर उन्होंने शहर में दूध लेकर जाना बंद न किया तो उनकी हत्या कर दी जाएगी ।

दम्पति की हत्या

बटाला से कोछड़ के अनुसार पुलिस ज़िला बटाला के थाना सदर के गांव नत्त में गत रात कुछ सशस्त्र आतंकवादियों ने एक मकान में घुस कर एक वृद्ध दम्पति, हंस राज (70) तथा कुंदन देवी (60) की गोलियां मार कर हत्या कर दी । घटना के समय ये दोनों सो रहे थे । पुलिस के अधिकृत सूत्रों ने बताया है कि घटना की जानकारी उनको प्रातः मिली थी । घटना स्थल से 9 एम.एम. की एक चली हुई गोली बरामद हुई है । मृतक गांव में किरयाने की दुकान करता था तथा वह और उसकी पत्नी यहां अकेले रहते थे । इनके बच्चे अन्य स्थानों पर नौकरी करते हैं । शव पोस्टमार्टम के लिये गुरदासपुर भेजे गए हैं ।

बम कांड की निंदा

स्थानीय भाजपा प्रधान श्री बलदेव मित्र कांसरा के अतिरिक्त स्थानीय इंका, सी.पी.आई., सी.पी.आई. (एम.), राष्ट्रीय सुरक्षा समिति तथा शिव सेना के नेताओं ने कल पठानकोट में हुये बम

Punjabi Sarad

उनका कहना है कि वे अब पंजाब में नहीं रहेंगे और अगले कुछ दिनों में अपने राज्य को लौट जाएंगे । पोस्टमार्टम के उपरांत इन मजदूरों की लाशों का अजनाला में ग्रामीणों ने अंतिम संस्कार कर दिया । श्री राजेंद्र सिंह ने बताया कि गत 10 दिनों के दौरान अजनाला सब-डिवीजन में 22 प्रवासी मजदूरों की हत्या की जा चुकी है ।

श्री सिंह ने बताया कि गोलियां चलने की आवाज सुन कर किसान जोगेंद्र सिंह, जिसका घर ट्यूबवैल से सिर्फ 50 फुट की दूरी पर है, निकटवर्ती घरों की ओर दौड़ा तथा लोगों से मदद के लिए मांग की । स्तब्ध जोगेंद्र सिंह ने बताया कि आतंकवादियों को चुनौती देने के लिए सिर्फ एक व्यक्ति बाहर निकला लेकिन अपराधी भाग चुके थे । सुरक्षा बलों को इस वारदात की जानकारी आज सुबह ही मिली । घटनास्थल से ए.के. 47 चीनी राइफल के कम से कम 35 खाली कारतूस बरामद हुए ।

मज़दूर की हत्या

फगवाड़ा (राकेश): कल रात यहां के निकटवर्ती गांव पांछटा में उग्रवादियों ने फायरिंग करके एक प्रवासी मज़दूर की हत्या कर दी । बताया जाता है कि कल रात 12½ बजे के करीब यहां से 19 कि.मी. दूर गांव पांछटा थाना फगवाड़ा में एक ईंटों का भट्ठा जो कि तरलोक सिंह व लखवीर सिंह 2 भाइयों का है, पर लगभग 10-12 प्रवासी मज़दूर सो रहे थे तथा 4 मज़दूर वहां भट्ठा पर पहरा दे रहे थे तो 4 उग्रवादियों जो कि स्टेनगनों व रिवाल्वरों से लैस थे, ने वहां आकर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी । इस फायरिंग से एक मज़दूर हीरा लाल (25-30 वर्षीय) निवासी गांव बरुआ जिला रायबरेली उत्तर प्रदेश की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि बाकी के मज़दूरों ने इधर-उधर भाग कर अपनी जानें बचाईं, उग्रवादी फायरिंग करके फरार हो गये । इस घटना का पता चलते ही स्थानीय थाना सदर पुलिस मौके पर घटनास्थल पर गई । इस घटना के बाद वहां पर रह रहे बाकी के मज़दूरों में आतंक छा गया है । उसकी लाश स्थानीय सिविल अस्पताल लाई गई है जहां उसका पोस्टमार्टम किया गया । स्थानीय थाना सदर पुलिस ने इस संबंध में केस दर्ज कर लिया है तथा

बटाला के थाना सदर के गांव नत्त में गत रात कुछ सशस्त्र आतंकवादियों ने एक मकान में घुस कर एक वृद्ध दम्पति, हंस राज (70) तथा कुंदन देवी (60) की गोलियां मार कर हत्या कर दी । घटना के समय ये दोनों सो रहे थे । पुलिस के अधिकृत सूत्रों ने बताया है कि घटना की जानकारी उनको प्रातः मिली थी । घटना स्थल से 9 एम.एम. की एक चली हुई गोली बरामद हुई है । मृतक गांव में किरयाने की दुकान करता था तथा वह और उसकी पत्नी यहां अकेले रहते थे । इनके बच्चे अन्य स्थानों पर नौकरी करते हैं । शव पोस्टमार्टम के लिये गुरदासपुर भेजे गए हैं ।

बम कांड की निंदा

स्थानीय भाजपा प्रधान श्री बलदेव मित्र कांसरा के अतिरिक्त स्थानीय इंका, सी.पी.आई., सी.पी.आई. (एम.), राष्ट्रीय सुरक्षा समिति तथा शिव सेना के नेताओं ने कल पठानकोट में हुये बम धमाकों की निंदा की है तथा कहा है कि बटाला कांड की आग अभी ठंडी नहीं हुई है कि आतंकवादियों ने इसी ज़िले के शांत क्षेत्र में भी हमला कर दिया है । इन नेताओं ने आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है ।

हड़ताल

दीनानगर (कपूर): पठानकोट में हुए बम धमाकों के विरुद्ध रोष व्यक्त करने के लिये आज दीनानगर में पूर्ण हड़ताल रही ।

बड़ा कांड टल गया

होशियारपुर (प्रद्युम्न): यहां से 20 किलोमीटर दूर जनौड़ी थाना हरयाना में स्पैशल पुलिस आफिसर्ज़ (एस.पी.ओ.) की समझदारी तथा चुस्ती से एक बहुत बड़ा कांड जो कारी साहरी जैसा हो सकता था, टल गया तथापि एस.पी.ओ. आज्ञा राम और एक आरेवाला कुंदन लाल गोली लगने से घायल हो गए । उन्हें सिविल अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है । उनकी हालत खतरे से बाहर है । प्राप्त सूचना के अनुसार 5 एस.पी.ओ. जनौड़ी गांव में पहरे पर थे । रात 10 बजे अंधेरे का सहारा लेकर 4 व्यक्तियों ने उन पर फायरिंग की । पहली गोली आज्ञा राम की जांघ पर लगी । वह पीछे हो

Punjabi Sahara

क बस जला दी । पटियाला के निकट मोटर ाइकल सवारों की फायरिंग से 3 व्यक्ति घायल हो ए । बटाला में घनिये के बंगड़ कांड की एक घायल ड़की हिरदे कौर दम तोड़ गई ।

आज रात्रि पंथक कमेटी के सदस्य गुरबचन सिंह ानोचाहल के पाक भागने के प्रयासों की खबरों पर मृतसर के सीमांत ग्रामों में तलाशी ली गई जिस पर क उग्रवादी ने साइनाइड खाकर आत्महत्या कर ी ।

2 मरे 26 घायल

लुधियाना (नेपाल, महिंद्रा, जोशी, मुसाफिर): ुधियाना रेलवे स्टेशन पर आज हुए भीषण बम स्फोट में दो व्यक्ति मारे गए तथा 26 अन्य घायल ो गए । बम एक थैले में छुपा कर दूसरे दर्जे के तीक्षालय में एक बैंच के नीचे रखा था । घायलों में क दर्जन रेल कर्मचारी भी हैं । एक व्यक्ति तो टनास्थल ही मर गया जबकि दूसरा 12 वर्षीय ड़का डोमी, जो कि बिहार का रहने वाला था, स्पताल में दम तोड़ गया ।

'वार्ता' के अनुसार लुधियाना के बम विस्फोट में रने वालों की संख्या कम से कम चार है ।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि विस्फोट से तीक्षालय और बुकिंग आफिस भवन को भारी क्सान पहुंचा । बाद में वहां से धुआं निकलता खाई दिया । जिलाधीश श्री एस.एस. बराड़, लिस प्रमुख ए.पी. पांडे तथा उत्तर रेलवे के प्रमुख धिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं । सारा लाका सील कर दिया गया है । सिविल अस्पताल प्रवक्ता ने बताया कि अस्पताल में दाखिल 17 यक्तियों में से छः को प्राथमिक उपचार के बाद छोड़ या गया । बाकी घायलों में दो की हालत नाजुक । इनमें उस बैंच पर बैठा यात्री भी शामिल है जसके नीचे बम रखा था ।

लुधियाना के एस.एस.पी. श्री ए.पी. पांडे ने कहा क यदि यह विस्फोट कुछ समय पूर्व हुआ होता तो ाफी अधिक प्राण हानि हो सकती थी क्योंकि एक सौ अधिक लोग वहां टी.वी. पर 'रामायण' सीरियल ख रहे थे । विस्फोट से बुकिंग कार्यालयों के शीशे ूट गए । साइन बोर्डों तथा बैठने के बैंचों को भी ति पहुंची । बुकिंग कार्यालयों के शीशे टूटने से कुछ बुकिंग क्लर्कों को भी मामूली घाव आए । विस्फोट स्थल पर यात्रियों का सामान बिखरा पड़ा ा ।

म शक्तिशाली था

श्री पांडे ने बताया कि बम विस्फोट 'रामायण' ीरियल के खत्म होने के थोड़ी देर बाद ही हुआ तथा ब तक लोग तितर-बितर हो चुके थे । श्री पांडे ने हा कि यद्यपि यह एक देसी बम था लेकिन यह ाफी शक्तिशाली' था ।

बम विस्फोट से प्रतीक्षालय में लगे बड़े क्लाक ी सुइयां भी 10.29 बजे के समय पर थम गईं । कट ही लगाया गया एक क्लोज सर्किट घने धुएं से ला हो गया ।

चंडीगढ़ में प्राप्त अधिकृत सूचनाओं में कहा ा है कि जब विस्फोट हुआ उस समय प्रवासी जदूर अपने राज्यों को लौटने के लिए गाड़ियों में

पुलिस पर गोलियां चलाने लगे । पुलिस की जवाबी गोलीबारी में उनमें से एक मर गया । पुलिस ने मृत उग्रवादी के कब्जे से 9 एम.एम. पिस्तौल तथा स्कूटर बरामद कर लिया ।

3 की हत्या

कपूरथला (शर्मा): थाना सुलतानपुर लोधी के अन्तर्गत गांव मोठांवाला में गत रात्रि लगभग साढ़े नौ बजे चीनी असाल्ट राइफलों से लैस 6-7 आतंकवादियों ने गांव के मध्य स्थित एक मकान का दरवाजा तोड़कर भीतर प्रवेश करके चौबारा में एक खुशहाल परिवार की दो स्त्रियों सहित तीन सदस्यों की निर्मम हत्या कर दी तथा एक लड़के को अंधाधुंध गोलियों से गम्भीर रूप से घायल कर दिया । हत्यारे देश विरोधी नारे लगाते हुए पैदल चले गए । वहां दुर्दांत आतंकवादी सुखदेव सिंह झामका के नाम से छोड़े गए एक पत्र में इस हत्या कांड की जिम्मेदारी खालिस्तान कमांडो फोर्स ने अपने ऊपर ली है । परिवार की एक 16-17 वर्षीय लड़की शशिबाला उर्फ पीना जो कि बैठक में सोफा के पीछे छुपकर बच गई तथा घायल लड़के 25 वर्षीय कृष्ण कुमार ने बताया कि रात्रि साढ़े नौ बजे 6-7 कथित सशस्त्र आतंकवादियों ने उनका दरवाजा खड़काया तथा उनके पिता बख्शा राम का नाम लेकर आवाजें दीं,

शुक्रवार की शाम को भटिंडा में पुलिस सब इंस्पैक्टर श्री हरभजन सिंह की आतंकवादियों ने गोली मार कर हत्या कर दी । (चित्र में) मृतक थानेदार की लाश । *(छाया : सोच)*

पुलिस जिला बटाला में थाना फतेहगढ़ चूड़ियां के गांव किला देसा सिंह में आतंकवादियों की गोलियों से

3-4 घरों के मकान के बाहर किए और मकान का दरवाजा तोड़ कर अन्दर प्रवेश करके चौबारा में अंधाधुंध फायरिंग की जिससे लाला बख्शा राम (60 वर्ष), उनकी पत्नी गोबिंदी देवी (55 वर्ष), बहु अनीता की घटनास्थल पर मृत्यु हो गई । लड़का कृष्ण कुमार के पेट तथा बाजू में गोली लगने से बेहोश हो गया तो आतंकवादियों ने उसको मृत समझ लिया तथा दीवारों, टैलीविजन, फ्रिज, आदि में गोलियां मारते नारे लगाते पैदल ही चले गए । ऐसा समझा जाता है कि उनका वाहन गांव के बाहर खड़ा होगा । मृतक बख्शा राम 25 एकड़ जमीन, आढ़त की दुकान का मालिक होने के साथ-साथ सुलतानपुर लोधी में किसान राइस शैलर में हिस्सेदार था । घटना के समय बख्शा राम का एक लड़का सतीश कुमार सुलतानपुर राइस शैलर में था जबकि दूसरा लड़का वीरेन्द्र कुमार खेतों में ट्रैक्टर चला रहा था । उसकी एक लड़की लुधियाना में पी.एच.डी. कर रही है । कपूरथला सिविल अस्पताल में आवश्यक आप्रेशन के पश्चात घायल कृष्ण कुमार की हालत खतरा से बाहर बताई जाती है । इस गांव में दस अल्प संख्यकों के घरों में से सात पलायन कर चुके हैं । सूचना मिलते ही जिलाधीश श्री ए.आर. तलवाड़, एस.एस.पी. स. स्वर्ण सिंह घटनास्थल पर पहुंच गए । डी.आई.जी. जालन्धर रेंज श्री डी.आर. भट्टी आज प्रातः घटनास्थल पर पहुंचे ।

कपूरथला के ज़िलाधीश ने घटनास्थल का दौरा किया तथा मृतकों के आश्रितों को बीस-बीस हज़ार रुपए की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की ।

मारुति कार पकड़ी न जा सकी

पठानकोट (गुप्ता): पठानकोट के लोगों में मारुति कार (नं. 4711) के बारे में बहुत चर्चा है जो बम-विस्फोटों के बाद जुगियाल थीन डैम कालोनी की ओर भागती देखी गई । पठानकोट शिव सेना के नेता जगमोहन शर्मा के अनुसार मारुति कार में सिख नौजवान थे और इस बारे में उसने पुलिस को सूचना दी और पुलिस ने उस का पीछा भी किया । किन्तु मारुति कार भागने में सफल हो गई । मीट मार्कीट के बाहर जो बम फटा उस बारे में बाजार वालों ने बताया कि एक नौजवान सिख को पकड़ लिया गया किन्तु कुछ दुकानदारों के घायल हो जाने से वह भागने में सफल हो गया ।

दो उग्रवादी मारे गए

अमृतसर (ह.स.): गत रात खेमकरण क्षेत्र में गांव नूरवाला के निकट सीमा सुरक्षा बल के साथ मुठभेड़ में दो उग्रवादी मारे गए । सीमा सुरक्षा बल के सूत्रों के अनुसार सीमा पार कर रहे कुछ व्यक्तियों ने नाका पार्टी द्वारा चुनौती दिए जाने पर फायरिंग शुरू कर दी । सीमा सुरक्षा बल और संदिग्ध व्यक्तियों के मध्य दो घंटे तक हुई गोलीबारी में दो उग्रवादी मारे गए जबकि शेष वापस पाकिस्तान भाग गए । क्षेत्र की तलाशी लेने पर एक चीनी असाल्ट राइफल, इसके दो मैगजीन तथा 253 जिंदा कारतूस बरामद हुए । मृत उग्रवादियों की पहचान नहीं हो सकी ।

उग्रवादी द्वारा आत्महत्या

अमृतसर जिले के घरिंडा पुलिस थाना क्षेत्र के

Punjabi Sanath

चंडीगढ़, 22 मई (वार्ता, ह.स.): गत रात के बाद से पंजाब में आतंकवादी हिंसा की घटनाओं में एक परिवार के 3 सदस्यों सहित 7 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई जबकि 3 आतंकवादी मुठभेड़ों में मारे गए । इनमें से 2 मौतें लुधियाना रेलवे स्टेशन पर हुए बम विस्फोट में हुई । बम विस्फोट में 26 लोग घायल भी हुए । जिला भटिंडा में आतंकवादियों ने एक बस जला दी । पटियाला के निकट मोटर साइकल सवारों की फायरिंग से 3 व्यक्ति घायल हो गए । बटाला में घनिये के बंगड़ कांड की एक घायल लड़की हिरदे कौर दम तोड़ गई ।

आज रात्रि पंथक कमेटी के सदस्य गुरबचन सिंह मानोचाहल के पाक भागने के प्रयासों की खबरों पर अमृतसर के सीमांत ग्रामों में तलाशी ली गई जिस पर एक उग्रवादी ने साइनाइड खाकर आत्महत्या कर ली ।

2 मरे 26 घायल

लुधियाना (नेपाल, महिंद्रा, जोशी, मुसाफिर): लुधियाना रेलवे स्टेशन पर आज हुए भीषण बम विस्फोट में दो व्यक्ति मारे गए तथा 26 अन्य घायल हो गए । बम एक थैले में छुपा कर दूसरे दर्जे के प्रतीक्षालय में एक बैंच के नीचे रखा था । घायलों में एक दर्जन रेल कर्मचारी भी हैं । एक व्यक्ति तो घटनास्थल ही मर गया जबकि दूसरा 12 वर्षीय लड़का डोमी, जो कि बिहार का रहने वाला था, अस्पताल में दम तोड़ गया ।

'वार्ता' के अनुसार लुधियाना के बम विस्फोट में मरने वालों की संख्या कम से कम चार है ।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि विस्फोट से प्रतीक्षालय और बुकिंग आफिस भवन को भारी नुक्सान पहुंचा । बाद में वहां से धुआं निकलता दिखाई दिया । जिलाधीश श्री एस.एस. बराड़, पुलिस प्रमुख ए.पी. पांडे तथा उत्तर रेलवे के प्रमुख अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं । सारा इलाका सील कर दिया गया है । सिविल अस्पताल के प्रवक्ता ने बताया कि अस्पताल में दाखिल 17 व्यक्तियों में से छः को प्राथमिक उपचार के बाद छोड़ दिया गया । बाकी घायलों में दो की हालत नाजुक है । इनमें उस बैंच पर बैठा यात्री भी शामिल है जिसके नीचे बम रखा था ।

लुधियाना के एस.एस.पी. श्री ए.पी. पांडे ने कहा कि यदि यह विस्फोट कुछ समय पूर्व हुआ होता तो काफी अधिक प्राण हानि हो सकती थी क्योंकि एक सौ से अधिक लोग वहां टी.वी. पर 'रामायण' सीरियल देख रहे थे । विस्फोट से बुकिंग कार्यालयों के शीशे टूट गए । साइन बोर्डों तथा बैठने के बैंचों को भी क्षति पहुंची । बुकिंग कार्यालयों के शीशे टूटने से कुछ बुकिंग क्लर्कों को भी मामूली घाव आए । विस्फोट स्थल पर यात्रियों का सामान बिखरा पड़ा था ।

बम शक्तिशाली था

श्री पांडे ने बताया कि बम विस्फोट 'रामायण' सीरियल के खत्म होने के थोड़ी देर बाद ही हुआ तथा तब तक लोग तितर-बितर हो चुके थे । श्री पांडे ने कहा कि यद्यपि यह एक देसी बम था लेकिन यह 'काफी शक्तिशाली' था ।

बम विस्फोट से प्रतीक्षालय में लगे बड़े क्लाक की सुइयां भी 10.29 बजे के समय पर थम गईं । निकट ही लगाया गया एक क्लोज सर्किट धने धुएं से काला हो गया ।

चंडीगढ़ में प्राप्त अधिकृत सूचनाओं में कहा गया है कि जब विस्फोट हुआ उस समय प्रवासी मजदूर अपने राज्यों को लौटने के लिए गाड़ियों में सवार होने के लिए वहां एकत्रित थे ।

घायलों में एक 12 वर्षीय बच्चे सहित दो व्यक्तियों की हालत गम्भीर है । इस बच्चे की शिनाख्त नहीं हो पाई है । अत्यंत गम्भीर हालत में पड़े इस बच्चे की कमीज पर लगी पट्टी से लगता है कि वह जालन्धर का रहने वाला है ।

घायलों की सूची

लुधियाना रेलवे स्टेशन पर हुए धमाके में घायल होने वालों के नाम इस प्रकार हैं : सीता राम, शंकर शर्मा, श्री धारी यादव, मुहम्मद असलम अंसारी (सभी बिहारी), मस्त राम राय, जरनैल सिंह गांव दोसांझ कलां जिला जालन्धर, बीरबल राजस्थान, नाहरा, बंडेर, नारायण दास, लाला चंद उत्तर प्रदेश, मोहन तिवारी, राकेश, नत्थू तथा अशोक कुमार (लुधियाना), शिव कुमार बुकिंग क्लर्क, कृष्ण कुमार और गरदयाल सिंह हैड बुकिंग

मध्य मुठभेड़ में एक उग्रवादी मारा गया जबकि दूसरा भागने में सफल हो गया । एस.एस.पी. श्री ए.पी. पांडे के अनुसार जिला लुधियाना में पिछले दिनों कई हत्याएं होने के कारण पुलिस ने कई स्थानों पर नाकाबंदी कर रखी थी । कल रात दो उग्रवादी टिब्बा गांव के रेल पुल के निकट पुलिस को स्कूटर पर आते हुए दिखाई दिए । उन्हें चुनौती दी गई तो वे पुलिस पर गोलियां चलाने लगे । पुलिस की जवाबी गोलीबारी में उनमें से एक मर गया । पुलिस ने मृत उग्रवादी के कब्जे से 9 एम.एम. पिस्तौल तथा स्कूटर बरामद कर लिया ।

3 की हत्या

कपूरथला (शर्मा): थाना सुलतानपुर लोधी के अन्तर्गत गांव मोठांवाला में गत रात्रि लगभग साढ़े नौ बजे चीनी असाल्ट राइफलों से लैस 6-7 आतंकवादियों ने गांव के मध्य स्थित एक मकान का दरवाजा तोड़कर भीतर प्रवेश करके चौबारा में एक खुशहाल परिवार की दो स्त्रियों सहित तीन सदस्यों की निर्मम हत्या कर दी तथा एक लड़के को अंधाधुंध गोलियों से गम्भीर रूप से घायल कर दिया । हत्यारे देश विरोधी नारे लगाते हुए पैदल चले गए । वहां दर्दांत आतंकवादी सुखदेव सिंह झामका के नाम से छोड़े गए एक पत्र में इस हत्या कांड की जिम्मेदारी खालिस्तान कमांडो फोर्स ने अपने ऊपर ली है । परिवार की एक 16-17 वर्षीय लड़की शशिबाला उर्फ पीना जो कि बैठक में सोफा के पीछे छुपकर बच गई तथा घायल लड़के 25 वर्षीय कृष्ण कुमार ने बताया कि रात्रि साढ़े नौ बजे 6-7 कथित सशस्त्र आतंकवादियों ने उनका दरवाजा खड़काया तथा उनके पिता बख्शा राम का नाम लेकर आवाजें दीं, परन्तु उन्होंने दरवाजा नहीं खोला बल्कि लाला बख्शा राम, उनकी पत्नी गोबिन्दी देवी, लड़का कृष्ण कुमार (25 वर्ष) तथा 5-6 महीनों की गर्भवती बहू अनीता रानी (22 वर्ष) मकान के चौबारा में चले गए । लड़की शशिबाला बैठक में सोफा के पीछे छुप गई । आतंकवादियों ने बमों जैसे 3-4 धमाके मकान के बाहर किए और मकान का दरवाजा तोड़ कर अन्दर प्रवेश करके चौबारा में अंधाधुंध फायरिंग की जिससे लाला बख्शा राम (60 वर्ष), उनकी पत्नी गोबिंदी देवी (55 वर्ष), बहू अनीता की घटनास्थल पर मृत्यु हो गई । लड़का कृष्ण कुमार के पेट तथा बाजू में गोली लगने से बेहोश हो गया तो आतंकवादियों ने उसको मृत समझ लिया तथा दीवारों, टैलीविजन, फ्रिज, आदि में गोलियां मारते नारे लगाते पैदल ही चले गए । ऐसा समझा जाता है कि उनका वाहन गांव के बाहर खड़ा होगा । मृतक बख्शा राम 25 एकड़ जमीन, आढ़त की दुकान का मालिक होने के साथ-साथ सुलतानपुर लोधी में किसान राइस शैलर में हिस्सेदार था । घटना के समय बख्शा राम का एक लड़का सतीश कुमार सुलतानपुर राइस शैलर में था जबकि दूसरा लड़का वीरेन्द्र कुमार खेतों में ट्रैक्टर चला रहा था । उसकी एक लड़की लुधियाना में पी.एच.डी. कर रही है । कपूरथला सिविल अस्पताल में आवश्यक आप्रेशन के पश्चात घायल कृष्ण कुमार की हालत खतरा से बाहर बताई जाती है । इस गांव में दस अल्प संख्यकों के घरों में से सात पलायन कर चुके हैं । सूचना मिलते ही जिलाधीश श्री ए.आर. तलवाड़, एस.एस.पी. स. स्वर्ण सिंह घटनास्थल पर पहुंच गए । डी.आई.जी. जालन्धर रेंज श्री डी.आर. भट्टी आज प्रातः घटनास्थल पर पहुंचे ।

कपूरथला के जिलाधीश ने घटनास्थल का दौरा किया तथा मृतकों के आश्रितों को बीस-बीस हजार रुपए की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की ।

मारुति-कार पकड़ी न जा सकी

पठानकोट (गुप्ता): पठानकोट के लोगों में मारुति कार (नं. 4711) के बारे में बहुत चर्चा है जो बम-विस्फोटों के बाद जुगियाल थीन डैम कालोनी की ओर भागती देखी गई । पठानकोट शिव सेना के नेता जगमोहन शर्मा के अनुसार मारुति कार में सिख नौजवान थे और इस बारे में उसने पुलिस को सूचना दी और पुलिस ने उस का पीछा भी किया । किन्तु मारुति कार भागने में सफल हो गई । मीट मार्कीट के बाहर जो बम फटा उस बारे में बाजार वालों ने बताया कि एक नौजवान सिख को पकड़ लिया गया किन्तु कुछ दुकानदारों के घायल हो जाने से वह भागने में सफल हो गया ।

दो उग्रवादी मारे गए

अमृतसर (ह.स.): गत रात खेमकरण क्षेत्र में गांव नूरवाला के निकट सीमा सुरक्षा बल के साथ मुठभेड़ में दो उग्रवादी मारे गए । सीमा सुरक्षा बल के सूत्रों के अनुसार सीमा पार कर रहे कुछ व्यक्तियों ने नाका पार्टी द्वारा चुनौती दिए जाने पर फायरिंग शुरू कर दी । सीमा सुरक्षा बल और संदिग्ध व्यक्तियों के मध्य दो घंटे तक हुई गोलीबारी में दो उग्रवादी मारे गए जबकि शेष वापस पाकिस्तान भाग गए । क्षेत्र की तलाशी लेने पर एक चीनी असाल्ट राइफल, इसके दो मैगजीन तथा 253 जिंदा कारतूस बरामद हुए । मृत उग्रवादियों की पहचान नहीं हो सकी ।

उग्रवादी द्वारा आत्महत्या

अमृतसर जिले के घरिंडा पुलिस थाना क्षेत्र के ग्राम मखना में एक उग्रवादी ने आज अपरान्ह उस

(शेष पृष्ठ 8 पर)



शुक्रवार की शाम को भटिंडा में पुलिस सब इंस्पैक्टर श्री हरभजन सिंह की आतंकवादियों ने गोली मार कर हत्या कर दी । (चित्र में) मृतक थानेदार की लाश । (छाया : सोच)

पुलिस जिला बटाला में थाना फतेहगढ़ चूड़ियां के गांव किला देसा सिंह में आतंकवादियों की गोलियों से मृत बच्चन सिंह । (छाया : कोछड़)

देश के 15 राज्यों में पुलिस की कार्य-दक्षता में 3 से 100 प्रतिशत की गिरावट आई

नई दिल्ली, 22 मई (वार्ता): देश के पन्द्रह राज्यों में पुलिस का काम-काज संतोषजनक नहीं और उसकी कार्य दक्षता में तीन से सौ प्रतिशत तक की गिरावट आई है । लेखा नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक ने राज्य सरकार के दस्तावेजों के आधार पर तैयार की गई एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी है । रिपोर्ट में कहा गया है कि केंद्रीय गृहमंत्रालय को इस बात की भी कोई ठोस जानकारी नहीं है कि पंजाब सहित इन 15 राज्यों में पुलिस का काम-काज कैसा हो और वह कितनी कार्य दक्षता से काम कर रही है । इसका कारण यह है कि इन राज्यों में पुलिस के काम-काज का हिसाब-किताब नहीं रखा गया ।

पंजाब में सहायक पुलिस महानिरीक्षक को दो लाख 61 हजार रुपए की 16 मोटर साइकिलें 1985 के मई में गश्त के लिए दी गई किन्तु राज्य की कानून एवं व्यवस्था को देखते हुए अब तक इन मोटर-साइकिलों का इस्तेमाल नहीं किया गया । अमृतसर जिले में पुलिस को 26 मारुति जीपें दी गईं जबकि उनमें से आठ जीपों ने जब चार हजार से 12


1



3

4

5

6

7

9

10


11


12

13

15

16

17

18

Punjabi Sanatan

ी स्टेशन के द्वितीय श्रेणी के बुकिंग आफिस के बाहर रविवार प्रातः हुए एक भीषण विस्फोट से एक व्यक्ति मौके पर ही मारा गया, जबकि एक घायल अस्पताल में दम तो
ी घायल हुए । चित्रों में–(1) विस्फोट के बाद घटनास्थल पर पड़ा एक शव व बिखरा सामान (इन्सैट बुकिंग आफिस की खिड़कियां), (2) तबाही का एक और दृश्य (
म फटा । अधिकारी मौके का निरीक्षण कर रहे हैं ।) घायलों के चित्र (3) मनोज तिवारी, (4) नारायण दास, (5) राकेश, (6) एक अज्ञात बेहोश युवक, (7) मि
, (9) नाचूर, (10) अर्जुन मंडल, (11) नारा, (12) अशोक कुमार, (13) बन्द्रश्री, (14) लाल चंद्र, (15) बीरबल, (16) गुरदेव मंडल और महेंद्र मंडल, (17)
, (18) मुहम्मद अंसारी, (19) दयाल चंद ।

(छाया : का

इकट्ठा करके छानबीन की तो एक उग्रवादी ने साइनाइड खाकर आत्महत्या कर ली । उसकी तुरन्त शिनाख्त नहीं हो सकी । सुरक्षा बलों ने 6-7 लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है ।

मानोचाहल का चाचा गिरफ्तार

आज रात्रि अमृतसर जिले के झब्बाल थाना क्षेत्र की पुलिस ने गुरबचन सिंह मानोचाहल के चाचा कारंज सिंह को आतंकवाद निरोधक कानून के अंतर्गत गिरफ्तार कर लिया ।

वैद्य की हत्या

अमृतसर जिले के घरेंडा थाना के तहत धनोआ गांव में आतंकवादियों ने वैद्य प्यारे लाल की हत्या कर दी । वैद्य के भाई ब्रह्म दास को भी गम्भीर रूप से घायल करके हत्यारे स्कूटर पर फरार हो गए ।

साइकल मकैनिक की हत्या

बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना फतेहगढ़ चूड़ियां के गांव किला देसा सिंह में गत रात तीन सशस्त्र अज्ञात युवकों ने एक साइकल मकैनिक की हत्या कर दी । एस.एस.पी. पुलिस श्री सुमेध सिंह सैनी ने बताया कि मृतक की शिनाख्त बच्चन सिंह (22) के रूप में की गई है । गत रात तीन सशस्त्र लोग उसे घर से बुलाकर साथ ले गए और दूर खेतों के निकट जाकर उसकी गोलियां मारकर हत्या कर दी । गोलियां चीनी असाल्ट राइफल ए.के. 47 से मारी गई हैं । घटनास्थल से तथा कथित खालिस्तान आर्म्ड फोर्स का एक पत्र मिला है जिसमें इस हत्या की जिम्मेदारी ली गई है ।

बस जला दी

भटिंडा (गोबर): कल शाम इस जिला में फरीदकोट कोली के निकट दो आतंकवादियों ने पैप्सू रोड ट्रांस्पोर्ट कापोरेशन की बस नम्बर पी.यू.पी. 3556 को आग लगा दी । बताया जाता है कि इससे पहले आतंकवादियों ने पिस्तौल की नोक पर यात्रियों को बस से उतार दिया । आतंकवादी कंडक्टर से 1800 रुपए भी छीन कर ले गए । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

औरत की हत्या

एक अन्य सूचना के अनुसार जिला भटिंडा के

उत्तरी भारत में उच्च सतर्कता के आदेश जारी किए गए हैं ।

शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी की बैठक

अमृतसर, 22 मई (ह.स.): सरकार के दस मुद्दों पर आश्वासन बारे पत्र पर विचार-विमर्श के लिए शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी की आपात् बैठक यहां मंगल या बुधवार को बुलाई जाएगी । सचिव श्री भान सिंह ने आज यहां बताया कि आश्वासन बारे पत्र प्रधान के सहायक ने आज सायं प्राप्त किया । उन्होंने कहा कि शिरोमणि कमेटी इस पत्र पर क्या रवैया अपनाती है, यह बताना समय से पूर्व की बात है ।

श्री भान सिंह ने बताया कि जब तक गुरुद्वारा प्रबन्धक समिति की कार्यकारिणी इस पत्र के तथ्यों की जांच नहीं कर लेती तब तक प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की जा सकती । उन्होंने बताया कि कल सुबह यहां गुरुद्वारा समिति के कार्यकारी अध्यक्ष उजागर सिंह रंगरेटा आएंगे । उनसे विचार-विमर्श कर आपात्कालीन बैठक बुलाई जाएगी तथा कल ही सदस्यों को बैठक के लिए नोटिस भेज दिए जाएंगे ।

पंजाब विश्व हिंदू परिषद की कार्यकारिणी में फेरबदल

कोटकपूरा, 22 मई (गर्ग): पंजाब विश्व हिंदू परिषद की कार्यकारिणी में फेरबदल किया गया है । यह बात महामंत्री सरदार चिरंजीव सिंह ने यहां पत्रकारों को बताई । श्री गदाधर राव जोशी संरक्षक, महन्त राम प्रकाश दास को विशेष कार्य हेतु अध्यक्ष बनाया गया है । डाक्टर चरण दास शास्त्री, डा. राजेंद्र विजान, सुश्री जगतावली सूद व डा. कृष्ण गोपाल गोस्वामी उपाध्यक्ष, श्री चिरंजीव लाल शर्मा संगठन मंत्री, श्री रामरिशपाल कालिया व विजय शर्मा संयुक्त मंत्री, श्री यशपाल गुप्ता प्रधान कोषाध्यक्ष व आंतरिक लेखाकार, श्री हरि चंद व तिलक राज कोषाध्यक्ष, श्री गोपाल कृष्ण व भारत भूषण गोयल प्रचार मंत्री और सर्वश्री प्रकाश देव, डा.

Punjabi Sahitya

सुरक्षा बलों ने गांव के लोगों को एक स्थान पर इकट्ठा करके छानबीन की तो एक उग्रवादी ने साइनाइड खाकर आत्महत्या कर ली । उसकी तुरन्त शिनाख्त नहीं हो सकी । सुरक्षा बलों ने 6-7 लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है ।

मानोचाहल का चाचा गिरफ्तार

आज रात्रि अमृतसर जिले के झब्बाल थाना क्षेत्र की पुलिस ने गुरबचन सिंह मानोचाहल के चाचा कारंज सिंह को आतंकवाद निरोधक कानून के अंतर्गत गिरफ्तार कर लिया ।

वैद्य की हत्या

अमृतसर जिले के घरेंडा थाना के तहत धनोआ गांव में आतंकवादियों ने वैद्य प्यारे लाल की हत्या कर दी । वैद्य के भाई ब्रह्म दास को भी गम्भीर रूप से घायल करके हत्यारे स्कूटर पर फरार हो गए ।

साइकल मकैनिक की हत्या

बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना फतेहगढ़ चूड़ियां के गांव किला देसा सिंह में गत रात तीन सशस्त्र अज्ञात युवकों ने एक साइकल मकैनिक की हत्या कर दी । एस.एस.पी. पुलिस श्री सुमेध सिंह सैनी ने बताया कि मृतक की शिनाख्त बच्चन सिंह (22) के रूप में की गई है । गत रात तीन सशस्त्र लोग उसे घर से बुलाकर साथ ले गए और दूर खेतों के निकट जाकर उसकी गोलियां मारकर हत्या कर दी । गोलियां चीनी असाल्ट राइफल ए.के. 47 से मारी गई हैं । घटनास्थल से तथा कथित खालिस्तान आर्म्ड फोर्स का एक पत्र मिला है जिसमें इस हत्या की जिम्मेदारी ली गई है ।

बस जला दी

भटिंडा (गोबर): कल शाम इस जिला में फरीदकोट कोली के निकट दो आतंकवादियों ने पैप्सू रोड ट्रांस्पोर्ट कापोरेशन की बस नम्बर पी.य.पी. 3556 को आग लगा दी । बताया जाता है कि इससे पहले आतंकवादियों ने पिस्तौल की नोक पर यात्रियों को बस से उतार दिया । आतंकवादी कंडक्टर से 1800 रुपए भी छीन कर ले गए । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

औरत की हत्या

एक अन्य सूचना के अनुसार जिला भटिंडा के

इस सम्बन्धी अनेक सुरक्षात्मक पग उठाए है । उत्तरी भारत में उच्च सतर्कता के आदेश जारी किए गए हैं ।

शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी की बैठक

अमृतसर, 22 मई (ह.स.): सरकार के दस मुद्दों पर आश्वासन बारे पत्र पर विचार-विमर्श के लिए शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी की आपात् बैठक यहां मंगल या बुधवार को बुलाई जाएगी । सचिव श्री भान सिंह ने आज यहां बताया कि आश्वासन बारे पत्र प्रधान के सहायक ने आज सायं प्राप्त किया । उन्होंने कहा कि शिरोमणि कमेटी इस पत्र पर क्या रवैया अपनाती है, यह बताना समय से पूर्व की बात है ।

श्री भान सिंह ने बताया कि जब तक गुरुद्वारा प्रबन्धक समिति की कार्यकारिणी इस पत्र के तथ्यों की जांच नहीं कर लेती तब तक प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की जा सकती । उन्होंने बताया कि कल सुबह यहां गुरुद्वारा समिति के कार्यकारी अध्यक्ष उजागर सिंह रंगरेटा आएंगे । उनसे विचार-विमर्श कर आपातकालीन बैठक बुलाई जाएगी तथा कल ही सदस्यों को बैठक के लिए नोटिस भेज दिए जाएंगे ।

पंजाब विश्व हिंदू परिषद की कार्यकारिणी में फेरबदल

कोटकपूरा, 22 मई (गर्ग): पंजाब विश्व हिंदू परिषद की कार्यकारिणी में फेरबदल किया गया है । यह बात महामंत्री सरदार चिरंजीव सिंह ने यहां पत्रकारों को बताई । श्री गदाधर राव जोशी संरक्षक, महन्त राम प्रकाश दास को विशेष कार्य हेतु अध्यक्ष बनाया गया है । डाक्टर चरण दास शास्त्री, डा. राजेंद्र विजान, सुश्री जगतावली सूद व डा. कृष्ण गोपाल गोस्वामी उपाध्यक्ष, श्री चिरंजीव लाल शर्मा संगठन मंत्री, श्री रामरिशपाल कालिया व विजय शर्मा संयुक्त मंत्री, श्री यशपाल गुप्ता प्रधान कोषाध्यक्ष व आंतरिक लेखाकार, श्री हरि चंद व तिलक राज कोषाध्यक्ष, श्री गोपाल कृष्ण व भारत भूषण गोयल प्रचार मंत्री और सर्वश्री प्रकाश देव, डा. चौबे, हरिबिलास गुप्ता कार्यकारिणी के सदस्य लिए

Punjabi Sarita'am

सहित 7 व्यक्तियों की हत्या

फत्तुवाल में लाश मिली : पट्टी में डा. वालिया घायल

पठानकोट में पूर्ण हड़ताल

मुठभेड़ में कुख्यात उग्रवादी मारा गया, एक गिरफ्तार

चंडीगढ़, 23 मई (वार्ता): आतंकवादियों ने आज अमृतसर के गांव संगतपुरा में 2 टीचरों की तथा अन्य स्थानों पर एक कम्युनिस्ट नेता समेत 5 व्यक्तियों की हत्या कर दी । जिला होशियारपुर में गांव फत्तूवाल में एक लाश बरामद हुई । पट्टी में एक डाक्टर को सख्त घायल कर दिया गया । बम कांड के विरोध में पठानकोट में पूर्ण हड़ताल रही । मुठभेड़ में एक उग्रवादी मारा गया ।

2 टीचरों की हत्या

अमृतसर (वि.प्र.): यहां जिला मुख्यालय में पहुंची सूचना के अनुसार थाना मजीठा के गांव संगतपुरा के हाई स्कूल में आतंकवादियों ने हैड मास्टर श्री तिलक राज तथा टीचर श्री बैजनाथ की आज 12.30 बजे बाद दोपहर दो आतंकवादियों ने स्कूल में दाखिल होने के बाद गोलियां मार कर हत्या कर दी । हत्यारे फरार हो गए । पुलिस अधिकारी मौका पर पहुंच गए ।

तथाकथित खालिस्तान कमांडो फोर्स ने इन हत्याओं की जिम्मेदारी ली है ।

डाक्टर वालिया घायल

एक अन्य सूचना के अनुसार कस्बा पट्टी में डाक्टर बलविन्दर सिंह वालिया को आज 2 बजे बाद दोपहर उनके क्लिनिक में तीन आतंकवादियों ने गोलियां मारीं । डाक्टर वालिया को अमृतसर के सरकारी अस्पताल में दाखिल कराया गया है जहां उनकी हालत अत्यन्त नाजुक बताई गई है ।

रानीवाला में हत्या

साथ सोए हुए डेरे के दो महंत फरार हैं । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है ।

कम्युनिस्ट नेता की हत्या

फगवाड़ा (कोड़ा, खोसला): आज प्रातः 11 बजे के लगभग फगवाड़ा-बंगा सड़क पर दो सशस्त्र स्कूटर सवार आतंकवादियों ने निकटवर्ती गांव मेहली के सरपंच व कम्युनिस्ट नेता कामरेड मलकियत चंद की हत्या कर दी । कामरेड मलकियत चंद फगवाड़ा से स्कूटर पर अपने गांव को जा रहे थे कि दो स्कूटर सवारों ने उनका पीछा करके फायरिंग की । कामरेड मलकियत चंद के सिर और मुंह में दो गोलियां लगीं ।

लोगों ने बताया कि गोलियां लगने के बाद भी कुछ मिनट तक कामरेड मलकियत चंद स्कूटर चलाते रहे लेकिन फिर वह गिर पड़े और स्कूटर एक दीवार से जा लगा । उनकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । फगवाड़ा-बंगा सड़क पर दो सौ गज तक खून के धब्बे देखे गए । नजदीक ही गुरुद्वारा सुखचैन के पास सुरक्षा बलों का दस्ता था । उन्होंने दो युवकों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है । बंगा पुलिस 1.30 घंटे बाद घटनास्थल पर पहुंची और लाश उठा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजी । आतंकवादी बहराम से चहेड़ू जाने वाली नहर के रास्ते फगवाड़ा की ओर चले गए ।

सुरक्षा बलों ने आज फगवाड़ा में गुरुनानक कालेज परिसर व श्री सुखचैन साहिब गुरुद्वारा में तलाशियां लीं व लगभग आंधी दर्जन संदिग्ध

Punjabi Sahitya

उग्रवादियों की गोली से मारे गए भाकपा नेता मलकियत चंद मेहली (इन्सैट पुराना चित्र) का शव । (छाया : कौड़ा, प्यारे)

पंजाब में हत्यायें

(पृष्ठ 3 का शेष)

बंगा से खोसला के अनुसार पुलिस ने 55 वर्षीय कामरेड मलकियत चंद के हत्यारों को पकड़ने के लिए गुरुद्वारा सुखचैन व अन्य कई स्थानों पर छापे मारे । कामरेड मलकियत चंद थाना बंगा क्षेत्र के तीसरे कम्युनिस्ट नेता हैं जिनकी हत्या की गई है । वह जालन्धर व कपूरथला जिलों की खेतीबाड़ी यूनियन के सचिव थे । यह भी सूचना है कि पुलिस व सी.आर.पी. ने आज थाना बंगा के कई गांवों में घरों तथा ट्यूबवैलों को घेर कर तलाशियां लीं ।

राकेश के अनुसार कल रात यहां के निकटवर्ती गांव मेहली में कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने वहां के एक किसान अमरजीत सिंह की हवेली से मोटर व एक अन्य किसान सोहन सिंह के कुएं पर से एक डीजल इंजन बैलगाड़ी पर लाद कर ले गए ।

कल स्थानीय थाना सदर पुलिस ने गांव चहेड़ू के 2 व्यक्तियों करनैल सिंह व मोहिन्द्र सिंह को उग्रवादियों को संरक्षण देने के आरोप में गिरफ्तार किया है ।

निहंग के हत्यारे गिरफ्तार

गुरदासपुर (विनोद): जिला पुलिस प्रमुख श्री पी.एम. दास ने बताया है कि थाना काहनूवान पुलिस ने पंथक कमेटी के सदस्य वस्सन सिंह तथा कुख्यात आतंकवादी निरवैर सिंह के प्रमुख सहयोगियों, लक्खा सिंह निवासी कंग तथा जतिन्दर सिंह उर्फ टोनी निवासी भुंबली नामक दो आतंकवादियों, को गिरफ्तार किया है । इन दोनों ने पूछताछ के दौरान स्वीकार किया है कि इन्होंने अपने एक साथी के साथ मिल कर इस माह के प्रथम सप्ताह में गांव भुंबली के निहंग महेंद्र सिंह की हत्या की थी । इन्होंने यह भी बताया है कि यह हत्या वस्सन सिंह तथा निरवैर सिंह के निर्देश पर की गई थी । श्री दास ने बताया कि इनका तीसरा साथी अभी फरार है ।

एक और आतंकवादी की शिनाख्त

श्री दास ने बताया कि गत आठ मई को थाना काहनूवान के कोटली हरचंदा के पास सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में जो छः आतंकवादी मारे गए थे, उनमें से चार की शिनाख्त तो पहले से ही हो चुकी थी, उनमें से एक अन्य आतंकवादी की भी शिनाख्त कर ली गई है । यह जिला पटियाला के थाना घग्गा के गांव बेलूमाजरा का बुधेल सिंह उर्फ कड़ाका सिंह है ।

श्री दास ने बताया कि यह आतंकवादी जिला होशियारपुर में हुए कारी साहरी सामूहिक हत्याकांड के अतिरिक्त अन्य 20 हत्याओं में पुलिस को वांछित था । इसकी गिरफ्तारी के लिए 25 हजार रुपए का इनाम घोषित था । उन्होंने बताया कि यह आतंकवादी खालिस्तान कमांडो फोर्स से सम्बद्ध था । छठे आतंकवादी का शव दरिया में बह गया था जो अभी तक मिल नहीं पाया है । ये सभी आतंकवादी सुरजन सिंह के गिरोह से सम्बद्ध थे ।

पठानकोट में हड़ताल

गत दिवस पठानकोट तथा वहां से 20 किलो मीटर गांव बुगल बधानी तथा कंडवाल में हिमाचल की बसों में हुए बम धमाकों पर रोष व्यक्त करने के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के आह्वान पर आज पठानकोट में व्यापारिक संस्थान बंद रहे परन्तु स्कूल तथा सरकारी कार्यालयों में आम दिनों की तरह काम जारी रहा । एस.एस.पी. श्री दास ने बताया है कि विस्फोटों के संबंध में 9 व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है ।

जिलाधीश श्री डी.एस. कल्हा ने बताया है कि 58 घायलों को अभी तक 1.78 लाख रुपए की राहत दी जा चुकी है तथा अन्य को भी शीघ्र ही राहत दी जाएगी । उन्होंने बताया कि कंडवाल में हुए धमाकों में मरने वालों के आश्रितों तथा घायल होने वालों को हिमाचल सरकार ने राहत दी है ।

पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग करके तीनों को दबोच लिया जबकि इनके दो साथी अंधेरे में भाग गए ।

श्री सैनी ने बताया कि इनकी शिनाख्त कादियां के रविन्द्र सिंह टीटू, लीलकलां के गुरप्रीत सिंह लाली व सदर बटाला के क्षेत्र के लखविन्दर सिंह के रूप में की गई है व इनसे एक .32 बोर का रिवाल्वर, दो पिस्तौल, 13 जिन्दा व 5 चली गोलियां बरामद की गई हैं व आगे पूछताछ जारी है ।

श्री सैनी ने बताया कि इसी रात 5 सशस्त्र संदिग्ध लोग गांव लीलकलां स्थित महेंद्र सिंह के घर से 2 स्टीरियो टेप रिकार्डर, एक कैमरा, एक सीको की रिस्ट वाच व 700 रुपए नगद लूट कर भागे थे । महेंद्र सिंह ने इन तीनों लुटेरों की शिनाख्त कर दी है । लूट का सामान इनके भाग गए दो साथी ले गए हैं, जिन्हें पकड़ने के लिए उनके गुप्त स्थानों पर छापे जारी हैं ।

श्री सैनी ने आगे कहा कि यह गिरोह मुख्यतः लूटमार की गई घटनाओं में पुलिस को वांछित है और गत दिनों स्वर्ण मंदिर अमृतसर में सुरक्षा बलों की कार्रवाई में घायल आतंकवादी ज्ञान सिंह गांव टपई (कादियां) इनका सरगना था । ये खालिस्तान कमांडो फोर्स से संबंधित हैं तथा कादियां में एक वीडियो पार्लर इनका मुख्य अड्डा था । श्री सैनी ने आगे कहा कि यह गैंग धमकी भरे पत्र लिख कर लोगों से रुपए ऐंठने में भी संलिप्त है व इन्होंने थाना कादियां के गांव ततले के एक घर से जब्री लाइसैंसी दोनाली बंदूक भी लूटी थी ।

तूफान सिंह बच निकला

पुलिस प्रमुख श्री सुमेध सिंह सैनी ने बताया कि खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के लै. जनरल जगराज सिंह उर्फ तूफान सिंह 'तूफान' को पकड़ने के लिए इसके छिपने के सभी स्थानों पर लगातार सुरक्षा बल व पुलिस छापे मार रहे हैं लेकिन वह बच निकल गया है और गांव चीमा खुड्डी कादियां में इसके 8 शरणदाता दलबीर सिंह, गुरमेज सिंह, सुखदेव सिंह, गुरनाम सिंह, सतनाम सिंह, जागीर सिंह, जस्सा सिंह व दारा सिंह को आतंकवादी निरोधक एक्ट में गिरफ्तार कर लिया गया है और अन्य की गिरफ्तारी शीघ्र सम्भावित है । सुरक्षा बल व पुलिस लगातार खोजबीन का काम कर रहे हैं । उल्लेखनीय है कि इस खतरनाक आतंकवादी जगराज सिंह उर्फ तूफान सिंह तूफान के दाएं बाजू कुलवंत सिंह बोलेवाला (श्री हरगोबिन्दरपुर) ने गत दिनों स्वर्ण मंदिर अमृतसर में सुरक्षा बलों के समक्ष आत्म-समर्पण कर दिया था ।

अभियुक्त बरी

पटियाला (भूषण): विशेष अतिरिक्त सैशन जज श्री एस.के. चोपड़ा ने गांव बल्लेवाल जिला फिरोजपुर के सतनाम सिंह सत्ता को साक्षी के अभाव में बरी कर दिया है । उसे गत 4 मई को डेरा बस्सी में हिमाचल प्रदेश की एक बस पर फायरिंग के मामले में गिरफ्तार किया गया था । उसके विरुद्ध आरोप था कि वह मोटर साइकिल पर सवार था और उसने बस पर गोलियां चलाईं जिससे कुछ यात्री घायल हो गए ।

पुलिस रिमांड

'संधी' ने चंडीगढ़ से खबर दी है कि कल सुबह बिना नम्बर प्लेट की एक कार में सवार जिन 5 आतंकवादियों बख्शीश सिंह, अमरीक सिंह, जसविन्दर सिंह, गुरेन्द्र सिंह व उपकार सिंह को शहर में घुसने के प्रयास में हथियारों समेत सैक्टर 44 के गुरुद्वारा शहीदां के पास गिरफ्तार किया था, उनका आज इलाका मैजिस्ट्रेट की अदालत से 26 मई तक का पुलिस रिमांड ले लिया गया । एस.एस.पी. चंडीगढ़ श्री आर.पी. सिंह के अनुसार गुरेन्द्र सिंह के कब्जे से 12 बोर की पिस्तौल व 6 कारतूस, उपकार सिंह ने 30 बोर का पिस्तौल व 12 कारतूस, बख्शीश सिंह से 38 बोर का रिवाल्वर व 6 कारतूस, अमरीक सिंह से 22 बोर का रिवाल्वर व 10 कारतूस तथा जसवंत सिंह के पास से 303 बोर की राइफल व 15 कारतूस बरामद किए गए । इसी बीच ज्ञात हुआ है कि इन

लाश बरामद

होशियारपुर : थाना हरयाना के गांव फत्तूवाल के खेतों से एक व्यक्ति शाम सिंह (40-45 वर्षीय) की लाश मिली है जिस पर चोटों के निशान हैं । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

तस्कर गिरफ्तार

फाज़िल्का (लूना): भारत-पाक सीमा पर फाजिल्का सैक्टर में गांव पक्का चिश्ती में सदर पुलिस ने कुख्यात तस्कर कश्मीर सिंह को गिरफ्तार किया है । वह पाकिस्तान से हैरोइन लाकर भारत में सप्लाई करता था तथा भारत निर्मित व्हिस्की पाकिस्तान ले जाता था । उसका 23 मई तक पुलिस रिमांड लिया गया है ।

स्वर्णकार की हत्या

संगरूर (गर्ग): यहां से 35 किलो मीटर दूर गांव सुखपुरा में आतंकवादियों ने एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी । बताया जाता है कि रात लगभग सवा 9 बजे 4 आतंकवादी पैदल ही सुखपुरा में पहुंचे तथा बाबू राम स्वर्णकार के घर गए । अंदर जाते ही उन्होंने गोलियां चलाईं जिससे उसकी वहीं पर मौत हो गई । जाते हुए आतंकवादी घर से जेवर, नकदी भी ले गए तथा पैदल ही वहां से चले गए । केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी गई है ।

स्त्री की हत्या

इसी जिले के रोहला गांव में आतंकवादियों ने एक व्यक्ति मान सिंह की पत्नी की छुरा मार कर हत्या कर दी तथा उसकी दो बेटियों को सख्त घायल कर दिया ।

4 खम्बे जला डाले

सरदूलगढ़ से सिंगला के अनुसार गत रात स्थानीय आसा रोड पर कुछ शरारतियों ने आग लगा कर 4 खम्बे जला दिए । इस घटना के विरोध में आज सरदूलगढ़ में दुकानें बंद रहीं ।

वह भूरा था

जालन्धर (वार्ता): गोराया थाना के अंतर्गत गांव सड़का के निकट गत शनिवार को मुठभेड़ में मारे गए आतंकवादी की शिनाख्त भरपूर सिंह उर्फ भूरा के रूप में हुई है । वह थाना नकोदर के गांव हीरां का निवासी था ।

तीन उग्रवादी गिरफ्तार

कपूरथला (शर्मा): एस.एस.पी. श्री स्वर्ण सिंह ने बताया कि थाना सुलतानपुर लोधी के मौजा पसन के निकट धुस्सी बांध पर गत रात पुलिस व अर्ध सैनिक बलों ने नाकाबंदी के दौरान 10 पिनट मुठभेड़ के बाद तीन कथित आतंकवादियों परगट सिंह उर्फ बिल्ला सकना बाबूपुर छन्ना थाना सुलतानपुर लोधी, हरजिन्दर सिंह उर्फ पाला मुहल्ला किला वाला कपूरथला, गुरदीप सिंह सकना केसरी बाग कपूरथला को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 2 बन्दूकें 12 बोर, एक पिस्तौल 315 बोर तथा गोली-सिक्का बरामद कर लिया । प्रारम्भिक पूछताछ के दौरान इन तीनों ने कई डाकों, हत्या की वारदातों का इकबाल किया है । उनसे पूछताछ जारी है ।

लूटने का प्रयास विफल

थाना भुलत्थ ने गांव बरियार के निवासी जोगेन्द्र सिंह ने तीन संदिग्ध आतंकवादियों की लूटने की कोशिश नाकाम बना दी । पुलिस ने बताया कि आतंकवादियों ने जोगेन्द्र सिंह के घर पर कल आधी रात से थोड़ा पहले धावा बोला । उनके हाथों में खिलौना पिस्तौलें देख कर जोगेन्द्र सिंह ने उनका प्रतिरोध किया तथा शोर मचा दिया । लोगों ने उन्हें पकड़ने की कोशिश की लेकिन आतंकवादी भागने में सफल हो गए ।

लुधियाना में हत्या

लुधियाना से महेंद्रा और धीमान ने खबर दी है कि आज शाम 7 बजे तीन सशस्त्र उग्रवादी एक बिना नम्बर के स्कूटर पर प्रभात नगर में आए और मुहल्ला प्रधान श्री मोहन लाल कौशल और उनके एक साथी श्री शेर सिंह को गोलियां मार कर फरार हो गए ।

बाद में मोहन लाल कौशल की अस्पताल में मृत्यु हो गई । वे प्रभात नगर नागरिक संघ के अध्यक्ष थे ।

उग्रवादी मारा गया

रामपुराफूल से सरस्वती के अनुसार ग्राम धंडाबन्ना के पास उग्रवादियों व सुरक्षा बलों के बीच

है । एक स्थानीय कपड़ा व्यापारी गुरचरण सिंह, जो अपने परिवार सहित पांच मास बाद दरबार साहब आया, ने कहा कि अवांछित तत्वों से पवित्र परिसर मुक्त हो जाने पर उसने राहत महसूस की है । उसने बताया कि हमारे रिश्तेदारों को धमकी भरे पत्र, जिनमें लाखों रुपए की मांग की होती थी, मिलने के बाद हमने दरबार साहब आना छोड़ दिया था । उसने दुखी स्वर में बताया कि 'पत्रों' के बाद परिक्रमा के कमरों में रुपए दिए गए । उसने कहा कि अब हमें इस तरह की कोई चिन्ता नहीं कि यहां कोई हमारा पीछा नहीं कर रहा ।

एक अन्य स्थानीय व्यक्ति ओम प्रकाश ने कहा कि परिसर में भय और आतंक के वातावरण के कारण यहां आने से हिन्दू डरते थे परन्तु आज वही पुराना धार्मिक वातावरण दिखाई दे रहा है ।

सेना के एक सेवानिवृत्त अधिकारी श्री एस.एस. रंधावा ने दरबार साहब को उग्रवादियों से मुक्त कराए जाने को उचित बताया और कहा कि पहले आम आदमी का यहां आना सुरक्षित नहीं था ।

धर्म स्थानों में प्रवेश

पटना से अपने पति और बच्चों सहित एक वर्ष बाद माथा टेकने आई महिला ने कहा कि न सरकार और न ही उग्रवादियों को धर्म स्थानों में प्रवेश करना चाहिए ।

शहर का एक अन्य व्यापारी 60 वर्षीय गुरदयाल पिछले 25 बरस से प्रति दिन मन्दिर के सरोवर में स्नान के लिए आता रहा है । आज स्नान के बाद उसने बताया कि "मैं मन्दिर में मत्था टेकने के बाद अपनी दुकान जाता हूं ।"

गुरदयाल ने बताया कि कर्फ्यू के दौरान भी उसे पुलिस अधीक्षक ने मन्दिर में घुसने के लिए पास जारी किया था । उसके पास पर पुलिस अधीक्षक ने टिप्पणी लिखी थी कि 'यह भगवान का बंदा है ।' उसने इस बात पर खुशी जाहिर की कि अब वह निरापद होकर स्वर्ण मन्दिर में आ सकेगा ।

पोस्टर व नक्शे

परिक्रमा में स्थित कमरों की दीवारों पर एक दर्जन से अधिक 'खालिस्तान' के पोस्टर और 'नक्शे' अभी तक लगे हुए हैं । कमरा नम्बर 14 के बाहर 'खालिस्तान का दफ्तर' का बोर्ड भी ज्यों का त्यों है ।

केन्द्रीय सिख संग्रहालय को क्षति

स्वर्ण मन्दिर को आतंकवादियों से मुक्त कराने की कार्रवाई के दौरान हाल ही में सुरक्षा और आतंकवादियों के बीच दस दिन तक गोलीबारी में केन्द्रीय सिख संग्रहालय को भारी नुक्सान हुआ है ।

संग्रहालय घंटाघर की तरफ के द्वार के ऊपर स्थित है । घंटाघर की तरफ से हुई गोलीबारी के दौरान बहुत-सी गोलियां खिड़कियों को छेदती हुई चली गईं । गोलियों से कई ऐतिहासिक तैल चित्रों को भारी नुक्सान पहुंचा ।

संग्रहालय में रखे पवित्र प्राचीन ग्रंथों और सदियों पुराने वाद्य यंत्रों को गोलीबारी से क्षति पहुंची । ये वाद्य यंत्र खिड़कियों के पास ही बक्सों में रखे थे इसलिए ये गोलीबारी की चपेट में आ गए । कुल मिलाकर छोटे-बड़े 13 तैल चित्रों को क्षति पहुंची ।

करीब 26 वर्ष पूर्व बना संग्रहालय दूसरी बार गोलीबारी से प्रभावित हुआ है । इससे पहले 1984 में आप्रेशन ब्ल्यू स्टार के दौरान इस संग्रहालय को नुक्सान पहुंचा था ।

संग्रहालय के चारों कमरों में कई विख्यात चित्रकारों द्वारा बनाए गए करीब 300 तैल चित्र हैं । इनमें सोभा सिंह और जी.एस. सोहन सिंह के चित्र भी हैं, जिनमें सिख गुरुओं, देश भक्तों और अन्य प्रमुख धार्मिक नेताओं के व्यक्तित्व और कृतित्व तथा सिख इतिहास की प्रमुख घटनाओं को दर्शाया गया है ।

संग्रहालय में अनेक प्राचीन सिक्के, ऐतिहासिक दस्तावेज, हस्तलिखित ग्रंथ भी रखे हैं । इनके अलावा सिख गुरुओं द्वारा समय-समय पर जारी किए गए हुकमनामे, उनके हथियार और नए-पुराने वाद्य यंत्र भी रखे हैं । कई तैल चित्रों में गोलियां और छर्रे लगने से नुक्सान पहुंचा । अनेक दर्शनार्थी इन तैल चित्रों और वाद्य यंत्रों को हुए नुक्सान को देखने को बेताब हो रहे थे ।

कर्फ्यू हटा

स्वर्ण मन्दिर के आसपास तीन सौ मीटर के दायरे में पिछले 14 दिन से लागू अनिश्चितकालीन

क्लासीफाइड विज्ञापन

दाखिला शुरू

B/W, रंगबार, टैलीविज़न, V.C.R. कोर्स । नैशनल इलैक्ट्रोनिक ट्रेनिंग कालेज, सामने आऊट गेट,

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 23.5.88, 48/- without trays. NECC Suggested Retail Price 6.60 per Dozen

ए.एस.आई. व सिपाही सहित 13 की हत्या : 2 लाशें मिलीं

चंडीगढ़, 24 मई (वार्ता, ह.स.): पिछले 24 घंटों के दौरान खूंखार 'ए' श्रेणी आतंकवादी हुसना सिंह समेत 3 दुर्दांत आतंकवादी सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ों में मारे गए जबकि एक थानेदार व सिपाही सहित 13 व्यक्ति आतंकवादी हिंसा का शिकार हुए । होशियारपुर के एक गांव में तथा लुधियाना के थाना सदर खन्ना क्षेत्र में एक-एक लाश मिली । मारे गए आतंकवादियों के शवों के निकट भारी मात्रा में हथियार व गोली-सिक्का बरामद हुआ । सुरक्षा बलों ने एक परिवार के 9 सदस्यों को जिंदा जलाने का उग्रवादियों का प्रयास विफल बना दिया ।

वैटर्नरी डाक्टर की हत्या

बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला के थाना फतेहगढ़ चूड़ियां के गांव तेजाबीला के पास दो अज्ञात आतंकवादियों ने एक वैटर्नरी डाक्टर अशोक कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी तथा उसकी मोपेड लेकर फरार हो गए । अधिकृत पुलिस सूत्रों के अनुसार मृतक डाक्टर थाना डेरा बाबा नानक के गांव शाहपुर जाजन का रहने वाला था तथा अपनी मोपेड पर गांव तेजाबीला में पशु डिस्पैंसरी जा रहा था ।

आतंकवादी के चाचा की हत्या

गुरदासपुर (विनोद): गत रात थाना धारीवाल के गांव दुल्लोवाल में तीन आतंकवादियों ने अपने एक साथी के चाचा की हत्या कर दी । जिला पुलिस प्रमुख श्री पी.एम. दास ने आज यहां बताया है कि रात के लगभग 11 बजे तीन आतंकवादी गांव दुल्लोवाल निवासी कुलदीप सिंह निहंग के घर आए तथा छत पर सो रहे उसके चाचा खजान सिंह से निहंग बारे पूछताछ की । खजान सिंह द्वारा कुछ भी न बताने पर उन्होंने ए.के. 47 असाल्ट राइफल से गोलियां चलाकर खजान सिंह की हत्या कर दी तथा फरार हो गए ।

श्री दास ने बताया कि कुलदीप सिंह निहंग हाल ही में पाकिस्तान से शस्त्रों आदि का प्रशिक्षण लेकर भारत लौटा था । मृतक खजान सिंह एक गुरुद्वारे में ग्रंथी था ।

मुठभेड़

श्री दास ने बताया कि जब ये तीनों आतंकवादी खजान सिंह की हत्या करके भाग रहे थे तो निकटवर्ती गांव पसनावाल में उनकी स्पैशल पुलिस फोर्स से भिड़ंत हो गई जो कि लगभग आधा घंटा चली । दोनों तरफ से किसी भी प्रकार की क्षति नहीं हुई । पुलिस को घटनास्थल से ए.के. 47 असाल्ट राइफल के 90 कारतूसों के खोल मिले हैं । श्री दास ने बताया कि इन तीनों आतंकवादियों की शिनाख्त कर ली गई है तथा ये सुखदेव सिंह निवासी गांव चोपड़ा, बूटा सिंह निवासी गांव लेहल तथा बब्बी-निवासी गांव मान है ।

चार आतंकवादी गिरफ्तार

श्री दास ने बताया कि पुलिस ने पठानकोट में कुख्यात आतंकवादी निरवैर सिंह के चार साथियों को गिरफ्तार किया है । इन चारों व्यक्तियों की शहर में कोई बड़ी वारदात करने की योजना थी । इन गिरफ्तार व्यक्तियों में हरजीत सिंह-मोहल्ला प्रीतनगर पठानकोट, बलकार सिंह-गोबिंद नगर पठानकोट, तरसेम सिंह (होम गार्ड कर्मचारी) तथा करतार सिंह-निवासी बब्बरी नंगल शामिल हैं । इन व्यक्तियों को पठानकोट में खालिस्तान समर्थक नारे लगाने के आरोप में पकड़ा गया था ।

श्री दास ने बताया कि आरम्भिक पूछताछ के दौरान इन्होंने स्वीकार किया है कि ये इस माह के प्रथम सप्ताह हरिमन्दिर साहिब में निरवैर सिंह से मिले थे तथा उससे मांग की थी कि इन्हें पठानकोट में बड़ी वारदात करने के लिए शस्त्रास्त्र उपलब्ध कराए जाएं । इस पर निरवैर सिंह ने इनको कहा था कि वे 15 मई को दरबार साहिब में आकर शस्त्रास्त्र ले जाएं । परन्तु दरबार साहिब की घेराबंदी के कारण उनकी योजना सफल न हो सकी । ये लोग शहर में प्रमुख व्यक्तियों की हत्या करना चाहते थे ।

हत्या कांड का ब्यौरा

लुधियाना (आहूजा): कल शाम यहां आतंकवादियों द्वारा श्री मोहन लाल कौशल की हत्या की गई थी । इस सम्बन्ध में प्राप्त ब्यौरे के अनुसार 57 वर्षीय श्री कौशल-ब्लाक कांग्रेस कमेटी नं. 14 के महासचिव थे । उनकी प्रभात नगर में पशुओं के चारे की दुकान थे । तीन आतंकवादी बिना नम्बर के स्कूटर पर वहां आए तथा श्री कौशल पर बहुत नजदीक से गोलियां चलाई । हमलावरों में दो केशधारी थे । मोहन लाल के कंधे, छाती तथा पेट के नीचे के भाग में एक-एक गोली लगी । उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया जहां वह दमतोड़ गए । दुकान के पास खड़ा एक अन्य व्यक्ति शेर सिंह गोली चलते समय भाग खड़ा हुआ । आतंकवादियों ने उसपर भी गोली चलाई जो कि उसके कंधे पर लगी, उसे सी.एम.सी. में दाखिल कराया गया जहां उसकी दशा खतरे से बाहर बताई जाती है । वह किसी गुरुद्वारे का मैनेजर बताया जाता है ।

आप्रेशन

महिन्द्रा के अनुसार पंजाब कांग्रेस (इ) कमेटी के महासचिव डा. केवल कृष्ण का आज दयानन्द अस्पताल में आप्रेशन हुआ । डाक्टरों के अनुसार एक गोली उनके दाएं बाजू से निकाली गई है । उनकी हालत में पर्याप्त सुधार हुआ है ।

उनका कुशल-क्षेम पूछने के लिए आज पंजाब के भूतपूर्व मंत्री कैप्टन रत्न सिंह अस्पताल पहुंचे ।

यहां के इंका नेता श्री मोहन लाल कौशल का आज यहां डोलेवाल श्मशानघाट में तीसरे पहर अन्तिम संस्कार कर दिया गया । श्री कौशल की मृत्यु के शोक में प्रभात नगर की सभी दुकानें बंद रहीं ।

लूट लिया

फिरोजपुर (कंतोड़): कल आधी रात के समय थाना सदर फिरोजपुर के अन्तर्गत गांव पल्ला मेघा में भोला सिंह को तीन सशस्त्र व्यक्तियों ने बंदूक की नोक पर लूट लिया । सशस्त्र व्यक्तियों ने भोला सिंह व उसके दो लड़कों को रस्सी से बांध दिया तथा 5 हजार रुपए नकद व कुछ जेवर ले गए । उन लोगों ने फायरिंग भी की । भोला सिंह की पत्नी ने गांव वालों को सहायता के लिए आवाज दी लेकिन किसी ने उसकी मदद नहीं की ।

प्रवासी मजदूरों पर फायरिंग

बाबा बकाला (मेहरा): गत रात 10.30 बजे यहां से 12 किलो मीटर दूर थाना ब्यास के गांव जमालपुर में संदिग्ध आतंकवादियों ने कुछ प्रवासी मजदूरों पर फायरिंग की परन्तु अचानक सी.आर.पी. की गश्ती टुकड़ी के वहां पहुंच जाने के कारण कोई प्राण हानि नहीं हुई ।

परिवार के 6 लोगों की हत्या

जालन्धर (क): गत आधी रात के करीब तकोदर थाना के गांव धालीवाल में आधी दर्जन उग्रवादी एक ब्राह्मण परिवार के मकान में दीवारें फांद कर घुस गए और अंधाधुंध फायरिंग करके छः व्यक्तियों की हत्या कर दी जबकि परिवार की एक दस मास की बच्ची बिल्ला घायल हो गई । इससे पूर्व उग्रवादियों ने गांव में पहुंचने पर गांव की वालंटियर फोर्स के एक सदस्य बलविंदर सिंह को भी गम्भीर रूप से घायल किया । घायल बलविंदर सिंह व बच्ची बिल्ला को आज प्रातः नकोदर के अस्पताल में दाखिल कराया गया जबकि बाद में बिल्ला को यहां आप्रेशन के लिए सिविल अस्पताल में लाया गया । उसके कंधे में गोली लगी है ।

मृतकों के नाम हैं, श्रीमती सत्या देवी (50) पत्नी श्री तिलक राज, उसका लड़का राममूर्ति (26), दूसरा लड़का पृथ्वी राज उर्फ बेरु (22), लड़की ओम रानी (15), पृथ्वी राज का लड़का बाज (3) और सत्या देवी के तीसरे लड़के विजय कुमार की पत्नी व बच्ची बिल्ला की मां पिंकी (23) । विजय कुमार दुबई में काम करता है जबकि राममूर्ति गांव में बर्तन कलई करने का धंधा करता था ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार आधी रात उग्रवादी दो बुलेट मोटर साइकलों पर आए और पहले गांव की वालंटियर फोर्स के बलविंदर सिंह पर फायर किया और उसे घायल कर दिया । बताया गया है कि बलविंदर सिंह ने भी उन पर फायर किया ।

उसके बाद वह दीवार फांदकर सत्यादेवी के मकान में घुस गए और ए.के. 47 राइफल तथा अन्य आटो मैटिक हथियारों से अंधाधुंध फायरिंग करके परिवार के छः सदस्यों की हत्या कर दी । बच्ची बिल्ला की तीन वर्षीय बहन किसी प्रकार बच गई । वारदात गत आधी रात को हुई किन्तु इसकी सूचना गांव के युवा सरपंच ने आज प्रातः 6 बजे पुलिस को जाकर दी । रात दहशत के मारे कोई घरों से निकला नहीं । सूचना मिलने पर यहां से उच्च पुलिस अधिकारी धालीवाल पहुंच गए । सुरक्षा बलों ने सारे क्षेत्र को घेर लिया किन्तु दोषियों का कोई सुराग नहीं मिला । पुलिस को घटनास्थल से बड़ी गिनती में कारतूसों के खोल मिले ।

बच्ची बिल्ला को यहां सिविल अस्पताल लाने

थाना नकोदर के गांव धालीवाल में गत रात उग्रवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग करके एक ही परिवार के सदस्यों (1) सत्या रानी, (2) उसके बेटे राममूर्ति (इनसैट में राममूर्ति का पुराना चित्र), (3) घर के एक सदस्य, (4) ओमी रानी (इनसैट में उसका पुराना चित्र), (5) पिंकी, (6) सत्या रानी के पोते को मौत के घाट उतार दिया, जबकि दो अन्य (7) बेटी तथा (8) 9 मास की एक बच्ची को घायल कर दिया (9) परिवार की शोकाकुल महिलाएं ।



दरबार साहिब अमृतसर में श्रद्धालु माथा टेकने जाते हुए । चित्र में दश कर्मचारी श्रद्धालुओं की तलाशी लेते हुए ।

गुरुद्वारा कानून में

नई दिल्ली, 24 मई : सरकार ने आतंकवादी गतिविधियों पर कड़ाई से अंकुश लगाने के लिए तीन अधिनियमों में संशोधन करने का प्रस्ताव किया है । इनमें शस्त्र कानून अधिनियम, सिख गुरुद्वारा अधिनियम तथा धार्मिक स्थलों के दुरुपयोग को रोकने वाला संशोधन शामिल होगा ।

समझा जाता है कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सिख गुरुद्वारा अधिनियम में संशोधन करने संबंधी अध्यादेश के मसौदे को आज रात अंतिम रूप दे दिया । इस संशोधन से उग्रवादी तथा अवांछनीय तत्वों द्वारा धार्मिक संस्थानों के दुरुपयोग पर पाबंदी लगाई जा सकेगी ।

प्रधानमंत्री राजीव गांधी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में पंजाब की स्थिति की समीक्षा की गई ।

अमृतसर में स्वर्ण मंदिर परिसर से उग्रवादियों को बाहर निकालने के लिए चलाए गए सफल अभियान के बाद हुई इस बैठक में महसूस किया गया कि सिख गुरुद्वारा अधिनियम की खामियों को दूर करने के लिए एक अध्यादेश जारी किया जाए । अध्यादेश शीघ्र जारी किए जाने की सम्भावना है ।

यह जानकारी आज यहां केंद्रीय गृहमंत्री श्री बूटा सिंह तथा गृह राज्यमंत्री पी. चिदम्बरम ने संसद में विरोधी दलों के नेताओं की एक बैठक में दी ।

गृहमंत्री बूटा सिंह ने आज यहां कहा कि स्वर्ण मंदिर की पवित्रता एवं मर्यादा बनाए रखने की गारंटी के बिना इसका नियंत्रण शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी को सौंपना जनहित में नहीं होगा । श्री सिंह ने कहा कि प्रबन्धक कमेटी ने उपायुक्त के उस पत्र का कोई जवाब नहीं दिया जिसमें कुछ शर्तों के अधीन स्वर्ण मंदिर को प्रबन्धक कमेटी को सौंपने की पेशकश की गई थी । श्री सिंह ने आशा प्रकट की कि शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी जनता की प्रबल भावना का आदर करते हुए स्वर्ण मंदिर के प्रबन्ध की अपनी जिम्मेदारी निभाएगी और अपने उत्तरदायित्व को समझते हुए सरकार को इस बात का आश्वासन देगी कि आतंकवादियों को इस तीर्थ स्थल में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

श्री चिदम्बरम ने स्वर्ण मंदिर को आतंकवादी गतिविधियों से मुक्त कराने की कार्रवाई के समर्थन के लिए विरोधी दलों का आभार व्यक्त किया । उन्होंने इसे एक सीमित उद्देश्य वाली कार्रवाई बताया । उन्होंने दावा किया कि इस कार्रवाई के

उन्होंने बताया कि आतंक के लिए सुरक्षा बलों को राज्य के करीब छः सौ गां किए गए हैं । जल्दी ही प्रकार के सुरक्षा बल गठि

करीब दो घंटे तक दलों के नेताओं ने आतंक की मांग करते हुए कहा सरकार को पंजाब की समाधान ढूंढना चाहिए जोधपुर के बंदियों को रि संयुक्त अकाली दल की क इस पार्टी ने अभी तक अ शब्द नहीं कहा है ।

बैठक में भाग लेने नेताओं ने शिरोमणि गुरु इस बात के लिए कड़ी आ स्वर्ण मंदिर में आतंकवा लिए जो आश्वासन चाहा

दरबार रस्में शु

अमृतसर, 24 मई (ह आज दूसरे दिन खोले गए श्रद्धालु दर्शनार्थ गए । ग्रामीण क्षेत्रों से आए थे । द्वार के बाहर बने बैरियर लोगों की अच्छी तरह जांच जाने वाले लोगों का मुख्य अ कमरे रहे जो उग्रवादियों के की खिड़कियों और सुराखों भीड़ लगी रही ।

इसी बीच मंदिर की करानें के कार्य में भी तेजी में 'प्रशाद' तैयार किया लाया गया 'लंगर' श्रद्ध गया । दरबार साहब में कल से शुरू होने की संभा

मंदिर में छिटपुट मुठ

गत सप्ताह उग्रवादियों ने गांव समराय में हत्या कर दी थी, की रस्म पगड़ी आदि के लिए समराय गए हुए थे जिस कारण वह बच गए ।

बाद में डिप्टी कमिश्नर जालन्धर श्री सुधीर मित्तल भी गांव धालीवाल गए और मृतकों के रिश्तेदारों से सहानुभूति प्रकट की । उन्होंने प्रत्येक मृतक के लिए परिवार को बीस-बीस हजार रुपए तथा दोनों घायलों के मुफ्त इलाज की घोषणा की ।

पुलिस को घटनास्थल पर भिंडरांवाला टाइगर फोर्स के पैड पर लिखा एक नोट भी मिला जिसमें हत्याओं की जिम्मेदारी ली गई है ।

न.न.ए. के अनुसार आतंकवादियों ने पीली पगड़ियां तथा सफेद रंग के कुर्ते पाजामे पहने हुए थे ।

नकोदर से 'गगन' के अनुसार जब आतंकवादी गोलियां चला रहे थ तो उन्होंने आस-पड़ोस के लोगों को ललकारा कि कोई इनकी मदद करना चाहता है तो आए लेकिन भय के मारे कोई बाहर न आया । श्रीमती सत्यावती ने एक आतंकवादी के बाल भी नोचे लेकिन गोली लगने से वह बेबस हो गई । श्रीमती सत्यादेवी का अपना लड़का राम लुभाया भी गांव में दूसरी ओर रहता था वह भी डर के मारे नहीं आया । घटनास्थल पर डी.एस.पी. श्री जगदीश कुमार ने बताया कि हम गांव में पुलिस चौकी बनाना चाहते थे लेकिन गांव वालों ने कहा था कि हम खुद ही पहरा दे लेंगे, हमें हथियार दे दो ।

गांव के बुजुर्गों का कहना है कि इस गांव में हत्याओं की यह दूसरी घटना है अतः अब अल्पसंख्यक यहां नहीं रहेंगे क्योंकि उनमें असुरक्षा की भावना पैदा हो गई है । गांव में इतना आतंक है गतिविधियों पर नजर रखी जा रही थी । उन्होंने इन हत्याओं की कड़ी निंदा की ।

फगवाड़ा (कपूरथला): कल फगवाड़ा के पास उग्रवादियों द्वारा कम्युनिस्ट नेता कामरेड मलकीयत चन्द मेहली की हत्या के सम्बन्ध में आज तड़के सुरक्षा बलों ने निकटवर्ती गांव साहनी वीड़ पुआद व खोलड़ा सहित आधा दर्जन गांवों में तलाशियां लीं व छापे मारे । इस अभियान के दौरान समाचार विक्रेताओं तक को दो घंटे तक कहीं आने-जाने नहीं दिया गया ।

मेहली की हत्या की खालिस्तान लिबरेशन फोर्स ने जिम्मेदारी ली है । फोर्स के जनरल अवतार सिंह ब्रह्मा व लैफ्टिनैंट जनरल गुरजंट सिंह ने कहा है कि कामरेड मेहली पुलिस का मुखबिर था ।

राकेश के अनुसार गत दिवस स्थानीय थाना सदर पुलिस ने गांव चहेड़ू के दो व्यक्तियों करनैल सिंह व मोहिन्द्र सिंह को उग्रवादियों को संरक्षण देने के आरोप में गिरफ्तार किया था, को अदालत ने 6 जून तक जुडीशियल रिमांड में सौंप दिया है ।

थानेदार, सिपाही की हत्या

अमृतसर (ह.स.): आज प्रातः यहां से दस किलोमीटर दूर मंड के अन्दर गांव कम्बो ढैयावाला में आतंकवादियों ने घात लगाकर हमला करके पुलिस के एक सहायक सब-इंस्पैक्टर बलजीत सिंह व कांस्टेबल दर्शन सिंह की हत्या कर दी । एस.एस.पी. श्री सुरेश अरोड़ा के अनुसार पुलिस की एक पार्टी जिसमें दो ए.एस.आई., तीन हैड कांस्टेबल तथा पांच कांस्टेबल थे, जीप में हरीके से किसी स्थान पर छापा मारने जा रही थी कि तथा कथित खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के आतंकवादियों ने घात लगाकर उस पर हमला कर दिया । बर्स्ट लगने से बलजीत सिंह तथा दर्शन सिंह नदी में जा गिरे जिनके शव बाद में वहां से निकाले गए । इस वारदात के बाद सी.आर.पी.एफ. की कम से कम दो कम्पनियां क्षेत्र में तैनात की गई हैं और आतंकवादियों की खोजबीन का काम जारी है । यह वारदात प्रातः 7.15 बजे के लगभग हुई । वारदात नवगठित तरनतारन पुलिस जिला के अन्तर्गत हुई । एस.एस.पी. श्री संजीव गुप्ता तुरन्त घटनास्थल के लिए रवाना हो गए । पुलिस की आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ भी हुई जो कि दस मिनट तक जारी रही । यह पता नहीं चल सका कि आतंकवादियों में से कोई हताहत हुआ या नहीं ।

मंड क्षेत्र में हुई मुठभेड़ में मारे गए थानेदार व कांस्टेबल के हथियार भी आतंकवादी ले गए ।

एक की हत्या

संदिग्ध आतंकवादियों ने कल रात अमृतसर जिले में रमदास पुलिस थाने के गग्गोमल गांव में दो अलग-अलग वारदातों में महेन्द्र पाल की हत्या कर दी और उनके परिवार के 9 अन्य सदस्यों को जिंदा जलाने का प्रयास किया । पुलिस ने बताया चीनी राइफलों से लैस आठ दस आतंकवादियों ने महेन्द्र पाल के घर का दरवाजा खटखटाया और पीने के लिए पानी मांगा । परिवार की महिला ने जब पानी के बर्तन के साथ दरवाजा खोला तो आतंकवादी उसे धक्का देकर जबरन भीतर घुस गए ।

उन्होंने महेन्द्र पाल को बुलाया और गोली मार दी । महेन्द्र पाल छत पर सो रहा था । इसके बाद आतंकवादियों ने उसकी माता, पत्नी, तीन पुत्रियों और घर के चार अन्य व्यक्तियों को कमरे में धकेला और घर में आग लगा दी । जिस कमरे में ट्रैक्टर रखा था वहां भी आग लग गई ।

पास ही गश्त कर रहे सुरक्षा बल के जवान आग की लपटों को देखकर गांव में पहुंचे और उन्होंने परिवार के सदस्यों को सुरक्षित बाहर निकाला । आग से घर के खिड़की दरवाजों और घर के अन्य सामान को मामूली नुक्सान पहुंचा । सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों का पीछा किया लेकिन वे भाग गए ।

प्रवासी मजदूर घायल

अजनाला थाने के छीना गांव में कुछ अज्ञात लोगों ने एक प्रवासी मजदूर मस्तान को गोली मार कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया । उसे सरकारी अस्पताल में दाखिल कराया गया है ।

श्रद्धालु की हत्या

आतंकवादियों ने कल शाम थाना कत्थूनंगल क्षेत्र में भाई काले के गुरुद्वारा में एक व्यक्ति नरेन्द्र सिंह की तेज धार हथियारों से हत्या कर दी जबकि वह गुरुद्वारा में माथा टेकने गया था ।

चौकीदार की हत्या

अज्ञात व्यक्तियों ने कल रात ईस्ट मोहन नगर में एक फैक्टरी के पहरेदार गोरखा लाल बहादुर की गला घोंटकर हत्या कर दी ।

आतंकवादी गिरफ्तार

इसी बीच पुलिस ने अमृतसर में न्यू सैंट्रल जेल में प्रेम नगर क्षेत्र से एक आतंकवादी रामेश्वर सिंह को गिरफ्तार किया है । उससे एक आग्नेयास्त्र तथा [illegible]

क्लासीफाइड विज्ञापन

रोज़गार

6500 Government Posts of Clerks for Matriculates. For details write : Principal, Rozgar Guidance Institute, Ambala City.

नाम परिवर्तन

I, Krishan Lata W/o Sh. Hira Lal Chadha N.K. 180, Charanjit Pura, Jalandhar have changed my name from Krishan Lata to Lata Chadha. All noted.

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 24.5.88 48/- without trays. NECC Suggested Retail Price 6.60 per Dozen.

कोचिंग

60 दिनों में अंग्रेजी बोलना सीखें—कैरियर्ज़ कालेज, सामने दर्पण स्टुडियो, भारत नगर, लुधियाना ।

बिकाऊ

एक जैनरेटर, 35 KW किर्लोस्कर चालू हालत में बिकाऊ है । सम्पर्क करें—होटल पंजाब, पोस्ट

टैलीविज़न सीखें

रंगवार, **B/W** टैलीविज़न कोर्स । सुबह और रात्रि की कक्षाओं में दाखिला शुरू । नैशनल इलैक्ट्रोनिक्स ट्रेनिंग कालेज, सामने बस स्टैंड, पठानकोट ।

तीर्थ यात्रा

27 मई बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री, यमनोत्री, हरिद्वार, किराया 650/-, 27 मई हरिद्वार, ऋषिकेश, किराया 125/- रोटी समेत । मिलें—सुमित ट्रैवल्स, चौड़ी सड़क, लुधियाना, फोन-20393.

आवश्यकता

जालंधर शहर में टीपोल स्पैशल, जोकि घरेलू सामान की सफाई के लिए एक बेहतरीन वस्तु है, को बेचने के लिये 25 लड़कियों की आवश्यकता है । मिलें : M/s. Raja Brothers Agencies, Kalan Bazar, Jalandhar City.

लुधियाना शहर में टीपोल स्पैशल, जोकि घरेलू सामान की सफाई के लिए एक बेहतरीन वस्तु है, को बेचने के लिये 25 लड़कियों की आवश्यकता है । मिलें : M/s. Khalsa Trading Co., 26, Akal Market, Akal Ghar Gurdwara, Chaura

कर दी । पुलिस को संदेह है कि यह हत्याएं खेतों को पानी देने के सवाल पर निजी शत्रुता के कारण की गई । इस सम्बन्ध में एफ.आई.आर. में इसी गांव के दो व्यक्तियों का नाम दर्ज है । वे फरार हैं । पुलिस का कहना है कि हत्याओं के लिए किराए के आतंकवादी लिए जाने की सम्भावना रद्द नहीं की जा सकती । गत रात ही थाना मजीठा के गांव भंदेर में संदिग्ध आतंकवादियों ने प्यारा सिंह नामक व्यक्ति की हत्या कर दी । हत्यारों ने ए.के. 47 चीनी राइफलों का प्रयोग किया ।

घायल कर दिया

गत रात ही थाना मजीठा के गांव हरार खुर्द में आतंकवादियों ने एक व्यक्ति को गोली मार कर घायल कर दिया । घायल का नाम राजा राम बताया जाता है । उसे प्राथमिक चिकित्सा के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई । पुलिस सूत्रों ने बताया कि गोली की आवाज़ सुनकर सी.आर.पी. की एक लिबरेशन फोर्स के स्वयंभू लै. जनरल जगराज सिंह उर्फ तूफान सिंह तूफान को शरण देने के आरोप में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया । ज़िला पुलिस चीफ श्री सुमेध सिंह सैनी ने इनके नाम सरदूल सिंह व वस्सन सिंह बताए हैं ।

ट्रैक्टर छीना

फिरोज़पुर (कन्तोड़): गत रात यहां 9 किलो मीटर दूर गांव अटारी के पुल पर चार अज्ञात युवकों ने एक व्यक्ति से उसका ट्रैक्टर पी.बी.एफ. 5548 छीन लिया ।

दो युवक गिरफ्तार

एस.एस.पी. श्री अनिल कौशिक ने बताया कि थाना सदर फिरोजपुर की पुलिस ने दो युवकों शेर सिंह उर्फ शेरा पुत्र पूर्ण सिंह निवासी गांव मेघा राय तथा हजारा सिंह गांव कर्मा थाना ममदोट को अवैध हथियार रखने पर गिरफ्तार किया है । पुलिस ने बताया कि उनसे एक 445 तथा एक .22 बोर का बिना लाइसैंस देसी पिस्तौल व कुछ कारतूस बरामद किए गए ।

7 दुर्दांत आतंकवादी गिरफ्तार

बरनाला से सिधवानी और संगरूर से गोयल के अनुसार बरनाला की एक पुलिस पार्टी जिसका नेतृत्व डी.एस.पी. श्री परमजीत सिंह गिल और इंस्पैक्टर इकबाल सिंह कर रहे थे, ने यहां से दस किलो मीटर पक्खोकलां क्रासिंग के निकट सात दुर्दांत आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया । इनमें सैफर्न टाइगर्स फोर्स का एरिया कमांडर कुलदीप सिंह भी शामिल था, जिसकी गिरफ्तारी के लिए 50000 रुपए का इनाम घोषित किया गया था । पुलिस चीफ श्री ज्ञान सिंह ने बताया कि ये आतंकवादी हत्या, लूट व डकैती की कई वारदातों के सम्बन्ध में पुलिस को वांछित थे । उन्होंने बताया कि पुलिस को यह सूचना मिली थी कि दुर्दांत आतंकवादियों का एक गिरोह डिप्टी सुपरिंटैंडैंट जेल जगरूप सिंह और चार वार्डनों की हत्या करने आ रहा है । इस पर पुलिस और सुरक्षा बलों की एक पार्टी ने जैसे ही इन आतंकवादियों को आते देखा वह गांव सवाल के निकट बेई के किनारे एक फार्म हाऊस में गत रात पुलिस व अर्ध सैनिक बलों के साथ एक भीषण भिड़ंत में दो खूंखार उग्रवादी रणजीत सिंह उर्फ राणा उर्फ पम्मा निवासी कांजली कोतवाली कपूरथला तथा फूला सिंह उर्फ रछपाल सिंह गांव बंडाला थाना जंडियाला मारे गए, जबकि एक उग्रवादी करनैल सिंह उर्फ हरि सिंह निवासी पाजियां थाना सुलतानपुर लोधी अपने हथियार फैंक कर भागने में सफल हो गया ।

पुलिस ने मौका पर तीन चीनी असाल्ट राइफलें, 803 कारतूस, 8 मैगज़ीन और 9392 रुपए नकद अपने कब्ज़े में लिए । कपूरथला के एस.एस.पी. श्री स्वर्ण सिंह ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि 23 हत्याओं और बहुत से डाकों के लिए ज़िम्मेदार खतरनाक उग्रवादी थाना सवाल के निकट बलदेव सिंह के फार्म हाऊस में छुपे हुए हैं । पुलिस व अर्ध सैनिक बलों ने रात को वहां घेरा डाल कर उग्रवादियों को हाथ खड़े करके आत्म-समर्पण करने के लिए कहा तो उन्होंने ज़बरदस्त फायरिंग शुरू कर दी । पुलिस ने भी आत्म रक्षा में फायरिंग की तो उग्रवादी फायरिंग करते हुए भागने लगे । इस पर एक उग्रवादी रणजीत सिंह उर्फ राणा उर्फ पम्मा जिसकी गिरफ्तारी के लिए पंजाब सरकार ने बीस हज़ार रुपए का इनाम रखा हुआ था, घायल होकर गिर पड़ा तथा दूसरा उग्रवादी फूला सिंह उर्फ रछपाल सिंह 300-400 गज दूर जाकर घायल होकर गिर गया । दोनों घायल उग्रवादियों ने अपने फरार होने वाले साथी के बारे में जानकारी दी । बाद में दोनों घावों को सहन न करते हुए दम तोड़ गए ।

श्री स्वर्ण सिंह ने बताया कि उग्रवादियों के इस 6-7 सदस्यीय ग्रुप ने गांव मिर्ज़ापुर में 6, लखन कलां में 6, गांव डौले में 2, खीरांवाली में 5, डेन विंड में 1, नवां पिंड कोठे में 1, घुगवेट में 2 व्यक्तियों की हत्या की थी । इसके अलावा खीरांवाली से दस हज़ार रुपए लूटे थे और नरेन्द्र सिंह पर गोली चलाई थी । मृतकों की जेब से एक हिटलिस्ट भी मिली । इन दुर्दांत उग्रवादियों के मारे जाने से कई निर्दोषों की जानें बच गईं जिनके नाम हिटलिस्ट में थे । यह गिरोह धमकी भरे पत्र लिखकर रुपए भी बटोरता था ।

पुलिस ने मौज़ा खुखराहन के एक व्यक्ति भगवान सिंह को पनाह देने के आरोप में गिरफ्तार किया । यह व्यक्ति प्लस 'बी' उग्रवादी बागीचा सिंह को अपने घर में शरण देने के अलावा रुपए भी इकट्ठे करके देता था ।

एक और आतंकवादी मरा

पुलिस सूत्रों ने बताया कि चार संदिग्ध आतंकवादी गांव अड्डी के बाहर तीन भाइयों लश्कर सिंह, भजन सिंह तथा ध्यान सिंह के डेरे पर आए और उनसे कहा कि वे उनके नाश्ते की व्यवस्था करें । तीनों भाइयों की मां महेन्द्र कौर को संदेह हो गया तथा वह किसी बहाने घर से निकल कर गांव के सरपंच के घर चली गई जिसने तुरन्त निकटवर्ती गांव उग्गी में सी.आर.पी. की चौकी को सूचित किया । सी.आर.पी. की पार्टी तुरन्त घटनास्थल पर पहुंची तथा अतिरिक्त फोर्स मंगवाई । डेरे को घिरा देख कर आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलियां चलाईं जिनका पुलिस ने भी जवाब दिया । तीन आतंकवादी

धूप से बचने के लिए इलायची खाएं

बम्बई, 25 मई : चिलचिलाती धूप से बचना हो तो घर से बाहर निकलने से पहले मुंह में एक इलायची रख लीजिए । यह नुस्खा खाड़ी के देशों में बेहद लोकप्रिय हो चुका है । ज्यादातर अरब तेज धूप से बचने के लिए इलायची खाते हैं ।

यह जानकारी कल यहां ब्रिटेन के खाद्य विशेषज्ञ आर.जे.एच. पानेल ने दी । वह इन दिनों समूचे विश्व में इलायची को लोकप्रिय बनाने के अभियान में लगे हैं ।

असम का मंत्री बर्खास्त

गुवाहाटी, 25 मई (वार्ता): असम के बाढ़ नियंत्रण राज्यमंत्री उत्पल दत्त को आज मंत्रिपरिषद से हटा दिया गया । श्री दत्त को मुख्यमंत्री प्रफुल्ल कुमार महंत की सलाह पर राज्यपाल भीष्म नारायण सिंह ने मंत्रिपद से हटाया है ।

Punjabi Sarat

पुलिस जिला बटाला के गांव भागोवाल में गत दिवस आतंकवादियों के हाथों मारी गई युवती गुरमीत कौर । (छाया : कोछड़)

धारीवाल थाने के अन्तर्गत गांव दुल्लोवाल में गत रात उग्रवादियों के हाथों मारा गया गरुद्वारे का सेवादार खज़ान सिंह । (छाया : विनोद)

खूंखार आतंकवादी मारे गए

(पृष्ठ 3 का शेष)

निशामत । उन्हें निकटवर्ती अस्पताल में दाखिल कराया गया, जिनमें से दो की हालत नाजुक बताई जाती है ।

गलतफहमी हो गई थी

बाद की सूचना है कि खीवा ग्राम के पास जो मुठभेड़ हुई, वह दरअसल गलतफहमी के कारण स्पैशल पुलिस अफसर और सी.आर.पी. के बीच हुई । स्पैशल पुलिस अफसर तेलूराम व उसके साथियों ने सी.आर.पी. की टुकड़ी को उग्रवादी समझकर उनपर फायर किया जिससे 6 जवान घायल हो गए । इसके जवाब में सी.आर.पी. ने फायरिंग की जिससे तेलू राम मारा गया । एक अन्य सूचना के अनुसार ट्रक पर सवार सी.आर.पी. जवानों ने पहले तेलू राम को उग्रवादी समझकर मार गिराया तो उसके साथ के पांच अन्य स्पैशल पुलिस आफिसरों ने सी.आर.पी. पर जवाबी फायरिंग की ।

यह सी.आर.पी. टीम कहलवां ग्राम के पास मुठभेड़ में एक उग्रवादी के मारे जाने के बाद उसके भाग निकलने वाले 3 साथियों का पीछा कर रही थी । खीवा ग्राम में सी.आर.पी. ने एक घर की छत पर कुछ हथियार बंद लोग देखकर फायरिंग कर दी क्योंकि उस ग्राम में कुछ दिन पहले 5 लोगों की हत्या की गई थी और घर की छत पर बैठे लोगों को सी.आर.पी ने उग्रवादी समझ लिया ।

प्रशिक्षित पंजाब पुलिस के एक कांस्टेबल ने कुख्यात आतंकवादी तरसेम सिंह का पीछा करके उसको गोली से मार गिराया । उन्होंने बताया कि तरसेम सिंह का पांच किलो मीटर तक पीछा करके उसे भागते हुए गोली मारी गई ।

तरसेम सिंह व उसके साथियों ने कल नकोदर थाना के धालीवाल में एक ही परिवार के 6 लोगों की हत्या की थी । तरसेम सिंह व उसके 4 साथी 9 मई को स्वर्ण मंदिर परिसर की घेराबंदी किए जाने से पूर्व ही वहां से निकल भागे थे । उसका गिरोह जालन्धर में कई हत्याओं का जिम्मेदार था ।

दुकानदार की हत्या

जालन्धर के गुरुतेग बहादुर नगर में उग्रवादियों ने सुप्रीम जनरल स्टोर के मालिक दुकानदार अशोक कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी ।

मृत अशोक कुमार सिद्धू आबादपुरा का रहने वाला था । रात 8.30 बजे स्कूटर सवार दो उग्रवादियों ने उसकी दुकान पर आकर फायरिंग की थी ।

लुधियाना से विनोद महिन्द्रा की सूचना के अनुसार परसों रात साढ़े आठ बजे स्थानीय इंडस्ट्रीयल एरिया ए. एक्सटैंशन में तीन सशस्त्र उग्रवादियों ने मलकीयत सिंह नामी एक व्यक्ति से उसका स्कूटर पी.जे.एक्स. 3299 बजाज चेतक छीन लिया । क्षेत्र निवासियों का कहना है कि वहां पर नगर निगम की तरफ से लाइट का प्रबन्ध नहीं है जिससे उग्रवादी अंधेरे का लाभ उठा जाते हैं ।

सरपंच की हत्या

खरड़ (शशि): आतंकवादियों ने गत रात खरड़ तहसील के गांव टंगोरी के सरपंच कुलवन्त सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । प्राप्त जानकारी के अनुसार 8 या 9 व्यक्ति जिनमें से कुछ के पास हथियार थे, रात 9.30 बजे के लगभग सरपंच के घर आए तथा उसे गोली मार दी जबकि उसकी पत्नी कंवलजीत कौर को एक कमरे में बंद कर दिया । इसके बाद उन्होंने घर में से नकदी और सोने-चांदी के जेवर लूट लिए । जाते हुए वे कंवलजीत कौर को घायल भी कर गए । सोहना पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी ।

3 व्यक्तियों की हत्या

सरहिंद से राकेश के अनुसार यहां से 16 किलो मीटर दूर गांव मानपुर में गत रात तीन व्यक्तियों की हत्या कर दी गई, जबकि तीन अन्य को घायल कर दिया गया ।

प्राप्त विवरण के अनुसार अलग-अलग मोटर साइकल पर तीन आतंकवादी गांव में आए तथा उन्होंने एक मकान में जाकर फायरिंग की, जिससे 60 वर्षीय अजायब सिंह, उसकी 55 वर्षीय बहन तथा एक अन्य 40 वर्षीय स्त्री की मृत्यु हो गई, जबकि हरनेक सिंह नम्बरदार, भोला सिंह तथा एक बिहारी मज़दूर घायल हो गए । वहां मौजूद भगत

साइकल छीना

गत दिवस यहां के एक होमगार्ड जवान से कुछ व्यक्ति उसका नया साइकल बंदूक की नोक पर छीन कर ले गए ।

धमकी भरे पोस्टर

एक अन्य सूचना के अनुसार स्थानीय स्कूल में धमकी भरे पोस्टर लगे हुए हैं, जिससे लोगों में आतंक व्याप्त है । इसमें 25 और 26 तारीख को स्कूल बंद रखने के लिए कहा गया था । इसके परिणामस्वरूप स्कूलों में उपस्थिति 30 प्रतिशत ही रही ।

गत रात मोरिंडा थाना के गांव मानपुर में आतंकवादियों की गोलियों की शिकार महिलाओं की लाशें (ऊपर) अजायब कौर (75 वर्ष), (नीचे) महेन्द्र कौर (50 वर्ष) । (छाया : भंगू)

एस.एस.पी. का बयान

रोपड़ से वि.प्र. के अनुसार उक्त तीन हत्याएं भूमि विवाद का नतीजा हैं । एस.एस.पी. श्री चन्द्रशेखर ने बताया कि तीन घायलों को गम्भीर अवस्था में पी.जी.आई. चंडीगढ़ में दाखिल कराया गया है । श्री शेखर ने बताया कि आधी रात के थोड़ी देर बाद 5 या 6 व्यक्ति मकान की बाहर की दीवार फांद कर अन्दर दाखिल हुए । उन्होंने परिवार के सदस्यों पर गोलियां चलाईं जो कि खुले आंगन में सो रहे थे । उन्होंने दो मृत औरतों के नाम महेन्द्र कौर व अजायब कौर बताये हैं । उन्होंने बताया कि हरनेक सिंह ने हमलावरों में से दो की पहचान दरबारा सिंह (जो कि उसका भतीजा है) तथा करनैल सिंह (दरबारा सिंह का रिश्तेदार) के रूप में की है । यह दोनों ही फरार हैं । श्री चन्द्रशेखर ने कहा कि दोनों पक्षों में जमीन का कोई झगड़ा था जो कि अजायब कौर (दरबारा सिंह की मां) हरनेक सिंह को देना चाहती थी । दरबारा सिंह का इस मामले पर हरनेक सिंह व उसके परिवार के अन्य सदस्यों के साथ भी कुछ झगड़ा था । एस.एस.पी. ने कहा कि दरबारा सिंह की पृष्ठभूमि आपराधिक रही है । वह सरहिंद में एक डकैती केस में संलिप्त था । दरबारा सिंह को पांच अन्य आतंकवादियों के साथ एक वर्ष पहले चमकौर साहब पुलिस ने गिरफ्तार किया था और उनसे तीन पिस्तौल व तीन स्कूटर बरामद हुए थे । एस.एस.पी. ने इस मामले में आतंकवादियों का हाथ होने की सम्भावना रद्द नहीं की क्योंकि दरबारा सिंह के उग्रवादियों के साथ

ATTN : PHARMACEUTICAL DISTRIBUTORS

"Esskay Remedies Pvt. Ltd." a reputed fast growing pharmaceutical company based at Baroda offers a wide range of speciality formulations of tablets & liquid orals on propaganda cum distribution basis. We offer very attractive

फगवाड़ा कांड के 2 घायल दम तोड़ गए

राज्य के विभिन्न स्थानों पर दो दर्जन से अधिक आतंकवादी और उनके शरणदाता गिरफ्तार

कुरुक्षेत्र में मुठभेड़ के बाद 2 उग्रवादी गिरफ्तार

चंडीगढ़, 27 मई (वार्ता, ह.स.): पिछले 24 घंटों के दौरान पंजाब में एक पिता-पुत्र समेत आतंकवादियों ने 7 व्यक्तियों की हत्या कर दी, फगवाड़ा बम कांड के दो घायल दम तोड़ गए । राज्य में विभिन्न स्थानों पर दो दर्जन से अधिक आतंकवादी व उनके शरणदाता गिरफ्तार किये गये, जिनमें तीन स्त्रियां भी शामिल हैं ।

2 उग्रवादी पकड़े

वि.प्र. ने खबर दी है कि हरियाणा के गृहमंत्री श्री सम्पत सिंह के अनुसार हरियाणा पुलिस ने मुक्तसर के मनजीत सिंह तथा पातड़ां के सुखचैन सिंह नामक दो आतंकवादियों को सनसनीपूर्ण परिस्थितियों में गिरफ्तार कर लिया । आज यहां उन्होंने बताया कि इन दोनों ने कल कैथल के निकट हवाई फायर किये । बाद में वे स्कूटर पर पंजाब की ओर भाग गये । हरियाणा पुलिस ने इनका पीछा किया परन्तु यह दोनों एक जंगल में जाकर छुप गए । इस पर आसपास के गांवों के लोगों और पुलिस ने इन दोनों को घेर लिया । दो में से एक आतंकवादी एक वृक्ष पर चढ़ गया और वहां से उसने फायरिंग शुरू कर दी । पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की । इस पर मनजीत सिंह नामक आतंकवादी घायल होकर नीचे गिर पड़ा । दूसरा आतंकवादी सुखचैन सिंह पुलिस के काबू आ गया । उनके कब्जे से जर्मनी में बने हुये दो रिवाल्वर बरामद हुये हैं । प्रो. सम्पत सिंह ने इन आतंकवादियों की गिरफ्तारी के लिये जनता और पुलिस दोनों को बधाई दी है । पुलिस ने उनका स्कूटर भी बरामद कर लिया जिसको छोड़ कर वे पंजाब में भागने की कोशिश कर रहे थे ।

हरियाणा पुलिस के महानिदेशक श्री एच.आर. स्वान ने बताया कि दोनों ही आतंकवादी स्नातक हैं । श्री स्वान ने बताया कि यह दोनों कल शाम पटियाला में गुरुद्वारा दुख निवारण के बाहर से एक बस में सवार हुये और चीका गांव में उतर गये । इसके बाद उन्होंने कुछ गोलियां चला कर दो व्यक्तियों से स्कूटर छीना तथापि पुलिस और लोगों ने रात भर उनका पीछा करना जारी रखा ।

लुटेरा घायल

जालन्धर (क): आज तड़के चार बजे के लगभग स्थानीय माई हीरांगेट के निकट मन्दिर चिन्तपूर्णी-मिट्ठा बाजार चौक में चार लुटेरों द्वारा कुछ लोगों को तेजधार हथियारों से डरा कर लूटने तथा अन्ततः एक व्यक्ति रवि भूषण अग्रवाल पर हमला के दौरान उस द्वारा रिवाल्वर से चलाई गोली से उनमें से एक के घायल होकर पकड़े जाने और अन्य तीन के फरार हो जाने का सनसनीपूर्ण समाचार मिला है ।

घायल लुटेरे को पुलिस डिवीजन दो ने उठा कर अस्पताल पहुंचाया और लुटेरों द्वारा पीछे छोड़े गए दो साइकल, तीन छुरे तथा साइकल से बंधी एक लोहे की 'सब्बल' कब्जा में ले ली, बाद में पुलिस डिवीजन एक ने, जिसके क्षेत्र में यह वारदात हुई, केस रजिस्टर करके जांच शुरू कर दी । घायल लुटेरे को दो गोलियां छाती के दाएं ओर लगी थीं जिन्हें आप्रेशन करके निकाल दिया गया । लुटेरे ने अपना नाम राजा राम पुत्र महंगा बताया है । घायल होने के तुरन्त बाद उसने पेहोवा (हरियाणा) के निकट अपना गांव बताया था किन्तु बाद में वह नहीं बोला । अभी वह पुलिस को बयान देने की स्थिति में नहीं था ।

घटना बारे प्राप्त विवरण के अनुसार रविभूषण अग्रवाल निवासी चरणजीतपुरा का लड़का भारत भूषण तड़के साढ़े तीन बजे स्टेशन पर गाड़ी से उतरा और रिक्शा पर घर को आ रहा था कि चार लुटेरों ने उसे रोक लिया और छुरे दिखा कर उससे छः सौ रुपया लूट लिया । उसी स्थान पर एक अन्य से 400 रुपए और एक से 40 रुपए और घड़ी भी उन्होंने छीनी थी ।

लुटने के बाद पांच मिनट में भारत भूषण घर पहुंच गया और सारी बात अपने पिता श्री रवि भूषण से कही जो एकदम अपना लाइसैंसी रिवाल्वर लेकर लड़के के साथ स्कूटर पर माईहीरां गेट की ओर गया । उसे देख कर लुटेरे ने उसे भी रोक कर धक्का दिया जिस पर वह गिर गया और एक लुटेरा उसकी ओर छुरा लेकर लपका कि रविभूषण ने सचेत करते हुए लगभग चार फायर किए जिनमें से दो गोलियां एक लुटेरे को लगीं । इस पर अन्य तीनों लुटेरे दोनों साइकल, दो लम्बे छुरे, एक अन्य तेजधार हथियार तथा साइकल से बंधी सब्बल छोड़कर भाग गए ।

रविभूषण के अनुसार एक अन्य छुरा खून से लथपथ था, वह बाद में उसने नहीं देखा । उसका अनुमान है कि लुटेरों ने पहले किसी को छुरा मारा होगा । क्षेत्र में रविभूषण के साहस की भारी चर्चा व प्रशंसा सुनी गई ।

दो दम तोड़ गए

फगवाड़ा (कौड़ा, खोसला): कपूरथला जिले के फगवाड़ा में कल रात जे.सी.टी. मिल के बाहर हुए बम विस्फोट में गम्भीर रूप से घायल दो व्यक्तियों की आज लुधियाना अस्पताल में मृत्यु हो गई । तीन अन्य घायलों की हालत अभी चिंताजनक है । कपूरथला के पुलिस प्रमुख श्री स्वर्ण सिंह ने बताया कि मिल के बाहर एक रिक्शा में यह बम बब्बर खालसा गुट के सदस्यों ने रखा था ।

उन्होंने बताया कि कल रात से अब तक बब्बर खालसा के सदस्यों के अड्डों पर कई बार छापे मारे जा चुके हैं । हालांकि कुछ लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है लेकिन अभी तक कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लगा है । घटना में घायल कुल तीस व्यक्तियों में से 19 लोगों को कम चोटें आई । उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया । मिल के बाहर कल रात फटा बम बिल्कुल उन बमों जैसा था जो हाल में जालन्धर और लुधियाना में फटे थे ।

मृतकों के नाम सब्जी बेचने वाला शंकर प्रसाद तथा कपड़ा मिल का वर्कर रामप्रीत बताए गए हैं । आज सवेरे जिलाधीश श्री तलवाड़ ने मृतकों के परिवारों को 20-20 हजार रुपए, सी.एम.सी. तथा स्थानीय अस्पताल में दाखिल घायलों को 2-2 हजार रुपए देने की घोषणा की । जिन घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई उन्हें 5-5 सौ रुपए की सहायता की घोषणा की गई है ।

आज घटनास्थल के इर्द-गिर्द के दुकानदारों ने कामेट हड़ताल की । शहर में अभी तक आतंक का वातावरण है । इस धमाके का उद्देश्य प्रवासी मजदूरों को मारना प्रतीत होता है क्योंकि इस क्षेत्र में अधिकांश प्रवासी मजदूर रहते और काम करते हैं । नगर में पुलिस व सुरक्षा बलों की गश्त बढ़ा दी गई है ।

कल रात मारे गए टी.बी. मकैनिक गुरमेज उर्फ डी.सी. के आश्रितों को भी जिलाधीश ने बीस हजार रुपए देने की घोषणा की ।

मुफ्त इलाज

इसी बीच पंजाब स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त निदेशक श्री बचित्तर सिंह ने फगवाड़ा बम धमाके के सभी घायलों का मुफ्त इलाज किए जाने का आदेश दिया है ।

कल के बम कांड के बाद अनेक प्रवासी मजदूर अपने-अपने राज्यों को वापस जाने का कार्यक्रम बना रहे हैं । कल के विस्फोट में घटनास्थल से थोड़ी ही दूर स्थित श्री हनुमान मन्दिर बाल-बाल बच गया ।

बब्बर खालसा

वीरवार रात्रि को फगवाड़ा में जगतजीत काटन मिल के समक्ष ''भईयों की मार्किट'' में उग्रवादियों द्वारा एक रिक्शा में बम रखने की घटना में ''बब्बर खालसा'' गिरोह का हाथ बताया जाता है । पुलिस सूत्रों अनुसार इस घटना के उपरांत सुरक्षा बलों द्वारा अनेक शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में छापे मारे गए व लगभग आधी दर्जन व्यक्तियों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। सूत्रों के अनुसार विस्फोट में फटने वाला बम देसी किस्म का था व इसके तीन-तीन इंच के अनेक टुकड़े घटनास्थल पर पाए गए । इसी मध्य जिलाधीश कपूरथला श्री ए.आर. तलवाड़ व पुलिस अधीक्षक स. स्वर्ण सिंह ने लोगों को किसी भी संदिग्ध वस्तु को न छूने की अपील की है ।

राकेश के अनुसार कल रात वहां पर बम फटने से 2 व्यक्तियों की मृत्यु तथा सनसनीपूरा में उग्रवादियों की तरफ से एक व्यक्ति की हत्या किए जाने के बाद पुलिस व सुरक्षा बलों ने शहर व कई देहात में छापे मारे, लगभग 10-11 व्यक्तियों को हिरासत में लिया है तथा उनसे पूछताछ की जा रही है ।

आज यहां पर शाम को पुलिस के अफसरों व सी.आर.पी. के अफसरों के बीच एक मीटिंग हुई जो कई घंटे तक चली जिसमें इस क्षेत्र में बढ़ रही उग्रवादी घटनाओं पर गम्भीर नोटिस लिया गया । पुलिस व सुरक्षा बलों के अफसरों को आदेश दिए गए हैं कि उग्रवाद के खिलाफ डट जाना चाहिए । आज बाद में जिलाधीश श्री तलवाड़ ने अपने अफसरों की

संसदीय उपचुनावों में इंका को विपक्ष के सांझे उम्मीदवारों का सामना

नई दिल्ली, 27 मई : आगामी 16 जून को होने वाले सात संसदीय उपचुनावों में कांग्रेस (इ) को अपनी ये सातों सीटें बचाने के लिए अधिकांश स्थानों पर विपक्ष के सांझे उम्मीदवारों का सामना करना पड़ेगा । पिछले डेढ़ वर्ष में बोफोर्स आदि जैसे मसलों को लेकर सत्तारूढ़ दल के प्रति अविश्वास के जो बादल छाए थे, उस संदर्भ में इन उपचुनावों में निश्चित रूप से उसकी लोकप्रियता की भी परीक्षा होगी ।

इन सात संसदीय उपचुनावों के अलावा 16 जून को 6 राज्यों की 11 विधानसभा सीटों के लिए भी उपचुनाव होना है । इस तरह देश के आठ राज्यों के लिए कुल 18 उपचुनाव होंगे और इनके परिणामों से सत्तारूढ़ दल और विपक्षी दल दोनों को ही अगले आम चुनाव के लिए अपनी रणनीति तय करने में मदद मिलेगी ।

इन उपचुनावों में इलाहाबाद संसदीय क्षेत्र और मध्य प्रदेश के खरसिया विधानसभाई क्षेत्र के उपचुनाव को राजनीतिक क्षेत्रों में ज्यादा महत्व दिया जा रहा है । इलाहाबाद संसदीय उपचुनाव फिल्म अभिनेता अमिताभ बच्चन के लोकसभा से त्यागपत्र देने के कारण हो रहा है । श्री बच्चन ने बोफोर्स विवाद के बाद अपनी सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया

शामिल हैं । हरिजनों और पिछड़े वर्गों में श्री कांशी राम के प्रभाव को देखते हुये यहां त्रिकोण संघर्ष की संभावना है ।

इलाहाबाद के अलावा राजस्थान में पाली हरियाणा में फरीदाबाद और सिरसा, जम्मू-कश्मीर में ऊधमपुर, गुजरात में गोधरा और मेघालय में तुरा में भी संसदीय उपचुनाव हो रहे हैं ।

राजस्थान में पाली संसदीय क्षेत्र ही ऐसा उप-चुनाव होगा जिसमें विपक्षी दलों के बीच अभी तक एकता नहीं हो सकी है । यह उपचुनाव कांग्रेस (इ) के श्री मूलचंद डागा का निधन होने के कारण हो रहा है ।

कांग्रेस (इ) ने यहां से भूतपूर्व विधायक श्री शंकरलाल को खड़ा किया है । जबकि विपक्ष की ओर से भाजपा ने गुवाहाटी उच्च न्यायालय के भूतपूर्व न्यायाधीश सुमानमन जोढ़ा को अपना प्रत्याशी बनाया है । लोकदल के श्री सुखराम सनेचा अभी मैदान में डटे हैं । इस कारण यहां त्रिकोणा मुकाबला होने की सम्भावना है । यहां कुल नौ उम्मीदवार मैदान में हैं ।

जम्मू-कश्मीर में उधमपुर संसदीय उपचुनाव के लिए कुल 8 उम्मीदवार मैदान में हैं । इसमें कांग्रेस की ओर से राज्य के भूतपूर्व मुख्य

Punjab Sahitani

कुरुक्षेत्र में मुठभेड़ के बाद 2 उग्रवादी गिरफ्तार

चंडीगढ़, 27 मई (वार्ता, ह.स.): पिछले 24 घंटों के दौरान पंजाब में एक पिता-पुत्र समेत आतंकवादियों ने 7 व्यक्तियों की हत्या कर दी, फगवाड़ा बम कांड के दो घायल दम तोड़ गए । राज्य में विभिन्न स्थानों पर दो दर्जन से अधिक आतंकवादी व उनके शरणदाता गिरफ्तार किये गये, जिनमें तीन स्त्रियां भी शामिल हैं ।

2 उग्रवादी पकड़े

वि.प्र. ने खबर दी है कि हरियाणा के गृहमंत्री श्री सम्पत सिंह के अनुसार हरियाणा पुलिस ने मुक्तसर के मनजीत सिंह तथा पातड़ां के सुखचैन सिंह नामक दो आतंकवादियों को सनसनीपूर्ण परिस्थितियों में गिरफ्तार कर लिया । आज यहां उन्होंने बताया कि इन दोनों ने कल कैथल के निकट हवाई फायर किये । बाद में वे स्कूटर पर पंजाब की ओर भाग गये । हरियाणा पुलिस ने इनका पीछा किया परन्तु यह दोनों एक जंगल में जाकर छुप गए । इस पर आसपास के गांवों के लोगों और पुलिस ने इन दोनों को घेर लिया । दो में से एक आतंकवादी एक वृक्ष पर चढ़ गया और वहां से उसने फायरिंग शुरू कर दी । पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की । इस पर मनजीत सिंह नामक आतंकवादी घायल होकर नीचे गिर पड़ा । दूसरा आतंकवादी सुखचैन सिंह पुलिस के काबू आ गया । उनके कब्जे से जर्मनी में बने हुये दो रिवाल्वर बरामद हुये हैं । प्रो. सम्पत सिंह ने इन आतंकवादियों की गिरफ्तारी के लिये जनता और पुलिस दोनों को बधाई दी है । पुलिस ने उनका स्कूटर भी बरामद कर लिया जिसको छोड़ कर वे पंजाब में भागने की कोशिश कर रहे थे ।

हरियाणा पुलिस के महानिदेशक श्री एच.आर. स्वान ने बताया कि दोनों ही आतंकवादी स्नातक हैं । श्री स्वान ने बताया कि यह दोनों कल शाम पटियाला में गुरुद्वारा दुख निवारण के बाहर से एक बस में सवार हुये और चीका गांव में उतर गये । इसके बाद उन्होंने कुछ गोलियां चला कर दो व्यक्तियों से स्कूटर छीना तथापि पुलिस और लोगों ने रात भर उनका पीछा करना जारी रखा ।

लुटेरा घायल

जालन्धर (क): आज तड़के चार बजे के लगभग स्थानीय माई हीरांगेट के निकट मन्दिर चिन्तपूर्णी-मिट्ठा बाजार चौक में चार लुटेरों द्वारा कुछ लोगों को तेजधार हथियारों से डरा कर लूटने तथा अन्ततः एक व्यक्ति रवि भूषण अग्रवाल पर हमला के दौरान उस द्वारा रिवाल्वर से चलाई गोली से उनमें से एक के घायल होकर पकड़े जाने और अन्य तीन के फरार हो जाने का सनसनीपूर्ण समाचार मिला है ।

घायल लुटेरे को पुलिस डिवीजन दो ने उठा कर अस्पताल पहुंचाया और लुटेरों द्वारा पीछे छोड़े गए दो साइकल, तीन छुरे तथा साइकल से बंधी एक लोहे की 'सब्बल' कब्जा में ले ली, बाद में पुलिस डिवीजन एक ने, जिसके क्षेत्र में यह वारदात हुई, केस रजिस्टर करके जांच शुरू कर दी । घायल लुटेरे को दो गोलियां छाती के दाएं ओर लगी थीं जिन्हें आप्रेशन करके निकाल दिया गया । लुटेरे ने अपना नाम राजा राम पुत्र महंगा बताया है । घायल होने के तुरन्त बाद उसने पेहोवा (हरियाणा) के निकट अपना गांव बताया था किन्तु बाद में वह नहीं बोला । अभी वह पुलिस को बयान देने की स्थिति में नहीं था ।

घटना बारे प्राप्त विवरण के अनुसार रविभूषण अग्रवाल निवासी चरणजीतपुरा का लड़का भारत भूषण तड़के साढ़े तीन बजे स्टेशन पर गाड़ी से उतरा और रिक्शा पर घर को आ रहा था कि चार लुटेरों ने उसे रोक लिया और छुरे दिखा कर उससे छः सौ रुपया लूट लिया । उसी स्थान पर एक अन्य से 400 रुपए और एक से 40 रुपए और घड़ी भी उन्होंने छीनी थी ।

लुटने के बाद पांच मिनट में भारत भूषण घर पहुंच गया और सारी बात अपने पिता श्री रवि भूषण से कही जो एकदम अपना लाइसैंसी रिवाल्वर लेकर लड़के के साथ स्कूटर पर माईहीरां गेट की ओर गया । उसे देख कर लुटेरे ने उसे भी रोक कर धक्का दिया जिस पर वह गिर गया और एक लुटेरा उसकी ओर छुरा लेकर लपका कि रविभूषण ने संघर्ष करते हुए लगभग चार फायर किए जिनमें से दो गोलियां एक लुटेरे को लगीं । इस पर अन्य तीनों लुटेरे दोनों साइकल, दो लम्बे छुरे, एक अन्य तेजधार हथियार तथा साइकल से बंधी सब्बल छोड़कर भाग गए ।

रविभूषण के अनुसार एक अन्य छुरा खून से लथपथ था, वह बाद में उसने नहीं देखा । उसका अनुमान है कि लुटेरों ने पहले किसी को छुरा मारा होगा । क्षेत्र में रविभूषण के साहस की भारी चर्चा व प्रशंसा सुनी गई ।

दो दम तोड़ गए

फगवाड़ा (कौड़ा, खोसला): कपूरथला जिले के फगवाड़ा में कल रात जे.सी.टी. मिल के बाहर हुए बम विस्फोट में गम्भीर रूप से घायल दो व्यक्तियों की आज लुधियाना अस्पताल में मृत्यु हो गई । तीन अन्य घायलों की हालत अभी चिंताजनक है । कपूरथला के पुलिस प्रमुख श्री स्वर्ण सिंह ने बताया कि मिल के बाहर एक रिक्शा में यह बम बब्बर खालसा गुट के सदस्यों ने रखा था ।

उन्होंने बताया कि कल रात से अब तक बब्बर खालसा के सदस्यों के अड्डों पर कई बार छापे मारे जा चुके हैं । हालांकि कुछ लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है लेकिन अभी तक कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लगा है । घटना में घायल कुल तीस व्यक्तियों में से 19 लोगों को कम चोटें आई । उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया । मिल के बाहर कल रात फटा बम बिल्कुल उन बमों जैसा था जो हाल में जालन्धर और लुधियाना में फटे थे ।

मृतकों के नाम सब्जी बेचने वाला शंकर प्रसाद तथा कपड़ा मिल का वर्कर रामप्रीत बताए गए हैं । आज सुबह जिलाधीश श्री तलवाड़ ने मृतकों के परिवारों को 20-20 हजार रुपए, सी.एम.सी. तथा स्थानीय अस्पताल में दाखिल घायलों को 2-2 हजार रुपए देने की घोषणा की । जिन घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई उन्हें 5-5 सौ रुपए की सहायता की घोषणा की गई है ।

आज घटनास्थल के इर्द-गिर्द के दुकानदारों ने प्रोटैस्ट हड़ताल की । शहर में अभी तक आतंक का वातावरण है । इस धमाके का उद्देश्य प्रवासी मजदूरों को मारना प्रतीत होता है क्योंकि इस क्षेत्र में अधिकांश प्रवासी मजदूर रहते और काम करते हैं । नगर में पुलिस व सुरक्षा बलों की गश्त बढ़ा दी गई है ।

कल रात मारे गए टी.वी. मकैनिक गुरमेज उर्फ डी.सी. के आश्रितों को भी जिलाधीश ने बीस हजार रुपए देने की घोषणा की ।

मुफ्त इलाज

इसी बीच पंजाब स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त निदेशक श्री बचित्तर सिंह ने फगवाड़ा बम धमाके के सभी घायलों का मुफ्त इलाज किए जाने का आदेश दिया है ।

कल के बम कांड के बाद अनेक प्रवासी मजदूर अपने-अपने राज्यों को वापस जाने का कार्यक्रम बना रहे हैं । कल के विस्फोट में घटनास्थल से थोड़ी ही दूर स्थित श्री हनुमान मन्दिर बाल-बाल बच गया ।

बब्बर खालसा

बीरवार रात्रि को फगवाड़ा में जगतजीत काटन मिल के समक्ष "भईयों की मार्किट" में उग्रवादियों द्वारा एक रिक्शा में बम रखने की घटना में "बब्बर खालसा" गिरोह का हाथ बताया जाता है । पुलिस सूत्रों अनुसार इस घटना के उपरांत सुरक्षा बलों द्वारा अनेक शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में छापे मारे गए व लगभग आधी दर्जन व्यक्तियों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। सूत्रों के अनुसार विस्फोट में फटने वाला बम देसी किस्म का था व इसके तीन-तीन इंच के अनेक टुकड़े घटनास्थल पर पाए गए । इसी मध्य जिलाधीश कपूरथला श्री ए.आर. तलवाड़ व पुलिस अधीक्षक स. स्वर्ण सिंह ने लोगों को किसी भी संदिग्ध वस्तु को न छूने की अपील की

संसदीय उपचुनावों में इंका को विपक्ष के सांझे उम्मीदवारों का सामना

नई दिल्ली, 27 मई : आगामी 16 जून को होने वाले सात संसदीय उपचुनावों में कांग्रेस (इ) को अपनी ये सातों सीटें बचाने के लिए अधिकांश स्थानों पर विपक्ष के सांझे उम्मीदवारों का सामना करना पड़ेगा । पिछले डेढ़ वर्ष में बोफोर्स आदि जैसे मसलों को लेकर सत्तारूढ़ दल के प्रति अविश्वास के जो बादल छाए थे, उस संदर्भ में इन उपचुनावों में निश्चित रूप से उसकी लोकप्रियता की भी परीक्षा होगी ।

शामिल हैं । हरिजनों और पिछड़े वर्गों में श्री कांशी राम के प्रभाव को देखते हुये यहां त्रिकोण संघर्ष की संभावना है ।

इलाहाबाद के अलावा राजस्थान में पाली, हरियाणा में फरीदाबाद और सिरसा, जम्मू-कश्मीर में ऊधमपुर, गुजरात में गोधरा और मेघालय में तुरा में भी संसदीय उपचुनाव हो रहे हैं ।

राजस्थान में पाली संसदीय क्षेत्र ही ऐसा

Punjabi Sanatan



जीत काटन मिल, फगवाड़ा के सामने वीरवार की रात को हुए बम-विस्फोट के कारण (1) चकनाचूर हुई साइकिलें और रिक्श
बम के बिखरे टुकड़े, (3) रोषस्वरूप रेहड़ी वालों तथा अन्य कारीगरों की हड़ताल रही, (4 से 10 तक) घायल प्रवासी श्रमिक हरिर
साद, राम प्यारा, राम अवध, गोरख नाथ, अवेश, रामजी प्रसाद, दीनानाथ, लालू प्रसाद । (छाया : कौड़ा, अल्प

PUNJABI SANATAN



गत दिवस रामपुराफूल के निकट गांव घंढा बन्ना में पुलिस मुकाबले में मारा गया खतरनाक आतंकवादी चमकौर सिंह, जो गांव अंकलिया, तहसील रामपुराफूल, जिला भटिंडा का रहने वाला था । (छाया : तरसेम)

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 1 का शेष)

पिस्तौल की नोक पर उनका स्कूटर पी.ए.के. 2626 छीन लिया व होशियारपुर की तरफ फरार हो गए । सदर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है ।

दो अकाली नेता हिरासत में

'वार्ता' के अनुसार पुलिस ने आज एकीकृत अकाली दल के मुख्य प्रवक्ता और कौंसिल के सदस्य जत्थेदार अजायब सिंह संघा तथा अकाली दल (ल) के वरिष्ठ नेता जत्थेदार सुचेत सिंह को हिरासत में ले लिया । यद्यपि पुलिस ने इस बारे में कुछ नहीं बताया लेकिन विश्वास किया जाता है कि उन्हें कल रात हुए बम धमाके के सम्बन्ध में पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है । अर्ध सैनिक बलों ने बम धमाके के लिए जिम्मेदार लोगों को पकड़ने के लिए फगवाड़ा तथा इर्द-गिर्द के क्षेत्रों में छापे मारे हैं ।

अवतार सिंह मारा गया

कल रात एक मुठभेड़ में कुख्यात अवतार सिं. विश्रामपुर मारा गया । श्री स्वर्ण सिंह ने बताया कि वह जालन्धर और कपूरथला जिलों में हुई हत्या की करीब 35 घटनाओं में शामिल था और उसे फरार घोषित किया गया था । जालन्धर जिले के मुस्तफापुर में 19 अगस्त को केन्द्रीय गृहमंत्री श्री बूटा सिंह के छः नजदीकी रिश्तेदारों की हत्या में भी वह शामिल था । इसके अलावा इसी जिले के भोगपुर थाना क्षेत्र में स्थित ईंट भट्ठे के सात मजदूरों की हत्या में और दयालपुर तथा डोगरावाल गांव में हुई दो ग्रंथियों की हत्या में भी वह शामिल था । वह तथाकथित खालिस्तान कमांडो फोर्स का स्वयंभू एरिया कमांडर था ।

कपूरथला से शर्मा के अनुसार अवतार सिंह की गिरफ्तारी पर तीस हजार रुपए का पुरस्कार था । अवतार सिंह ने क्षेत्र में काफी आतंक फैलाया हुआ था और मुठभेड़ में उसके मारे जाने पर लोगों ने राहत अनुभव की है ।

दो शरणदाता गिरफ्तार

कपूरथला कोतवाली पुलिस ने उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में दो व्यक्तियों नरेन्द्र पाल सिंह निवासी बूह तथा छिंदरपाल सिंह को गिरफ्तार किया है ।

संत व सेवादार की हत्या

शाहकोट से चोपड़ा के अनुसार आज शाम पांच बजे के लगभग थाना शाहकोट के गांव सीचेवाल में एक डेरा के संत अवतार सिंह (55) और उसके सेवादार हरि सिंह (60) की मोटर साइकल सवार दो आतंकवादियों ने गोलियां मारकर हत्या कर दी । जब यह वारदात हुई तो उस समय वहां कुआं खोदा जा रहा था तथा काफी भीड़ वहां मौजूद थी लेकिन गोलियों की आवाज सुनते ही सभी भाग खड़े हुए ।

वारदात के बाद आतंकवादी बड़े आराम के साथ वहां से चले गए । इससे पहले लगभग सवा चार बजे सीचेवाल के निकट ही आतंकवादियों ने जीवन बीमा निगम के एक इंस्पैक्टर नछत्तर सिंह से पिस्तौल की नोक पर उसका मोटर साइकल पी.सी.यू. 7022 छीन लिया । समझा जाता है कि डेरे पर हुए गोलीकांड में यही लोग संलिप्त थे । पुलिस ने क्षेत्र को घेरे में लेकर आतंकवादियों की खोज शुरू कर दी है ।

भिडरांवाला टाइगर्स फोर्स

भिडरांवाला टाइगर्स फोर्स के लैफ्टिनैंट जनरल भूपेन्द्र सिंह भिंडा ने सीचेवाल के डेरे में आज दो लोगों की हत्याओं तथा बुधवार की रात्रि को जालन्धर के गुरतेगबहादुर नगर में अशोक कुमार की हत्या की जिम्मेदारी ली है ।

चेन छीन ली

जालन्धर जिले के गोराया थाने के रुड़का गांव में कल रात दो संदिग्ध आतंकवादियों ने गुरां देवी नामक एक महिला की सोने की चेन छीन ली । पुलिस ने बताया कि दो व्यक्ति गुरां देवी के घर में जबरन घुस गए और उसके गले से सोने की चेन छीनकर चम्पत हो गए । महिला ने दोनों लुटेरों को पहचान लिया है । दोनों उसी गांव के हैं और उनमें से एक ग्रंथी है जिसका नाम ओंकार सिंह है । दूसरे का नाम सतनाम सिंह उर्फ सत्ता है । पुलिस मामले की छानबीन कर रही है ।

नकदी जेवर लूटे

रोपड़ (वार्ता): गत रात जिला रोपड़ के सोहना थाना के गांव बहलपुर में आतंकवादियों ने एक व्यक्ति मादू राम के घर से 20,000 रुपए नकद, आधा किलो चांदी के तथा 15 तोले सोने के जेवर लूट लिए ।

रुपए लूट लिए

लुधियाना (ह.स.): आज बाद दोपहर नूरपुर बेट का एक व्यक्ति स्थानीय कोआप्रेटिव सोसाइटी का रुपया कोआप्रेटिव बैंक में जमा कराने जा रहा था । रास्ते में जब वह अपने मोटर साइकल पर गौसपुर गांव के पास पहुंचा तो दो युवकों ने झाड़ियों से निकल कर उसे पिस्तौल दिखाकर 47990 रुपए लूट लिए और मोटर साइकल भी ले गए । बाद में मोटर साइकल घटनास्थल से दो-तीन किलो मीटर के फासिले पर पड़ा पाया गया ।

मुसाफिर की सूचना है कि कल रात थाना जगराओं के गांव काउके में कुछ आतंकवादी साइकलों पर एक व्यक्ति गुरदयाल सिंह उर्फ दयाल सिंह के घर आए और उसका अपहरण करके ले गए ।

बिजली कर्मी की हत्या

दो आतंकवादियों ने कल रात जिला लुधियाना के थाना साहनेवाल के गांव चोंटा में पंजाब बिजली बोर्ड के एक कर्मचारी की हत्या कर दी, दूसरे को घायल कर दिया । एक अन्य कर्मचारी का उन्होंने अपहरण कर लिया ।

चोंटा में मारे गये व्यक्ति का नाम संत राम बताया गया है, जबकि घायल का नाम टिक्कू राम है । टिक्कू राम को अस्पताल में दाखिल कराया गया

3 आतंकवादी गिरफ्तार

एस.एस.पी. लुधियाना श्री ए.पी. पांडे ने बताया है कि पुलिस ने तीन आतंकवादियों बन्त सिंह, दलजीत सिंह और अजीत सिंह को गिरफ्तार किया है । बन्त सिंह बी श्रेणी का आतंकवादी है और उसकी गिरफ्तारी के लिए इनाम भी नियत था । यह फोकल प्वाइंट डकैती केस में एक साल से वांछित था । दलजीत सिंह और अजीत सिंह कृषि विश्वविद्यालय, लुधियाना के छात्र थे । उन्होंने 19 अप्रैल को एक फैक्टरी को लूटा था और एक स्कूटर भी छीना था । बन्त सिंह से ए.के. 47 राइफल और इसकी 47 गोलियां भी मिली हैं ।

15 गिरफ्तार

मोगा (बांसल): एस.एस.पी. श्री गोबिंद राम ने बताया कि पुलिस ने थाना महना क्षेत्र से मोहन सिंह, दर्शन कुमार व हरपाल सिंह को तथा मोगा क्षेत्र से सुरजीत सिंह, सुरजीत कौर, नछत्तर सिंह, मुख्तार कौर, बलविंदर सिंह, जोगा सिंह, परमीत सिंह, गुरबीर सिंह, अवतार सिंह, बेअन्त सिंह तथा नाजर सिंह आदि कट्टर आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है जिन पर दुर्दांत आतंकवादियों को शरण देने का भी आरोप है । उन्होंने बताया कि थाना निहालसिंहवाला के गांव मिनिया की मलकीयत कौर को भी गिरफ्तार किया गया है जो कि स्कूटर छीनने की वारदातों तथा एक मकान को आग लगाने की घटना में संलिप्त थी ।

इन लोगों के पास से सात पिस्तौलें व कारतूस भी बरामद हुए ।

उग्रवादी युवती बंदी

फरीदकोट जिले की मोगा तहसील के बधानाकलां थाना के एक ग्राम की दर्दांत उग्रवादी युवती मंजीत कौर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया । यह युवती कई स्कूटर, लाइसैंसी हथियार छीनने व उग्रवादी वारदातों में वांछित थी । उसका साथी प्रताप सिंह फरार है । उसे जेल भेज दिया गया ।

4 की हत्या

अमृतसर (वि.प्र.): यहां जिला मुख्यालय में मिली एक सूचना के अनुसार गत रात आतंकवादियों ने पट्टी और तरनतारन सब डिवीजनों में चार व्यक्तियों की गोली मारकर हत्या कर दी तथा फरार हो गए ।

थाना बल्टोहा के क्षेत्र में स्थित गांव घरियाला में आधी दर्जन के करीब आतंकवादी एक व्यक्ति मुख्तार सिंह के मकान में रात के 9.30 बजे घुस गए । उनके पास चीनी असाल्ट राइफल तथा पिस्तौल थी । मुख्तार सिंह और उसका लड़का बलविंदर सिंह जब आतंकवादियों के आमने-सामने आए तो अज्ञात आतंकवादियों ने उन्हें गोलियां मारीं जिससे वे दोनों वहीं ढेर हो गए । बाद में आतंकवादियों ने परिवार के दूसरे सदस्यों को भी ढूंढा लेकिन जब कोई न मिला तो उन्होंने वहां खड़े ट्रैक्टर तथा मकान को आग लगा दी व फरार हो गए ।

थाना तरनतारन के गांव रत्तौल में एक व्यक्ति बख्शीश सिंह के घर में दाखिल होकर चार आतंकवादियों ने उससे रुपया मांगा । जब उसने विवशता प्रकट की तो उन्होंने बख्शीश सिंह के पास खड़े उसके लड़के राजेन्द्र सिंह को गोलियां मारीं जो कि वहीं दम तोड़ गया । थाना झब्बाल के गांव दाओके में पांच आतंकवादियों ने एक युवक जसविंदर सिंह पुत्र प्यारा सिंह की हत्या कर दी । उसकी हत्या करने से पहले आतंकवादियों ने उसको कहा कि वह सिख होकर दाढ़ी क्यों कटवाता है ।

सात आतंकवादी गिरफ्तार

पटियाला (भूषण): जिला पुलिस ने सात आतंकवादियों तथा उनके शरणदाताओं को गिरफ्तार किया है । एस.एस.पी. श्री सीतल दास ने यह जानकारी दी । इनमें गांव सुरसिंह थाना

होशियारपुर (प्रद्युम्न): यहां से 25 कि.मी. दूर नंगल खुर्द के नाके पर खड़े दो युवकों ने गिस्तौल की नोक पर एक व्यक्ति जसविंदर सिंह से उसका स्कूटर (पी.यू.एच. 1577) छीना और भाग गए । जसविंदर सिंह के अनुसार वह कम स्पीड पर आ रहा था कि चौ के पास पहुंचने पर उसका स्कूटर छीन लिया गया ।

रिमांड बढ़ा

चंडीगढ़ से 'संघी' के अनुसार स्थानीय पुलिस की ओर से गत 21 मई को हथियारों सहित गिरफ्तार किए गए 5 उग्रवादियों में से आज गुरविंदर सिंह नामक युवक का जुडिशियल मैजिस्ट्रेट श्री गुरनाम सिंह सेबक की अदालत से एक दिन के लिए पुलिस रिमांड में वृद्धि करा ली गई जबकि 3 अन्य युवक बख्शीश, अमरीक सिंह व जसविंदर सिंह को भी उपकार सिंह के साथ न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया ।

लूटपाट

मोहाली (न) : निकटवर्ती गांव लांडरा में कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने बन्दूक की नोक पर एक सुनार की दुकान से लगभग 70 हजार रुपए मूल्य के गहने लूट लिए । बताया जाता है कि लूटेरों ने हवाई फायर भी किए ।

बगावत के आसार

(पृष्ठ 1 का शेष)

जत्थेदार जसबीर सिंह रोडे सहित तीन हैड ग्रंथियों ने उस आरोप का खंडन किया कि उन्हें सरकार से समझौते के दृष्टिगत रिहा किया गया । अमृतसर जेल से प्रैस को जारी आज एक संयुक्त बयान में उन्होंने इस आरोप को भी निराधार बताया कि वे 'आप्रेशन ब्लैक थंडर' के लिये उत्तरदायी हैं । बयान पर जत्थेदार जसबीर सिंह रोडे के अतिरिक्त तख्त केसगढ़ साहब के जत्थेदार जसवंत सिंह और अकाल तख्त के हैडग्रंथी कश्मीर सिंह के हस्ताक्षर हैं । इन तीनों को गत 12 मई को कर्फ्यू के उल्लंघन के आरोप में गिरफ्तार किया गया था ।

खालिस्तानी सिख नहीं

बयान में कहा गया है कि 'सिख विरोधी' कार्य सरकार अपने एजैंटों से करा रही है । अब जबकि 'सब हो चुका' है तो यह स्पष्ट हुआ है कि सरकार ने अपने एजैंटों द्वारा मंदिर को अपवित्र किया । ऐसे एजैंटों ने आत्म-समर्पण करके अपना असली चेहरा दिखा दिया है। उन्होंने कहा कि-'खालिस्तानी' होने का दावा करने वाले सिख नहीं हो सकते । उनके कुकृत्यों ने सिख परम्पराओं को बहुत बड़ी क्षति पहुंचाई है । बयान में कहा गया कि 'खालिस्तान' की मांग सरकार की दमनकारी नीति का परिणाम है जिसने सिख युवकों को हथियार उठाने को मजबूर किया । उन्होंने सिख जनता से अपील की कि वह सरकारी प्रचार से गुमराह न हो ।

रिमांड

चारों हैडग्रंथियों व उनके 24 समर्थकों को दस जून तक के लिए ड्यूटी मैजिस्ट्रेट पुष्पिंदर सिंह ने जुडिशियल रिमांड में सौंप दिया । इनमें गुरदेव सिंह काओके भी शामिल है ।

राजीव ने 'एक पद एक व्यक्ति' बारे फर्नांडीज से रिपोर्ट मांगी

नई दिल्ली, 27 मई (वार्ता): कांग्रेस (इ) अध्यक्ष तथा प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने पार्टी के महासचिव आस्कर फर्नांडीज को पार्टी में "एक पद एक व्यक्ति' के सिद्धांत को लागू करने की सम्भावनाओं के बारे में एक रिपोर्ट पेश करने को कहा है । श्री फर्नांडीज ने आज यहां पत्रकारों को बताया कि वह इस सम्बन्ध में अपना अध्ययन पूरा कर शीघ्र ही रिपोर्ट पेश कर देंगे ।

गुमशुदा की तलाश

मेरा लड़का जतिंदर पाल सिंह 'राजू', कद 5½', रंग गंदमी, दाढ़ी खुली, एक मई 1988 से 10.30

Sarabat.in Punjabi

गत दिवस रामपुराफूल के निकट गांव घंढा बन्ना में पुलिस मुकाबले में मारा गया खतरनाक आतंकवादी चमकौर सिंह, जो गांव अंकलियां, तहसील रामपुराफूल, जिला भटिंडा का रहने वाला था । (छाया : तरसेम)

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 1 का शेष)

पिस्तौल की नोक पर उनका स्कूटर पी.ए.के. 2626 छीन लिया व होशियारपुर की तरफ फरार हो गए । सदर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है ।

दो अकाली नेता हिरासत में

'वार्ता' के अनुसार पुलिस ने आज एकीकृत अकाली दल के मुख्य प्रवक्ता और कौंसिल के सदस्य जत्थेदार अजायब सिंह संघा तथा अकाली दल (ल) के वरिष्ठ नेता जत्थेदार सुचेत सिंह को हिरासत में ले लिया । यद्यपि पुलिस ने इस बारे में कुछ नहीं बताया लेकिन विश्वास किया जाता है कि उन्हें कल रात हुए बम धमाके के सम्बन्ध में पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है । अर्ध सैनिक बलों ने बम धमाके के लिए जिम्मेदार लोगों को पकड़ने के लिए फगवाड़ा तथा इर्द-गिर्द के क्षेत्रों में छापे मारे हैं ।

अवतार सिंह मारा गया

कल रात एक मुठभेड़ में कुख्यात अवतार सिं. विश्रामपुर मारा गया । श्री स्वर्ण सिंह ने बताया कि वह जालन्धर और कपूरथला जिलों में हुई हत्या की करीब 35 घटनाओं में शामिल था और उसे फरार घोषित किया गया था । जालन्धर जिले के मुस्तफापुर में 19 अगस्त को केन्द्रीय गृहमंत्री श्री बूटा सिंह के छः नजदीकी रिश्तेदारों की हत्या में भी वह शामिल था । इसके अलावा इसी जिले के भोगपुर थाना क्षेत्र में स्थित ईंट भट्ठे के सात मजदूरों की हत्या में और दयालपुर तथा डोगरावाल गांव में हुई दो ग्रंथियों की हत्या में भी वह शामिल था । वह तथाकथित खालिस्तान कमांडो फोर्स का स्वयंभू एरिया कमांडर था ।

कपूरथला से शर्मा के अनुसार अवतार सिंह की गिरफ्तारी पर तीस हजार रुपए का पुरस्कार था । अवतार सिंह ने क्षेत्र में काफी आतंक फैलाया हुआ था और मुठभेड़ में उसके मारे जाने पर लोगों ने राहत अनुभव की है ।

दो शरणदाता गिरफ्तार

कपूरथला कोतवाली पुलिस ने उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में दो व्यक्तियों नरेन्द्र पाल सिंह निवासी बूह तथा छिंदरपाल सिंह को गिरफ्तार किया है ।

संत व सेवादार की हत्या

शाहकोट से चोपड़ा के अनुसार आज शाम पांच बजे के लगभग थाना शाहकोट के गांव सीचेवाल में एक डेरा के संत अवतार सिंह (55) और उसके सेवादार हरि सिंह (60) की मोटर साइकल सवार दो आतंकवादियों ने गोलियां मारकर हत्या कर दी । जब यह वारदात हुई तो उस समय वहां कुआं खोदा जा रहा था तथा काफी भीड़ वहां मौजूद थी लेकिन गोलियों की आवाज सुनते ही सभी भाग खड़े हुए ।

वारदात के बाद आतंकवादी बड़े आराम के साथ वहां से चले गए । इससे पहले लगभग सवा चार बजे सीचेवाल के निकट ही आतंकवादियों ने जीवन बीमा निगम के एक इंस्पैक्टर नछत्तर सिंह से पिस्तौल की नोक पर उसका मोटर साइकल पी.सी.यू. 7022 छीन लिया । समझा जाता है कि डेरे पर हुए गोलीकांड में यही लोग संलिप्त थे । पुलिस ने क्षेत्र को घेरे में लेकर आतंकवादियों की खोज शुरू कर दी है ।

भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स

भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स के लैफ्टिनैंट जनरल भूपेन्द्र सिंह भिंडा ने सीचेवाल के डेरे में आज दो लोगों की हत्याओं तथा बुधवार की रात्रि को जालन्धर के गुरतेगबहादर नगर में अशोक कुमार की हत्या की जिम्मेदारी ली है ।

चेन छीन ली

जालन्धर जिले के गोराया थाने के रुड़का गांव में कल रात दो संदिग्ध आतंकवादियों ने गुरां देवी नामक एक महिला की सोने की चेन छीन ली । पुलिस ने बताया कि दो व्यक्ति गुरां देवी के घर में जबरन घुस गए और उसके गले से सोने की चेन छीनकर चम्पत हो गए । महिला ने दोनों लुटेरों को पहचान लिया है । दोनों उसी गांव के हैं और उनमें से एक ग्रंथी है जिसका नाम ओंकार सिंह है । दूसरे का नाम सतनाम सिंह उर्फ सत्ता है । पुलिस मामले की छानबीन कर रही है ।

नकदी जेवर लूटे

रोपड़ (वार्ता): गत रात जिला रोपड़ के सोहना थाना के गांव बहलपुर में आतंकवादियों ने एक व्यक्ति माटू राम के घर से 20,000 रुपए नकद, आधा किलो चांदी के तथा 15 तोले सोने के जेवर लूट लिए ।

रुपए लूट लिए

लुधियाना (ह.स.): आज बाद दोपहर नूरपुर बेट का एक व्यक्ति स्थानीय कोआप्रेटिव सोसाइटी का रुपया कोआप्रेटिव बैंक में जमा कराने जा रहा था । रास्ते में जब वह अपने मोटर साइकल पर गौसपुर गांव के पास पहुंचा तो दो युवकों ने झाड़ियों से निकल कर उसे पिस्तौल दिखाकर 47990 रुपए लूट लिए और मोटर साइकल भी ले गए । बाद में मोटर साइकल घटनास्थल से दो-तीन किलो मीटर के फासिले पर पड़ा पाया गया ।

मुसाफिर की सूचना है कि कल रात थाना जगराओं के गांव काऊंके में कुछ आतंकवादी साइकलों पर एक व्यक्ति गुरदयाल सिंह उर्फ दयाल सिंह के घर आए और उसका अपहरण करके ले गए ।

बिजली कर्मी की हत्या

दो आतंकवादियों ने कल रात जिला लुधियाना के थाना साहनेवाल के गांव चोंटा में पंजाब बिजली बोर्ड के एक कर्मचारी की हत्या कर दी, दूसरे को घायल कर दिया । एक अन्य कर्मचारी का उन्होंने अपहरण कर लिया ।

चोंटा में मारे गये व्यक्ति का नाम संत राम बताया गया है, जबकि घायल का नाम टिक्कू राम है । टिक्कू राम को अस्पताल में दाखिल कराया गया है ।

3 आतंकवादी गिरफ्तार

एस.एस.पी. लुधियाना श्री ए.पी. पांडे ने बताया है कि पुलिस ने तीन आतंकवादियों बन्त सिंह, दलजीत सिंह और अजीत सिंह को गिरफ्तार किया है । बन्त सिंह बी श्रेणी का आतंकवादी है और उसकी गिरफ्तारी के लिए इनाम भी नियत था । यह फोकल प्वाइंट डकैती केस में एक साल से वांछित था । दलजीत सिंह और अजीत सिंह कृषि विश्वविद्यालय, लुधियाना के छात्र थे । उन्होंने 19 अप्रैल को एक फैक्टरी को लूटा था और एक स्कूटर भी छीना था । बन्त सिंह से ए.के. 47 राइफल और इसकी 47 गोलियां भी मिली हैं ।

15 गिरफ्तार

मोगा (बांसल): एस.एस.पी. श्री गोबिंद राम ने बताया कि पुलिस ने थाना महना क्षेत्र से मोहन सिंह, दर्शन कुमार व हरपाल सिंह को तथा मोगा क्षेत्र से सुरजीत सिंह, सुरजीत कौर, नछत्तर सिंह, मुख्तार कौर, बलविंदर सिंह, जोगा सिंह, परमीत सिंह, गुरबीर सिंह, अवतार सिंह, बेअन्त सिंह तथा नाजर सिंह आदि कट्टर आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है जिन पर दुर्दांत आतंकवादियों को शरण देने का भी आरोप है । उन्होंने बताया कि थाना निहालसिंहवाला के गांव मिनिया की मलकीयत कौर को भी गिरफ्तार किया गया है जो कि स्कूटर छीनने की वारदातों तथा एक मकान को आग लगाने की घटना में संलिप्त थी ।

इन लोगों के पास से सात पिस्तौलें व कारतूस भी बरामद हुए ।

उग्रवादी युवती बंदी

फरीदकोट जिले की मोगा तहसील के बधानाकलां थाना के एक ग्राम की दबोत उग्रवादी युवकी मंजीत कौर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया । यह युवती कई स्कूटर, लाइसैंसी हथियार छीनने व उग्रवादी वारदातों में वांछित थी । उसका साथी प्रताप सिंह फरार है । उसे जेल भेज दिया गया ।

4 की हत्या

अमृतसर (वि.प्र.): यहां जिला मुख्यालय में मिली एक सूचना के अनुसार गत रात आतंकवादियों ने पट्टी और तरनतारन सब डिवीजनों में चार व्यक्तियों की गोली मारकर हत्या कर दी तथा फरार हो गए ।

थाना वल्टोहा के क्षेत्र में स्थित गांव घरियाला में आधी दर्जन के करीब आतंकवादी एक व्यक्ति मुख्तार सिंह के मकान में रात के 9.30 बजे घुस गए । उनके पास चीनी असाल्ट राइफल तथा पिस्तौल थी । मुख्तार सिंह और उसका लड़का बलविंदर सिंह जब आतंकवादियों के आमने-सामने आए तो अज्ञात आतंकवादियों ने उन्हें गोलियां मारीं जिससे वे दोनों वहीं ढेर हो गए । बाद में आतंकवादियों ने परिवार के दूसरे सदस्यों को भी ढूंढा लेकिन जब कोई न मिला तो उन्होंने वहां खड़े ट्रैक्टर तथा मकान को आग लगा दी व फरार हो गए ।

थाना तरनतारन के गांव रत्तौल में एक व्यक्ति बख्शीश सिंह के घर में दाखिल होकर चार आतंकवादियों ने उससे रुपया मांगा । जब उसने विवशता प्रकट की तो उन्होंने बख्शीश सिंह के पास खड़े उसके लड़के राजेन्द्र सिंह को गोलियां मारीं जो कि वहीं दम तोड़ गया । थाना झब्बाल के गांव दाओके में पांच आतंकवादियों ने एक युवक जसविंदर सिंह पुत्र प्यारा सिंह की हत्या कर दी । उसकी हत्या करने से पहले आतंकवादियों ने उसको कहा कि वह सिख होकर दाढ़ी क्यों कटवाता है ।

सात आतंकवादी गिरफ्तार

पटियाला (भूषण): जिला पुलिस ने सात आतंकवादियों तथा उनके शरणदाताओं को गिरफ्तार किया है । एस.एस.पी. श्री सीतल दास ने यह जानकारी दी । इनमें गांव सुरसिंह थाना भिखीविंड का अर्जुन सिंह, अर्जुन सिंह का लड़का जोगेन्द्र सिंह, ज्ञान सिंह का लड़का करतार सिंह भी शामिल हैं । वे नौ हत्याओं में संलिप्त थे जिनमें गांव गुलाहार में सात व्यक्तियों की हत्या भी शामिल है । अर्जुन सिंह से एक पिस्तौल व कुछ कारतूस बरामद हुए । करतार सिंह व जोगेन्द्र सिंह से कुछ भी नहीं मिला । गिरफ्तार किए गए अन्य संदिग्ध आतंकवादी हैं । अजायब सिंह गांव मोमियां थाना पातड़ां, शमशेर सिंह गांव बिराग मलथाना नाभा सदर, जरनैल सिंह नाभा, गुरमीत सिंह बस्सी पठानां । उनके कब्जे से एक स्प्रिंग फील्ड राइफल, 7 कारतूस, एक चोरी शुदा मोटर साइकल और तीन कारतूसों समेत एक पिस्तौल बरामद हुई । गुरमीत सिंह ने बस्सी पठानां में एक शराब का ठेका लूटने की कोशिश की थी । उसके कब्जे से एक देसी पिस्तौल मिला ।

स्कूटर छीना

होशियारपुर (प्रद्युम्न): यहां से 25 कि.मी. दू नंगल खुर्द के चौ पर खड़े दो युवकों ने पिस्तौल की नोक पर एक व्यक्ति जसविंदर सिंह से उसका स्कूट (पी.यू.एच. 1577) छीना और भाग गए जसविंदर सिंह के अनुसार वह कल सायं अपने घ आ रहा था कि चो के पास पहुंचने पर उसका स्कूट छीन लिया गया ।

रिमांड बढ़ा

चंडीगढ़ से 'संघी' के अनुसार स्थानीय पुलिस की ओर से गत 21 मई को हथियारों सहित गिरफ्तार किए गए 5 उग्रवादियों में से आज गुरविंदर सिंह नामक युवक का जुडिशियल मैजिस्ट्रेट श्री गुरनाम सिंह सेवक की अदालत से एक दिन के लिए पुलिस रिमांड में वृद्धि करा ली गई जबकि 3 अन्य युवक बख्शीश, अमरीक सिंह व जसविंदर सिंह को भी उपकार सिंह के साथ न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया ।

लूटपाट

मोहाली (न) : निकटवर्ती गांव लांडरा में कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने बन्दूक की नोक पर एक सुनार की दुकान से लगभग 70 हजार रुपए मूल्य के गहने लूट लिए । बताया जाता है कि लूटेरों ने हवाई फायर भी किए ।

बगावत के आसार

(पृष्ठ 1 का शेष)

जत्थेदार जसवीर सिंह रोडे सहित तीन हैड ग्रंथियों ने उस आरोप का खंडन किया कि उन्हें सरकार से समझौते के दृष्टिगत रिहा किया गया । अमृतसर जेल से प्रैस को जारी आज एक संयुक्त बयान में उन्होंने इस आरोप को भी निराधार बताया कि वे 'आप्रेशन ब्लैक थंडर' के लिये उत्तरदायी हैं । बयान पर जत्थेदार जसवीर सिंह रोडे के अतिरिक्त तख्त केसगढ़ साहब के जत्थेदार जसवंत सिंह और अकाल तख्त के हैडग्रंथी कश्मीर सिंह के हस्ताक्षर हैं । इन तीनों को गत 12 मई को कर्फ्यू के उल्लंघन के आरोप में गिरफ्तार किया गया था ।

खालिस्तानी सिख नहीं

बयान में कहा गया है कि 'सिख विरोधी' कार्य सरकार अपने एजैंटों से करा रही है । अब जबकि 'सब हो चुका' है तो यह स्पष्ट हुआ है कि सरकार ने अपने एजैंटों द्वारा मंदिर को अपवित्र किया । ऐसे एजैंटों ने आत्म-समर्पण करके अपना असली चेहरा दिखा दिया है। उन्होंने कहा कि 'खालिस्तानी' होने का दावा करने वाले सिख नहीं हो सकते । उनके कुकृत्यों ने सिख परम्पराओं को बहुत बड़ी क्षति पहुंचाई है । बयान में कहा गया कि 'खालिस्तान' की मांग सरकार की दमनकारी नीति का परिणाम है जिसने सिख युवकों को हथियार उठाने को मजबूर किया । उन्होंने सिख जनता से अपील की कि वह सरकारी प्रचार से गुमराह न हो ।

रिमांड

चारों हैडग्रंथियों व उनके 24 समर्थकों को दस जून तक के लिए ड्यूटी मैजिस्ट्रेट पुष्पिंदर सिंह ने जुडिशियल रिमांड में सौंप दिया । इनमें गुरदेव सिंह कौओके भी शामिल है ।

राजीव ने 'एक पद एक व्यक्ति' बारे फर्नांडीज से रिपोर्ट मांगी

नई दिल्ली, 27 मई (वार्ता): कांग्रेस (इ) अध्यक्ष तथा प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने पार्टी के महासचिव आस्कर फर्नांडीज को पार्टी में "एक पद एक व्यक्ति' के सिद्धांत को लागू करने की सम्भावनाओं के बारे में एक रिपोर्ट पेश करने को कहा है । श्री फर्नांडीज ने आज यहां पत्रकारों को बताया कि वह इस सम्बन्ध में अपना अध्ययन पूरा कर शीघ्र ही रिपोर्ट पेश कर देंगे ।

गुमशुदा की तलाश

मेरा लड़का जतिंदर पाल सिंह 'राजू', कद 5½', रंग गंदमी, दाढ़ी खुली, एक मई, 1988 से 10.30 बजे सुबह से लापता है । परिवार बहुत ही चिंतित है । यदि वह स्वयं पढ़े, तो जल्दी घर आ जाए या किसी को मिले तो निम्नलिखित पते पर घर पहुंचा दे । शुक्राना के तौर पर किराया और ईनाम दिया जाएगा ।

बलदेव सिंह, गांव खैराबाद
डाकखाना फूलखुर्द, ज़िला रोपड़

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

रोज़गार

6500 Government Posts of Clerks for Matriculates for details write : Principal, Rozgar Guidance Institute,

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 27.5.88, 48/- without trays. NECC Suggested Retail Price 6.60 per Dozen.

मई

उत्तम टीवी

लुधियाना के 2 बाज़ारों में बम धमाके, कोई क्षति नहीं

चंडीगढ़, 29 मई (वार्ता, ह.स.): पंजाब में गत रात के बाद आतंकवादियों ने दो कांग्रेसी नेताओं सहित 8 व्यक्तियों की हत्या कर दी जबकि एक आतंकवादी मुठभेड़ में मारा गया । जिला होशियारपुर में एक बस के यात्रियों को लूट लिया गया । सुरक्षा बलों ने रंगरेटा कमांडो फोर्स के एरिया कमांडर लक्खा सिंह सहित 8 कट्टर आतंकवादियों को गिरफ्तार किया जबकि 19 अन्य संदिग्ध व्यक्ति भी पकड़े गए । लुधियाना में 2 बम धमाके होने का समाचार है ।

बस यात्रियों को लूटा

होशियारपुर (प्रद्युम्न): कल शाम 6½ बजे के करीब होशियारपुर-जनौड़ी सड़क पर यहां से 40 किलोमीटर दूर माड़ियां खड्ड के निकट बहेड़ा गांव के मोड़ पर तीन आतंकवादियों ने जौहल ट्रांस्पोर्ट कम्पनी की बस नम्बर पी.डब्ल्यू.जे. 6595 को लूट लिया । उन्होंने बस को हाथ देकर रोका तथा उसमें सवार होने के बाद पिस्तौल दिखा कर पहले ड्राइवर से बस की चाबियां और लगभग 250 रुपए ले लिए और सभी सवारियों से कहा कि उनके पास जो कुछ भी है, वह निकाल लें और पिस्तौल की नोक पर सभी यात्रियों से नकदी, घड़ियां, बालियां, चेनी, अंगूठियां और अन्य जेवर छीने व बस से उतर गए ।

ड्राइवर ने समझा कि यह क्षेत्र हिमाचल में है अत: वह पहले गगरेट पहुंचा पर जब उसे पता चला कि क्षेत्र पंजाब का है तो उसने थाना हरयाना में जाकर रिपोर्ट लिखवाई । ड्राइवर के अनुसार आतंकवादी लगभग एक लाख रुपए मूल्य के जेवर, अन्य सामान व नकदी लूट कर ले गए ।

दो की हत्या

होशियारपुर से 30 किलोमीटर दूर गांव रहल्ली में कुछ आतंकवादियों ने दो घरों पर हमला करके एक व्यक्ति राम तीर्थ तथा उसकी पत्नी की हत्या कर दी जबकि दूसरे परिवार के चमन लाल तथा उसके छह वर्षीय बच्चे संदीप कुमार को घायल कर दिया । घायलों को सिविल अस्पताल में पहुंचाया गया जहां उनकी हालत खतरे से बाहर है । मौके पर जाकर मालूम हुआ है कि 5-6 लोग पैदल ही खेतों की ओर से गांव में दाखिल हुए, जिन्हें एक व्यक्ति ने, जो कि ट्यूबवैल से आ रहा था, देखा । गांव के बाहर ही, जहां उक्त दो घर हैं, उन्हें एक औरत प्रकाश देवी, जो कि रामतीर्थ की मां है, मिली । उन्होंने उसे कहा था कि दौड़ जाओ अंदर । वह बेचारी पहले तो यह समझी कि लड़के खेतों में पानी लगा रहे हैं लेकिन जब उसने उनके पास हथियार देखे तो वह सहम गई ।

ऐसा लगता है कि हमला दो ग्रुपों में किया गया क्योंकि वहां मौजूद लोग यह नहीं बता सके कि पहले हमला चमन लाल के घर पर हुआ या राम तीर्थ के । सम्भवत: हमला एक ही वक्त पर हुआ या थोड़े अंतर के साथ हुआ । चमन लाल के पिता राम स्वरूप ने बताया कि वह रात 8.40 बजे अपने लड़के चमन लाल, पोते संदीप व अन्य छोटे बच्चों के साथ टैलीविजन पर खबरें सुन रहे थे कि बाहर से दरवाजा तोड़ने की आवाज आई । बाहर से उनकी पत्नी ने आवाज दी कि गोली चल रही है । इसी बीच हमलावर दरवाजा तोड़ कर अंदर आ गए । अंदर बैठे लोगों ने बैठक की बत्ती बुझा दी तथा टैलीविजन बंद कर लिया । हमलावरों ने बैठक का दरवाजा तोड़ने की कोशिश की परन्तु बाप-बेटे ने दरवाजा नहीं खुलने दिया । इस पर हमलावरों ने एक खिड़की में से आंधधुंध फायरिंग शुरू कर दी, जिससे एक बच्चे को गोली लग गई । दीवार पर लगी गोली के छर्रे चमन लाल को भी लगे । कई गोलियां तो इतनी सख्त थीं कि उनके दीवार में लगने से काफी गहरे छेद पड़ गए । घर में गोलियों के काफी निशान थे । थोड़ी देर बाद हमलावर चले गए । जब बाहर से उनके एक रिश्तेदार की आवाज आई तब ही वे बाहर निकले ।

दूसरी ओर दूसरा ग्रुप रामतीर्थ के मकान में दरवाजा बाहर से खोल कर घुस गया । राम तीर्थ, जो कि थोड़ी देर पहले खेतों से आया था, अपनी बैठक में पूजा करने बैठा था । बैठक में बिजली जल रही थी । उन्होंने अंदर आते ही उसे गोलियों से ढेर कर दिया । साथ ही बरामदे में संतोष रानी, उसका एक बच्चा, राम तीर्थ का भाई शाम लाल, उसकी धर्मपत्नी व बच्चे खाना लगा कर बैठे राम तीर्थ की प्रतीक्षा कर रहे थे कि गोली की आवाज सुन कर वे अंदर भागे । आतंकवादियों ने गोलियों का रुख उनकी ओर कर दिया । इस पर संतोष रानी को गोली लग गई और वह वहीं गिर गई जबकि सभी लोग अंदर चले गए । आतंकवादियों ने अंदर की ओर भी गोलियां चलाईं । शाम लाल ने ट्रंक के अंदर बैठ कर जान बचाई जबकि शेष लोग नीचे लेट गए ।

इस गांव में लगभग 150 घर हरिजनों के, 7 जाटों के, दो ब्राह्मणों के हैं परन्तु यह लोग एक जान हैं । पुलिस को रात के समय ही सूचना मिली तो उस समय दौड़-धूप शुरू हो गई । एस.एस.पी. स्वयं मौके पर पहुंच गए तथा नजदीकी गांवों में छापे मारे गए । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

'अश्विनी' के अनुसार संदीप कुमार को होशियारपुर सिविल अस्पताल में दाखिल कराया गया । ग्रामीणों ने बताया कि उग्रवादी लगभग 20 मिनट तक गोलियां बरसाते रहे । आसपास का कोई व्यक्ति पीड़ितों की सहायता को न आया ।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि उग्रवादी एक ट्रक पर ग्राम में आए थे व घटना के पश्चात् इस ट्रक पर ही बड़ो-रूपोवाल लिंक रोड़ की तरफ भागे । इस ग्राम में अभी तक स्पैशल पुलिस चौकी स्थापित नहीं की गई । होशियारपुर के एस.एस.पी. ने बताया कि उग्रवादियों की तलाश में गढ़शंकर सब-डिवीजन तथा जिला जालन्धर व कपूरथला के कई ग्रुपों में गत रात्रि व आज प्रात: छापे मारे गए । श्री संधू ने बताया कि इस घटना के सम्बन्ध में पूछताछ के लिए कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है ।

2 कांग्रेसियों की हत्या

लुधियाना, (जोशी, महिंद्रा): आज प्रात: ही लगभग पौने 7 बजे लुधियाना जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव श्री आत्मा राम आर्य और एक अन्य कांग्रेसी नेता सरदार अर्जुन सिंह की आतंकवादियों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी । सरदार अर्जुन सिंह की मौके पर ही मृत्यु हो गई जबकि श्री आर्य सी.एम.सी. ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ गए । श्री आर्य प्रसिद्ध आर्य समाजी नेता स्वर्गीय वैद्य कुंदन लाल के दामाद थे ।

वारदात की खबर मिलते ही पुलिस प्रमुख श्री ए.पी. पांडे घटनास्थल पर पहुंच गए जबकि सुरक्षा बलों ने क्षेत्र की घेरा बंदी कर ली । सैंकड़ों कांग्रेसी वर्करों तथा शहरियों ने इस वारदात पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए घटनास्थल पर पुलिस के विरुद्ध नारेबाजी की । हत्यारे फरार हो गए तथापि पुलिस ने तीन व्यक्तियों को हिरासत में ले लिया, जो कि एक श्री व्हीलर में जा रहे थे । वारदात का ब्यौरा इस प्रकार बताया गया है कि श्री आर्य और उनके साथी सरदार अर्जुन सिंह श्री आर्य की बेकरी की दुकान पर, जो कि उनके घर के पीछे ही स्थित है, चाय पी रहे थे । तीन स्कूटर सवार वहां पहुंचे । उनमें से एक ने स्कूटर स्टार्ट रखा जबकि दो ने दोनों इंका नेताओं पर गोलियां चलाईं । फायरिंग के बाद हत्यारे साथ वाली गली में से फरार होने में सफल हो गए । ज्ञात हुआ है कि श्री आर्य को धमकी भरे पत्र कुछ दिनों से मिल रहे थे ।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जब युवकों के एक दल ने गोलियां चलने की आवाज सुनी तो उन्होंने उग्रवादियों का पीछा भी किया । एक स्थान पर उस समय गड़बड़ हो गई जबकि क्रुद्ध लोग पुलिस डिवीजन नंबर 3 की ओर बढ़ रहे थे तो पुलिस की एक जीप एक संदिग्ध व्यक्ति को लेकर वहां पहुंची । लोगों ने उसको मारपीट करनी शुरू कर दी, जिस पर उसको साथ वाली गली में ले जाना पड़ा । श्री आर्य लुधियाना युवा इंका के प्रधान भी रहे । वह जिला शिकायत कमेटी के सदस्य थे ।

घर-घर की तलाशी

जैसे ही श्री पांडे घटनास्थल पर पहुंचे, क्रुद्ध भीड़ ने विरोधी नारे लगाए । 9 एम.एम. के 4 खाली कारतूस उनके हवाले किए गए । श्री पांडे ने बताया कि निकटवर्ती मुहल्ले जनकपुर में घर-घर की तलाशी लेने का क्रम शुरू किया गया है क्योंकि शक है कि हत्यारे भाग कर वहीं गए थे ।

अंतिम संस्कार

श्री आर्य और सरदार अर्जुन सिंह का आज गऊघाट श्मशान भूमि पर एक साथ अंतिम संस्कार किया गया । उनकी अर्थी के जलूस में हजारों हिन्दू व सिख शामिल हुए । दोनों समुदायों के लोगों ने अर्थियों को कंधा दिया । स्त्रियां भी भारी संख्या में जलूस में शामिल हुईं । 31 मई मंगलवार शाम

मास्को में गोर्बाच्योव-रीगन





लुधियाना में रविवार को उग्रवादियों की गोलियों से मारे गए (1) कांग्रेस (इ) नेता आत्मा राम और (2) अर्जुन सिंह के शव (इन्सैट उनके पुराने चित्र), (3) आत्मा राम की पत्नी और परिवार के बिलख रहे सदस्य, (4) अर्जुन सिंह की पत्नी तथा परिवार के बिलख रहे सदस्य, (5) आत्मा राम की दुकान जहां उग्रवादियों ने गोली चलाई (छाया : काम्बोज), (6) फिरोज़पुर की नई अनाज मंडी में उग्रवादियों की फायरिंग से मारे गये गुरबख्श सिंह (इन्सैट पुराना चित्र) का शव (छाया : जीप पायलट), (7) होशियारपुर के गांव रहेली में उग्रवादियों द्वारा एक घर में घुस कर की

Punjabi Sanata

इतवारी बाजार में कई हजार लोग सामान की खरीद-फरोख्त के लिए आते हैं ।

हत्याओं की निंदा

लुधियाना के वरिष्ठ कांग्रेसी पूर्व सांसद श्री सतपाल मित्तल ने श्री आर्य की हत्या पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा है कि श्री आर्य की हत्या से उन्हें भारी आघात पहुंचा है । उन्होंने कहा कि जब श्री पांडे की हत्या हुई थी तो मेरा एक तरह से दायां बाजू कट गया था और अब श्री आर्य की हत्या से मेरा बायां बाजू भी कट गया है । लुधियाना इंका प्रधान जगदीश चंद्र, भूतपूर्व मंत्री सरदारी लाल कपूर, भाजपा नेता कृष्ण गुप्ता, जिला भाजपा अध्यक्ष चौ. सत्य प्रकाश, युवा मोर्चा अध्यक्ष सुनील मेहरा, युवा इंका नेता दलीप थापर ने भी इन हत्याओं की कड़ी निंदा की ।

एस.एस.पी. श्री पांडे ने बताया कि श्री आर्य के साथी सरदार अर्जुन सिंह को 5 गोलियां लगीं । श्री आर्य को 2 गोलियां लगीं । एक गोली उनके सिर में लगी जो कि घातक सिद्ध हुई । श्री पांडे ने बताया कि इस सम्बन्ध में पूछताछ के लिए आधी दर्जन व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया है ।

कार उड़ा ली

कल रात लुधियाना बस स्टैंड पर खड़ी एक फिएट कार कोई व्यक्ति उड़ा ले गया । यह कार दोआबा ब्रदर्ज नामक फर्म की थी । पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है ।

किसान की हत्या

फिरोजपुर (बागी): दो अज्ञात आतंकवादियों ने शनिवार की शाम को थाना जीरा के गांव मेहल में किसान जगजीत सिंह को गोली मार कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया, जिसकी अस्पताल को ले जाते हुए मृत्यु हो गई । एस.एस.पी. श्री अनिल कौशिक ने बताया कि आतंकवादियों ने उसका लाइसैंसी रिवाल्वर मांगा लेकिन उसके इन्कार करने पर उसे गोली मार दी ।

युवक की हत्या

'पायलट' के अनुसार आज तड़के 3 बजे नई अनाज मंडी के निकट नई आबादी में तीन घरों में लूटपाट करने के बाद आतंकवादियों ने साथ वाले मकान में एक युवक गुरबख्श सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि जब आतंकवादी लुटेरे साथ वाले तीन मकानों में नकदी, सोना व घड़ियां आदि लूट कर मृतक के छोटे भाई के मकान में दीवार फांद कर घुसे तो आहट सुन कर घर की औरतों ने शोर मचाना शुरू कर दिया और अंधेरे का लाभ उठा कर परिवार के सदस्य छत से कूद कर भाग गए और अपनी जान बचाई । इसी मध्य शोर सुन कर गुरबख्श सिंह अपने मकान से बाहर निकला और आतंकवादियों को शोर मचा कर भगाने की कोशिश की तो हड़बड़ाहट में भी समय दोहराया जा सकता है । पता चला है कि इस धमकी के दृष्टिगत कल यहां के उच्चाधिकारियों ने स्टेशन पर कड़े सुरक्षा प्रबन्ध करवाने का आश्वासन दिया है ।

कार मिली

गत दिवस जिला फिरोजपुर के मखू थाना क्षेत्र में उग्रवादी ईंट भट्ठे के मालिक इंद्र मोहन को उसकी कार सहित ले उड़े थे । पुलिस सूत्रों के अनुसार भट्ठा मालिक इंद्र मोहन की कार पुलिस ने मखू के निकट मंड क्षेत्र से बरामद कर ली है पर अभी तक भट्ठा मालिक का कोई सुराग नहीं लगा ।

आतंकवादी मारा गया

फिल्लौर (भाखड़ी): आज प्रातः 4 बजे के करीब यहां निकटवर्ती गांव गन्ना पिंड के मंड क्षेत्र में गश्ती पुलिस के साथ मुकाबले में एक आतंकवादी मारा गया जबकि उसका साथी भागने में सफल हो गया । पुलिस सूत्रों से प्राप्त विवरण के अनुसार एस.एच.ओ. चंचल सिंह फिल्लौर व सी.आर.पी. की एक टुकड़ी का संचालन सी.आई.ए. स्टाफ के डी.एस.पी. गुरबचन सिंह कर रहे थे कि गन्ना पिंड के निकट मंड क्षेत्र में धुस्सी बांध की ओर से दो नौजवान आते दिखाई दिए जिन्हें पुलिस ने रुकने के लिए कहा . लेकिन दोनों ने पुलिस पर गोलियां चलाईं व काफी समय रुक-रुक कर दोनों ओर से गोलियां चलती रहीं । कुछ समय पश्चात् जब गोलियां चलनी बंद हुईं तो घटनास्थल पर पुलिस ने एक उग्रवादी को मृत पाया व निकट ही एक 315 बोर की राईफल, 3 कारतूस व 3 चले हुए कारतूस व 5 कारतूस 9 एम.एम. के मिले हैं ।

2 उग्रवादियों की शिनाख्त

कल जिला जालन्धर में मुठभेड़ में मारे गए दो आतंकवादियों की पहचान हो गई है । पुलिस सूत्रों ने बताया कि गन्ना पिंड के निकट मारे गए आतंकवादी का नाम रणजीत सिंह उर्फ गुरमुख सिंह गांव तुगल गढ़ थाना बंगा है जबकि कल प्रातः पखलौर के निकट मारे गए आतंकवादी का नाम रघुवीर सिंह गांव जीरां थाना नवांशहर है ।

वारदात का ब्यौरा

कल रात नकोदर सब-डिवीजन में हुई वारदात का ब्यौरा देते हुए पुलिस सूत्रों ने बताया कि आतंकवादियों ने पहले बख्शीश सिंह नामक व्यक्ति से उसका मोटर साइकल पी.बी.जे. 8700 छीना और फिर गांव सेहम कुलियां में प्यारा सिंह वाल्मीकि की हत्या की । इसके बाद वे शराब के ठेके पर गए जहां उन्होंने ठेके के सेल्समैन गुरपाल सिंह एक ग्राहक दर्शन सिंह को गोलियां मार कर ढेर कर दिया । इसके पश्चात् तीनों आतंकवादी, जो कि रिवाल्वरों से लैस थे, तूत कलां गांव के निकट एक व्यक्ति से स्कूटर छीन कर ले गए और भागते हुए

2 गिरफ्तार

गुरदासपुर (विनोद): जिला पुलिस प्रमुख श्री पी.एम. दास ने आज यहां बताया कि गांव जफरवाल के भूतपूर्व सरपंच स्वर्ण सिंह, जो कुछ समय पूर्व रासुका के अंतर्गत एक वर्ष की नजरबंदी से रिहा होकर आया था और गोदरपुरा निवासी गुरमीत सिंह को खालिस्तान के समर्थन में प्रचार करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया ।

स्कूटर छीना

बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में गत 28 मई को बाद दोपहर गांव चुहेवाल के निकट से दो सशस्त्र अज्ञात युवक एक व्यक्ति जसवंत सिंह से उसका स्कूटर पी.ए.जी. 3321 छीन कर फरार हो गए । सदर पुलिस बटाला ने केस दर्ज कर लिया है ।

शरणदाता गिरफ्तार

एस.एस.पी. श्री सुमेध सिंह सैनी ने आज यहां पत्रकारों को बताया कि सदर पुलिस बटाला ने आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में दो व्यक्तियों बलविंदर सिंह व सुखदेव सिंह गांव बिजलीवाल को आतंकवाद निरोधक कानून के तहत गिरफ्तार किया है । श्री सैनी ने बताया कि ये लोग बब्बर खालसा के आतंकवादियों को शरण देते थे, जिन्होंने कुछ समय पहले गांव घोग्गा के निकट बी.एस.एफ. के ट्रक पर गश्त कर रही पार्टी पर राकेटों से हमला किया था । ये आतंकवादी वारदात के बाद इन्हीं दोनों व्यक्तियों के पास ठहरे थे ।

स्त्री की हत्या

कल रात तीन सशस्त्र व्यक्तियों ने बटाला नगर में एक स्त्री सुरेंद्र कौर की गोली मार कर हत्या कर दी । खबरों के अनुसार सशस्त्र व्यक्ति बलजीत सिंह के घर में दाखिल हुए और उससे 50 हजार रुपए मांगे । उसके इन्कार करने पर उन्होंने उसकी पत्नी को गोली मार दी ।

भटिंडा में हत्या

कल रात जिला भटिंडा में कुछ संदिग्ध व्यक्तियों ने एक व्यक्ति हरदेव सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । तथापि पुलिस का कहना है कि हत्या का कारण सम्पत्ति का विवाद हो सकता है ।

लक्खा सिंह गिरफ्तार

फरीदकोट (वार्ता): गत रात्रि सुरक्षा बलों ने 8 कट्टर आतंकवादियों को गिरफ्तार किया, जिनमें 5 का सम्बन्ध 'रंगरेटा कमांडो फोर्स' के साथ है । गिरफ्तार किए गए लोगों में आर.सी.एफ. का स्वयंभू एरिया कमांडर लक्खा सिंह भी शामिल है । पुलिस और सुरक्षा बलों ने सूचना मिलने पर जैतो के निकट एक डेरा पर छापा मारा और 8 व्यक्तियों को काबू कर लिया जबकि उनके 4 साथी अंधेरे में भाग निकले । फरीदकोट के एस.एस.पी. श्री गोबिंद राम ने बताया कि पुलिस ने दो विदेशी पिस्तौल, एक दोनाली बंदूक, विभिन्न बोर की 5 पिस्तौलें व बड़ी मात्रा में कारतूस बरामद किए । पुलिस ने 19 अन्य संदिग्ध लोगों को भी पकड़ा जिनमें से कुछ पर आतंकवादियों को शरण देने का आरोप है । उनसे भी कुछ हथियार बरामद हुए । फिरोजपुर पुलिस ने भी 4 संदिग्ध व्यक्ति पकड़े ।

कर्फ्यू में ढील

पटियाला (भूषण): निकटवर्ती कस्बा सामाना में आज प्रातः 8 बजे से दोपहर एक बजे तक कर्फ्यू में

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

गुमशुदा

हमारी ईकाई श्री विक्रम काटन मिल्स, लखनऊ को सेल्सटैक्स विभाग द्वारा 28 जनवरी 1988 को जारी फार्म 31 संख्या 04-2822442 गुम हो गया है । किसी भी व्यक्ति अथवा फर्म द्वारा उक्त फार्म का

टूर एंड ट्रैवल्ज़

12 जून मनाली, कुल्लू, रोहताग, मनीकरण 27 जून श्रीनगर, पहलगाम, गुलमर्ग, वैष्णो देवी डीलक्स बसें, मिलें—राजदेवी मंदिर, चौक निमबाला, लुधियाना ।

चंडीगढ़, 30 मई (वार्ता, ह.स.): पंजाब में गत 24 घंटों के दौरान 6 व्यक्तियों की गोली मार कर हत्या कर दी गई जबकि लुधियाना रेलवे स्टेशन पर हुए बम धमाके का एक घायल दम तोड़ गया । पुलिस ने पंथक कमेटी के सदस्य वस्सन सिंह जफरवाल के 2 नजदीकी साथियों को गिरफ्तार कर लिया । लुधियाना में 2 और बम धमाके हुए तथा एक शक्तिशाली बम पड़ा हुआ मिला । जालंधर के निकट पनसप के गोदाम से 136 गैस सिलंडर लूट लिए गए । गोहाना में 2 संदिग्ध आतंकवादी गिरफ्तार किए गए ।

एक घुसपैठिया मरा, एक गिरफ्तार

अमृतसर का समाचार है कि आज मजीठा के लोपोके थानांतर्गत रनियां सीमा चौकी के पास सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में एक पाकिस्तानी घुसपैठिया मारा गया तथा एक अन्य, जिस का नाम अनरूल इस्लाम है, पकड़ा गया । उनसे तस्करी का काफी माल पकड़ा गया ।

दो की हत्या

अमृतसर (ह.स.): संदिग्ध आतंकवादियों ने कल रात जंडियाला थाने के तलवन गांव के लम्बरदार (राजस्व कर्मचारी) सुरजन सिंह और उनके नौकर महेन्द्र सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी । पुलिस ने बताया कि ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफलों से लैस सात आठ आतंकवादियों के एक गिरोह ने आधी रात के वक्त लम्बरदार के घर में प्रवेश किया और उन्हें सोते में मार डाला । वारदात के बाद हत्यारे भाग निकले ।

मुठभेड़

इसी बीच आतंकवादियों के एक गिरोह और सुरक्षा बल के बीच कल रात भिखीविंड क्षेत्र में जबरदस्त गोलीबारी हुई । गोलीबारी में कोई हताहत नहीं हुआ । आतंकवादी भाग निकले ।

गैस सिलंडर लूट लिए

जालन्धर (क) : गत रात 11 बजे के लगभग स्थानीय गुरु तेग बहादुर कालोनी के बाहर बूटां गांव स्थित पनसप के गोदाम से आधी दर्जन से अधिक सशस्त्र लुटेरे एक ट्रक में 136 कुकिंग गैस सिलंडर लूट कर ले गए । प्राप्त विवरण के अनुसार उस समय वहां दो चौकीदार निरंजन सिंह निवासी गांव ताजपुर तथा सुरेश कुमार निवासी डिफैंस कालोनी जालन्धर ड्यूटी पर तैनात थे । उन्होंने लुटेरों का विरोध किया जिस पर लुटेरों ने उन्हें तलवारों से घायल कर दिया और उनके हाथ-पांव बांध दिए ।

बताया गया है कि लुटेरे कुछ और भी सिलंडर ले जाते किन्तु अचानक उन्हें उस ओर एक जीप आती नजर आई और वे तुरन्त ट्रक पर फरार हो गए ।

बताया गया कि जब एक घायल थाना डिवीजन 6 में रिपोर्ट दर्ज कराने गया तो वहां कर्मियों ने इसे थाना सदर का केस बताया । फिर भी मिन्नत-समाजत पर कुछ कर्मी घटनास्थल पर गए और जीप में दोनों घायलों को सिविल अस्पताल ले गए । जहां निरंजन सिंह की स्थिति कुछ चिंताजनक बताई गई है । यह भी बताया गया है कि कुछ समय पूर्व भी गोदाम से सैंकड़ों सिलंडर चोरी किए गए थे । उल्लेखनीय है कि चौकीदारों को पनसप ने कोई हथियार नहीं दे रखे । उनकी मांग है कि चौकीदारों को हथियार दिए जाने चाहिएं ।

साइकल सवार की मृत्यु

'न.न.अ.' के अनुसार मृतक गुरदीप सिंह एक्साईज विभाग का ड्राइवर था और ड्यूटी खत्म करके घर वापस जा रहा था । गोली उसके सिर में पीछे से मारी गई, जो आर-पार निकल गई । वह मौके पर ही दम तोड़ गया । वह खुरला-किंगरा का निवासी था ।

जालंधर जिले के थाना नवांशहर के गांव सलवान में आज बाद दोपहर दो स्कूटर सवार उग्रवादी एक सहकारी बैंक से 78,633 रुपए लूट कर फरार हो गए ।

रिटायर्ड कैप्टन की हत्या

'संघी' ने चंडीगढ़ से खबर दी है कि आज शाम यहां से लगभग 28 किलो मीटर दूर मोरिंडा के निकट स्थित गांव दूमछेड़ी में उग्रवादियों ने एक रिटायर्ड कैप्टन जोगेन्द्र सिंह पूनिया की गोली मार कर हत्या कर दी । प्राप्त समाचारों के अनुसार श्री पूनिया, जिनकी यहां के सैक्टर 32 में कुकिंग गैस की एजैंसी भी है, जब आज शाम अपने गांव में जाकर दिन भर की गर्मी उतारने के लिए नहा रहे थे तो दो युवक जिनकी दाढ़ी खुली हुई थी, उनके घर आए और श्री पूनिया के बारे में पूछताछ की । नहाने के बाद जैसे ही श्री पूनिया उनके सामने आए तो युवकों ने उन पर गोलियां बरसाईं जिनसे उनकी वहीं मृत्यु हो गई ।

पिता, पुत्र की हत्या

फरीदकोट (जिंदल, गुप्ता): चार सशस्त्र आतंकवादियों ने कल रात 8.30 बजे के लगभग जिला फरीदकोट के गांव भगतवाला में एक शराब के ठेका के मालिक और उसके लड़के की गोली मार कर हत्या कर दी । प्राप्त सूचनाओं के अनुसार मृतकों के नाम करनैल सिंह (45) तथा सुरेन्द्र कुमार (22) हैं । कहा जाता है कि आतंकवादी दो स्कूटरों पर आए और उनके घर का दरवाजा खटखटाया । जैसे ही करनैल सिंह ने दरवाजा खोला उन्होंने अंधाधुंध गोलियां चलानी शुरू कर दीं, जिसके परिणामस्वरूप दोनों पिता, पुत्र वहीं दम तोड़ गए । सुरेन्द्र कुमार का विवाह पिछले वर्ष हुआ था ।

एस.एस.पी. का बयान

एस.एस.पी. श्री गोविंद राम ने जिलाधीश श्री सरदेव सिंह बराड़ के साथ घटनास्थल का दौरा किया और दो घंटे तक वहां रहे । उन्होंने पत्रकारों को बताया कि यह निजी शत्रुता का मामला है तथा आतंकवादी अपराध नहीं है । उन्होंने बताया कि करनैल सिंह के साले सुरजीत सिंह व रूप सिंह की किसी व्यक्ति ने हत्या कर दी थी और उसके (कथित हत्यारे के) पुत्र पप्पू को अदालत ने जमानत पर रिहा कर दिया था । पप्पू तथा उसके दो साथियों ने करनैल सिंह व उसके लड़के सुरेन्द्र कुमार को दोनों हत्या केसों में समझौता करने के लिए कहा था लेकिन उन्होंने ऐसा करने से इन्कार कर दिया । इस पर पप्पू अपने तीन साथियों सहित भगतवाला पहुंचा और दोनों बाप बेटे की हत्या कर दी ।

श्री गोविन्द राम ने पत्रकारों को बताया कि पुलिस ने सुरक्षा बलों की मदद से गत डेढ़ मास के दौरान जिला में 100 आतंकवादियों से एक सौ से अधिक विदेशी और देसी हथियार और भारी मात्रा

(शेष पृष्ठ 6 पर)

अमृतसर में गैस सिलंडर फटने से 6 मरे, 80 घायल

अमृतसर, 30 मई (ह.स., अशोक सोनी): अमृतसर शहर में आज रात हुई एक ट्रैजिडी में कम से कम 6 लोग मारे गए तथा 80 घायल हो गए । बताया जाता है कि शिवाला भाइयां मन्दिर के बाहर लगे 'मेले' की भीड़ में गुब्बारे में गैस भरने के लिए प्रयुक्त किया जा रहा सिलंडर फट गया ।

जिला पुलिस चीफ श्री सुरेश अरोड़ा ने आज रात बताया कि सिलंडर उस समय फटा जब कुछ समय के लिए लाइट फेल हो जाने पर गुब्बारे वाले ने अपना गैस लैम्प जलाया । सिलंडर से गैस लीक हो रही थी जिसके कारण उसे आग लग गई और जोरदार धमाका हुआ । मृतकों में 3 महिलाएं व दो बच्चे भी हैं ।

गुरु तेग बहादुर अस्पताल में, जहां घायलों को दाखिल किया गया है, शहर के कई अस्पताल के डाक्टरों की टीमें उनकी देखभाल में लगी हैं । कुछ घायलों की हालत नाजुक बताई जाती है ।

विस्फोट से सारे क्षेत्र में आतंक फैल गया क्योंकि लोगों को संदेह था कि बम फटा है । कुछ राजनीतिक संगठनों ने तो कल बंद का आह्वान भी दे दिया लेकिन वास्तविकता पता चलने पर आह्वान बाद में वापस ले लिया गया ।

यह धमाका उस समय हुआ जब राज्यपाल श्री सिद्धार्थ शंकर रे कानून-व्यवस्था की स्थिति का

साथ ही 20-20 गज ऊपर आग के शोले निकले । उन्होंने बताया कि इस वारदात में मौके पर जो तीन व्यक्ति मारे गए हैं, उनमें एक बच्चा और दो स्त्रियां शामिल हैं । घटनास्थल पर और अस्पताल में भारी भीड़ लगी हुई है और जगह-जगह रक्त बिखरा हुआ है । धमाके के कारण रेहड़ियों आदि की काफी तोड़-फोड़ हुई । घायलों में मजीठा से पलायन करके आने वाला एक दम्पति भी शामिल है, जबकि दो लोग ऐसे हैं जो किसी की मातमपुरसी में बटाला और धर्मशाला से आए थे ।

नारंग के अनुसार मृतकों की संख्या 9 है और मृतक स्त्री का नाम सुरेश रानी पत्नी जगदीश है । अन्य मृतकों के नामों का अभी पता नहीं चल सका है जबकि दो बच्चों में से एक का चेहरा धमाके के कारण बिल्कुल पता नहीं चल रहा । सभी शव पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल लाए गए हैं । अस्पताल में उग्र भीड़ ने पथराव किया और सरकार के विरुद्ध नारे लगाए । घायलों में राज कुमार, बलविंद्र सिंह, सुरेन्द्र कुमार, प्रवीण, पूनम, साधू राम, बलबीर, संतोश कुमारी, उसकी बेटी रजनी, आशा, काशी, राम और दर्शना शामिल हैं ।

परिसर की उग्रवादियों से मुक्ति के लिए कमेटी पर



जालंधर में उग्रवादियों की गोली से मरे युवक गुरदीप सिंह (इन्सैट पुराना चित्र) का बिलखता हुआ परिवार । (छाया : कपूर)

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

और गोली सिक्का बरामद किया । इनमें 18 ए.के. 47 राइफलें, 19 मैगजीन, 5 स्टेनगनें, 30 रिवाल्वर, 40 बंदूकें, 700 जिंदा कारतूस व 20 किलो ग्राम विस्फोटक सामग्री शामिल है । श्री गोबिंद राम ने बताया कि सात कट्टर आतंकवादी मुठभेड़ों में मारे गए जिनमें के.सी.एफ., के एल.एफ. तथा रंगरेटा कमांडो फोर्स से सम्बन्धित हरनाम सिंह, मल्कीयत सिंह रोडे, चमकौर सिंह उर्फ गुरदेव सिंह, किशन सिंह बिल्लू बकरियांवाला और जीत सिंह शामिल हैं ।

दो आतंकवादी गिरफ्तार

सोनीपत (सपरा): यहां प्राप्त अधिकृत सूचना के अनुसार सोनीपत जिला के उपमंडलीय नगर गोहाना में एक मारुति कार को पकड़कर उसमें सवार दो आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया । पुलिस ने उनसे दो रिवाल्वर, 21 जिंदा कारतूस तथा हजार रुपए के करंसी नोट बरामद किए । सरकारी सूत्रों ने बताया कि दोनों अभियुक्त संदिग्ध परिस्थितियों में लोकदल (ब) के विधायक श्री किशन सिंह संगवां के घर के आसपास घूम रहे थे ।

इसी बीच जिला प्रशासन ने सरकारी एजैंसियों के बारे में प्राप्त सूचनाओं के आधार पर गोहाना नगर में कड़े सुरक्षा पग उठाए हैं । नगर में सभी प्रवेश और निष्क्रमण स्थानों पर वाहनों की चैकिंग शुरू कर दी गई है । नगर में आने वाली सभी बसों की तलाशी ली जा रही है और संदिग्ध दिखाई देने वाले यात्रियों से पूछताछ की जा रही है । पुलिस की गश्त भी बढ़ा दी गई है और इस उद्देश्य के लिए अतिरिक्त वाहन उपलब्ध कराए जा रहे हैं । पुलिस थानों को अपने क्षेत्रों में विशेष सतर्कता के निर्देश दिए गए हैं । जिला प्रशासन ने लोगों को अफवाहों के खरीद सावधान किया ।

दो बम धमाके

लुधियाना (ह.स.): कल रात यहां जमालपुर लेबर कालोनी की श्मशान भूमि में दो बम धमाके हुए । इस तरह पिछले 24 घंटों में लुधियाना में चार धमाके हुए हैं लेकिन इनसे कोई क्षति नहीं हुई । इसी मध्य आज पुलिस ने रणधीर नगर की एक कोठी के आगे पड़ा एक शक्तिशाली बम बरामद किया । सैनिक विशेषज्ञों को बुलाकर इसे निष्क्रिय किया गया ।

घायल चल बसा

यहां 22 मई को रेलवे स्टेशन पर हुए बम विस्फोट का एक घायल नाथ राम (50) चल बसा । इससे इस धमाके में मरने वालों की संख्या 3 हो गई ।

स्कूटर छीना

आज दिन-दहाड़े माडल ग्राम में एक व्यक्ति राज कुमार से उसका स्कूटर छीन लिया गया ।

गोली ,सिक्का बरामद



रविवार को फिल्लौर के निकट गन्ना गांव में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए उग्रवादी रणजीत सिंह उर्फ गुरमुख निवासी तुंगला गेट बंगा का शव । (छाया : तरसेम)

सिंह और धारीवाल थाने के चौधरपुरा गांव का गुरमीत सिंह शामिल हैं । इन दोनों पर भारत विरोधी और खालिस्तान समर्थक गतिविधियों में लिप्त रहने का आरोप है ।

पुलिस का दावा

इस बीच पुलिस ने दावा किया है कि उसने पठानकोट और हिमाचल प्रदेश सड़क परिवहन निगम की बसों में बम विस्फोट करने वाले आतंकवादियों को पहचान लिया है । पिछले दिनों हुए इन विस्फोटों में सात व्यक्तियों की मृत्यु हो गई थी और 80 अन्य घायल हो गए थे ।

गांवों में स्थिति बिगड़ रही है

नकोदर (गगन): नकोदर के कई गांवों में दिनप्रतिदिन हालत बद से बदतर होती जा रही है । लोग रातों को घर छोड़ जाते हैं और सुबह कुछ मर्द मैम्बर ही गांव में काम करने के लिए लौटते हैं जबकि औरतें, बच्चे, जवान लड़के व लड़कियां गांव में वापस नहीं आते । नकोदर के ब्राह्मण आबादी वाले गांव में से अनुसूचित जाति के लोग भी ब्राह्मणों के साथ ही रातों को घर छोड़ जाते हैं । पिछले दिनों गांव में हुए पांच कत्लों के बाद सी.आर.पी. एफ. द्वारा गलती से आतंकवादी समझकर पहरा दे रहे एक श्री तेल राम एस.पी.ओ. के मारे जाने के बाद तो लोग और भी आतंकित हो गए हैं । गांव में सिर्फ अब कुछ बुजुर्ग ही रहते हैं । दूसरी तरफ शहर से सिर्फ दो किलो मीटर दूर गांव बुड्डी पिंड के लोग पिछले बीस दिनों से अपने घरों में नहीं सो रहे क्योंकि दो बार आतंकवादी इस गांव में आ चुके हैं । एक बार तो गोलियां चलाकर एक व्यक्ति को सख्त जख्मी कर गए थे । गांव में नवविवाहित जवान लड़के व लड़कियां तो वैसे ही सुरक्षित स्थानों पर या रिश्तेदारों के पास चले गए । सरकार के सुरक्षा आश्वासनों के बावजूद भी लोगों में विश्वास उत्पन्न नहीं हुआ । गांव के लोग बहुत ही आतंक में जी रहे हैं क्योंकि लोगों को लगातार धमकियां मिल रही हैं । इसी तहसील के गांव धालीवाल जहां पिछले दिनों एक परिवार के 6 मैम्बरों को कत्ल कर दिया गया था वहां भी यही हालत पैदा हो गई है ।

मुकेरियां (भाबर): थाना दसूहा के गांव मानगढ़ में दो अज्ञात व्यक्तियों ने एक व्यक्ति देवराज से उसका स्कूटर पी.बी.ओ. 4201 छीन लिया ।

लगाया गया है । श्रीमती सुशील गुप्ता को पंजाब महिला एवं शिशु कल्याण निगम का नया प्रबन्ध निदेशक लगाया गया है । वहां से श्री आज्ञा राजेंद्र सिंह को बदल कर पंजाब का कंट्रोलर प्रिंटिंग एंड स्टेशनरी लगाया गया है ।

राजेन्द्र कुमार को यू.टी. चंडीगढ़ से वापसी पर अवर सचिव राष्ट्रीय एकता परिषद एवं इमिग्रेशन लगाया गया है । रोपड़ के एस.डी.ओ. (सिविल) श्री गुरदेव सिंह सिद्धू को पर्यटन एवं सांस्कृतिक मामलों का अवर सचिव लगाया गया है । जालंधर स्थानीय निकाय के उप-निदेशक एम.एल. गोत्रा को पटियाला का आबकारी एवं कराधान संयुक्त आयुक्त लगाया गया है । संत राम गर्ग को पटियाला से बदल कर लुधियाना नगर निगम का संयुक्त आयुक्त लगाया गया है । अमरजीत सिंह गुलाटी को लुधियाना से बदल कर नगर निगम जालंधर का संयुक्त आयुक्त लगाया गया है ।

स्वतंत्रता सेनानी कल्याण विभाग के उप-सचिव भूपेन्द्र सिंह को उप-निदेशक स्थानीय निकाय जालंधर नियुक्त किया गया है । पंजाब बिजली बोर्ड पटियाला के उप-सचिव मनमोहन सिंह को उप-निदेशक स्थानीय निकाय पटियाला लगाया गया है । श्रीमती उषा आर. शर्मा उप-निदेशक स्थानीय निकाय पटियाला को डी.पी.आई. (कालेज) कार्यालय में प्रशासनिक अधिकारी लगाया गया है । फिरोजपुर जिला परिवहन अधिकारी शमिन्दर सिंह को सहायक आयुक्त नगर निगम अमृतसर लगाया गया है । नए पी.सी.एस. अधिकारी देश दीपक को फिरोजपुर का जिला परिवहन अधिकारी बनाया गया है । सतवंत सिंह फरीदकोट के एग्जीक्यूटिव मैजिस्ट्रेट होंगे ।

एन.के. वधावन को गिदड़बाहा का एग्जीक्यूटिव मैजिस्ट्रेट लगाया गया है । दलीप सिंह सेखों पटियाला के जिला परिवहन अधिकारी होंगे । दलजीत सिंह लुधियाना के एग्जीक्यूटिव मैजिस्ट्रेट होंगे । इस पद से एस.के. शर्मा को लुधियाना जिला का परिवहन अधिकारी लगाया गया है । सी.एस. तलवाड़ लुधियाना के जी.ए. टू डी.सी. होंगे । सुरेंद्र पाल को जी.ए. टू डी.सी. फिरोजपुर होंगे । मोहन सिंह बनवैत को गुरदासपुर जिला का परिवहन अधिकारी, अजीत सिंह पन्नू को उप-महाप्रबन्धक पी.आर.टी.सी. पटियाला तथा बी.के. भल्ला को भटिंडा का जिला शिकायत अधिकारी लगाया गया है ।

सोमनाथ सहायक आबकारी एवं कराधान आयुक्त पटियाला को एस.डी.ओ. (सि.) खन्ना, जगजीत सिंह सहायक आयुक्त नगर निगम अमृतसर को एस.डी.ओ. (सिविल) रोपड़ नियुक्त किया गया है । जगजीत सिंह को हाल ही में अतिरिक्त जिलाधीश फिरोजपुर लगाया गया था । किरनदीप सिंह एस.डी.ओ. (सि.) रामपुराफूल को एस.डी.ओ. (सि.) फिरोजपुर लगाया गया है । कुलबीर सिंह को एस.डी.ओ. (सि.) रामपुराफूल लगाया गया है । समीर कुमार एस.डी.ओ. (सि.) नाभा को बाबा बकाला का नया एस.डी.ओ. (सिविल) लगाया गया है । विधि चंद जिला परिवहन अधिकारी गुरदासपुर, नाभा के नए एस.डी.ओ. (सिविल) होंगे । जीत सिंह एस.डी.ओ. (सिविल) बाबा बकाला को बरनाला का नया एस.डी.ओ. (सि.) नियुक्त किया गया है । हर धर्मपाल गर्ग जिला शिकायत अधिकारी भटिंडा को एस.डी.ओ. (सि.) भटिंडा लगाया गया है । आर.एल. मेहता जी.ए. जिलाधीश फिरोजपुर को एस.डी.ओ. (सि.) पठानकोट, एम. जी. आचार्य जिला परिवहन

Punjabi Sanata

अमृतसर में बोपाराय में गोलियों से छलनी शव मिला ।

बम फटा

दीनानगर (कपूर, विनोद): आज प्रातः यहां सब्जी मंडी में सब्जी के ढेर के नीचे पड़ी बोरी में से एक भयंकर बम विस्फोट हुआ जिसके परिणामस्वरूप 5 व्यक्ति मारे गए और 31 (एक अन्य सूचनानुसार 28) घायल हो गए । इनमें से दो सतपाल और रहमत मसीह की तो घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि तीन अन्य अस्पताल में जाकर दम तोड़ गए । इनमें से दो का नाम पवन कुमार और ज्ञान चन्द है जबकि पांचवें की अभी पहचान नहीं हुई । गम्भीर घायलों को अमृतसर अस्पताल भेज दिया गया है । भाजपा राष्ट्रीय सुरक्षा समिति, शिव सेना के वर्कर घटनास्थल पर पहुंच गए और उन्होंने घायलों को तुरन्त अस्पताल पहुंचाया । जिलाधीश एवं पुलिस अधीक्षक तुरन्त घटनास्थल पर पहुंच गए । उन्होंने लोगों से कहा कि जब भी वे कोई लावारिस पड़ी चीज देखें तो पुलिस को अवगत करें । बम विस्फोट के आरोप में पांच लोगों को हिरासत में ले लिया गया है ।

बंद का आह्वान

भाजपा, इंका तथा अन्य सभी दलों ने सामूहिक तौर पर दीनानगर बंद का आह्वान किया है । नगर में भारी तनाव पाया जाता है । सभी दलों के नेताओं ने इस बम विस्फोट की कड़े शब्दों में निंदा की है ।

आज प्रातः रोज की तरह ही लोग दीनानगर सब्जी मंडी में सब्जी खरीदने और बेचने वाले इकट्ठे थे कि लगभग 6.15 पर मै. गुरदियाल एंड कम्पनी के बाहर, जो कि नगर पालिका के मुख्य गेट के पास है, जबरदस्त बम धमाका हुआ जिससे सब्जी मंडी में अफरा-तफरी फैल गई । घायलों की शिनाख्त जरनैल चन्द, प्यारा लाल, पवन कुमार, ध्यान चन्द्र, जिलाधीश श्री डी.एस. कल्हा तथा सीमा सुरक्षा बल के अतिरिक्त डी.आई.जी. श्री छाबड़ा, जो कि दीनानगर घटनास्थल पर पहुंच गए थे, ने बताया कि दीनानगर में भी जो बम धमाका किया गया वह उसी तरह का था जैसा धमाके पठानकोट में हुए थे । यह बम शक्तिशाली विस्फोटक पदार्थ से तैयार किए जाते हैं और इन्हें टाइम बम की मदद से चलाया जाता है और वह आग पैदा करते हैं । श्री जाफा ने बताया कि पठानकोट में बम धमाकों के बाद हम काफी सतर्क थे और तभी से संदिग्ध लोगों की धर-पकड़ जारी थी ।

जिलाधीश श्री डी.एस. कल्हा ने बताया है कि दीनानगर में स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है । उन्होंने गम्भीर घायलों को 5-5 हजार, घायलों को 2500 और मामूली घायलों को 1000-1000 रुपए आर्थिक सहायता देने की घोषणा की । दीनानगर में हुए बम धमाका के सम्बन्ध में दीनानगर तथा गुरदासपुर में पूर्ण हड़ताल रही । गुरदासपुर सब्जी मंडी को भी पुलिस ने दीनानगर बम धमाके की सूचना मिलते ही सुरक्षा के तौर पर खाली करवा लिया । जिला कांग्रेस, भारतीय जनता पार्टी, राष्ट्रीय सुरक्षा समिति, हिन्दू शिव सेना और भूतपूर्व विधायक श्री जयमुनि (दीनानगर), कुमारी सुशील महाजन (गुरदासपुर) ने आतंकवादियों के इस घृणित कार्य की निन्दा की है ।

आतंकवादी मर गया

कैथल (सतीजा): शुक्रवार को गिरफ्तार किए गए दो आतंकवादियों में से एक मनजीत सिंह को शव पिहोवा पुलिस कड़ी सुरक्षा में पोस्टमार्टम के लिए यहां लेकर आई । मनजीत सिंह ने उसके साथी सुखचैन सिंह सहित थाना चीमा के क्षेत्र में कासारी गांव में एक मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया था । पुलिस अधिकारी इस विषय में मौन साधे हुए

जालन्धर (ह.स.): हाल ही में गठित विशेष पुलिस अधिकारी बल के साथ कल रात यहां जिले में हुई एक मुठभेड़ के बाद तीन संदिग्ध आतंकवादी भाग निकले । एक अन्य घटना में पांच आतंकवादी एक .32 बोर के रिवाल्वर और तीन कारतूस लेकर भाग गए । पुलिस ने बताया कि नकोदर थाना के बज्जुआ खुर्द गांव में कल देर रात गए तीन आतंकवादियों और विशेष बल के बीच गोलीबारी हुई । बल द्वारा करारा जवाब देने पर आतंकवादी भाग गए । भागते हुए आतंकवादी अपने कुछ जूते वहीं छोड़ गए । भाग निकले आतंकवादियों का पता लगाने के लिए पुलिस ने बड़ी मुहिम छेड़ी है ।

एक अन्य घटना में नूरमहल थानांतर्गत गुमराला गांव में पांच संदिग्ध आतंकवादी साधु सिंह के घर की दीवार फांद कर उसका .32 बोर का रिवाल्वर और तीन कारतूस लेकर भाग गए । पुलिस दोनों मामलों की जांच कर रही है ।

2.60 लाख रुपए लूटे

रामपुराफूल (सरस्वती): रामपुराफूल के भटिंडा सैंट्रल कोआप्रेटिव बैंक की बांच कें खजांची से 2.60 लाख रुपए लूट ले जाने की खबर मिली है । प्राप्त सूचनाके अनुसार खजांची पाल चन्द और बैंक का चपरासी गुरसेवक सिंह यह रुपया लेकर पौने एक बजे के करीब स्टेट बैंक आफ पटियाला की बांच में जमा कराने के लिए बिना किसी सुरक्षा कर्मी के पैदल ही जा रहे थे कि रास्ते में स्कूटर नम्बर पी.बी.एन.जी. 8654 पर सवार दो आतंकवादियों ने पिस्तौल की नोक पर उनसे रुपया छीन लिया व भाग गए । उन्होंने सिरों पर पीले पटके बांधे हुए थे ।

4 गिरफ्तार

भटिंडा (वार्ता): गत रात पुलिस ने दो

(शेष पृष्ठ 8 पर)

Punjabi Sanatani

1

2

3

4

5

6

7

8

9

10

11

12

13

14

15

16

17

18

19

20

21

22

23

24

25

26

27

28

29

30

31

32

33

34

35

36

Punjabi Sahitan

आतंकवादियों सुरेश कुमार उर्फ कृष्ण कुमार पंडित तथा सुखदेव सिंह उर्फ सुक्खा (दोनों गांव चौकी के निवासी) को गिरफ्तार किया । उनसे एक 12 बोर की बंदूक, एक पिस्तौल तथा कुछ कारतूस भी मिले । पुलिस चीफ ने बताया कि सुखपाल सिंह तथा बूटा सिंह नामक दो व्यक्तियों को आतंकवादियों को शरण देने पर गिरफ्तार किया गया ।

एक अंक में

सुपर
हिमालायन
वीकली

सुपर हिमालयन वीकली लाटरी के 104वें ड्रा का परिणाम, जो शिमला में 31.5.88 को निकाला गया :-

DRAW FOR SERIES SHG, SHH, SHJ, SHK SHL.

1st Prize (1) Rs. 1,00,000/- (Common to all Series)

SHJ-595215

2nd Prize (2) Rs. 5,000/- each (Preceeding & Succeeding No. of 1st Prize)

SHJ-595214 & SHJ-595216

3rd Prize (49) Rs. 500/- each (Ending with last 5 digits of 1st prize).

95215

4th Prize (450) Rs. 50/- each (Ending with last 4 digits of 1st prize).

5215

5th Prize (4,500) Rs. 10/- each (Ending with last 3 digits of 1st prize).

215

6th Prize (4,95,500) Rs. 7/- each (Ending with last 1 digit of 1st prize).

5

पुरस्कारों के अपने दावे प्रस्तुत करते समय कृपया अपने लाटरी टिकट के पीछे दिए गए निर्देशों का पालन करें । परिणाम की शुद्धता के लिए कृपया अधिकृत गजट देखें ।

आगामी ड्रा 7.6.1988 को ।

निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लाटरीज़, शिमला (हि.प्र.)

जय
श्री लक्ष्मी
वीकली लॉटरी
जीतिए
80%
से अधिक के पुरस्कार
10 टिकटों के ब्लाक पर
15 रु. की गारन्टी
ड्रा हर शुक्रवार

आयोजक :-पी. जैसमिन एंड. कं., 14, होटल आर्डीनेंस, एसेम्बली, रीगल बिल्डिंग, कनाट प्लेस, नई दिल्ली-110 001.
फोन : 310004.

हथियार बनाने की फैक्टरी पकड़ी

लुधियाना (ह.स.): यहां से बीस किलो मीटर दूर गांव चौकीमान में एक ईंटों के भट्ठे के मालिक सुन्दर सिंह को गोली मार कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया गया । चार आतंकवादी श्री सुन्दर सिंह के पास आए और उनके नकदी व उसका स्कूटर मांगा । जब उन्होंने कहा कि उनके पास न नकदी है और न स्कूटर है तो उन्होंने उन पर गोली चला दी । उन्हें स्थानीय दयानन्द अस्पताल में भर्ती कराया गया है । पुलिस जांच कर रही है ।

मारुति वैन छीन ली

सरहिंद (राकेश): यहां से 6 किलो मीटर दूर गांव अत्तेवाली के निकट दो पिस्तौलधारी नौजवानों ने बस्सी पठानां की एक मारुति वैन पी.बी.एन. 4881 ड्राइवर से छीन ली तथा फरार हो गए । प्राप्त जानकारी के अनुसार एक युवक ने बस्सी पठाना से पटियाला जाने के लिए 179 रुपए में एक मारुति वैन किराया पर ली । इस युवक ने मारुति वैन के ड्राइवर को कहा कि पटियाला जाने से पहले वह गांव अत्तेवाली अपने मित्र को लेने जाएगा । मारुति वैन जब अत्तेवाली के निकट पहुंची तो दूसरा नौजवान मारुति वैन में सवार हो गया तथा ड्राइवर को गांव कोटला की ओर जाने के लिए कहा लेकिन गांव पहुंचने से पहले उन्होंने वैन के ड्राइवर को पिस्तौल दिखा कर भगा दिया तथा गांव चुन्नी मछली की ओर वैन लेकर फरार हो गए ।

शव मिला

अमृतसर (वार्ता): अमृतसर जिला के पट्टी थाना क्षेत्र के बोपाराय गांव में आज सुबह एक शव मिला जिस पर गोलियों के निशान थे । पुलिस के अनुसार यह शव बलदेव सिंह नामक व्यक्ति का है ।

आतंकवादी काबू

गत रात अमृतसर जिला में थाना मजीठा के गांव बुर्ज कलां में एक मुठभेड़ के बाद आतंकवादी जगदेव सिंह उर्फ बिट्टू को काबू कर लिया गया ।

घुसपैठिया मारा गया

अमृतसर जिले के ही लोपोके सैक्टर में एक पाक घुसपैठिया सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में मारा गया ।

फगवाड़ा (राकेश): कल स्थानीय थाना सिटी पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक व्यक्ति तजिन्द सिंह निवासी गांव जौंदियाला थाना नूरमहल को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 315 बोर की रिवाल्वर व दो कारतूस बरामद किए हैं । पुलिस उससे पूछताछ कर रही है ।

वीडियो पार्लर संघ की रिबैरो से भेंट

चंडीगढ़, 31 मई (हि.प्र.): आज यहां पंजाब वीडियो पार्लर एसोसिएशन के एक डैपुटेशन ने पंजाब के राज्यपाल से मुलाकात करके वीडियो पार्लर बारे बनाई गई नई नीति को तुरंत लागू किए जाने की मांग की ।

बख्शी नामजद अदालत के जज

होशियारपुर, 31 मई (अश्विनी): पंजाब सरकार ने होशियारपुर के जिला व सैशन जज श्री एन.एस. बख्शी को आतंकवादियों के विरुद्ध केसों की सुनवाई के लिये होशियारपुर में टी.डी. एक्ट के अधीन स्थापित नामजद अदालत का नया जज भी नियुक्त कर दिया है ।

शिवाला भाइयां अमृतसर जहां सोमवार रात को बम विस्फोट हुआ । दुकानदारों, रेहड़ी वालों का सामान बिखरा पड़ा है । भाजपा नेता श्री बलदेव प्रकाश घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए ।
(छाया : रवि भंडारी)

चू से 10 मरे ...

(पृष्ठ 3 का शेष)

हिमाचल के ऊना और बिलासपुर में भी 45 डिग्री तापमान रिकार्ड किया गया । भटिंडा में 40 डिग्री और मंडी में 37 डिग्री तापमान रहा । शिमला में 32 डिग्री तापमान रहा, जो सामान्य से छः डिग्री अधिक है । गत 21 वर्षों से यह तापमान सर्वाधिक है । आज सायं बर्फ के साथ हुई ओलावृष्टि से तापमान में गिरावट आई ।

श्रीनगर में दिन का तापमान 36 डिग्री रहा जो सामान्य से सात डिग्री अधिक है ।

दिल्ली में अत्यधिक गर्मी से लोग परेशान रहे । कई क्षेत्रों में पीने के पानी की भी कमी रही । बर्फ चार रुपए किलो तक बिकी गई ।

पंजाब में करनाला सर्वाधिक गर्म स्थान रहा ।

मौसम विभाग के अनुसार आगामी 24 घंटों के दौरान हिमाचल में छिटपुट वर्षा जबकि पंजाब और हरियाणा में कहीं-कहीं धूल-भरी आंधी व गर्ज के साथ छींटे पड़ेंगे ।

लुधियाना (महिन्द्रा): इस सख्त गर्मी की ऋतु में लुधियाना नगर के कई अंदरूनी क्षेत्रों में पानी की किल्लत से हाहाकार मच रही है । कल भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रधान श्री सुनील मेहरा के नेतृत्व में नागरिकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने आयुक्त श्री एस.पी. करकरा तथा कार्यकारी इंजीनियर श्री आर.डी. बांसल से भेंट की तथा उन्हें बताया कि लुधियाना के अंदरूनी क्षेत्रों-देरसी, कल्याण नगर, गांधी नगर तथा न्यू माधोपुरी में पानी की सख्त किल्लत है ।

'प्रदीप' के अनुसार गुरदेव नगर, सराभा नगर, महाराज नगर, शहर के कई अन्दरूनी हिस्सों में पानी पहली मंजिल तक भी नहीं चढ़ता क्योंकि लोगों ने पानी ऊपर चढ़ाने के लिए विशेष प्रकार के जल यंत्र या मोटरें लगाई हुई हैं व चैकिंग की पकड़ ढीली है ।

खरड़ (शशि जैन): स्थानीय लोगों को पीने के पानी की गंभीर कमी का सामना करना पड़ रहा है । अधिकतर मुहल्लों में सुबह होते ही लोगों द्वारा पानी लेने के लिए नगरपालिका द्वारा लगाई गई टूटियों के आगे लाईन लगाई जाती है । भयानक गर्मी के कारण शहर के अधिकतर नलके तथा कुएं सूख चुके हैं । पानी की कमी के कारण पशुओं का भी बुरा हाल है । नगरपालिका द्वारा लगाए गए दो ट्यूबवैल लोगों को पूरा पानी सप्लाई करने में असमर्थ हैं । नगरपालिका द्वारा लगाया गया तीसरा ट्यूबवैल बिजली बोर्ड द्वारा कनैक्शन के इंतजार में है । लोगों की मांग है कि इस ट्यूबवैल को तुरंत चलाया जाए ।

उत्तर भारत के अनेक भागों में भीषण गर्मी, लू तथा मौसमी बीमारियों की वजह से अब तक 300 से भी अधिक व्यक्तियों की मृत्यु हो चुकी है । इनमें से सर्वाधिक 230 व्यक्ति राजस्थान में मरे हैं । उत्तर प्रदेश में मौजूदा प्रकोप से 66 व्यक्ति तथा पंजाब, हरियाणा और केन्द्र शासित चंडीगढ़ में 11 व्यक्तियों की मौत हुई है । दिल्ली में 25 लोगों की मृत्यु हुई है ।

उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब तथा हरियाणा के अनेक स्थानों पर तापमान 45 डिग्री सैल्सियस से ऊपर रहा । उत्तर और मध्य भारत मुख्य रूप से इस जानलेवा गर्मी की चपेट में हैं ।

नागपुर शहर का तापमान आज 46.6 डिग्री सैल्सियस रहा, जबकि पास के चन्द्रपुर जिले में पारा 48 डिग्री पर पहुंच गया ।

नमक व शक्कर का सेवन

जयपुर से प्राप्त समाचार के अनुसार गुलाबी नगर में पिछले पांच दिनों से चल रही लू ने एक ओर जहां लोगों का जीना दूभर कर दिया है वहीं खरबूजा उत्पादकों के लिए वरदान साबित हो रही है ।

श्रीलंका से भारतीय सैनिकों की वापसी की मांग

कोलम्बो, 31 मई (ए.पी.): श्रीलंका के वरिष्ठ अधिकारियों ने रक्षा मंत्री कृष्ण चन्द्र पंत से आग्रह किया है कि भारत श्रीलंका से अपने 50 हजार सैनिकों तथा टैंक और तोपखाना आदि हटाने का काम शुरू कर दे । अधिकारियों ने आज यह जानकारी दी । श्री पंत तीन दिवसीय यात्रा पर यहां कल पहुंचे थे । वह श्रीलंका के पूर्वी एवं उत्तरी भाग में तैनात भारतीय शांति सेना की चरणबद्ध ढंग से वापसी के सम्बन्ध में बातचीत करने यहां आए हैं ।

श्री पंत ने कल श्रीलंका के राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री ललित अतुलतमुदाली से भेंट की । आज वह राष्ट्रपति जूनियस जयवर्धने से भी मिले । श्री अतुलतमुदाली के निकट सूत्रों ने कहा कि श्री अतुलतमुदाली ने श्री पंत से आग्रह किया कि भारत को सर्वप्रथम टैंक और तोपों सहित भारी हथियार हटाने चाहिएं ।

भारतीय रक्षामंत्री श्री के. सी. पंत ने कहा कि अभी तक 460 भारतीय शांति सैनिक मारे गए हैं ।

अबोहर तहसील के नए जत्थेदार हरचरण सिंह ।

भारत-पाक विदेश सचिव वार्ता आज से

नई दिल्ली, 31 मई : भारत और पाकिस्तान के बीच सम्बन्धों को सामान्य बनाने के उद्देश्य से दोनों देशों के विदेश सचिवों की वार्ता यहां कल से आरम्भ होगी । पाकिस्तान के विदेश सचिव अब्दुल सत्तार वार्ता में भाग लेने के लिए आज रात यहां पहुंच गए हैं । विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने यह जानकारी देते हुए कहा कि पाक विदेश सचिव की भारत यात्रा दोनों देशों के बीच चल रहे विचार-विमर्श का अंग है ।

प्रवक्ता ने कहा कि दोनों देशों के विदेश सचिवों की वार्ता दो दिन चलेगी । श्री अब्दुल सत्तार के साथ वहां के अतिरिक्त विदेश सचिव खालिद महमूद तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी आ रहे हैं । 1986 के बाद पाक विदेश सचिव की यह पहली भारत यात्रा है । दिसम्बर 1986 में भारत के तत्कालीन विदेश सचिव ए.पी. वेंकटेश्वरन वहां गए थे ।

भारत और पाकिस्तान के बीच सम्बन्धों को सुधारने की दिशा में हाल ही में दोनों देशों के गृह सचिवों की भी वार्ता हुई थी ।

हालांकि इस बात की जानकारी नहीं दी गई है कि दोनों सचिव क्या बातचीत करेंगे लेकिन ऐसी सम्भावना है कि दोनों देशों के अधिकारी अनाक्रमण संधि को अंतिम रूप देने की सम्भावना और एक-दूसरे के परमाणु केंद्रों पर हमला नहीं करने के लिए समझौते पर विचार-विमर्श करेंगे ।

दोनों देशों के बीच इन मुद्दों पर पिछले चार वर्ष से भी अधिक समय से बातचीत होती रही है । जहां तक एक-दूसरे के परमाणु केंद्रों पर हमला नहीं करने

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

शिक्षा

पत्राचार द्वारा B.Ed., BTC/JBT, LT/OT, B.A., M.A. करें । दसवीं पास इंटर तथा बिना किसी प्रमाणपत्र के Matric करें । रजिस्टर्ड डाक्टर हेतु वैद्यविशारद, आयुर्वेदरत्न करें । Prospectus के लिए लिखें : S.G. College of Correpondence, Railway Road, Ambala City.

UDI

दाखिले शुरू बी.ए., बी.एस.सी. डायरैक्ट फाईनल वर्ष (प्रोफैशनल) मैट्रिक, इंटर पास करने हेतु मिलें : जनता कालेज, एफ-19, शकूरपुर, दिल्ली, फोन-7221340.

पत्राचार द्वारा R.M.P./Pharmacist, डाक्टर बनने हेतु परामर्श लें । लिखें/मिलें : P.M.T. Medical College and Hospital, Daldali Road, Patna-800003.

UDI

मैट्रिक (बिना पूर्व परीक्षा) सितम्बर में (गारंटिड पास करें), मैट्रिक पास +2 (Direct) करें । B.A./B.Com./B.Sc. (Direct)/M.A./M.Com./M.Sc. (One sitting) LL.B. (3 years Professional) B.Ed. (Recognised/Correspondence)/JBT/OT (Allahabad), RMP (सरकारी मान्य) फीस बाद में/BAMS

RMP (सरकारी मान्य) 15 दिन में करें । (सबसे कम फीस), Matric बिना आठवीं, Inter (10+2) मैट्रिक के बाद एक वर्ष में, B.A./B.Com./ B.Sc./ M.A./ M.Com./ M.Sc. Maths (one sitting) में करें, BAMS/ANM/OT/JBT/B.Ed. Correspondence करें । Write for prospectus Guru Gobind Singh College, Garha, Jalandhar City.

टैलीविज़न सीखें

रंगहार, B/W टैलीविज़न कोर्स । सुबह और रात्रि की कक्षाओं में दाखिला शुरू । नैशनल इलैक्ट्रोनिक्स ट्रेनिंग कालेज, सामने बस स्टैंड, पठानकोट ।

प्रवेश सूचना

Admission Guidance MBA, BEd, BPEd, BPE (Amarvati) MS, BE (4 years), Polytechnic, B Pharma, D Pharma, MBBS, BDS, Contact personally Shivaji Public College, 1010/19B, Chandigarh.

बिकाऊ

15 KVA Eicher Engine air cooled sparingly used with alternator Texmach

Punjabi Sahitya

में 25 मरे : वह सिलेंडर नहीं श

त्र की बिजली बंद थी
में भगदड़ मच गई ।
नुसार बीस से पच्चीस
हुई है । इस घटना को
। लोगों में इस बात पर
ौसी गुब्बारे भरने वाली
ना बता रहे थे ।
श्री सर्बजीत सिंह ने
स्थिति यद्यपि तनावपूर्ण
ी हुई है । विस्फोट के
लिए भारतीय जनता
मिति सहित कुछ अन्य
ाह्वान पर आज बाजार

के अध्यक्ष डा. बलदेव
ोट के समय बिजली बंद
ं हो सकता ।
ट में मरने वाले प्रत्येक
-पांच हजार रुपए की
षणा की है । रैडक्रास
उपलब्ध करा रहा है ।
कारियों ने विस्फोट का
ना के बम-विशेषज्ञों को

यह बम-विस्फोट था : बलदेव

अमृतसर से हमारे विशेष प्रतिनिधि के अनुसार भाजपा नेता डा. बलदेव प्रकाश ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद एक वक्तव्य में कहा है कि इस बम कांड में मरने वालों और घायल होने वालों को मैंने शिवाला भाइयां के बाहर पड़े देखा और मौका देखने के बाद यह कहा जा सकता है जैसा कि घटनास्थल पर खड़े लोगों में चर्चा भी थी कि यह गैस सिलेंडर नहीं फटा बल्कि एक जबरदस्त बम-विस्फोट ही हुआ था । उन्होंने कहा कि अमृतसर जिला के प्रशासक हालात को सम्भालने में सर्वथा नाकाम रहे, क्योंकि अस्पताल के एसरजैंसी

वार्ड में भी
गया, घायलों
डाक्टर नहीं
होने के समा
काफी देर प
राज्यपाल श्री
पुलिस महा
और मैंने ह
जानकारी दी
व्यक्ति घाय
चिंताजनक
रा. सुर
ने भी कहा
अनुसार यह
स्थानीय
भाटिया भी
उन्होंने कह
उसकी पड़त
हिन्दू
ने भी कहा
कार्रवाई है
बताना निन्द
भाटिया
चरणदास,

लू ने दस लोगों की जान ली

चंडीगढ़, 31 मई (ह.स.): अत्यधिक गर्मी से दस लोगों की मृत्यु हो गई । दिन भर लू और धूल-भरी आंधी चलती रही ।

हरियाणा में लू लगने से पांच लोगों की मृत्यु हो गई । तावडू पुलिस स्टेशन के कांस्टेबल और फिरोजपुर झिरका में लू लगने से चार महिलाओं की मृत्यु हो गई ।

पंजाब में जिला फिरोजपुर के फाजिल्का और अबोहर क्षेत्रों में पांच लोगों की लू लगने से मृत्यु हो गई । इससे पहले चंडीगढ़ के क्षेत्र मनीमाजरा में लू लगने से एक व्यक्ति की मृत्यु हो चुकी है ।

पंजाब में फिरोजपुर, कपूरथला और पठानकोट तथा पालम (दिल्ली) में गत 24 घंटे के दौरान 47 डिग्री सैल्सियस तापमान रिकार्ड किया गया ।

चंडीगढ़ और आसपास के क्षेत्रों में वर्षा की बूंदों ने गत 11 दिनों से गर्मी से त्रस्त लोगों को कुछ राहत पहुंचाई । चंडीगढ़ में आज 45.3 डिग्री तापमान रिकार्ड किया गया जो सामान्य से चार डिग्री अधिक है ।

जम्मू-कश्मीर में लद्दाख और हिमाचल के ऊंचे पहाड़ी क्षेत्रों में हिमपात होने से लोगों ने कुछ राहत महसूस की ।

पालम, हरियाणा के निकटवर्ती क्षेत्रों और राजस्थान में चालीस किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से धूल-भरी आंधी चली ।

हरियाणा के क्षेत्र हिसार में 45 डिग्री तापमान रिकार्ड किया गया, जो सामान्य से पांच डिग्री अधिक है ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

Punjab Sanatani

शिवाला भाइयां अमृतसर में बस विस्फोट से पहले लोगों के घट (

छीन ली गई । कैथल के निकट मुठभेड़ के बाद घायलावस्था में पकड़े गए आतंकवादियों में से एक की मौत हो गई । नकोदर के निकट मुठभेड़ के बाद 3 आतंकवादी बच कर भाग निकले । जिला अमृतसर में बोपाराय में गोलियों से छलनी शव मिला ।

बम फटा

दीनानगर (कपूर, विनोद): आज प्रातः यहां सब्जी मंडी में सब्जी के ढेर के नीचे पड़ी बोरी में से एक भयंकर बम विस्फोट हुआ जिसके परिणामस्वरूप 5 व्यक्ति मारे गए और 31 (एक अन्य सूचनानुसार 28) घायल हो गए । इनमें से दो सतपाल और रहमत मसीह की तो घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि तीन अन्य अस्पताल में जाकर दम तोड़ गए । इनमें से दो का नाम पवन कुमार और ज्ञान चन्द है जबकि पांचवें की अभी पहचान नहीं हुई । गम्भीर घायलों को अमृतसर अस्पताल भेज दिया गया है । भाजपा राष्ट्रीय सुरक्षा समिति, शिव सेना के वर्कर घटनास्थल पर पहुंच गए और उन्होंने घायलों को तुरन्त अस्पताल पहुंचाया । जिलाधीश एवं पुलिस अधीक्षक तुरन्त घटनास्थल पर पहुंच गए । उन्होंने लोगों से कहा कि जब भी वे कोई लावारिस पड़ी चीज देखें तो पुलिस को अवगत करें । बम विस्फोट के आरोप में पांच लोगों को हिरासत में ले लिया गया है ।

बंद का आह्वान

भाजपा, इंका तथा अन्य सभी दलों ने सामूहिक तौर पर दीनानगर बंद का आह्वान किया है । नगर में भारी तनाव पाया जाता है । सभी दलों के नेताओं ने इस बम विस्फोट की कड़े शब्दों में निंदा की है ।

आज प्रातः रोज की तरह ही लोग दीनानगर सब्जी मंडी में सब्जी खरीदने और बेचने वाले इकट्ठे थे कि लगभग 6.15 पर मै. गुरदियाल एंड कम्पनी के बाहर, जो कि नगर पालिका के मुख्य गेट के पास है, जबरदस्त बम धमाका हुआ जिससे सब्जी मंडी में अफरा-तफरी फैल गई । घायलों की शिनाख्त अरनैल चन्द, प्यारा लाल, पवन कुमार, ध्यान चन्द्र, देव राज, धर्मपाल, रामदास, दुल्ला, बलदेव राज के रूप में की गई है ।

सीमा सुरक्षा बल के डी.आई.जी. श्री वाई.एस. जाफा, जिला पुलिस प्रमुख श्री पी.एम. दास, जिलाधीश श्री डी.एस. कल्हा तथा सीमा सुरक्षा बल के अतिरिक्त डी.आई.जी. श्री छाबड़ा, जो कि दीनानगर घटनास्थल पर पहुंच गए थे, ने बताया कि दीनानगर में भी जो बम धमाका किया गया वह उसी तरह का था जैसा धमाके पठानकोट में हुए थे । यह बम शक्तिशाली विस्फोटक पदार्थ से तैयार किए जाते हैं और इन्हें टाइम बम की मदद से चलाया जाता है और वह आग पैदा करते हैं । श्री जाफा ने बताया कि पठानकोट में बम धमाकों के बाद हम काफी सतर्क थे और तभी से संदिग्ध लोगों की धर-पकड़ जारी थी ।

जिलाधीश श्री डी.एस. कल्हा ने बताया है कि दीनानगर में स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है । उन्होंने गम्भीर घायलों को 5-5 हजार, घायलों को 2500 और मामूली घायलों को 1000-1000 रुपए आर्थिक सहायता देने की घोषणा की । दीनानगर में हुए बम धमाका के सम्बन्ध में दीनानगर तथा गुरदासपुर में पूर्ण हड़ताल रही । गुरदासपुर सब्जी मंडी को भी पुलिस ने दीनानगर बम धमाके की सूचना मिलते ही सुरक्षा के तौर पर खाली करवा लिया । जिला कांग्रेस, भारतीय जनता पार्टी, राष्ट्रीय सुरक्षा समिति, हिन्दू शिव सेना और भूतपूर्व विधायक श्री जयमुनि (दीनानगर), कुमारी सुशील महाजन (गुरदासपुर) ने आतंकवादियों के इस घृणित कार्य की निन्दा की है ।

आतंकवादी मर गया

कैथल (सतीजा): शुक्रवार को गिरफ्तार किए गए दो आतंकवादियों में से एक मनजीत सिंह का शव पिहोवा पुलिस कड़ी सुरक्षा में पोस्टमार्टम के लिए यहां लेकर आई । मनजीत सिंह ने उसके साथी सुखचैन सिंह सहित थाना चीमा के क्षेत्र में कालड़ी गांव में एक मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया था । पुलिस अधिकारी इस विषय में मौन साधे हुए नकद पुरस्कार दिए । कांस्टेबल परसराम और चांदी राम को पदोन्नति देकर हैड कांस्टेबल बना दिया गया ।

आतंकवादी जूते छोड़ कर भागे

जालन्धर (ह.स.): हाल ही में गठित विशेष पुलिस अधिकारी बल के साथ कल रात यहां जिले में हुई एक मुठभेड़ के बाद तीन संदिग्ध आतंकवादी भाग निकले । एक अन्य घटना में पांच आतंकवादी एक .32 बोर के रिवाल्वर और तीन कारतूस लेकर भाग गए । पुलिस ने बताया कि नकोदर थाना के बजूआ खुर्द गांव में कल देर रात गए तीन आतंकवादियों और विशेष बल के बीच गोलीबारी हुई । बल द्वारा करारा जवाब देने पर आतंकवादी भाग गए । भागते हुए आतंकवादी अपने कुछ जूते वहीं छोड़ गए । भाग निकले आतंकवादियों का पता लगाने के लिए पुलिस ने बड़ी मुहिम छेड़ी है ।

एक अन्य घटना में नूरमहल थानांतर्गत गुमराला गांव में पांच संदिग्ध आतंकवादी साधु सिंह के घर की दीवार फांद कर उसका .32 बोर का रिवाल्वर और तीन कारतूस लेकर भाग गए । पुलिस दोनों मामलों की जांच कर रही है ।

2.60 लाख रुपए लूटे

रामपुराफूल (सरस्वती): रामपुराफूल के भटिंडा सैंट्रल कोआपरेटिव बैंक की शाखा के खजांची से 2.60 लाख रुपए लूट ले जाने की खबर मिली है । प्राप्त सूचना के अनुसार खजांची पाल चन्द और बैंक का चौकीदार सेवक सिंह यह रुपया लेकर पौने एक बजे के करीब स्टेट बैंक आफ पटियाला की शाखा में जमा कराने के लिए बिना किसी सुरक्षा कर्मी के चल ही जा रहे थे कि रास्ते में स्कूटर नम्बर एच.एल.सी. 8654 पर सवार दो आतंकवादियों ने पिस्तौल की नोक पर उनसे रुपया छीन लिया व भाग गए । उन्होंने सिरों पर पीले पटके बांधे हुए थे ।

4 गिरफ्तार

भटिंडा (वार्ता): गत रात पुलिस ने दो

(शेष पृष्ठ 8 पर)

Punjabi Sanatan

2 बैंक गार्डों सहित पंजाब में 8 व्यक्तियों की हत्या : 8.35 लाख लूटे

शिवाला भाइयां विस्फोट में मृतकों की संख्या 27 हो गई

9 उग्रवादियों द्वारा आत्मसमर्पण, 10 शरणदाता बंदी

चंडीगढ़, 1 जून (वार्ता, ह.स.): पंजाब में गत 24 घंटों में 2 बैंक गार्डों सहित 6 व्यक्तियों की हत्या की गई । अमृतसर के शिवाला भाइयां बम कांड के मृतकों की संख्या 27 हो गई है । मोहाली में स्टेट बैंक आफ इंडिया के कैशियर से 4.35 लाख रुपए लूट लिए गए । बटाला में आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में 10 व्यक्ति गिरफ्तार किए गए । अमृतसर में बम विस्फोट के विरोध में वहां तथा दीनानगर में बम विस्फोट के विरोध में दीनानगर तथा गुरदासपुर में हड़ताल रही । उग्रवादियों ने मुदकी में बैंक से 4 लाख रु. लूट लिए । अमृतसर बम विस्फोट कांड की जिम्मेदारी बब्बर खालसा ने ली है । 9 कुख्यात उग्रवादियों ने आत्म समर्पण कर दिया ।

9 उग्रवादियों द्वारा आत्म-समर्पण

पंजाब पुलिस के महानिदेशक के.पी.एस. गिल ने आज रात्रि बताया कि विभिन्न उग्रवादी गतिविधियों में वांछित नौ उग्रवादियों ने विभिन्न स्थानों पर आत्म-समर्पण कर दिया । चार उग्रवादियों ने लुधियाना के एस.एस.पी. के आगे, दो ने भटिंडा के एस.एस.पी. के आगे, दो ने फिरोजपुर के एस.एस.पी. के आगे व एक ने फरीदकोट के एस.एस.पी. के आगे आत्म-समर्पण किया । यह आत्म-समर्पण आप्रेशन ब्लैक थंडर की सफलता के बाद किए गए । लुधियाना में आत्म-समर्पण करने वालों के नाम हैं--बलविंदर सिंह उर्फ काला, हरप्रीत सिंह उर्फ पीपा, करमजीत सिंह उर्फ कम्मा, जसबीर सिंह । भटिंडा में आत्म-समर्पण करने वालों के नाम हैं--खालिस्तान कमांडो फोर्स का एरिया कमांडर छिन्दर सिंह उर्फ छिन्दा, मंजीत सिंह उर्फ काका । फिरोजपुर में आत्म-समर्पण करने वालों के नाम हैं--बख्शीश सिंह उर्फ सोहना, अमरीक सिंह तथा फरीदकोट में आत्म-समर्पण करने वाले का नाम है--तीरथ सिंह । इन्होंने दो ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफलें, 3 किलो विस्फोटक पदार्थ, एक 12 बोर की बंदूक, एक रिवाल्वर, एक पिस्तौल, विभिन्न प्रकार की सैकड़ों गोलियां व कारतूस भी पुलिस को सौंप दिए ।

लुधियाना में एस.एस.पी. ए.पी. पांडे ने बताया कि हरप्रीत सिंह, बलजिंदर सिंह, जसबीर सिंह छंदरां ग्राम के और करमजीत सिंह संघन ग्राम का रहने वाला है । इसी गिरोह का एक सदस्य रूपिंदर सिंह 22 मई को साहनेवाल में पुलिस से मुठभेड़ में मारा गया था । यह गिरोह कहानी कलां ग्राम में ईंट भट्ठे थे । इन चारों को कल पत्रकारों के सामने पेश किया जाएगा ।

4.35 लाख रुपए लूटे

मोहाली (नर्बदा, संघी): आज प्रात: यहां स्थित पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड के कर्मचारियों को वेतन देने के लिए लाया गया 4,35,864 रुपया उग्रवादी बंदूक की नोक पर लूटकर ले गए । प्राप्त समाचारों के अनुसार यह रुपया स्टेट बैंक आफ इंडिया के शिक्षा कार्यालय में स्थित एक्सटेंशन काऊंटर का कैशियर गनमैन के साथ चंडीगढ़ के सैक्टर 14 में स्थित अपने बैंक से लेकर जैसे ही बोर्ड कार्यालय के निकट कार से उतरा तो वहां खड़े तीन नवयुवकों ने उसे घेर लिया । उन्होंने गनमैन से मारपीट करके उसे मामूली घायल कर दिया तथा उसकी बंदूक छीन ली । रुपयों से भरा बैग भी उग्रवादियों ने झपट लिया तथा एक कार में बैठकर फरार हो गए ।

घटनास्थल पर पहुंचे पत्रकारों को पुलिस ने बताया कि यह लुटेरे आसमानी रंग की एक मारुति कार में बैठकर आए तथा रुपया व गनमैन की बंदूक लेकर उसी कार से चम्पत हो गए । लुटेरों की गिनती कम से कम 6 बताई जाती है जिनमें से तीन कार में ही बैठे रहे । गनमैन प्रभात सिंह के अनुसार जिन नवयुवकों ने उसकी बंदूक छीनी व कैश लूटा, उनमें से दो पगड़ीधारी तथा एक क्लीन शेव था जिनकी आयु 25 से 30 वर्ष के मध्य थी । इनके पास रिवाल्वर तथा बंदूक थी जो उन्होंने फाइल कवर में छुपाई हुई थी ताकि देखने पर यही लगे कि वे बोर्ड के ही कर्मचारी हैं ।

जिस मारुति कार में यह लुटेरे फरार हुए उसका नम्बर ठीक प्रकार से पढ़ा नहीं जा सका । मौके पर मौजूद लोग यही बताते रहे कि उन्होंने मारुति कार जिसमें 6-7 नवयुवक बैठे थे, को हाऊसिंग बोर्ड

मोहाली में पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड कार्यालय के पास खड़ी वह एम्बैसेडर कार जिसने उग्रवादी बुधवार को

कालोनी की तरफ जाते हुए देखा । इस वारदात की सूचना मिलते ही एस.एस.पी. रोपड़ श्री चंद्र शेखर व अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा पूरे क्षेत्र की नाकाबंदी करके सभी वाहनों की जांच पड़ताल शुरू कर दी परन्तु लुटेरों का कुछ पता नहीं चल सका ।

बैंक अधिकारियों का बयान

इसी बीच बैंक अधिकारियों ने बताया कि लूटी गई रकम 3,35,400 रुपए है । पुलिस को शक है कि लुटेरे बैंक कैशियर की कार का चंडीगढ़ से ही पीछा करते आ रहे थे । इस वारदात के कारण बोर्ड के लगभग 300 कर्मचारियों को आज वेतन नहीं मिल सका ।

गोली से घायल

फगवाड़ा से खोसला के अनुसार यहां से दस कि.मी. दूर थाना बंगा के गांव घुम्मन में आज प्रात: दो स्कूटर सवार सशस्त्र आतंकवादियों ने एक युवक मेजर सिंह को सख्त घायल कर दिया । उसे स्थानीय सिविल अस्पताल में दाखिल कराया गया मगर दशा गम्भीर होने पर जालन्धर भेजा गया ।

याद रहे कि 7 अप्रैल को आतंकवादी उसे मारने आए थे मगर गलती से इस नाम के दूसरे युवक को मार गए । अभियुक्त पिस्तौलों से लैस थे । वारदात के बाद भागने में सफल हो गए ।

फगवाड़ा (राकेश): आज सुबह स्थानीय थाना सदर पुलिस ने आतंकवादियों की तलाश में निकटवर्ती चार गांवों में छापे मारकर कई मकानों की तलाशियां लीं तथा दो व्यक्तियों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ शुरू कर दी है । पुलिस सूत्रों के अनुसार उनको आशंका थी कि वहां कोई आतंकवादी छिपे हुए हैं ।

कौड़ा के अनुसार पंजाब के कुख्यात मंड क्षेत्र में उग्रवादियों द्वारा किश्तियों द्वारा असामाजिक व देशद्रोही घटनाओं में संलिप्त रहने के बचाव हेतु जिलाधीश कपूरथला श्री ए.आर. तलवाड़ ने जिला कपूरथला में 30 जून तक ब्यास व अन्य नदियों में किश्तियों के प्रयोग पर पाबंदी लगा दी है । आज यहां जारी एक प्रैस विज्ञप्ति में जिलाधीश ने जिला भर में स्कूटरों व मोपेडों पर दोहरी पुरुष सवारी बिठाने पर प्रात: 6 बजे से सायं 7 बजे तक छूट दे दी है जबकि इकहरी सवारी अथवा बच्चों, महिलाओं के साथ इन पर प्रात: 6 बजे से 9 बजे तक छूट दे दी गई है । एक अन्य आदेश द्वारा जिला भर में दुकानों के

गए व 5 घायल हो गए ।

मृतकों के नाम बनारसी दास व उसका साथी कुलजीत सिंह है, जो सोडा वाटर फैक्टरी के मालिक थे । उनकी दुकान में अन्य लोग भी थे । घायलों की संख्या 6 है । इनमें से अश्विनी टंडन की हालत चिंताजनक है । घायलों में राज सिंह, पप्पू, राज कुमार, रफीक मोहम्मद, मृत बनारसी दास का पुत्र कमल कुमार शामिल हैं ।

तरसेम के अनुसार बाद में इन आतंकवादियों ने जालन्धर जिला में नूरमहल थाना क्षेत्र के बिलगा गांव में शराब के ठेके पर खड़े लोगों पर आज रात लगभग साढ़े आठ बजे गोलियां चलाईं जिससे कम से कम चार व्यक्ति वहीं दम तोड़ गए और 20 से अधिक लोग जख्मी हुए ।

गगन व तरसेम के अनुसार बिलगा में जिस जगह फायरिंग हुई वहां शराब के दो ठेके साथ-साथ हैं । एक मृतक की शिनाख्त ज्ञान चन्द के तौर पर हुई है । कुछ घायलों को सी.एम.सी. भेजा गया है जिनकी हालत गम्भीर है । इस घटना में भी उग्रवादियों ने ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल का प्रयोग किया ।

गुरमीत लाल, फिल्लौर सिविल अस्पताल लाए गए व गुरमीत सिंह मिस्त्री व उसका भाई गुरनाम सिंह, कुलदीप सिंह, सोहन सिंह, शंकर कर्मचारी बिजली बोर्ड, ज्ञान चंद अहाता वाला, बलविन्दर बिलगा, देस राज, प्रेमजीत, कमलजीत को स्थानीय अस्पताल में भरती कराया गया । एक घायल सोहन लाल को सी. एम. सी. लुधियाना भेजा गया । जब रात्रि 8.15 बजे लुधियाना से नूरमहल जाने वाली ट्रेन बिलगा से गुजरी और यात्री उतर कर बाहर निकलने लगे । जब ये यात्री अहाते के बाहर पहुंचे तभी सात-आठ उग्रवादियों ने वहां फायरिंग शुरू कर दी ।

आतंकवादी को दबोच लिया

जालन्धर जिले के आदमपुर थाना क्षेत्र में जगनपुर स्थित प्रभनगर फार्म के पास पिछली रात सुरक्षा बलों ने एक संदिग्ध आतंकवादी को धर दबोचा । पुलिस सूत्रों ने आज यहां बताया कि दो आतंकवादियों ने भजन सिंह के फार्म हाऊस पर धावा बोल दिया । घर के लोगों ने शोर मचाया जिसे इलाके में तैनात केन्द्रीय रिजर्व पुलिस के जवानों ने सुन लिया ।

(शेष पृष्ठ 6 पर)

Punjabi Sarat ani

मोटर साइकिल सवारों द्वारा

(पृष्ठ 3 का शेष)

सब इंस्पैक्टर एस.पी. तिवारी के नेतृत्व में पुलिस दल ने फार्म हाऊस को घेर लिया और आतंकवादियों से आत्म समर्पण करने को कहा। एक आतंकवादी अंधेरे में भाग निकला जबकि दूसरे को पकड़ लिया गया। पकड़े गए आतंकवादी की शिनाख्त हो गई। वह धीरोवाल गांव का मौजा सिंह है।

Punjabi Sanatani

रही । लोगों ने जलूस निकाला और प्रदर्शन किए । मन्दिर बाण माता में आयोजित शोक सभा में बम विस्फोटों के दोषियों को तुरन्त गिरफ्तार किए जाने की मांग की ।

श्री सद्दीकी ने बताया कि 31 में से 7 गम्भीर रूप से हुए घायलों को अमृतसर अस्पताल भेजा गया जबकि अन्य 24 घायलों का उपचार गुरदासपुर अस्पताल में हो रहा है ।

अमृतसर में दरबार साहब परिसर के गिर्द गलियारा योजना के लिए जो दुकानदार प्रभावित होंगे, उन्होंने अपने संगठन बनाकर आज अपनी दुकानों पर काले झंडे लगाए ।

बम विस्फोट कांड के विरोध में आज पुराने शहर में बंद आयोजित किया गया ।

चार युवकों की हत्या

अमृतसर (ह.स.): आज सुबह थाना जंडियाला के गांव कोटला बथूनगढ़ में आतंकवादियों ने चार युवकों जिनमें दो सगे भाई थे, की हत्या कर दी और एक युवती की गम्भीर रूप से घायल कर दिया । मृतकों की पहचान बलदेव सिंह (20), तरसेम सिंह (15) दोनों भाई, अनोख सिंह तथा बलबीर सिंह के रूप में हुई है । घायल युवती रूपिंदर कौर (22) को गुरुतेग बहादुर अस्पताल में दाखिल कराया गया है । यह सभी लोग मजहबी सिख थे ।

लूटमार करते थे

पुलिस के अनुसार बब्बर खालसा गुट ने इन युवकों की हत्या की जिम्मेदारी ली है और उन पर आरोप लगाया है कि वे आतंकवादियों के नाम पर लूटमार व छीना-झपटी करते थे तथा लोगों से जबरदस्ती रुपए ऐंठते थे । घटनास्थल पर छोड़े गए एक पंजाबी में लिखे संदेश पर सुखराज सिंह बराड़ के हस्ताक्षर हैं ।

अपुष्ट समाचारों के अनुसार आतंकवादियों ने गांव वालों को एक स्थान पर एकत्र होने का आदेश दिया था । उक्त युवकों को वहां गांव वालों के सामने लाकर उन पर लगाए गए आरोप पढ़कर सुनाए

के गांव भोमा के एक फार्म हाऊस में घुस कर दो सशस्त्र अज्ञात युवकों ने फायरिंग कर एक व्यक्ति हरपाल सिंह को गम्भीर घायल कर दिया । पुलिस सूत्रों के अनुसार घटना सुबह 11 बजे के करीब हुई ।

आतंकवादी की मौत

'वार्ता' ने चंडीगढ़ से खबर दी है कि 27 मई को हरियाणा के जिला कुरुक्षेत्र में मुठभेड़ के बाद जो दो आतंकवादी पकड़े गए थे, उनमें से एक सुखचैन सिंह की आज पुलिस हिरासत में मौत हो गई । उसके साक्षी मनजीत सिंह से अब भी पूछताछ जारी है । इन आतंकवादियों को पुलिस ने चीका के निकट पकड़ा था ।

दो उग्रवादी गिरफ्तार

लुधियाना (वार्ता): लुधियाना पुलिस ने बुटारी गांव में नहर के पुल के निकट एक बिना नम्बर प्लेट के स्कूटर पर जा रहे दो उग्रवादियों हाकम सिंह तथा अमरजीत सिंह उर्फ पम्मी को गिरफ्तार किया । एस.एस.पी. श्री पांडे ने बताया कि उनके कब्जे से दो पिस्तौल तथा दस कारतूस बरामद हुए ।

महिन्द्रा के अनुसार इन उग्रवादियों ने यह स्कूटर 30 दिसम्बर 1987 को मालेरकोटला में छीना था । उन्होंने डाड ग्राम में 30 मार्च को पैट्रोल पम्प लूटा था, ढंडारी ग्राम में एक मार्च को स्कूटर छीना था, हरनामपुरा में एक बंदूक छीनने का प्रयास किया था । मेहल कलां व अबूवान ग्रामों के महंतों को धमकी भरे पत्र भेजकर धन मांगा था । ये दोनों रंगरेटा रेजिमैंट आफ खालिस्तान के सदस्य हैं ।

4 उग्रवादियों द्वारा आत्मसमर्पण

श्री पांडे ने बताया कि जिला लुधियाना में 4 खतरनाक उग्रवादियों ने आज अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया । उनके नाम हरप्रीत सिंह उर्फ दीपा, बलजिंदर सिंह उर्फ काला, परमजीत सिंह तथा जसबीर सिंह हैं । इन उग्रवादियों ने इस जिला के कटानी कलां गांव में 4 व्यक्तियों की हत्या कर दी

Punjab Sanatan

आतंकवादी पकड़ा गया

मजीठा पुलिस जिला के प्रमुख श्री राजेन्द्र सिंह ने बताया कि मजीठा क्षेत्र में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी जगदेव सिंह उर्फ ढल्ला को गिरफ्तार कर लिया गया जबकि उसका साथी कुलदीप सिंह बचकर निकल गया । उससे एक एक डबल बैरल गन बरामद हुई । जगदेव सिंह से प्रारम्भिक पूछताछ के दौरान पता चला कि यह दोनों आतंकवादी खालिस्तान आर्म्ड फोर्स से सम्बन्ध रखते हैं और किला देसा सिंह तथा गांव बंडेर में दो हत्याओं के लिए जिम्मेदार थे ।

चार आतंकवादी गिरफ्तार

बटाला (कोछड़): बटाला जिला पुलिस ने अलग-अलग गांवों में दो घरों से सोने के आभूषण, नकदी व अन्य कीमती सामान लूटकर भाग रहे 6 में से 4 आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया । जिला पुलिस चीफ श्री सुमेध सिंह सैनी ने आज कहा कि कादियां थाना क्षेत्र में संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद अभियुक्तों से लूट का सारा माल, चार पिस्तौल व 13 कारतूस बरामद किए गए । मुठभेड़ में दोनों ओर से कोई घायल नहीं हुआ । एस.एस.पी. ने पकड़े गए व्यक्तियों के नाम करनैल सिंह व गुरमीत सिंह लीलकलां, बिक्कर सिंह नत्थूखेड़ा तथा गांव मदरा का जसवन्त सिंह बताए हैं ।

उन्होंने कहा कि उनके दो साथी मुठभेड़ के दौरान फरार होने में सफल हो गए । घटनास्थल से चार चले हुए कारतूस बरामद हुए । इन आतंकवादियों ने थाना श्री हरगोबिंदपुर के गांव कंडियाला में हरभजन सिंह के घर से तीस हजार रुपए मूल्य के आभूषण व कीमती सामान लूटा था । इसके अलावा 30 मई को थाना कादियां के गांव सेखवां से रछपाल सिंह के घर से भी जेवर व कीमती सामान लूटा था ।

इसी मध्य पुलिस ने आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में दस व्यक्तियों को गिरफ्तार किया । यह गिरफ्तारियां हाल ही के 'आप्रेशन ब्लैक थंडर' के दौरान आत्म समर्पण करने वाले आतंकवादियों से

दी । दो आतंकवादी अंदर गए जबकि एक बाहर खड़ा रहा । गोलियों की आवाज सुन कर साथ लगने वाली दुकानों वाले अपनी दुकानें खुली छोड़ कर भाग गए । आतंकवादी तलवंडी भाई की ओर से आए, तथा वारदात के बाद लिंक रोड की ओर फरार हो गए ।

बैंक से 500 गज की दूरी पर बी.एस.एफ. की चौकी स्थित है लेकिन सूचना दिए जाने के काफी देर बाद पुलिस व सुरक्षा बल मौके पर पहुंचे । गोलीबारी में एक आतंकवादी भी घायल हुआ जिसे उसके साथी स्कूटर के पीछे बिठा कर ले गए ।

विश्व की सबसे बड़ी रेडियो दूरबीन

मास्को, 1 जून (डी.पी.ए.): सोवियत संघ दुनिया की सबसे बड़ी रेडियो दूरबीन बना रहा है ।

सोवियत संघ के समाचारपत्र 'इज़वेस्तिया' ने लिखा है कि यह दूरबीन उजबेकिस्तान के पठार पर लगाई जा रही है, जो समुद्र तल से 2300 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है ।

अखबार के अनुसार इस दूरबीन से सम्पूर्ण उत्तरी आकाश और आंशिक रूप से दक्षिणी आकाश का पर्यवेक्षण किया जा सकेगा ।

भारत पूर्ण निरस्त्रीकरण के कई प्रस्ताव रखेगा

नई दिल्ली, 1 जून (वार्ता): प्रधानमंत्री राजीव गांधी की अगले सप्ताह न्यूयार्क यात्रा और महासभा के निरस्त्रीकरण संबंधी विशेष अधिवेशन को उनके सम्बोधन के समय भारत की ओर से पूर्ण निरस्त्रीकरण के लिए कई प्रस्ताव रखे जाएंगे ।

भारत शांति तथा निरस्त्रीकरण के लिए पहल करने वाले देशों के साथ भी कुछ प्रस्ताव रखेगा ताकि निरस्त्रीकरण की प्रक्रिया को तेज करने के लिए बड़ी शक्तियों को प्रभावित किया जा सके ।

श्री राजीव गांधी एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ चार जून को तीन देशों

Punjabi Sanatani

लूटमार करते थे

पुलिस के अनुसार बब्बर खालसा गुट ने इन युवकों की हत्या की जिम्मेदारी ली है और उन पर आरोप लगाया है कि वे आतंकवादियों के नाम पर लूटमार व छीना-झपटी करते थे तथा लोगों से जबरदस्ती रुपए ऐंठते थे । घटनास्थल पर छोड़े गए एक पंजाबी में लिखे संदेश पर सुखराज सिंह बराड़ के हस्ताक्षर हैं ।

अपुष्ट समाचारों के अनुसार आतंकवादियों ने गांव वालों को एक स्थान पर एकत्र होने का आदेश दिया था । उक्त युवकों को वहां गांव वालों के सामने लाकर उन पर लगाए गए आरोप पढ़कर सुनाए गए । एक सूचना के अनुसार उनके हाथ बांध दिए गए थे ।

टार्चर करके मारा

मजीठा पुलिस जिला के चीफ राजेन्द्र सिंह ने एक विज्ञप्ति में कहा कि उग्रवादियों ने इन लोगों से पहले पूछताछ की, फिर टार्चर किया और हड्डियां तोड़ीं । टार्चर करते समय उग्रवादियों ने इन लोगों से कुछ लूटपाट की वारदातें कबूलवाईं और कुछ सामान भी बरामद किया । जो सामान बरामद किया उसमें दो घड़ियां, 3 जोड़े कान के बुन्दे, अनसिले व 900 रु. नकद शामिल थे। यह सामान बरामद करने के बाद उग्रवादियों ने इन चारों पर ए.के.-47 चीनी राइफलतथा थ्रीनाट मशीनगन से फायरिंग करके उन्हें मार डाला जबकि रूपिन्दर कौर घायल हो गई । जब पुलिस ने पूछताछ की तो पता चला कि रूपिन्दर कौर का अपने नौकर अनोख सिंह से इश्क था (अनोख सिंह भी इस घटना के मृतकों में शामिल है) और दोनों कुछ माह पूर्व घर से भाग गए थे । रूपिन्दर कौर 60 हजार रु. व सोने के जेवरात भी ले गई थी । बाद में इन्हें लुधियाना में पकड़ा गया था ।

घटनास्थल से मिले सामान को कई लोगों को दिखाया गया । इन गहनों को मृतकों की पत्नियों ने अपना सामान बताया और रसीदें दिखाईं । तीनों जोड़े कान के बुंदे एक मृतक की पत्नी सीता के हैं। सभी अनसिले कपड़े एक अन्य मृत व्यक्ति की पत्नी के हैं । इसकी पुष्टि दुकानदार ने भी की है ।

आतंकवादी पकड़ा गया

मजीठा पुलिस जिला के प्रमुख श्री राजेन्द्र सिंह ने बताया कि मजीठा क्षेत्र में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी जगदेव सिंह उर्फ ढल्ला को गिरफ्तार कर लिया गया जबकि उसका साथी कुलदीप सिंह बचकर निकल गया । उससे एक एक डबल बैरल गन बरामद हुई । जगदेव सिंह से प्रारम्भिक पूछताछ के दौरान पता चला कि यह दोनों आतंकवादी खालिस्तान आर्म्ड फोर्स से सम्बन्ध रखते हैं और किला देसा सिंह तथा गांव बंडेर में दो हत्याओं के लिए जिम्मेदार थे ।

चार आतंकवादी गिरफ्तार

बटाला (कोछड़): बटाला जिला पुलिस ने अलग-अलग गांवों में दो घरों से सोने के आभूषण, नकदी व अन्य कीमती सामान लूटकर भाग रहे 6 में से 4 आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया । जिला पुलिस चीफ श्री सुमेध सिंह सैनी ने आज कहा कि कादियां थाना क्षेत्र में संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद अभियुक्तों से लूट का सारा माल, चार पिस्तौल व 13 कारतूस बरामद किए गए । मुठभेड़ में दोनों ओर से कोई घायल नहीं हुआ । एस.एस.पी. ने पकड़े गए व्यक्तियों के नाम करनैल सिंह व गुरमीत सिंह लीलकलां, बिक्कर सिंह नत्थूखेड़ा तथा गांव मदरा का जसवन्त सिंह बताए हैं ।

उन्होंने कहा कि उनके दो साथी मुठभेड़ के दौरान फरार होने में सफल हो गए । घटनास्थल से चार चले हुए कारतूस बरामद हुए । इन

पम्प लूटा था, ढंडारी ग्राम में एक मार्च को स्कूटर छीना था, हरनामपुरा में एक बंदूक छीनने का प्रयास किया था । मेहल कलां व अबूवान ग्रामों के महंतों को धमकी भरे पत्र भेजकर धन मांगा था । ये दोनों रंगरेटा रेजिमैंट आफ खालिस्तान के सदस्य हैं ।

4 उग्रवादियों द्वारा आत्मसमर्पण

श्री पांडे ने बताया कि जिला लुधियाना में 4 खतरनाक उग्रवादियों ने आज अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया । उनके नाम हरप्रीत सिंह उर्फ दीपा, बलजिंदर सिंह उर्फ काला, परमजीत सिंह तथा जसबीर सिंह हैं । इन उग्रवादियों ने इस जिला के कटानी कलां गांव में 4 व्यक्तियों की हत्या कर दी थी । उन्होंने गांव मुहम्मदां में 4 प्रवासी मज़दूरों की भी हत्या की थी और चक शेरा में 18/19 मई की मध्य रात्रि को एक व्यक्ति को घायल किया था । 17 मई को उन्होंने समराला में एक मंदिर के पुजारी की हत्या की थी । इनका एक साथी रूपविंदर सिंह 22 मई को पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारा गया था । इन उग्रवादियों से पूछताछ के दौरान और भी महत्वपूर्ण रहस्योद्घाटन होने की सम्भावना है ।

दो बैंक गार्डों की हत्या

फरीदकोट (जिवल): आज बाद दोपहर जिला फिरोजपुर के थाना घाल खुर्द के गांव मुदकी में चार आतंकवादियों ने दो बैंक गार्डों की हत्या कर दी । वह मृत गार्डों की दो बंदूकें व एक स्कूटर लेकर फरार हो गए ।

फिरोजपुर से 'धीमान' के अनुसार तीन आतंकवादी स्टेट बैंक आफ इंडिया की मुदकी शाखा में आए तथा उसे लूटने की कोशिश की । गार्डों ने उनका कड़ा प्रतिरोध किया जिस पर आतंकवादियों ने उनकी हत्या कर दी ।

4 लाख रुपए लूटे

बाघा पुराना से मित्तल के अनुसार आतंकवादी बैंक में से 4 लाख रुपए की नकदी लूट कर ले गए । मारे गए गनमैनों के नाम कुलवंत सिंह तथा बलबीर सिंह बताए जाते हैं । आतंकवादी स्कूटर नम्बर डी.एच.सी. 6284 पर सवार होकर आए । उन्होंने अंदर दाखिल होते ही 4 सदस्यीय स्टाफ के हाथ खड़े करवा दिए तथा अंधाधुंध फायरिंग कर दी । दो आतंकवादी अंदर गए जबकि एक बाहर खड़ा रहा । गोलियों की आवाज सुन कर साथ लगने वाली दुकानों वाले अपनी दुकानें खुली छोड़ कर भाग गए । आतंकवादी तलवंडी भाई की ओर से आए तथा वारदात के बाद लिंक रोड की ओर फरार हो गए ।

बैंक से 500 गज की दूरी पर बी.एस.एफ. की चौकी स्थित है लेकिन सूचना दिए जाने के काफी देर बाद पुलिस व सुरक्षा बल मौके पर पहुंचे । गोलीबारी में एक आतंकवादी भी घायल हुआ जिसे उसके साथी स्कूटर के पीछे बिठा कर ले गए ।

विश्व की सबसे बड़ी रेडियो दूरबीन

मास्को, 1 जून (डी.पी.ए.): सोवियत संघ दुनिया की सबसे बड़ी रेडियो दूरबीन बना रहा है ।

सोवियत संघ के समाचारपत्र 'इज़वेस्तिया' ने लिखा है कि यह दूरबीन उजबेकिस्तान के पठार पर लगाई जा रही है, जो समुद्र तल से 2300 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है ।

अखबार के अनुसार इस दूरबीन से सम्पूर्ण उत्तरी आकाश और आंशिक रूप से दक्षिणी आकाश का पर्यवेक्षण किया जा सकेगा ।

भारत पूर्ण निरस्त्रीकरण के कई प्रस्ताव रखेगा

नई दिल्ली, 1 जून (वार्ता): प्रधानमंत्री राजीव

Punjab Sanatani





तहसील फिल्लौर के कस्बा बिलगा में शराब के ठेके पर गत दिवस उग्रवादियो की फायरिंग में मरने वाले (1) कर्मचन्द और (2) ज्ञान चन्द, (3) घायल नरेश कुमार और (4) गुरमीत लाल, (छाया : तरसेम)

गुरबख्श सिंह उर्फ सतनाम सिंह गांव गोलवाल थाना जौरा जिला फिरोजपुर कल रात गम्भीर रूप से घायल हो गया । बताया जाता है कि वह अलीपुर गांव में इकबाल सिंह के घर गया । उसके साथ दो अन्य आतंकवादी सुखदेव सिंह और मोहर सिंह भी थे । उन्होंने इकबाल सिंह पर हमला करना चाहा । इकबाल सिंह ने गुरबख्श सिंह को कुएं में धकेल दिया तथा फिर ऊपर से उस पर गोली चलाई जिससे गुरबख्श सिंह गम्भीर रूप से घायल हो गया । सुखदेव सिंह और मोहर सिंह भाग निकले ।

रिबैरो आई.पी.एस. बने रहेंगे

चंडीगढ़, 2 जून (वि.प्र.): पंजाब के राज्यपाल के सलाहकार श्री जे.एफ. रिबैरो आई.पी.एस. अधिकारी बने रहेंगे । श्री रिबैरो गत 31 मई को पुलिस सेवा से सेवा निवृत्त हो चुके हैं परन्तु ज्ञात हुआ है कि राज्यपाल श्री एस.एस. रे ने केन्द्र सरकार से कहा था कि जब तक श्री रिबैरो सलाहकार के तौर पर काम करते रहें उन्हें आई.पी.एस. अधिकारी रहने दिया जाए । इस प्रकार श्री रिबैरो अब भी

Punjabi Tribune

सीमा पर 3 पाक घुसपैठिये मारे गए

बिलगा फायरिंग के 2 घायल चल बसे, मुदकी में उग्रवादी मरा

आतंकवादियों के हमले में तीन पुलिस कर्मी घायल

जालन्धर जिला में 47 नई पुलिस चौकियां स्थापित

चंडीगढ़, 2 जून (वार्ता, ह.स.): गत रात के बाद पंजाब में 4 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । स्वर्ण मंदिर में आत्मसमर्पण करने वाला एक घायल दम तोड़ गया जबकि बिलगा फायरिंग में घायल होने वाले दो व्यक्तियों की आज सी.एम.सी. लधियाना में मृत्यु हो गई । सीमा पर 3 पाक घुसपैठिये मारे गए । आतंकवादियों द्वारा घात लगा कर किए गए हमले में 3 पुलिस कर्मी घायल हो गए । जिला जालंधर में आतंकवादी गतिविधियों में वृद्धि के दृष्टिगत 47 नई पुलिस चौकियां स्थापित की गई । कल मुदकी में बैंक लूटने की कोशिश करने वाले आतंकवादियों में से एक बैंक गार्ड की गोली लगने से मारा गया ।

3 की हत्या

अमृतसर (ह.स.): बल्टोहा क्षेत्र के गांव जंड में कल रात दो व्यक्तियों दारा सिंह (70) तथा दरबारा सिंह (60) की आतंकवादियों ने हत्या कर दी । इन्हीं आतंकवादियों ने गांव मानेके में चरणजीत कौर (35) की हत्या कर दी । चरणजीत कौर विधवा थी । पट्टी से पाठक के अनुसार यह सभी हत्याएं रात 12 बजे से 12.30 बजे के बीच की गई । तीनों हत्याएं 12 बोर की पिस्तौल से की गई ।

दम तोड़ गया

इसी मध्य करनैल सिंह नामक व्यक्ति की कल यहां सिविल अस्पताल में मौत हो गई । वह उन 146 लोगों में शामिल था जिन्होंने स्वर्ण मन्दिर परिसर में आत्म समर्पण किया था । वह गोली लगने से घायल हुआ था ।

3 आतंकवादी गिरफ्तार

'नारंग' के अनुसार एक अन्य घटना में 'कुशलिया' (रमदास) थाने के अन्तर्गत अर्धसैनिक बलों ने आज प्रातः छापा मारकर हरविंद्र सिंह उर्फ तोता, बलविंद्र सिंह उर्फ बिल्ला, सुरिन्द्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया । बताया जाता है कि ये तीनों दुर्दांत आतंकवादी हैं, इनके पास से एक पाकिस्तानी स्टेनगन, ए.के. 47 असाल्ट गन तथा भारी मात्रा में हथियार बरामद हुए हैं ।

बम कांड के मृतक 28

सोमवार को अमृतसर के शिवाला भाइयां क्षेत्र में हुए बम विस्फोट की एक घायल महिला देवी, निवासी कृष्णा चौक, आज रात्रि दम तोड़ गई । इसके साथ ही इस कांड में मरने वालों की संख्या 28 हो गई ।

47 नई पुलिस चौकियां

जालन्धर (क): जिला पुलिस अधिकारियों ने जिला में हाल ही में आतंकवादी गतिविधियों में हुई वृद्धि पर काबू पाने के लिए पूरे जिले में 47 नई पुलिस चौकियां कायम की हैं । यह जानकारी देते हुए पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि इन चौकियों पर पुलिस और होम गार्ड के कर्मचारी तैनात किए गए हैं । यह कर्मचारी गश्ती ड्यूटी देने के अलावा रात के दौरान जहां भी जरूरत हो, अचानक नाके लगाएंगे । इन चौकियों का उद्देश्य चौकी के साथ लगने वाले गांव के अन्दर व इर्द-गिर्द आतंकवादियों की कार्रवाइयों को रोकना है । इन 47 चौकियों पर कुल 6 सहायक सब इंस्पैक्टर, 41 हैड कांस्टेबल, 132 कांस्टेबल तथा 528 होम गार्ड कर्मी तैनात किए जाएंगे ।

इस प्रकार की 6 चौकियां नवांशहर थाना क्षेत्र, 5 बंगा थानांतर्गत, 4 फिल्लौर, 3 गोराया, 5 शाहकोट, 4 नकोदर, 5 जालन्धर सदर, 3 करतारपुर, 4-4 भोगपुर, आदमपुर व नूरमहल थानांतर्गत कायम की जाएंगी । गत मास के दौरान जालन्धर जिले में लगभग 42 व्यक्तियों की आतंकवादियों ने हत्या कर दी जो कि एक रिकार्ड है । इन वारदातों में लगभग 50 व्यक्ति घायल हुए ।

स्कूटर छीना

होशियारपुर (अश्विनी): गत सायं दो सशस्त्र उग्रवादियों ने चौटाला ग्राम के एक व्यक्ति जोगिन्द्र सिंह से पिस्तौल की नोक पर उसका बजाज चेतक स्कूटर नम्बर पी.सी.एच. 1150 छीन लिया ।

पाबंदियां

जिला मैजिस्ट्रेट श्री जी.एस. संधू ने एक आदेश जारी करके जिला भर में धारा 144 के अधीन पांच या इससे अधिक व्यक्तियों के इकट्ठे होने, हथियार लेकर चलने व जलसे जलूसों पर 31 जुलाई तक प्रतिबंध लगा दिया है । सायं सात बजे से प्रातः साढ़े पांच बजे तक बसों के चलाने पर भी पाबंदी लगा दी गई है । कारें, ट्रक तथा दूसरे चार पहिया वाहन भी रात 8 बजे से प्रातः साढ़े पांच बजे तक चलाने पर प्रतिबंध होगा ।

कपूरथला के जिलाधीश श्री ए.आर. तलवाड़ ने भी जिला भर में धारा 144 की अवधि 30 जून तक बढ़ा दी है । इसके अधीन लगाए गए विभिन्न प्रतिबंध भी 30 जून तक जारी रहेंगे ।

बम कांड में एक गिरफ्तार

फगवाड़ा (राकेश): आज स्थानीय थाना सिटी पुलिस ने 26 मई की रात को जो यहां बम फटा था, के सम्बन्ध में छापा मारकर एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है । पता चला है कि वह व्यक्ति उग्रवादियों की बम विस्फोट करने के काम आने वाले रिमोट कंट्रोल लाकर देता था । यह भी पता चला है कि इस बम कांड के सम्बन्ध में अभियुक्तों को गिरफ्तार करने के लिए जो पुलिस पार्टी दूसरे राज्यों को भेजी गई थी, वह खाली हाथ वापिस आ गई है ।

'बम' का आतंक

फगवाड़ा में आज सुबह सैंट्रल टाऊन में उस समय आतंक छा गया जब वहां मार्केट में नल के पास एक बम जैसी चीज लोगों ने देखी । बताया जाता है कि पानी के नल के पास एक लोहे के पाइप के साथ बैटरी सैल व कई तारें जुड़ी हुई लोगों ने देखीं व समझा कि बम पड़ा हुआ है । इसकी पुलिस को सूचना दी गई, वहां दो पुलिस सिपाही आए व डर के कारण कुछ किए बिना चले गए । बाद में लोगों ने उस पर कुछ ईंटें मारीं । इस पर सब बिखर गया और पता चला कि यह मात्र शरारत थी ।

शंकर की वारदात

नकोदर (गगन): नकोदर से पांच किलो मीटर दूर गांव शंकर (जो कि भूतपूर्व विदेश मंत्री श्री स्वर्ण सिंह का पैतृक गांव है) में सोडा वाटर फैक्टरी में आतंकवादियों द्वारा की गई फायरिंग से दो व्यक्ति मौके पर ही मर गए जबकि छः सख्त घायल हो गए । घायलों को सिविल अस्पताल नकोदर में दाखिल कराया गया । बताया जाता है कि आतंकवादी ए.के. 47 चीनी राइफलों से लैस थे ।



दास शामिल हैं । सख्त घायलों अश्विनी टंडन व राजकुमार को डाक्टर बी.एस. परमार व उनके साथी डाक्टरों ने बड़ी भरपूर कोशिशें करके बचा लिया । घायलों ने बताया कि आतंकवादियों ने बड़ी तेजी से गोलियां दागीं । और कुछ देर तक तो पता ही नहीं चला कि गोलियां चल रही हैं कि सोडे की बोतलें टूट रही हैं । जब हमने अपने दो लोगों को खून से लथपथ पड़े देखा तभी हमें मालूम हुआ कि आतंकवादी अपनी कार्रवाई करके जा चुके हैं । आतंकवादी बस स्टैंड की ओर से आने वाली गली से आए और उसी तरफ से वापस चले गए ।

आतंकवादियों की कार्रवाई लोगों को अलग नहीं कर सकी और दोनों समुदायों के लोग घायलों को उठाकर तुरन्त नकोदर अस्पताल लेकर आए । आज मृतकों का अन्तिम संस्कार कर दिया गया । भारी संख्या में लोग उपस्थित थे ।

दो घायल चल बसे

लुधियाना के प्राप्त सूचना के अनुसार जिला जालन्धर के कस्बा बिलगा में आतंकवादियों की फायरिंग से घायल जिन नौ लोगों को सी.एम.सी. में दाखिल कराया गया था, उनमें से दो की आज मृत्यु हो गई। शेष सात की हालत गम्भीर है । मृतकों के नाम ज्ञान चन्द व शंकर दास हैं ।

उग्रवादी की शिनाख्त

लुधियाना के एस.एस.पी. श्री ए.पी.पांडे ने बताया कि 27 मई को जो दो आतंकवादी मारे गए थे, उनमें से एक की शिनाख्त हो गई है । वह गांव कुकड़, थाना बटाला का प्रताप सिंह था । वह बटाला, होशियारपुर, गुरदासपुर और मकेरियां में हुई चार वारदातों में वांछित था । दूसरे की पहचान अभी नहीं हो सकी । इन्होंने स्कूटर छीनने और शराब के ठेके लूटने की वारदातें की थीं ।

श्री पांडे ने बताया कि पिछले दिनों शहर में जो विस्फोट हुए थे, वे वस्तुतः पटाखों के थे । सराभा नगर क्षेत्र में पाए गए बम की जांच की जा रही है ।

आतंकवादी मारा गया

फिरोजपुर (बागी): कल गांव मुदकी में स्टेट बैंक आफ इंडिया की ब्रांच में हुई असफल डकैती का विवरण देते हुए जिला पुलिस अधीक्षक श्री अनिल कौशिक ने बताया कि तीन आतंकवादी ए.के. 47 राइफलों से लैस बैंक लटने के इरादे से आए थे । बैंक गार्डों ने उन्हें कहा कि वे हथियार लेकर बैंक में दाखिल न हों । इस पर गार्डों की आतंकवादियों से झड़प हो गई । एक आतंकवादी ने ए.के. 47 राइफल से गोली चला दी, जिससे दोनों गार्ड मौका पर ही मर गए लेकिन मरते हुए एक गार्ड ने बंदूक से गोली चला दी, जो एक आतंकवादी को लगी, जो कि भागते हुए रास्ते में मर गया । भागते हुए आतंकवादी लोगों को धमका कर एक ग्राहक का स्कूटर ले गए । बाद में मृतक आतंकवादी का शव और स्कूटर सड़क किनारे पड़ा मिला । श्री कौशिक ने कहा कि आतंकवादी मृत गार्डों की बंदूकें ले गए लेकिन अपनी 12 बोर की बंदूक और ए.के. 47 राइफल के 30 कारतूस वहां छोड़ गए । श्री कौशिक ने कहा कि सम्भवतः यह आतंकवादी खालिस्तान कमांडो फोर्स के निरंजन सिंह सुलहानी ग्रुप से सम्बन्धित थे । उल्लेखनीय है कि कल कहा गया था कि आतंकवादी बैंक से चार लाख रुपया लूट ले गए थे लेकिन वास्तव में वे कुछ भी नहीं ले जा सके ।

3 पुलिस कर्मी घायल

जिला फिरोजपुर के मक्खू क्षेत्र में कल रात आतंकवादियों द्वारा घात लगा कर हमला किए जाने से पंजाब पुलिस के तीन कर्मचारी घायल हो गए जिनमें एक ए.एस.आई. शामिल है । घायलों के नाम ए.एस.आई. गुरदेव सिंह, हैड कांस्टेबल गुरनाम सिंह तथा कांस्टेबल गुरदेव सिंह है ।

Punjabi Sonata

मंडी गोबिन्दगढ़ में आतंकवादियों द्वारा अंधाधुंध फायरिंग, 1 मरा, 2 घायल

बटाला की मिल से लूटी गई रकम वर्करों ने बरामद कर ली : उग्रवादियों के 25 शरणदाता गिरफ्तार

शिवाला भाइयां विस्फोट की एक घायल दम तोड़ गई : पातड़ां में चौकीदार की हत्या

मोगा के निकट मुठभेड़ में एक उग्रवादी मरा

चंडीगढ़, 3 जून (वार्ता, ह.स.): आतंकवादियों ने मंडी गोबिंदगढ़ में अंधाधुंध फायरिंग करके एक व्यक्ति की हत्या कर दी तथा दो को घायल कर दिया । बटाला की सहकारी मिल से लूटी गई राशि वर्करों ने लुटेरों का पीछा करके बरामद कर ली । शिवाला भाइयां विस्फोट की एक घायल स्त्री दम तोड़ गई । पातड़ां में एफ.सी.आई. के चौकीदार की हत्या की गई । बटाला में आतंकवादियों के 25 शरणदाता गिरफ्तार किए गए । जिला होशियारपुर में लूटपाट की कई वारदातें हुईं, सिख छात्र संघ के नेता के घर पर फायरिंग की गई ।

पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल ने आज शाम बताया कि जिला फरीदकोट में थाना मोगा सदर के गांव घालकलां के निकट सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया । सुरक्षा बलों ने दो स्कूटर सवार आतंकवादियों को रोका तो उन्होंने गोली चला दी जिससे एक आतंकवादी मारा गया और दूसरा फरार हो गया । सुरक्षा बल उसका पीछा कर रहे थे । मारे गए आतंकवादी से एक कटी हुई नाली वाली बंदूक तथा कुछ कारतूस बरामद हुए ।

1 मरा 2 घायल

मंडी गोबिन्दगढ़ (भाला): आज यहां सुबह 6 बजे के लगभग ए.के.47 चीनी राइफलों से लैस दो आतंकवादियों ने आर्य स्कूल चौक, रानी मिल के निकट व दशहरा ग्राऊंड में अंधाधुंध फायरिंग करके एक व्यक्ति को मौत के घाट उतार दिया जब कि दो अन्य लोग घायल हो गए जिनमें एक की हालत चिन्ताजनक है । मृतक का नाम मास्टर यशपाल है । प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों आतंकवादी एक मोटर साइकल पर दशहरा ग्राऊंड आए । मोटर साइकल बाहर खड़ी की, आराम से गेट के भीतर जाकर बैठे, थैले से असाल्ट चीनी राइफलें निकाल कर मैगजीन भरे । गेट के पास से ही उन्होंने लगभग 9 फायर किए । इस दशहरा ग्राऊंड में फुटबाल खेल रहे बच्चों का सौभाग्य ही कहा जाएगा कि आतंकवादियों ने दीवार की ओट में फायरिंग की । अगर फायरिंग सामने से की गई होती तो मृतकों की संख्या कहीं अधिक होती । घटनास्थल के बिल्कुल सामने सब्जी मंडी है, जहां हर समय लोगों की गहमा-गहमी रहती है ।

प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि पंजाब पुलिस की एक पैट्रोलिंग पार्टी हथियारों से युक्त 20-25 गज के फासले पर पैट्रोलिंग पर थी । पैट्रोलिंग पार्टी आतंकवादियों पर फायरिंग करने की बजाए वापिस पुलिस स्टेशन चली गई जबकि कुछ देर बाद सी.आर.पी.एफ. ने उनका पीछा किया पर आतंकवादी भागने में सफल रहे । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है । पंजाब पुलिस की इस पैट्रोलिंग यूनिट के कर्मचारियों के प्रति व्यवहार को लेकर लोगों ने नाराजगी की । शहर में आज पूर्ण रूप से हड़ताल रही ।

भारतीय अनता पार्टी मोर्चे के कोषाध्यक्ष श्री सुरेन्द्र जैन, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव कामरेड नछत्तर सिंह ने आतंकवादियों द्वारा की गई इस वारदात की निंदा की तथा पुलिस पैट्रोलिंग पार्टी को मुअत्तिल करने की मांग की ।

फायरिंग में घायल दो लोगों के नाम स्वर्ण सिंह व सुमेर बहादुर बताए गए हैं ।

कहा जाता है कि उग्रवादियों ने पहले स्टेडियम के पास फायरिंग की थी ।

कैडरेशन नेता की हत्या का प्रयास

होशियारपुर (प्रद्युम्न): गत रात होशियारपुर जिला में दो वारदातें हुईं । पहली वारदात यहां से 60 किलोमीटर दूर थाना मुकेरियां के गांव हयातपुर में हुई जहां 4 युवक जो बंदूकों आदि से लैस थे, सरदार शिव सिंह के घर आए और उन्हें व उनकी धर्मपत्नी हरभजन कौर को बांध दिया व फिर उन्होंने उन्हें कहा कि वे उनके साथ चलें व सिख छात्र संघ जिला होशियारपुर के भूतपूर्व प्रधान भूपेंद्र सिंह कंडी को बाहर बुलाएं । शिव सिंह, जो कंडी का मासड़ है तथा मासी हरभजन कौर ने दरवाजे पर दस्तक दी व कंडी को बाहर बुलाया । कंडी घर पर नहीं था, अतः उसका भाई बाहर आया । उनमें से एक युवक ने एक गोली दाग दी परन्तु वह उसे नहीं लगी और वह भाग खड़ा हुआ । इस पर उन्होंने और गोलियां चलाईं । इसी दौरान भूपेंद्र सिंह का बाप जो कि अंदर ही था, अपनी बंदूक लेकर पहुंच गया तथा उसने भी गोली चलाई जिस पर सशस्त्र युवक भाग खड़े हुए । भागते हुए वे गोलियां चलाते गए ।

लूट

दूसरी वारदात बुल्लोवाल में हुई जहां पिस्तौलें से लैस दो युवक एक व्यक्ति कुलविंदर सिंह के घर गए । उस समय रात के लगभग पौने 12 बजे थे और घर के लोग सो रहे थे । उन्होंने घर के लोगों को जगाया तथा उनसे नकदी व गहनों की मांग की । वे उनसे लगभग 20 हजार रुपए मूल्य के गहने तथा उनकी मोपेड पी.सी.एच. 5893 भी ले गए । वे उनसे कह गए कि वह मोपेड थोड़ी दूरी पर छोड़ जाएंगे और वायदे के अनुसार वे छोड़ भी गए । पुलिस इस बारे में मौन है तथापि वारदात के बारे में केस दर्ज कर लिया गया है ।

'कपूर' के अनुसार होशियारपुर के जिला मैजिस्ट्रेट जी.एस. संधू ने एक आदेश जारी करके घरों में छतों पर ईंटें, पत्थर, खाली बोतलें, लोहे की छड़ें, तेजाब आदि रखने पर प्रतिबन्ध लगा दिया है । एक अन्य आदेश द्वारा कारों पर लाल रंग की नम्बर प्लेटें व झिलमिलाती लाइटें लगाने पर भी प्रतिबन्ध लगा दिया गया है । जिला भर में लाऊड स्पीकरों के बजाने पर भी प्रतिबन्ध लगाया गया है । सभी आदेश 31 जुलाई तक लागू रहेंगे ।

चौकीदार की हत्या

पातड़ां (नि.स.): भारतीय खाद्य निगम के जाखल रोड पर स्थित गोदाम के चौकीदार जंग सिंह की गत रात किसी ने तेजधार हथियारों से हत्या कर दी ।

चीनी मिल से 4 लाख लूटे

बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला के

(शेष पृष्ठ 10 पर)



स्वर्ण मंदिर परिसर के गिर्द गलियारा बनाने की में) (1) बाजार मुनियारा, (2) बाजार काठिया रहे सरकारी अधिकारी, (3) बाजार काठियां लोग ।

स्वर्ण मंदिर परिसर में पड़े मलबे से शक्त

(फाइल : सब स्टूडियो)

जगीर सिंह और निरवैर सिंह स्वर्ण मंदिर परिसर में आतंकवादियों के 'स्वामी' थे : सुरेश

अमृतसर, 3 जून (ह.स., वार्ता): पंजाब कमेटी [illegible] कि इसके उपरांत फैसलाबाद जेल में नजरबंद सिखों [illegible] चसेवाल भी आकर रहने लगे थे ।

पंजाब में हत्यायें

(पृष्ठ 1 का शेष)

थाना सदर क्षेत्र में स्थित सहकारी चीनी मिल में आज दोपहर 12.45 बजे के करीब दो अज्ञात सशस्त्र युवकों ने मिल के एक सुरक्षा कर्मी को गोली मार कर घायल कर दिया तथा मिल से लगभग चार लाख रुपए लूट कर फरार हो गए । सुदर्शन सिंह नामक इस सुरक्षा कर्मी को गम्भीर दशा में पहले स्थानीय सिविल अस्पताल में भेजा गया परन्तु बाद में उसे अमृतसर ले जाना पड़ा ।

मिल के सूत्रों ने बताया है कि यह राशि कर्मचारियों के वेतन के लिए थी तथा लुटेरे कैश बैग लेकर भाग गए । ज्ञात हुआ है कि सुरक्षा कर्मी कैश वाले कक्ष के बाहर केवल डंडा लेकर खड़ा था । पुलिस उच्चाधिकारी घटनास्थल को रवाना हो गए हैं ।

रुपए बरामद

यह पत्रकार जब चीनी मिल में घटनास्थल पर गया तो पता चला कि कई कर्मचारियों ने लुटेरों का पीछा कर लूटे गए 368516 रुपए बरामद कर लिए हैं । वहां मौजूद एस.एस.पी. श्री सुमेध सिंह सैनी, ए.एस.पी. श्री ए. के. शर्मा व बी.एस. एफ. के कमांडैंट श्री चावला से प्राप्त विवरण के अनुसार बहुत से कर्मचारियों ने बड़ी बहादरी से लगभग डेढ़ किलोमीटर तक दोनों लुटेरों का पीछा किया । गांव भल्लर के निकट लुटेरों से वह गठरी नीचे गिर गई जिसमें लूट के रुपए बंधे हुए थे लेकिन लुटेरों ने उसे उठाने का साहस न किया । उस समय तक सुरक्षा बल और पुलिस भी वहां पहुंच गई थी लेकिन लुटेरे भागने में सफल हो गए ।

श्री सैनी के अनुसार उनमें से एक लुटेरे के पास .38 बोर का एक पिस्तौल था जिससे उसने एक सुरक्षा कर्मचारी सुदर्शन सिंह पर गोली चला दी तथा पीछा करने वाले लोगों पर भी कुछ फायर किए । घटनास्थल से एक चली हुई गोली मिली है । उन्होंने कहा कि लुटेरों का पीछा करके धन बरामद करने वाले कर्मचारियों को ईनाम दिए जाएंगे । मिल के खजांची रघुबीर सिंह व सहायक खजांची अवतार सिंह ने बताया कि वे मिल की चौथी मंजिल पर स्थित लैबोरेटरी के कमरे में कर्मचारियों को वेतन बांट रहे थे कि दोनों लुटेरों ने पिस्तौल की नोक पर रुपए बटोर लिए और सिर पर बांधे पटके में लूट का माल समेट कर ले गए ।

करतारपुर (देवदत्त): गत रात सवा ग्यारह बजे हसनमुंडा रोड पर रहस्यमयी फायरिंग की आवाज सुनी गई मगर किसने की, इसका पता नहीं चला । इस सड़क पर खेतों में रहने वाले जमींदारों ने भी आवाज सुनी, जिस पर उनमें आतंक फैल गया ।

25 शरणदाता गिरफ्तार

पुलिस जिला बटाला के थाना डेरा बाबा नानक, कादियां व सदर पुलिस बटाला ने अलग-अलग आतंकवादियों को शरण देने तथा राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में संलिप्त होने के कारण कम से कम 25 संदिग्ध लोगों को आतंकवाद निरोधक एक्ट के तहत गिरफ्तार किया है । पुलिस प्रमुख श्री सुमेध सिंह सैनी ने पत्रकारों को बताया कि इनमें थाना डेरा बाबा नानक के गांव कहाली के सरदार सिंह, बलजीत सिंह, गांव नंगल के चार भाई सूबा सिंह, लावा सिंह, जीत सिंह, दर्शन सिंह व इसका बेटा गुरनाम सिंह, गांव हवेलियां के दिलबाग सिंह, गुजर सिंह, गांव राम चक्क के पवित्र सिंह व उसके दो बेटे नरिन्दर सिंह, अनमोल सिंह, गांव सरवाली का पूर्ण सिंह, गांव भाले के के गंगा सिंह, साधा सिंह जसबीर सिंह, गांव सिंगपुरा के दो भाई सुखविन्द्र सिंह, रणजीत सिंह आदि शामिल हैं । पुलिस थाना सदर बटाला ने एक खूंखार आतंकवादी लखविन्दर सिंह मल्लिकपुर के पिता रेशम सिंह, गांव हरसियां के करनैल सिंह, गांव दौलतपुर के हरजीत सिंह व गांव विज्ञवा का कमलजीत सिंह और कादियां पुलिस ने धर्मपरा मोहल्ला का जसवन्त सिंह व इसके दो बेटे जसबीर सिंह पम्मा व सर्वजीत सिंह बिट्टू गिरफ्तार किए हैं । श्री सैनी ने बताया कि यह गिरफ्तारियां स्वर्ण मंदिर में आत्म समर्पण करने वाले आतंकवादियों से प्राप्त जानकारी पर की जा रही हैं ।

लाखों का सोना, नकदी लूटी

फगवाड़ा, (राकेश): कल रात यहां के निकटवर्ती गांव पिजोड़ा में 7 सशस्त्र व्यक्तियों ने 5 मकानों से लाखों रुपए का सोना व नकदी लूट ली है ।

बताया जाता है कि कल तड़के तीन बजे के करीब यहां से 20 किलोमीटर दूर गांव पिजोड़ा चौकी कोट फतूही थाना माहलपुर, जिला होशियारपुर में 7 व्यक्तियों, जो कि राइफलों व अन्य हथियारों से लैस थे, ने बारी-बारी वहां के पांच मकानों में जाकर धावा बोल दिया तथा परिवार जनों को सोए हुए से उठा कर उनमें से पुरुषों को अलग करके बिठा दिया । उन्होंने स्त्रियों को बंदूक की नोक पर धमकी दी कि अगर उन्होंने जल्द ही घर के सारे आभूषण व नकदी उनके हवाले न की तो उनको खत्म कर दिया जाएगा । गोलियों के डर से स्त्रियों ने सारा सामान उनके सामने रख दिया, जिसे लेकर वे फरार हो गए । परिवार वालों के अनुसार डकैत लाखों रुपए के आभूषण व कई हजार की नकदी ले गए हैं । नुक्सान का सही अंदाजा अभी तक नहीं लग सका है । सूचना के अनुसार सशस्त्र व्यक्तियों ने पांचों घरों से एक ही ढंग से लूटा है । सारा सामान लूटने के बाद उन्होंने एक व्यक्ति सुरजीत सिंह को धमकी दी कि अगर सुबह आठ बजे से पहले उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी तो गम्भीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे । उन्होंने सबसे पहले भूतपूर्व सरपंच शेर सिंह, बाद में सरदार सिंह, उसके भाई करतार सिंह, सोहन सिंह व उसके भाई मोहन सिंह के मकानों को लूटा । गांव वालों ने सुबह 9 बजे के लगभग थाना में जाकर इसकी सूचना पुलिस को दी है । इस घटना के बाद गांव में आतंक छा गया है । लोग अपने आपको असुरक्षित समझ रहे हैं ।

20 नई चौकियां

पंजाब सरकार के आदेश पर इस क्षेत्र में उग्रवाद के मुकाबले के लिए थाना सदर क्षेत्र में 20 नई पुलिस चौकियां देहात में बनाई गई हैं । इन चौकियों में 8-8 सशस्त्र होमगार्ड के कर्मचारी व भूतपूर्व सैनिक होंगे जो कि 24-24 घंटे अपने क्षेत्रों की देखभाल करेंगे ।

वह कोयले की राख थी

आज सुबह यहां बंगा रोड पर उस समय आतंक छा गया जब एक व्यक्ति ने लिफाफे में लिपटी हुई कोई चीज एक दुकान के पीछे फैंक दी तथा भागने लगा । उसको चीज फैंकते समय किसी ने देख लिया तथा लोगों ने उसे पकड़ कर जम कर पीटा । इतने में वहां सी.आर.पी.एफ. की गश्ती टुकड़ी आ गई । लोगों से उस टुकड़ी ने उस व्यक्ति से पकड़ लिया तथा उसे वह चीज उठाने को कहा जो उसने फैंकी थी, जब उस व्यक्ति ने उस लिफाफे को उठा कर खोला तो उसमें मात्र कोयले की राख थी ।

6 हजार रुपए लूटे

'कौड़ा' के अनुसार स्थानीय बड़ी मंडी के निकट कुछ संदिग्ध आतंकवादियों ने एक सिगरेट विक्रेता ऊधो राम से पिस्तौल की नोक पर 6 हजार रुपए छीन लिए । वे उसका साइकल भी ले गए ।

मनबीर का भाई गिरफ्तार

करीबी गांव चहेड़ू से पुलिस ने सुरेंद्र सिंह को गिरफ्तार करके 32 बोर का रिवाल्वर बरामद किया । सुरेंद्र सिंह खूंखार आतंकवादी भगौड़े मनबीर सिंह का भाई है ।

फगवाड़ा (राकेश): आज लुधियाना के अस्पताल में यहां पर 26 मई की रात को यहां जे.सी.टी. मिल के सामने हुए बम विस्फोट के गंभीर रूप से जख्मी हुए एक सब्जी की रेहड़ी वाले प्रवासी पृथ्वी राज निवासी बिहार की मृत्यु हो गई । इस तरह अब तक इस बम कांड में तीन व्यक्तियों की मृत्यु हो चुकी है ।

आज थाना सदर पुलिस ने निकटवर्ती गांव चहेड़ू के एक व्यक्ति कुलदीप सिंह उर्फ काला को गिरफ्तार किया है तथा उसके कब्जे से एक रिवाल्वर व तीन कारतूस बरामद किए हैं ।

आज थाना सदर पुलिस ने गांव चहेड़ू के एक व्यक्ति अनूप सिंह को उग्रवादियों को संरक्षण देने के आरोप में गिरफ्तार करके उससे पूछताछ शुरू कर दी है ।

लूट

कपूरथला से शर्मा के अनुसार कल रात्रि कोतवाली थाना के ग्राम खालों में 4 उग्रवादियों ने अजीत सिंह के परिवार को लूट लिया और कानों की बालियां, ढाई तोले सोने का हार व 7 हजार रुपए लूट ले गए ।

खतरनाक उग्रवादी काबू

अमृतसर (वि.प्र.): तरनतारन पुलिस जिला के एस.एस.पी. ने एक प्रैस विज्ञप्ति में बताया कि गत दिवस तरनतारन के मोहल्ला जसबंत सिंह वाला के 5 उग्रवादियों को उग्रवाद उन्मूलन कानून की धारा 3-4 के अंतर्गत गिरफ्तार किया है । इनमें बलजीत उर्फ बिट्टू, जसपाल सिंह पाला, मनजिंदर सिंह उर्फ राणा उर्फ खालसा, गुरमीत सिंह और निर्मल सिंह शामिल हैं । गिरफ्तारी के समय वे सरकार विरोधी और खालिस्तान समर्थक नारे लगा रहे थे । पुलिस को यह भी सूचना मिली थी कि उग्रवादियों का यह गिरोह लोगों को धमकीपूर्ण पत्र लिख कर मोटी रकमें वसूल करता है । उनसे एक .32 का पिस्तौल, कारतूस व कई आपत्तिजनक पोस्टर मिले ।

बरामद हुए इश्तहारों पर केसरी चीता आफ खालिस्तान अंकित है ।

तोता और बिल्ला शिकंजे में

एस.एस.पी. ने यह भी बताया कि थाना रमदास में सुरक्षा बलों ने तीन आतंकवादियों हरविंदर सिंह उर्फ तोता जो उड़दां का रहने वाला है, सुखवंत सिंह उर्फ सुक्खा तथा शमशेर सिंह उर्फ बिल्ला को गिरफ्तार किया है । यह तीनों हथियार छीनने की वारदातों में संलिप्त थे । ब्यास क्षेत्र में एक खतरनाक आतंकवादी बलविंदर सिंह को गिरफ्तार किया गया है जो कई वारदातों में इश्तहारी अभियुक्त था ।

अमृतसर में शिवाला भाइयां के निकट हुए विस्फोट में घायल एक स्त्री दम तोड़ गई ।

मुठभेड़

सरकारी सूचना के अनुसार करियाला गांव के निकट एक मुठभेड़ में 3 आतंकवादी हथियारों समेत पकड़े गए जबकि उनके तीन साथी भाग निकले ।

अमृतसर से प्राप्त सूचना में पुलिस हवाले से कहा गया इस घटना में घायल रीता ने आज एस.जी.टी.बी. अस्पताल में दम तोड़ा ।

गेहूं लूट ली

फिरोजपुर (धीमान): तीन सशस्त्र व्यक्ति कल रात एक ट्रक में सवार होकर दशमेश राइस मिल हरीके रोड मक्खू में गए और चौकीदार को रस्सियों से बांध दिया । वे ट्रक में गेहूं की बोरियां लाद कर चम्पत हो गए ।

आतंकवादी की शिनाख्त

जिला फिरोजपुर में बुधवार को मुदकी में बैंक गार्ड की गोली से मारे गए आतंकवादी की शिनाख्त भाई जगरूप सिंह के रूप में हुई है, जो कि सिख छात्र महासंघ का वित्त सचिव था और अनेक अपराधों में पुलिस को वांछित था ।

19620 रुपए लूटे

लुधियाना जिला में आज दो वारदातों में 5 स्कूटर सवार आतंकवादियों ने 19620 रुपए लूट लिए ।

लुधियाना से 'महेंद्रा' के अनुसार जिला मैजिस्ट्रेट श्री एस.एस. बराड़ ने स्कूटरों, मोपेड और मोटर साईकिलों पर दोहरी सवारी बैठाने पर प्रातः छः बजे से रात्रि दस बजे तक पाबंदी लगा दी है । एक आदेश द्वारा श्री बराड़ ने कहा कि इन वाहनों पर सिंगल सवारी के बैठने की आज्ञा 24 घंटे होगी यह आदेश तीस जुलाई तक लागू रहेगा ।

5 बच्चों, पत्नी की हत्या

बूंदी, 3 जून (वार्ता): पत्नी के चरित्र पर शक होने पर बूंदी जिले के डबलान थानान्तर्गत आज एक व्यक्ति ने अपने पांच बच्चों और पत्नी की तलवार से काट कर हत्या कर दी ।

2 महीने से वेतन नहीं मिल

फिल्लौर, 3 जून (तरसेम): पता चला है पंजाब खेतीबाड़ी विभाग गन्ना सैक्शन के कर्मचारियों को 2 महीने से वेतन नहीं मिला है । जिस के परिणामस्वरूप कर्मचारियों को अधिक आर्थिक कठिनाई व परेशानी का सामना करना पड़ रहा है

सरकार को गुमराह किया...

(पृष्ठ 1 का शेष)

इच्छाओं के अनुसार काम करना चाहिए । यदि वह इसमें सहयोग देंगे तो इस निर्माणात्मक भूमिका से श्री हरिमंदिर साहब की महान सेवा होगी और उनके धर्म और सिख समुदाय की महान सेवा होगी । यदि ये नेता राजनीतिक स्वार्थ के लिए इससे दूर हटेंगे और गुमराह करने वाली चालें चलने के प्रयास करेंगे तो उनका संकुचित दृष्टिकोण और स्वार्थी के रूप में इतिहास में पतन होगा और इस संकट के समय सिख समुदाय को भी पतन की ओर ले जाएंगे ।

शाम के भाव

(3 जून 1988)

दिल्ली, (एन.एन.एस.): दिल्ली क्लाथ 41.50, हिंद मोटर्स 24.75, रिलायंस 205, चांदी (999) 6020, चांदी सिक्का 6390, सोना बिट्ठर (प्रति 10 ग्राम) 3160, सोना स्टैंडर्ड (10 ग्राम) 3220, मिल डिलीवरी : वनस्पति उ.प्र. प्रति टिन 326-332, वनस्पति हरियाणा व पंजाब प्रति टिन 320-330, तेल सरसों टैंकर (प्रति 10 किलो) 170, सोयाबीन तेल (प्रति 10 किलो) 179, तेल चावल खाद्य (10 किलो) 168, तेल चावल अखाद्य (10 किलो) 131, चर्बी 1830, तेल बिनौला (10 किलो) 182, गणेश जीरा 3675-3725, पिपरामैंट चूरा 188, पिपरामैंट पापड़ी 200 रुपए ।

दिल्ली सर्राफा : चांदी प्रति किलो : चांदी (999) टंच हाजिर 6027, चांदी गद्दी 5962, चांदी कच्ची 6072, सिक्का (प्रति सैकड़ा) 6397, सोना (प्रति 10 ग्राम) बिट्ठर 3010, स्टैंडर्ड सोना 3220, स्वर्ण आभूषण (22 कैरेट) 3110, गिन्नी (प्रत्येक) 2725 रुपए ।

अमृतसर सर्राफा : सोना स्टैंडर्ड 3240, सोना बिट्ठर 3200, स्वर्ण आभूषण 2950, स्वर्ण गिन्नी 2900, चांदी देसी तेजाबी 6200, चांदी थोबी 6100, सिक्का 6500 रुपए ।

युनाइटेड इंडिया इंश्योरैंस द्वारा आयोजित संगोष्ठी सम्पन्न

चंडीगढ़, 3 जून : युनाइटेड इंडिया इंश्योरैंस कम्पनी लिमिटेड चंडीगढ़ द्वारा गत दिवस यहां 'जनरल इंश्योरैंस फार कस्टमर्स' पर एक संगोष्ठी आयोजित की गई । संगोष्ठी के मुख्य अतिथि पटियाला डिवीजन के आयुक्त श्री एस.एस. बोपाराए थे । कम्पनी द्वारा इस प्रकार की संगोष्ठियां पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश व जम्मू-कश्मीर के विभिन्न भागों में आयोजित की जाएंगी ।

KIRYA
With profound grief we inform that our

Punjabi Sanjal

शियारपुर में प्रद्युम्न सिंह की हत्या : 2 घुसपैठियों सहित 3

ज़िला में हथियारों की फैक्टरी पकड़ी गई : 3 गिरफ्तार : गलती से चली गोली से पुलिस अधिका

र्ता, ह.स.): आज प्रातः
दयों ने वरिष्ठ पत्रकार श्री
ार कर हत्या कर दी ।
सपैठियों सहित 3 व्यक्ति
मारे गए ।
ा में एक हथियारों की
थला जिले में एक विशेष
स अधिकारी द्वारा गलती
वायल हो गया । अन्य
ल हो गए ।

प्रद्युम्न सिंह की हत्या

होशियारपुर से सम्वाददाताओं ने समाचार दिया है कि यहां आज प्रातः आतंकवादियों ने गोलियां मार कर वरिष्ठ पत्रकार ज्ञानी प्रद्युम्न सिंह की हत्या कर दी । ज्ञानी जी प्रातः सवा आठ बजे रेलवे रोड की सुभाष मार्कीट स्थित शिरोमणि ज्ञानी कालेज में ज्ञानी की क्लास ले रहे थे । दो आतंकवादी स्कूटर पर सवार होकर वहां आए और स्कूटर नीचे खड़ा करके सीढ़ियां चढ़ कर कालेज के उस कमरे में चले गए जहां वह चार-पांच लड़कियों और एक लड़के को पढ़ा रहे थे । बताया जाता है कि लड़कियों ने आतंकवादियों की मिन्नतें कीं मगर उन्हें एक तरफ धकेल कर ज्ञानी जी को 12 और 38 बोर के पिस्तौलें से गोलियां मारी गईं । चार-पांच गोलियां उनकी छाती और माथे पर लगीं । ज्ञानी जी को अत्यन्त घायलावस्था में अस्पताल ले जाया जा रहा था मगर वह रास्ते में ही दम तोड़ गए । कुछ गोलियां कमरे की दीवार पर भी लगीं । आतंकवादी हत्या के बाद स्कूटर पर फरार हो गए ।

58 वर्षीय ज्ञानी प्रद्युम्न सिंह गत 22-23 सालों से पत्रकारिता से सम्बद्ध थे । वह दैनिक अजीत, अकाली पत्रिका, पंजाबी ट्रिब्यून, इंडियन एक्सप्रैस आदि अनेक समाचारपत्रों के सम्वाददाता थे । वह पी.टी.आई. और आकाशवाणी के प्रतिनिधि थे । वह अपने पीछे विधवा, दो बेटे और एक बेटी छोड़ गए हैं ।

श्री प्रद्युम्न सिंह की हत्या दैनिक जगबाणी के मुख्य उप-सम्पादक कामरेड बंत सिंह की हत्या के ठीक एक मास बाद की गई है ।

क्षेत्र का एकनिवासी आतंकवादियोंकेस्कूटर का नम्बर 'पी.जे.क्यू 75' ही पढ़ सका । '75' के आगे का नम्बर पढ़ा नहीं जा सका ।

उनकी हत्या का समाचार बगल की आग की भांति शहर में फैल गया और देखते ही देखते लोग घटनास्थल, उनके घर और सिविल अस्पताल पहुंच गए । विभिन्न पार्टियों के आह्वान पर उनके शोक में आज पूर्ण रोष हड़ताल रही । विभिन्न राजनीतिक दलों ने बैठकें करके ज्ञानी जी की हत्या की निंदा की और उन्हें श्रद्धांजलि भेंट की । स्थानीय पत्रकारों द्वारा की गई शोकसभा में भी स्वर्गीय को हार्दिक श्रद्धांजलियां भेंट की गईं और उनके परिवार के साथ पूरी संवेदना प्रकट की गई । एक प्रस्ताव में स्वर्गीय के परिवार को ग्रांट देने की मांग भी की गई । पत्रकारों की सुरक्षा के उपयुक्त प्रबन्ध करने की मांग को भी दोहराया गया ।

जालन्धर रेंज के डी.आई.जी. श्री डी.आर. भट्टी, एस.एस.पी. परमजीत सिंह संधू, जिलाधीश श्री जी.एस. संधू तथा अन्य उच्चाधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे गए । श्री भट्टी ने बताया कि हत्यारों की तलाश के लिए विभिन्न स्थानों को पुलिस पार्टियां भेजी गई हैं ।

अंतिम संस्कार

श्री प्रद्युम्न सिंह का आज शाम अंतिम संस्कार विवाहित हैं । अंतिम संस्कार के समय विभिन्न सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक नेता मौजूद थे ।

हत्या की निंदा

जालन्धर रिपोर्टर्ज़ एसोसिएशन ने पत्रकार प्रद्युम्न सिंह की हत्या की कड़े शब्दों में निंदा की है । एसोसिएशन ने कहा कि यह प्रैस की आजादी पर हमला है और यह कार्रवाई पंजाबी दैनिक जगबाणी के मुख्य उपसम्पादक श्री बंत सिंह की हत्या के कुछ ही समय बाद की गई है । सरकार की पत्रकारों की सुरक्षा के प्रति उपेक्षापूर्ण नीति की आलोचना की गई । मृतक के परिवार को कम से कम एक लाख रुपए की सहायता व परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की मांग की गई ।

देश बहादुर पत्रकारों का ऋणी है : रे

चंडीगढ़ : पंजाब के राज्यपाल श्री एस.एस. रे ने होशियारपुर के पत्रकार श्री प्रद्युम्न सिंह की हत्या की कड़े शब्दों में निंदा की है । अपने शोक संदेश में श्री रे ने कहा कि "गोलियां देश में प्रैस की आवाज नहीं दबा सकतीं ।" उन्होंने कहा कि देश उग्रवादियों और राष्ट्र-विरोधी तत्वों की धमकियों के आगे घुटने टेकने के स्थान पर गोलियों का बहादुरी से सामना करने वाले पत्रकारों का ऋणी है । उनका बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा बल्कि इससे लोगों को उग्रवाद के विरुद्ध लड़ने और इसे जन-अभियान बनाने की ओर प्रेरित करेगा । श्री रे ने शोक संतप्त परिवार से हार्दिक संवेदना व्यक्त की है ।

याद रखा जाएगा

राज्यपाल के सलाहकार श्री जे.एफ. रिबैरो और राज्य के गृह सचिव श्री एस.एल. कपूर ने अपने शोक संदेश में कहा कि उग्रवाद व साम्प्रदायिकता के विरुद्ध श्री प्रद्युम्न सिंह का राष्ट्रीय दृष्टिकोण सदा याद रखा जाएगा ।

श्रमजीवी पत्रकार संघ पंजाब की एक शोकसभा जालन्धर में हुई, जिसमें होशियारपुर के वरिष्ठ पत्रकार श्री प्रद्युम्न सिंह की हत्या पर गहरा दुख व्यक्त किया गया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई ।

अमृतसर, लुधिय
संगरूर, फरीदकोट,
कपूरथला के पत्रकार सं
हत्या की कड़े शब्दों में

जर्नलिस्ट यूनियन
अमीर सिंह मग्गू, महा
कोषाध्यक्ष प्रदीप लु
होशियारपुर में श्री प्रद्यु
निंदा करते हुए सरकार
संरक्षण दिया जाए ।

फगवाड़ा सब डिवी
प्रद्युम्न सिंह की हत्या
पत्रकारों के लिए बीमा
की ।

कांग्रेस (इ) के सांस
को प्रैस की आजादी पर

किसान घायल

अमृतसर (ह.स.)
कत्थू नंगल क्षेत्र में ती
किसान को घायल कर
किसान अपने खेत से
पुलिस सूत्रों के अनु
सिंह है, जो मत्तेवाल क

शंटी हिरासत में

लुधियाना (आहू
पुलिस ने आत्मा राम अ
के सिलसिले में एक अ
पूछताछ के लिए हिरास

भारी धमाका

आज सायं 6 बजे
अहमद में एक जबरद
धमाका चौक में स्थित
बिल्डिंग की छत पर हुआ
के दायरे में पीले निशान
पर दरारें पड़ गईं । इसी
कारण हजारों लोगों की
के हताहत होने की सूच

हथियार फैक्टरी पक

भटिंडा (ग्रोवर):
जिला भटिंडा में सक्रिय
अधिकांश सदस्य या तो
गिरफ्तार किए जा चुके
भटिंडा के एस.एस.पी.





(1) होशियारपुर के पत्रकार श्री प्रद्युम्न सिंह जिनकी शनिवार को उग्रवादियों ने हत्या कर दी, (2) मृतक की बिलखती पत्नी और अन्य शोकाकुल महिलाएं । (छाया : पंजाब केसरी)

आतंकवादियों द्वारा अब तक 10 पत्रकारों की हत्या

जालंधर, 4 जून (वार्ता): होशियारपुर में आज हुई प्रमुख पत्रकार प्रद्युम्न सिंह की हत्या के बाद पंजाब में पिछले सात साल के दौरान हुई हिंसा में मरने वाले पत्रकारों की संख्या बढ़कर दस हो गई बलदेव सिंह मान के बाद पत्र में सम्पादक का पद सम्भालने वाले जयमल सिंह पड्डा की भी इसी वर्ष हत्या कर दी गई । 'चिंगियारी' के सम्पादक सुखराज सिंह भी आतंकवादी हिंसा का शिकार हो

Punjabi Sa

मंदिर परिसर की परिक्रमा में बने कमरों, जो आतंकवादियों की शरणस्थली बने हुए थे, दरवाजे खिड़कियां उखाड़ दिए गए हैं । चित्रों में (1) कमरा नम्बर 14 (खालिस्तान का कार्यालय) के उखाड़े गए दरवाजे और खिड़कियां । (2) कमरा नम्बर 44 से 48 तक की हालत अब यह (3) यह कमरा कभी मृत आतंकवादी पेंटा का आश्रय स्थल था । (छाया : रवि भंडारी)

क कमेटी द्वारा नए मुख्य ग्रंथियों को र्ज' लेने पर गम्भीर परिणामों की धमकी

तसर, 4 जू (मनोहर): उग्रवादियों की दस्थीय पंथक कमेटी ने धमकी दी है कि ि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी द्वारा जिन नए थियों की नियुक्ति की है, वे अपने पदों का

थी । इसलिए प्रबन्धक कमेटी जो चाहे कहती रहे, वह उनसे नहीं पूछेंगे । उल्लेखनीय है कि आप्रेशन ब्लैक थंडर की सफलता के बाद पंथक कमेटी का यह पहला पैंतरा है ।

58 वर्षीय ज्ञानी प्रद्युम्न सिंह गत 22-23 सालों से पत्रकारिता से सम्बद्ध थे । वह दैनिक अजीत, अकाली पत्रिका, पंजाबी ट्रिब्यून, इंडियन एक्सप्रैस आदि अनेक समाचारपत्रों के सम्वाददाता थे । वह पी.टी.आई. और आकाशवाणी के प्रतिनिधि थे । वह अपने पीछे विधवा, दो बेटे और एक बेटी छोड़ गए हैं ।

श्री प्रद्युम्न सिंह की हत्या दैनिक जगबाणी के मुख्य उप-सम्पादक कामरेड बंत सिंह की हत्या के ठीक एक मास बाद की गई है ।

क्षेत्र का एक निवासी आतंकवादियों के स्कूटर का नम्बर 'पी.जे.यू 75' ही पढ़ सका । '75' के आगे का नम्बर पढ़ा नहीं जा सका ।

उनकी हत्या का समाचार जंगल की आग की भांति शहर में फैल गया और देखते ही देखते लोग घटनास्थल, उनके घर और सिविल अस्पताल पहुंच गए । विभिन्न पार्टियों के आह्वान पर उनके शोक में आज पूर्ण रोष हड़ताल रही । विभिन्न राजनीतिक दलों ने बैठकें करके ज्ञानी जी की हत्या की निंदा की और उन्हें श्रद्धांजलि भेंट की । स्थानीय पत्रकारों द्वारा की गई शोकसभा में भी स्वर्गीय को हार्दिक श्रद्धांजलियां भेंट की गईं और उनके परिवार के साथ पूरी संवेदना प्रकट की गई । एक प्रस्ताव में स्वर्गीय के परिवार को ग्रांट देने की मांग भी की गई । पत्रकारों की सुरक्षा के उपयुक्त प्रबन्ध करने की मांग को भी दोहराया गया ।

जालन्धर रेंज के डी.आई.जी. श्री डी.आर. भट्टी, एस.एस.पी. परमजीत सिंह संधू, जिलाधीश श्री जी.एस. संधू तथा अन्य उच्चाधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए । श्री भट्टी ने बताया कि हत्यारों की तलाश के लिए विभिन्न स्थानों को पुलिस पार्टियां भेजी गई हैं ।

अंतिम संस्कार

श्री प्रद्युम्न सिंह का आज शाम अंतिम संस्कार कर दिया गया । उनके पारिवारिक सूत्रों के अनुसार उनके सबसे बड़े लड़के तेजिंद्र सिंह ने चिता को अग्नि दिखाई । श्री तेजिंद्र अमृतसर में आयकर अधिकारी हैं । श्री प्रद्युम्न सिंह के दो और लड़के तथा एक लड़की

एक और लाश मिली

अमृतसर, 4 जून (वार्ता): आज दोपहर अकाल तख्त के मलबे में से एक और अत्यन्त क्षति-विक्षत लाश मिली है । इसके साथ मलबे में से मिलने वाली लाशों की संख्या 22 हो गई है । पुलिस ने बताया कि मलबे में से लाशें निकालने का काम दरबार साहब परिसर में आत्म-समर्पण करने वाले आतंकवादियों से की गई पूछताछ के आधार पर शुरू किया गया था ।

बाद में शव की शिनाख्त स्थानीय नगर निगम के बिल्डिंग इंस्पैक्टर सुरजीत सिंह के रूप में हुई जोकि इस वर्ष चार फरवरी से लापता था । शव की शिनाख्त मृतक की पत्नी श्रीमती नरेंद्र कौर और उसके भाई मान सिंह ने की जोकि जम्मू से यहां पहुंचे थे ।

स्वर्ण मंदिर परिसर में शनिवार को मलबे से मिला

देश बहादुर पत्रकारों का ऋणी है : रे

चंडीगढ़ : पंजाब के राज्यपाल श्री एस.एस. रे ने होशियारपुर के पत्रकार श्री प्रद्युम्न सिंह की हत्या की कड़े शब्दों में निंदा की है । अपने शोक संदेश में श्री रे ने कहा कि "गोलियां देश में प्रैस की आवाज ही समय बाद की गई है । सरकार की पत्रकारों की सुरक्षा के प्रति उपेक्षापूर्ण नीति की आलोचना की गई । मृतक के परिवार को कम से कम एक लाख रुपए की सहायता व परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की मांग की गई ।

राज्यपाल के सलाहकार श्री जे.एफ. रिबैरो और राज्य के गृह सचिव श्री एस.एल. कपूर ने अपने शोक संदेश में कहा कि उग्रवाद व साम्प्रदायिकता के विरुद्ध श्री प्रद्युम्न सिंह का राष्ट्रीय दृष्टिकोण सदा याद रखा जाएगा ।

श्रमजीवी पत्रकार संघ पंजाब की एक शोकसभा जालन्धर में हुई, जिसमें होशियारपुर के वरिष्ठ पत्रकार श्री प्रद्युम्न सिंह की हत्या पर गहरा दुख व्यक्त किया गया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई ।

(1) होशियारपुर के पत्रकार श्री प्रद्युम्न सिंह जिनकी शनिवार को उग्रवादियों ने हत्या कर दी, (2) मृतक की बिलखती पत्नी और अन्य शोकाकुल महिलाएं । (छाया : पंजाब केसरी)

आतंकवादियों द्वारा अब तक 10 पत्रकारों की हत्या

जालंधर, 4 जून (वार्ता): होशियारपुर में आज हुई प्रमुख पत्रकार प्रद्युम्न सिंह की हत्या के बाद पंजाब में पिछले सात साल के दौरान हुई हिंसा में मरने वाले पत्रकारों की संख्या बढ़कर दस हो गई है । इनके अलावा जालंधर के दैनिक 'वीर प्रताप' के दो कर्मचारी भी 24 जून, 1983 को एक पार्सल बम का विस्फोट होने से मारे गए थे ।

हिंद समाचार ग्रुप के अखबारों के तत्कालीन सम्पादक लाला जगत नारायण की नौ सितम्बर, 1981 को आतंकवादियों ने गोली मार कर हत्या कर दी थी जबकि उनके पुत्र श्री रमेश चन्द्र, जिन्होंने लाला जी के बाद सम्पादक का दायित्व सम्भाला था, 12 मई, 1984 को जालंधर में आतंकवादियों की गोलियों से मारे गए थे ।

श्री प्रद्युम्न सिंह की हत्या पंजाबी दैनिक 'जग बाणी' के मुख्य उप-सम्पादक बंत सिंह की हत्या के ठीक एक माह बाद हुई है । श्री बंत सिंह को चार मई को नगर में उनके निवास स्थान के निकट ही गोली से उड़ा दिया गया था ।

नरिन्दर पाल सिंह भी हिंद समाचार पत्र समूह के संवाददाता थे, जिनकी उनके गांव तरनतारन में गत वर्ष मई में हत्या की गई थी । इससे पूर्व ज्ञानी जगजीत सिंह को चार दिसम्बर, 1986 को गोली मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया । अगले ही दिन उन्होंने दम तोड़ दिया था । श्री सिंह भी गुरदासपुर में संवाददाता थे तथा हिंद समाचार पत्र समूह के साथ ही जालंधर के दैनिक पत्रों के लिए भी काम करते थे ।

'प्रीत लड़ी' के सम्पादक सुमीत सिंह की 22 फरवरी, 1984 को गोली मार कर हत्या कर दी गई थी । पंजाब के नक्सलवादी नेता तथा पार्टी के 'हराबल दस्ता' के सम्पादक बलदेव सिंह मान की बलदेव सिंह मान के बाद पत्र में सम्पादक का पद सम्भालने वाले जयमल सिंह पड्डा की भी इसी वर्ष हत्या कर दी गई । 'चिंगियारी' के सम्पादक सुखराज सिंह भी आतंकवादी हिंसा का शिकार हो गए थे ।

पत्रकारों के दो पुत्र भी आतंकवादी हिंसा का शिकार हुए । फिरोजपुर के पत्रकार सत्यपाल बागी के पुत्र डा. अनिल बागी की 22 दिसम्बर, 1985 को गोली मार कर हत्या कर दी गई थी । खेमकरण के पत्रकार जगदीश लाल खन्ना के पुत्र अमन कुमार भी पांच जून 1986 को आतंकवादी हिंसा का शिकार हुए थे ।

अंग्रेजी अखबार 'स्टेट्समैन' के चंडीगढ़ स्थित स्टाफ पत्रकार संजीव गौड़ पर 3 फरवरी, 1984 को स्वर्ण मंदिर परिसर के बाहर हमला करके घायल कर दिया गया था । उसी दिन दूरदर्शन के अमृतसर कार्यालय में बम विस्फोट होने से नुक्सान हुआ था । जालंधर के समाचार पत्रों के लिए काम करने वाले पत्रकार के.एल. कमलेश को भी पिछले वर्ष गोली मार कर घायल कर दिया गया था । 25 जनवरी, 1984 में 'ट्रिब्यून' समाचारपत्र समूह के भवन में भी एक हथगोला मिला था । अमृतसर से प्रकाशित होने वाले 'सियासी जंग' के सम्पादक श्री यश पाल बिल्ला 14 फरवरी, 1984 को आतंकवादियों के हमले से बच गए परन्तु उनके कार्यालय का चौकीदार मारा गया था ।

संरक्षण दिया जाए ।

फगवाड़ा सब डिवीजन के सभी प्र
प्रद्युम्न सिंह की हत्या की भर्त्सना की
पत्रकारों के लिए बीमा सहित उचित सु
की ।

कांग्रेस (इ) के सांसद कमल चौधरी
को प्रैस की आजादी पर प्रहार बताया

किसान घायल

अमृतसर (ह.स.): अमृतसर जि
कत्थू नंगल क्षेत्र में तीन संदिग्ध व्यक्
किसान को घायल कर दिया । पुलिस
किसान अपने खेत से घर लौट रहा थ
पुलिस सूत्रों के अनुसार घायल का
सिंह है, जो मत्तेवाल का रहने वाला है

शंटी हिरासत में

लुधियाना (आहूजा): सुविज्ञ सू
पुलिस ने आत्मा राम आर्य व अर्जुन सि
के सिलसिले में एक आईस क्रीम विक्र
पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया

भारी धमाका

आज सायं 6 बजे लुधियाना के
अहमद में एक जबरदस्त धमाका
धमाका चौक में स्थित एक ट्रांसपोर्ट
बिल्डिंग की छत पर हुआ । छत पर ल
के दायरे में पीले निशान पड़ गए और
पर दरारें पड़ गईं । इसी चौक में सब्जी
कारण हजारों लोगों की भीड़ जमा रहत
के हताहत होने की सूचना नहीं है ।

हथियार फैक्टरी पकड़ी गई

भटिंडा (ग्रोवर): आतंकवादियों
जिला भटिंडा में सक्रिय हैं तथापि इ
अधिकांश सदस्य या तो मठभेड़ों में म
गिरफ्तार किए जा चुके हैं । एक प्रैस
भटिंडा के एस.एस.पी. श्री आर.एस. गि
यह गिरोह 38 आतंकवादी अपराधों
जिनमें 9 हत्या के, 2 बैंक डकैतियों के
छीनने के केस शामिल हैं । श्री गिल
आतंकवादियों ने स्थानीय पुलिस को तब
देने की भी कोशिश की थी । आज सुब
में पुलिस ने एक हथियारों की फैक्टरी
गाजियाबाद के रणजीत सिंह को गिरफ्
कि अस्थायी तौर पर बोहा में रह रहा है
साथी भी पकड़े गए हैं, जिनके नाम गज्
दर्शन सिंह हैं । गज्जा सिंह ने रणज
ठहरने के लिए स्थान दिया था । उन
बोर की राइफलें और दो 12 बोर
कारतूस बरामद हुए । हथियारों को
इस्तेमाल होने वाली मशीनरी भी बर
है । श्री गिल ने कहा कि आतंकवादि
देने पर गुरमेल सिंह तथा मास्टर कौर सि
गुरु को भी गिरफ्तार किया गया है ।
• दावा किया है कि जिला में हुए सभी
अपराधों का सुराग लगा लिया गया है
पकड़े गए हैं । जिला पुलिस ने 6
राइफलें, 500 कारतूस, 5 बारह बो

(शेष पृष्ठ 10 पर)

Punjab Sahitari

दुकानों का समय

वर्तमान स्थिति के दृष्टिगत जिला में होटलों, कैमिस्ट की दुकानें व शराब की दुकानों को छोड़ कर सभी दुकानें सायं 7.30 बजे बंद करने का आदेश दिया गया है । होटल व कैमिस्ट की दुकानें रात 9 बजे तक तथा शराब की दुकानें रात 10 बजे तक खुली रहेंगी ।

भटिंडा पुलिस के एक हैडकांस्टेबल और एक कांस्टेबल को आतंकवादियों और तस्करों के साथ कथित सम्बन्धों के आरोप में अपदस्थ कर दिया गया ।

एक जख्मी

बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना कादियां के गांव बिसरावां में गत रात 3-4 अज्ञात लोगों ने एक व्यक्ति संतोख सिंह को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । पुलिस के अधिकृत सूत्रों के अनुसार रात के समय अज्ञात लोग इसके घर आए व इसे साथ चलने के लिए कहा इसके इन्कार करने पर उन्होंने कृपाणें मार कर इसे गम्भीर घायल कर दिया । कादियां पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है व जांच कर रही है कि यह व्यक्तिगत शत्रुता का मामला है या आतंकवाद का ।

एस.एस.पी. श्री सुमेध सिंह सैनी ने पत्रकारों को बताया कि संतोख सिंह के घर तीन सशस्त्र लोग आए थे व उसे कृपाण के अलावा गोलियां मार कर भी जख्मी किया गया है । उसे गम्भीर घायल हालत में अमृतसर अस्पताल भेजा गया है । यह सम्भवत: आतंकवाद का मामला है ।

बम नहीं था

गत रात स्थानीय कादी हट्टी स्थित रात के समय लोगों ने एक प्लास्टिक के बैग में दो बिजली की तारें लगी देखीं तो उन्होंने तुरन्त बी.एस.एफ. के कमांडैंट श्री चक्रधर गिलदियार को सूचित किया । श्री गिलदियार तुरन्त स्वयं फोर्स के साथ वहां गए व एकत्र भीड़ को तितर-बितर करके सावधानी से उस वस्तु का निरीक्षण किया तो पता चला कि वह किसी ने शरारत से रस्सियों का गोला बना कर पोलिथीन के लिफाफे में लपेट कर दो बिजली के तार लगा कर बाहर निकाले हुए थे । श्री गिलदियार ने सूचित करने वाले लोगों का धन्यवाद किया और सभी से आग्रह किया कि सुरक्षा के दृष्टिगत ऐसी पड़ी वस्तुओं को स्वयं छूने के स्थान पर सदा बी.एस.एफ. को सूचित करें ।

आत्म समर्पण करने वालों से कोई सम्बन्ध नहीं

तथाकथित खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के छपे लैटरपैड पर पत्रकारों को भेजे एक प्रैस बयान में धमकीपूर्ण पत्र लिख कर पैसे बटोरने व लूटपाट करने वाले तत्वों को मार डालने की चेतावनी देते हुए लिखा गया है कि इनकी लिस्टें बनाई जा रही हैं । प्रैस नोट में लिखा है कि गत मास स्वर्ण मंदिर अमृतसर में आत्म समर्पण करने वाले लोगों को 'बख्शीया' नहीं जाएगा और इस संगठन का आत्म समर्पण करने वाले आतंकवादी कुलवंत सिंह बोलेवाल से अब कोई सम्बन्ध नहीं ।

मुठभेड़ के बाद दो गिरफ्तार

पुलिस जिला बटाला में अलीवाल सड़क पर स्थित विभिन्न गांवों की तलाशी के दौरान पुलिस तथा बी.एस.एफ. के साथ हुई मुठभेड़ में 'बी' श्रेणी का खतरनाक आतंकवादी गुरिन्दर सिंह गिन्दा भाग निकला जबकि उसके दो साथी शस्त्रों सहित गिरफ्तार कर लिए गए । जिला के एस.एस.पी. समेध सिंह सैनी स्वयं इस अभियान का नेतृत्व कर रहे थे । उन्होंने पत्रकारों को बताया कि पकड़े गए दो आतंकवादियों की शिनाख्त अमरीक सिंह—गांव भागोबाल तथा सुखदेव सिंह—गांव सैदपुर के रूप में की गई है । इनके कब्जे से ए.के. 47 असाल्ट राइफल, एक 315 बोर की राइफल, 122 जीवित कारतूस, तीन मैगजीन तथा 62 चले हुए कारतूस बरामद किए गए हैं । पूछताछ जारी है ।

आतंकवादियों के 11 आश्रयदाता

मुखविंदर सिंह, महेंद्र सिंह, दर्शन सिंह, अवतार सिंह तथा बलदेव सिंह के रूप में की गई है ।

2 घुसपैठी मरे

फिरोजपुर (बागी): गत रात जिला फिरोजपुर के ममदोट सैक्टर में 2 पाकिस्तानी घुसपैठी सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए । यह मुठभेड़ तब हुई जब इन पाकिस्तानियों ने भारतीय क्षेत्र में घुसने की कोशिश की । सुरक्षा बलों द्वारा चुनौती दिए जाने पर उन्होंने गोली चला दी जिस पर सुरक्षा बलों की जवाबी फायरिंग में दोनों मारे गए । उनके कब्जे से कुछ पाकिस्तानी करंसी बरामद की गई ।

स्त्री की लाश मिली

जिला फिरोजपुर के ही लोहगढ़ गांव के निकट एक युवा स्त्री की लाश बरामद हुई ।

आतंकवादी की शिनाख्त

कल सायं जिला फरीदकोट में धाल कलां गांव में मुठभेड़ में मारे गए आतंकवादी की शिनाख्त कुख्यात आतंकवादी जगरूप सिंह के रूप में हुई है जो कि खालिस्तान कमांडो फोर्स का स्वयंभू लै. जनरल था । राज्य पुलिस के महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल ने कहा कि जगरूप सिंह सी.आर.पी. के तीन कांस्टेबलों की हत्या, फिरोजपुर रेंज के डी.आई.जी., जत्थेदार मलकीयत सिंह पर हमले और हत्या के कई मामलों में वांछित था ।

पुन: छापे

फगवाड़ा (अशोक): गत रात्रि व आज तड़के पुन: सुरक्षा बलों ने फगवाड़ा, गोराया, फिल्लौर, नकोदर, बंगा व नवांशहर क्षेत्रों में अनेक स्थानों पर छापे मारे व घर-घर की तलाशियां लीं । सूत्रों के अनुसार यह छापे उग्रवादियों के किन्हीं सम्भावित ठिकानों की तलाश में मारे गए व लगभग एक दर्जन व्यक्तियों को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया गया ।

गलती से गोली चला दी

कपूरथला जिले के लखन के पड्डा में एक विशेष पुलिस अधिकारी ने गलती से दूसरे पुलिस अधिकारी पर गोली चला दी, जिससे वह घायल हो गया । घायल अफसर को अस्पताल में भर्ती कराया गया है । डाक्टरों के अनुसार उसकी हालत गम्भीर बनी हुई है ।

राकेश के अनुसार आज स्थानीय सदर पुलिस ने एक आतंकवादियों के गिरोह के 2 सदस्यों सुरजीत सिंह व जसविन्द्र सिंह को गिरफ्तार किया है । सुरजीत सिंह के कब्जे से 1 रिवाल्वर व 10 कारतूस, जसविन्द्र सिंह के कब्जे से 6 कारतूस बरामद किए हैं । उन्होंने कई वारदातें करने का जुर्म इकबाल कर लिया है । अभी उनसे पूछताछ जारी है ।

पाकिस्तान द्वारा सीमा पर चार मार में 1477 बार अकारण फायरिंग

जम्मू, 4 जून (सच्चर): पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर में सीमा पर तनाव बनाए रखना चाहता है । पिछले चार महीनों के दौरान पाकिस्तान द्वारा सीमा पर फायरिंग करने की घटनाओं में बहुत अधिक वृद्धि हुई है ।

उत्तरी सीमावर्ती क्षेत्र में किसी स्थान पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए मेजर जनरल वाई.एन. शर्मा ने रहस्योद्घाटन किया कि 1987 में फायरिंग की 1707 घटनाओं के मुकाबले में पाकिस्तानी सेनाओं ने इस वर्ष के पहले चार महीनों में ही कम से कम 1477 बार अकारण फायरिंग की । पिछले वर्ष भारतीय सेना ने 724 बार पाक फायरिंग का मुंह तोड़ जवाब दिया जबकि इस वर्ष हमने 854 बार जवाबी फायरिंग की ।

मेजर जनरल शर्मा ने कहा कि भारतीय सेना के जवानों को आदेश दिए गए हैं कि वे किसी भी उत्तेजक अथवा तनाव की स्थिति में संयम से काम लें और बहुत आवश्यक होने पर ही जवाबी फायरिंग करें और जवाब बिल्कुल उचित व प्रभावशाली ढंग



आतंकवादियों से मुक्त कराए जाने के बाद स्वर्ण मंदिर परिसर का एक विहंगम दृश्य । चित्र के मध्य (सफेद कटी रेखा से घिरा) वह मलबे का ढेर है जिसकी खुदाई में अब तक 22 शव मिल चुके हैं ।

उग्रवादी गुरबाज सिंह गिरफ्तार

जबलपुर, 4 जून : जबलपुर पुलिस ने अमृतसर के मजीठा क्षेत्र के फरार आतंकवादी गुरबाज सिंह को महाराष्ट्र के गोडिया कस्बे से गिरफ्तार किया है । पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि गुरबाज सिंह की उत्तर प्रदेश के कई डकैतियों के मामले में भी तलाश थी । गुरबाज सिंह ने पूछताछ के दौरान पुलिस अधिकारियों के सामने उसे कबूल किया है । पुलिस के अनुसार गुरबाज सिंह मई में दो आतंकवादी साथियों के साथ जबलपुर आया था । उसके दोनों साथियों को गिरफ्तार कर लिया गया था, जबकि वह स्वयं बचकर निकल गया । एक गुप्त जानकारी के आधार पर जबलपुर पुलिस के अधिकारियों का एक दल महाराष्ट्र गया और वहां गोडिया कस्बे से गुरबाज सिंह को गिरफ्तार कर लिया । पुलिस द्वारा इन आतंकवादियों से पूछताछ के आधार पर शहर में उनके सहयोगियों और आश्रयदाताओं के घरों पर छापे मारे जा रहे हैं ।

पंजाब के 'बी' वर्ग के उग्रवादी परमवीर सिंह और उसके दो साथियों गुरजीत सिंह एवं गुरबाज सिंह राजा को पनाह देने के आरोप में छः व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया है । शहर पुलिस अधीक्षक ओ.पी. राठौर ने संवाददाताओं को आज यह जानकारी दी । हिरासत में लिए गए व्यक्तियों के नाम हैं : रणजीत सिंह, गुरमुख सिंह, चरणजीत सिंह उर्फ हैप्पी, कुलदीप सिंह उर्फ टीटू, राजेश एवं प्रदीप रायकवार । पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आतंकवादियों को पनाह देने वाला एक अन्य व्यक्ति सिद्दा सिंह अभी हिरासत में लिया नहीं जा सका है । वह जबलपुर से बाहर है ।

पुलिस कार्रवाई के दोषियों को दंडित किया जाए : अमरेन्द्र

अमृतसर, 4 जून (वार्ता): पंजाब के भूतपूर्व मंत्री और एकीकृत अकाली दल (यू.ए.डी.) के नेता कैप्टन अमरेन्द्र सिंह ने आज मुख्यग्रंथियों से अनुरोध किया है कि समुदाय को सही नेतृत्व देने के लिए वे अपने प्रभाव का प्रयोग करें । कैप्टन अमरेन्द्र सिंह ने यहां एक बयान में मुख्यग्रंथियों को सुझाव दिया है कि वे एक समिति से इस बारे में जांच कराएं कि सिख नेतृत्व में वे अपराधी कौन है, जो स्वर्ण मंदिर परिसर में सैनिक और पुलिस कार्रवाई के लिए जिम्मेवार है ।" उन्होंने कहा कि "दोषियों को दंडित किया जाए और उन्हें पंथ से निष्कासित कर दिया जाए ताकि भविष्य में कोई ऐसा पाप करने का साहस नहीं कर पाए ।"

प्राइमरी अध्यापक धरना देंगे

जालन्धर, 4 जून (क.): गवर्नमैंट प्राइमरी टीचर्ज एसोसिएशन पंजाब ने 6 जून को चंडीगढ़ में डी.पी.आई. पंजाब (प्राइमरी) के कार्यालय पर लम्बे समय से लटकी आ रही मांगों के समर्थन में धरना देने का निर्णय किया है । इसके अतिरिक्त उसी दिन वेतन आयोग को एक ज्ञापन देकर रिपोर्ट शीघ्र जारी करने की मांग की जाएगी ।

डिपैंडैंट्स मैम्बरों को वोट का अधिकार

लुधियाना, 4 जून (महिन्द्रा): स्थानीय प्रथम श्रेणी के सब-जज श्री भगवान सिंह ने एक आदेश

अरुण नेहरू की पुत्री की सगाई

नई दिल्ली, 4 जून (वार्ता): अरुण नेहरू की पुत्री राधिका की सगाई लन्दन निवासी शिपिंग मैग्नेट रौ टिक्कू के पुत्र विक्रम के साथ वीरवार को सम्पन्न हुई ।

प्रधानमंत्री राजीव गांधी और उनकी पत्नी सोनिया गांधी शनिवार को विदेश यात्रा पर रवाना होने से पूर्व अपने हाथ हिला कर अपने मंत्रिमंडलीय सहयोगियों से विदा लेते हुए ।

पिस्तौल की नोक पर जेवर व नकदी लूटी

जालन्धर, 4 जून (क.): आज प्रात: 10.3 बजे के लगभग चार लुटेरों ने स्थानीय सैंट्रल टाउन की गली नम्बर 3 के एक मकान में घुस कर पिस्तौल की नोक पर घर की मालकिन से कुछ गहने व नकदी लूट ली । प्राप्त विवरण के अनुसार दो लुटेरे घर के अंदर घुस गए जबकि उनके दो साथी बाहर मेन गेट पर खड़े रहे । अंदर गए लुटेरों ने श्रीमती वीना तथा उसके नौकर को पिस्तौल दिखा कर चुपचाप खड़े रहने को कहा और उसके बाद एक लुटेरे ने श्रीमती वीना की कलाई से दो सोने की चूड़ियां व कानों की बालियां उतार लीं और फिर एक अलमारी की तलाशी ली, जिसमें पड़ा एक हजार रुपया भी उठा लिया । जाते-जाते वे नौकर के हाथ से घड़ी भी उतार कर फरार हो गए और वीना को कह गए कि वह कल 50 हजार रुपए तैयार रखे । लुटेरों के चले जाने के बाद वीना ने आवाजें लगाईं कुछ लोग आ गए जिन्हें वीना ने सारी घटना सुनाई । पुलिस थाना डिवीजन 4 में घटना की रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है ।

दुर्दांत आतंकवादी मानोचाहल को पीलिया हो गया ?

अमृतसर, 4 जून (नारंग): आप्रेशन "ब्लैक थंडर" के बाद आतंकवादियों की सबसे बड़ी शरणस्थली स्वर्ण मंदिर से आतंकवादियों से मुक्त होने के बाद आतंकवादियों और प्रशासन में चूहे-बिल्ली का खेल शुरू हो गया है । आतंकवादी जो पहले बड़े मजे से जब चाहें जिस गांव में पनाह ले लेते थे, अब वह बात नहीं रही । आत्मसमर्पण करने वाले आतंकवादियों ने पूछताछ के बाद जो कुछ बताया कि आतंकवादी कहां-कहां पनाह लेते थे, वहां पर पुलिस या अर्धसैनिक बल पहुंचे आतंकवादियों ने वे अड्डे छोड़ दिए थे । अमृतसर जिला में ही गुप्तचर सूत्रों के अनुसार इस

Punjabi Sanjari

श्रीगणेश बागवाली गली से करने के लिये ज़िला-प्रशासन ने बुलडोज़र व कार्रवाई का विरोध शुरू कर दिया (1-2-3) गुरु रामदास सराय के निकट नये वाहन आदि, (4) प्रतिरोध-स्वरूप सड़क पर बैठी महिलाएं स्यापा कर गलियारा-स्कीम का विरोध करते हुये 'पहले बसाओ फिर उजाड़ो' की मांग साहब का अखंड पाठ प्रारम्भ कर दिया । (छाया: रवि भंडारी)

पंजाब में दम्पति सहि
6 व्यक्तियों की हत्य

सरकारी निगम की कैशियर से 80 हज़ार रुपये लू

लुधियाना में 3, पटियाला में 6 आतंकवादी गिरप

चंडीगढ़, 7 जून (वार्ता, ह.स.): गत 24 घंटों के दौरान पंजाब में आतंकवादियों ने एक दम्पति सहित 6 व्यक्तियों की हत्या कर दी जबकि एक सरकारी निगम की कैशियर से 80 हजार रुपए लूट लिए गए । पटियाला जिला में 6 तथा लुधियाना जिला में 3 आतंकवादी गिरफ्तार किए गए । उनसे काफी मात्रा में शस्त्रास्त्र बरामद किए गए ।

सुक्खा गिरफ्तार

पटियाला (भूषण): एस.एस.पी. श्री सीतल दास ने बताया कि स्थानीय गुरबख्श सिंह कालोनी गोली कांड में वांछित आतंकवादी सुखदेव सिंह सुक्खा तथा पाकिस्तान प्रशिक्षित आतंकवादी बचित्तर सिंह सहित 6 आतंकवादियें को सुरक्षा बलों ने गिरफ्तार किया है । यहां गुरबख्श कालोनी में हुए गोली कांड में सुखदेव सिंह सुक्खा ने एक व्यक्ति की हत्या कर दी थी जबकि 6 अन्य को घायल कर दिया था । गुरबख्श सिंह से एक रिवाल्वर, कारतूस, एक स्कूटर तथा एक धमकीपूर्ण पत्र मिला है । वह पटियाला के निकट दौन खुर्द का निवासी है ।

बचित्तर सिंह जो कि जिला संगरूर का निवासी है, ने 16 महीने तक पाकिस्तान में प्रशिक्षण प्राप्त किया तथा वह अमृतसर से सुखदेव सिंह व दूसरों को हथियार सप्लाई करता था । वह आतंकवादियों को पनाह भी देता था । बलविंदर सिंह उर्फ पप्पी सनौर मार्कीट कमेटी के भूतपूर्व चेयरमैन बलवंत सिंह का पुत्र है । वह दलजिंदर सिंह चांदी बाना और बलविंदर सिंह उर्फ बिंदा को पनाह देता था, जो कि दोनों ही हरियाणा पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारे गए थे । उससे मोटर साइकल व गोली-सिक्का मिला, जो कि उसे उक्त दुर्दांत आतंकवादियों ने दिया था । इसके अलावा उससे एक रिवाल्वर, एक चोरी शुदा मोटर साइकल भी मिला ।

जिला संगरूर के गांव जागोवाल के प्रितपाल सिंह, पाल सिंह उर्फ पाली जिला पटियाला से पूछताछ जारी है । उन्होंने विभिन्न अपराधों में हाथ होना स्वीकार किया है । प्रितपाल सिंह से एक रिवाल्वर मिला है ।

पैट्रोल पम्प लूटे

कल शाम नाभा के निकट गांव थुई में चार सशस्त्र व्यक्ति एक पैट्रोल पम्प के सेल्समैन से 7 हजार रुपए लूट कर भाग गए । लुटेरे दो मोटर साइकलों पर थे ।

गिरोह का सफाया

एस.एस.पी. ने बताया कि इस क्षेत्र लुटेरों के एक गिरोह का सफाया कर दिया इसके 4 सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार है ! उनसे 4 लाख 13 हजार 300 रुपए सामान पकड़ा गया है । गिरफ्तार किए भूपेंद्र सिंह उर्फ भूरा सुन्दर नगर पटियाल कुमार डोगरा कालोनी रोहतक, देवी अ शामिल हैं ।

मजहबी सिख की हत्या

गत रात पटियाला जिले के थाना भादसं भंडेर में आतंकवादियों ने एक मजहबी सि सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी ।

3 आतंकवादी गिरफ्तार

लुधियाना (ह.स.): एस.एस.पी. श्री ए. ने बताया कि जिला पुलिस ने तीन आतंक शविन्द्र सिंह और कुलदीप सिंह निवासी श तथा लखविंदर सिंह गांव झंडे को गिरफ्ता है । उनके कब्जे से एक विदेशी रिवाल कारतूस, एक पिस्तौल 12 बोर, 10 कारतू स्कूटर व एक मोटर साइकल बरामद किया साइकल आतंकवादियों ने 27 मई को गांव से तथा स्कूटर फिरोजपुर से छीना था । यह सिंह ढट्ट की हत्या में वांछित थे । उन्होंने जून को कोछड़ मार्केट लुधियाना के एक आढ़ लूटा था । यह आतंकवादी खालिस्तान कमांड से सम्बन्ध रखते हैं ।

'जोशी' के अनुसार उन्होंने बताया कि उग्रवादियों का सम्बन्ध खालिस्तान कमांडो है जो कि जगमेल सिंह उर्फ जग्गा (गांव खान निर्देशानुसार कार्य कर रहे थे । याद र उग्रवादी जगमेल सिंह 5 जून को पुलिस मुठभेड़ में मारा गया था ।

80 हजार रुपए लूटे

आज लुधियाना के निकट 5-6 स्कूटर आतंकवादियों की ओर से पंजाब स्टेट हौज निटवेयर डिवैलपमैंट कार्पोरेशन की कै श्रीमती आशा भारद्वाज से 80 हजार रुपए लिए गए । श्रीमती भारद्वाज आज स्टेट बैंक पटियाला मिल्लरगंज ब्रांच से कर्मचारियों को देने के लिए 80 हजार रुपए निकलवा कर ला रही थीं कि जी.टी. रोड से 2 किलोमीट

(शेष पृष्ठ 6 पर)

Punjabi Sonaran

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

शेरपुर में उन्होंने कार के दोनों ओर आकर पिस्तौल दिखा कर कैश उनके हवाले करने को कहा । श्रीमती भारद्वाज ने कैश उनके हवाले कर दिया । पुलिस अभियुक्तों की तलाश कर रही है ।

दम्पति की हत्या

अमृतसर (वार्ता): गत रात जिला अमृतसर में थाना जंडियाला के गांव धूलका में आतंकवादी एक मकान में घुस गए तथा उसके मालिक भजन सिंह व उसकी पत्नी की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

लाश की शिनाख्त

कल अकाल तख्त के मलबे में से जो अत्यन्त क्षत-विक्षत लाश मिली थी, वह कांग्रेस कमेटी लुधियाना के उप-प्रधान श्री फतेह सिंह के लड़के सतविंदर पाल सिंह ढिल्लों की बताई जाती है, जो कि 24 मार्च से लापता था । समझा जाता है कि आतंकवादियों ने उसे परिक्रमा के एक कमरे में यातनाएं देकर मार डाला । पुलिस के अनुसार आप्रेशन ब्लैक थंडर के लगभग एक पखवाड़े पूर्व गिरफ्तार ढिल्लों ने परिक्रमा के कमरे में 12 लोगों की हत्या की बात बताई थी ।

लोहे की छड़ों से हत्या

एक अन्य घटना में आतंकवादियों ने पट्टी कस्बा में एक व्यक्ति प्रकाश सिंह की उसके घर में लोहे की छड़ों से हमला करके हत्या कर दी ।

घायल

आज सुबह थाना बेरोवाल के गांव हंसा वाला में कुछ आतंकवादियों ने एक व्यक्ति समुंद सिंह को घायल कर दिया ।

सरजा गांव में हुई । मृतकों के नाम हरभजन सिंह (70 वर्ष) और चरण कौर (65 वर्ष) हैं । मजीठा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेंद्र सिंह ने बताया कि इस हत्या के पीछे बब्बर खालसा संगठन के सदस्यों का हाथ है ।

मृत उग्रवादी की पहचान

बटाला (कोछड़): एस.एस.पी. सुमेध सिंह सैनी ने आज यहां बताया कि गत सायं फतेहगढ़ चूड़ियां के गांव धनियां के बांगर और पारीवाल में सीमा सुरक्षा बल से मुठभेड़ में मारे गए आतंकवादियों में से एक की शिनाख्त वीर सिंह उर्फ जागीर सिंह गांव लक्खोके, थाना अजनाला (अमृतसर) के रूप में की गई । श्री सैनी ने बताया कि इस आतंकवादी की पुलिस को दर्जनों हत्याओं में तलाश थी । यह 'बी' श्रेणी का आतंकवादी था । इसके कब्जे से भारी मात्रा में गोली-सिक्का बरामद किया गया ।

आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में थाना सदर बटाला के प्यारा सिंह, राजेंद्र सिंह, कुलवंत सिंह, श्रृंगार सिंह और थाना कादियां के एक गांव दनिया संधू के किरण सिंह, धारीवाल के शिंगारा सिंह को गिरफ्तार किया है ।

श्री सैनी ने कहा कि उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में अब तक 56 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है ।

भटिंडा में हत्या

उग्रवादियों ने आज रात्रि भटिंडा जिले में दो लोगों की हत्या कर दी ।

छापे जारी

फगवाड़ा (कौड़ा): सुरक्षा बलों ने उग्रवादियों के ठिकानों की तलाश में अनेक स्थानों पर कई गांवों

जालन्धर रेंज के डी.आई.जी. श्री डी.आर. भट्टी ने गत दिवस फगवाड़ा में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि सुरक्षा बलों के हौसले पूरी तरह बुलंद हैं व राज्य में उग्रवाद खदेड़ने को कृत-संकल्प हैं । श्री भट्टी ने पत्रकारों व अन्य विशिष्ट व्यक्तियों को सरकार की तरफ से गनमैन उपलब्ध करने की भी आफर की ।

मारुति वैन छीनी

बंगा से खोसला ने खबर दी है कि आज बाद दोपहर 2 बजे के लगभग यहां से 4 किलोमीटर दूर चंडीगढ़-जालन्धर रोड पर स्थित मल्लू पोता के निकट 2 आतंकवादी पिस्तौल की नोक पर एक मारुति वैन पी.ए.सी. 473 छीन कर ले गए । यह वैन नवांशहर टैक्सी स्टैंड से ढाहां के गुरु नानक मिशन अस्पताल के लिए किराया पर ली गई थी ।

सहकारी बैंक लूटा

होशियारपुर से हमारे सम्वाददाता की सूचना है कि आज बाद दोपहर माहिलपुर के निकट गांव दल्लहाना के सैंट्रल कोआप्रेटिव बैंक से 2 आतंकवादी 11451 रुपए लूट कर फरार हो गए । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया ।

जालन्धर में हत्या

जालन्धर के सदर पुलिस थाना क्षेत्र के ग्राम फुलरीवाल के लम्बरदार स्वर्ण सिंह की आज सायं 6.20 बजे कुछ उग्रवादियों ने उस समय हत्या कर दी जब वह साइकल पर घर जा रहा था । भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स के एरिया कमांडर भूपिन्दर सिंह बिदा ने इसकी जिम्मेदारी ली है ।

वकील का भाई घायल

जालन्धर जिले के जालन्धर सदर थाने के दकोहा गांव के पास आज दो अज्ञात व्यक्तियों ने जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष परमजीत सिंह सिद्धू के भाई श्री कमलजीत सिंह सिद्धू को गोली मार दी, जिससे वह घायल हो गए । पुलिस के अनुसार हमलावर भाग गए । गोली श्री सिद्धू की दाईं टांग में लगी है । उन्हें जालन्धर सिविल अस्पताल में भर्ती किया गया है, जहां उनकी हालत खतरे से बाहर है ।

2 गिरफ्तार

आज सायं जालंधर पुलिस ने अवतार नगर के पास हरपाल सिंह की पत्नी सुखविन्दर जीत कौर से 125 रु. व एक जोड़ा कान के सोने के बाले लूटने वाले सतविन्दर सिंह व सतनाम सिंह को गिरफ्तार कर लिया ।

फिल्लौर से 'निर्मल' के अनुसार फिल्लौर पुलिस व सी.आर.पी. ने आज फिल्लौर तहसील के कई गांवों में लोगों के घरों की तलाशियां लीं जो सारा दिन चलती रहीं । पुलिस ने कुछ लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया तथा पूछताछ करने के बाद छोड़ दिया । सुरक्षा दस्ते व पुलिस अब तक तीस-चालीस गांवों की तलाशियां ले चुकी है ।

नूरमहल पुलिस ने एक व्यक्ति हरजिंदर सिंह पुत्र मलकीयत सिंह के विरुद्ध आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में केस दर्ज किया है । वह गांव

"रसोई की दुनिया में एक इन्कलाबी कदम"

अब सिलैंडर, स्टोव फटने से बहुएं नहीं जलेंगी

पूर्ण सुरक्षा की गारंटी के साथ

HILTON LPC

COMPLETE COOKING UNIT

1. 100 प्रतिशत सुरक्षा की गारंटी ।
2. बिना प्रैशर से ।
3. आसानी के साथ मिलने वाला ।
4. सिलैंडर भरवाने के लिए उठा कर ले जाने की मुश्किल खत्म ।
5. खुला रहने पर भी आग का खतरा नहीं ।
6. कम Fuel से अधिक समय चलने वाला ।

Sanatani Punjabi

अमृतसर के गांव थंडे में सी.आर.पी. की एक चौकी पर बुधवार रात को उग्रवादियों ने राकेटों से हमला करके एक जवान को मार डाला तथा पांच अन्य को घायल कर दिया । चित्रों में (1) वह चौकी ज़िस पर हमला किया गया, (2) चौकी का वह कमरा जहां राकेट टकराया, (3) सी.आर.पी. के महानिदेशक पी.जी. हलंकर घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए । उनके साथ अमृतसर के एस.एस.पी. सुरेश अरोड़ा व अन्य अधिकारी हैं, (4) चौकी पर बाईं ओर से टकराये राकेट से टूटा दरवाजा, (5) सामने की ओर से दीवार तोड़ कर टकराया राकेट, (6) हमले में बचा एकमात्र जवान अब्दुस्सलाम, (7) घटनास्थल पर पड़े राकेट के टुकड़े, (8) घटनास्थल से मिली गोलियों के खोल, (9) कमरे में राकेट द्वारा छलनी हो गई दीवार, (10 से 13) घायल सी.आर.पी. जवान ।

(छाया : भंडारी)

1 मरा, 5 घायल : अन्य वारदातों में 6 मरे

'तलवंडी सलेम में मारी गई राजविंदर खालिस्तानियों की मदद करती थी'

जालंधर के निकट आतंकवादी मुठभेड़ में मारा गया

चंडीगढ़, 9 जून (वार्ता, ह.स.): आतंकवादियों ने गत रात जिला अमृतसर में सी.आर.पी. की एक चौकी पर राकेटों से हमला किया, जिससे एक जवान मारा गया व 5 घायल हो गए । अन्य वारदातों में 6 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई, जिनमें सदमे से मरने वाला एक युवक भी शामिल है । जालन्धर पुलिस के साथ मुठभेड़ में दुर्दांत आतंकवादी इंद्रजीत सिंह मारा गया । नकोदर के गांव तलवंडी सलेम में दोहरे हत्याकांड की जिम्मेदारी नक्सली संगठन शहीद करतार सिंह सराभा ब्रिगेड ने लेते हुए कहा कि मृतका राजविंदर कौर खालिस्तानियों के लिए हथियार ले जाने का काम करती थी । राज्य में आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में कई लोगों को गिरफ्तार किया गया ।

सी.आर.पी. चौकी पर हमला

अमृतसर (वि.प्र.): आतंकवादियों ने कल रात यहां से 15 किलोमीटर दूर थंडे गांव में सुरक्षा बल की एक चौकी पर राकेट से हमला किया । हमले में एक हैड कांस्टेबल मारा गया और पांच बुरी तरह घायल हो गए । पुलिस के अनुसार कुछ आतंकवादियों ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की 44वीं बटालियन की चौकी पर आधी रात को हमला किया । हमले में राकेट प्रक्षेपकों के अलावा चीनी निर्मित ए.के. 47 एसाल्ट राइफलों का भी उपयोग किया गया । आतंकवादियों की निश्चित संख्या का पता नहीं चल सका । चौकी जवानों द्वारा जवाबी कार्रवाई करने और मदद के लिए सुरक्षा भेजने का संदेश देने पर आतंकवादी भाग गए ।

मारे गए हैड कांस्टेबल का नाम ए.जे. पटेल तथा घायल पांच जवानों के नाम वकील सिंह, राजिन्दर सिंह, के. हजारिका, रणबीर सिंह तथा पदम हसन हैं । इन्हें गुरु तेग बहादुर अस्पताल में दाखिल कराया गया है । कांस्टेबल हजारिका की हालत गम्भीर बताई जाती है । घटना के तुरन्त बाद पूरे इलाके की घेरेबंदी कर दी गई है और आतंकवादियों को पकड़ने के लिए व्यापक तलाशी अभियान चलाया जा रहा है । अभियान वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारियों की देख-रेख में चलाया जा रहा है । इस घटना की सूचना घायल जवान रणवीर सिंह ने मुख्यालय को दी जिस पर तुरंत घटनास्थल पर अतिरिक्त सुरक्षा सैनिक भेजे गए । गांव के करीब 25 संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया है ।

पंजाब में इस वर्ष आतंकवादियों द्वारा राकेटों से

गांव में सीमा सुरक्षा बल के एक वाहन पर और 31 मार्च को अमृतसर के ब्यास क्षेत्र के उमरानंगल में वरिष्ठ अकाली नेता जीवन सिंह उमरानंगल के घर पर राकेटों से हमला किया गया था ।

घायल जवानों को पुरस्कार

आज शाम सी.आर.पी. नियंत्रण कक्ष द्वारा दी गई सूचना के अनुसार सी.आर.पी. के महानिदेशक श्री पी.जी. हलंकर, गत रात थंडे में सी.आर.पी. की चौकी पर हुए हमले के सम्बन्ध में अमृतसर आए थे, ने घटनास्थल का निरीक्षण किया तथा बाद में अस्पताल में घायल जवानों को देखने गए । श्री हलंकर ने जवानों के शौर्य की प्रशंसा की तथा उन्हें एक हजार रुपए का शौर्य पुरस्कार भी प्रदान किया । एक गम्भीर रूप से घायल जवान को विमान द्वारा पी.जी.आई. चंडीगढ़ पहुंचाया गया ।

घटनास्थल से राकेट के जो टुकड़े बरामद हुए हैं उनमें एक टुकड़े पर पंजाबी में मेड इन खालिस्तान 2.1.88 लिखा है । घटनास्थल से सुरक्षा बलों को ए.के. 47 चीनी राइफल व 9 एम.एम. कार्बाइन के 228 खोल मिले ।

तीन दिशाओं से हमला

गांव थंडे अभी पिछले महीने दुर्दांत आतंकवादी और तथाकथित पंथक कमेटी के प्रवक्ता कारज सिंह थंडे के कारण खबरों में रहा था । कल रात घटना का विवरण देते हुए पुलिस सूत्रों ने कहा कि केंद्रीय रिजर्व पुलिस की पक्की चौकी पर आतंकवादियों ने तीन दिशाओं से राकेट दागे । इनमें से एक राकेट दीवार भेद कर वहां जाकर फटा जहां बल के पांच जवान सोए हुए थे । सभी जवान घायल हो गए ।

जोरदार धमाके

मौके परा पहुंचे एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि दुर्दांत आतंकवादी कारज सिंह थंडे की मां बलबीर कौर की हत्या के बाद यह चौकी गांव में स्थापित की गई थी । गांव के निवासियों ने बताया कि रात में जब वे छतों पर सोने ही वाले थे, तीन जोरदार धमाकों के साथ तेज रोशनी दिखाई दी, जिससे ये लोग काफी भयभीत हो गए । एक ग्रामीण राम सिंह ने कहा कि भारी धमाकों और गोलियों की आवाज़ सुन कर हम लोग छतों से भाग कर सुरक्षित जगहों में जा छिपे ।

सदमे से मौत

अमृतसर में एक 17 वर्षीय युवक की सदमा लगने से उस समय मृत्यु हो गई जब कुछ अज्ञात आतंकवादियों ने बस स्टैंड के पास अंधाधुंध

सैदपुर में 4 लोगों ने एक व्यक्ति करम सिंह के घर में घुस कर उसकी हत्या कर दी ।

उग्रवादियों ने अमृतसर जिले में दो स्थानों से 2 दोनाली बंदूकें भी छीन लीं ।

हथियार पकड़े

सुरक्षा बलों ने जंडियाला थाना के गांव गडोरी तथा मजीठा थाना के एक अन्य गांव में भी छापे मार कर कुछ हथियार बरामद किए ।

तीन गिरफ्तार

तरनतारन पुलिस जिला के चीफ श्री संजय गुप्ता ने बताया कि पुलिस ने तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें एक पाकिस्तानी नागरिक भी शामिल है । गिरफ्तार किए गए लोगों में परमिंदर सिंह उर्फ पप्पू भी शामिल है, जिसको खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के दुर्दांत आतंकवादी पिपल सिंह को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है । पाक नागरिक को बी.एस.एफ. द्वारा खालड़ा क्षेत्र में पकड़ा । खालड़ा पुलिस ने एक तस्कर चनन सिंह को गिरफ्तार कर लिया ।

हत्या की जिम्मेदारी ली

जालन्धर (वार्ता): नक्सलियों के हाल ही में गठित हमलावर दस्ते 'शहीद करतार सिंह सराभा ब्रिगेड' ने कल रात थाना नकोदर के गांव तलवंडी सलेम में एक व्यक्ति और उसकी कालेज में पढ़ रही लड़की की हत्या की जिम्मेदारी स्वीकार की है । अजीत सिंह व उसकी लड़की राजविंदर कौर की कल रात तीन आतंकवादियों ने उनके घर में गोलियां मार कर हत्या कर दी थी । राजविंदर कौर ने गुरु नानक कालेज नकोदर में बी.ए. अंतिम भाग की परीक्षा दी थी । घटनास्थल पर ब्रिगेड के एरिया कमांडर कर्मवीर सिंह द्वारा हस्ताक्षरित एक कागज का टुकड़ा मिला, जिसमें कहा गया कि यह दोहरी हत्या पंजाबी के प्रसिद्ध कवि अवतार सिंह संधु उर्फ पाश की हत्या का बदला लेने के लिए की गई है ।

पाश और उसके मित्र हंस राज की हत्या भी तलवंडी सलेम में की गई थी जो कि पाश का पैतृक गांव है ।

इसी बीच कर्मवीर सिंह ने आज एक बयान में आरोप लगाया कि अजीत सिंह और राजविंदर कौर उर्फ बब्बो ने पाश व उसके मित्र की हत्या में प्रमुख भूमिका निभाई थी । उसने आरोप लगाया कि राजविंदर कौर जो कि हाल ही में भाई भागो रेजीमैंट की 'एरिया कमांडर' नियुक्त की गई थी, आतंकवादियों के लिए हथियार आदि पहुंचाने का

Punjab Sentinel

फैलाती थी । बयान में कहा गया कि राजविंदर कौर जो कि क्षेत्र में खालिस्तानियों की धुरी थी, को हाल ही में कार भी उपलब्ध कराई गई थी । बयान में कहा गया है कि राजविंदर कौर को खत्म करके ब्रिगेड ने खालिस्तानियों के एक बड़े केंद्र का सफाया कर दिया है ।

ह.स. के अनुसार अजीत सिंह की पत्नी श्रीमती ज्ञान कौर ने पुलिस को बताया कि तीन आतंकवादी 5 फुट ऊंची बाहरी दीवार फांद कर घर में घुसे । उन्होंने मुंह छिपा रखे थे और हथियारों से लैस थे । अजीत सिंह उस समय घर की छत पर था ! तत्काल बिजली बंद हो गई और राजविंदर कौर किसी गड़बड़ की आशंका को भांपते हुए आंगन में आ गई । उसको पहचान कर आतंकवादियों ने उस पर गोलियां चलाईं । दो गोलियां उसके सिर में लगीं । गोलियां की आवाज सुन कर अजीत सिंह नीचे आया लेकिन उन्होंने उसको भी मार डाला ।

आतंकवादियों ने हत्या करने के बाद खालिस्तानी विरोधी और नक्सली जिन्दाबाद के नारे भी लगाए । कुछ दिन पूर्व ही नक्सलवादियों ने नकोदर में एक सम्मेलन किया था, जिसमें आतंकवाद के विरुद्ध संघर्ष करने का संकल्प किया गया था ।

कुख्यात आतंकवादी मारा गया

जालन्धर जिले के सरनाना गांव के निकट आज सुबह सुरक्षा बलों तथा जिला पुलिस के जवानों के साथ हुई मुठभेड़ में एक कुख्यात आतंकवादी मारा गया । पुलिस ने बताया कि सुरक्षा बल के जवानों ने गांव के निकट नाका चौकी बना रखी थी । उन्होंने आतंकवादी को बेहानी गांव की ओर से आते देखा । ज्यों ही उन्होंने उसे रुकने का इशारा किया उसने पुलिस के जवानों पर गोली चलाना शुरू कर दिया । जवानों की जवाबी फायरिंग में आतंकवादी मारा गया ।

आतंकवादी की शिनाख्त कर ली गई है, वह रोपड़ जिले के जताना गांव का इंदरजीत सिंह था । पुलिस ने घटनास्थल से प्वांइट 32 बोर का बेबले स्काट रिवाल्वर, एक कारतूस और पांच खाली कारतूस बरामद किए हैं । पुलिस के अनुसार इंदरजीत सिंह रोपड़ जिले में कई व्यक्तियों की हत्या कर चुका था ।

चीनी राइफलें बरामद

सुरक्षा बलों ने जालन्धर सदर पुलिस थाने के गांव खारा माजा में छापा मार कर दो चीन निर्मित ए.के. 47 असाल्ट राइफलें व कुछ गोलियां बरामद कीं ।

सरपंच की हत्या

बटाला (कौछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना सदर बटाला के गांव रंगड़नंगल में आज दोपहर बाद काम से गांव जा रहा था कि रास्ते में ही उसकी हत्या कर दी गई । उल्लेखनीय है कि कुछ मास पूर्व बटाला की सिनेमा रोड पर फायरिंग करके उग्रवादियों ने सरपंच की पत्नी की हत्या कर दी थी । सरपंच उग्रवादियों की हिट लिस्ट में था ।

शरणदाता गिरफ्तार

एस.एस.पी. श्री सुमेध सिंह सैनी ने बताया कि पुलिस व सुरक्षा बलों ने उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में थाना कलानौर और थाना श्रीहरगोबिन्दपुर के विभिन्न गांवों से 10 लोगों को गिरफ्तार किया है । गिरफ्तार लोगों की शिनाख्त बख्शीश सिंह (मधरा), शिंगारा सिंह (दौलतपुर), हजारा सिंह (अठवाल), रतन सिंह (मूसापुर), अमरीक सिंह (मीर का चिन्ना), जोगा सिंह, बूटा सिंह, अवतार सिंह और परमिंदर सिंह (बटाला बांगर) के रूप में की गई है । परमिंदर से एक 303 बोर का पिस्तौल भी बरामद हुआ है ।

सोए हुए की हत्या

पुलिस जिला बटाला के थाना फतेहगढ़ चूड़ियां के गांव धनिये के बांगड में दो अज्ञात युवकों ने एक व्यक्ति गुरदयाल सिंह के घर में जबरदस्ती घुस कर उस पर फायरिंग करके सोते हुए की हत्या कर दी । हत्या के लिए ए.के. 47 असाल्ट राइफल का इस्तेमाल किया गया ।

स्कूल को आग लगा दी

'ह.स.' के अनुसार कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने कल रात श्रीहरगोबिंदपुर थाना क्षेत्र के बहादुर राजेवा स्थित एक सरकारी स्कूल की इमारत में आग लगा दी । पुलिस ने बताया कि आग से स्कूल की इमारत के दरवाजे और खिड़कियों को काफी नुक्सान पहुंचा है । आग लगाने वाले भागने से पहले इमारत के तीन सीलिंग पंखे भी उतार कर ले गए ।

इस बीच कादियां पुलिस ने दापाई गांव के सुरजन सिंह को आतंकवाद निरोधक कानून के तहत गिरफ्तार कर लिया है । अमृतसर में ब्लैक थंडर अभियान के तहत पकड़े गए व्यक्तियों से मिले सुराग के आधार पर यह गिरफ्तारी की गई है । श्रीहरगोबिन्दरपुर पुलिस ने भी इसी कानून के तहत एक अन्य व्यक्ति को गिरफ्तार किया है । इस तरह ब्लैक थंडर अभियान के बाद से बटाला थाना क्षेत्र में 59 व्यक्ति गिरफ्तार किए जा चुके हैं ।

खालिस्तानी गिरफ्तार

गुरदासपुर (विनोद): जिला पुलिस ने खालिस्तान का प्रचार करने, धमकियां देने व आतंक फैलाने के आरोप में चार आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है । यह जानकारी देते हुए पुलिस प्रमुख श्री पी.एम. दास ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ युवक गुरदासपुर थाना सदर के गांव जीवनवाल के बस अड्डे पर खालिस्तान समर्थक

नकोदर के पास गत रात नक्सलियों के हाथों मारा गया (1) अजीत सिंह और उसकी बेटी, (2) राजविन्दर कौर । (छाया : गगन)

प्रचार कर रहे हैं । इस पर पुलिस ने तुरन्त कार्रवाई की पर पुलिस को आते देख कर ये लोग भाग निकले । पुलिस ने इनका पीछा किया तथा बबरी बस स्टैंड पर इनको गिरफ्तार कर लिया गया ।

श्री दास के अनुसार इन चारों की शिनाख्त बूटा सिंह निवासी गांव जोइयां, निशान सिंह गांव तुंग, बलबीर सिंह उर्फ खिल्ली गांव मुगलां तथा मंजीत सिंह गांव जौड़ा छत्तरा के रूप में हुई है । तलाशी के दौरान मंजीत सिंह के कब्जे से खालिस्तान कमांडो फोर्स का एक लैटर पैड भी मिला है । उसने बताया है कि वे धनवान लोगों व अल्पसंख्यकों को धमका कर पैसे वसूल करते थे । श्री दास ने बताया कि इन व्यक्तियों का उद्देश्य आतंक फैलाना तथा अल्पसंख्यकों को पलायन के लिए विवश करना था । उन्होंने बताया कि इन व्यक्तियों में पकड़ा गया मंजीत सिंह पंथक कमेटी के प्रवक्ता निरवैर सिंह का विशेष सहयोगी था ।

एक गिरफ्तार

एस.एस.पी. श्री दास ने बताया कि जिला पुलिस ने एक सूचना के आधार पर शहर से गुरमीत सिंह उर्फ मीता नामक आतंकवादी को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से एक 32 बोर का पिस्तौल व दो जीवित कारतूस बरामद किए हैं । यह व्यक्ति थाना श्री हरगोबिन्दपुर के गांव माड़ी पनवां का निवासी है । प्रारम्भिक पूछताछ के दौरान इसने स्वीकार किया है कि उसने अपने साथियों के साथ थाना श्री हरगोबिन्दपुर क्षेत्र में लूटपाट की कई वारदातें की थीं तथा गुरदासपुर में भी किसी विशेष 'काम' पर आया था ।

शरण स्थलों पर छापे

श्री दास ने बताया कि विशेष अभियान के तहत जिला पुलिस ने धारीवाल क्षेत्र में आतंकवादियों के 20 शरण स्थलों पर छापे मार कर छह संदिग्ध व्यक्यिों को हिरासत में लिया है । उन्होंने बताया कि एक स्थान से दो युवक भागने में सफल हो गए पर उनकी तलाश जारी है ।

स्कूटर न छीन सके

पटियाला (भूषण) : आज राजपुरा के निकट पिस्तौल की नोक पर दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा एक व्यक्ति से स्कूटर छीनने की कोशिश नाकाम बना दी गई । अभियुक्तों ने नीलपुर गांव के निकट मानक चंद से स्कूटर छीनने का प्रयास किया । मानक चंद अभियुक्तों से उलझ पड़ा । इतने में चंडीगढ़ से आ रही एक बस सड़क पर खड़ी हुई । उसमें से जल्दी में दो पुलिस कांस्टेबल उतरे जिन्होंने अभियुक्तों पर गोली चलाई पर अभियुक्त स्कूटर छोड़ कर भाग निकले ।

दो आतंकवादी काबू



जालंधर के निकटवर्ती गांव सरनाना के पास बीरवार प्रातः सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारा गया आतंकवादी इंद्रजीत सिंह । (छाया : बी.पी. कपूर)

सहयोग से जिला प्रशासन ने दो आतंकवादियों को काबू किया है, जिनको पूछताछ के लिए सी.आई.ए. स्टाफ सरहिंद ले जाया गया है । मंडी गोबिन्दगढ़ में आतंकवादी घटनाओं को ध्यान में रखते हुए सी.आर.पी.एफ. के लगभग 125 जवान नगरपालिका के इंडोर स्टेडियम में आ गए हैं ।

2 की हत्या

मुक्तसर (पाल): आतंकवादियों ने फरीदकोट जिले में थाना मुक्तसर के गांव ताराकोट में कल रात दो व्यक्तियों की गोली मार कर हत्या कर दी । सरकारी सूत्रों के अनुसार तीन आतंकवादी श्री हरचंद सिंह के घर में घुसे तथा उनकी व उनकी पुत्रवधू की हत्या कर दी । हरचंद सिंह की पुत्रवधू का नाम जसबीर कौर बताया जाता है । 4 आतंकवादी मोटर साइकल पर सवार होकर वहां पहुंचे तथा घर में दाखिल होते ही उन्होंने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी । मृतका जसबीर कौर के पति दर्शन सिंह, जेठ, सास व दो बच्चों ने छुप कर जान बचाई । आतंकवादियों के पास ए.के. 47 राइफलें थीं । पुलिस ने इसे निजी शत्रुता का मामला बताया है ।

स्कूटर छीना

फगवाड़ा (अशोक): गत सायं दो सशस्त्र उग्रवादियों ने निकटवर्ती गांव चकपरेना के निकट रघुवीर सिंह नामक एक व्यक्ति से उसका बजाज चेतक स्कूटर छीन लिया व फरार हो गए । रघुवीर सिंह ने घटनास्थल से पैदल आकर पुलिस को सूचना दी ।

कौड़ा के अनुसार सुरक्षा बलों ने आज तड़के पुनः फगवाड़ा, फिल्लौर, नवांशहर, नकोदर, नूरमहल,गोराया इत्यादि क्षेत्रों में अचानक छापे मारे व घर-घर की तलाशियां लीं । पुलिस सूत्रों के अनुसार यह छापे उग्रवादियों के सम्भावित ठिकानों की खोज में मारे गए व इस अभियान में लगभग 10 व्यक्तियों को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया गया । इसी मध्य प्रशासन ने लोगों को सार्वजनिक स्थानों पर पड़ी किसी भी संदिग्ध वस्तु को न छूने व इसकी सूचना तत्काल सम्बन्धित पुलिस स्टेशन को देने का अनुरोध किया है । यह अपील उग्रवादियों द्वारा सार्वजनिक स्थानों में सम्भावित विध्वंसक हिंसक कार्रवाइयों के दृष्टिगत की गई है ।

राकेश के अनुसार आज सायं स्थानीय पुलिस व सुरक्षा बलों ने संयुक्त तौर पर यहां से 8 किलोमीटर दूर गांव महेड़ू को घेरा डाल कर तलाशियां लीं । इस अचानक मारे गए छापे के दौरान 4 घंटे तक न तो किसी व्यक्ति को गांव से आने दिया तथा न ही गांव को जाने दिया । पुलिस को आशंका थी कि कोई आतंकवादी वहां छिपा हुआ है । छापे के दौरान पुलिस ने 5 व्यक्तियों को हिरासत में ले लिया है ।

डाकघर लूटा

आज बाद दोपहर थाना बंगा के गांव कुलथम में आतंकवादियों ने एक उप डाकघर से 680 रुपए लूट लिए ।

कौड़ा के अनुसार कुलथम में डाकघर से पिस्तौल की नोक पर एक हजार रुपए की नकदी छीन ली गई ।

राकेश के अनुसार डाकखाना से लगभग 25000 रु. पिस्तौल की नोक पर छीन लिया गया ।

नकदी व सामान लूटा

जिला कपूरथला के गांव मियानी भागपुरियां के दो घरों से 8 आतंकवादी 4 लाख रुपए मूल्य का सामान तथा कुछ नकदी लूट कर ले गए । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 9.6.88, 50/- without trays. NECC Suggested Retail Price 6.85 per Dozen.

आवश्यकता

Wanted (1) Matriculates for Factory Out-Door Jobs. (2) Trained Girls for Stitching Work. Contact : Jalandhar Textile, Ravidas Nagar, GT Road, Maqsoodan, Jalandhar City.

सिक्योरिटी गार्डज़, सिविलियन, भूतपूर्व सैनिक शीघ्र चाहिएं । सम्पर्क करें—International Security, Sandy's House Opp. Lal Rattan, Nakodar Road, Jalandhar.

प्रवेश सूचना

आल इंडिया इंस्टीच्यूट आफ कम्प्यूटर साईंसिज, सोनीपत स्टैंड, रोहतक (हरियाणा) । निम्नलिखित कोर्सेज में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित हैं । पोस्ट

व्यापार

For better classified/ display advertisements and for quick service through various newspapers. Contact : Spartan Advertising & Marketing Agency, 8-F, Ist Floor, Dilkusha Market, Jalandhar.

बिकाऊ

Machinery of One Tone Rice Sheller and sala plant with loco boiler is in running condition. Contact—Fateh Chand Brij Lal, Khai Road, Firozepur City.

शिक्षा

मैट्रिक, 10+2 गारंटिड करें । प्रैप पास बी.ए., RMP, B.Ed., d. Pharmacy हेतु मिलें : गांधी मैमोरियल कालेज, नज़दीक लक्ष्मी सिनेमा, यमुनानगर ।

COACHING & ADMISSION GUIDANCE

उग्रवादी बाबा का शव, जो नकोदर के निकट सुरक्षा बलों के साथ हुए मुकाबले में मारा गया । (छाया : गगन)

पंजाब में आतंकवादी मरे
(पृष्ठ 3 का शेष)

कर दी । रिटायर्ड सैनिक अधिकारी अकेला ही इस मकान में रहता था । पुलिस को संदेह है कि यह हत्या उन्हीं लोगों ने की है जिन्होंने कल अकाली दल (ल) के सलाहकार चरण दास घई की हत्या की थी ।

अन्तिम संस्कार

मेजर कृपाल सिंह का आज शाम को अन्तिम संस्कार कर दिया गया । बार एसोसिएशन मोगा ने कल 13 जून को मोगा कचहरी में हड़ताल का आह्वान दिया है । बार एसोसिएशन के प्रधान ने बताया कि श्री घई व कृपाल सिंह की हत्याओं के विरुद्ध 14 जून को पंजाब के सभी वकीलों को हड़ताल का आह्वान दिया गया है ।

कल शाम उग्रवादियों के हाथों मारे गए अकाली दल (ल) के नेता श्री चरणदास घई का भी आज अन्तिम संस्कार कर दिया गया । इस मौके पर अकाली दल (ल) के वरिष्ठ नेता बलदेव सिंह मान, हरी सिंह जीरा, जत्थेदार तोता सिंह, जनता पार्टी के नेता साधी रूप लाल, इंका नेता अवतार सिंह भी मौजूद थे ।

मोटर साइकल छीन लिया

धूरी (सिंगला): गांव रेजोमाजरा में एक व्यक्ति नरेश कुमार से उसका हीरो होंडा मोटर साइकल पी.सी.एल. 2210 छीन लिया गया । बताया जाता है कि दो आतंकवादियों ने पिस्तौल की नोक पर उसे रोका तथा मोटर साइकल लेने के बाद नरेश कुमार को उसके मित्र के साथ स्कूटर पर जाने की अनुमति दे दी, जो कि उसके साथ जा रहा था ।

दो और गिरफ्तार

बटाला (ह.स.): स्वर्ण मन्दिर परिसर में आत्म-समर्पण करने वाले आतंकवादियों द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर दो और आतंकवादियों को गिरफ्तार किए जाने से पुलिस जिला बटाला में पकड़े गए उग्रवादियों के आश्रयदाताओं व अन्य समाज विरोधियों की संख्या 94 तक पहुंच गई है । पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि आज गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों में अजीत सिंह तथा बसन्त सिंह शामिल हैं ।

पंडोरी गंगा सिंह में एक रिटायर्ड सूबेदार की हत्या कर दी । उसका नाम महंगा सिंह बताया गया है । उस पर उस समय गोली चलाई गई जबकि वह साइकल पर अपने गांव पंडोरी जा रहा था । एक सूचना के अनुसार महंगा सिंह निरंकारी था ।

बाबा मारा गया

जालन्धर (न.न.ए.): आज तड़के थाना नकोदर के गांव खीवा में सुरक्षा बलों व आतंकवादी के बीच भिड़ंत हो जाने के परिणामस्वरूप आतंकवादी मारा गया । उसके कब्जे से .455 बोर का एक रिवाल्वर, 8 कारतूस, 2 चले हुए कारतूसों के खोल व एक बिना नम्बर का इंडो-सुजुकी मोटर साइकल बरामद किया गया है ।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आज सुबह थाना नकोदर के एस.एच.ओ. के नेतृत्व में सुरक्षा बलों ने खीवा गांव के बाहरी क्षेत्र की नाकाबंदी की हुई थी कि मोटर साइकल पर सवार आतंकवादी आता दिखाई दिया । सुरक्षा बलों ने उसे रुकने का इशारा किया जिस पर आतंकवादी ने पुलिस व सुरक्षा बल के जवानों पर गोली चला दी । पुलिस द्वारा जवाबी गोली चलाए जाने पर वह मारा गया । पुलिस ने इसकी पहचान 'बाबा' के रूप में की है और बताया कि वह आतंकवादी भिंडरांवाला टाइगर फोर्स से सम्बन्धित था । उसने जिला फरीदकोट के गांव खोलियां खुर्द में 6, थानकोट में एक जोड़े तथा धर्मकोट में कत्ल किए थे और पुलिस को कई मामलों में वांछित था । नकोदर पुलिस ने इस सम्बन्ध में केस दर्ज कर लिया है ।

पुजारी घायल

आज बाद दोपहर जालन्धर थाना सदर के गांव लल्लियां में एक डेरे के पुजारी को संदिग्ध उग्रवादियों ने गोली मार कर घायल कर दिया । पुजारी का नाम गुरबचन सिंह बताया जाता है तथा वह भजन सिंह के डेरे में रहता था । उसे नाजुक हालत में जालन्धर सिविल अस्पताल में दाखिल कराया गया । उसको छः गोलियां लगी हैं ।

स्कूटर चालक घायल

आज शाम जालंधर जिले के बहराम कस्बे के निकट आतंकवादियों ने एक स्कूटर पर जा रहे दम्पति को रुकने को कहा । जब वे नहीं रुके तो उन्होंने गोली चलाई जो कि स्कूटर चालक के दाएं बाजू में लगी तथापि पीछे बैठी महिला को चोट नहीं आई । घायल व्यक्ति को निकटवर्ती अस्पताल में दाखिल करा दिया गया । आतंकवादी जो कि पैदल ही थे, एक अन्य व्यक्ति से मोपेड पी.ए.के. 7588 छीन कर फरार हो गये ।

फगवाड़ा (राकेश): आज गोराया थाना पुलिस ने गांव बड़ापिंड के कुलवीर सिंह व रुड़का कलां गांव के गुरजीत सिंह को आतंकवाद निरोधक एक्ट की धारा 216, 212, 3/4 के अधीन गिरफ्तार किया है । उनके विरुद्ध गोराया के निकट गांव बाबा संग ढेसियां के गुरुद्वारे में लाऊड स्पीकर से हिन्दुओं सिखों के विरुद्ध प्रचार करना, उग्रवादियों को संरक्षण देना तथा हिन्दुओं-सिखों में घृणा पैदा करने के आरोप हैं । उससे पूछताछ की जा रही है ।

मई को हुए बम कांड के सम्बन्ध में गिरफ्तार अभियुक्त अमर चन्द उर्फ बिट्टू को अदालत ने 29 जून तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है ।

तीन आतंकवादी गिरफ्तार

लुधियाना (ह.म.): लुधियाना जिला पुलिस चीफ श्री ए.पी. पांडे ने बताया कि पुलिस ने तीन आतंकवादियों को पकड़ा है जिनमें हरविंदर सिंह गांव माजरिया, हरविंदर सिंह तथा राजीव गांव ललतो कलां शामिल हैं । उनसे एक बंदूक, एक .12 बोर का पिस्तौल, बड़ी मात्रा में कारतूस तथा एक छीनी हुई मोपेड बरामद की गई ।

एक घायल

लुधियाना से धीमान ने खबर दी है कि आज शाम साढ़े सात बजे के लगभग टैक्स टायल कालोनी के ब्लाक 8 में स्थित एक शोरूम पर उग्रवादियों ने गोलियां चलाईं जिससे एक भइया जख्मी हो गया । तीन उग्रवादी 2 मोटर साइकलों पर सवार थे, वह 1500 रुपए लूट कर फरार हो गए ।

एक और घायल चल बसा

लुधियाना रेलवे स्टेशन बम कांड का एक और घायल प्रकाश यादव आज यहां अस्पताल में चल बसा जिससे स्टेशन बम कांड में मरने वालों की संख्या चार हो गई है । प्रकाश यादव यहां रेलवे स्टेशन के एक स्टाल पर नौकर के तौर पर काम करता था । उसके मालिक मिलखी राम ने उसका अन्तिम संस्कार करवा दिया । प्रकाश यादव उत्तर प्रदेश के जिला गोरखपुर का रहने वाला था ।

साइकिल सवार की हत्या

फिरोजपुर जिले में आज रात्रि उग्रवादियों ने एक साइकिल सवार की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।



उग्रवादियों ने रविवार को प्रातः थाना सदर जालन्धर के गांव लल्लियां में एक व्यक्ति गुरबचन सिंह को गोलियां मार कर घायल कर दिया । गुरबचन सिंह सिविल अस्पताल जालन्धर में उपचाराधीन पड़ा है । (छाया : प्यारे)

चढ़ावे का धन मरीजों के इलाज में लगाएं

लुधियाना, 12 जून (महिन्द्रा): स्थानीय मोहन देई कैंसर अनुसंधान संस्थान के ब्लड बैंक के इंचार्ज हरदीप सिंह ने अपील की है कि मन्दिरों व गुरुद्वारों में

Punjabi Sanatan

भटिंडा में भारी परिमाण में हथियार बरामद

चंडीगढ़, 12 जून (वार्ता, ह.स.): पंजाब में गत 24 घंटों के दौरान बब्बर खालसा के 4 सदस्यों सहित 5 आतंकवादी मारे गए । जलालाबाद सैक्टर में एक पाक घुसपैठिया मारा गया जबकि आतंकवादियों ने 4 व्यक्तियों की हत्या कर दी । भटिंडा पुलिस ने भारी मात्रा में हथियार तथा एक शस्त्र फैक्टरी पकड़ी । विभिन्न स्थानों पर लगभग दो दर्जन आतंकवादी व उनके आश्रयदाता गिरफ्तार किए गए ।

4 आतंकवादी मारे गए

अमृतसर (वि.प्र.): आतंकवादी गिरोहों की आपसी धड़ेबंदी में कल रात अमृतसर जिला के काडगिल गांव में बब्बर खालसा के चार सदस्यों की हत्या कर दी गई जिनमें दो स्त्रियां हैं । मृतकों के नाम बलजिदर कौर, परमजीत कौर, स्वर्ण सिह तथा सुखदेव सिह हैं । मारे गए दोनों पुरुष आतंकवादी बब्बर खालसा इंटरनैशनल के सुखविंदर सिह गुट के सदस्य बताए जाते हैं ।

तरनतारन से पन्नू के अनुसार गांव काडगिल में संदिग्ध आतंकवादियों ने दर्शन सिह के डेरे पर फायरिंग करके उसकी लड़की बलजिदर कौर, उसके पति सुखदेव सिह निवासी गांव पंडाला, सुखदेव सिह के मित्र स्वर्ण सिह निवासी गांव जोगा सिह वाला और बलजिदर कौर की सहेली परमजीत कौर पत्नी संतोख सिह की हत्या कर दी । बताया जाता है कि आतंकवादियों की संख्या पांच थी । आतंकवादी रात लगभग डेढ़ बजे डेरे पर पहुंचे । वे सभी ए.के. 47 चीनी राइफलों और एक दोनाली बंदूक से लैस थे । बताया जाता है कि उन्होंने संतोख सिह की पुत्री परमजीत कौर को, जो कि गांव में सो रही थी, उठाया तथा डेरे पर लाकर उक्त चारों लोगों को मार डाला ।

हत्याओं की पृष्ठभूमि

इन हत्याओं की पृष्ठभूमि के बारे में मिली जानकारी के अनुसार सुखदेव सिह, जो कि बब्बर खालसा से सम्बन्धित था, का विवाह कुछ दिन पूर्व ही परमजीत कौर की मार्फत दर्शन सिह की पुत्री बलजिदर कौर से हुआ था । बताया जाता है कि सुखदेव सिह ने जबरदस्ती बलजिदर कौर से विवाह कराया था । कहा जाता है कि हत्यारों ने बात की पुष्टि बलजिदर कौर के पिता दर्शन सिह से भी की । वारदात के स्थान से बब्बर खालसा इंटरनैशनल का लैटर पैड मिला है जिसमें लिखा है कि सुखदेव सिह तथा अन्यों को जबरी विवाह के आरोप में दंड दिया गया है ।

एक अन्य सूचना में कहा गया है कि सुखदेव सिह और स्वर्ण सिह पहले बब्बर खालसा के सदस्य थे तथा उन्हें संगठन को 'धोखा' देने के कारण जान से मारा गया है ।

पंजाब के राज्यपाल के सलाहकार जे.एफ. रिबैरो ने आज रात्रि चंडीगढ़ में बताया कि चार दिन

लाश मिली

आज थाना तरनतारन के अन्तर्गत कल्ला गांव में गोलियों से छलनी एक लाश बरामद हुई । पुलिस ने जिला अमृतसर में 5 आतंकवादियों को पकड़कर उनसे कुछ हथियार बरामद किए ।

गांव कल्ला में मिली लाश पुरुषोत्तम लाल पुत्र हरीचन्द की बताई जाती है । मृतक के हाथ पीछे की ओर बांधे हुए थे तथा मुंह पर भी गोलियों के निशान थे । मृतक की खड़र साहब में खाद की दकान थी ।

शस्त्र भंडार, फैक्टरी पकड़ी

भटिंडा (ग्रोवर): भटिंडा में पुलिस ने हथियारों का बड़ा भंडार पकड़ा है । इसके साथ ही हथियार बनाने वाली एक फैक्टरी भी पकड़ी गई । 6 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया जिनमें जगराओं हत्या कांड में संलिप्त खतरनाक आतंकवादी सुखचैन सिह भी शामिल है । वह जिला लुधियाना के गांव अखाड़ा का रहने वाला है । यह जानकारी देते हुए एस.एस.पी. श्री आर. एस. गिल ने बताया कि पुलिस ने जो शस्त्र भंडार पकड़ा है उसमें 7 ए.के. 47 चीनी राइफलें, 450 कारतूस, एक स्टेन कार्बाइन 3 मैगजीनों सहित, 12 बोर की 6 बंदूकें, 8 रिवाल्वर विदेशी, 9 एम.एम. की एक पिस्तौल, एच. ई. 36 किस्म के 2 हथगोले, 2 समोक बम, 12 बोर के 58 कारतूस और 5 पिस्तौल देसी शामिल हैं । श्री गिल ने बताया कि आतंकवादी सुखचैन सिह को भटिंडा से तीन किलो मीटर दूर गांव बीड़ कलां में एक नाका पार्टी ने नाके के दौरान पकड़ा । उसके कब्जे से 9 एम.एम. का एक भरा हुआ पिस्तौल बरामद हुआ । उसकी निशानदेही पर एक चीनी राइफल भी बरामद की गई ।

भटिंडा जिला में पकड़े गए 12 आतंकवादियों व उनके शरणदाताओं में से 6 कट्टर आतंकवादी हैं जो कि भटिंडा, संगरूर व फरीदकोट जिलों में अनेक हत्याओं, लूटपाट के केसों में संलिप्त हैं । सुखचैन सिह के अलावा गिरफ्तार किए गए आतंकवादियों में गुरमीत सिह, अंग्रेज सिह उर्फ बिल्ला तथा निरंजन सिह शामिल हैं । एस.एस.पी. श्री गिल ने बताया कि सुखचैन सिह उर्फ चैनी सिख छात्र संघ का कार्यकर्त्ता तथा भगौड़ा अपराधी था ।

पुलिस चीफ श्री आर.एस. गिल ने बताया कि गत मास संगरूर जेल के वार्डन के परिवार के चार सदस्यों की हत्या के केस में कलवन्त सिह गुमटी, भच्चो मंडी के गुरप्रीत सिह, भैणी महंगा के दीप सिह को गिरफ्तार किया गया है । भच्चो मंडी के 6 मजदूरों की हत्या के मामले में भी तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया जा चुका है । इस आतंकवादी गुट का नेता चमकौर सिह हाल ही में सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में मारा जा चुका है । चमकौर सिह गुट भटिंडा व फरीदकोट जिलों में 26 हत्याओं के लिए जिम्मेदार था ।

घुसपैठिया मारा गया

जलालाबाद (लूना, मलिक): कल रात यहां से 12 किलोमीटर दूर जलालाबाद सैक्टर में भारत पाक सीमा की चौकी बसोकी में बी.एस.एफ. के जवानों ने नाकाबंदी कर रखी थी । रात दस बजे के लगभग पाकिस्तान की ओर से चार संदिग्ध व्यक्तियों को आते देखा गया जिन्हें नाका पार्टी ने ललकारा तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी । सुरक्षा बल के जवानों ने जवाबी फायरिंग की । परिणामस्वरूप क घुसपैठिया मारा गया जबकि शेष तीनों अंधेरे का लाभ उठाते हुए वापस भाग निकले । मृतक की जेब से पाकिस्तानी करंसी के 27 रुपए बरामद हुए ।

रिटायर्ड सैनिक अधिकारी की हत्या

मोगा (आजाद): आज मोगा नगर के बाहरी क्षेत्र में स्थित एक मकान में अज्ञात आतंकवादियों ने मेजर कृपाल सिह (रिटायर्ड) की गोली मार कर हत्या

(शेष पृष्ठ 8 पर)

चंडीगढ़ के कर्मचारियों को पंजाब वेतनमान दिए जाने की सिफारिश का विरोध

चंडीगढ़, 12 जून (संधी): जनता पार्टी के सचिव श्री हरमोहन धवन ने केंद्र शासित क्षेत्र चंडीगढ़ के कर्मचारियों के नए वेतनमानों में विसंगतियों को दूर करने में सरकार द्वारा अपनाई जा रही टालने की नीति की आलोचना की है । उन्होंने कहा कि चतुर्थ वेतन आयोग की सिफारिशों को बिना किसी विलम्ब के लागू किया जाए तथा वेतनमानों में विसंगतियां दूर की जाएं ।

श्री धवन ने आज यहां एक बयान में आयोग द्वारा की गई इस टिप्पणी पर भी विरोध प्रकट किया है कि चंडीगढ़ ने पंजाब में मिलना है अतः यहां के

चंडीगढ़ का भविष्य लोगों से पूछ कर निर्धारित करें

उन्होंने कहा कि अगर सरकार ने चंडीगढ़ के भविष्य का निर्णय चंडीगढ़ की जनता की सहमति लिए बिना किया तो यहां की जनता इसका डट कर विरोध करेगी ।

आभूषण चोरी

यहां के फेज 6 के एक घर से चोर लगभग 25 हजार रुपए मूल्य के आभूषण व कपड़े चुरा ले गए ।

अग्निकांड

Punjabi Sahitan

उग्रवादियों ने गत रात्रि पट्टी के निकट गांव बांबा में अंधाधुंध फायरिंग करके 9 व्यक्तियों की हत्या कर दी । चित्र में फायरिंग में मरे (1) अमोलक राम, (2) राम चन्द, (3) छोटी लड़की ममता, (4) निरंजन दास, (5) गुरदीप सिंह, (6) सुरेन्द्र पाल, (7) बनारसी दास, (8) रौनक लाल और (9) सुरेन्द्र कुमार के शव ।

सोमवार रात्रि को थाना सदर गुरदासपुर के गांव अब्बल खैर में उग्रवादियों की फायरिंग से मारे गए (1) कांस्टेबल जगदीश सिंह का शव । (2) मृतक की पत्नी और अन्य सम्बन्धी विलाप करते हुए ।

(छाया : विनोद)

आतंकवादियों द्वारा हत्यायें

(पृष्ठ 3 का शेष)

नौजवानों को घायल कर दिया । इन तीनों घायलों को अमृतसर के सिविल अस्पताल में दाखिल कराया गया है जिनके नाम सुभाष चंद, अजय कुमार और रमेश कुमार हैं । इनमें से एक की हालत गम्भीर बताई गई है ।

परिसर के बाहर 2 मरे

आज दरबार साहब परिसर अमृतसर के बाहर सी.आर.पी. के जवानों ने दो व्यक्तियों को गोली मार कर मार डाला जिन्होंने परिसर के मुख्य द्वार पर सी.आर.पी. के जवानों पर हमला किया था । दोनों व्यक्ति जो कि उग्रवादी बताए जाते हैं, मंदिर से बाहर निकले और सी.आर.पी. के जवानों पर तलवारों से हमला करके दो जवानों को घायल कर दिया । जवानों ने तत्काल कार्रवाई करके दोनों को मार गिराया । सी.आर.पी. के जवानों को अस्पताल में दाखिल कराया गया जिनमें से एक की दशा गम्भीर बताई गई है ।

अरोड़ा का बयान

जिला पुलिस चीफ श्री सुरेश अरोड़ा ने बताया कि दो संदिग्ध उग्रवादियों ने,जिन्होंने सी.आर.पी. के जवानों पर तलवारों से हमला किया था, यह तलवारें यहां परिसर से बाहर एक दुकान से खरीदी थीं । उनमें से एक लांस नायक ओम प्रकाश की ओर बढ़ा और उसकी हैल्मेट पर तलवार से हमला किया । इसी बीच दूसरे युवक ने ओम प्रकाश के सिर पर प्रहार किया जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया । इसके बाद हमलावर कांस्टेबल कर्म सिंह की ओर बढ़े तथा उसे गम्भीर रूप से घायल कर दिया । इतने में सतर्क जवान बंशीर अहमद ने हमलावरों पर गोली चलाई जिससे उनमें से एक मारा गया । एक अन्य जवान ने दूसरे हमलावर पर गोली चला कर उसका भी काम तमाम कर दिया ।

श्री अरोड़ा ने कहा कि दोनों हमलावर अफीम के नशे में थे । उनमें से एक के पास अफीम मिली है । हमले का उद्देश्य पूछे जाने पर एस.एस.पी. ने कहा कि यह भावनात्मक प्रतिक्रिया हो सकती है ।

दो आतंकवादी मरे

बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना फतेहगढ़ चूड़ियां के क्षेत्र स्थित रमदास रोड पर सक्सी नाला के निकट बी.एस.एफ. व पुलिस के साथ आधा घंटा की मुठभेड़ में दो संदिग्ध आतंकवादी मारे गए और उनसे भारी परिमाण में शस्त्रास्त्र व गोली सिक्का बरामद हुआ ।

पुलिस जिला बटाला के अधिकृत पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार मारे गए दोनों आतंकवादियों में से एक की शिनाख्त जिला अमृतसर के क्षेत्र रमदास निवासी मेजर सिंह उर्फ रणजोध सिंह के रूप में की गई है । मृतक आतंकवादी कमांडो फोर्स का स्वयंभू जनरल था और जिला अमृतसर व पुलिस जिला बटाला के अलग-अलग गांवों पंडेर, तरपेई, चित्तापुरा, किला देसा सिंह व सारचूर आदि में कम से कम 14 हत्याकांडों में पुलिस को वांछित होने के साथ-साथ हिन्दू परिवारों को पलायन करने को मजबूर करने, जबरी धन एकत्रित करने व अनेकों लूटमार की घटनाओं में संलिप्त था । यह प्लस बी श्रेणी का दर्दांत आतंकवादी था ।

पुलिस के अधिकृत सूत्रों के अनुसार दोनों मृतक आतंकवादियों के निकट से सुरक्षा बलों व पुलिस को एक विदेशी स्प्रिंग फील्ड राइफल, इसके 11 जीवित व 5 खाली कारतूस, एक दोनाली 12 बोर की बंदूक, 16 कारतूसों सहित एक बैल्ट व 4 चले कारतूस, चीनी असाल्ट राइफल ए.के. 47 के 52 जीवित कारतूस, एक मैगजीन व दो एच.ई. 36 हथगोले बरामद हुए हैं । इन सूत्रों ने बताया कि इस मुठभेड़ में इनके एक दो साथी अंधेरे का लाभ उठा कर भागने में सफल हो गए । उनको पकड़ने के लिए सुरक्षा बल व पुलिस विभिन्न स्थानों पर छापे मार रही है व खोजबीन का काम कर रही है ।

एक हथगोला बरामद

बटाला शहर में तैनात बी.एस.एफ. की एक गश्ती पार्टी ने स्थानीय डेरा बाबा नानक रोड स्थित एक घनी आबादी वाले क्षेत्र में एक एच.ई. 36 हथगोला बरामद करके उसे नकारा कर दिया है । पुलिस व बी.एस.एफ. के अधिकारिक सूत्रों ने सम्भावना व्यक्त की है कि इसे गत रात उस समय फैंका गया होगा जब यहां काफी भीड़ होगी लेकिन यह फट नहीं सका जिस कारण कई जानें बच गईं ।

ह.स. के अनुसार बटाला में कचहरी के बाहर एक दुकान में बम मिलने के बाद रैड अलर्ट जारी कर दिया गया । गश्त तेज कर दी गई ।

4 शरणदाता गिरफ्तार

पुलिस जिला बटाला के अधिकृत सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि श्रीहरगोबिंदपुर पुलिस ने गांव भाम के चार संदिग्ध लोगों दविन्द्र सिंह, प्रभदेव सिंह, राजेन्द्र सिंह व सुरिन्द्र सिंह को आतंकवादियों को शरण व आश्रय देने और राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में संलिप्त होने के आरोप में आतंकवाद निरोधक एक्ट के तहत गिरफ्तार किया है । प्राप्त जानकारी के अनुसार यह लोग कुछ समय पूर्व काहनूवान क्षेत्र में मारे गत खूंखार आतंकवादी सुरजन सिंह व उसके साथियों को शरण देते थे । इस जिला में आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में अब तक 101 संदिग्ध लोग गिरफ्तार किए जा चुके हैं और सुरक्षा बल व पुलिस छापों व खोजबीन का काम जारी रख रही है ।

घंटाघर चौक अमृतसर के बाहर मंगलवार को सी.आर.पी.एफ. की चौकी (ऊपर) पर जवानों पर हमला करने के समय मारे गए 2 उग्रवादियों के शव । (छाया : रवि भंडारी)

अमृतसर में सुलतान विंड रोड पर स्थित एक दुकान पर उग्रवादियों द्वारा फायरिंग में घायल व्यक्ति जो अस्पताल में उपचाराधीन हैं (छाया : रवि भंडारी)

लोगों ने आतंकवादी पकड़ा

पटियाला (भूषण): खानपुर थाना साढौरा जिला अम्बाला के केहर सिंह के पुत्र गुरमीत सिंह को ग्रामीणों ने उस समय काबू कर लिया जबकि गुरमीत सिंह ने दो अन्य अज्ञात व्यक्तियों के साथ यहां से 50 किलो मीटर दूर थाना बस्सी के गांव सैदपुर के निकट हरभजन सिंह से उसका स्कूटर छीना । अभियुक्तों ने हरभजन सिंह को रोका तथा पिस्तौल की नोक पर स्कूटर यू.एम. डब्ल्यू. 1614 छीन लिया तथापि कुछ ग्रामीण वहां इकट्ठे हो गए तथा उन्होंने अभियुक्तों का पीछा किया । उन्होंने गुरमीत सिंह को काबू करके पुलिस के हवाले कर दिया, जबकि उसके दो साथी स्कूटर सहित भाग निकले ।

घायल करके लूट लिया

फगवाड़ा (अशोक) : आज सायं स्थानीय जी.टी. रोड पर मुख्य डाक घर के गेट के समक्ष तीन संदिग्ध हथियारबंद स्कूटर सवार उग्रवादियों ने एक

जालन्धर में स्कूटर सवार उग्रवादियों ने एक व्यक्ति को गोली मार कर हत्या की

जालन्धर (ह.स.): दो स्कूटर सवार उग्रवादियों ने आज शाम शहीद भगत सिंह के पैतृक गांव खटकड़कलां के पास एक व्यक्ति जोरावर सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी । मृतक गढ़शंकर का निवासी था और सड़क किनारे खड़ा था । जब उसने उग्रवादियों को आते देखा तो खेतों की ओर भागा लेकिन उग्रवादियों ने पीछा करके उसे गोली मार दी ।

नर्स गोली से घायल

सूचना मिली है कि आज रात्रि जालन्धर में गुलाब देवी अस्पताल में दो उग्रवादियों ने एक नर्स मिसेज नसीर को गोली मार कर घायल कर दिया । बताया जाता है कि दो उग्रवादियों, जिन्होंने तहमद और कुर्ते पहने हुए थे, ने आकर मिसेज नसीर के क्वार्टर की कालबैल बजाई और जैसे ही उसने दरवाजा खोला, उग्रवादियों ने उस पर गोली चला दी । मिसेज नसीर को गम्भीरावस्था में सिविल अस्पताल में दाखिल करवा दिया गया है ।

सिपाही की हत्या का ब्यौरा

गुरदासपुर (विनोद): गत रात गुरदासपुर सदर के गांव अब्बलखैर में चार अज्ञात आतंकवादियों ने पुलिस कांस्टेबल जगदीश सिंह (26) की गोली मार कर हत्या कर दी थी । जिला पुलिस प्रमुख श्री पी.एम. दास ने बताया कि मृतक जगदीश सिंह गुरदासपुर अस्पताल में तैनात था और घटना के समय अपने गांव अब्बलखैर जो कि गुरदासपुर शहर के पास ही है, खाना खाने गया हुआ था । आतंकवादियों ने ए.के. 47 राइफल का प्रयोग किया और घटनास्थल से इसी राइफल के लगभग 47 खाली खोल मिले हैं । श्री दास के अनुसार इस घटना में निजी दुश्मनी की सम्भावना को भी रद्द नहीं किया जा सकता क्योंकि हो सकता है कोई व्यक्ति आतंकवादियों को इस वारदात के लिए किराए पर लाया हो । पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है ।

गुरदासपुर अस्पताल में मृतक जगदीश सिंह (26) के साथ पोस्ट मार्टम के लिए आए उसके ताया संता सिंह ने बताया कि रात लगभग 11 बजे चार अज्ञात युवक जिन्होंने खाकी वर्दियां पहन रखी थीं और उन्होंने अपने चेहरे कपड़े से ढांप रखे थे और सभी के पास शस्त्र थे, उसके पास हवेली में आए और कहने लगे कि उन्हें थानेदार मल्हार सिंह (जो की मृतक का चचेरा भाई है और थाना मेहता में तैनात है) ने भेजा है और हमने जगदीश सिंह के घर जाना है । संता सिंह ने उन्हें बताया कि जगदीश सिंह की तो गुरदासपुर अस्पताल ड्यूटी है और वह वहीं है परन्तु उन्होंने कहा कि वह अस्पताल में नहीं है और कुछ समय पहले ही घर आया है । यह कहकर वह चारों उसे पहले खेतों में ले गए और फिर जगदीश सिंह के घर ले आए ।

जगदीश के घर के पास आकर दो आतंकवादी गेट फांद कर अन्दर चले गए और दो बाहर गली में खड़े रहे । जगदीश सिंह उसका भाई जोहर सिंह, जो कि पुलिस कर्मचारी हैं, मृतक की पत्नी जगदीश कौर सभी चारपाइयों पर लेटे थे कि आतंकवादियों ने जगदीश सिंह से कहा कि तुम जगदीश सिंह हो परन्तु जगदीश ने कहा कि वह जगदीश ही है और यह कहना ही था कि आतंकवादियों ने जगदीश सिंह पर

Punjabi Sanatani

प्रयास किया तो उग्रवादियों ने पुनः हवाई फायर कर दिए जिससे आतंकित लोग पीछे हट गए । पता चला है कि उग्रवादी जिनमें से दो सिख व एक मोना नौजवान था, जाते समय अपना 32 बोर का रिवाल्वर भी स्थानीय कचहरियों के पीछे छोड़ गए । दूसरी तरफ उग्रवाद से भयभीत अनेक लोगों में से नाजुक घायल श्री मजीठा को कोई भी अपने वाहन द्वारा हस्पताल तक पहुंचाने को नहीं माना । अकस्मात इस सम्वाददाता ने जिसके कार्यालय के निकट ही घटना हुई, घटनास्थल पर पहुंचा तो लोगों में घबराहट व आतंक देख, अपनी कार में नाजुक घायल व लहुलूहान श्री मजीठा को हस्पताल तक पहुंचाया व दाखिल करवाया । यहां पहुंच कर आश्चर्यजनक रूप से आपात् ड्यूटी डाक्टर ई.एम.ओ. को ढूंढने में ही हस्पताल के सारे स्टाफ व लोगों को 10 मिनट लग गए, तब तक सम्भवतः श्री मजीठा की हालत और बदतर हो चुकी थी व उसके सिर में जहां गोलियां लगी थीं, में से खून की धारा बह गई । स्थानीय उपपुलिस अधीक्षक श्री दीवान चन्द के नेतृत्व में पुलिस दल ने क्षेत्र को घेरे में ले लिया । श्री मजीठा को खतरनाक हालत के कारण लुधियाना हस्पताल भेज दिया गया ।

फगवाड़ा गोलीकांड में घायल की मृत्यु

लुधियाना (आहूजा): आज रात्रि यहां सी.एम.सी. अस्पताल में फगवाड़ा फायरिंग कांड में घायल होने वाले श्री मदन लाल मजीठा की मृत्यु हो गई ।

सी.आई.ए. हैडक्वार्टर पर हमला

मोगा : उग्रवादियों ने मोगा में आज रात सी.आई.ए. हैडक्वार्टर पर हमला करके एक एच.-36 हथगोला फैंका जिससे 5 पुलिस कर्मचारी घायल हो गए । जब यह वारदात हुई पुलिस कर्मचारी खाना खा रहे थे । घायलों में गुरमेल सिंह, दर्शन सिंह, बीर सिंह, जोगेन्द्र सिंह और युगराज सिंह शामिल हैं ।

मोगा में छापे

मोगा (वार्ता): पुलिस ने आज काफी सवेरे

करार दिया है जिसके अधीन बी. एंड आर. की तीन विंगों चीफ इंजीनियर बिल्डिंग्ज़, चीफ इंजीनियर ग्रामीण सड़कें तथा चीफ इंजीनियर योजना सड़कें, पुल आदि में विभाजित किया जाना है ।

एसोसिएशन के प्रधान श्री वासुदेव शर्मा ने आज यहां एक वक्तव्य में कहा कि इससे निर्माण कार्यों सम्बन्धी नगरी प्रशासन से तालमेल और कमजोर होगा ।

उन्होंने कहा कि इस समय एक सुप्रिंटैंडिंग इंजीनियर विभाग द्वारा किए जाने वाले सभी कार्यों की देख-रेख करता है । उक्त विभाजन की हालत में एक सुप्रिंटैंडिंग इंजीनियर को तीन-चार जिलों में काम की देखभाल करनी पड़ेगी और वह भी, एक एस.ई. ग्रामीण सड़कों, दूसरा भवनों तथा तीसरा एस.ई. योजना सड़कों व पुलों के निर्माण कार्यों की देखभाल के लिए दौरा करेगा जिससे खजाना पर बोझ कई गुणा बढ़ जाएगा ।

श्री शर्मा ने ध्यान दिलाया कि इस समय एक स्थान पर एक एस.डी.ई., एक जूनियर इंजीनियर तथा सरकारी व्हीकल उक्त तीनों प्रकार की कार्यों की देखभाल में इस्तेमाल होते हैं किन्तु नई व्यवस्था के अधीन तीन-तीन एस.डी.ई. व जे.ई. और तीन व्हीकल इस्तेमाल होंगे । इसके अतिरिक्त विभाग के क्लैरीकल स्टाफ में भी उथल-पुथल होगी, जिससे कई उलझनें पैदा होंगी ।

श्री शर्मा ने राज्य सरकार से अपील की है कि वह उक्त निर्णय को वापस ले ले और पूर्व व्यवस्था रहने दे ।

केवल कृष्ण ट्रस्टी बने

चंडीगढ़, 14 जून (वि.प्र.): पंजाब सरकार ने लोक निर्माण विभाग लुधियाना के अधिशासी अभियंता श्री केवल कृष्ण को श्री हरभजन सिंह की जगह पर इम्प्रूवमैंट ट्रस्ट खन्ना का ट्रस्टी नियुक्त किया है ।

मजदूर संगठन संसद के

Punjabi Sanjalan

अमृतसर के एक गांव में आतंकवादियों द्वारा 9 व्यक्तियों की निर्मम हत्या

रिसर के बाहर 2 आतंकवादी मरे, बांबा गांव के पास एक आतंकवादी का शव मिला

2 दुर्दांत उग्रवादी मुठभेड़ में मरे, 30 हजार रुपये लूटे

गढ़, 14 जून (वार्ता, ह.स.): आतंकवादियों क अपनी गतिविधियां तेज़ करते हुए ज़िला के एक ही गांव में 9 व्यक्तियों की गोलियां हत्या कर दी, जबकि मेजर सिंह उर्फ सिंह सहित 2 दुर्दांत उग्रवादी पुलिस के भेड़ में मारे गए । फगवाड़ा में डाक विभाग कर्मचारी को गम्भीर रूप से घायल करके र रुपए छीन लिए गए । फरीदकोट पुलिस ी दल (ल) के नेता श्री चरण दास घई की सुराग लगाने का दावा किया ।

दरबार साहब अमृतसर के बाहर दो ातंकवादी सी.आर.पी. के जवानों द्वारा की रेग में मारे गए । चकबाम्बा गांव के पास एक उग्रवादी का शव मिला ।

ा गुरदासपुर में सीमा सुरक्षा बल के साथ में एक पाकिस्तानी घुसपैठिया भी मारा

ाड़ा में एक व्यक्ति मदन लाल आज ों की गोली से घायल होकर लुधियाना के में दम तोड़ गया ।

त्या

ी (पाठक): गत रात आठ बजे के क़रीब सील के गांव चक बाम्बा में आतंकवादियों रवार के आठ व्यक्तियों सहित 9 व्यक्तियों कर दी तथा एक व्यक्ति को सख्त जख्मी ।

ा जाता है कि ग्यारह उग्रवादी हथियारों से र गांव में आए । रास्ते में उन्होंने दो ारसी दास (50 साल), रौनक चन्द (45 घेर लिया तथा उन्हें बांधकर गांव की तरफ गांव के नजदीक उन्होंने अमोलक चन्द पकड़ कर उसके भी हाथ बांध दिए तथा को गांव की तरफ ले आए । सुरेन्द्र पाल) जो कि घर से खाना खाकर बाहर खेतों ा रहा था, को भी उन्होंने पकड़ लिया तथा ी गांव के गिर्द जो सड़क है वहां पर 'बर्स्ट' त्या कर दी । बाद में उन्होंने घर की छत ए रामचन्द (42 साल) को गोली मारकर तथा पप्पू (15 साल) को सख्त जख्मी कर रेन्द्र कुमार (40 साल) व निरंजन दास को ाजे पर गोली मारकर मार दिया । लड़की 1 साल) की बंद दरवाजे में से गोली मार कर हत्या कर दी । गुरदीप सिंह (50 साल) जो कि यू.पी. से यहां जमीन लेकर खेती करने लगा था, उसकी भी हत्या कर दी । बाद में गांव वालों की तरफ से उग्रवादियों का मुकाबला करने पर उग्रवादी भाग गए, जिस कारण और नर-संहार होने से बच गया ।

एक प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार उसने आठ बजे करीब कुछ संदिग्ध व्यक्तियों को गांव की तरफ जाते देखा इसलिए वह खेतों में एक तरफ हटकर बैठ गया । कुछ समय पश्चात उसने गोलियां चलने की आवाजें सुनीं तथा तीन बम धमाके भी हुए । उग्रवादी घर वालों से उसके बारे में भी पूछ रहे थे लेकिन बाहर होने के कारण वह बच गया । इससे पहले गांव में एक होमगार्ड की चौकी थी जो कि कुछ समय पहले उठा ली गई । पप्पू को अमृतसर अस्पताल में दाखिल करवा दिया गया ।

3-4 हमलावर पहचाने गए

अमृतसर से वि.प्र. के अनुसार पत्रकार उक्त गांव में वारदात का ब्यौरा प्राप्त करने गए तो पता चला कि आतंकवादियों में से तीन-चार हमलावरों को पहचान लिया गया है जिनमें से एक उसी गांव का तथा दो साथ वाले गांव के रहने वाले हैं । गांव के लोगों ने बताया कि सरपंच श्री किशन चंद के मकान पर हमलावर आतंकवादी शाम 6.30 बजे के करीब गए तथा किशन चंद के बारे में पूछा । हमलावरों के पास हथियार देख कर किशन चंद की पोती ममता ने छत पर चढ़ कर शोर मचाना शुरू कर दिया जिस पर आतंकवादियों ने उसकी वहीं पर हत्या कर दी । मृतकों में किशन लाल सरपंच के चार भतीजे भी शामिल हैं । मारे गये लोग तीन परिवारों के सदस्य हैं । कहा जाता है कि 7 बजे वापस जाने के बाद आतंकवादी 7.45 पर और हथियार लेकर पुन: आये तथा तीन घरों में दाखिल होकर अंधाधुंध फायरिंग की । आतंकवादियों ने ज्यादातर फायरिंग मकानों की छतों पर चढ़ कर की ।

उग्रवादी का शव मिला

चकबाम्बा गांव के खेतों से एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है । विश्वास किया जाता है कि यह उस उग्रवादी का है जो गांव में कल रात नौ व्यक्तियों की हत्या करने वाले गिरोह पर ग्रामीणों द्वारा फायरिंग से घायल हो गया था ।

इस हत्या कांड के सिलसिले में पुलिस ने एक व्यक्ति विरसा सिंह को गिरफ्तार किया है ।

तीन घायल

आज तीन बजे बाद दोपहर अमृतसर के बाहरी क्षेत्र सुलतानविंड रोड पर स्थित दीवान मैडीकल हाल जिस पर पहले ही दो बार आतंकवादियों की ओर से हमले हो चुके हैं, पर तीन आतंकवादियों ने रिवाल्वर और पिस्तौलों से फायरिंग करके तीन

(शेष पृष्ठ 10 पर)

उग्रवादियों ने गत रात्रि पट्टी ... हत्या कर दी । चित्र में फायरि... ममता, (4) निरंजन दास, (5) ...ला

सोमवार रात्रि को थाना सदर ... गए (1) कांस्टेबल जगदीश ... करते हुए ।

पुलिस जिला बटाला के थाना प... के साथ मुठभेड़ में मारे गए दो ... रणजोध सिंह के रूप में की गई

श्रीनगर में पथराव, लाठीचार्ज व आंसूगैस, आप्रेशन गिरफ्तार में 130 उपद्रवी बंदी

श्रीनगर, 14 जून (वार्ता, अशोक): आज शाम को शहर के निचले क्षेत्र में मीर वायज़ मंजिल के पास पुन: हिंसा भड़क उठी । पुलिस ने पथराव कर रहे दंगाइयों को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया तथा आंसू गैस के गोले दागे ।

डी.आई.जी. पुलिस श्री वी. अवाली ने बताया कि पथराव से एक सब-इंस्पैक्टर सहित कम से कम चार पुलिस कर्मी घायल हो गए हैं । शाम को 6 बजे अवामी एक्शन कमेटी के अध्यक्ष मीरवायज़ मौलवी फारूक पार्टी कार्यकर्त्ताओं को सम्बोधित करने के बाद जैसे ही मीरवायज़ मंजिल से निकले थे कि गड़बड़ शुरू हो गई । शहर में आज दिन भर माहौल कुछ शांत रहा । एक अनधिकृत सूचना के अनुसार गोली लगने से घायल हुए एक व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

'आप्रेशन गिरफ्तारी' के अंतर्गत लगभग 130 युवक गिरफ्तार किए गए हैं, जिनमें से अधिकांश युवक हैं और अवामी एक्शन कमेटी से संबंधित हैं । पुलिस ने अवामी एक्शन कमेटी के अलावा किसी और पार्टी के श्रीनगर में हुई हिंसक घटनाओं के पीछे होने का खंडन किया है ।



Punjabi Sarafan

...के हत्थे, पायल गई दम तोड़ गई

"मेरी बालियां ले लो, मेरे मां बाप को छोड़ दो" एक बेटी की करुण पुकार उग्रवादियों ने अनसुनी कर दी

गुप्त बैठक कर रहे 5 आतंकवादी गिरफ्तार, एक घुसपैठिया मरा

चंडीगढ़, 15 जून (वार्ता, ह.स.): आतंकवादियों ने अपनी गतिविधियों में तेजी को जारी रखते हुए विभिन्न स्थानों पर 11 लोगों की हत्या कर दी जबकि जालन्धर में कल रात घायल होने वाली नर्स ने आज दम तोड़ गई । आज रात मरने वालों में पंजाब पुलिस के दो कांस्टेबल भी हैं । एक आतंकवादी का शव आज रात मिला । इसी बीच 2 दर्जन के करीब आतंकवादी गिरफ्तार किए गए हैं । गोराया के एक गांव के गुरुद्वारे में गुप्त बैठक कर रहे पांच आतंकवादी पकड़े गए, जो एक विशेष समुदाय के कुछ लोगों की हत्या की योजना बना रहे थे ।

दो कांस्टेबलों की हत्या

अमृतसर (ह.स.): अमृतसर जिले के सरहाली अन्तर्गत गांव बग्गापुरा के पास आज रात उग्रवादियों द्वारा पुलिस की एक गश्ती टुकड़ी पर घात लगा कर किए गए हमले में पंजाब पुलिस के दो कांस्टेबल मारे गए। गश्ती टुकड़ी एक जीप में चोला साहब जा रही थी ।

मृत कांस्टेबलों के नाम हरभजन सिंह और सविंदर सिंह हैं । घायलों में हैडकांस्टेबल स्कत्तर सिंह, कांस्टेबल सविंदर सिंह और जीप का ड्राइवर कांस्टेबल हरप्रकाश शामिल है । एक कांस्टेबल गंभीर घायल हुआ है ।

उग्रवादी का शव मिला

अमृतसर के पास खेत से एक आतंकवादी का गोलियों से छिदा शव बरामद हुआ ।

पति, पत्नी की हत्या

अमृतसर (वि.प्र.): गत रात जिला अमृतसर में थाना वैरोवाल के गांव खडूर साहब में आतंकवादियों ने एक अधेड़ आयु के पति-पत्नी श्री पुरुषोत्तम लाल और श्रीमती सुरक्षा रानी की हत्या कर दी ।

तरनतारन से पत्रकार की सूचना के अनुसार आतंकवादी दीवार फांद कर पुरुषोत्तम लाल के घर में घुसे । परिवार के लोग सो रहे थे । आतंकवादियों ने पुरुषोत्तम लाल और उसकी पत्नी को जगाया तथा उनसे दो लाख रुपए की मांग की । उसकी पत्नी ने पचास हजार रुपए नकद तथा पचास हजार रुपए के सोने के गहने दे दिए । फिर भी हत्यारों ने उन्हें नहीं बख्शा । घर के अन्य लोगों ने बताया कि पुरुषोत्तम लाल की पुत्रवधू संगीता ने अपने मासूम बच्चे सहित दूसरे दरवाजे से दौड़कर जान बचाई । एक 20 वर्षीय लड़की प्रीति को हत्यारों ने कुछ नहीं कहा । प्रीति ने उन्हें अपनी कानों की बालियां भी देने की पेशकश की कि वे उसके मां-बाप को न मारें लेकिन हत्यारों ने बालियां नहीं लीं ।

दो की हत्या

एक अन्य वारदात में आतंकवादियों ने थाना अजनाला के गांव तुल्ला नंगल में ए.के. 47 असाल्ट राइफल से गोलियां चलाकर काला सिंह तथा निर्मल सिंह की हत्या कर दी । हत्यारे खालिस्तान के नारे लगाते तथा हवा में गोलियां चलाते हुए फरार हो गए ।

भैंस ही काल बन गई

'अशोक' के अनुसार जिला अमृतसर के गांव जौहर थाना सरहाली के एक दम्पति के लिए उनकी भैंस ही 'काल' बन गई जबकि अपनी भैंस के पीछे भागते हुए महेन्द्र सिंह और प्रसन्न कौर उर्फ फिन्नी व एक अन्य व्यक्ति जगीर सिंह पर आतंकवादियों ने गोलियां बरसाईं जिससे महेन्द्र सिंह दम तोड़ गया । फिन्नी और जगीर सिंह घायल अवस्था में अमृतसर के सिविल अस्पताल में पड़े हैं । विलम्ब से प्राप्त सूचना के अनुसार 12 जून को गांव जौड़ा निवासी महेन्द्र सिंह (40) की भैंस रात दस बजे के करीब उनके घर से भाग खड़ी हुई। भैंस को घर से भागते देखकर महेन्द्र सिंह उसके पीछे भागा । उसे देखकर उसकी पत्नी भी पीछे-पीछे भाग ली । अभी वे घर से करीब एक फ्लांग की दूरी पर ही थे कि उन पर गोलियों की बौछार होने लगी जिससे दोनों पति-पत्नी घायल हो गए । इसी दौरान रास्ते से गुजर रहा गांव का एक और निवासी जगीर सिंह भी गोलियों की चपेट में आकर घायल हो गया । फिन्नी के पेट तथा टांग में गोलियां लगी हैं जबकि महेन्द्र सिंह अस्पताल ले जाते हुए दम तोड़ गया । जगीर सिंह के दाएं हाथ में गोली लगकर उसके बाजू तक जा चढ़ी है ।

जगीर सिंह ने अमृतसर सिविल अस्पताल में बताया कि वह रात दस बजे के करीब घर की ओर लौट रहा था कि रास्ते में उसे गोलियां लगी । उसने बताया कि महेन्द्र सिंह और उसकी पत्नी भैंस के पीछे गालियां देते हुए भागे जा रहे थे तो घटनास्थल के करीब ही कुछ आतंकवादी छिपे हुए थे । उन्होंने इस गलत-फहमी में कि गांव वालों को उनके (आतंकवादियों के) वहां छिपे होने का पता चल गया है और वे गालियां देते हुए उन पर हमला करने आ रहे हैं, 'आत्म रक्षा' में गोलियां चलानी शुरू कर दीं ।

अगले कुछ दिनों के दौरान अकाली राजनीति में जबरदस्त उथल-पुथल की सम्भावना

चंडीगढ़, 15 जून (एन.एस. परवाना): आगामी कुछ दिनों में अकाली राजनीति में नए-नए गठजोड़ और कई तरह की उथल-पुथल होने की सम्भावना है । सुविज्ञ सूत्रों के अनुसार भाई जसवीर सिंह सहित 5 पुराने मुख्यग्रंथियों को उनके पदों से हटाने के संबंध में सम्भव है कि एकीकृत अकाली दल के वरिष्ठ नेता बाबा जोगेंद्र सिंह और अकाली दल (लौंगोवाल) का नेतृत्व शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के विरुद्ध खुलेआम एक तरह से 'संयुक्त युद्ध' का बिगुल बजा दें ।

बाबा जोगेंद्र सिंह और पंजाब के भूतपूर्व मुख्यमंत्री सुरजीत सिंह बरनाला ने एक ही दिन 20 जून को अपने-अपने अकाली दलों की क्रमशः गांव रोडे और लौंगोवाल में मीटिंग बुला रखी है । बाबा जोगेंद्र सिंह और सुरजीत सिंह बरनाला ने यह मीटिंग बुलाने से पहले एक दूसरे के साथ सलाह करने के बाद दायर की है । कैप्टन सिद्धू यू.ए.डी. के नेता कैप्टन अमरेन्द्र सिंह का दायां हाथ माने जाते हैं । जानकार सूत्रों ने रहस्योद्घाटन किया है कि कैप्टन अमरेन्द्र सिंह ने कैप्टन सिद्धू को संदेश भेज कर निर्देश दिया है कि वे यह याचिका वापस ले लें अन्यथा उन्हें उनसे (कैप्टन सिद्धू) संबंध विच्छेद करना पड़ेगा । कैप्टन सिद्धू भाई जसवीर सिंह के साथियों से भी सम्पर्क बनाए हुए हैं ।

कहा जाता है कि भाई जसवीर सिंह के कुछ श्रद्धालुओं ने कैप्टन अमरेन्द्र सिंह तक पहुंच कर उन्हें कहा है कि वे प्रबन्धक कमेटी का साथ न दें लेकिन कैप्टन अमरेन्द्र सिंह ने जवाब दिया कि वे प्रबन्धक कमेटी के फैसले को ठीक समझते हैं । उल्लेखनीय है कि अकाली दल (ल) का नेतृत्व मौजूदा संकट हालात के बारे अभी तक खामोश बैठा

4 संदिग्ध उग्रवादी रिहा

अमृतसर की मजीठा पुलिस ने कल गिरफ्तार किए गए 6 संदिग्ध उग्रवादियों में से 4 को भविष्य में अच्छे आचरण की जमानत मिलने पर छोड़ दिया है । जिला पुलिस चीफ श्री राजेन्द्र सिंह ने बताया कि ये चारों सुरेन्द्र सिंह, सुखपाल सिंह, जिंदर सिंह तथा सर्बजीत सिंह उग्रवादियों को शरण तथा भोजन दिया करते थे । उन्होंने इसके लिए माफी मांग ली है तथा उनके माता-पिता तथा ग्राम पंचायतों ने उनके सदाचरण की गारंटी दी है ।

घुसपैठिया मरा

प्राप्त सूचना के अनुसार बी एस एफ के साथ

Punjabi Sansar

(1-2) पुलिस जिला बटाला थाना श्री हरगोबिन्दपुर के गांव चीमां खुड्डी में उग्रवादियों की फायरिंग से मारे गये दो भाइयों सतनाम सिंह व गुरनाम सिंह के शव । (छाया : कोछड़),
(3) डेरा बाबानानक क्षेत्र के गांव गाजी नंगल में उग्रवादियों के हाथों मारे गए आटा चक्की के मालिक विजय कुमार निवासी राहूवाल का शव । (छाया : विनोद)

उग्रवादियों ने मंगलवार की रात्रि को जिला अमृतसर के गांव खडूर साहिब में फायरिंग करके एक

Punjabi Sanatani

युवकों ने एक आटा चक्की के मालिक विजय कुमार शर्मा (40) की हत्या कर दी । सूत्रों के अनुसार घटना की सूचना पुलिस को प्रात: मिली । सूत्रों ने कहा कि रात को दो अज्ञात सशस्त्र युवक मृतक के घर आए जो कि चक्की के साथ ही है और चीनी असाल्ट राइफल ए.के. 47 से फायरिंग करके विजय कुमार की हत्या कर दी । पुलिस को 6 चले कारतूस घटनास्थल से मिले हैं । पुलिस ने इस सम्बन्ध में आठ संदिग्ध लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया है ।

इसी जिला में थाना श्रीहरगोबिन्दपुर के गांव चीमां खुड्डी में गत रात लगभग दस बजे दो अज्ञात युवकों ने अपने डेरा में सो रहे दो गरीब भाइयों सतनाम सिंह व गुरनाम सिंह की हत्या कर दी । पुलिस सूत्रों के अनुसार दोनों भाई चरवाहे थे और आतंकवादियों ने चीनी असाल्ट राइफल ए.के. 47 व 38 बोर रिवाल्वर से फायरिंग करके इनकी हत्या कर दी । पुलिस को 8 चले हुए कारतूस मिले हैं । पुलिस सूत्रों ने बताया कि इस हत्याकांड के लिए गांव चीमां खुड्डी का दुर्दांत आतंकवादी जगराज सिंह उर्फ तूफान सिंह खालसा स्वयंभू जनरल खालिस्तान लिबरेशन फोर्स जिम्मेदार है ।

लूटपाट

इसी जिला में थाना सदर बटाला के गांव जैतोसरजा में गत रात पांच अज्ञात सशस्त्र लोग एक व्यक्ति स्वर्ण सिंह के घर में जबरी दाखिल होकर सोने के गहने, अन्य कीमती समान व चार हजार रुपए नकद लूट कर ले गए ।

पुलिस जिला बटाला के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इन सभी वारदातों के अभियुक्तों को पकड़ने के लिए बी.एस.एफ. व पुलिस अलग-अलग 15-20 गांवों को घेर कर खोजबीन कर रही है, जिसका नेतृत्व इस जिला के पुलिस प्रमुख श्री समेध सिंह सैनी व बी.एस.एफ. के अधिकारी कर रहे हैं । गत दिवस स्थानीय डेरा रोड पर बम मिलने के पश्चात बी.एस.एफ. की ओर से विभिन्न क्षेत्रों में तलाशियां ली गईं ।

पुत्र की हत्या, पिता घायल

कपूरथला (शर्मा): थाना सुलतानपुर लोधी के गांव दंदूपुर में गत रात्रि तीन सशस्त्र आतंकवादियों ने एक घर में प्रवेश करके अंधाधुंध फायरिंग करके एक व्यक्ति श्री विजय कुमार अरोड़ा की निर्मम हत्या कर दी जबकि उसके पिता श्री बंजारा राम को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए । खोजी कुत्ते भी ले जाए गए हैं । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरदार स्वर्ण सिंह के आदेश पर क्षेत्र की नाकाबंदी कर ली गई है । आतंकवादियों की सम्भावित शरणगाहों पर छापे मारे जा रहे हैं ।

स्कूटर, गहने छीने

मालेरकोटला (आजिज़): ज्ञात हुआ है कि गत शाम चार बजे मालेरकोटला सब डिवीजन थाना अहमदगढ़ के गांव मानकवाल में तीन अज्ञात युवक पिस्तौल की नोक पर भूपेन्द्र सिंह पुत्र साहब सिंह जो कि थाना मालेरकोटला के गांव सिकंदरपुर का रहने वाला है, से बजाज स्कूटर नम्बर पी.सी.एक्स 4586 छीन कर ले गए । बाद में यही युवक शाम लगभग साढ़े पांच बजे जतवाल रेलवे फाटक के

उन्हें गोली दी। अस्पताल में स्थित उनके भाई को गोली मारी गई थी ।

6 गिरफ्तार

सुरक्षा बलों ने छापों और नाकाबंदियों के दौरान 6 आतंकवादियों को गिरफ्तार करके उनसे शस्त्रास्त्र बरामद किए । सुल्तानपुर लोधी जिला कपूरथला के निवासी कुलदीप सिंह उर्फ फौजी को एक नाकेबंदी के दौरान गिरफ्तार करके उससे ए.के. 47 असाल्ट राइफल व कुछ कारतूस बरामद किए गए । गोराया पुलिस की मदद से सुरक्षा बलों ने 5 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया, जो कि एक गुरुद्वारा में गुप्त बैठक कर रहे थे । पुलिस ने उनसे पकड़े गए शस्त्रास्त्र का ब्यौरा देने से इन्कार किया है ।

पुलिस सूत्रों ने थाना गोराया के गांव बीड़ बसियां के गुरुद्वारे से पकड़े गए आतंकवादियों के नाम हरजिंदर सिंह, कृष्णा उर्फ प्रधान, ठाकुर सिंह, बलवंत सिंह तथा गुरटेक सिंह बताए हैं ।

थाना आदमपुर के गांव सराला के सर्बजीत सिंह को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है । उसको किशनगढ़ चौक में आज दोपहर बाद 3.30 बजे गिरफ्तार किया गया । उससे एक कटी हुई नाली वाली .12 बोर की बंदूक व कुछ कारतूस मिले ।

विवरण

न.न.ए. के अनुसार पुलिस सूत्रों ने गत रात थाना बंगा के गांव खटकड़कलां में मारे गए जोरावर सिंह के कत्ल का विवरण देते हुए बताया कि वह नवांशहर में एक गुरुद्वारे का ग्रंथी था और नवांशहर जाने के लिए बस की प्रतीक्षा कर रहा था कि आतंकवादियों ने उसे गोलियां मार कर मार दिया ।

सहकारी बैंक लूटा

पटियाला (भूषण): आज बाद दोपहर थाना अमलोह के गांव साबसपुर में 2 अज्ञात व्यक्ति सहकारी बैंक में से पिस्तौल की नोक पर 25 हज़ार रुपये लूट कर ले गये । लूटने से पहले उन्होंने सभी कर्मचारियों को बलपूर्वक एक कमरे में एकत्रित कर लिया और बाहर से कुंडी लगा दी ।

दो तस्कर गिरफ्तार

फाज़िल्का (मलिक): जलालाबाद पुलिस ने एक गुप्त सूचना के आधार पर दो कुख्यात तस्करों तथा जासूसों गुरबचन सिंह तथा चनन सिंह को जलालाबाद सैक्टर में भारत-पाक सीमा पर गिरफ्तार कर लिया । यह लोग सीमा पार से भारत में अफीम और हैरोइन की तथा भारत से भारत निर्मित विदेशी व्हिस्की की तस्करी करते थे । इसके अलावा वह पाकिस्तानी अधिकारियों को सैनिक रहस्य भी पहुंचाते थे । पुलिस इन दोनों के एक और साथी की तलाश कर रही है ।

2 गिरफ्तार

फाज़िल्का पुलिस ने दो संदिग्ध व्यक्तियों निशान सिंह तथा धन्ना सिंह को गिरफ्तार करके उनसे एक .12 बोर की पिस्तौल, एक .303 की पिस्तौल व कुछ कारतूस बरामद किये ।

तलाशियां

फगवाड़ा (अशोक): उग्रवादियों द्वारा कल

अधिकतर लूटमार की वारदातें करते थे । उनसे 6 स्कूटर, एक मारुति वैन, एक फिएट कार मिली है । उन्होंने पूछताछ के दौरान 19 केसों में संलिप्तता स्वीकार की है । आठ अप्रैल को मिल्लर गंज लुधियाना में उन्होंने एक शराब का ठेका लूटा । जब वे भाग रहे थे तो एक भाजपा वर्कर ने उनका पीछा किया था और वह उनकी गोली से मर गया था ।

भरत राज सिंह, जिसने होशियारपुर में आयोजित पंजाब कुश्ती के सब-जूनियर वर्ग (60 किलो) में स्वर्ण पदक जीता ।

गवर्नमैंट कालेज धर्मशाला की कु. सोनिया जौड़ा ने बी.एस. सी. भाग-दो (मैडीकल) में 249 अंक प्राप्त कर एच. पी. विश्वविद्यालय में छात्राओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया ।

अल्प बचत लक्की ड्रा 18 को

जालन्धर, 15 जून : रैडक्रास भवन जालन्धर में 18 जून को जिला स्तरीय अल्प बचत लक्की ड्रा समारोह आयोजित किया जा रहा है, जिसकी अध्यक्षता जालन्धर के जिलाधीश श्री सुधीर मित्तल करेंगे और पुरस्कार बांटेंगे

हर माह दो नए सब स्टेशन

पटियाला, 15 जून (भूषण): पंजाब राज्य बिजली बोर्ड ने राज्य में बिजली वितरण प्रणाली में सुधार लाने के लिए हर माह दो सब स्टेशन लगाने का फैसला किया है ।

बादल की नजरबंदी की निन्दा

चंडीगढ़, 15 जून (ह.स.): पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट के वकीलों ने एकीकृत अकाली दल के प्रकाश सिंह बादल व अन्य नेताओं को 'रासुका' के अधीन नजरबंद करने की कड़ी निन्दा की है । उन्होंने सरकार की इस कार्रवाई को 'रासुका' का दुरुपयोग कहा है ।

इंका पर ऊधमपुर क्षेत्र में गुंडे लाने का आरोप

जम्मू, 15 जून : पैंथर्स पार्टी के प्रधान और ऊधमपुर संसदीय उपचुनाव में विपक्षी प्रत्याशी भीम सिंह ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस (इ) पंजाब तथा देश के अन्य भागों से गुंडे लाई है जिन्हें ऊधमपुर क्षेत्र में फैला दिया गया है । इससे उनके बुरे इरादे जाहिर होते हैं । वे मतदान केंद्रों पर कब्जा करना चाहते हैं ।

धांधलियों की योजना

(पृष्ठ 3 का शेष)

एक तरफ से उठाकर मतपत्र अन्दर डाला जा सकता

Punjabi Sanatan

सहित सात व्यक्तियों की हत्या

पटियाला में 7, मोगा में 9 उग्रवादी, 10 शरणदाता गिरफ्तार

एक आतंकवादी व एक घुसपैठिया मरे, गोरखे का शव मिला

चंडीगढ़, 16 जून (वार्ता, ह.स.): पंजाब में आतंकवादियों ने एक भूतपूर्व नगर पालिका प्रधान सहित 7 व्यक्तियों की हत्या कर दी, जबकि एक आतंकवादी सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारा गया । सिधवा बेट में एक गोरखे की लाश मिली । विभिन्न स्थानों पर दो दर्जन से ज्यादा आतंकवादी व उनके आश्रयदाता गिरफ्तार किए गए ।

पुलिस जिला के श्री हरगोबिन्दपुर थाना क्षेत्र में एक शराब ठेकेदार तथा उसके गनमैन की आज हत्या कर दी गई ।

एक घुसपैठिया मरा

सीमा सुरक्षा बल के साथ आज तड़के गुरदासपुर सीमा पर हुई एक मुठभेड़ में एक पाकिस्तानी घुसपैठिया मारा गया । उसके चार साथी वापस पाकिस्तान में भाग गए ।

नगर पालिका प्रधान की हत्या

नवांशहर (शर्मा): आज 12 बजे दोपहर अदालतों से 30 गज दूर दो आतंकवादियों ने गोलियां मार कर नगर पालिका के भूतपूर्व प्रधान श्री बख्शीश राम चांदला की उनकी वर्कशाप में हत्या कर दी ।

हमलावर वारदात के बाद फायर करते हुए भागने में सफल हो गए । सी.आर.पी. वारदात के कुछ मिनट के अन्दर ही घटनास्थल पर पहुंच गई । उसने सारे क्षेत्र को घेरे में ले लिया है और घर-घर की तलाशी ली जा रही है परन्तु अभियुक्तों का कोई पता नहीं चला । बताया जाता है कि श्री चांदला के सिर में दो गोलियां लगीं । उन्हें पास ही सिविल अस्पताल ले जाया गया परन्तु डाक्टरों ने उन्हें मृत करार दे दिया ।

ह.स. के अनुसार श्री बख्शीश राम ब्लाक समिति (इ) नवांशहर के भूतपूर्व प्रधान थे ।

चालक की मौत

'सौतम' के अनुसार श्री चांदला पर हुई फायरिंग के दौरान उनके पास बैठे मौजा हियालिया के पूर्व सरपंच व लम्बड़दार प्रकाश सिंह गम्भीर रूप से घायल हो गए । उन्हें पहले स्थानीय सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया परन्तु बाद में पी.जी.आई. लुधियाना भेज दिया गया, जहां उनकी मौत हो गई ।

घटना की सूचना मिलने पर जालंधर के एस.एस.पी. श्री इज़हार आलम सहित अन्य जिला उच्चाधिकारी नवांशहर पहुंचे और उन्होंने स्थिति

पूर्ण हड़ताल

'भागड़ा' के अनुसार इस कांड के बाद नवांशहर में पूरी तरह हड़ताल हो गई । नवांशहर में होने वाला यह चौथा खूनी कांड है ।

जमींदार की हत्या

बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना श्री हरगोबिंदपुर के गांव सैरोवाल में गत रात 4-5 अज्ञात युवकों ने एक जमींदार सौदा सिंह की तेजधार हथियारों से हत्या कर दी । पुलिस के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार इस हत्या कांड की सूचना प्रातः मिली और सौदा सिंह की हत्या से पूर्व हत्यारों ने उसका मुंह बांध दिया था ताकि वह शोर न मचा सके । मृतक का शव प्रातः 11 बजे से सिविल अस्पताल बटाला में पड़ा है पर सायंकाल तक इस शव के पोस्टमार्टम के लिए कोई डाक्टर उपलब्ध नहीं हो सका था ।

ठेके के मालिक, उसके गनमैन की हत्या

बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना श्री हरगोबिन्दपुर के गांव भोमाबोझा में आज सायं लगभग साढ़े सात बजे उग्रवादियों ने फायरिंग करके देसी शराब के एक ठेके के मालिक रछपाल सिंह बिल्ला पुत्र अजीत सिंह सरपंच व उनके प्राइवेट गनमैन चन्ना की हत्या कर दी और गनमैन चन्ना की 12 बोर की दोनाली लाइसैंसी बन्दूक व कारतूस लेकर फरार हो गए । पुलिस व बी.एस.एफ. के उच्चाधिकारी घटनास्थल पर चले गए हैं । दोनों मृतक श्री हरगोबिन्दपुर के रहने वाले बताए जाते हैं ।

एक और हत्या

'ह.स.' के अनुसार गत रात थाना श्रीहरगोबिंदपुर के अंतर्गत गांव माचरवा में आतंकवादियों ने तेजधार हथियारों से एक व्यक्ति गोपाल सिंह की हत्या कर दी । पुलिस ने बताया कि आतंकवादियों ने गोपाल सिंह के घर के दरवाजे पर दस्तक दी । जैसे ही उसने दरवाजा खोला, उन्होंने उस पर हमला कर दिया जिससे उसकी वहीं पर मृत्यु हो गई ।

इसी बीच सीमा सुरक्षा बल ने बटाला पुलिस जिला के डेरा बाबा नानक सैक्टर में एक तस्कर से तीन लाख रुपए मूल्य की अफीम बरामद की ।

गिरोह का सफाया

पुलिस ने अनेक हत्याओं तथा लूट की वारदातों में संलिप्त एक गिरोह का सफाया करने का दावा किया है । गिरोह के सरगना केवल सिंह गांव हरसियां सहित चार आतंकवादी गिरफ्तार किए गए । अन्य आतंकवादियों के नाम कोटला नवाब का साहबी और भंगवां ग्राम के सुखदेव सिंह उर्फ सुक्खा तथा निर्मल सिंह हैं । अभियुक्तों ने 28 मई को कोटला नवाब में श्रीमती परमजीत कौर की हत्या और गांव हरसियां में रणजीत सिंह के घर से सोने के जेवर लूटने की वारदातों में शामिल होने की स्वीकारोक्ति की है ।

मिल वर्कर घायल

अमृतसर (ह.स.): पुलिस ने बताया कि गत रात एक स्कूटर सवार जगदीश राज पर दो संदिग्ध व्यक्तियों ने छहर्टा के निकट उस समय गोली चलाई जबकि वह ओ.सी.एम. मिल के बाहर निकला । संदिग्ध व्यक्ति उसके स्कूटर पर फरार हो गए ।

शस्त्रास्त्र बरामद : जमींदार बंदी

अमृतसर से सोनी के अनुसार एक सूचना के अनुसार सुरक्षा बलों ने थाना लोपोके के गांव मानावाला में एक जमींदार गुरमेल सिंह के मकान पर छापा मार कर तलाशी के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया । उसके कब्जे से 2 ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफलें और उनके पांच मैगजीन, 440 गोलियां, 32 बोर की 38 गोलियां बरामद हुई हैं । पुलिस सूचना के अनुसार पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी

वी. पी. सिंह एक लाख के बहुमत से जीतेंगे

नई दिल्ली, 16 जून (वार्ता): आज किए गए एक मत-सर्वेक्षण के अनुसार इलाहाबाद संसदीय क्षेत्र से जनमोर्चा नेता श्री वी. पी. सिंह भारी बहुमत से जीतेंगे ।

आज चुनाव प्रक्रिया विशेषज्ञ डा. प्रणय राय और मार्कीटिंग एंड रिसर्च ग्रुप द्वारा विभिन्न मतदान केंद्रों में मताधिकार का प्रयोग करके बाहर आए 2150 पुरुष तथा महिला मतदाताओं का सर्वेक्षण किया । इससे उन्होंने यह निष्कर्ष निकाला कि कुल पड़े मतों में से 55 प्रतिशत श्री सिंह को मिलेंगे जबकि इंका प्रत्याशी श्री सुनील शास्त्री को कुल पड़े मतों का एक-तिहाई मिलेंगे । हो सकता है कि श्री

Punjab Sahitya

घई की हत्या की जिम्मेदारी ली

'मुसाफिर' के अनुसार तथाकथित खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के अवतार सिंह ब्रह्मा और बब्बर खालसा के सुखदेव सिंह बब्बर ने एक लिखित बयान में मोगा के प्रमुख वकील और अकाली दल (ल) के कानूनी सलाहकार श्री चरण दास घई की हत्या की जिम्मेदारी अपने ऊपर ली है । बयान में कहा गया है कि मोगा में सी.आई.ए. दफ्तर पर हमला भी हमने किया था और पट्टी में नौ हिन्दुओं की हत्या भी हमने की थी ।

7 गिरफ्तार

पटियाला (भूषण): सुरक्षा बलों ने पटियाला जिला के विभिन्न स्थानों से 7 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है और उनसे गोली-सिक्का तथा वाहन आदि बरामद किए हैं । एस.एस.पी. श्री सीतल दास के अनुसार इन अभियुक्तों में थाना पटियाला सदर के गांव रोंगला का गुरचरण सिंह भी शामिल है, जो कि गांव जस्सोवाल में 3 दोधियों को घायल करने की वारदात में पुलिस को वांछित था ।

Punjabi Sahitani

थाना आदमपुर जिला जालन्धर के क्षेत्र में गत रात्रि सुरक्षा बलों के साथ मुकाबले में मारे गए उग्रवादी का शव । (छाया : कपूर)

पंजाब में हत्यायें
(पृष्ठ 3 का शेष)

9 आतंकवादी गिरफ्तार

मोगा (बांसल): जिला फरीदकोट पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि बाघापुराना पुलिस ने विभिन्न संक्षिप्त मुठभेड़ों में खालिस्तान लिबरेशन फोर्स में हाल ही में भर्ती हुए 9 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया । उनके नाम काका सिंह, बलदेव सिंह, केवल सिंह, काका सिंह, शाम सिंह, नछत्तर सिंह, नरमेल सिंह, परमजीत सिंह तथा जीत सिंह हैं । उनसे एक राइफल 303, विभिन्न बोरों के 8 पिस्तौल, 5 दर्जन कारतूस तथा लोगों से छीने गए दो स्कूटर बरामद हुए । पुलिस सूत्रों ने बताया कि मोगा सब-डिवीजन पुलिस ने विभिन्न स्थानों से दस लोगों को गिरफ्तार किया जो दुर्दांत उग्रवादियों को शरण देते थे । मुक्तसर सब डिवीजन में अवैध शराब का धंधा करने वाले 21 व्यक्ति गिरफ्तार किए गए तथा दो शराब की चालू भट्ठियां पकड़ी गईं ।

आतंकवादी मारा गया

जालन्धर (न.न.स.): गत रात लगभग साढ़े नौ बजे थाना आदमपुर के गांव धोगड़ी के निकट सुरक्षा बलों के जवानों और दो मोटर साइकल सवार आतंकवादियों के मध्य भिड़ंत हो जाने के परिणामस्वरूप एक आतंकवादी मारा गया जबकि उसका दूसरा साथी बचकर अंधेरे का लाभ लेते हुआ फरार हो गया । पुलिस ने मृतक आतंकवादी के कब्जे से एक हैंड ग्रेनेड एच.ई. 36 और एक पिस्तौल .12 बोर व कुछ कारतूस बरामद किए हैं । मृतक आतंकवादी की अभी तक पहचान नहीं हो सकी ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार गत रात सुरक्षा बलों ने थाना आदमपुर के गांव धोगड़ी के निकट एक पुल पर नाकाबंदी की थी कि उस ओर दो मोटर साइकल सवार आते दिखाई दिए, जिन्हें रुकने का इशारा किया गया परन्तु मोटर साइकल सवार आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर फायरिंग शुरू कर दी जिस पर सुरक्षा बलों की जवाबी गोली में उक्त एक आतंकवादी मारा गया जबकि दूसरा फरार हो गया ।

फगवाड़ा (राकेश) : गत 14 जन की शाम

हत्या के आरोप में पुलिस अभी तक किसी भी अभियुक्त को नामजद नहीं कर सकी है । आज पुलिस ने इस सम्बन्ध में कई स्थानों पर छापे मारे तथा 2 व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है ।

दूरदर्शन-प्रसारण का समय प्रतिदिन 18 घंटे किया जाएगा

मद्रास, 16 जून (ह.स.): केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री हरकिशन लाल भगत ने आज यहां कहा कि दूरदर्शन से प्रसारण का समय बढ़ा कर प्रतिदिन 18 घंटे करने का विचार है । श्री भगत दूरदर्शन के मद्रास केंद्र के स्वर्ण जयन्ती समारोह का उद्घाटन कर रहे थे । श्री भगत ने कहा कि दूरदर्शन के कार्यक्रमों का विस्तार किया जाएगा और आठवीं योजना की समाप्ति तक प्रसारण केंद्रों की संख्या आठ से बढ़ कर 48 हो जाएगी ।

स्वर्ण मंदिर में शुद्धि के लिए अखण्ड पाठ आयोजित

अमृतसर, 16 जून (ह.स.): शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी तथा स्वर्ण मंदिर अधिकारियों ने आज से परिसर में दो स्थानों पर शुद्धि के लिए गुरु ग्रंथ साहिब का अखण्ड पाठ शुरू करवाया ।

मंदिर की मर्यादा स्थापना के निमित्त श्रद्धालुओं द्वारा भी परिसर में एक अलग अखण्ड पाठ का आयोजन किया गया है । उल्लेखनीय है कि गत नौ मई से लेकर दस दिन तक सुरक्षा बलों और परिसर के भीतर स्थित आतंकवादियों में गोलीबारी के कारण परिसर की मर्यादा भंग हुई थी ।

शिरोमणि कमेटी के सचिव श्री भान सिंह ने बताया है कि ये अखण्ड पाठ प्रायश्चित के तौर पर किए जा रहे हैं क्योंकि परिसर में गत समय के दौरान हुई पंथ विरोधी गतिविधियों तथा अपवित्र करने वाले कृत्यों से पंथ की प्रतिष्ठा को आघात पहुंचा है । उन्होंने बताया कि अखण्ड पाठ के संदर्भ में कमेटी की तीस मई को हुई बैठक में निर्णय लिया गया था । उन्होंने बताया कि पाठ रखे जाने का सम्बन्ध पांचवें गुरु श्री गुरु अर्जुन देव जी के शहीदी पर्व से भी है । सभी पाठों का भोग शनिवार को शहीदी पर्व के दिन पड़ेगा ।

देवी लाल के विरुद्ध मतदाताओं को आतंकित करने बारे जांच

नई दिल्ली,16 जून (वार्ता): चुनाव आयोग कांग्रेस (इ) महासचिव गुलाम नबी आजाद की इस शिकायत की जांच कर रहा है कि हरियाणा के मुख्यमंत्री देवी लाल इलाहाबाद के मतदाताओं को आतंकित कर रहे हैं । श्री आजाद ने इलाहाबाद से श्री आर.वी. पैरीशास्त्री को भेजे तार में कहा है कि श्री देवी लाल हरियाणा से आए अपने पांच हजार कार्यकर्त्ताओं को मतदान केंद्रों पर कब्जा करने के

फरीदाबाद में गोली चली
(पृष्ठ 3 का शेष)

के संयुक्त प्रत्याशी श्री भीमसिंह और इंका के श्री मोहम्मद अयूब खान में है ।

जम्मू से 'सच्चर' के अनुसार जम्मू के मंडलीय आयुक्त श्री एन.आर. गुप्ता ने बताया कि इस क्षेत्र में मतदान शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ । कहीं से भी किसी प्रकार की कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई ।

मतगणना 18 को

श्री गुप्ता ने बताया कि ऊधमपुर क्षेत्र की मतगणना 18 जून को कठुआ में होगी । ऊधमपुर व डोडा जिलों की मतपेटियां पहले जिला मुख्यालयों में एकत्र होंगी व उसके बाद मतगणना के लिए ले जाई जाएंगी ।

मंडलीय आयुक्त ने कहा कि विभिन्न विधान सभा चुनाव क्षेत्रों से प्राप्त समाचारों के अनुसार वहां 45 से 50 प्रतिशत तक मतदान हुआ । कुछ स्थानों पर मतदान 25 प्रतिशत तक रहा तो कुछ स्थानों पर 70 प्रतिशत तक मतदान हुआ ।

यहां प्राप्त अनधिकृत समाचारों के अनुसार गुल-गुलाब गढ़ क्षेत्र में सर्वाधिक मतदान हुआ । वहां 60 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ । सब से कम मतदान बनिहाल, डोडा, किश्तवाड़, रामबन और भद्रवाह क्षेत्रों में हुआ । यहां 40 से 42 प्रतिशत तक मतदान हुआ ।

खरसिया में मतदान तेज

मध्य प्रदेश के खरसिया में शुरू से ही मतदान में काफी तेजी रही । खरसिया में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री अर्जुन सिंह तथा भाजपा के श्री दिलीप सिंह जुदेव में कड़ी टक्कर थी तथा लश्कर पूर्व में भी शांतिपूर्वक मतदान हुआ । तुरा में मतदान की गति काफी धीमी रही जो बाद में बढ़ गई ।

गुजरात में बहुत कम मतदान

सूखाग्रस्त गुजरात के गोधरा लोकसभा चुनाव क्षेत्र तथा द्वारका व मालिया क्षेत्रों में आज हुए उपचुनावों में मतदान काफी कम हुआ ।

छपरौली व टांडा

उत्तर प्रदेश में छपरौली संसदीय चुनाव क्षेत्र में आज 60 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया । टांडा विधान सभा चुनाव क्षेत्र में भी 60 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाले ।

एक वर्तमान व एक भूतपूर्व मुख्यमंत्री के भाग्य का फैसला

आज हुए उपचुनाव में एक वर्तमान मुख्यमंत्री श्री अर्जुन सिंह तथा एक भूतपूर्व मुख्यमंत्री के भाग्य का फैसला मतदाताओं ने किया है । मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री अर्जुन सिंह सरसिया क्षेत्र से चुनाव मैदान में हैं तो भूतपूर्व मुख्यमंत्री विलियम संगमा मेघालय की तुरा लोकसभा चुनाव क्षेत्र में चुनाव मैदान में थे ।

पाली व खेतड़ी में मतदान शांतिपूर्वक रहा

राजस्थान के पाली संसदीय और खेतड़ी विधान सभा चुनाव क्षेत्र में उपचुनाव के लिए मतदान आज सायं चार बजे शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गया ।

Punjabi Sanalam

पंजाब पुलिस के 2 सिपाहियों की हत्या, गोलियों से छलनी दो शव भी मिले

सीमा सुरक्षा बल की टुकड़ी बम हमले में बाल-बाल बची, नवांशहर गोलीकांड के विरुद्ध पूर्ण हड़ताल

मजीठा पुलिस ने एक राकेट लांचर, दो राकेट बरामद किए : खूंखार आतंकवादी गुरनाम सिंह गुट संघर्ष में मरा

कर्णपुर सैक्टर में सीमा सुरक्षा बल से मुठभेड़ में 5 घुसपैठिए मरे

चंडीगढ़, 17 जून (वार्ता, ह.स.): पंजाब में आतंकवादियों की आपसी लड़ाई में एक खूंखार आतंकवादी गुरनाम सिंह मारा गया । आतंकवादियों ने पंजाब पुलिस के 2 सिपाहियों की हत्या कर दी, जबकि जिला अमृतसर में गोलियों से छलनी 2 लाशें मिलीं । 5 पाकिस्तानी घुसपैठिये भी मारे गए ।

मजीठा पुलिस ने आतंकवादियों के एक अड्डे से एक राकेट लांचर तथा 2 राकेट बरामद किए । अटारी क्षेत्र में बम से किए गए हमले में बी.एस.एफ. की एक गश्ती टुकड़ी बाल-बाल बच गई । नवांशहर गोलीकांड के विरुद्ध आज वहां पूर्ण हड़ताल रही ।

सुरक्षा बलों ने फरीदकोट, अमृतसर, गुरदासपुर और फिरोजपुर जिलों में आतंकवादियों के ठिकानों पर छापे मार कर अज्ञात संख्या में संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार किया । नकोदर पुलिस ने एक ईंटों का भट्ठा तथा पैट्रोल पम्प लूट कर भाग रहे दो आतंकवादियों को काबू कर लिया ।

आतंकवादी मारा गया

अमृतसर (वि.प्र.): थाना बल्टोहा के अन्तर्गत गांव असल अवतार में दो आतंकवादी गुटों के मध्य हुए संघर्ष में एक खूंखार आतंकवादी गुरनाम सिंह मारा गया । घोषित अपराधी गुरनाम सिंह को घर से ठिकाने से घसीट कर बाहर निकाला गया और गोली मार दी गई । अनेक अपराधों के लिए वांछित गुरनाम सिंह की पुलिस काफी देर से तलाश कर रही थी ।

राकेट लांचर, 2 राकेट मिले

मजीठा पुलिस जिला के इलाका लोपोके में पुलिस ने भिंडरांवाला टाइगर फोर्स आफ खालिस्तान के एक अड्डे से एक राकेट लांचर तथा दो राकेट बरामद किए । मजीठा पुलिस जिला के चीफ श्री हरजीत सिंह ने बताया कि यह हथियार कल गिरफ्तार किए गए एक शरणदाता गुरमेल सिंह से की गई पूछताछ के आधार पर बरामद किए गए जो कि एक फार्म हाऊस में छिपाए गए थे । पुलिस को गुरमेल सिंह से दो ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफलें और विभिन्न बोरों के 500 के लगभग कारतूस मिले । श्री राजेन्द्र सिंह ने कहा कि राकेट लांचर तथा राकेट बी.टी.एफ. के. के उस गिरोह के हैं, जो हाल ही में थंडे गांव के सी.आर.पी. की चौकी पर हमले के लिए जिम्मेदार था । इस हमले में सी.आर.पी. के दो जवान शहीद हुए थे ।

दो लाशें मिलीं

थाना जंडियाला के गांव अकालगढ़ ढैपइयां तथा थाना अजनाला के गांव चक औल से एक-एक गोलियों से छलनी लाश मिली । बताया जाता है कि अकालगढ़ ढैपइयां में एक ग्रामीण प्रीतम सिंह ने अपने फार्म हाऊस के करीब चार-पांच गोलियां चलने की आवाज सुनी लेकिन रात को भय के कारण वह घटनास्थल की ओर न गया । सुबह उसने एक गोलियों से छलनी लाश देख कर पुलिस को सूचित किया । थाना अजनाला के गांव चक औल से भी पुलिस ने एक 23-24 वर्षीय क्लीन शेवन युवक की लाश बरामद की । इस लाश की सूचना पुलिस को गांव के सरपंच सोहन सिंह ने आज सुबह दी । दोनों ही लाशों की पहचान नहीं हो सकी ।

5 घुसपैठिये मरे

अबोहर (सदोष): आज सुबह कर्णपुर सैक्टर में छातियावाली चैक पोस्ट पर सीमा सुरक्षा बल के साथ एक मुठभेड़ में 5 पाकिस्तानी घुसपैठिये मारे गए । उनके कुछ साथी बच कर भाग निकलने में सफल हो गए । मृतकों के पास से 5 सौ रुपए की भारतीय करंसी तथा कराची के पते वाले कुछ विवाह-कार्ड भी बरामद हुए ।

2 कांस्टेबलों की हत्या

लुधियाना (ह.स.): जिले में आज पंजाब राज्य बिजली बोर्ड की नकद राशि के साथ जा रहे पंजाब पुलिस के दो कांस्टेबलों की चार आतंकवादियों ने हत्या कर दी । घटना यहां से 45 किलो मीटर दूर लक्खा गांव में हुई । आतंकवादी कांस्टेबलों की राइफलें लेकर भाग गए । पुलिस के अनुसार दोनों कांस्टेबल बंता सिंह और सुरेन्द्र कुमार बैंक में जमा करने के लिए धन राशि लेकर वैन से बाहर निकले उन पर आतंकवादियों ने गोलियां चलाई और उनकी हत्या कर दी ।

पैट्रोलिंग पार्टी पर बम फैंका

बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना डेरा बाबा नानक के गांव दर्गाबाद के निकट सीमा सुरक्षा बल की एक पैट्रोलिंग पार्टी पर आतंकवादियों ने गत रात बम फैंका । पुलिस के अधिकारिक सूत्रों के अनुसार इस विस्फोट में किसी जवान को क्षति नहीं हुई लेकिन जिस गाड़ी पर बी.एस.एफ. गश्त कर रही थी, उसको काफी क्षति पहुंची है ।

हत्यारों की शिनाख्त

पुलिस के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि गत रात श्रीहरगोबिंदपुर के गांव भोमा बोजा के निकट आतंकवादियों की गोलियों से मारे गए रछपाल सिंह बिल्ला व उसके प्राइवेट गनमैन चन्ना के हत्यारों की शिनाख्त गांव टडियाला नजारा के पप्पू और गांव चौधरीवाल के गुरनाम सिंह जो कि खालिस्तान कमांडो फोर्स से सम्बन्धित हैं, के रूप में की गई है । इन्होंने पहले भी मृतक के पिता गांव चुंग थाना महिता के भूतपूर्व सरपंच अजीत सिंह के घर पर फायरिंग की थी व धमकी पूर्ण पत्र लिखे थे कि वे शराब के ठेके छोड़ दें ।

11 संदिग्ध गिरफ्तार

बटाला में तैनात सीमा सुरक्षा बल व पुलिस ने संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद तीन संदिग्ध युवकों कुलदीप सिंह, हरपाल सिंह व तथबीर सिंह को गिरफ्तार करके एक 32 बोर का रिवाल्वर, एक 12 व एक 303 बोर का पिस्तौल और 4 जीवित व 5 चले कारतूस बरामद किए हैं । पुलिस जिला बटाला के आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए बताया

विश्वनाथ प्रताप अस्थिरता फैलाने वालों के

Punjabi Sanatan

आरोप में साहन मसीह, दलबीर सिंह व गज्जन सिंह को गिरफ्तार किया है तथा थाना कलानौर पुलिस ने एक संदिग्ध व्यक्ति मोहन सिंह को गिरफ्तार किया है ।

दोनाली छीनी

गत रात थाना बटाला सदर के गांव जैतो सरजा के गज्जन सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में घुसकर चार सशस्त्र आतंकवादियों ने उसकी 12 बोर की लाइसैंसशुदा दोनाली बंदूक छीन ली ।

धमकी भरा पत्र

सुनाम (नागपाल): यहां से 25 किलोमीटर दूर दड़बा मंडी में एक व्यक्ति रघुबीर सिंह स्वर्णकार की दुकान के बाहर कल शाम हाथ से लिखा एक धमकीपूर्ण पत्र चिपका हुआ पाया गया जिसमें कहा गया कि 25 जून को कूलर घराट में 50 हजार रुपए पहुंचा दो वरना परिवार सहित खत्म कर दिया जाएगा । पुलिस ने पोस्टर फाड़ डाला है तथा जांच शुरू कर दी है ।

दो आतंकवादी गिरफ्तार

Punjab Sarkari

पुलिस जिला बटाला के गांव भोमा बोझा में उग्रवादियों ने वीरवार की रात को शराब के ठेकेदार और उसके गनमैन की हत्या कर दी। (1) शराब के ठेकेदार रछपाल सिंह बिल्ला, (2) उसके प्राइवेट गनमैन गुरचरण सिंह चन्न का शव, (3) मृतक बिल्ला का पिता व अन्य सम्बन्धी शोक-मग्न खड़े हैं। (छाया : कोछड़)

Punjabi Sanatani

बज दो स्कूटर सवार लुटेरों ने ईंटों का एक भट्ठा तथा एक पैट्रोल पम्प लूट लिया । सबसे पहले इन लुटेरों ने ईंटों का भट्ठा, जो नकोदर-मलसियां रोड पर है, लूटा तथा बाद में उन्होंने नकोदर-जालन्धर रोड पर स्थित मै. भगत राम एंड संज़ के पैट्रोल पम्प से 273 रुपए लूट लिए । यह पता नहीं चला कि ईंटों के भट्ठे से कितने पैसे लूटे गए । पैट्रोल पम्प के करिन्दे ने बताया कि दो स्कूटर सवार उनके पम्प पर आए । आते ही उन्होंने टैलीफोन की तारें तोड़ दीं और कहा—आपके पास जो कुछ है हमारे हवाले कर दो । पैट्रोल पम्प के करिन्दे ने उनको 273 रुपए दे दिए जो उसके पास थे । उसने बताया कि उनमें से एक ने पीला तथा दूसरे ने काला पटका बांध रखा था । उनके स्कूटर का नम्बर पी.एल.एच. 8390 था और स्कूटर का रंग सफेद था । नकोदर पुलिस ने तत्काल सूचना मिलने के पश्चात् उनका पीछा किया तथा उन दोनों को नकोदर-जालन्धर रोड पर स्थित गांव कंग साबू के नजदीक पकड़ लिया । समझा जाता है कि वहां पर उन्होंने शराब का ठेका लूटना था । उनसे तीन रिवाल्वर तथा पांच कारतूस बरामद हुए हैं ।

स्कूटर छीन लिया

आज बाद दोपहर नकोदर में चार आतंकवादियों ने एक व्यक्ति गुरदीप सिंह से उसका स्कूटर छीन लिया । एक अन्य वारदात में इतने ही आतंकवादी गांव कुनार में एक व्यक्ति स्वर्ण सिंह के घर में घुस गए तथा 35,000 रुपए मूल्य के सोने के ज़ेवर, टेप रिकार्डर तथा अन्य कीमती सामान ले उड़े । पुलिस ने बताया कि आतंकवादियों ने फरार होने से पहले स्वर्ण सिंह की पत्नी और बच्चों को एक कमरे में बंद कर दिया । स्वर्ण सिंह स्वयं घर पर नहीं था । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच आरम्भ कर दी है ।

4 गिरफ्तार

होशियारपुर (स.): माहिलपुर पुलिस ने आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में अजनोहा ग्राम के हरकिशन सिंह तथा उसके तीन लड़कों गुरदीप सिंह, गुरदर्शन सिंह व कुलवीर सिंह को

सगरां चौक के निकट दो सशस्त्र युवक एक व्यक्ति प्रीतम सिंह से उसका बजाज चेतक स्कूटर सी.एच.ई. 9219 छीन कर फरार हो गए । उन्होंने प्रीतम सिंह पर फायर भी किया लेकिन वह बाल-बाल बच गया ।

मुकेरियां पुलिस के आज प्रातः पेपर मिल के निकट नाकाबंदी के समय एक व्यक्ति रविन्द्र कुमार से एक देसी पिस्तौल बरामद किया ।

चांदला की अंत्येष्टि

नवांशहर (शर्मा): कल आतंकवादियों की गोलियों से शहीद होने वाले श्री बख्शीश राम चांदला का अन्तिम संस्कार भारी सुरक्षा प्रबन्धों के अन्तर्गत किया गया । इस अवसर पर एस.डी.एम. श्री बांसल, एस.पी. (डी) श्री सुरजीत सिंह, भूतपूर्व इंका विधायक श्री दिलबाग सिंह के अतिरिक्त क्षेत्र के हजारों लोग उपस्थित थे । चिता को आग श्री चांदला के बड़े लड़के श्री विनोद कुमार चांदला ने दिखाई । आज शहर में पूर्ण शोक हड़ताल रही । श्री चांदला की रस्म चौथा शनिवार 18 जून प्रातः साढ़े सात बजे अदा की जाएगी ।

नवांशहर गोली कांड में मारे गए प्रकाश चन्द नम्बरदार का अन्तिम संस्कार उसके लड़के के इंगलैंड से आने पर किया जाएगा ।

'खालिस्तान लिबरेशन फोर्स' ने कल नवांशहर में इंका नेता श्री बख्शीश राम और उनके मित्र प्रकाश सिंह की हत्या की जिम्मेदारी अपने ऊपर ली है । इसी बीच नवांशहर गोली कांड के अभियुक्तों की तलाश में आज सुरक्षा बलों ने फगवाड़ा, नवांशहर, बंगा और नूरमहल में छापे मारे तथा घर-घर की तलाशी ली । इस कार्रवाई में कुछ व्यक्ति पूछताछ के लिए हिरासत में लिए गए ।

2 आतंकवादी गिरफ्तार

फिरोजपुर में सुरक्षा बलों ने गत रात गांव मक्खू के निकट दो संदिग्ध आतंकवादियों स्वर्ण सिंह साधावला तथा जगन्नाथ उर्फ जग्गी को गिरफ्तार किया । उनसे एक .315 बोर का पिस्तौल और 9 कारतूस बरामद हुए ।

Punjabi Sanjan

...ी, ममदोट क्षेत्र में घुसपैठिया मारा गया

शिवाला भाइयां बम कांड का एक और घायल दम तोड़ गया

कांस्टेबल के परिवार के 3 सदस्य फायरिंग में घायल

चंडीगढ़, 18 जून (वार्ता, ह.स.): गत 24 घंटों के दौरान पंजाब में 2 व्यक्तियों की आतंकवादियोंने हत्या कर दी जबकि तीन को घायल कर दिया । अमृतसर के शिवाला भाइयां बम कांड का एक और घायल आज दम तोड़ गया । तरनतारन पुलिस ने एक आतंकवादी गिरोह के तीन सदस्यों को उस समय गिरफ्तार कर लिया जबकि वे एक समुदाय के लोगों की हत्या करने की योजना बना रहे थे । ममदोट क्षेत्र में एक पाक घुसपैठिया मारा गया । सुरक्षा बलों ने 20 आतंकवादियों व उनके शरणदाताओं को गिरफ्तार किया । पाकिस्तान से सीमा पार करके आए 5 आतंकवादी गिरफ्तार किए गए ।

किसान की हत्या

अमृतसर (वार्ता): गत रात थाना भिखीविंड के अंतर्गत ठट्ठा गांव में तीन आतंकवादियों ने काबुल सिंह नामक किसान की हत्या कर दी । पुलिस ने बताया कि वारदात के समय काबुल सिंह घर को लौट रहा था ।

घायल चल बसा

इसी मध्य 30 मई को शिवाला भाइयां में हुए बमकांड के एक और घायल की आज प्रात: यहां सिविल अस्पताल में मृत्यु हो गई । उसकी पहचान विशाल कुमार (11) के रूप में हुई है । इस प्रकार इस कांड के मृतकों की संख्या 30 हो गई है । विशाल कुमार स्थानीय विजय नगर का निवासी था ।

तस्कर गिरफ्तार

खालड़ा पुलिस ने तरनतारन क्षेत्र के एक बदनाम हथियार तस्कर बलबीर सिंह को गिरफ्तार किया । वह सीमा पार से अत्याधुनिक हथियारों की तस्करी में सक्रिय था ।

3 आतंकवादी गिरफ्तार

तरनतारन पुलिस जिला अध्यक्ष श्री संजीव कालिया ने बताया कि एक सूचना मिलने पर सुरक्षा बलों ने हरीके क्षेत्र में आतंकवादियों के एक अड्डे पर छापा मार कर एक गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया जबकि वे एक विशेष समुदाय के लोगों की हत्या करने की योजना बना रहे थे । गिरफ्तार किए गए आतंकवादियों के नाम मुख्तार सिंह, रेशम सिंह तथा चरणजीत सिंह हैं । उनसे 5 अग्नेयास्त्र तथा 50 कारतूस बरामद हुए ।

चौकी पर हमला

तरनतारन से पत्र के अनुसार गत रात लगभग हो गए ।

मुठभेड़

तरनतारन से 28 किलो मीटर दूर गांव कोठी दलावलपुर में आज सुबह 8.30 बजे एक युवक पर सी.आर.पी.एफ. के एक हवालदार को संदेह हो गया । वह माधवी चौकी में इस बारे सूचना देने के लिए गया ही था कि युवक गांव राहल चक की ओर भाग गया । गांव के निकट ही गश्ती टुकड़ी से उसकी टक्कर हो गई । दोनों ओर से गोली चली लेकिन वह फिर भी फरार होने में सफल हो गया । पुलिस ने गांव राहल चक को घेरा डाल कर 15 युवकों को इस संबंध में पकड़ लिया जिनकी पूछताछ के बाद रिहा कर दिया गया ।

चार आतंकवादी गिरफ्तार

होशियारपुर (अश्विनी): हरयाना पुलिस ने गत रात्रि नाकाबंदी के मध्य दो स्थानों पर चार आतंकवादियों को गिरफ्तार किया । यह जानकारी देते हुये एस.एस.पी. श्री परमजीत सिंह संधु ने आज संवाददाताओं को बताया कि गिरफ्तार किये गये आतंकवादी हत्या, हत्या के प्रयत्न व लूटपाट करने की कई घटनाओं में पुलिस को वांछित थे । श्री संधु ने बताया कि इन आतंकवादियों की निशानदेही पर पुलिस ने लोगों से छीना गया एक स्कूटर, एक मोपेड व लगभग 2 लाख रुपये मूल्य के सोने के जेवर, अन्य सामान तथा नगदी बरामद की । एस.एस.पी. ने बताया कि गिरफ्तार किये गये आतंकवादी बलबीर सिंह उर्फ बीरा बाजीगर, धमौली, सुरेंद्र पाल सिंह छिंदा बैरागी नंदाचौर, राजेश कुमार उर्फ बिल्ला, बुल्लोवाल तथा सुच्चा सिंह बाजीगर नंदाचौर ने पछताछ के मध्य स्वीकार किया कि इन्होंने 3 जून की रात्रि को बुल्लोवाल ग्राम से हैडमास्टर श्री कुलविंद्र सिंह के घर से 8 तोले सोने के जेवर तथा एक मोपेड छीनी थी, 14 मई को इन्होंने नूरपुर गौराया के एक व्यक्ति प्रीतम दास के घर से 40 हज़ार रुपये मूल्य के जेवर व लगभग 18 हजार रुपए नकदी लूटी थी । इन्होंने यह भी स्वीकार किया कि 23 मई को लूटने के उद्देश्य से बाबा मोहर सिंह ग्राम में एक व्यक्ति तरसेम सिंह पर हमला करके उसकी हत्या कर दी थी । चौटाला ग्राम में प्लास्टिक की स्टेनगन दिखा कर एक व्यक्ति श्री जोगिन्द्र सिंह से उसका स्कूटर छीना था तथा 2 मार्च 88 को मुडीयां सरहाला ग्राम में आई.बी. के एक कांस्टेबल दीदार सिंह पर बरछे से हमला करके उसका साईकल, नगदी व एक खाद की बोरी छीन ली थी । एस.एस.पी. ने बताया कि इनसे और पूछताछ जारी है ।

लक्खा कांड का विवरण

लुधियाना (महिन्द्रा): कल 12 बजे दोपहर जिन चार उग्रवादियों ने दो पुलिस कर्मचारियों सुरेन्द्र कुमार और बंता सिंह की हत्या कर दी थी, उसके बारे में एस.एस.पी. श्री ए.पी. पांडे ने बताया कि लक्खा गांव के बिजली बोर्ड कार्यालय में 50 हजार रुपया था । बिजली बोर्ड वालों ने काथूर पुलिस चौकी से यह फोर्स मंगवाई थी ताकि यह रकम बैंक में जमा कराई जा सके । श्री पांडे के अनुसार यह चार उग्रवादी पहले बिजली बोर्ड कार्यालय के बाहर खड़े थे । जब पुलिस कर्मचारी अपनी राइफलों समेत पुलिस की गाड़ी से उतरे तो उग्रवादियों ने फायरिंग करके उनकी हत्या कर दी । फिर उग्रवादी बिजली बोर्ड कार्यालय में घुस कर 2800 रुपए लेकर भाग गए । श्री पांडे के अनुसार उग्रवादी कार्यालय से एक स्कूटर तथा पुलिस कर्मचारियों की दो राइफलें भी ले गए । बाद में पुलिस ने स्कूटर बरामद कर लिया जोकि उग्रवादी रास्ते में छोड़ गए थे ।

गोलियों से छलनी शव मिला

फिरोजपुर (ह.स.): जिला में एक खेत में से गोलियों से छलनी एक शव बरामद किया गया । इसकी तत्काल रूप से पहचान नहीं हो सकी ।

घुसपैठिया मरा

आज प्रात: जिला फिरोजपुर के ममदोट क्षेत्र में लक्खा सिंह सीमा चौकी पर एक पाकिस्तानी घुसपैठिया सीमा सुरक्षा बल की गोली से मारा गया । उसका एक साथी वापस पाकिस्तान भाग जाने में सफल हो गया ।

शरणदाता गिरफ्तार

बटाला (कोछड़): गत रात जिला गुरदासपुर

पति की हत्या में 90 वर्ष कैद

सिएटल (अमरीका), 18 जून : अमरीका के एक जिला न्यायाधीश ने कल स्टेला निकेल नामक 44 वर्षीया महिला को अपने पति को साइनायड मिश्रित दर्दनाशक गोलियां खिला कर मार डालने के जुर्म में 90 साल कैद की सजा सुनाई ।

न्यायाधीश के आदेश के मुताबिक स्टेला निकेल को 30 वर्ष से पहले पैरोल पर भी

Punjab Sanjal

पंजाब में हत्यायें

(पृष्ठ 3 का शेष)

भाई), सुरजीत सिंह, सतनाम सिंह, लक्खा सिंह और बलविंदर सिंह हैं ।

कांस्टेबल के घर फायरिंग

मोगा (बांसल): दशमेश नगर में कल रात तीन संदिग्ध आतंकवादियों ने एक पुलिस कांस्टेबल के घर में घुस कर उसे, उसकी पत्नी तथा बच्चे को गोली मार कर घायल कर दिया । कांस्टेबल अपने परिवार के साथ टी.वी. देख रहा था । हमलावरों ने उसके घर का दरवाज़ा खटखटाया । ज्योंही कांस्टेबल ने दरवाज़ा खोला, हमलावर घुस आये और उन्होंने अंधाधुंध गोलियां चला कर तीनों को घायल कर दिया । उन्हें तत्काल पहले सदर अस्पताल और फिर क्रिश्चियन मैडिकल कालेज अस्पताल लुधियाना ले जाया गया जहां कांस्टेबल की हालत गम्भीर बताई गई है । कांस्टेबल का नाम राजपाल सिंह है तथा वह मोगा के सी.आई.ए. इंस्पैक्टर का गनमैन है ।

'आजाद' के अनुसार हमलावरों में से एक 'मोना' था । फायरिंग करने से पहले आतंकवादियों ने उसको कहा कि वह सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन के वर्करों को तंग करता है । इस पर कांस्टेबल और आतंकवादियों के मध्य गर्मागर्मी हो गई ।

ए.एस.आई. पर फायरिंग

अहमदगढ़ (पुरी) : आज रात 8.30 बजे थाना अहमदगढ़ के ए.एस.आई. गुरदयाल सिंह को धूलकोट रोड पर घात लगा कर बैठे आतंकवादियों ने गोलियां मार कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया । श्री सिंह, जिनके चेहरे, गर्दन तथा टांगों पर गोलियां लगी हैं, को सी.एम.सी. लुधियाना भेजा गया है । घटना स्थल से कुछ दूर पुलिस का स्थायी नाका था तथा गोलियों की आवाज़ सुन कर पुलिस वहां पहुंची, परन्तु आतंकवादी अन्धेरे में भाग निकले । श्री सिंह धूलकोट रोड पर स्थित एक शैलर से वापिस आ रहे थे ।

टैम्पो छीन लिया

दोराहा से 'आनंद' के अनुसार थाना सतनेवाल के गांव रामगढ़ के निकट आज सुबह चार संदिग्ध उग्रवादियों ने एक टैम्पो को रोक कर छीन लिया तथा इसके क्लीनर को वृक्ष के साथ बांध दिया । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

बम कांड के संबंध में 4 का रिमांड

फगवाड़ा (राकेश): कल स्थानीय थाना सिटी पुलिस ने यहां पर 26 मई की रात को हुए बम विस्फोट, जिसके कारण 3 अप्रवासी श्रमिक मारे गए थे, के संबंध में हरभजन सिंह, रजिन्दर सिंह, राज कुमार व हरविन्दर सिंह नामक 4 संदिग्ध व्यक्ति गिरफ्तार किए हैं । पुलिस ने उन्हें अदालत में पेश किया । अदालत ने चारों व्यक्तियों का 20 जून तक पुलिस रिमांड दे दिया है ।

बाजीगर सेवादल की आपात बैठक आज

फगवाड़ा, 18 जून (अशोक): शिरोमणि अकाली दल के बाजीगर सेवा दल विंग की आपातकाल बैठक 19 जून रविवार को प्रातः 11 बजे नाभा में होगी । दल के अध्यक्ष सोना राम लालिका के अनुसार इस बैठक में राज्य की ज्वलंत समस्याओं व संगठनात्मक विषयों पर विचार होगा ।

Punjabi Sanatani

व सेना नेता रमाकांत समेत पंजाब में 8, हरियाणा में

ण' देख रहे लोगों पर शक्तिशाली बम फैंका गया, 27 लोग घायल हुए

पंजाब, हरियाणा, हिमाचल, चंडीगढ़, दिल्ली व अन्य उत्तरी रा

वालों में 5 पुलिस कर्मी भी शामिल : मोगा-तूतवाला में सुरक्षा बलों से मुठभेड़ों में 5 उ

सी.आर.पी. की एक गश्ती टुकड़ी ने अपने कमांडर निर्मल सिंह के नेतृत्व में सम्पर्क मार्ग पर पलाही गांव तक उनका पीछा किया । मगर उग्रवादियों का कोई पता नहीं चला । पोस्टमार्टम के लिए तीनों लाशें सिविल अस्पताल में लाई गई । डी.एस.पी. दीवान चन्द, सी.आर.पी. कमांडैंट एन.पी. दत्ता, एस.पी. आप्रेशन संतोख सिंह तथा अन्य उच्चाधिकारी सिविल अस्पताल पहुंच गए हैं । सिविल अस्पताल के बाहर हजारों लोग एकत्रित हैं और नारे लगा रहे हैं ।

इस बीच हिन्दू शिव सेना उत्तर क्षेत्र के कार्यकारी प्रधान श्री एस.के. सरवाल, हिन्दू सुरक्षा समिति उत्तर क्षेत्र के प्रधान श्री पवन कुमार शर्मा और हिन्दू सुरक्षा समिति चंडीगढ़ के प्रधान राकेश महाजन भी पहुंच गए हैं । उपरोक्त सभी नेताओं ने कल पंजाब बंद की काल दी है । होशियारपुर हिंदू शिवसेना ने इन हत्याओं की निंदा की ।

पंजाब प्रदेश कांग्रेस (इ) के संयुक्त सचिव श्री जोगेन्द्र सिंह मान और पंजाब भाजपा के उपाध्यक्ष चौधरी स्वर्णा राम जिला भाजपा के प्रधान रामस्वरूप और भारतीय जनता युवा मोर्चा के सुरेन्द्र चोपड़ा और राजेन्द्र चड्ढा ने इन हत्याओं की जोरदार शब्दों में निंदा की है और कातिलों को तुरन्त गिरफ्तार करने की मांग की है । उन्होंने श्री जलोटा और श्री विनोद गुप्ता के परिवारों को तुरन्त सहायता देने और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को प्रभावी बनाने की भी मांग की है । इन हत्याओं से शहर में कोहराम मच गया है और भारी आतंक फैल गया है ।

यह बात विशेष उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व श्री जलोटा की हत्या करने की कोशिश की गई थी । पिछले दिनों जब फगवाड़ा में जे.सी.टी. मिल्स के पास बम विस्फोट हुआ था तो आतंकवादियों ने स्वीकार किया था कि वह बम श्री जलोटा को मारने के लिए लाया गया था मगर तब श्री जलोटा बच गए थे क्योंकि तब वह बाबा बालक नाथ के दर्शनों के लिए गए हुए थे ।

अंतिम संस्कार

आज शाम 6½ बजे बंगा रोड के श्मशान घाट पर श्री रमाकांत जलोटा और श्री विनोद गुप्त का किया । उन्होंने अपना मुख्यालय भी कुछ दिनों के लिए फगवाड़ा बना लिया है ।

ट्रक जलाने की कोशिश

इस घटना के बाद उत्तेजित लोगों ने रास्तों पर रुकावटें खड़ी कर दीं । कुछ लोगों ने एक ट्रक को रोक कर आग लगाने की कोशिश की, परन्तु समझदार लोगों के समझाने-बुझाने पर यह स्थिति टल गई ।

बूटा सिंह को शोक

केंद्रीय गृह मंत्री श्री बूटा सिंह ने आज इस संकल्प को दोहराया कि केंद्रीय सरकार आतंकवाद का अंत होने तक इसके विरुद्ध लड़ाई जारी रखेगी । उन्होंने यह बात आज फगवाड़ा में अपने भांजे श्री जोगेंद्र सिंह मान के साथ टैलीफोन पर हुई बातचीत में बताई । श्री बूटा सिंह ने श्री मान से कहा कि वह उनकी हार्दिक सम्वेदना श्री जलोटा के परिवार के सदस्यों तक पहुंचा दें ।

चंडीगढ़ में राष्ट्रीय सुरक्षा समिति पंजाब की प्रैस सचिव लक्ष्मी कांता चावला ने हिन्द शिव सेना पंजाब के अध्यक्ष रमाकांत जलोटा की हत्या पर शोक व्यक्त करते हुए लोगों से अपील की कि वे राज्य में कानून व्यवस्था कायम रखने के बारे में ढील रवैये के विरुद्ध रोष स्वरूप वे कल 'बंद' रखें । उन्होंने प्रधानमंत्री से अपील की कि वह आपरेशन ब्लैक थंडर की बधाई लेने की बजाए राज्य के लोगों की जान-माल की रक्षा की ओर ज्यादा ध्यान दें ।

बम विस्फोट में 15 मरे

कुरुक्षेत्र (नन्हा, वार्ता): आज यहां हुए भीषण बम विस्फोट में 15 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई जबकि 27 घायल हुए, जिनमें छह की हालत गम्भीर बताई जाती है । खबरों के अनुसार बम विस्फोट में 11 व्यक्तियों ने मौके पर दम तोड़ दिया जबकि 4 अन्य अस्पताल में दम तोड़ गए । यह शक्तिशाली बम विस्फोट उस वक्त हुआ जब सुबह दस बजे के करीब लोग एक इलैक्ट्रानिक की दुकान में टैलीविजन पर रामायण धारावाहिक देख रहे थे ।

पुलिस को संदेह है कि यह हमला पड़ोसी राज्य पंजाब के आतंकवादियों ने किया ।

अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए और बचाव एवं राहत कार्यों की देखरेख कर रहे हैं ।

कुरुक्षेत्र जिले के शाहाबाद में इसी वर्ष अप्रैल में आतंकवादियों ने विधायक हरनाम सिंह के परिवार के तीन सदस्यों की हत्या कर दी थी तथा श्री हरनाम सिंह और उनकी पत्नी समेत पांच लोगों को घायल कर दिया था । आतंकवादियों के हमले में गत एक जनवरी को भारतीय जनता पार्टी के विधायक शिव प्रसाद भी बाल-बाल बचे थे, उनका नौकर मारा गया था ।

दुकान मालिक का बच्चा बच गया

'धमीजा' के अनुसार किला तेज प्रताप के पास मार्कीट में 'जगत इलैक्ट्रॉनिक' नामक जिस दुकान पर यह धमाका हुआ, उसका मालिक सीता राम सैनी घटना के समय दुकान पर नहीं था तथा वह अपने एक कर्मचारी को दुकान पर बिठा कर किसी का टी.वी. ठीक करने गया हुआ था । धमाके में वह बच्चा तथा दुकान के अंदर बैठे पांच-छह व्यक्ति बाल-बाल बच गए जबकि मरने वाले व घायल होने वाले सभी व्यक्ति बाहर खड़े हुए थे ।

मरने वालों में 40 वर्षीय वरियाम चंद भी है, जो करनाल से यहां पीर की समाधि पर मन्नत मांगने आया था । एक घायल के अनुसार दुकान के बाहर 40 से अधिक व्यक्ति खड़े 'रामायण' देख रहे थे ।

विशेषज्ञ घटनास्थल पर

मधुबन पुलिस संस्थान के विशेषज्ञों ने घटना स्थल का दौरा किया तथा धमाके के कारणों की जांच के लिए मलबा आदि को इकट्ठा किया ।

छात्रों द्वारा रक्तदान

बम कांड की खबर शहर में जंगल की आग की तरह फैल गई । अस्पताल में मृतकों के सम्बन्धी विलाप कर रहे थे तथा साथ में घायलों की चीखें वातावरण को अत्यन्त कारुणिक बना रही थीं । अनेक लोगों तथा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के छात्रों ने घायलों की प्राण रक्षा हेतु रक्त दान किया । नगर की अनेक राजनीतिक पार्टियां इंका, जपा, भाजपा आदि तथा अन्य सामाजिक संस्थाएं भी राहत कार्यों में जुट गई ।

मंत्रियों द्वारा दौरा

वारदात में 33 लोग घायल हुए । घायलों में से 26 को कुरुक्षेत्र अस्पताल में दाखिल कराया गया है जिनमें एक महिला कमलेश देवी भी शामिल है । अस्पताल में दाखिल कराए गए अन्य घायलों में अमरनाथ, जगदीश, महेंद्र पाल, रोशन लाल, मेवा सिंह, नरेश, जीत सिंह, रामेश्वर, ओम प्रकाश, राम नाथ, राजेंद्र सिंह, हंस राज, मस्त राम, बिशन सिंह, जसवंत सिंह, बान कृष्ण, कर्मा, ओम प्रकाश, कृष्ण लाल, दत्ता राम, पूर्ण चंद, सुभाष चंद, रमेश भाटिया, बलदेव सिंह, अत्तर प्रकाश शामिल है ।

इंस्पैक्टर सहित 4 पुलि मारे गए

पटियाला (मुख्य): हि उग्रवादियों में हुई भिड़तों में सहित चार पुलिस कर्मी म



Punjabi Sahatari

श्री एस.के. सरवाल, हिन्दू सुरक्षा
त्र के प्रधान श्री पवन कुमार शर्मा
ा समिति चंडीगढ़ के प्रधान राकेश
च गए हैं । उपरोक्त सभी नेताओं ने
की काल दी है । होशियारपुर हिंदू
हत्याओं की निंदा की ।

श कांग्रेस (इ) के संयुक्त सचिव श्री
न और पंजाब भाजपा के उपाध्यक्ष
राम जिला भाजपा के प्रधान
भारतीय जनता युवा मोर्चा के सुरेन्द्र
राजेन्द्र चड्ढा ने इन हत्याओं की
में निंदा की है और कातिलों को तुरन्त
की मांग की है । उन्होंने श्री जलोटा
गुप्ता के परिवारों को तुरन्त सहायता
ंख्यकों की सुरक्षा को प्रभावी बनाने
ी है । इन हत्याओं से शहर में
ाया है और भारी आतंक फैल गया

शेष उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व श्री
या करने की कोशिश की गई थी ।
फगवाड़ा में जे.सी.टी. मिल्स के पास
आ था तो आतंकवादियों ने स्वीकार
ह बम श्री जलोटा को मारने के लिए
मगर तब श्री जलोटा बच गए थे
बाबा बालक नाथ के दर्शनों के लिए

र

6½ बजे बंगा रोड के श्मशान घाट
त जलोटा और श्री विनोद गुप्त का
निकट ही अंतिम संस्कार कर दिया
वसर पर हजारों स्त्री पुरुष मौजूद
लगा रही थी, "जब तक सूरज चांद
ेरा नाम रहेगा ।" इस मौका पर
बन्ध थे । श्री जलोटा के साथ मारे
ा शव अंतिम संस्कार के लिए
ज दिया गया । फगवाड़ा शांति
न श्री देस राज शर्मा ने बताया कि
ी आर्य हाई स्कूल बंगा रोड पर शांति
क सभा होगी ।

ार चालक हिरासत में

ी खोसला के अनुसार पुलिस ने श्री
चालक सेवा सिंह को हिरासत में ले
उससे पूछताछ शुरू कर दी है ।
कि उग्रवादियों के फायरिंग करने पर
र निकल आया था और उसे कोई भी
ा ।

ो. श्री भट्टी और पी.ए.पी. के
सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण

संकल्प को दोहराया कि केंद्रीय सरकार आतंकवाद का अंत होने तक इसके विरुद्ध लड़ाई जारी रखेगी ।" उन्होंने यह बात आज फगवाड़ा में अपने भांजे श्री जोगेंद्र सिंह मान के साथ टैलीफोन पर हुई बातचीत में बताई । श्री बूटा सिंह ने श्री मान से कहा कि वह उनकी हार्दिक सम्वेदना श्री जलोटा के परिवार के सदस्यों तक पहुंचा दें ।

चंडीगढ़ में राष्ट्रीय सुरक्षा समिति पंजाब की प्रैस सचिव लक्ष्मी कांता चावला ने हिन्दू शिव सेना पंजाब के अध्यक्ष रमाकांत जलोटा की हत्या पर शोक व्यक्त करते हुए लोगों से अपील की कि केंद्र के राज्य में कानून व्यवस्था कायम रखने के बारे में ढीले रवैये के विरुद्ध रोष स्वरूप वे कल 'बंद' रखें । उन्होंने प्रधानमंत्री से अपील की कि वह आप्रेशन ब्लैक थंडर की बधाई लेने की बजाए राज्य के लोगों की जान-माल की रक्षा की ओर ज्यादा ध्यान दें ।

बम विस्फोट में 15 मरे

कुरुक्षेत्र (नन्हा, वार्ता): आज यहां हुए भीषण बम विस्फोट में 15 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई जबकि 27 घायल हुए, जिनमें छह की हालत गम्भीर बताई जाती है । खबरों के अनुसार बम विस्फोट में 11 व्यक्तियों ने मौके पर दम तोड़ दिया जबकि 4 अन्य अस्पताल में दम तोड़ गए । यह शक्तिशाली बम विस्फोट उस वक्त हुआ जब सुबह दस बजे के करीब लोग एक इलैक्ट्रानिक की दुकान में टैलीविजन पर रामायण धारावाहिक देख रहे थे ।

पुलिस को संदेह है कि यह हमला पड़ोसी राज्य पंजाब के आतंकवादियों ने किया ।

पंजाब के आतंकवादियों द्वारा पिछले 43 दिनों के अंदर नरसंहार की यह दूसरी बड़ी घटना है । इससे पूर्व गत आठ मई को आतंकवादियों के एक दल ने पानीपत में चौदह व्यक्तियों को मौत के घाट उतार दिया था । इनमें महिलाएं एवं बच्चे भी शामिल थे । इसके अलावा इस वारदात में 26 व्यक्ति घायल हुए थे ।

बम विस्फोट होते ही सारे इलाके में दहशत फैल गई । पूरे इलाके में मृतकों के शरीरों के टुकड़े फैल गए और चारों ओर खून ही खून दिखने लगा । विस्फोट में इलैक्ट्रोनिक सामान की दुकान भी बर्बाद हो गई । स्थानीय निजी चिकित्सकों ने लोगों की सहायता से घायलों को रैफरल अस्पताल में भर्ती कराया । विस्फोट का समाचार जैसे ही लोगों ने सुना, लोगों ने विरोध में नारे लगाने शुरू कर दिए और साथ ही रैफरल अस्पताल की ओर दौड़ पड़े ।

शहर के सभी निकास मार्गों को सील कर दिया गया है तथा अन्य धार्मिक स्थलों पर पुलिस को तैनात कर दिया गया है । वरिष्ठ पुलिस और प्रशासनिक

दुकान मालिक का बच्चा बच गया

'धमीजा' के अनुसार किला तेज प्रताप के पास मार्कीट में 'जगत इलैक्ट्रोनिक' नामक जिस दुकान पर यह धमाका हुआ, उसका मालिक सीता राम सैनी घटना के समय दुकान पर नहीं था तथा वह अपने छोटे बच्चे को दुकान पर बिठा कर किसी का टी.वी. ठीक करने गया हुआ था । धमाके में वह बच्चा तथा दुकान के अंदर बैठे पांच-छह व्यक्ति बाल-बाल बच गए जबकि मरने वाले व घायल होने वाले सभी व्यक्ति बाहर खड़े हुए थे ।

मरने वालों में 40 वर्षीय वरियाम चंद भी है, जो करनाल से यहां पीर की समाधि पर मन्नत मांगने आया था । एक घायल के अनुसार दुकान के बाहर 40 से अधिक व्यक्ति खड़े 'रामायण' देख रहे थे ।

विशेषज्ञ घटनास्थल पर

मधुबन पुलिस संस्थान के विशेषज्ञों ने घटना स्थल का दौरा किया तथा धमाके के कारणों की जांच के लिए मलबा आदि को इकट्ठा किया ।

छात्रों द्वारा रक्तदान

बम कांड की खबर शहर में जंगल की आग की तरह फैल गई । अस्पताल में मृतकों के सम्बन्धी विलाप कर रहे थे तथा साथ में घायलों की चीखें वातावरण को अत्यन्त कारुणिक बना रही थीं। अनेक लोगों तथा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के छात्रों ने घायलों की प्राण रक्षा हेतु रक्त दान किया । नगर की अनेक राजनीतिक पार्टियां इंका, जपा, भाजपा आदि तथा अन्य सामाजिक संस्थाएं भी राहत कार्यों में जुट गई ।

मंत्रियों द्वारा दौरा

आज राज्य के चार मंत्रियों श्रीमती कमला वर्मा, श्रीमती सुषमा स्वराज, श्री सूरजभान तथा प्रो. सम्पत सिंह अस्पताल में घायलों का हाल पूछने गए । श्री सूरजभान ने कहा है कि सरकार मृतकों के आश्रितों तथा घायलों को उचित सहायता देगी तथा मुख्यमंत्री शीघ्र ही इस सहायता की घोषणा करेंगे ।

प्रो. सम्पत सिंह ने कहा है कि यह बम धमाका हरियाणा सरकार के एक साल पूरे करने तथा सिरसा उपचुनाव में लोकदल की जीत की खुशी के अवसर पर रंग में भंग डालने का एक षड्यंत्र भी हो सकता है परन्तु वह जांच व प्रमाणों के बिना इस बारे अधिक कुछ नहीं कहेंगे ।

स्वान की अपील

राज्य पुलिस महानिदेशक श्री एच. आर. स्वान ने घटनास्थल का दौरा किया तथा जनता से अपील की है कि वे शांत रहें ।

सीमाएं सील

श्री स्वान ने कहा है कि इस दर्घटना के दृष्टिगत राज्य की सीमाएं सील कर दी गई हैं तथा एक संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है । उन्होंने कहा



हिन्दू शिव सेना के अध्यक्ष श्री रमाकांत जलोटा, उनके मित्र श्री विनोद गुप्ता और श्री जलोटा के गनमैन अमरीक सिंह की उग्रव
को जालंधर-फगवाड़ा जी.टी. रोड पर दिन दहाड़े हत्या कर दी । चित्रों में (1) श्री जलोटा (इन्सैट) के शव पर संबंधी एवं मि
हुये, (2) श्री जलोटा की पत्नी, बहन, लड़की हृदय विदारक क्रंदन करते हुए, (3) श्री जलोटा की कार, जिस पर उग्रवादियों ने
कार के पिछले शीशे से गोलियां आर पार निकल गई, (4) श्री जलोटा, (5) श्री विनोद गुप्ता, (6) श्री अमरीक सिंह के शव,
की कार का ड्राइवर सेवा सिंह, जो बाल-बाल बच गया, (8) श्री जलोटा की हत्या करने के बाद उग्रवादी जिस कार में भाग
साइकल के साथ टकरा गई, (9) उग्रवादी भागते हुए जूते छोड़ गए, जो घटनास्थल से बरामद हुए हैं । (छाया : कपू

Punjabi Sahat

(1) कुरुक्षेत्र के बाजार में स्थित इलैक्ट्रानिक्स की दुकान पर बम विस्फोट के बाद का दृश्य । टी. वी. पर 'रामायण' देख रहे 15 लोग इस विस्फोट में मारे गए तथा 27 घायल हो गए, (2) दुकान की सीढ़ियों पर पड़े कुछ शव, (3 से 5) मृतकों के शव, (6 से 8) अस्पताल में उपचाराधीन 3 घायल, (9) कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के छात्रों की भीड़, जिन्होंने घायलों के लिए खून दिया
(छाया : नरेन्द्र जोशी, एम. के. रत्हन)

मानोचाहल उग्रवादियों को नए

सिरे से संगठित

तथा यदि कहीं कोई संदिग्ध वस्तु देखें तो पुलिस को सूचना दें । उन्होंने बताया कि आज के धमाके के संदर्भ में जिस युवक को पकड़ा गया है, उसकी मां के अनुसार वह अर्ध विक्षिप्त है, परन्तु फिर भी पुलिस पूछताछ जारी रखे हुए है ।

आज कुरुक्षेत्र बंद

स्टूडैंट्स यूनियन कुरुक्षेत्र तथा स्थानीय अनेक संस्थाओं ने कल कुरुक्षेत्र बंद का आह्वान किया है ।

ह.स. के अनुसार प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि जब 'रामायण' धारावाहिक का अन्तिम दृश्य आया तो उसी समय जबरदस्त धमाका हुआ । धमाके की भयावहता इस बात से आंकी जा सकती है कि लोगों के अंग हवा में उड़ते देखे गए तथा कुछ एक अंग तो अभी मिल भी नहीं पाए हैं ।

इसी क्षेत्र के एक दुकानदार जंग बहादर का कहना है कि धमाके के बाद सब तरफ मौत ही मौत दिखाई दे रही थी । क्षेत्र के एक डाक्टर पी.के. वशिष्ठ का कहना है कि धमाका सुन कर जब वह अपने घर से निकले तो धुआं और लाशें बिखरी देखीं ।

अस्पताल में भर्ती सभी घायलों का एक ही कहना है कि उन्हें कुछ पता ही नहीं चला, बस एकदम प्रलय ही मच गई । एक टैक्सी चालक राजेन्द्र सिंह जिनकी टांग का निचला हिस्सा उड़ गया है, का कहना है, "यह सब हो गया पता नहीं कैसे ।" राजेन्द्र सिंह को चंडीगढ़ अस्पताल भेजा जा रहा है ।

पुलिस महानिदेशक श्री स्वान का कहना है कि टाइम बम या तो दुकान के बाहर बरामदे में रखा गया था या फिर किसी साइकल पर बैग में रखा गया था । घटनास्थल से कोई पत्र आदि नहीं मिला है ।

दुकान के मालिक का कहना है कि "मैं उन लोगों को 'रामायण' दिखाना जारी रखूंगा, जो टी.वी. सैट नहीं खरीद सकते हैं ।

11 की शिनाख्त

बाद का समाचार है कि बम धमाके में मरने वालों में से 11 की शिनाख्त हुई है । उनके नाम इस प्रकार हैं : कृष्ण लाल, जसवन्त सिंह, बरयाम सिंह, वेद प्रकाश, जसमीर सिंह, प्रेम, लाल चन्द, हरि दास, अशोक कुमार, रमेश और पाला राम ।

'संधी' के अनुसार चंडीगढ़ में राज्य मुख्यालय पर पहुंची खबरों में कहा गया है

Punjabi Sahaj



(1) कुरुक्षेत्र के बाजार में स्थित इलैक्ट्रानिक्स की दुकान पर बम विस्फोट के बाद का दृश्य । टी. वी. पर 'रामायण' देख रहे 15 लोग इस विस्फोट में मारे गए तथा 27 घायल हो गए, (2) दुकान की सीढ़ियों पर पड़े कुछ शव, (3 से 5) मृतकों के शव, (6 से 8) अस्पताल में उपचाराधीन 3 घायल, (9) कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के छात्रों की भीड़, जिन्होंने घायलों के लिए खून दिया

(छाया : नरेन्द्र जोशी, एम. के. रत्हन)

Punjabi Sanatan





हिन्दू शिव सेना के अध्यक्ष श्री रमाकांत जलोटा, उनके मित्र श्री विनोद गुप्ता और श्री जलोटा के गनमैन अमरीक सिंह की उग्रवादियों ने रविवार को जालंधर-फगवाड़ा जी.टी. रोड पर दिन दहाड़े हत्या कर दी । चित्रों में (1) श्री जलोटा (इन्सैट) के शव पर संबंधी एवं मित्र विलाप करते हुये, (2) श्री जलोटा की पत्नी, बहन, लड़की हृदय विदारक क्रंदन करते हुए, (3) श्री जलोटा की कार, जिस पर उग्रवादियों ने हमला किया । कार के पिछले शीशे से गोलियां आर पार निकल गईं, (4) श्री जलोटा, (5) श्री विनोद गुप्ता, (6) श्री अमरीक सिंह के शव, (7) श्री जलोटा की कार का ड्राइवर सेवा सिंह, जो बाल-बाल बच गया, (8) श्री जलोटा की हत्या करने के बाद उग्रवादी जिस कार में भागे वह एक मोटर साइकल के साथ टकरा गई, (9) उग्रवादी भागते हुए जूते छोड़ गए, जो घटनास्थल से बरामद हुए हैं । (छाया : कपूर, प्यारे, कौड़ा)

Punjab Sangatan

पंजाब, हरियाणा में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

घात लगा कर बैठे आतंकवादियों ने गोलियां मारी थीं । गुरदयाल सिंह ने भी जवाबी फ़ायरिंग की थी लेकिन इस वारदात में कोई आतंकवादी घायल नहीं हुआ और न ही इस सम्बन्ध में कोई गिरफ्तारी हुई है ।

कार चोरी

धूरी (जैन): गत रात कुछ अज्ञात लोगों ने शाम लाल की फिएट कार नम्बर सी.एच.बी. 5305 चोरी कर ली । कार गली में खड़ी थी । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

शरणदाता गिरफ्तार

बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला के थाना श्री हरगोबिन्दपुर पुलिस ने आतंकवादियों को शरण देने व राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के आरोप में गांव चीमा खुड्डी के कुलदीप सिंह, बख्शीश सिंह, कुन्दन सिंह और कुलदीप सिंह को गिरफ्तार किया है ।

बंदूक छीन ले गए

जालन्धर (ह.स.): चार संदिग्ध आतंकवादी कल देर रात नकोदर के निकट एक डेरे में कुछ व्यक्तियों के साथ संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद एक डबल बैरल गन तथा चार कारतूस लेकर फरार हो गए । पुलिस ने बताया कि आतंकवादी अजीत सिंह के डेरे में घुसे तथा हथियार व गोली-सिक्का की मांग की । डेरे के लोगों और आतंकवादियों के बीच गोलियां चलीं और आतंकवादी सिर्फ एक बंदूक व चार कारतूस ही छीन सके । डेरे के लोगों ने भाग रहे आतंकवादियों पर फायरिंग की लेकिन वे बच निकलने में सफल हो गए । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

एक व्यक्ति की हत्या

तीन संदिग्ध आतंकवादियों ने आज दोपहर जालन्धर जिले के थाना बंगा के जंडियाली गांव के हरदयाल सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । पुलिस ने बताया कि रिवाल्वर से लैस आतंकवादी हरदयाल सिंह के घर में घुस आए और उन्हें गोली मार दी । हरदयाल सिंह ने मौके पर ही दम तोड़ दिया । इस सम्बन्ध में पुलिस ने एक मामला दर्ज किया है और जांच कर रही है ।

जंडियाली में हत्या

बंगा (खोसला): आज प्रातः 8 बजे यहां से 15 किलो मीटर दूर गांव जंडियाली में दो आतंकवादियों ने एक व्यक्ति हरदयाल सिंह (65 वर्ष) की गोली मार कर हत्या कर दी । दोनों आतंकवादी स्कूटर पर आए थे । पहले उन्होंने हरदयाल सिंह के घर में घुस कर वहां मौजूद एक व्यक्ति से बंदूक देने को कहा परन्तु उसके यह बताने पर कि वह तो गांव का मिरासी है, आतंकवादियों ने हरदयाल सिंह की बहू से बंदूक देने को कहा और पूछा कि हरदयाल सिंह कहां है । हरदयाल सिंह उस समय घर में मौजूद था और उसने यह आवाज सुनते ही कमरे का दरवाजा बंद कर लिया परन्तु आतंकवादी दरवाजा तोड़ कर उस कमरे में घुस गए और उससे अपनी बंदूक उनके हवाले करने को कहा । उसके इन्कार करने पर आतंकवादियों ने फायरिंग करके उसकी हत्या कर दी । हत्या करने के बाद आतंकवादी स्कूटर पर सवार होकर फरार हो गए । पुलिस ने मुकद्दमा दर्ज करके जांच शुरू कर दी है । एस.पी. डिटैक्टिव सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंच गए ।

दो आतंकवादी मरे

मोगा (आजाद): जिला फरीदकोट के उपमंडल मोगा में पुलिस के साथ एक संक्षिप्त मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए । पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ संदिग्ध व्यक्ति मोगा की बस्ती बहोना सड़क पर घूम रहे हैं । इस पर पुलिस ने रात 10.30 बजे के करीब उन क्षेत्रों की तलाशी ली व नाकेबंदी की । इसी बीच पुलिस ने जब एक स्कूटर को रुकने का संकेत किया तो स्कूटर सवारों ने पुलिस पर गोली चला दी । पुलिस की जवाबी गोलीबारी में स्कूटर पर सवार दो व्यक्ति मारे गए जबकि उनका एक साथी भागने में सफल हो गया ।

यह जानकारी देते हुए जिला पुलिस प्रमुख श्री गोबिन्द राम ने बताया है कि मारे गए दोनों व्यक्तियों की शिनाख्त गुरचरण सिंह उर्फ काला निवासी—जैमल वाला तथा रेशमा उर्फ सुखदेव सिंह निवासी—अन्ना बन्ना थाना फूल के रूप में हुई है । इनके कब्जे से एक ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल, एक 455 बोर की रिवाल्वर, इन दोनों अस्त्रों के भारी मात्रा में कारतूस तथा एक हथगोला बरामद हुआ है । ये व्यक्ति बिना नम्बर के वैस्पा स्कूटर पर सवार थे ।

2 उग्रवादी मरे, 1 बंदी

अबोहर से मदोष ने खबर दी है कि यहां से कुछ दूर गांव तूतवाला में पाकिस्तान से शस्त्रास्त्र लेकर भारत में प्रवेश कर रहे चार आतंकवादियों से भिड़ंत हो गई परिणामस्वरूप दो उग्रवादी मारे गए, एक को बंदी बना लिया जबकि चौथा भागने में सफल हो गया ।

बताया जाता है कि आज ममदोट सैक्टर में पाकिस्तान की ओर से चार आतंकवादी भारत की सीमा में दाखिल हुए । सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने उन्हें ललकारा तो वह भाग खड़े हुए । सीमा सुरक्षा बल के जवान उनके पीछे भागे । इस बीच वह एक फार्म हाऊस में छिप गए और फार्म हाऊस के मालिकों को नाश्ता तैयार करने के लिए कहा । उधर फार्म हाऊस वालों ने थोड़ी दूरी पर तैनात सुरक्षा बलों को आतंकवादियों के बारे सूचना दे दी । सुरक्षा बल तुरन्त घटनास्थल पर पहुंच गए । उधर सीमा सुरक्षा बल के जो जवान उनके पीछे लगे थे, वह भी वहां पहुंच गए । आमने-सामने फायरिंग शुरू हो गई । परिणामस्वरूप एक उग्रवादी घटनास्थल पर ही मारा गया ।

उधर श्री सज्जन कुमार जाखड़ ने पंजाब पुलिस को सूचना दे दी । पंजाब पुलिस भी घटनास्थल की ओर दौड़ गई । रास्ते में उसकी भागते हुए उग्रवादियों से भिड़ंत हो गई।एक उग्रवादी मार गिराया, दूसरा गिरफ्तार कर लिया जबकि चौथा भाग गया । मगर उसे गिरफ्तार करने के लिए सुरक्षा बलों ने घेरा डाला है ।

बड़े पैमाने पर खोजबीन

लुधियाना (ह.स.): एस.एस.पी. श्री पांडे ने बताया कि लक्खा गांव में दो पुलिस कर्मियों की हत्या में आतंकवादियों द्वारा प्रयुक्त स्कूटर और दो साइकल बरामद हो गए हैं । क्षेत्र में बड़े पैमाने पर छानबीन जारी है । हत्यारों की शीघ्र गिरफ्तारी सम्भावित है ।

तलाशी

लुधियाना से मुसाफिर ने सूचना दी है कि आज प्रातः 11 बजे सुरक्षा बलों के लगभग एक दर्जन अधिकारी गुरुद्वारा आलमगीर, मंजी साहब में दाखिल हो गए । उन्होंने तमाम कमरों की तलाशी ली और फिर चले गए । गुरुद्वारा के मैनेजर ने बताया कि अन्दर से सुरक्षा बलों को कोई आपत्तिजनक सामग्री नहीं मिली और न ही कोई संदिग्ध व्यक्ति उन्हें मिला है ।

उत्तरी राज्यों में पूर्ण सर्तकता

पंजाब और हरियाणा में उग्रवादी हिंसक गतिविधियां तेज होने के दृष्टिगत हिमाचल, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश और दिल्ली में पूर्ण सर्तकता का आदेश दे दिया गया है । गृहमंत्री बूटा सिंह ने दिल्ली से आज स्थिति की समीक्षा के बाद इन राज्यों के मुख्यमंत्रियों और दिल्ली के उपराज्यपाल को सुरक्षा बंदोबस्त तथा कानून व्यवस्था संयंत्र को पूर्णतया सर्तक करने का निर्देश दिया है । उन्होंने कहा कि सरकार ऐसी हिंसा से दबेगी नहीं और पंजाब में शांति लाने के

ट्रेडमार्क चेतावनी/सूचना

सर्वसाधारण को इस विज्ञप्ति द्वारा सूचित व सावधान किया जाता है कि हमारे मुवक्किल

मैसर्ज़ के. आनन्द इण्डस्ट्रीज़,

Messrs K. ANAND INDUSTRIES,

S-79, इंडस्ट्रीयल एरिया, जालंधर

नीचे दिखाए गए ट्रेडमार्क व लेबलों के, रबड़ भोंपू (Rubber Horn-Bulbs) व इस प्रकार के अन्य उत्पादनों के सम्बन्ध में एकमात्र व पूर्णतया मालिक व मूलधारक हैं । यह ट्रेडमार्क व लेबल भारत सरकार द्वारा कापीराईट एक्ट व ट्रेड एण्ड मर्चैंडाईज़ मार्क्स एक्ट के अधीन सुरक्षित हैं ।

punjabi

लुधियाना में 2 जबरदस्त धमाके परन्तु कोई हानि नहीं हुई

मंडी फैंटनगंज हत्याकांड की साज़िश में 3 गिरफ्तार

चंडीगढ़, 20 जून (वार्ता, ह.स.): पंजाब में आतंकवादियों ने एक स्त्री समेत 5 व्यक्तियों की हत्या कर दी जबकि तीन व्यक्तियों को घायल कर दिया । सुरक्षा बलों से मुठभेड़ों में 2 आतंकवादी मारे गए जिनमें दुर्दांत आतंकवादी सुखदेव सिंह भी शामिल है । लुधियाना में आज दो धमाके हुए परंतु कोई हानि नहीं हुई । पुलिस ने जालंधर के मंडी फैंटनगंज हत्याकांड की साजिश में शामिल 3 आतंकवादियों को गिरफ्तार करने का दावा किया । तीन जिलों में गुजरात पुलिस की 12 अतिरिक्त कम्पनियां तैनात की गई हैं ।

स्त्री की हत्या, दो घायल

अमृतसर (ह.स.): संदिग्ध आतंकवादियों ने कल रात हरिके पुलिस थाना क्षेत्र के गड्डी विड गांव में एक महिला की गोली मारकर हत्या कर दी और दो अन्य को घायल कर दिया । पुलिस ने बताया कि चार आतंकवादियों का एक गिरोह कल रात ढाई बजे श्री करतार सिंह के घर में घुसा और उनके परिवार के सदस्यों पर अंधाधुंध गोलियां चलानी शुरू कर दीं ।

श्री करतार सिंह की पुत्रवधु अमरजीत कौर मौके पर ही मारी गई । उनके पुत्र गुरदेव सिंह तथा पुत्री चन्नन कौर घायल हो गए । घायलों को यहां गुरु तेग बहादुर अस्पताल में भरती करा दिया गया है ।

गिरोह ने वारदात में ए.के.-47 और प्वाइंट 303 की बंदूक का इस्तेमाल किया । इन हथियारों के खाली कारतूस घटनास्थल से बरामद हुए ।

आपसी शत्रुता का केस

वि.प्र. के अनुसार पुलिस का कहना है कि यह आतंकवादियों के मध्य आपसी शत्रुता का केस है । सूत्रों ने बताया कि एक आतंकवादी जीत सिंह जिसे पुलिस ने कुछ अर्सा पहले गिरफ्तार किया था और जो सजा भुगत रहा है, के गिरोह के कुछ सदस्यों ने ही अमरजीत कौर की हत्या की है ।

आतंकवादी मारा गया

एक अन्य सूचना के अनुसार कस्बा हरिके में एस.पी.ओ. की एक चौकी पर आज बाद दोपहर पौने तीन बजे के लगभग आतंकवादियों ने फायरिंग की । जवाबी फायरिंग में एक आतंकवादी मारा गया जबकि उसके दो साथी भाग गए । मृत आतंकवादी की पहचान नहीं हो सकी ।

दो घायल

अमृतसर में छुरेबाजी के आज दो केस हुए जिनमें दो व्यक्ति घायल हुए जिन्हें अस्पताल में दाखिल करा दिया गया ।

जिम्मेदारी ली

वि.प्र. के अनुसार बब्बर खालसा इंटरनैशनल के लैटर पैड पर जारी एक प्रैस विज्ञप्ति में गत दिनों काडगिल गांव में चार व्यक्तियों की हत्या की जिम्मेदारी बब्बर खालसा ने अपने ऊपर लेते हुए आरोप लगाया है कि मृतक बब्बर खालसा जत्थेबंदी के सिद्धांतों के विपरीत कार्य कर रहे थे । विज्ञप्ति में भंडेर गांव के कश्मीर सिंह की हत्या की भी जिम्मेदारी ली गई है । इन सभी की हत्या की जिम्मेदारी भाई सुखदेव सिंह तथा भाई सुखजिंदर सिंह बब्बर ने स्वयं ली है ।

एक की हत्या

गुरदासपुर (विनोद): गत रात 5-6 अज्ञात आतंकवादियों ने थाना गुरदासपुर सदर के गांव हमराजपुर में एक व्यक्ति तीर्थ राम की गोली मार कर हत्या कर दी व उसके 9 मास के बच्चे को घायल कर दिया । पुलिस सूत्रों के अनुसार गत रात लगभग 12.30 बजे 5-6 आतंकवादियों द्वारा तीर्थ राम (26) के घर के बाहर दीवार के पास पशुओं के लिए चारा डालने वाली बनी खुरली पर खड़े होकर तीर्थ राम पर उस समय गोलियां चलाई गईं, जब वह आंगन में सो रहा था । गोलियां लगने से उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई । तीर्थ राम के पास उसकी पत्नी भी सोई हुई थी। फायरिंग की आवाज़ सुन कर उसकी पत्नी 9 मास के बच्चे लवली को लेकर कमरे में भाग खड़ी हुई । आतंकवादियों ने उस पर भी फ़ायरिंग की । वह तो बच गई, पर बच्चा ज़ख्मी हो गया । उसके हाथ में गोली लगी है ।

इस बीच फ़ायरिंग की आवाज़ सुन कर मृतक का भाई जगदीश राज जो छत पर सोया था, ने आतंकवादियों पर पथराव करना शुरू कर दिया । उन्होंने उस पर भी गोलियां चलाईं परन्तु उसने ज़मीन पर लेट कर अपनी जान बचाई । घटना के समय गांव के 12 युवक ठीकरी पहरा दे रहे थे जो गोलियों की आवाज़ सुनते ही अपने-अपने घरों को भाग गए । मृतक दोरांगला में सिविल डिस्पैंसरी में कर्मचारी था । घटना स्थल से ए.के.-47 राइफल के 11 चले हुए तथा 2 जीवित कारतूस मिले हैं ।

घुसपैठिया मारा गया

आज तड़के गुरदासपुर सीमा पर सीमा सुरक्षा बल के साथ मुठभेड़ में एक पाक घुसपैठिया मारा गया, जबकि उसके 3 साथी पाकिस्तान वापस भाग गए ।

2 की हत्या

धूरी (सिंगला): गत रात्रि थाना शेरपुर के गांव नाभजवा में अज्ञात व्यक्तियों ने एक देसी शराब के ठेके के दो कर्मचारियों की हत्या कर दी जबकि यह कर्मचारी ठेके अंदर सो रहे थे । इनके नाम हरचंद सिंह व हाकम सिंह बताए जाते हैं । हत्यारों ने कुछ कैश लूट लिया और ठेके के रजिस्टर आदि जला दिए । पुलिस जांच कर रही है । यह ठेका कुलबीर सिंह का है ।

उग्रवादी मारा गया

लुधियाना (महिन्द्रा): गत रात्रि शेरपुर बाइपास पर पुलिस तथा तीन दुर्दांत उग्रवादियों में ज़बरदस्त मुकाबला हुआ जिसमें एक दुर्दांत उग्रवादी सुखदेव सिंह उटाला मारा गया और उसके दो साथी फरार हो गए ।

एस.एस.पी. श्री ए.पी. पांडे ने बताया कि पिछले दिनों फ़ोकल प्वाइंट पुलिस के साथ मुकाबला हुआ था, जिसमें रूपिंद्र नामी एक खतरनाक उग्रवादी मारा गया था व उसका एक साथी कुलवन्त सिंह उर्फ़ काला गिरफ्तार कर लिया गया था । इस उग्रवादी की सूचना पर कल रात पुलिस ने शेरपुर बाइपास पर छापा मारा तो तीन उग्रवादियों ने पुलिस द्वारा चुनौती देने पर गोलियां चलानी आरम्भ कर दीं । पुलिस ने भी उन पर फ़ायरिंग की तथा परिणामस्वरूप सुखदेव सिंह उर्फ़ काला जो मौजा उटाला थाना साहनेवाल का निवासी है, पुलिस के हाथों मारा गया । फरार होने वाले उसके दो अन्य साथियों की पहचान एस.एस.पी. ने स्वर्ण सिंह तथा जगदीश उर्फ़ जग्गी के रूप में की है ।

श्री पांडे ने बताया कि उग्रवादियों का सम्बन्ध भिंडरांवाला फ़ोर्स के साथ है तथा मृतक उग्रवादी काला आधी दर्जन निर्दोष व्यक्तियों की हत्याओं में संलिप्त था । एस.एस.पी. पांडे ने बताया कि मृत उग्रवादी ने 19 मई के दिन कटानी कलां में चार प्रवासी श्रमिकों की हत्या कर दी थी और मौजा महद्दां में दो प्रवासी मज़दूरों की गोलियों से हत्या कर दी थी । इसी प्रकार चक्क सराए में एक ब्राह्मण को फ़ायरिंग करके घायल किया था और 7 मई के दिन समराला में एक मन्दिर के पुजारी की हत्या भी इसी सुखदेव सिंह उग्रवादी ने की थी । यह उग्रवादी खन्ना गोली कांड में भी संलिप्त था ।

एस.एस.पी. पांडे ने बताया कि मृतक उग्रवादी के कब्ज़े से ए.के. 47 राइफल के 17 खाली कारतूस, 38 बोर राइफल के 5 खाली कारतूस और 32 बोर पिस्तौल के नौ खाली कारतूस बरामद हुए

उग्रवादियों द्वारा पेहोवा में 4 की हत्या, 15 घायल

चंडीगढ़, 20 जून (ह.स.): उग्रवादियों ने आज जिला कुरुक्षेत्र के पेहोवा उपमंडल में 4 व्यक्तियों की हत्या कर दी और 15 अन्य को घायल कर दिया । प्राप्त समाचारों के अनुसार मारुति कार में सवार उग्रवादियों ने आटोमैटिक शस्त्रों के साथ एक सिनेमा हाल पर हमला किया और चार व्यक्तियों की घटनास्थल पर ही हत्या कर दी और कम से कम 15 को घायल कर दिया ।

36 घंटों में जिला कुरुक्षेत्र में उग्रवादियों का यह दूसरा हमला है । रविवार को प्रातः उग्रवादियों ने टी.वी. धारावाहिक रामायण देख रहे लोगों पर बम फैंक कर 16 व्यक्तियों की हत्या कर दी थी और 33 अन्य को घायल कर दिया था ।

उग्रवादी अपराध करने के बाद उसी वाहन में भाग निकले । घायलों को सिविल अस्पताल कुरुक्षेत्र में दाखिल करवाया गया है ।

Punjabi Sanatan

बजे बाजार में एक कांच की दुकान की सीढ़ियों पर हुआ । धमाके के कारण दुकान व बाजार में धुआं फैल गया । इस घटना में किसी प्रकार का नुक्सान होने का समाचार नहीं है । 'वार्ता' के अनुसार यह धमाका उच्च शक्ति के पटाखे के कारण हुआ ।

नकदी, जेवर आदि लूटे

लुधियाना से 'मुसाफिर' के अनुसार थाना सदर के गांव गेलेवाल में छः उग्रवादी जिन्होंने अपने चेहरे ढांप रखे थे, कल रात दो बजे एक व्यक्ति सुरेन्द्र सिंह के घर आए । दरवाजा खटखटाया तो सुरेन्द्र सिंह की पत्नी ने दरवाजा खोला । इस पर वे सभी अन्दर घुस गए और घर से 15 हजार रुपए नकद, दो सोने की बालियां, एक दोनाली बंदूक व 38 कारतूस लेकर फरार हो गए ।

4 संदिग्ध आतंकवादी गिरफ्तार

बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना श्रीहरगोबिन्दपुर में तैनात सीमा सुरक्षा बल व पुलिस ने गत रात गांव मठौला के निकट संलिप्त मुठभेड़ के पश्चात् चार संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है । पुलिस के एक आधिकारिक प्रवक्ता ने आज पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि इनकी शिनाख्त गुरदीप सिंह धारीवाल सोइयां, गुरमेज सिंह चीमां खुड्डी, सुखजीत सिंह माड़ी पन्नुआं, सरवन सिंह गांव पर्थ के रूप में की गई है और इनसे एक 32 बोर का रिवाल्वर, दो पिस्तौल, 6 अनचले व 4 चले कारतूसों के साथ-साथ एक स्कूटर पी.बी.जी. 5382 व एक मोपेड पी.बी.जी. 553 बरामद की गई है,जो इन्होंने कुछ दिन पूर्व गांव कंडीला के निकट लोगों से छीने थे ।

प्रवक्ता ने आगे कहा कि इन्होंने स्वीकार किया है कि ये खालिस्तान लिबरेशन फ़ोर्स के लै. जनरल जगराज सिंह उर्फ़ तूफान सिंह खालसा चीमां खुड्डी में दो भाइयों गुरनाम सिंह व सतनाम सिंह की जिस गिरोह ने हत्या की,उसमें यह भी शामिल थे । आगे इनसे पूछताछ जारी है ।

हत्या कांड के साजिशी गिरफ्तार

जालन्धर (क): जालन्धर पुलिस स्थानीय मंडी फैंटन गंज में दो मास पूर्व हुए हत्या कांड की साजिश में शामिल तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार करने में सफल हो गई है जबकि हत्या कांड में भाग लेने वाले उग्रवादियों की तलाश जारी है ।

उक्त जानकारी देते हुए पुलिस सूत्रों ने बताया कि जो तीन साजिशी गिरफ्तार किए गए हैं, उन्होंने ही हत्या कांड से पूर्व व बाद में हत्या में शामिल उग्रवादियों को पनाह दी थी । गिरफ्तार उग्रवादियों के नाम हैं, मोता सिंह, बलकार सिंह तथा देसा सिंह ।

इन सूत्रों ने बताया कि इन तीन के अतिरिक्त आठ और उग्रवादी भी पकड़े गए हैं जिनमें से प्रायः हत्याएं व अन्य उग्रवादी वारदातें करने वालों को पनाह देने वाले हैं या उनके हथियार सम्भालने वाले हैं ।

सूत्रों के अनुसार नकोदर पुलिस द्वारा पकड़े गए ऐसे चार उग्रवादियों में जगदीश सिंह, देसराज उर्फ काला उर्फ मट्ट, सुलखन सिंह व इकबाल सिंह शामिल हैं । करतारपुर पुलिस ने भी गत दिन चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया जिनके नाम का अभी पता नहीं चल सका ।

गुजरात पुलिस तैनात

ह.स. के अनुसार पंजाब के जालन्धर, होशियारपुर और कपूरथला जिलों में विशेष सतर्कता बरतने के लिए गुजरात पुलिस की 12 और कम्पनियां तैनात की गई हैं । एक पुलिस प्रवक्ता ने आज बताया कि जालन्धर में चार और होशियारपुर में दो कम्पनियां तैनात की गई हैं । कपूरथला जिले में छः कम्पनियां तैनात की गई हैं । पंजाब हिन्दू शिव सेना के अध्यक्ष रमाकांत जलोटा और दो अन्य की कल हत्या के कारण व्याप्त तनाव के दृष्टिगत फगवाड़ा सब डिवीजन में चार कम्पनियां तैनात की गई हैं ।

संघी की हत्या

बाघा पुराना से मित्तल के अनुसार गत रात्रि यहां

उन्होंने हरगोबिन्द नगर में 'नावल्टी स्वीट शाप' पर धावा बोल कर वहां का सामान नष्ट कर दिया ।

सैंट्रल स्कूलों में इसी वर्ष से त्रिभाषा फार्मूला

नई दिल्ली, 20 जून (वार्ता): देश के सभी केंद्रीय विद्यालयों में इस वर्ष आगामी सत्र से त्रिभाषा फार्मूला लागू कर दिया जाएगा । यह निर्णय विभिन्न राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों के शिक्षा सचिवों तथा निदेशकों की 17 एवं 18 जून को यहां हुई बैठक में लिया गया ।

क्या अमरेन्द्र सिंह डबल गेम खेल रहे हैं ?

पटियाला, 20 जून (भूषण): एकीकृत अकाली दल के क्षेत्रों में यह आरोप लगाया जा रहा है कि पांच मुख्यग्रंथियों को डिसमिस करने के प्रश्न पर कैप्टन अमरेन्द्र सिंह डबल गेम खेल रहे हैं । जहां उन्होंने इन ग्रंथियों को हटाए जाने बारे शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी की कार्यकारिणी के फैसले की जोरदार शब्दों में हिमायत की है, वहां इनका युथ अकाली दल इस फैसले को "जल्दबाजी" पर आधारित बताते हुए इस पर पुनर्विचार की मांग कर रहा है ।

कैप्टन अमरेन्द्र सिंह समर्थक युवा अकाली दल की बैठक पिछले दिनों पटियाला में हुई । इस सम्बन्ध में जो प्रैस नोट रिलीज हुआ, उसमें बताया गया कि यह बैठक डाक्टर सतवंत सिंह मोही के आवास स्थान पर हुई । डाक्टर मोही कैप्टन अमरेन्द्र सिंह के दाएं बाजू समझे जाते हैं और वह एकीकृत अकाली दल विधायक दल के सचिव थे । इस बैठक में यह पास किया गया कि शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी का मुख्यग्रंथियों को हटाने का फैसला जल्दबाजी पर आधारित था, इसलिए इस पर पुनर्विचार किया जाए । एकीकृत अकाली दल में बाबा जोगेंद्र सिंह का धड़ा कमेटी के फैसले के विरुद्ध है और उसकी राय है कि सरबत खालसा की ओर से नियुक्त किए जाने वाले हैडग्रंथियों को शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी नहीं हटा सकती ।

चुनाव आयोग का जांच दल आज फरीदाबाद जाएगा

नई दिल्ली, 20 जून : चुनाव आयोग के सचिव के.सी. साहा के नेतृत्व में आयोग का एक तीन सदस्यीय दल कल फरीदाबाद जाएगा । यह दल कांग्रेस(इ) के मतदान के दौरान फरीदाबाद संसदीय क्षेत्र और तावडू विधानसभा क्षेत्र में भारी हेराफेरी के आरोपों के बारे में सम्बद्ध रिकार्डों की जांच करेगा ।

पहले यह दल डा. आर.पी. भल्ला के नेतृत्व में वहां जाने वाला था, लेकिन उनके उधमपुर में व्यस्त होने के कारण अब वहां श्री साहा जा रहे हैं । उनके साथ आयोग के दो अधिकारी एस.के. मेहदीरत्ता और एस.डी. प्रसाद भी जा रहे हैं ।

आयोग का यह तीन सदस्यीय दल जांच के बाद मुख्य चुनाव आयुक्त को अपनी रिपोर्ट देगा और उसी के बाद वहां पुनर्मतदान के बारे में निर्णय लिया जाएगा । आयोग के सूत्रों ने आज यहां यह बताने से इंकार कर दिया कि दल को अपना काम समाप्त करने में कितना समय लगेगा और निर्णय कब तक ले लिया जाएगा, क्योंकि यह इस बात पर निर्भर करेगा कि दल कितने स्थानों पर जाता है ।

नवांशहर शिव मंदिर का पुजारी सिद्धि प्राप्त करते हुए अपने प्राण गंवा बैठा

नवांशहर, 20 जून (शर्मा): यहां मुहल्ला हीरां जट्टां के शिव मंदिर का पुजारी सिद्धि प्राप्त करने के लिये पूजा और हवन करता हुआ अपने प्राण गंवा बैठा । वह प्रतिदिन अपने कमरे में आग जलाकर हवन करता और मंत्रों द्वारा कोई सिद्धि प्राप्त करने

गत दिवस आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में मृत सरहिंद के इंस्पैक्टर श्री कुलवन्त सिंह का सोमवार को अहमदगढ़ में अन्तिम संस्कार कर दिया गया । चित्र में (1) स्व. कुलवन्त सिंह, (2) स्व. कुलवन्त सिंह की पत्नी तथा अन्य रिश्तेदार महिलाएं विलाप करती हुई, (3) पिता डाक्टर कैप्टन महात्मा सिंह अन्तिम विदाई देते हुए, (4) पटियाला रेंज के डी.आई.जी. श्री भुल्लर, एस.एस.पी. संगरूर श्री ज्ञान सिंह, एस.डी.एम. मालेरकोटला श्री अशोक कुमार, श्री कुलवन्त सिंह को अन्तिम विदाई देते हुए । *(फोटो : पुरी, कांसल)*

वी.पी. सिंह की राजीव को अमेठी से चुनाव लड़ने की चुनौती

इलाहाबाद, 20 जून (वार्ता): जनमोर्चा नेता विश्वनाथ प्रताप सिंह ने प्रधानमंत्री राजीव गांधी से अमेठी से अगला चुनाव लड़ने की चुनौती दी है ।

श्री सिंह ने आज यहां प्रैस कांफ्रैंस में कहा कि संयुक्त विपक्ष ऐसी स्थिति उत्पन्न कर देगा कि श्री गांधी न केवल चुनाव हारेंगे बल्कि वस्तुतः वह वहां से भाग खड़े होंगे ।

उन्होंने श्री गांधी को यह चुनौती स्वीकार करने का निमंत्रण देते हुए कहा कि वह (श्री गांधी) अपने चुनाव क्षेत्र के मतदाताओं को आश्वासन दें कि वह अगला चुनाव वहीं से लड़ेंगे । उन्होंने कहा कि हम (विपक्ष) श्री गांधी के विरुद्ध एकजुट हैं । साधारण प्रत्याशी खड़ा करेंगे और हमें विश्वास है कि श्री गांधी चुनौती का सामना नहीं कर पाएंगे ।

श्री सिंह ने अपनी जीत को श्री गांधी के कार्यक्रमों और नीतियों के बारे में जनता के फैसले की संज्ञा दी । उन्होंने कहा कि श्री गांधी को अपने शब्दों पर कायम रहते हुए पद से हट जाना चाहिए क्योंकि श्री गांधी ने स्वयं कहा था कि चुनाव कार्यक्रमों और नीतियों के आधार पर लड़े जाते हैं, व्यक्तियों के आधार पर नहीं ।

उन्होंने कहा कि इस चुनाव का मुख्य मुद्दा उच्च स्थानों में व्याप्त भ्रष्टाचार था, जिस पर जनता ने अपना फैसला दे दिया है । उन्होंने कहा कि इस चुनाव से यह स्पष्ट संदेश मिला है कि विपक्ष की संयुक्त कार्रवाई कांग्रेस (इ) को उखाड़ फैंक सकती है ।

श्री सिंह ने कहा कि इलाहाबाद में गांव स्तर से ऊपर तक जन-संघर्ष समिति बनाई जाएगी जो जनता की समस्याओं और शिकायतों को उजागर करेगी । हल समिति में सभी विपक्षी दलों का प्रतिनिधित्व होगा । उन्होंने इस बात को दोहराया कि इस चुनाव क्षेत्र के विकास के लिए घोषित 80 करोड़ रुपए दिए जाने तक मंत्रियों और सत्तारूढ़ दल के विधायकों को इलाहाबाद में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा ।

गवर्नमैंट गर्ल्स स्कूल कपूरथला की रविन्द्रजीत कौर ने 336 अंक प्राप्त कर 10+2 की परीक्षा में जिला में प्रथम स्थान प्राप्त किया ।

श्री हरीश तनेजा, जिन्हें भारतीय जनता पार्टी अमृतसर (शहरी) का महामंत्री नियुक्त किया गया है । (छाया : सोनी)

शिरोमणि कमेटी के पदाधिकारी

स्टील व सरिए के मूल्यों में वृद्धि से उद्योग कुप्रभावित

लुधियाना, 20 जून (जोशी): स्टील व सरिये की कीमतों में निरन्तर वृद्धि के परिणामस्वरूप यहां का औद्योगिक ढांचा हिल गया है । लुधियाना फोटर पार्ट्स मैन्यूफैक्चरर्स एसोसिएशन ने इस स्थिति पर चिन्ता व्यक्त की है । एसोसिएशन के प्रधान श्री जगत सिंह व महासचिव श्री चरण सिंह कोहली ने इस सम्बन्ध में जारी किए गए प्रैस वक्तव्य में कहा कि सरिये के मूल्य 6500 रुपए से बढ़कर एकदम 7500 रुपए प्रति टन हो गए हैं । इस वृद्धि ने कारखानेदारों के लिए एक जबरदस्त समस्या पैदा कर दी है क्योंकि वे इस स्थिति में अपने ग्राहकों को सप्लाई दे पाना कठिन महसूस करते हैं जबकि दूसरी ओर ग्राहक भी तैयार माल की कीमतों में कोई बढ़ौत्तरी कराने के लिए तैयार नहीं । इस कारण से यह उद्योग भारी संकट में आ गया है । श्री कोहली ने इस हालत के लिए स्टील अथारिटी आफ इंडिया को जिम्मेदारी ठहराया है । वक्तव्य में मांग की गई है कि स्टील अथारिटी कच्चा माल युद्ध स्तर पर सप्लाई करे और इस प्रकार इस राज्य के उद्योग को बचाए ।

नौकरी से जवाब मिलने पर आग लगा ली

कपूरथला, 20 जून (शर्मा): स्थानीय जगतजीत सिनेमा के एक गेट कीपर संग्राम सिंह को गत दोपहर आग से बुरी तरह झुलसी हालत में सी.एम.सी. लुधियाना ले जाया गया है । पुलिस के अनुसार गेट कीपर के गैर हाजिर रहने के कारण सिनेमा के मैनेजर ने उसको जवाब दे दिया तो गुस्से में उसने मैनेजर के दफ्तर के समीप अपने ऊपर मिट्टी का तेल डाल कर आग लगा ली और दफ्तर में आ गया, दूसरे स्टाफ ने भी तुरन्त उस पर पर्दे डाल कर आग बुझाई । इसके पश्चात् उस ने थाना जाकर सिनेमा मैनेजर पर आग लगाने का आरोप

Punjabi Sanatan

क कटड़ा आहलुवालिया में बम विस्फोट :30 मरे, 150 घायल

भेड़ के बाद शस्त्रास्त्र बरामद, बैंक लूटने से पहले ही अभियुक्त पकड़े गए

अमृतसर के गांव में लटकती हुई क्षत-विक्षत लाश मिली : खुह बम

हंत सहित 3 व्यक्तियों की हत्या : बटाला में हथियार बनाने की फैक

मंगलवार की शाम को अमृतसर के कटड़ा आहलूवालिया में बम विस्फोट के बाद (1) क्षेत्र में नष्ट सामान, (2) कुछ मृतकों के चिथड़े हुए अंग आदि व नष्ट साइकिल, (3, 4) नष्ट स्कूटरों के पास सुरक्षा कर्मी, (इनसैट में) विस्फोट के असर से आसपास के भवनों की खिड़कियों के शीशे टूट गये । *(छाया : पंजाब केसरी)*

तिशाली था कि आस-पास की इमारतों की
ड़कियों के शीशे भी टूट गए । विस्फोटों से उठे
ं को एक किलो मीटर से देखा जा सकता था ।
स्फोट से चारों ओर भगदड़ मच गई । बाद में क्रुद्ध
ड़ घटनास्थल पर एकत्रित होकर पुलिस पर
राव करने लगी । इस पर प्रशासन ने गड़बड़ी
अंदेशा देखते हुए पुराने शहर में तुरन्त कर्फ्यू
ा दिया । जिन क्षेत्रों में कर्फ्यू लागू किया गया है,
में बाहरी क्षेत्र के कृष्णानगर, विजय नगर,
ामाबाद भी शामिल हैं ।

हिंसक भीड़ ने बाद में आसपास के क्षेत्र में कई
रों व कारों को आग लगा दी । गुरु तेग बहादुर
ताल के बाहर एक प्रैस फोटोग्राफर सहित कई
ं को पीटा गया । बाद में अधिकारियों ने
ताल क्षेत्र में भी कर्फ्यू लागू कर दिया । कई
ट डाक्टरों को भी अस्पताल बुला लिया गया
घायलों की चिकित्सा में बाधा न पड़े । कई
ों को फर्श पर ही डाला गया था ।

मृतकों में दो स्पैशल पुलिस अफसर भी शामिल

धमाका स्थल नगर का वह विस्तृत स्थल है जहां
र भर के व्यापारी शाम को अपने-अपने माल,
षकर कपड़े आदि की कीमतों का भाव-ताव
लेन-देन करते हैं । कटड़ा आहलूवालिया चौक
र से फर्लांग की दूरी पर है ।

अमृतसर सिविल अस्पताल से एमरजैंसी वार्ड
टना के दस मिनट बाद से ही घायलों को लाया
शुरू कर दिया गया था । हिन्दू शिव सेना के
ाध्यक्ष ओम प्रकाश ने कहा कि शिव सेना के
र्त्ताओं ने 22 घायलों को अस्पताल पहुंचाया
कि 8 शव अभी भी वहीं पड़े थे । सभी मृत व
ल बुरी तरह झुलसे हुए थे । अस्पताल में
रों के अभाव के कारण एक-एक चारपाई पर
ो घायल लिटाए गए थे । घायलों को
ार.पी. के ट्रकों व थ्री व्हीलरों में अस्पताल लाया
। एक मृत एस.पी.ओ. की राइफल नहीं
। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि
ास्थल से कुछ दूरी पर एक बोतल जैसी वस्तु पड़ी
, जिसमें बम होने का संदेह है । आज ही कटड़ा
न सिंह में और चौक फरीद में दो-दो डिब्बे पाए
जिनमें बम होने का संदेह था जिसपर
ार.पी. ने क्षेत्र खाली करा कर ट्रैफिक बंद कर
था ।

कटड़ा आहलूवालिया के बम कांड की खबर
में आग की तरह फैल गई और तनाव उत्पन्न
या । देर तक खुलने वाली दुकानें बंदी हो गईं ।
उग्रवादियों ने गाय का सिर रख कर अपवित्र कर दिया था ।

उत्तेजित भीड़ द्वारा घटनास्थल पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों से दुर्व्यवहार किए जाने की खबर है ।

नगर के खचाखच भरे रहने वाले बाजार बम्बे वाला खुह के पास दोबा भाई सालो गुरुद्वारा के अंदर बम जैसा धमाका होने की खबर है । प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शाम 6.15 बजे जब गुरुद्वारा का ग्रंथी पाठ

घटना के समय भी वह तैनात थे मगर उन्होंने भागने वाली महिलाओं और बच्चों को पकड़ने की हिम्मत तक नहीं की । धमाके के बाद बाजार में भारी तनाव पैदा हो गया था और नगर पुलिस अध्यक्ष चौधरी

एक गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने हरशा छीना गांव के रेशम सिंह के घर पर छापा मारा । छापे के दौरान शरण देने के आरोप में रेशम सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया ।

झोंपड़ी में सोते हुए तेजधार हथियार
और उसकी पत्नी को सख्त घायल
सिविल अस्पताल में दाखिल करादि

2687 रुपए लूटे

जालन्धर (ह.स.): आज बाद
जगीर में एक सहकारी समिति से 2
लिए गए । लुटेरों ने कैशियर को पि
धमकाया और रुपए लूट पर फरार

जिला होशियारपुर में 5 गिर

होशियारपुर (अश्विनी): मुख
गत रात्रि तीन आतंकवादियों को आ
स्टूडैंट्स फैडरेशन के जिला महासचि
सिंह कंडी की हत्या के प्रयास के आरो
कर लिया । जिला पुलिस के एक प्र
यहां बताया कि मंजपुर ग्राम के
उस्मान शहीद ग्राम के हरेन्द्र सिंह
हयातपुर ग्राम के इकबाल सिंह ने 2
हयातपुर ग्राम में भूपेन्द्र सिंह कंडी
फायरिंग की थी । प्रवक्ता ने कहा कि
पूछताछ की जा रही है ।

प्रवक्ता ने बताया कि गढ़शंक
आतंकवादियों को शरण देने के आरो
ग्राम के मलकियत सिंह उर्फ काका
किया है । प्रवक्ता ने यह भी
हरदोखानपुर के एक नवयुवक शमश
शेरा को गिरफ्तार करके उसके कब्
का एक देसी पिस्तौल बरामद किया

बैंक लूटने से पहले ही पकड़े गए

करतारपुर (साहनी): गत दि
पुलिस ने गांव किशनगढ़ की नहर के प
के दौरान दो व्यक्तियों, जोकि स्कूट
डब्ल्यू. 8790 पर आ रहे थे, को रो
तलाशी लेने पर स्कूटर के पीछे बैठे व्य
सिंह से एक पिस्तौल 38 बोर बैबले
इंगलैंड का बना हुआ है तथा गोलियों
था, बरामद हुआ । स्कूटर चालक का
सिंह है तथा वह गांव मानकगई का
बताया जाता है । पुलिस सूत्रों के अनु
के दौरान अभियुक्तों ने यह स्वीकार कि
पांच और साथी भी हैं जिनके नाम
बलराज सिंह, इंद्र सिंह, सर्वजीत सिंह त
सिंह हैं तथा हमारा आज गांव किशनगढ़
लूटने का इरादा था । पुलिस ने रविन्द्र
कारतूस 9 एम.एम. बरामद किए । इ
ने बताया कि वे लूटमार की पांच वारदा

Punjabi Sansar

ासर के कटड़ा आहलुवालिया में बम विस्फोट :30 मरे, 150 घायल : कर्फ़

सपैठियों से मुठभेड़ के बाद शस्त्रास्त्र बरामद, बैंक लूटने से पहले ही अभियुक्त पकड़े गए

अमृतसर के गांव में लटकती हुई क्षत-विक्षत लाश मिली : खुह बम्बेवाला क्षेत्र में

व में महंत सहित 3 व्यक्तियों की हत्या : बटाला में हथियार बनाने की फैक्टरी प

र्ता, ह.स.): आज सायं
ोक बाजार कटड़ा
बम विस्फोटों में कम से
150 लोग घायल हो
र्ग पुराने शहर में
ाग कर दिया गया ।
4 लोगों की मृत्यु और
की पुष्टि की है ।

पर एक महंत सहित 3
ुरक्षा बलों से मुठभेड़ में
या । अमृतसर के एक
एक वृक्ष से लटकता
एक अवैध हथियार
फ. ने फिरोजपुर सीमा
मठभेड़ के बाद काफी
ोली सिक्का पकड़ा ।
ल में विस्फोट हुआ ।
त्री समिति से 2687
पुलिस ने एक बैंक लूटने
कर लिए । उग्रवादी
ाएं करने की पहले ही

30 मरे, कर्फ्यू

ोक सोनी, ह.स., वार्ता
जे स्थानीय थोक बाजार
दो भयंकर बम विस्फोटों
ारे गए व 150 लोग
वहां अनिश्चित कालीन
है । प्रत्यक्षदर्शियों के
टड़ा आहलूवालिया में,
के पास है, राष्ट्रीय
को जाने वाली सड़क पर
निकट चौक पर दो दो
साथ ही कई लोगों के
ता है कि ये बम एक धर्म
टर में छिपाए गए थे ।
में दोनों ही सम्प्रदाय के
ोट उस समय हुआ जब

शक्तिशाली था कि आस-पास की इमारतों की खिड़कियों के शीशे भी टूट गए । विस्फोटों से उठे धुएं को एक किलो मीटर से देखा जा सकता था । विस्फोट से चारों ओर भगदड़ मच गई । बाद में क्रुद्ध भीड़ घटनास्थल पर एकत्रित होकर पुलिस पर पथराव करने लगी । इस पर प्रशासन ने गड़बड़ी का अंदेशा देखते हुए पुराने शहर में तुरन्त कर्फ्यू लगा दिया । जिन क्षेत्रों में कर्फ्यू लागू किया गया है, उनमें बाहरी क्षेत्र के कृष्णानगर, विजय नगर, इस्लामाबाद भी शामिल हैं ।

हिंसक भीड़ ने बाद में आसपास के क्षेत्र में कई स्कूटरों व कारों को आग लगा दी । गुरु तेग बहादुर अस्पताल के बाहर एक प्रैस फोटोग्राफर सहित कई लोगों को पीटा गया । बाद में अधिकारियों ने अस्पताल क्षेत्र में भी कर्फ्यू लागू कर दिया । कई प्राइवेट डाक्टरों को भी अस्पताल बुला लिया गया ताकि घायलों की चिकित्सा में बाधा न पड़े । कई घायलों को फर्श पर ही डाला गया था ।

मृतकों में दो स्पैशल पुलिस अफसर भी शामिल हैं ।

धमाका स्थल नगर का वह विस्तृत स्थल है जहां शहर भर के व्यापारी शाम को अपने-अपने माल, विशेषकर कपड़े आदि की कीमतों का भाव-ताव तथा लेन-देन करते हैं । कटड़ा आहलूवालिया चौक घंटाघर से फर्लांग की दूरी पर है ।

अमृतसर सिविल अस्पताल से एमरजैंसी वार्ड में घटना के दस मिनट बाद से ही घायलों को लाया जाना शुरू कर दिया गया था । हिन्दू शिव सेना के जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश ने कहा कि शिव सेना के कार्यकर्त्ताओं ने 22 घायलों को अस्पताल पहुंचाया जबकि 8 शव अभी भी वहीं पड़े थे । सभी मृत व घायल बुरी तरह झुलसे हुए थे । अस्पताल में बिस्तरों के अभाव के कारण एक-एक चारपाई पर दो-दो घायल लिटाए गए थे । घायलों को सी.आर.पी. के ट्रकों व थ्री व्हीलरों में अस्पताल लाया गया । एक मृत एस.पी.ओ. की राइफल नहीं मिली । पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घटनास्थल से कुछ दूरी पर एक बोतल जैसी वस्तु पड़ी

हौरी में कोई हथियार से हत्या कर गए और उसकी पत्नी को सख्त घायल कर गए, जिसे सिविल अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है ।

2687 रुपए लूटे

बानूर (ह.स.): आज बाद दोपहर गांव पट्टी बसीर में एक सहकारी समिति से 2687 रुपए लूट लिए गए । लुटेरों ने कैशियर को पिस्तौल दिखा कर धमकाया और रुपए लूट कर फरार हो गए ।

बिला होशियारपुर में 5 गिरफ्तार

होशियारपुर (जीवनी): मुकेरियां पुलिस ने एक गिरोह तीन आतंकवादियों को जाल डिंपा सिंह एडवोकेट के बिला महासचिव श्री भूपेन्द्र सिंह कंबी की हत्या के प्रयास के आरोप में गिरफ्तार कर लिया । बिला पुलिस के एक प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि मंजूर ग्राम के अवतार सिंह, उस्मान शहीद ग्राम के हरेन्द्र सिंह उर्फ तोतू तथा हयातपुर ग्राम के इकबाल सिंह ने 2 जून की रात को हयातपुर ग्राम में भूपेन्द्र सिंह कंबी के घर जाकर फायरिंग की थी । प्रवक्ता ने कहा कि इन तीनों से पूछताछ की जा रही है ।

प्रवक्ता ने बताया कि गढ़शंकर पुलिस ने आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में कुकड़ा ग्राम के मनविंदर सिंह उर्फ बब्बा को गिरफ्तार किया है । प्रवक्ता ने यह भी बताया कि हरदोखानपुर के एक नवयुवक शमशेर सिंह उर्फ शेरा को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 12 बोर का एक देसी पिस्तौल बरामद किया गया है ।

बैंक लूटने से पहले ही पकड़े गए

करतारपुर (जालंधर): गत दिवस स्थानीय पुलिस ने गांव किशनगढ़ की नहर के पास नाकाबंदी के दौरान दो व्यक्तियों, बॉबी स्कूटर नं. पी. ए. एच. 8790 पर आ रहे थे, को रोका । उनकी तलाशी लेने पर स्कूटर के पीछे बैठे व्यक्ति गुरपाल सिंह से एक पिस्तौल 38 बोर रैबले मार्का, जोकि इलीजर का बना हुआ है तथा चौलियों से भरा हुआ एक बरामद हुआ । स्कूटर चालक का नाम दलजीत सिंह है तथा वह गांव मानकपुर का रहने वाला बताया जाता है । पुलिस सूत्रों के अनुसार पूछताछ

Punjabi Sanatan

मंगलवार की शाम को अमृतसर के कटड़ा आहलूवालिया में बम विस्फोट के बाद (1) क्षेत्र में नष्ट सामान, (2) कुछ मृतकों के चिथड़े हुए अंग आदि व नष्ट साइकिल, (3, 4) नष्ट स्कूटरों के पास सुरक्षा कर्मी, (इनसैट में) विस्फोट के असर से आसपास के भवनों की खिड़कियों के शीशे टूट गये । (छाया : पंजाब केसरी)

Punjabi Sanatan

तशाली था कि आस-पास की इमारतों की
किंयों के शीशे भी टूट गए । विस्फोटों से उठे
को एक किलो मीटर से देखा जा सकता था ।
फोट से चारों ओर भगदड़ मच गई । बाद में क्रुद्ध
घटनास्थल पर एकत्रित होकर पुलिस पर
राव करने लगी । इस पर प्रशासन ने गड़बड़ी
अंदेशा देखते हुए पुराने शहर में तुरन्त कर्फ्यू
दिया । जिन क्षेत्रों में कर्फ्यू लागू किया गया है,
में बाहरी क्षेत्र के कृष्णानगर, विजय नगर,
ामाबाद भी शामिल हैं ।
हिंसक भीड़ ने बाद में आसपास के क्षेत्र में कई
टरों व कारों को आग लगा दी । गुरु तेग बहादुर
ताल के बाहर एक प्रैस फोटोग्राफर सहित कई
ों को पीटा गया । बाद में अधिकारियों ने
ताल क्षेत्र में भी कर्फ्यू लागू कर दिया । कई
विट डाक्टरों को भी अस्पताल बुला लिया गया
क घायलों की चिकित्सा में बाधा न पड़े । कई
लों को फर्श पर ही डाला गया था ।
मृतकों में दो स्पैशल पुलिस अफसर भी शामिल
।

धमाका स्थल नगर का वह विस्तृत स्थल है जहां
र भर के व्यापारी शाम को अपने-अपने माल,
ोषकर कपड़े आदि की कीमतों का भाव-ताव
लेन-देन करते हैं । कटड़ा आहलूवालिया चौक
घर से फर्लांग की दूरी पर है ।

अमृतसर सिविल अस्पताल से एमरजैंसी वार्ड
घटना के दस मिनट बाद से ही घायलों को लाया
ना शुरू कर दिया गया था । हिन्दू शिव सेना के
लाध्यक्ष ओम प्रकाश ने कहा कि शिव सेना के
र्यकर्त्ताओं ने 22 घायलों को अस्पताल पहुंचाया
बकि 8 शव अभी भी वहीं पड़े थे । सभी मृत व
यल बुरी तरह झुलसे हुए थे । अस्पताल में
स्तरों के अभाव के कारण एक-एक चारपाई पर
-दो घायल लिटाए गए थे । घायलों को
.आर.पी. के ट्रकों व थ्री व्हीलरों में अस्पताल लाया
या । एक मृत एस.पी.ओ. की राइफल नहीं
ली । पुलिस अधिकारियों ने बताया कि
टनास्थल से कुछ दूरी पर एक बोतल जैसी वस्तु पड़ी
ई है, जिसमें बम होने का संदेह है । आज ही कटड़ा
मल सिंह में और चौक फरीद में दो-दो डिब्बे पाए
ए जिनमें बम होने का संदेह था जिसपर
.आर.पी. ने क्षेत्र खाली करा कर ट्रैफिक बंद कर
या था ।

कटड़ा आहलूवालिया के बम कांड की खबर
हर में आग की तरह फैल गई और तनाव उत्पन्न
गया । देर तक खुलने वाली दुकानें बंदी हो गईं ।

बम कांड में मरने वाले व्यक्तियों में से दो की
ानाख्त हो सकी है । उनके नाम हैं : सुदेश शर्मा
र्फ कुक्कू पुत्र बृज लाल, अशोक कुमार पुत्र राम
पाल शर्मा ।

30 मई को अमृतसर में ही शिव मन्दिर के
ाहर हुए विस्फोट में 30 लोग मारे गए थे जिनमें से
धिकांश बच्चे थे ।

आज की घटना कटड़ा आहलूवालिया के उस

उग्रवादियों ने गाय का सिर रख कर अपवित्र कर दिया था ।

उत्तेजित भीड़ द्वारा घटनास्थल पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों से दुर्व्यवहार किए जाने की खबर है ।

उपायुक्त श्री सर्वजीत सिंह ने बताया कि भीड़ द्वारा तीन जगह पथराव किया गया । उन्होंने बताया कि घायलों में दो स्पैशल पुलिस आफीसर हैं जो घटनास्थल पर तैनात थे । यह बम भी शिवाला भाइयां बम कांड, कुरुक्षेत्र बम कांड, दिल्ली बम कांड जैसा ही था । बम अत्यधिक शक्तिशाली था और किसी प्रशिक्षित व्यक्ति ने रखा था ।

पटाखे का धमाका

मनोहर के अनुसार कल सायं 6.15 बजे नगर के खचाखच भरे रहने वाले बाजार बम्बे वाला खूह के पास दोबा भाई सालो गुरुद्वारा के अंदर बम जैसा धमाका होने की खबर है । प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शाम 6.15 बजे जब गुरुद्वारा का ग्रंथी पाठ कर रहा था, तो अचानक गुरुद्वारा के अंदर जबरदस्त धमाका हुआ जिसकी आवाज बाहर बाजारों तक सुनी गई । मौके पर मौजूद सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि दो महिलाएं तथा एक बच्चा गुरुद्वारा में था, जो धमाका होने के बाद अंदर से भाग गए । इनके हाथ में एक थैला भी था । महिलाओं के साथ वाले बच्चे ने पगड़ी बांध रखी थी । इस बाजार में गुरुद्वारा के साथ ही एक मंदिर भी स्थित है । बाजार के लोगों का आरोप है कि बाजार में तैनात स्पैशल पुलिस फोर्स के 14 कर्मी तैनात रहते हैं और कल घटना के समय भी वह तैनात थे मगर उन्होंने भागने वाली महिलाओं और बच्चों को पकड़ने की हिम्मत तक नहीं की । धमाके के बाद बाजार में भारी तनाव पैदा हो गया था और नगर पुलिस अध्यक्ष चौधरी बलदेव सिंह, इंस्पैक्टर श्री भाटिया और सी.आर.पी.एफ. के अधिकारी मौके पर पहुंच गए । बाद में बताया गया है कि धमाका किसी बड़े पटाखे का था ।

आतंकवादी गिरफ्तार

मजीठा पुलिस ने आज तड़के एक मुठभेड़ के बाद संदिग्ध आतंकवादी रेशम सिंह को धर दबोचा जबकि उसका साथी सतनाम सिंह सत्ता फरार हो गया । मजीठा पुलिस जिला के चीफ ने बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने हरशा छीना गांव के रेशम सिंह के घर पर छापा मारा । छापे के दौरान शरण देने के आरोप में रेशम सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया ।

लाश मिली

पुलिस ने आज अमृतसर मेहता रोड पर घंसा गांव के पास वृक्ष से लटका एक क्षत-विक्षत शव बरामद किया ।

प्रवासी मजदूर की हत्या

लुधियाना (ह.स.): कल रात यहां से 28 किलो मीटर दूर मौजा धाकड़ार में कुछ अज्ञात व्यक्ति सोहन लाल नामक एक प्रवासी मजदूर की झोंपड़ी में सोते हुए तेजधार हथियार से हत्या कर गए और उसकी पत्नी को सख्त घायल कर गए, जिन्हें सिविल अस्पताल में दाखिल करवा दिया गया है ।

2687 रुपए लूटे

जालन्धर (ह.स.): आज बाद दोपहर गांव पड़ जगीर में एक सहकारी समिति से 2687 रुपए लू लिए गए । लुटेरों ने कैशियर को पिस्तौल दिखा क धमकाया और रुपए लूट पर फरार हो गए ।

जिला होशियारपुर में 5 गिरफ्तार

होशियारपुर (अश्विनी): मुकेरियां पुलिस ने गत रात्रि तीन आतंकवादियों को आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन के जिला महासचिव श्री भूपेन्द्र सिंह कंडी की हत्या के प्रयास के आरोप में गिरफ्तार कर लिया । जिला पुलिस के एक प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि मंजपुर ग्राम के अवतार सिंह उस्मान शहीद ग्राम के हरेन्द्र सिंह उर्फ तोतू तथा हयातपुर ग्राम के इकबाल सिंह ने 2 जून की रात्रि को हयातपुर ग्राम में भूपेन्द्र सिंह कंडी के घर जाकर फायरिंग की थी । प्रवक्ता ने कहा कि इन तीनों से पूछताछ की जा रही है ।

प्रवक्ता ने बताया कि गढ़शंकर पुलिस ने आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में कुक्कड़ ग्राम के मलकियत सिंह उर्फ काका को गिरफ्तार किया है । प्रवक्ता ने यह भी बताया कि हरदोखानपुर के एक नवयुवक शमशेर सिंह उर्फ शेरा को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 12 बो का एक देसी पिस्तौल बरामद किया गया है ।

बैंक लूटने से पहले ही पकड़े गए

करतारपुर (साहनी): गत दिवस स्थानी पुलिस ने गांव किशनगढ़ की नहर के पास नाकाबं के दौरान दो व्यक्तियों, जोकि स्कूटर नं. पी. डब्ल्यू. 8790 पर आ रहे थे, को रोका । उनक तलाशी लेने पर स्कूटर के पीछे बैठे व्यक्ति गुरपा सिंह से एक पिस्तौल 38 बोर बैबले मार्का, जो इंगलैंड का बना हुआ है तथा गोलियों से भरा हु था, बरामद हुआ । स्कूटर चालक का नाम दलजी सिंह है तथा वह गांव मानकगई का रहने वा बताया जाता है । पुलिस सूत्रों के अनुसार पूछता के दौरान अभियुक्तों ने यह स्वीकार किया कि उन पांच और साथी भी हैं जिनके नाम रविन्द्र सिं बलराज सिंह, इंद्र सिंह, सर्वजीत सिंह तथा अमलो सिंह हैं तथा हमारा आज गांव किशनगढ़ के बैंक लूटने का इरादा था । पुलिस ने रविन्द्र सिंह से च कारतूस 9 एम.एम. बरामद किए । इन अभियुक्त ने बताया कि वे लूटमार की पांच वारदातें कर चु हैं । गांव बुलोवाल के बैंक से 6 हजार रुपए निका कर ले जा रहे, एक व्यक्ति से रुपए हमने ही छी थे । पुलिस ने रविन्द्र सिंह तथा सर्वजीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया है ।

देसी बम बनाने की फैक्टरी पकड़ी

बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला बटाला-अमृतसर रोड पर स्थित धीर लिंक रोड पर गत रात बटाला में तैनात बी.एस.एफ. व शह पुलिस ने संक्षिप्त मुठभेड़ के पश्चात् 6 संदिग्ध लो



Slgefund.lu

अमृतसर में बम विस्फोट

(पृष्ठ 3 का शेष)

करने के लिए अपने साथ सहमत कर लिया था ।

पुलिस प्रवक्ता ने आगे कहा कि इन्होंने पुलिस को बताया है कि इनकी गुरदासपुर सड़क पर स्थित "रिफ्यूजी कैम्प" व सब्जी मंडी बटाला में बम विस्फोट करने की योजना थी ।

शरणदाता गिरफ्तार

इसी जिला के थाना कलानौर पुलिस ने आतंकवादियों को शरण देने व राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में संलिप्त होने के आरोप में बलवंत सिंह, अवतार सिंह व टहल सिंह को गिरफ्तार किया है ।

जलोटा हत्याकांड की जिम्मेदारी

खालिस्तान कमांडो फोर्स के छपे हुए लैटरपैड पर पत्रकारों को भेजे एक प्रैस नोट में आतंकवादियों के इस संगठन ने पंजाब शिव सेना के प्रधान श्री रमाकांत जलोटा की हत्या की जिम्मेदारी अपने सिर ली है ।

घुसपैठिया मरा

बटाला पुलिस जिले के डेरा बाबा नानक के पास बी.एस.एफ. से हुई मुठभेड़ में एक पाक घुसपैठिया मारा गया ।

जेवर, नकदी लूटी

गुरदासपुर से विनोद ने समाचार दिया है कि कल रात दीनानगर थाना के गांव खड़ूरपुर में तीन अज्ञात व्यक्ति आए जिनमें से एक स्टेनगन और दो रिवाल्वरों से लैस थे । पहले वे सरदार सिंह के घर में घुसे और वहां से 15 हजार रुपए नकद और 20 हजार के आभूषण लूट कर ले गए । फिर वे जागीर सिंह के घर में घुसे और वहां से भी 5 हजार के जेवरात लूट कर ले गए । सरदार सिंह के लड़के की शादी कुछ दिनों तक होने वाली थी ।

बहादुरी पर इनाम

गुरदासपुर के एस.एस.पी. श्री दास ने बताया कि कल गुरदासपुर थाना सदर के गांव हमराज़पुर में आतंकवादियों ने एक देहाती तीर्थ राम की गोली मार कर हत्या कर दी । इस अवसर पर तीर्थ राम के भाई जगदीश चंद्र ने बहुत साहस और बीरता दिखाई थी जिसके परिणामस्वरूप आतंकवादी भागने पर विवश हो गए थे । एस.एस.पी. ने बताया कि उन्होंने जगदीश चंद्र को बहादुरी दिखाने के लिए 10 हजार रुपया इनाम दिए जाने की सिफारिश की है । तीर्थ राम का 4 मास का बेटा घायल हो गया था, उसके इलाज के लिए 5 हजार की सहायता दी गई ।

मारे गए उग्रवादी नए रंगरूट थे

फिरोजपुर (बागी): रविवार की रात को अबोहर सब डिवीजन के थाना खुइयां सरवर के सीमांत गांव तूत में पुलिस के साथ मुठभेड़ में 2 नए रंगरूट उग्रवादी अजीत सिंह और काबुल सिंह मारे गए जबकि एक उग्रवादी को गिरफ्तार कर लिया गया । इस मुठभेड़ में चार ए.के.-47 राइफलें तथा गोली सिक्का बरामद हुआ । मुठभेड़ का ब्यौरा देते हुए एस.एस.पी. श्री अनिल कौशिक ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा दी गई इस सूचना के आधार पर कि कुछ सशस्त्र उग्रवादी गांव तूत में घूम रहे हैं, पुलिस पार्टी बी.एस.एफ. के साथ गांव में पहुंच गई । जब उग्रवादियों को चुनौती दी गई तो उन्होंने गोलियां चलानी शुरू कर दीं । सुरक्षा बलों द्वारा जवाबी गोलीबारी में दो उग्रवादी मारे गए । पुलिस चीफ ने बताया कि सुरक्षा बलों ने उग्रवादियों का पीछा करना जारी रखा और तीसरे उग्रवादी ने हाथ खड़े करके आत्मसमर्पण कर दिया । प्रारम्भिक पूछताछ के दौरान गिरफ्तार किए गए उग्रवादी ने बताया कि उन्होंने हथियार पंथक कमेटी के सदस्य बस्सन सिंह जफरवाल से प्राप्त किए थे जोकि अब पाकिस्तान में रह रहा है । उन्होंने यह हथियार के.सी.एफ. को सप्लाई करने थे । श्री कौशिक ने बताया कि तीन आतंकवादी वैशाखी के दिन पाकिस्तान गए थे जहां जफरवाल ने उनको ए.के.-47 राइफल चलाने तथा हथगोले फैंकने का प्रशिक्षण दिलाने का प्रबन्ध किया था । बी.एस.एफ. फिरोजपुर रेंज के डी.आई.जी. श्री ए.के. सर्वअधिकारी ने आज बताया कि बी.एस.एफ. ने कल रात 7.62 एम.एस. बोर के 12000 राऊंड बरामद किए जिन्हें मशीनगनों में प्रयुक्त किया जा सकता है, ए.के.-47 एस.एल.आर., कुछ पिस्तौल, एक चीनी असाल्ट राइफल बरामद की । यह हथियार पाकिस्तान से भारत में चोरी छुपे लाए जा रहे थे । डी.आई.जी. ने कहा कि सशस्त्र घुसपैठियों ने सीमा चौकी मट्टिठयांवाला के निकट से भारत में घुसने की कोशिश की । उन्होंने कहा कि चुनौती दिए जाने पर घुसपैठियों ने फायरिंग शुरू कर दी । इसके साथ ही पाकिस्तान की ओर से भी इन घुसपैठियों की सहायता के लिए तीन तरफ से भारी गोलीबारी हुई । बी.एस.एफ. ने भी इसका प्रभावी उत्तर दिया । 35 मिनट की फायरिंग के बाद घुसपैठिए वापस भाग गए ।

तीन उग्रवादी गिरफ्तार

फिरोजपुर पुलिस ने थाना धर्मकोट के अंतर्गत गांव सईद मुहम्मद के निकट तीन स्कूटर सवार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया और उनसे दो किए । उनके नाम मल सिंह, मल सिंह द्वितीय तथा हरमंदर सिंह हैं ।

पहले ही धमकी दे दी थी

संगरूर (गोयल): पंजाब, हरियाणा व दिल्ली के क्षेत्रों में सक्रिय दो उग्रवादी संगठनों खालिस्तान लिबरेशन फोर्स तथा खालिस्तान आर्म्ड फोर्स ने गत मास हरियाणा पुलिस के साथ मुठभेड़ में सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन के महासचिव सुखचैन सिंह कालेका की मौत के विरुद्ध हरियाणा के विभिन्न स्थानों पर फतेहाबाद और लालडू जैसे कांड दोहराने के अपने इरादे की गुप्तचर एजैंसियों को पहले ही चेतावनी दे दी थी । यह चेतावनी जोकि खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के लैटरपैड पर थी, गत 2 जून को यहां के कुछ पत्रकारों को भी भेजी गई थी । रविवार को कुरुक्षेत्र में हुए बम धमाका तथा कल रात पिहोवा में हुई हत्याओं को इसी धमकी का अमली रूप माना जा रहा है । भाई गुरजंट सिंह बुध सिंह वाला के नाम पर जारी किए गए इस धमकी भरे बयान में कहा गया था कि खालिस्तान आर्म्ड फोर्स के महासचिव मान सिंह और खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के 'जनरल' अवतार सिंह ब्रह्मा, भाई गुरजंट सिंह बुध सिंहवाला तथा सुखचैन सिंह ने सुखचैन सिंह कालेका की मौत का तथा पिहोवा पुलिस की ओर से एक अन्य खालिस्तानी मनजीत सिंह जिम्मी के विरुद्ध केस बनाए जाने का बदला लेने का फैसला किया है । प्रैस नोट में कहा गया कि ऐसे केस बनाने के लिए जिम्मेदार पुलिस वालों की हत्या कर दी जाएगी । इसमें कहा गया कि हरियाणा में देवी लाल सरकार को ऐसी गतिविधियों से बाज रहना चाहिए क्योंकि उग्रवादियों की मुख्य लड़ाई केंद्रीय सरकार के साथ है देवी लाल सरकार के विरुद्ध नहीं । यदि हरियाणा में गुप्तचर एजैंसियों व सरकार ने इन धमकियों को गम्भीरता से लिया होता तो इन दुखद घटनाओं को रोका जा सकता था ।

महंत, सेवादार की हत्या

पटियाला (भूषण): गत रात्रि यहां नजदीकी थाना जुलकां के अंतर्गत गांव खेड़ी रनवां में एक डेरे के महंत भगवान दास और उसके सेवादार बलबीर सिंह उर्फ भीरा की गोलियां मार कर हत्या कर दी । आतंकवादी डेरे में दाखिल हुए तथा महंत व सेवादार पर गोलियां बरसाईं । महंत की तो वहीं पर मृत्यु हो गई जबकि सेवादार अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही दम तोड़ गया ।

दो घायल

आज रात्रि जालन्धर के बंगा थाना क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर में चार उग्रवादियों ने मंजीत सिंह के घर में घुस कर मंजीत सिंह व बलजीत सिंह को गोली मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया ।

जालंधर से प्राप्त एक सूचना के अनुसार आज रात्रि लगभग आठ बजे स्थानीय माडल टाऊन के मिल्क बार चौक में दो युवकों ने एक दम्पति से उनका बैग छीन लिया, जिसमें कुछ नकदी थी । इसके बाद दोनों युवक गुरु तेग बहादर नगर की तरफ गए, जहां उन्होंने एक अन्य दम्पति से उनका पर्स छीन लिया । दोनों युवक लाल रंग के हीरो होंडा

क्लासीफाइड विज्ञापन

जैनरेटर बिकाऊ

सैल्फ स्टार्ट/रैडी स्टाक/एक से बीस किलोवाट तक । फ्रीडम 177 एयर कंडीशनर प्लेट ।

फोटोग्राफी

दाखिला ब्लैक एंड व्हाईट, कलर फोटोग्राफी तथा

Urburpur's Jpfund

पंजाब में उग्रवादियों द्वारा 14 लोगों की हत्या : अमृतसर में कर्फ़्यू जारी

बम कांड में मृतकों की संख्या गैर-सरकारी तौर पर 35 : बीस घायलों की दशा गम्भीर : एक पाक घुसपैठिया मुठभेड़ में मरा

बटाला में 30 हज़ार, साहनेवाल पैट्रोल पम्प से 18 हज़ार रुपये लूट लिये : रोपड़ में 9 आतंकवादी और 'शरणदाता बंदी

चंडीगढ़, 22 जून (वार्ता): आतंकवादियों ने कल रात से लेकर पंजाब में 14 व्यक्तियों की हत्या कर दी जबकि एक पाकिस्तानी घुसपैठिया मारा गया ।

कटड़ा आहलूवालिया अमृतसर में बम कांड में मारे गए लोगों की संख्या अब सरकारी तौर पर 30 बताई गई है जबकि एक अन्य सूचना के अनुसार यह संख्या 35 है । बम कांड के विरोध में आज अमृतसर 'पूर्ण बंद' रहा । 20 घायलों की दशा गम्भीर बताई गई है । पुराने अमृतसर शहर में कर्फ़्यू जारी है ।

आतंकवादियों ने संगरूर में 6, होशियारपुर में 1, बटाला में 2, अमृतसर में 4 तथा जालंधर जिले में एक व्यक्ति की हत्या की । बटाला में 30 हजार रुपए लूट लिए गए ।

अमृतसर बम कांड का ब्यौरा

अमृतसर (वि.प्र.): अमृतसर शहर के व्यापारिक केन्द्र कटड़ा आहलूवालिया में मंगलवार शाम के समय हुए बम धमाके के मृतकों की संख्या अब सरकारी तौर पर 30 बताई गई है, जबकि शहर के सिविल अस्पताल के एमरजैंसी वार्ड सहित पांच अन्य नर्सिंग होमों में दाखिल घायलों की संख्या 53 है । शहर में व्याप्त तनाव को देखते हुए जिला प्रशासन ने अमृतसर शहर की चार दीवारी के अलावा अन्य संवेदनशील क्षेत्रों पुतलीघर, बटाला रोड व मजीठा रोड के कुछ क्षेत्रों में अनिश्चितकालीन कर्फ़्यू मंगलवार रात को ही लगा दिया था । किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए शहर भर में पुलिस एवं सुरक्षा बल तैनात कर दिए गए हैं, जबकि विभिन्न गश्ती पार्टियां शहर भर का चक्कर लगा रही हैं ।

कटड़ा आहलूवालिया जहां हर सायं शहर भर के व्यापारी इकट्ठे होते हैं और अपने-अपने उत्पादों का लेन-देन करते हैं व उनके भाव आदि निश्चित करते हैं, के एक कोने में मंगलवार शाम को एक भीषण बम विस्फोट हुआ जिसने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया । धमाके के साथ ही धातु के टुकड़े तथा भीषण आग की लपटें उठीं जिससे व्यापारियों से खचाखच भरे चौक में कोहराम मच गया तथा पल भर में ही लोग आग से झुलस गए । धातु के टुकड़ों के लगने से अनेक लोग घायल हो गए । आग की सचिव भारतीय जनता पार्टी निवासी हुसैनपुरा, दुर्गा दास (50) निवासी गली कलालां कटड़ा आहलूवालिया, राज कुमार कपूर (49) निवासी कृष्णा गली नमक मंडी, कृष्ण कुमार जैन निवासी कटड़ा आहलूवालिया, त्रिलोक चन्द निवासी लारैंस रोड, बृज मोहन कपूर निवासी मदन मोहन मालवीय रोड, मनोहर लाल (45) निवासी ढाब खटीकां, अमरनाथ सेठ निवासी कटड़ा सफेद, चरण दास (64), राजपाल (55) निवासी कटड़ा खजाना, अशोक कुमार (35) निवासी कटड़ा शेर सिंह, मदन मोहन करोड़ा निवासी नमक मंडी, विलायती राम निवासी शिवाला भाइयां, मनोहर लाल निवासी ढाब खटीकां, सुरेश कुमार निवासी कटड़ा शेर सिंह, नरेन्द्र पाल निवासी नई आबादी, कश्मीर सिंह (पुत्र दुर्गा दास ब्राह्मण) निवासी चनौली जिला कांगड़ा, जोगेन्द्र कुमार निवासी हाजीपुर जिला कांगड़ा, मोहन लाल (स्पैशल पुलिस अफसर) निवासी विजय नगर, प्रीतम चंद (जलेबी वाला) निवासी कटड़ा आहलूवालिया, विपन कुमार निवासी कटड़ा आहलूवालिया, बीत लाल निवासी लोहगढ़ ।

इसके अलावा 53 घायल अमृतसर के विभिन्न अस्पतालों में उपचाराधीन हैं । इनका विवरण इस प्रकार है । सिविल अस्पताल में 26 घायल हैं जिनमें जगदीश राम निवासी शान गली, जयगोपाल कटड़ा आहलूवालिया, देवेन्द्र सिंह निवासी ग्रीन एवेन्यू, सुनील खन्ना कटड़ा सफेद, सिकंदर निवासी कटड़ा आहलूवालिया, सुनील मक्कड़ निवासी बसन्त एवेन्यू, करतार सिंह निवासी किला भंगियां, दलबीर सिंह सलतान विंड रोड, मनजीत सिंह ग्रीन एवेन्यू, नन्द किशोर बाजार नरसिंह दास, पवन कुमार जलियांवाला बाग, रमन खन्ना (35) निवासी बाजार सिरकी बंधां, राजपाल मेहरा निवासी कटड़ा भाई संत सिंह, दलीप सिंह कोट बाबा दीप सिंह, प्रेमनाथ लछमनसर, अशोक कुमार कटड़ा रलिया राम, कुलदीप सिंह कृष्णा गली हाइड मार्केट, ओम प्रकाश भूषणपुरा, अजय कुमार लछमनसर, जवाहर लाल मेहरा कटड़ा खजाना, राजेश खन्ना गेट हकीमां, प्रेम नाथ सेठ कटड़ा खजाना, राजपाल मेहरा कटड़ा खजाना, घनश्याम दास कटड़ा आहलूवालिया, शम्भू राम कटड़ा आहलूवालिया शामिल हैं ।

7 घायल प्रेम राय नर्सिंग होम में उपचाराधीन हैं जिनमें ओम प्रकाश (52) भूषण पुरा, द्वारकादास भूषणपुरा, पवन कुमार शक्ति नगर, राकेश कुमार कटड़ा सफेद, पंडित सीता राम निवासी जोशी कालोनी, नन्द किशोर मेहरा बी.के. दत्त गेट, सुधीर कुमार कर्मो गली शामिल हैं । सात घायल मुनी लाल चोपड़ा मैमोरियल अस्पताल में उपचाराधीन हैं जिनमें सतीश कपूर न्यू कोआपरेटिव कालोनी, किशन चन्द ढाब खटीकां, विमल कपूर लक्कड़ मंडी, लक्ष्मी नारायण लक्कड़ मंडी, कृष्ण कुमार कालड़ा लक्कड़ मंडी, प्रेम ग्रोवर दयानन्द नगर शामिल हैं । नौ घायल रामसरन दास कक्कड़ अस्पताल में उपचाराधीन हैं जिनमें राजपाल खन्ना कटड़ा मोती राम, राकेश जैन बाजार बीकानेरियां, सुशील चोपड़ा किला भंगियां, ज्ञान चन्द प्रताप बाजार हरीश मक्कड़ ग्रीन एवेन्यू, सुनील मक्कड़ बसन्त एवेन्यू, संजीव कुमार इस्लामाबाद, शाम सुन्दर कटड़ा चढ़त सिंह और विजय चोपड़ा कटड़ा भाई संत सिंह शामिल हैं । भजन लाल दलाल निवासी खूह बम्बे वाला तथा सरदारी लाल कटड़ा सफेद डाक्टर चावला नर्सिंग होम में उपचाराधीन हैं जबकि भीम सेन नर्सिंग होम में जतिन्द्र पाल खन्ना बाजार सिरकी बंधां, जवाहर लाल निवासी बाग चौधरी गली और नरेन्द्र कुमार निवासी खूह बम्बे वाला दाखिल हैं ।

घटनास्थल पर भारी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात है जबकि विभिन्न पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी घटनास्थल का निरीक्षण करने आ-जा रहे हैं । सिटी पुलिस इंस्पैक्टर जगजीत सिंह भाटिया ने इस बात की पुष्टि की कि रात को जो बम फटा वह वास्तव में साइकल पर लाया गया था जिसे साइकल समेत छोड़कर आतंकवादी भाग गए । विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि साइकल जिस पर यह बम रखा हुआ था, के टुकड़े बिखर कर दूर तक जा गिरे । धमाके वाले स्थान पर खड़े आठ स्कूटर बुरी तरह जल गए जबकि तीन अन्य स्कूटरों की भी हालत काफी बुरी थी । जिस बंद दुकान के सामने यह धमाका हुआ उसके शटर में धातु के टुकड़े लगने से जगह-जगह छेद हो गए । इसी दुकान के ऊपर चौबारे में बम से आग लग गई जिसे बाद में लोगों ने बुझाया ।

एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि झुलस कर मरने वाले तथा घायल लोगों को अस्पताल पहुंचाने के लिए लोगों को कड़ी मेहनत करनी पड़ी क्योंकि घायलों के शरीर बुरी तरह रक्तरंजित थे । इसी प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार उस समय अफरा-तफरी इतनी ज्यादा थी कि किसी को कुछ सूझ नहीं रहा था और जिसको जो भी वाहन उपलब्ध हो सका उसी पर घायलों अथवा मृतकों को अस्पताल पहुंचाया गया । यहां तक कि कुछ घायलों को छकड़ों और रेहड़ियों में डालकर लोग दौड़ पड़े जबकि कुछ को पुलिस व सुरक्षा बलों के वाहनों में डालकर अस्पताल पहुंचाया गया । आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि कल 27 घायलों को प्राथमिक चिकित्सा के बाद छुट्टी दे दी गई थी । अभी भी घटनास्थल पर खून और मांस के लोथड़े पड़े हुए थे ।

पूर्ण बंद

बम कांड के विरुद्ध रोष स्वरूप अमृतसर के विभिन्न राजनीतिक दलों ने आज अमृतसर बंद का आह्वान कर रखा था जिसे अमृतसरवासियों ने अपना पूर्ण समर्थन देते हुए अपने कारोबार बंद रखे । लारेंस रोड, कचहरी रोड, छहटां जी.टी. रोड आदि पर सभी दुकानें बंद देखी गई ।

मृतकों का दाहसंस्कार

नारंग के अनुसार कल बम विस्फोट में 19 मृतकों के शवों का आज यहां दाह संस्कार कर दिया गया । अन्य लाशों के दाह संस्कार के लिए जगह न होने के कारण 5 लाशें अभी श्मशान घाट पर ही पड़ी हैं । श्मशान घाट पर चारों तरफ धुआं ही धुआं छाया हुआ था । एक अजीबसा सन्नाटा और उसके बीच लोगों का विलाप हृदय को आंदोलित कर रहा था । भाजपा नेता डा. बलदेव प्रकाश आज सुबह से वहीं पर थे ।

लाशों को लाने का प्रबन्ध सेवा समिति की गाड़ियों में सी.आर.पी. के सहयोग से किया गया । सी. आर. पी. के जवान दुखी परिवारों के लोगों को अपनी गाड़ियों में श्मशान घाट तक ले गए । सी.आर.पी. जवानों का योगदान बहुत सराहनीय रहा लेकिन पंजाब पुलिस श्मशान घाट के इर्द-गिर्द कहीं दिखाई न दे रही थी । भीड़ राजीव विरोधी नारे लगा रही थी । आश्चर्य की बात यह है कि कोई भी इंका नेता न तो अस्पताल में घायलों को देखने गया और न ही मृतकों के दाह संस्कार के समय श्मशान घाट में किसी की शक्ल दिखाई दी । एक भाजपा

(शेष पृष्ठ 6 पर)

के. सी. एफ. के लै. जनरल सहित 2 उग्रवादी मारे गए

बटाला, 22 जून (कोछड़): आज देर रात पुलिस जिला बटाला के थाना सदर बटाला के ग्राम किला दर्शन सिंह में बी.एस.एफ. के साथ डेढ़ घंटे तक हुई मुठभेड़ में दो खतरनाक उग्रवादी मारे गए । एस.एस.पी. सुमेध सिंह सैनी ने बताया कि किला दर्शन सिंह के एक फार्म हाऊस में सायं 6 बजे से 7.30 बजे तक हुई इस मुठभेड़ में जोगेन्द्र सिंह जिन्दरी (मल्लू द्वारा) व सुखदेव सिंह (कोटला साहिया) नामक खतरनाक उग्रवादी मारे गए । जिन्दरी खालिस्तान कमांडो फोर्स का लैफ्टिनैंट जनरल व प्लस 'बी' श्रेणी का उग्रवादी था जिसपर पचास हजार रु. का इनाम था । दोनों उग्रवादियों के पास से एक स्टेनगन, एक 32 बोर का रिवाल्वर, 23 जीवित व 51 चले कारतूस, एक एच.ई.-36 हथगोला, 26190 रु. नकद बरामद हुए । ये रुपए आज सायं इन उग्रवादियों ने बटाला-गुरदासपुर सड़क पर किसान ट्रैक्टर्स से लूटे थे । पुलिस व बी.एस.एफ. तभी से इनका पीछा कर रही थी । इन उग्रवादियों ने 32 लोगों की हत्याएं की थीं जिनमें से गांव ठीकरीवाला नजारा में 8, काली

बब्बर खालसा के आतंकवादियों को गिरफ्तार करना या खत्म करना एक मात्र उपाय : सिद्दीकी

Punjabi Sansar

बटाला में 30 हज़ार, साहनेवाल पैट्रोल पम्प से 18 हज़ार रुपये लूट लिये : रोपड़ में 9 आतंकवादी और शरणदाता बंदी

चंडीगढ़, 22 जून (वार्ता): आतंकवादियों ने कल रात से लेकर पंजाब में 14 व्यक्तियों की हत्या कर दी जबकि एक पाकिस्तानी घुसपैठिया मारा गया ।

कटड़ा आहलूवालिया अमृतसर में बम कांड में मारे गए लोगों की संख्या अब सरकारी तौर पर 30 बताई गई है जबकि एक अन्य सूचना के अनुसार यह संख्या 35 है । बम कांड के विरोध में आज अमृतसर 'पूर्ण बंद' रहा । 20 घायलों की दशा गम्भीर बताई गई है । पुराने अमृतसर शहर में कर्फ्यू जारी है ।

आतंकवादियों ने संगरूर में 6, होशियारपुर में 1, बटाला में 2, अमृतसर में 4 तथा जालंधर जिले में एक व्यक्ति की हत्या की । बटाला में 30 हजार रुपए लूट लिए गए ।

अमृतसर बम कांड का ब्यौरा

अमृतसर (वि.प्र.): अमृतसर शहर के व्यापारिक केन्द्र कटड़ा आहलूवालिया में मंगलवार शाम के समय हुए बम धमाके के मृतकों की संख्या अब सरकारी तौर पर 30 बताई गई है, जबकि शहर के सिविल अस्पताल के एमरजैंसी वार्ड सहित पांच अन्य नर्सिंग होमों में दाखिल घायलों की संख्या 53 है । शहर में व्याप्त तनाव को देखते हुए जिला प्रशासन ने अमृतसर शहर की चार दीवारी के अलावा अन्य संवेदनशील क्षेत्रों पुतलीघर, बटाला रोड व मजीठा रोड के कुछ क्षेत्रों में अनिश्चितकालीन कर्फ्यू मंगलवार रात को ही लगा दिया था । किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए शहर भर में पुलिस एवं सुरक्षा बल तैनात कर दिए गए हैं, जबकि विभिन्न गश्ती पार्टियां शहर भर का चक्कर लगा रही हैं ।

कटड़ा आहलूवालिया जहां हर सायं शहर भर के व्यापारी इकट्ठे होते हैं और अपने-अपने उत्पादों का लेन-देन करते हैं व उनके भाव आदि निश्चित करते हैं, के एक कोने में मंगलवार शाम को एक भीषण बम विस्फोट हुआ जिसने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया । धमाके के साथ ही धातु के टुकड़े तथा भीषण आग की लपटें उठीं जिससे व्यापारियों से खचाखच भरे चौक में कोहराम मच गया तथा पल भर में ही लोग आग से झुलस गए । धातु के टुकड़ों के लगने से अनेक लोग घायल हो गए । आग की लपटों से घटनास्थल पर खड़े व्यापारियों के एक दर्जन के लगभग स्कूटर बुरी तरह से जल गए । झुलसने वाले कई व्यक्ति इधर-उधर भागते रहे । एकदर्जन से ज्यादा व्यक्ति बुरी तरह झुलस जाने से घटनास्थल पर ही दम तोड़ गए ।

घायलों को अड़ोस-पड़ोस के लोगों ने तुरन्त जो भी वाहन मिला उसी में डाल कर अस्पताल पहुंचाना शुरू कर दिया । कई व्यक्ति अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ गए । बुधवार की सुबह तक सरकारी तौर पर मृतकों की संख्या 28 बताई गई । मृतकों के नाम इस प्रकार हैं : राधा कृष्ण (55) निवासी जोशी कालोनी, कृष्ण लाल (52) निवासी महांसिंह गेट, प्रेमनाथ सेठ निवासी कटड़ा खजाना, ओम प्रकाश निवासी भूषणपुरा, केवल मेहरा निवासी कूचा बद्री, बृज लाल, नरेश भाटिया (50) सचिव भारतीय जनता पार्टी निवासी हुसैनपुरा, दुर्गा दास (50) निवासी गली कलालां कटड़ा आहलूवालिया, राज कुमार कपूर (49) निवासी कृष्णा गली नमक मंडी, कृष्ण कुमार जैन निवासी कटड़ा आहलूवालिया, त्रिलोक चन्द निवासी लारैंस रोड, बृज मोहन कपूर निवासी मदन मोहन मालवीय रोड, मनोहर लाल (45) निवासी ढाब खटीकां, अमरनाथ सेठ निवासी कटड़ा सफेद, चरण दास (64), राजपाल (55) निवासी कटड़ा खजाना, अशोक कुमार (35) निवासी कटड़ा शेर सिंह, मदन मोहन करोड़ा निवासी नमक मंडी, विलायती राम निवासी शिवाला भाइयां, मनोहर लाल निवासी ढाब खटीकां, सुरेश कुमार निवासी कटड़ा शेर सिंह, नरेन्द्र पाल निवासी नई आबादी, कश्मीर सिंह (पुत्र दुर्गा दास ब्राह्मण) निवासी चनौली जिला कांगड़ा, जोगेन्द्र कुमार निवासी हाजीपुर जिला कांगड़ा, मोहन लाल (स्पैशल पुलिस अफसर) निवासी विजय नगर, प्रीतम चंद (जलेबी वाला) निवासी कटड़ा आहलूवालिया, विपन कुमार निवासी कटड़ा आहलूवालिया, जीत लाल निवासी लोहगढ़ ।

इसके अलावा 53 घायल अमृतसर के विभिन्न अस्पतालों में उपचाराधीन हैं । इनका विवरण इस प्रकार है । सिविल अस्पताल में 26 घायल हैं, जिनमें जगदीश राम निवासी शान गली, जयगोपाल कटड़ा आहलूवालिया, देवेन्द्र सिंह निवासी ग्रीन एवेन्यू, सुनील खन्ना कटड़ा सफेद, सिकंदर निवासी कटड़ा आहलूवालिया, सुनील मक्कड़ निवासी बसन्त एवेन्यू, करतार सिंह निवासी किला भंगियां, दलबीर सिंह सलतान विंड रोड, मनजीत सिंह ग्रीन एवेन्यू, नन्द किशोर बाजार नरसिंह दास, पवन कुमार जलियांवाला बाग, रमन खन्ना (35) निवासी बाजार सिरकी बंधां, राजपाल मेहरा निवासी कटड़ा भाई संत सिंह, दलीप सिंह कोट बाबा दीप सिंह, प्रेमनाथ लछमनसर, अशोक कुमार कटड़ा रलिया राम, कुलदीप सिंह कृष्णा गली हाइड मार्केट, ओम प्रकाश भूषणपुरा, अजय कुमार लछमनसर, जवाहर लाल मेहरा कटड़ा खजाना, राजेश खन्ना गेट हकीमां, प्रेम नाथ सेठ कटड़ा खजाना, राजपाल मेहरा कटड़ा खजाना, घनश्याम दास कटड़ा आहलूवालिया, शम्भू राम कटड़ा आहलूवालिया शामिल हैं ।

7 घायल प्रेम राय नर्सिंग होम में उपचाराधीन हैं जिनमें ओम प्रकाश (52) भूषण पुरा, द्वारकादास भूषणपुरा, पवन कुमार शक्ति नगर, राकेश कुमार कटड़ा सफेद, पंडित सीता राम निवासी जोशी कालोनी, नन्दकिशोर मेहरा बी.के. दत्त गेट, सुधीर कुमार कर्मो गली शामिल हैं । सात घायल मुनी लाल चोपड़ा मैमोरियल अस्पताल में उपचाराधीन हैं जिनमें सतीश कपूर न्यू कोआपरेटिव कालोनी, किशन चन्द ढाब खटीकां, विमल कपूर लक्कड़ मंडी, लक्ष्मी नारायण लक्कड़ मंडी, कृष्ण कुमार कालड़ा लक्कड़ मंडी, प्रेम ग्रोवर दयानन्द नगर शामिल हैं । नौ घायल रामसरन दास कक्कड़ अस्पताल में उपचाराधीन हैं जिनमें राजपाल खन्ना कटड़ा मोती राम, राकेश जैन बाजार बीकानेरियां, सुशील चोपड़ा किला भंगियां, ज्ञान चन्द प्रताप बाजार, हरीश मक्कड़ ग्रीन एवेन्यू, सुनील मक्कड़ बसन्त एवेन्यू, संजीव कुमार इस्लामाबाद, शाम सुन्दर कटड़ा बढ़त सिंह और विजय चोपड़ा कटड़ा भाई संत सिंह शामिल हैं । भजन लाल दलाल निवासी खुह बम्बे वाला तथा सरदारी लाल कटड़ा सफेद डाक्टर चावला नर्सिंग होम में उपचाराधीन हैं जबकि भीम सेन नर्सिंग होम में जतिन्द्र पाल खन्ना बाजार सिरकी बंधां, जवाहर लाल निवासी बाग चौधरी गली और नरेन्द्र कुमार निवासी खुह बम्बे वाला दाखिल हैं ।

घटनास्थल पर भारी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात है जबकि विभिन्न पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी घटनास्थल का निरीक्षण करने आ-जा रहे हैं । सिटी पुलिस इंस्पैक्टर जगजीत सिंह भाटिया ने इस बात की पुष्टि की कि रात को जो बम फटा वह वास्तव में साइकल पर लाया गया था जिसे साइकल समेत छोड़कर आतंकवादी भाग गए । विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि साइकल जिस पर यह बम रखा हुआ था, के टुकड़े बिखर कर दूर तक जा गिरे । धमाके वाले स्थान पर खड़े आठ स्कूटर बुरी तरह जल गए जबकि तीन अन्य स्कूटरों की भी हालत काफी बुरी थी । जिस बंद दुकान के सामने यह धमाका हुआ उसके शटर में धातु के टुकड़े लगने से जगह-जगह छेद हो गए । इसी दुकान के ऊपर चौबारे में बम से आग लग गई जिसे बाद में लोगों ने बुझाया ।

एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि झुलस कर मरने वाले तथा घायल लोगों को अस्पताल पहुंचाने के लिए लोगों को कड़ी मेहनत करनी पड़ी क्योंकि घायलों के शरीर बुरी तरह रक्तरंजित थे । इसी प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार उस समय अफरा-तफरी इतनी ज्यादा थी कि किसी को कुछ सूझ नहीं रहा था और जिसको जो भी वाहन उपलब्ध हो सका उसी पर घायलों अथवा मृतकों को अस्पताल पहुंचाया गया । यहां तक कि कुछ घायलों को छकड़ों और रेहड़ियों में डालकर लोग दौड़ पड़े जबकि कुछ को पुलिस व सुरक्षा बलों के वाहनों में डालकर अस्पताल पहुंचाया गया । आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि कल 27 घायलों को प्राथमिक चिकित्सा के बाद छुट्टी दे दी गई थी । अभी भी घटनास्थल पर खून और मांस के लोथड़े पड़े हुए थे ।

पूर्ण बंद

बम कांड के विरुद्ध रोष स्वरूप अमृतसर के विभिन्न राजनीतिक दलों ने आज अमृतसर बंद का आह्वान कर रखा था जिसे अमृतसरवासियों ने अपना पूर्ण समर्थन देते हुए अपने कारोबार बंद रखे । लारेंस रोड, कचहरी रोड, छहटा जी.टी. रोड आदि पर सभी दुकानें बंद देखी गईं ।

मृतकों का दाहसंस्कार

नारंग के अनुसार कल बम विस्फोट में 19 मृतकों के शवों का आज यहां दाह संस्कार कर दिया गया । अन्य लाशों के दाह संस्कार के लिए जगह न होने के कारण 5 लाशें अभी श्मशान घाट पर ही पड़ी हैं । श्मशान घाट पर चारों तरफ धुआं ही धुआं छाया हुआ था । एक अजीब-सा सन्नाटा और उसके बीच लोगों का विलाप हृदय को आंदोलित कर रहा था । भाजपा नेता डा. बलदेव प्रकाश आज सुबह से वहीं पर थे ।

लाशों को लाने का प्रबन्ध सेवा समिति की गाड़ियों में सी.आर.पी. के सहयोग से किया गया । सी. आर. पी. के जवान दुखी परिवारों के लोगों को अपनी गाड़ियों में श्मशान घाट तक ले गए । सी.आर.पी. जवानों का योगदान बहुत सराहनीय रहा लेकिन पंजाब पुलिस श्मशान घाट के इर्द-गिर्द कहीं दिखाई न दे रही थी । भीड़ राजीव विरोधी नारे लगा रही थी । आश्चर्य की बात यह है कि कोई भी एक नेता न तो अस्पताल में घायलों को देखने गया और न ही मृतकों के दाह संस्कार के समय श्मशान घाट में किसी की शक्ल दिखाई दी । एक भाजपा

(शेष पृष्ठ 6 पर)

बब्बर खालसा के आतंकवादियों को गिरफ्तार करना या खत्म करना एक मात्र उपाय : सिद्दीकी

अमृतसर, 22 जून (ह.स.): पंजाब पुलिस के सीमा रेंज के उपमहानिरीक्षक ए.ए. सिद्दीकी ने आज यहां कहा कि पंजाब और पड़ोसी राज्यों में आतंकवादियों द्वारा हाल में बम विस्फोटों जैसी वारदातों से निपटने के लिए पुलिस इस समय एक प्रभावशाली रणनीति की तलाश में है । आज यहां संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री सिद्दीकी ने कहा कि यह पक्के तौर पर कहा जा सकता है कि नई दिल्ली, करुक्षेत्र और अमृतसर में बम विस्फोट की घटनाओं के लिए बब्बर खालसा ही जिम्मेवार है । आतंकवादियों ने गत 19 जून को करुक्षेत्र में, 20 जून को नई दिल्ली में और कल रात यहां स्वर्ण मंदिर के निकट बम विस्फोट किया था । सुरक्षा बलों द्वारा उठाए गए कदमों के बारे में श्री सिद्दीकी ने कहा कि अभी कुछ निश्चित कदम उठाए गए हैं तथा संबंधित क्षेत्रों में पुलिस गश्त तेज कर दी गई है । लोगों को चेतावनी दी गई है कि वे संदिग्ध अवस्था में पड़ी वस्तुओं से चौकन्ना रहें ।

श्री सिद्दीकी ने जोर देकर कहा कि आतंकवादियों द्वारा अपनाई गई नई रणनीति के सामने सुरक्षा बल पूरी तरह असहाय नहीं हैं । उन्होंने कहा कि 'हमारे पास बस यही उपाय है कि बब्बर खालसा के आतंकवादियों को या तो गिरफ्तार किया जाए या उन्हें पूरी तरह खत्म कर दिया जाए ।'

उन्होंने बताया कि कल रात अमृतसर में बम विस्फोट की घटना की व्यापक छानबीन की जा रही है । बब्बर खालसा उग्रवादियों के सभी अड्डों की तलाशी ली जा रही है । श्री सिद्दीकी ने कहा कि कल अमृतसर में बम विस्फोट की जांच का अभी तक कोई खास नतीजा नहीं निकला है ।

श्री सिद्दीकी ने जिला पुलिस अधीक्षक सुरेश अरोड़ा के साथ विस्फोट स्थल का मुआयना किया । उन्होंने बताया कि बम फटने से विस्फोट स्थल से 10 मीटर के दायरे के अंदर जानमाल को नुक्सान पहुंचा है । यह बम लगभग उसी प्रकार का था जैसा हाल ही में करुक्षेत्र, दिल्ली और अन्य स्थानों पर फैंका या रखा गया था ।

पाक टी.वी. की उद्घोषिकाओं को ज्यादा मेकअप की मनाही

नई दिल्ली, 22 जून (वा) : पाकिस्तान

के. सी. एफ. के लै. जनरल सहित 2 उग्रवादी मारे गए

बटाला, 22 जून (कोछड़): आज देर रात पुलिस जिला बटाला के थाना सदर बटाला के ग्राम किला दर्शन सिंह में बी.एस.एफ. के साथ डेढ़ घंटे तक हुई मुठभेड़ में दो खतरनाक उग्रवादी मारे गए । एस.एस.पी. सुमेध सिंह सैनी ने बताया कि किला दर्शन सिंह के एक फार्म हाऊस में सायं 6 बजे से 7.30 बजे तक हुई इस मुठभेड़ में जोगेन्द्र सिंह बिन्दरी (मल्लू द्वारा) व सुखदेव सिंह (कोटला महिया) नामक खतरनाक उग्रवादी मारे गए । बिन्दरी खालिस्तान कमांडो फोर्स का लैफ्टिनैंट जनरल व प्लस 'बी' श्रेणी का उग्रवादी था जिसपर पचास हजार रु. का इनाम था । दोनों उग्रवादियों के पास से एक स्टेनगन, एक 32 बोर का रिवाल्वर, 23 जीवित व 51 चले कारतूस, एक एच.ई.-36 हथगोला, 26190 रु. नकद बरामद हुए । ये रुपए आज सायं इन उग्रवादियों ने दत्तला-गुरदासपुर सड़क पर किसान ट्रैक्टर्स से लूटे थे । पुलिस व बी.एस.एफ. तभी से इनका पीछा कर रही थी । इन उग्रवादियों ने 32 लोगों की हत्याएं की थीं जिनमें से गांव ठेंडियाला नजारा में 8, काली दामनियां में 7, चौधरी वाल के सरपंच व उसकी पत्नी, एक आटा चक्की के मालिक हंस राज, एक डाक्टर निर्मल सिंह की हत्याएं भी शामिल हैं । उन्होंने जिला अमृतसर और मेहता चौक थाना क्षेत्र में भी कई हत्याएं की थीं ।

2 और उग्रवादी मरे

नई दिल्ली : बी.एस.एफ. के जवानों ने कल बीकानेर सैक्टर में दो उग्रवादियों को मुठभेड़ के बाद मार गिराया व एक को गिरफ्तार कर लिया । प्राप्त सूचनाओं के अनुसार घटनास्थल से बी.एस.एफ. ने 4 ए.के. 47 राइफलें, 12 मैगजीनें, एक राइफल व 945 कारतूस बरामद किए । यह घटना श्रीगंगानगर के पास हुई । मुठभेड़ के दौरान उग्रवादियों का चौथा साथी फरार हो गया ।

अमृतसर बम कांड में (4) घटनास्थल पर प (47, 48, कटड़ा जैमल बम फटा, (50) 20

Punjabi Soniter



गत दिवस धूरी के निकटवर्ती गांव हसनपुर के पास शिव मंदिर में माथा टेक कर लौट रहे कार में सवार चार व्यक्तियों को कार से उतार कर उग्रवादियों ने मार डाला और एक अन्य हीरो होंडा पर सवार व्यक्ति की हत्या कर दी । इन सबके नाम इस प्रकार हैं (1 से 5) धर्मपाल, जगतार सिंह ड्राइवर, सीता राम, पवन कुमार और मक्खन लाल, (6) वह कार जिससे 4 मृतकों को उतार कर मारा गया । (छाया : सिंगला)

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

नेता नरेश भाटिया की लाश जब श्मशान घाट पर लाई गई तो करीब 5000 लोग उसके साथ थे ।

गुरु तेगबहादुर अस्पताल के डा. बलराम के अनुसार बीस घायलों की दशा बहुत नाजुक है । इनमें से अधिकांश जलने से घायल हुए हैं ।

नारंग के अनुसार बम कांड में मरने वालों का संख्या 35 है । इसी बीच जिला पुलिस प्रमुख श्री सुरेश अरोड़ा ने बताया कि बम कांड के बाद हुई हिंसा के सम्बन्ध में बहुत से लोगों को हिरासत में लिया गया है । उन्होंने स्थिति को 'तनावपूर्ण' लेकिन 'नियंत्रण में' बताया ।

दो बम जैसी चीजें मिलीं

कल कटड़ा आहलुवालिया में हुए बम विस्फोट के बाद पुराने शहर में कटड़ा जैमल सिंह में दो बम जैसी वस्तुएं पड़ी मिलीं । पुलिस प्रमुख श्री सुरेश अरोड़ा ने बताया कि इन वस्तुओं की जांच के लिए सेना के विशेषज्ञ बुलाए गए हैं ।

एक और हत्या

गत रात जिला अमृतसर के ढेरीवाल गांव में एक व्यक्ति हरजीत सिंह की आतंकवादियों ने हत्या कर दी ।

दुकानदार की हत्या

अमृतसर के ही चौक मेहता थाना क्षेत्र के ग्राम डेरीवाल में दो उग्रवादियों ने कल रात्रि एक दुकानदार अजायब सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

कम्युनिस्ट वर्कर की हत्या

मेहता थाने के दारावाला गांव में एक कम्युनिस्ट कार्यकर्त्ता श्री हरत सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी गई । एक अन्य व्यक्ति मेहता थाने की सीमा में ही मारा गया । उसकी लाश आज सवेरे पुलिस ने बरामद की । लाश के पास खालिस्तान कमांडो फोर्स का पुर्जा पड़ा था जिसमें यह हत्या करने का दावा किया था ।

5 व्यक्तियों की हत्या

धूरी से बख्शी तीर्थ सिंह ने खबर दी है कि आज प्रात: 8-9 बजे के बीच धूरी-बरनाला सड़क पर धूरी से 3 किलोमीटर दूर दो उग्रवादियों ने 4 कार सवारों की हत्या कर दी जो शिव मंदिर में मत्था टेक कर वापिस आ रहे थे । इन उग्रवादियों ने ही घटना से 3 किलोमीटर आगे एक मोटर साइकल सवार की भी हत्या कर दी । हमारे प्रतिनिधि के अनुसार चार कार सवार शिव मंदिर से जब वापिस आ रहे थे तो उन्हें धूरी से 3 किलोमीटर दूर धूरी ड्रैन के पुल पर स्कूटर सवार तीन उग्रवादियों ने रोक लिया, और कार में ही उन्हें गोलियां मार कर मार डाला । मृतकों के नाम हैं पवन कुमार सुपुत्र साधुराम, सीता राम सुपुत्र साधुराम ये दोनों सगे भाई थे । उनका एक संबंधी भोला सुपुत्र मान चंद जो भटिंडा से उन्हें मिलने आया था, ड्राइवर जिसके नाम का पता नहीं चल सका उन्हें वारदात के बाद यही उग्रवादी बरनाला सड़क पर 3 किलोमीटर आगे निकल गये तो उन्हें हीरो हांडा पर सवार एक और युवक मिला उग्रवादियों ने उससे उसका हीरो हांडा छीन लिया और बाद में गोली मार कर हत्या कर दी । ये दोनों वारदातें धूरी से 6 किलोमीटर के क्षेत्र में बरनाला सड़क पर हुई । सूचना मिलते ही पुलिस वहां पहुंच गई और लाशें सिविल अस्पताल धूरी लाई गई ।

डी.आई.जी. भुल्लर का बयान

संगरूर से गोयल ने खबर दी है कि डी.आई.जी. श्री जी.एस. भुल्लर ने एस.एस.पी. श्री ज्ञान सिंह और सी.आर.पी.एफ. के कमांडिंग अफसर श्री जयप्रकाश के साथ घटना स्थल का निरीक्षण किया । श्री भुल्लर ने बताया कि कार में सवार चार व्यक्ति शिव मंदिर में माथा टेकने के बाद वापस आ रहे थे कि तीन आतंकवादियों ने कार रोक कर उसे घेर लिया और कार की चाबियां छीनने की कोशिश की । कार में सवार 2 व्यक्तियों सीता राम और पवन कुमार कार से नीचे उतरे और आतंकवादियों के साथ गुत्थमगुत्था हो गए । इस पर आतंकवादियों ने गोलियां मार कर चारों की हत्या कर दी । घटना स्थल से ए.के. 47 असाल्ट राइफल के 12 कारतूस पुलिस को मिले हैं ।

ठेका लूट लिया

धूरी से सिंगला के अनुसार गत रात गांव सरों में शराब के ठेके का दरवाज़ा तोड़ कर अज्ञात व्यक्ति शराब की 6 पेटियां, एक टेप रिकार्डर तथा दो सौ रुपए नकद ले गए । घटना के समय वर्कर ठेके की छत पर सो रहे थे । बरनाला-रायकोट सड़क पर एक स्कूटर पी.ए.एम. 7188 चुरा लिया गया ।

कर्मचारी की हत्या

कुछ लोग थाना धनौला के गांव पंढेर के शराब के ठेके पर आये तथा शराब की एक बोतल ली । जब कर्मचारी ने पैसे मांगे तो उन्होंने उसको गालियां निकालीं तथा फिर गोली मार कर उसकी हत्या करके फरार हो गये ।

एक व्यक्ति की हत्या

होशियारपुर से हमारे संवाददाता ओं के अनुसार कल रात तीन अज्ञात व्यक्तियों ने आलमपुर कोटला में सतपाल सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी । बताया जाता है कि तीन युवक खाकी वर्दियों में मृतक के घर के बाहर आए और उसे आवाज़ दी । जब वह बाहर आया तो स्टेनगन से फायरिंग करके उसकी हत्या कर दी । इसके बाद वे पैदल ही चले गये । एस.एस.पी. श्री परमजीत सिंह संधू ने बताया कि सम्भव है यह घटना आतंकवाद की न होकर किसी पुरानी दुश्मनी का हो ।

बलाचौर से जोशी के अनुसार हरयाना की पुलिस ने बल्लोवाल के निकट लूटमार की घटनाएं करने वाले तीन आतंकवादियों के एक गिरोह को गिरफ्तार किया है । दलजीत सिंह उर्फ बल्ली-अमोलक सिंह और सर्वजीत सिंह को तो पकड़ लिया गया मगर इनका चौथा साथी भागने में सफल हो गया । अभियुक्तों ने अपराध स्वीकार करते हुये बताया कि उन्होंने 3 जून 1988 को मुरादपुर नरपाल के एक व्यक्ति से 6 हज़ार रुपए लूट लिये थे । पुलिस ने वह रकम उनसे बरामद कर ली है । थाना भोगपुर के क्षेत्रों में भी लूटमार की वारदातों को उन्होंने स्वीकार किया है । दलजीत सिंह पुलिस कांस्टेबल है जोकि गत डेढ़ मास से थाना बंगा में अपनी ड्यूटी से अनुपस्थित था ।

पैट्रोल पम्प लूटा

लुधियाना (महिन्द्रा): आज बाद दोपहर 2 स्कूटर सवार उग्रवादी साहनेवाल में एक पैट्रोल पम्प से 8 हजार रुपये लूट कर फरार हो गये । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया ।

2 की हत्या

बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना श्री हरगोबिन्दपुर के गांव घुमान में गत दिवस बाद दोपहर दो अज्ञात युवकों ने फायरिंग करके एक कैमिस्ट कश्मीर सिंह की हत्या कर दी । हत्यारे उसकी दुकान पर सफेद रंग के स्कूटर पर आये और हत्या करके फरार हो गए । इसी पुलिस जिला में थाना कादियां के गांव बडाला ग्रंथियां के निकट दो अज्ञात युवकों ने फायरिंग करके एक युवक अमरजीत सिंह पम्मा की हत्या कर दी । यह हत्या ए.के. 47 राइफल से की गई । आधिकारिक सूत्रों के अनुसार पुलिस ने मृतक के भाई केवल सिंह (हर्शियां) को कुछ दिन पूर्व गिरफ्तार किया था जिसने कई वारदातें कबूल की थीं ।

एस.एस.पी. श्री सुमेध सिंह सैनी ने बताया कि सीमा सुरक्षा बल तथा सदर पुलिस ने गत रात शूगर मिल के निकट संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद तीन संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है जिनकी शिनाख्त गुरदेव सिंह, भीम सिंह तथा निर्मल सिंह के रूप में की गई है । इनके कब्जे से दोनाली बंदूक, कुछ कारतूस, एक स्कूटर तथा बहुत से आभूषण बरामद किये हैं । इन्होंने इस मास के प्रथम सप्ताह में श्रीमती गुरबचन कौर की हत्या करके बंदूक छीनने की घटना भी कबूल की है ।

थाना फतेहगढ़ चूड़ियां में एक मुठभेड़ में पुलिस ने कुलविन्दर सिंह और जगदीश सिंह को गिरफ्तार किया है जिनसे दो पिस्तौल तथा कुछ कारतूस बरामद किए । पनाह देने के अभियोग में सर्वजीत सिंह को भी गिरफ्तार किया गया है ।

रुपए छीने

बटाला-गुरदासपुर रोड पर स्थित फर्म किसान ट्रैक्टर्स से आज सायं लगभग चार बजे दो अज्ञात सशस्त्र युवक तीस हजार रुपया छीनकर फरार हो गए । पुलिस सूत्रों के अनुसार दोनों के पास स्टेनगन और रिवाल्वर थे । सारा क्षेत्र सील कर सीमा सुरक्षा बल और पुलिस लुटेरों की खोज कर रही है । थाना सदर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

6 आतंकवादी, 3 शरणदाता गिरफ्तार

रोपड़ (जैन): जिला रोपड़ के वरिष्ठ पुलिस कप्तान श्री चंद्र शेखर ने बताया कि रोपड़ के सुरक्षा बलों एवं जिला पुलिस की सामूहिक कार्रवाई में 6 दुर्दांत उग्रवादियों तथा उनके 3 शरणदाताओं को पकड़ कर उनके कब्जा से भी भारी मात्रा में आग्नेय शस्त्र, अनचले कारतूस, बारूद, विस्फोटक सामग्री एवं हल्की मशीनगनों के खाली मैगज़ीन भी बरामद किये गये । उग्रवादियों में मन्ना सिंह मन्ना गांव डेहर, हरजीत सिंह गांव मटौर, जसवन्त सिंह गांव डेहर, नसीब सिंह गांव डेहर, गुरनाम सिंह, सुरजीत सिंह गांव अगमपुर थाना आनंदपुर तथा शरणदाताओं में जसमेर कौर गांव चहेड़ियां, नायब सिंह गांव चहेड़ियां एवं गांव पंजोला के मलकीयत सिंह हैं । श्री चंद्र शेखर ने बताया कि इन उग्रवादियों के पकड़े जाने से श्री प्रेम चंद धनौरी मोरिंडा यूथ कांग्रेस के श्री सुदेश शर्मा, पुलिस हैड कांस्टेबल हरभजन सिंह और उसके पिता सहित सल्लो माजरा के मंदिर के पुजारी की हत्याओं के मामले सुलझ गये हैं ।

2 आतंकवादी गिरफ्तार

जालंधर (हस): सुरक्षा बलों और नकोदर पुलिस ने कल रात विभिन्न स्थानों पर छापे मार कर दो संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार कर उनके पास से हथियार, गोलाबारूद और एक चोरी का स्कूटर बरामद किया । पुलिस ने गिरफ्तार आतंकवादियों का नाम संजीव कुमार और तीर्थ सिंह बताया । इस बीच पुलिस ने जालंधर जिले में चुगावां गांव के निकट एक लावारिस स्कूटर बरामद किया । स्कूटर हाल ही में दो आतंकवादियों ने एक होमगार्ड से छीना था ।

नकोदर क्षेत्र में हत्या

जिला जालंधर के नकोदर क्षेत्र में एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी गई ।

नवांशहर पुलिस ने एक ग्राम के पास बेवेन्द्र सिंह उर्फ बिट्टू नामक एक उग्रवादी को गिरफ्तार कर उसके पास से एक चीनी राइफल बरामद की है ।

752 रुपए लूटे

मोहाली (नर्बदा): मोहाली नोटिफाइड एरिया कमेटी के चुंगी नाका नम्बर 6 से गत दिवस दो अज्ञात युवक बंदूक की नोक पर 752 रुपए लूट कर ले गए ।

खरड़ (शशि): दो उग्रवादियों ने कुराली के पास के ग्राम किसानपुर में नीलकांत नामक व्यक्ति से पिस्तौल की नोक पर उसका चेतक स्कूटर छीन लिया ।

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

चिकित्सा

केवल एक पड़िया से खूनी बवासीर के मुफ्त इलाज हेतु पधारें/लिखें । फैंसी ज्यूलर्ज, संतपुरा, यमुनानगर ।

रोज़गार

नए रोज़गार (गवर्नमैंट स्वीकृत) 200 लघु उद्योगों पर सम्पूर्ण पुस्तक 400 पृष्ठ 30 रुपए, पोस्टेज 6 रुपए ।–निराला जोगी मासिक (बिहाइंड बस स्टैंड), पानीपत ।

तीर्थ यात्रा

24 जून ज्येष्ठ-दशहरा, एकादशी पर हरिद्वार, ऋषिकेश किराया 140/- रोटी समेत 29 जून से नैनादेवी, चितपूर्णी, ज्वालाजी, कांगड़ा, चामुण्डा, वैष्णो किराया 220/- रोटी समेत मिलें–सुमित ट्रैवल्स, चौड़ी सड़क, लुधियाना, फोन-20393.

ज़मीन/जायदाद/प्लाट

12 एकड़ सफेदा लगा रायपुर रानी तहसील और 3¼ एकड़ में सफेदा देहली रोड पर नज़दीक शहज़ादपुर ज़िला अम्बाला मिलें या लिखें–R.L. Sethi, B-VI-1165 Gulchaman Gali, Ludhiana. Phone-28589.

Most suitable building for banks or public sector undertaking 50'x200' in the heart of Industrial Area Jalandhar

मशीनरी चाहिए

पशु खुराक की गोली बनाने वाली पिलेट-मशीन चाहिए । सुखिंदर सिंह, 2422, उत्तमगढ़ नं. 4, अमृतसर । फोन-48218.

साड़ियां

कढ़ाई की मशहूर दुकान । टंडन आर्ट्स, बाज़ार कलां, जालंधर शहर । फोन : 74248.

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 22.6.88, 60/- without trays. NECC Suggested Retail Price 8/- per Dozen.

व्यापार

'MINIMAX Brand' इलैक्ट्रीकल असैसरीज़ के निर्माता उद्यमियों को, Two Pin/Three Pin Tops, Socket, Switches Lamp Holders, Bell Push इत्यादि सहयोगी यूनिटों के लिये आमंत्रित करते हैं । 25,000/- से 2,00,000/- तक पूंजी लगाएं । मशीनरी, कच्चे माल और तकनीकी जानकारी का प्रबंध, पूरा तैयार माल लिया जाएगा । MINIMAX Industries, Quiet Office 15, Sector 35-A, Chandigarh. Phone : 29723.

Punjabi Sanjal

उद्योगपति, 2 महंत सहित 10 व्यक्तियों की हत्या : दुर्दांत आतंकवादी मारा गया

अमृतसर बम कांड के मृतकों की संख्या 31 हुई, कंदोला में दम्पति घायल

फरीदकोट में 13 उग्रवादी, 20 शरणदाता गिरफ़्तार

चंडीगढ़, 24 जून (वार्ता, ह.स.): पंजाब में आतंकवादियों ने एक उद्योगपति तथा 2 महंतों सहित 10 व्यक्तियों की हत्या कर दी । कटड़ा आहलुवालिया बम कांड का एक और घायल दम तोड़ गया । सरहिंद में पुलिस व आतंकवादियों के मध्य फायरिंग के एक घायल की मृत्यु हो गई, जबकि 53 मासूम लोगों की हत्या में वांछित एक दुर्दांत आतंकवादी कपूरथला पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारा गया । फरीदकोट की पुलिस ने 13 कुख्यात आतंकवादी और उनके 20 आश्रयदाता गिरफ्तार किए ।

हिंदू शिव सेना के 'अमृतसर बंद' के आह्वान को आंशिक समर्थन ही मिला । वाघा सीमा पर एक आतंकवादी तथा दो पाकिस्तानी काबू किए गए ।

घुसपैठिया मरा

गुरदासपुर जिले में भी एक घुसपैठिया मारा गया ।

जिला होशियारपुर में 4 हत्याएं

होशियारपुर से सम्वाददाताओं ने खबर दी है कि गत रात आतंकवादियों ने जिला में विभिन्न वारदातों में चार व्यक्तियों की हत्या कर दी । एस.एस.पी. श्री संधु ने बताया कि एक वारदात गत रात लगभग साढ़े ग्यारह बजे भुंगा के निकट गांव बैरमपुर में हुई जहां आतंकवादियों ने एक व्यक्ति अवतार सिंह और उसकी बहन सुरजीत कौर की गोलियां मार कर हत्या कर दी । आतंकवादी पैदल आए थे लेकिन जाती बार अवतार सिंह का स्कूटर पी.बीं.के. 8751 पर सवार होकर फरार हुए । श्री संधु ने कहा कि यह वारदात आतंकवादियों की आपसी शत्रुता का परिणाम है । घटना की सूचना प्रातः थाना हरयाना में दी गई ।

दो महंतों की हत्या

दसूहा से 'झावर' के अनुसार टांडा थाना के गांव मोहां मसींनां में डेरा राधा स्वामी सत्संग के दो महंतों की गत रात हत्या कर दी गई । प्राप्त विवरण के अनुसार कुछ आतंकवादी रात को उस समय डेरे में दाखिल हुए जब महंत भगत राम लाल व उसका चेला चरण सिंह अपनी चारपाइयों पर बैठे आपस में बातें कर रहे थे । आतंकवादियों ने उन्हें आवाज देकर अपने पास बुलाया तथा दोनों की कनपटियों पर गोलियां मार कर उनकी वहीं पर हत्या कर दी ।

लोगों को इस वारदात का पता आज सुबह चला तथा उन्होंने इसकी सूचना टांडा पुलिस को दी । सूचना मिलते ही एस.एस.पी. व अन्य उच्चाधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए । महंत भगत राम कंधालां शेखां का तथा महंत चरण सिंह हड़ां टाहली गांव के निवासी थे ।

आतंकवादी मारा गया

कपूरथला (शर्मा): वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरदार स्वर्ण सिंह ने बताया कि गत रात्रि थाना ढिलवां के अन्तर्गत संगोजला मंड में धुस्सी बांध के निकट गश्ती पुलिस पार्टी तथा एक दुर्दांत आतंकवादी में मुठभेड़ होने से दुर्दांत आतंकवादी करनैल सिंह मारा गया । उसके शव के निकट से पुलिस ने एक रिवाल्वर 38 बोर, 3 गोलियां तथा दो खोल अपने कब्जा में लिए हैं । सरदार स्वर्ण सिंह ने बताया कि यह दुर्दांत आतंकवादी अपने गिरोह के साथ 53 निर्दोष व्यक्तियों, स्त्रियों तथा बच्चों की निर्मम हत्याओं के केसों में पुलिस को वांछित था । कुछ समय पूर्व थाना सुलतानपुर लोधी के क्षेत्र में पुलिस तथा सुरक्षा बल के साथ भिड़ंत में इसके दो साथी दर्दांत आतंकवादी रंजीत सिंह उर्फ राना तथा फूला सिंह उर्फ रछपाल सिंह मारे गए थे परन्तु करनैल सिंह अंधेरे का लाभ उठाकर भागने में सफल हो गया था । वहां से पुलिस को काफी शस्त्र तथा गोली-सिक्का मिला था । बताया जाता है कि यह खालिस्तान कमांडो फोर्स से सम्बन्ध रखता था । इस गिरोह ने लक्खन कलां, भिर्जापुर डोले, डिडविंडी, नवां ठठ्ठा आदि में निर्मम हत्याएं की थीं । आतंकवादी करनैल सिंह थाना सुलतानपुर लोधी के गांव पाजियां का रहने वाला था ।

पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री के.पी.एस.

फगवाड़ा (अशोक): आज सायं सुरक्षा बलों ने बाजार बासांवाला में गुरुद्वारा छठी पातशाही के लंगर हाल व गुरुद्वारा सुखचैन साहिब परिसर में कुछ पहले ही से हिरासत में लिए संदिग्ध नौजवानों के रहस्योद्घाटनों पर तलाशियां लीं व छापे मारे । इन तलाशियों के बारे पुलिस अभी चुप्पी साधे हुए हैं । समझा जाता है कि रविवार को पंजाब हिन्दू शिव सेना अध्यक्ष प्रोफैसर रमा कांत जलोटा व दो अन्य की उग्रवादियों द्वारा की गई हत्या की छानबीन के मध्य पुलिस को मिले कुछ महत्वपूर्ण सुरागों के आधार ही पर यह तलाशियां ली गईं ।

उद्योगपति की हत्या

बटाला (कोछड़): आज दोपहर साढ़े बारह बजे बटाला-अमृतसर रोड पर स्थित अग्रवाल टैक्नीकल वर्क्स के मालिक श्री प्रेम कुमार अग्रवाल (40) की तीन सशस्त्र आतंकवादियों ने हत्या कर दी । प्राप्त विवरण के अनुसार सशस्त्र आतंकवादियों के इस क्षेत्र में आते ही लोगों में भगदड़ मच गई । वे कारखाने के अन्दर चले गए और प्रेम कुमार को सख्त घायल कर दिया । पहले उन्हें घायलावस्था में सिविल अस्पताल बटाला लाया गया, मगर इंचार्ज डाक्टर ने यह कहकर उन्हें अमृतसर ले जाने को कहा कि यहां भीड़ इकट्ठी हो जाएगी । डाक्टर के कहने के अनुसार प्रेम कुमार को अमृतसर ले जाया जा रहा था मगर वेरका के निकट उन्होंने दम तोड़ दिया ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सशस्त्र हत्यारों ने इस कारखाने में बैठे भू.पू. पालिका सदस्य नन्द किशोर से दो हजार रुपए छीन लिए तथा प्रेम कुमार पर गोलियां चलाकर फरार हो गए ।

स्थानीय भाजपा-प्रधान श्री बलदेव मित्र कांसला, भू.पू. इंका विधायक श्री अश्विनी सेखड़ी व अन्य ने घटना की निन्दा करते हुए सिविल अस्पताल के इंचार्ज डाक्टर की कड़ी आलोचना की और कहा कि यदि वह टालमटोल न करते और प्रेम कुमार को अमृतसर न भेजते तो शायद प्रेम कुमार के प्राण बच जाते ।

पुलिस ने समूचे क्षेत्र को सील कर दिया है तथा अपराधियों की तलाश की जा रही है । 5-6 व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया है ।

मुठभेड़ के बाद एक गिरफ्तार

पुलिस जिला बटाला में थाना कादियां पुलिस व बी.एस.एफ. ने गत रात गांव रसूलपुर के निकट संक्षिप्त मुठभेड़ के पश्चात एक संदिग्ध युवक को पकड़कर उससे एक पिस्तौल, 30 अनचले व 3 चले कारतूस बरामद किए हैं । यह जानकारी देते हुए इस जिला के पुलिस अधीक्षक श्री सुमेध सिंह सैनी ने बताया कि इसकी शिनाख्त गांव टपई के

दो ट्रांस्मीटर ज़ब्त, तीन उग्रवादी गिरफ़्तार

जालंधर, 24 जून.(ह.स., वार्ता): जालंधर पुलिस ने आज एक स्थानीय ग्राम से दो अत्यन्त उच्च शक्ति वाले ट्रांस्मीटर पकड़े और उन्हें संचालित कर रहे तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया । पंजाब पुलिस ने आज अपने वायरलैस पर एक मैसेज पकड़ा जिसमें एक ग्राम के सरपंच की हत्या के निर्देश दिए गए थे । पुलिस ने वायरलैस डायरैक्शन फाइंडर की मदद से उस ग्राम रुड़का कलां पर छापा मारा, जहां से वह मैसेज ट्रांसमिट किया गया था ।

पुलिस ने वहां से तीन लोगों को गिरफ्तार किया व एक ट्रांस्मीटर बरामद किया जिसे वे लोग चला रहे थे । उसी के बाद पुलिस ने एक और ट्रांस्मीटर बरामद किया । दोनों ही ट्रांस्मीटर विदेशी हैं और उनसे दस किलोमीटर के दायरे में संदेश भेजे व प्राप्त किए जा सकते हैं ।

Punjabi Sanatan



यों से मारे गए टांडा के पास गांव मोहां में स्थित राधास्वामी डेरे के महंतों (1) राम लाल तथा (2) चरण सिंह के शव, (इनसे तारा), (3) अमृतसर के गांव गड्डर यादा में उग्रवादियों के हाथों मारे गये मास्टर नाजर सिंह का शव । वीरवार रात को अ लोनी में उग्रवादियों द्वारा एक मकान में घुस कर की गई फायरिंग से मारे, (4) 13 वर्षीय जसवंत और (5) भानो के सोनी, (7) गुरचरण, (8) सुखवंत तथा (9) केवल सिंह । (छाया : रवि भंडारी), (10) तरनतारन के गांव ढोटियां क जिसकी वीरवार रात को उग्रवादियों ने हत्या कर दी । (छाया : सिद्धू), (11) बटाला में शुक्रवार को उग्रवादियों की गोल का शव ।

Punjabi Sansar

लोगों की मौजूदगी में ही धड़ से अलग कर दिया गया उसका जुर्म यह था कि उसने मजहबी राज्य सऊदी अरब में 2.45 किलोग्राम हशीश तस्करी के जरिए लाने की कौशिश की थी ।

का व्यावसायिक बिक्री पर रोक लगाने के बारे में गम्भीरता से विचार कर रही है । श्री मोती लाल वोरा ने कहा कि सरकार एक राष्ट्रीय 'रक्त-दान' नीति बनाने पर विचार कर रही है ।

Punjabi Sarat

तलाशी ली तो उनमें से एक के पास विदेशी 7.62 बोर का पिस्तौल मिला जिस पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया, उसकी शिनाख्त गांव घनिए के बेट के जसवन्त सिंह के रूप में हुई है ।

चौकस रहने का आग्रह

श्री सैनी ने शहर में मुनादी करवा कर नागरिकों से चौकस रहने का आग्रह करते हुए सूचित किया है कि इधर-उधर पड़ी किसी भी लावारिस वस्तु ब्रीफ केस, थैले, ट्रांजिस्टर व प्लास्टिक की बोतलनुमा आदि को मत छुएं व तुरन्त इसकी सूचना फोन 25. 36. 40, 1173 व 2145 पर दें ।

तलाशियां

गुरदासपुर (विनोद) : गुरदासपुर के एस.एस.पी. श्री पी.एम. दास ने बताया कि आज तड़के 3 से 8 बजे सुबह तक मंडी, ओंकार नगर, आदर्श नगर, संगलपुरा में सुरक्षा बलों ने घरों की तलाशियां लेकर 7 लोग गिरफ्तार कर लिये ।

Punjabi Sanatani

उग्रवादियों के छिपने के ठिकानों पर छापे जारी हैं ।

छुरा मार दिया

पठानकोट (गुप्ता): गत रात दो अज्ञात व्यक्तियों ने चमेरा प्रोजैक्ट ट्रांसमिशन लाईन के ठेकेदार राजी राम को छुरा मार कर उसका अटैची केस, जिसमें 17000 रुपए नकद तथा जरूरी कागजात थे, छीन लिया ।

पुलिस कर्मियों की दिलेरी

लुधियाना (महिन्द्रा): स्थानीय संगीत सिनेमा के पास गत रात्रि दो उग्रवादियों द्वारा गश्त लगा रहे दो पुलिस कर्मचारियों हवलदार गुरजंट सिंह तथा कांस्टेबल चंचल सिंह पर जो फायरिंग की थी, उसका दोनों पुलिस कर्मियों ने दिलेरी के साथ सामना किया था । एस.एस.पी. श्री ए.पी. पांडे ने आज बताया कि जब दोनों आतंकवादियों ने इन दोनों पुलिस वालों पर गोलियां चलाईं तो दोनों पुलिस कर्मी गोलियां लगने

Punjabi Bhanatan

ए.के. 47 राइफलों से लैस चार आतंकवादी घुसे और वीडियो पर 'रामायण' देख रहे परिवार के सदस्यों पर अंधाधुंध गोलियां चला दीं । श्रीमती भानो एवं जसवन्त सिंह की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । केवल सिंह, चरण सिंह और सुखवन्त सिंह को नाजुक हालत में गुरु तेग बहादुर अस्पताल में भरती कराया गया है ।

आतंकवादियों ने टी.वी. सेट को तोड़ डाला तथा वी.सी.आर. उठाकर ले गए ।

एक अन्य वारदात में आतंकवादियों ने वल्टोहा पुलिस थाने के असल अवतार गांव में दरबारा सिंह और उसके लड़के मुख्तियार सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी । मुख्तियार हाल ही में एस.पी.ओ. भरती हुआ था । कत्थूनंगल पुलिस थाने के गड्डार याडा गांव में दो आतंकवादियों ने नाजर सिंह नामक किसान की हत्या कर दी ।

Punjab Sanatan

पंजाब में 5 की हत्या, 2 खूंखार आतंकवादी मुठभेड़ में मारे गए

अमृतसर बम कांड के 3 और घायल चल बसे

चंडीगढ़, 25 जून (वार्ता, ह.स.): गत 24 घंटों के दौरान आतंकवादियों ने 5 व्यक्तियों की हत्या कर दी । अमृतसर बम कांड के 3 और घायल चल बसे जबकि बरगा पुलिस के साथ मुठभेड़ में 2 खतरनाक आतंकवादी मारे गए । बटाला में शराब का खोखा जला दिया गया जबकि उद्योगपति प्रेम कुमार की हत्या के विरुद्ध बटाला के कारखानेदारों ने हड़ताल की । माहिलपुर के निकट देसी बम के धमाके में 2 लोग घायल हुए ।

कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने फाजिल्का के निकट एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी ।

2 की हत्या

अमृतसर (हस): गत रात के बाद जिला अमृतसर में आतंकवादियों ने दो व्यक्तियों की हत्या कर दी । थाना तरनतारन के गांव अलादीनपुर में एक 60 वर्षीय किसान हरभजन सिंह की हत्या की गई । उसे उस समय रास्ते में रोक कर निकट से गोली मारी गई जबकि वह साइकल पर अपने गांव को जा रहा था । दूसरी घटना में व्यास थाना के अंतर्गत गांव फेरूमान में एक 27 वर्षीय युवक जसवंत सिंह उर्फ हीरो की हत्या कर दी गई । उसकी जेब से कुछ प्रेम पत्र भी बरामद हुए । भिंडरांवाले टाइगर फोर्स ने उसकी हत्या की जिम्मेदारी ली है ।

रैय्या से जसपाल के अनुसार जसवंत सिंह करनाम सिंह मजहबी सिख का लड़का था । वह तलोनंगल का निवासी था । उसके सिर, आंख तथा कान में गोलियां मारी गई । उसकी लाश सारी रात गांव फेरूमान के बाहर पड़ी रही । सवेरे गांव वालों ने पुलिस को सूचित किया । जसवंत सिंह के बाप करनाम सिंह ने पुलिस में रपट लिखाई है कि जसवंत सिंह की हत्या सरदारा सिंह उर्फ दारा ने अपने साथियों के साथ मिल कर की है । उल्लेखनीय है कि दारा और जसवंत सिंह की पहले बहुत दोस्ती थी तथा आम तौर पर इकट्ठे रहते थे । जसवंत सिंह एक प्राइवेट बस का ड्राइवर था । घर वालों ने बताया कि वह सामान्य की तरह अपने काम पर गया लेकिन वापस नहीं लौटा ।

रेशम सिंह गिरफ्तार

वि.प्र. के अनुसार आज शाम अमृतसर के जिला मुख्यालय से मिली सूचना में कहा गया है कि पुलिस व सुरक्षा बलों ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करके एक खूंखार आतंकवादी रेशम सिंह को गिरफ्तार किया है, जोकि 'बी' श्रेणी से संबंधित है तथा जिसके सिर पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित था । इस आतंकवादी की पुलिस को एक दर्जन के लगभग निर्दोषों की हत्या के केसों में तलाश थी । इन हत्याओं में गांव सिधवां में एक सरकारी स्कूल के दो टीचरों की गोलियां मार कर हत्या करने की वारदात भी शामिल है ।

आश्रयदाता गिरफ्तार

अजनाला क्षेत्र में आतंकवादियों को अपने घरों में आश्रय देने वाले व्यक्तियों को पकड़ा गया, जिनमें सुरता सिंह, सुणा सिंह, बलकार सिंह, जीवन सिंह तथा जगतार सिंह शामिल हैं ।

जिम्मेदारी ली

बब्बर खालसा ने अपने लैटरपैड पर लिखे एक पत्र में कटड़ा आहलुवालिया बम कांड की जिम्मेदारी अपने ऊपर ली है ।

शव मिला

गत रात थाना कत्थू नंगल के अंतर्गत कोटला ढोला में गोलियों से छलनी एक लाश पाई गई ।

(शेष पृष्ठ 10 पर)

जालन्धर पुलिस द्वारा गत दिवस रूड़का कलां में उग्रवादियों से पकड़े गए विदेशी ट्रांसमीटर ।
(छाया : वी.पी. कपूर)

Punjabi Sanatani

3 घायल चले बस

अमृतसर के कटड़ा आहलुवालिया में हुए बम विस्फोट के 3 और घायल आज दम तोड़ गए जिससे इस कांड में मरने वालों की संख्या 33 हो गई । आज मरने वालों के नाम नन्द किशोर (लोहगढ़), बचन सिंह तथा करतार सिंह बताए गए हैं ।

आतंकवादी भाग निकला

कल अमृतसर पुलिस ने जिस आतंकवादी बलबीर सिंह को गिरफ्तार किया था, वह आज पुलिस की हिरासत से फरार हो गया । उससे पहली बार रात को देखने के काम आने वाला उपकरण बरामद हुआ था ।

एक व्यक्ति की हत्या

मोगा (हस): गत रात जिला फरीदकोट के मोगा थाना सदर के गांव घालकलां में आतंकवादियों ने एक व्यक्ति गुरनाम सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी ।

ठेका कर्मी घायल

एक अन्य खबर में कहा गया है कि गत रात मोगा के निकट फतेहगढ़ गांव में कुछ आतंकवादियों ने एक देसी शराब के ठेके के कर्मचारी को गोली मार कर घायल कर दिया । उसे सिविल अस्पताल पहुंचाया गया जहां उसकी दशा खतरे से बाहर बताई जाती है ।

शराब का खोखा जला दिया

बटाला (फोछड़) : पुलिस जिला बटाला में सिटी थाना बटाला के क्षेत्र काहनूवान रोड पर स्थित एक देसी शराब के ठेके को गत रात कुछ शरारतियों ने लूट लिया और फिर आग लगा कर बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया । ठेका का मालिक त्रिलोक सिंह एंड कम्पनी के अनुसार लगभग 26 हजार की क्षति हुई है । सिटी पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है । पुलिस सूत्रों के अनुसार इस संबंध में 4 संदिग्ध लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है ।

मुठभेड़ में एक काबू

फतेहगढ़ चूड़ियां पुलिस व बी.एस.एफ. ने गत रात गांव पारोवाल के निकट नाका के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को काबू कर उससे एक पिस्तौल व कुछ जीवित कारतूस बरामद किये हैं । यह जानकारी देते हुये एस.एस.पी. श्री सुमेध सिंह सैनी ने बताया कि इसकी शिनाख्त थाना मजीठा के गांव बुर्केवाल के शिंगारा सिंह के रूप में की गई है । श्री सैनी ने बताया कि थाना कादियां पुलिस ने गांव तलवंडी झुंगला के सूरता सिंह को आतंकवादी निरोधक एक्ट के तहत गिरफ्तार किया है ।

उद्योगों में हड़ताल

कल शुक्रवार दोपहर के समय औद्योगिक शहर बटाला के प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र बटाला-अमृतसर सड़क पर आतंकवादियों की ओर से गोलियां मार कर एक उद्योगपति प्रेम कुमार अग्रवाल की हत्या के रोष स्वरूप आज यहां के सभी उद्योग बंद रहे । फाउंडरीमैन एसोसिएशन के चेयरमैन श्री अश्विनी सेखड़ी व ज्वायंट बोर्ड आफ इंडस्ट्रीज के चेयरमैन श्री जे.सी. शुक्ला के नेतृत्व में एक शोक सभा आयोजित करने के पश्चात उद्योगपतियों का एक शिष्टमंडल जिसमें स. बिरसा सिंह, श्री जे.एस. बेयर, राज सेखड़ी, जसविंदर सिंह नागी, जे.सी. शुक्ला व अश्विनी सेखड़ी शामिल थे, ने एस.एस.पी. श्री सुमेध सिंह सैनी से भेंट करके नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग के साथ कहा कि पुलिस विभाग जो एस.पी.ओ. भर्ती कर रहा है उनमें से कुछ को स्थायी चौकियां बना कर औद्योगिक क्षेत्रों के विभिन्न स्थानों पर तैनात कर दिया जाए तो उनका आधा खर्च उद्योगपति देंगे ।

2 आतंकवादी मरे

बंगा (खोसला): कल रात थाना बंगा के गांव फत्तूढींगा में दो दर्दात आतंकवादी सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गये । जालंधर पुलिस की एक प्रैस विज्ञप्ति में कहा गया है कि 24 और 25 जून की मध्य रात्रि को थाना बंगा क्षेत्र में पुलिस व सुरक्षा बलों ने नाका लगा रखा था । दो अज्ञात व्यक्ति स्कूटर पर जाते देखे गये तो उन्हें रुकने के लिये चुनौती दी गई । रुकने की बजाए उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी । सुरक्षा बलों ने आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की । दोनों में 10-15 मिनट गोली चलती रही । जब दूसरी ओर से गोली चलनी बंद हो गई तो पुलिस ने जाकर देखा कि दोनों व्यक्ति मरे पड़े थे । लाशों के निकट एक .303 राइफल और .38 का एक विदेशी रिवाल्वर व दो वायरलैस सैट पाये गये । यह पहला अवसर है कि आतंकवादियों के पास वायरलैस सैट पाये गये हैं । संदेह है कि वह तथाकथित खालिस्तान कमांडो फोर्स के सदस्य थे । बंगा पुलिस

बटाला शरणार्थी शिविर का युवक गम लाल जिसकी शिविर के निकट गत दिवस हत्या कर दी गई । (छाया : कोछड़)

थाना ब्यास के गांव फेरूमान में शुक्रवार की रात को आतंकवादियों की गोलियों से मरे असवंत सिंह का शव । (छाया : जसपाल रैय्या)

काहनूवान रोड, बटाला स्थित देसी शराब का ठेका जिसे लूटने के बाद शरारतियों ने गत दिवस आग लगा दी । (छाया : कोछड़)

जांच कर रही है ।

पुलिस ने उनके नाम हरभजन सिंह तथा देबू बताए हैं । उनसे बरामद हुये वायरलैस सैट विदेश निर्मित हैं और अत्यन्त संवेदनशील हैं । आई.जी. पुलिस श्री सी. पाल सिंह ने बताया कि मारे गये आतंकवादी इस वर्ष के दौरान नकोदर, नूरमहल और नवांशहर में बहुत-सी हत्याओं में वांछित थे । श्री सिंह ने बताया कि वे प्रसिद्ध पंजाबी गायक चमकीला की हत्या में भी संलिप्त थे ।

पकड़े गए वायरलैस सैटों के पीछे 'मेड इन हांगकांग' लिखा है तथा इसकी किस्म 'हायर्ड' है ।

बंदूक ले गए

गत रात जिला जालंधर के थाना नूरमहल के गांव शामपुर में एक व्यक्ति हरनंदन सिंह से दो उग्रवादी एक दुनाली बंदूक तथा 9 कारतूस ले उड़े ।

आज सायं जालन्धर के नूरमहल थाना क्षेत्र के ग्राम उपली में दो उग्रवादियों ने विजय कुमार से उसका स्कूटर पी.ए.क्यू. 2131 छीन लिया ।

स्कूटर बरामद

इसी मध्य पुलिस ने थाना हरयाना के अंतर्गत बहराम के निकट एक लावारिस स्कूटर पी.बी.के. 8151 बरामद किया ।

3 हिरासत में

फगवाड़ा (राकेश): आज तड़के स्थानीय थाना सदर पुलिस ने श्री जलोटा, विनोद गुप्ता व अमरीक सिंह की हत्या के संबंध में अभियुक्तों की तलाश में

अशोक के अनुसार गत सायं हिन्दू शिव सेना पंजाब की श्री एस.के. सरवाल की अध्यक्षता में बैठक हुई, जिसमें प्रो. रमाकांत जलोटा की रस्म किरया के दिन शुक्रवार एक जुलाई को 'फगवाड़ा बंद' रखने की अपील की गई । श्री सरवाल ने बताया कि श्री जलोटा की रस्म किरया आर्य हाई स्कूल, होशियारपुर रोड, फगवाड़ा में 1 जुलाई दोपहर 1.30 बजे हो रही है ।

राजीव मंत्रिमंडल

(पृष्ठ 3 का शेष)

भूतल परिवहन उपमंत्री पी. नामग्याल भी संसदीय कार्य मंत्रालय में उपमंत्री का अतिरिक्त काम देखेंगे । अन्य मंत्रियों के विभागों में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है ।

मंत्रियों व विभागों की सूची

केंद्रीय मंत्रिपरिषद में आज किये गये विस्तार और विभागों में फेरबदल के बाद मंत्रियों की सूची इस प्रकार है :

कैबिनेट मंत्री : श्री राजीव गांधी (प्रधानमंत्री और वे विभाग जो अन्य को नहीं दिये गये हैं) । श्री पी.वी. नरसिम्हा राव विदेश, श्री बूटा सिंह गृह, श्री पी. शिवशंकर मानव संसाधन विकास मंत्रालय, श्रीमती मोहसिना किदवई शहरी विकास, श्री मोती लाल वोरा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, श्री दिनेश सिंह वाणिज्य, श्री बिन्देश्वरी दूबे श्रम, श्री राम निवास मिर्धा कपड़ा, श्री जे. वेंगल राव उद्योग, श्री भजन लाल कृषि, श्री हरकिशन लाल भगत सूचना एवं प्रसारण तथा संसदीय कार्य, श्री कृष्ण चंद्र पंत रक्षा, श्री बसंत साठे ऊर्जा, श्री माखन लाल फोतेदार इस्पात एवं खान, श्री एस.बी. चवन वित्त, श्री जैड.आर. अंसारी पर्यावरण एवं वन, श्री बी. शंकरानंद विधि एवं न्याय तथा जल संसाधन का अतिरिक्त कार्यभार, श्री वीर बहादुर सिंह संचार, श्री माधव सिंह सोलंकी योजना कार्यक्रम कार्यान्वयन का अतिरिक्त कार्यभार ।

राज्यमंत्री (स्वतंत्र कार्यभार) : श्रीमती राजेंद्र कुमारी वाजपेयी कल्याण, श्री माधव राव सिंधिया रेलवे, जगदीश टाइटलर खाद्य प्रोसैसिंग, श्री राजेश पायलट भूतल परिवहन, श्री ब्रह्म दत्त पैट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस, श्री शिवराज पाटिल नागरिक विमानन एवं पर्यटन, श्री सुख राम खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति ।

राज्य मंत्री : श्री पी. चिदम्बरम गृह, श्री के.आर नारायणन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, श्री के. नटवर सिंह विदेश, श्री चिन्तामणि पाणिग्रही रक्षा उत्पादन, श्री प्रियरंजन दास मुंशी वाणिज्य, श्री आर. प्रभु उर्वरक, श्री एम.एम. जैकब संसदीय कार्य, श्री संतोष मोहन देव गृह, श्री बी.के. गढवी वित्त, श्री दलबीर सिंह शहरी विकास, श्री एड्अर्डो फलैरो वित्त, श्री हंसराज भारद्वाज विधि एवं न्याय, श्री जनार्दन पूजारी ग्रामीण विकास, श्रीमती कृष्णा साही जल संसाधन, श्रीमती मारग्रेट अल्वा खेल, महिला एवं युवा कल्याण, श्री एम. अरुणाचलम औद्योगिक विकास, सुश्री सरोज खापर्डे स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, श्रीमती शीला दीक्षित संसदीय कार्य एवं प्रधानमंत्री कार्यालय, श्री योगेंद्र मकवाना इस्पात, श्री गिरधर गोमांगो संचार, श्री विरेन सिंह ऐंगती योजना एवं कार्यक्रम, श्री अजीत पांजा राजस्व, श्री ललितेश्वर प्रसाद शाह शिक्षा एवं संस्कृति, श्री हरिकृष्ण शास्त्री कृषि, श्री सी.के. जाफर शरीफ कोयला, श्री श्याम लाल यादव कृषि, श्री रफीक आलम खां कपड़ा, श्री एस. कृष्ण कुमार सूचना एवं प्रसारण, श्री कल्पनाथ राय बिजली, श्री कमलकांत तिवारी विदेश ।

उपमंत्री : श्री डूमर लाल बैठा खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, श्री महावीर प्रसाद रेलवे, श्री पी. नामग्याल भूतल परिवहन एवं संसदीय कार्य का अतिरिक्त कार्यभार, श्री राधा कृष्ण मालवीय श्रम एवं संसदीय कार्य का अतिरिक्त कार्यभार, श्रीमती सुमति औरांव कल्याण ।

कमांडैंट के होलस्टर से निकला रिवाल्वर दिल्ली में बरामद

फगवाड़ा, 25 जून (कौड़ा): विगत रविवार को पंजाब हिन्दू शिव सेना के अध्यक्ष प्रोफैसर रमाकांत जलोटा व उनके साथ दो अन्य की निर्मम हत्या के उपरांत फगवाड़ा में मची भगदड़ के दौरान स्थानीय हस्पताल में भारी भीड़ में से किसी अज्ञात शरारती व्यक्ति द्वारा जो 9 एम.एम. का पिस्तौल केन्द्रीय आरक्षण बल के डिप्टी कमांडैंट श्री एन. वी. स्वामी के होलस्टर से निकाल लिया गया था, उसे गत रात्रि एक शरारती व संदिग्ध व्यक्ति से दिल्ली पुलिस ने बरामद कर लिया । फगवाड़ा पुलिस को मिले

Punjabi Sanatan

चंडीगढ़, 26 जून (वार्ता, ह.स.): पंजाब में कल रात के बाद आतंकवादियों ने दो सिपाहियों सहित 4 व्यक्तियों की हत्या कर दी,जबकि मोगा के निकट दो अतिवांछित दुर्दांत आतंकवादी मुठभेड़ों में मारे गए और एक सिपाही घायल हो गया । अमृतसर जिला में आतंकवादियों की आपसी गुटबंदी में दो आतंकवादी मारे गए । हरियाणा पुलिस अम्बाला से फरार हुए खूंखार आतंकवादी डग्गा सिंह की बड़े पैमाने पर खोज कर रही है जबकि उसने पिहोवा हत्याकांड के लिए जिम्मेदार गिरोह का पता लगा लेने का भी दावा किया ।

कल जिला लुधियाना में सुरक्षा बलों के साथ एक मुठभेड़ में खूंखार आतंकवादी जिंदरजीत सिंह मारा गया, जोकि उग्रवादी संगठन 'खालिस्तान लिबरेशन फोर्स' का सैकेंड-इन-कमान था ।

पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री कंवरपाल सिंह गिल ने बताया कि जिंदरजीत सिंह उर्फ शर्मा के सिर पर 20,000 रुपए का पुरस्कार था तथा वह हत्या और डकैती के कम से कम 50 केसों में वांछित था । वह के.एल.एफ. के स्वयंभू जनरल गुरजंट सिंह बुर्धसिंहवाला का सैकेंड-इन-कमान था तथा जिला फरीदकोट के गांव दुनेके का रहने वाला था ।

मुठभेड़ का ब्यौरा देते हुए श्री गिल ने कहा कि आतंकवादियों के छिपे होने की गुप्त सूचना मिलने पर फरीदकोट के एस.एस.पी. श्री गोबिंद राम ने एक विशेष टीम लुधियाना भेजी । मुठभेड़ में जिंदरजीत सिंह घायल हो गया । बाद में घावों को सहन न करते हुए वह दम तोड़ गया ।

एक अन्य एजैंसी ने इस आतंकवादी का नाम बिंदरजीत सिंह उर्फ शर्मा दिया है ।

जिंदरजीत सिंह की अकाली दल (ल) के सलाहकार श्री चरण दास घई की हत्या और मोगा में सी.आई.ए. कार्यालय पर हमले के सिलसिले में भी तलाश थी ।

गोलियों से छलनी शव मिले

अमृतसर (सोनी): अमृतसर जिला के थाना सरहाली के क्षेत्र से पुलिस को दो युवकों की लाशें मिली हैं,जिन पर ए.के. 47 राइफल की गोलियां लगी हुई हैं । इनमें एक क्लीन शेव तथा दूसरा केशधारी है । गांव बिल्लियांवाली के खेतों से मिली इन लाशों के करीब से एक पत्र भी मिला है,जिस पर खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के अवतार सिंह ब्रह्मा के 'हस्ताक्षर' हैं और जिसमें इन युवकों की आतंकवादियों द्वारा हत्या किए जाने का कारण मृतकों द्वारा आतंकवादियों के नाम पर लूट-खसूट किया जाना बताया गया है । पुलिस सूत्रों का कहना है कि यह आतंकवादियों की आपसी शत्रुता का परिणाम है ।

आढ़ती की हत्या

बरनाला (सिंघवानी): आज प्रातः नौ बजे के लगभग नगर पालिका कार्यालय के सामने गली में एक उग्रवादी एक रिक्शा में आया तथा गली में खड़े केदार नाथ आढ़ती तथा अशोक कुमार, जो दुकान पर जाने के लिए स्कूटर स्टार्ट करने लगे थे, को स्कूटर उसके हवाले करने के लिए कहा । उन्होंने स्कूटर देने से इन्कार कर दिया । इस पर उग्रवादी के अखबार में लपेटा हुआ रिवाल्वर निकाला तथा केदार नाथ,जो कि स्कूटर चलाने लगा था, के सिर में गोली दाग दी और पीछे बैठे अशोक कुमार पर भी फ़ायर किए,लेकिन उसने अपने-आपको बचा लिया । उग्रवादी स्कूटर लेकर फरार हो गया । केदार नाथ की हालत नाज़ुक है । उसे पहले सिविल अस्पताल बरनाला ले जाया गया,परन्तु बाद में सी.एम.सी. लुधियाना भेज दिया गया । सूचना मिलने पर एस.डी.एम. और अन्य पुलिस अफसर भी वहां पहुंच गए । विशेष बात यह है कि आज छुट्टी होने के कारण कोई भी डाक्टर सिविल अस्पताल बरनाला में उपलब्ध न हो सका । इस पर लोगों ने नारे लगाए । एक आंखों के डाक्टर शमशेर सिंह को केदार नाथ के साथ लुधियाना भेजा गया । ज्ञात हुआ है कि वह स्कूटर बरनाला से पांच किलो मीटर दूर हंडियाया में खड़ा मिल गया ।

बाद का समाचार है कि श्री केदार नाथ की लुधियाना के अस्पताल में मृत्यु हो गई । शाम को उनका बरनाला में अन्तिम संस्कार कर दिया गया ।

दो पुलिस-कर्मियों की हत्या

बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना सदर बटाला के गांव चाहल कलां में आतंकवादियों ने फायरिंग करके पंजाब पुलिस के एक हवलदार, एक सिपाही (दोनों भाई) की हत्या कर दी और उनकी बहन को गम्भीर घायल कर दिया । घायल स्त्री को सिविल अस्पताल बटाला में भर्ती कराया गया है और शव पोस्ट मार्टम के बाद उनके परिवार को संस्कार के लिए दे दिए गए ।

पुलिस अधीक्षक श्री सुमेध सिंह सैनी ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के पश्चात पत्रकारों को बताया कि मृतकों में एक पंजाब पुलिस का हवलदार भगवान सिंह 'पप्पी' (32) व उसका भाई गोरख सिंह (30) शामिल हैं, जबकि इनकी बहन श्रीमती हरभजन कौर घायल हुई है । मृतक हवलदार भगवान सिंह अमृतसर में पुलिस इंस्पैक्टर श्री सीता राम का गनमैन था, जो कि आतंकवादियों की हिटलिस्ट में है तथा मृतक सिपाही गोरख सिंह फिल्लौर में ट्रेनिंग कर रहा था और घायला श्रीमती हरभजन कौर पटियाला में विवाहित है । आतंकवादियों ने यह कत्ल कांड के लिए पीसी.आर. की गाड़ी का प्रयोग किया । श्री सैनी ने आगे कहा कि मृतक भगवान सिंह को विवाह था, उस कारण 5-5 दिन की छुट्टी लेकर गांव आए थे और आज वापिस ड्यूटी पर जाना था ।

श्री सैनी ने आगे कहा कि गत रात लगभग 12.30 बजे पांच सशस्त्र आतंकवादी मृतकों के घर की छत पर चढ़ गए और वहां सो रहे लोगों से हवलदार भगवान सिंह 'पप्पी' के बारे में पूछा, जिस पर सिपाही गोरख सिंह एक आतंकवादी से उलझ पड़ा व अन्य ने फ़ायरिंग करके उसकी छत पर ही हत्या करने के पश्चात हवलदार भगवान सिंह की हत्या कर दी और उसे बचाने के प्रयास में इनकी बहन श्रीमती हरभजन कौर घायल हो गई । इसकी टांग में गोलियां लगी हैं ।

श्री सैनी ने आगे बताया कि बी.एस.एफ. व पुलिस घटनास्थल के आसपास के सभी गांवों को सील करके हत्यारों को पकड़ने के लिए खोजबीन का काम कर रही है ।

आतिशबाज़ों व आर्म की दुकानें सील

पंजाब सरकार के आदेश पर जिलाधीश गुरदासपुर श्री दिलशेर सिंह कल्हा ने जिला-भर में आतिशबाज़ी बनाने वाले और हथियार विक्रेताओं की सभी दुकानें जांच के लिए सील कर दी हैं ।

हत्याओं की जिम्मेदारी

खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स के जनरल भाई सुखदेव सिंह झामका, भाई निशान सिंह व भाई बाबा बैरागी ने पत्रकारों को भेजे प्रैस नोट में पुलिस हवलदार अजमेर सिंह, सुरजीत कौर पीरुशाह, विजय कुमार गाजी नंगल की हत्याओं की जिम्मेदारी लेते हुए बी.एस.एफ. व पुलिस जवानों को चेतावनी दी है कि भाई जोगिन्दर सिंह जिंदरी व भाई सुखदेव

(शेष पृष्ठ 8 पर)

पटियाला क्षेत्र के जुल्का थानांतर्गत खेड़ी रनवां गांव में उदासीन डेरा के महंत भगवान दास सिंह (बाएं) और उनके मामा बलबीर सिंह (दाएं) के पुराने चित्र, इनकी हत्या उग्रवादियों ने गत दिवस कर दी ।
(फोटो : भूषण)

आयोग के निर्णय के ज याचिका पेश करेंगे

दोबारा मतदान कराया जा रहा है । उन्होंने कहा कि फरीदाबाद संसदीय चुनाव क्षेत्र में 40 से 45 बूथों पर कब्जा करने की घटनाएं हुई हैं, जबकि 161 मतदान केन्द्रों पर दोबारा चुनाव कराने का निर्णय

उग्रवाद का शिकार भी अनुग्रह अनुदान

अमृतसर, 26 जून : भाकपा नेता श्री सतपाल डांग ने सांसद गुरुदास दास गुप्ता को एक पत्र लिख कर एक दर्जन से अधिक व निर्दोष परिवार की सहद

Punjabi Tribune

अहमदगढ़ (पुरी): यहां विश्व कर्मा मन्दिर के निकट मिस्त्री कपूर सिह के घर से दिन-दहाड़े दो युवकों ने दस तोले सोना और नकदी लूट ली । बताया जाता है कि घर में एक लड़की अकेली थी कि दो युवक स्कूटर पर आए और दरवाजा खटखटाया । लड़की द्वारा दरवाजा खोलते ही युवकों ने उसे पिस्तौल दिखाकर अलमारी की चाबी ले ली और उसमें पड़ा दस तोले सोना और नकदी निकाल ली । मौका देखकर लड़की ने जब वहां से भागने का प्रयास किया तो एक युवक ने उसे ठोकर मार कर गिरा दिया । लड़की चोट लगने से बेहोश हो गई और युवक लूट का माल लेकर फरार हो गए । घटना की रिपोर्ट अहमदगढ़ थाना में दे दी गई है ।

एक ऐसी ही घटना दो दिन पूर्व भी हुई थी जिसमें कुछ अज्ञात सशस्त्र युवक लिंक रोड पर एक सर्राफ की दुकान से 25000 रुपए के आभूषण लूट कर ले गए थे । कहा जाता है कि क्षेत्र में कोई गिरोह सरगर्म है जो इसी प्रकार की अन्य वारदातें भी कर चुका है ।

दो आतंकवादी मरे

मोगा (ह.स.): गत रात जिला फ़रीदकोट में सुरक्षा बलों के साथ दो मुठभेड़ों में दो दुर्दांत आतंकवादी मारे गए जबकि एक पुलिस कर्मचारी घायल हो गया । पहली मुठभेड़ मोगा सबडिवीजन में गांव चूहड़ चक के निकट हुई जिसमें एक अति वांछित आतंकवादी मारा गया जबकि उसका साथी बचकर भाग निकला । मृत आतंकवादी के पास एक विदेशी रिवाल्वर तथा कई कारतूस मिले । बताया जाता है कि पुलिस ने दो संदिग्ध व्यक्तियों को स्कूटर पर जाते हुए देखा तो उन्हें रुकने का संकेत किया गया । रुकने की बजाए उन्होंने अंधाधुंध फ़ायरिंग शुरू कर दी । जवाबी फ़ायरिंग में उनमें से एक मर गया, जबकि दूसरा फ़रार हो गया । एक सिपाही सतपाल भी घायल हुआ । मृत आतंकवादी से मिले दस्तावेजों से उसकी राज्य में अनेक आतंकवादी अपराधों में संलिप्तता की पुष्टि होती है ।

दूसरी मुठभेड़ थाना मोगा सदर के गांव वड्डाघर के निकट हुई जिसमें दो साइकल सवार आतंकवादियों में से एक मारा गया जबकि दूसरा भाग निकला । मृत आतंकवादी से एक दुनाली बंदूक और अनेक कारतूस मिले ।

साधु की हत्या

'आज़ाद' के अनुसार मोगा के निकट गांव गरु-का-खूह में कुछ व्यक्तियों ने गांव के डेरे के साधु की सरिये मार कर हत्या कर दी । मृतक क्षेत्र में 'मोरांवाले साधु' के नाम से प्रसिद्ध था ।



बटाला थाना सदर के गांव चाहल कलां में गत रात उग्रवादियों ने दो भाइयों (1) हवलदार भगवान सिह और (2) सिपाही गोरख सिंह की हत्या कर दी तथा उनकी बहन (3) इरभजन कौर को घायल कर दिया जो सिविल अस्पताल में उपचाराधीन है(छाया : कोछड़)

पर पुलिस को चकमा देकर भाग निकला था जबकि उसके चार साथी काबू कर लिए गए थे । हरियाणा पुलिस ने ज़बरदस्त खोजबीन अभियान चलाने के अलावा पड़ोसी राज्यों पंजाब, हिमाचल प्रदेश और संघीय क्षेत्रों चंडीगढ़ व दिल्ली को आतंकवादी 'सरगना' डग्गा सिंह के फ़रार होने के बारे में खबरदार कर दिया है । कुख्यात आतंकवादियों गुरनाम सिंह उर्फ़ गामा, नागरा उर्फ़ प्रदीप सिंह, गुरदीप सिंह तथा बलकार सिंह की गिरफ्तारी ने हरियाणा को आतंकवादियों की एक और बड़ी कार्रवाई से बचा लिया है । गत रविवार तथा सोमवार को कुरुक्षेत्र और पिहोवा में बम विस्फोट तथा गोलीबारी में 22 लोग मारे गए जबकि 45 घायल हुए । पकड़े गए आतंकवादियों ने प्रारम्भिक पूछताछ के दौरान स्वीकार किया कि वे रेलवे स्टेशन के निकट अम्बाला बस स्टैंड पर बम विस्फोट की योजना बना रहे थे ।

गिरोह की पहचान

उधर हरियाणा पुलिस ने पिहोवा में सिनेमाघर पर फ़ायरिंग करने के लिए जिम्मेदार गिरोह का पता लगा लेने का दावा किया है । अधिकृत सूत्रों के अनुसार 'डाक्टर' गुरमीत सिंह, जो कि 8 मई को पानीपत में 15 लोगों की हत्या में संलिप्त था, वह पिहोवा की हत्याओं के लिए भी जिम्मेदार है । अम्बाला में गिरफ्तार किए गए चार आतंकवादी

Punjabi Sanatan

द्वारा 5, पट्टी के बाज़ार में 2 की हत्या

बटाला में विस्फोट, जालन्धर में घायल दम तोड़ गया, कुएं से लाश मिली, सेल्ज़मैन लूट लिया

अन्य स्थानों पर 4 लोगों की हत्या, बैंक से 3.94 लाख रु. लूटे

चंडीगढ़, 27 जून (वार्ता, ह.स.): आतंकवादियों ने कल रात्रि कपूरथला के मंड क्षेत्र में 5 लोगों की हत्या कर दी । उग्रवादियों ने जिला अमृतसर के पट्टी क्षेत्र में एक दुकान पर अंधाधुंध गोलियां चला कर 2 व्यक्तियों की हत्या कर दी जबकि 2 को घायल कर दिया । अन्य विभिन्न वारदातों में 4 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । जालंधर के करीमा गांव में आतंकवादियों के हाथों घायल हुआ व्यक्ति दम तोड़ गया जबकि एक कुएं से एक शव बरामद किया गया । आतंकवादियों ने जिला फरीदकोट में एक बैंक से 3.94 लाख रुपए जबकि जिला जालंधर में एक सेल्जमैन से 24 हज़ार रुपए लूट लिये ।

मंड में 5 की हत्या

जालन्धर में प्राप्त सूचनाओं के अनुसार कल रात्रि कपूरथला जिले के सुल्तानपुर लोधी थाना क्षेत्र के ग्राम कलरियांवाला के पास के मंड क्षेत्र में उग्रवादियों ने 5 लोगों की हत्या कर दी जिसकी सूचना अति विलम्ब से आज सायं मिली ।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि 5 उग्रवादियों ने वहां कल रात्रि ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफलों से फायरिंग की थी । पुलिस को आज अपरान्ह 3 बजे सूचना दी गई । उच्च पुलिस अधिकारी व अर्ध-सैनिक बलों के अधिकारी घटनास्थल को रवाना हो गए हैं ।

कपूरथला से शर्मा के अनुसार मृतकों के नाम हरनेक सिंह, हाकम सिंह, प्रीतम सिंह, चमकौर सिंह, मेहर सिंह हैं । ये सभी लुधियाना जिले के हैं और वहां एक जमीन पर कब्जा लेने गए थे ।

जहां यह घटना हुई, वह क्षेत्र जालन्धर, कपूरथला, फिरोजपुर की सीमाओं से लगता है । अभी तक यह फैसला नहीं हो सका है कि यह क्षेत्र किस जिले के अधिकार क्षेत्र में है ? फिर भी सुल्तानपुर लोधी थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

फगवाड़ा (राकेश) : आज स्थानीय पुलिस ने 2 आतंकवादियों स्वर्ण सिंह व शेर सिंह की तलाश में उनके गांवों मलिकपुर व पंडोरी में छापे मारे परन्तु पुलिस किसी आतंकवादी को गिरफ्तार नहीं कर सकी । पुलिस ने पांछटा व रानीपुर में भी छापे मारे ।

कौड़ा के अनुसार गत रात्रि स्थानीय सतनामपुरा क्षेत्र में पंजाब नैशनल बैंक के मैनेजर श्री आर. एल. गुप्ता के घर में घुस कर कुछ अज्ञात उपद्रवियों ने 20 तोले सोने के जेवरात सहित लगभग एक लाख रुपए कीमत का माल लूट लिया ।

घुसपैठिया मारा

फिरोजपुर सैक्टर में बी.एस.एफ. की एक गश्ती टुकड़ी के साथ हुई मुठभेड़ में एक पाक घुसपैठिया मारा गया ।

4 व्यक्तियों की हत्या

अमृतसर (वि.प्र.): आज जिला मुख्यालय में मिली सूचना के अनुसार आतंकवादियों ने जिला अमृतसर के तीन स्थानों पर फायरिंग करके चार व्यक्तियों की हत्या कर दी और दो को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । अमृतसर जिला के कस्बा पट्टी में घाटी बाजार में स्थित नाई की दुकान पर दो स्कूटर सवार आतंकवादी आए और अंधाधुंध फायरिंग की जिससे दुकान का मालिक वीरभान मौका पर ही मर गया तथा दुकान के अन्दर तीन व्यक्ति सख्त घायल हो गए । इन घायलों में से एक व्यक्ति मंगल दास की अस्पताल ले जाते हुए रास्ते में ही मौत हो गई जबकि ओम प्रकाश तथा प्रदीप कुमार को अस्पताल में दाखिल कराया गया है । नौशहरा पुलिस चौकी के क्षेत्र के गांव तूर के बाहर एक मजहबी सिख गुरदयाल सिंह की गोलियों से छलनी लाश मिली । थाना सदर तरनतारन के गांव पखोके में सांसी रत्न सिंह की तीन आतंकवादियों ने गत रात गोलियां मार कर हत्या कर दी । मौका पर ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल और 315 बोर के चले हुए पांच कारतूस मिले हैं ।

सो रहे व्यक्ति की हत्या

ह.स. के अनुसार थाना रमदास के क्षेत्र में गांव नासर में कुछ अज्ञात आतंकवादियों ने एक और व्यक्ति जगीर सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी जबकि वह ट्यूबवैल पर सो रहा था ।

घायल कर दिया

दो संदिग्ध आतंकवादियों ने अजनाला पुलिस थाने के गांव लखोबाल में परमजीत सिंह नामक व्यक्ति को गोली मार कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया ।

बम फटा, एक घायल

बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना सिटी पुलिस के अन्तर्गत ओहरी गेट के बाहरी क्षेत्र में जहां नगर पालिका का गंदगी एकत्र करने का डिपो है वहां विस्फोट होने से नगर पालिका का एक सफाई सेवक द्वारका दास गम्भीर रूप से घायल हो गया । उसे सिविल अस्पताल बटाला में भर्ती कराया गया है ।

'विस्फोट की घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक श्री सुमेध सिंह सैनी, एस.पी. आप्रेशन श्री हरभजन सिंह, ए.एस.पी. श्री अनिल कुमार शर्मा व बी.एस.एफ. अधिकारियों ने तुरन्त घटनास्थल का निरीक्षण किया व विस्फोट वाले स्थान से एक प्लास्टिक के लिफाफे में एक और बम पड़ा मिला, जिसे श्री सैनी के आदेश पर उसी समय नष्ट कर दिया गया ।

(1) बटाला के ओहरी गेट क्षेत्र में वह स्थान, जहां सोमवार को बम फटा, घटना स्थल पर प्लास्टिक के लिफाफे में पड़ा एक और बम भी मिला, (2) विस्फोट से घायल द्वारका दास, (3) बटाला थाना सदर के गांव नथवाला में उग्रवादियों की गोलियों से मरे दोधी हरभजन सिंह का शव (छाया : कोछड़), (4) बरनाला में रविवार को उग्रवादियों के हाथों मारे गये आढ़ती केदारनाथ (इन सैट पुराना चित्र) का शव, (5) मृतक की पत्नी और मां विलाप करती हुईं । (छाया : सिंधवानी)

Punjab Archive
Punjab Kesari

द्वारा 5, पट्टी के बाज़ार में 2 की हत्या

बटाला में विस्फोट, जालन्धर में घायल दम तोड़ गया, कुएं से लाश मिली, सेल्ज़मैन लूट लिया

अन्य स्थानों पर 4 लोगों की हत्या, बैंक से 3.94 लाख रु. लूटे

चंडीगढ़, 27 जून (वार्ता, ह.स.): आतंकवादियों ने कल रात्रि कपूरथला के मंड क्षेत्र में 5 लोगों की हत्या कर दी । उग्रवादियों ने जिला अमृतसर के पट्टी क्षेत्र में एक दुकान पर अंधाधुंध गोलियां चला कर 2 व्यक्तियों की हत्या कर दी जबकि 2 को घायल कर दिया । अन्य विभिन्न वारदातों में 4 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । जालंधर के कंडोला गांव में आतंकवादियों के हाथों घायल हुआ व्यक्ति दम तोड़ गया जबकि एक कुएं से एक शव बरामद किया गया । आतंकवादियों ने जिला फरीदकोट में एक बैंक से 3.94 लाख रुपए जबकि जिला जालंधर में एक सेल्जमैन से 24 हज़ार रुपए लूट लिये ।

मंड में 5 की हत्या

जालन्धर में प्राप्त सूचनाओं के अनुसार कल रात्रि कपूरथला जिले के सुल्तानपुर लोधी थाना क्षेत्र के ग्राम कलरियांवाला के पास के मंड क्षेत्र में उग्रवादियों ने 5 लोगों की हत्या कर दी जिसकी सूचना अति विलम्ब से आज सायं मिली ।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि 5 उग्रवादियों ने वहां कल रात्रि ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफलों से फायरिंग की थी । पुलिस को आज अपरान्ह 3 बजे सूचना दी गई । उच्च पुलिस अधिकारी व अर्ध-सैनिक बलों के अधिकारी घटनास्थल को रवाना हो गए हैं ।

कपूरथला से शर्मा के अनुसार मृतकों के नाम हरनेक सिंह, हाकम सिंह, प्रीतम सिंह, चमकौर सिंह, मेहर सिंह हैं । ये सभी लुधियाना जिले के हैं और वहां एक जमीन पर कब्जा लेने गए थे ।

जहां यह घटना हुई, वह क्षेत्र जालन्धर, कपूरथला, फिरोजपुर की सीमाओं से लगता है । अभी तक यह फैसला नहीं हो सका है कि यह क्षेत्र किस जिले के अधिकार क्षेत्र में है ? फिर भी सुल्तानपुर लोधी थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

फगवाड़ा (राकेश) : आज स्थानीय पुलिस ने 2 आतंकवादियों स्वर्ण सिंह व शेर सिंह की तलाश में उनके गांवों मलिकपुर व पंडोरी में छापे मारे परन्तु पुलिस किसी आतंकवादी को गिरफ्तार नहीं कर सकी । पुलिस ने पांछटा व रानीपुर में भी छापे मारे ।

कौड़ा के अनुसार गत रात्रि स्थानीय सतनामपुरा क्षेत्र में पंजाब नैशनल बैंक के मैनेजर श्री आर. एल. गुप्ता के घर में घुस कर कुछ अज्ञात उपद्रवियों ने 20 तोले सोने के जेवरात सहित लगभग एक लाख रुपए कीमत का माल लूट लिया ।

घुसपैठिया मरा

फिरोजपुर सैक्टर में बी.एस.एफ. की एक गश्ती टुकड़ी के साथ हुई मुठभेड़ में एक पाक घुसपैठिया मारा गया ।

4 व्यक्तियों की हत्या

अमृतसर (वि.प्र.): आज जिला मुख्यालय में मिली सूचना के अनुसार आतंकवादियों ने जिला अमृतसर के तीन स्थानों पर फायरिंग करके चार व्यक्तियों की हत्या कर दी और दो को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । अमृतसर जिला के कस्बा पट्टी में घाटी बाजार में स्थित नाई की दुकान पर दो स्कूटर सवार आतंकवादी आए और अंधाधुंध फायरिंग की जिससे दुकान का मालिक वीरभान मौका पर ही मर गया तथा दुकान के अन्दर तीन व्यक्ति सख्त घायल हो गए । इन घायलों में से एक व्यक्ति मंगल दास की अस्पताल ले जाते हुए रास्ते में ही मौत हो गई जबकि ओम प्रकाश तथा प्रदीप कुमार को अस्पताल में दाखिल कराया गया है । नौशहरा पुलिस चौकी के क्षेत्र के गांव तूर के बाहर एक मजहबी सिख गुरदयाल सिंह की गोलियों से छलनी लाश मिली । थाना सदर तरनतारन के गांव पखोके में सांसी रत्न सिंह की तीन आतंकवादियों ने गत रात गोलियां मार कर हत्या कर दी । मौका पर ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल और 315 बोर के चले हुए पांच कारतूस मिले हैं ।

सो रहे व्यक्ति की हत्या

ह.स. के अनुसार थाना रमदास के क्षेत्र में गांव नासर में कुछ अज्ञात आतंकवादियों ने एक और व्यक्ति जगीर सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी जबकि वह ट्रयवबैल पर सो रहा था ।

घायल कर दिया

दो संदिग्ध आतंकवादियों ने अजनाला पुलिस थाने के गांव लखोबाल में परमजीत सिंह नामक व्यक्ति को गोली मार कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया ।

बम फटा, एक घायल

बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना सिटी पुलिस के अन्तर्गत ओहरी गेट के बाहरी क्षेत्र में जहां नगर पालिका का गंदगी एकत्र करने का डिपो है वहां विस्फोट होने से नगर पालिका का एक सफाई सेवक द्वारका दास गम्भीर रूप से घायल हो गया । उसे सिविल अस्पताल बटाला में भर्ती कराया गया है ।

विस्फोट की घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक श्री सुमेध सिंह सैनी, एस.पी. आप्रेशन श्री हरभजन सिंह, ए.एस.पी. श्री अनिल कुमार शर्मा व बी.एस.एफ. अधिकारियों ने तुरन्त घटनास्थल का निरीक्षण किया व विस्फोट वाले स्थान से एक प्लास्टिक के लिफाफे में एक और बम पड़ा मिला, जिसे श्री सैनी के आदेश पर उसी समय नष्ट कर

(1) बटाला के ओहरी गेट क्षेत्र में वह स्थान, जहां सोमवार को बम फटा, घटना स्थल पर प्लास्टिक के लिफाफे में पड़ा एक और बम भी मिला, (2) विस्फोट से घायल द्वारका दास, (3) बटाला थाना सदर के गांव नथवाला में उग्रवादियों की गोलियों से मरे दोधी हरभजन सिंह का शव (छाया : कोछड़), (4) बरनाला में रविवार को उग्रवादियों के हाथों मारे गये आढ़ती केदारनाथ (इन सैट पुराना चित्र) का शव, (5) मृतक की पत्नी और मां विलाप करती हुईं । (छाया : सिंधवानी)

Punjabi Sanatan

47 का प्रयोग किया है । पुलिस को घटनास्थल से 7 चले हुए कारतस मिले हैं । श्री सैनी के अनुसार पांच हत्यारों की शिनाख्त कर ली गई है ।

आश्रयदाता गिरफ्तार

श्री सैनी ने बताया कि थाना सदर बटाला, श्रीहरगोबिन्दपुर व फतेहगढ़ चूड़ियां पुलिस ने अलग-अलग आतंकवादियों को आश्रय देने व राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में संलिप्त होने के कारण जोगिन्द्र सिंह, अवतार सिंह, दीदार सिंह, जसवन्त सिंह व दलीप सिंह को गिरफ्तार किया है ।

घायल दम तोड़ गया

जालन्धर (ह.स.): आदमपुर थाना क्षेत्र के कंडोला गांव में 25 जून को संदिग्ध आतंकवादियों के हमले में बुरी तरह घायल व्यक्ति सतपाल ने आज तड़के जालन्धर सिविल अस्पताल में दम तोड़ दिया । सतपाल और उसकी पत्नी पर धारदार

Punjabi Sanjal

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

ला

. के अनुसार पुलिस ने होशियारपुर जिले में पुलिस थाने के अंतर्गत मनसार रेलवे स्टेशन ी.टी. रोड पर एक गोली लगा शव बरामद । यह शव राम सिंह के पुत्र 45 वर्षीय सिंह का है । पुलिस ने शव के पास से 9 के खाली कारतूस बरामद किए हैं । पुलिस स्टमार्टम और जांच के लिए भेज दिया है ।

ट पर हत्या

जिला रोपड़ के थाना मोरिंडा के गांव बस स्टैंड पर आतंकवादियों ने एक व्यक्ति सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी ।

ं से छलनी लाश मिली

प्रातः मजीठा पुलिस जिला में एक गोलियों लाश बरामद की गई ।

ी कार छोड़ कर भाग गए

सायं लगभग 5 बजे सरहंद बस्सी रोड पर सल फिलिंग स्टेशन पर 3 उग्रवादी एक र पर पैट्रोल डलवाने के लिए आए । यह ोंने मोहाली से चोरी की थी । इसी दौरान का मालिक भी आ गया । उसने कार देख मचाना शुरू कर दिया, जिसपर उग्रवादी ाग गए । सी.आर.पी.एफ. और पुलिस ने कार का पीछा किया । गांव कोटला के निकट कार कीचड़ में फंस गई । इस पर उग्रवादी कार छोड़ कर भाग गए । पुलिस उनका पीछा कर रही है ।

मैटाडोर पर फायरिंग : 1 घायल

मुक्तसर से दीपक के अनुसार गत रात्रि लगभग 9 बजे आतंकवादियों द्वारा अमृतसर जिले के गांव सरहाली के निकट एक मैटाडोर में सवार व्यापारियों पर फायरिंग की गई जिससे एक व्यापारी राज कुमार घायल हो गया । बताया जाता है कि यहां से 5-6 कपड़ा व्यापारी कपड़ा खरीदने अमृतसर गए । कपड़ा खरीदने के बाद यहां लौटते समय जब वे सरहाली पहुंचे तो आतंकवादियों द्वारा उनकी मैटाडोर पर अंधाधुंध फायरिंग की गई, जिससे मैटाडोर का अगला शीशा टूट गया तथा पिछला टायर पंक्चर हो गया । एक गोली मैटाडोर में बैठे राज कुमार की टांग के आर-पार हो गई जबकि दूसरी गोली आज यहां अस्पतालों में डाक्टरों द्वारा आप्रेशन करके निकाली गई । ड्राइवर ने चुस्ती बरतते हुए पिछला टायर पंक्चर होने के बावजूद गाड़ी तेजी से दौड़ाई और 12 किलो मीटर एक वीरान स्थान पर जाकर रोक ली । सभी लोगों ने इस डर से कि कहीं आतंकवादी उनका पीछा न कर रहे हों, सारी रात झाड़ियों में छुप कर बिताई तथा आज सुबह यहां पहुंचे । मैटाडोर में सवार अन्य चार व्यापारियों ने कपड़े की गांठों के पीछे छुप कर अपनी जान बचाई ।

गुमशुदा की तलाश

लड़का अवतार सिंह (पिंकी) जिसका ऊपर । आयु 29 साल तिथि 13.6.88 को बिना ए चला गया है । उसकी सूचना देने वाले या वाले को सफर खर्च के अतिरिक्त शुकाना

दिल्ली बम कांड की जिम्मेदारी टाइगर्स फोर्स ने ली, और वारदात

नई दिल्ली, 28 जून : पश्चिमी दिल्ली के तिलक नगर क्षेत्र की सब्जी मंडी में हाल ही में हुए बम विस्फोट की जिम्मेदारी तथाकथित आतंकवादी संगठन भिंडरांवाले टाइगर्स फोर्स आफ खालिस्तान ने ली है ।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने आज यहां यह जानकारी दी । इस वारदात की जिम्मेदारी अपने ऊपर लेते हुए इस संगठन ने गुरुमुखी लिपि में एक अन्तर्देशीय पत्र तिलक नगर थाने को भेजा है । यह पत्र कल ही डाक से थाने में पहुंचा । पत्र पर किसी व्यक्ति का नाम नहीं है । इस पर सिर्फ 21 जून की तारीख पड़ी है ।

20 जून को हुए इस विस्फोट में तीन व्यक्ति मारे गए थे । इसके अलावा 41 अन्य जख्मी हुए थे ।

इस अधिकारी के अनुसार पत्र में यह भी दावा किया गया है कि इस वारदात में किसी मारुति वैन का इस्तेमाल नहीं किया गया है । अभी तक पुलिस को यही जानकारी मिली थी कि वारदात के बाद एक मारुति वैन मौके से भाग गई थी । इस वारदात में वैन के शामिल न होने का इस गुट का दावा काफी हद तक सही है । पुलिस को कल इस वांछित वैन का पता लग गया था । परन्तु वैन के मालिक से पूछताछ से पता चला कि बम विस्फोट की वारदात से उसका कोई सम्बन्ध नहीं है । वह तो सब्जी लेने गया था और धमाका होते ही जान बचा कर भाग गया था । पुलिस अधिकारी ने बताया कि भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स आफ खालिस्तान का हाथ होने की सम्भावना से हालांकि इन्कार नहीं किया जा सकता परन्तु इस प्रकार के बम विस्फोट में एक अन्य

अधिकारी के अनुस
जबलपुर, भोपाल,
आतंकवादियों के सम
विशेष व्यवस्था की

उक्त अधिका
दिल्ली में हाल में हु
बाद मध्य प्रदेश में
बनाने की दृष्टि से
शहर के किसी भी
व्यक्ति के बारे में
छानबीन करने के
अधिकारी ने दावा
वाले अथवा किसी
आतंकवादियों की ध
कड़ी नज़र रखी
संवेदनशील भागों में

गोर्बाच

(पृ

सदस्यों वाली सोवि
का भी निर्वाचित कर
सिर्फ ठप्पा लगाने
समय संसद की वर्ष
तथा पतझड़ में ।

सोवियत नेता
बनने के बाद से शु
अमल में नहीं लाए
घिसे-पिटे किस्म के
व्यवस्था को चलाने
रखने के प्रयास परि

Punjab Sanatan

घुसपैठिया मारा गया : बंगा क्षेत्र में लूट

चंडीगढ़, 28 जून (वार्ता, ह.स.): गत रात के बाद आतंकवादियों ने पंजाब में विभिन्न स्थानों पर 5 व्यक्तियों की हत्या कर दी । मारे गए लोगों में एक टैक्सी चालक भी शामिल है, जिसकी टैक्सी भी हत्यारे ले गए । पटियाला में आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में 9 व्यक्ति गिरफ्तार किए गए । गुरदासपुर पुलिस ने एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को गिरफ्तार किया । कल रात जिला जालन्धर में हत्याएं करने वाले दो आतंकवादियों की पहचान कर ली गई है । डेरा बाबा नानक सैक्टर में एक पाक घुसपैठिया मारा गया ।

भूतपूर्व सैनिक की हत्या

गुरदासपुर (विनोद): कल रात थाना काहनुवान के गांव तुफलोवाल में 3 आतंकवादियों ने एक भूतपूर्व सैनिक की गोली मारकर हत्या कर दी । एस.एस.पी. श्री पी.एम. दास ने घटनास्थल से वापसी पर बताया कि रात नौ बजे ए.के. 47 राइफलों से लैस तीन आतंकवादी देविन्द्र सिंह के ट्यूबवैल पर आए जहां परिवार के सदस्य व उनके रिश्तेदार सो रहे थे । वहां उसका दामाद अजीत सिंह भी मौजूद था । आतंकवादियों ने किसी दूसरे को कुछ नहीं कहा, केवल अजीत सिंह की गोलियां मारकर हत्या की तथा चले गए । अजीत सिंह अपने ससुर की रस्म भोग पर आया हुआ था ।

श्री दास ने बताया कि काहनुवान पुलिस ने सूचना मिलने पर एक आतंकवादी बलदेव उर्फ़ पप्पू निवासी फजूला चक थाना धारीवाल को गिरफ्तार किया है । अभियुक्त ने इस अपराध की स्वीकारोक्ति की है कि उसने अपने साथियों के साथ मिलकर 29 अप्रैल 1988 को थाना काहनुवान के मौजा भैनी हेड़वाल की दो बहनों महेन्द्र कौर और वीरो की गोलियां मारकर हत्या कर दी थी । दोनों की आयु 50 वर्ष से लेकर 55 वर्ष तक थी । पैदल ही भाग निकले । लूटमार का यह सिलसिला करीब डेढ़ घंटा जारी रहा । लुटेरों की आयु 22-23 वर्ष के मध्य बताई गई है ।

पुलिस अधिकारियों की बैठक

एस.एस.पी. श्री इज़हार आलम ने थाना बंगा की पुलिस चौकियों के स्टाफ़, डी.एस.पी. श्री छीना आदि की बैठक को सम्बोधित किया । बैठक में उग्रवाद की बढ़ती हुई कार्रवाइयों पर विचार किया गया । श्री आलम ने संबंधित अधिकारियों को चौकसी रखने तथा गश्त तेज़ करने की सलाह दी । उन्होंने कहा कि चौकियों को वायरलैस सैटों तथा वाहनों की सुविधाएं दी जा रही हैं ।

फगवाड़ा : (राकेश) :कल रात स्थानीय पुलिस ने गांव रिहाना जट्टां थाना फगवाड़ा व पूनाकलां जिला होशियारपुर में छापे मारे तथा 2 व्यक्तियों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ शुरू कर दी है ।

बंदूक ले गए

खन्ना (पूर्ण): गत रात 10 बजे के करीब तीन अज्ञात व्यक्ति यहां से बीस किलोमीटर की दूरी पर स्थित गांव मदनीपुर से पिस्तौल दिखा कर एक व्यक्ति जगीर सिंह से उसकी बंदूक छीन कर ले गए ।

हत्याओं का विवरण

जालन्धर (ढल्ल): गत रात जिला जालन्धर में उग्रवादियों ने दो घटनाओं में एक महिला सहित दो व्यक्तियों की हत्या कर दी और दो को घायल कर दिया । इनमें एक घटना हत्या करने वाले एक उग्रवादी ने अपने ही ससराल जा कर की । पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार भोगपुर थाना क्षेत्र के गांव डल्ली का एक उग्रवादी अमरजीत सिंह अपने एक अन्य उग्रवादी साथी सतनाम सिंह निवासी

Punjab Sanatan

दूर गाँव चंदलां से स्थानीय फौजी मुहल्ला का एक व्यक्ति संतोख सिंह अपनी पत्नी के साथ स्कूटर पर आ रहा था । रास्ते में दो आतंकवादियों ने उन्हें रोक कर पिस्तौल की नोक पर उनका स्कूटर तथा औरत की सोने की बालियां व 300 रुपए नकद छीन लिए ।

लुधियाना (धीमान): स्थानीय सुपर टैक्सी स्टैंड के ड्राइवरों ने आज हड़ताल कर दी । ये हड़ताल गत दिवस टैक्सी ड्राइवर नरेन्द्र सिंह को मुकेरियां के निकट मार कर बाहर फैंकने की उग्रवाद की घटना के विरुद्ध प्रोटैस्ट-स्वरूप की गई । आज यहां नरेन्द्र सिंह का अंतिम संस्कार कर दिया गया । सुपर टैक्सी स्टैंड के महामंत्री श्री अशोक जैन ने मांग की कि मृतक के परिवार को एक लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी जाए और टैक्सी ड्राइवरों की सुरक्षा का प्रबन्ध किया जाए ।

लुधियाना (महिन्द्रा) : जिला दंडाधिकारी श्री एस.एस. बराड़ ने एक आदेश जारी किया है जिस द्वारा लुधियाना में विस्फोटक और अन्य हथियार लेकर चलने पर पाबंदी लगा दी गई है । इसके अतिरिक्त तेज़ाब इत्यादि वस्तुएं रखने पर भी पाबंदी लगा दी गई है ।

यह पाबंदी निगम सीमाओं में लागू होगी और 24 अगस्त तक जारी रहेगी ।

9 गिरफ्तार

पटियाला (भूषण): सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में 9 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है.जिनमें ऑल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फ़ैडरेशन का प्रमुख वर्कर डाक्टर प्रेम सिंह पातड़ां भी शामिल है ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सीतल दास ने बताया कि अभियुक्त आतंकवादियों और घोषित अपराधियों को शरण देते थे और उनको वित्तीय सहायता भी देते थे । गत सप्ताह सुरक्षा बलों ने इस जिला में 6 शरणदाता पकड़े थे । डाक्टर प्रेम सिंह

उग्रवादी अमरजीत सिंह व सतनाम सिंह जो साइकलों पर थे, निकट के गांव भटनूरा में गए और वहां एक व्यक्ति रेशम सिंह की हत्या कर दी, भोगपुर पुलिस ने केस रजिस्टर करके अमरजीत सिंह व सतनाम सिंह के सम्भावित आश्रय स्थानों पर छापे मारे किन्तु अभी तक दोनों का पता नहीं चल सका । उल्लेखनीय है कि दोनों उग्रवादी जालंधर जिला में अनेक उग्रवादी वारदातों में संलिप्त रहे हैं और पुलिस को काफी समय से वांछित हैं ।

यद्यपि अभी अमरजीत सिंह द्वारा उक्त हत्या किए जाने के कारण का पता लगाया जाना है, फिर भी घायल सुरिन्दर कौर के सम्बन्धियों ने बताया कि अमरजीत सिंह कुछ वर्ष पूर्व विदेश में रहकर गांव डल्ली लौटा था और कोई सात वर्ष पूर्व उसका विवाह सुरिन्द्र कौर से हुआ था और इस समय उनके दो बच्चे हैं ।

गत तीन-चार वर्ष से अमरजीत उग्रवादी कारवाइयां करने लगा और अनेक हत्याओं व अन्य अपराध में संलिप्त रहा, जिस पर पुलिस उसकी तलाश में रहने लगी और वह घर से बाहर छुपकर रहने लगा । ऐसी हालत में सुरिन्दर कौर अपनी मां के पास गांव लड्होआ में रहने लगी । इन रिश्तेदारों के अनुसार अमरजीत ज़ोर दे रहा था कि सुरिन्दर कौर ससुराल में रहे, मगर वह तथा उस की मां हरबंस कौर उसे उग्रवादी कार्रवाइयां छोड़ देने को कहते थे । उक्त घटना इसी विवाद का परिणाम है ।

किन्तु इस घटना के दूसरे भाग का कारण समझ में नहीं आ रहा,जिसका सम्बन्ध रेशम सिंह की हत्या से है;जो हरबंस कौर के साथ एक ट्रक कारोबार में हिस्सेदार था । पुलिस इस बारे एक अन्य थ्यूरी पर भी विचार कर रही है । पुलिस का ख्याल है कि कल रात की घटना पारिवारिक रंजिश का परिणाम है । आतंकवादी साइकलों पर आए थे ।

टैक्सी ड्राइवर की हत्या

होशियापुर (वार्ता): गत रात जिला होशियारपुर में मुकेरियां के निकट एक टैक्सी

Punjab Sahaara

अपराधियों को शरण देते थे और उनको वित्तीय सहायता भी देते थे । गत सप्ताह सुरक्षा बलों ने इस जिला में 6 शरणदाता पकड़े थे । डाक्टर प्रेम सिंह पर आरोप है कि वह पातड़ां के लोगों को धमकियां देकर पैसे बटोरता था । पकड़े गए अन्य लोगों में शीरा सिंह, साधा सिंह होतीपुर, राज सिंह डरौली, जरनैल सिंह व सुबेग सिंह डेरा शतराना, संतोख सिंह और गुरनाम सिंह तथा भजन सिंह गांव चनारथल कलां ।

महालों में हत्या

नवांशहर (शर्मा): यहां से दो किलो मीटर महालों गांव में रात दो बजे सरमुख सिंह पुत्र प्रेम सिंह की .12 बोर की पिस्तौल से हत्या कर दी गई । वह और उसकी पत्नी अपने घर में सो रहे थे । हमलावर दीवार फांद कर अन्दर चला गया । सरमुख सिंह के ललकारने पर अभियक्त उसे गोली मारकर भाग गए । सरमुख सिंह की लाश पोस्ट मार्टम के बाद वारिसों के हवाले कर दी गई । आज

Punjabi Sanatan





(1) सामाना थाना के गांव मावी में हुई मुठभेड़ में मारे गए आतंकवादी कश्मीर सिंह का शव, (2) इसी मुठभेड़ में मरे हरियाणा पुलिस के सब-इंस्पैक्टर राम प्रकाश और सी.आर.पी. के जवान दौलत राम के शव, (3) घटनास्थल से बरामद एक ए.के. 47 असाल्ट राइफल ।
(छाया : वर्मा)

सामाना-बटाला में सुरक्षा बलों से भिड़ंत में 2 उग्रवादी मरे : 2 सुरक्षा कर्मी शहीद

फिरोजपुर में 5, फरीदकोट में 17 उग्रवादी, 15 शरणदाता गिरफ्तार : जालंधर जिला में 2 की हत्या : आभूषण लूटे

भाखड़ा नहर तोड़ने का प्रयास : फिरोजपुर सैक्टर में घुसपैठिया मरा

चंडीगढ़, 30 जून (वार्ता, हस., वि.प्र.): सामाना जिला पटियाला के गांव मावी में हरियाणा और पंजाब पुलिस की एक पार्टी की उग्रवादियों के साथ हुई मुठभेड़ में हरियाणा पुलिस का एक सब-इंस्पैक्टर और सी.आर.पी. एफ. का एक जवान तथा एक उग्रवादी मारे गए । मारा गया उग्रवादी पानीपत और पिहोवा गोलीकांडों में पुलिस को वांछित था । उग्रवादियों ने जिला जालन्धर में 2 व्यक्तियों की हत्या कर दी, जबकि एक का अपहरण कर लिया और 20000 रुपए के आभूषण एवं 1080 रुपए नगद लूट लिए । फिरोजपुर में 5 उग्रवादी, 5 शस्त्र तस्कर गिरफ्तार किए गए हैं । जिला अमृतसर में एक ग्रंथी की हत्या कर दी गई जबकि एक पाकिस्तानी घुसपैठिया मारा गया । फरीदकोट में 17 उग्रवादी तथा उनके 15 शरणदाता गिरफ्तार किए गए हैं, जबकि मुक्तसर में एक व्यक्ति की हत्या किए जाने की सूचना मिली है । बटाला में स्कूटर छीन कर भागा उग्रवादी सुरक्षा बलों के साथ हुई भिड़ंत में मारा गया । इसी मध्य रोपड़ के निकट भाखड़ा नहर तोड़ने की उग्रवादियों की कोशिश विफल कर दी गई ।

थानेदार, सी.आर.पी. के जवान की हत्या, उग्रवादी मारा गया

चंडीगढ़ (संधी): पंजाब के क्षेत्र में सामाना के निकट स्थित गांव मावी में कल रात्रि हरियाणा पुलिस के एक दल व उग्रवादियों में हुई मुठभेड़ में एक सब-इंस्पैक्टर राम प्रकाश व सी.आर.पी.एफ. के एक जवान दौलत राम सहित एक उग्रवादी कश्मीरा सिंह मारे गए जबकि हरियाणा पुलिस का एक ए.एस.आई. सुखबीर सिंह व सी.आर.पी.एफ. का जवान मेहर सिंह गम्भीर रूप से घायल हो गए ।

मारा गया उग्रवादी पिहोवा-कांड का अभियुक्त

हरियाणा के पुलिस महानिदेशक श्री एस. एस. बराड़ ने इस मुठभेड़ के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए आज यहां पत्रकारों को बताया कि गत 8 मई को पानीपत में एक विवाह पार्टी पर अंधाधुंध फ़ायरिंग करके 15 व्यक्तियों की हत्या कर देने व 25 व्यक्तियों को घायल कर देने की वारदातों में पुलिस ने जिन 2 कथित उग्रवादियों को गिरफ्तार किया था, उनसे पूछताछ पर पता चला कि इस कांड में संलिप्त एक उग्रवादी कश्मीरा सिंह, जो सम्भवतया 20 जून को पिहोवा के एक सिनेमा घर में गोलियां चला कर उपलब्ध की जाएगी ।

उग्रवादी गुरमीत सिंह भाग निकला

सामाना से 'वर्मा' के अनुसार सी.आर.पी.एफ. के घायल जवान का नाम के. मोहन है । घायल ए.एस.आई. सुखबीर सिंह और के. मोहन को सिविल अस्पताल सामाना में दाखिल करवा दिया गया है । कश्मीरा सिंह के भाग गए साथी का नाम गुरमीत सिंह बताया गया है । कश्मीरा सिंह हरियाणा के असंध नगर के गांव रक्षक का निवासी था तथा अवतार सिंह का पुत्र था ।

तलाश शुरू

पटियाला से भूषण के अनुसार जहां यह घटना हुई, उस गांव का नाम मावी रुपन है । कश्मीरा सिंह एक कट्टर उग्रवादी था । घटना की सूचना मिलते ही एस.पी. आप्रेशन ने आज तड़के सारे क्षेत्र को घेर लिया और अभियुक्त की तलाश करनी शुरू कर दी ।

2 की हत्या, एक का अपहरण, लूटमार

जालन्धर (ह.स., वार्ता): उग्रवादियों ने जिला जालन्धर में दो व्यक्तियों की गत रात्रि और आज प्रातः हत्या कर दी और एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया । उग्रवादी जालन्धर की दादा कालोनी आबादी से 20 हजार रुपए के आभूषण भी लूट कर ले गए ।

21000 रुपए के आभूषण, नगदी छीन ली

आतंकवादियों ने कल रात्रि जालन्धर जिले में लूटपाट की एक घटना में 21 हजार रुपए मूल्य के सोने के आभूषण तथा एक स्कूटर छीन लिया । पुलिस सूत्रों ने बताया कि नकाबपोश आतंकवादी दादा कालोनी में चरण सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में बलात् घुसे और 20 हजार रुपए के सोने के आभूषण तथा 1080 रुपए नगद लूट कर ले गए ।

स्कूटर छीन लिया

एक घटना में बंगा पुलिस थाने के चक दाना गांव में दो अज्ञात व्यक्तियों ने एक व्यक्ति से पिस्तौल की नोक पर स्कूटर छीन लिया ।

एक की हत्या, दूसरे का अपहरण

नवांशहर (शर्मा): यहां से 7 किलोमीटर दूर गत रात्रि 1 बजे कुछ उग्रवादियों ने पत्ती चंडगढ़ राहों में डेरा थानेदारां में एक व्यक्ति सोहन सिंह पुत्र गिरत उनमें से एक के भागने पर जो दूसरे 2 व्यक्ति रह गए थे, वे भी भाग गए, जिस पर उग्रवादी सोहन सिंह के डेरे से पितपाले सिंह नामक व्यक्ति का अपहरण करके उसे अपने साथ ले गए ।

युवक की हत्या

गोराय (सेहरा): आज प्रातः साढ़े 8-9 बजे यहां से 6 किलोमीटर दूर थाना गोराया के गांव टक्खर में साइकल सवार 2 उग्रवादियों ने उसी गांव के 30-32 वर्षीय एक नवयुवक चूहड़ सिंह पुत्र बचन सिंह जाट की 3 गोलियां मार कर मौके पर ही हत्या कर दी । पता चला है कि मृतक चूहड़ सिंह अपने घर से ट्यूबवैल पर जाने के लिए साइकल पर जा रहा था और जब ट्यूबवैल से अभी 200 गज दूर ही था कि गन्ने के खेत में छिपे हुए 22-23 वर्ष के 2 उग्रवादियों ने उसे रोक कर गोलियां मार दीं । 2 गोलियां उसके सिर पर और एक गोली छाती में लगी, जिससे वह मौके पर ही दम तोड़ गया । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच प्रारम्भ कर दी है ।

बालियां उतार लीं

राहों (भागड़ा): कल दिन-दहाड़े राहों के निकटवर्ती गांव गढ़पदाना में एक उग्रवादी ने एक स्त्री के कानों से सोने की बालियां उतार लीं, जबकि उसका दूसरा साथी स्कूटर स्टार्ट करके वहां खड़ा रहा । बाद में उग्रवादी स्कूटर पी.ए.सी. 2528 बजाज चेतक पर भाग गए ।

17 उग्रवादी, 15 शरणदाता गिरफ्तार

फरीदकोट (जिंदल): गत 24 घंटों के दौरान फरीदकोट पुलिस ने 17 उग्रवादियों और उनके आश्रय देने वाले 5 व्यक्तियों को विभिन्न स्थानों से छापों के दौरान गिरफ्तार किया है । पुलिस ने उनके कब्जे से भारी मात्रा में शस्त्रास्त्र बरामद किए हैं ।

5 पकड़े गए, 3 फरार

जिले के पुलिस अधीक्षक श्री गोबिंद राम ने बताया कि जैतो पुलिस को सूचना मिली है कि गांव माला, जो जैतो से 6 किलोमीटर दूर स्थित है, के सेम नाले के निकट 8 उग्रवादी छिपे हुए हैं तथा उन्होंने बाजाखाना के एक दुकानदार की हत्या की योजना बनाई हुई है । पुलिस और सुरक्षा बलों ने प्रातः 4 बजे छिपने वाले स्थान पर छापा मारा और पांच मिनट के मुकाबले के पश्चात उनमें से 5 गिरफ्तार कर लिए गए जबकि 3 भागने में सफल हो

सिमरनजीत के पिता द्वारा आलमगीर मीटिंग के फैसलों से असम्बद्धता व्यक्त

चंडीगढ़, 30 जून (एन.एस. परवाना): अकाल तख्त की जत्थेदारी से हटाए जा चुके भाई जसवीर सिंह रोडे के दादा बाबा जोगेंद्र सिंह को आज उस समय एक और राजनीतिक धक्का लगा, जब एकीकृत अकाली दल के नज़रबंद प्रधान सिमरनजीत सिंह मान के पिता जोगेंद्र सिंह मान ने आलमगीर मीटिंग के फैसलों से [illegible]

नहीं जोड़ा जाएगा, लेकिन फिर भी उन्होंने मुझे इसमें घसीट लिया । उन्होंने कहा कि सात नेताओं को पार्टी से निष्कासित करने के फैसले का मुझे कुछ पता नहीं, अतः मैं इससे असम्बद्धता व्यक्त करता हूं ।

उन्होंने कहा कि कौंसिल के सदस्य संत अजीत सिंह तथा एडवोकेट मनजीत सिंह [illegible]

सिमरनजीत के पिता द्वारा आलमगीर मीटिंग के फैसलों से असम्बद्धता व्यक्त

चंडीगढ़, 30 जून (एन.एस. परवाना): अकाल तख्त की जत्थेदारी से हटाए जा चुके भाई जसवीर सिंह रोडे के दादा बाबा जोगेंद्र सिंह को आज उस समय एक और राजनीतिक धक्का लगा, जब एकीकृत अकाली दल के नज़रबंद प्रधान सिमरनजीत सिंह मान के पिता जोगेंद्र सिंह मान ने आलमगीर मीटिंग के फैसलों से स्वयं को अलग कर लिया ।

आज यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री मान ने कहा कि मैं इस मीटिंग में अपने बेटे के प्रतिनिधि के रूप में शामिल नहीं हुआ था । मैंने इस मीटिंग में बाबा जोगेंद्र सिंह से अनुरोध किया था कि कोई ऐसा निर्णय न लें,जिससे सिख कौम पर नई मुसीबतें आ पड़े । श्री जोगेंद्र सिंह और हटाए जा चुके 5 सिंह साहिबान से अपील की है कि वे त्याग की भावना से काम लें ।

श्री मान ने कहा कि इस स्थिति में उन लोगों को ऐसी कोई बात नहीं करनी चाहिए जिससे पंथ में और भी फूट पड़ती हो । बाबा जोगेंद्र सिंह को चाहिए कि वे संयुक्त रूप से पंजाब के बिगड़ रहे हालात को सुधारने का प्रयत्न करें । उन्होंने कहा कि मीटिंग में मैंने बाबा जोगेंद्र सिंह से अनुरोध किया था कि वे इन निर्णयों से मेरा नाम मत जोड़ें । इन निर्णयों में 7 नेताओं को एकीकृत अकाली दल से 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया गया है । उन्होंने बताया कि बाबा जोगेंद्र सिंह व उनके पुत्र हरचरण सिंह रोडे मेरी इस बात से सहमत थे कि मीटिंग से मेरा सम्बन्ध नहीं जोड़ा जाएगा,लेकिन फिर भी उन्होंने मुझे इसमें घसीट लिया । उन्होंने कहा कि सात नेताओं को पार्टी से निष्कासित करने के फैसले का मुझे कुछ पता नहीं,अतः मैं इससे असम्बद्धता व्यक्त करता हूं ।

उन्होंने कहा कि कौंसिल के सदस्य संत अजीत सिंह तथा पूर्व विधायक सुच्चा सिंह छोटेपुर भी मेरे साथ मीटिंग समाप्त होने से पूर्व चले गए थे । श्री मान ने रहस्योद्घाटन किया कि यू.ए.डी. की प्रिज़ीडियम के सदस्य गेजा सिंह भी आलमगीर मीटिंग में उपस्थित नहीं थे ।

उन्होंने कहा कि मीटिंग में एक अवसर पर यह बात जरूर कही गई थी कि लोकसभा के अध्यक्ष को पत्र भेज कर बता दिया जाए कि भाई शमिन्दर सिंह का यू.ए.डी. से कोई सम्बन्ध नहीं है मगर मेरे अनुरोध पर इस बारे कोई फैसला न किया गया । उन्होंने शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी की कार्यकारिणी के इस फैसले पर भी कोई टिप्पणी करने से इन्कार कर दिया जिसके अनुसार भाई जसवीर सिंह रोडे व उनके 4 अन्य साथियों को उनके पदों से हटा दिया गया था ।

पत्रकार सम्मेलन में उपस्थित प्रकाश सिंह बादल के राजनीतिक सचिव कैप्टन शिवराज सिंह बराड़ ने रहस्योद्घाटन किया कि अति शीघ्र सिमरनजीत सिंह मान की अध्यक्षता में शिरोमणि अकाली दल बनने वाला है । उसमें सुरजीत सिंह

(शेष पृष्ठ 8 पर)



दरबार साहिब अमृतसर में मलबे की खुदाई के दौरान एक और शव (नरकंकाल) मिला जिसने पुलिस की वर्दी पहन रखी है । (ऊपर) मलबे की खुदाई और (नीचे) प्राप्त शव । (छाया : रवि भंडारी)

अभियुक्त

हरियाणा के पुलिस महानिदेशक श्री एस. एस. बराड़ ने इस मुठभेड़ के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए आज यहां पत्रकारों को बताया कि गत 8 मई को पानीपत में एक विवाह पार्टी पर अंधाधुंध फ़ायरिंग करके 15 व्यक्तियों की हत्या कर देने व 25 व्यक्तियों को घायल कर देने की वारदातों में पुलिस ने जिन 2 कथित उग्रवादियों को गिरफ्तार किया था, उनसे पूछताछ पर पता चला कि इस कांड में संलिप्त एक उग्रवादी कश्मीरा सिंह, जो सम्भवतया 20 जून को पिहोवा के एक सिनेमा घर में गोलियां चला कर 6 व्यक्तियों की हत्या कर देने व 15 व्यक्तियों को घायल कर देने की वारदात में भी संलिप्त है, उक्त गांव के एक धार्मिक स्थल में भी शरण लिए हुए है । इस सूचना पर हरियाणा पुलिस के एक दल ने रात्रि लगभग 8 बजे सी.आर.पी.एफ. व पंजाब पुलिस की सहायता से धार्मिक स्थल को घेर लिया, जिस पर वहां छिपे बैठे उग्रवादियों ने गोलियां चलानी प्रारम्भ कर दीं । श्री बराड़ ने बताया कि यह मुठभेड़ लगभग तीन घंटे तक जारी रही । इसदौरान पुलिस दल के सब-इंस्पैक्टर राम प्रकाश और सी.आर.पी.एफ. के जवान दौलत राम की मृत्यु हो गई ।

धोखे से थानेदार को मारा

श्री बराड़ ने बताया कि जब उग्रवादियों की गोलियां समाप्त हो गईं तो कश्मीरा सिंह अपने एक अन्य साथी के साथ हाथ ऊपर उठा कर धार्मिक स्थल से बाहर आ गया, लेकिन बाहर आते ही कश्मीरा सिंह ने मुठभेड़ में मारे गए सब-इंस्पैक्टर राम प्रकाश की रिवाल्वर उठा ली और उससे फायर करने शुरू कर दिये, जिससे असिस्टैंट सब-इंस्पैक्टर सुखबीर सिंह व सी.आर.पी.एफ. का जवान मेहर सिंह घायल हो गये । कश्मीरा सिंह की ओर से पुनः गोलियां चलाई जिससे कश्मीरा सिंह मौके पर ही मारा गया जबकि उसका साथी घायल हो जाने के बावजूद अंधेरे का लाभ उठाते हुए पुलिस को चकमा देकर फरार होने में सफल हो गया । पुलिस को इस धार्मिक स्थल से एक ए.के. 47 चीनी राइफल, एक स्टेनगन व चली हुई गोलियों के कई खोल बरामद हुए ।

राम प्रकाश की अंत्येष्टि

'ह.स.' के अनुसार सब-इंस्पैक्टर श्री राम प्रकाश की अंत्येष्टि आज सायं यहां उनके पैतृक गांव साढौरा (जिला अम्बाला) में हरियाणा पुलिस बल के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में पूर्ण राजकीय सम्मान के साथ कर दी गई । उसकी अंत्येष्टि से लौटने पर श्री बराड़ ने कहा कि श्री राम प्रकाश हरियाणा पुलिस के प्रथम कर्मी हैं, जो उग्रवादियों के साथ सशस्त्र संघर्ष में मारे गए । उनकी मृत्यु व्यर्थ नहीं जाएगी, इससे उग्रवाद से लड़ने के हमारे निश्चय दृढ़ने हो गए हैं । श्री राम प्रकाश अपने पीछे विधवा और दो बच्चे छोड़ गए हैं । उनके परिवार को एक लाख रुपए अनुग्रह राशि दे दी गई है ।

अनुदान

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री देवी लाल ने इस मुठभेड़ में मारे गए राज्य पुलिस के सब-इंस्पैक्टर राम प्रकाश व सी.आर.पी.एफ. के जवान दौलत राम की परिवारों को एक-एक लाख रुपए की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है । उन्होंने बताया कि घायल हुए असिस्टैंट सब-इंस्पैक्टर व सी.आर.पी.एफ. के जवान को भी उचित राहत

स्कूटर छीन लिया

एक घटना में बंगा पुलिस थाने के चकदाना गांव में दो अज्ञात व्यक्तियों ने एक व्यक्ति से पिस्तौल की नोक पर स्कूटर छीन लिया ।

एक की हत्या, दूसरे का अपहरण

नवांशहर (शर्मा): यहां से 7 किलोमीटर दूर गत रात्रि 1 बजे कुछ उग्रवादियों ने पत्तीचंडगढ़ राहों में डेरा थानेदारां में एक व्यक्ति सोहन सिंह पुत्र निरत सिंह सैनी आयु 65 वर्ष की ए.के. 47 राइफल से 2 गोलियां मार कर हत्या कर दी और एक दूसरे व्यक्ति प्रितपाल सिंह का अपहरण करके साथ ले गए । बताया जाता है कि उग्रवादी दो जीपों में आए थे । कई डेरों में घूम कर उन्होंने 3 व्यक्तियों का अपहरण कर लिया । जब वे उन तीनों को ले जा रहे थे तो मार्ग में एक व्यक्ति भाग गया । उग्रवादी उसका पीछा करते हुए डेरा थानेदारां में आ गए और वहां तलाशी लेने लगे । जब वहां सोहन सिंह ने अपनी तलवार निकाल ली तो उन्होंने उसको 2 गोलियां मारीं । एक उसके हाथ पर जबकि दूसरी छाती में लगी, जिससे उसकी मृत्यु हो गई । इतनी देर में जिन को वे पीछे से साथ लेकर आए थे और

5 पकड़े गए, 3 फरार

जिले के पुलिस अधीक्षक श्री गोबिंद राम ने बताया कि जैतो पुलिस को सूचना मिली है कि गांव माला, जो जैतो से 6 किलोमीटर दूर स्थित है, के सेम नाले के निकट 8 उग्रवादी छिपे हुए हैं तथा उन्होंने बाजाखाना के एक दुकानदार की हत्या की योजना बनाई हुई है । पुलिस और सुरक्षा बलों ने प्रातः 4 बजे छिपने वाले स्थान पर छापा मारा और पांच मिनट के मुकाबले के पश्चात उनमें से 5 गिरफ्तार कर लिए गए जबकि 3 भागने में सफल हो गए । गिरफ्तार किए गए उग्रवादियों के नाम प्रताप सिंह निवासी घोलियां कलां, जलौर सिंह निवासी गांव बिशनेही, मन्ना सिंह निवासी गांव बरगाड़ी, बसंत सिंह निवासी वड्डा घर और जंग सिंह निवासी गांव रोडे हैं । उनके कब्जे से 21 कारामद और 10 खाली कारतूस बरामद किए गए । पूछताछ के दौरान उन्होंने स्वीकार किया कि उनका लीडर प्रताप सिंह है, जो कमांडो फोर्स के साथ सम्बद्ध है । इन उग्रवादियों ने कई हत्याएं, लूटमार और राहजनी की घटनाओं की स्वीकारोक्ति की है ।

एरिया कमांडर भाग निकला

श्री गोबिंद राम ने बताया कि उग्रवादी रणजोध

(शेष पृष्ठ 8 पर)

गत दिवस जिला अमृतसर में पट्टी के निकट स्थित गांव घरियाला में मारे गए उग्रवादियों (बाएं) सुरजीत सिंह उर्फ बघियाड़, (मध्य में) चरण सिंह, (दाएं) सरमन सिंह के शव पड़े दिखाई दे रहे हैं । (छाया : सेठी)

वे तो उसे बसाने गये थे मगर उन्हें क्या पता था कि वहां से उनकी लाशें उठेंगी

कपूरथला, 30 जून (शर्मा): पंजाब की चम्बल घाटी ब्यास नदी और सतलुज का मंड पहले स्मगलरों तथा अपराधियों की शरणस्थली बना रहा और गत कुछ वर्षों से आतंकवादियों की शरणस्थली और गतिविधियों का केन्द्र बन गया है । इस क्षेत्र को आतंकवादी खालिस्तान की राजधानी कहते हैं । मंड के इस वीरान, डरावने और सुनसान ऊंची-ऊंची घास वाले क्षेत्र को काश्त योग्य बनाने के लिए अपने ट्रैक्टरों और ट्रालियों के साथ जिला के छः मेहनती व्यक्ति आए और वे लोग घास वगैरा काट कर भूमि को काश्त योग्य बना रहे थे । यह स्थान हरिके से दो-तीन किलो मीटर पर है । पुलिस क्षेत्रों के अनुसार शाम के लगभग पांच बजे रविवार के दिन पांचों व्यक्ति घास काट रहे थे जबकि एक थोड़े से फासले पर चाय बना रहा था, मंड की ओर चार-पांच आतंकवादी चीनी असाल्ट ए.के. 47 राइफलें लिए आए व उन्हें कहा कि यह खालिस्तान की राजधानी है और इसको आबाद करने वालों को सोंप दिया जाएगा तथा पांचों मेहनती किसानों को गोलियों से भून दिया और पंजाबियों की पांच लाशें अपने खून से मंड की धरती को तर करने लगीं । उनका छठा साथी वहां से भाग कर कुछ किलो मीटर पर स्थित सुरक्षा बलों की चौकी पर गया और बारी-बारी जिला फिरोजपुर, जिला जालन्धर और जिला कपूरथला के निकटवर्ती थानों को सूचना मिली, मगर यह फैसला नहीं हो सका कि जहां पांच पंजाबी शहीद हुए हैं और उबाड़ में उनकी लाशें पड़ी हैं, यह क्षेत्र किस जिले का है ? लगभग 24 घंटे ये लाशें पड़ी रहीं मगर जिलों की सीमाओं का फैसला नहीं हो सका ।

जब यह मामला कपूरथला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक स्वर्ण सिंह के पास पहुंचा तो उन्होंने तुरन्त डी.एस.पी. हैडक्वार्टर को यह आदेश देकर भेज कि तुरन्त लाशें उठवा कर पोस्टमार्टम करवाय जाए और सुल्तानपुर लोधी थाने में केस दर्ज करा लिया जाए । सोमवार शाम को पोस्टमार्टम के बाद लाशें वारिस लुधियाना ले गए । मंगलवार को डी.आई.जी. जालन्धर क्षेत्र डी.आर. भट्टी और पुलिस अधीक्षक सरदार स्वर्ण सिंह स्वयं घटनास्थल पर गए और हालात का जायज़ा लिया ।

Punjab Digital Library

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

सिंह जो एरिया कमांडर था, गांव कालेके के ट्यूबवैल पर अपने साथियों के साथ बैठा हुआ था । सूचना मिलने पर बाघा पुराना पुलिस तथा सुरक्षा बलों ने छापा मारा । उनमें से 9 उग्रवादी गिरफ्तार कर लिए गए और उनसे भारी मात्रा में शस्त्रास्त्र बरामद किए गए । एरिया कमांडर अपने दो साथियों के साथ भागने में सफल रहा । गिरफ्तार किए गए उग्रवादियों के नाम बलदेव सिंह निवासी गांव जलालाबाद, हरबंस सिंह निवासी गांव जैमल सिंह वाला, गुरचरण सिंह निवासी गांव जैमल सिंह वाला और गुरदेव सिंह निवासी गांव माड़ी मुस्तफा हैं ।

5 द्वारा आत्म-समर्पण

श्री गोबिंद राम ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली है कि गांव डरोली भाई में बैंक लूटने वाले उग्रवादी उसी ही गांव के एक व्यक्ति जगजीत सिंह के ट्यूबवैल पर एकत्रित हुए । पुलिस ने सुरक्षा बलों की सहायता से ट्यूबवैल पर छापा मारा और वहां से 10 मिनट तक गोली चलती रही । बाद में 5 उग्रवादियों को आत्म-समर्पण करने के लिए विवश कर दिया गया जबकि उनके चार साथी अंधेरे का लाभ उठा कर भागने में सफल हो गए । पुलिस ने इन उग्रवादियों की शिनाख्त कमलजीत सिंह, कुलदीप सिंह, गुरतेज सिंह, जसवंत सिंह और सीरा सिंह के रूप में की है, जो मोगा उपमंडल के निवासी हैं । इनके कब्जे से 315 बोर की एक बंदूक और तीन पिस्तौल बरामद किए हैं । लगभग 26 कारामद और खाली कारतूस बरामद किए हैं । इसके अतिरिक्त पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर छापे मार कर तीन और उग्रवादियों परमजीत सिंह, पवन देव और रेशम सिंह को गिरफ्तार किया है, जिन के कब्जे से एक पाकिस्तानी 36 बोर का रिवाल्वर और कारतूस बरामद किए हैं । श्री गोबिंद राम ने बताया कि उग्रवादियों के 15 शरणदाता भी गिरफ्तार किए गए हैं ।

मुकाबले में उग्रवादी मारा गया

बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना श्री हरगोबिन्दपुर के गांव खोखलवाल के निकट बी.एस.एफ. व पुलिस के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया । यह जानकारी देते हुए एस.एस.पी. सुमेध सिंह सैनी ने बताया कि प्रातः लगभग 11 बजे थाना श्री हरगोबिंदपुर के गांव भाम के निकट से एक आतंकवादी पिस्तौल की नोक पर दशमेश नगर बटाला निवासी मनवीर सिंह से उसका स्कूटर पी.ए.ई. 6246 छीन कर फरार हो गया । बी.एस.एफ. व पुलिस ने तुरन्त उसकी तलाश करनी जारी कर दी और गांव खोखलवाल के निकट मुठभेड़ में आज शाम वह आतंकवादी मारा गया । श्री सैनी ने बताया कि अभी मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी । मृतक के पास से एक पिस्तौल, 6 जीवित कारतूस व कुछ अनचले हुए कारतूस और छीना हुआ स्कूटर मिला है ।

पाक घुसपैठिया मारा गया

अमृतसर (ह.स.): एक पाकिस्तानी घुसपैठिया कल रात लोपोके थाने के रांचा गांव की सीमा चौकी के निकट सुरक्षा बल से मुठभेड़ में मारा गया । घुसपैठिए के कुछ साथी पाकिस्तानी सीमा में वापस भाग गए ।

ग्रंथी की हत्या

अमृतसर से अशोक सोनी के अनुसार पुलिस मुख्यालय में प्राप्त समाचारों में कहा गया है कि गत रात्रि जिला अमृतसर के थाना सरहाली के गांव उस्मान के एक गुरुद्वारा बाऊली साहिब के एक ग्रंथी शंकर सिंह की कुछ अज्ञात उग्रवादियों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी । पुलिस को इस हत्या के सम्बन्ध में आज प्रातः सूचना मिली, जिस पर पुलिस ने घटनास्थल पर जाकर जांच आरम्भ कर दी ।



जिला जालन्धर के गोराया थानांतर्गत गांव तखरा में बीरवार को उग्रवादियों के हाथों मारे गए चूहड़ सिंह किसान का शव । (छाया : तरसेम)

मृत उग्रवादी की शिनाख्त

इसी मध्य कल मजीठा पुलिस जिले में सुरक्षा बलों के साथ हुई एक मुठभेड़ में मारे गए दो उग्रवादियों में से एक की शिनाख्त की गई है । वह 'बी' श्रेणी के उग्रवादी सखविन्द्र सिंह कका के साथ मारा गया । उनके भाग रहे चार साथियों ने एक राहगीर की हत्या कर दी थी, उसकी शिनाख्त दयाल भरंग गांव के दलीप सिंह के रूप में की गई है ।

गोली मार कर हत्या

थाना खेमकरण जिला अमृतसर के गांव मस्तगढ़ के निकट एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी गई । उसका शव आज प्रातः पुलिस ने अपने कब्जे में लिया ।

घर पर फायरिंग

एक अन्य घटना में उग्रवादियों ने गत रात्रि थाना अजनाला के गांव सैदपुर में श्री हरबंस सिंह के मकान पर फायरिंग की । पुलिस ने कहा है कि उग्रवादी उससे 50,000 रुपए पत्रों द्वारा मांग रहे थे, लेकिन उस द्वारा इंकार किया जा रहा था । सुरक्षा बलों के आ जाने पर उग्रवादी भाग गए । कोई भी घायल नहीं हुआ ।

उग्रवादी काबू

इसी मध्य सुरक्षा बलों व पुलिस ने थाना जंडियाला के गांव दशमेश नगर में तीन उग्रवादियों कश्मीर सिंह, बुद्ध सिंह और मस्सा सिंह को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से एक रिवाल्वर और लगभग एक दर्ज कारतूस बरामद किए हैं । उनसे पूछताछ की जा रही है ।

2 शरणदाता गिरफ्तार

सिटी पुलिस ने यहां गुरु नानक कालोनी से 2 व्यक्तियों प्यारा सिंह और संतोख सिंह को उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया है ।

5 उग्रवादी गिरफ्तार

फिरोजपुर (ह.स., वार्ता, पायलट): फिरोजपुर जिले में थाना मल्लांवाला के गांव चौरिया के निकट कल रात्रि एक मुठभेड़ के बाद पांच आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया गया । बताया गया है कि पुलिस और सुरक्षा बलों की संयुक्त नाका पार्टी ने इन्हें काबू किया । इसके कब्जे से दो चीनी राइफलें, ए.के. 47 असाल्ट, एक राइफल

AMRITSAR INVESTORS ASSOCIATION, AMRITSAR

मंगलवार 21.6.88 को कटरा आहलुवालिया में हुए विस्फोट ने हमारे तीन अमूल्य सदस्य छीन लिए ।

श्री नरेश भाटिया—सैक्रेटरी



श्री अशोक शर्मा—मैम्बर



श्री नन्द कुमार मेहरा—मैम्बर

श्री नरेश चन्द्र भाटिया का व्यक्तित्व सदैव प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा ।
बिछड़ी आत्माओं की शांति के लिए हम सब परमात्मा से विनती करते हैं ।

कार्यकारी समिति तथा मैम्बर्स

श्री अशोक शर्मा जी की रस्म किरया/पगड़ी दिनांक 1.7.88 सायं 3 से 4, कश्मीरी शिवाला, चौक फरीद, अमृतसर में होगी ।

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 30.6.88, 60/- without trays. NECC Suggested Retail Price 8/- per Dozen.

तीर्थ यात्रा

5 जुलाई से मनीकरण, कुल्लू, मनाली, रिवाल्सर, किराया 170/- तथा सावन झूलों पर मथुरा, वृंदावन, किराया 250/- रोटी समेत, मिलें-समित ट्रैवल्स

जांडियाला के गांव दशमेश नगर में तीन उग्रवादियों कश्मीर सिंह, बुद्ध सिंह और मस्सा सिंह को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से एक रिवाल्वर और लगभग एक दर्जन कारतूस बरामद किए हैं । उनसे पूछताछ की जा रही है ।

2 शरणदाता गिरफ्तार

सिटी पुलिस ने यहां गुरु नानक कालोनी से 2 व्यक्तियों प्यारा सिंह और संतोख सिंह को उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया है ।

5 उग्रवादी गिरफ्तार

फिरोजपुर (ह.स., वार्ता, पायलट): फिरोजपुर जिले में थाना मल्लांवाला के गांव चौरिया के निकट कल रात्रि एक मुठभेड़ के बाद पांच आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया गया । बताया गया है कि पुलिस और सुरक्षा बलों की संयुक्त नाका पार्टी ने इन्हें काबू किया । इसके कब्जे से दो चीनी राइफलें, ए.के. 47 असाल्ट, एक राइफल और भारी मात्रा में गोली बारूद बरामद किया गया है । इनके नाम लखविंदर सिंह, अजीत सिंह, हाकिम सिंह, स्वर्ण सिंह और परमजीत सिंह बताए गए हैं ।

बताया जाता है कि नाका पार्टी ने नाकाबंदी के दौरान छः व्यक्तियों को संदिग्धावस्था में घूमते हुए देखा । जब उन्हें रुकने के लिए कहा गया, तो उन्होंने गोली चला दी, जिस पर नाका पार्टी द्वारा की गई फायरिंग के बाद उन्हें काबू कर लिया गया ।

5 सशस्त्र तस्कर गिरफ्तार

जिला फिरोजपुर पुलिस ने शस्त्र तस्करों के एक गिरोह का भंडा फोड़ भी किया है और उसके पांच सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है । जिला पुलिस के अधीक्षक श्री अनिल कौशिक ने आज गिरफ्तार हुए व्यक्तियों में से 2 की मुख्तियार सिंह और मस्तान सिंह के रूप में शिनाख्त की जबकि इनके 2 साथी अभी फरार हैं । यह गिरोह गंगानगर, राजस्थान से भारत में शस्त्रों की तस्करी किया करता था ।

एडवोकेट गिरफ्तार

फिरोजपुर से 'धीमान' के अनुसार गांव सुखेवाला के एडवोकेट प्रीतम सिंह को कुख्यात उग्रवादी गुरनाम सिंह बडाला को कथित रूप से शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है । आज यहां सरकारी तौर पर यह जानकारी दी गई ।

गोली मार कर हत्या

मुक्तसर जिला फरीदकोट में एक अन्य घटना में उग्रवादियों ने गोली मार कर एक व्यक्ति की हत्या कर दी । और विवरणों की प्रतीक्षा की जा रही है ।

भाखड़ा नहर में तोड़फोड़ की कोशिश

रोपड़ (बैंस): आज सुबह यहां से निकट गांव भेवरा में भाखड़ा मेन लाईन (बी.एम.एल.) नहर में तोड़फोड़ से एक बड़ी दुर्घटना टल गई । यह नहर राजस्थान तथा पंजाब व हरियाणा के कुछ हिस्सों में पानी पहुंचाती है । बी.एम.एल. नहर में पहले भी तोड़फोड़ की दो बड़ी घटनाएं हो चुकी हैं । पहली घटना आप्रेशन ब्लू स्टार के तुरन्त बाद 6 जून 1984 को व दूसरी 21 जुलाई 1984 को हुई थी । उसी साल 4 अक्तूबर को भी नहर तोड़ने का प्रयास किया गया था, जो सफल न हो सका ।

बंधक बना कर खुदाई करवाई

गत अर्ध रात्रि के समय ए.के. 47 राइफलों से लैस चार आतंकवादी अचानक घटनास्थल पर पहुंचे तथा पास ही रेल पटरी पर गश्त कर रहे होमगार्ड के 8 जवानों को बंदूक की नोक पर बंधक बना लिया । उन्हें नहर के किनारे बने हुए एक मकान में कैद कर

अभी फरार है । यह गिरोह गंगानगर, राजस्थान से भारत में शस्त्रों की तस्करी किया करता था ।

एडवोकेट गिरफ्तार

फिरोजपुर से 'धीमान' के अनुसार गांव सुखेवाला के एडवोकेट प्रीतम सिंह को कुख्यात उग्रवादी गुरनाम सिंह बडाला को कथित रूप से शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है । आज यहां सरकारी तौर पर यह जानकारी दी गई ।

गोली मार कर हत्या

मुक्तसर जिला फरीदकोट में एक अन्य घटना में उग्रवादियों ने गोली मार कर एक व्यक्ति की हत्या कर दी । और विवरणों की प्रतीक्षा की जा रही है ।

भाखड़ा नहर में तोड़फोड़ की कोशिश

रोपड़ (बैंस): आज सुबह यहां से निकट गांव भेवरा में भाखड़ा मेन लाईन (बी.एम.एल.) नहर में तोड़फोड़ से एक बड़ी दुर्घटना टल गई । यह नहर राजस्थान तथा पंजाब व हरियाणा के कुछ हिस्सों में पानी पहुंचाती है । बी.एम.एल. नहर में पहले भी तोड़फोड़ की दो बड़ी घटनाएं हो चुकी हैं । पहली घटना आप्रेशन ब्ल्यू स्टार के तुरन्त बाद 6 जून 1984 को व दूसरी 21 जुलाई 1984 को हुई थी । उसी साल 4 अक्तूबर को भी नहर तोड़ने का प्रयास किया गया था, जो सफल न हो सका ।

बंधक बना कर खुदाई करवाई

गत अर्ध रात्रि के समय ए.के. 47 राइफलों से लैस चार आतंकवादी अचानक घटनास्थल पर पहुंचे तथा पास ही रेल पटरी पर गश्त कर रहे होमगार्ड के 8 जवानों को बंदूक की नोक पर बंधक बना लिया । उन्हें नहर के किनारे बने हुए एक मकान में कैद कर दिया गया । उसके बाद उन्होंने होमगार्ड के जवानों को नहर का बांध खोदने के लिए मजबूर कर दिया और खुद उनकी चौकसी पर खड़े हो गए ।

दुर्घटना भाग्यवश टली

एस.एस.पी. रोपड़ श्री चंद्रशेखर ने बताया कि होमगार्ड की एक अन्य पैट्रोल पार्टी ने तोड़फोड़ की गई जगह को सुबह 4.30 बजे देखा । पुलिस घटनास्थल पर 5 बजे पहुंच गई । नहर का कटा हुआ भाग 5 फुट चौड़ा और 4 फुट गहरा था । दुर्घटना भाग्यवश ही टल सकी थी । आतंकवादी तो यह समझ कर चले गए थे कि उनका काम पूरा हो गया है ।

उग्रवादी पैदल ही भाग गए

श्री चंद्रशेखर ने बताया कि आतंकवादियों ने होमगार्ड के कुछ जवानों को मिट्टी खोदने के लिए कहीं से फावड़े लाने को कहा था, जिसे वे इसके सगानांतर बन रही एस.वाई.एल. नहर के मजदूरों से मांग लाए । आतंकवादी तोड़फोड़ की जगह पर लगभग 4 घंटे रहे और उसके बाद पैदल ही निकल गए । एस.एस.पी. ने बताया कि उन चारों आतंकवादियों की शिनाख्त कर ली गई है तथा उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस पार्टियां रवाना हो चुकी हैं ।

पुलिस की गश्ती पार्टी न आई थी

जिस स्थान पर तोड़फोड़ की गई है, उसे इससे पहले हुई दो मुख्य घटनाओं के बाद प्रशासन ने जुलाई 1984 के नाजुक स्थान घोषित किया था । नहर के सभी नाजुक स्थानों पर पी.ए.पी. जवानों की चौकियां तैनात की गई थीं, परन्तु किसी कारणवश लगभग डेढ़ माह पूर्व उन्हें वहां से हटा दिया गया था । तब से कहा जाता है कि वहां स्थानीय पुलिस की गश्त लगा दी गई । परन्तु जैसा कि परिस्थितियों से पता चला है कि कल रात कोई पुलिस पार्टी वहां

श्री ने कहा कि 2 अप्रैल, 1986 को जब वह

रिटायर्ड शिक्षक सहित 2 की हत्या : उग्रवादी, घुसपैठिया मरा, 43 आतंकवादी व शरणदाता गिरफ्तार

चंडीगढ़, 1 जुलाई (वार्ता, ह.स.): गत 24 घंटों के दौरान आतंकवादियों ने पंजाब में एक रिटायर्ड टीचर की हत्या कर दी जबकि पुलिस ने एक आतंकवादी का शव बरामद किया जिसके बारे में शक है कि वह आतंकवादियों के गुट संघर्ष का शिकार हुआ है । सुरक्षा बलों ने राज्य में 43 आतंकवादियों तथा उनके आश्रयदाताओं को गिरफ्तार किया । कुछ स्थानों पर हथियार छीनने की घटनाएं हुईं ।

उग्रवादियों ने अमृतसर के वैरोवाल में एक व्यक्ति की हत्या कर दी जबकि अन्यत्र एक घुसपैठिया मारा गया ।

जालन्धर (ह.स.): पुलिस ने थाना करतारपुर के अन्तर्गत लम्मा पिंड के निकट आतंकवादी संतोख सिंह का शव बरामद किया । पुलिस को इसकी सूचना मृतक के बाप सोहन सिंह ने दी थी । पुलिस का कहना है कि यह आतंकवादी जालन्धर और आस-पास के क्षेत्रों में बहुत से आतंकवादी अपराधों में वांछित था । वह गत तीन महीनों से अपने घर से लापता था । पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल पहुंचाया । उसके शरीर पर किसी बाहरी चोट का निशान नहीं था ।

'वार्ता' के अनुसार इस आतंकवादी की हत्या आतंकवादी गुटों की आपसी शत्रुता का परिणाम है ।

7 गिरफ्तार

लुधियाना (ह.स.): आज यहां सात आतंकवादी गिरफ्तार किए गए । एस.एस.पी. श्री पांडे ने बताया कि एक सूचना के आधार पर सुरक्षा बलों ने बाईपास पुल के करीब छापा मार कर इन आतंकवादियों को पकड़ा । उनसे पूछताछ पर रहस्योद्घाटन हुआ कि वे किसी बैंक में डाका डालने की साजिश तैयार कर रहे थे । इसके अतिरिक्त उनकी एक समुदाय के लोगों की हत्या करने की भी योजना थी । उनके कब्जे से चार पिस्तौल (2 खिलौना पिस्तौल), 6 कमानीदार चाकू बरामद हुए । इनमें बलजीत सिंह, जगतार सिंह, हरजीत सिंह, करनैल सिंह, गुरजीत सिंह, दलीप सिंह उर्फ बग्गा, परमजीत सिंह शामिल है । इन लोगों ने थाना पायल के इलाके में तीन स्कूटर छीनने की स्वीकारोक्ति की ।

घुसपैठिया मरा

फाजिल्का सैक्टर में एक घुसपैठिया बी.एस.एफ. से मुठभेड़ में मारा गया ।

ठीकरी पहरा

मोहाली (नर्बदा): रोपड़ के जिलाधीश श्री जे.आर. कुंडल ने एक आदेश द्वारा जिला के सभी गांवों तथा छोटे शहरों की पंचायतों को अपने क्षेत्र में आने वाले रेलवे स्टेशनों, रेलवे लाइनों, स्कूलों, कालेजों, अस्पतालों, डिस्पैंसरियों व अन्य सरकारी भवनों की सुरक्षा के दृष्टिगत 24 घंटे निरंतर ठीकरी पहरा देने के लिए कहा है । यह आदेश तुरन्त प्रभावी है ।

पोस्टर बरामद

फगवाड़ा (कौड़ा): पुलिस ने आज यहां खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के तीन संदिग्ध आतंकवादी युवकों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से आपत्तिजनक पोस्टर बरामद किए हैं ।

संदिग्ध व्यक्ति गिरफ्तार

बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना सदर बटाला ने गांव शंकरपुरा के निकट संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद एक संदिग्ध व्यक्ति निर्मल सिंह को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक पिस्तौल, कुछ चले व कुछ अनचले कारतूस तथा कहीं से लूटे हुए सोने के आभूषण बरामद किए हैं ।

सराफ लूट गया

होशियारपुर से सम्वाददाताओं के अनुसार आज यहां बाद दोपहर अढ़ाई बजे चाहखारा बाजार में एक सराफ लूट गया । बताया जाता है कि 20-22 वर्षीय एक युवक अशोक कमार जैन की दुकान पर आया और उसे सोने की अंगूठियां दिखाने को कहा, सराफ ने अंगूठियों का डिब्बा उसके हवाले कर दिया और अपनी पसन्द की अंगूठियां निकालने को कहा । थोड़ी देर अंगूठियां देखने के बाद युवक ने डिब्बा उठाया और भाग खड़ा हुआ । थोड़ी दूरी पर उसका एक साथी स्कूटर स्टार्ट करके उसकी प्रतीक्षा में था । यद्यपि दुकानदार उसके पीछे भागा, मगर वह अपने साथी के स्कूटर पर बैठ कर फरार हो गया । दोनों युवक मोने थे और स्कूटर वाले ने थोड़ी-थोड़ी दाढ़ी बढ़ाई हुई थी । क्षति का अनुमना बीस हजार रुपए लगाया गया है ।

थाना टांडा के गांव कलोड़िया में प्रितपाल सिंह के फार्म हाऊस से उसके दो नौकर राम गोपाल तथा राम् 2 दुनाली बंदूकें तथा कुछ कारतूस लेकर भाग गए । उस समय प्रितपाल वहां मौजूद नहीं था ।

बंदूक छीन ले गए

सरहिंद से राकेश के अनुसार गत रात यहां से 15 कि.मी. दूर गांव धमौर के एक व्यक्ति रणजीत सिंह से दो आतंकवादी एक बंदूक व 18 कारतूस छीन कर ले गए ।

लूटने का प्रयत्न

मोगा से 'आजाद' के अनुसार गत रात 12 बजे के लगभग रामनगर बाईपास मोगा पर स्थित एक किरयाने के दुकानदार परमजीत को लूटने का प्रयास किया गया । प्राप्त विवरण के अनुसार कुछ पिस्तौलधारी व्यक्ति उसके घर आए तथा सोये हुए परमजीत को उठा लिया । दो व्यक्ति उसके भाई कुलदीप राय की चारपाई के निकट खड़े हो गए । शेष ने परमजीत को कहा कि वह अन्दर चल कर सारी नकदी तथा गहने आदि उनके हवाले कर दे । अन्दर जाकर परमजीत एक आतंकवादी से गुत्थमगुत्था हो गया । इसी खींचतान में आतंकवादी का पिस्तौल गिर गया और आतंकवादी दीवार फांद कर फरार हो गए । एक आतंकवादी की पगड़ी भी गिर गई । मुहल्लावासियों के अनुसार लूटेरों की संख्या पांच थी । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है ।

34 गिरफ्तार

सुरक्षा बलों ने फरीदकोट ज़िला में विभिन्न स्थानों पर छापे मार कर 19 आतंकवादियों तथा 15 शरणदाताओं को गिरफ्तार किया । उनसे भारी मात्रा में गोली-सिक्का बरामद हुआ जिसमें एक राइफल, दो दनाली बंदूकें, दो रिवाल्वर, 13 पिस्तौल, 12 किलोग्राम गन पाऊडर शामिल हैं ।

रिटायर्ड टीचर की हत्या

अमृतसर (वि.प्र.): गत रात थाना तरनतारन के अन्तर्गत चक सिकंदर गांव में आतंकवादियों ने एक रिटायर्ड स्कूल टीचर की गोलियां मार कर हत्या कर दी । पुलिस सूत्रों के अनुसार अज्ञात संख्या में चीनी असाल्ट राइफलों से लैस आतंकवादी श्री रामचन्द के घर में दाखिल हुए तथा उनकी हत्या करने के बाद पैदल ही फरार हो गए । घटनास्थल पर ए.के. 47 राइफल के कम से कम 7 खाली कारतूस मिले ।

प्राप्त सूचना के अनुसार आतंकवादियों ने रामचंद की पत्नी से उसके लड़के के बारे में पूछा था । इस दौरान रामचंद आतंकवादियों के सामने आ गया तथा कहा कि उसका लड़का बम्बई गया हुआ है । इस पर आतंकवादियों ने इसे वहीं ढेर कर दिया तथा उसके परिवार को धमकी दी कि गांव छोड़ कर चले जाओ । (शेष पृष्ठ 12 पर)

भारत का निलम्बन समाप्त

लंदन, 1 जुलाई : भारत अगले वर्ष डेविस कप क्षेत्रीय टैनिस प्रतियोगिताओं में भाग ले सकेगा । अंतर्राष्ट्रीय टैनिस महासंघ ने कल यहां यह घोषणा की है । ज्ञातव्य है कि भारत ने गत अप्रैल माह में डेविस कप विश्व ग्रुप के मैचों में इसराईल के साथ तेल अबीब में जाकर खेलने से इंकार किया था, फलस्वरूप भारत को अंतर्राष्ट्रीय टैनिस महासंघ ने डेविस कप में खेलने से निलम्बित कर दिया था ।

महासंघ के निदेशक थोमस हालबर्ग ने कहा कि अखिल भारतीय टैनिस महासंघ ने उनसे कहा है कि भारतीय खिलाड़ियों को वहां नहीं भेजे जाने का कारण राजनीति प्रेरित नहीं था बल्कि इसराईल में खिलाड़ियों की सुरक्षा को देखते हुए भारतीय खिलाड़ियों को वहां नहीं भेजा गया था । उल्लेखनीय है कि भारत फिलीस्तीनी आंदोलन का जोरदार समर्थन करता है ।

पुलिस लाईन्स फिरोजपुर में शुक्रवार को पंजाब के राज्यपाल श्री एस.एस. रे पुलिस हाऊसिंग कम्पलैक्स की आधारशिला रखते हुए । चित्र में उनके साथ पंजाब के गृह सचिव श्री एस.एल. कपूर, राज्यपाल के सलाहकार श्री जे.एफ. रिबैरो तथा पुलिस महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल भी दिखाई दे रहे हैं ।

आत्मा सिंह (इनसैट) जिसकी वीरवार की रात को संदिग्ध आतंकवादियों ने थाना वैरोवाल के गांव तलोजला में छत पर सोते हुए को उठा कर हत्या कर दी। चित्र में मृतक को छत पर से उतारने के लिये आतंकवादियों द्वारा लगाई सीढ़ी भी दिखाई दे रही है । (छाया : जसपाल)

निर्दोषों के हत्यारों से कोई समझौता

उग्रवादियों की घुसपैठ को रोकने के लिए हिमाचल के सीमावर्ती क्षेत्रों में कड़ी निगरानी : वीरभद्र

जिला फिरोज़पुर के ममदोट सैक्टर में बी.एस.एफ. के साथ हुई मुठभेड़ में मारे गए पाकिस्तानी घुसपैठी मानक का शव । (छाया : जीपू)

रिटायर्ड शिक्षक सहित

(पृष्ठ 1 का शेष)

पुलिस जिला मजीठा के एस.एस.पी. ने एक प्रैस विज्ञप्ति मे बताया कि एक खतरनाक आतंकवादी रेशम सिंह उर्फ छापा से पूछताछ के बाद एक चीनी असाल्ट राइफल, इसका एक मैगजीन व अन्य गोली-सिक्का पुलिस ने बरामद किया । जंडियाला पुलिस ने दो आतंकवादियों कश्मीर सिंह आफ छाबड़ी तथा बुद्ध सिंह दशमेश नगर को गिरफ्तार करके एक .38 बोर का रिवाल्वर तथा 301 के कारतूस बरामद किए । लोपोके पुलिस ने आतंकवादियों को पनाह देने के आरोप में गांव कल्लोवाल के गुरमुख सिंह, बुआ सिंह को गिरफ्तार किया है ।

3 उग्रवादी गिरफ्तार

पुलिस ने गत 24 घंटों के दौरान जिला अमृतसर के विभिन्न स्थानों पर छापे मार कर तीन उग्रवादियों और चार शरणदाताओं को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से हथियार व गोली-सिक्का बरामद किया ।

तरनतारन पुलिस ने वैरोवाल पुलिस स्टेशन के गांव हजलपुर में गत रात एक मुठभेड़ के बाद तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया । तरनतारन के एस.एस.पी. श्री संजीव गुप्ता ने आज यहां जारी एक प्रैस विज्ञप्ति में बताया कि लगभग आधी रात के समय पांच उग्रवादियों को सुरक्षा बलों ने पीछा करके उनमें से 3 को गिरफ्तार कर लिया जबकि दो अंधेरे का लाभ उठा कर भाग निकलने में सफल हो गए । गिरफ्तार उग्रवादियों की शिनाख्त कुलविंदर सिंह, अर्जन सिंह और इकबाल सिंह के रूप में की गई है वे जलालाबाद के निवासी हैं । रविन्द्र सिंह और मुख्तार सिंह बच कर निकल गए । गिरफ्तार उग्रवादियों से तीन एक नाली की बंदूकें, एक दोनाली, एक .32 बोर का रिवाल्वर और .12 बोर के 35 कारतूस बरामद हुए हैं ।

श्री गुप्ता ने बताया कि इन उग्रवादियों की वैरोवाल पुलिस स्टेशन क्षेत्र में एस.पी.ओ. पिकेट पर हमला करने की योजना थी । प्राथमिक पूछताछ के दौरान उन्होंने रामपुर गांव में एक एस.पी.ओ. चौकी पर हमला करना, एक धर्म स्थान को आग लगाना, हथियार छीनना और क्षेत्र के लोगों से पैसे बटोरना स्वीकार किया है । उन्होंने कहा कि फरार उग्रवादियों की तलाश में छापे मारे जा रहे हैं ।

पीट-पीट कर मार डाला

रैय्या (जसपाल) : यहां से 20 किलोमीटर दूर थाना वैरोवाल के गांव तलोजला में संदिग्ध आतंकवादियों द्वारा एक व्यक्ति की हत्या करने की सूचना मिली है । घटनास्थल से प्राप्त जानकारी के अनुसार 35 वर्षीय आत्मा सिंह पुत्र बचन सिंह गांव के बाहर अपने घर की छत पर सोया हुआ था कि रात के लगभग 11 बजे 7-8 सशस्त्र व्यक्ति उसके घर आए तथा उसे जगा कर अपने साथ ले लिया । उसके बाद उन्होंने परिवार के सभी सदस्यों को जगाया और एक पंक्ति में खड़े होने को कहा और उन्हें गोली मार कर मार देने की धमकी देकर घर की तलाशी लेने लग पड़े । तलाशी लेने के बाद आतंकवादियों ने कहा कि इनके पास तो कुछ भी नहीं है । फिर वे आत्मा सिंह को अपने साथ गांव के निकट मंड में ले गए और उसे पीट-पीट कर मार डाला । मृतक की लाश नदी में जहां पानी कम था, वहां पड़ी मिली । उसके हाथ पीछे की ओर बंधे थे तथा शरीर पर चोटों के निशान थे । थाना वैरोवाल की पुलिस को सूचना दे दी गई है ।

जू. इंजीनियरों को निलम्बित करने की निन्दा

जालन्धर, 1 जुलाई (ढल्ल) : डिप्लोमा इंजीनियर्ज़ एसोसिएशन, पी. डब्ल्यू.डी. (बी. एंड आर.) पंजाब ने राज्य-भर में बी. एंड आर. विभाग के अनेक जूनियर इंजीनियरों को निलम्बित कर दिए जाने की कड़ी निन्दा की है और निलम्बन रद्द करने की मांग की है ।

एसोसिएशन के प्रधान श्री वासुदेव शर्मा तथा उपप्रधान श्री टी.आर. दत्ता ने एक संयुक्त वक्तव्य में कहा है कि उक्त निलम्बन सभी निगमों की धज्जियां उड़ा कर किए गए हैं ।

वक्तव्य में अनेक पदोन्नत जूनियर इंजीनियरों को जारी किए गए कथित अवैध नोटिस जारी किए जाने पर भी गहरा रोष प्रगट किया है और नोटिस वापिस लेने की मांग की गई है ।

उन्होंने विभाग के सचिव से उक्त दोनों आदेश वापिस लेने की मांग करते हुए ऐसा न किए जाने पर आंदोलन की धमकी दी है ।

नेक चन्द सम्मानित होंगे

चंडीगढ़, 1 जुलाई (संघी): पंजाब के राज्यपाल श्री एस.एस. रे 7 जुलाई को रॉक गार्डन के निर्माता श्री नेक चन्द को सम्मानित करेंगे ।

स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए अभूतपूर्व संख्या में आवेदन पत्र

शिमला, 1 जुलाई (खजूरिया): हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय को विभिन्न स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए अभूतपूर्व संख्या में आवेदन पत्र मिले हैं । स्नातकोत्तर व डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की लगभग 1100 सीटों के लिए 3400 से भी अधिक आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं ।

एम.बी.ए. की 31 सीटों के लिए 700 आवेदन पत्र प्राप्त हुए जबकि पर्सनल मैनेजमैंट की 60 सीटों के लिए 400 लोगों ने आवेदन किया है । पत्रकारिता व जन-सम्पर्क विभाग, जिसमें टीचिंग स्टाफ का मात्र "एक सदस्य" है और जिसका न तो कोई रीडर या प्रोफैसर है, की 20 सीटों के लिए 27 उम्मीदवारों ने आवेदन पत्र भरे हैं ।

विज्ञान के विषयों में तो मुकाबला और भी जबरदस्त है, जहां कैमिस्ट्री की 30 सीटों के लिए 280 उम्मीदवारों, फिज़िक्स की 25 सीटों के लिए 204 उम्मीदवारों तथा बाटनी व जुआलोजी में प्रत्येक की 12 सीटों के लिए 305 उम्मीदवारों ने आवेदन पत्र दिए हैं ।

कला के विषयों में अर्थशास्त्र की 30 सीटों के लिए 399, राजनीति शास्त्र की 40 सीटों के लिए 300, अंग्रेजी की 40 सीटों के लिए 270, गणित की 40 सीटों के लिए 225 तथा लोक प्रशासन की 40 सीटों के लिए 220 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं । कानून की 120 सीटों के लिए 325, हिन्दी व संस्कृत की 40-40 सीटों के लिए 78 व 47, विदेशी भाषाओं में फ्रैंच की 60 सीटों के लिए 140, जर्मन की 60 सीटों के लिए 120 तथा रूसी भाषा की 60 सीटों के लिए 65 आवेदन पत्र आए हैं । कम्प्यूटर विज्ञान की 15 सीटों के लिए 93 उम्मीदवार हैं । बी.एड. की 40 सीटों के लिए 200 तथा एम.एड. की 15 सीटों के लिए 22 लोगों ने आवेदन किया है ।

वीरभद्र ...

(पृष्ठ 1 का शेष)

सरकार अपने सामने आने वाले हर चैलेंज को स्वीकार करती है और कानून-व्यवस्था की मशीनरी को हर हालत में मजबूत बनाएगी ।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अपराधों की जांच-पड़ताल तीव्र गति, निष्पक्षता के साथ सकारात्मक रूप से होनी चाहिए । इसके अलावा अदालतों में इस संबंध में चलने वाले मुकद्दमों की पैरवी भी ठीक ढंग से की जानी चाहिए जिससे कि अभियुक्तों को दंड प्राप्त हो सके ।

मुख्यमंत्री ने आशा प्रकट की कि राज्य सरकार व जिला प्रशासन की मशीनरी में आपसी सहयोग से हिमाचल अपने परम्परागत शांति तथा साम्प्रदायिक सद्भाव के वातावरण को बनाए रख सकेगा ।

श्री वीरभद्र सिंह ने समाज के कुछ वर्गों द्वारा अपनी मांगों की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए कानून अपने हाथ में लेने की प्रवृत्ति की आलोचना की । उन्होंने कहा कि 'रास्ता रोको' जैसे आंदोलनों से जनता को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है । सरकार इस प्रकार की बातों को कदापि सहन नहीं करेगी । उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इस प्रकार के मामलों में कड़ाई से काम लें ।

अवैध कब्जे

मुख्यमंत्री ने प्रदेश में भूमि पर अवैध कब्जे हटाने पर भी बल दिया जिससे कि प्राप्त भूमि को उन भूमिहीन परिवारों में बांटा जा सके जिनका पता 1980 के बाद लगाया गया है । उन्होंने कहा कि इस संबंध में अधिकारियों को पूर्ण संरक्षण प्रदान किया जाएगा तथा इस मामले में किसी को भी नहीं बख्शा जाएगा चाहे उसके सम्पर्क कितने ही ऊंचे क्यों न हों ।

मुख्यमंत्री ने जिलाधीशों से कहा कि वे अपने-अपने जिलों में विकास कार्यक्रमों पर प्रभावपूर्ण ढंग से नजर रखें । प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी ने भी निचले स्तर से योजनाओं के कार्यान्वयन पर बल दिया है ।

उन्होंने राजस्व अधिकारियों से भी कहा कि वह अपने फील्ड कार्य को सुचारू रूप से करें । अधिकारियों को अपने दफ्तर तथा फील्ड के कार्य में एक संतुलन बना कर रखना चाहिए । उन्होंने कहा कि और अधिक उपमंडलों, तहसीलों, उपतहसीलों, पुलिस थानों की स्थापना से प्रशासन को जनता के और निकट आना चाहिए । जनता की अधिकांश समस्याओं का समाधान निचले स्तर पर ही कर दिया जाना चाहिए ।

मुख्यमंत्री ने जिलाधीशों व पुलिस अधीक्षकों की प्रदेश में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सराहना की ।

प्रदेश के मुख्य सचिव श्री वी.सी. नेगी ने कहा कि प्रदेश में आठवीं पंचवर्षीय योजना में योजनाओं को निचले स्तर से प्रारम्भ किया जाएगा । उन्होंने आश्वासन दिया कि राज्य सरकार ने भ्रष्टाचार के विरुद्ध जो अभियान छेड़ा है, उसमें प्रशासन पूर्ण सहयोग प्रदान करेगा ।

असम में तेल मिला

सिल्चर (असम), 1 जुलाई : तेल तथा प्राकृतिक गैस आयोग को कछार जिले में आदमटिला और मशीमपुर में खुदाई के दौरान तेल मिला है । मशीमपुर में गैस भी मिली है । आदमटिला क्षेत्र से 30 से 50 लाख टन तेल मिल सकता है, वहां से रोज़ 200 टन तेल निकाला जा रहा है ।

इंका से इस्तीफा

(पृष्ठ 1 का शेष)

श्री रफ़ीक सादिक व मौलवी अंसारी दोनों ने कहा है कि यदि इंका दर्बल हो गई तो राजीव-फारूक गठबंधन भी कमज़ोर पड़ जाएगा । उन्होंने प्रधानमंत्री से आग्रह किया है कि वे स्वयं इस मामले में हस्तक्षेप करें, नहीं तो पार्टी में ज़बरदस्त विभाजन हो सकता है । उन्होंने सोपोर में हस्पताल के लिए जमा किए गए चंदे तथा सोपोर ट्रस्ट द्वारा खर्च की गई राशि में हुए कथित घपलों की जांच कराने की मांग की है ।

उन्होंने श्री कार पर इंका द्वारा हज के लिए भेजे गए तीर्थ यात्रियों से धन वसूलने का आरोप लगाया और कहा कि प्रत्येक तीर्थ यात्री से 4000 रुपए वसूले गए थे । उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि श्री कार ने पार्टी कार्यालय का दुरुपयोग कर राज्य में बायदत सेवा के लिए राइटवे ग्रुप की सहायता की

गुमशुदा की तलाश



पंकज धीर उम्र 19 वर्ष गत 24 जून 1988 से मालेर- कोटला से लापता है । इनका पता बताने वाले को आने-जाने के खर्च के अलावा 500 रुपए इनाम दिया जाएगा । पंकज तुम्हारे माता जी

SALE & PURCHASE

Highest offer for allotment letter

Punjab Sahatan

इंका नेता वेरका सहित पंजाब में 4 की हत्या, बम कांड का घायल चल बसा

अनेक हत्याओं में वांछित खालिस्तान लिबरेशन फ़ोर्स के 6 उग्रवादी बंदी

2 घुसपैठिये मारे गये, मुठभेड़ के बाद उग्रवादी वाहन छोड़ कर भागे

चंडीगढ़, 2 जुलाई (वार्ता, ह.स.): पंजाब में कल रात से आतंकवादियों ने एक इंका नेता मनजीत सिंह वेरका सहित 4 व्यक्तियों की हत्या कर दी जबकि अमृतसर बम कांड का एक घायल दम तोड़ गया । तरनतारन पुलिस ने खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के 6 आतंकवादियों को काबू किया, जो अनेक हत्याओं में संलिप्त थे । नसराला के ठेके से रुपए लूट कर भाग रहे आतंकवादी सुरक्षा बलों से मुठभेड़ के बाद अपने वाहन छोड़ कर बच निकलने में सफल हो गए । सीमा पर दो पाक घुसपैठिये मारे गए ।

वेरका की हत्या

अमृतसर (वि.प्र.): अमृतसर जिला के प्रमुख कांग्रेसी नेता श्री मनजीत सिंह वेरका महामंत्री कांग्रेस कमेटी देहाती की दो आतंकवादियों ने खेतों में गोलियां मार कर हत्या कर दी तथा साइकिलों पर फरार हो गए । श्री वेरका पंजाबी की साप्ताहिक पत्रिका 'संघर्ष' के प्रबन्ध सम्पादक भी थे ।

इस संबंध में जो ब्यौरा मिला है उसके अनुसार श्री वेरका प्रातः 6.46 बजे के करीब अपने गांव वेरका से ओठियां की तरफ जा रहे थे । उनका साला तथा गांव के दो अन्य व्यक्ति भी उनके पीछे-पीछे चल रहे थे । ओठियां की ओर से साइकिल पर दो आतंकवादी, जिनके पास 12 बोर की बन्दूक थी आए । दोनों लाल पगड़ियां बांधे हुए थे, उनकी आयु 26-27 वर्ष बताई जाती है । उन्होंने श्री वेरका पर गोलियां चलाईं । पहली गोली उनके दाएं बाजू की कलाई पर लगी जिस पर श्री वेरका खेतों की ओर भागे लेकिन आतंकवादियों ने उन पर दो-तीन और फायर किए । एक गोली श्री वेरका के गले व दूसरी कनपटी पर लगी, जिससे वह गिर पड़े तथा उनकी वहीं पर मृत्यु हो गई । उल्लेखनीय है कि श्री वेरका आतंकवादियों के विरुद्ध बड़े साहस और हिम्मत के साथ बोलते थे और अपने अखबार में लेख भी लिखते थे जिस पर आतंकवादियों की ओर से उन्हें धमकियां भी मिलती थीं ।

श्री वेरका के शोक में जिला कांग्रेस कमेटी शहरी व देहाती के कार्यालय बंद रहे । शहरी कांग्रेस कमेटी की एक शोकसभा श्री पृथीपाल सिंह की अध्यक्षता में हुई जिसमें श्री वेरका की हत्या पर गहरे दुख की अभिव्यक्ति की गई तथा सरकार से मांग की गई कि वह श्री वेरका के हत्यारों को गिरफ्तार करने के लिए शीघ्र कार्रवाई करे । श्री वेरका के परिवार के साथ गहरी सहानुभूति व्यक्त की गई । जनता पार्टी नेता श्री मुबारक सिंह ने भी श्री वेरका की हत्या की कड़ी निन्दा की । अमृतसर श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रधान श्री आर.के. सोनी, महासचिव शम्मी सरीन, उपाध्यक्ष गरदीप सिंह ने श्री वेरका की हत्या पर क्षोभ व्यक्त किया ।

प्रवेश इंका द्वारा निन्दा

चंडीगढ़ में पंजाब प्रदेश कांग्रेस (इ) के अध्यक्ष श्री बेअंत सिंह तथा अन्य वरिष्ठ इंका नेताओं ने श्री वेरका की हत्या पर गहरा दुख और क्षोभ व्यक्त किया । उन्होंने कहा कि श्री वेरका एक निष्ठावान कांग्रेसी थे और उनकी मृत्यु से कांग्रेस ने एक योद्धा गंवा दिया है जोकि जिला अमृतसर में पार्टी का एक स्तम्भ था । दुखी परिवार को भेजे एक संदेश में उन्होंने परिवार के सदस्यों के साथ सहानुभूति और हार्दिक सम्वेदना प्रकट की ।

6 आतंकवादी काबू

पुलिस जिला तरनतारन ने खालिस्तान लिबरेशन फोर्स नामक कुख्यात आतंकवादी संगठन से संबंधित 6 आतंकवादियों बाली सिंह, उमराव सिंह, बीरा सिंह (तीनों चब्बा कलां थाना हरीके निवासी) विरसा सिंह निवासी कर्मूवाला, मलकीयत सिंह निवासी कम्बो दाई बाला और वसाखा सिंह निवासी चब्बा कलां को गिरफ्तार किया है । पुलिस द्वारा की गई प्रारम्भिक जांच में इन आतंकवादियों ने अनेक हत्याओं की स्वीकारोक्ति की है जिनमें 24 मई को मंड क्षेत्र में थाना हरीके के दो पुलिस अधिकारियों बलजीत सिंह ए.एस.आई. व कांस्टेबल दर्शन सिंह की हत्या भी शामिल है । इन आतंकवादियों ने अन्य वारदातों में उनके साथ संलिप्त आतंकवादियों के नामों के बारे में भी बताया है जिन्हें पकड़ने के लिए पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है । पकड़े गए आतंकवादियों से पुलिस ने तीन पिस्तौल 12 बोर के तथा 6 कारतूस बरामद किए हैं ।

घायल चल बसा

अमृतसर के प्रमुख व्यापारिक केंद्र कटड़ा आहलूवालिया में हुए बम विस्फोट के एक और घायल राज कुमार मेहरा की गत रात अस्पताल मे मृत्यु हो गई । इस तरह इस बम कांड के मृतकों की संख्या 35 हो गई है । अभी अढ़ाई दर्जन घायल अस्पतालों में उपचाराधीन हैं ।

आगजनी, लूट-मार में 4 गिरफ्तार

'डोगरा' के अनुसार राम बाग पुलिस स्टेशन के इंस्पैक्टर स. भगत सिंह ने कटड़ा आहलूवालिया बम कांड के मध्य आगजनी तथा लूटमार करने वाले गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार करके हथियार तथा माल बरामद किया है । यह घटना उस समय की है जब कटड़ा आहलूवालिया में हुए बम कांड के घायलों को अस्पताल ले जाया जा रहा था । इस गिरोह के सदस्य ने एक कार तोड़ी तथा एक स्कूटर को आग लगाई थी । राह जाते लोगों से नकदी व घड़ी छीनी थी ।

निषेधाज्ञा की अवधि बढ़ी

अमृतसर के जिला मैजिस्ट्रेट श्री सर्बजीत सिंह ने जिला भर में पहले से लागू निषेधाज्ञा की अवधि 30 अगस्त तक बढ़ा दी है । निषेधाज्ञा के अनुसार भारत-पाक सीमा के 500 मीटर के क्षेत्र में सायं 6 से प्रातः 6 बजे तक आने-जाने पर पाबंदी है । जिला में हथियार लेकर चलने, जनसभाएं करने व जलूस निकालने, लाऊड स्पीकर, आपत्तिजनक टेप चलाने, नारे लगाने, मोटर साइकल व स्कूटर पर दोहरी पुरुष सवारी और सायं 7 से प्रातः साढ़े पांच बजे तक यात्री बसों के चलने पर पाबंदी रहेगी । इसके अतिरिक्त सभी सम्पत्ति मालिकों, जो अमृतसर नगर पालिका की सीमा में हैं, को अपनी सम्पत्ति बेचने या किराए पर देने की स्थिति में निकटवर्ती थाने में सूचना देनी होगी ।

शरण देने पर गिरफ्तार

बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला के एस.एस.पी. श्री सुमेध सिंह सैनी ने बताया कि थाना सिटी पुलिस ने बटाला के दो युवकों नरेन्द्र कुमार व विकास कुमार को आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया है । थाना सदर पुलिस ने गत 2 वर्षों से जेल से भागे हुए थाना मजीठा के गांव कोटला के एक व्यक्ति करनैल सिंह को भी गिरफ्तार किया है । थाना शीहरगोबिन्दपर पुलिस ने गांव चीमा खुड्डी के एक व्यक्ति सुरेन्द्र सिंह को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक 315 बोर की राइफल बरामद की है ।

(शेष पृष्ठ 10 पर)

गोर्बाच्योव के राष्ट्रपति बनने का रास्ता साफ

मास्को, 2 जुलाई : सोवियत संघ के नए राष्ट्रपति का, जिसे इस देश में अभूतपूर्व अधिकार प्राप्त होंगे, चुनाव करने के लिए संघ की प्रस्तावित कांग्रेस (सुपर संसद) का अधिवेशन अप्रैल 1989 में होगा ।

सोवियत कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव मिखाइल गोर्बाच्योव द्वारा प्रस्तावित राजनीतिक सुधारों को कार्य रूप देने के लिए संविधान संशोधन तथा कानूनी पग, जिनमें नई कांग्रेस का चुनाव भी शामिल है, स्वीकृति के लिए सुप्रीम सोवियत जैसी कि वह इस समय गठित है, के समक्ष इस वर्ष शरद ऋतु में उसके अधिवेशन में पेश किए जाएंगे ।

गणराज्य की तथा स्थानीय सोवियतों का पुनर्गठन 1989 की शरद ऋतु के नए चुनाव द्वारा किया जाएगा और ये सोवियतें गणराज्यों, प्रदेशों, नगरों, जिलों, बस्तियों तथा गांवों में नई समितियों का गठन करेंगी । ये निर्णय 19वीं सोवियत साम्यवादी राष्ट्रीय कांग्रेस ने कल रात स्थगन से पूर्व लिए ।

पार्टी सम्मेलन में सोवियत नेता मिखाइल गोर्बाच्योव द्वारा रखे गए राजनीतिक सुधारों से सम्बन्धित सभी प्रस्तावों को मंजूरी दे दिए जाने से श्री गोर्बाच्योव के सोवियत संघ का राष्ट्रपति बनने का रास्ता साफ हो गया है ।

सोवियत कम्युनिस्ट पार्टी ने राजनीतिक व्यवस्था में भारी परिवर्तन करने के बारे में पार्टी महासचिव एवं देश के सर्वोच्च नेता मिखाइल गोर्बाच्योव द्वारा रखे गए प्रस्तावों का समर्थन किया है । श्री गोर्बाच्योव ने इन परिवर्तनों के तहत प्रस्ताव किया है कि देश में वर्तमान व्यवस्था से अधिक शक्तिशाली राष्ट्रपति शासन प्रणाली लागू की जाए और किसी भी व्यक्ति को चोटी के पदों पर दस वर्ष से ज्यादा समय के लिए नहीं चुना जाए । कम्युनिस्ट पार्टी की केन्द्रीय समिति के सचिव एलेक्जेंडर लुक्यानोव ने कल देर रात गए सम्वाददाताओं को बताया कि समिति की बैठक में श्री गोर्बाच्योव के इस प्रस्ताव का समर्थन किया गया कि निर्वाचित पार्टी पदाधिकारियों को पांच वर्ष के दो कार्यकाल से ज्यादा समय के लिए निर्वाचित नहीं किया जाए और इस शर्त से किसी को भी छूट नहीं दी जाए ।

श्री लुक्यानोव ने बताया कि पार्टी की बैठक में नए तथा अधिक शक्तिशाली राष्ट्रपति प्रणाली के प्रस्ताव का समर्थन किए जाने से श्री गोर्बाच्योव को विदेश नीति के मुद्दों का निपटारा करने और रक्षा परिषद् की अध्यक्षता करने का अधिकार मिल गया है । वैसे परम्परा से पार्टी महासचिव ही रक्षा परिषद की भी अध्यक्षता करते हैं । बैठक में श्री गोर्बाच्योव की इस विवादास्पद सिफारिश कोभी मंजूरी दे दी गई कि सत्ता के प्रत्येक स्तर पर विधायी निकायों के अध्यक्ष पार्टी नेता ही हों । इस सिफारिश का उद्देश्य राष्ट्रपति तथा पार्टी महासचिव पद के लिए एक ही व्यक्ति को निर्वाचित करना है । इससे श्री गोर्बाच्योव अधिक शक्तिशाली राष्ट्रपति पद की जिम्मेदारियां भी खुद सम्भाल कर सत्ता पर अपनी पकड़ और मजबूत कर सकेंगे । सम्मेलन श्री गोर्बाच्योव की इस घोषणा के साथ समाप्त हुआ कि इन सुधारों से देश में समाजवाद की नई लोकतांत्रिक छवि का सूत्रपात होगा ।

Punjab Sanatan

इंका नेता वेरका सहित पंजाब में 4 की हत्या, बम कांड का घायल चल बसा

अनेक हत्याओं में वांछित खालिस्तान लिबरेशन फ़ोर्स के 6 उग्रवादी बंदी

2 घुसपैठिये मारे गये, मुठभेड़ के बाद उग्रवादी वाहन छोड़ कर भागे

चंडीगढ़, 2 जुलाई (वार्ता, ह.स.): पंजाब में कल रात से आतंकवादियों ने एक इंका नेता मनजीत सिंह वेरका सहित 4 व्यक्तियों की हत्या कर दी जबकि अमृतसर बम कांड का एक घायल दम तोड़ गया । तरनतारन पुलिस ने खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के 6 आतंकवादियों को काबू किया, जो अनेक हत्याओं में संलिप्त थे । नसराला के ठेके से रुपए लूट कर भाग रहे आतंकवादी सुरक्षा बलों से मुठभेड़ के बाद अपने वाहन छोड़ कर बच निकलने में सफल हो गए । सीमा पर दो पाक घुसपैठिये मारे गए ।

वेरका की हत्या

अमृतसर (वि.प्र.): अमृतसर जिला के प्रमुख कांग्रेसी नेता श्री मनजीत सिंह वेरका महामंत्री कांग्रेस कमेटी देहाती की दो आतंकवादियों ने खेतों में गोलियां मार कर हत्या कर दी तथा साइकिलों पर फरार हो गए । श्री वेरका पंजाबी की साप्ताहिक पत्रिका 'संघर्ष' के प्रबन्ध सम्पादक भी थे ।

इस संबंध में जो ब्यौरा मिला है उसके अनुसार श्री वेरका प्रातः 6.46 बजे के करीब अपने गांव वेरका से ओठियां की तरफ जा रहे थे । उनका साला तथा गांव के दो अन्य व्यक्ति भी उनके पीछे-पीछे चल रहे थे । ओठियां की ओर से साइकिल पर दो आतंकवादी, जिनके पास 12 बोर की बन्दूक थी आए । दोनों लाल पगड़ियां बांधे हुए थे, उनकी आयु 26-27 वर्ष बताई जाती है । उन्होंने श्री वेरका पर गोलियां चलाईं । पहली गोली उनके दाएं बाजू की कलाई पर लगी जिस पर श्री वेरका खेतों की ओर भागे लेकिन आतंकवादियों ने उन पर दो-तीन और फायर किए । एक गोली श्री वेरका के गले व दूसरी कनपटी पर लगी, जिससे वह गिर पड़े तथा उनकी वहीं पर मृत्यु हो गई । उल्लेखनीय है कि श्री वेरका आतंकवादियों के विरुद्ध बड़े साहस और हिम्मत के साथ बोलते थे और अपने अखबार में लेख भी लिखते थे जिस पर आतंकवादियों की ओर से उन्हें धमकियां भी मिलती थीं ।

श्री वेरका के शोक में जिला कांग्रेस कमेटी शहरी व देहाती के कार्यालय बंद रहे । शहरी कांग्रेस कमेटी की एक शोकसभा श्री पृथीपाल सिंह की अध्यक्षता में हुई जिसमें श्री वेरका की हत्या पर गहरे दुख की अभिव्यक्ति की गई तथा सरकार से मांग की गई कि वह श्री वेरका के हत्यारों को गिरफ्तार करने के लिए शीघ्र कार्रवाई करे । श्री वेरका के परिवार के साथ गहरी सहानुभूति व्यक्त की गई । जनता पार्टी नेता श्री मुबारक सिंह ने भी श्री वेरका की हत्या की कड़ी निन्दा की । अमृतसर श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रधान श्री आर.के. सोनी, महासचिव शम्मी सरीन, उपाध्यक्ष गुरदीप सिंह ने श्री वेरका की हत्या पर क्षोभ व्यक्त किया

प्रदेश इंका द्वारा निन्दा

चंडीगढ़ में पंजाब प्रदेश कांग्रेस (इ) के अध्यक्ष श्री बेअंत सिंह तथा अन्य वरिष्ठ इंका नेताओं ने श्री वेरका की हत्या पर गहरा दुख और क्षोभ व्यक्त किया । उन्होंने कहा कि श्री वेरका एक निष्ठावान कांग्रेसी थे और उनकी मृत्यु से कांग्रेस ने एक योद्धा गंवा दिया है जोकि जिला अमृतसर में पार्टी का एक स्तम्भ था । दुखी परिवार को भेजे एक संदेश में उन्होंने परिवार के सदस्यों के साथ सहानुभूति और हार्दिक सम्वेदना प्रकट की ।

6 आतंकवादी काबू

पुलिस जिला तरनतारन ने खालिस्तान लिबरेशन फोर्स नामक कुख्यात आतंकवादी संगठन से संबंधित 6 आतंकवादियों बाली सिंह, उमराव सिंह, बीरा सिंह (तीनों चब्बा कलां थाना हरीके निवासी) विरसा सिंह निवासी कर्मवाला, मलकीयत सिंह निवासी कम्बो दाई बाला और वसाखा सिंह निवासी चब्बा कलां को गिरफ्तार किया है । पुलिस द्वारा की गई प्रारम्भिक जांच में इन आतंकवादियों ने अनेक हत्याओं की स्वीकारोक्ति की है जिनमें 24 मई को मंड क्षेत्र में थाना हरीके के दो पुलिस अधिकारियों बलजीत सिंह ए.एस.आई. व कांस्टेबल दर्शन सिंह की हत्या भी शामिल है । इन आतंकवादियों ने अन्य वारदातों में उनके साथ संलिप्त आतंकवादियों के नामों के बारे में भी बताया है जिन्हें पकड़ने के लिए पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है । पकड़े गए आतंकवादियों से पुलिस ने तीन पिस्तौल 12 बोर के तथा 6 कारतूस बरामद किए हैं ।

घायल चल बसा

अमृतसर के प्रमुख व्यापारिक केंद्र कटड़ा आहलूवालिया में हुए बम विस्फोट के एक और घायल राज कुमार मेहरा की गत रात अस्पताल में मृत्यु हो गई । इस तरह इस बम कांड के मृतकों की संख्या 35 हो गई है । अभी अढ़ाई दर्जन घायल अस्पतालों में उपचाराधीन हैं ।

आगजनी, लूट-मार में 4 गिरफ्तार

'डोगरा' के अनुसार राम बाग पुलिस स्टेशन के इंस्पैक्टर स. भगत सिंह ने कटड़ा आहलूवालिया बम कांड के मध्य आगजनी तथा लूटमार करने वाले गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार करके हथियार तथा माल बरामद किया है । यह घटना उस समय की है जब कटड़ा आहलूवालिया में हुए बम कांड के घायलों को अस्पताल ले जाया जा रहा था । इस गिरोह के सदस्य ने एक कार तोड़ी तथा एक स्कूटर को आग लगाई थी । राह जाते लोगों से नकदी व घड़ी छीनी थी ।

निषेधाज्ञा की अवधि बढ़ी

अमृतसर के जिला मैजिस्ट्रेट श्री सर्बजीत सिंह ने जिला भर में पहले से लागू निषेधाज्ञा की अवधि 30 अगस्त तक बढ़ा दी है । निषेधाज्ञा के अनुसार भारत-पाक सीमा के 500 मीटर के क्षेत्र में सायं 6 से प्रातः 6 बजे तक आने-जाने पर पाबंदी है । जिला में हथियार लेकर चलने, जनसभाएं करने व जलूस निकालने, लाऊड स्पीकर, आपत्तिजनक टेप चलाने, नारे लगाने, मोटर साइकल व स्कूटर पर दोहरी पुरुष सवारी और सायं 7 से प्रातः साढ़े पांच बजे तक यात्री बसों के चलने पर पाबंदी रहेगी । इसके अतिरिक्त सभी सम्पत्ति मालिकों, जो अमृतसर नगर पालिका की सीमा में हैं, को अपनी सम्पत्ति बेचने या किराए पर देने की स्थिति में निकटवर्ती थाने में सूचना देनी होगी ।

शरण देने पर गिरफ्तार

बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला के एस.एस.पी. श्री सुमेध सिंह सैनी ने बताया कि थाना सिटी पुलिस ने बटाला के दो युवकों नरेन्द्र कुमार व विकास कुमार को आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया है । थाना सदर पुलिस ने गत 2 वर्षों से जेल से भागे हुए थाना मजीठा के गांव कोटला के एक व्यक्ति करनैल सिंह को भी गिरफ्तार किया है । थाना श्रीहरगोबिन्दपुर पुलिस ने गांव चीमा खुड्डी के एक व्यक्ति सुरेन्द्र सिंह को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक 315 बोर की राइफल बरामद की है । (शेष पृष्ठ 10 पर)

(1) उग्रवादियों की गोलियों से वेरका में मारे गए जिला अमृतसर देहा सचिव मंजीत सिंह वेरका (इनसैट पुराना चित्र) का शव, (2) उनका वेरका की हत्या की गई, सुरक्षा कर्मी वह स्थान दिखा रहा है, (4) शो तथा कांग्रेस (इ) नेता और वर्कर ।

गोर्बाच्योव के राष्ट्रपति बनने का रास्ता साफ

मास्को, 2 जुलाई : सोवियत संघ के नए राष्ट्रपति का, जिसे इस देश में अभूतपूर्व अधिकार प्राप्त होंगे, चुनाव करने के लिए संघ की प्रस्तावित कांग्रेस (सुपर संसद) का अधिवेशन अप्रैल 1989 में होगा ।

सोवियत कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव मिखाइल गोर्बाच्योव द्वारा प्रस्तावित राजनीतिक सुधारों को कार्य रूप देने के लिए संविधान संशोधन तथा कानूनी पग, जिनमें नई कांग्रेस का चुनाव भी शामिल है, स्वीकृति के लिए सुप्रीम सोवियत जैसी कि वह इस समय गठित है, के समक्ष इस वर्ष शरद ऋतु में उसके अधिवेशन में पेश किए जाएंगे ।

गणराज्य की तथा स्थानीय सोवियतों का पुनर्गठन 1989 की शरद ऋतु के नए चुनाव द्वारा किया जाएगा और ये सोवियतें गणराज्यों, प्रदेशों, नगरों, जिलों, बस्तियों तथा गांवों में नई समितियों का गठन करेंगी । ये निर्णय 19वीं सोवियत साम्यवादी राष्ट्रीय कांग्रेस ने कल रात स्थगन से पूर्व लिए ।

पार्टी सम्मेलन में सोवियत नेता मिखाइल गोर्बाच्योव द्वारा रखे गए राजनीतिक सुधारों से सम्बन्धित सभी प्रस्तावों को मंजूरी दे दिए जाने से श्री गोर्बाच्योव के सोवियत संघ का राष्ट्रपति बनने का रास्ता साफ हो गया है ।

सोवियत कम्युनिस्ट पार्टी ने राजनीतिक व्यवस्था में भारी परिवर्तन करने के बारे में पार्टी महासचिव एवं देश के सर्वोच्च नेता मिखाइल गोर्बाच्योव द्वारा रखे गए प्रस्तावों का समर्थन किया है । श्री गोर्बाच्योव ने इन परिवर्तनों के तहत प्रस्ताव किया है कि देश में वर्तमान व्यवस्था से अधिक शक्तिशाली राष्ट्रपति शासन प्रणाली लागू की जाए और किसी भी व्यक्ति को चौटी के पदों पर दस वर्ष से ज्यादा समय के लिए नहीं चुना जाए । कम्युनिस्ट पार्टी की केन्द्रीय समिति के सचिव एलेक्जेंडर लुक्यानोव ने कल देर रात गए सम्वाददाताओं को बताया कि समिति की बैठक में श्री गोर्बाच्योव के इस प्रस्ताव का समर्थन किया गया कि निर्वाचित पार्टी पदाधिकारियों को पांच वर्ष के दो कार्यकाल से ज्यादा समय के लिए निर्वाचित नहीं किया जाए और इस शर्त से किसी को भी छूट नहीं दी जाए ।

श्री लुक्यानोव ने बताया कि पार्टी की बैठक में नए तथा अधिक शक्तिशाली राष्ट्रपति प्रणाली के प्रस्ताव का समर्थन किए जाने से श्री गोर्बाच्योव को विदेश नीति के मुद्दों का निपटारा करने और रक्षा परिषद की अध्यक्षता करने का अधिकार मिल गया है । वैसे परम्परा से पार्टी महासचिव ही रक्षा परिषद की भी अध्यक्षता करते हैं । बैठक में श्री गोर्बाच्योव की इस विवादास्पद सिफारिश को भी मंजूरी दे दी गई कि सत्ता के प्रत्येक स्तर पर विधायी निकायों के अध्यक्ष पार्टी नेता ही हों । इस सिफारिश का उद्देश्य राष्ट्रपति तथा पार्टी महासचिव पद के लिए एक ही व्यक्ति को निर्वाचित करना है । इससे श्री गोर्बाच्योव अधिक शक्तिशाली राष्ट्रपति पद की जिम्मेदारियां भी खुद सम्भाल कर सत्ता पर अपनी पकड़ और मजबूत कर सकेंगे । सम्मेलन श्री गोर्बाच्योव की इस घोषणा के साथ समाप्त हुआ कि इन सुधारों से देश में 'समाजवाद की नई लोकतांत्रिक छवि का सूत्रपात होगा ।

जनमोर्चा अगस्त-सित अपनी नीति तय करेगा

कलकत्ता, 2 जुलाई : जनमोर्चा नेता विश्वनाथ प्रताप सिंह ने आज यहां कहा कि मोर्चा अगस्त या सितम्बर तक देश के लिए सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक सुधारों का ठोस प्रस्ताव तैयार कर विपक्षी दलों के सामने रखेगा । श्री सिंह ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि चुनाव तो सिर्फ मील का पत्थर होते हैं । हमें आगे देखना होगा और मूल समस्याओं से निपटना होगा । जब तक यह नहीं होगा, कांग्रेस (इ) का विकल्प नहीं बन सकता ।

श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने कहा कि उन बुनियादी मुद्दों में शोषण तथा सामाजिक एवं आर्थिक असमानता के मुद्दे शामिल हैं । जनमोर्चा के सुधार प्रस्तावों के जरिए देश में लोकतंत्र के आधार का विस्तार किया जाएगा ।

श्री सिंह ने कहा कि पंजाब में सरकार ने लोगों के मौलिक अधिकार भी छीन लिए फिर भी समस्या का कोई समाधान नहीं निकल सका है ।

श्री सिंह ने श्रीलंका में भारतीय शांति सेना की तैनाती की आलोचना करते हुए कहा कि इसे निश्चित समय में तुरन्त वापस बुलाया जाना चाहिए । उन्होंने कहा कि सेना की तैनाती से भारी खर्च हो रहा है और किसी भी राष्ट्रीय लक्ष्य की पूर्ति नहीं हो रही है ।

श्री सिंह ने कांग्रेसी (इ) खेमे में वापस जाने की सम्भावना से इंकार किया । उन्होंने कहा कि मोर्चा की शक्ति का केंद्र जनता है केवल नेता नहीं । उन्होंने कहा कि जनमोर्चा विधायक-मोर्चा नहीं जैसी कि कांग्रेस (इ) है ।

मध्यावधि चुनाव की मांग

जनता पार्टी संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष मधु दंडवते ने आज तुरन्त मध्यावधि चुनाव कराए जाने की मांग की और कहा कि इलाहाबाद में कांग्रेस (इ) की हार के बाद श्री राजीव गांधी को प्रधानमंत्री बने रहने का कोई हक नहीं है ।

पटना, (हि.टा.) : जनमोर्चा नेता श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने कल कहा कि उन्होंने कोई भी सरकारी पद न लेने का अपना फैसला तबदील नहीं किया है अतः वह कभी भी प्रधानमंत्री का पद हटना चाहता था लेकिन म आकर झुकना पड़ा क उम्मीदवार खड़ा नहीं कि उनकी प्रतिष्ठा दांव पर इस बात का खंडन किया वह कभी कोई चुनाव नहीं कि लोकसभा की सदस्यता जा सकता अतः वह अपन

राज्यों में त

नई दिल्ली, 2 जुलाई सेवारत अधिकांश आई.ए पर एक वर्ष से भी कम अ पाते हैं । एक दशक में नियुक्तियों के विश्लेषण से कि केवल 20 प्रतिशत आ एक पद पर दो या तीन वर्ष की यह स्थिति गृह मंत्रा अवहेलना की मुहर बोलती गया है कि किसी भी अधिक साल तक एक पद पर का

वस्तुतः चुनाव के वर्ष तबादलों की संख्या बढ़ जाती व 1985 में ऐसे तबादलों से बहुत अधिक थी । इस आगे रहा है जहां कि एक प एक पद पर काम करने प्रतिशत 63.11 था । अ 60.39 तथा राजस्थान में पश्चिमी बंगाल में के

विपक्षी द निर्णय

पठानकोट में अब पहली बार
100% सही व सुरक्षित जांच के लिए
मिश्रा अल्ट्रासाऊंड स्कैनिंग सैंटर
में
WHOLE BODY ULTRASOUND SCANNER
(Linear and Sector with Six Photographs)



(1) उग्रवादियों की गोलियों से वेरका में मारे गए जिला अमृतसर देहाती कांग्रेस (इ) कमेटी के सचिव मंजीत सिंह वेरका (इनसैट पुराना चित्र) का शव, (2) उनका छोटा बेटा, (3) यहां श्री वेरका की हत्या की गई, सुरक्षा कर्मी वह स्थान दिखा रहा है, (4) शोकग्रस्त परिवार के सदस्य तथा कांग्रेस (इ) नेता और वर्कर। (छाया : रवि भंडारी)

Punjabi Sanatani

पंजाब में हत्याएं
(पृष्ठ 3 का शेष)

एक और हत्या

जिला फिरोजपुर के थाना मल्लांवाला के गांव भरन में कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने एक व्यक्ति बुकन सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । वह गत 5 दिनों से लापता था ।

बंदूक ले गए

जालन्धर (ह.स.): आज प्रातः जिला जालन्धर में थाना शाहकोट के गांव मुरीदवाल में 4 आतंकवादी एक व्यक्ति जगजीत सिंह के घर से एक दनाली बन्दूक तथा 16 कारतूस ले गए । फरार होने से पहले आतंकवादियों ने घर के लोगों को पिस्तौल दिखा कर धमकाया ।

प्रवासी मजदूर की हत्या

कपूरथला (शर्मा): थाना भुलत्थ के गांव सैतपुर में गत रात्रि खेत में सोए हुए एक प्रवासी मजदूर राजू की अज्ञात व्यक्तियों ने तेजधार हथियारों से निर्मम हत्या कर दी । बताया जाता है कि राजू एक किसान शरण सिंह के पास नौकर था । रात्रि को खेत में ट्यूबवैल पर सोया तथा प्रातः जब किसान खेत में गया तो राजू मृत पड़ा था । तेजधार हथियार के जख्म उसके शरीर पर थे । सूचना मिलते ही थाना भुलत्थ पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई ।

ज्योतिषी की हत्या

खरड़ (शशि): 5 अज्ञात व्यक्तियों ने गत रात नजदीकी गांव सोतल में गुरदेव सिंह नामक एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी । मृतक गांव में ज्योतिषी का काम करता था । खरड़ थाने में दर्ज कराई गई रिपोर्ट के अनुसार 5 अज्ञात सशस्त्र व्यक्ति, जिनके मुंह ढके हुए थे तथा नीले कपड़े पहने हुए थे, रात डेढ़ बजे के लगभग गुरदेव सिंह के घर आए और उस पर गोलियां चलाईं जिससे उसकी वहीं मौत हो गई ।

वार्ता के अनुसार बाबा गुरदेव सिंह जादू-टोने के लिए इस क्षेत्र के जाने-माने व्यक्ति थे ।

इससे पहले यह व्यक्ति गांव में ही गरचरण सिंह नामक एक व्यक्ति से उसकी बन्दूक छीन ले गए । उन्होंने एक अन्य व्यक्ति बाबा सिंह से भी एक पिस्तौल छीन लिया । इन वारदातों के बाद गांव के लोग बुरी तरह सहम गए तथा खरड़ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने नहीं गए । आज सुबह ही पुलिस को सूचना दी गई । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है । रोपड़ के एस.पी. (आप्रेशन) आर.एस. टिवाना ने आज क्षेत्र का दौरा किया ।

उग्रवादी, शरणदाता बंदी

संगरूर से 'गर्ग' के अनुसार एस.एस.पी. श्री ज्ञान सिंह ने बताया कि मालेरकोटला में निर्मल सिंह निवासी दुरमा व नाहर सिंह निवासी उबोके को बब्बर खालसा ग्रुप के उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है । दोनों से पूछताछ की जा रही है । श्री सिंह ने बताया कि एक उग्रवादी अजायब सिंह निवासी खुडाली कलां को गिरफ्तार करके उससे पिस्तौल और कई कारतूस बरामद किए गए ।

होशियारपुर से सम्वाददाताओं के अनुसार गत रात जब 3 आतंकवादी नसराला के ठेका शराब से 1001 रुपए लूटने व अड्डा रंधावा बरोटा से यको बैंक आदमपुर के फील्ड अफसर प्रेम कुमार भसीन का मोटर साइकिल छीन कर फरार हो रहे थे तो मार्ग में पुलिस और सुरक्षा बलों से उनकी मुठभेड़ हो गई जिस पर आतंकवादी अपना स्कूटर, छीना हुआ मोटर साइकिल तथा 12 बोर का देसी पिस्तौल छोड़ कर फरार हो गए तथा निकटवर्ती जंगल में जा छुपे । वारदात की सूचना मिलते ही आई.जी. जोनल चौधरी सूबे सिंह, डी.आई.जी. श्री भट्टी, एस.एस.पी. श्री संधू भारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए । उनकी निगरानी में पुलिस व सुरक्षा बलों ने क्षेत्र के गांवों में छानबीन की व कुछ व्यक्तियों को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया ।

एक और घुसपैठिया मरा

फिरोजपुर के ममदौट सैक्टर में एक पाक घुसपैठिया बी.एस.एफ. से मुठभेड़ में मारा गया ।

आज जिला अमृतसर में खेमकरण सैक्टर में एक पाकिस्तानी घुसपैठिया सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारा गया ।

रंगरेटा की चुनौती
(पृष्ठ 3 का शेष)

इस बीच पता चला है कि एकीकृत अकाली दल के सदस्यों की आज यहां मीटिंग न हो सकी । क्योंकि मीटिंग के बारे में कुछ गलतफहमी पैदा हो गई थी, परन्तु फिर भी कई नेता चंडीगढ़ पहुंच गए जिनमें भाई शमिंदर सिंह सांसद, मेवा सिंह गिल सांसद, प्रकाश सिंह मजीठा तथा मंजीत सिंह तरनतारनी शामिल हैं । महाराजा पटियाला कैप्टन अमरेन्द्र सिंह भी शाम तक चंडीगढ़ पहुंचने वाले थे ।

इस दौरान सिंह साहिब भाई हरचरण सिंह, एकीकृत अकाली दल के लगभग दो दर्जन नेता बलविन्दर सिंह भंदर और, बसंत सिंह खालसा, सरूप सिंह और सतवंत सिंह इत्यादि व अकाली दल (लौं.) के प्रेम सिंह चंदूमाजरा का न्यायिक रिमांड 12 जुलाई तक बढ़ा दिया गया है । ये लोग विगत कई दिनों से बुरैल जेल में बंद हैं ।

इस दौरान सुविज्ञ सूत्रों ने रहस्योद्घाटन किया है कि अकाली दल (लौं.) ने कुछ अर्सा पहले शिरोमणि कमेटी के वर्तमान पदाधिकारियों के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश करने का जो निश्चय व्यक्त किया था, वह फिलहाल ठंडा पड़ चुका है क्योंकि अकाली दल (लौं.) का एक शक्तिशाली वर्ग महसूस करता है कि बाबा जोगेंद सिंह व उनके कई उग्रवादी साथी अतीत में संत हरचंद सिंह लौंगोवाल को, सिखों का गद्दार कहते रहे हैं जबकि आम जनता संत लौंगोवाल को आपसी भाईचारा बनाए रखने का समर्थक, देश की एकता व अखंडता का हिमायती और शांति का मसीहा कहती है ।

एकीकृत अकाली दल के कई नेताओं का कहना है कि अच्छा हुआ कि बाबा जोगेंद्र सिंह और उनका परिवार स्वयं सिख जनता से अलग-थलग होकर रह गया है । एकीकृत अकाली दल तथा अकाली दल (लौं.) के कई नेताओं की कोशिश है कि अब जबकि बाबा जोगेंद्र सिंह एक तरफ हो गये हैं अतः दोनों दलों को एकता कर लेनी चाहिए । मगर इस काम में मुश्किल यह पेश आ रही है कि एक तो एकीकृत अकाली दल के बड़े नेता जेलों में नज़रबंद हैं दूसरा सुरजीत सिंह बरनाला को सिख पंथ से माफी दिलाने का कोई रास्ता नहीं निकल रहा हालांकि वे खुद इसके लिये तैयार बैठे हैं । दोनों दलों का राजनीतिक कार्यक्रम भी आनंदपुर साहब प्रस्ताव है । इन परिस्थितियों में निकट भविष्य में एकता होने की संभावना कम दिखाई देती है । हाल में गांव लौंगोवाल में अकाली दल (लौं) की जो मीटिंग हुई थी उसमें बाबा जोगेंद्र सिंह से हाथ मिलाने का विरोध किया गया था ।

शर्मनाक !

नई दिल्ली, 2 जुलाई (ई.पो.): निश्चय ही यह एक आघात पहुंचाने वाली निंदनीय खबर है । यूरोप के न्याय मंत्रियों की बैठक में पेश किये गये आंकड़ों से जाहिर है कि यूरोप में हर वर्ष 1 मिलियन बच्चों को सैक्स उद्योग में झोंका जाता है । आमतौर पर एशिया, लातीनी अमरीकी व अफ्रीकी देशों के बच्चों का अपहरण किया जाता है या गोद लेने वाली नकली एजैंसियों द्वारा लालच देकर खरीदा जाता है और बाद में बेच दिया जाता है । इन बच्चों को या तो समृद्ध लोग या चकले वाले खरीद लेते हैं । कुछ को अश्लील फिल्मों के निर्माता ले जाते हैं, जो बच्चों के साथ पीड़ादायक सैक्स प्रदर्शित करने वाली फिल्में बनाते हैं । थाईलैंड, फिलपाइन, श्रीलंका व ब्राज़ील के बच्चे ऐसे लोगों की पहली पसन्द है, जो सैक्स के लिए बच्चों का व्यापार करते हैं ।

पकड़े गए उग्रवादी ने खालसा के अड्डों

अमृतसर, 2 जुलाई (बि.प्र.): आज यहां अमृतसर के पुलिस चीफ श्री सुरेश अरोड़ा ने पत्रकारों को बताया कि उग्रवादी संगठन बब्बर खालसा के एक उग्रवादी करतार सिंह, जो पुलिस की गोली से घायल होने के बाद दरबार साहब परिसर में जा छुपा था तथा जो अब पुलिस की हिरासत में है, ने कई रहस्योद्घाटन पुलिस के पास किए हैं । श्री अरोड़ा ने बताया कि करतार सिंह पहले पिगलवाड़ा अमृतसर में रहता था । दरबार साहब परिसर में ब्लैक थंडर आप्रेशन के शुरू होने से पहले वह

के. सी. एफ. के स्वयंभू एरिया कमांडर सहित 2 आतंकवादी, 2 घुसपैठिये मारे गए

लुधियाना में 5 आतंकवादी और उनके 6 शरणदाता गिरफ्तार

पंजाब में विभिन्न स्थानों पर 4 व्यक्तियों की हत्या

चंडीगढ़, 3 जुलाई (वार्ता, ह.स.): गत 24 घंटों के दौरान पंजाब में तथाकथित खालिस्तान कमांडो फोर्स के स्वयंभू एरिया कमांडर सहित 2 दुर्दांत आतंकवादी व 2 पाकिस्तानी घुसपैठिया अलग-अलग मुठभेड़ों में मारे गए जबकि आतंकवादियों ने 4 व्यक्तियों की हत्या कर दी । नकोदर के निकट आतंकवादियों ने एक पुलिस चौकी पर फायरिंग की लेकिन कोई हानि नहीं हुई ।

घायल चल बसा

'संघी' के अनुसार अमृतसर के कटड़ा आहलूवालिया में 21 जून को हुए बम विस्फोट का एक घायल 25 वर्षीय विमल कपूर आज पी.जी.आई. चंडीगढ़ में दम तोड़ गया । उसे कल ही अमृतसर से यहां लाया गया था ।

अमृतसर से कपूर के अनुसार बिमल कुमार का आज शाम दर्याना मंदिर श्मशानघाट में दाह संस्कार कर दिया गया । मृतक जिसकी आयु 30 वर्ष थी, के दो छोटे-छोटे बच्चे हैं । उसकी मृत्यु होने के बाद बम विस्फोट में मरने वालों की संख्या सरकारी आंकड़ों के अनुसार 36 हो गई है ।

खूंखार आतंकवादी मारे गए

बटाला (कोछड़): बटाला के ए.एस.पी. जिन्हें तरक्की देकर यहीं एस.पी. मुख्यालय बनाया गया है, श्री अनिल कुमार शर्मा ने आज यहां पत्रकारों को बताया कि गत रात सीमा सुरक्षा बल तथा पुलिस के संयुक्त दो अलग-अलग मुठभेड़ों में मारे गए

थाना सदर बटाला के गांव एम्मां में सीमा सुरक्षा बल एवं पुलिस के साथ गत रात हुई भिड़न्त में मारा गया खूंखार आतंकवादी दविन्दर सिंह दिन्दा । (छाया : कोछड़)

आतंकवादियों की शिनाख्त कर ली गई है । श्री शर्मा ने बताया कि थाना फतेहगढ़ चूड़ियां के गांव छिछरेवाल के निकट मारा गया आतंकवादी गांव भोलेके का निशान सिंह है । यह खालिस्तान कमांडो फोर्स का स्वयंभू एरिया कमांडर था और 6 हत्याओं में वांछित था । दूसरा आतंकवादी थाना सदर बटाला के गांव एम्मां के निकट मारा गया गांव नथवाल का दविन्दर सिंह दिन्दा था । इस खूंखार आतंकवादी को 1986 में गिरफ्तार करके इसके कब्जे से चीनी थामसन गन व हथगोले बरामद किए गए थे । फरवरी 1988 में जमानत होने के बाद यह भगौड़ा हो गया था । यह 9 हत्याओं के लिए पुलिस को वांछित था ।

अधिकारिक सूत्रों ने पत्रकारों को बताया कि गत रात थाना सदर बटाला के गांव एम्मां व तलवंडी झिऊरां के मध्य बी.एस.एफ. व पुलिस ने नाका लगा रखा था । तीन संदिग्ध युवकों को आते देखकर जब रूकने के लिए कहा गया तो उन्होंने अंधाधुंध फायरिंग बी.एस.एफ. व पुलिस की नाका पार्टी पर शुरू कर दी । नाकापार्टी ने भी जवाब में फायरिंग की । इसपर संदिग्ध आतंकवादियों ने नाका पार्टी पर दो हथगोले फैंके, उनके विस्फोट से सुरक्षा बलों के जवान बाल-बाल बच गए । सूत्रों ने कहा कि मुठभेड़ के समय अंधेरे के साथ-साथ तेज बरसात हो रही थी, जिस कारण दो संदिग्ध आतंकवादी फरार होने में सफल हो गए और एक मारा गया ।

मुठभेड़ वाले क्षेत्र से चीनी असाल्ट राइफल ए.के. 47 व 315 बोर राइफल की काफी चली गोलियां, फटे हथगोलों के अवशेष व काफी संख्या में आग्नेयास्त्र मिले हैं ।

दूसरी मुठभेड़ थाना फतेहगढ़ चूड़ियां के गांव छिछरेवाल के निकट बी.एस.एफ. व पुलिस और संदिग्ध आतंकवादियों के मध्य हुई । इसमें भी एक आतंकवादी मारा गया और उसके अन्य साथी तेज वर्षा व अंधेरे का लाभ उठा भाग गए । मृत आतंकवादी के निकट से एक 38 बोर का रिवाल्वर 6 चले व 10 अनचले कारतूस मिले हैं ।

दो के विरुद्ध केस दर्ज

होशियारपुर (सम्वाददाताओं से): मुकेरियां पुलिस ने बहबलपुर मंज ग्राम के तेगा सिंह तथा अटलगढ़ ग्राम के शरणजीत सिंह के विरुद्ध केस दर्ज करके जांच आरम्भ कर दी है । पुलिस सूत्रों के अनुसार इनके पास कई आतंकवादी आकर शरण लेते थे ।

रात्रि के समय दोहरी सवारी पर प्रतिबंध

जिला मैजिस्ट्रेट श्री जी.एस. संधु ने एक आदेश जारी करके जिला भर में रात्रि 8 बजे से प्रातः 6 बजे तक मोटर साइकलों, स्कूटरों व मोपेड वगैरा पर दोहरी मर्दाना सवारी बिठाने पर प्रतिबंध लगा दिया है । यह आदेश 31 अगस्त तक लागू रहेगा । एक अन्य आदेश द्वारा श्री संधु ने आम दुकानें रात्रि साढ़े सात बजे तथा शराब के ठेके, ढाबे, हलवाई, बेकरी, कैमिस्टों, पान सिगरेट, फल व सब्जी की दकानें रात्रि साढ़े नौ बजे तक खुली रखने के निर्देश दिए हैं ।

2 भाइयों की हत्या

अमृतसर (वि.प्र.): संदिग्ध आतंकवादियों ने आज सुबह अमृतसर जिले के थाना तरनतारन के तहत गांव कल्ला में दो भाइयों गुरनाम सिंह तथा खजान सिंह की हत्या कर दी । बताया जाता है कि 5-6 आतंकवादी प्रातः चार बजे के लगभग गुरनाम सिंह के घर में घुसे तथा रिवाल्वरों से गोलियां चलाकर उसे व उसके भाई को मार डाला । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी ।

वेरका की अंत्येष्टि

'भाटिया' के अनुसार इंका नेता श्री मनजीत सिंह वेरका जिनकी कल उग्रवादियों ने हत्या कर दी थी, का आज उनके गांव वेरका में अन्तिम संस्कार कर दिया गया । इस मौका पर भारी संख्या में राजनीतिक दलों के सदस्य व आम लोग मौजूद थे । जिला कांग्रेस कमेटी देहाती के प्रधान श्री अजीत सिंह मान, महासचिव खैरायती लाल शर्मा, गुरसेवक सिंह, बृज भूषण मेहरा व दरबारी लाल भी इस अवसर पर उपस्थित थे । भूतपूर्व मंत्री जी.एस. ढिल्लों, सांसद आर.एल. भाटिया, जत्थेदार सोहन सिंह जलालुस्मान आदि ने शोक संदेश भेजे ।

घुसपैठिया मारा गया

गत रात सीमा सुरक्षा बल ने थाना घरेंडा के गांव पुल कंजरी में एक पाकिस्तानी घुसपैठिये को मार गिराया । उसके 2 साथी वापस पाकिस्तान भाग जाने में सफल हो गए ।

दो आतंकवादी असले सहित काबू

बाबा बकाला से 'मेहरा' के अनुसार थाना ब्यास की पुलिस ने बाबा बकाला के ड्रेन के पुल पर नाकाबंदी के दौरान दो आतंकवादियों संतोख सिंह निवासी जसपाल तथा नाथ सिंह उर्फ नाथी निवासी कालेके को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से एक दोनाली बंदूक, सात जीवित कारतूस तथा एक 32 बोर की पिस्तौल व उसके 4 कारतूस बरामद किए हैं ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

विपक्षी दलों की 'फैडरल पार्टी' बनाने पर गम्भीर विचार-विमर्श

नई दिल्ली, 3 जुलाई (हस.): विभिन्न विपक्षी ग्रुपों में सत्तारूढ़ इंका के राष्ट्रीय विकल्प के रूप में प्रस्तावित 'फैडरल पार्टी' के झंडे तले एकत्र होने के लिए बातचीत चल रही है ।

हरियाणा तथा आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्रियों श्री देवी लाल तथा श्री एन.टी. रामाराव सहित अनेक विपक्षी नेता, जो कि इस दिशा में कार्य कर रहे हैं, श्री देवी लाल द्वारा विपक्ष की एकता के लिए रखे गए प्रस्तावों पर इस माह के अंत में आयोजित बैठक में विचार-विमर्श करेंगे ।

जिन पार्टियों के फैडरल पार्टी में शामिल होने की आशा इन दोनों मुख्यमंत्रियों को है वे हैं—लोकदल, जनता पार्टी, तेलगू देशम, कांग्रेस (स), द्रमुक, जन मोर्चा तथा असम गण परिषद् ।

श्री देवी लाल ने आज यहां सम्वाददाताओं से बातीचीत करते हुए कहा कि जो दल इस पार्टी के अंतर्गत आना चाहते हैं उन्हें श्री वी.पी. सिंह को अपने नेता के रूप में स्वीकार करना होगा । उन्होंने कहा कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो नेतृत्व का प्रश्न फैडरल पार्टी को तोड़ सकता है ।

विपक्षी दलों को प्रस्तावित पार्टी के सम्बन्ध में जो प्रस्ताव भेजा गया है उसमें कहा गया है कि इस नई पार्टी का गठन समान संविधान कार्यक्रम व एक चुनाव चिन्ह के आधार पर होना चाहिए ।

यह नया दल वामपंथी दलों के साथ चुनाव गठजोड़ भी कर सकता है, परन्तु भारतीय जनता पार्टी के साथ गठजोड़ के बारे में किसी प्रकार की पूर्व शर्त स्वीकार नहीं की जाएगी ।

फैडरल पार्टी में शामिल होने वाले दलों के सांसदों व विधायकों को एक नेता के अन्तर्गत संयुक्त संसदीय दल अथवा संयुक्त विधायक दल का गठन करना होगा ।

भजन लाल अरुण नेहरू से मिले

इस बीच पता चला है कि केंद्रीय कृषि मंत्री श्री भजन लाल ने हाल ही में नई दिल्ली के छतरपुर फार्म में जाकर जनमोर्चा के नेता श्री अरुण नेहरू से महत्वपूर्ण मुलाकात की ।

एन.टी. रामाराव अध्यक्ष बनेंगे !

चंडीगढ़ (वि.प्र.): पता चला है कि हरियाणा के मुख्यमंत्री द्वारा प्रस्तावित फैडरल पार्टी का अध्यक्ष आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री एन.टी. रामाराव को बनाने पर विचार किया जा रहा है । इस सम्बन्ध में अनेक विपक्षी दलों के नेताओं की राष्ट्रीय स्तर पर बातचीत भी हुई है ।

छोटी सी बात

रंगा

मेरी नजर में इंका की केवल देखने में ही हार हुई है पर वी.पी. सिंह की तो नैतिक रूप से हार हुई है ।

—गुलाम नबी आजाद

भाई साहब गुलाम साहब भी तो देखने में स्वस्थ दिखाई देते हैं । इससे उन्हें क्या फर्क पड़ता है कि इंका नैतिक रूप से स्वस्थ है या अस्वस्थ ।

उद्योगपति की पुलिस हिरासत में रहस्यपूर्ण मृत्यु

लुधियाना, 3 जुलाई (आहूजा): गत दिवस यहां कोतवाली में जालन्धर के एक उद्योगपति श्री धर्मवीर जैरथ की पुलिस हिरासत में रहस्यमय ढंग से मृत्यु हो गई । मृतक धर्मवीर के छोटे भाई अमृतलाल जैरथ के अनुसार वे अपने कुछ सम्बन्धियों के साथ लुधियाना आए हुए थे । यहां कैलाश सिनेमा चौक में स्थित पुलिस चौकी के कुछ कर्मचारियों ने यह कह कर अपने साथ चलने को कहा कि आपके पास जो गाड़ी है, संदेह है कि वह चोरी की है । श्री धर्मवीर को एक घंटे तक चौकी में बिठा कर सिटी कोतवाली भेज दिया गया जहां सिटी इंस्पैक्टर जब उनसे पूछताछ कर रहे थे तो उन्हें दौरा पड़ गया, जिस पर पुलिस वालों ने प्राइवेट डाक्टर बुलाकर धर्मवीर को एक इंजैक्शन लगवाया और उनके साथ आए आदमियों को कहा कि आप इन्हें अस्पताल ले जाएं । जब धर्मवीर को बाऊज अस्पताल ले जाया गया तो डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया ।

Punjab Sahab

के. सी. एफ. के स्वयंभू एरिया कमांडर सहित 2 आतंकवादी, 2 घुसपैठिये मारे गए

लुधियाना में 5 आतंकवादी और उनके 6 शरणदाता गिरफ्तार

पंजाब में विभिन्न स्थानों पर 4 व्यक्तियों की हत्या

चंडीगढ़, 3 जुलाई (वार्ता, ह.स.): गत 24 घंटों के दौरान पंजाब में तथाकथित खालिस्तान कमांडो फोर्स के स्वयंभू एरिया कमांडर सहित 2 दर्दांत आतंकवादी व 2 पाकिस्तानी घुसपैठिया अलग-अलग मुठभेड़ों में मारे गए जबकि आतंकवादियों ने 4 व्यक्तियों की हत्या कर दी । नकोदर के निकट आतंकवादियों ने एक पुलिस चौकी पर फायरिंग की लेकिन कोई हानि नहीं हुई ।

घायल चल बसा

'संघी' के अनुसार अमृतसर के कटड़ा आहलूवालिया में 21 जून को हुए बम विस्फोट का एक घायल 25 वर्षीय बिमल कपूर आज पी.जी.आई. चंडीगढ़ में दम तोड़ गया । उसे कल ही अमृतसर से यहां लाया गया था ।

अमृतसर से कपूर के अनुसार बिमल कुमार का आज शाम दुर्गियाना मंदिर श्मशानघाट में दाह संस्कार कर दिया गया । मृतक जिसकी आयु 30 वर्ष थी, के दो छोटे-छोटे बच्चे हैं । उसकी मृत्यु होने के बाद बम विस्फोट में मरने वालों की संख्या सरकारी आंकड़ों के अनुसार 36 हो गई है ।

खूंखार आतंकवादी मारे गए

बटाला (कोछड़): बटाला के ए.एस.पी. जिन्हें तरक्की देकर यहीं एस.पी. मुख्यालय बनाया गया है, श्री अनिल कुमार शर्मा ने आज यहां पत्रकारों को बताया कि गत रात सीमा सुरक्षा बल तथा पुलिस के संयुक्त दो अलग-अलग मुठभेड़ों में मारे गए

थाना सदर बटाला के गांव एम्मां में सीमा सुरक्षा बल एवं पुलिस के साथ गत रात हुई भिड़न्त में मारा गया खूंखार आतंकवादी दविन्दर सिंह दिन्दा । (छाया : कोछड़)

आतंकवादियों की शिनाख्त कर ली गई है । श्री शर्मा ने बताया कि थाना फतेहगढ़ चूड़ियां के गांव छिछरेवाल के निकट मारा गया आतंकवादी गांव भोलेके का निशान सिंह है । यह खालिस्तान कमांडो फोर्स का स्वयंभू एरिया कमांडर था और 6 हत्याओं में वांछित था । दूसरा आतंकवादी थाना सदर बटाला के गांव एम्मां के निकट मारा गया गांव नथवाल का दविन्दर सिंह दिन्दा था । इस खूंखार आतंकवादी को 1986 में गिरफ्तार करके इसके कब्जे से चीनी थामसन गन व हथगोले बरामद किए गए थे । फरवरी 1988 में जमानत होने के बाद यह भगौड़ा हो गया था । यह 9 हत्याओं के लिए पुलिस को वांछित था ।

अधिकारिक सूत्रों ने पत्रकारों को बताया कि गत रात थाना सदर बटाला के गांव एम्मां व तलवंडी झिकुरां के मध्य बी.एस.एफ. व पुलिस ने नाका लगा रखा था । तीन संदिग्ध युवकों को आते देखकर जब रुकने के लिए कहा गया तो उन्होंने अंधाधुंध फायरिंग बी.एस.एफ. व पुलिस की नाका पार्टी पर शुरू कर दी । नाकापार्टी ने भी जवाब में फायरिंग की । इसपर संदिग्ध आतंकवादियों ने नाका पार्टी पर दो हथगोले फैंके, उनके विस्फोट से सुरक्षा बलों के जवान बाल-बाल बच गए । सूत्रों ने कहा कि मुठभेड़ के समय अंधेरे के साथ-साथ तेज बरसात हो रही थी, जिस कारण दो संदिग्ध आतंकवादी फरार होने में सफल हो गए और एक मारा गया ।

मुठभेड़ वाले क्षेत्र से चीनी असाल्ट राइफल ए.के. 47 व 315 बोर राइफल की काफी चली गोलियां, फटे हथगोलों के अवशेष व काफी संख्या में आग्नेयास्त्र मिले हैं ।

दूसरी मुठभेड़ थाना फतेहगढ़ चूड़ियां के गांव छिछरेवाल के निकट बी.एस.एफ. व पुलिस और संदिग्ध आतंकवादियों के मध्य हुई । इसमें भी एक आतंकवादी मारा गया और उसके अन्य साथी तेज वर्षा व अंधेरे का लाभ उठा भाग गए । मृत आतंकवादी के निकट से एक 38 बोर का रिवाल्वर 6 चले व 10 अनचले कारतूस मिले हैं ।

दो के विरुद्ध केस दर्ज

होशियारपुर (सम्वाददाताओं से): मुकेरियां पुलिस ने बहबलपुर मंज ग्राम के तेगा सिंह तथा अटलगढ़ ग्राम के शरणजीत सिंह के विरुद्ध केस दर्ज करके जांच आरम्भ कर दी है । पुलिस सूत्रों के अनुसार इनके पास कई आतंकवादी आकर शरण लेते थे ।

रात्रि के समय दोहरी सवारी पर प्रतिबंध

जिला मैजिस्ट्रेट श्री जी.एस. संधु ने एक आदेश जारी करके जिला भर में रात्रि 8 बजे से प्रातः 6 बजे तक मोटर साइकलों, स्कूटरों व मोपेड वगैरा पर दोहरी सवारी बिठाने पर प्रतिबंध लगा दिया है । यह आदेश 31 अगस्त तक लागू रहेगा । एक अन्य आदेश द्वारा श्री संधु ने आम दुकानें रात्रि साढ़े सात बजे तथा शराब के ठेके, ढाबे, हलवाई, बेकरी, कैमिस्टों, पान सिगरेट, फल व सब्जी की दुकानें रात्रि साढ़े नौ बजे तक खुली रखने के निर्देश दिए हैं ।

2 भाइयों की हत्या

अमृतसर (वि.प्र.): संदिग्ध आतंकवादियों ने आज सुबह अमृतसर जिले के थाना तरनतारन के तहत गांव कल्ला में दो भाइयों गुरनाम सिंह तथा खजान सिंह की हत्या कर दी । बताया जाता है कि 5-6 आतंकवादी प्रातः चार बजे के लगभग गुरनाम सिंह के घर में घुसे तथा रिवाल्वरों से गोलियां चलाकर उसे व उसके भाई को मार डाला । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी ।

वेरका की अंत्येष्टि

'भाटिया' के अनुसार इंका नेता श्री मनजीत सिंह वेरका जिनकी कल उग्रवादियों ने हत्या कर दी थी, का आज उनके गांव वेरका में अन्तिम संस्कार कर दिया गया । इस मौका पर भारी संख्या में राजनीतिक दलों के सदस्य व आम लोग मौजूद थे । जिला कांग्रेस कमेटी देहाती के प्रधान श्री अजीत सिंह मान, महासचिव खैरायती लाल शर्मा, गुरसेवक सिंह, बृज भूषण मेहरा व दरबारी लाल भी इस अवसर पर उपस्थित थे । भूतपूर्व मंत्री जी.एस. ढिल्लों, सांसद आर.एल. भाटिया, जत्थेदार सोहन सिंह जलालुस्मान आदि ने शोक संदेश भेजे ।

घुसपैठिया मारा गया

गत रात सीमा सुरक्षा बल ने थाना घरेंडा के गांव पुल कंजरी में एक पाकिस्तानी घुसपैठिये को मार गिराया । उसके 2 साथी वापस पाकिस्तान भाग जाने में सफल हो गए ।

दो आतंकवादी असले सहित काबू

बाबा बकाला से 'मेहरा' के अनुसार थाना ब्यास की पुलिस ने बाबा बकाला के ड्रेन के पुल पर नाकाबंदी के दौरान दो आतंकवादियों संतोख सिंह निवासी जसपाल तथा नाथ सिंह उर्फ नाथी निवासी कालेके को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से एक दोनाली बंदूक, सात जीवित कारतूस तथा एक 32 बोर की पिस्तौल व उसके 4 कारतूस बरामद किए हैं ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

विपक्षी दलों की 'फैडरल पार्टी' बनाने पर गम्भीर विचार-विमर्श

नई दिल्ली, 3 जुलाई (हस.): विभिन्न विपक्षी ग्रुपों में सत्तारूढ़ इंका के राष्ट्रीय विकल्प के रूप में प्रस्तावित 'फैडरल पार्टी' के झंडे तले एकत्र होने के लिए बातचीत चल रही है ।

हरियाणा तथा आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्रियों श्री देवी लाल तथा श्री एन.टी. रामाराव सहित अनेक विपक्षी नेता, जो कि इस दिशा में कार्य कर रहे हैं, श्री देवी लाल द्वारा विपक्ष की एकता के लिए रखे गए प्रस्तावों पर इस माह के अंत में आयोजित बैठक में विचार-विमर्श करेंगे ।

जिन पार्टियों के फैडरल पार्टी में शामिल होने की आशा इन दोनों मुख्यमंत्रियों को है वे हैं—लोकदल, जनता पार्टी, तेलगू देशम, कांग्रेस (स), द्रमुक, जन मोर्चा तथा असम गण परिषद् ।

श्री देवी लाल ने आज यहां सम्वाददाताओं से बातीचीत करते हुए कहा कि जो दल इस पार्टी के अंतर्गत आना चाहते हैं उन्हें श्री वी.पी. सिंह को अपने नेता के रूप में स्वीकार करना होगा । उन्होंने कहा कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो नेतृत्व का प्रश्न फैडरल पार्टी को तोड़ सकता है ।

विपक्षी दलों को प्रस्तावित पार्टी के सम्बन्ध में जो प्रस्ताव भेजा गया है उसमें कहा गया है कि इस नई पार्टी का गठन समान संविधान कार्यक्रम व एक चुनाव चिन्ह के आधार पर होना चाहिए ।

यह नया दल वामपंथी दलों के साथ चुनाव गठजोड़ भी कर सकता है, परन्तु भारतीय जनता पार्टी के साथ गठजोड़ के बारे में किसी प्रकार की पूर्व शर्त स्वीकार नहीं की जाएगी ।

फैडरल पार्टी में शामिल होने वाले दलों के सांसदों व विधायकों को एक नेता के अन्तर्गत संयुक्त संसदीय दल अथवा संयुक्त विधायक दल का गठन करना होगा ।

भजन लाल अरुण नेहरू से मिले

इस बीच पता चला है कि केंद्रीय कृषि मंत्री श्री भजन लाल ने हाल ही में नई दिल्ली के छतरपुर फार्म में जाकर जनमोर्चा के नेता श्री अरुण नेहरू से महत्वपूर्ण मुलाकात की ।

एन.टी. रामाराव अध्यक्ष बनेंगे !

चंडीगढ़ (वि.प्र.): पता चला है कि हरियाणा के मुख्यमंत्री द्वारा प्रस्तावित फैडरल पार्टी का अध्यक्ष आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री एन.टी. रामाराव को बनाने पर विचार किया जा रहा है । इस सम्बन्ध में अनेक विपक्षी दलों के नेताओं की राष्ट्रीय स्तर पर बातचीत भी हुई है ।

छोटी सी बात

रंगा

मेरी नजर में इंका की केवल देखने में ही हार हुई है पर वी.पी. सिंह की तो नैतिक रूप से हार हुई है ।

—गुलाम नबी आजाद

भाई साहब गुलाम साहब भी तो देखने में स्वस्थ दिखाई देते हैं । इससे उन्हें क्या फर्क पड़ता है कि इंका नैतिक रूप से स्वस्थ है या अस्वस्थ ।

उद्योगपति की पुलिस हिरासत में रहस्यपूर्ण मृत्यु

लुधियाना, 3 जुलाई (आहूजा): गत दिवस यहां कोतवाली में जालन्धर के एक उद्योगपति श्री धर्मवीर जैरथ की पुलिस हिरासत में रहस्यमय ढंग से मृत्यु हो गई । मृतक धर्मवीर के छोटे भाई अमृतलाल जैरथ के अनुसार वे अपने कुछ सम्बन्धियों के साथ लुधियाना आए हुए थे । यहां कैलाश सिनेमा चौक में स्थित पुलिस चौकी के कुछ कर्मचारियों ने यह कह कर अपने साथ चलने को कहा कि आपके पास जो गाड़ी है, संदेह है कि वह चोरी की है । श्री धर्मवीर को एक घंटे तक चौकी में बिठा कर सिटी कोतवाली भेज दिया गया जहां सिटी इंस्पैक्टर जब उनसे पूछताछ कर रहे थे तो उन्हें दौरा पड़ गया, जिस पर पुलिस वालों ने प्राइवेट डाक्टर बुलाकर धर्मवीर को एक इंजैक्शन लगवाया और उनके साथ आए आदमियों को कहा कि आप इन्हें अस्पताल ले जाएं । जब धर्मवीर को बाऊन अस्पताल ले जाया गया तो डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया ।

Punjabi Samachar

तरनतारन के निकट गांव कल्ला में आतंकवादियों द्वारा मारे गए दो भाई (ऊपर) खजान सिंह व (नीचे) गुरनाम सिंह । (छाया : पन्नू)

आतंकवादी, घुसपैठिया मरा

(पृष्ठ 3 का शेष)

थाना ब्यास के एस.एच.ओ. राजेन्द्रपाल शर्मा ने पत्रकारों को बताया कि ये आतंकवादी पुलिस को कई मामलों में वांछित थे तथा उनके आतंकवादी होने के सबूत पुलिस के पास हैं । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है ।

शव बरामद

गत रात गुरदासपुर जिला में छोटेपुर ग्राम से एक शव बरामद हुआ है । शव पर तेजधार हथियारों के निशान हैं ।

5 आतंकवादी, 6 शरणदाता पकड़े

लुधियाना (मुसाफिर): जिला पुलिस ने 5 आतंकवादियों तथा उनके 6 शरणदाताओं को गिरफ्तार किया । एस.एस.पी. ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ आतंकवादी बोंडगां (रायकोट) में इकट्ठे हो रहे हैं । वहां छापा मारा गया । इनका कार्यक्रम हथियार खरीदने के लिए शराब के ठेके तथा पैट्रोल पम्प लूटना था । आतंकवादियों के नाम मेला सिंह कमालपुर, बचित्तर सिंह कमालपुर बाबू सिंह कलसियां अहमदगढ़, इंद्रजीत सिंह भैनी बोंडिग, हरजीत सिंह हलवाड़ा हैं । इनसे अलग-अलग बोर के दो पिस्तौल व कई कारतूस बरामद हुए । जो आश्रयदाता पकड़े गए हैं उनमें अवतार सिंह, अमरजीत सिंह, हरपाल सिंह, हरबीर सिंह, हरभजन सिंह व पूर्ण सिंह शामिल हैं । उनसे 3 पिस्तौल व अनेक कारतूस मिले ।

स्कूटर छीना

जालन्धर (डल्ल): आज यहां से थोड़ी दूर गांव गाखलां के निकट दो सशस्त्र उग्रवादियों ने पिस्तौल की नोक पर एक व्यक्ति जसवीर सिंह को रोक कर उसका स्कूटर नं. पी.यू.एक्स. 1781 छीन लिया और फरार हो गए ।

सुरक्षा बल पर फायरिंग

नकोदर थाना के गांव बौर में एक सुरक्षा बल चौकी पर कुछ हथियारबंद व्यक्तियों ने फायरिंग की जिस पर सुरक्षा बलों ने जबाबी फायरिंग की । हमलावर फरार हो गए । दोनों ओर कोई घायल नहीं हुआ ।

मलोट के निकट हत्या

जिला फरीदकोट में मलोट के निकट उग्रवादियों ने एक व्यक्ति निरंजन सिंह की हत्या कर दी । हत्यारे फरार हो गये ।

एक और घुसपैठिया मरा

फाजिल्का सैक्टर में आज तड़के भी बी.एस.एफ. से मुठभेड़ में एक पाक घुसपैठिया मारा गया । उसका साथी पाक भाग गया ।

पिस्तौल सहित गिरफ्तार

धूरी (सिंगला): बरनाला पुलिस ने खुडी कलां के अजायब सिंह को गिरफ्तार करके उससे एक पिस्तौल तथा कुछ कारतूस बरामद किए ।

कूड़ा-कर्कट से बिजली !

कोचीन, 3 जुलाई : त्रिवेंद्रम देश का एकमात्र ऐसा शहर है, जहां रोज 600 टन कूड़ा-कर्कट जमा होता है । इस कूड़ा-कर्कट, जिसे प्रायः 'भरती' के काम में उपयोग किया जाता है, से प्रति वर्ष 50 मिलियन यूनिट बिजली पैदा की जा सकती है ।

भंडारा

जालन्धर, 3 जुलाई : मोहल्ला न्यू प्रेम नगर के शिव मंदिर में ज्योतिषी जुगल किशोर के अनुरोध पर तपस्वी स्वामी जयराम दास की अध्यक्षता में चल रहे भागवत सप्ताह की समाप्ति 4 जुलाई को होगी । 5 जुलाई को भंडारा होगा ।

Punjab Sanad

पंजाब में आतंकवादियों द्वारा 6 हत्याएं

चंडीगढ़, 4 जुलाई (वार्ता, ह.स.): आतंकवादियों ने गत 24 घंटों के दौरान पंजाब में 6 व्यक्तियों की हत्या कर दी जबकि 2 अन्य को घायल कर दिया । अमृतसर पुलिस ने 5 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया ।

आतंकवादियों की नई रणनीति

अमृतसर (वार्ता): अमृतसर जिले में आतंकवादी अब अपनी गतिविधियां शहरी इलाकों में केंन्द्रित कर रहे हैं । आप्रेशन ब्लैक थंडर के बाद आतंकवादियों द्वारा की गई हत्याओं की समीक्षा से पता चलता है कि किसी एक आतंकवादी हमले में पांच या उससे अधिक व्यक्तियों की हत्या के सिर्फ तीन मामले सामने आए हैं जबकि आप्रेशन ब्लैक थंडर से पहले आतंकवादी किसी व्यक्ति के पुलिस मुखबिर होने के शक में उसके पूरे परिवार की ही हत्या कर देते थे ।

अमृतसर के पुलिस प्रमुख सरेश अरोड़ा के अनुसार आतंकवादी अब अपनी गतिविधियों के लिए छोटी गलियों और भीड़-भाड़ वाले इलाके चुनते हैं जैसे कटड़ा आहलुवालिया और शिवाला भाइयां, जहां हाल ही में हुए दो बम विस्फोटों में 57 लोग मारे गए थे । इसके अलावा आतंकवादी कोई बड़ा हत्या कांड करने से पूर्व इसकी पूरी रूपरेखा तैयार करते हैं । इसका उदाहरण शिवाला भाइयां में हुआ बम विस्फोट है । आतंकवादियों ने इस मन्दिर में गत 30 मई को सोमवार के दिन बम विस्फोट किया जब वहां श्रद्धालुओं की सब से अधिक भीड़ होती है । यहां अधिकारी यह मानते हैं कि कटड़ा आहलुवालिया में हुए बम विस्फोट ने प्रशासन को आतंकवादियों की इस तरह की नई गतिविधियों से चौकन्ना कर दिया ।

अमृतसर में पुलिस अब भीड़-भाड़ वाले इलाकों में विशेषकर शाम को अधिक सतर्कता बरत रही है । केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के अधिकारी तथा जवान इन इलाकों में न सिर्फ लावारिस वाहनों की जांच-पड़ताल करते हैं बल्कि पार्किंग स्थल में खड़े वाहनों पर भी कड़ी निगरानी रखते हैं । श्री अरोड़ा ने स्वीकार किया कि ये उपाय आतंकवादी गतिविधियों को रोकने के लिए पूरी तरह सक्षम नहीं हैं लेकिन सभी वाहनों पर निगरानी रखना भी सम्भव नहीं है ।

दिल्ली-पठानकोट और बटाला में हुए बम विस्फोटों के लिए पुलिस अब तक बब्बर खालसा गुट को जिम्मेदार मानती रही है लेकिन कटड़ा आहलुवालिया में हुए बम विस्फोट के बाद अमृतसर के पुलिस प्रमुख ने स्वीकार किया कि बम बनाने की तकनीक अन्य आतंकवादी गुटों ने भी हासिल कर ली है । श्री अरोड़ा के अनुसार आम लोगों को निशाना बनाने के लिए आतंकवादी टाइम बम का इस्तेमाल करते हैं लेकिन किसी विशेष व्यक्ति को अपना निशाना बनाने के लिए वे सुदूर नियंत्रण प्रणाली से विस्फोट करते हैं ।

अमृतसर के बैंकों में भारत-तिब्बत सीमा पुलिस को मैटल डिटेक्टर द्वारा प्रत्येक ग्राहक की जांच के लिए तैनात किया गया है । इसके अलावा आतंकवादी गतिविधियों से निपटने के लिए गुजरात पुलिस के जवान भी यहां पहुंच चुके हैं ।

एक अधिकारी ने यहां कहा कि लावारिस वाहनों को खड़े करने से रोकने का सर्वोत्तम तरीका यह है कि पार्किंग स्थलों का नियंत्रण सिटी ट्रैफिक पुलिस सम्भाले । इससे सरकार को आय भी हो सकती है ।

4 की हत्या

अज्ञात संख्या में आतंकवादियों ने जिला अमृतसर के थाना सरहाली के गांव नवां बड़ियां में 4 व्यक्तियों की आज बाद दोपहर गोलियां मार कर हत्या कर दी । सभी उग्रवादी ट्रकों में सवार थे ।

दो घायल

अमृतसर से मिली एक सूचना में कहा गया है कि जिले के हब्बोवाल गांव में तीन आतंकवादियों ने कल रात बलकार सिंह को तब गोली मार कर घायल कर दिया जब वह अपने खेत से घर लौट रहा था । जिले के ही गगोभूआ गांव में कल देर रात तीन आतंकवादियों ने बलबीर सिंह को गोली मार कर घायल कर दिया । आतंकवादी उसके मकान में घुस गए और जब आतंकवादियों द्वारा लूटपाट की कोशिश का विरोध किया तो आतंकवादियों ने गोली चला कर उसे घायल कर दिया । इन दोनों घटनाओं में घायल हुए दोनों व्यक्तियों को अमृतसर के सिविल अस्पताल में ले जाया गया ।

5 आतंकवादी गिरफ्तार

अमृतसर पुलिस ने आज पांच आतंकवादियों को गिरफ्तार करके उनसे हथियार और गोली-सिक्का बरामद किया । आतंकवादियों की पहचान भीमा, मनजीत सिंह, मलकीयत सिंह, सुखविंदर सिंह तथा जसवन्त सिंह के रूप में हई है । यह सभी थाना व्यास के गांव वजीर भुल्लर के निवासी हैं । यह सभी पुलिस को डकैती, हत्या के प्रयास और लूट की वारदातों में वांछित थे ।

छः घुसपैठिए गिरफ्तार

कल रात जिला अमृतसर में वाघा सीमा पर सीमा सुरक्षा बल ने छः पाकिस्तानी घुसपैठियों को गिरफ्तार किया ।

नकदी, जेवर लूटे

आतंकवादियों ने गत रात बटाला पुलिस जिला में श्रीहरगोबिंदपुर में एक व्यक्ति तरसेम सिंह के घर से 83,000 रुपए मूल्य के सोने के जेवर और नकदी लूट ली ।

आतंकवादी व संदिग्ध व्यक्ति गिरफ्तार

संगरूर (गर्ग): जिले में गत 24 घंटे के दौरान पुलिस ने तीन आतंकवादियों सहित 16 असामाजिक तत्वों को गिरफ्तार किया है । इनके कब्जे से तीन पिस्तौलों सहित भारी मात्रा में कारतूस बरामद हुए हैं । इन तीन आतंकवादियों की शिनाख्त बलविंदर सिंह वासी मनसी वाला, जगदीप सिंह वासी पायल तथा बलिहार सिंह वासी गोबिन्दगढ़ के रूप में की गई है ।

पूछताछ के दौरान इन्होंने स्वीकार किया है कि वे एक समुदाय विशेष के लोगों की हत्या तथा बैंक डकैती की योजना बना रहे थे । इनके कब्जे से एक चोरीशुदा स्कूटर पी.जे.पी. 7104 भी बरामद हुआ है । उन्होंने बताया है कि उनका लक्ष्य खालिस्तान बनाना है । पूछताछ के दौरान और भी कई रहस्योद्घाटन होने की सम्भावना है ।

50 हजार रुपए लूट लिए

'गोयल' के अनुसार आज तीन स्कूटर सवार आतंकवादियों ने थाना शेरपुर के गांव पंज गराइयां के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र से बंदूक की नोक पर पचास हजार रुपए लूट लिए । एस.एस.पी. श्री ज्ञान सिंह ने बताया कि यह रुपया खजांची स्टाफ के वेतन के लिए लाया था । एस.एस.पी. ने बताया कि मालेरकोटला पुलिस ने एक पुल पर नाकाबंदी करके बलदार सिंह गोबिंदगढ़ को गिरफ्तार किया और उसके कब्जे से 32 बोर का पिस्तौल व दो कारतूस बरामद किए ।

एक अन्य सूचना के अनुसार आतंकवादी 61613 रुपए लूट कर ले गए ।

'सिंगला' के अनुसार उग्रवादी कर्मचारियों को एक कमरे में बंद करके नीले रंग के स्कूटर पर फरार हो गए ।

एक व्यक्ति की हत्या

मोगा (वार्ता): मोगा सदर थाना के गांव जोगेवाल में दो आतंकवादियों ने एक व्यक्ति की हत्या कर दी । आतंकवादी दरबारा सिंह नामक व्यक्ति के घर में घुसे तथा उसे गोली मार कर फरार हो गए । दरबारा सिंह की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी ।

कथित हत्यारे गिरफ्तार

कपूरथला (शर्मा): उप-पुलिस अधीक्षक सरदार केहर सिंह ने बताया कि थाना ढिलवां के गांव रायपुर राईयां में 8.3.88 को सशस्त्र आतंकवादियों ने गोलियां मार कर एक आटा चक्की मालिक श्री ओम प्रकाश दत की निर्मम हत्या कर दी थी । इस हत्या केस के दो अपराधी आतंकवादियों सतपाल सिंह उर्फ पप्पू (पक्कोवाल) तथा सुखदेव सिंह उर्फ दीपा (मंड रायपुर) को गिरफ्तार करके पुलिस ने उनके कब्जा से दो बंदूकें 12 बोर बरामद

(शेष पृष्ठ 6 पर)



Punjab Sanatan

की हैं । पूछताछ जारी है । पुलिस इन आतंकवादियों के दो शेष साथियों बलविंद्र सिंह तथा दिलबाग सिंह को गिरफ्तार करने के लिए सक्रिय है ।

रिवाल्वर छीना

जालन्धर (न.न.ए.): गत रात थाना नवांशहर के गांव गढ़ी अजीत सिंह के सरपंच तरसेम सिंह से कुछ आतंकवादियों द्वारा पिस्तौल की नोक पर उसका एक रिवाल्वर .32 बोर व उसके 12 कारतूस छीन ले जाने की सूचना मिली है । इस सम्बन्ध में थाना नवांशहर की पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

बंदूक, बीस कारतूस छीने

फिल्लौर (भाखड़ी): यहां के निकटवर्ती गांव सतपालों के नम्बरदार सलविंदर सिंह से उसकी रिवाल्वी बंदूक व बीस कारतूस तीन व्यक्तियों द्वारा पिस्तौल की नोक पर छीनने की सूचना मिली है । पुलिस ने दावा किया है कि अभियुक्तों की शिनाख्त कर ली गई है । गिरफ्तारी शीघ्र सम्भावित है ।

जालंधर पुलिस ने नकोदर थाना क्षेत्र के ग्राम टूट ब्लां के तीन लोगों सतनाम सिंह, हरबंस सिंह व एक अन्य सतनाम सिंह को उग्रवाद निरोधक कानून के अंतर्गत गिरफ्तार कर लिया ।

लुधियाना (महिन्द्रा): जिला मैजिस्ट्रेट श्री एस.एस. बराड़ ने एक आदेश जारी किया है जिसके द्वारा लुधियाना से कोई भी यात्री बस रात्रि 7 बजे से प्रातः 5.30 बजे तक नहीं चलेगी । यह आदेश तत्काल लागू होकर एक सितम्बर तक जारी रहेगा ।

फगवाड़ा (राकेश): गत दिवस स्थानीय पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान सतनामपुरा क्षेत्र में एक टैम्पो में सवार एक व्यक्ति कुलदीप को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से दस लाख 35400 रुपए बरामद किए थे। अदालत ने उसका 5 जुलाई तक पुलिस रिमांड दे दिया है ।

कल स्थानीय थाना सदर पुलिस ने गश्त के दौरान गांव चक साबू थाना फिल्लौर के एक व्यक्ति के कब्जे से 5 कारतूस बरामद किए थे, को अदालत ने 17 जुलाई तक न्यायिक जेल भेज दिया है ।

हत्या

पटियाला से भूषण के अनुसार जुल्का थाना के ग्राम किशनपुरा में दो उग्रवादियों ने खियोना राम नामक एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर व उसके बेटे जोगेंद्र सिंह को घायल कर दिया । दोनों खेत मजदूर थे । घटना के समय दोनों किराने की दुकान से सामान खरीद रहे थे ।

एक घुसपैठिया मरा

गुरदासपुर जिले के नरोट क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने एक पाक घुसपैठिया मार गिराया । उसके दो साथी फरार हो गए ।

पंजाब में 9 व्यक्तियों की हत्या, 1 आतंकवादी, 3 घुसपैठिये मारे गए

मोगा के निकट 2 'एरिया कमांडरों' सहित के.सी.एफ. के 10 आतंकवादी गिरफ्तार

बिजली बोर्ड के कैशियर को घायल करके लूट लिया

चंडीगढ़, 5 जुलाई (वार्ता, ह.स.): पंजाब में कल रात से आतंकवादियों ने एक परिवार के 3 सदस्यों सहित 9 व्यक्तियों की हत्या कर दी । एक आतंकवादी तथा 3 घुसपैठिये मुठभेड़ों में मारे गए । एक सरकारी प्रवक्ता ने कहा कि जिला अमृतसर में चार हत्याएं आतंकवादियों के गुट संघर्ष का परिणाम हैं । जिला फरीदकोट में 10 आतंकवादी पकड़े गए जिनमें 'खालिस्तान कमांडो फोर्स' के दो स्वयंभू एरिया कमांडर भी शामिल हैं । अमृतसर में बिजली बोर्ड के एक कैशियर को गम्भीर रूप से घायल करके नकदी लूट ली गई ।

2 की हत्या

आज रात्रि अमृतसर के झब्बाल थाना क्षेत्र के ग्राम मौरे में उग्रवादियों ने ग्राम के सरपंच जगतार सिंह व उसके मित्र दर्शन सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

कैशियर को घायल कर दिया

अमृतसर (वि.प्र.): आज दोपहर 12.30 बजे के करीब अमृतसर से बाहर बटाला रोड पर आबादी विजय नगर में दो आतंकवादियों ने बिजली बोर्ड कार्यालय की ईस्ट सब डिवीजन के कैशियर एजकुमार भंडारी को गोलियां मारकर गम्भीर रूप से घायल कर दिया और 14 हजार रुपए नकद व 28-29 हजार रुपए के चैक छीन कर फरार हो गए । घायल कैशियर को नाजुक हालत में सरकारी अस्पताल में दाखिल कराया गया । उसकी छाती और बाजू में गोलियां लगी हैं । कहा जाता है कि वह अपने दफ्तर से लगभग 150 गज की दूरी पर बैंक में नकदी जमा कराने जा रहा था कि आतंकवादियों ने हमला कर दिया ।

2 व्यक्तियों की हत्या

तरनतारन से 'पन्नू' के अनुसार गत रात लगभग साढ़े दस बजे यहां से 12 किलो मीटर दूर सदर थाना क्षेत्र के गांव कंग में कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने गोलियां मारकर दो व्यक्तियों हरजाप सिंह (36) पुत्र तेजा सिंह रिटायर्ड डी.एस.पी. तथा काला सिंह (26) पुत्र लछमन सिंह की हत्या कर दी । बताया जाता है कि हरजाप सिंह उस समय अपने नौकर काला सिंह के साथ खेतों को पानी देने ट्यूबवैल पर गया था इतने में आतंकवादी वहां आ गए । उन्होंने दोनों के बाजू बांध दिए तथा उन्हें मजहबी सिखों के श्मशान घाट में ले गए । वहां दोनों को बुरी तरह मारपीट की गई तथा आतंकवादियों ने हरजाप सिंह से उसकी 315 बोर की बंदूक मांगी । उसके द्वारा इन्कार किए जाने पर वे उसके घर गए तथा उसकी पत्नी से राइफल मांगी । उसने भी इन्कार कर दिया लेकिन तलाशी लेने के लिए घर की चाबियां उनके हवाले कर दीं । राइफल न मिलने पर वे वापस आ गए । तथा आते ही हरजाप सिंह व काला सिंह की गोलियां मारकर हत्या कर दी । उक्त गांव में सी.आर.पी. की चौकी है । सूचना मिलने पर सी.आर.पी. वहां पहुंच गई । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

मृतकों की पहचान

तरनतारन के करीबी गांव वरिया में अज्ञात व्यक्तियों ने जिन चार लोगों की हत्या की थी, उनकी पहचान अमरजीत सिंह, सीतल सिंह (दोनों भाई), अजीत सिंह तथा दलविंदर सिंह के रूप में हुई है । अमरजीत का बड़ा भाई सरपंच है । इन लोगों के पांचवें साथी ने भागकर जान बचाई ।

अकाली नेता सहित 3 की हत्या

रैया से जसपाल और बाबा बकाला से मेहरा के अनुसार गत रात 9 बजे यहां से कुछ किलो मीटर दूर गांव शाहपुर में 4-5 आतंकवादियों ने एकीकृत अकाली दल ब्यास क्षेत्र के महासचिव समेत तीन व्यक्तियों की अंधाधुंध फायरिंग करके हत्या कर दी । मृतकों के नाम सुरजीत सिंह (28), अमृत सिंह (25) तथा उसकी मां हरबंस कौर हैं । इस गोलीबारी में उनका मामा कृपाल सिंह, बलजीत सिंह पुत्र दर्शन सिंह घायल हो गए । इसके साथ ही घर की एक स्त्री अमृत कौर आतंकवादियों से बचने के लिए भागते समय घायल हो गई । तीनों घायलों को अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है जहां उनकी दशा खतरे से बाहर बताई गई है ।

वारदात करने के बाद फरार होते समय आतंकवादियों ने अमृत सिंह के मकान, चक्की तथा दकान को पैट्रोल छिड़क कर आग लगा दी । अमृत सिंह के दो भाई उस समय बाहर चारा काटने गए हुए थे इसलिए वे बच गए ।

वारदात वाले स्थान से खालिस्तान कमांडो फोर्स (एक अन्य सूचना के अनुसार भिंडरांवाला टाइगर फोर्स) के लैटर पैड पर लिखा पत्र मिला है । जिस पर स्वयंभू लैफ्टीनैंट जनरल सुखदेव सिंह झामका

(शेष पृष्ठ 8 पर)

देश भर में हिन्दू मंदिरों को बमों से उड़ाने की धमकी

जालन्धर, 5 जुलाई (वि.प्र.): पंथक कमेटी ने सरकार को सचेत किया है कि यदि उसने दरबार साहब को पंथ के हवाले न किया और गलियारा योजना, जिसका उद्देश्य दरबार साहब को कैदखाना बनाना है, को न त्यागा तो उग्रवादी संगठन देश-भर में हिन्दू मन्दिरों को बमों से उड़ा देने की कार्रवाइयां करेंगे ।

पंथक कमेटी के उक्त विचार एक कैसेट में रिकार्ड किए हुए हैं जो यहां एक सम्वाददाता एजैंसी को गत सप्ताह रजिस्टर्ड डाक द्वारा प्राप्त हुई थी । यह विचार पंथक कमेटी के एक प्रवक्ता ने व्यक्त किए हैं । प्रवक्ता ने कहा कि ब्राह्मण व बानियां सरकार सिखों के उच्च धर्म स्थान पर हमले कर उन्हें मिटा देना चाहती है किन्तु खाड़कू संगठन ऐसा कभी न होने देंगे ।

प्रवक्ता ने यह भी कहा कि उनका उद्देश्य खालिस्तान है और इससे कम खाड़कू कभी कोई चीज स्वीकार न करेंगे । उसने सिख संगतों से कहा है कि यदि इससे कम वह झकेंगे तो संगत उन्हें जो सज़ा देगी, वह स्वीकार करेंगे ।

प्रवक्ता ने सिखों को इस बारे भी सचेत किया है कि यदि खालिस्तान का युद्ध असफल हो गया और जाता है । इस कारण उन पर आलोचना गलत है और जो उन पर आलोचना कर रहे हैं, वे स्वयं अपने गिरेबान में मुंह डाल कर देखें कि उन्होंने दावे किए थे कि उनकी लाशों पर से गुजर कर सेना दरबार साहब में दाखल होगी, मगर स्वयं उन्होंने हाथ खड़े कर हथियार डाल दिए थे ।

प्रवक्ता ने कहा कि एस.जी.पी.सी. कार्यकारिणी ने अप्रैल 1986 के सरबत खालसा के प्रस्तावों की भी अवहेलना की है क्योंकि उसने मुख्य ग्रंथी व जत्थेदार अकाल तख्त नियुक्त किए हैं । इस सब को देखते हुए खाड़कू संगठनों को कह दिया गया है कि

(शेष पृष्ठ 8 पर)

आतंकवादियों द्वारा सामूहिक हत्याओं के लिये नई योजना तैयार : उनका लक्ष्य हिन्दी भाषी क्षेत्र

शिमला, 5 जुलाई (वार्ता): पता चला है कि पंजाब के आतंकवादियों ने सामूहिक हत्याओं में तेजी लाने के लिए एक नई योजना बनाई है । सतर्कता आतंकवादियों की नई कार्रवाई योजना की सूची में हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, मध्य प्रदेश व उत्तर प्रदेश के राज्य शामिल हैं । हिमाचल प्रदेश में परवाणू, सोलन, शिमला, धर्मशाला, ऊना,

Punjab Sahitya

अमृतसर में बटाला रोड पर स्थित बिजली बोर्ड के ईस्ट सब-डिवीजन का कैशियर राज कुमार भंडारी, जिसे उग्रवादियों ने गोलियों से सख्त घायल करके 14000 रुपए कैश तथा 29000 रुपए के चैक लूट लिए।
(छाया : रवि भंडारी)

पंजाब में हत्यायें
(पृष्ठ 3 का शेष)

तथा बलविंदर सिंह शाहपुर एरिया कमांडर के हस्ताक्षर हैं । पत्र में लिखा गया है कि उपरोक्त व्यक्ति सी.आर.पी. के जवानों की चाय-पानी से सेवा करते थे । पत्र में बाबा बकाला के डी.एस.पी. तथा थाना ब्यास के एस.एस.ओ. को भी धमकियां दी गई हैं ।

वारदात वाले स्थान से ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल के पांच तथा कुछ 9 एम.एम.के चले हुए कारतूस मिले हैं । चक्की, मकान तथा दुकान को लगी आग सी.आर.पी. के जवानों ने बुझाई । सुरक्षा बलों ने क्षेत्र की घेराबंदी कर ली तथा आतंकवादियों की तलाश शुरू कर दी ।

उल्लेखनीय है कि सुरजीत सिंह पहले आल इंडिया सिख स्टुडैंट्स फैडरेशन का उपप्रधान रह चुका है । एक अन्य सूचना के अनुसार सुरजीत सिंह के भाई का नाम अमरीक सिंह था ।

झलाड़ी में हत्या

थाना ब्यास के गांव झलाडी में तीन सशस्त्र व्यक्तियों ने जोगेन्द्र सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । रात 11 बजे संदिग्ध व्यक्ति जोगेन्द्र सिंह को घर से उठाकर ले गए जहां उसको गोली मार दी गई । इस कांड की जिम्मेदारी भिडरांवाला टाइगर फोर्स के भूपेन्द्र सिंह भिंदा ने ली है तथा कहा है कि जोगेन्द्र सिंह लूटमार की वारदातें करता था ।

आज शादी थी

शाहपुर के सुरजीत सिंह व झलाडी के जोगेन्द्र सिंह का आज विवाह होना था । दोनों घरों में खुशी गम में बदल गई ।

एक अन्य सूचना के अनुसार शाहपुर कांड में हत्यारों ने परिवार के दो छोटे बच्चों का अपहरण भी कर लिया ।

सरकारी प्रवक्ता का बयान

चंडीगढ़ में एक सरकारी प्रवक्ता ने कहा कि गांव शाहपुर के तीन व्यक्ति तथा झलाड़ी का एक व्यक्ति आतंकवादी गुटों के आपसी संघर्ष में मारे गए । उसने कहा कि सुरजीत का भाई कुलदीप सिंह पहले आतंकवादी गिरोह का सदस्य था । उसका परिवार भी आतंकवादी गतिविधियों में संलिप्त था । उसने बताया कि अब यह परिवार आतंकवादी गतिविधियों से हट रहा था और मुख्य धारा में शामिल होने की कोशिश कर रहा था । प्रवक्ता ने कहा कि यह संदेह है कि यह हत्याएं बलविंदर सिंह के गिरोह ने की हैं । बलविंदर सिंह इसी गांव का निवासी है । इसी गिरोह ने झलाड़ी में जोगेन्द्र सिंह की हत्या की । जोगेन्द्र सिंह भी पहले आतंकवादी गिरोह का सदस्य था और अब अपने आप को सुधार रहा था ।

एक और हत्या

कल रात अमृतसर जिला में गांव धरड़ में एक व्यक्ति कर्मसिंह की हत्या कर दी गई । घटनास्थल पर ए.के. 47 राइफल के तीन खाली कारतूस बरामद हुए ।

7 गिरफ्तार

लुधियाना (महिन्द्रा): लुधियाना पुलिस ने खुफिया सूत्रों से मिली सूचना के आधार पर कई

फरीदकोट पुलिस द्वारा मंगलवार को खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स के 10 आतंकवादियों से बरामद किए राइफल, एक अमरीकी स्टेनगन, 2 पाकिस्तानी 38 व 32 बोर के रिवाल्वर, एक 315 बोर की रा गनें, एक पिस्तौल तथा भारी संख्या में पकड़े गये कारतूस ।

स्थानों पर छापे मारने के पश्चात सात आतंकवादियों को आतंकवाद विरोधी कानून के अधीन गिरफ्तार किया है । इनके विरुद्ध आरोप है कि ये दो उग्रवादियों अजमेर सिंह गांव लोदीवाल तथा गुरजंट सिंह गांव बुधसिंह वाला को, जो कि इश्तहारी मुजरिम करार दिए जा चुके हैं को न केवल शस्त्र सप्लाई करते थे, बल्कि खालिस्तान कमांडो फोर्स के इन दो सदस्यों को शरण भी दिया करते थे । एस.एस.पी. श्री ए.पी. पांडे ने बताया कि ये सात आतंकवादी हरभजन सिंह गांव रामगढ़ भुल्लर, सतपाल सिंह गांव सबड़ी कलां, रछपाल सिंह उर्फ लाली व हरदीप सिंह गांव सिधवां कलां, गुरमीत सिंह गांव बरसाल, गुरुबक्श सिंह गांव खुदाई चक्क तथा हरभजन सिंह उर्फ राजा गांव संगतपुरा पुलिस द्वारा पकड़े गए हैं । इनसे पूछताछ की जा रही है ।

6 उग्रवादी बंदी

जालन्धर से वार्ता के अनुसार नूरमहल थाना क्षेत्र के ग्राम पासला में आज तड़के मारे गए छापे में पुलिस ने 6 उग्रवादियों को गिरफ्तार कर दो चीनी ए.के.-47 असाल्ट राइफलें व भारी परिमाण में गोलियां आदि पकड़ीं । गिरफ्तार लोगों में भूपेन्द्र सिंह व गरमेल सिंह शामिल हैं, जो क्रमशः ग्राम का सरपंच व उसका भतीजा है । उनसे पूछताछ से मिली सूचना के आधार पर कुछ और लोग भी गिरफ्तार किए गए हैं । सरपंच के ट्यूबवैल पर रुड़का ग्राम में पकड़े गए दो उग्रवादियों से मिली सूचना के आधार पर छापा मारा गया था ।

तीन गिरफ्तार

पुलिस ने आज नकोदर के निकट नाकाबंदी के दौरान तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया जिनमें सुरेन्द्र सिंह, गुरमीत सिंह और पप्पू शामिल हैं ।

आतंकवादी मारा गया

थाना नूरमहल के गांव पासला के निकट सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के मध्य हुए जबरदस्त मुकाबले में एक आतंकवादी मारा गया । यह मुकाबला पुलिस तथा प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों की देखरेख में हुआ । दोनों ओर से भीषण गोलीबारी हुई तथा फिल्लौर, नूरमहल तथा जालन्धर से सुरक्षा बलों की कुमुक भेजी गई ।

पठानकोट (गुप्ता): सिटी पुलिस पठानकोट ने दौलतपुर, ढाकी रोड पठानकोट से जसवंत सिंह को धारा 3/4 टी.डी. एक्ट शस्त्र कानून के अधीन गिरफ्तार करके अदालत में पेश किया । अदालत ने 6 जुलाई तक उसका शारीरिक रिमांड दे दिया है । पुलिस के अनुसार जसवंत सिंह अफीम का स्मगलर है तथा पाकिस्तान से हथियार भी लाता रहा है । पुलिस जांच कर रही है ।

3 घुसपैठिये मरे

फिरोजपुर (ह.स.): गत रात्रि ममदोट सैक्टर में बी.एस.एफ. के साथ मुठभेड़ में 3 पाकिस्तानी घुसपैठिये मारे गए ।

दस आतंकवादी गिरफ्तार

फरीदकोट से जिदल तथा मोगा से बांसल के अनुसार आज सुबह फरीदकोट पुलिस ने दो अलग-अलग संलिप्त मुठभेड़ों के बाद खालिस्तान कमांडो फोर्स के दस आतंकवादियों को उनके 2 एरिया कमांडरों समेत गिरफ्तार किया । उनके कब्जे से एक चीनी राइफल, एक अमरीकी स्टेनगन, तीन पाकिस्तानी 38 बोर रिवाल्वर, दो बारह बोर की कट बैरल बंदूकें, एक 315 बोर की राइफल, दो स्कूटर तथा करीब दस दर्जन चले व अनचले कारतूस बरामद किए गए ।

जिला पुलिस प्रमुख श्री गोबिंद राम ने पत्रकारों को बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि 6 आतंकवादी गांव दुनेके के दलीप सिंह के ट्यूबवैल पर इकट्ठे हुए हैं जो पुलिस कर्मचारियों की हत्या करके फरीदकोट पुलिस द्वारा जिला लुधियाना में मारे गए दुर्दांत आतंकवादी बिदरजीत उर्फ शर्मा निवासी दुनेके की मौत का बदला लेना चाहते हैं । पुलिस ने आज प्रातः इस ट्यूबवैल पर छापा मारकर संक्षिप्त मुठभेड़ के उपरांत सभी 6 आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया । गिरफ्तार किए गए आतंकवादियों की पहचान अंग्रेज सिंह एरिया कमांडर के.सी.एफ., विक्रमजीत सिंह, जसविंद्र सिंह निवासी जिला अमृतसर, बलजीत सिंह, दलीप सिंह तथा प्रताप सिंह निवासी मोगा के रूप में की गई । यह आतंकवादी पांच हत्याओं तथा छः लूट-छीना झपटी की वारदातों में शामिल हैं ।

पुलिस प्रमुख के अनुसार एक अन्य मुठभेड़ में चार अन्य आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया जिनमें धर्मकोट, मोगा तथा फिरोजपुर में सक्रिय एरिया कमांडर यादविंदर सिंह उर्फ यादू भी शामिल है । पुलिस और सुरक्षा बलों ने गांव तनखान वध में फरार हुआ आतंकवादी दर्शन सिंह बिल्ला के ट्यूबवैल पर छापा मारा जहां छुपे हुए आतंकवादियों ने पुलिस पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी लेकिन पुलिस पहले ही चौकस थी अतः बिना किसी हानि के वहां छुपे आतंकवादियों में से चार को गिरफ्तार कर लिया गया जबकि दो भाग निकले । पकड़े गए आतंकवादियों में सुरजीत सिंह, जसबीर सिंह व गुरदीप सिंह भी शामिल हैं । यह आतंकवादी 5 हत्याओं, 7 हत्या की कोशिश के मामलों और लूट आदि की वारदातों में संलिप्त थे ।

बाढ़ की जांच का आदेश
(पृष्ठ 3 का शेष)

यात्रियों को सहायता

पंजाबी यूनिवर्सिटी के एक प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि गत रविवार को पटियाला-राजपुरा मार्ग पर आई बाढ़ के कारण यहां फंसे हुए लगभग एक सौ बस यात्रियों के लिए यूनिवर्सिटी द्वारा होस्टलों व गैस्ट हाऊस में उन्हें आवास व भोजन प्रदान किया गया ।

लापरवाह अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई हो : बेअंत

पंजाब प्रदेश इंका के अध्यक्ष श्री बेअंत सिंह आज यहां आए तथा उन्होंने बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों व राहत शिविरों का निरीक्षण किया । उन्होंने कहा कि पटियाला नदी के तटबंधों के प्रति लापरवाही बरतने वाले ड्रेनेज विभाग के अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए । श्री बेअंत सिंह ने स्थानीय इंका कार्यकर्त्ताओं से भी भेंट की तथा उन्हें निर्देश दिया कि वे सहायता कार्य में पूर्ण सहयोग दें ।

मृतकों की संख्या 7 हुई

इस बीच तीन और व्यक्तियों के लापता होने की सूचना मिली है । समझा जाता है कि वे पानी में डूब गए हैं, इससे बाढ़ में मरने वालों की संख्या 7 हो गई है ।

लुधियाना (महिन्द्रा): डिप्टी कमिश्नर श्री एस.एस. बराड़ ने आज यहां बताया कि जिले भर में बाढ़ सुरक्षा के लिए पग उठाए गए हैं और धुस्सी बांध के दो स्थानों के अकलबाल एवं खैरा पर वायरलैस सैट लगाए गए हैं ताकि बाढ़ आने पर कार्यालय को तत्काल सूचित किया जाए । श्री बराड़ ने आगे कहा कि जिला माल अधिकारी के कार्यालय में बाढ़ नियंत्रण स्थल खोला गया है और कार्यकारी इंजीनियर ड्रेनेज विभाग से कहा गया है कि वह जिला माल अधिकारी को प्रतिदिन नहरी रिपोर्ट उपलब्ध कराए । डिप्टी कमिश्नर श्री एस.एस. बराड़ ने आगे बताया कि बाढ़ सुरक्षा के लिए 50 हजार रेत की बोरियां तैयार रखी गई हैं ताकि यदि धुस्सी बांध में बीच आ जाए तो उसे तुरन्त नियंत्रित किया जा सके । उन्होंने आगे बताया कि किश्तियां, इंजन और अन्य बाढ़ सुरक्षा सामान भी तैयार रखा गया है । श्री बराड़ ने कहा कि बाढ़ की हालत में प्रभावित लोगों और पशुओं की सहायता के लिए दवाइयां, खुराक तथा चारे का भी प्रबन्ध किया गया है । उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य के लिए एक कमेटी की स्थापना की गई है ताकि प्रत्येक प्रकार की हालत की समय-समय समीक्षा की जा सके ।

लुधियाना यूथ कौंसिल के अध्यक्ष श्री अशोक कश्यप ने आज यहां कहा कि नगर के प्रमुख क्षेत्रों आजाद नगर, मनोहर नगर, प्रकाशपुरी और अब्दुल्लापुर बस्ती में गलियों और सड़कों की बुरी अवस्था है और सीवरेज बंद पड़े हैं जिससे क्षेत्र में बदबू फैली हुई है । वर्षा का पानी सड़कों में घूम रहा है । उन्होंने नगर निगम से मांग की है कि तुरन्त उचित पग उठाए जाएं ताकि लोगों को राहत मिल सके । श्री कश्यप ने नगर निगम के जाने नम्बर-2 को चेतावनी दी है कि यदि कार्रवाई न की गई तो संबंधित अधिकारियों का घेराव किया जाएगा ।

स्कूल आफ नर्सिंग
डा. राम मनोहर लोहिया अस्पताल
नई दिल्ली

विषय : 3 वर्षीय जनरल नर्सिंग एंड मिडवाइफ़री कोर्स

3 वर्षीय जनरल नर्सिंग एंड मिडवाइफ़री कोर्स में जो 16 सितम्बर, 1988 से आरम्भ हो रहा है, अविवाहित या विधवा, जिनका कोई आश्रित नहीं है, महिला उम्मीदवारों से, जिनकी आयु 1 सितम्बर, 88 को 17 वर्ष से 22 वर्ष के बीच है, और 10+2 या प्री-डिग्री शैक्षिक योग्यताएं, अधिमानतः साईंस ग्रुप, रखती हैं, प्रवेश के लिये **8 अगस्त 1988** तक आवेदन पत्र आमंत्रित हैं । कुल 20 सीटें हैं, जिनमें से 15% अनुसूचित जाति के लिये, 7½% अनुसूचित जनजातियों के लिये आरक्षित हैं । यदि सम्बद्ध वर्गों से कोई उपयुक्त उम्मीदवार उपलब्ध नहीं होती, तो सीटें सामान्य वर्ग से पुर की जाएंगी ।

आवेदन पत्र, ट्यूटर-कार्यालय से किसी कार्य दिवस को 14 जुलाई, 1988 से सुबह 11 बजे व अप 1 बजे के बीच शनिवार/रविवार और अवकाशों के अलावा, प्राप्त किए जा सकते हैं । बाहर की उम्मीदवारों को नर्सिंग सुपरिटैंडैंट, को सादे कागज़ पर अपना पता लिखे और डाक टिकट लगे लिफाफे के साथ, आवेदन पत्र की सप्लाई के लिये, 31 जुलाई, 1988 तक आवेदन करना चाहिए ।

50% अंकों से कम के साथ पास उम्मीदवारों को आवेदन करने की आवश्यकता नहीं । उच्चतम आयु सीमा में अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों की उम्मीदवारों के सम्बन्ध में 5 वर्ष तक छूट दी जाएगी ।

JD/Davp/553/16/88/Adll/1.7.88.

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

तीर्थ यात्रा

24 जुलाई गुरुपूर्णिमा पर अमरनाथ, श्रीनगर, गुलमर्ग पहलगांव, वैष्णोदेवी, चामुंडा, ज्वालाजी, चिन्तपूरनी, किराया 350/-, मिलें : सुमित ट्रैवल्स, सामने मंदिर माईबौनी, चौड़ी सड़क, लुधियाना, फोन : 20393.

प्रवेश सूचना

Admission Guidance for D. Pharmacy Admission started contact Guru Gobind Singh College, Mohan Nagar, Amritsar.

Admission Notice 1988-89 Shaheed Bhagat Singh College, 2203/21-C, Chandigarh. Matric-Punjab, Delhi, Bihar (September) without previous qualification. 10+2—(Direct) one year gap after Matric. B.A./B.Com./B.Sc. (Direct) 3 years gap after prep. M.A./M.Com./M.Sc. (Math)—One sitting. R.M.P.—Patna Valid for practice. B.Ed./J.B.T./O.T./L.T. (Correspondence & Regular).

फोटोस्टेट

बढ़िया फोटोस्टेट टाइप-काम तथा स्टेशनरी वस्तुओं के लिए कृपया पधारें : एशियन ब्राइट सैंटर, प्रेमगढ़ लेन, फगवाड़ा रोड, होशियारपुर ।

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 5.7.88,60/- without trays. NECC Suggested Retail Price 8/- per Dozen.

रोज़गार

बैंक, वायुसेना, रेलवे में भर्ती के इच्छुक मैट्रिक पास 12/- रुपये मनिआर्डर भेजकर फार्म प्राप्तकरें मंगवायें । नैशनल कालेज, सनौली रोड, पानीपत । (JD)

नाम परिवर्तन

I, Parshotam Lal S/o Sh. Pritu Ram

फरीदकोट पुलिस द्वारा मंगलवार को खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स के 10 आतंकवादियों से बरामद किया गया असला,जिसमें एक चीनी ए.के. 47 राइफल, एक अमरीकी स्टेनगन, 2 पाकिस्तानी 38 व 32 बोर के रिवाल्वर, एक 315 बोर की राइफल, दो 12 बोर की कटी हुई नाली की गनें, एक पिस्तौल तथा भारी संख्या में पकड़े गये कारतूस । (छाया : जिंदल)

Punjabi Sanjal

2 सगी बहनों सहित पंजाब में 3 की हत्या, आतंकवादी मारा गया

कटड़ा आहलुवालिया बम कांड का एक और घायल चल बसा

रोपड़ में 2 उग्रवादियों द्वारा आत्म-समर्पण

चंडीगढ़, 6 जुलाई (वार्ता, ह.स.): पंजाब में गत 24 घंटों के दौरान आतंकवादियों ने दो सगी बहनों समेत 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी, एक कुख्यात आतंकवादी मुठभेड़ में मारा गया जबकि कटड़ा आहलुवालिया बम कांड का एक और घायल दम तोड़ गया । विभिन्न स्थानों पर लगभग एक दर्जन आतंकवादी गिरफ्तार किए गए । रोपड़ में 2 उग्रवादियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया ।

दो बहनों की निर्मम हत्या

अमृतसर (वि.प्र.): यहां पुलिस मुख्यालय में मिली सूचना के अनुसार गत रात 11 बजे के लगभग सात सशस्त्र आतंकवादियों ने जो ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफलों से लैस थे, थाना वेरोवाल के एक गांव तख्तूचक में एक जमींदार के मकान में घुसे और उसे पूछने लगे कि उसके कितने लड़के-लड़कियां हैं । जब उस जमींदार ने बताया कि दो लड़के और तीन लड़कियां हैं, जिनमें से एक लड़की की शादी हो चुकी है तो आतंकवादियों ने कहा कि बाकी दो लड़कियों को वह उनके सामने पेश करे । जब दो लड़कियां सुरेन्द्र कौर (18) तथा इन्द्रजीत कौर (16) सामने आईं तो आतंकवादियों ने उनके बाजू पीछे की तरफ बांध दिए तथा आरोप लगाया कि लड़कियों के सी.आर.पी. वालों के साथ अवैध सम्बन्ध हैं अतः वह इन्हें नहीं छोड़ेंगे । आतंकवादी दोनों लड़कियों को धक्के देते हुए घर से बाहर ले गए तथा कुछ गज की दूरी पर ले जाकर उन्हें गोलियां मार दीं । उसके बाद फायरिंग करते हुए वे फरार हो गए ।

एक और घायल चल बसा

अमृतसर के प्रमुख व्यापारिक केन्द्र कटड़ा आहलुवालिया में हुए बम धमाके के एक और घायल शाम सुन्दर की, जो एक गैर-सरकारी अस्पताल में दाखिल था, मृत्यु हो गई । वह कटड़ा नौलखा का निवासी था । इस तरह बम विस्फोट में मरने वालों की संख्या 30 पहुंच गई है ।

एक व्यक्ति की हत्या

आतंकवादियों ने कल रात पुलिस जिला मजीठा के गांव चूड़ा लद्धी में एक व्यक्ति जोगेन्द्र सिंह की हत्या कर दी ।

कल रात ही अब्बाल क्षेत्र में उग्रवादियों ने सरपंच जगतार सिंह व उसके मित्र दर्शन सिंह की हत्या कर दी थी ।

3 आतंकवादी गिरफ्तार

इसी बीच पुलिस ने थाना अजनाला क्षेत्र में तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है । उनके नाम भूपेन्द्र सिंह, गुरमेल सिंह तथा त्रिलोचन सिंह बताए गए हैं । उनके कब्जे से एक रिवाल्वर व दो पिस्तौल बरामद हुए ।

बस के अपहरण का प्रयास

आज प्रातः थाना वैरोवाल के गांव ढोडे में तीन आतंकवादियों का पंजाब रोडवेज की एक बस के अपहरण का प्रयास सी.आर.पी. की गश्ती पार्टी ने विफल बना दिया । पुलिस सूत्रों ने बताया कि जब आतंकवादियों ने बस के अपहरण का प्रयास किया तो वहां से गुजर रही सी.आर.पी. की पार्टी ने उन्हें चुनौती दी । इस पर आतंकवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी, जिसका सी.आर.पी. ने जवाब दिया । फायरिंग में दोनों ओर से कोई घायल नहीं हुआ । आतंकवादी बच निकलने में सफल हो गए ।

स्त्री को घायल कर दिया

लुधियाना (ह.स.): आज प्रातः यहां कोट मंगल सिंह में दो स्कूटर सवार आतंकवादियों ने गोली चलाकर एक स्त्री को घायल कर दिया । एस.एस.पी. श्री ए.पी. पांडे ने बताया कि यह आतंकवादी एक व्यक्ति अर्जुन सिंह के घर में घुस गए तथा उससे पिस्तौल मांगा । उसके इन्कार पर उन्होंने उसकी सास को घायल कर दिया । अर्जुन सिंह को कोई चोट नहीं आई । आतंकवादी अपने स्कूटर पर फरार हो गए ।

दो कुख्यात आतंकवादी गिरफ्तार

पटियाला (भूषण): थाना पातड़ां क्षेत्र में नाकाबंदी के दौरान सुरक्षा बलों ने दो कुख्यात आतंकवादियों जगदीश सिंह उर्फ दीशा गांव छगावां थाना असंध जिला करनाल तथा बलविंदर सिंह निवासी शुतराना थाना पातड़ां जिला पटियाला को गिरफ्तार किया । उनके कब्जे से एक चीनी ए.के. 47 असाल्ट राइफल 200 कारतूसों सहित तथा एक पिस्तौल बरामद किया गया ।

एस.एस.पी. श्री सीतल दास ने बताया कि पूछताछ के दौरान जगदीश सिंह उर्फ दीशा ने माना कि वह गुलहर हत्या-कांड में शामिल था जिसमें 9 व्यक्ति मारे गए थे । जिला करनाल के निशान सिंह व मेजर सिंह को भी गिरफ्तार किया गया है । पुलिस ने आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन के जिला प्रधान गुरसेव सिंह को भी आतंकवादी गतिविधियों के आरोप में गिरफ्तार किया है ।

(शेष पृष्ठ 6 पर)

फरीदकोट पुलिस तथा अर्धसैनिक बलों द्वारा गिरफ्तार किये गये खालिस्ता
प्रताप सिंह उर्फ पप्पू, एरिया कमांडर अंग्रेज सिंह, बलकार जीत सिंह, जस
जसबीर, यादविन्दर सिंह उर्फ यादू तथा सुरजीत उर्फ काला ।

जिला फिरोज़पुर के ममदोट, मल्लांवाला, जलालाबाद क्षेत्र में पुलि
उग्रवादियों से गत दिनों पकड़े गये राकेट, राकेट लांचर, ए.के. 47
हथगोले, मैगजीन तथा गोली सिक्के आदि का निरीक्षण करते हुये वरि
अनिल कौशिक ।

सिख फोरम द्वारा शिरोमणि कमेटी कार्यकारिणी के विरुद्ध केस दायर

अमृतसर, 6 जुलाई (वार्ता): दरबार साहब परिसर की पवित्रता भंग करने के आरोप में शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की कार्यकारिणी के सभी 14 सदस्यों के विरुद्ध फौजदारी केस दर्ज कराया गया है । यह केस सिख फोरम के अमृतसर यूनिट के संयोजक चनन सिंह सिद्धू द्वारा दायर किया गया है । श्री सिद्धू ने आज यहां एक पत्रकार सम्मेलन में आरोप लगाया कि जब मंदिर परिसर में बलात्कार किये जा रहे थे, श्रद्धालुओं को उत्पीड़ित किया जा रहा था और आध्यात्मिक शांति के स्थल को कब्रिस्तान बना दिया गया था तब शिरोमणि कमेटी कार्यकारिणी निष्क्रिय रही ।

श्री सिद्धू ने कहा कि [illegible] शिरोमणि कमेटी की सभा के पीछे किये गये जिससे [illegible] कार्यकारिणी की संलिप्तता प्रमाणित हो जाती है ।

श्री सिद्धू ने इससे पूर्व शिरोमणि कमेटी की कार्यकारिणी के भाई जसवीर सिंह और 4 अन्य हैड ग्रंथियों को हटाने के अधिकार को सिख गुरुद्वारा न्यायिक आयोग में चुनौती दे रखी है ।

श्री सिद्धू ने शिरोमणि कमेटी कार्यकारिणी के सदस्यों के विरुद्ध फौजदारी याचिका जुडीशियल मैजिस्ट्रेट श्री ध्यान सिंह की अदालत में दायर की है जिन्होंने इसकी सुनवाई के लिए 17 जुलाई की तिथि निश्चित कर दी ।

हैडग्रंथियों को हटाने के विरुद्ध श्री सिद्धू की दूसरी याचिका का फैसला करने के लिए गुरुद्वारा न्यायिक आयोग की बैठक कल हो रही है ।

श्री सिद्धू ने फौजदारी केस की प्रतियां जारी करते हुए कहा कि शिरोमणि कमेटी शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी परिसर का नियंत्रण सम्भालने के लिए कानूनी तौर पर मान्यता प्राप्त संस्था नहीं है । प्रार्थी ने कहा है कि पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने शिरोमणि कमेटी कार्यकारिणी के बारे में अधिसूचना के संबंध में पूर्ववत स्थिति रखने का आदेश दे रखा है और अधिसूचना की अनुपस्थिति में कार्यवाहक अध्यक्ष हरेन्द्र सिंह तरनतारनी के नेतृत्व वाली कार्यकारिणी निरर्थक है । क्योंकि सरकार ने अभी तक कार्यकारिणी के सदस्यों की वास्तविक सूची जारी नहीं की अतः कार्यकारिणी पद नहीं सम्भाल सकती । प्रार्थी ने कहा है कि शिरोमणि कमेटी परिसर का नियंत्रण सम्भाल कर कार्यकारिणी ने अदालत के आदेशों का उल्लंघन किया है कि इस तरह वह अदालत की मानहानि-मामले में दंड की पात्र है । उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि परिसर के गलत तौर पर नियंत्रण, षड्यंत्र रचने तथा गुरुद्वारा कोष हड़पने के मामलों में भी कार्यकारिणी धारा 441 आई.पी.सी. के अंतर्गत दंड की पात्र है । उन्होंने आरोप लगाया कि कार्यकारिणी ने सिखों की धार्मिक भावनाओं को आहत करने के इरादे से साजिशें तैयार कीं अतः वह दंड की पात्र है । याचिका में टोहरा धड़े के पांच कार्यकारिणी सदस्यों को अभियुक्त बनाया गया है जिनमें हरेन्द्र सिंह तरनतारनी, हरदयाल सिंह बराड़, हरजिन्दर सिंह, ठाकर सिंह, हरी सिंह आरवाला, [illegible] उजागर सिंह रंगरेटा, [illegible] सतनाम सिंह, गोपाल सिंह तथा भान सिंह शामिल हैं । श्री सिद्धू ने दावा किया कि शिरोमणि कमेटी के हैडग्रंथियों को हटाने के अधिकार को चुनौती देने के लिए कल कुछ और लोग भी गुरुद्वारा न्यायिक आयोग के समक्ष याचिकाएं दायर करेंगे ।

फरीदाबाद, ऊधमपुर बारे फैसला आज

नई दिल्ली, 6 जुलाई (ह.स.): फरीदाबाद और ऊधमपुर लोकसभा तथा तावडू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के कुछ खंडों में आंशिक पुनर्मतदान [illegible] आयोग के आदेश के विरुद्ध प्रस्तुत

विस्फोटक सामग्री बरामद

मदुराई, 6 जुलाई (वार्ता): तमिलनाडु में

पंजाब के उग्रवादियों में भारी बौखलाहट

लुधियाना, 6 जुलाई (जोशी) : पंजाब व भारत की गुप्तचर एजैंसियों को प्राप्त कुछ और पत्र इन वास्तविकताओं की ओर स्पष्ट संकेत करते हैं कि पंजाब के उग्रवादियों में अब बौखलाहट की स्थिति पैदा हो चुकी है । आतंकवादियों की एक ऐसी ही बड़ी गुटबंदी–खालिस्तान कमांडो फोर्स की ओर से लिखित एक पत्र जो गुप्तचर एजैंसियों के हाथ लगा है, में स्पष्टतः पुलिस पर आरोप लगाया गया है कि उसने 13 मई को लुधियाना में सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन के दो नेताओं को गिरफ्तार किया है तथा उनकी गिरफ्तारी के समाचार को गुप्त रखा है । पत्र में धमकी दी गई है कि यदि फैडरेशन के इन गिरफ्तार किए गए नेताओं को खत्म किया गया या उन पर कोई अत्याचार किया गया तो 'फोर्स' इसका जवाब देगी जिसके परिणामस्वरूप हजारों हिन्दुओं का कत्लेआम किया जाएगा । ज्ञात हुआ है कि यह पत्र खालिस्तान कमांडो फोर्स के किसी स्वयंभू 'जरनैल' ने लिखा है । आतंकवादियों की बौखलाहट गुप्तचर एजैंसियों को मिले एक और पत्र से भी स्पष्ट है जिसे भी 'फोर्स' के एक स्वयंभू 'एरिया कमांडर' ने लिखा है । इस 'एरिया कमांडर' का सम्बन्ध फरीदकोट के क्षेत्र से बताया जाता है । इस बौखलाए हुए आतंकवादियों ने यह भी स्पष्ट किया है कि जिन महत्वपूर्ण व्यक्तियों को समाप्त करने की योजना है उसमें फरीदकोट जिले के वरिष्ठ वकील, डाक्टर व हलवाई शामिल हैं । इसी प्रकार आतंकवादियों ने पत्रों के रूप में जो प्रैस-बयान भेजे हैं जोकि अब गुप्तचर एजैंसियों के कब्जे में हैं, में उन पुलिस अधिकारियों को भी बुरे परिणामों की धमकियां दी गई हैं जिन्होंने आतंकवादियों के अनुसार सिख समुदाय के 'हितों' के विरुद्ध काम किया है । गुप्तचर एजैंसियों ने यह रहस्योद्घाटन भी किया है कि पत्रों के द्वारा तैयार किए गए प्रैस विज्ञप्तियों को समाचार पत्रों के कार्यालयों में भी प्रकाशनार्थ भेजा गया है वरना इन्हें नहीं प्रकाशित करने वाले समाचार पत्रों को भी गोलियों का सामना करना पड़ेगा ।

सरकार न सिखों के विरुद्ध है न [illegible]

राष्ट्र विरोधी उग्रवादियों के वि[illegible]

चंडीगढ़, 6 जुलाई (ह.स.): [illegible] के राजनीतिक श्री एस.एस. रे ने आज यहां कहा कि प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी की पंजाब के तीव्र गति से विकास में बड़ी दिलचस्पी है और वे [illegible] में [illegible] को प्रसार चाहते हैं ।

[illegible] मुलाकात में गत रात्रि भेंट की, ने विभिन्न कालेजों के सैंकड़ों छात्रों, जो आज उनसे यहां मिले, को सम्बोधित करते हुए यह रहस्योद्घाटन किया । श्री रे ने कहा कि प्रशासन को पंजाब के लोगों की चालू समस्याओं से अवगत होने के लिए युवकों के निरन्तर सम्पर्क में रहना [illegible] कहा कि पाकिस्तान [illegible] समस्याएं और कठि[illegible] कोशिश कर रहा है । [illegible] शोषण कर रहे हैं । [illegible] है और न ही सिख पं[illegible] उग्रवादियों और पृथ[illegible]

इस अवसर पर [illegible] और कहा कि बेरोज[illegible] राज्य में उग्रवाद की [illegible] की ज्यादतियों और [illegible] भ्रष्टाचार का उल्लेख [illegible] और प्रशासन विशेष [illegible] में संवाद के अभाव क[illegible] आग्रह किया कि सुरक्ष[illegible] उत्पीड़न रोका जाए [illegible] पकड़े जाने पर छात्रों [illegible] प्रिंसीपल या संस्थान क[illegible] उपस्थिति में की जाए

करांची में ह[illegible]

करांची, 6 जुलाई [illegible] हबीब बैंक की एक अन[illegible] और सुरक्षा कर्मी को [illegible] तीन दिन में बैंक लुटने [illegible] तीनों बार हबीब बैंक की [illegible] है । रविवार को पहली [illegible] मारा गया था । हबीब [illegible] लूट गई । यह क्षेत्र करा[illegible] उत्तर में है ।

अदालत के [illegible] की

घीसिंग 14 को फिर दिल्ली जाएंगे

दार्जिलिंग, 6 जुलाई : गोरखा राष्ट्रीय मुक्ति मोर्चे के नेता सुभाष घीसिंग 14 जुलाई को एक बार फिर अपने शिष्टमंडल को लेकर बातचीत के लिए

2 सगी बहनों सहित पंजाब में 3 की हत्या, आतंकवादी मारा गया

कटड़ा आहलुवालिया बम कांड का एक और घायल चल बसा

रोपड़ में 2 उग्रवादियों द्वारा आत्म-समर्पण

चंडीगढ़, 6 जुलाई (वार्ता, ह.स.): पंजाब में गत 24 घंटों के दौरान आतंकवादियों ने दो सगी बहनों समेत 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी, एक कुख्यात आतंकवादी मुठभेड़ में मारा गया जबकि कटड़ा आहलुवालिया बम कांड का एक और घायल दम तोड़ गया । विभिन्न स्थानों पर लगभग एक दर्जन आतंकवादी गिरफ्तार किए गए । रोपड़ में 2 उग्रवादियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया ।

दो बहनों की निर्मम हत्या

अमृतसर (वि.प्र.): यहां पुलिस मुख्यालय में मिली सूचना के अनुसार गत रात 11 बजे के लगभग सात सशस्त्र आतंकवादियों ने जो ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफलों से लैस थे, थाना वेरोवाल के एक गांव तख्त चक में एक जमींदार के मकान में घुसे और उसे पूछने लगे कि उसके कितने लड़के-लड़कियां हैं । जब उस जमींदार ने बताया कि दो लड़के और तीन लड़कियां हैं, जिनमें से एक लड़की की शादी हो चुकी है तो आतंकवादियों ने कहा कि बाकी दो लड़कियों को वह उनके सामने पेश करे । जब दो लड़कियां सुरेन्द्र कौर (18) तथा इन्द्रजीत कौर (16) सामने आईं तो आतंकवादियों ने उनके बाज़ पीछे की तरफ़ बांध दिए तथा आरोप लगाया कि लड़कियों के सी.आर.पी. वालों के साथ अवैध सम्बन्ध हैं अतः वह इन्हें नहीं छोड़ेंगे । आतंकवादी दोनों लड़कियों को धक्के देते हुए घर से बाहर ले गए तथा कुछ गज की दूरी पर ले जाकर उन्हें गोलियां मार दीं । उसके बाद फायरिंग करते हुए वे फरार हो गए ।

एक और घायल चल बसा

अमृतसर के प्रमुख व्यापारिक केन्द्र कटड़ा आहलुवालिया में हुए बम धमाके के एक और घायल शाम सुन्दर की, जो एक गैर-सरकारी अस्पताल में दाखिल था, मृत्यु हो गई । वह कटड़ा चढ़त सिंह का निवासी था । इस तरह बम विस्फोट में मरने वालों की संख्या 36 तक पहुंच गई है ।

एक व्यक्ति की हत्या

आतंकवादियों ने कल रात पुलिस जिला मजीठा के गांव चुडां लद्धी में एक व्यक्ति जोगेन्द्र सिंह की हत्या कर दी ।

कल रात ही झब्बाल क्षेत्र में उग्रवादियों ने सरपंच जगतार सिंह व उसके मित्र दर्शन सिंह की हत्या कर दी थी ।

3 आतंकवादी गिरफ्तार

इसी बीच पुलिस ने थाना अजनाला क्षेत्र में तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है । उनके नाम भूपेन्द्र सिंह, गुरमेल सिंह तथा त्रिलोचन सिंह बताए गए हैं । उनके कब्जे से एक रिवाल्वर व दो पिस्तौल बरामद हुए ।

बस के अपहरण का प्रयास

आज प्रातः थाना बैरोवाल के गांव ढोडे में तीन आतंकवादियों का पंजाब रोडवेज की एक बस के अपहरण का प्रयास सी.आर.पी. की गश्ती पार्टी ने विफल बना दिया । पुलिस सूत्रों ने बताया कि जब आतंकवादियों ने बस के अपहरण का प्रयास किया तो वहां से गुजर रही सी.आर.पी. की पार्टी ने उन्हें चुनौती दी । इस पर आतंकवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी, जिसका सी.आर.पी. ने जवाब दिया । फायरिंग में दोनों ओर से कोई घायल नहीं हुआ । आतंकवादी बच निकलने में सफल हो गए ।

स्त्री को घायल कर दिया

लुधियाना (ह.स.): आज प्रातः यहां कोट मंगल सिंह में दो स्कूटर सवार आतंकवादियों ने गोली चलाकर एक स्त्री को घायल कर दिया । एस.एस.पी. श्री ए.पी. पांडे ने बताया कि यह आतंकवादी एक व्यक्ति अर्जुन सिंह के घर में घुस गए तथा उससे पिस्तौल मांगा । उसके इन्कार पर उन्होंने उसकी सास को घायल कर दिया । अर्जुन सिंह को कोई चोट नहीं आई । आतंकवादी अपने स्कूटर पर फरार हो गए ।

दो कुख्यात आतंकवादी गिरफ्तार

पटियाला (भूषण): थाना पातड़ां क्षेत्र में नाकाबंदी के दौरान सुरक्षा बलों ने दो कुख्यात आतंकवादियों जगदीश सिंह उर्फ दीशा गांव छंगावां थाना असंध जिला करनाल तथा बलविंदर सिंह निवासी शुतराना थाना पातड़ां जिला पटियाला को गिरफ्तार किया । उनके कब्जे से एक चीनी ए.के. 47 असाल्ट राइफल 200 कारतूसों सहित तथा एक पिस्तौल बरामद किया गया ।

एस.एस.पी. श्री सीतल दास ने बताया कि पूछताछ के दौरान जगदीश सिंह उर्फ दीशा ने माना कि वह गुलहर हत्या-कांड में शामिल था जिसमें 9 व्यक्ति मारे गए थे । जिला करनाल के निशान सिंह व मेजर सिंह को भी गिरफ्तार किया गया है । पुलिस ने आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन के जिला प्रधान गुरसेव सिंह को भी आतंकवादी गतिविधियों के आरोप में गिरफ्तार किया है । वह

(शेष पृष्ठ 6 पर)

फरीदकोट पुलिस तथा अर्धसैनिक बलों द्वारा गिरफ्तार किये गये खालिस्ता
प्रताप सिंह उर्फ पप्पू, एरिया कमांडर अंग्रेज सिंह, बलकार जीत सिंह, जसवि
जसबीर, यादविन्दर सिंह उर्फ याद तथा सुरजीत उर्फ काला ।

जिला फिरोज़पुर के ममदोट, मल्लांवाला, जलालाबाद क्षेत्र में पुलि
उग्रवादियों से गत दिनों पकड़े गये राकेट, राकेट लांचर, ए.के. 47 र
हथगोले, मैगजीन तथा गोली सिक्के आदि का निरीक्षण करते हुये वरि
अनिल कौशिक ।

सिख फोरम द्वारा शिरोमणि कमेटी कार्यकारिणी के विरुद्ध केस दायर

अमृतसर, 6 जुलाई (वार्ता): दरबार साहब परिसर की पवित्रता भंग करने के आरोप में शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की कार्यकारिणी के सभी 14 सदस्यों के विरुद्ध फौजदारी केस दर्ज कराया गया है । यह केस सिख फोरम के अमृतसर यूनिट के संयोजक चनन सिंह सिद्धू द्वारा दायर किया गया है । श्री सिद्धू ने आज यहां एक पत्रकार सम्मेलन में आरोप लगाया कि जब मंदिर परिसर में बलात्कार किये जा रहे थे, श्रद्धालुओं को उत्पीड़ित किया जा रहा था और अध्यात्मिक शांति के स्थल को कब्रिस्तान बना दिया गया था तब शिरोमणि कमेटी कार्यकारिणी निष्क्रिय रही ।

श्री सिद्धू ने कहा कि यह जघन्य अपराध शिरोमणि कमेटी की नाक के नीचे किये गये जिससे इन अपराधों में कार्यकारिणी की संलिप्तता प्रमाणित हो जाती है ।

श्री सिद्धू ने इससे पूर्व शिरोमणि कमेटी की कार्यकारिणी के भाई जसवीर सिंह और 4 अन्य हैड ग्रंथियों को हटाने के अधिकार को सिख गुरुद्वारा न्यायिक आयोग में चुनौती दे रखी है ।

श्री सिद्धू ने शिरोमणि कमेटी कार्यकारिणी के सदस्यों के विरुद्ध फौजदारी याचिका जुडीशियल मैजिस्ट्रेट श्री ध्यान सिंह की अदालत में दायर की है जिन्होंने इसकी सुनवाई के लिए 17 जुलाई की तिथि निश्चित कर दी ।

हैडग्रंथियों को हटाने के विरुद्ध श्री सिद्धू की दूसरी याचिका का फैसला करने के लिए गुरुद्वारा न्यायिक आयोग की बैठक कल हो रही है ।

श्री सिद्धू ने फौजदारी केस की प्रतियां जारी करते हुए कहा कि शिरोमणि कमेटी शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी परिसर का नियंत्रण सम्भालने के लिए कानूनी तौर पर मान्यता प्राप्त संस्था नहीं है । प्रार्थी ने कहा है कि पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने शिरोमणि कमेटी कार्यकारिणी के बारे में यथास्थिति के संबंध में पूर्ववत स्थिति रखने का आदेश दे रखा है और अधिसूचना की अनुपस्थिति में कार्यवाहक अध्यक्ष हरेन्द्र सिंह तरनतारनी के नेतृत्व वाली कार्यकारिणी निरर्थक है । क्योंकि सरकार ने अभी तक कार्यकारिणी के सदस्यों की वास्तविक सूची जारी नहीं की अतः कार्यकारिणी पद नहीं सम्भाल सकती । प्रार्थी ने कहा है कि शिरोमणि कमेटी परिसर का नियंत्रण सम्भाल कर कार्यकारिणी ने अदालत के आदेशों का उल्लंघन किया है कि इस तरह वह अदालत की मानहानि-मामले में दंड की पात्र है । उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि परिसर के गलत तौर पर नियंत्रण, षड्यंत्र रचने तथा गुरुद्वारा कोष हड़पने के मामलों में भी कार्यकारिणी धारा 441 आई.पी.सी. के अंतर्गत दंड की पात्र है । उन्होंने आरोप लगाया कि कार्यकारिणी ने सिखों को बदनाम करने तथा उनकी धार्मिक भावनाओं को आहत करने के इरादे से साजिशें तैयार कीं अतः वह दंड की पात्र है । याचिका में टोहरा धड़े के सभी कार्यकारिणी सदस्यों को अभियुक्त बनाया गया है जिनमें हरेन्द्र सिंह तरनतारनी, हरदयाल सिंह बराड़, हरजिन्दर सिंह, ठाकर सिंह, हरी सिंह आरेवाला, पूर्ण सिंह जोश, शिव सिंह खुशीपुर, उजागर सिंह रंगरेटा, तीर्थ सिंह आदमपुर, नवनियुक्त जत्थेदार अकाल तख्त हरचरण सिंह, सतनाम सिंह, गोपाल सिंह तथा भान सिंह शामिल हैं । श्री सिद्धू ने दावा किया कि शिरोमणि कमेटी के हैडग्रंथियों को हटाने के अधिकार को चुनौती देने के लिए कल कुछ और लोग भी गुरुद्वारा न्यायिक आयोग के समक्ष याचिकाएं दायर करेंगे ।

विस्फोटक सामग्री बरामद

मदुराई, 6 जुलाई (वार्ता): तमिलनाडु में विभिन्न स्थानों पर हुए बम विस्फोटों के सम्बन्ध में

फरीदाबाद, ऊधमपुर बारे फैसला आज

नई दिल्ली, 6 जुलाई (ह.स.): फरीदाबाद और ऊधमपुर लोकसभा तथा तावडू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के कुछ खंडों में आंशिक पुनर्मतदान बारे चुनाव आयोग के आदेश के विरुद्ध प्रस्तुत याचिकाओं पर चुनाव आयोग अपना निर्णय कल सुनाएगा । मुख्य चुनाव आयुक्त श्री वी.एस. रेरी, चुनाव आयुक्त श्री आर.वी. एस. पेरी शास्त्री तथा श्री एस.एल. शकधर ने आज यहां इस संबंध में सुनवाई की ।

पंजाब के उग्रवादियों में भारी बौखलाहट

लुधियाना, 6 जुलाई (जोशी) : पंजाब व भारत की गुप्तचर एजैंसियों को प्राप्त कुछ और पत्र इन वास्तविकताओं की ओर स्पष्ट संकेत करते हैं कि पंजाब के उग्रवादियों में अब बौखलाहट की स्थिति पैदा हो चुकी है । आतंकवादियों की एक ऐसी ही बड़ी गुटबंदी—खालिस्तान कमांडो फोर्स की ओर से लिखित एक पत्र जो गुप्तचर एजैंसियों के हाथ लगा है, में स्पष्टतः पुलिस पर आरोप लगाया गया है कि उसने 13 मई को लुधियाना में सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन के दो नेताओं को गिरफ्तार किया है तथा उनकी गिरफ्तारी के समाचार को गुप्त रखा है । पत्र में धमकी दी गई है कि यदि फैडरेशन के इन गिरफ्तार किए गए नेताओं को खत्म किया गया या उन पर कोई अत्याचार किया गया तो 'फोर्स' इसका जवाब देगी जिसके परिणामस्वरूप हजारों हिन्दुओं का कत्लेआम किया जाएगा । ज्ञात हुआ है कि यह पत्र खालिस्तान कमांडो फोर्स के किसी स्वयंभू 'जरनैल' ने लिखा है । आतंकवादियों की बौखलाहट गुप्तचर एजैंसियों को मिले एक और पत्र से भी स्पष्ट है जिसे भी 'फोर्स' के एक स्वयंभू 'एरिया कमांडर' ने लिखा है । इस 'एरिया कमांडर' का सम्बन्ध फरीदकोट के क्षेत्र से बताया जाता है । इस 'एरिया कमांडर' ने भारी बौखलाहट में सुरक्षा बलों बौखलाए हुए आतंकवादियों ने यह भी स्पष्ट किया है कि जिन महत्वपूर्ण व्यक्तियों को समाप्त करने की योजना है उसमें फरीदकोट जिले के वरिष्ठ वकील, डाक्टर व हलवाई शामिल हैं । इसी प्रकार आतंकवादियों ने पत्रों के रूप में जो प्रैस-बयान भेजे हैं जोकि अब गुप्तचर एजैंसियों के कब्जे में हैं, में उन पुलिस अधिकारियों को भी बुरे परिणामों की धमकियां दी गई हैं जिन्होंने आतंकवादियों के अनुसार सिख समुदाय के 'हितों' के विरुद्ध काम किया है । गुप्तचर एजैंसियों ने यह रहस्योद्घाटन भी किया है कि पत्रों के द्वारा तैयार किए गए प्रैस विज्ञप्तियों को समाचार पत्रों के कार्यालयों में भी प्रकाशनार्थ भेजा गया है वरना इन्हें नहीं प्रकाशित करने वाले समाचार पत्रों को भी गोलियों का सामना करना पड़ेगा ।

घीसिंग 14 को फिर दिल्ली जाएंगे

दार्जिलिंग, 6 जुलाई : गोरखा राष्ट्रीय मुक्ति मोर्चे के नेता सुभाष घीसिंग 14 जुलाई को एक बार फिर अपने शिष्टमंडल को लेकर बातचीत के लिए दिल्ली जाएंगे "बशर्ते कि सब कुछ ठीक-ठाक

सरकार न सिखों के विरुद्ध है न सि राष्ट्र विरोधी उग्रवादियों के वि

चंडीगढ़, 6 जुलाई (वि.प्र.): पंजाब के राज्यपाल श्री एस.एस. रे ने आज यहां कहा कि प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी की पंजाब के तीव्र गति से विकास में बड़ी दिलचस्पी है और वे राज्य में युवा गतिविधियों का प्रसार चाहते हैं ।

श्री रे, जिन्होंने प्रधानमंत्री से गत रात्रि भेंट की, ने विभिन्न कालेजों के सैंकड़ों छात्रों, जो आज उनसे यहां मिले, को सम्बोधित करते हुए यह रहस्योद्घाटन किया । श्री रे ने कहा कि प्रशासन को पंजाब के लोगों की चालू समस्याओं से अवगत होने के लिए युवकों के निरन्तर सम्पर्क बनाए कहा कि पाकिस्तान समस्यायें और कठिना कोशिश कर रहा है । शोषण कर रहे हैं ।

श्री रे ने कहा कि स है और न ही सिख पंथ उग्रवादियों और पृथकत

इस अवसर पर क और कहा कि बेरोजगारी राज्य में उग्रवाद की सहा की ज्यादतियों और निर भ्रष्टाचार का उल्लेख कि और प्रशासन विशेष रू में संवाद के अभाव का आग्रह किया कि सुरक्षा उत्पीड़न रोका जाए । पकड़े जाने पर छात्रों से प्रिंसीपल या संस्थान के उपस्थिति में की जाएं

कराची में ह

कराची, 6 जुलाई (हबीब बैंक की एक अन्य और सुरक्षा कर्मी को गो तीन दिन में बैंक लूटने की तीनों बार हबीब बैंक की है । रविवार को पहली वा लूट गई । यह क्षेत्र कराच उत्तर में है ।

अदालत के ब की ह

Punjabi Tribune

फरीदकोट पुलिस तथा अर्धसैनिक बलों द्वारा गिरफ्तार किये गये खालिस्तान कमांडो फोर्स का दीपा, प्रताप सिंह उर्फ पप्पू, एरिया कमांडर अंग्रेज सिंह, बलकार जीत सिंह, जसविन्दर सिंह नीला, गुरदीप, जसबीर, यादविन्दर सिंह उर्फ यादू तथा सुरजीत उर्फ काला । (छाया : सर्वमित्र)

जिला फिरोज़पुर के ममदोट, मल्लावाला, जलालाबाद क्षेत्र में पुलिस व सुरक्षा बलों द्वारा उग्रवादियों से गत दिनों पकड़े गये राकेट, राकेट लांचर, ए.के. 47 चीनी राइफलें, पिस्तौलें, हथगोले, मैगजीन तथा गोली सिक्के आदि का निरीक्षण करते हुये वरिष्ठ पुलिस अधिकारी श्री अनिल कौशिक । (छाया : जीपू पायलट)

सगी बहनों की हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

थाना राजपुरा के गांव हरपालपुरा का निवासी है । उसपर अत्यन्त उत्तेजक भाषण देने का आरोप है । पुलिस ने थाना राजपुरा के गांव हसनपुर के जगमीत सिंह को एक कुख्यात आतंकवादी को शरण देने के आरोप में पकड़ा ।

आतंकवादी मारा गया

जालन्धर (न.न.ए.): गत रात थाना बंगा के गांव हकीमपुर में सुरक्षा बलों व पुलिस की संयुक्त नाकापार्टी और दो स्कूटर सवार आतंकवादियों के बीच हुए मुकाबले में एक आतंकवादी मारा गया जबकि दूसरा आतंकवादी अंधेरे का लाभ उठाकर फरार होने में सफल हो गया । पुलिस ने मृतक आतंकवादी की लाश के निकट से एक चीनी ए.के. 47 असाल्ट राइफल, 20 चले कारतूसों के खोल, 5 अनचले कारतूस व एक स्कूटर नं. पी.ए.सी. 1633 बरामद किया है ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार गत रात गांव हकीमपुर में सुरक्षा बलों ने नाकाबंदी की हुई थी । लगभग 11 बजे दो स्कूटर सवार आतंकवादी सामने से आते दिखाई दिए जिन्हें सुरक्षा बलों ने रुकने का इशारा किया जिस पर आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर फायरिंग शुरू कर दी जिसके जवाब में सुरक्षा बलों ने भी फायरिंग की । जब कुछ समय बाद आतंकवादियों की ओर से गोली चलनी बंद हुई तो सुरक्षा बलों ने एक आतंकवादी को मृत पाया ।

गत रात थाना बंगा के गांव हकीमपुर में सुरक्षा बलों व आतंकवादियों के मध्य हुए मुकाबले में मारे गए आतंकवादी की पहचान अजायब सिंह बाजवा के रूप में की गई है और ये खतरनाक आतंकवादी खालिस्तान कमांडो फोर्स से सम्बन्धित है । आज जारी पुलिस के पैस नोट के अनुसार यह आतंकवादी फरीदकोट व फिरोजपुर में कई हत्याकांडों में पुलिस को वांछित था । इसके सिर पर पुलिस ने तीस हजार रुपए का इनाम घोषित किया था । इसके इलावा उक्त आतंकवादी ने धर्मकोट में महिन्दर सिंह की भी हत्या की थी । ये आतंकवादी हरियाणा राज्य पुलिस को भी वांछित था ।

रिवाल्वर ले गए

कल रात जिला जालन्धर के थाना नूरमहल के गांव सरहाली में दो आतंकवादी एक व्यक्ति गुरचरण सिंह से एक रिवाल्वर तथा 19 कारतूस ले गए ।

स्कूटर छिना

जालन्धर : गोराया थाने के गांव तक्खड़ के निकट दो उग्रवादियों ने आज शाम एक व्यक्ति नसीब सिंह से उसका स्कूटर पिस्तौल की नोक पर छीन लिया ।

कट्टर उग्रवादी गिरफ्तार

रोपड़ (स.): रोपड़ पुलिस ने चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें एक कट्टर उग्रवादी जसविंदर सिंह उर्फ काला भी शामिल है । काला से एक चीनी असाल्ट राइफल भी बरामद हुई । दो उग्रवादियों गुरदीप सिंह उर्फ गोपी गांव भाओवाल तथा बिक्रमजीत सिंह गांव मक्कोवाल ने पुलिस के समक्ष आत्म-समर्पण कर दिया । यह जानकारी एस.एस.पी. श्री चन्द्रशेखर ने एक पत्रकार सम्मेलन में दी ।

उन्होंने बताया कि जसविंदर सिंह उर्फ काला जिला युवा इंका प्रधान श्री सुदेश शर्मा की हत्या और लूट व हथियार छीनने की चार वारदातों में वांछित था । उसने ज्योति गैस एजेंसी रोपड़ को तथा मोरिंडा में पैट्रोल पम्प लूटा था । पुलिस ने उसके कब्जे से तीन चोरीशुदा स्कूटर भी बरामद किए । उन्होंने बताया कि गुरदीप सिंह इस वर्ष 27 जनवरी को गांव कालडां में सिपाही रत्नसिंह पर घातक हमले में शामिल था । वह अपने घर में कुछ कट्टर आतंकवादियों को शरण देता था । बिक्रमजीत सिंह गत 13 मई को हैड कांस्टेबल हरभजन सिंह की हत्या में शामिल था । पुलिस ने तीन व्यक्तियों रामकिशन (झल्लियां खुर्द), सोहन सिंह तथा राम दास (जटाना) को आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में पकड़ा है ।

4 गिरफ्तार

बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला ने थाना फतेहगढ़ चूड़ियां के गांव छिछड़ेवाल के निकट संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद 2 संदिग्ध युवकों अवनाश सिंह तथा गुरजीत सिंह को गिरफ्तार किया और उनसे एक 12 बोर की डबल बैरल गन, एक पिस्तौल व कुछ कारतूस बरामद किए । कलानौर पुलिस ने आतंकवादियों के 2 शरणदाताओं हरबंस सिंह तथा त्रिलोक सिंह को पकड़ा ।

27 उग्रवादी गिरफ्तार

मोगा : फरीदकोट जिला पुलिस ने अर्द्धसैनिक बलों के सहयोग से गत एक सप्ताह में 27 उग्रवादियों को पकड़ा है जिनमें दस दुर्दांत उग्रवादी भी हैं । उग्रवादियों के 20 शरणदाता भी पकड़े गए हैं । फिरोजपुर रेंज के डी.आई.जी. सर्बजीत सिंह ने बताया कि गिरफ्तार उग्रवादियों से एक चीनी राइफल, एक अमरीकी स्टेनगन, एक विदेशी राइफल, 7 पाकिस्तान में बने रिवाल्वर, 12 रिवाल्वर, 4 बंदूकें, 2 किलो विस्फोटक पाउडर, 250 कारतूस भी मिले । उग्रवादी बिदरजीत सिंह उर्फ शर्मा की लुधियाना में मुठभेड़ के बाद गिरफ्तारी एक बड़ी उपलब्धि है ।

गुमशुदा की तलाश

मेरा भाई शेर बहादुर पुत्र श्री हरी सिंह जो ड्यूटी पर जाते हुये 1.7.1988 को शाम के 7 बजे से लापता है । उम्र 30 वर्ष, कद 5'-10", रंग गहरा कनक भिन्ना है, उसने खाकी रंग की पैंट और सफेद रंग की कमीज पहनी हुई है । जिस किसी को भी इसका पता हो वह निम्नलिखित पते पर सूचित करे ।

मान बहादुर (भाई)
भरत नगर, मकान नं. 40,
बटाला रोड, अमृतसर ।

Punjabi Sanath.org

उग्रवादियों द्वारा एकीकृत अकाली दल के पूर्व विधायक सरूपवाली सहित 8 व्यक्तियों की हत्या

फिरोजपुर में 10, कपूरथला में करारपुर गोली कांड के अभियुक्तों सहित 4 आतंकवादी गिरफ्तार : शस्त्रास्त्र बरामद

बटाला में सीमा सुरक्षा बल की चौकी पर राकेटों से हमला : जालन्धर-फगवाड़ा में सुरक्षा बलों द्वारा घर-घर तलाशी

सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में 1 उग्रवादी, 1 घुसपैठी मरा

चंडीगढ़, 7 जुलाई (ह.स., वि.प्र., वर्ता): उग्रवादियों ने एकीकृत अकाली दल के पूर्व विधायक श्री महेन्द्र सिंह सरूपवाली सहित 8 व्यक्तियों की हत्या कर दी, जबकि एक पाकिस्तानी घुसपैठिया सुरक्षा बलों के साथ भिड़ंत में मारा गया । बटाला के गांव में उग्रवादियों ने बी.एस.एफ. की एक चौकी पर राकेट से हमला किया । मृतकों में जिला अमृतसर का एक नामी पहलवान और उग्रवादी का पिता भी शामिल है । फिरोजपुर में सुरक्षा बलों ने दस उग्रवादी और जिला कपूरथला में चार उग्रवादी गिरफ्तार किए हैं और उनके कब्जे से भारी मात्रा में विदेशी शस्त्रों सहित कई शस्त्र बरामद किए हैं । जिला कपूरथला में पकड़े गए उग्रवादियों में करतारपुर रेलवे स्टेशन गोलीकांड के अभियुक्त भी शामिल हैं । लुधियाना में उग्रवादियों ने एक पति-पत्नी को घायल कर दिया । जालन्धर और फगवाड़ा के कुछ क्षेत्रों में सुरक्षा बलों द्वारा घर-घर तलाशी लिए जाने का समाचार मेला है ।

जिला अमृतसर में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक उग्रवादी मारा गया ।

संयुक्त अकाली दल के नेता की हत्या

बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना सदर बटाला के गांव सरूपवाली में बुधवार व वीरवार की मध्य रात्रि को चार शस्त्र आतंकवादियों ने फायरिंग करके संयुक्त अकाली दल के भूतपूर्व विधायक व जिला गुरदासपुर संयुक्त अकाली दल के चेयरमैन 48 वर्षीय श्री मोहिन्द्र सिंह सरूपवाली की हत्या कर दी । सिविल अस्पताल बटाला से पोस्टमार्टम के बाद शव वारिसों को दे दिया गया है । पोस्टमार्टम करने वाले डाक्टरों के अनुसार श्री सरूपवाली को छाती में दो गोलियां लगीं, जो उनके लिए घातक सिद्ध हुईं ।

पुलिस जिला बटाला के पुलिस प्रमुख श्री एस.एस. शर्मा, जो श्री सुमेध सिंह सैनी द्वारा लम्बी छुट्टी पर जाने के कारण यहां तैनात हैं, ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद पत्रकारों को विवरण देते हुए बताया कि गत रात लगभग 11 बजे 4 अज्ञात सशस्त्र आतंकवादी श्री मोहिन्द्र सिंह सरूपवाली के घर आए व उनसे 10-15 मिनट बातें करते रहे फिर उन्हें साथ के कमरे में ले गए और उन्हें दीवार की ओर मुंह खड़ा करने के लिए कहा तथा फायरिंग करके उनकी हत्या कर दी । श्री शर्मा ने आगे बताया कि आतंकवादियों ने हत्या के लिए चीनी असाल्ट राइफल ए.के. 47 का प्रयोग किया, उसकी कुछ चली गोलियां घटनास्थल से मिली हैं ।

श्री शर्मा ने आगे कहा कि हत्यारों की शिनाख्त कर ली गई है । सीमा सुरक्षा बल व पुलिस उन्हें पकड़ने के लिए अलग-अलग क्षेत्रों में खोजबीन का काम व छापे मार रही है । एक सूचना के अनुसार पुलिस ने इस सम्बन्ध में छः व्यक्तियों को हिरासत में ले लिया है । श्री शर्मा ने बताया कि आतंकवादियों के आने पर श्री सरूपवाली की पत्नी भी जाग गई थी, लेकिन आतंकवादियों ने श्रीमती सरूपवाली को कुछ नहीं कहा ।

'चौधरी' के अनुसार उग्रवादी दीवार फांदकर श्री सरूपवाली के मकान में दाखिल हुए तथा श्री सरूपवाली की उस समय हत्या कर दी जब वे सोए हुए थे ।

बी.एस.एफ. की चौकी पर राकेट से हमला

पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना श्रीहरगोबिन्दपुर के गांव धनदोई में गत रात आतंकवादियों ने बी.एस.एफ. की एक चौकी पर आक्रमण कर दिया । सूत्रों के अनुसार गांव धनदोई के सरकारी हाई स्कूल में बी.एस.एफ. की एक कम्पनी तैनात है जिस पर राकेट फैंका गया, परंतु वह राकेट चौकी पर न जाकर खेतों में जा गिरा, जो पुलिस अधिकारियों को छानबीन के बाद आज दोपहर खेतों में पड़ा मिला ।

1 की हत्या, 1 घायल

खरड़ (ह.स.): गत रात्रि थाना सदर खरड़ के गांव घड़ौन में उग्रवादियों ने फायरिंग करके एक व्यक्ति की हत्या कर दी जबकि दूसरे को घायल कर दिया । मृतक की अमृत लाल के रूप में शिनाख्त की गई है, जबकि घायल का नाम अजीत सिंह बताया गया है । अमृत लाल की अस्पताल में घावों की ताब न सहने से मृत्यु हुई । अमृत लाल की हत्या करने के लिए यह उस पर चौथी बार हमला किया गया था ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

Punjabi Sanatani

उग्रवादियों द्वारा एकीकृत अकाली दल के पूर्व विधायक सरूपवाली सहित 8 व्यक्तियों की हत्या

फिरोजपुर में 10, कपूरथला में करतारपुर गोली कांड के अभियुक्तों सहित 4 आतंकवादी गिरफ्तार : शस्त्रास्त्र बरामद

बटाला में सीमा सुरक्षा बल की चौकी पर राकेटों से हमला : जालन्धर-फगवाड़ा में सुरक्षा बलों द्वारा घर-घर तलाशी

सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में 1 उग्रवादी, 1 घुसपैठी मरा

(ऊपर) एकीकृत अकाली दल के भूतपूर्व विधायक महेंद्र सिंह सरूपवाली (इन्सेट पुराना चित्र) का शव, जिनकी उग्रवादियों ने बटाला थाना सदर सरूपवाली गांव में उनके घर में घुसकर हत्या कर दी । (नीचे) मृतक की पत्नी, बेटी और रिश्तेदार महिलाएं विलाप करती हुई । (छाया : कोछड़, प्यारे)

चंडीगढ़, 7 जुलाई (ह.स., वि.प्र., वार्ता): उग्रवादियों ने एकीकृत अकाली दल के भूतपूर्व विधायक श्री महेन्द्र सिंह सरूपवाली सहित 8 व्यक्तियों की हत्या कर दी, जबकि एक पाकिस्तानी घुसपैठिया सुरक्षा बलों के साथ भिड़ंत में मारा गया । बटाला के गांव में उग्रवादियों ने बी.एस.एफ. की एक चौकी पर राकेट से हमला किया । मृतकों में जिला अमृतसर का एक नामी पहलवान और उग्रवादी का पिता भी शामिल है । फिरोजपुर में सुरक्षा बलों ने दस उग्रवादी और जिला कपूरथला में चार उग्रवादी गिरफ्तार किए हैं और उनके कब्जे से भारी मात्रा में विदेशी शस्त्रों सहित कई शस्त्र बरामद किए हैं । जिला कपूरथला में पकड़े गए उग्रवादियों में करतारपुर रेलवे स्टेशन-गोली कांड के अभियुक्त भी शामिल हैं । लुधियाना में उग्रवादियों ने एक पति-पत्नी को घायल कर दिया । जालन्धर और फगवाड़ा के कुछ क्षेत्रों में सुरक्षा बलों द्वारा घर-घर तलाशी लिए जाने का समाचार मिला है ।

जिला अमृतसर में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक उग्रवादी मारा गया ।

संयुक्त अकाली दल के नेता की हत्या

बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना सदर बटाला के गांव सरूपवाली में बुधवार व वीरवार की मध्य रात्रि को चार सशस्त्र आतंकवादियों ने फायरिंग करके संयुक्त अकाली दल के भूतपूर्व विधायक व जिला गुरदासपुर संयुक्त अकाली दल के चेयरमैन 48 वर्षीय श्री मोहिन्द्र सिंह सरूपवाली की हत्या कर दी । सिविल अस्पताल बटाला से पोस्टमार्टम के बाद शव वारिसों को दे दिया गया है । पोस्टमार्टम करने वाले डाक्टरों के अनुसार श्री सरूपवाली को छाती में दो गोलियां लगीं, जो उनके लिए घातक सिद्ध हुईं ।

पुलिस जिला बटाला के पुलिस प्रमुख श्री एस.एस. शर्मा, जो श्री सुमेध सिंह सैनी द्वारा लम्बी छुट्टी पर जाने के कारण यहां तैनात हैं, ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद पत्रकारों को विवरण देते हुए बताया कि गत रात लगभग 11 बजे 4 अज्ञात सशस्त्र आतंकवादी श्री मोहिन्द्र सिंह सरूपवाली के घर आए व उनसे 10-15 मिनट बातें करते रहे फिर उन्हें साथ के कमरे में ले गए और उन्हें दीवार की ओर मुंह खड़ा करने के लिए कहा तथा फायरिंग करके उनकी हत्या कर दी । श्री शर्मा ने आगे बताया कि आतंकवादियों ने हत्या के लिए चीनी असाल्ट राइफल ए.के. 47 का प्रयोग किया, उसकी कुछ चली गोलियां घटनास्थल से मिली हैं ।

श्री शर्मा ने आगे कहा कि हत्यारों की शिनाख्त कर ली गई है । सीमा सुरक्षा बल व पुलिस उन्हें पकड़ने के लिए अलग-अलग क्षेत्रों में खोजबीन का काम व छापे मार रही है । एक सूचना के अनुसार पुलिस ने इस सम्बन्ध में छः व्यक्तियों को हिरासत में ले लिया है । श्री शर्मा ने बताया कि आतंकवादियों के आने पर श्री सरूपवाली की पत्नी भी जाग गई थी, लेकिन आतंकवादियों ने श्रीमती सरूपवाली को कुछ नहीं कहा ।

'चौधरी' के अनुसार उग्रवादी दीवार फांद कर श्री सरूपवाली के मकान में दाखिल हुए तथा श्री सरूपवाली की उस समय हत्या कर दी जब वे सो रहे हुए थे ।

बी.एस.एफ. की चौकी पर राकेट से हमला

पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रीहरगोबिन्दपुर के गांव धनदोई में गत रात आतंकवादियों ने बी.एस.एफ. की एक चौकी पर आक्रमण कर दिया । सूत्रों के अनुसार गांव धनदोई के सरकारी हाई स्कूल में बी.एस.एफ. की एक कम्पनी तैनात है जिस पर राकेट फैंका गया, परन्तु वह राकेट चौकी पर न जाकर खेतों में जा गिरा जो पुलिस अधिकारियों को छानबीन के बाद दोपहर खेतों में पड़ा मिला ।

1 की हत्या, 1 घायल

बरड़ (ह.स.): गत रात्रि थाना सदर खरड़ के गांव बड़ौन में उग्रवादियों ने फायरिंग करके एक व्यक्ति की हत्या कर दी जबकि दूसरे को घायल कर दिया । मृतक की अमृत लाल के रूप में शिनाख्त की गई है, जबकि घायल का नाम अजीत सिंह बताया गया है । अमृत लाल की अस्पताल में घावों की ताब न सहने से मृत्यु हुई । अमृत लाल की हत्या करने के लिए यह उस पर चौथी बार हमला किया गया था ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

फरीदाबाद, तावडू, ऊधमपुर के पूरे निर्वाचन क्षेत्रों में पुनर्मतदान की मांग चुनाव आयोग द्वारा रद्द

नई दिल्ली, 7 जुलाई (वार्ता): हरियाणा के फरीदाबाद संसदीय क्षेत्र और तावडू विधान सभा क्षेत्र में 161 मतदान केन्द्रों पर और ऊधमपुर संसदीय क्षेत्र में 14 मतदान केन्द्रों में पूर्व निर्धारित घोषणा के अनुरूप 12 जुलाई को पुनर्मतदान होगा । चुनाव

डा. भल्ला ने कहा कि चुनाव आयोग ने प्रत्याशियों को अपना पक्ष रखने का पूरा मौका दिया लेकिन उसे कोई नए तथ्य नहीं मिले । उन्होंने कहा कि श्री भीम सिंह ने मतदान के दौरान किसी भी समय मतदान में गड़बड़ी या मतदान केन्द्रों पर कब्जा होने

विचार-विमर्श करेंगे ।

आयोग ने कहा है कि दोनों ही संसदीय क्षेत्रों में मतदान से पहले ही हेराफेरी की आशंकाएं व्यक्त की गई थीं । आयोग ने इस बात को ही ध्यान में रखते हुए दोनों क्षेत्रों में दो-दो केन्द्रीय पर्यवेक्षक व

पंजाब में हत्यायें

(पृष्ठ 3 का शेष)

'खरड़' से शशि के अनुसार अजीत सिंह और अमृत लाल परस्पर मित्र थे । अमृत लाल की आयु 48 वर्ष की थी ।

नामी पहलवान की हत्या

अमृतसर (ह.स.): उग्रवादियों ने जिला अमृतसर के एक नामी पहलवान सतनाम सिंह सत्ता की गत रात्रि थाना मेहता के अन्तर्गत स्थित क्षेत्र में गांव रामन्ना चक्क में उसके घर में उसकी हत्या कर दी ।

2 व्यक्तियों की हत्या

जंडियाला (ह.स.): आज तड़के थाना जंडियाला के गांव धूलका में उग्रवादियों, जिनकी संख्या ज्ञात नहीं हो सकी, ने फायरिंग करके दो व्यक्तियों की हत्या कर दी । पुलिस ने मृतकों की शिनाख्त गुरदीप सिंह और शिंगारा सिंह के रूप में की है ।

उग्रवादी का पिता था

बताया जाता है कि शिंगारा सिंह उग्रवादी बीरा का पिता है और उसकी उग्रवादी गिरोहों की आपसी प्रतिद्वन्द्विता में हत्या की गई है । गुरदीप सिंह उर्फ कुलदीप सिंह नाई था । उग्रवादी नाई कुलदीप सिंह को जबरदस्ती उग्रवादी बीरा के घर में ले गए । वहां पहुंचकर उन्होंने कुलदीप सिंह और शिंगारा सिंह की अंधाधुंध फायरिंग करके हत्या कर दी ।

मुठभेड़ में उग्रवादी मरा

आज तड़के जिला अमृतसर के थाना वल्टोहा के गांव थट्टी जैमल सिंह के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक दुर्दांत उग्रवादी, जिसकी शिनाख्त जोगा सिंह के रूप में की गई है, मारा गया । पुलिस ने उसके कब्जे से एक ए.के.-47 चीनी असाल्ट राइफल, चीनी राइफल के 122 जीवित कारतूस, रात्रि को देखने वाली एक दूरबीन और एक सुनने में सहायक उपकरण बरामद किया है ।

पाक घुसपैठी मारा गया, साथी गिरफ्तार

फिरोजपुर (ह.स.) एक रिपोर्ट के अनुसार सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक पाकिस्तानी घुसपैठिया मारा गया और एक अन्य गिरफ्तार कर लिया गया । पुलिस ने गिरफ्तार व्यक्ति के पास से दो ए.के. 47 राइफलें और लगभग पचास कारतूस बरामद किए हैं ।

बस गिरफ्तार : भारी मात्रा में शस्त्र मिले

फिरोजपुर से प्राप्त एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार सुरक्षा कर्मियों ने पिछले पखवाड़े में नाकेबंदियों के दौरान दस संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया और उनके पास से छः ए.के. 47 राइफलें, 18 पिस्तौलें, पांच बंदूकें, पांच राइफलें तथा विभिन्न बोर के 950 से अधिक कारतूस बरामद किए ।

पति-पत्नी घायल

लुधियाना (ह.स.): जिला लुधियाना के गांव कोट मंगल सिंह में सशस्त्र उग्रवादियों ने एक व्यक्ति निरंजन सिंह के घर में घुस कर उसे व उसकी पत्नी को गोलियां मार कर घायल कर दिया ।

चार उग्रवादी काबू

कपूरथला (शर्मा): वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरदार स्वर्ण सिंह ने बताया कि कपूरथला पुलिस ने चार दुर्दांत आतंकवादियों बलबीर सिंह उर्फ फौजी (प्रीत नगर कपूरथला), गुरबचन सिंह (घुग्गछोर थाना करतारपुर), बलबीर सिंह (संघना थाना सदर अमृतसर), भगत सिंह (लोहगढ़ थाना जीरा) को गिरफ्तार करके उनके कब्जा से एक चीनी राइफल असाल्ट ए.के. 47, एक चीनी रिवाल्वर 38 बोर, एक पिस्तौल 12 बोर तथा 172 गोलियां बरामद की हैं । गिरफ्तार आतंकवादी बलबीर सिंह 26.5.88 को पुलिस के साथ भिड़ंत में मारे गए एक दुर्दांत आतंकवादी अवतार सिंह का साथी है ।

करतारपुर रेलवे स्टेशन गोलीकांड का अभियुक्त भी गिरफ्तार

आतंकवादी बलबीर सिंह ने मारे जा चुके आतंकवादी अवतार सिंह तथा अन्य के साथ करतारपुर रेलवे स्टेशन के बाहर गोलियां चला कर दो निर्दोष व्यक्तियों की हत्या तथा आठ को घायल कर दिया था । गांव डोगरांवाला तथा दयालपुर में ग्रंथियों की भी हत्या की थी । जिला जालंधर में डाके तथा लूटने की भी वारदातें की थीं । गिरफ्तार किया गया आतंकवादी भगत सिंह चार हत्याओं की वारदातों में अपराधी घोषित है । यह आतंकवादी नवयुवकों को फुसला कर आतंकवादी वारदातों के लिए तैयार किया करते थे । इनसे पूछताछ जारी है ।

पिस्तौल बरामद : एक गिरफ्तार

संगरूर (गोयल): जिला पुलिस ने थाना लौंगोवाल के अंतर्गत क्षेत्र में गश्त के दौरान एक व्यक्ति को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से एक .303 बोर का पिस्तौल तथा सात जीवित कारतूस बरामद किए हैं ।

कार सवारों की हत्या के मामले को सुलझाने की कोशिश

संगरूर के एस.एस.पी. ज्ञान सिंह के अनुसार समाज-विरोधी तत्वों के विरुद्ध अभियान जारी है । उन्होंने बताया कि गांव राजोमाजरा (धूरी) में गत मास आतंकवादियों द्वारा शिव मंदिर से लौटते समय पांच कार सवारों की हत्या के मामले को सुलझाने के लिए पर्याप्त यत्न किए जा रहे हैं और लगभग छः संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लिया जा चुका है, जिनसे कुछ सुराग मिले हैं ।

घर-घर की तलाशी

जालन्धर (ढल्ल): आज प्रातः जालन्धर पुलिस ने सी.आर.पी. के सहयोग से कबीर नगर आबादी को घेर कर घर-घर की तलाशी ली और कुछ व्यक्तियों से पूछताछ की किन्तु कोई हथियार आदि बरामद नहीं हुए । कल प्रातः भी बस्ती मिट्ठू, अर्जुन नगर तथा गुरदेव नगर की आबादियों को घेर कर पुलिस व सुरक्षा बलों ने घर-घर की तलाशी ली और डेढ़ दर्जन व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की और शक दूर होने पर उन्हें छोड़ दिया ।

स्कूटर बरामद

पुलिस सूत्रों के अनुसार परसों स्थानीय बी.एम.सी. चौक के पास जो स्कूटर पिस्तौल की नोक पर छीना गया था, वह लुधियाना पुलिस ने गत दिन स्कूटर छीनने वालों समेत पकड़ लिया ।

नवांशहर में 2 मरे

नवांशहर से गौतम के अनुसार आज रात सात बजे नवांशहर के एक रंगरेज विश्वमित्र (35) और उसके नौकर जसबीर (13) जब मोपेड पर बेगमपुर ग्राम जा रहे थे, रास्ते में स्कूटर सवार तीन उग्रवादियों ने फायरिंग करके उनकी हत्या कर दी । डी.एस.पी. एस.एस. छीना व अन्य अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए ।

किशोर की हत्या

करतारपुर (ह.स.): उग्रवादियों ने आज रात्रि जिला जालन्धर के थाना करतारपुर के क्षेत्र में स्थित गांव काला भाइयां में एक शराब के ठेके के बाहर एक किशोर अशोक कुमार की हत्या कर दी ।

रिवाल्वर चोरी

थाना सदर जिला जालन्धर के गांव खैरा मज्जा में एक व्यक्ति प्रीतम सिंह के मकान के ताले तोड़ कर उसकी 38 बोर की लाइसैंसी रिवाल्वर, 12 गोलियां, एक टेप रिकार्डर और कुछ कपड़े चुरा लिए गए ।

फगवाड़ा में तलाशियां

फगवाड़ा (अशोक): पुलिस व सुरक्षा बलों ने आज तड़के पुनः फगवाड़ा व आसपास के क्षेत्रों में छापे मारे व तलाशियां लीं । पता चला है कि इस तलाशी अभियान में कोई संदिग्ध व्यक्ति भी हिरासत में नहीं लिया जा सका ।

फगवाड़ा से राकेश के अनुसार कल शाम निकटवर्ती गांव तखरां में उग्रवादियों ने एक व्यक्ति नसीब सिंह से उसका स्कूटर पिस्तौल की नोक पर छीन लिया था, उसके बारे में पता चला है कि नसीब सिंह जब अपनी पत्नी के साथ गोराया से रुड़का कलां को जा रहा था तो तखरां गांव के रेलवे फाटक के पास उससे स्कूटर छीन लिया गया । उग्रवादी जाते समय उसकी जेब से लगभग 500 रुपए नकद, एक हाथ की घड़ी तथा उसका ड्राइविंग लाइसैंस भी ले गए ।

फरीदकोट (जिबल): दो उग्रवादियों ने गत सायं लगभग 5.30 बजे यहां कामियाना गली के निकट एक व्यक्ति मोंगा से पिस्तौल की नोक पर उसका स्कूटर छीन लिया । उग्रवादियों ने पिस्तौल की नोक पर श्री मोंगा को स्कूटर की चाबियां देने के लिए कहा और साथ ही धमकी दी कि यदि उसने स्कूटर की चाबी न सौंपी तो उसकी हत्या कर दी जाएगी । स्कूटर लेकर उग्रवादी भाग निकले ।

मारुति कार छीन कर भाग गए

सोनीपत (सपरा): पुलिस उन दो सशस्त्र व्यक्तियों की तलाश कर रही है, जो कुछ दिन पूर्व यहां से लगभग दस किलो मीटर दूर गांव चिटाना के निकट ड्राइवर को कार से बाहर फैंक कर मारुति कार को लेकर भाग गए थे । विलम्ब से प्राप्त एक सूचना के अनुसार अभियुक्तों ने पानीपत से किराए पर कार ली और ड्राइवर को जिला सोनीपत में माहरा गांव में चलने को कहा । रास्ते में उन्होंने पिस्तौल की नोक पर ड्राइवर से कार छीन ली और उसे कार से बाहर फैंक दिया ।

हैड कांस्टेबल का मोटर साइकल ले गए

एक अन्य सूचना के अनुसार कुछ अभियुक्त यहां पुलिस कालोनी में एक पुलिस कांस्टेबल के घर में घुस गए और उसका मोटर साइकल भगा कर ले गए । उस समय घर के लोग सोए हुए थे ।

4 अफगान नागरिक, एक पाकिस्तानी गिरफ्तार

जम्मू (ह.स.): सीमा पुलिस ने जम्मू-पंजाब सीमा पर लखनपुर के निकट चार अफगान नागरिकों और एक पाकिस्तानी को आज गिरफ्तार कर लिया । पुलिस की सूचना के अनुसार इन्होंने साम्बा में पाकिस्तान से सीमा रेखा को पार किया था और पंजाब की ओर आ रहे थे, जब पुलिस ने उन्हें पकड़ा । पुलिस अभियुक्तों से पूछताछ कर रही है ।

दुकानदार लूट लिया

लुधियाना से जोशी की सूचना है कि ऊधमसिंह नगर मार्केट नम्बर 2 में आज रात्रि साढ़े 8 बजे पिस्तौल दिखा कर एक दुकान न्यू शर्मा स्टोर को लूट लिया गया । स्कूटर सवार 2 उग्रवादी दुकान पर आए, दुकानदार भूषण कुमार और ग्राहकों के पिस्तौल की नोक पर हाथ खड़े करवा लिए और 5000 रुपए नगद लेकर फरार हो गए ।

विद्रोही नागाओं के हमले में 2 मेजर, 1 जवान मरे

इम्फाल, 7 जुलाई (वार्ता): मणिपुर के उखरुल जिले में भूमिगत नागाओं ने आज सुरक्षा बल के वाहन पर घात लगाकर हमला करके दो मेजर और एक जवान को मार डाला ।

बर्षा-बाढ़ से खतरा बढ़ा

(पृष्ठ 3 का शेष)

की एक बैठक बुलाई और उन्हें बाढ़ग्रस्त लोगों को राहत संबंधी पगों से अवगत कराया । उन्होंने बताया कि नुकसान के संबंध में तात्कालिक सर्वेक्षण के लिए दस टीमें नियुक्त की गई हैं । हर टीम का नेता एक गजेटिड अफसर होगा । टीम सर्वेक्षण के समय लोगों के प्रतिनिधियों को कोआप्ट करेगी । सर्वेक्षण रिपोर्ट मिलते ही राहत-कार्य शुरू कर दिया जाएगा ।

उन्होंने बताया कि अब पटियाली नदी में पानी बहुत कम रह गया है और शहर की सभी बस्तियों से पानी निकल गया है । जहां तक दरारें या छेद बंद करने का संबंध है, यह काम फौजी जवानों की सहायता से पूर्ण कर लिया गया है । उन्होंने सेना के वरिष्ठ अधिकारियों मेजर जनरल चौधरी और कर्नल गंडोत्रा की ओर से दी गई सामयिक सहायता का धन्यवाद किया, जिन्होंने शहर को बचा लिया है ।

पटियाली नदी में आधी दर्जन दरारें हुई मगर तीन दरारें बड़ी थीं । नदी के निकट एक दरार एक चरण पर पांच सौ फुट की हो गई थी । सनौरी गेट के निकट दरार जो अराई माजरा के पास थी, तीन सौ फुट की थी । पटियाला-सनौर-सड़क में 133 फुट की दरार पड़ी जिसकी मुरम्मत लोक-कर्म-विभाग युद्ध स्तर पर कर रहा है ।

शनिवार और रविवार की मध्यवर्ती रात कहर की रात साबित हुई, लेकिन एक बात देखने में आई कि हिन्दुओं और सिखों ने मिल कर एक-दूसरे को बचाया । गुरबख्श कालोनी के श्री जगदीश चंद्र ने पांच संकटग्रस्त सिख-परिवारों के 25 सदस्यों को उनके घरों से निकाल कर अपने मकान में स्थान दिया । संजय कालोनी का अशोक कुमार (30) डूबते हुए लोगों को बचा कर स्वयं शहीद हो गया । इसी प्रकार सरहन्दी गेट के गुरदेव सिंह ने दूसरों को बचाते हुए प्राण दिए ।

व्यापारियों को करोड़ों की हानि

इस बीच एक अनुमान के अनुसार बाढ़ से पटियाला के व्यापारियों को करोड़ों रुपए का नुक्सान हुआ है । बीमा कम्पनियों ने व्यापारियों को मुआविजा देने से इंकार कर दिया है, क्योंकि बीमा-कागजात में शब्द 'कुदरती कहर' नहीं लिखा गया ।

पटियाला नगर में बाढ़ग्रस्त निचले क्षेत्रों में से पानी निकालने के लिए 50 पम्पिंग सैट लगाए गए हैं ।

पटियाला नगर के 4000 बाढ़ पीड़ित अभी भी नगर के स्वयं सेवी संगठनों द्वारा संचालित 10 सहायता शिविरों में रह रहे हैं । शिविरों में 2500 झुग्गी-झोंपड़ी निवासी रह रहे हैं । इस बीच राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने राहत कार्यों के लिए 8 सदस्यीय सहायता समिति गठित की है । अखिल भारतीय नामक महासभा के अध्यक्ष श्री निरंजनदास ने मांग की है कि बैंक ऋणों की वसूली स्थगित की जाए तथा ब्याज न लिया जाए । इंका नेता श्री जसपाल ने मांग की है कि उन बाढ़ पीड़ित परिवारों को एक-एक लाख रुपए सहायता दी जाए । अनेक प्रमुख नेताओं ने पटियाला नदी के बांध को पक्का करने की मांग की है ।

छत गिरने से एक मरा

पटियाला के धर्मपुरा बाजार में एक दुकान की छत गिरने से एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई । गांव रामगढ़ का एक 60 वर्षीय किसान दुकान में कुछ खरीदारी कर रहा था, तभी यह दुर्घटना घटी । उसे गम्भीर रूप से घायल अवस्था में अस्पताल लाया गया, जहां उसकी मृत्यु हो गई । दुकान का मालिक जगीर सिंह व एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया ।

जालंधर में बाढ़-सुरक्षा के लिए पग

जालंधर (ढल्ल): जिला जालंधर में बाढ़ नियंत्रण के उपायों को कारगर बनाने के लिए आज यहां डिप्टी कमिश्नर श्री सुधीर मित्तल की अध्यक्षता में एक बैठक हुई जिसमें ड्रेनेज, पी.डब्ल्यू.डी., फूड एंड सिविल सप्लाईज, हैल्थ विभागों तथा नगर निगम के आयुक्त श्री आई.एल. डावरा तथा अन्य अधिकारियों के अतिरिक्त नगर तथा जिला के अनेक प्रमुख व्यक्ति शामिल हुए ।

श्री मित्तल ने सभी अधिकारियों तथा जन-प्रतिनिधियों को हाल की वर्षा से सम्भावित बाढ़ की स्थिति के प्रति सचेत रहने तथा ऐसी स्थिति उत्पन्न होने पर आपसी सहयोग से उसका सामना करने का आह्वान किया ।

श्री मित्तल नगर के सात तथा जालंधर छावनी के एक सैक्टर के इंचार्ज पी.सी.एस. अधिकारियों तथा सभी एस.डी.एम्ज को अपने-अपने क्षेत्र में बाढ़ नियंत्रण के उपाय करने, लोगों को बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों से निकालने तथा उनके आवास व आवश्यक वस्तुओं की सप्लाई का प्रबन्ध करने का जिम्मेदार बताया । उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन, स्वयंसेवी संगठनों व सामाजिक संस्थाओं का भी इस कार्य में सहयोग प्राप्त करेगा ।

जिला फूड कंट्रोल अफसर श्री एच.बी. लाल मोदगिल ने एक भेंट में बताया कि नगर के जो सात सैक्टर बनाए गए हैं, उनमें पुराने वार्डों के अनुसार क्षेत्र शामिल किए गए हैं और प्रत्येक सैक्टर में बाढ़ नियंत्रण उप-कार्यालय स्थापित किया गया है, जिसका ब्यौरा इस प्रकार है :-

सैक्टर 1- वार्ड एक से चार तक ।

क्लासीफाइड विज्ञापन

चिकित्सा

आयुर्वेदिक चमत्कार ! हमारी अपनी तैयार दवाइयों से स्त्री-पुरुष सेहत, तंदरुस्ती हासिल करके आनंदमयी जीवन व्यतीत करें तथा पोलियो, बालचर, बाल झड़ने, सीकरी, गंजेपन का खास इलाज । डाक्टर सत्यपाल बहल, चौक निमवाला, लुधियाना-141008.

तीर्थ यात्रा

24 जुलाई गुरुपूर्णिमा पर अमरनाथ, श्रीनगर, गुलमर्ग, पहलगांव, वैष्णोदेवी, चामुंडा, ज्वालाजी, चिन्तपूरनी, किराया 350/-, मिलें : सुमित ट्रैवल्स, सामने मंदिर माईबौनी, चौड़ी सड़क, लुधियाना, फोन : 20393.

शिक्षा

बी.एड., जे.बी.टी. नर्सरी टीचर ट्रेनिंग, सैनिटरी इंस्पैक्टर, वैटरनरी डाक्टर, लाइब्रेरियन कोर्स (नियमित/पत्राचार) में प्रवेश लें । रजिस्ट्रार, दिल्ली विश्व विद्यापीठ, 233, टैगोर पार्क, माडल टाऊन, दिल्ली-9.

+2 (Direct) +1 Fail/मैट्रिक पास एक वर्ष बचाएं । बिना पूर्व परीक्षा (मैट्रिक) गारंटिड । RMP (सरकारी मान्य) रजिस्ट्रेशन । BAMS (एक वर्षीय) RMP/आयुर्वेदरत्न के बाद । B.Ed./ JBT/ OT/ LT/NTT (पत्राचार)/LLB (3 years professional). B.A./ B.Com./ B.Sc. (Direct) after Prep/+2. Prospectus Rs. 10/- by MO. Saraswati College, Street No. 1, Jain Nagar, Abohar (Punjab).

RMP रजिस्ट्रेशन 10 दिन में । बिना आठवीं मैट्रिक/दसवीं पास 10+2 या सीधा बी.ए. गारंटिड करें । गीता डिग्री कालेज, पीछे ITI, यमुनानगर । (JD)

सातवीं, आठवीं, नवीं फेल शर्तिया मैट्रिक पास करें । मैट्रिक पास 10+2 करें, 10+1, 10+2, B.A. के विद्यार्थियों को पास कराने की गारंटी । Metro College, Bazar Narsinghdass (Near Majith Mandi), Amritsar. Phone-47664.

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 7.7.88, 60/- without trays. NECC Suggested Retail Price 8/- per Dozen.

नाम परिवर्तन

I, Sarnagat Rai Saini S/o. Mohan Lal, BIX-36-A, Bhagatpura, Jalandhar have changed my name from Sarnagat Rai Saini to Snaatan Saini.

ज़मीन/जायदाद/प्लाट

रिहायशी/इंडस्ट्रियल प्लाट खरीदने हेतु मिलें : हीरा प्रापर्टी डीलर्ज, जगाधरी रोड, इंडस्ट्रियल एरिया, निकट महेशनगर, अम्बाला छावनी । फोन-23052.

रेलवे लिंक रोड, अमृतसर पर अच्छी चलती, मोटर स्पेयरपार्ट्स की किराया की दुकान बिकाऊ है । बाक्स 937, पंजाब केसरी, जालंधर । (JD)

For Sale Excellent Duplex House Posh locality Gurgaon 350 Modern Amenities. Contact— Owner, 218, Sector-14, Gurgaon, Tel.-20316, 23150.

For sale commercial building or long lease excellent showrooms, office, godown Main Delhi Road, Sector-14. Contact—Arjun Centre, SCO 20, Sector 14, Gurgaon, Tel.-23150, 20316.

आवश्यकता

अनुभवी ड्राइवर स्कूल वैन के लिए चाहिए । वेतन 700/- रु. । मिलें—9 जुलाई 4 बजे शाम । गुप्ता माडल हाई स्कूल, 72, क्लब रोड, लुधियाना ।

फोटोस्टैट मशीन पर काम करने हेतु लड़की चाहिए । अच्छी तन्खाह । धनी राम मुन्नी लाल, कचहरी चौक, कपूरथला ।

एक महिला DPE और दो ग्रैजुएट महिला होस्टल वार्डन चाहिएं । इंटरव्यू 19 जुलाई 1988 प्रातः 10 बजे स्कूल कार्यालय में होगी । प्रार्थी अपने मूल प्रमाणपत्र साथ लावें । वेतन योग्यतानुसार—प्रिंसीपल, अमृत माडल हाई स्कूल (मान्यता प्राप्त), अबोहर ।

पंजाब में हत्यायें
(पृष्ठ 1 का शेष)

यहां लुधियाना नगर निगम की एक चुंगी चौकी से 53,000 रुपए लूट लिए तथा फरार हो गए ।

सरपंच से रिवाल्वर छीना

लुधियाना के निकट इगरी गांव के सरपंच से उग्रवादी एक रिवाल्वर, एक बन्दूक तथा 10 हजार रुपया छीन कर ले गए ।

छापे

कपूरथला (शर्मा) : आज काफी सवेरे सुरक्षा बलों ने एक स्थानीय गुरुद्वारा तथा सलतानपुर लोधी में गरुद्वारा बेर साहब में तलाशी ली । पुलिस ने दो व्यक्तियों को हिरासत में लिया ।

खालिस्तानी गिरफ्तार

बटाला (कोछड़) : सदर पुलिस ने एक खालिस्तानी लक्खा सिंह को राजद्रोह के केस में आतंकवाद उन्मूलन कानून के अंतर्गत गिरफ्तार किया है । उससे एक खालिस्तानी झंडा बरामद हुआ । इसी बीच फतेहगढ़ चूड़ियां पुलिस ने गांव घनिये का बंगड के अजीत सिंह को कथित उग्रवादियों भगत सिंह व गुरमेज सिंह को शरण दन के आरोप में गिरफ्तार किया ।

गांव कोटला शर्फ से रखा सिंह को भी आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है ।

3 राकेट बरामद

पुलिस जिला बटाला के थाना श्री हरगोबिन्दपुर के गांव धण्डोई में आतंकवादियों की ओर से बी.एस.एफ. की चौकी पर राकेटों से किए हमले के सम्बन्ध में एस.पी. श्री एस.एम. शर्मा ने पत्रकारों को बताया कि बुध-वीरवार की रात को गांव धण्डोई के सरकारी हाई स्कूल में तैनात बी.एस.एफ. की चौकी पर आतंकवादियों ने तीन राकेट फैंके जो आसपास के खेतों में गिरे । जिन्हें बाद में बी.एस.एफ. ने खोजबीन के दौरान बरामद कर लिया है और इनकी जांच के लिए विशेषज्ञों को बुलाया गया है कि यह किस टाईप के हैं । श्री शर्मा ने आगे बताया कि घटनास्थल से खालिस्तान कमांडो फोर्स के जनरल भाई सुखदेव सिंह झामके व एरिया कमांडर भाई सुखजिन्दर सिंह उर्फ पप्पू का पत्र मिला है जिसमें चेतावनी दी गई है कि अब सुरक्षा बलों व पुलिस पर लगातार हमले किए जाएंगे । श्री शर्मा ने कहा कि सुरक्षा बलों व पुलिस का मनोबल बहुत ऊंचा है ।

हैड कांस्टेबल व आतंकवादी मरा

गुरदासपुर (विनोद) : जिला गुरदासपुर में गुरदासपुर सदर के गांव बबरी में आतंकवादियों तथा पुलिस में हुए मुकाबले में पुलिस का एक हैड कांस्टेबल तथा एक आतंकवादी मारा गया जबकि एक आतंकवादी भागने में सफल हो गया ।

जिला पुलिस प्रमुख श्री पी.एम. दास ने घटनास्थल से वापिस आकर बताया कि गुरदासपुर सदर पुलिस के एस.एच.ओ. को सूचना मिली थी कि कुछ आतंकवादी गुरदासपुर सदर के गांव बबरी निवासी बलकार सिंह, जिसने यहां कुछ जमीन ठेके पर ले रखी है, के ट्यूबवैल पर छुपे हुए हैं । एस.एच.ओ. ने पुलिस पार्टी को साथ लेकर आज प्रात: 3 बजे ट्यूबवैल की घेराबंदी कर रखी थी और दिन चढ़ने का इंतजार कर रहा था कि प्रात: 5.30 बजे ट्यूबवैल की छत पर सोए आतंकवादी ने जब पुलिस द्वारा ट्यूबवैल की घेराबंदी देखी तो उसने ए.के. 47 राईफल से फायरिंग शुरू कर दी जिसके जवाब में पुलिस द्वारा भी गोली चलाई गई । परन्तु हैडकांस्टेबल दलबीर सिंह जमीन पर रेंगता हुआ ट्यूबवैल के पास पहुंच गया और उसने ट्यूबवैल के अन्दर फायरिंग की जिससे ट्यूबवैल के अन्दर छुपा आतंकवादी मारा गया । परन्तु छत पर लेटे आतंकवादी ने छलांग लगा कर भागना चाहा जिस पर दलबीर ने उसे पकड़ लिया परन्तु आतंकवादी ने ए.के. 47 राईफल से दलबीर पर फायरिंग कर दी जिससे दलबीर की मौके पर ही मृत्यु हो गई और आतंकवादी भागने में सफल हो गया । पुलिस ने घटनास्थल से एक ए.के. 47 राईफल, 3 मैगजीन और 200 के करीब कारतूस बरामद किए है ।

श्री दास ने बताया कि सूचना मिलते ही वह स्वयं भारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए और भागे हुए आतंकवादी की तलाश की जा रही है । इस काम के लिए कुत्ता स्कवैड की भी मदद ली जा रही है । श्री दास ने बताया कि इस मुकाबले में मारे गए हैडकांस्टेबल दलबीर सिंह को बहादरी दिखाने पर अवार्ड देने की सिफारिश की गई है । मृतक की पत्नी बलजिन्द्र कौर अमृतसर पुलिस में सहायक पुलिस इंस्पैक्टर है ।

होशियारपुर के बडयाला ग्राम में उग्रवादियों के हाथों मारे गए महंगा सिंह का शव । (छाया : पंजाब केसरी)

उग्रवादी सिपाही काबू

संगरूर (गर्ग): जिला संगरूर पुलिस ने उग्रवादी कार्रवाइयां करने के आरोप में एक सिपाही को गिरफ्तार किया है । इसका नाम महेन्द्र पाल सिंह बताया गया है जो पटा सैक्यूरिटी फोर्स में काम करता था । वह उग्रवादियों को शरण देता था तथा उनके साथ मिलकर कार्रवाइयां करता था । बताया जाता है कि जब उसे गिरफ्तार किया गया तो उसने खालिस्तान के पक्ष में नारे लगाए । पुलिस ने कालेज रोड पर छापा मारकर उसके कुछ साथियों को गिरफ्तार करके भारी मात्रा में शस्त्रास्त्र बरामद किए हैं । लेकिन सरकारी तौर पर इन गिरफ्तारियों की पुष्टि नहीं हुई ।

बटाला के कार्यवाहक पुलिस अधयक्ष ने कहा कि सीमा सुरक्षा बल चौकी पर राकेटों से किए गए हमले की जिम्मेदारी खालिस्तान कमांडो फोर्स ने ली है ।

घर में घुसकर लूटा

रैया से जसपाल के अनुसार गत रात 9 बजे के लगभग ब्यास थाना के गांव चीमा बाठ में 8-10 संदिग्ध व्यक्तियों ने अजीत सिंह नामक व्यक्ति के घर में घुसकर उसकी पत्नी गुरमीत कौर को बांध दिया तथा मारपीट करने के बाद चाबियां लेकर लोहे की पेटी में से गहने व 1100 रुपए ले गए । बताया जाता है कि उग्रवादियों ने पहले भी एक बार इस घर को लूटने की कोशिश की थी लेकिन घर वालों के शोर मचा देने पर वे भाग निकले थे । उग्रवादियों ने घर के लोगों को पुलिस को सूचना देने के विरुद्ध चेतावनी भी दी ।

जिम्मेदारी ली

बाद में जालन्धर से पुलिस सूत्रों के हवाले से मिली सूचना में कहा गया कि सरपंच महंगा सिंह की हत्या की जिम्मेदारी शहीद करतार सिंह सराभा ब्रिगेड ने ली है । एक बयान में ब्रिगेड ने कहा कि महंगा सिंह की हत्या 3 मार्च को जिला होशियारपुर में हुए कारी-सारी कांड में 32 लोगों की हत्या का बदला लेने के लिए की गई है । यह आरोप लगाया गया है कि उस समय हत्यारों ने महंगा सिंह के घर में शरण ली थी ।

शाम के भाव
(8, जुलाई 1988)

दिल्ली, (एन.एन.एस.): दिल्ली क्लाथ 43.25, हिंद मोटर्स 21.25, रिलायंस 190, चांदी (999) 5750, चांदी सिक्का (सैकड़ा) 6200, सोना बिट्ठर (प्रति 10 ग्राम) 2970, सोना स्टैंडर्ड (10 ग्राम) 3100, मिल डिलीवरी : तेल सरसों टैंकर (प्रति 10 किलो) 182, सोयाबीन तेल (प्रति 10 किलो) 190, तेल चावल खाद्य (10 किलो) 190, तेल चावल अखाद्य (10 किलो) 145, चर्बी 1890, गुड़ बायदा 119.20, तेल बिनौला 195, गणेश जीरा 3700-3800, पिपरामैंट चूरा 205, पिपरामैंट पापड़ी 220 रुपए ।

दिल्ली सर्राफा चांदी (प्रति किलो) : चांदी (999) टंच हाजिर 5752, चांदी गद्दी 5692, चांदी कच्ची 5794, सिक्का (प्रति सैकड़ा) 6202, सोना (प्रति 10 ग्राम) बिट्ठर 2970-2980, स्टैंडर्ड सोना 3105, स्वर्ण आभूषण (22 कैरेट) 2995, गिन्नी (प्रत्येक) 2600-2625 रुपए ।

अमृतसर सर्राफा सोना स्टैंडर्ड 3050, सोना बिट्ठर 3000, स्वर्ण आभूषण 2800, स्वर्ण गिन्नी 2700, चांदी तेजाबी 5900, चांदी थोबी 5800, सिक्का 6200 रुपए ।

अकाल तख्त पर पेश होना
(पृष्ठ 1 का शेष)

जगदेव सिंह तलवंडी से अपील की है कि वे मुश्किल के इस समय में सिख पंथ की कमान सम्भालें । इस सम्बन्ध में जो बयान जारी किया गया है उस पर बसंत सिंह खालसा, रणधीर सिंह चीमा, शिरोमणि कमेटी की कार्यकारिणी के सदस्य सतनाम सिंह, सरदारा सिंह कोहली, हरदयाल सिंह, गुरदेव सिंह भोपाल, प्रोफैसर जगजीत सिंह भुल्लर, बचित्र सिंह, रणजीत सिंह रियाड़, गुरदेव सिंह भैणी, सुखदेव सिंह लिबड़ा, बचन सिंह चीमा, जौहर सिंह, दया सिंह और शाम सिंह के हस्ताक्षर हैं ।

उत्तरी भारत में बाढ़
(पृष्ठ 1 का शेष)

किलोमीटर दूर गगरेट में भारी वर्षा से कृषि भूमि को भारी हानि पहुंची है । गगरेट में अनेक मकानों में बाढ़ का पानी घुस गया है । गगरेट, पंजावर, अम्बोटां गांवों में खड्ड में बाढ़ आ जाने के कारण कृषि भूमि का एक बड़ा भाग बह गया है । अनेक खेतों में रेत भर गई है । ऊना के जिलाधीश श्री त्रिपाठी ने गगरेट और अम्बोटा क्षेत्रों का दौरा करके बताया कि गगरेट और अम्बोटा में खड्डों द्वारा अपना प्रवाह बदल देने से इन खड्डों के किनारों पर स्थित हरिजनों के दो दर्जन मकानों के लिए खतरा पैदा हो गया है ।.जिलाधीश ने बताया कि जिन क्षेत्रों में बाढ़ से क्षति हुई, उन क्षेत्रों में हानि का अनुमान लगाने के लिए तहसीलदार को निर्देश दिए गए हैं ।

दीवार गिरने से युवक व बच्ची घायल

फिरोजपुर (पायलट): नगर में गत दिवस हुई भारी बरसात से जन-जीवन बुरी तरह प्रभावित रहा । यातायात पूर्णत: ठप्प रहा । नगर के मुख्य बाजारों तथा गलियों में पानी खड़ा हुआ था । इस भारी वर्षा के दौरान बस्ती कम्बोज में एक मकान की ऊंची दीवार गिरने से एक युवक तथा पांच वर्षीय बच्ची उसके नीचे दब गए, जिन्हें बड़ी मुश्किल से निकाला गया और गम्भीर रूप से घायल अवस्था में अस्पताल पहुंचाया गया ।

सफेद बेयीं में बाढ़ से यातायात रुका : सतलुज का पानी चढ़ा

जालन्धर (बल्ल): आज प्रात: नवांशहर-गढ़शंकर रोड पर सफेद बेयीं में बाढ़ आ जाने से ट्रैफिक रुक गया जिसकी सूचना यहां बाढ़ नियंत्रण कार्यालय को मिलते ही एस.डी.एम. नवांशहर तथा ड्रेनेज व सिंचाई विभागों के सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने की हिदायत दे दी गई ताकि ट्रैफिक बहाल हो सके ।

गत रात थाना लोहियां के क्षेत्र में गिदड़पिंडी स्टेशन के निकट सतलुज नदी में पानी चढ़ आने की सूचना यहां मिली थी । आज प्राप्त सूचनाओं के अनुसार कुछ पानी गांव सल, मंडी चोलियां, मण्डाला आदि के बाहर आ गया । एक अन्य सूचना के अनुसार कुछ घरों में कुछ इंच पानी घुस भी गया ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार एस.डी.एम. नकोदर श्री एच.एस. सोढी ने तुरन्त कल रात ही एक बी.डी.ओ. तथा नायब तहसीलदार को बाढ़ नियंत्रण सम्बन्धी आवश्यक कार्रवाई के लिए भेज दिया था ।

जालन्धर नगर में विशेष कदम

जालन्धर नगर में बाढ़ की सम्भावनाओं को ध्यान में रखते हुए नगर निगम के आयुक्त श्री आई.एल. डावरा ने ड्रेनेज तथा सीवरेज आदि की निगरानी तथा निचान वाले क्षेत्रों में वर्षा अथवा बाढ़ के कारण भर जाने वाले पानी के निकास आदि के विशेष उपाय किए हैं, जिन पर अमल के लिए विशिष्ट निगम अधिकारियों व कर्मचारियों की टीमें तैनात की गई हैं ।

श्री डावरा के अनुसार पूरे जुलाई मास के लिए इंजीनियरिंग, सीवरेज व सफाई आदि विभागों से सम्बन्धित कामों के बारे में चौकसी के लिए 24 घंटे स्टाफ को ड्यूटी पर तैनात रखने की व्यवस्था की गई ।

उन्होंने बताया कि निचान वाले क्षेत्रों पर विशेष निगाह रखने के लिए नगर को तीन बड़े ज़ोनों में बांटा गया है, जिनमें से ज़ोन एक के इंचार्ज श्री डी.के. शर्मा असिस्टैंट इंजीनियर हैं और इस ज़ोन में पुराने वार्ड 16, 18, 19, 23, 24, 25, 27 से 29, 30 का कुछ भाग, 33 व 34 शामिल हैं । इस ज़ोन के अधीन तीन उप-ज़ोनों के इंचार्ज एस.ओ. श्री गुरबचन सिंह, एस.ओ. श्री विनोद कुमार व एस.ओ श्री एम.पी.एस. बेदी हैं ।

ज़ोन 2 के इंचार्ज असिस्टैंट इंचार्ज श्री मेहर सिंह हैं और इसमें वार्ड एक से 7ए, 13, 20, 21, 22 व 23 का कुछ भाग शामिल हैं । इस ज़ोन के तीन उपज़ोनों के इंचार्ज एस.ओ. श्री इंद्र मोहन सिंह, एस.ओ. श्री दलजीत सिंह व एस.ओ. श्री अरुण कुमार हैं ।

ज़ोन तीन के इंचार्ज असिस्टैंट इंजीनियर श्री बी.एल. नारंग हैं तथा इसमें वार्ड 8 से 12, 14, 15, 17, 31, 32 व 32 ए शामिल हैं । इस के तीन उपज़ोनों के इंचार्ज हैं एस.ओ. श्री पी.के. गर्ग, एस.ओ. श्री कैलाश दत्त व एस.ओ. श्री डी.पी. वधवा ।

उक्त तीनों ज़ोन इंचार्ज जिला प्रशासन द्वारा स्थापित बाढ़ नियंत्रण कार्यालय से सम्पर्क बनाए रखेंगे और बाढ़ की हालत में उसकी सभी कार्रवाइयों में सक्रिय सहयोग देंगे ।

इसके अतिरिक्त वाटर सप्लाई व सीवरेज व्यवस्था पर निगाह रखने के लिए नगर को दो भागों में बांटा गया है, जिसमें से एक भाग जी.टी. रोड के उत्तर का और दूसरा दक्षिण का होगा । उत्तरी भाग के इंचार्ज असिस्टैंट इंजीनियर श्री ए.एस. धालीवाल और दक्षिणी के इंचार्ज असिस्टैंट इंजीनियर श्री सुभाष दुआ हैं । श्री धालीवाल के सहायक एस.ओ. श्री पी.एस. जग्गी व एस.ओ. श्री कश्मीरी लाल तथा श्री दुआ के सहायक एस.ओ. श्री ज्ञान सिंह, एस.ओ. श्री भारत भूषण व एस.ओ. श्री सुखदेव सिंह सोही होंगे ।

उक्त तीनों प्रकार की टीमों की देखभाल चीफ इंजीनियर श्री एम.एन. शर्मा तथा एग्जैक्टिव इंजीनियर श्री अविनाश शर्मा करेंगे ।

निगम अधिकारियों ने जिन कुछ क्षेत्रों को बाढ़ की दृष्टि से निचान वाला करार दिया है उनमें किशनपुरा, अजीत नगर, काजी मंडी, लक्ष्मीपुरा, कोट किशन चंद, प्रीतनगर, लाडोवाली रोड, पी.ए.पी. के निकट जी.टी. रोड, संतोखपुरा, अवतार नगर, तेज मोहन नगर, काकी पिंड, रामा मंडी, संगत सिंह नगर, राजपत नगर, मखदूमपुरा, गोपाल नगर, गड़ मंडी, जेल चौक, बस्ती गुजां, (प्रीतम पैलेस के पिछवाड़े), मनजीत नगर, बस्ती दानिशमंदां, करारखां मोहल्लां, रेरू पिंड, बलदेव नगर, माडल टाऊन निकट निक्कू पार्क तथा ओल्ड जवाहर नगर ।

तटबंधों पर चौकसी के लिए ठीकरी पहरा

इस बीच जालंधर के जिलाधीश श्री सुधीर मित्तल ने सतलुज नदी के तटवर्ती तटबंधों तथा नहरी पर 24 घंटे चौकसी रखने के लिए ठीकरी पहरे के आदेश दिए हैं । इसके अनुसार सतलुज नदी के तट व अन्य नहरों के किनारे पड़ने वाले गांवों के ग्रामीणों को 24 घंटे इन क्षेत्रों में ठीकरी पहरा देना पड़ेगा ।

इस कार्य की देखरेख सम्बन्धित पंचायतें करेंगी । ठीकरी पहरे का यह आदेश आगामी तीस सितम्बर तक लागू रहेगा ।

पटियाला में स्थिति में सुधार

पिछले दिनों बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित पटियाला नगर में स्थिति में निरंतर सुधार जारी है । पटियाला नदी में तटबंधों में जो दरारें आ गई थीं उन्हें भर दिया गया है ।

51 गांव प्रभावित

सरकारी क्षेत्रों से प्राप्त समाचारों के अनुसार जिले के 51 गांव बाढ़ व भारी वर्षा से कुप्रभावित हुए हैं । सामाना सब-डिवीजन के शुतराना क्षेत्र के 27 गांव बुरी तरह कुप्रभावित हुए । खनौरी के निकट घग्गर के तटबंध में कटाव आ जाने से इन गांवों में बाढ़ का पानी भर गया । 24 अन्य गांव बलबेरा मंडी क्षेत्र में बाढ़ में घिरे ।

पटियाला के जिलाधिकारी बी.सी. गुप्ता ने पटियाला शहर के उन 10 निजी मकानों को गिराने के आदेश दिए हैं जो हाल ही की बाढ़ के कारण गिरने के कगार पर पहुंच गए हैं ।

एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि पटियाला में जलमग्न क्षेत्रों के 2500 निवासी अभी भी राहत शिविरों में रह रहे हैं । प्रवक्ता ने बताया कि पटियाला में सात व्यक्तियों की बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में बिजली का करंट लगने, डूबने या बह जाने से मृत्यु हुई है ।

मृतकों के आश्रितों को दस-दस हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है । जिले में 22 से अधिक पशु बह गए हैं ।

लुधियाना में धुस्सी बांध में आ गई दरार की मरम्मत कर दी गई है । जिले में बाढ़ का पानी धीरे-धीरे घटने लगा है ।

इटा नगर : अरुणाचल प्रदेश के लोहित जिले में तेजू के निकट तंगलात नदी में कल दो महिलाओं और 1 बच्चे समेत 6 व्यक्तियों की डूबने से मृत्यु हो गई ।

एकाल
कीड़ों
HEARING
SALE & PURCHASE

(शेष पृष्ठ 12 पर)

मुठभेड़ों में 3 तथा आपसी संघर्ष में 1 आतंकवादी मरा : 3 व्यक्तियों की हत्या

चंडीगढ़, 8 जुलाई (वार्ता, ह.स.): पंजाब में कल रात के बाद 4 आतंकवादी मारे गए जबकि एक हैड कांस्टेबल सहित 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई । लुधियाना में एक चुंगी लूट ली गई । अमृतसर सीमा पर हुई मुठभेड़ में सीमा सुरक्षा बल ने भारी मात्रा में हथियार तथा अतिआधुनिक इलैक्ट्रानिक उपकरण बरामद किए ।

कुख्यात आतंकवादी मरा

अमृतसर (अशोक): भारत-पाक सीमा के खेमकरण सैक्टर में गत रात पाकिस्तान से भारत में घुसपैठ कर रहे 5 आतंकवादियों के साथ सीमा सुरक्षा बल के जवानों का भीषण मुकाबला हुआ जिसमें एक आतंकवादी जोगा सिंह उर्फ गौड़ा निहंग निवासी ठट्ठी जैमल सिंह मारा गया जबकि उसके बाकी के चार साथी वापस पाकिस्तान भाग गये । घटनास्थल से हथियारों, गोली सिक्का के अतिरिक्त रात को देख सकने वाले उपकरण तथा अति आधुनिक इलैक्ट्रानिक्स उपकरण भी बरामद हुए हैं ।

इस मुकाबले के सम्बन्ध में विवरण देते हुए डी.आई.जी. बी.एस.एफ. श्री बी.के. राज गोपाल ने बताया कि सुरक्षा बलों ने एक गुप्त सूचना के आधार पर ठट्ठी जैमल सिंह गांव में नाका लगाया हुआ था कि आधी रात के लगभग नाका पार्टी ने पांच घुसपैठियों को पाकिस्तान से भारत में घुसते देखा गया जिस पर बी.एस.एफ. के जवानों ने उन्हें ललकारा । घुसपैठियों ने सुरक्षा बलों पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं । नाका पार्टी द्वारा जवाब में गोली चलाई गई । दोनों ओर से लगभग दो घंटे गोलाबारी होती रही । श्री राज गोपाल ने बताया कि आतंकवादियों ने ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफलों से भीषण फायरिंग की । आतंकवादियों ने 5 विभिन्न दिशाओं से सुरक्षा बलों पर फायरिंग की । उन्होंने बताया कि वापस पाकिस्तान को भागने से पहले आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर भारी फायरिंग की । गोलीबारी बंद होने के बाद सुरक्षा बलों ने जब घटनास्थल का निरीक्षण किया तो वहां से एक आतंकवादी की लाश मिली जिसकी पहचान जोगा सिंह उर्फ गौड़ा निहंग के रूप में की गई ।

श्री राजगोपाल ने बताया कि घटनास्थल का निरीक्षण करने पर वहां से एक चीनी असाल्ट राइफल ए. के 47 और 32 अनचले कारतूस, 287 चले हुए कारतूस, चार मैगज़ीन एक फाईबर ग्लास मैगज़ीन के अलावा 7.9 का एक अनचला व 18 खाली कारतूस, 32 बोर का पिस्तौल, एक अनचला व 7 चले हुए कारतूस, एक अमरीकी रात को देखने के काम आने वाला उपकरण, 8 मैगज़ीन व इलैक्ट्रानिक उपकरण मिले ।

उन्होंने बताया कि गत दो महीनों में खेमकरण सैक्टर में यह छठा मुकाबला है । इन मुकाबलों में सुरक्षा बलों ने 325 सोने के बिस्कट व भारी मात्रा में हथियार पकड़े हैं । इन मुठभेड़ों में दो पाकिस्तानी घुसपैठिये व दो आतंकवादी मारे गये ।

ह.स. के अनुसार घटनास्थल से बरामद हुए सामान में एक सुनने का यंत्र, जिसमें कोरिया के बने स्टीरियो हैडफोन लगे हैं, एक जापान निर्मित माइक्रो कैसेट रिकार्डर, ग्रेडी जर्त्थी और प्रो. दर्शन सिंह की तीन कैसेटें, तीन नई कैसेटें, एक हांगकांग निर्मित कैमरा जिसमें आटो फ्लैश लगी है तथा 18 कलाई घड़ियां शामिल हैं । श्री राजगोपाल ने कहा कि यह पहला अवसर है कि सीमा सुरक्षा बल ने एक मुठभेड़ में इतने अधिक इलैक्ट्रानिक उपकरण पकड़े हैं ।

बैरागी की हत्या

गत रात अमृतसर जिले के थाना मेहता के गांव चानन के में बिशन दास उर्फ बैरागी के घर में घुस कर उसकी गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

संत घायल

पट्टी से पाठक के अनुसार गत रात थाना कैरों के गांव बाल्हणीवाल में संत मुकसिंह के डेरे पर 4 अज्ञात आतंकवादियों ने फायरिंग करके संत रणधीर सिंह को घायल कर दिया । आतंकवादियों ने ए.के. 47 राइफलों का प्रयोग किया ।

पाबंदियां बढ़ीं

मोहाली (बर्नाला): रोपड़ के जिलाधीश श्री जे.आर. कंडल ने एक आदेश जारी करके जिला में जलूस निकालने, भाषण देने, नारे लगाने, पांच व इससे अधिक लोगों के एक स्थान पर इकट्ठा होने, हथियार लेकर चलने, सायं 7 बजे से प्रातः 5 बजे तक प्राईवेट तथा सरकारी बसें चलने तथा सारे थ्री हार्स पावर के मोटर साइकिल चलाने पर लगाए गए प्रतिबंध की अवधि 31 अगस्त तक बढ़ा दी है ।

सरपंच की हत्या

होशियारपुर (ह.स.): आज प्रातः यहां से लगभग 10 किलोमीटर दूर मौजा बड्याल में ग्राम सरपंच महंगा सिंह को दो सशस्त्र उग्रवादियों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी । पुलिस सूत्रों के अनुसार महंगा सिंह जब प्रातः 9½ बजे अपने खेतों में सब्जियों को चरी रहा था तो 2 युवक पैदल ही वहां आये तथा आते ही महंगा सिंह पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं जिससे उसकी वहीं पर मौत हो गई । पुलिस ने मौके पर जाकर जांच आरम्भ कर दी ।

घायल कर दिया

बंगा (खोसला): संदिग्ध उग्रवादियों ने कल रात थाना बंगा के गांव गदानी में एक व्यक्ति किशन चंद को गोली मारकर घायल कर दिया तथा एक जोड़ा बालियां व एक कलाई घड़ी लूट कर ले गए ।

बताया जाता है कि 4 उग्रवादी गांव के सरपंच प्रीतम सिंह के नौकर किशन चन्द के घर में घुसे । जब उसने उनकी लूटने की कोशिश का प्रतिरोध किया तो उन्होंने उस पर गोली चला दी । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी ।

2 आतंकवादी मारे गये

मोगा (ह.स.): मोगा थाना सदर के गांव कोट सुखिया के निकट एक मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने एक आतंकवादी को मार गिराया । उसमें एक चीनी असाल्ट राइफल बरामद की गई । उसके कुछ साथी फरार हो गये । उग्रवादियों के गुटों में आपसी संघर्ष के परिणामस्वरूप एक आतंकवादी नसीब सिंह थाना सदर मोगा के गांव धाल कलां में मारा गया । आज प्रातः उसकी गोलियों से छलनी लाश बरामद की गई ।

लूधियाना (महिन्द्रा): परसों रात्रि तीन उग्रवादियों ने माछीवाड़ा के समीप बहलोलपुर की नहर पर टैक्सी चालक को उसकी कार से बाहर फैंक दिया और उसकी टैक्सी पिस्तौल की नोक पर छीन कर ले गए ।

पुलिस अनुसार इन तीन उग्रवादियों ने रात्रि के समय एक टैक्सी लुधियाना में किराए पर ली । जब वे बहलोलपुर के निकट नहर पर पहुंचे तो उन्होंने चालक को बाहर फैंक दिया और पिस्तौल की नोक पर उससे टैक्सी छीन कर ले गए । टैक्सी का नम्बर पी.बी.एफ. 3553 है ।

चुंगी लूट ली

लुधियाना (ह.स.): तीन आतंकवादियों ने आज

(शेष पृष्ठ 12 पर)

अकाल तख्त पर पेश होना सिर्फ धार्मिक मामला : इसका राजनीति से कोई सम्बन्ध नहीं : बरनाला

चंडीगढ़, 8 जुलाई (एन.एस.परवाना): पंजाब के भूतपूर्व मुख्यमंत्री श्री सुरजीत सिंह बरनाला ने विचार व्यक्त किया है कि मेरी ओर से अपनी भूल बख्शाने के लिए अमृतसर जा कर अकाल तख्त के सामने पेश हो जाने से दोनों अकाली दलों में एकता होने की सम्भावना बढ़ गई है । मेरे इस पग से एकता के रास्ते में आई सभी बाधाएं दूर हो जानी चाहिएं ।

आज यहां पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत के दौरान कहा कि शिरोमणि अकाली दल का कार्यक्रम आनंदपुर साहब प्रस्ताव और पंजाब समझौता लागू कराना है । अकाली दल (ल) के प्रधान श्री बरनाला ने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि मेरी पांच सिंह साहिबान से कोई बात नहीं हुई । मैं व्यक्तिगत तौर पर काफी देर से महसूस कर रहा था कि मुझे अमृतसर जाकर हरिमंदिर साहिब में माथा टेकने के बाद अकाल तख्त के सामने पेश होकर अपनी भूल बख्शा लेनी चाहिए लेकिन हालात खराब होने के कारण ऐसा न हो सका ।

श्री बरनाला ने बताया कि अब मैंने सिंह साहिबान को 5 जुलाई को पत्र लिखा जिसमें अनुरोध किया कि मुझे जल्दबाजी में आकर पंथ से निष्कासित किया गया इसलिए मुझे अपना स्टैंड स्पष्ट करने का अवसर दिया जाए ।

6 जुलाई को मुझे सिंह साहिबान का संदेश पहुंचा दिया गया कि मैं उक्त तिथि को अमृतसर पहुंच जाऊं । अतः 6 जुलाई की रात को ही मैं अपने दामाद मेजर संधु को साथ लेकर अमृतसर चला गया । वहां हम रात अपने एक दोस्त के घर ठहरे और 7 जुलाई को प्रातः के समय हम दोनों दरबार साहब चले गए जहां लगभग डेढ़ घंटे तक हमने गुरबाणी का कीर्तन श्रवण किया ।

श्री बरनाला ने इस समाचार को गलत करार दिया कि मैं 6 और 7 जुलाई की रात एकीकृत अकाली दल के नेता कैप्टन अमरेन्द्र सिंह के समक्ष कि गत दिवस की बैठक के दौरान एकता के बारे कोई बातचीत नहीं हुई । मैंने अपनी ओर से सिंह साहिबान को जो लिखित स्पष्टीकरण दिया है, उसके साथ पुराना रिकार्ड भी संलग्न किया है जिसमें मैंने लगभग 2 वर्ष पूर्व पंथक एकता के बारे लिया गया अपना स्टैंड बताया है ।

इसी बीच पंजाब विधानसभा के आधा दर्जन भूतपूर्व अकाली मंत्रियों राजेन्द्र सिंह धालीवाल, रणजीत सिंह भलियां, सुरेन्द्र सिंह धुरी, नुसरत अली खान और मल्कियत सिंह सिद्धू ने कहा है कि श्री बरनाला ने अकाल तख्त के सामने पेश होकर अकाल तख्त की महान परम्परा, सर्वोच्चता व मान-मर्यादा को बढ़ाया है । इसके साथ ही श्री बरनाला ने सिख कौम में अपनी प्रतिष्ठा भी बढ़ाई है । श्री बरनाला के इस गौरवमय पग पर हर सिख को गर्व है ।

बरनाला-अमरेंद्र में समझौता ?

पता चला है कि इस सम्बन्ध में कैप्टन अमरेंद्र सिंह और श्री बरनाला में कोई न कोई समझौता हुआ है । इन दोनों नेताओं में कुछ दिन पहले गुप्त मुलाकात हुई जिसमें यह तय हुआ कि श्री बरनाला चुपके से अकाल तख्त के सामने पेश हो जाएं । इस बारे तख्त श्री दमदमा साहब के जत्थेदार भाई जागीर सिंह, जो कैप्टन अमरेंद्र सिंह के निकट समझे जाते हैं, ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई । चाहे श्री बरनाला ने कुछ दिन पहले कैप्टन अमरेंद्र सिंह से अपनी मुलाकात का खंडन किया था लेकिन आज उन्होंने स्वीकार किया कि 'हम दोनों में मुलाकात' हुई थी ।

श्री बरनाला खुलेआम 'पंथक एकता' के पक्ष में स्टैंड ले चुके हैं लेकिन पता चला है कि किसी न किसी कारण भूतपूर्व वित्त मंत्री श्री बलवंत सिंह श्री बरनाला से अलग स्टैंड लेकर इसका आंतरिक रूप से विरोध कर रहे हैं । 'पंथक एकता' बारे उनका अपना सिद्धांत है । श्री बरनाला ने अकाल तख्त के सामने पेश होकर अपनी भूल बख्शाने का मामला

अमृतसर में हैजा फैला, 15 मरे

अमृतसर, 8 जुलाई (ह.स.): अमृतसर शहर में हैजा महामारी के रूप में फैल गया है और अभी तक कम-से-कम 15 लोगों की मृत्यु हो चुकी है । गुरु तेगबहादुर अस्पताल में डाक्टरों के अनुसार ये 15 मौतें पिछले दो दिनों में ही हुई हैं ।

डाक्टरों ने बताया कि शहर के विभिन्न अस्पतालों में कम-से-कम 200 लोग भर्ती कराए गए हैं जिनमें से अधिकांश की हालत गंभीर है ।

डाक्टरों को संदेह है कि शहर में दूषित पेय जलापूर्ति के कारण हैजा फैला है ।

मृतकों व बीमारों में अधिकांशतः बच्चे हैं जिनमें एक माह से अढ़ाई वर्ष तक की आयु के बच्चे शामिल हैं । मृतकों में कुछ लोग अधिक आयु के भी हैं ।



क्षेत्र अलग-थलग पड़े : ड में दर्जनों गांव घिरे

चट्टान गिरने से 4 व्यक्तियों की मृत्यु

नाहन : सिरमौर जिले की पच्छाद तहसील में खाटे दबड़ गांव में भारत सिंह नाम के एक व्यक्ति के घर पर एक बड़ी चट्टान गिरने से 4 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई तथा घर पूरी तरह नष्ट हो गया । दुर्घटना की सूचना मिलते ही अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी श्री भारत भूषण तुरन्त घटना स्थल पर

Punjabi Tribune



Punjabi Sahatari

अमृतसर जिले के सीमावर्ती गांव ठठियां जैमल सिंह में बी.एस.एफ. और उग्रवादियों में हुई मुठभेड़ के बाद पकड़े हथियारों, गोली-बारूद तथा रात को देखने वाली दूरबीन का निरीक्षण करते हुए डी.आई.जी. श्री राजगोपाल (सबसे ऊपर) नीचे के तीनों चित्रों में पकड़े गए हथियार, घड़ियां, टेप-रिकार्डर, गोलियां, एक ए.के. 47 असाल्ट राइफल दिखाई दे रही हैं । (छाया : रवि भंडारी)

(1) गुरदासपुर थाना सदर के गांव बबरी में उग्रवादियों के साथ मुठभेड़ में मारे गये हैडकांस्टेबल जसवीर सिंह का शव (छाया : विनोद), (2) नवांशहर में बीरबार को उग्रवादियों द्वारा मारे गये विश्वामित्र और (3) जसवीर (इन्सैट पुराना चित्र) के शव । (छाया : शर्मा)

Punjabi Sanatani

नम्बरदार सहित 3 व्यक्तियों की हत्या : एक आतंकवादी मुठभेड़ में मारा गया

पाक घुसपैठिया मारा गया, लुधियाना में मारुति कार छीनी

सरपंच की गोली से घायल उग्रवादी पकड़ा गया

चंडीगढ़, 9 जुलाई (वार्ता, हस.): गत रात से पंजाब में विभिन्न स्थानों पर आतंकवादियों ने 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी, जबकि मुठभेड़ों में एक आतंकवादी तथा एक पाकिस्तानी घुसपैठिया मारा गया । एक आतंकवादी को गिरफ्तार करके उससे 2 हथगोले बरामद किए गए जबकि एक आतंकवादी घायलावस्था में पकड़ा गया ।

2 मरे, 1 घायल

अमृतसर (वि.प्र.): पुलिस ने बताया है कि कल रात से जिला अमृतसर में आतंकवादियों ने दो व्यक्तियों की हत्या कर दी, जबकि एक अन्य को घायल कर दिया । थाना मेहता के गांव ऊधोके में दो आतंकवादी रात के समय पवन कुमार के घर में घुसे तथा उसे उस समय गोली मार दी जबकि वह सो रहा था । दूसरी घटना गांव चीमा बाठ में हुई, जहां एक व्यक्ति की गोलियों से छलनी लाश पाई गई । इसकी पहचान भीमसेन उर्फ़ भीमा के रूप में हुई है । भीमसेन, जो कि निकटवर्ती गांव कोट मेहताब का निवासी था, गत दस दिनों से लापता था । लाश के निकट एक उग्रवादी संगठन का लिखा हुआ नोट पाया गया, जिसमें उस पर छीना-झपटी व लूट की वारदातें करने का आरोप लगाया गया था ।

आतंकवादियों ने थाना सदर पट्टी के गांव भागपुरा में एक किसान दलजीत सिंह को गोली मारकर गम्भीर रूप से घायल कर दिया । आतंकवादी रात को उसके घर में दाखिल हुए और उस पर व उसकी पत्नी पर गोली चलाई । उसकी पत्नी बाल-बाल बच गई । दलजीत सिंह को गुरु तेग बहादुर अस्पताल में दाखिल कराया गया है ।

उग्रवादी पकड़ा गया

गत रात अमृतसर नगर में घी मंडी के निकट नाकाबंदी के दौरान सुरक्षा बलों ने एक उग्रवादी सुरजीत सिंह को गिरफ्तार किया । उससे दो एच.ई. 36 हथगोले बरामद हुए ।

नम्बरदार की हत्या

बाघापुराना (ज्ञान): गत रात चार सशस्त्र आतंकवादियों ने गांव छोटा घर में एक नम्बरदार की हत्या कर दी ।

प्राप्त सूचना के अनुसार आतंकवादी, जिनमें से एक पुलिस की वर्दी में था, पहले रात 11.30 बजे गांव के चौकीदार मलकीयत सिंह के घर गए । उनमें से पुलिस वर्दी वाले ने उसको कहा कि बस स्टैंड पर तुझे एस.एच.ओ. बुला रहा है । वह उनके साथ चल पड़ा । रास्ते में उन्होंने पिस्तौल दिखाकर नम्बरदार के घर चलने के लिए कहा । वहां पहुंचकर उन्होंने नम्बरदार काका सिंह तथा उसके लड़के निर्मल सिंह का अपहरण कर लिया । खेतों में जाकर उन्होंने काका सिंह की हत्या कर दी । उसके पुत्र निर्मल सिंह को उन्होंने छोड़ दिया । काका सिंह पंजाब पुलिस के भूतपूर्व सब-इंस्पैक्टर निरंजन सिंह का चाचा था तथा गांव का काफी प्रभावशाली व्यक्ति था ।

आतंकवादी को घायल कर दिया

फिरोज़पुर (बागी): जिला फिरोज़पुर के गांव बूटेवाला के सरपंच कुंदन सिंह ने वीरता की मिसाल पेश करते हुए चार आतंकवादियों पर फायरिंग कर दी जो उसके घर में घुस गए थे । फायरिंग में एक आतंकवादी घायल हो गया । गोलियों की आवाज़ सुनकर ग्रामीण सरपंच के घर पर जमा हो गए तथा घायल आतंकवादी को काबू कर लिया, जिसका नाम सुक्खा बताया जाता है ।

स्कूटर छीन ले गए

'संधी' के अनुसार चंडीगढ़ के सैक्टर 35 से 2 पगड़ीधारी युवक पिस्तौल की नोक पर एक दर्जी से उसका स्कूटर सी.एच.टी. 8979 छीन कर ले गए ।

स्कूटर छीना

होशियारपुर (वार्ता): कल जिला होशियारपुर के खनौरा गांव के पास दो सशस्त्र युवकों ने एक व्यक्ति पाखर सिंह से उसका स्कूटर छीन लिया । पुलिस ने बताया कि इस सम्बन्ध में केस दर्ज कर लिया गया है ।

(शेष पृष्ठ 12 पर)

केरल में क्विलोन के निकट अष्टमुदी झील में शुक्रवार को गिरी आइलैंड एक्स है । (इन्सैट दुर्घटना में घायल एक यात्री को त्रिवेंद्र

आइलैंड एक्सप्रैस के हताहतों के लिए रेलवे एक व

क्विलोन, 9 जुलाई (ह.स., वार्ता) : नौसेना के गोताखोरों ने अष्टमुदी झील में डूबे हुए आइलैंड एक्सप्रैस के अंतिम डिब्बे में से आज शाम 11 शव बरामद किए । इससे पूर्व आज दोपहर तक 100 शव निकाले जा चुके थे । नौसेना के गोताखोर दल के एक इंचार्ज अफसर ने कहा कि गोताखोर कल फिर पानी में डूबे ट्रेन के डिब्बों की शवों के लिए एक बार फिर खोज करेंगे । एक अधिकारी कैप्टन सेठी ने कहा कि बोगियों में और शव मिलने की सम्भावना नहीं है लेकिन गोताखोरों की एक टुकड़ी को यहां रखा जा रहा है । वे तब तक रहेंगे जब तक पानी में डूबी बोगियां झील में से निकल नहीं जातीं ।

तिरुअनंतपुरम के डिवीजनल रेलवे मैनेजर के अनुसार मृतकों की कुल संख्या 99 है । उनमें 68 पुरुष, 23 महिलाएं और 8 बच्चे शामिल हैं ।

गैर-सरकारी सूत्रों ने कल रात आशंका प्रकट की थी कि मृतकों की संख्या 300 तक हो सकती है ।

बैंगलूर से तिरुअनंतपुरम जा रही आइलैंड एक्सप्रैस कल यहां से 15 किलोमीटर दूर पेरुमन में उफनती अष्टमुदी झील में जा गिरी थी ।

केंद्रीय रेलमंत्री श्री माधव राव सिंधिया ने आज प्रात: मौके का मुआयना करने के बाद संवाददाताओं को बताया कि रेलवे मुआवजे और अनुग्रह राशि के रूप में एक करोड़ रुपए देगा ।

आज दोपहर तक 84 शवों की शिनाख्त हो चुकी थी ।

क्विलोन में एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि 227 घायलों को क्विलोन और तिरुअनंतपुरम के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है । 46 घायलों की हालत गम्भीर है । अस्पताल में बहुत दयनीय स्थिति है, जहां लोग भीगी आंखों के साथ अपने प्रियजनों की पहचान और खोज में लगे हैं ।

घायलों को गाड़ियों और बसों में अब भी दुर्घटना स्थल से अस्पताल पहुंचाया जा रहा है जहां वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, जिनमें पुलिस महानिदेशक राजगोपाल नैय्यर और क्विलोन के कलक्टर शामिल हैं, राहत और खोज अभियान का निरीक्षण कर रहे हैं ।

सम्वाददाता ने दुर्घटनास्थल से खबर दी है कि आज सुबह झील से 10 शव निकाले गए, जिनमें 5 महिलाओं और 3 बच्चों के शव भी शामिल हैं ।

सरकारी सूत्रों के अनुसार आइलैंड एक्सप्रैस के डिब्बे पेरुमन पुल से 100 फुट नीचे अष्टमुडी झील में गिरे । झील की गहराई दस से बीस फुट तक है । इसी बीच पटरी की मुरम्मत का कार्य प्रारम्भ हो जाने के बावजूद कोचीन स्थित रेलवे अधिकारियों ने घोषणा की है कि तिरुअनंतपुरम आने वाली और वहां से जाने वाली लम्बी दूरी की तमाम गाड़ियों को अगली सूचना तक कोचीन से शुरू करके वहीं समाप्त कर दिया जाएगा । इन गाड़ियों में नई दिल्ली और तिरुअनंतपुरम के बीच चलने वाली गाड़ी और कन्या कुमारी से बम्बई के बीच चलने वाली जयन्ती एक्सप्रैस शामिल हैं ।

तिरुअनंतपुरम, दिल्ली, बम्बई, बेंगलूर और मदुरै जाने वाले यात्रियों को विशेष बसों से कोचीन

निकालना शुरू कर दि
फैलते ही बीसियों वाहन
और घायलों तथा शवों
लगा । लोगों ने अपनी
डिब्बों में फंसे यात्रियों
यात्रियों का एक सामाजि
प्राथमिक उपचार किया,
में पानी भर गया था ।

निनान थामस ना
यात्रियों में से बचने वा
उसका डिब्बा उलट ग
गया । उसकी चीख-प
डिब्बे के पास आई और
उसे बाहर निकाला गया
सहयात्री जो उसकी ता
प्रयास कर रहा था, तब

क्रिकेट खिलाड़ी की

कर्नाटक का प्रमुख
खानविलकर कल क्वि

Punjabi Sanjaani

नम्बरदार सहित 3 व्यक्तियों की हत्या : एक आतंकवादी मुठभेड़ में मारा गया

पाक घुसपैठिया मारा गया, लुधियाना में मारुति कार छीनी

सरपंच की गोली से घायल उग्रवादी पकड़ा गया

चंडीगढ़, 9 जुलाई (वार्ता, हस.): गत रात से पंजाब में विभिन्न स्थानों पर आतंकवादियों ने 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी, जबकि मुठभेड़ों में एक आतंकवादी तथा एक पाकिस्तानी घुसपैठिया मारा गया । एक आतंकवादी को गिरफ्तार करके उससे 2 हथगोले बरामद किए गए जबकि एक आतंकवादी घायलावस्था में पकड़ा गया ।

2 मरे, 1 घायल

अमृतसर (वि.प्र.): पुलिस ने बताया है कि कल रात से जिला अमृतसर में आतंकवादियों ने दो व्यक्तियों की हत्या कर दी, जबकि एक अन्य को घायल कर दिया । थाना मेहता के गांव ऊधोके में दो आतंकवादी रात के समय पवन कुमार के घर में घुसे तथा उसे उस समय गोली मार दी जबकि वह सो रहा था । दूसरी घटना गांव चीमा बाठ में हुई, जहां एक व्यक्ति की गोलियों से छलनी लाश पाई गई । इसकी पहचान भीमसेन उर्फ़ भीमा के रूप में हुई है । भीमसेन, जो कि निकटवर्ती गांव कोट मेहताब का निवासी था, गत दस दिनों से लापता था । लाश के निकट एक उग्रवादी संगठन का लिखा हुआ नोट पाया गया, जिसमें उस पर छीना-झपटी व लूट की वारदातें करने का आरोप लगाया गया था ।

आतंकवादियों ने थाना सदर पट्टी के गांव भागपुरा में एक किसान दलजीत सिंह को गोली मारकर गम्भीर रूप से घायल कर दिया । आतंकवादी रात को उसके घर में दाखिल हुए और उस पर व उसकी पत्नी पर गोली चलाई । उसकी पत्नी बाल-बाल बच गई । दलजीत सिंह को गुरु तेग बहादुर अस्पताल में दाखिल कराया गया है ।

उग्रवादी पकड़ा गया

गत रात अमृतसर नगर में घी मंडी के निकट नाकाबंदी के दौरान सुरक्षा बलों ने एक उग्रवादी सुरजीत सिंह को गिरफ्तार किया । उससे दो एच.ई. 36 हथगोले बरामद हुए ।

नम्बरदार की हत्या

बाघापुराना (ज्ञान): गत रात चार सशस्त्र आतंकवादियों ने गांव छोटा घर में एक नम्बरदार की हत्या कर दी ।

प्राप्त सूचना के अनुसार आतंकवादी, जिनमें से एक पुलिस की वर्दी में था, पहले रात 11.30 बजे गांव के चौकीदार मलकीयत सिंह के घर गए । उनमें से पुलिस वर्दी वाले ने उसको कहा कि बस स्टैंड पर तुझे एस.एच.ओ. बुला रहा है । वह उनके साथ चल पड़ा । रास्ते में उन्होंने पिस्तौल दिखाकर नम्बरदार के घर चलने के लिए कहा । वहां पहुंचकर उन्होंने नम्बरदार काका सिंह तथा उसके लड़के निर्मल सिंह का अपहरण कर लिया । खेतों में जाकर उन्होंने काका सिंह की हत्या कर दी । उसके पुत्र निर्मल सिंह को उन्होंने छोड़ दिया । काका सिंह पंजाब पुलिस के भूतपूर्व सब-इंस्पैक्टर निरंजन सिंह का चाचा था तथा गांव का काफी प्रभावशाली व्यक्ति था ।

आतंकवादी को घायल कर दिया

फिरोज़पुर (बागी): जिला फिरोज़पुर के गांव बुटेवाला के सरपंच कुंदन सिंह ने वीरता की मिसाल पेश करते हुए चार आतंकवादियों पर फायरिंग कर दी जो उसके घर में घुस गए थे । फायरिंग में एक आतंकवादी घायल हो गया । गोलियों की आवाज़ सुनकर ग्रामीण सरपंच के घर पर जमा हो गए तथा घायल आतंकवादी को काबू कर लिया, जिसका नाम सुक्खा बताया जाता है ।

स्कूटर छीन ले गए

'संघी' के अनुसार चंडीगढ़ के सैक्टर 35 से 2 पगड़ीधारी युवक पिस्तौल की नोक पर एक दर्जी से उसका स्कूटर सी.एच.टी. 8979 छीन कर ले गए ।

स्कूटर छीना

होशियारपुर (वार्ता): कल जिला होशियारपुर के खनौरा गांव के पास दो सशस्त्र युवकों ने एक व्यक्ति पाखर सिंह से उसका स्कूटर छीन लिया । पुलिस ने बताया कि इस सम्बन्ध में केस दर्ज कर लिया गया है ।

(शेष पृष्ठ 12 पर)

आइलैंड एक्सप्रैस के हताहत

क्विलोन, 9 जुलाई (ह.स., वार्ता) : नौसेना के गोताखोरों ने अष्टमुदी झील में डूबे हुए आइलैंड एक्सप्रैस के अंतिम डिब्बे में से आज शाम 11 शव बरामद किए । इससे पूर्व आज दोपहर तक 100 शव निकाले जा चुके थे । नौसेना के गोताखोर दल के एक इंचार्ज अफसर ने कहा कि गोताखोर कल फिर पानी में डूबे ट्रेन के डिब्बों की शवों के लिए एक बार फिर खोज करेंगे । एक अधिकारी कैप्टन सेठी ने कहा कि बोगियों में और शव मिलने की सम्भावना नहीं है लेकिन गोताखोरों को एक टुकड़ी को यहां रखा जा रहा है । वे तब तक रहेंगे जब तक पानी में डूबी बोगियां झील में से निकल नहीं जातीं ।

तिरुअनंतपुरम के डिवीजनल रेलवे मैनेजर के अनुसार मृतकों की कुल संख्या 99 है । उनमें 68 पुरुष, 23 महिलाएं और 8 बच्चे शामिल हैं ।

गैर-सरकारी सूत्रों ने कल रात आशंका प्रकट की थी कि मृतकों की संख्या 300 तक हो सकती है ।

बैंगलूर से तिरुअनंतपुरम जा रही आइलैंड एक्सप्रैस कल यहां से 15 किलोमीटर दूर पेरुमन में उफनती अष्टमुदी झील में जा गिरी थी ।

केंद्रीय रेलमंत्री श्री माधव राव सिंधिया ने आज प्रातः मौके का मुआयना करने के बाद संवाददाताओं को बताया कि रेलवे मुआवजे और अनुग्रह राशि के रूप में एक करोड़ रुपए देगा ।

आज दोपहर तक 84 शवों की शिनाख्त हो चुकी थी ।

क्विलोन में एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि 227 घायलों को क्विलोन और तिरुअनंतपुरम के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है । 46 घायलों की हालत गम्भीर है । अस्पताल में बहुत दयनीय स्थिति है, जहां लोग भीगी आंखों के साथ अपने प्रियजनों की पहचान और खोज में लगे हैं ।

घायलों को गाड़ियों और बसों में अब भी दुर्घटना स्थल से अस्पताल पहुंचाया जा रहा है जहां वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, जिनमें पुलिस महानिदेशक

Punjabi Sanstha

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

घुसपैठिया मारा गया

बटाला (कोछड़): कल रात जिला गुरदासपुर के डेरा बाबा नानक सैक्टर में भारत में घुसने की कोशिश करता हुआ एक पाकिस्तानी घुसपैठिया सीमा सुरक्षा बल के साथ मुठभेड़ में मारा गया ।

सांठ-गांठ का प्रमाण

जालन्धर (ह.स.): 7 जुलाई की रात को अमृतसर जिला में उग्रवादियों के साथ मुठभेड़ में भारी मात्रा में हथियारों व अत्याधुनिक उपकरणों का बरामद होना तस्करों और उग्रवादियों के मध्य सांठ-गांठ का एक और प्रमाण है । यह बात सीमा सुरक्षा बल के अतिरिक्त महानिदेशक श्री बी.बी. अग्रवाल ने एक प्रैस विज्ञप्ति में कही । उन्होंने कहा कि इससे साबित होता है कि उग्रवादी, जिनके पास पहले ही अत्याधुनिक हथियार मौजूद हैं, क्रमिक रूप से अत्याधुनिक उपकरण प्राप्त कर रहे हैं । श्री अग्रवाल ने कहा कि रात को देखने के काम आने वाला जो उपकरण मुठभेड़ के बाद बरामद हुआ है, वह उस उपकरण से बेहतर है, जो सीमा सुरक्षा बल को उपलब्ध कराया गया है ।

श्री अग्रवाल ने कहा कि सुनने का जो उपकरण बरामद हुआ है, वह अत्यन्त आधुनिक है तथा ऐसा लगता है कि यह उग्रवादियों को सीमा पर बी.एस.एफ. की गश्ती टुकड़ियों की गतिविधियों का पता लगाने के लिए दिया गया था । उन्होंने कहा कि इससे किसी की आवाज़ को सुनने वाले के लिए बढ़ाया जा सकता है और उसे आवाज़ की दिशा और दूरी का अनुमान हो जाता है । उन्होंने कहा कि पाक रेंज अगली सुबह सीमा के अपनी तरफ खाली कारतूस इकट्ठे करते देखे गए । ऐसा अनुमान है कि पाक रेंजर घुसपैठ की कोशिश में संलिप्त थे ।

श्री अग्रवाल ने कहा कि बरामद हुई घड़ियां जापान निर्मित हैं तथा कैमरा और खाली वीडियो कैसेटें भारत में बेचने के लिए लाई गई थीं।

ग्राम रक्षा समितियां

भोगा (वार्ता): पंजाब सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में आतंकवादियों की चुनौती का प्रभावी ढंग से सामना करने के लिए गैर-सरकारी सदस्यों पर आधारित ग्राम रक्षा समितियां बनाने का निर्णय किया है । यह जानकारी देते हुए पंजाब के डी.आई.जी. पुलिस (सुरक्षा) श्री सूबे सिंह ने कहा कि इन समितियों को उदारतापूर्वक हथियारों के लाइसैंस दिए जाएंगे । सभी विकास कार्य और कानून-व्यवस्था की समस्याएं इन समितियों की सलाह से निपटाई जाएंगी । श्री सूबे सिंह जिन्होंने कल और आज मौगा सब डिवीजन के 9 गांवों का दौरा किया, ने बताया कि बाद में ऐसी ही समितियां ब्लाक, सब डिवीजन तथा राज्य स्तर पर गठित की जाएंगी ।

उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों द्वारा गिरफ्तार किए गए सभी शरणदाताओं के केसों की समीक्षा की जाएगी तथा जो भी निर्दोष पाए जाएंगे उन्हें छोड़ दिया जाएगा । उन्होंने यह भी विश्वास दिलाया कि सुरक्षा बलों द्वारा किसी भी निर्दोष व्यक्ति को परेशान नहीं किया जाएगा । फरीदकोट के अतिरिक्त जिलाधीश श्री के.एस. सिद्धू ने ग्रामीणों से कहा कि वे आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई में प्रशासन को पूरा सहयोग दें ।

आतंकवादी मारा गया

लुधियाना (ह.स.): गत रात लुधियाना के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया । एस.एस.पी. श्री ए.पी. पांडे ने बताया कि पुलिस और सुरक्षा बलों ने यहां शेरपुर के निकट शेरशाह सूरी मार्ग पर नाका लगा रखा था । उन्होंने स्कूटर पर दो युवकों को आते देखा तथा उन्हें रुकने के लिए संकेत दिया । रुकने की बजाए उन्होंने सुरक्षा बलों पर फायरिंग शुरू कर दी जिसके उत्तर में सुरक्षा बलों ने भी गोलियां चलाईं । श्री पांडे के अनुसार दोनों उग्रवादियों ने स्कूटर पर फरार होने की कोशिश की, लेकिन स्कूटर सड़क के किनारे एक गड्ढे में जा गिरा । गम्भीर रूप से घायल आतंकवादी की वहीं मृत्यु हो गई लेकिन उसका साथी अंधेरे का लाभ उठाकर भाग निकला ।

मृत आतंकवादी के कब्ज़े से एक जर्मन 32 बोर पिस्तौल व कुछ कारतूस बरामद हुए । उनके द्वारा वहां छोड़ा गया स्कूटर 5 जुलाई को श्री खुल्लर नामक व्यक्ति से छीना गया था ।

कार छीन ली

'जोशी' के अनुसार लुधियाना में मिटगुमरी चौक में प्रवीन महाजन नामक एक व्यक्ति से आज उसकी मारुति कार छीन ली गई । प्रवीन महाजन अपनी सफेद मारुति कार पी.ए.ओ. 9601 में अपनी माता को बिठाकर डाक्टर के पास जा रहा था कि दो आतंकवादी बंदूक की नोक पर उससे कार छीन कर फरार हो गए ।

कैमिस्ट को लूट लिया

आज यहां बाद दोपहर दरेसी मैदान में दो स्कूटर सवार उग्रवादियों ने एक कैमिस्ट की दुकान से 400 रुपए लूट लिए ।

फगवाड़ा (राकेश): गत रात व तड़के स्थानीय पुलिस व केन्द्रीय रिजर्व पुलिस ने संयुक्त तौर पर कुछ संदिग्ध व्यक्तियों की तलाश में फगवाड़ा के 3 गुरुद्वारों व निकटवर्ती गांवों डुमेली व ववेली में भी गुरुद्वारों में छापे मारे व तलाशियां लीं । पुलिस को आशंका थी कि उक्त स्थानों पर कुछ समाज विरोधी तत्व छिपे हुए हैं । पुलिस ने इन छापों के दौरान 5 संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लिया तथा उनसे पूछताछ शुरू कर दी गई है ।

शाहीन गिरफ्तार

श्रीनगर, 9 जुलाई (वार्ता): अवामी नैशनल कांफ्रैंस के महासचिव एवं जम्मू-कश्मीर के भूतपूर्व उपमंत्री अब्दुल रशीद शाहीन को कल रात यहां से लगभग 32 कि.मी. दूर पट्टन में गिरफ्तार कर लिया गया ।

पुलिस उप-महानिरीक्षक वी. अवाली ने बताया कि श्री शाहीन द्वारा 13 जुलाई को शहीदी दिवस के अवसर पर शहर में निषेधाज्ञा का उल्लंघन के कथित प्रयास को देखते हुए उन्हें निवारण हिरासत में लिया गया है ।

पार्टी के अध्यक्ष एवं भूतपूर्व मुख्यमंत्री जी.एम. शाह ने बताया कि पार्टी ने श्री शाहीन को शहीदी दिवस पर निकाले जाने वाले जुलूस के सिलसिले में संघर्ष समिति के प्रमुख मीरवाइज मौलवी फारूक से बातचीत करने के लिए भेजा गया था ।

जिला प्रशासन ने इलाके में एक जुलाई से दो महीने के लिए निषेधाज्ञा लाग कर जलूस निकालने पर प्रतिबंध लगा दिया है लेकिन सत्तारूढ़ नैशनल कांफ्रैंस को जलूस निकालने की अनुमति दी गई है ।

आनंदस्वरूप चंडीगढ़ प्रशासन के सरकारी वकील

चंडीगढ़, 9 जुलाई (संघी): चंडीगढ़ के प्रशासक श्री एस.एस. रे ने पंजाब-हरियाणा उच्च न्यायालय में प्रशासन के विरुद्ध किसी भी प्रकार के होने वाले मुकद्दमे, अपील व कार्रवाई के लिए एडवोकेट श्री आनंदस्वरूप को श्री हरफूल सिंह बराड़ के स्थान पर सरकारी वकील नियुक्त कर दिया है जबकि श्री बराड़ को अब अतिरिक्त सरकारी वकील नियुक्त किया गया है ।

मिश्रा, ओझा, कुलवंत सिंह में से कोई एक मुख्य सचिव बनेगा

चंडीगढ़, 9 जुलाई (एन.एस. परवाना): श्री एस.के. मिश्रा, स. कुलवंत सिंह और बी.एस. ओझा में से किसी एक वरिष्ठ आई.ए.एस. अधिकारी को हरियाणा सरकार का नया मुख्य सचिव नियुक्त किए जाने की सम्भावना है क्योंकि वर्तमान मुख्य सचिव श्री एल.सी. गुप्ता आगामी कुछ सप्ताहों तक सेवानिवृत्त होने वाले हैं । श्री मिश्रा, जो कई वर्ष पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी बंसी लाल के प्रिंसीपल-सचिव रह चुके हैं, इस समय केंद्रीय सरकार में पर्यटन सचिव हैं जबकि स. कुलवंत सिंह वित्तायुक्त (राजस्व) के रूप में कार्य कर रहे हैं । उन्हें मुख्य सचिव का दर्जा व वेतनमान पहले ही मिल चुका है । श्री ओझा, जो दो वर्ष पूर्व उस समय के मुख्यमंत्री चौधरी भजन लाल के मुख्य सचिव रह चुके हैं, आजकल वित्तायुक्त (प्रशासनिक सुधार व आयोजना) हैं । वरिष्ठतम वित्तायुक्त श्री पी.पी. कैप्रहान, जो कई वर्ष हरियाणा के मुख्य सचिव रह चुके हैं, एक अगस्त से केंद्र में डैपुटेशन पर जा रहे हैं । वैसे तो छोटे से हरियाणा के लगभग एक दर्जन वित्तायुक्त हैं लेकिन नया मुख्य सचिव उक्त तीनों में से कोई एक होगा । जो आधी दर्जन वित्तायुक्त चंडीगढ़ से बाहर तैनात हैं, उनमें

सोवियत ब्रा अच्छी नहीं होतीं !

मास्को, 9 जुलाई (डी.पी.ए.): साप्ताहिक सोवियत पत्रिका 'नैदेल्या' में प्रकाशित एक पत्र में एक सोवियत महिला ने शिकायत की है कि इस देश में बनी ब्रासियर ठीक फिट नहीं आतीं, वे बहुत ज्यादा कसती हैं और विदेशों में बनी ब्रासियरों से घटिया होती हैं ।

आतंकवादी वारदातों में पुन: तेज़ी : अकाली नेता के सम्बन्धी सहित 11 व्यक्तियों की हत्या

डेरा बाबा नानक सीमा पर पाक घुसपैठिया मारा गया

चंडीगढ़, 10 जुलाई (वार्ता, ह.स.): पंजाब में कल रात से जारी आतंकवादी हिंसा में 11 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई जबकि एक पाकिस्तानी घुसपैठिया मारा गया । मरने वालों में एकीकृत अकाली दल के एक नेता का रिश्तेदार भी शामिल है । जिला होशियारपुर में 4, अमृतसर में 3, फिरोजपुर जिले में 2 जबकि मोगा, नवांशहर में 1-1 व्यक्ति मारा गया ।

3 व्यक्तियों की हत्या

अमृतसर (वि.प्र., ह.स.): गत रात जिला अमृतसर में अलग-अलग वारदातों में आतंकवादियों ने तीन व्यक्तियों की हत्या कर दी । थाना तरनतारन के गांव तख्त चक में एक स्त्री सुखवन्त कौर तथा एक कुम्हार हरभजन सिंह की गोलियां मारकर हत्या कर दी गई । आतंकवादी पहले सुखवंत कौर के घर में घुसे तथा उसकी उसके बैडरूम में गोली मारकर हत्या कर दी । गांव से भागते हुए उन्होंने कुम्हार की हत्या की । दो दिन पूर्व इसी गांव में आतंकवादियों ने दो बहनों की हत्या कर दी थी ।

तरनतारन से सम्वाददाता के अनुसार सुखवन्त कौर का पति दस वर्ष पहले ही मर चुका है तथा वह बड़ी मुश्किल से अपने परिवार का पालन-पोषण कर रही थी । उसकी एक लड़की (14-15 वर्षीय) का दायां हाथ टोके में आने से कट गया था और उसका एक लड़का गूंगा है । गत रात ही कुछ अज्ञात लोगों ने गांव पंजबड़ थाना झब्बाल के एक नाई परिवार से सम्बन्धित बलदेव सिंह नामक युवक की गांव ऐमा मल्लियां के निकट गोलियां मारकर हत्या कर दी । उसके शव के निकट खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स का एक पत्र मिला है जिसमें आरोप लगाया गया है कि वह लूटमार की वारदातें करता था ।

'पन्नू' के अनुसार आतंकवादियों ने सुखवन्त कौर के घर में दाखिल होकर कहा कि वह जादू-टोने करती है, भूतप्रेत निकालती है और 'पूछें' देती है अत: वे उसे मारने आए हैं । सुखवन्त कौर व परिवार के दूसरे सदस्यों ने बहुत कहा कि वह इस तरह के काम नहीं करती परन्तु आतंकवादियों ने उनकी एक न सुनी ।

घायल

इसी बीच थाना ब्यास में गांव वडाला कलां में जसबीर सिंह को गोली मारकर घायल कर दिया गया । आतंकवादी उसे घर से बाहर ले गए लेकिन गए । आतंकवादियों ने उस का पीछा किया तथा पीछे से उसको गोली मारी । उसको यहां गुरु तेग बहादर अस्पताल में दाखिल कराया गया है ।

2 की हत्या

फिरोज़पुर (बागी): गत रात जिला फिरोज़पुर के थाना मल्लांवाला के गांव मरखाई में आतंकवादियों ने दो व्यक्तियों की गोलियां मारकर हत्या कर दी । एस.पी. (हैड कवार्टर) फिरोज़पुर श्री जी.एस. ग्रेवाल ने बताया कि ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफलों से लैस पांच आतंकवादी मोहन सिंह के घर में घुसे और उसे व उसके अतिथि ज्ञान सिंह को मार डाला । ज्ञान सिंह जौड़ा गांव का निवासी था ।

घर से बुलाकर हत्या कर दी

मोगा (ह.स.): गत रात आतंकवादियों ने थाना बाघापुराना के गांव माहल कलां में एक व्यक्ति गुरमेल सिंह उर्फ़ गेला की हत्या कर दी । आधिकारिक सूचना के अनुसार सशस्त्र आतंकवादी पहले गेला के घर में गए तथा उसे अपने साथ चलने के लिए कहा । बाद में कुछ दूरी पर जाकर उन्होंने उसकी गोलियां मारकर हत्या कर दी तथा फ़रार हो गए ।

4 की हत्या

होशियारपुर (सम्वाददाताओं द्वारा): गत रात साढ़े बारह बजे के लगभग तीन सशस्त्र आतंकवादियों ने यहां से 11 किलो मीटर दूर मिठ्ठेवाल ग्राम में पंचायत के सदस्य तथा ग्राम के नम्बरदार श्री ज्ञान सिंह, उनके युवा लड़के देवेन्द्र सिंह, भाई स्वर्ण सिंह तथा एक अन्य रिश्तेदार चरण सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

पुलिस के एक प्रवक्ता ने आज बताया कि तीनों आतंकवादी पैदल ही श्री ज्ञान सिंह के गांव के बाहर स्थित मकान में दाखिल हो गए तथा आंगन में सो रहे 50 वर्षीय ज्ञान सिंह, 70 वर्षीय स्वर्ण सिंह तथा 71 वर्षीय चरण सिंह की हत्या की । जब गोलियों की आवाज़ सुनकर श्री ज्ञान सिंह का एम.ए. पास 25-26 वर्षीय लड़का देवेन्द्र सिंह जो कमरे में सो रहा था, उठकर बाहर आने लगा तो उसे भी गोली मार दी गई । प्रवक्ता ने बताया कि इस घटना में आतंकवादियों ने ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफलों का प्रयोग किया । घटना के समय घर में देवेन्द्र का छोटा भाई भी मौजूद था, उसने एक अन्य कमरे में छुपकर अपनी जान बचाई । तीन महिलाएं भी घर में मौजूद थीं, वे सभी बच गईं । आतंकवादियों ने जाते समय श्री ज्ञान सिंह की धर्मपत्नी अजीत कौर से घर में खड़े हीरो होंडा मोटर साइकल की चाबियां मांगीं व मोटर साइकल लेकर उस पर फ़रार हो गए । इस मोटर साइकल का नम्बर पी.सी. जे. 5140 था ।

मृतक ज्ञान सिंह जिला एकीकृत अकाली दल के अध्यक्ष श्री गुरमीत सिंह अजराम का समधि था । ज्ञान सिंह का भाई स्वर्ण सिंह तथा स्वर्ण सिंह का समधि चरण सिंह कल शाम को ही श्री ज्ञान सिंह से मिलने मिठ्ठेवाल आए थे । श्री स्वर्ण सिंह हरियाणा के पिहोवा में खेतीबाड़ी का धंधा करते थे जबकि स्वर्ण सिंह का समधि चरण सिंह पटियाला जिला में खेतीबाड़ी का धंधा करता था ।

घटना की सूचना मिलने पर एस.पी. डिटैक्टिव श्री हरभजन सिंह बाजवा तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौका पर पहुंच गए । जालन्धर रेंज के डी.आई.जी. श्री डी.आर. भट्टी ने भी आज घटनास्थल का निरीक्षण किया । चारों शवों का आज स्थानीय सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम कर दिया गया । पुलिस ने धारा 302, शस्त्र एक्ट व टी.डी. एक्ट के अन्तर्गत केस दर्ज करके जांच आरम्भ कर दी है ।

गुट संघर्ष का परिणाम

जालन्धर रेंज के डी.आई.जी. श्री डी.आर. भट्टी ने बताया कि एकीकृत अकाली दल के नेता श्री गुरमीत सिंह के लड़के की शादी मृतक नम्बरदार की लड़की से हुई थी । श्री भट्टी ने कहा कि यह वारदात आतंकवादियों के गुट संघर्ष का परिणाम हो सकती है ।

बाबा बघेल सिंह की हत्या

नवांशहर (शर्मा): कल रात तीन अज्ञात आतंकवादियों ने थाना नवांशहर के गांव रामगढ़ में बघेल सिंह उर्फ़ बाबा पुत्र मुंशा सिंह की गोलियां मारकर हत्या कर दी । बघेल सिंह अपनी बहन के घर में चौबारे में सो रहा था कि हमलावरों ने मालिक मकान चरण सिंह से पता किया कि बाबे कहां हैं वे उससे मिलना चाहते हैं । चरण सिंह ने उन्हें ऊपर चौबारे में भेज दिया । वहां जाते ही आतंकवादियों ने बघेल सिंह की गोलियां मारकर हत्या कर दी तथा फरार हो गये । पहले बघेल सिंह नवांशहर में मंजी साहब गुरुद्वारा में रहता था तथा पुलिस उससे पूछताछ करती रहती थी । समझा जाता है कि यह हत्या आतंकवादियों की आपसी शत्रुता का मामला है ।

घुसपैठिया मारा गया

बटाला (कोछड़): आज तड़के डेरा बाबा नानक सैक्टर में घनिये के बंगड़ चौकी पर सीमा सुरक्षा बल के साथ मुठभेड़ में एक पाकिस्तानी घुसपैठिया मारा गया । पुलिस सूत्रों ने बताया कि सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने पाकिस्तान से भारतीय क्षेत्र में घुसने की कोशिश कर रहे तीन पाकिस्तानियों को ललकारा तो उन्होंने गोली चला दी । सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने भी जवाब में गोलियां चलाईं जिससे एक पाकिस्तानी मारा गया तथा दो वापस पाक सीमा में भाग गए ।

एक अन्य घटना में विशेष पुलिस अधिकारी अवतार सिंह बाल-बाल बच गया, जब थाना कादियां के गांव छीना में आतंकवादियों ने हमला कर दिया । आतंकवादी भाग जाने में सफल हो गए ।

धमकी भरे पत्रों की जांच

पटियाला (भूषण): खालिस्तान लिबरेशन फोर्स ने कथित एरिया कमांडर दयाल सिंह बूटी को सिख छात्र संगठन के सक्रिय सदस्य बलबीर सिंह स्वीटी सहित पांच अन्य युवकों से पैसे बटोरने के लिए लिखे धमकी भरे पत्रों के आरोपों की जांच करने के लिए नियुक्त किया है । स्वीटी पैसे बटोरने के धमकी भरे पत्र लिखने के आरोप में पहले ही गिरफ्तार है । फोर्स के स्वयंभू जनरल अवतार सिंह

(शेष पृष्ठ 8 पर)

जोगिन्दर सिंह मान द्वारा दरबार साहब गलियारा योजना का समर्थन

लुधियाना, 10 जुलाई (ह.स.) : आज यहां जोगेन्द्र सिंह मान ने कहा कि पंथक भलाई के बारे में बैठक कोई भी व्यक्ति बुला सकता है । कल श्री मान को पटियाला में आयोजित एकीकृत अकाली दल की बैठक में अकाली दल का संयोजक नियुक्त किया गया था । यह बैठक कैप्टन अमरेन्द्र सिंह ने बुलाई थी । कुछ लोगों ने आपत्ति की है कि कैप्टन अमरेन्द्र सिंह को यह बैठक बुलाने का कोई अधिकार नहीं था ।

श्री मान ने कहा कि पंथक एकता के साथ-साथ पंजाबी एकता के लिए कोई रास्ता निकालना चाहिए । कल की बैठक बारे उन्होंने कहा कि मुझे इसमें उपस्थित होने के लिए विवश किया गया । मैं कोशिश करूंगा कि अकालियों के सारे धड़ों में एकता करा दूं । मैं उग्रवादियों को भी विश्वास में लूंगा । उन्होंने श्री हरचरण सिंह दिल्ली आदि पांच नए सिंह साहिबान नियुक्त किए जाने के बारे में कोई टिप्पणी

दरबार साहब गलियारा योजना का उन्होंने समर्थन किया तथा कहा कि दरबार साहब को अधिक से अधिक सुन्दर बनाया जाना चाहिए । इसे सुन्दर बनाने का जो काम अब हो रहा है, वह हम सारा जीवन नहीं कर सकते थे । सरकार इस योजना पर खर्च कर रही है तो हमें कोई आपत्ति नहीं ।

'मुसाफिर' के अनुसार श्री जोगिन्द्र सिंह मान

(शेष पृष्ठ 8 पर)

प्रधानमंत्री की विदेश यात्रा

Punjab Sampati



Punjabi Kamaa

होशियारपुर के पास गांव मिट्ठेवाल में गत रात आतंकवादियों के हाथों मारे गए (1) नम्बरदार ज्ञान सिंह (2) उनके बेटे दविन्दर सिंह (3) भाई स्वर्ण सिंह और (4) समधी चरण सिंह । (छाया : मूनलाइट) तरनतारन के पास गांव तख्तू चक में गत रात उग्रवादियों द्वारा मारे गए (5) भजन सिंह प्रजापति और (6) सुखवन्त कौर ।

(छाया : सिद्धू)

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

ब्रह्मा द्वारा जारी प्रैस विज्ञप्ति में संगठन के सदस्यों से कहा गया कि वे संगठन में गुटबंदी को बढ़ावा देने वाले तत्वों से सतर्क रहें । विज्ञप्ति में कहा गया कि गुरमोहन सिंह मोनी जो स्वयं को संगठन का निर्वाचित जिला प्रधान कहता है, इसका संगठन से कोई सम्बन्ध नहीं है ।

भिड़ंत के बाद 2 बंदी, 2 फरार

बाघा पुराना (मित्तल): दोपहर दो बजे के लगभग गांव बड़ा घर के निकट नहर के किनारे पुलिस की एक गश्ती पार्टी ने चार संदिग्ध व्यक्तियों को देख कर उन्हें ललकारा तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने जवाबी फायरिंग की । 15 मिनट के मुकाबले के बाद दो खतरनाक उग्रवादी नछत्तर सिंह उर्फ सत्ती और जोरा सिंह गिरफ्तार कर लिए गए । दोनों एक ही गांव के रहने वाले हैं । उनके कब्जे से एक 32 बोर का रिवाल्वर, एक 12 बोर की राइफल, 17 कारआमद कारतूस और 7 खाली कारतूस बरामद हुए । उनके 2 साथी भागने में सफल हो गए । पुलिस का बयान है कि उनकी पहचान कर ली गई है और आशा है कि उन्हें शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा । पुलिस का बयान है कि कल गांव छोटे घर में मारे गए नम्बरदार काका सिंह के कातलों को पहचान लिया गया है । उन्हें शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा । केस आपसी शत्रुता का था, उग्रवाद का नहीं था ।

गुमशुदा



मिलख राज आहूजा, 32 साल, रंग गंदमी, सलेटी रंग का कमीज, पायजामा पहने, नंगे पांव 26.6.88 को हरिद्वार से वापसी पर लुधियाना के निकट गाड़ी से बिछुड़ गया था । पता देने या पहुंचाने वाले को सफर खर्च के अलावा उचित ईनाम दिया जाएगा ।

हरबंस लाल आहूजा,
हैड पोस्ट आफिस, फाजिल्का

राजीव स्पेन जाने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री

नई दिल्ली, 10 जुलाई (वार्ता): पश्चिम एशिया और यूरोप की नौ दिवसीय यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री राजीव गांधी की स्पेन यात्रा से भारत और स्पेन के सम्बन्धों में उल्लेखनीय प्रगाढ़ता आने की आशा है । श्री राजीव गांधी स्पेन की यात्रा पर जाने वाले प्रथम प्रधानमंत्री हैं, वैसे भी सन् 1958 में दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंध स्थापित होने के बाद भारत का कोई प्रमुख नेता स्पेन नहीं गया ।

स्पेन के सम्राट जुआन कार्लोस प्रथम और महारानी सोफिया की 1982 में भारत यात्रा से भी स्पेन की यह इच्छा प्रकट हो गई थी कि वह भारत से मधुर सम्बन्ध बनाना चाहता है । इसके बाद श्रीमती गांधी की अंत्येष्टि के मौके पर स्पेन के प्रधानमंत्री फिलिप गोंजालिस मार्क्स भारत आए थे और उन्होंने उस समय प्रधानमंत्री राजीव गांधी से बातचीत की थी ।

Punjabi Sanatani

सी.आर.पी. की टुकड़ी पर घात लगाकर हमला : एक जवान घायल, आतंकवादी का शव मिला

चंडीगढ़, 11 जुलाई (वार्ता, ह.स.): गत 24 घंटों के दौरान आतंकवादियों के गुट संघर्ष में एक आतंकवादी मारा गया । आतंकवादियों द्वारा घात लगा कर हमला किए जाने से सी.आर.पी. का एक जवान घायल हो गया । एक बैंक से चार हजार रुपए लूटे गए । हरियाणा पुलिस ने आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में एक डेरे के महंत को गिरफ्तार किया है । फरीदकोट पुलिस ने आठ आतंकवादियों सहित 15 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया ।

जिला गुरदासपुर में बटाला में गोलियों से छलनी एक लाश मिली ।

सी.आर.पी. जवान घायल

अमृतसर (वि.प्र.): गत रात जिला अमृतसर के थाना वल्टोहा के अन्तर्गत गांव डबीपर के निकट अज्ञात संख्या में आतंकवादियों ने सी.आर.पी. की एक गश्ती टुकड़ी पर घात लगा कर हमला किया जिसमें सी.आर.पी. का एक जवान घायल हो गया । सी.आर.पी. ने जवाबी फायरिंग की तो आतंकवादी भाग निकले । घायल जवान का नाम सैमुअल दास बताया गया है । वह सी.आर.पी. की 38वीं बटालियन से सम्बन्ध रखता है । खबरों में कहा गया है कि सी.आर.पी. की तीन जीपें अमरकोट से अलगों कोटी की तरफ जा रही थीं । जब दो जीपें सुरक्षित गुजर गईं तो तीसरी जीप पर आतंकवादियों ने हमला किया । घायल जवान को गुरुतेग बहादर अस्पताल में दाखिल करा दिया गया ।

आतंकवादी का शव बरामद

बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना श्री हरगोबिंदपुर पुलिस ने आज प्रातः गांव चीमा खुड्डी के खेतों से एक 19 वर्षीय युवक का शव बरामद किया है । लाश पर तेज धार हथियारों के निशान हैं । इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए एस.एस. पी. श्री एस.एम. शर्मा ने बताया कि लाश की शिनाख्त गांव माड़ी पन्नुआं के हरजिंदर सिंह उर्फ बिल्ला के रूप में हुई है । पुलिस रिकार्ड से पता चला है कि मृतक संदिग्ध आतंकवादी था और कई हत्याओं, लूटपाट तथा शस्त्रों की लूट में वांछित था । यह हत्या आतंकवादियों की आपसी शत्रुता का परिणाम बताई जाती है ।

स्कूटर छीन लिया

करतारपुर (साहनी): गत सायं करतारपुर-भुलत्थ सड़क पर सोमनाथ नाम के एक व्यक्ति का स्कूटर नं. पी.सी.यू. 493 एक आतंकवादी द्वारा

पिहोवा कांड के आतंकवादियों को 'शरण देने पर 'बाबा' गिरफ्तार

भगा ले जाने का समाचार प्राप्त हुआ है । बताया जाता है कि सोमनाथ एवं उसका भाई रजिन्द्र पाल उक्त स्कूटर पर अपना प्लाट देखने के लिए गए । ज्यों ही वे स्कूटर खड़ा करके अपने प्लाट में दाखिल हुए, पीछे से एक व्यक्ति स्कूटर को स्टार्ट करके ले

छोटी सी बात

रंगा

भाई साहब अगले 3 या 4साल तक उनके सामने चुनाव लड़ने की कोई समस्या नहीं है । वह बिना चुनाव लड़े ही अपने पद पर बने रह सकते हैं ।

गया । जब वे उसके पीछे भागे तो उसने उन्हें पिस्तौल दिखाई तथा फरार हो गया ।

बैंक लूटा

बंगा (खोसला): संदिग्ध आतंकवादियों ने आज बाद दोपहर थाना बंगा के अन्तर्गत गांव कमाम में पंजाब एंड सिंध बैंक की शाखा से 4,000 रुपए लूट लिए । बताया जाता है कि आतंकवादी फरार होते समय बैंक के सुरक्षा कर्मी की बंदूक और आठ कारतूस भी ले गए ।

बाबा मोहर सिंह गिरफ्तार

'सफी' ने चंडीगढ़ से खबर दी है कि कुरुक्षेत्र पुलिस ने सफीदों के निकट गांव मलिकपुर में स्थित सच्चा सौदा नामक डेरे के महंत बाबा मोहर सिंह को आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया । बताया जाता है कि बाबा मोहर सिंह को गत 20 जून को पिहोवा के एक सिनेमा घर पर अंधाधुंध गोलियां चलाकर 6 व्यक्तियों की हत्या कर देने व अन्य 7 को घायल करने के केस में शामिल आतंकवादियों को अपने डेरे में शरण देने के मामले में संलिप्त पाया गया है ।

पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि पिहोवा हत्या कांड तथा कुरुक्षेत्र बम कांड के बारे में कुछ और सुराग मिले हैं ।

15 गिरफ्तार

मोगा (ह.स.): सुरक्षा बलों ने पिछले 48 घंटों के दौरान जिला फरीदकोट में आठ आतंकवादियों सहित 15 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है तथा आतंकवादियों के अड्डों पर छापे मारकर कुछ हथियार बरामद किए हैं । गिरफ्तार किए गए आठ आतंकवादी खालिस्तान कमांडो फोर्स या मिनी कमांडो फोर्स से सम्बन्धित हैं । पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल ने यह बताया कि 7 व्यक्तियों को दर्दात आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया । उनसे 4 दुनाली बंदूकें, दो पिस्तौल तथा 50 के लगभग कारतूस बरामद हुए ।

गिरफ्तार किए गए आतंकवादियों के नाम तारा सिंह, नछत्तर सिंह, गुरजंट सिंह धूलकोट, बलविंदर सिंह, बाबर सिंह, बलबीर सिंह, केवल सिंह तथा राजा सिंह हैं । आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में पकड़े गए व्यक्तियों में जगराज सिंह,

(शेष पृष्ठ 6 पर)

Punjab Sanatan

को सिमरनजीत सिंह मान, गुरचरण सिंह टोहरा और अन्य अकाली नेताओं को रिहा करना चाहिए । उन्होंने दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के आम चुनाव तुरन्त करवाने की मांग भी की ।

घात लगा कर हमला

(पृष्ठ 3 का शेष)

सुखदेव सिंह, गुरतेज सिंह, गुरदेव सिंह, तारा सिंह, गुरमेल सिंह तथा मनजीत सिंह शामिल हैं ।

स्कूटर छीना

आज बाद दोपहर जालन्धर जिले के थाना नूरमहल के अन्तर्गत गांव चौलांग में दो आतंकवादी अमरजीत सिंह से उसका स्कूटर छीन ले गए ।

एक विशेष भेंट में जत्थेदार उमरानंगल ने कहा कि आज समस्या जहां सिख पंथ को बचाने की है, वहां पंजाब और देश को बचाने की भी है ।

उन्होंने कहा कि आज सभी के संयुक्त उद्यम की जरूरत है ताकि मानवता को आतंकवादियों से बचाया जा सके । आतंकवादी जो वास्तव में हमारे अपने दिग्भ्रमित बच्चे हैं, उन्हें भंवर से निकाल कर वास्तविकता से परिचित कराया जाए ।

उन्होंने कहा कि जिन लोगों की गलत नीतियों से दरबार साहब की मर्यादाएं भंग हुई हैं, उन सभी से सार्वजनिक रूप से प्रायश्चित करवाना होगा । बिना इसके दरबार साहब की मर्यादा बहाल नहीं हो सकती ।

जयललिता गुट भी दो-फाड़

Punjabi Sahatani

पंजाब में आतंकवादियों द्वारा 4 व्यक्तियों की हत्या

चंडीगढ़, 12 जुलाई (वार्ता, ह.स.): पंजाब में गत रात से आतंकवादियों ने 4 व्यक्तियों की हत्या कर दी । लगभग आधी दर्जन संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया ।

2 की हत्या

अमृतसर (अशोक) : अमृतसर जिला के तीन विभिन्न गांवों में हुई वारदातों में आतंकवादियों ने गोलियां मार कर एक महिला और एक पुरुष की हत्या कर दी,जबकि एक अन्य महिला को घायल कर दिया ।

बताया जाता है कि आज प्रातः 10.30 बजे दो आतंकवादियों ने एक व्यक्ति मेजर सिंह पुत्र उजागर सिंह निवासी गांव साधवानी की गोलियां मार कर उस समय हत्या कर दी,जबकि वह स्कूटर पर अपने गांव से कहीं जा रहा था । आतंकवादी उसका स्कूटर लेकर फ़रार हो गये । मृतक के स्कूटर का नम्बर पी.जे.बी. 5754 था ।

दूसरी घटना गांव मोहनपुर थाना सरहाली में हुई,जबकि गत रात 10.30 बजे तीन आतंकवादी हरबंस कौर पत्नी गुरनाम सिंह के घर ज़बरदस्ती घुसे तथा गोलियां चलानी आरम्भ कर दीं । हरबंस कौर की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई ।

तीसरी वारदात गांव भेल थाना वैरोवाल की है, जहां दो आतंकवादी आधी रात को भीरो नामक महिला के घर में घुसे,जिनमें से एक के हाथ में बंदूक तथा दूसरे के हाथ में तेज़धार हथियार था । आतंकवादियों ने भीरो के कानों की बालियां उतारनी शुरू कर दीं,जिस पर भीरो ने प्रतिरोध किया । इसी दौरान एक आतंकवादी ने गोली चला दी,जिससे भीरो घायल हो गई ।

राणा गिरफ्तार

गुरदासपुर (विनोद): एस.एस.पी. श्री पी.एम. दास ने आज यहां बताया कि धारीवाल पुलिस ने आतंकवादी रणजीत सिंह उर्फ़ राणा को गिरफ्तार करके उसके कब्ज़े से एक पिस्तौल और 4 कारतूस बरामद किये हैं । वह आतंकवाद की अनेक घटनाओं में वांछित था । पूछताछ जारी है ।

आढ़ती से स्कूटर छीना

लुधियाना (आहूजा): गत रात लगभग 9.30 बजे समराला रोड पर दो संदिग्ध आतंकवादियों ने सब्ज़ी मंडी के एक आढ़ती पूरन सिंह से उसका बजाज चेतक स्कूटर PAI-3381 व दस हज़ार रुपये छीन लिये । पूरन सिंह रात को उगराही से लौट रहा था । यह घटना बैंक आफ़ बड़ौदा की गली की नुक्कड़ पर घटी । पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है ।

यहां उल्लेखनीय है कि समराला रोड के बाबा थान सिंह चौक में अर्द्ध सैनिक बलों की एक पार्टी ड्यूटी पर तैनात थी ।

दो उग्रवादी गिरफ्तार

एस.एस.पी. लुधियाना श्री पांडे ने बताया कि तलवंडी नीमी के चांद सिंह तथा खुदाई चक के उग्रवादी बलदेव सिंह को गिरफ्तार किया गया है । उनके कब्ज़े से दो पिस्तौल, कुछ कारतूस व ग्रेनेड का एक स्कूटर बरामद हुआ । यह दोनों थाना जगराओं व रायकोट क्षेत्र में कई वारदातों में संलिप्त थे ।

सरपंच की हत्या

मुसाफिर ने खबर दी है कि आज बाद दोपहर लगभग तीन बजे गांव जसपालों के सरपंच राजेन्द्र सिंह की स्कूटर सवार आतंकवादियों ने गोली मारकर हत्या कर दी । बताया जाता है कि आतंकवादी उसके घर आए तथा उसे बाहर बुलाकर गोली मार दी । पुलिस मौका पर पहुंच गई ।

पांच आतंकवादी काबू

संगरूर (गोयल): आज थाना अहमदगढ़ पुलिस ने एस.एच.ओ. जगदीश सिंह के नेतृत्व में गांव कंगनवाल की नहर पर नाकाबंदी करके 5 कथित आतंकवादी काबू किए । उनके कब्जे से एक एके.नाली बंदूक, दस अनचले कारतूस, एक 12 बोर की बंदूक, एक .315 बोर पिस्तौल, दो पिस्तौल 12 बोर तथा कुछ कारतूस बरामद हुए । पूछताछ के दौरान इन आतंकवादियों ने स्वीकार किया कि वे अहमदगढ़, डेहलों और साहनेवाल थाना क्षेत्रों में तथा जिला जालन्धर के क्षेत्र में लूटमार व साड़फूंक की वारदातें करते थे । एस.एस.पी. श्री ज्ञान सिंह ने बताया कि इन आतंकवादियों के नाम प्रीतम सिंह, जसवन्त सिंह उर्फ जस्सा, सुलक्खन सिंह, बलवन्त सिंह, जगदीप सिंह उर्फ जंगी हैं ।

चोरी का स्कूटर बरामद

बरनाला (सिंघवानी): श्री इकबाल सिंह गिल एस.एच.ओ. इंस्पैक्टर पुलिस ने भारी पुलिस फ़ोर्स के साथ सेखा चौक में नाकाबंदी के बीच एक संदिग्ध व्यक्ति अवतार सिंह उर्फ़ बिल्लू को रोक कर पूछताछ की । तलाशी लेने पर उससे एक चाकू मिला तथा जिस स्कूटर चेतक बजाज नं. पी.ए.एम. 7188 पर सवार होकर जा रहा था,वह भी चोरी का निकला, जो अभियुक्त ने गांव बजीदके खुर्द से बरनाला के एक व्यापारी मेघराज का चोरी किया था । पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है तथा जांच की जा रही है ।

नम्बरदार की हत्या

जालंधर (हस): गत रात जिला जालंधर के थाना आदमपर के गांव नौली में दो संदिग्ध आतंकवादियों ने नम्बरदार चरण सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । पुलिस ने बताया कि आतंकवादी चरण सिंह के घर में घुसे तथा नज़दीक से उसे गोली मार दी । उसकी मौका पर ही मृत्यु हो गई । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया तथा जांच कर रही है ।

3 हिरासत में

फगवाड़ा (राकेश): कल रात व आज तड़के स्थानीय पुलिस ने यहां पर सतनामपुरा, भगतपुरा व हदियाबाद में छापे मार कर कई मकानों की तलाशियां लीं । पुलिस ने छापों के दौरान 3 संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में ले लिया है । गत दिवस 2 स्कूटर सवार व्यक्तियों ने निकटवर्ती गांव चुड़का थाना गोराया में एक व्यक्ति सीता राम से 300/- पिस्तौल की नोक पर छीन लिये ।

निषेधाज्ञायें

फरीदकोट (जिबल): जिलाधीश श्री गुरदेव सिंह बराड़ ने एक अधिसूचना जारी की है जिसमें कहा गया है कि जिला भर में आम दुकानें शाम 7.45 बजे बंद होंगी जबकि शराब की दुकानें 9 बज कर 10 मिनट पर, ढाबे और अहाते 9.30 बजे बंद होंगे । यह आदेश दो मास तक लागू रहेगा । जिलाधीश ने शाम 6 बजे से प्रातः 6 बजे तक 3.5 हार्सपावर के मोटर साइकल चलाने पर पाबंदी लगा दी है । जिला भर में लाऊड स्पीकरों के प्रयोग पर भी पाबंदी लगा दी गई है । (शेष पृष्ठ 8 पर)

Punjabi Sahitani

पंजाब में हत्यायें

(पृष्ठ 3 का शेष)

लुधियाना महिन्द्रा): जिला मैजिस्ट्रेट श्री एस.एस. बराड़ ने जिला-भर में एक आदेश द्वारा पांच या अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने, जलूस निकालने और रैलियां करने पर पाबंदी लगा दी है । यह आदेश 9 सितम्बर तक जारी रहेगा ।

परिवार सहित सोधने की धमकी

मोगा (बंसल): खालिस्तान कमांडो फोर्स ने आज यहां भेजे धमकी-पत्र में गांव सदासिंहवाला के दो व्यक्तियों बिन्दर सिंह और पृथी सिंह को चेतावनी दी है कि उन्होंने अमृत ग्रहण करने के बाद शराब पीना व पुलिस की मुखबरी शुरू कर दी है । अतः उन्हें शीघ्र ही परिवार सहित सोध दिया जाएगा ।

केंद्र-अकाली समझौते के संकेत

(पृष्ठ 3 का शेष)

अकाली तत्वों की मिली-जुली सरकार बनाई जाएगी और मुख्यमंत्री श्री अमरेन्द्र सिंह होंगे । ऐसी हालत में श्री बरनाला को केन्द्र सरकार को कोई और सम्मानपूर्ण पद दे सकती है । ऐसी हालत में श्री प्रकाश सिंह बादल व श्री टोहरा को रिहा किए जाने की अभी कोई सम्भावना नहीं किन्तु मिली-जुली अस्थायी सरकार बनाने के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने के लिए जोधपुर के कुछ नजरबंद रिहा कर दिए जाएंगे और दिल्ली के दंगों के दोषी बताए गए कुछ व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी ।

PunjabiSanath.com

उग्रवादियों द्वारा हिन्द समाचार के समाचार सम्पादक इंद्रजीत सूद की हत्या

लाला जगतनारायण, श्री रमेश चंद्र, श्री बंत सिंह की शृंखला में हिन्द समाचार परिवार समूह द्वारा एक और शहादत

जालन्धर, 13 जुलाई : आज रात्रि स्थानीय सैंट्रल टाऊन स्थित एक धर्मस्थान के पास हिन्द समाचार के समाचार सम्पादक श्री इंद्रजीत सूद की 2 उग्रवादियों ने गोली मार कर हत्या कर दी । गोलियां उनके सिर में लगी हैं ।

श्री सूद 63वर्ष के थे । वे अपने पीछे एक पुत्र व दो बेटियां छोड़ गए जिनमें से एक नीलम सूद का गत 27 जून को विवाह हुआ था ।

श्री सूद कार्यालय से रात्रि 9.15 बजे चले थे । जालन्धर प्रैस के चीफ इजहार आलम घटनास्थल पर पहुंच गए और उन्होंने शव को पोस्ट मार्टम के लिए सिविल अस्पताल भिजवाया ।

खालिस्तान कमांडो फोर्स ने इस घटना की जिम्मेदारी ली है खालिस्तान कमांडो फोर्स ने कहा है कि जो भी पत्रकार सुखदेव सिंह सुक्खा उर्फ सुक्खा लाहौरी उर्फ जनरल लाभ सिंह के खिलाफ कुछ भी लिखेगा उसकी हत्या कर दी जाएगी ।

खालिस्तान कमांडो फोर्स की ओर से यह जिम्मेदारी भूपेंद्र सिंह बिदा ने टैलीफोन करके ली ।

प्राप्त सूचनाओं के अनुसार श्री इन्द्रजीत सूद की हत्या करने वाले उग्रवादी उसी गिरोह के हैं जिन्होंने लगभग एक वर्ष पूर्व जगबाणी के मुख्य उपसम्पादक श्री ब सिंह की हत्या की थी ।

सूत्रों के अनुसार आज रात्रि जब श्री सूद ड्यूटी से अपने घर लुधियाना जाने के लिए रेलवे स्टेशन की ओर जा रहे थे, तभी सैंट्रल टाऊन मिलाप रोड स्थित एक धर्मस्थान के पास एक साइकल पर सवार दो उग्रवादियों ने उन पर पिस्तौलों से गोलियां चलाईं । गोलियां उनके सिर में लगीं और उनका घटनास्थल पर ही देहांत हो गया । प्राप्त सूचनाओं के अनुसार घटनास्थल पर दो गोलियां हैं । पहले उग्रवादी आगे की गली से आए लेकिन वहां कुछ लोग खड़े थे । इस पर उग्रवादी पीछे की गली से घूम कर और साइकल बिजली के खम्भे से टिका कर इस प्रकार खड़ी की कि रास्ता रुक गया । तभी सूद साहब वहां पहुंचे । उग्रवादियों ने जब उन्हें निकट से पहचान लिया तब उन पर साइकल के हैंडल पर पिस्तौल टिका कर गोलियां चलाईं । इसके बाद फायरिंग करने वाला उग्रवादी साइकल के कैरियर पर बैठ कर मंडी रोड की ओर फरार हो गया ।

श्री सूद श्रमजीवी पत्रकार संघ के भू.पू. अध्यक्ष भी थे ।

यह घटना कुम्हारां दी मस्जिद के पास हुई ।

श्री सूद हिन्द समाचार पत्र समूह के चौथे पत्रकार हैं जो गोलियों का निशाना बने हैं । वैसे वे पंजाब में पिछले 8 वर्षों में गोलियों का निशाना बनने वाले 11वें पत्रकार हैं । सबसे पहले 9 सितम्बर 1981 को लुधियाना के पास हिन्द समाचार पत्र समूह के प्रधान सम्पादक लाला जगत नारायण की हत्या की गई थी । इसके बाद 12 मई 1984 को जालन्धर के नामदेव चौक पर उग्रवादियों ने लालाजी के पुत्र व हिन्द समाचार के प्रधान सम्पादक श्री रमेश चन्द्र की गोलियां मार कर हत्या कर दी थी । इसके बाद 4 मई 1988 को उग्रवादियों ने हिन्द समाचार पत्र समूह के पंजाबी अखबार जगबाणी के मुख्य उपसम्पादक श्री बंत सिंह की उस समय हत्या की थी जब वे घर जा रहे थे ।

लाला जी, रमेश जी के बाद उग्रवादियों ने ज्ञानी जगजीत सिंह (गुरदासपुर) तथा समीत सिंह 'पीत लड़ी' को अपना तीसरा व चौथा शिकार बनाया । इसके बाद उन्होंने सी.पी.आई. (एम.एल.) के मुख पत्र चिन्गारी के मुखराज सिंह तथा हरावल मैगजीन के बलदेव सिंह मान को अपना शिकार बनाया । 19 मई, 1987 को उग्रवादियों के शिकंजे में फंसे तरनतारन के पत्रकार नरेन्द्र पाल सिंह फ्लर सी.पी.आई. (एम.एल.) के एक अखबार के सम्पादक जसमेल सिंह बहुत उग्रवादियों के 84 शिकार थे, उन्हें शिकार थे जगबाणी के मुख्य उप सम्पादक बंत सिंह । वह पंजाबी कवि संतोख सिंह धीर के दामाद थे । 4 जून 1988 को ज्ञानी कालेज होशियारपुर में पत्रकार प्रद्युम्न सिंह की हत्या की गई । 24 जून 1983 को जालन्धर के दैनिक प्रताप के कार्यालय में पार्सल बम फटने से इन्द्रेश कुमार व केवल कृष्ण मारे गए । 3 फरवरी 1984 को इंडियन एक्सप्रैस के संवाददाता संजीव गौड़ को छुरा मार कर घायल किया गया था । 22 दिसम्बर 1983 को फिरोजपुर के पत्रकार सतपाल बागी के पुत्र अनिल बागी की उग्रवादियों ने हत्या कर दी थी ।

हिन्द समाचार के समाचार सम्पादक इन्द्रजीत सूद का शव, (इनसैट) पुराना चित्र । (छाया : कपूर)

पुलिस व सुरक्षा बलों ने पंजाब भर के विभिन्न स्थानों से 21 उग्रवादियों व उनके शरणदाताओं को गिरफ्तार करके उनसे भारी मात्रा में गोली सिक्का बरामद किया ।

हथियारों सहित उग्रवादी गिरफ्तार

बटाला (गुरदासपुर): पुलिस जिला बटाला के कार्यकारी पुलिस प्रमुख श्री एस.एस. शर्मा ने बताया कि सीमा सुरक्षा बल और पुलिस ने एक विशेष अभियान के तहत खोजबीन, नाकों व पहले से गिरफ्तार संदिग्ध आतंकवादियों सतिया के पवीन्दर सिंह, गोरेवाल के निर्मल सिंह की निशानदेही पर दो चीनी एके. 47 राइफलें, 4 मैगजीन, 100 कारतूस, गांव चौड़ा के कुलवन्त सिंह से एक पिस्तौल, एके. 47 के दो मैगजीन, 54 कारतूस, गांव अटवाल के बलबीर सिंह से एक 12 बोर की कटी हुई एक नाली बंदूक व दो कारतूस बरामद किए हैं । श्री शर्मा ने बताया कि इसी प्रकार अलग-अलग आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में दौनोवपर के गुरनाम सिंह, मगरवाल के बलबीर सिंह, रणधीर सिंह, बेहला गांव के अवैनाश सिंह, सुखजीत सिंह, छीना के माता सिंह, खोटला सर्फ से रक्षा सिंह, घरियां के बावर से अजीत सिंह को आतंकवाद निरोधक कानून के अन्तर्गत गिरफ्तार किया है ।

5 गिरफ्तार

अमृतसर (अशोक): तरनतारन के एस.एस.पी. द्वारा जारी प्रैस ब्रीफ के अनुसार तरनतारन सिटी पुलिस ने पांच आतंकवादियों दिलबाग सिंह उर्फ बाला निवासी मुहल्ला नानकसर तरनतारन, नसीबदर सिंह उर्फ लड्डा निवासी राजकोट, मुखदेव सिंह उर्फ लड्डा निवासी राजकोट, उजागर सिंह उर्फ जीत निवासी राजकोट और मंजर सिंह निवासी सुरसी को तरनतारन के इलाके में नाका व घर छापे की वारदातों में पुलिस को वांछित थे, को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है ।

प्रैस ब्रीफिंग के अनुसार यह पांचों आतंकवादी रात दिवस तरनतारन के एक निवासी के घर में बनाए घूने पे और घर के सदस्यों को धमकी देते रहे कि यदि उन्होंने अपना सारा कीमती सामान न सौंपा तो सारा परिवार खत्म कर दिया जाएगा । प्रैस ब्रीफिंग के अनुसार इन आतंकवादियों को पुलिस ने एक सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया । पूछताछ के दौरान इन्होंने तरनतारन के इलाके में कई डकैतियों व घर छापे की वारदातों में संलिप्त होना स्वीकार किया है । उनके कब्जे से भारी मात्रा में नकद का सामान भी बरामद किया गया है ।

दो गिरफ्तार

धूरी (संगरूर): मालेरकोटला पुलिस ने पाली नामक एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके पास से एक पिस्तौल बरामद किया है । इसी प्रकार लहरागागा पुलिस ने एक संदिग्ध व्यक्ति महादीर सिंह को गिरफ्तार किया है और उसके कब्जे से 12 बोर की एक पिस्तौल व तीन जीवित कारतूस बरामद किए हैं ।

जगदीश व बलविंदर गिरफ्तार

सामाना (बरनाला): स्थानीय पुलिस के सी.आई.ए. स्टाफ ने थाना अमरगढ़ (पटियाला) के एक आतंकवादी जगदीश सिंह तथा पातड़ां थाना के गांव शतराणा के बलविंदर सिंह को गिरफ्तार किया है । पुलिस ने इनसे एक ए.के. 47 राइफल, 20 कारतूस और एक पिस्तौल बरामद की है । इन्होंने कई वारदातों में संलिप्त होना स्वीकार किया है ।

पुलिस ने निकटवर्ती गांव बकराहा के देवेन्द्र पाल सिंह को इस आरोप में गिरफ्तार किया है कि उसने गत दिनों पातड़ां थाना के गांव गलाड़ में हुई वारदात में सम्बन्धित आतंकवादियों को शरण दी थी ।

मोगा : दो उग्रवादियों ने कल रात्रि बाघा पुराना थाना के ग्राम मलखान में बार्च एंड बार्ड के गार्ड बलबीर सिंह के सिर में गोली मार कर हत्या कर दी । उग्रवादियों ने पोस्टर लगाए हैं कि कोई भी सरकार न बिठा ।

बाघा पुराना (मिलन): गत सायं कोटकपूरा पुलिस ने एक बस को निष्क्रिय कर कई लोगों की हत्याओं का षड्यंत्र विफल कर दिया । उग्रवादियों ने एक पार्क में ट्रांजिस्टर बम लगाया था । पार्क में आने वाले लोगों ने दो युवकों को संदेहजनक स्थिति में देखा तो सी.आर.पी. को सूचना दी । सी.आर.पी. के आने पर उग्रवादी भागे, पर एक को सी.आर.पी. ने पकड़ लिया । उसके पास से भी एक ट्रांजिस्टर बम बरामद हुआ ।

Punjab Sentinel

कपूरथला जिला में मारे गए उग्रवादी बलबीर सिंह से बरामद (1) 12 राकेट, 2 ए.के.-47 चीनी असाल्ट राइफलें, एक स्टेनगन, 100 गोलियां व मैगजीनें, (इनसैट में बलबीर सिंह का शव), (2) डी.आई.जी. डी.आर. भट्टी एक राकेट की कार्य प्रणाली समझाते हुए, साथ में हैं कपूरथला के एस.एस.पी. स्वर्ण सिंह ।

(छाया : वी.पी. कपूर)

दुर्दांत आतंकवादी मुठभेड़ में मारा गया, 2 को लोगों ने पीट-पीट कर मार डाला

अन्यत्र 5 हत्याएं : 12 राकेट व अन्य हथियार मिले : फिरोज़पुर, संगरूर में रात्रि बस सेवा बंद कर दी गई

चंडीगढ़, 14 जुलाई (वार्ता, ह.स.): कल रात के बाद से पंजाब में एक कुख्यात आतंकवादी बलबीर सिंह समेत 3 उग्रवादी मारे गए, जबकि 5 व्यक्तियों की हत्या की गई । विभिन्न स्थानों से बरामद किए गए शस्त्रास्त्र में 12 राकेट भी शामिल हैं । एक दर्जन से अभी अधिक आतंकवादी गिरफ्तार किए गए जिनमें 2 स्वयं-भू 'एरिया कमांडर' हैं । फिरोज़पुर व संगरूर जिलों में रात्रि बस सेवा तत्काल रूप से बंद कर दी गई ।

खतरनाक उग्रवादी मारा गया

कपूरथला (शर्मा): जालन्धर रेंज के डी.आई.जी. श्री डी.आर. भट्टी और कपूरथला के एस.एस.पी. श्री स्वर्ण सिंह ने आज यहां पत्रकारों को बताया कि गत रात पुलिस व सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक खतरनाक उग्रवादी बलबीर सिंह मारा गया जबकि पुलिस ने दो खतरनाक उग्रवादियों सुरेन्द्र सिंह तथा हरभजन सिंह को गिरफ्तार किया है और इन उग्रवादियों से पुलिस ने 12 राकेट, 2 चीनी असाल्ट राइफलें, एक स्टेनगन, 4 मैगज़ीनें व 140 कारतूस बरामद किए ।

इन दोनों अधिकारियों के अनुसार गत रात पुलिस व सुरक्षा बलों ने गांव भट्टियां के निकट नाका लगाया हुआ था कि रात साढ़े बारह बजे तीन व्यक्ति दो साइकलों पर नहर की पटरी से आते दिखाई दिए । पुलिस द्वारा रोकने का इशारा किया गया तो उन्होंने फायरिंग करके सुरक्षा बलों को रुकावा देने की कोशिश की, लेकिन अन्ततः उन्हें हथियारों सहित आत्म-समर्पण के लिए विवश कर दिया किया है । पुलिस प्रमुख श्री एस.एस. शर्मा ने बताया कि इनकी शिनाख्त गांव भोलेके के सविन्दर सिंह, गांव खोदे बांगर के वरीन्दर सिंह व गांव तलवंडी गगा के अजीत सिंह के रूप में की गई है । एस.एस.पी. श्री शर्मा ने कहा कि इनसे 9 एम.एम. की एक स्टेनगन, एक .455 बोर व एक .32 बोर का रिवाल्वर तथा काफी संख्या में चले-अनचले कारतूस बरामद किए गए हैं ।

10 आतंकवादी गिरफ्तार

मोगा (वार्ता): आज प्रातः जिला फरीदकोट पुलिस ने सुरक्षा बलों की सहायता से खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स और खालिस्तान लिबरेशन फ़ोर्स से सम्बन्धित 10 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया जिनमें दो एरिया कमांडर दलबीर सिंह तथा रणजीत सिंह शामिल हैं । 6 उग्रवादियों को आज सुबह थाना बाघापुराना के गांव कनेडा में एक मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया जबकि चार अन्य को जिला के विभिन्न भागों में उनके अड्डों पर छापे मारकर पकड़ा गया ।

पुलिस के अनुसार 6 उग्रवादी, जिन्हें मुठभेड़ के बाद पकड़ा गया, एक बिना नम्बर की जीप में घूम रहे थे । जब उन्हें रुकने का इशारा किया गया तो उन्होंने फायरिंग करके सुरक्षा बलों को रुकावा देने की कोशिश की, लेकिन अन्ततः उन्हें हथियारों सहित आत्म-समर्पण के लिए विवश कर दिया



दो उग्रवादी मार डाले

दसूहा (शादर, ह.स.): जिला होशियारपुर में मुकेरियां में लोगों ने दो उग्रवादियों को पीट-पीटकर मार डाला । यह जानकारी देते हुए जालन्धर रेंज के डी.आई.जी. श्री डी.आर. भट्टी ने बताया कि तीन उग्रवादी मुकेरियां के एक व्यक्ति के घर में घुसे । जानकारी से शोर मचाया तो निकटवर्ती घरों के लोग घटनास्थल की ओर दौड़े । श्री भट्टी ने बताया कि इनमें से दो उग्रवादियों को तो क्रुद्ध भीड़ ने बुरी तरह पीटा जबकि तीसरा बच कर भाग निकला । दोनों घायल उग्रवादी अस्पताल में जाकर दम तोड़ गए । पुलिस ने उनसे दो रिवाल्वर बरामद किए । पुलिस ने तीसरे उग्रवादी को पकड़ने के लिए ज़बरदस्त भाग-दौड़ शुरू कर दी है । श्री भट्टी ने लोगों द्वारा दिखाए गए साहस की प्रशंसा की ।

घटना का ब्यौरा इस प्रकार बताया जाता है कि कस्बा मुकेरियां के मुहल्ला गड्डियां शबाला में हरिमित्र के घर गत रात्रि 12.30 बजे तीन आतंकवादी आए तथा उनके घर के सदस्यों को उठाकर एक कमरे में एक पंक्ति में खड़ा कर दिया और धमकी दी कि जो भी माल हो, हमारे हवाले कर दो वरना गोलियों से उड़ा दिए जाओगे । इस पर हरिमित्र ने 15 तोला सोना और 25000 रुपए नकद उनके हवाले कर दिया । इसके बाद एक आतंकवादी तो लूट का माल लेकर बाहर चला गया

Punjabi Sanatani

चंडीगढ़, 14 जुलाई (वार्ता, ह.स.): कल रात के बाद से पंजाब में एक कथ्यात आतंकवादी बलबीर सिंह समेत 3 उग्रवादी मारे गए, जबकि 5 व्यक्तियों की हत्या की गई । विभिन्न स्थानों से बरामद किए गए शस्त्रास्त्र में 12 राकेट भी शामिल हैं । एक दर्जन से अभी अधिक आतंकवादी गिरफ्तार किए गए जिनमें 2 स्वयं-भू 'एरिया कमांडर' हैं । फिरोज़पुर व संगरूर जिलों में रात्रि बस सेवा तत्काल रूप से बंद कर दी गई ।

खतरनाक उग्रवादी मारा गया

कपूरथला (शर्मा): जालन्धर रेंज के डी.आई.जी. श्री डी.आर. भट्टी और कपूरथला के एस.एस.पी. श्री स्वर्ण सिंह ने आज यहां पत्रकारों को बताया कि गत रात पुलिस व सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक खतरनाक उग्रवादी बलबीर सिंह मारा गया जबकि पुलिस ने दो खतरनाक उग्रवादियों सुरेन्द्र सिंह तथा हरभजन सिंह को गिरफ्तार किया है और इन उग्रवादियों से पुलिस ने 12 राकेट, 2 चीनी असाल्ट राइफलें, एक स्टेनगन, 4 मैगज़ीनें व 140 कारतूस बरामद किए ।

इन दोनों अधिकारियों के अनुसार गत रात पुलिस व सुरक्षा बलों ने गांव भट्टियां के निकट नाका लगाया हुआ था कि रात साढ़े बारह बजे तीन व्यक्ति दो साइकलों पर नहर की पटरी से आते दिखाई दिए । पुलिस ने उन्हें रुकने का संकेत दिया तो इन व्यक्तियों ने फ़ायरिंग शुरू कर दी । पुलिस की जवाबी फ़ायरिंग से एक व्यक्ति सख्त घायल हो गया तथा दो अन्य साइकल छोड़ कर अंधेरे में फ़रार हो गए । घायल होने वाले ने अपना नाम बलबीर सिंह निवासी खस्सन बताया । कुछ मिनट बाद वह दम तोड़ गया । यह उग्रवादी कुछ अर्सा पहले पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारे गए अत्यन्त दुर्दांत उग्रवादी अवतार सिंह के गिरोह का सदस्य था । उसके सिर पर बीस हजार रुपए का इनाम घोषित था । इस गिरोह का सम्बन्ध खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स से था । पुलिस ने 12 राकेट बरामद किए जबकि बलबीर सिंह के शव के निकट एक स्टेनगन तथा जेबों से 40 गोलियां बरामद कीं । इस गिरोह के अन्य तीन सदस्यों को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस छापे मार रही है । इस गिरोह ने लगभग 50 हत्याएं की हैं । इनमें दो ग्रंथियों की हत्या, करतारपुर रेलवे स्टेशन के बाहर फ़ायरिंग, भट्ठा मज़दूरों की हत्या तथा केन्द्रीय मंत्री बूटा सिंह के सम्बन्धियों की मुस्तफ़ापुर में हत्या भी शामिल है ।

ह.स. के अनुसार बलबीर सिंह खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स के मारे गए 'कमांडर' सुक्खा सिपाही का निकट साथी था ।

गत रात एक गश्ती टुकड़ी ने गांव आर्यावाल के निकट दो उग्रवादियों सुरेन्द्र सिंह व हरभजन सिंह को गिरफ्तार करके उनके कब्ज़े से दो चीनी ए.के. 47 असाल्ट राइफलें तथा 100 गोलियां बरामद की हैं । यह दोनों उग्रवादी एक खतरनाक गिरोह से सम्बन्ध रखते हैं तथा इस गिरोह ने कपूरथला, जालन्धर और होशियारपुर जिलों में हत्याएं व लूटपाट की है ।

श्री भट्टी ने बताया कि सरकार की ओर से शहर व गांवों में कड़े सुरक्षा प्रबन्ध किए जाने तथा गांवों में सुरक्षा योजना लागू किए जाने से लोगों में आत्म विश्वास पैदा हुआ है और अब लोग उग्रवाद व गुंडागर्दी के विरुद्ध खड़े हो रहे हैं ।

दो उग्रवादी मार डाले

दसूहा (झावर, ह.स.): जिला होशियारपुर में मुकेरियां में लोगों ने दो उग्रवादियों को पीट-पीटकर मार डाला । यह जानकारी देते हुए जालन्धर रेंज के डी.आई.जी. श्री डी.आर. भट्टी ने बताया कि तीन उग्रवादी मुकेरियां में एक व्यक्ति के घर में घुसे । जगन्नाथ ने शोर मचाया तो निकटवर्ती घरों के लोग घटनास्थल की ओर दौड़े । श्री भट्टी ने बताया कि इनमें से दो उग्रवादियों को तो क्रुद्ध भीड़ ने बुरी तरह पीटा जबकि तीसरा बच कर भाग निकला । दोनों घायल उग्रवादी अस्पताल में जाकर दम तोड़ गए । पुलिस ने उनसे दो रिवाल्वर बरामद किए । पुलिस ने तीसरे उग्रवादी को पकड़ने के लिए ज़बरदस्त भाग-दौड़ शुरू कर दी है । श्री भट्टी ने लोगों द्वारा दिखाए गए साहस की प्रशंसा की ।

घटना का ब्यौरा इस प्रकार बताया जाता है कि कस्बा मुकेरियां के मुहल्ला गड्डियां शबाला में हरिमित्र के घर गत रात्रि 12.30 बजे तीन आतंकवादी आए तथा उनके घर के सदस्यों को उठाकर एक कमरे में एक पंक्ति में खड़ा कर दिया और धमकी दी कि जो भी माल हो,हमारे हवाले कर दो वरना गोलियों से उड़ा दिए जाओगे । इस पर हरिमित्र ने 15 तोला सोना और 25000 रुपए नकद उनके हवाले कर दिया । इसके बाद एक आतंकवादी तो लूट का माल लेकर बाहर चला गया जबकि अन्य फ्रिज में से पानी लेकर पीने लग पड़े । इस बीच घर के सदस्यों ने उन आतंकवादियों को दबोच लिया और हाथापाई शुरू हो गई । यह संघर्ष लगभग एक घंटे तक चलता रहा । घर के एक सदस्य ने मौका देखकर हल्ला मचा दिया जिससे वहां लोग जमा हो गए । सूचना पाकर पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई ।

संघर्ष में परिवार के दो सदस्य महेन्द्र पाल व इंद्र मोहन भी घायल हो गए । संघर्ष में परिवार की चार महिलाओं ने भी पुरुषों का साथ दिया ।

जिला होशियारपुर के एस.एस.पी. श्री परमजीत सिंह संधू ने एक पत्रकार सम्मेलन में कहा कि इन आतंकवादियों में एक की डा. दलजीत सिंह वासी शाहका गांव के रूप में शिनाख्त की गई है तथा वह मियाणी में प्रैक्टिस करता था जबकि दूसरा लखविंदर सिंह गांव मियाणी का निवासी है । उन्होंने बताया कि इनके पास से दो देसी पिस्तौल व जीवित कारतूस तथा महत्वपूर्ण दस्तावेज़ व पते मिले हैं जिनसे पुलिस के हाथ में काफ़ी सुराग लगे हैं । श्री संधू ने कहा कि परिवार के जिन सदस्यों ने आतंकवादियों के साथ मुकाबला किया है, उन्हें समुचित इनाम देने की सिफ़ारिश की गई है । दोनों आतंकवादियों का दसूहा के सिविल अस्पताल में पोस्ट-मार्टम कर दिया गया है । परिवार के प्रमुख हरिमित्र ने बताया कि पहले तो वे डर गए कि कहीं पुलिस उनके विरुद्ध केस न दर्ज कर ले परन्तु एस.एस.पी. ने जब उन्हें आश्वासन दिया और कहा कि उन्होंने बहादुरी का काम किया है तो उनकी घबराहट दूर हुई । आतंकवादियों का मुकाबला करने वाले अन्य सदस्यों में महेन्द्र पाल, मदन लाल व इन्द्र मोहन शामिल हैं ।

मुठभेड़ के बाद तीन गिरफ्तार

बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना फतेहगढ़ चूड़ियां के गांव व्हीला के निकट बी. एस.एफ. व पुलिस ने संक्षिप्त मुठभेड़ के पश्चात तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार करने का दावा किया है । पुलिस प्रमुख श्री एस.एम. शर्मा ने बताया कि इनकी शिनाख्त गांव भोलेके के सविन्दर सिंह, गांव खोदे बांगर के बरिंपन्दर सिंह व गांव तलवंडी रामा के अजीत सिंह के रूप में की गई है । एस.एस.पी. श्री शर्मा ने कहा कि इनसे 9 एम.एम. की एक स्टेनगन, एक .455 बोर व एक .32 बोर का रिवाल्वर तथा काफी संख्या में चले-अनचले कारतूस बरामद किए गए हैं ।

10 आतंकवादी गिरफ्तार

मोगा (वार्ता): आज प्रातः जिला फरीदकोट पुलिस ने सुरक्षा बलों की सहायता से खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स और खालिस्तान लिबरेशन फ़ोर्स से सम्बन्धित 10 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया जिनमें दो एरिया कमांडर दलजीत सिंह तथा रणजीत सिंह शामिल हैं । 6 उग्रवादियों को आज सुबह थाना बाघापुराना के गांव चनवाला में एक मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया जबकि चार अन्य को जिला के विभिन्न भागों में उनके अड्डों पर छापे मारकर पकड़ा गया ।

पुलिस के अनुसार 6 उग्रवादी,जिन्हें मुठभेड़ के बाद पकड़ा गया, एक बिना नम्बर की जीप में घूम रहे थे । जब उन्हें रुकने का इशारा किया गया तो उन्होंने फ़ायरिंग करके सुरक्षा बलों को चकमा देने की कोशिश की, लेकिन अन्ततः उन्हें हथियारों सहित आत्म-समर्पण के लिए विवश कर दिया गया ।

इनकी पहचान दलजीत सिंह, सर्बजीत सिंह, रणजीत सिंह, महेन्द्र सिंह, रेशम सिंह तथा बाबू सिंह के रूप में की गई । उनसे दो विदेशी रिवाल्वर, एक चीनी आटोमैटिक पिस्तौल, चार बारह बोर की बंदूकें, तीन पिस्तौल और पांच दर्जन कारतूस बरामद हुए । यह उग्रवादी फरीदकोट, फिरोज़पुर और भटिंडा जिलों में कई हत्याओं, लूट आदि की वारदातों के लिए जिम्मेदार थे ।

झब्बाल क्षेत्र में हत्या

अमृतसर (वि.प्र.): अमृतसर जिले के झब्बाल थाना क्षेत्र में गांव पछाड़ कलां में आतंकवादियों ने कल रात एक व्यक्ति मुख्तार सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी । घटनास्थल पर से एक चीनी असाल्ट राइफल व कुछ कारतूस बरामद किए गए ।

एक और हत्या

तरनतारन पुलिस जिले के एक गांव में आज प्रातः जगीर सिंह नामक एक व्यक्ति को कुछ लोगों ने पीट-पीटकर मार डाला । पुलिस ने इस सम्बन्ध में चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है ।

हत्या

भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स के सतनाम सिंह सत्ता व एक अन्य उग्रवादी ने अमृतसर के अजनाला थाना के ग्राम थट्टा में बिट्टू नामक एक युवक की हत्या कर दी, जो घटना के समय स्कूटर पर जा रहा था और डेरा राजपूतां का रहने वाला था ।

हत्या

आज सायं अमृतसर के अजनाला थाना क्षेत्र के ग्राम दानियावाली में उग्रवादियों ने दलबीर सिंह उर्फ बिट्टू नामक व्यक्ति की हत्या कर दी ।

रात्रि बस सेवा बंद

एक सूचना के अनुसार फिरोज़पुर और संगरूर जिलों में सभी रात्रि बस सेवाएं सतर्कता पग के तौर पर तत्काल रूप से बंद कर दी गई हैं ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)



टांडा के निकट मियानी गांव में सुरक्षा बलों एवं पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में मारे गए आतंकवादी (1) लखविन्दर सिंह और (2) डा. दलजीत सिंह, (3) इनके कब्जे से पकड़े गए 12 बोर और 315 बोर के दो पिस्तौल तथा 5 कारतूस, (4) आतंकवादियों के साथ मुकाबिला करने वाले घर के लोग जिनके घर में वे घुसे थे, इनमें से दो व्यक्ति घायल हो गए । (छाया : झावर)

फरीदकोट पुलिस द्वारा गत 24 घंटों के दौरान खालिस्तान कमांडो फोर्स के आतंकवादियों से बरामद किया गया असला जिसमें 4 विदेशी रिवाल्वर, तीन पिस्तौलें तथा चार 12 बोर की बंदूकें जिनकी नालियां कटी हुई हैं तथा कई कारतूस शामिल हैं । (छाया : जिंदल)

मुठभेड़ के बाद सत्ता निकल भागा

अमृतसर, 14 जुलाई (ह.स.): आज सायं अमृतसर के अजनाला थाना क्षेत्र के ग्राम भागुपरा के पास भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स का लैफ्टिनैंट जनरल खतरनाक उग्रवादी सतनाम सिंह सत्ता काफी देर तक चली मुठभेड़ के बावजूद पुलिस व सुरक्षा बलों के घेरे से निकल भागा ।

प्राप्त सूचना के अनुसार सत्ता अपने एक अन्य साथी उग्रवादी के साथ थट्टा ग्राम में बिट्टू नामक एक युवक की हत्या करके स्कूटर पर फरार हो रहा था, जब पुलिस व सुरक्षा बलों ने भागुपरा के पास उन्हें घेर लिया लेकिन काफी देर तक दोतरफा फायरिंग के बाद सत्ता अपने साथी सहित बच कर निकल भागा । सुरक्षा बलों ने सारे क्षेत्र को घेर कर गांवों की तलाशियां शुरू कर दी हैं ।

हैजे से 14 मरे

नई दिल्ली, 14 जुलाई (वार्ता): राजधानी की यमुना पार कालोनियों में पिछले कुछ दिन में आंत शोथ तथा हैजे से 14 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई ।

हेरोइन से 518 मरे

ढाका, 14 जुलाई : सिर्फ छः महीने के अंदर बंगला देश के सात जिलों में 518 लोगों ने हेरोइन का नशा करके मौत को गले लगाया है ।

Punjab Sahitya

आतंकवादी मरे

(पृष्ठ 3 का शेष)

डाकघर लूटा

'संधी' के अनुसार आज दोपहर चंडीगढ़ के सैक्टर 35 में स्थित डाकघर से 2 पगड़ीधारी नवयुवकों ने पिस्तौल की नोक पर 10 हज़ार रुपए लूट लिये । चंडीगढ़ के एस.एस.पी. श्री आर.पी. सिंह ने बताया कि यह युवक 22 से 25 वर्ष के मध्य के थे । इन्होंने डाकघर में दाखिल होते ही वहां काम कर रहे कर्मचारियों को पिस्तौल दिखा कर हाथ ऊपर उठाने को कहा तथा कैश में पड़े रुपए लेकर चम्पत हो गये । जाते समय यह युवक कर्मचारियों को कार्यालय में बंद करके बाहर से सांकल लगा गए । किसी को भी यह पता नहीं चल सका कि यह लुटेरे किस तरह मौका पाकर आए तथा किस वाहन पर किस दिशा में फरार हुए ।

श्री सिंह ने बताया कि कर्मचारियों से की गई पूछताछ से पता चला है कि लुटेरों के पास देसी पिस्तौल था जिसके दृष्टिगत पुलिस का ख्याल है कि इस वारदात में आतंकवादियों का हाथ न होकर स्थानीय चोर गिरोह का हाथ है ।

हत्या

लुधियाना से धीमान के अनुसार आज रात्रि 9.45 बजे सुन्दर नगर में एक मारुति कार सवार उग्रवादियों ने राजीव जैन उर्फ बिल्ला (24) नामक हौजरी व्यापारी की गोलियां मार कर हत्या कर दी । राजीव जैन इस क्षेत्र में नया प्लाट बना कर एक माह पहले ही यहां आए थे और घटना के समय बहन से मिल कर लौटा था । उसकी एक माह पहले ही सगाई हुई थी ।

मुसाफिर के अनुसार इस घटना में 2 और लोग घायल भी हो गए ।

तरसेम के अनुसार सुन्दर नगर कालोनी में चार उग्रवादी डिप्टी कुमार, महेन्द्र कुमार जैन की कोठी में जबरदस्ती घुस गए व वीडियो पर फिल्म देख रहे जैन परिवार के लोगों को लूटने लगे । उन्होंने वी.सी.आर. बंद करवा कर उसे उठा लिया व औरतों से जेवरात उतरवा लिये । प्रतिरोध करने पर उनकी पिटाई की व डेढ़ लाख रु. का माल लूट लिया । राजीव जैन नामक युवक ने उन उग्रवादियों का पीछा किया, जिस पर उग्रवादियों ने फायरिंग कर दी और उसकी मृत्यु हो गई ।

हत्यारों की खोज में छापे

जालन्धर (ह.स.): कल रात कृष्णा मस्जिद के निकट हिंद समाचार के समाचार सम्पादक श्री इन्द्रजीत सूद की हत्या किए जाने के बाद पुलिस ने जिला जालन्धर में आतंकवादियों के 20 से 25 अड्डों पर छापे मारे । पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि इस सम्बन्ध में पूछताछ के लिए लगभग 15 व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया है । इन सभी से कड़ी पूछताछ की जा रही है तथापि कोई निश्चित सुराग नहीं मिला । प्रवक्ता ने कहा कि यह उसी गिरोह का काम प्रतीत होता है, जिसने दो मास पूर्व दैनिक जगबानी के मुख्य उपसम्पादक श्री बंत सिंह की हत्या की थी । तथापि उसने आशा प्रकट की कि यह गुत्थी शीघ्र सुलझ जाएगी । इसी बीच आज सुबह गोबिंदगढ़ मुहल्ला में घर-घर की तलाशी ली गई ।

पंजाब में ए.एस.आई. सहित 5 लोगों की हत्या, 20 आतंकवादी व शरणदाता बंदी

चंडीगढ़, 15 जुलाई (वार्ता, ह.स.): पंजाब में एक ए.एस.आई. सहित 5 व्यक्तियों की आतंकवादियों ने हत्या कर दी । सुरक्षा बलों ने 20 आतंकवादी व उनके शरणदाता गिरफ्तार किये । फिल्लौर पुलिस ने अवैध पिस्तौलों का धन्धा करने के आरोप में एक व्यापारी को गिरफ्तार किया ।

गोली मार कर हत्या

अमृतसर (वार्ता): मजीठा पुलिस जिले के थाना अजनाला क्षेत्र के दीनावाल गांव में आतंकवादियों ने आज सुबह गोली मार कर एक व्यक्ति की हत्या कर दी ।

हत्या

अमृतसर जिले के पट्टी थाना क्षेत्र के ग्राम सामरा में सकत्तर सिंह नामक एक व्यक्ति की उग्रवादियों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

उग्रवादियों ने सकत्तर सिंह व उसके पिता पर अवैध शराब बनाने का आरोप लगाते हुए दोनों पर गोलियां चलाई थीं, पर उसका बाप भाग कर बच गया ।

सरपंच की हत्या

आज रात्रि अमृतसर के ब्यास थाना क्षेत्र के ग्राम जालमपुर के सरपंच चरण सिंह की उग्रवादियों ने गोलियां मार हत्या कर दी ।

18 घुसपैठिए बंदी

अमृतसर पुलिस सूत्रों ने बताया कि भारत-पाक सीमा पर खेमकरण क्षेत्र में 10, अटारी क्षेत्र में 5, भिक्खीविंड क्षेत्र में 3 घुसपैठिए पकड़े गए ।

शव मिला

लुधियाना (वार्ता): कल रात नगर में एक गोलियों से छलनी शव पाया गया ।

उद्योगपति की हत्या

कल रात ही यहां सुन्दर नगर कालोनी में संदिग्ध आतंकवादियों ने एक हौजरी उद्योगपति राजीव जैन (24) की हत्या कर दी,जबकि 2 अन्य को घायल कर दिया । आतंकवादी कुछ सोने के ज़ेवर और 4900 रुपए नकद भी ले उड़े । सुरक्षा बलों ने गत रात कुछ क्षेत्रों में घर-घर की तलाशी ली तथा इस सम्बन्ध में कुछ व्यक्तियों को हिरासत में ले लिया ।

हवलदार बाल-बाल बचा

लुधियाना से 'धीमान' के अनुसार आज रात यहां से 42 किलोमीटर दूर बस्सियां गांव के बस अड्डे पर खड़े हवलदार कुलविन्दर सिंह और सिपाही मेजर सिंह पर स्कूटर सवार 2 उग्रवादियों ने फायरिंग की परन्तु वे बाल-बाल बच गए ।

फायरिंग से उनके मोटर साइकिल को क्षति पहुंची ।

लुधियाना (महिन्द्रा): जिला मैजिस्ट्रेट श्री एस.एस. बराड़ ने एक आदेश द्वारा जिला-भर में लाऊड स्पीकरों पर 12 सितम्बर 1988 तक पाबंदी लगा दी है । एक अन्य आदेश द्वारा जनता को अपने मोटर साइकिल के लिए पीले रंग के प्रयोग करने पर पाबंदी में 12 सितम्बर 1988 तक वृद्धि कर दी है ।

ए.एस.आई. की हत्या

बाघा पुराना (मित्तल): आज रात्रि 8 बजे यहां से 24 किलोमीटर दूर ग्राम फिड्डा के पास दो स्कूटर सवार उग्रवादियों ने एक ए.एस.आई. गुरदित्त सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । गुरदित्त सिंह एक नहर के पुल पर कुछ अन्य पुलिस कर्मियों के साथ नाका लगाए खड़ा था, जब स्कूटर सवार उग्रवादी फायरिंग करते हुए भाग गए । गुरदित्त सिंह की तत्काल मृत्यु हो गई ।

उग्रवादियों द्वारा 6 दिन तक मारपीट

जलालाबाद (ह.स.): दो उग्रवादियों द्वारा यहां के एक व्यक्ति बाल कृष्ण पर निरंतर 6 दिन तक अत्याचार किए जाने का समाचार मिला है । बताया जाता है कि बाल कृष्ण गत सप्ताह फ्रिज लेने के लिए अम्बाला जा रहा था । रास्ते में जब वह लुधियाना में बस बदलने लगा तो दो उग्रवादी, जिन्होंने पुलिस की वर्दी पहनी हुई थी, ने उसे कहा कि तुम्हारे पास दो नम्बर का माल है, इसलिए तुम्हारी तलाशी लेनी है । फिर उन्होंने कहा कि तलाशी थाने जा कर लेंगे । इसके बाद उसे बेहोश करके कहीं ले गए और 6 दिन तक मार-पीट करते रहे । बाद में उसे फिरोजपुर ले आए और शिमला सिनेमा के पीछे खेतों में ले गए । वहां उसे चाक मार कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया । गोली उस पर इसलिए नहीं चलाई ताकि आवाज सुन कर लोग इकट्ठे न हो सकें ।

घर-घर की तलाशी

रामपुराफूल (सरस्वती) : कल रात 2 बजे से आज दोपहर 12 बजे तक पुलिस और सुरक्षा बलों ने नगर को घेर कर प्रत्येक घर की तलाशी ली । 4 संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया । इसी बीच गुजरात पुलिस काफ़ी संख्या में यहां पहुंच गई है तथा उसने गश्त शुरू कर दी है ।

आतंकवादी पकड़ा गया

फिरोजपुर (ह.स.): फिरोजपुर पुलिस ने मल्लांवाला क्षेत्र में संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद एक आतंकवादी मुख्तयार सिंह को गिरफ्तार किया, लेकिन उसके दो साथी भाग निकले ।

5 आतंकवादी गिरफ्तार

पटियाला (भूषण): एस.एस.पी. श्री सीतल दास ने बताया कि इस जिला में सुरक्षा बलों ने 5 अत्यन्त दर्दात आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है । इसके अतिरिक्त आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में 4 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार किए गए आतंकवादियों में मेजर सिंह, बलविंदर सिंह, सुरजीत सिंह तथा हरजीत सिंह आदि शामिल हैं । उनसे दो दुनाली बंदूकें, एक विदेशी रिवाल्वर, एक देसी पिस्तौल व कुछ कारतूस बरामद हुए । गिरफ्तार किए गए शरणदाताओं में निरंजन सिंह, करनैल सिंह भी शामिल हैं, जो कि जिला करनाल के सतविंदर सिंह सत्ता गिरोह से सम्बन्धित हैं, जिसने गत 19 जून को सी.आई.ए. सरहिंद के इंस्पैक्टर कुलबंत सिंह की हत्या की थी । दो अन्य शरणदाता देवेंद्रपाल सिंह तथा दलबीर सिंह हैं ।

बसों पर प्रतिबन्ध

गुरदासपुर (विनोद): जिलाधीश श्री डी.एस. कल्हा ने एक आदेश जारी करके जिले भर में सायं 7.30 से प्रातः 5 बजे तक सभी प्रकार की बसें—सरकारी, निजी तथा तिपहिया वाहन व टैम्पू आदि चलाने पर प्रतिबन्ध लगा दिया है । आदेश में

(शेष पृष्ठ 12 पर)

अम्बाला में 2 उग्रवादी मारे गए

चंडीगढ़, 15 जुलाई (वार्ता): हरियाणा पुलिस ने आज रात्रि अम्बाला में 2 उग्रवादी मार गिराए । उनके पास से भारी परिणाम में हथियार व गोली सिक्का बरामद हुआ है । अम्बाला से मिली सूचना के अनुसार दो उग्रवादी पिहोवा से एक ट्रक में अम्बाला की ओर फरार हुए, जिनका कुरुक्षेत्र पुलिस ने पीछा किया । जब ट्रक रेलवे क्रासिंग तक पहुंचा तो भाग्यवश रेलवे क्रासिंग बंद थी । वहां दोनों तरफ से गोलियां चलीं जिनमें दोनों उग्रवादी मारे गए ।

गत दिवस बटाला के थाना श्री हरगोबिन्दपुर के गांव धन्नोई स्थित सरकारी हाई स्कूल में तैनात सीमा सुरक्षा बल पर आतंकवादियों द्वारा फैंके गए तीन राकेट जो आसपास के खेतों में गिरे परन्तु फटे नहीं । पुलिस के अधिकृत सूत्रों के अनुसार इन पर चीनी मार्का है । अभी तक सैनिक विशेषज्ञों ने इन्हें नष्ट नहीं किया और ये वहीं पड़े हैं जहां गिरे थे । (छाया, आलेख : कोछड़)

आतंकवादियों को प्रशिक्षण देने के विरुद्ध राजीव की पाक को चेतावनी

मैड्रिड, 15 जुलाई : प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी ने आज पाकिस्तान को पंजाब के आतंकवादियों को सक्रिय रूप से प्रशिक्षण देने तथा गुप्त रूप से परमाणु कार्यक्रम चलाने के परिणामों के विरुद्ध चेतावनी दी । भारत की अपने पड़ौसी राष्ट्रों के साथ संबंध सुधारने की इच्छा को दोहराते हुए श्री गांधी ने इस बात पर खेद व्यक्त किया कि द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने के पगों का पाकिस्तान ने प्रत्युत्तर नहीं दिया । उन्होंने कहा कि भारत के सद्भावना पगों के जवाब में पाकिस्तान गुप्त रूप से अपना परमाणु कार्यक्रम चला रहा है और हमारे देश में आतंकवादियों को सीमा पार से सक्रिय सहायता मिल रही है ।

उन्होंने कहा कि भारत ने इस आशा में पाकिस्तान के साथ बातचीत करने के निरन्तर प्रयास किए हैं कि अंततः दीर्घकालिक आपसी हितों को स्वीकार किया जाएगा लेकिन इसमें सफलता नहीं मिली । भारत-चीन संबंधों के बारे में प्रधानमंत्री ने चीन के साथ सीमा विवाद सुखद ढंग से हल हो जाने की आशा प्रकट की । उन्होंने कहा कि हम दोनों देशों के राष्ट्रीय हितों को सामने रख कर चीन के साथ मतभेदों को दूर करने के प्रयत्न कर रहे हैं ।

श्री गांधी ने कुछ शक्तिशाली देशों को दक्षिण अफ्रीका की रंगभेद समर्थक सरकार के विरुद्ध निर्णायक पग उठाने के लिए कहा और चेतावनी दी कि यदि रंगभेद को संयुक्त राष्ट्र घोषणा पत्र के अंतर्गत अनिवार्य पाबंदियों द्वारा समाप्त न किया गया तो इसका नतीजा रक्तपात में ही निकलेगा ।

स्पेन के प्रधानमंत्री द्वारा अपने सम्मान में आयोजित भोज में श्री गांधी ने खेद व्यक्त किया कि कुछ शक्तिशाली देशों ने अभी तक प्रीटोरिया शासन के विरुद्ध निर्णायक कार्रवाई नहीं की । श्री गांधी का यहां पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया ।

Punjabi Sanatan

पंजाब में ए.एस.आई. सहित 5 लोगों की हत्या, 20 आतंकवादी व शरणदाता बंदी

चंडीगढ़, 15 जुलाई (वार्ता, ह.स.): पंजाब में एक ए.एस.आई. सहित 5 व्यक्तियों की आतंकवादियों ने हत्या कर दी । सुरक्षा बलों ने 20 आतंकवादी व उनके शरणदाता गिरफ्तार किये । फिल्लौर पुलिस ने अवैध पिस्तौलों का धन्धा करने के आरोप में एक व्यापारी को गिरफ्तार किया ।

गोली मार कर हत्या

अमृतसर (वार्ता): मजीठा पुलिस जिले के थाना अजनाला क्षेत्र के दीनाबाल गांव में आतंकवादियों ने आज सुबह गोली मार कर एक व्यक्ति की हत्या कर दी ।

हत्या

अमृतसर जिले के पट्टी थाना क्षेत्र के ग्राम सामरा में सकत्तर सिंह नामक एक व्यक्ति की उग्रवादियों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

उग्रवादियों ने सकत्तर सिंह व उसके पिता पर अवैध शराब बनाने का आरोप लगाते हुए दोनों पर गोलियां चलाई थीं, पर उसका बाप भाग कर बच गया ।

सरपंच की हत्या

आज रात्रि अमृतसर के ब्यास थाना क्षेत्र के ग्राम जालमपुर के सरपंच चरण सिंह की उग्रवादियों ने गोलियां मार हत्या कर दी ।

18 घुसपैठिए बंदी

अमृतसर पुलिस सूत्रों ने बताया कि भारत-पाक सीमा पर खेमकरण क्षेत्र में 10, अटारी क्षेत्र में 5, भिक्खीविंड क्षेत्र में 3 घुसपैठिए पकड़े गए ।

शव मिला

लुधियाना (वार्ता): कल रात नगर में एक गोलियों से छलनी शव पाया गया ।

उद्योगपति की हत्या

कल रात ही यहां सुन्दर नगर कालोनी में संदिग्ध आतंकवादियों ने एक हौजरी उद्योगपति राजीव जैन (24) की हत्या कर दी, जबकि 2 अन्य को घायल कर दिया । आतंकवादी कुछ सोने के ज़ेवर और 4900 रुपए नकद भी ले उड़े । सुरक्षा बलों ने गत रात कुछ क्षेत्रों में घर-घर की तलाशी ली तथा इस सम्बन्ध में कुछ व्यक्तियों को हिरासत में ले लिया ।

हवलदार बाल-बाल बचा

लुधियाना से 'धीमान' के अनुसार आज रात यहां से 42 किलोमीटर दूर बस्सियां गांव के बस अड्डे पर खड़े हवलदार कुलविन्दर सिंह और सिपाही मेजर सिंह पर स्कूटर सवार 2 उग्रवादियों ने फायरिंग की परन्तु वे बाल-बाल बच गए । फायरिंग से उनके मोटर साइकिल को क्षति पहुंची ।

लुधियाना (महिन्द्रा): जिला मैजिस्ट्रेट श्री एस.एस. बराड़ ने एक आदेश द्वारा जिला-भर में लाऊड स्पीकरों पर 12 सितम्बर 1988 तक पाबंदी लगा दी है । एक अन्य आदेश द्वारा जनता को अपने मोटर साइकिल के लिए पीले रंग के प्रयोग करने पर पाबंदी में 12 सितम्बर 1988 तक वृद्धि कर दी है ।

ए.एस.आई. की हत्या

बाघा पुराना (मित्तल): आज रात्रि 8 बजे यहां से 24 किलोमीटर दूर ग्राम फिड्डा के पास दो स्कूटर सवार उग्रवादियों ने एक ए.एस.आई. गुरदित्त सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । गुरदित्त सिंह एक नहर के पुल पर कुछ अन्य पुलिस कर्मियों के साथ नाका लगाए खड़ा था, जब स्कूटर सवार उग्रवादी फायरिंग करते हुए भाग गए । गुरदित्त सिंह की तत्काल मृत्यु हो गई ।

उग्रवादियों द्वारा 6 दिन तक मारपीट

जलालाबाद (ह.स.): दो उग्रवादियों द्वारा यहां के एक व्यक्ति बाल कृष्ण पर निरंतर 6 दिन तक अत्याचार किए जाने का समाचार मिला है । बताया जाता है कि बाल कृष्ण गत सप्ताह फ्रिज लेने के लिए अम्बाला जा रहा था । रास्ते में जब वह लुधियाना में बस बदलने लगा तो दो उग्रवादी, जिन्होंने पुलिस की वर्दी पहनी हुई थी, ने उसे कहा कि तुम्हारे पास दो नम्बर का माल है, इसलिए तुम्हारी तलाशी लेनी है । फिर उन्होंने कहा कि तलाशी थाने जा कर लेंगे । इसके बाद उसे बेहोश करके कहीं ले गए और 6 दिन तक मार-पीट करते रहे । बाद में उसे फिरोजपुर ले आए और शिमला सिनेमा के पीछे खेतों में ले गए । वहां उसे चाक मार कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया । गोली उस पर इसलिए नहीं चलाई ताकि आवाज सुन कर लोग इकट्ठे न हो सकें ।

घर-घर की तलाशी

रामपुराफूल (सरस्वती) : कल रात 2 बजे से आज दोपहर 12 बजे तक पुलिस और सुरक्षा बलों ने नगर को घेर कर प्रत्येक घर की तलाशी ली । 4 संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया । इसी बीच गुजरात पुलिस काफ़ी संख्या में यहां पहुंच गई है तथा उसने गश्त शुरू कर दी है ।

आतंकवादी पकड़ा गया

फिरोजपुर (ह.स.): फिरोजपुर पुलिस ने मल्लावाला क्षेत्र में सांझप्त मुठभेड़ के बाद एक आतंकवादी मुख्तयार सिंह को गिरफ्तार किया, लेकिन उसके दो साथी भाग निकले ।

5 आतंकवादी गिरफ्तार

पटियाला (भूषण): एस.एस.पी. श्री सीतल दास ने बताया कि इस जिला में सुरक्षा बलों ने 5 अत्यन्त दर्दांत आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है । इसके अतिरिक्त आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में 4 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार किए गए आतंकवादियों में मेजर सिंह, बलविंदर सिंह, सुरजीत सिंह तथा हरजीत सिंह आदि शामिल हैं । उनसे दो दुनाली बंदूकें, एक विदेशी रिवाल्वर, एक देसी पिस्तौल व कुछ कारतूस बरामद हुए । गिरफ्तार किए गए शरणदाताओं में निरंजन सिंह, करनैल सिंह भी शामिल हैं, जो कि जिला करनाल के सतविंदर सिंह सत्ता गिरोह से सम्बन्धित हैं, जिसने गत 19 जून को सी.आई.ए. सरहिंद के इंस्पैक्टर कुलवंत सिंह की हत्या की थी । दो अन्य शरणदाता देवेंद्रपाल सिंह तथा दलबीर सिंह हैं ।

बसों पर प्रतिबन्ध

गुरदासपुर (विनोद): जिलाधीश श्री डी.एस. कल्हा ने एक आदेश जारी करके जिले भर में सायं 7.30 से प्रातः 5 बजे तक सभी प्रकार की बसें—सरकारी, निजी तथा तिपहिया वाहन व टैम्पू आदि चलाने पर प्रतिबन्ध लगा दिया है । आदेश में

(शेष पृष्ठ 12 पर)

अम्बाला में 2 उग्रवादी मारे गए

चंडीगढ़, 15 जुलाई (वार्ता): हरियाणा पुलिस ने आज रात्रि अम्बाला में 2 उग्रवादी मार गिराए । उनके पास से भारी परिणाम में हथियार व गोली सिक्का बरामद हुआ है । अम्बाला से मिली सूचना के अनुसार दो उग्रवादी पिहोवा से एक ट्रक में अम्बाला की ओर फरार हुए, जिनका कुरुक्षेत्र पुलिस ने पीछा किया । जब ट्रक रेलवे क्रासिंग तक पहुंचा तो भाग्यवश रेलवे क्रासिंग बंद थी । वहां दोनों तरफ से गोलियां चलीं जिनमें दोनों उग्रवादी मारे गए ।

गत दिवस बटाला के थाना श्री हरगोबिन्दपुर के गांव धन्दोई स्थित सरकारी हाई स्कूल में तैनात सीमा सुरक्षा बल पर आतंकवादियों द्वारा फैंके गए तीन राकेट जो आसपास के खेतों में गिरे परन्तु फटे नहीं । पुलिस के अधिकृत सूत्रों के अनुसार इन पर चीनी मार्का है । अभी तक सैनिक विशेषज्ञों ने इन्हें नष्ट नहीं किया और ये वहीं पड़े हैं जहां गिरे थे । (छाया, आलेख : कोछड़)

आतंकवादियों को प्रशिक्षण देने के विरुद्ध राजीव की पाक को चेतावनी

मैड्रिड, 15 जुलाई : प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी ने आज पाकिस्तान को पंजाब के आतंकवादियों को सक्रिय रूप से प्रशिक्षण देने तथा गुप्त रूप से परमाणु कार्यक्रम चलाने के परिणामों के विरुद्ध चेतावनी दी । भारत की अपने पड़ौसी राष्ट्रों के साथ संबंध सुधारने की इच्छा को दोहराते हुए श्री गांधी ने इस बात पर खेद व्यक्त किया कि द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने के पगों का पाकिस्तान ने प्रत्युत्तर नहीं दिया । उन्होंने कहा कि भारत के सद्भावना पगों के जवाब में पाकिस्तान गुप्त रूप से अपना परमाणु कार्यक्रम चला रहा है और हमारे देश में आतंकवादियों को सीमा पार से सक्रिय सहायता मिल रही है ।

उन्होंने कहा कि भारत ने इस आशा में पाकिस्तान के साथ बातचीत करने के निरन्तर प्रयास किए हैं कि अंततः दीर्घकालिक आपसी हितों को स्वीकार किया जाएगा लेकिन इसमें सफलता नहीं मिली । भारत-चीन संबंधों के बारे में प्रधानमंत्री ने चीन के साथ सीमा विवाद सुखद ढंग से हल हो जाने की आशा प्रकट की । उन्होंने कहा कि हम दोनों देशों के राष्ट्रीय हितों को सामने रख कर चीन के साथ मतभेदों को दूर करने के प्रयत्न कर रहे हैं ।

श्री गांधी ने कुछ शक्तिशाली देशों को दक्षिण अफ्रीका की रंगभेद समर्थक सरकार के विरुद्ध निर्णायक पग उठाने के लिए कहा और चेतावनी दी कि यदि रंगभेद को संयुक्त राष्ट्र घोषणा पत्र के अंतर्गत अनिवार्य पाबंदियों द्वारा समाप्त न किया गया तो इसका नतीजा रक्तपात में ही निकलेगा ।

स्पेन के प्रधानमंत्री द्वारा अपने सम्मान में आयोजित भोज में श्री गांधी ने खेद व्यक्त किया कि कुछ शक्तिशाली देशों ने अभी तक प्रीटोरिया शासन के विरुद्ध निर्णायक कार्रवाई नहीं की । श्री गांधी का यहां पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया ।

Punjab Sahatan

(1) राजीव जैन उर्फ बिल्ला जिसकी गत दिवस लधियाना में आतंकवादियों ने हत्या कर दी । इनसैट में उसका पुराना चित्र, (2) श्री जैन की कोठी में आतंकवादियों के साथ मुकाबले में घायल (इनसैट में) श्री महेंद्र कुमार जैन । बाथरूम में श्री जैन का गिरा खून । (छाया : काम्बोज)

Punjabi Virasat

पंजाब में हत्याएं ...

(पृष्ठ 1 का शेष)

कहा गया है कि सायं 6 बजे के बाद तथा प्रातः 6 बजे से पहले कोई भी बस आदि 'गार्ड्स' के बिना नहीं चलेगी । यह आदेश 16 अगस्त तक प्रभावी रहेगा ।

ट्रक ले गए

जालन्धर (ह.स.): गत रात जिला जालन्धर में आदमपुर के निकट सड़क के किनारे खड़े एक ट्रक को कुछ अज्ञात व्यक्ति भगा कर ले गए । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है तथा जांच शुरू कर दी है ।

व्यापारी से अवैध पिस्तौल मिला

फिल्लौर (भाखड़ी): स्थानीय दाना मंडी के एक व्यापारी देवेंद्र कुमार से अवैध पिस्तौल व कारतूस पकड़े गये हैं। पुलिस सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि उक्त देवेंद्र कुमार अवैध पिस्तौल बेचने का धंधा करता था व लुटेरे गिरोह इससे पिस्तौल खरीदते रहे हैं । एक अन्य जानकारी के अनुसार इस केस में कई प्रतिष्ठित व्यक्तियों का भी हाथ होने की सम्भावना है व रहस्यपूर्ण बातों का पता चलने की सम्भावना है । स्थानीय पुलिस ने उक्त व्यक्ति का एक अन्य सरकारी गोदाम से चावल चोरी करने में भी हाथ बताया । पुलिस जांच कर रही है ।

5 उग्रवादी बंदी

वार्ता के अनुसार फिल्लौर पुलिस ने 5 उग्रवादियों को गिरफ्तार कर उनसे 4 बन्दूकें, एक रिवाल्वर तथा भारी परिमाण में गोली-सिक्का बरामद किया जबकि उनके दो साथी फरार हो गए । गिरफ्तारों ने नाम हैं – साहब सिंह, सोहन सिंह, लखबीर सिंह, बेअंत, पाल सिंह ।

ज़ेवरात, नकदी लूटी

नकोदर (गगन): आज दोपहर लगभग पौने दो बजे मोहल्ला राजपूतां में तीन सशस्त्र लुटेरे किरयाना विक्रेता परमानंद गुरादित्तामल के मकान पर आए । उस समय घर में केवल स्त्रियां मौजूद थीं । लुटेरों ने कहा कि वे जालन्धर से आए हैं और संदीप कुमार के मकान का पता पूछना चाहते हैं । इसी दौरान ला. परमानंद भी घर आ गए । इस पर एक लुटेरे ने घर के अंदर दाखिल होकर अंदर से दरवाज़ा बंद कर दिया व रिवाल्वर तान लिया जबकि शेष 2 ने घर की तलाशी लेनी शुरू कर दी । लाला परमानंद की बहू उस समय स्नानागार में थी । उसने बाहर निकल कर शोर मचाना शुरू कर दिया परन्तु लुटेरे जाते समय घर से एक सोने की अंगूठी, दो बालियां, दो घड़ियां तथा 500 रुपए नकद लेकर फ़रार हो गए । तीनों लुटेरों के पास रिवाल्वर थे । बताया जाता है कि लुटेरे सड़क पर एक स्कूटर खड़ा करके आए थे और उसी पर फ़रार हो गए ।

संदिग्ध व्यक्ति गिरफ्तार

गत रात नकोदर के निकट पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति बलदेव सिंह उर्फ देवी को गिरफ्तार किया । उससे एक 12 बोर का पिस्तौल तथा 2 कारतूस बरामद हुए ।

3 आतंकवादी गिरफ्तार

गत रात्रि सी.आई.ए. की एक गश्ती टुकड़ी का 3 आतंकवादियों के साथ कोट रानी के निकट मुकाबिला हो गया जिसके बाद आतंकवादियों ने आत्मसमर्पण कर दिया । इनके नाम अमरजीत सिंह चहेड़ू, जसविंदर सिंह चहेड़ू और काला हैं । उनसे 2 बंदूकें व एक पिस्तौल मिला है ।

छापे

फगवाड़ा (राकेश): कल रात स्थानीय थाना सदर पुलिस व सी.आर.पी.एफ. ने आतंकवादियों की तलाश में निकटवर्ती गांवों मानक, मलिकपुर, लखपर व पण्डीरी में छापे मारे व लगभग 100 मकानों की तलाशी ली । पुलिस किसी भी संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार नहीं कर सकी ।

रावी में बाढ़ ...

(पृष्ठ 1 का शेष)

लोगों को पिछले चार दिन से लगातार वर्षा होने के बाद सावधान कर दिया गया है ।

जींद, सोनीपत और रोहतक जिले के अनेक गांव बाढ़ के पानी से घिर गए हैं । इन गांवों में कच्चे मकान गिर गए हैं अथवा गिरने की स्थिति में हैं । इस कारण अनेक परिवार घर छोड़ कर सुरक्षित स्थानों पर चले गए हैं ।

हाल में जिन खेतों में धान रोपा गया था, उनमें भी बाढ़ का पानी भर गया है । इससे किसान चिंतित हो उठे हैं ।

बाढ़ नियंत्रण बोर्ड की बैठक

इसी बीच आज हरियाणा बाढ़ नियंत्रण बोर्ड की बैठक उपमुख्यमंत्री बनारसी दास गुप्ता की अध्यक्षता में हुई जिसमें स्थिति की समीक्षा के बाद बाढ़ आने पर इससे निपटने के उपायों पर विचार किया गया ।

बैठक में सिंचाई एवं बिजली मंत्री वीरेन्द्र सिंह, राजस्व मंत्री सूरज भान, कृषि मंत्री तैयब हुसैन तथा सम्बन्धित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया ।

कुरुक्षेत्र के जिलाधिकारी ने पहले से स्वीकृत बाढ़ नियंत्रण योजनाओं के लिए 66 लाख रुपए की मांग की । हरियाणा सरकार ने भी बाढ़ और वर्षा से हुए जल जमाव वाले क्षेत्रों से पानी की निकासी के लिए साढ़े लाख रुपए के आबंटन की घोषणा की । इनके अलावा 10 जिलों में बाढ़ नियंत्रण के उपाय करने के लिए 36 लाख रुपए की मंजूरी दी गई ।

यहां आज प्राप्त अधिकृत विवरण के अनुसार राज्य के बारह जिलों में से दस जिले बाढ़ से प्रभावित हुए हैं । ये जिले हैं : सिरसा, रोहतक, अम्बाला, करनाल, कुरुक्षेत्र, सोनीपत, जींद, हिसार, फरीदाबाद तथा गुड़गांव ।

राज्य सरकार ने राहत एवं बचाव कार्यों के लिए जिला उपायुक्तों के जिम्मे 36 लाख रुपए देदिए हैं । इस बीच हरियाणा के सिंचाई व बिजली मंत्री वीरेन्द्र सिंह ने विशेष भेंट में बताया है कि सम्भावित बाढ़ के खतरे से निपटने के लिए पूर्ण तैयारी कर ली गई है ।

प्रेम ही जीवन है...

हैम्बर्ग, 15 जुलाई (ह.टा.): हैम्बर्ग यूनिवर्सिटी के मनोवैज्ञानिकों द्वारा हाल ही में किए गए सर्वेक्षण के अनुसार अधिकांश पश्चिम जर्मन निवासी प्रेम के बिना जिन्दगी को जिन्दगी नहीं मानते । मनोवैज्ञानियों की एक टीम ने 1329 लोगों से पूछताछ की जिसके दौरान 72 प्रतिशत युवतियों और 59 प्रतिशत युवकों के विचार में प्यार ही जीवन है ।

26 से 35 वर्ष के 75 प्रतिशत पुरुषों और 66 प्रतिशत महिलाओं के अनुसार प्रेम खुशी जीवन के लिए आवश्यक है । सर्वेक्षण के दौरान पाया गया कि प्रेमी युगलों में यौन सम्बन्धों का प्रतिशत कम हुआ है । केवल 20 प्रतिशत लोगों ने ही अपने साथी प्रेमी से यौन सम्बन्धों को महत्व दिया ।

ऊधमपुर में मतगणना कल शुरू होने की सम्भावना

कठुआ, 15 जुलाई (महाजन): ऊधमपुर संसदीय क्षेत्र की मतगणना आज तो क्या, कल भी शुरू होने की सम्भावना नहीं है, क्योंकि

उग्रवादियों द्वारा रैस्टोरैंट पर फ़ायरिंग से नेता सहित 4 मरे

3 मुठभेड़ों के बावजूद 7 आतंकवादी पाकिस्तान भाग गए

अमृतसर सीमा पर विदेशी सोने के बिस्कुट बरामद

चंडीगढ़, 16 जुलाई (वार्ता, ह.स.): आज रात्रि जगरांव के पास एक रैस्टोरैंट पर उग्रवादियों ने फायरिंग करके एक नेता सहित 4 लोगों की हत्या कर दी । गत रात के बाद पंजाब में एक ए.एस.आई. की हत्या कर दी गई, सी.आर.पी. का एक ए.एस.आई. तथा एक कांस्टेबल हमले में घायल हो गए, जबकि एक अन्य हमले में दो पुलिस कर्मी बाल-बाल बच गए । राजस्थान सीमा पर 7 आतंकवादी तीन मुठभेड़ों के बावजूद वापस पाकिस्तान भाग जाने में सफल हो गए । अमृतसर सीमा पर बी.एस.एफ. ने 24 विदेशी सोने के बिस्कुट बरामद किए ।

4 मरे

लुधियाना (विनोद महिन्द्रा): आज रात्रि लगभग 9 बजे जी.टी. रोड पर जगरांव के पास ग्राम शेरपुर के निकट शबनम रैस्टोरैंट पर भोजन कर रहे लोगों पर जीप सवार उग्रवादियों द्वारा अंधाधुंध फायरिंग किए जाने पर कम से कम 4 लोग मारे गए, जिनमें एक नेता भी शामिल है । कुछ लोग घायल भी हुए हैं । जिन्हें अस्पताल पहुंचाया गया है । उग्रवादी स्वचालित शस्त्रों से फायरिंग करने के बाद जीप में ही फरार हो गए । पुलिस पार्टियां उग्रवादियों की तलाश में भेज दी गई हैं ।

मृतकों के नाम सोहन लाल, उसका लड़का लक्की, अशोक कुमार, काला राम शामिल हैं । सोहन लाल शबनम होटल का मालिक था । घायलों में सुरेश कुमार व नछत्तर सिंह शामिल हैं । पुलिस सूत्रों के अनुसार उग्रवादियों ने ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफलों से फायरिंग की ।

मुसाफिर के अनुसार आज रात्रि 9.30 बजे जगरांव-फिरोजपुर रोड पर शेरपुर शाह ग्राम के पास उग्रवादियों द्वारा फायरिंग करके 3 लोगों की हत्या कर दी व दो को घायल कर दिया ।

फायरिंग 2 जगह हुई

धीमान के अनुसार जगरांव महसूल चुंगी के पास तथा एक होटल पर दो जगह फायरिंग हुई । अपुष्ट सूचनाओं के अनुसार उग्रवादी एक वाहन में सवार थे ।

सोहन लाल इंका महासचिव था

जगरांव से पराशर के अनुसार मृतक सोहन लाल शर्मा लुधियाना जिला कांग्रेस (इ) ग्रामीण का महासचिव था । उग्रवादियों की संख्या तीन थी । उनमें से दो ने चीनी राइफलों व एक ने माउजर पिस्तौल से फायरिंग की ।

रिमांड

फगवाड़ा (राकेश खोसला): आज स्थानीय जुडीशियल जज ने कुछ माह पूर्व हुए 'कारीसारी हत्याकांड' के एक अपराधी अभियुक्त काला पुत्र परगट सिंह निवासी गांव ईशरवाल व अन्य 2 उग्रवादियों अमरजीत सिंह व जसविन्द्र सिंह निवासी गांव चहेड़ू का 28 जुलाई तक पुलिस रिमांड दे दिया है । इन तीनों उग्रवादियों को गत रात गांव रानीपुर के पास गोलियों के तबादलों के बाद पुलिस ने गिरफ्तार किया था तथा उनके कब्जे से 12 बोर की 1 बन्दूक व विदेशी रिवाल्वर बरामद किया था । पुलिस ने इनसे पूछताछ आरम्भ कर दी है ।

आतंकवादी भाग निकले

अबोहर (राज.): पिछले 48 घंटों के दौरान पाकिस्तान से आए हुए 7 आतंकवादी राजस्थान पुलिस के साथ तीन मुठभेड़ों के बावजूद अत्याधुनिक हथियारों सहित बच कर वापस भाग जाने में सफल हो गए । यह उल्लेखनीय है कि खालिस्तान कमांडो फोर्स के 2 आतंकवादी 19 जून को पंजाब पुलिस तथा बी.एस.एफ. के हाथों मारे गए थे जो कि हिन्दूमल कोट के रास्ते पंजाब में दाखिल हुए थे । हिन्दूमल कोट जिला गंगानगर में है । राजस्थान पुलिस के एक प्रवक्ता ने पत्रकारों को बताया कि 7 आतंकवादियों ने मलकीयत सिंह के फार्म हाऊस पर शरण ली थी और वे शुक्रवार शाम तक वहां रहे । हिन्दूमल कोट के एस.एच.ओ. को जब सूचना मिली तो वह कुछ कमांडो साथ लेकर वहां पहुंचा । उनका आतंकवादियों के साथ मुकाबला हुआ । आतंकवादियों ने पुलिस पार्टी पर हथगोले भी फैंके और भाग निकले । पुलिस पार्टी ने शिवपुर में स्थित राजस्थान सशस्त्र पुलिस की मदद मांगी क्योंकि आतंकवादियों ने पुलिस पार्टी से जीप छीन ली थी । दूसरी मुठभेड़ नहर के निकट हुई । गंगानगर में सी.आर.पी. बी.एस.एफ. तथा राजस्थान सशस्त्र पुलिस की टुकड़ियां मंगाई गई । आतंकवादियों ने पाकिस्तान से लाई गई ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफलों का प्रयोग किया । नागपाल फार्म हाऊस के पास एक और मुठभेड़ हुई । आतंकवादी पुलिस से छीनी गई जीप छोड़ कर गांव मोहनपुरा की ओर भाग गए । संदेह है कि यह आतंकवादी हथियारों की बोरी समेत वापस पाकिस्तान भाग गए हैं । भारी वर्षा के कारण उनके पैरों के निशानों का भी पता नहीं चला । इनमें से एक आतंकवादी की पहचान महेंद्र सिंह के रूप में हुई है जो कि मलकीयत सिंह का निकट सम्बन्धी है । कुछ व्यक्तियों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है । सी.आर.पी. की एक कम्पनी हिन्दूमल कोट में तैनात कर दी गई है ।

गिरोह का सफाया

फिल्लौर (भाखड़ी): स्थानीय पुलिस ने अजय कुमार के हत्यारों को गिरफ्तार करने का दावा किया है । अजय कुमार को बैंक लूटने वालों ने गोली मार दी थी क्योंकि अजय कुमार ने लुटेरों का प्रतिरोध किया था । उक्त घटना 1986 में अपरा गांव के कनारा बैंक में हुई थी । इस घटना में बैंक से 92,000 रुपए लूटे गए थे । स्थानीय पुलिस ने फिल्लौर के निकटवर्ती गांव तरखान माजरा में एक धार्मिक स्थल पर छापा मार कर 5 लुटेरों के गिरोह को गिरफ्तार कर लिया जबकि 2 सदस्य भाग निकले । पकड़े गए 5 लुटेरों ने स्वीकार किया कि उन्होंने अपरा में बैंक लूटा था, गांव कंग जगीर, मुठड्डा खुर्द, तेंग, कतपालों, बड़ा पिंड से लाखों रुपए का सामान घरों से लूटा था । उसके अलावा गांव दाखा में सरकारी गोदाम से 400 बोरी चावल लूटे थे । उनसे कई डकैतियों व अन्य वारदातों का सुराग मिलने की सम्भावना है ।

पकड़े गए लुटेरे गिरोह से 12 बोर की दो कटी हुई बंदूकें बरामद हुई हैं व दो दोनाली पूरी बंदूकें, 12 बोर का देसी पिस्तौल मिला है । पुलिस सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि उक्त लुटेरे इलाके में बड़ी वारदात करने की स्कीम बना रहे थे । पकड़े गए लुटेरों में पाल सिंह व साहिब सिंह गांव शोले के रहने वाले हैं, लखबीर सिंह हसैनाबाद, बेअंत सिंह रुड़का कलां व जो दो लुटेरे भाग गए हैं उनका नाम है जगजीत सिंह उर्फ फौजी जो कि फतहगढ़ चूड़ियां जिला गुरदासपुर का है व सुखदेव सिंह गांव संग ढेसियां का रहने वाला है । उक्त गिरोह ने इलाके में भारी आतंक फैला रखा था, जिस का अब स्थानीय पुलिस ने अन्त कर दिया ।

शव मिला

जालन्धर में आज सायं एक शव बरामद हुआ ।

पटियाला (भूषण): गत रात 9 बजे इस जिले में राजपुरा से 8 किलोमीटर दूर गांव मिर्जापुर में आतंकवादियों द्वारा घात लगा कर हमला किए जाने से सी.आर.पी. का एक ए.एस.आई. तथा एक

(शेष पृष्ठ 10 पर)

DOABA COLLEGE, JALANDHAR
Join M.A. English (Semester System)

Punjab Sahitya

उग्रवादियों द्वारा हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

कांस्टेबल गम्भीर रूप से घायल हो गए । दोनों घायलों को पी.जी.आई. चंडीगढ़ ले जाया गया ।

पुलिस कर्मी बाल-बाल बचे

लुधियाना (ह.स.): गांव बस्सियां के निकट कल रात गश्त कर रहे दो पुलिस कर्मी बाल-बाल बच गए जब आतंकवादियों ने उन पर फायरिंग की । आतंकवादियों ने ए.के. 47 असाल्ट राइफलों का प्रयोग किया ।

आहूजा के अनुसार गत वीरवार रात लुधियाना में सुन्दरनगर की महावीर कालोनी में आतंकवादियों ने एक हौजरी निर्माता के घर डकैती डाली तथा घर के दो सदस्यों को घायल कर दिया । डाका डाल रहे आतंकवादियों के एक साथी, जो कि बाहर गली में पहरा दे रहा था, गली में गुजर रहे राजीव जैन पर गोली चला दी जिससे उसकी मृत्यु हो गई । सुन्दरनगर क्षेत्र के भाजपा महासचिव श्री अरुण जैन ने बताया कि इस क्षेत्र में लगभग 90 प्रतिशत स्ट्रीट लाइट बंद रहती है । गोली कांड व डाके वाले दिन भी गली नं. 2 की स्ट्रीट लाइटें बंद थीं, जहां घटना घटी । स्ट्रीट लाइट न होने की वजह से यहां घप्प अंधेरा रहता है । श्री जैन ने बताया कि इस कालोनी में कई परिवारों को धमकी भरे पत्र आए हैं, जिनकी सूचना पुलिस विभाग को दे दी गई थी, लेकिन पुलिस विभाग सोया रहा । घटना वाली रात भी पुलिस अधिकारियों ने जनता से अभद्र व्यवहार किया । जनता युवा मोर्चे के प्रधान सुनील मेहरा ने बताया कि जल्द ही एक शिष्टमंडल पंजाब के राज्यपाल से मिलेगा, जिसमें मांग की जाएगी कि शहर में विशेष कर सुन्दरनगर क्षेत्र में सुरक्षा का प्रबन्ध किया जाए, क्योंकि स्थानीय पुलिस अधिकारी यहां सुरक्षा प्रबन्ध करने में असफल रहे हैं ।

सोने के बिस्कुट बरामद

अमृतसर (ह.स.): सीमा सुरक्षा बल ने भारत-पाक सीमा के नौशहरा ढल्ला इलाके में दो तस्करों से विदेश में निर्मित 24 सोने के बिस्कुट जब्त किए । पुलिस सूत्रों के अनुसार नौशहरा ढल्ला के निवासी दोनों तस्कर व्यापारी रविन्दर सिंह और राजेश्वरपाल सिंह भारतीय सीमा पार करते समय पकड़े गए । सीमा सुरक्षा बल और स्थानीय सीमा शुल्क विभाग द्वारा संयुक्त रूप से मारे गए छापे में दो लाख बीस हजार रुपए की भारतीय मुद्रा भी पकड़ी गई । छापा अमृतसर नगर के एक घर में मारा गया ।

मुठभेड़

तरनतारन से पन्नू के अनुसार आज प्रातः लगभग साढ़े 5 बजे यहां से 10 किलोमीटर दूर गांव रटौल और बहला के मध्य ड्रेन पर सी.आर.पी. तथा 2 आतंकवादियों के मध्य मुठभेड़ हो गई जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया । बताया जाता है कि जवानों ने एक सूचना मिलने पर दो संदिग्ध व्यक्तियों का पीछा किया तथा ड्रेन पर घेर लिया । दोनों ओर से कुछ देर तक फ़ायरिंग होती रही तथा इस दौरान आतंकवादी फ़रार हो गए । पुलिस ने बाद में घेराबंदी करके घटना वाले स्थान के निकट कुछ व्यक्तियों दलबीर सिंह, जोकि गोलीबारी में घायल हो गया था, सक्खा सिंह, दिलबाग सिंह, कश्मीरा सिंह, सुलक्खन सिंह तथा दो स्त्रियों भजन व गुरपाल कौर को पकड़ लिया ।

काहन सिंह का भाई था

रय्या से जसपाल के अनुसार कल जमालपुर गांव में आतंकवादियों के हाथों मारा गया सरपंच चरण सिंह निहंग प्रमुख बाबा काहन सिंह का भाई था । बताया जाता है कि आतंकवादी उसके घर में दाखिल हो गए और चरण सिंह को जगा कर उससे उसका रिवाल्वर मांगा । चरण सिंह ने उन्हें कहा कि उसका रिवाल्वर कुछ दिन पहले कोई छीन कर ले गया था । इस पर कुछ देर उसके पास बातें करने के बाद आतंकवादियों ने उस पर फ़ायरिंग कर दी जिससे वह मौके पर ही मर गया । गोलियों की आवाज़ सुन कर गांव के निकट तैनात एस.पी.ओ. के जवान मौके पर पहुंचे तथा आतंकवादियों का पीछा किया, लेकिन वे फ़रार होने में सफल हो गए । घटनास्थल से खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स का पत्र मिला है ।

अवरोध के कारण रेलगाड़ियों का आना-जाना धूरी के मार्ग से

जालन्धर, 16 जुलाई (ह.स.): दिल्ली-अमृतसर मुख्य लाईन पर रेलगाड़ियों का आना-जाना अम्बाला-लुधियाना रेलवे स्टेशनों के मध्य किसी अवरोध के कारण अम्बाला से वाया धूरी मोड़ दिया गया । इसी मध्य इस लम्बे मार्ग के कारण मेल और एक्सप्रैस रेलगाड़ियां 2 से 6 घंटे लेट चल रही हैं ।

वेंकटरमन दिल्ली लौटे

नई दिल्ली, 16 जुलाई : राष्ट्रपति श्री रामास्वामी वेंकटरमन सोवियत संघ और मंगोलिया की 11 दिवसीय यात्रा के बाद आज शाम उलन बाटोर से यहां लौट आए । उपराष्ट्रपति डा. शंकर दयाल शर्मा, केंद्रीय मंत्रिमंडल के सदस्यों तथा वरिष्ठ सैनिक और असैनिक अधिकारियों ने उनकी अगवानी की ।

Punjabi Sahib.com

चंडीगढ़ में मुठभेड़ में एक एस.एच.ओ. और 3 उग्रवादी मरे : अन्यत्र 9 लोगों की हत्या

फगवाड़ा बम कांड में गिरफ्तार दो उग्रवादियों के कब्ज़े से बम आदि मिले : कुछ अन्य आतंकवादी व शरणदाता बंदी

इंका नेता आदि की हत्याओं के विरोध में जगरांव में हड़ताल

चंडीगढ़, 17 जुलाई (वार्ता, हस., वि.प्र.): पंजाब और संघीय क्षेत्र चंडीगढ़ में पिछले चौबीस घंटों में पुलिस के एस.एच.ओ. और तीन आतंकवादियों समेत 13 व्यक्ति गोलियों से मारे गए और सुरक्षा बलों ने फगवाड़ा बम विस्फोट से संबंधित दो खूंखार आतंकवादियों को शस्त्रों व बम सहित गिरफ्तार करके एक बड़ी सफलता प्राप्त की है । उग्रवादियों के हाथों जिला अमृतसर में मारे गये 7 व्यक्तियों में सिंचाई विभाग के तीन कर्मचारी भी शामिल हैं । होशियारपुर में उग्रवादियों ने स्कूटर छीन लिया, जबकि मोगा में चंगी लूट ली । जगरांव जिला लुधियाना में उग्रवादियों द्वारा की गई हिंसा के विरुद्ध रोष स्वरूप आज बंद रहा । मुक्तसर जिला फरीदकोट में एक स्त्री की तेजधार शस्त्रों से हत्या कर दी गई । लुधियाना एवं फरीदकोट में उग्रवादी और उनके शरणदाता गिरफ्तार किए गए हैं ।

एस.एच.ओ. व 3 उग्रवादी भिड़ंत में मारे गए

चंडीगढ़ से 'संघी' के अनुसार आज यहां सैक्टर-45 में चंडीगढ़ पुलिस व उग्रवादियों के मध्य लगभग डेढ़ घंटे तक हुए मुकाबले में पुलिस के इंस्पैक्टर श्री जगजीत सिंह की मृत्यु हो गई, जबकि तीन उग्रवादी मारे गए । मुकाबले में चंडीगढ़ पुलिस का एक हैडकांस्टेबल राजबीर सिंह व गुजरात पुलिस का एक कांस्टेबल शीला राम प्रशाद यादव गम्भीर रूप से घायल हो गए ।

चंडीगढ़ के एस.एस.पी. श्री आर.पी. सिंह ने इस मुठभेड़ के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि इस सैक्टर 45 में चंडीगढ़ आवास बोर्ड की ओर से बनाए गए एम.आई.जी. मकानों में उग्रवादी आश्रय लिए हुए हैं । इस सूचना पर पुलिस ने आज प्रातः लगभग 2.30 बजे क्षेत्र को घेर लिया और कुछ घरों की तलाशी ली । एक एम.आई.जी. मकान नं. 2195/1 के दरवाजे पर पुलिस ने ताला लगा हुआ पाया, लेकिन अन्दर से पुलिस को कुछ आवाज़ें सुनाई दीं । संदेह हो जाने पर सैक्टर 39 के थाने के एस.एच.ओ. इंस्पैक्टर जगजीत सिंह ने ताले को तोड़ने की कोशिश की, जिस पर अन्दर छिपे उग्रवादियों ने बाथरूम की खिड़की से उस पर गोलियां चला दीं । 37 वर्षीय इंस्पैक्टर जगजीत सिंह की गोली लगने से मौके पर ही मृत्यु हो गई । इंस्पैक्टर की मृत्यु हो जाने पर उग्रवादियों ने पहली मंज़िल से छलांगें लगा कर भागने की कोशिश की, जिस पर पुलिस ने उन पर गोलियां चलाईं । उग्रवादियों ने भी पुलिस पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं, जिससे हैड-कांस्टेबल राजबीर सिंह व कांस्टेबल शीला राम घायल हो गए । पुलिस ने भी तीन उग्रवादियों को मार गिराया, जबकि एक उग्रवादी अंधेरे का लाभ उठाते हुए फ़रार हो गया । दो उग्रवादी मकान के पास ही मारे गए जबकि एक उग्रवादी लगभग 50 गज की दूरी तक भागने के बाद मारा गया ।

शस्त्र बरामद

श्री आर. पी. सिंह ने बताया कि मारे गए उग्रवादियों के कब्ज़े से 9 एम.एम. बोर की एक पिस्तौल व नौ कारामद कारतूस बरामद किए गए जबकि घटनास्थल से ए.के. 47 चीनी राइफल के 80 कारामद कारतूस व 20 खाली खोल बरामद किए गए । ए.के. 47 चीनी राइफल के कारतूस मिलने पर पुलिस ने अनुमान लगाया है कि फ़रार हुआ उग्रवादी राइफल को अपने साथ ले गया है । काफी खोज के बाद भी फरार हुए उग्रवादियों का कुछ भी पता नहीं चल सका ।

एक की शिनाख्त

श्री आर.पी. सिंह ने बताया कि अभी तक मारे



चमकौर साहिब क्षेत्र में उग्रवादियों की गोली से रविवार को मारे गए ठेकेदार उजागर सिंह का शव । (छाया : भंगू)

गए उग्रवादियों में से केवल एक उग्रवादी की शिनाख्त ही हो पाई है, जिसका नाम वीरेन्द्र पाल सिंह है । इसी ने यह मकान कुछ दिन पूर्व किराए पर लिया था । वीरेन्द्र पाल सिंह के विरुद्ध चंडीगढ़ पुलिस ने यहां के एक धार्मिक स्थल पर उत्तेजनात्मक भाषण देने व शस्त्र अपने पास रखने के आरोप में पहले से ही चार केस दर्ज कर रखे हैं । उन्होंने बताया कि अन्य उग्रवादियों की शिनाख्त के लिए पंजाब पुलिस की सहायता ली जा रही है । इन मारे गए उग्रवादियों की आयु 25 से 30 वर्ष के मध्य है । पूछे गए एक प्रश्न का उत्तर देते हुए श्री आर.पी. सिंह ने बताया कि इस मुकाबले में घायल हुए दोनों पुलिस कर्मचारियों की हालत खतरे से बाहर है । इन दोनों को उपचार के लिए यहां के पी.जी. आई. में दाखिल करवा दिया गया है ।

उचित सम्मान होगा

उन्होंने बताया कि मुकाबले में मारे गए इंस्पैक्टर श्री जगजीत सिंह के परिवार के सदस्यों को पंजाब पुलिस की पद्धति पर वित्तीय सहायता व अन्य सुविधाएं उपलब्ध की जाएंगी, जबकि घायल हुए दोनों पुलिस कर्मचारियों को भी उचित पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा ।

पोस्टमार्टम के बाद श्री जगजीत सिंह का शव उनके परिवार के सदस्यों को दोपहर बाद सौंप दिया गया । चंडीगढ़ प्रशासन के कई वरिष्ठ अधिकारी व नगर के कई प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने श्री जगजीत सिंह के घर जाकर उनके शव पर पुष्पांजलियां अर्पित कीं और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की । श्री आर.पी. सिंह ने बताया कि श्री जगजीत सिंह का अन्तिम संस्कार अबोहर के निकट स्थित उनके पैतृक गांव में किया जाएगा । श्री जगजीत सिंह उग्रवादियों का शिकार हुए चंडीगढ़ पुलिस के प्रथम अधिकारी हैं । उनकी मृत्यु के कारण आज पुलिस विभाग में सारा दिन शोक छाया रहा ।

शिनाख्त न हो सकी

प्राप्त सूचना के अनुसार इन उग्रवादियों का तथाकथित खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के साथ सम्बन्ध था । जिस घर में ये उग्रवादी आश्रय लिए हुए थे, उसकी तलाशी लेने पर पुलिस को कोई ऐसी चीज नहीं मिली, जिससे उनकी शिनाख्त हो सके । आवास बोर्ड की ओर से 2 मास पूर्व ही निर्मित इन मकानों की अभी हाल ही में अलाटमैंट की गई थी । पुलिस इस मकान के मालिक से भी पूछताछ कर रही है, जिसमें उग्रवादियों को आश्रय देने के लिए वीरेन्द्र पाल सिंह नामक उग्रवादी ने इसे किराए पर लिया था । गत वर्ष भी सैक्टर-44 के आवास बोर्ड की ओर से निर्मित एम.आई.जी. मकानों में शरण लिए उग्रवादियों के साथ हुए मुकाबले में जालन्धर से आए पुलिस दल ने 2 इंस्पैक्टरों की मृत्यु हो गई ।

उग्रवादियों की संख्या अधिक थी

एस.एच.ओ. श्री जगजीत सिंह को उग्रवादियों ने जिस ए.के. 47 असाल्ट राइफल से गोली मारी है, अभी तक वह बरामद नहीं हो सकी । परिस्थिति-जन्य साक्षी और प्रत्यक्षदर्शियों के बयानों से ऐसा प्रतीत होता है कि मकान में चार से अधिक उग्रवादी थे । इनमें से 4 अन्दर रह गए जबकि एक या दो 'सामान' के साथ अपने साथियों को कमरे में बंद करके रात सायं चले गए ।

कभी संदेह न होने दिया

'हस' के अनुसार पुलिस ने एक मोटर साइकल भी बरामद किया है, जो उग्रवादियों द्वारा प्रयुक्त किया जाता था । घटनास्थल पर जाकर देखा तो चंडीगढ़ आवास बोर्ड के मकानों के बाहर और मोहाली रोड पर दो स्थानों पर रक्त का तालाब लगा था । एक पड़ौसी के अनुसार उग्रवादियों ने कभी भी संदेह न होने दिया था ।

ठेकेदार की हत्या

चमकौर साहब (भंगू): आज प्रातः स्कूटर पर सवार दो उग्रवादियों ने यहां से लगभग छः किलो मीटर दूर स्थित बरसालपुर गांव में 65 वर्षीय ठेकेदार उजागर सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी । फ़रार होने से पूर्व उग्रवादियों ने घटनास्थल पर एक पर्चा भी फैंका, जिसमें इस हत्या की जिम्मेवारी खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स की ओर से लिए जाने के सम्बन्ध में लिखा गया है । 'हस.' के अनुसार उजागर सिंह युवक था और एक ईंट भट्ठा मालिक का लड़का था । उग्रवादियों ने उस पर बहुत निकट से गोली चलाई ।

3 सिंचाई कर्मियों की हत्या

अमृतसर : तरनतारन पुलिस जिला (अमृतसर जिले) के सिधवां गांव में पड़ाव डाले हुए सिंचाई विभाग के कर्मचारियों पर आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलियां चलाईं । तीन कर्मचारी फ़ोरमैन मदन लाल, ड्राफ़्टसमैन खुशी राम और चौकीदार धीरज सिंह घटनास्थल पर ही मारे गए । इन्होंने गांव के बाहर ही शिविर लगा रखा था ।

और 3 की हत्या

जिला अमृतसर में पिछली रात जंडियाला थाने के अन्तर्गत लल्ले गांव के वीर सिंह और हीरा सिंह को तथा अजनाला थाने के अन्तर्गत गांव कयामपुरा रछपाल सिंह की अलग-अलग वारदातों में आतंकवादियों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

पैट्रोल पम्प कर्मियों को घायल कर दिया

अमृतसर शहर में भिखीविंड के निकट एक पैट्रोल पम्प के दो कर्मचारियों सुभाष सिंह और सुरिन्दर सिंह भी आतंकवादियों के हमले में घायल हो गए । उन्हें यहां गुरु तेग बहादुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

उग्रवादी भाग निकले

तरनतारन पुलिस क्षेत्र के अन्तर्गत रत्तोल गांव में केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस के एक गश्ती दल से मुठभेड़ के बाद तीन आतंकवादी बचकर भाग निकले । दोनों ओर से हुई गोलीबारी में एक व्यक्ति घायल हो

(शेष पृष्ठ 8 पर)

(ऊपर) होशियारपुर के माडल टाऊन बाईपास रोड पर स्थित सिटी ब्रिज पर भारी बाढ़ का दृश्य जिसे देखने के लिए भारी संख्या में लोग पहुंच गए । (नीचे) नसराला चो की सिटी ब्रिज शाखा के पास दरार पड़ गई ।





(1,2) चंडीगढ़ में रविवार तड़के पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारे गए चंडीगढ़ पुलिस के इंस्पैक्टर चौ. जगजीत सिंह का शव, (4) सैक्टर 45 में आतंकवादी रहते थे और जहां से उन्होंने पुलिस पर गोली चलाई, (5) ऊपर से कूदा लेकिन मारा गया । उसका खून बिखरा हुआ है, (6)

आनंदपुर प्रस्ताव को स्वीकार देना देश के लिए हानिकर

लुधियाना, 17 जुलाई (मोहन्द्रा, नेपाल): पंजाब भाजपा पदाधिकारियों की एक बैठक आज यहां डा. बलदेव प्रकाश की अध्यक्षता में हुई । बैठक में भाजपा के अखिल भारतीय महासचिव श्री कृष्ण लाल शर्मा भी उपस्थित थे । बैठक में राज्य की वर्तमान राजनीतिक स्थिति पर विचार-विमर्श किया गया ।

बैठक में एक प्रस्ताव पास करके कहा गया कि अकाली दलों की एकता का अभियान यदि आनंदपुर प्रस्ताव के समर्थन हेतु है तो इसका हश्र भी वही होगा जो 1982 के धर्मयुद्ध मोर्चा का हुआ था, जिसने उग्रवाद को जन्म दिया था । अतः इस बात को पंजाब की जनता सहन नहीं करेगी । प्रस्ताव में कहा गया है कि यदि यह प्रस्तावित एकता उग्रवाद के खिलाफ जंग हेतु है तो इसका स्वागत किया जाएगा, भाजपा भी स्वागत करने वालों में होगी ।

प्रस्ताव में दोनों अकाली दलों को आपसी तनाव कम करने की अपील करते हुए कहा गया है कि हालात सामान्य बनाने के लिए वे संघर्ष करें । पंजाब ने पहले ही बहुत हानि उठाई है अतः किसी भी पंग से पूर्व भविष्य में इस बात का ध्यान रखा जाए कि हालात और खराब न हों ।

चंडीगढ़ पंजाब को देने बारे राज्यपाल के संकेत बारे भाजपा ने राज्यपाल श्री एस.एस. रे से कहा है कि किसी भी राजनीतिक पहल से पूर्व सभी राष्ट्रीय दलों की बैठक बुला कर उन्हें विश्वास में लिया जाए ताकि सर्वसम्मति पैदा हो सके । भाजपा के प्रस्ताव में कहा गया है कि यदि किसी आयोग का गठन या कोई समझौता होगा तो उसका हश्र राजीव-लौंगोवाल समझौते जैसा होगा । अतः पहले सर्वदलीय बैठक अत्यावश्यक है ।

प्रस्ताव में कहा गया है कि कैप्टन अमरेन्द्र सिंह ने आनंदपुर साहब के प्रस्ताव का जो मामला उठाया है, भाजपा उसका विरोध करती है । प्रस्ताव में केंद्र को चेतावनी दी गई है कि यदि आनंदपुर साहब प्रस्ताव मान लिया गया या पंजाब को विशेष दर्जा दिया गया तो यह बात केंद्र व राज्य दोनों के लिए ही घातक होगी । यह भी मांग की गई है कि उग्रवादियों तथा पृथकतावादियों उनके खिलाफ कठोर

बाद में डा. ब सम्मेलन में बताया कि स्थिति काबू में नहीं उन्होंने कहा कि अ सफलता मिली थी, प है । 'सुरक्षा पट्टी चौकस करने की आ पार्टी की इस मांग को सेना के हवाले किया

डा. बलदेव प्रक खिलाफ लड़ाई लम्बी होगा । पलायन बारे 3000 लोग, अमृतस बटाला में 200 प परिवार पलायन करके

भारत

मैड्रिड, 17 जुलाई आज कहा कि अगर पा कार्यक्रम शुरू रखता है बनाने के बारे में फिर

यहां भारतीय समु करते हुये श्री गांधी ने क पास परमाणु बम हैं, तो क्या कदम उठाए जाएं,

श्री गांधी ने कहा थोड़ा सा दबाव डालें तो को छोड़ देगा । उन्होंने लिया । उन्होंने कहा कि बम होने से पूरे क्षेत्र जाएगा ।

श्री गांधी ने कहा कि हो गई है । उनकी सरकार करने को हमेशा से राज

Punjab Archive











Punjabi Samachar

(1, 2) चंडीगढ़ में रविवार तड़के पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारे गए तीन आतंकवादियों के शव, (3) मुठभेड़ में आतंकवादियों की गोली से मरे चंडीगढ़ पुलिस के इंस्पैक्टर चौ. जगजीत सिंह का शव, (4) सैक्टर-45 के मकान 2195/1 का वह कमरा (तीर से चिन्हित) जहां आतंकवादी रहते थे और जहां से उन्होंने पुलिस पर गोली चलाई, (5) घटनास्थल की वह जगह जहां भागने की कोशिश में एक आतंकवादी ऊपर से कूदा लेकिन मारा गया । उसका खून बिखरा हुआ है, (6) मृत आतंकवादियों का मोटर साइकल । (छाया : पुरी)

गया । उसे अस्पताल में भरती कराया गया है ।

घायल की मृत्यु

उग्रवादियों ने गत रात्रि नगर के बाहरी क्षेत्र राजासांसी में फ़ायरिंग करके एक युवक उमेश शर्मा स्पैशल पुलिस अफसर को घायल कर दिया था, उसने आज प्रातः यहां गुरु तेग बहादर अस्पताल में घावों की ताव न सहते हुए दम तोड़ दिया ।

स्त्री की हत्या

फरीदकोट : फरीदकोट जिले के मुक्तसर थानांतर्गत रोपियाना गांव में कुछ सशस्त्र व्यक्तियों ने अमरजीत कौर नामक एक स्त्री को कल रात धारदार हथियार से वार कर मार डाला ।

चार शरणदाता गिरफ्तार

पुलिस ने आतंकवादियों के चार शरणदाताओं को जिला फरीदकोट में बंदी बनाया है ।

फगवाड़ा बम कांड से सम्बद्ध दो खूंखार उग्रवादी गिरफ्तार

फगवाड़ा (ह.स.): पुलिस ने दो खूंखार उग्रवादियों को गिरफ्तार करके यहां गत दिनों हुए बम विस्फोट जिसमें तीन व्यक्ति मारे गए थे और 30 अन्य घायल हो गए थे, का सुराग लगाने का दावा किया है । आज यहां यह रहस्योद्घाटन करते हुए पुलिस के एक प्रवक्ता ने कहा कि उग्रवादियों की दलजीत सिंह उर्फ काला और हरविंद्र सिंह के रूप में शिनाख्त की गई है । इन दोनों ने गश्ती-पार्टी द्वारा रुकने का संकेत देने पर गोली चला दी थी । पुलिस ने जवाबी फायरिंग करके आज तड़के उन्हें नगर की बाहरी आबादी में खोथड़ा रोड पर आत्म-समर्पण करने के लिए विवश कर दिया । पुलिस ने उनके कब्जे से एक हथगोला, एक बंदूक और कुछ कारतूस बरामद किए हैं ।

इन उग्रवादियों ने फगवाड़ा बम कांड और राज्य में हुई कई अन्य उग्रवादी गतिविधियों में अपनी संलिप्तता को स्वीकार किया है ।

'खोसला' के अनुसार दलजीत सिंह उर्फ काला माडल टाऊन का और हरविंद्र सिंह लुधियाना का रहने वाला है ।

जलोटा-हत्याकांड में पकड़े लोग भी छोड़ देने का आरोप

फगवाड़ा (खोसला): हिंदू शिव सेना फगवाड़ा शाखा की प्रैस विज्ञप्ति में पुलिस पर आरोप लगाया गया है कि हिंदू शिव सेना पंजाब के प्रधान रमाकांत जलोटा और क्षेत्राधयक्ष श्री विनोद गुप्ता की उग्रवादियों द्वारा हत्या हुए काफी दिन व्यतीत हो गए हैं, लेकिन पुलिस अभियुक्तों को गिरफ्तार नहीं कर सकी । हिरासत में लिए गए लोगों को भी छोड़ दिया है । प्रैस विज्ञप्ति में दोनों नेताओं के परिवारों को दो-दो लाख रुपए अनुदान देने की मांग की गई ।

दो उग्रवादी गिरफ्तार

लुधियाना (जोशी): एस.एस.पी. श्री ए.पी. पांडे ने बताया है कि स्थानीय पुलिस ने आतंकवादी गिरोह के दो खतरनाक सदस्यों को गिरफ्तार किया है । उनके नाम कल्याण सिंह और रणजीत सिंह हैं । दोनों आतंकवादी थाना समराला के मौजा पूनिया के रहने वाले हैं । गिरोह का सरगना मनजीत सिंह मजहबी मौजा दोबुर्जी का पायल का रहने वाला था । वह संगीत सिनेमा के निकट 23

हैं,लेकिन पुलिस अभियुक्तों को गिरफ्तार नहीं कर सकी । हिरासत में लिए गए लोगों को भी छोड़ दिया है । प्रैस विज्ञप्ति में दोनों नेताओं के परिवारों को दो-दो लाख रुपए अनुदान देने की मांग की गई ।

दो उग्रवादी गिरफ्तार

लुधियाना (जोशी): एस.एस.पी. श्री ए.पी. पांडे ने बताया है कि स्थानीय पुलिस ने आतंकवादी गिरोह के दो खतरनाक सदस्यों को गिरफ्तार किया है । उनके नाम कल्याण सिंह और रणजीत सिंह हैं । दोनों आतंकवादी थाना समराला के मौजा पूनिया के रहने वाले हैं । गिरोह का सरगना मनजीत सिंह मजहबी मौजा दोबुर्जी का पायल का रहने वाला था । वह संगीत सिनेमा के निकट 23 जून को पुलिस मुकाबले में मारा गया था । इस गिरोह ने माछीवाड़ा के बिजली बोर्ड कार्यालय से पिस्तौल की नोक पर 50 हजार रुपए छीने थे । इसी प्रकार माछीवाड़ा, खुमानू और खन्ना से एक पैट्रोल पम्प और स्कूटर लूटा था । गिरफ्तार आतंकवादियों के कब्जे से 12 बोर की दो पिस्तौलें और सात कारतूस तथा 35 हजार रुपए नकद बरामद किए गए हैं । एक स्कूटर पी.एच.एल. 8015 भी बरामद किया है । इन आतंकवादियों ने पछताछ के दौरान स्वीकार किया कि उन्होंने लोगों से छीने गए दो स्कूटर सरहिन्द नहर में फैंक दिए थे ।

जगरांव बंद रहा

आतंकवादी हिंसा के विरोध में जिला लुधियाना के जगरांव कस्बों में आज पूरा बंद रहा । जिला कांग्रेस (इ) ग्रामीण के महासचिव सोहन लाल उनके पुत्र मोहिदर लाल और दो अन्य व्यक्तियों की कल रात तीन आतंकवादियों ने हत्या कर दी थी । इसी पर विरोध प्रकट करने के लिए बंद रखा गया ।

ट्रक कब्जे में

लुधियाना से महिन्द्रा ने सूचना दी है कि जिला लुधियाना के पुलिस अधीक्षक श्री ए.पी. पांडे के अनुसार उग्रवादियों की संख्या तीन थी और वे पैदल ही आए तथा 4 व्यक्तियों की हत्या करके पैदल ही भाग गए । बाद में अभियुक्त ट्रक में बैठ कर फरीदकोट की ओर भाग गए । पुलिस ने ट्रक कब्जे में ले लिया है ।

खालिस्तान कमांडो फोर्स ने जिम्मेदारी ली

तथाकथित खालिस्तान कमांडो फोर्स ने कल रात लुधियाना जिले के जगरांव में जिला कांग्रेस (इ) के महासचिव सोहन लाल, उनके पुत्र महेन्द्र लाल और अन्य अधन लाल, अशोक कुमार और काला राम चाय विक्रेता की हत्या की जिम्मेवारी ली है । यह दावा सुखदेव सिंह झामके द्वारा प्रैस को जारी एक बयान में दिया गया । झामके ने कहा कि उसे जनरल लाभ सिंह के स्थान पर खालिस्तान कमांडो फोर्स का चीफ जनरल नियुक्त किया गया है । लाभ सिंह उर्फ सुक्खा सिपाही पिछले हफ्ते होशियारपुर जिले में टांडा के निकट सुरक्षा कर्मियों के साथ एक मुठभेड़ में मारा गया था ।

चुंगी लूट ली

मोगा (आजाद): गत रात्रि यहां फिरोजपुर जाने वाली जी.टी. रोड पर दो अज्ञात व्यक्तियों ने पालिका की चुंगी लूट ली । बताया जाता है कि लगभग दस बजे दो व्यक्ति स्कूटर पर वहां आए । उन्होंने अपना स्कूटर स्टार्ट किए रखा । उनमें से एक स्कूटर पर बैठा रहा, जबकि दूसरा अन्दर गया । उसने पिस्तौल की नोक पर क्लर्क हंसराज को नगदी देने के लिए कहा और 432 रुपए छीन कर ले गए । पुलिस द्वारा अभियुक्तों की तलाश की जा रही है ।

स्कूटर छीन लिया

छीने गए दो स्कूटर सरहिन्द नहर में फैंक दिए थे ।

जगरांव बंद रहा

आतंकवादी हिंसा के विरोध में जिला लुधियाना के जगरांव कस्बों में आज पूरा बंद रहा । जिला कांग्रेस (इ) ग्रामीण के महासचिव सोहन लाल उनके पुत्र मोहिंदर लाल और दो अन्य व्यक्तियों की कल रात तीन आतंकवादियों ने हत्या कर दी थी । इसी पर विरोध प्रकट करने के लिए बंद रखा गया ।

ट्रक कब्जे में

लुधियाना से महिन्द्रा ने सूचना दी है कि जिला लुधियाना के पुलिस अधीक्षक श्री ए.पी. पांडे के अनुसार उग्रवादियों की संख्या तीन थी और वे पैदल ही आए तथा 4 व्यक्तियों की हत्या करके पैदल ही भाग गए । बाद में अभियुक्त ट्रक में बैठ कर फरीदकोट की ओर भाग गए । पुलिस ने ट्रक कब्जे में ले लिया है ।

खालिस्तान कमांडो फोर्स ने जिम्मेदारी ली

तथाकथित खालिस्तान कमांडो फोर्स ने कल रात लुधियाना जिले के जगरांव में जिला कांग्रेस (इ) के महासचिव सोहन लाल, उनके पुत्र महेन्द्र लाल और अन्य अधन लाल, अशोक कुमार और काला राम चाय विक्रेता की हत्या की जिम्मेवारी ली है । यह दावा सुखदेव सिंह झामके द्वारा प्रैस को जारी एक बयान में दिया गया । झामके ने कहा कि उसे जनरल लाभ सिंह के स्थान पर खालिस्तान कमांडो फोर्स का चीफ जनरल नियुक्त किया गया है । लाभ सिंह उर्फ सुक्खा सिपाही पिछले हफ्ते होशियारपुर जिले में टांडा के निकट सुरक्षा कर्मियों के साथ एक मुठभेड़ में मारा गया था ।

चुंगी लूट ली

मोगा (आजाद): गत रात्रि यहां फिरोजपुर जाने वाली जी.टी. रोड पर दो अज्ञात व्यक्तियों ने पालिका की चुंगी लूट ली । बताया जाता है कि लगभग दस बजे दो व्यक्ति स्कूटर पर वहां आए । उन्होंने अपना स्कूटर स्टार्ट किए रखा । उनमें से एक स्कूटर पर बैठा रहा, जबकि दूसरा अन्दर गया । उसने पिस्तौल की नोक पर क्लर्क हंसराज को नकदी देने के लिए कहा और 432 रुपए छीन कर ले गए । पुलिस द्वारा अभियुक्तों की तलाश की जा रही है ।

स्कूटर छीन लिया

होशियारपुर (वि.प्र.): आज बाद दोपहर लगभग 2 बजे दो सशस्त्र युवकों ने गांव खरड़ अच्छरूवाल के एक व्यक्ति राम लाल से पिस्तौल की नोक पर बजाज चेतक स्कूटर पी.बी.एच. 326 छीन लिया और भाग गए । यह वारदात गांव कोटफत्ही और गांव पालदी के मध्य चिंतपूर्णी मंदिर के निकट हुई । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

पति-पत्नी को लूट लिया

जालंधर (ह.स.): आज रात्रि जिले में गांव औड़ के निकट दो उग्रवादियों ने पिस्तौल की नोक पर एक व्यक्ति हरदयाल सिंह और उसकी पत्नी से एक मोटर साइकिल (पी.ए.सी. 2726), एक कलाई घड़ी और एक जोड़ी बलियां छीन लीं । पुलिस सूत्रों ने कहा है कि पति-पत्नी फगवाड़ा से अपने पैतृक गांव औड़ में जा रहे थे ।

उग्रवादियों द्वारा 3 व्यक्तियों की हत्या, कचहरी बम धमाकों में 3 गिरफ्तार

मोगा के गांव में पुलिस वर्दी-धारियों द्वारा 2 लोगों का अपहरण

इंस्पैक्टर जगजीत सिंह की पुलिस सम्मान के साथ अंत्येष्टि

चंडीगढ़, 18 जुलाई (वार्ता, ह.स.): कल रात के बाद पंजाब में उग्रवादियों ने 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी, दो व्यक्तियों का अपहरण कर लिया । अमृतसर पुलिस ने पंजाब भर में जिला कचहरियों में बम धमाकों के लिए जिम्मेदार गिरोह का पर्दाफाश करने का दावा किया ।

इसी बीच चंडीगढ़ पुलिस कल मुठभेड़ में मारे गए शेष दो उग्रवादियों की पहचान नहीं कर सकी । पुलिस के एक प्रवक्ता ने कहा कि उग्रवादी बरिंदर पाल सिंह का शव लेने कोई नहीं आया । मुठभेड़ में मारे गए पुलिस इंस्पैक्टर श्री जगजीत सिंह का आज जिला फिरोजपुर में उनके पैतृक गांव में पूरे पुलिस सम्मान के साथ अन्तिम संस्कार कर दिया गया ।

'संघी' की सूचना है कि पंजाब से 5 जिलों की पुलिस ने यहां आकर मृत आतंकवादियों की पहचान करने की कोशिश की लेकिन उसे सफलता नहीं मिली । इन आतंकवादियों के चित्र आज पंजाब व हरियाणा के सभी जिलों में पुलिस को भेज दिए गए । आई.जी. चंडीगढ़ श्री वी.एन. सिंह के अनुसार यदि कल शाम तक इन मृतकों की शिनाख्त न हो सकी तो इनका 20 जुलाई तक अंतिम संस्कार कर दिया जाएगा ।

मुठभेड़ में मारे गए इंस्पैक्टर जगजीत सिंह की पोस्ट-मार्टम रिपोर्ट में कहा गया कि उन्हें तीन गोलियां लगीं । आई.जी. ने बताया कि यह गोलियां ए.के.-47 चीनी असाल्ट राइफल से चलाई गई प्रतीत होती हैं । इस बारे में विशेषज्ञों की राय ली जा रही है । उन्होंने बताया कि इस मुठभेड़ में घायल हुए हैडकांस्टेबल राजबीर सिंह व कांस्टेबल शीला राम प्रसाद यादव की हालत में काफी सुधार हुआ है तथा अब वे खतरे से बाहर हैं ।

इस मुठभेड़ में ए.के.-47 चीनी असाल्ट राइफल के साथ फरार हुए आतंकवादी का पता लगाने के लिए पुलिस ने आज भी छापे मारने जारी रखे तथा लगभग आधी दर्जन नवयुवकों को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया ।

श्री बी.एन. सिंह ने बताया कि मुठभेड़ में घायल हुए पुलिस कर्मियों को भी पंजाब की पद्धति पर अनुदान व अन्य सुविधाएं दी जाएंगी । पंजाब के राज्यपाल श्री रे इस मुठभेड़ में घायल पुलिस कर्मियों का हाल पूछने के लिए आज पी.जी.आई. गए तथा उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की । श्री रे ने इस मुठभेड़ के दौरान पुलिस की ओर से दिखाए गए साहस की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस घटना में शहीद हुए इंस्पैक्टर जगजीत सिंह ने हम सभी के बीच बलिदान की अनूठी मिसाल पेश की है । उनके बलिदान को हमेशा याद रखा जाएगा ।

दुकानें बंद रहीं

इसी मध्य इंस्पैक्टर जगजीत सिंह की मौत पर शोक प्रकट करने के लिए आज सैक्टर-37 के दुकानदारों ने अपना कारोबार बंद रखा । चंडीगढ़ इंका प्रधान दौलत राम शर्मा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासक के सलाहकार श्री अशोक प्रधान से मिल कर श्री जगजीत सिंह के परिवार को मुफ्त रिहायशी मकान उपलब्ध कराने, उनके बच्चों को मुफ्त शिक्षा सुविधा देने तथा शहर के लोगों को शिनाख्ती कार्ड जारी करने की प्रथा शुरू करने भी मांग की ।

दो का अपहरण, एक घायल

मोगा (आजाद): गत रात लगभग 11 बजे यहां से कुछ मील दूर गांव चड़िक में 6 अज्ञात व्यक्तियों ने जिन्होंने पुलिस की वर्दियां पहन रखी थीं, इस गांव के दो व्यक्तियों रछपाल सिंह और सेवक सिंह का अपहरण करके ले गए जबकि सेवक सिंह के भाई महेन्द्र सिंह को घायल करके चले गए । महेन्द्र सिंह को सी.एम.सी. अस्पताल लुधियाना में दाखिल करा दिया गया । बताया जाता है कि संदिग्ध व्यक्ति रछपाल सिंह के घर गए और वहां उसे सोये हुए को उठाकर सेवक सिंह के घर ले गए । सेवक सिंह को साथ लेकर जब यह व्यक्ति जाने लगे तो उसके भाई महेन्द्र सिंह ने पुलिस की वर्दी पहने व्यक्तियों को रोका इसपर उन्होंने फायरिंग करके महेन्द्र सिंह को घायल कर दिया तथा दोनों व्यक्तियों को साथ लेकर चले गए । बतायी जाता है कि दोनों अपहृत व्यक्तियों के किसी समय उग्रवादियों के साथ सम्बन्ध थे तथा वे उग्रवादी कार्रवाइयां करते थे लेकिन अब उन्होंने यह कार्रवाइयां बंद कर दी थीं । थाना बाघापुराना की पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है ।

दो उग्रवादी गिरफ्तार

संगरूर (गोयल): जिला पुलिस ने गत शाम दो उग्रवादी गिरफ्तार किए । उनके नाम हैं : बलविंदर सिंह गांव दाबनखेड़ी (जिला करुक्षेत्र) तथा बचना राम गांव पातड़ां । एस.एस.पी. श्री ज्ञान सिंह ने बताया कि उग्रवादी बलविंदर सिंह को डरबा पुलिस ने गिरफ्तार किया । दोनों के कब्जे से एक-एक पिस्तौल बरामद हुआ ।

स्कूटर सहित गिरफ्तार

धूरी (सिंगला): बरनाला पुलिस ने सिक्का गांव के निकट नाकाबंदी के दौरान अवतार सिंह नामक एक व्यक्ति को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से स्कूटर नम्बर पी.ए.एम. 7188 बरामद किया है । यह स्कूटर एक मास पूर्व बजिदके गांव के निकट श्री मेघराज से छीना गया था ।

25 हज़ार लूटे

चमकौर साहब (भंगु): यहां से 15 किलो मीटर दूर जिला लुधियाना के कस्बा खमाणों में दोपहर अढ़ाई बजे उग्रवादियों ने पंजाब राज्य बिजली बोर्ड के कार्यालय से 25 हजार रुपए लूट लिए ।

गिरोह का पर्दाफाश

अमृतसर (ह.स.): पुलिस ने आज दो आतंकवादियों को गिरफ्तार करके गत फरवरी में पंजाब भर की जिला अदालतों में हुए बम विस्फोटों के लिए जिम्मेदार आतंकवादी गिरोह का पर्दाफाश किया है । गत 19 फरवरी को अमृतसर, पटियाला, होशियारपुर और गुरदासपुर में जिला अदालतों में बम विस्फोट हुए थे, जिनमें 12 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई थी और एक सौ अन्य घायल हो गए थे ।

अमृतसर के जिला पुलिस प्रमुख श्री सुरेश अरोड़ा ने पत्रकारों को बताया कि गिरोह के चार अन्य लोगों को भी पहचान लिया गया है और उन्हें पकड़ने के लिए छापे मारे जा रहे हैं । इस गिरोह ने जालन्धर की जिला अदालत और बटाला के संवेदनशील चक्री बाजार में भी इसी तरह के बम रखे थे, लेकिन इन दोनों स्थानों पर बम नहीं फटे ।

श्री अरोड़ा ने बताया कि गिरफ्तार आतंकवादियों के नाम गुरमेज सिंह उर्फ गेजा और रणजीत सिंह हैं । गेजा धर्मकोट गांव का रहने वाला है जबकि रणजीत पखोके गांव का निवासी है । ये दोनों क्षेत्र गुरदासपर जिले में डेरा बाबा नानक थाने के अन्तर्गत आते हैं । गिरोह का एक अन्य सदस्य जगदीश सिंह उर्फ दीशा पहले ही पुलिस की हिरासत में हैं ।

इन आतंकवादियों के पकड़े जाने से पहली बार यह तथ्य प्रकाश में आया है कि खालिस्तान लिबरेशन फोर्स से सम्बद्ध आतंकवादी भी पंजाब में बम धमाकों में संलिप्त हैं । इससे पहले सिर्फ बब्बर खालसा और खालिस्तान कमांडो फोर्स को ही इस काम में लिप्त समझा जाता था । श्री अरोड़ा ने बताया कि आतंकवादियों से पूछताछ के बाद पता चला कि इन धमाकों के पीछे मुख्य रूप से गुरदीप सिंह उर्फ मान सिंह मान का हाथ था । वह खालिस्तान लिबरेशन फोर्स का स्वयंभू 'लैफ्टिनैंट जनरल' है ।

श्री अरोड़ा के अनुसार गुरदीप सिंह ने गुरदासपुर के ऐतिहासिक गुरुद्वारे में बाठ साहब में इन बम धमाकों की योजना बनाई, जहां गिरोह के प्रत्येक सदस्य को पंजाब भर की जिला अदालतों में विस्फोटक रखने का काम सौंपा गया । ये विस्फोटक देसी टाइम बम थे । उन्होंने बताया कि निशान सिंह कलानौर जैसे आतंकवादी नेताओं को भी इस बारे में विश्वास में लिया गया । ये लोग स्वर्ण मन्दिर में ठहरे हुए थे । निशान सिंह उन आतंकवादियों में

(शेष पृष्ठ 6 पर)

जिला लुधियाना के कस्बा जगराओं में शेरपुरा चौक के पास एक होटल को मारे गए (1) कांग्रेस (इ) नेता सोहन लाल शर्मा (इन्सैट पुराना चित्र), पाल (इन्सैट पुराना चित्र), (3) काला राम चायवाला के शव, (4) चौ दलाल का पुराना चित्र ।

टर्की द्वारा पाक को यूरेनियम संवर्धन का सामान भेजने पर प्रतिबन्ध

अंकारा, 18 जुलाई (ह.स.): टर्की ने यूरेनियम संवर्धन का अत्याधुनिक सामान पाकिस्तान को देने पर प्रतिबन्ध लगाने का निर्णय किया है । यह निर्णय भारत के प्रधानमंत्री राजीव गांधी और टर्की के प्रधानमंत्री टुर्गट ओज़ाल में हुई बातचीत के दौरान लिया गया ।

श्री गांधी ने श्री ओज़ाल के साथ की संयुक्त प्रैस कांफ्रैंस में इस पग के लिए श्री ओज़ाल का धन्यवाद किया ।

भारत बहुत दिनों से टर्की से यह मांग कर रहा था कि वह परमाणु हथियार कार्यक्रम में काम में आने वाले पदार्थ पाकिस्तान को नहीं बेचे ।

टर्की ने भारत को यह भी सूचित किया कि वह रिचर्ड एटनबरो की फिल्म 'गांधी' पर लगाए प्रतिबंध को भी हटा रहा है । टर्की ने इस फिल्म को 'विवादास्पद' बताते हुए इस पर प्रतिबंध लगा दिया था ।

टर्की ने पाकिस्तान द्वारा चोरी-छिपे चलाए जा रहे परमाणु कार्यक्रम तथा पंजाब के आतंकवादियों को दी जाने वाली सहायता पर चिंता व्यक्त करते हुए इन मामलों में भारत द्वारा अपनाए गए रवैये की सराहना की है । भारतीय प्रतिनिधिमंडल के सूत्रों ने यह जानकारी दी ।

पर्यवेक्षकों के अनुसार पाकिस्तान के परमाणु कार्यक्रम और पंजाब की समस्या के मुतल्लिक उसके रुख के बारे में टर्की के नजरिए में आया बदलाव भारत-टर्की संबंधों की महत्वपूर्ण उपलब्धि है ।

श्री ओज़ाल की 1986 में भारत यात्रा के समय तक ऐसा माना जाता था कि टर्की पाकिस्तान का एक मित्र देश और हमदर्द है, लेकिन उनकी भारत यात्रा और श्री गांधी की इस टर्की यात्रा के बाद बदलाव आया है, जिससे यकीनन दोनों मुल्क एक-दूसरे के ज्यादा करीब आए हैं ।

श्री गांधी ने कहा, "हमें खुशी है कि टर्की ने पाकिस्तान को ऐसे साज-सामान का निर्यात बंद करने का फैसला किया है ।"

भारतीय प्रतिनिधिमंडल के सूत्रों ने बताया कि भारत के लिए सीमा पार से उत्पन्न होने वाली समस्याओं के प्रति टर्की ने बखूबी समझदारी दिखाई खास कर पंजाब के आतंकवादियों को हथियार और प्रशिक्षण देने के मामले में पाकिस्तान के सक्रिय सहयोग के बारे में उसका नजरिया सूझबूझ का था ।

भारत ने अपनी ओर से टर्की को यह बताने की पूरी कोशिश की कि पाकिस्तान का परमाणु कार्यक्रम कतई शांतिपूर्ण कार्यों के लिए नहीं है और इसका मकसद कुछ और ही है ।

मलबे से 2 नरकंकाल मिले

अमृतसर, 18 जुलाई : स्वर्ण मंदिर परिसर में गुरु रामदास सराय और मंजी साहब दीवान हाल के बीच पड़े मलबे से आज दो नरकंकाल मिले हैं ।

इन्हें मिला कर अब तक मलबे से 31 नरकंकाल निकाले जा चुके हैं, जिनमें से केवल चार की ही पहचान हो पाई है ।

आज जो शव निकाले गए हैं, उनमें से एक शव

ऊधमपुर उप-चुनाव में भीम सिं

दिल्ली में मरणव्रत शुरू : धांधलियों

कठुआ, 18 जुलाई (महाजन, वार्ता) : ऊधमपुर संसदीय क्षेत्र के उप-चुनाव की गिनती के बाद चुनाधिकारी ने इंका प्रत्याशी मुहम्मद अयूब खां को 2376 वोटों से सफल घोषित कर दिया है । उन्होंने 133893 वोट प्राप्त किए जबकि उनके निकट प्रतिद्वंद्वी भीम सिंह को 131517 वोट पड़े। उक्त अधिकारी ने घोषणा की कि राम नगर विधानसभा क्षेत्र के खनेड़ मतदान केंद्र के वोट 90 प्रतिशत से अधिक पड़े थे इसलिए उनको किसी ओर भी नहीं गिना गया । वैसे इनमें से इंका को 335 वोट और भीम सिंह को केवल 5 वोट पड़े थे । प्रतिपक्ष के वर्करों ने चुनाव आयोग एवं जिला प्रशासन के विरुद्ध नारे लगाए और वाकआऊट कर गए ।

इस सीट के लिए गत 16 जून को उपचुनाव हुआ था और बाद में मतगणना का काम भी शुरू हो गया था लेकिन भीम सिंह की शिकायत पर निर्वाचन आयोग ने मतगणना का कार्य रोक दिया था । श्री भीम सिंह ने मतदान में धांधली की शिकायत की थी । क्षेत्र के कुछ मतदान केंद्रों पर नब्बे प्रतिशत से अधिक मतदान होने के परिप्रेक्ष्य में आयोग ने मतगणना का कार्य रोक दिया था । बाद में आयोग ने बनिहाल तथा गुल गुलाबगढ़ के चौदह मतदान केंद्रों पर फिर से मतदान कराए जाने के निर्देश दिए। इन केंद्रों पर गत 12 जुलाई को फिर से मतदान कराया गया ।

मतों की गिनती आज सवेरे शुरू हो गई थी ।

कठुआ से मिली रिपोर्ट के अनुसार 14 मतदान केंद्रों में से दो केंद्रों के मतों की गिनती दोपहर तक हो चुकी थी । बताया जाता है कि उसमें से 578 मत कांग्रेस (इ) के मोहम्मद अयूब खां और 105 मत संयुक्त विपक्षी उम्मीदवार भीम सिंह को मिले । श्री भीम सिंह इससे पहले की मतगणना में अपने प्रतिद्वंद्वी से 2229 मतों से आगे थे ।

पुनर्मतदान में पांच मतदान केंद्रों की मतगणना पूरी होने पर श्री भीम सिंह की बढ़त सिर्फ 161 रह गई । इन मतदान केंद्रों में श्री भीम सिंह को सिर्फ 246 मत मिले जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी अयूब खान को 2190 मत प्राप्त हुए ।

ऊधमपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में मतों की स्थिति इस प्रकार है :

कुल मत पड़े 283
279574, मुहम्मद
133893 (निर्वाचित)
131517, प्रमोद
देवराज निर्दलीय 302
6356, अब्दुल रहमान
कृष्ण दत्त (निर्दलीय) 1

सभी निर्दलीय उम्मी
गई । खनेड मतदान के
और भीम सिंह के पांच
क्योंकि यहां 90 प्रतिश
निर्वाचन आयोग ने ऐसा
था ।

भीम सिंह द्वारा आम

नई दिल्ली (वार्ता)
पार्टी के अध्यक्ष भीम
संसदीय क्षेत्र में फिर से
लेकर आज यहां चुनाव
"आमरण अनशन" श
आरोप लगाया गया था

श्री सिंह ने सम्बोधन
हुए कहा कि 16 जून
जुलाई को हुए पुनर्मतदा
कांग्रेस (इ) तथा नैशनल
की और चुनाव आयोग ने
अनुकूल काम किया ।

श्री सिंह ने कहा कि
अब्दुल्ला के गठजोड़ का
पर्दाफाश हो गया है ।
वायुसेना के हैलीकाप्टर
के बाद उन्होंने मुख्य चु
पेरी शास्त्री के निवास पर
जुलाई को हुए पुनर्मत
मारपीट एवं कब्जा का
कराने तथा मतगणना
सुबह वह श्री पेरी शास्त्
मिले और अपनी मांगें द
दिया जिसे श्री पेरी शास्त्

उन्होंने कहा कि ए
एक सर्वदलीय सम्मेलन

(शेष

स्वर्ण मंदिर परिक्रमा के दो कमरे दमद

को सौंपे जाने पर भाकपा द्वारा चि

अमृतसर, 18 जुलाई (ह.स.): भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी पंजाब के वरिष्ठ नेता श्री सतपाल डांग ने जिला अधिकारियों द्वारा कथित रूप से स्वर्ण मन्दिर परिक्रमा का एक कमरा दमदमी टकसाल को सौंपे जाने पर अपनी पार्टी की ओर से चिंता व्यक्त की है ।

केन्द्रीय गृहमंत्री श्री बूटा सिंह को लिखे एक पत्र में भाकपा नेता ने कहा है कि वह यह पत्र अपनी पार्टी का कड़ा स्टैंड दोहराने के लिए लिख रहे हैं कि ऐसा कुछ नहीं करना चाहिए जिससे आतंकवादियों को स्वर्ण मन्दिर पर दोबारा कब्जा करने में मदद मिले । उन्होंने कहा कि थोड़े समय तक लाभ प्राप्त करने के लिए की गई इस तरह की किसी भी कार्रवाई का उल्टा प्रभाव पड़ेगा और पंजाब की स्थिति पहले से भी अधिक खराब होगी ।

उन्होंने कहा कि सरकार को यह बात सुनिश्चित करनी चाहिए कि स्वर्ण मन्दिर पर आतंकवादियों का पुनः कब्जा न हो तथा इसकी

से सम्पर्क किया था । जि
कि वास्तव में दमदमी ट
पाठ के नाम पर परिक्रमा
करने का प्रयास किया था
गया है ।"

अमृतसर

जालन्धर

जालन्धर, 18 जुल
'अकाली पत्रिका' के अ
मोहिन्दर सिंह को पुलिस
शहर के फगवाड़ा गेट
जिला पुलिस प्रमुख मो
यूनीवार्ता को बताया कि
राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनिय
गया है । इसके अलावा
मामले भी लम्बित हैं ।

Punjabi Tribune

उग्रवादियों द्वारा 3 व्यक्तियों की हत्या, कचहरी बम धमाकों में 3 गिरफ्तार

मोगा के गांव में पुलिस वर्दी-धारियों द्वारा 2 लोगों का अपहरण

इंस्पैक्टर जगजीत सिंह की पुलिस सम्मान के साथ अंत्येष्टि

चंडीगढ़, 18 जुलाई (वार्ता, ह.स.): कल रात के बाद पंजाब में उग्रवादियों ने 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी, दो व्यक्तियों का अपहरण कर लिया । अमृतसर पुलिस ने पंजाब भर में जिला कचहरियों में बम धमाकों के लिए जिम्मेदार गिरोह का पर्दाफाश करने का दावा किया ।

इसी बीच चंडीगढ़ पुलिस कल मठभेड़ में मारे गए शेष दो उग्रवादियों की पहचान नहीं कर सकी । पुलिस के एक प्रवक्ता ने कहा कि उग्रवादी बरिंदर पाल सिंह का शव लेने कोई नहीं आया । मुठभेड़ में मारे गए पुलिस इंस्पैक्टर श्री जगजीत सिंह का आज जिला फिरोजपुर में उनके पैतृक गांव में पूरे पुलिस सम्मान के साथ अन्तिम संस्कार कर दिया गया ।

'संघी' की सूचना है कि पंजाब से 5 जिलों की पुलिस ने यहां आकर मृत आतंकवादियों की पहचान करने की कोशिश की लेकिन उसे सफलता नहीं मिली । इन आतंकवादियों के चित्र आज पंजाब व हरियाणा के सभी जिलों में पुलिस को भेज दिए गए । आई.जी. चंडीगढ़ श्री वी.एन. सिंह के अनुसार यदि कल शाम तक इन मृतकों की शिनाख्त न हो सकी तो इनका 20 जुलाई तक अंतिम संस्कार कर दिया जाएगा ।

मुठभेड़ में मारे गए इंस्पैक्टर जगजीत सिंह की पोस्ट-मार्टम रिपोर्ट में कहा गया कि उन्हें तीन गोलियां लगीं । आई.जी. ने बताया कि यह गोलियां ए.के.-47 चीनी असाल्ट राइफल से चलाई गई प्रतीत होती हैं । इस बारे में विशेषज्ञों की राय ली जा रही है । उन्होंने बताया कि इस मुठभेड़ में घायल हुए हैडकास्टेबल राजबीर सिंह व कांस्टेबल शीला राम प्रसाद यादव की हालत में काफी सुधार हुआ है तथा अब वे खतरे से बाहर हैं ।

इस मुठभेड़ में ए.के.-47 चीनी असाल्ट राइफल के साथ फरार हुए आतंकवादी का पता लगाने के लिए पुलिस ने आज भी छापे मारने जारी रखे तथा लगभग आधी दर्जन नवयुवकों को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया ।

श्री वी.एन. सिंह ने बताया कि मठभेड़ में घायल हुए पुलिस कर्मियों को भी पंजाब की पद्धति पर अनुदान व अन्य सुविधाएं दी जाएंगी । पंजाब के राज्यपाल श्री रे इस मुठभेड़ में घायल पुलिस कर्मियों का हाल पूछने के लिए आज पी.जी.आई. गए तथा उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की । श्री रे ने इस मुठभेड़ के दौरान पुलिस की ओर से दिखाए गए साहस की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस घटना में शहीद हुए इंस्पैक्टर जगजीत सिंह ने हम सभी के बीच बलिदान की अनूठी मिसाल पेश की है । उनके बलिदान को हमेशा याद रखा जाएगा ।

दुकानें बंद रहीं

इसी मध्य इंस्पैक्टर जगजीत सिंह की मौत पर शोक प्रकट करने के लिए आज सैक्टर-37 के दुकानदारों ने अपना कारोबार बंद रखा । चंडीगढ़ इंका प्रधान दौलत राम शर्मा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासक के सलाहकार श्री अशोक प्रधान से मिल कर श्री जगजीत सिंह के परिवार को मुफ्त रिहायशी मकान उपलब्ध कराने, उनके बच्चों को मुफ्त शिक्षा सविधा देने तथा शहर के लोगों को शिनाख्ती कार्ड जारी करने की प्रथा शुरू करने की भी मांग की ।

दो का अपहरण, एक घायल

मोगा (आजाद): गत रात लगभग 11 बजे यहां से कुछ मील दूर गांव चड़िक में 6 अज्ञात व्यक्तियों ने जिन्होंने पुलिस की वर्दियां पहन रखी थीं, इस गांव के दो व्यक्तियों रछपाल सिंह और सेवक सिंह का अपहरण करके ले गए जबकि सेवक सिंह के भाई महेन्द्र सिंह को घायल करके चले गए । महेन्द्र सिंह को सी.एम.सी. अस्पताल लुधियाना में दाखिल करा दिया गया । बताया जाता है कि संदिग्ध व्यक्ति रछपाल सिंह के घर गए और वहां उसे सोये हुए को उठाकर सेवक सिंह के घर ले गए । सेवक सिंह को साथ लेकर जब यह व्यक्ति जाने लगे तो उसके भाई महेन्द्र सिंह ने पुलिस की वर्दी पहने व्यक्तियों को रोका इसपर उन्होंने फायरिंग करके महेन्द्र सिंह को घायल कर दिया तथा दोनों व्यक्तियों को साथ लेकर चले गए । बतायी जाता है कि दोनों अपहृत व्यक्तियों के किसी समय उग्रवादियों के साथ सम्बन्ध थे तथा वे उग्रवादी कार्रवाइयां करते थे लेकिन अब उन्होंने यह कार्रवाइयां बंद कर दी थीं । थाना बाघापुराना की पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है ।

दो उग्रवादी गिरफ्तार

संगरूर (गोयल): जिला पुलिस ने गत शाम दो उग्रवादी गिरफ्तार किए । उनके नाम हैं : बलविंदर सिंह गांव दावनखेड़ी (जिला करुक्षेत्र) तथा बचना राम गांव पातड़ां । एस.एस.पी. श्री ज्ञान सिंह ने बताया कि उग्रवादी बलविंदर सिंह को डरबा पुलिस ने गिरफ्तार किया । दोनों के कब्जे से एक-एक पिस्तौल बरामद हुआ ।

स्कूटर सहित गिरफ्तार

धूरी (सिंगला): बरनाला पुलिस ने सिक्का गांव के निकट नाकाबंदी के दौरान अवतार सिंह नामक एक व्यक्ति को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से स्कूटर नम्बर पी.ए.एम. 7188 बरामद किया है । यह स्कूटर एक मास पूर्व बजिंदके गांव के निकट श्री मेघराज से छीना गया था ।

25 हज़ार लूटे

चमकौर साहब (भंगु): यहां से 15 किलो मीटर दर जिला लुधियाना के कस्बा खमानों में दोपहर अढ़ाई बजे उग्रवादियों ने पंजाब राज्य बिजली बोर्ड के कार्यालय से 25 हजार रुपए लूट लिए ।

गिरोह का पर्दाफाश

अमृतसर (ह.स.): पुलिस ने आज दो आतंकवादियों को गिरफ्तार करके गत फरवरी में पंजाब भर की जिला अदालतों में हुए बम विस्फोटों के लिए जिम्मेदार आतंकवादी गिरोह का पर्दाफाश किया है । गत 19 फरवरी को अमृतसर, पटियाला, होशियारपुर और गुरदासपुर में जिला अदालतों में बम विस्फोट हुए थे, जिनमें 12 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई थी और एक सौ अन्य घायल हो गए थे ।

अमृतसर के जिला पुलिस प्रमुख श्री सुरेश अरोड़ा ने पत्रकारों को बताया कि गिरोह के चार अन्य लोगों को भी पहचान लिया गया है और उन्हें पकड़ने के लिए छापे मारे जा रहे हैं । इस गिरोह ने जालन्धर की जिला अदालत और बटाला के संवेदनशील चक्री बाजार में भी इसी तरह के बम रखे थे, लेकिन इन दोनों स्थानों पर बम नहीं फटे ।

श्री अरोड़ा ने बताया कि गिरफ्तार आतंकवादियों के नाम गुरमेज सिंह उर्फ गेजा और रणजीत सिंह हैं । गेजा धर्मकोट गांव का रहने वाला है जबकि रणजीत पखोके गांव का निवासी है । ये दोनों क्षेत्र गुरदासपुर जिले में डेरा बाबा नानक थाने के अन्तर्गत आते हैं । गिरोह का एक अन्य सदस्य जगदीश सिंह उर्फ दीशा पहले ही पुलिस की हिरासत में हैं ।

इन आतंकवादियों के पकड़े जाने से पहली बार यह तथ्य प्रकाश में आया है कि खालिस्तान लिबरेशन फोर्स से सम्बद्ध आतंकवादी भी पंजाब में बम धमाकों में संलिप्त हैं । इससे पहले सिर्फ बब्बर खालसा और खालिस्तान कमांडो फोर्स को ही इस काम में लिप्त समझा जाता था । श्री अरोड़ा ने बताया कि आतंकवादियों से पूछताछ के बाद पता चला कि इन धमाकों के पीछे मुख्य रूप से गुरदीप सिंह उर्फ मान सिंह मान का हाथ था । वह खालिस्तान लिबरेशन फोर्स का स्वयंभू 'लैफ्टिनैंट जनरल' है ।

श्री अरोड़ा के अनुसार गुरदीप सिंह ने गुरदासपुर के ऐतिहासिक गुरुद्वारे में बाठ साहब में इन बम धमाकों की योजना बनाई, जहां गिरोह के प्रत्येक सदस्य को पंजाब भर की जिला अदालतों में विस्फोटक रखने का काम सौंपा गया । ये विस्फोटक देसी टाइम बम थे । उन्होंने बताया कि निशान सिंह कलानौर जैसे आतंकवादी नेताओं को भी इस बारे में विश्वास में लिया गया । ये लोग स्वर्ण मन्दिर में ठहरे हुए थे । निशान सिंह उन आतंकवादियों में

(शेष पृष्ठ 6 पर)

जिला लुधियाना के कस्बा जगराओं में शेरपुरा चौक के पास एक होटल को मारे गए (1) कांग्रेस (इ) नेता सोहन लाल शर्मा (इन्सैट पुराना चि पाल (इन्सैट पुराना चित्र), (3) काला राम चायवाला के शव, (4) दलाल का पुराना चित्र ।

ऊधमपुर उप-चुनाव में भीम सिं

दिल्ली में मरणव्रत शुरू : धांधलियं

कठुआ, 18 जुलाई (महाजन, वार्ता) : ऊधमपुर संसदीय क्षेत्र के उप-चुनाव की गिनती के बाद चुनावाधिकारी ने इंका प्रत्याशी मुहम्मद अयूब खां को 2376 वोटों से सफल घोषित कर दिया है । उन्होंने 133893 वोट प्राप्त किए जबकि उनके निकट प्रतिद्वंद्वी भीम सिंह को 131517 वोट पड़े। उक्त अधिकारी ने घोषणा की कि राम नगर विधानसभा क्षेत्र के खनेड मतदान केंद्र के वोट 90 प्रतिशत से अधिक पड़े थे इसलिए उनको किसी ओर भी नहीं गिना गया । वैसे इनमें से इंका को 335 वोट और भीम सिंह को केवल 5 वोट पड़े थे । प्रतिपक्ष के वर्करों ने चुनाव आयोग एवं जिला प्रशासन के विरुद्ध नारे लगाए और वाकआऊट कर गए ।

इस सीट के लिए गत 16 जून को उपचुनाव हुआ था और बाद में मतगणना का काम भी शुरू हो गया था लेकिन भीम सिंह की शिकायत पर निर्वाचन आयोग ने मतगणना का कार्य रोक दिया था । श्री भीम सिंह ने मतदान में धांधली की शिकायत की थी । क्षेत्र के कुछ मतदान केंद्रों पर नब्बे प्रतिशत से अधिक मतदान होने के परिप्रेक्ष्य में आयोग ने मतगणना का कार्य रोक दिया था । बाद में आयोग ने बनिहाल तथा गुल गुलाबगढ़ के चौदह मतदान केंद्रों पर फिर से मतदान कराए जाने के निर्देश दिए । इन केंद्रों पर गत 12 जुलाई को फिर से मतदान कराया गया ।

मतों की गिनती आज सवेरे शुरू हो गई थी ।

कठुआ से मिली रिपोर्ट के अनुसार 14 मतदान केंद्रों में से दो केंद्रों के मतों की गिनती दोपहर तक हो चुकी थी । बताया जाता है कि उसमें से 578 मत कांग्रेस (इ) के मोहम्मद अयूब खां और 105 मत संयुक्त विपक्षी उम्मीदवार भीम सिंह को मिले । श्री भीम सिंह इससे पहले की मतगणना में अपने प्रतिद्वंद्वी से 2229 मतों से आगे थे ।

पुनर्मतदान में पांच मतदान केंद्रों की मतगणना पूरी होने पर श्री भीम सिंह की बढ़त सिर्फ 161 रह गई । इन मतदान केंद्रों में श्री भीम सिंह को सिर्फ 246 मत मिले जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी अयूब खान को 2190 मत प्राप्त हुए ।

ऊधमपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में मतों की स्थिति इस प्रकार है :

कुल मत पड़े 28
279574, मुहम्म
133893 (निर्वाचि
131517, प्रमोद
देवराज निर्दलीय 30
6356, अब्दुल रहम
कृष्ण दूबे (निर्दलीय)

सभी निर्दलीय उम्
गई । खनेड मतदान
और भीम सिंह के पांच
क्योंकि यहां 90 प्रति
निर्वाचन आयोग ने ऐ
था ।

भीम सिंह द्वारा आ

नई दिल्ली (वा
पार्टी के अध्यक्ष भीम
संसदीय क्षेत्र में फिर से
लेकर आज यहां चुना
"आमरण अनशन"
आरोप लगाया गया था

श्री सिंह ने सम्वा
हुए कहा कि 16 जुन
जुलाई को हुए पुनर्मत
कांग्रेस (इ) तथा नैशन
की और चुनाव आयो
अनुकूल काम किया ।

श्री सिंह ने कहा कि
अब्दुल्ला के गठजोड़ क
पर्दाफाश हो गया है ।
वायुसेना के हैलीकाप्टर
के बाद उन्होंने मुख्य च
पेरी शास्त्री के निवास प
जुलाई को हुए पुनर्मत
मारपीट एवं कब्जा क
कराने तथा मतगणना
सुबह वह श्री पेरी शास्त्
मिले और अपनी मांगें दो
दिया जिसे श्री पेरी शास्त्

उन्होंने कहा कि ए
एक सर्वदलीय सम्मेलन

(शेष पृ

टर्की द्वारा पाक को यूरेनियम संवर्धन का सामान भेजने पर प्रतिबन्ध

अंकारा, 18 जुलाई (ह.स.): टर्की ने यूरेनियम संवर्धन का अत्याधुनिक सामान पाकिस्तान को देने पर प्रतिबन्ध लगाने का निर्णय किया है । यह निर्णय भारत के प्रधानमंत्री राजीव गांधी और टर्की के प्रधानमंत्री तुर्गट ओज़ाल में हुई बातचीत के दौरान लिया गया ।

श्री गांधी ने श्री ओज़ाल के साथ की संयुक्त प्रैस कांफ्रैंस में इस पग के लिए श्री ओज़ाल का धन्यवाद किया ।

भारत बहुत दिनों से टर्की से यह मांग कर रहा था कि वह परमाणु हथियार कार्यक्रम में काम में आने वाले पदार्थ पाकिस्तान को नहीं बेचे ।

टर्की ने भारत को यह भी सूचित किया कि वह रिचर्ड एटनबरो की फिल्म 'गांधी' पर लगाए प्रतिबंध को भी हटा रहा है । टर्की ने इस फिल्म को 'विवादास्पद' बताते हुए इस पर प्रतिबंध लगा दिया था ।

टर्की ने पाकिस्तान द्वारा चोरी-छिपे चलाए जा रहे परमाणु कार्यक्रम तथा पंजाब के आतंकवादियों को दी जाने वाली सहायता पर चिंता व्यक्त करते हुए इन मामलों में भारत द्वारा अपनाए गए रवैये की सराहना की है । भारतीय प्रतिनिधिमंडल के सूत्रों ने यह जानकारी दी ।

पर्यवेक्षकों के अनुसार पाकिस्तान के परमाणु कार्यक्रम और पंजाब की समस्या के मुतल्लिक उसके रुख के बारे में टर्की के नजरिए में आया बदलाव भारत-टर्की संबंधों की महत्वपूर्ण उपलब्धि है ।

श्री ओज़ाल की 1986 में भारत यात्रा के समय तक ऐसा माना जाता था कि टर्की पाकिस्तान का एक मित्र देश और हमदर्द है, लेकिन उनकी भारत यात्रा और श्री गांधी की इस टर्की यात्रा के बाद बदलाव आया है, जिससे यकीनन दोनों मुल्क एक-दूसरे के ज्यादा करीब आए हैं ।

श्री गांधी ने कहा, "हमें खुशी है कि टर्की ने पाकिस्तान को ऐसे साज-सामान का निर्यात बंद करने का फैसला किया है ।"

भारतीय प्रतिनिधिमंडल के सूत्रों ने बताया कि भारत के लिए सीमा पार से उत्पन्न होने वाली समस्याओं के प्रति टर्की ने बखूबी समझदारी दिखाई खास कर पंजाब के आतंकवादियों को हथियार और प्रशिक्षण देने के मामले में पाकिस्तान के सक्रिय सहयोग के बारे में उसका नजरिया सूझबूझ का था ।

भारत ने अपनी ओर से टर्की को यह बताने की पूरी कोशिश की कि पाकिस्तान का परमाणु कार्यक्रम कतई शांतिपूर्ण कार्यों के लिए नहीं है और इसका मकसद कुछ और ही है ।

मलबे से 2 नरकंकाल मिले

अमृतसर, 18 जुलाई : स्वर्ण मंदिर परिसर में गुरु रामदास सराय और मंजी साहब दीवान हाल के बीच पड़े मलबे से आज दो नरकंकाल मिले हैं ।

इन्हें मिला कर अब तक मलबे से 31 नरकंकाल निकाले जा चुके हैं, जिनमें से केवल चार की ही पहचान हो पाई है ।

आज जो शव निकाले गए हैं, उनमें से एक शव एक युवक का मालूम पड़ता है मगर उसकी पहचान करना अब असम्भव है । दोनों शवों के हाथ पीछे की ओर बंधे हुए मिले हैं जिससे पता चलता है कि उन्हें यातनाएं देकर मारा गया ।

अब तक मलबे से जितने भी शव और कंकाल

स्वर्ण मंदिर परिक्रमा के दो कमरे दमद

को सौंपे जाने पर भाकपा द्वारा चि

अमृतसर, 18 जुलाई (ह.स.): भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी पंजाब के वरिष्ठ नेता श्री सतपाल डांग ने जिला अधिकारियों द्वारा कथित रूप से स्वर्ण मन्दिर परिक्रमा का एक कमरा दमदमी टकसाल को सौंपे जाने पर अपनी पार्टी की ओर से चिंता व्यक्त की है ।

केन्द्रीय गृहमंत्री श्री बूटा सिंह को लिखे एक पत्र में भाकपा नेता ने कहा है कि वह यह पत्र अपनी पार्टी का कड़ा स्टैंड दोहराने के लिए लिख रहे हैं कि ऐसा कुछ नहीं करना चाहिए जिससे आतंकवादियों को स्वर्ण मन्दिर पर दोबारा कब्जा करने में मदद मिले । उन्होंने कहा कि थोड़े समय तक लाभ प्राप्त करने के लिए की गई इस तरह की किसी भी कार्रवाई का उल्टा प्रभाव पड़ेगा और पंजाब की स्थिति पहले से भी अधिक खराब होगी ।

उन्होंने कहा कि सरकार को यह बात सुनिश्चित करनी चाहिए कि स्वर्ण मन्दिर पर आतंकवादियों का पुनः कब्जा न हो तथा इसकी मर्यादा बरकरार रहे । उन्होंने केन्द्रीय गृहमंत्री से कहा है कि सरकार इस सम्बन्ध में अपनी वर्तमान नीति के बारे जनता को विश्वास में ले । उन्होंने कहा कि यह बात किसी से भी नहीं छुपी कि अतीत में आतंकवादियों को "एक ओर तो शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी व दमदमी टकसाल जैसी विभिन्न

से सम्पर्क किया था । जिल
कि वास्तव में दमदमी टक
पाठ के नाम पर परिक्रमा
करने का प्रयास किया था कि
गया है ।"

अमृतसर क

जालन्धर

जालन्धर, 18 जुलाई
'अकाली पत्रिका' के अमृ
मोहिन्दर सिंह को पुलिस ने
शहर के फगवाड़ा गेट से
जिला पुलिस प्रमुख मोहन
यूनीवार्ता को बताया कि
राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम
गया है । इसके अलावा उ
मामले भी लम्बित हैं । उन
अमृतसर पुलिस ले गई है

उन्होंने कहा कि जालन्
की तलाश नहीं है और जा
उन्हें पकड़ने में ही मदद दी
गिरफ्तारी से बच रहे थे

Punjabi Chronicle

उग्रवादियों द्वारा हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

शामिल है, जिन्होंने आप्रेशन ब्लैक थंडर के दौरान आत्म समर्पण कर दिया था । पुलिस प्रमुख ने बताया कि गत 30 मई को शिवाला भाइयां के बाहर और 21 जून को कटरा आहलूवालिया में हुए बम विस्फोटों के बारे में कोई सुराग पुलिस के हाथ नहीं लगा । इन घटनाओं में क्रमशः 30 और 35 लोग मारे गए थे ।

अपहरण के बाद हत्या

गत रात जिला अमृतसर के थाना चौक मेहता के गांव दलेर में एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई । खबरों में कहा गया है कि चार सशस्त्र व्यक्तियों ने बहादर सिंह के घर में घुसकर उसका अपहरण कर लिया । बाद में उसकी लाश एक नजदीकी खेत में से मिली ।

तेजधार हथियारों से हत्या

इसी जिला में एक अन्य घटना में थाना वल्टोहा के गांव लखाना में एक व्यक्ति की तेजधार हथियारों से हत्या कर दी गई ।

6 उग्रवादी गिरफ्तार

जिला अमृतसर में सरहाली पुलिस ने 6 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया । उनके नाम मास्टर चनन सिंह, अनोख सिंह (दोनों गांव ठट्ठियां), स्वर्ण सिंह, बचित्तर सिंह, कारज सिंह और जग्गर सिंह बताए गए हैं ।

पिपल सिंह को शरण देते थे

तरनतारन पुलिस जिला के एस.एस.पी. श्री संजीव गुप्ता ने बताया कि पकड़े गए 6 उग्रवादियों में से चनन सिंह और अनोख सिंह खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के दुर्दांत आतंकवादी पिपल सिंह को शरण देते थे ।

मदानपुर में हत्या

पटियाला (भूषण): गत रात जिला पटियाला के थाना राजपुरा के गांव मदानपुर में कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी । पुलिस ने मृतक की पहचान नरेन्द्र सिंह उर्फ गुरदयाल सिंह के रूप में की है ।

पंजाब में 3 की हत्या

जालंधर में 7, होशियारपुर में 4 उग्रवादी गिरफ्तार

चंडीगढ़, 19 जुलाई (वार्ता, ह.स.): गत रात के बाद पंजाब में आतंकवादियों ने 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी । पुलिस ने लगभग एक दर्जन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया । जालधर पुलिस ने गंकर, बिलगा, धारीवाल और खीवा में सम्बन्धित हत्याकांडों के दोषियों का पता लगा लेने का दावा किया ।

एक व्यक्ति की हत्या

रोपड़ (जैन): जिला रोपड़ के गांव कुड़े के प्रसिद्ध शिव मन्दिर डेरा बाबा रोडे शाह में एक भयंकर नर-संहार होते-होते बच गया । क्षेत्र के लोग डेरे में बैठे दरदशन पर सबरें सुन रहे थे । 25-30 लोग वहां उपस्थित थे । डेरे के महंत शिवानन्द अपने कमरे में खाना खाने के लिए चला गया था । लोग नौ बजे की खबरें सुनकर अपने-अपने घरों को लौट रहे थे कि तीन युवक, जिन्होंने काले कपड़े और पीले पटके बांधरखे थे, वहां आ धमके और आते ही दनादन गोलियां बरसानी शुरू कर दीं । एक व्यक्ति शेर सिंह (50 वर्षीय) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई । लोग जब तक इकट्ठे हुए तो उग्रवादी वहां से भग चुके थे । घटना स्थल पर सात मृत और एक जीवित कारतस पड़ा मिला । शेर सिंह को तीन गोलियां लगीं । उच्चाधिकारी घटना स्थल पर पहुंच गए और सारे क्षेत्र को घेर लिया है । यह घटनाकल रात नौ बजे के बाद घटी थी ।

राइफलें छीन लीं

पटियाला (भूषण): गत सायं 6 बजे जिला में थाना सामाना के गांव निज़ामुद्दीनवाला में 5 अज्ञात सशस्त्र व्यक्ति एक जमींदार हरनेक सिंह से एक 12 बोर की राइफल तथा एक 22 बोर की राइफल छीन कर ले गए ।

4 आतंकवादी गिरफ्तार

होशियारपुर (ब्र.): एस.एस.पी श्रीरमजीत सिंह संधू ने पत्रकारों को बताया कि पुलिस ने चार आतंकवादियों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से भारी मात्रा में हथियार बरामद किए हैं । थाना हरयाना के गांव भक्खल के सेवा सिंह कमान डेरी गांव के पास उस समय गिरफ्तार किया जब वह साइकल पर जा रहा था । साइकल के पीछे बोरी में से एक ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल और 12 कारतस बरामद हुए । गांव पंडोरी बीबी से बलबीर सिंह को बरनाहाय के पास से गिरफ्तार किया गया ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

उनके कब्जे से 12 बोर की दोनाली बंदक, जिसका बैरल कटा हुआ था, बरामद हुई । श्री संधु ने बताया कि थाना माहिलपुर के गांव सरहाला खुर्द के कुलवन्त सिंह उर्फ कांटी को गोंदपुर उपली से गिरफ्तार किया गया । उसके पैले से 52 कारतूस मिले । हरयाना के गांव कुतबपुर के एक व्यक्ति मस्सा सिंह को आतंकवादियों को पनाह देने और उनकी मदद करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया । सभी से पूछताछ की जा रही है ।

7 उग्रवादी गिरफ्तार

जालन्धर (ह.स.): जिला जालन्धर में विभिन्न स्थानों पर छापे मार कर सरक्षा बलों ने सात संदिग्ध उग्रवादियों को गिरफ्तार किया और उनसे हथियार व गोली-सिक्का बरामद किया । गिरोह के सदस्य एक स्थान पर बैठक करके कोई वारदात करने की योजना बना रहे थे, जब पुलिस ने उन्हें जा दबोचा । पुलिस सूत्रों के अनुसार उनसे कल चार दोनाली बंदूकें जिनकी नालियां कटी हुई थीं, दो पिस्तौलें, एक रिवाल्वर व कुछ कारतूस बरामद हुए । पुलिस ने 7 में से 6 उग्रवादियों की शिनाख्त पाली, साहबी, बेअन्त सिंह, मोहन उर्फ बाजीगर, लखबीर सिंह तथा लैहम्बड़ के रूप में की है । वे कई डकैतियों के अलावा हाल ही में गांव अपरा में एक बैंक को लूटते समय विजय कुमार नामक व्यक्ति की हत्या और फिल्लौर में भारतीय खाद्य निगम के गोदाम से 390 बोरी धान की लूट में भी संलिप्त थे ।

पुलिस के सूत्रों ने गत दो महीनों में जालन्धर जिले की नकोदर सब-डिवीजन में गांव शंकर, बिलगा, धारीवाल और लोहिया में सामूहिक नरसंहार के दोषियों का भी पता लगा लेने का दावा किया है ।

किसान की हत्या

अमृतसर (ह.स.): अमृतसर जिले में झब्बाल थाना क्षेत्र के बच्चड़ कलां गांव में संदिग्ध आतंकवादियों ने एक किसान शिगारा सिंह की उसके घर में गोली मारकर हत्या कर दी । पुलिस सूत्रों ने बताया कि घटना पिछली रात हुई ।

हत्या

जालंधर से 'वार्ता' के अनुसार आज रात्रि फिल्लौर थाना क्षेत्र के ग्राम समराड़ी में एक व्यक्ति दारी पुत्र अनूप सिंह जट्ट की दो उग्रवादियों ने उसके घर में घुस कर गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

गमशुदा



मेरा भाई मुंशी राम सुपुत्र हजारा

एक घायल

एक उग्रवादी ने आज रात शिवाला भाइयां के निकट गोली चला कर एक व्यक्ति को घायल कर दिया । पुलिस के अनुसार उग्रवादी ने एक व्यक्ति से स्कूटर छीनने का प्रयास किया । स्कूटर सवार अपनी पत्नी के साथ जा रहा था । उसने उग्रवादी का प्रतिरोध किया । इस पर उग्रवादी उसे गोली मार कर फरार हो गया । घायल को अस्पताल में दाखिल कराया गया है ।

स्कूटर सवार परमजीत सिंह कांगड़ा कालोनी जा रहा था ।

पत्रकार का रिमांड

जालन्धर से प्रकाशित होने वाले एक पंजाबी दैनिक समाचार पत्र के अमृतसर स्थित संवाददाता मोहिदर सिंह का आज अमृतसर में डयूटी मैजिस्ट्रेट ने 29 जुलाई तक पुलिस रिमांड दे दिया । उसे गत दिवस जालन्धर से रासुका में गिरफ्तार करके यहां लाया गया था । उस पर इस वर्ग के पूर्व में देशद्रोह का केस दर्ज किया गया था ।

इसी बीच अमृतसर के पत्रकारों ने एक बैठक में पत्रकार की गिरफ्तारी की निंदा की ।

शरणार्थी गिरफ्तार

तरनतारन पुलिस जिला के एस.एस.पी. द्वारा जारी एक प्रैस विज्ञप्ति के अनुसार पुलिस ने थाना सदर तरनतारन के अन्तर्गत गांव कल्ला के निवासी दर्शन सिंह को उसके फार्म हाउस से गिरफ्तार कर लिया । विज्ञप्ति के अनुसार दर्शन सिंह हत्या के मामलों में वांछित आतंकवादियों को शरण देता था ।

जिम्मेदारी ली

खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के अवतार सिंह ब्रह्मा और पिपल सिंह ने खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के लैटर पैड पर जारी बयान में फोर्स के ही एक स्वयंभू लैफ्टीनैंट पहाड़ सिंह तथा प्रवीन कौर निवासी गांव सहसरा की हत्या की जिम्मेदारी लेते हुए आरोप लगाया कि यह दोनों फोर्स को बदनाम करके न सिर्फ बच्चों व महिलाओं की हत्याएं कर रहे थे बल्कि लोगों से जबरी धन भी ऐंठते थे । बयान में कहा गया है कि इन दोनों ने एक दर्जन से ज्यादा हत्याएं अकारण ही निर्दोष लोगों की कीं ।

बम फैंका

बाघापराना से 'मित्तल' के अनुसार गत रात लगभग 11 बजे यहां के एक मुहल्ले में एक व्यक्ति ज्ञान सिंह बराड़ के घर किसी ने एच.ई. 36 हथगोला फैंका । यह हथगोला फटा नहीं अतः किसी तरह की हानि नहीं हुई । पुलिस ने कहा है कि यह आतंकवादी हिंसा की घटना नहीं बल्कि निजी शत्रुता की है । सूचना मिलने पर सी.आर.पी. के जवानों ने मौका पर पहुंच कर हथगोले को निष्क्रिय कर दिया ।

Punjab Sanchari

उग्रवादी मुठभेड़ के बाद 33 राकेट, 5 लांचर, भारी मात्रा में शस्त्रास्त्र छोड़ कर भागे

अनूपगढ़ सीमा पर पाकिस्तानी घुसपैठिया मारा गया

पंजाब में विभिन्न स्थानों पर 3 लोगों की हत्या

चंडीगढ़, 20 जुलाई (वार्ता, हस) : आतंकवादियों ने कल रात के बाद पंजाब में 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी, एक पाकिस्तानी घुसपैठिया मुठभेड़ में मारा गया । हिन्दू मलकोट सीमा पर 7 आतंकवादी बी.एस.एफ. के साथ मुठभेड़ के बाद हथियार छोड़ कर पाकिस्तान भाग गये । इनमें 33 राकेट, 5 लांचर भी शामिल हैं । श्री हरगोबिंदपुर क्षेत्र में कुख्यात आतंकवादी जुगराज सिंह उर्फ तूफान सिंह मुठभेड़ के बाद बच कर निकल गया ।

गत रात थाना फिल्लौर के गांव समराय में एक व्यक्ति अवतार सिंह उर्फ तारी की हत्या कर दी गई थी ।

33 राकेट, 5 लांचर बरामद

अबोहर (सदोष): आज तड़के हिन्दूमल कोट के सीमांत क्षेत्र में बी.एस.एफ. के जवानों ने पाकिस्तान से भारत में चोरी-छुपे लाए जा रहे 33 राकेट, 5 लांचर और बहुत सा अन्य गोली-सिक्का कब्जे में कर लिया लेकिन यह हथियार पाकिस्तान से ला रहे 7 आतंकवादी मुठभेड़ के बाद बचकर पाकिस्तान चले गए । बताया जाता है कि आज तड़के 7 आतंकवादियों को बी.एस.एफ. के जवानों ने हिन्दूमल कोट के निकट भारतीय क्षेत्र में दाखिल होने देखकर ललकारा । आतंकवादियों ने बी.एस.एफ. के जवानों पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं । बी.एस.एफ. ने जवाबी फायरिंग शुरू कर दी । बी.एस.एफ. के जवानों का नेतृत्व आई.जी. श्री के.एस. राठौर खुद कर रहे थे । आतंकवादियों और बी.एस.एफ. के मध्य काफी देर तक मुकाबला चलता रहा अन्ततः बी.एस.एफ. की फायरिंग की ताब न लाते हुए आतंकवादी सारे हथियार आदि छोड़कर जानें बचाकर भाग गए । आतंकवादियों द्वारा छोड़े गए हथियार इस प्रकार हैं ।

33 राकेट, 5 राकेट लांचर, 4 जर्मन पिस्तौल, 742 राउंड, ए.के. 47 चीनी राइफलों के पुर्जों से भरे हुए 5 बैग, 211 राउंड ।

यहां यह उल्लेखनीय है कि गत शुक्रवार भी इसी जगह सात आतंकवादी सीमा पार करके आ गए थे और मुठभेड़ के बाद वापस चले गए थे । इस स्थान पर उनके साथ तीन बार मुठभेड़ हुई थी । आई.जी. श्री राठौर स्वयं इस बात का जायजा लेने आए थे कि बी.एस.एफ. आतंकवादियों के इस गिरोह को ठिकाने लगाने में क्यों विफल रही । इसी बीच हिन्दू मल कोट के एस.एच.ओ. मोहन लाल को लाइन हाजिर कर दिया गया है । वह काफी फोर्स लिए बगैर केवल दो कांस्टेबलों को लेकर उग्रवादियों का मुकाबला करने चला गया था ।

घुसपैठिया मारा गया

कल रात हिन्दूमल कोट के सीमांत क्षेत्र में ही अनूपगढ़ के निकट बी.एस.एफ. के चौकस जवानों ने एक पाकिस्तानी घुसपैठिये को उस समय गोलियां मारकर मार डाला जब वह सीमा पार करके भारत में दाखिल हो रहा था ।

मोटर साइकल छीना

बंगा (खोसला): आज प्रातः थाना बंगा के गांव बहराम के निकट दो युवकों ने एक फारैस्ट गार्ड जगदीश कुमार से उसका राजदूत मोटर साइकल छीन लिया ।

मुठभेड़

बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना श्री हरगोबिन्दपुर के गांव मदरा के निकट गत रात बी.एस.एफ. व पुलिस की संयुक्त पार्टी से आतंकवादियों की मुठभेड़ होने का समाचार मिला है ।

पुलिस के आधिकारिक सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार गत रात थाना श्रीहरगोबिन्दपुर के क्षेत्र में विशेष अभियान के तहत बी.एस.एफ. व पुलिस खोजबीन का काम कर रही थी कि गांव मदरा की नहर की पटड़ी पर उनकी 6-7 आतंकवादियों से मुठभेड़ हो गई । दोनों ओर से काफी फायरिंग के पश्चात आतंकवादी अंधेरे व खेतों में खड़ी फसलों के कारण निकल भागे । अधिकारियों ने आगे कहा कि संदेह है कि यह खतरनाक आतंकवादी जगराज सिंह उर्फ तूफान सिंह तूफान का गिरोह था और इन्होंने मुठभेड़ में चीनी ए.के. 47 राइफल का प्रयोग किया है । इन्हें पकड़ने के लिए बी.एस.एफ. व पुलिस तेजी से प्रयास कर रही है ।

ह.स. के अनुसार मुठभेड़ में शामिल उग्रवादियों में जुगराज सिंह के अलावा, बिट्टा, कलवंत सिंह, जतिंदर, बिट्टू मल्ही तथा मंगल सिंह भी थे । यह सभी खालिस्तान कमांडो फोर्स से संबंधित हैं ।

7 शरणदाता गिरफ्तार

गुरदासपुर के एस.एस.पी. श्री पी.एम. दास ने बताया कि आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में 7 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है । उनके नाम बंत सिंह, हरजीत सिंह, अजीत सिंह, वस्सन सिंह, बलकार सिंह, अमरीक सिंह तथा बाबा सिंह बताये गये हैं ।

छात्र की हत्या

अमृतसर (ह.स.): गत रात के बाद अमृतसर जिला में दो वारदातों में दो व्यक्तियों की गोली मारकर हत्या कर दी गई । 4-5 आतंकवादियों के एक ग्रुप ने कल रात यहां मैडीकल कालेज के निकट अंधाधुंध फायरिंग की जिससे तीन मैडीकल छात्र प्रवेश कुमार, सुबा सिंह तथा अमरजीत सिंह घायल हो गए । इनमें से सुबा सिंह की आज गुरु तेग बहादर अस्पताल में मृत्यु हो गई । पुलिस और सुरक्षा बलों की जबरदस्त खोजबीन के बावजूद अपराधी बचकर निकल भागे ।

मित्रों के पास आया हुआ था

वि.प्र. के अनुसार सुबा सिंह मुकेरियां का रहने वाला था और अपने मित्रों अमरजीत सिंह तथा प्रवेश कुमार के पास मैडीकल कालेज होस्टल में ठहरा हुआ था । रात दस बजे के करीब जब यह तीनों सैर करने के लिए कालेज होस्टल से बाहर निकले तो उन पर

(शेष पृष्ठ 6 पर)

punjabi.3@gmail.com

उग्रवादी हथियार छोड़ कर भागे

(पृष्ठ 3 का शेष)

अचानक फायरिंग होने लगी ।

प्रोफैसरों द्वारा कड़ा नोटिस

मैडीकल कालेज अमृतसर के वरिष्ठ प्रोफैसरों की कालेज की प्रिंसीपल किरपाल कौर की अध्यक्षता में आज सायं हुई बैठक में गत रात कालेज परिसर में हुई फायरिंग का कड़ा नोटिस लिया गया । बैठक में सरकार से कालेज परिसर की चार दीवारी ऊंची करने और होस्टल परिसर में प्रवेश पर कड़ी निगरानी का प्रबन्ध करने का अनुरोध किया ।

चंडीगढ़ में एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि अमृतसर में मैडीकल छात्रों पर फायरिंग करने वालों में से दो की पहचान हो गई है । इनके नाम जगदीप सिंह और जगतार सिंह हैं ।

पुलिस को शक है कि इसी गिरोह ने कल रात कांगड़ा कालोनी में परमजीत सिंह से स्कूटर छीना था और उसे गोली मारकर घायल कर दिया था ।

किसान की हत्या

आज सुबह थाना बैरोवाल के गांव सरहाली कलां में दो आतंकवादियों ने एक किसान राणा सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी । राणा सिंह गम्भीर रूप से घायल हो गया था तथा अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मृत्यु हो गई ।

बैंक के रिकार्ड को आग

गत रात लोपोके थाना के गांव कक्कड़ में कुछ अज्ञात लोगों ने यूनाइटिड कमर्शियल बैंक के रिकार्ड को आग लगा दी । पुलिस जिला मजीठा के चीफ श्री राजेन्द्र सिंह ने बताया कि नकदी जलने से बच गई । पुलिस और बैंक के स्टाफ को इस घटना का आज सुबह पता चला । इस संबंध में केस दर्ज करा दिया गया है ।

एक घायल

उग्रवादियों ने गत रात नौशहरा ढाला में गोली मार कर गुरदेव सिंह को घायल कर दिया । गुरदेव गत रात अपने खेतों को पानी दे रहा था, जब दो युवकों ने उस पर फायरिंग की । उसे तुरन्त सिविल अस्पताल पहुचाया गया, जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है ।

50 हजार के जेवर लूटे

आज सायं उग्रवादियों ने जंडियाला पुलिस स्टेशन के गांव सन्हरिया में राम लुभाया के घर से 50 हजार रुपए मूल्य के सोने के जेवर लूट लिए ।

डेहरीवाल में हत्या

रैया (जसपाल): गत रात यहां से बीस किलो मीटर दूर थाना मेहता के गांव डेहरीवाल में 6-7 संदिग्ध सशस्त्र व्यक्तियों द्वारा एक व्यक्ति की गोलियां मारकर हत्या किए जाने की सूचना मिली है । प्राप्त सूचना के अनुसार रात के साढ़े दस बजे के लगभग सशस्त्र व्यक्ति कश्मीर सिंह (25) पुत्र चनन सिंह के घर में घुसे तथा उसको घर में सोए हुए को उठाकर अपने साथ ले गए । गांव से थोड़ी दूर जाकर गांव कालके को जाने वाली सड़क पर उसे गोलियां मारीं जो उसके सिर, मुंह तथा पेट में लगीं और मौके पर ही वह दम तोड़ गया । पुलिस को घटनास्थल पर भिंडरांवाला टाइगर फोर्स के लैटर पैड पर जगरूप सिंह उर्फ बिल्ला द्वारा लिखा गया पत्र मिला है जिसमें मृतक पर आरोप लगाया गया है कि वह सुरजीत सिंह पैंटा के नाम पर छीना-झपटी की वारदातें करता था तथा शराबी था । घटनास्थल पर ए.के. 47 राइफल के चार तथा थामसन गन के 20 चले हुए व एक अनचला कारतूस मिला है । ज्ञात हुआ है कि कश्मीरा सिंह बम्बई में किसी खाद फैक्टरी में काम करता था तथा करीब चार महीने पहले डेहरीवाल गांव में आया था । यहां वह कोई काम नहीं करता था ।

लुधियाना (महिन्द्रा): गत रात्रि ई.एस.आई. अस्पताल के निकट एक शराब ठेका से उग्रवादी नौ हजार रुपए लूट कर ले गए । पुलिस के अनुसार उग्रवादी कार में सवार थे और पिस्तौल दिखा कर शराब ठेका के कर्मचारी से यह धन लूट कर फरार हो गए ।

एक दर्जन हिरासत में

फगवाड़ा (होशि): आज पुलिस अधीक्षक कपूरथला श्री स्वर्ण सिंह के नेतृत्व में सुरक्षा बलों ने फगवाड़ा शहर के अनेक क्षेत्रों व पलाही सहित लगभग आधा दर्जन गांवों में छापे मारे । पता चला है कि सुरक्षा बलों ने एक दर्जन के लगभग नौजवानों को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया ।

मंगल ग्रह 22 सितम्बर को पृथ्वी के निकटतम होगा

हैदराबाद, 20 जुलाई : खगोल शास्त्रियों के अनुसार आगामी 22 सितम्बर को मंगल ग्रह पृथ्वी के निकटतम (सिर्फ 5.80 करोड़ किलोमीटर की दूरी पर) होगा । खगोल विज्ञान में इसे बहुत बड़ी घटना माना जा रहा है । इसके बाद 17 वर्ष तक दोनों के बीच इतनी कम दूरी कभी नहीं होगी ।

नन्द सिंह की गिरफ्तारी के लिए हरियाणा द्वारा सैनिक मुख्यालय से सम्पर्क

चंडीगढ़, 20 जुलाई (ह.स.): हरियाणा सरकार श्रीलंका में भारतीय शांति सेना के एक सदस्य नन्द सिंह उर्फ फौजी को त्रिवेन्द्रम आर्मी क्वार्टर गार्ड से हरियाणा पुलिस के सुपुर्द कराने के लिए सैनिक मुख्यालय नई दिल्ली से सम्पर्क कर रही है । नन्द सिंह उर्फ फौजी हरियाणा पुलिस को 8 मई को पानीपत में हुए नरसंहार में वांछित है । नन्द सिंह को चार अन्य आतंकवादियों के साथ गिरफ्तार किया गया है । नन्द सिंह ने स्वीकार किया था कि उसका पानीपत नरसंहार में हाथ था । अधिकृत सूत्रों के अनुसार नन्द सिंह की गिरफ्तारी हरियाणा सरकार की ओर से तीसरी पंजाब रैजीमैंट को उसके नरसंहार में संलिप्त होने के बारे में विस्तृत रिपोर्ट भेजे जाने के बाद की गई ।

Punjabi Sanjoni

उग्रवादियों द्वारा 5 वर्ष में 400 इंका नेता व वर्करों की हत्या

चंडीगढ़, 20 जुलाई (वि.प्र.): पंजाब में गत 5 वर्ष के दौरान लगभग 400 इंका नेता और वर्कर उग्रवादियों के हाथों मारे जा चुके हैं । यह जानकारी आज यहां पंजाब प्रदेश इंका की ओर से जारी किए गए एक प्रैस नोट में दी गई । प्रैस नोट के अनुसार आज यहां प्रदेश इंका के पदाधिकारियों और जिला इंका समितियों के अध्यक्षों की बैठक श्री बेअंत सिंह की अध्यक्षता में हई जिसमें उन नेताओं और वर्करों को भरपूर श्रद्धांजलि भेंट की गई जिनकी उग्रवादियों ने हत्या कर दी ।

इस बैठक में चंडीगढ़ को पंजाब के हवाले करने की वांछनीयता के बारे विस्तार में विचार-विमर्श हुआ । इसके अतिरिक्त जोधपुर जेल के निर्दोष लोगों की रिहाई और नवम्बर 1984 के दंगों के उत्तरदायी लोगों को सजा देने के मामले पर भी विचार-विमर्श हुआ । बैठक में श्री बेअंत सिंह और उनके अन्य साथी पदाधिकारियों की कारगुजारी पर संतोष व्यक्त किया गया । इस संबंध में पारित प्रस्ताव में कहा गया है कि पंजाब इंका ने अलग-अलग अवसरों पर विशेष रूप से आप्रेशन ब्लैक थंडर के बाद जो जनसम्पर्क अभियान किए, वह संतोषजनक हैं ।

बैठक ने दोहराया कि उग्रवादियों और पृथकतावादियों के विरुद्ध संघर्ष जारी रखा जाएगा । बैठक में आशा व्यक्त की गई कि राज्य सरकार उग्रवादियों और पृथकतावादियों को कुचलने के लिए जरूरी पग उठाएगी । बैठक में इंका और विशेष रूप से पंजाब के लोगों से अपील की गई कि वह देश की एकता और अखंडता के लिए हर तरह का बलिदान देने के लिए तैयार रहे ।

बैठक ने केंद्र और राज्य सरकार से मांग की कि वह इस सीमावर्ती राज्य की आर्थिक हालत सुधारने और बेरोजगार युवकों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक पग उठाए। बैठक में गुरदर्शन सिंह, उजागर सिंह, आत्मा राम आर्य, अर्जुन सिंह, मोहन लाल कौशल, सोहन लाल, अशोक कुमार, बलदेव कृष्ण और जीवन सिंह को श्रद्धांजलि भेंट की गई ।

प्रदेश इंका द्वारा जारी प्रैस नोट में दिलचस्प और उल्लेखनीय बात यह है कि उसके अंत में प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी की पंजाब इंका की अच्छी कारगुजारी बारे मद्रास के अखिल भारतीय इंका के सैशन में दी गई टिप्पणी भी दर्ज है । इंका सूत्रों के अनुसार पंजाब प्रदेश इंका ने आज की बैठक सम्भवतः चुपके से बुलाई । इसमें दरबारा सिंह गुट के सदस्य शामिल नहीं हुए । प्रैस नोट में आज की बैठक में शामिल होने वाले इंका नेताओं के नाम भी दिए गए हैं ।

आज की बैठक में सर्वश्री हंस राज शर्मा, संतोख सिंह रंधावा, हरचरण सिंह बराड़, उमराव सिंह, लाला भगवान दास, दिलबाग सिंह, सतपाल मित्तल, सेवा राम, केवल कृष्ण, हरचरण सेंह हीरो, शमशेर सिंह दुलो, जोगिन्दर सिंह मान, सतपाल पराशर, श्रीमती राजेन्द्र कौर भट्ठल और श्रीमती रत्ना के अतिरिक्त 10 जिला इंका प्रधान भी शामिल हुए । प्रदेश इंका की राजनीति में आज की इस बैठक को काफी महत्व दिया जा रहा है, विशेष रूप से उस समय जबकि दरबारा सिंह गुट ने श्री बेअंत सिंह को अध्यक्ष पद से हटाने का अभियान शुरू कर रखा है ।

ज़िया द्वारा पाक को आम चुनाव क

इस्लामाबाद, 20 जुलाइ : पाकिस्तान के राष्ट्रपति जनरल जिया ने आज कहा कि उनके देश की राष्ट्रीय और प्रांतीय असैम्बलियों के आम चुनाव 16 नवम्बर को होंगे।

जनरल जिया ने आज सुबह सीनेट (उच्च सदन) को सम्बोधित करते हुए यह ऐलान किया । लेकिन उन्होंने यह बात स्पष्ट नहीं की कि राजनीतिक दलों को इन चुनाव में भाग लेने की इजाज़त दी जाएगी या नहीं ? पाकिस्तान से चालीस साल के अस्तित्व काल में यह चौथा आम चुनाव होगा ।

जनरल जिया ने 1985 के आम चुनाव और तीन प्रांतीय असैम्बली के चुनाव गैर दलीय आधार पर कराए थे । राष्ट्रपति जिया ने प्रधानमंत्री मुहम्मद खां जुनेजो की सरकार बर्खास्त करने के बाद 90 दिन में चुनाव कराने का वायदा किया था । लेकिन अब उन्होंने दलील दी है कि संवैधानिक दृष्टि से वह 90 दिन के अन्दर चुनाव की तिथि घोषित करने पर बाध्य हैं, चुनाव कराने के लिए नहीं ।

जनरल जिया के मुखालिफ़ों का ख्याल है कि बेनज़ीर भुट्टो के गर्भवती होने की बात को ध्यान में रख कर ही उन्होंने चुनाव के लिए 16 नवम्बर की तारीख तय की है । इन हालात में पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी बेनज़ीर की मां बेगम नुसरत भुट्टो से अनुरोध कर सकती है कि वह पार्टी के चुनाव

Punjab Archive

2 उग्रवादी ग्रुप संघर्ष में, 2 सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में मारे गए : पंजाब में 9 हत्याएं

मंडी फैंटनगंज जालन्धर हत्याकांड में संलिप्त 2 उग्रवादियों सहित 10 गिरफ्तार

चंडीगढ़, 21 जुलाई (ह.स.): उग्रवादियों ने गत 24 घंटों के दौरान पंजाब के विभिन्न स्थानों में 9 लोगों की हत्या कर दी । सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में 2 और आपसी संघर्ष में 2 उग्रवादी मारे गए । मंडी फैंटनगंज, जालन्धर हत्या कांड में संलिप्त दो उग्रवादियों सहित राज्य भर से 10 उग्रवादी गिरफ्तार किए गए ।

अमृतसर (ह.स.): गत रात उग्रवादियों ने जिला में विभिन्न स्थानों पर चार व्यक्तियों की हत्या कर दी ।

2 की हत्या

रैय्या से 'जसपाल' के अनुसार गत रात यहां से 08 किलो मीटर दूर भागा नामा के गांव सुधार राजपूतां में कुछ सशस्त्र लोगों ने दो व्यक्तियों की हत्या कर दी । घटनास्थल से प्राप्त जानकारी के अनुसार 6-7 उग्रवादी रात लगभग 11 बजे 40 वर्षीय कश्मीर सिंह के घर आए । उस समय कश्मीर सिंह के घर सर्बजीत सिंह, तीर्थ सिंह और मंजीत सिंह शराब पी रहे थे । उग्रवादियों ने चारों को कमरे से बाहर निकाल कर मंजीत सिंह को भाग जाने के लिए कहा । उसके दौड़ जाने के बाद शेष तीनों को उग्रवादी घर से लगभग 100 गज दूर ले गए तथा कश्मीर सिंह और 35 वर्षीय सर्बजीत सिंह के सिर में गोलियां मारीं । दोनों की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । तीसरा व्यक्ति तीर्थ सिंह उग्रवादियों से किसी तरह बच कर भाग गया ।

घटनास्थल से उग्रवादियों द्वारा छोड़े गए पत्र में कहा गया कि बहू-बेटियों की इज्ज़त से खेलने की उन्हें सज़ा दी गई है । पुलिस ने घटनास्थल से 12 बोर के दो चले हुए कारतूस बरामद किए हैं ।

हत्या करके ज़ेवर ले गए

भारत-पाकिस्तान सीमा पर खेमकरण थानांतर्गत मस्तगढ़ गांव में कल रात दस आतंकवादियों के एक गिरोह ने कुलदीप सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में घुसकर उसके चाचा गुरबख्श सिंह की हत्या कर दी । पुलिस सूत्रों के अनुसार आतंकवादी कुलदीप सिंह के घर से सोने के ज़ेवर और नकद 35 हज़ार रुपए लूट ले गए ।

एक अन्य सूचनानुसार गुरबख्श सिंह दलीप सिंह का लड़का था ।

शिक्षक की हत्या

भिखीविंड पुलिस थाने के मनिहाली जयसिंह गांव में प्राथमिक स्कूल के एक शिक्षक कश्मीरा सिंह की चार आतंकवादियों ने गोली मार कर हत्या कर दी ।

7600 रुपए और स्कूटर छीना

दो उग्रवादियों ने गत सायं जी.टी. रोड पर दो भाइयों से 7600 रुपए और उनका स्कूटर छीन लिया । पुलिस के अनुसार दोनों भाई पैट्रोल पम्प से पैसे लेकर अपने घर जा रहे थे कि उग्रवादियों ने उन्हें रोका और सुल्तान विंड की ओर चलने को विवश किया । रास्ते में उनसे रिवाल्वर की नोक पर स्कूटर और उक्त राशि ले गए ।

घायल चल बसा

गुरदासपुर जिले के फतेहगढ़ चूड़ियां पुलिस थाने के घनियां के बांगर गांव से यहां लाकर गुरु तेग बहादुर अस्पताल में दाखिल किए गए एक व्यक्ति गुरमीत सिंह की आज तड़के मृत्यु हो गई । गुरमीत सिंह को कल दो आतंकवादियों ने उसके गांव में गोली मार दी थी ।

फैंटनगंज हत्याकांड में दो गिरफ्तार

जालन्धर (ढल्ल): गत अप्रैल मास में स्थानीय मंडी फैंटनगंज में हुए हत्याकांड, जिसमें सात व्यक्ति मारे गए थे, के दोषी 3 उग्रवादियों में से पुलिस ने दो को गिरफ्तार कर लिया है । तीसरे को नामज़द कर लिया गया है ।

आज यहां पुलिस सूत्रों ने बताया कि यह तीनों उग्रवादी दर्दांत उग्रवादी पैंटा के गिरोह से सम्बद्ध थे । उसी ने इन तीनों को एक कार देकर जालन्धर भेजा था और जालन्धर के मुहल्ला किशनपुरा के देसा सिंह के नाम चिट दी थी, जितने उन तीनों को यहां आने पर शरण दी थी ।

सूत्रों के अनुसार दोनों गिरफ्तार उग्रवादी सुरिन्दर सिंह उर्फ़ काका गांव जो गदली (अमृतसर) कि उग्रवादी हरजिन्दर सिंह जिंदा का गांव है तथा हरप्रीत सिंह उर्फ़ बचित्तर सिंह निवासी जिला गुरदासपुर है । उनके तीसरे साथी का नाम मंगल सिंह निवासी जिला गुरदासपुर बताया गया है ।

सूत्रों के अनुसार सुरिन्दर सिंह ने पूछताछ के दौरान बताया कि वह हत्याकांडों में शामिल नहीं होना चाहता था, मगर उसे उसके सारे परिवार को मार देने की धमकी देकर हिंसक कार्रवाइयों में शामिल किया गया । उसने बताया कि वह पहली बार अपने साथियों के साथ रैय्या के निकट गांव छज्जरवाड़ी में गया था, जहां वह लोग ज्ञान सिंह के लड़के की हत्या करना चाहते थे । मगर जब वह ज्ञान सिंह के घर में गए और चाय आदि पी तब उनके लड़के को देखकर उसने अपने साथियों को उसकी हत्या करने से मना किया था क्योंकि वह उसका परिचित था । मगर उन्होंने उसकी हत्या कर दी । इस पर उसने उनका साथ देना बंद कर दिया मगर जब उन्होंने उक्त धमकी दी तो मैं मजबूरन अन्य आध दर्जन वारदातों में शामिल हुआ ।

पुलिस सूत्रों के अनसार सरिन्दर सिंह ने यह भी बताया कि वह पैंटा द्वारा दी कार में यहां किशनपुरा में देसा सिंह के घर पहुंचे । कार वहां खड़ी कर दी और एक रिक्शा पर मंडी फैंटनगंज को चले, मगर वह रिक्शा दोमोरिया पुल के पास छोड़ दी और पैदल मंडी की ओर गए और सभी रास्तों तथा अन्दर का जायज़ा लिया । फिर वापस देसा सिंह के घर चले गए । इसके अलावा तीन थैले भी खरीदे जिनमें बाद में वारदात के लिए दो ए.के. 47 राइफलें व एक रिवाल्वर डाल कर लाए थे ।

वारदात के लिए लगभग सात बजे सायं देसा सिंह के घर से रिक्शा में निकले । रिक्शा को दोमोरिया पुल के निकट छोड़ कर पैदल मंडी फैंटनगंज में प्रवेश किया और असाल्ट राइफल से अंधाधुंध फ़ायरिंग शुरू कर दी । जब एक युवक ने उसे जफ्फा डाल लिया, तब उसने मंगल सिंह को आवाज़ दी, जिसने उस युवक को गोली मार दी और वह वहीं ढेर हो गया ।

सूत्रों के अनुसार सुरिन्दर सिंह ने यह भी बताया कि वारदात के बाद वह पैदल स्टेशन तक गए । वहां से रिक्शा ली और दोमोरिया पुल से पैदल देसा सिंह के घर पहुंचे, जो उन्हें कार में फगवाड़ा ले गया । वहां से मंगल सिंह रात की गाड़ी द्वारा अमृतसर चला गया जबकि बाकी तीनों एक गुरुद्वारा में ठहरे । दूसरे दिन कार में ही फगवाड़ा से अमृतसर चले गए और पैंटा को कार जा सौंपी ।

पुलिस के अनुसार उसने यह भी बताया कि उन्होंने अपने हथियार कार के दरवाजे के अन्दर की ओर छिपाए हुए थे जबकि चैकिंग के दौरान रास्ते में उनकी डिक्की आदि ही देखी गई थी ।

जिला अमृतसर के गांव सुधार राजपूतां में उग्रवादियों के हाथों मारे गए (1) कश्मीर सिंह और (2) सर्बजीत सिंह, इनसैट में दोनों के पुराने चित्र (छाया : जसपाल) तथा (3) फगवाडा के निकट गांव नगल खेड़ा में मारा गया 60 वर्षीय व्यक्ति ठाकुर राम । (छाया : कौड़ा, अल्पना)

ज़ेवर लूटे

'ह.स.' के अनुसार गत रात बंगा पुलिस स्टेशन के गांव मतवाली में अमृतपाल के घर से चार उग्रवादियों ने पिस्तौल की नोक पर 50 ग्राम सोने के ज़ेवर और एक हज़ार रुपए लूट लिए । जाने से पूर्व उग्रवादियों ने घर के सभी सदस्यों को एक कमरे में बंद कर दिया ।

घर में घुस कर हत्या

बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना फतेहगढ़ चूड़ियां के गांव घनिए के बांगर में गत रात 3 सशस्त्र अज्ञात युवकों ने घर में घुस कर एक व्यक्ति गुरमेज सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

आतंकवादियों को उखाड़ फैंकने के लिये केंद्र सरकार से ठोस कदम उठाने का आग्रह

अमृतसर, 21 जुलाई (ह.स.) : भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने पंजाब से आतंकवाद को उखाड़ फैंकने के लिए केंद्र सरकार से कड़े और ठोस कदम उठाने का आग्रह किया है ।

यहां जिला अदालत के सामने कल दोनों दलों के वक्ताओं ने राजीव सरकार से पंजाब समस्या का समाधान राजीव-लौंगोवाल समझौते के अनुरूप करने की मांग की तथा इसके लिए सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग की ।

उनकी सम्पत्ति लूटी जा रही है ।

जेल से भागे 5 में से 2 अभियुक्त गिरफ्तार

जम्मू, 21 जुलाई (सच्चर): ऊधमपुर जेल से जो पांच खतरनाक अभियुक्त गत दिवस भाग गए थे, उनमें से दो को पुलिस की एक विशेष टीम ने श्री प्रभात सिंह के नेतृत्व में गिरफ्तार कर लिया है । जिन दो को पकड़ा गया है, उनमें अशोक कुमार उर्फ शोका और रंजन कुमार शामिल हैं । शेष तीन अभी फरार हैं ।

Punjab Sahan

उग्रवादी मरे ...
(पृष्ठ 3 का शेष)

एस.एस.पी. श्री एस.एम. शर्मा ने बताया कि हत्यारों ने चीनी असाल्ट राइफल ए.के.-47 प्रयुक्त की है । मृतक गुरमेज सिंह गम्भीर घायल हुआ था, उसे तुरन्त अमृतसर अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मृत्यु हो गई । श्री शर्मा बी.एस.एफ. व पुलिस अधिकारियों सहित घटनास्थल पर चले गए हैं व अलग-अलग गांवों में खोजबीन की जा रही है ।

एक गिरफ़्तार

श्री शर्मा ने बताया कि थाना डेरा बाबा नानक पुलिस ने गांव अटवाल के एक संदिग्ध युवक सुरिन्द्र सिंह को गिरफ्तार करके उससे एक 32 बोर का रिवाल्वर व कुछ गोलियां बरामद की हैं ।

मुठभेड़ के बाद गिरफ़्तार

श्री शर्मा ने बताया कि थाना सदर बटाला पुलिस ने आज तड़के गांव चौधरीवाल के निकट संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद एक संदिग्ध युवक गुदरेव सिंह को गिरफ्तार करके उससे एक पिस्तौल व कुछ चले-अनचले कारतूस बरामद किए हैं ।

श्री शर्मा ने कहा कि प्रारम्भिक पूछताछ के दौरान उसने स्वीकार किया है कि उसने 5 सितम्बर 1987 को गांव खबे राजपूतां में पाल सिंह व वीर सिंह की हत्या की थी व एक अन्य को घायल किया था ।

डेरे में हत्या

थाना श्री हरगोबिन्दपुर के गांव भाम के निकट एक डेरे में सो रहे एक व्यक्ति शिंगारा सिंह उर्फ़ रामजी महंत की कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार यह हत्या सिर में लकड़ी की कोई भारी चीज से प्रहार करके की गई । अब तक की जांच से पता चला है कि यह उग्रवाद की घटना नहीं है । प्राप्त विवरणानुसार हत्या रात को हुई, परन्तु पुलिस को आज काफी देर से सूचना मिली ।

एक की हत्या

फगवाड़ा (कौड़ा): गत रात्रि कुछ संदिग्ध उग्रवादियों ने यहां से 5 किलो मीटर दूर गांव नंगल खेड़ा में खेतों में बनी अपनी हवेली में सो रहे 50 वर्षीय हरिजन ठाकुर दास की गोलियां मार कर हत्या कर दी । आज प्रातः जब उसकी पत्नवधू अवतार कौर पशुओं को चारा डालने के लिए वहां गई तो उसने अपने ससुर को गोलियों से छलनी व लहूलुहान हालत में हवेली में मृत पाया । उसने तत्काल अपने देवर गरीब दास को घर से बुलाया व सदर पुलिस फगवाड़ा को पूरे मामले से अवगत कराया । पुलिस ने शव कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है । शव आज स्थानीय अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद वारिसों को सौंप दिया गया । सुरक्षा बलों ने इस संदर्भ में कई स्थानों पर छापे मारे परन्तु कोई संदिग्ध व्यक्ति हिरासत में नहीं लिया जा सका ।

मुठभेड़ में 2 मरे

संगरूर (ह.स.): संगरूर जिला में दड़बा मंडी के निकट कल रात सुरक्षा बलों के साथ हुई एक मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए तथा तीन अन्य घायल हो गए ।

आपसी लड़ाई में दो मरे

फरीदकोट (ह.स., मित्तल): आतंकवादियों के दो गुटों के बीच हुए संघर्ष में दो आतंकवादी मारे गए । इन आतंकवादियों के नाम रशपाल सिंह तथा गुरसेवक सिंह बताए गए हैं । फरीदकोट जिले के महरों गांव से आज प्रातः दोनों के गोलियों से छलनी शव मिले ।

6 गिरफ्तार

सुरक्षा बल ने कुछ खूंखार आतंकवादियों सहित करीब आधा दर्जन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है । उनके पास से हथियार एवं उनकी गोलियां बरामद की गईं ।

महिला सहित 8 गिरफ्तार

पटियाला (भूषण): पटियाला जिला में गिरफ्तार 8 उग्रवादियों में जिला कपूरथला के गांव बेगोवाल निवासी जगीर सिंह की पत्नी बलविंदर कौर भी शामिल है । वह उग्रवादियों को हथियार पहुंचाने का काम करती थी । उसके कब्जे से चीनी असाल्ट राइफल के 25 कारतूस बरामद हुए हैं । उसे सरहद के जसवंत सिंह उर्फ़ पप्पू और राजपुरा पुलिस स्टेशन के गांव बसंतपुरा निवासी गुरदीप से पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारी के समय वह उक्त कारतूस उग्रवादियों को सप्लाई करने जा रही थी ।

सुरक्षा बलों ने जसवंत सिंह से एक पिस्तौल, 20 कारतूस और एक छीना हुआ स्कूटर बरामद किया है । इनके अतिरिक्त राजपुरा के मान सिंह व उसका लड़का राजबेग सिंह माछीयां गांव का दलजीत सिंह व जरनैल सिंह, अमलोह पुलिस स्टेशन के गांव बीर के दरबारा सिंह को गिरफ्तार किया गया है । मान सिंह और उसका लड़का बहुत से शराब के ठेकों से पैसे लूटने की वारदातों में संलिप्त बताए गए हैं । दलजीत से एक दोनाली बंदूक और दरबारा सिंह से एक पिस्तौल बरामद हुआ ।

विधायक का लड़का लूटा

हिमाचल के एक विधायक के लड़के श्री देवराज, जो होशियारपुर से जालंधर जा रहे थे, को दो अज्ञात युवकों ने लूट लिया । प्राप्त समाचार के अनुसार उक्त युवकों ने उन्हें बांध कर गाड़ी के शौचालय में बंद कर लिया और उनका सूटकेस लेकर फरार हो गए । सूटकेस में दस हजार रुपए थे । जालंधर पहुंचने पर श्री देवराज को रेलवे पुलिस ने शौचालय से निकाला ।

जालन्धर से प्राप्त सूचनानुसार देवराज हिमाचल के एक भूतपूर्व विधायक का लड़का है । रेलवे सूत्रों के अनुसार देवराज, जो हिमाचल में शाह तलाई के निकट एक दुकान चलाते हैं, होशियारपुर तक बस में आए और वहां से साधारण गाड़ी में जालन्धर के लिए रवाना हुए । जालन्धर के निकट ही जब वह शौचालय गए तो उनके साथ यात्रा कर रहे दो व्यक्ति बलातू शौचालय का दरवाजा खोल उसमें घुस गए तथा देवराज के हाथ पीछे को बांध दिए ।

सूत्रों के अनुसार देवराज को अर्द्ध चेतन अवस्था में शौचालय से निकाल कर अस्पताल भेजा गया, जहां से उन्हें आज छुट्टी दे दी गई ।

सरपंच सहित दो की हत्या

उग्रवादियों ने आज रात नकोदर पुलिस स्टेशन के गांव भीरां में एक सरपंच सहित दो व्यक्तियों की हत्या कर दी । पुलिस सूत्रों के अनुसार दोनों एक ठेके पर शराब पी रहे थे कि स्टेनगन से लैस उग्रवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग करके उनकी हत्या कर दी । मृतकों की शिनाख्त मुंध गांव के सरपंच पाला और दूसरे की मोहिन्दर सिंह के रूप में की गई है । सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए ।

एक अन्य सूचनानुसार वे जालन्धर-नकोदर सड़क पर गांव गोहीर के ठेके पर शराब पी रहे थे ।

बलात्कार का प्रयास : डाक्टर गिरफ्तार

जम्मू, 21 जुलाई (सच्चर): सिटी पुलिस ने स्थानीय एस.जी.एम.एस. अस्पताल में एक रोगी की देखभाल कर रही लड़की से बलात्कार करने के प्रयास के आरोप में एक हाऊस सर्जन को गिरफ्तार किया है ।

17 वर्षीय बब्ली ने पुलिस को दिए बयान में कहा कि डाक्टर मित्रांजन गुप्ता ने उसके पिता के खून की रिपोर्ट पर बात करने के बहाने अपने कमरे में बुलाया और वहां उससे बलात्कार का प्रयास किया । गिरफ्तार डाक्टर की आज जमानत नहीं हो सकी ।

डाक्टर ने पुलिस को बताया कि लड़की स्वयं उसे फुसलाने के लिए उसके कमरे में गई । बताया जाता है कि अस्पताल के स्टाफ में गुटबंदी ने इस मामले को तूल दी है ।

मंड क्षेत्र ...
(पृष्ठ 3 का शेष)

खड़ूर साहब के दौरे के दौरान कई गांवों के लोग जो अपना नाम पता नहीं लिखवाना चाहते थे, ने कहा है कि खड़ूर साहब क्षेत्र में अवतार सिंह ब्रह्मा और खतरनाक उग्रवादी पहाड़ सिंह पहाड़ के ग्रुप सक्रिय हैं । ये ग्रुप खुलेआम असला लेकर गांवों में आते हैं और धन व हथियार लूटकर शाम को निकल जाते हैं । गांव के लोगों ने बताया है कि पुलिस एवं सुरक्षा बलों से गुरमुख सिंह नहीं सुधर रहे लेकिन भी आंखें

क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 21.7.88, 58/- without trays. NECC Suggested Retail Price 7.80/- per Dozen.

हकलाना

सावधान : हमसे इलाज करवा कर गए कुछ लड़कों ने हरियाणा, यू.पी., राजस्थान में नकली स्कूल खोले हुए हैं । वहां सही इलाज नहीं हो रहा, कहीं बाद में आपको पछताना न पड़े । पब्लिक स्पीकिंग इंस्टीच्यूट, टाऊन मनीमाजरा, चंडीगढ़ ।

(JD)

जैनरेटर बिकाऊ

एक से बीस किलोवाट तक । आल्टरनेटर्स और इंजनस भी । सैल्फ/हैंडल स्टार्ट । कनिष्का, 177, राम दरबार, चंडीगढ़ । फोन : 22177.

रोज़गार

सरकारी नौकरी/रोज़गार के इच्छुक अपनी योग्यता/आयु लिखें : Principal, Rozgar Guidance Institute, Ambala City.

(JDC)

किराए पर

खाली मकान किराए या बिक्री के लिए उपलब्ध

उग्रवादियों द्वारा तरना दल के 5 निहंगों सहित 16 की हत्या

बटाला में बारूदी सुरंग बिछा कर सुरक्षा बल के जवानों की सामूहिक हत्या का प्रयास

मुठभेड़ में 1 उग्रवादी मरा, 2 को लोगों ने पीट-पीट कर मार डाला

चंडीगढ़, 22 जुलाई (ह.स.): उग्रवादियों ने गत 24 घंटों के दौरान 16 व्यक्तियों की हत्या कर दी । मृतकों में तरना दल के 5 निहंग और दो महिलाएं भी शामिल हैं । बटाला क्षेत्र में उग्रवादियों ने बारूदी सुरंग बिछा कर सुरक्षा बलों के जवानों की सामूहिक हत्या का प्रयास किया । सुरक्षा बलों व पुलिस ने पंजाब भर के विभिन्न स्थानों से कई उग्रवादियों को गिरफ्तार करके उनसे भारी मात्रा में हथियार व गोली-सिक्का बरामद किया,जबकि एक उग्रवादी मुठभेड़ में मारा गया ।

5 निहंगों की हत्या

अमृतसर (वि.प्र., ह.स.): पुलिस नियंत्रण कक्ष के अनुसार तरना दल के पांच निहंगों की हत्या यहां से 45 किलोमीटर दूर बाबा बकाला-बटाला मुख्य मार्ग पर स्थित गुरुद्वारा सिंह वाला में की गई ।

प्राप्त विवरण के अनुसार रात लगभग 11 बजे 6-7 उग्रवादी गुरुद्वारे में दाखिल हुए और अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी । परिणामस्वरूप टोहरा सिंह, सतनाम सिंह, स्वर्ण सिंह, बिट्टा और राणा की मृत्यु हो गई । घटनास्थल से खालिस्तान कमांडो फोर्स की ओर से लिखा पत्र बरामद हुआ है जिसमें कहा गया है कि यह निहंग पुलिस के मुखबिर थे । गुरुद्वारे से जाते समय उग्रवादियों ने 'खालिस्तान जिंदाबाद' के नारे भी लगाए ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार निहंगों की हत्या का कारण उनकी उग्रवादियों से पुरानी शत्रुता है । वास्तव में तरना दल उग्रवादियों के प्रति सहानुभूति रखता था और इनके नेता सुखा सिंह को सुरक्षा बलों ने गिरफ्तार करके उससे काफी मात्रा में हथियार व गोली-सिक्का भी बरामद किया था । निहंगों की उग्रवादियों से शत्रुता उस समय शुरू हुई, जब उग्रवादियों ने उनके चीफ बाबा काहन सिंह की हत्या कर दी थी ।

मारे गये निहंगों में एक सात साल का बच्चा भी शामिल है ।

ज्ञातव्य है कि बब्बर खालसा गुट के चार आतंकवादियों की हाल ही में निहंगों ने उस समय गोली मार कर हत्या कर दी जब उन्होंने जंडियाला क्षेत्र में एक धार्मिक डेरे पर हमला किया था ।

बताया जाता है कि तरण निहंगों ने कुछ वर्ष पहले एक खूंखार आतंकवादी सुखदेव सिंह सखीरा को गोली से उड़ा दिया था और तब से आतंकवादी उनके डेरे पर हमले करते रहे हैं ।

बाबा बकाला से अशोक, प्रेमा और रैय्या से जसपाल के अनुसार मृतकों में एक निहंग निशान साहब के पास सोया हुआ था । इस डेरे का प्रमुख निहंग सुक्खा सिंह है,जो वारदात के समय वहां नहीं था । पता चला है कि इन निहंगों के पास भी हथियार हैं,जो वारदात के समय उनके पास नहीं थे । पुलिस को घटनास्थल से ए.के.-47 राइफल के खाली कारतूस मिले हैं । घटनास्थल से मिली चिट्ठी पर सुखदेव सिंह झामका, तरसेम सिंह सिधवा और सुखविन्दर सिंह के हस्ताक्षर हैं । इसमें निहंग अजीत सिंह को चेतावनी दी गई है कि वह जहां चाहे उससे निपटा जा सकता है ।

कायरतापूर्ण कार्रवाई

श्री सुखदेव सिंह, जो सूचना मिलते ही गुरुद्वारा पहुंचे, ने वहां गए पत्रकारों को बताया कि वह और उनके साथी निहंग चीफ बाबा अजीत सिंह के समर्थक हैं ।

श्री सुखदेव सिंह और एक अन्य निहंग जत्थेदार हरजिंदर सिंह खंबोवाल ने उग्रवादियों की इस कार्रवाई को कायरतापूर्ण बताया । उन्होंने कहा कि निर्दोष व्यक्तियों, बच्चों और महिलाओं की हत्याएं करने वालों को सिख नहीं कहा जा सकता ।

बदला लेंगे

दोनों निहंग नेताओं ने उग्रवादियों से बदला लेने की घोषणा की और इन कायरों से कहा कि वह उनसे खुले में आकर सीधा टकराव लें ।

ग्रामीणों ने उग्रवादी मारे

अमृतसर से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार झब्बाल पुलिस स्टेशन के गांव पंडोरी तख्त में ग्रामीणों ने दो उग्रवादियों को पीट-पीट कर मार डाला । प्राप्त विवरण के अनुसार चार उग्रवादी एक महिला के घर में घुसे । महिला ने शोर मचा दिया । जिस पर गांव के लोग इकट्ठे हो गए और उन्होंने उग्रवादियों को पकड़ कर उनकी पिटाई शुरू कर दी । दो उग्रवादी बच निकलने में सफल हो गए । मारे गए उग्रवादियों में से एक की शिनाख्त भाग सिंह के रूप में की गई है । दूसरे मृतक का नाम बलबीर सिंह बताया जाता है ।

दो महिलाओं सहित तीन की हत्या

थाना मेहता के एक गांव शेरो पड़ा में गत रात पौने ग्यारह बजे दो उग्रवादी जरनैल सिंह के घर में घुस गए और उसकी पत्नी अमरजीत कौर की हत्या कर दी । इसके बाद उग्रवादियों ने इसी गांव की एक महिला जोगिन्दर कौर पत्नी कलवन्त सिंह और एक मजहबी सिंह लड़के पूर्ण सिंह की भी गोलियां मारकर हत्या कर दी । घटनास्थल से मिली चिट्ठी में महिलाओं की हत्या का कारण यह बताया गया है कि उनका चरित्र ठीक नहीं था ।

दो शव मिले

थाना मेहता के ही एक अन्य गांव चुगावां के निकट खेतों में गोलियों से छलनी दो शव मिले हैं । उनकी शिनाख्त छिंदा उर्फ शिवराज और कुलदीप सिंह के रूप में की गई है । इन दोनों की आयु 20-22 वर्ष के बीच बताई गई है ।

प्राप्त विवरण के अनुसार तीन उग्रवादी कुलदीप सिंह के घर गए और उसे साथ लेकर गांव चुगावां गए । वहां उन्होंने कुलदीप से कहा कि वह शिवराज सिंह उर्फ़ शिब्ब को घर से बुला कर लाए । शिब्ब के बाहर आने के बाद उग्रवादी दोनों को लगभग सौ गज दूर खेतों में ले गए और गोलियां मार कर हत्या कर दी । निकटवर्ती पुलिस चौकी से पुलिस ने हवाई फायर किए परन्तु उग्रवादी फरार हो गए । इस वारदात की जिम्मेवारी 'बब्बर खालसा' के सुखविन्दर सिंह बराड़ ने ली है और कहा है कि ये दोनों उनके संगठन के नाम पर वारदातें करके बदनाम कर रहे थे ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार मेहता चौक क्षेत्र में हुई तीनों वारदातें एक ही गिरोह ने की हैं । वारदातों की सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारी घटनास्थलों की ओर रवाना हो गए ।

एक की हत्या

थाना भिखीविंड के गांव भाई लद्दो में एक व्यक्ति उत्तम सिंह की हत्या कर दी गई ।

तीन गिरफ्तार

इसी बीच पुलिस ने उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में तीन व्यक्तियों गांव संदरा के सरपंच जगीर सिंह के अतिरिक्त बिरसा सिंह और उसके लड़के हरभजन सिंह को गिरफ्तार किया है ।

उग्रवादी भी मरा

जिला अमृतसर के गांव मनियाली में उग्रवादियों ने गत दिवस जिस शिक्षक कश्मीरा सिंह की हत्या कर दी थी, उस समय फायरिंग के दौरान एक उग्रवादी रेशम सिंह भी अपने साथियों की गोलियों से मारा गया । उसका शव गत रात खेतों में पड़ा मिला ।

शिक्षक ने साहस दिखाया

तरनतारन पुलिस जिला के चीफ श्री संजीव गुप्ता ने आज यहां एक प्रैस बयान में बताया कि गत दिवस उग्रवादियों के हाथों मारे गए अध्यापक कश्मीरा सिंह ने बहुत साहस दिखाया । उसने उग्रवादियों के एक साथी को जफ्फा मार लिया । उसे छुड़ाने में असफल रहने पर अन्य उग्रवादियों ने दोनों की हत्या कर दी । श्री कश्मीरा सिंह की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई जबकि उग्रवादी रेशम सिंह गम्भीर रूप से घायलावस्था में कुछ दूर खेतों में जाकर दम तोड़ गया ।

पुरस्कार की सिफारिश

श्री गुप्ता ने बताया कि मृतक अध्यापक के परिवार को विशेष पुरस्कार देने की सिफारिश की गई है ।

दो की हत्या

थाना लोपोके के गांव छिद्दर्वां में गत रात उग्रवादियों ने दो व्यक्तियों की गोली मारकर हत्या कर दी ।

जगजीत-गुलजार की हत्या

थाना जंडियाला के गांव किला जीवन सिंह में उग्रवादियों ने गोलियां मारकर जगजीत सिंह और गुलजार सिंह की हत्या कर दी ।

हैडमास्टर की हत्या

इसी थाना के गांव छज्जलवाडी में स्कूल के

(शेष पृष्ठ 10 पर)

मरे, 3 बसें, 1 सड़कें अवरुद्ध

भारी वर्षा से सभी नदियों और नालों में बाढ़ आई हुई है तथा कई स्थानों पर सड़क यातायात अवरुद्ध हो गया है । गत एक सप्ताह में मकान गिरने से कम से कम 14 व्यक्ति मर गये हैं और सैंकड़ों मवेशी बह गए हैं ।

जम्मू शहर में आज तवी के पुल पर भारी वाहनों का आवागमन 6 घंटे से अधिक समय तक बंद रहा और लोगों से अपील की गई कि वे बाढ़ का पानी देखने के लिए पुल पर जमा न हों । शहर के कई

(शेष पृष्ठ 10 पर)

उग्रवादियों द्वारा तरना दल के 5 निहंगों सहित 16 की हत्या

बटाला में बारूदी सुरंग बिछा कर सुरक्षा बल के जवानों की सामूहिक हत्या का प्रयास

मुठभेड़ में 1 उग्रवादी मरा, 2 को लोगों ने पीट-पीट कर मार डाला

चंडीगढ़, 22 जुलाई (ह.स.): उग्रवादियों ने गत 24 घंटों के दौरान 16 व्यक्तियों की हत्या कर दी । मृतकों में तरना दल के 5 निहंग और दो महिलाएं भी शामिल हैं । बटाला क्षेत्र में उग्रवादियों ने बारूदी सुरंग बिछा कर सुरक्षा बलों के जवानों की सामूहिक हत्या का प्रयास किया । सुरक्षा बलों व पुलिस ने पंजाब भर के विभिन्न स्थानों से कई उग्रवादियों को गिरफ्तार करके उनसे भारी मात्रा में हथियार व गोली-सिक्का बरामद किया,जबकि एक उग्रवादी मुठभेड़ में मारा गया ।

5 निहंगों की हत्या

अमृतसर (वि.प्र., ह.स.): पुलिस नियंत्रण कक्ष के अनुसार तरना दल के पांच निहंगों की हत्या यहां से 45 किलोमीटर दूर बाबा बकाला-बटाला मुख्य मार्ग पर स्थित गुरुद्वारा सिंह वाला में की गई ।

प्राप्त विवरण के अनुसार रात लगभग 11 बजे 6-7 उग्रवादी गुरुद्वारे में दाखिल हुए और अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी । परिणामस्वरूप टोहरा सिंह, सतनाम सिंह, स्वर्ण सिंह, बिट्टा और राणा की मृत्यु हो गई । घटनास्थल से खालिस्तान कमांडो फोर्स की ओर से लिखा पत्र बरामद हुआ है जिसमें कहा गया है कि यह निहंग पुलिस के मुखबिर थे । गुरुद्वारे से जाते समय उग्रवादियों ने 'खालिस्तान जिंदाबाद' के नारे भी लगाए ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार निहंगों की हत्या का कारण उनकी उग्रवादियों से पुरानी शत्रुता है । वास्तव में तरना दल उग्रवादियों के प्रति सहानुभूति रखता था और इनके नेता सुखा सिंह को सुरक्षाबलों ने गिरफ्तार करके उससे काफी मात्रा में हथियार व गोली-सिक्का भी बरामद किया था । निहंगों की उग्रवादियों से शत्रुता उस समय शुरू हुई जब उग्रवादियों ने उनके चीफ बाबा काहन सिंह की हत्या कर दी थी ।

मारे गये निहंगों में एक सात साल का बच्चा भी शामिल है ।

ज्ञातव्य है कि बब्बर खालसा गुट के चार आतंकवादियों की हाल ही में निहंगों ने उस समय गोली मार कर हत्या कर दी जब उन्होंने जंडियाला क्षेत्र में एक धार्मिक डेरे पर हमला किया था ।

बताया जाता है कि तरण निहंगों ने कुछ वर्ष पहले एक खूंखार आतंकवादी सुखदेव सिंह सखीरा को गोली से उड़ा दिया था और तब से आतंकवादी उनके डेरे पर हमले करते रहे हैं ।

बाबा बकाला से अशोक, प्रेमा और रैय्या से जसपाल के अनुसार मृतकों में एक निहंग निशान साहब के पास सोया हुआ था । इस डेरे का प्रमुख निहंग सुक्खा सिंह है,जो वारदात के समय वहां नहीं था । पता चला है कि इन निहंगों के पास भी हथियार हैं,जो वारदात के समय उनके पास नहीं थे । पुलिस को घटनास्थल से ए.के.-47 राइफल के खाली कारतूस मिले हैं । घटनास्थल से मिली चिट्ठी पर सुखदेव सिंह झामका, तरसेम सिंह सिधवां और सुखविन्दर सिंह के हस्ताक्षर हैं । इसमें निहंग अजीत सिंह को चेतावनी दी गई है कि वह जहां चाहे उससे निपटा जा सकता है ।

कायरतापूर्ण कार्रवाई

श्री सुखदेव सिंह, जो सूचना मिलते ही गुरुद्वारा पहुंचे, ने वहां गए पत्रकारों को बताया कि वह और उनके साथी निहंग चीफ बाबा अजीत सिंह के समर्थक हैं ।

श्री सुखदेव सिंह और एक अन्य निहंग जत्थेदार हरजिंदर सिंह थबोवाल ने उग्रवादियों की इस कार्रवाई को कायरतापूर्ण बताया । उन्होंने कहा कि निर्दोष व्यक्तियों, बच्चों और महिलाओं की हत्याएं करने वालों को सिख नहीं कहा जा सकता ।

बदला लेंगे

दोनों निहंग नेताओं ने उग्रवादियों से बदला लेने की घोषणा की और इन कायरों से कहा कि वह उनसे खुले में आकर सीधा टकराव लें ।

ग्रामीणों ने उग्रवादी मारे

अमृतसर से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार झब्बाल पुलिस स्टेशन के गांव पंडोरी तख्त में ग्रामीणों ने दो उग्रवादियों को पीट-पीट कर मार डाला । प्राप्त विवरण के अनुसार चार उग्रवादी एक महिला के घर में घुसे । महिला ने शोर मचा दिया । जिस पर गांव के लोग इकट्ठे हो गए और उन्होंने उग्रवादियों को पकड़ कर उनकी पिटाई शुरू कर दी । दो उग्रवादी बच निकलने में सफल हो गए । मारे गए उग्रवादियों में से एक की शिनाख्त भाग सिंह के रूप में की गई है । दूसरे मृतक का नाम बलबीर सिंह बताया जाता है ।

दो महिलाओं सहित तीन की हत्या

थाना मेहता के एक गांव शेरो पड़ा में गत रात पौने ग्यारह बजे दो उग्रवादी जरनैल सिंह के घर में घुस गए और उसकी पत्नी अमरजीत कौर की हत्या कर दी । इसके बाद उग्रवादियों ने इसी गांव की एक महिला जोगिन्दर कौर पत्नी कलवन्त सिंह और एक मजहबी सिंह लड़के पूर्ण सिंह की भी गोलियां मारकर हत्या कर दी । घटनास्थल से मिली चिट्ठी में महिलाओं की हत्या का कारण यह बताया गया है कि उनका चरित्र ठीक नहीं था ।

दो शव मिले

थाना मेहता के ही एक अन्य गांव चुगावां के निकट खेतों में गोलियों से छलनी दो शव मिले हैं । उनकी शिनाख्त छिंदा उर्फ शिवराज और कुलदीप सिंह के रूप में की गई है । इन दोनों की आयु 20-22 वर्ष के बीच बताई गई है ।

प्राप्त विवरण के अनुसार तीन उग्रवादी कुलदीप सिंह के घर गए और उसे साथ लेकर गांव चुगावां गए । वहां उन्होंने कुलदीप से कहा कि वह शिवराज सिंह उर्फ़ शिब्बू को घर से बुला कर लाए । शिब्बू के बाहर आने के बाद उग्रवादी दोनों को लगभग सौ गज दूर खेतों में ले गए और गोलियां मार कर हत्या कर दी । निकटवर्ती पुलिस चौकी से पुलिस ने हवाई फायर किए परन्तु उग्रवादी फरार हो गए । इस वारदात की जिम्मेवारी 'बब्बर खालसा' के सुखविन्दर सिंह बराड़ ने ली है और कहा है कि ये दोनों उनके संगठन के नाम पर वारदातें करके बदनाम कर रहे थे ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार मेहता चौक क्षेत्र में हुई तीनों वारदातें एक ही गिरोह ने की हैं । वारदातों की सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारी घटनास्थलों की ओर रवाना हो गए ।

एक की हत्या

थाना भिखीविंड के गांव भाई लद्दो में एक व्यक्ति उत्तम सिंह की हत्या कर दी गई ।

तीन गिरफ्तार

इसी बीच पुलिस ने उग्रवादियों को शरण देने के आरोप में तीन व्यक्तियों गांव संदरा के सरपंच जगीर सिंह के अतिरिक्त विरसा सिंह और उसके लड़के हरभजन सिंह को गिरफ्तार किया है ।

उग्रवादी भी मरा

जिला अमृतसर के गांव मनियाली में उग्रवादियों ने गत दिवस जिस शिक्षक कश्मीरा सिंह की हत्या कर दी थी, उस समय फायरिंग के दौरान एक उग्रवादी रेशम सिंह भी अपने साथियों की गोलियों से मारा गया । उसका शव गत रात खेतों में पड़ा मिला ।

शिक्षक ने साहस दिखाया

तरनतारन पुलिस जिला के चीफ श्री संजीव गुप्ता ने आज यहां एक प्रैस बयान में बताया कि गत दिवस उग्रवादियों के हाथों मारे गए अध्यापक कश्मीरा सिंह ने बहुत साहस दिखाया । उसने उग्रवादियों के एक साथी को जफ्फा मार लिया । उसे छुड़ाने में असफल रहने पर अन्य उग्रवादियों ने दोनों की हत्या कर दी । श्री कश्मीरा सिंह की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई जबकि उग्रवादी रेशम सिंह गम्भीर रूप से घायलावस्था में कुछ दूर खेतों में जाकर दम तोड़ गया ।

पुरस्कार की सिफारिश

श्री गुप्ता ने बताया कि मृतक अध्यापक के परिवार को विशेष पुरस्कार देने की सिफारिश की गई है ।

दो की हत्या

थाना लोपोके के गांव छिद्दर्द में गत रात उग्रवादियों ने दो व्यक्तियों की गोली मारकर हत्या कर दी ।

जगजीत-गुलजार की हत्या

थाना जंडियाला के गांव किला जीवन सिंह में उग्रवादियों ने गोलियां मारकर जगजीत सिंह और गुलजार सिंह की हत्या कर दी ।

हैडमास्टर की हत्या

इसी थाना के गांव छज्जलवाडी में स्कूल के

(शेष पृष्ठ 10 पर)

मरे, 3 बसें, 1 ई सड़कें अवरुद्ध

भारी वर्षा से सभी नदियों और नालों में बाढ़ आई हुई है तथा कई स्थानों पर सड़क यातायात अवरुद्ध हो गया है । गत एक सप्ताह में मकान गिरने से कम से कम 14 व्यक्ति मर गये हैं और सैंकड़ों मवेशी बह गए हैं ।

जम्मू शहर में आज तवी के पुल पर भारी वाहनों का आवागमन 6 घंटे से अधिक समय तक बंद रहा और लोगों से अपील की गई कि वे बाढ़ का पानी देखने के लिए पुल पर जमा न हों । शहर के कई

(शेष पृष्ठ 10 पर)

Punjab Sonation

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 1 का शेष)

हैडमास्टर रूप चन्द की गोलियां मारकर हत्या कर दी गई ।

हैडमास्टर रूप चंद आज प्रातः साढ़े 11 बजे स्कूल की आडिट बुक पर नोट लिख कर कि मैं पैसे जमा कराने जा रहा हूं, स्कूल से बाहर निकले । अभी वह स्कूल से लगभग 30 मीटर दूर ही पहुंचे थे कि खेतों से दो उग्रवादियों ने उन पर फायरिंग कर दी । घटनास्थल से 455 बोर के 6 खाली कारतूस बरामद हुए हैं । श्री रूप चंद जडियाला गुरु के निवासी थे ।

शिक्षकों की रोष हड़ताल

सरकारी अध्यापक यूनियन ने उग्रवादियों द्वारा आज हैडमास्टर रूप चंद और गत दिवस दो अन्य मास्टरों की हत्या किए जाने के रोषस्वरूप जिला-भर के सभी प्राइमरी, मिडल, हाई और हायर सैकेंडरी स्कूलों में 25 जुलाई को हड़ताल करने का आह्वान किया है ।

यूनियन के सैक्रेटरी ने एक बयान में कहा कि अध्यापक जिला शिक्षाधिकारी के कार्यालय के बाहर रैली करके अध्यापकों को सुरक्षा प्रदान किए जाने की मांग करेंगे । बयान में कहा गया कि जिला में अब तक तीस अध्यापक उग्रवाद का शिकार हो चुके हैं ।

रिश्तेदार भी घायल

जालन्धर (ह.स.): कल रात जालन्धर जिले में हुई गोलीबारी की घटना का ब्यौरा देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने आज बताया कि इस घटना में मृत सरपंच पाला सिंह के तीन रिश्तेदार भी, उनके ऊपर एक तिपहिया स्कूटर चढ़ने से घायल हो गए ।

प्रवक्ता ने बताया कि स्कूटर सवार दो आतंकवादियों ने पाला सिंह और मौहिन्दर सिंह को रोक कर ए.के.-47 चीनी असाल्ट राइफल से गोलियां चला कर मार डाला । एक शराब की दुकान में हिस्सेदार पाला सिंह आतंकवादियों की हिट लिस्ट में था ।

घटना की खबर सुन कर मृतकों के तीन रिश्तेदार, जरनैल कलविन्दर सिंह और सुरिन्दर सिंह घटना स्थल पर पहुंच गए । वे उनकी लाशों पर रो रहे थे कि बत्तियां बुझा कर जालन्धर की ओर से आता एक तिपहिया स्कूटर उन पर चढ़ गया ।

नकोदर से 'गगन' के अनुसार दो उग्रवादी सरपंच पाला सिंह के स्कूटर का पीछा एक स्कूटर पर कर रहे थे । पाला सिंह उनका साथी मोहिन्द सिंह लिट्ट,जिसकी नकोदर में टैंट की दुकान है, शाम को दुकान बंद करके इकट्ठे ही मुध गांव जा रहे थे । यह नहीं मालूम हो सका कि आतंकवादी किस जगह से उनके पीछे लगे, परन्तु जब वे गुरदीर गांव के पास पहुंचे तो आतंकवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग कर दी । पर बचों ने बजाए कि इन दोनों को कुछ समय से धमकियां मिल रही थी जिसमें इन पर पुलिस मुखबरी का इलज़ाम होता था ।

दो घायल

एक अन्य वारदात में जालन्धर के बंगा थाने के तहत मकसूदपुर गांव में चार आतंकवादियों ने दो व्यक्तियों हरदयाल सिंह और भाल सिंह को गोली मार कर घायल कर दिया । इनके जाने के बाद आतंकवादियों ने उनकी और कीमती सामान की मांग की । मना करने पर उन्होंने दोनों व्यक्तियों पर गोली चला दी ।

दस हजार का सोना लूटा

एक अन्य घटना में छः नकाबपोश संदिग्ध आतंकवादी चरण सिंह के घर में घुस कर पिस्तौल की नोक पर 500 रुपए नकद, दस हजार मूल्य का सोना और सात कलाई की घड़ियां लेकर चलते बने ।

स्कूटर छीना

नूरमहल थाना के जंडियाला गांव के पास कल शाम हुई एक अन्य घटना में दो संदिग्ध आतंकवादियों ने हरविन्दर सिंह का स्कूटर छीन लिया । हरविन्दर सिंह चूके गांव से जंडियाला जा रहा था कि रास्ते में उससे स्कूटर छीन कर आतंकवादी उसी पर सवार होकर चम्पत हो गए । सूत्रों के अनुसार हरविन्दर सिंह हरियाणा के एक पुलिस अधिकारी नरेन्द्र पाल सिंह का रिश्तेदार था और यह स्कूटर भी उसका ही था ।

बलाचौर में 2 बंदी

बलाचौर से सुभाष जोशी ने सूचना दी है कि आज दोपहर बाद बलाचौर पुलिस ने हल्के से मुकाबले के बाद दो उग्रवादियों मदन लाल और अमृत लाल उर्फ़ पाली को गिरफ्तार कर लिया । उनका तीसरा साथी मंडा सिंह चकफूला भाग गया जिसके पीछे पुलिस लगी हुई है । गिरफ्तार व्यक्तियों के कब्ज़े से एक पिस्तौल 32 बोर, एक पिस्तौल 12 बोर,23 कारतूस और स्कूटर पी.जे.जे. 6574 चेतक बजाज बरामद हुआ ।यह स्कूटर उन्होंने आज डेढ़ बजे दोपहर बाद गांव महंद्रपुर के टीचर जसबीर सिंह से गांव कुल्लेवाल में छीना था ।

4000 लूटे

नवांशहर से एक सूचना के अनुसार आज शाम 3 बजे के लगभग 2 स्कूटर सवार उग्रवादी रेलवे रोड की एक दुकान से 4000 रुपए लूट कर ले गए ।

स्कूटर छीना

करतारपुर पुलिस स्टेशन के गांव मंडी मौड़ के निकट तीन उग्रवादियों ने गत दिवस श्री अमीर चंद से उनका स्कूटर छीन लिया ।

जवानों की सामूहिक हत्या का प्रयास

बटाला (सुभाष कोछड़) पुलिस जिला बटाला में थाना सदर बटाला के गांव मरड व कम्मोनंगल के मध्य गत रात आतंकवादियों ने जमीन में विस्फोटक पदार्थ बिछाकर सीमा सुरक्षा बल के जवानों को उड़ाने का प्रयास किया । उक्त जानकारी देते हुए एस.एस.पी. श्री एस.एम. शर्मा ने बताया कि गत



थाना नकोदर के गांव मुध में आतंकवादियों के हाथों मारे गए (1) सरपंच पाल सिंह और (2) महिन्दर पाल सिंह गिल । (छाया : गगन)

रात सीमा सुरक्षा बल की पैदल पैट्रोल पार्टी गांव मरड से कम्मोनंगल की ओर जा रही थी कि एक भूमिगत विस्फोट हुआ लेकिन जवान बाल-बाल बच गए क्योंकि वह विस्फोट सीमा से आगे जा चुके थे । श्री शर्मा ने कहा कि आतंकवादी बारूदी सुरंग से तार लगाकर काफी दूर घात लगाकर बैठे थे । सीमा सुरक्षा बल के जवानों के उधर आते ही उन्होंने बटन दबाकर विस्फोट कर दिया । घटनास्थल से विस्फोट सामग्री के अवशेष, तार व बटन आदि मिले हैं । यह भी ज्ञात हुआ है कि घटना की सूचना मिलने पर जब सीमा सुरक्षा अधिकारी घटनास्थल की ओर आ रहे थे आतंकवादियों ने उन पर भी घात लगाकर जोरदार फायरिंग की । सीमा सुरक्षा बल की जवाबी फायरिंग से वे अंधेरे में भाग गए । किसी प्रकार की क्षति की सूचना नहीं ।

सीमा सुरक्षा बल और पुलिस सारे क्षेत्र की खोजबीन कर रही है । पत्रकारों को प्रैस नोट भेज कर बम्बार खाला इंटरनैशनल ने इस विस्फोट की जिम्मेदारी ली है । प्रैस नोट पर सुखदेव, गुरनाम सिंह, गरेन्द्र सिंह बब्बर का नाम लिखा है ।

बम विस्फोट से चार से छः फुट गहरा गड्ढा बना गया । पुलिस ने इस सिलसिले में पूछताछ के लिए कुछ लोगों को हिरासत में लिया है ।

एक गिरफ्तार

डेरा बाबा नानक पुलिस ने कांटली सुरतेमली के कुलवन्त सिंह को गिरफ्तार करके एक रिवाल्वर व दो कारतूस बरामद किए हैं ।

9 गिरफ्तार

फरीदकोट (ह.स.): फरीदकोट पुलिस ने गत दिवस नौ उग्रवादियों को गिरफ्तार करके उनसे भारी मात्रा में गोली-सिक्का बरामद किया । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार बरामद सामान में 19 हैंडग्रेनेड, 2 फासफोर्स बम, 4 दोनाली बंदूकें, 2 रिवाल्वर, 2 पिस्तौल और एक बिना नम्बर का ट्रैक्टर शामिल है ।

गिरफ्तार सभी 9 उग्रवादी सुखदेव सिंह उर्फ़ फौजी ग्रुप से संबंधित हैं । इन आतंकवादियों की फरीदकोट और पड़ोसी जिलों में हत्याएं तथा अन्य अपराधों के सिलसिले में पुलिस को तलाश थी । इनकी गिरफ्तारी दर्शन सिंह, साधु सिंह, राम सिंह, सुखदेव सिंह, लखविन्दर सिंह, जरनैल सिंह, जग्गा सिंह और एक हीरा गांव के दो उग्रवादी काला सिंह के रूप में की गई है ।

कांगड़ा (खोसला): आज स्थानीय थाना सदर पुलिस ने आतंकवादियों की तलाश में निकटवर्ती गांवों मलकपुर, पण्डोरी, गण्डोली, चैड़ा व रांवलपिण्डी में छापे मारे व लगभग 15 घरों की तलाशी ली । पुलिस ने इन छापों के दौरान आठ व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की है । 'कौड़ा' के अनुसार एक नौजवान के कब्जे से पुलिस ने एक रिवाल्वर भी बरामद किया ।

मुठभेड़ में एक मरा

अबोहर (सबोध): गत रात सुरक्षा बलों से हुई मुठभेड़ में सात उग्रवादियों में से एक मारा गया जबकि एक गिरफ्तार कर लिया गया । शेष भाग जाने में सफल हो गए । गिरफ्तार उग्रवादी महेन्द्र सिंह उर्फ फौजी की निशानदेही पर पांच ए.के. 47 असाल्ट राइफलें, 32 बोर के चार रिवाल्वर, 24 हैंडग्रनेड और 2500 राउंड के अतिरिक्त एक पाकेट साइज टेप रिकार्डर बरामद किए गए । इसके साथ ही बरामद कैसेट से इस बात की पुष्टि होती है कि पाकिस्तान उग्रवादियों को प्रशिक्षण दे रहा है ।

11 गिरफ्तार

धूरी (सिंगल): जिला संगरूर पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर छापे मारकर 11 समाज विरोधी तत्वों को गिरफ्तार किया है । गत सप्ताह 16 व्यक्ति गिरफ्तार किए गए थे ।

संगरूर से 'गर्ग' के अनुसार जिला पुलिस प्रमुख ने बताया कि गिरफ्तार लोगों में 4 उग्रवादी हैं । उनके कब्जे से दो 12 बोर के पिस्तौल, दो 315 बोर के पिस्तौल और भारी मात्रा में कारतूस बरामद हुए हैं । गिरफ्तार उग्रवादियों की शिनाख्त मघर सिंह, जगतार सिंह, अजायब सिंह और राम सिंह के रूप में की गई है ।

दो गिरफ्तार

जिला फिरोज़पुर के गांव घल खुर्द से पुलिस की गश्ती पार्टी ने दो उग्रवादियों भजन सिंह और नैन सिंह को गिरफ्तार करके उनसे एक दोनाली बन्दूक, दो पिस्तौल और एक दर्जन कारतूस बरामद किए हैं ।

ट्रक ले गए

भटिंडा (ग्रोवर): यहां मेना चौक से कुछ अज्ञात व्यक्ति श्री हरबंस लाल का ट्रक नम्बर पी.ए.टी. 24 ले गए । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

भारी वर्षा से....

(पृष्ठ 1 का शेष)

क्षेत्रों में 4 से 5 फुट पानी जमा हो गया है । तवी नदी के किनारे स्थित बहुत-सी झुग्गियां पानी में बह गईं ।

जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग बंद

जम्मू-पठानकोट रोड पर यातायात 6 घंटे से अधिक समय तक बंद रहा । कई स्थानों पर भू-स्खलनों के परिणामस्वरूप जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग फिर बंद करना पड़ा है । यहां से 20 किलोमीटर दूर नंदनी के निकट भू-स्खलन के कारण ऊधमपुर, रियासी तथा कटड़ा के लिए भी यातायात बंद कर दिया गया है । जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग बंद हो जाने के कारण श्रीनगर, ऊधमपुर, बटोत, डोडा और भदवाह जा रही बहुत-सी बसें जम्मू लौट आई हैं । तथापि विमान सेवा जारी रही हालांकि इसमें दो घंटे का विलम्ब हुआ ।

फगवाड़ा (अशोक): फगवाड़ा शहर को आज पुनः भारी वर्षा ने जल-थल कर दिया । शहर के निचले क्षेत्रों सुभाष नगर, पलाही गेट, खलवाड़ा गेट, खेड़ा रोड, गौशाला इत्यादि पूरी तरह जल मग्न हो गए । दूसरी तरफ शहर में हुई भारी बरसात भी सरकारी नलों में पानी का दबाव बढ़ाने में असफल रही है । कई क्षेत्रों में ऊपरी मंजिलें तो दूर, निचली मंजिलों में भी सरकारी नलों में पानी का न्यूनतम दबाव है । इसी मध्य भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष श्री राम स्वरूप अरोड़ा व ब्लाक अध्यक्ष जगदीश वीर जी ने प्रशासन से शहर में हैजा की रोकथाम के लिए तत्काल समुचित पग उठाने, मक्खी मार दवाइयों के छिड़काव व सफाई के उचित प्रबन्ध की मांग की है ।

अच्छे सस्ते आटे का प्रबन्ध

लुधियाना, 22 जुलाई (नेपाल): गेहूं के आटे के भावों में बढ़ोत्तरी हो जाने के दृष्टिगत जिला प्रशासन ने शहरी लोगों को अच्छी गेहूं का आटा तैयार करवा कर सस्ते भाव देने का फैसला किया है । यह जानकारी देते हए जानकार क्षेत्रों ने बताया कि जिला प्रशासन ने फिलहाल पांच हजार बोरी गेहूं आटा तैयार करने के लिए मिलों को दी है ।

भूल सुधार करने से पह
अध्यक्ष पद से त्याग

चंडीगढ़, 22 जुलाई (वि.प्र.): बादल व टोहरा धड़े के प्रवक्ता भाई शमिंदर सिंह ने पूर्व मुख्यमंत्री श्री सुरजीत सिंह बरनाला से कहा है कि यदि वह सही अर्थों में अकाली एकता चाहते हैं तो उन्हें अपनी भूल सुधार से पूर्व अकाली दल (लौं) के पद से अपना त्यागपत्र अकाल तख्त के जत्थेदार को पेश कर देना चाहिए ।

पत्रकारों से वार्ता के दौरान भाई शमिंदर सिंह ने कहा कि अकाली एकता बारे मेवा सिंह गिल का स्टैंड बिल्कुल सही है । एकता इस समय अत्यन्त आवश्यक है । उन्होंने कहा कि श्री बरनाला को याद दिलाना चाहते हैं कि लगभग दो साल पूर्व तत्कालीन अकाल तख्त के जत्थेदार प्रो. दर्शन सिंह ने अकाली एकता के लिए सभी अकाली दलों के प्रधानों से त्यागपत्र मांग लिए थे जिस पर बाबा जोगिन्दर सिंह, जगदेव सिंह तलवंडी तथा सुरजीत सिंह बरनाला ने तो त्यागपत्र दे दिए थे परन्तु श्री बरनाला ने अकाल तख्त के आदेश की अवहेलना करके त्यागपत्र देने से इंकार कर दिया था जिस कारण उन्हें पंथ से खारिज कर दिया गया था । उन्होंने कहा कि आज अगर श्री बरनाला के मन में अकाल तख्त बारे सम्मान पैदा हुआ है तो यह अच्छी बात है पर बात उन द्वारा त्यागपत्र न दिए जाने से बिगड़ी है अतः अब उन्हें अपनी भूल का सुधार करना चाहिए ।

उन्होंने कहा कि उक्त बात के बाद दरबार साहिब में पुलिस भेजने, दो दर्जन अकाली विधायकों

शाम के भाव

(22, जुलाई 1988)

दिल्ली (एन.एन.एस.): दिल्ली क्लाथ 44.25, हिंद मोटर्स 25.75, रिलायंस 213.00, चांदी (999) (प्रति किलो) 6045 चांदी सिक्का (प्रति सैंकड़ा) 6600, सोना बिटठर (प्रति 10 ग्राम)3055, मिल डिलीवरी : सोयाबीन तेल (प्रति 10 किलो)188, तेल चावल खाद्य (10 किलो)197, चर्बी 1960, गुड़ बायदा 194.00, तेल बिनौला (10 किलो) 194, गणेश जीरा 3700-3800, पिपरामैंट चूरा 198, पिपरामैंट साबुत 222 रुपए ।

दिल्ली सर्राफा: चांदी (प्रति किलो) : चांदी (999) टंच हाजिर 6075, चांदी गद्दी 6015, चांदी कच्ची 6115, सिक्का (प्रति सैंकड़ा) 6625, सोना (प्रति 10 ग्राम)बिटठर 3055-3065, स्टैंडर्ड सोना 3140, गिन्नी (प्रत्येक)2625-2675 रुपए ।

अमृतसर सर्राफा: सोना स्टैंडर्ड 3080, सोना बिटठर 3080, स्वर्ण आभूषण 2830, चांदी तेजाबी 6100, चांदी थोबी 6000, सिक्का 6500 रुपए ।

कार्रवाई स्थगित

नई दिल्ली, 22 जुलाई (वार्ता): उच्चतम न्यायालय ने तीस हजारी बकील कांड की जांच कर रही गोस्वामी वधवा समिति के सामने शपथ न लेने के आरोप में दिल्ली की पूर्व पुलिस उपायुक्त श्रीमती किरण बेदी पर मुकद्दमा चलाने के आदेश के खिलाफ अगले नोटिस तक कार्रवाई स्थगित रखने का आदेश जारी कर दिया ।

धर्म के नाम पर हिंसा की अनुमति नहीं : बूटा

मद्रास, 22 जुलाई : केंद्रीय गृहमंत्री श्री बूटा सिंह ने आज कहा कि सरकार धर्म के नाम पर किसी भी प्रकार की हिंसा न होने देगी और उसे कुचल देगी । उन्होंने कहा कि किसी भी राजनीतिक पार्टी या सामाजिक संगठन को यह इजाजत नहीं देगी कि वह देश को कमजोर बनाए । पृथकतावादी शक्तियों के साथ कठोरता से निपटा जाएगा ।



Punjabi Sanatan

थाना मेहता के गांव सिंहबेलां में गत रात उग्रवादियों द्वारा मारे गए (1) गुरसेवक सिंह, (2) दिल्ली कौल सिंह, (3) सन्तोख सिंह, (4) बिट्टू उर्फ़ बाबा सिंह और (5) सतनाम सिंह । गांव सेरोपड्डा में मारे गए (6) जोगिन्दर सिंह और (7) अमरजीत कौर । गांव सैदपुर में मारे गए (8) स्वराज सिंह और (9) पूर्ण सिंह । थाना लोपोके के गांव सिढना में मारे गए (10) लखविन्दर सिंह और (11) अनोख सिंह । गांव मत्तेवाल में मारा गया (12) कुलदीप सिंह । *(छाया : जसपाल)*

सुरक्षा बलों से 4 मुठभेड़ों में 5 उग्रवादी मरे : कई गिरफ्तार

आतंकवादियों द्वारा 2 भाइयों सहित 3 की हत्या : 2 महिलाएं घायल

पाक में अभी भी 4 प्रशिक्षण शिविर जारी

चंडीगढ़, 23 जुलाई (ह.स.): गत 24 घंटों में सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में 5 उग्रवादी मारे गए । उग्रवादियों ने 2 सगे भाइयों सहित 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी और दो महिलाओं को घायल कर दिया । जिला फिरोजपुर में उग्रवादियों ने अपहृत सरपंच को छोड़ दिया । पंजाब में विभिन्न स्थानों से कई उग्रवादियों को गिरफ्तार करके उनसे भारी मात्रा में हथियार व गोली-सिक्का बरामद किया । गत दिवस गिरफ्तार उग्रवादियों ने प्राथमिक पूछताछ के दौरान बताया कि पाकिस्तान में उग्रवादियों को प्रशिक्षण देने के लिए 4 शिविर चल रहे हैं और दुर्दांत उग्रवादी वस्सन सिंह जफरवाल पाकिस्तान से प्रशिक्षित उग्रवादियों को स्वयं सीमा तक छोड़ने आता है ।

एक की हत्या

जालन्धर, (ढल्ल, कौड़ा, खोसला): पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना भोगपुर के निवासी उग्रवादी अमरजीत सिंह ने अपने चार अन्य साथियों के साथ गांव डल्ली में अपने चाचा गुरबख्श के लड़के मास्टर हरबंस सिंह के घर में आधी रात को दीवार फांद कर घुस जाने के बाद छत पर सोए हरबंस सिंह व तेजा सिंह के परिवारों पर अंधाधुंध फ़ायरिंग की, जिससे हरबंस सिंह मौका पर दम तोड़ गया और तेजा सिंह ने गली में छलांग लगा कर जान बचाई जबकि तेजा सिंह की पत्नी श्रीमती हरबंस कौर तथा उसके लड़के बलवीर सिंह की पत्नी बलविन्दर कौर गम्भीर रूप से घायल हो गईं । उन दोनों को यहां सिविल अस्पताल में दाखिल कराया गया है । इस घटना में एक ए.के. 47 राइफल तथा चार स्टेनगनों का इस्तेमाल किया गया ।

पुलिस सूत्रों ने कहा कि अमरजीत सिंह ने 27 जून को लड़ोआ गांव में अपने ससुराल जाकर अपनी सास हरबंस कौर की हत्या कर दी थी और अपनी पत्नी सुरिन्दर कौर तथा एक पड़ोसी शिव राम को घायल कर दिया था । भागते हुए निकट के गांव भटनूरा लबाना में हरबंस कौर के ट्रक में साझीदार रेशम सिंह की भी उसने हत्या कर दी थी ।

दो भाइयों की हत्या

दूसरी घटना गत आधी रात के लगभग गोराया थाना के गांव रुड़का कलां में हुई, जब तीन उग्रवादियों ने केवल सिंह के डेरा में जाकर अंधाधुंध फ़ायरिंग की, जिससे एक व्यक्ति बरजिन्दर सिंह मौका पर मारा गया, जबकि उसके भाई केवल सिंह को उग्रवादी ज़बरदस्ती साथ ले गए और आज तड़के उसका शव निकट के गांव में खेतों में पड़ा मिला ।

मुठभेड़ में 2 मरे

गत आधी रात को ख़ुफ़िया सूचना मिलने पर सुरक्षा बलों ने नूरमहल के निकट गांव सरहाली स्थित संसार सिंह के तिमंज़िला भवन को घेर लिया और वहां छुपे उग्रवादियों को हथियार डाल देने को कहा, मगर उग्रवादियों ने अंदर से दो फ़ायर किए । इसके बाद और फ़ोर्स पहुंच गई और दोनों ओर से गोलीबारी होती रही । इस बीच उग्रवादियों को पुनः हथियार डाल देने का समय दिया गया । मगर वह बाहर नहीं आए । आखिर आज प्रातः 8 बजे गोलीबारी बंद हुई और दोनों अंदर मृत पाए गए । उनकी पहचान देवेंद्र सिंह उर्फ़ पिंका निवासी सरहाली थाना नूरमहल तथा बग्गा सिंह उर्फ़ बग्गा निवासी कोहाड़ थाना शाहकोट के रूप में की गई है ।

(शेष पृष्ठ 10 पर)

...स्थानों पर टटने से

ग्लानि अनुभव नहीं की

श्री चमन लाल ने स्पष्ट किया कि किसी भी आतंकवादी ने अपने किये गये कुकृत्यों पर ग्लानि अनुभव नहीं की है । यह कहना सर्वथा अनुचित है कि ब्लैक थंडर कार्रवाई से आतंकवादियों की रीढ़ की हड्डी टूट गई है । बब्बर खालसा को इससे विशेष हानि पहुंची जबकि भिंडरांवाला टाइगर फोर्स जैसे आतंकवादी संगठन इससे अछूते रह गये ।

श्री चमन लाल ने कहा कि निःसंदेह आतंकवादियों ने लूट एवं बलात धन ऐंठ कर भारी सम्पत्ति जमा की है लेकिन इसका अधिकतर भाग उन्होंने अपने ऐशो-आराम पर खर्च कर डाला । दरबार साहब के अंदर से मिली विलायती सामग्री इसका मुंह बोलता प्रमाण है । उन्होंने कहा कि जांच से यह भी पता चला है कि श्री विर्क पर हमले में हरदयाल सिंह तथा सकत्तर सिंह का भी हाथ है ।

उन्होंने बताया है कि आतंकवादियों को न्यायिक प्रणाली के बारे में पूरी जानकारी थी । वे अपराध करते, जेल जाते तथा सबूत न मिलने के कारण जमानत पर रिहा हो जाते । उन्होंने कहा कि न्यायिक प्रक्रिया में सुधार होने पर आतंकवादी अपराध कम हो सकेंगे । उन्होंने कहा कि पुलिस भी इस मामले में दोषी है क्योंकि उन लोगों के मन को समझ नहीं सकी जो आतंकवाद से प्रभावित होते हैं । एक प्रश्न के उत्तर में श्री चमन लाल ने कहा कि आतंकवादियों को सहायता देने के आरोप में हाल ही में पंजाब पुलिस के एक कांस्टेबल को बर्खास्त किया गया है क्योंकि उग्रवादियों से पूछताछ के दौरान उसका नाम सामने आया था ।

एक अन्य प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि शिव सेना नेता श्री बाल ठाकरे को छोड़ कर उग्रवादियों की किसी अन्य राजनीतिक नेता की हत्या करने की योजना नहीं थी ।

यातना देकर हत्याएं

स्वर्ण मंदिर में आपरेशन ब्लैक थंडर के पहले यातना देकर जितने लोगों की हत्याएं हुईं, उनमें से अधिकतर फिरौती के पैसों को लेकर हुईं । सीमा क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक ने यह जानकारी देते हुए बताया कि आतंकवादी लोगों को पत्र लिख कर पैसों की मांग करते थे और अगर पैसों का भुगतान नहीं होता तो उनके साथ इस तरह का व्यवहार किया जाता था । स्वर्ण मंदिर के 'परिक्रमा' के कमरों में पुलिस के मुखबिर होने की शंका के आधार पर भी कुछ व्यक्तियों की हत्या की गई । इन कमरों पर आतंकवादी संगठनों ने कब्जा जमा रखा था ।

इसके अलावा लोगों को उनके पुराने झगड़े के निपटारे के लिये परिक्रमा के कमरों में बुलाया जाता और जो व्यक्ति आतंकवादी संगठनों की शर्तों को नहीं मानता उनके साथ भी वही सलूक किया जाता तथा कठोर यातनाएं देकर उन्हें मार डाला जाता था । श्री चमन लाल ने बताया कि आप्रेशन ब्लैक थंडर के दौरान आत्मसमर्पण करने वाले आतंकवादियों ने पूछताछ के क्रम में यह रहस्योद्घाटन किया । अकाल तख्त के मलबे में से अब तक 36 शव बरामद किये जा चुके हैं ।

आतंकवादी अस्पताल में दाखिल

पुणे, 23 जुलाई : मध्य प्रदेश के दुर्ग के कथित आतंकवादी अवतार सिंह रंधावा को यहां सरकारी सासून अस्पताल में दाखिल कराया गया है । उसने टूटे हुए दाएं पांव की जांघ के जोड़ में दर्द की शिकायत की थी ।

शाम के भाव
(23, जुलाई 1988)

दिल्ली (एन.एन.एस.): चांदी (999) 6055 चांदी सिक्का 6655, सोना बिट्ठर (प्रति 10 ग्राम) 3060, सोना स्टैंडर्ड (10 ग्राम) 3050, मिल डिलीवरी : तेल सरसों टैंकर (प्रति 10 किलो) 184, सोयाबीन तेल (प्रति 10 किलो) 188, तेल चावल खाद्य (10 किलो) 193, तेल चावल अखाद्य (10 किलो) 140, चर्बी 1970, गुड़ बायदा 114.15, तेल बिनौला (10 किलो) 102, गणेश जीरा 3700-3800, पिपरामैंट वुरा 198, पिपरामैंट पापड़ी 223, सरसों अगस्त 151.70 रुपए ।

दिल्ली सर्राफा चांदी (प्रति किलो) : चांदी (999 टंच) हाजिर 6040, चांदी गदही 5980, चांदी कच्ची 6080, सिक्का (प्रति सैंकड़ा) 6590, सोना (प्रति 10 ग्राम) बिट्ठर 3060-3070, स्टैंडर्ड सोना 3050, स्वर्ण आभूषण (22 कैरेट) 3040, गिन्नी (प्रत्येक) 2650-2675 रुपए ।

8 तमिल उग्रवादी मारे गए

कोलम्बो, 23 जुलाई (वार्ता): श्रीलंका के उत्तर-पूर्वी प्रांतों में पिछले चौबीस घंटों के दौरान भारतीय शांति सेना की सुरक्षा कार्रवाई के दौरान आठ तमिल उग्रवादी और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल का एक कांस्टेबल मारे गए ।

मुठभेड़ों में उग्रवादी मरे

(पृष्ठ 3 का शेष)

जिला कपूरथला के एस.एस.पी. श्री स्वर्ण सिंह ने बताया कि मृत उग्रवादियों ने 19 जून को फगवाड़ा के निकट हिन्दूशिव सेना पंजाब के प्रधान प्रो. रमाकांत जलोटा के अतिरिक्त विनोद गुप्ता, अमरीक सिंह, डाकघर के कैशियर मदन लाल मजीठा, सी.पी.आई. नेता मलकीयत सिंह मेहली, जिला होशियारपुर के गांव रिहाली में कई हिन्दुओं के कत्ल किए व गांव घुम्मन के निरंकारी व लगभग एक दर्जन अन्य हत्याएं की थीं । मृतक उग्रवादियों के पास दो ए.के. 47 राइफलें, 2 मैगज़ीन भरे हुए, 95 ज़िन्दा कारतूस, 47 चले हुए कारतूस और 12 बोर की 3 बंदूकें मिली हैं ।

जवान घायल

इस मुकाबले में सी.आर.पी.एफ. का एक जवान एन.के. पिल्लाई ज़ख्मी हो गया । उसकी टांग में गोली लगी है ।

इसकी सूचना मिलते ही डी.आई.जी. श्री डी.आर. भट्टी, जिला जालन्धर के एस.एस.पी. श्री इज़हार आलम, कपूरथला जिला के एस.एस.पी. और जिला होशियारपुर के एस.एस.पी. घटनास्थल पर पहुंच गए ।

मुठभेड़ में एक मरा

'ह.स.' के अनुसार जिले के नूरमहल पुलिस थाने के तहत एक पुल के निकट आज सुबह पुलिस के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार दो संदिग्ध आतंकवादियों के इलाके में देखे जाने की सूचना मिलते ही पुलिस ने इलाके की नाकेबंदी कर ली । दिखाई देने पर नाका दल ने जब इन दोनों आतंकवादियों को ललकारा तो उन्होंने अचानक गोलियां चलानी शुरू कर दीं । जवाब में नाका दल द्वारा गोलियां चलाने से एक आतंकवादी तत्काल मारा गया, जबकि उसका साथी बच कर भाग निकलने में सफल हो गया ।

जवाबी फायरिंग में एक मरा

अमृतसर (ह.स.): तरनतारन पुलिस जिला के गांव माल चक के निकट कुछ उग्रवादियों ने गत रात सी.आर.पी.एफ. के गश्ती दल पर घात लगा कर हमला किया । सी.आर.पी.एफ. द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने से एक उग्रवादी मारा गया । उसकी अभी शिनाख्त नहीं हो सकी ।

8 बजे दुकानें बंद

जिला प्रशासन ने शहर में 31 जुलाई तक सभी नाइयों की दुकानें रात 8 बजे के बाद खुले रखने पर पाबंदी लगा दी है ।

अपहरण के केस में वांछित उग्रवादी गिरफ्तार

गुरदासपुर (ह.स.): सेना के एक भूतपूर्व कैप्टन की नौकरानी की अल्प वयस्क लड़की का अपहरण करने वाले उग्रवादी जसवन्त सिंह उर्फ जस्सा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया । उसके कब्जे से 12 बोर की एक बंदूक और तीन कारतूस बरामद किए गए हैं ।

जिला पुलिस चीफ श्री पी.एम. दास ने आज यहां बताया कि जस्सा जिला के ओझला गांव का रहने वाला है । वह रिटायर्ड कैप्टन निरंजन सिंह का साथी है । इन दोनों ने इस मास के शुरू में मुकेरियां के निकट ड्राइवर की हत्या करके उससे टैक्सी छीनी थी । कैप्टन को पहले ही छीनी हुई टैक्सी और लुधियाना के ड्राइवर की हत्या में प्रयुक्त पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया जा चुका है ।

स्कूटर छीनने वाले गिरफ्तार

राजपुरा (मासूम): राजपुरा पुलिस ने दो उग्रवादी शबेग सिंह पुत्र सेवा सिंह और मान सिंह उर्फ माना पुत्र जीवन सिंह गांव सूरो को गिरफ्तार किया है । इन्होंने 8.6.88 को दिन-दिहाड़े पटियाला रोड पर एक व्यक्ति से पिस्तौल की नोक पर स्कूटर छीन लिया था और अचानक पटियाला से आ रही बस में सवार पुलिस के जवानों ने इन पर गोली चलाई थी, जिससे यह स्कूटर छोड़ कर भाग गए थे ।

पाक में 4 प्रशिक्षण शिविर

अबोहर (सदोष): हिन्दूमल कोट सैक्टर में परसों गिरफ्तार किए गए उग्रवादी महिन्दर सिंह ने पूछताछ के दौरान बताया कि वह ब्लैक थंडर आप्रेशन के बाद स्वर्ण सिंह, जसपाल सिंह, नछत्तर सिंह और हरबंस सिंह के साथ पाकिस्तान चला गया था और वहां प्रशिक्षण लेकर हथियारों सहित वापस आया था । उसने बताया कि यह गिरोह पिछले शुक्रवार को हिन्दूमल कोट सैक्टर में दाखिल हुआ था । मगर पुलिस मुकाबले में काबू न आने पर पुनः पाकिस्तान भाग गया था । उस गिरोह में 7 आदमी थे, जिनमें तीन अलग हो गए । सम्भव है कि किसी प्रकार पहुंचने में सफल हो गए हों । इनका जो नेता पुलिस मुकाबले में मारा गया था, वह खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स का सक्रिय कार्यकर्त्ता था । उसने बताया कि इस सैक्टर में कांटेदार तार न होने से उग्रवादियों ने इधर आने का नया रास्ता ढूंढा है ।

इससे पूर्व गिरफ्तार किए गए एक उग्रवादी निहाल सिंह ने पूछताछ के दौरान बताया कि वस्सन सिंह ज़फ़रवाल उसे हिन्दूमल कोट तक स्वयं छोड़ कर गया था । उसने बताया कि हर बार हथियार लाने के बदले उसे 5000 रुपए मुआवजा मिलता था । वह वल्टोहा थाना के गांव पूनिया से सम्बद्ध

गत दिवस हिन्दू मलकोट के सीमांत क्षेत्र में बी.एस.एफ. के जवानों ने पाकिस्तान से भारत में लाए जा

भारतीय उपग्रह इन्सैट-1-सी अपने निर्धारित स्थान के निकट लाया गया

बेंगलूर, 23 जुलाई : अंतरिक्ष वैज्ञानिकों ने आज भारतीय उपग्रह इन्सैट-1-सी की प्रथम एपोजी बूस्ट मोटर की सफलतापूर्वक फायरिंग कर उपग्रह को उसके निर्धारित स्थान के नजदीक ला दिया ।

भारतीय समयानुसार आज सुबह सात बजकर सोलह मिनट पर यह महत्वपूर्ण कार्रवाई की गई । इसमें करीब 24 मिनट लगे । ग्यारह घंटे से अधिक समय तक दृश्य संपर्क टूटे रहने के बाद हासन स्थित मुख्य नियंत्रण केंद्र ने उपग्रह से फिर से संपर्क स्थापित कर लिया ।

इस उपग्रह की दो और एपोजी मोटरों की फायरिंग अगले सात दिनों के अंदर की जाएगी जिसके बाद यह उपग्रह भूमध्य रेखा के ऊपर इन्सैट-1-बी से करीब दो हजार किलोमीटर पूर्व में 93.5 डिग्री पूर्व देशांतर पर अपनी कक्षा में स्थापित हो जाएगा ।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन की विज्ञप्ति में बताया गया कि उपग्रह की हालत इस समय 'सामान्य' है तथा भारतीय और अमरीकी फोर्ड कम्पनी के अंतरिक्ष वैज्ञानिक उपग्रह के परिक्रमा पथ को बढ़ाने के लिए संयुक्त कार्रवाई कर रहे हैं । इन्सैट-1-सी इस समय 2.6 डिग्री के झुकाव पर पृथ्वी की मध्यवर्ती कक्षा में है ।

उपग्रह की दूसरी मोटर की फायरिंग कल दोपहर को की जाएगी ।

श्री सूद को श्रद्धांजलियां

दैनिक हिन्द समाचार के समाचार-सम्पादक श्री इंद्रजीत सूद की हत्या का समाचार पढ़ कर हृदय को बड़ा आघात लगा । प्रभु उनको आत्मिक शांति प्रदान करें—अजय कुमार जैन छपरौली, एम. यूनस उदयपुर, बीरबल मित्तल, विपन जैन धर्मपाल, युवा पत्रकार कुरुक्षेत्र, डा. जी.एन. त्रिपाठी, ईश्वर धाम भिवानी, राजेश शर्मा गोल्डी, सुरेन्द्र मेहरा व यशपाल अरोड़ा कालका ।

उग्रवादियों की तलाश में छापे

फगवाड़ा (खोसला): आज यहां थाना सदर व सिटी पुलिस ने फगवाड़ा व इसके निकटवर्ती गांवों में आतंकवादियों की तलाश में छापे मारे तथा 3-4 संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लिया है ।

हिमाचल प्र
बहुद्देशीय परियोज

संख्या : विद्युत–छ(5)-3/88

अधि

यतः राज्यपाल, हिमाचल प्रदेश को
बोर्ड, जोकि भूमि अर्जन अधिनियम, 1
धारा–3 के खंड (सी.सी.) के अर्थान्तर
अधीन एक निगम है, के द्वारा अपने
रेअकलधार त.व जिला मंडी लारजी पन
भूमि अर्जित करनी अपेक्षित है अतएव
उक्त परिक्षेत्र में जैसा कि नीचे विवरणी
लिए भूमि का अर्जन अपेक्षित है ।

2. यह अधिसूचना ऐसे सभी व्यक्ति
जानकारी के लिए भूमि अर्जन अधिनि
अन्तर्गत जारी की जाती है ।

3. पूर्वोक्त धारा द्वारा प्रदत्त शक्ति
प्रदेश, इस समय इस उपक्रम में कार्यरत
को इलाके की किसी भी भूमि में प्रवेश
अपेक्षित अथवा अनुमतः सभी अन्य काय

4. कोई भी ऐसा हितबद्ध व्यक्ति,
करने पर कोई आपत्ति हो, वह इस अधि
अवधि के भीतर लिखित रूप में भूअर्जन
मंडी, जिला मंडी, हिमाचल प्रदेश के सम

विव

जिला व तहसील		ग्राम
मंडी	मंडी	रेअकलधार

(3/88/16.7.88-D)

Punjab Archive

जिला फरीदकोट के गांव कंद खेड़ा के निकट पुलिस द्वारा आज प्रातः मुठभेड़ के बाद उग्रवादियों से बरामद हथियार व गोली सिक्का । (छाया : गुप्ता)

बेअंत सिंह की छुट्टी के आसार

चंडीगढ़, 24 जुलाई (एन.एस. परवाना): पंजाब प्रदेश इंका प्रधान श्री बेअंत सिंह को उनके पद से हटाए जाने के आसार दिखाई दे रहे हैं यद्यपि उन्होंने हाल ही में चंडीगढ़ में राज्य इंका पदाधिकारियों की बैठक बुला कर अपनी शक्ति का अच्छा खासा प्रदर्शन किया था ।

इंका क्षेत्रों से पता चला है कि कबिज ग्रुप ने यह मीटिंग चुपके से ही बुलाई थी तथा कई कांग्रेसियों को मीटिंग में भाग लेने का निमंत्रण टैलीफोन पर दिया गया था । उल्लेखनीय बात यह है कि इस मीटिंग में दरबारा सिंह धड़े का कोई आदमी नहीं बुलाया गया था । समझा जाता है कि दरबारा सिंह गुट ने बेअंत सिंह की छुट्टी कराने के लिए अपना सब कुछ दाव पर लगा दिया है । वर्तमान प्रधान की छुट्टी होने की दशा में उनके उत्तराधिकारियों के रूप में दो नाम लिए जा रहे हैं–गुरचरण सिंह निहालसिंहवाला तथा हरचरण सिंह बराड़ ।

श्री निहालसिंहवाला ने कुछ दिन पूर्व चंडीगढ़ में पत्रकार सम्मेलन का कार्यक्रम बनाया था । पत्रकारों को समय देकर वह वहां आने की अपेक्षा अपने गांव चले गए थे । सम्भवतः उन्होंने कुछ कहने से पूर्व सोच विचार किया होगा । जबकि श्री बराड़ बार्ड आम धारणा है कि वह आराम तलब राज नेता हैं ।

इस दौरान पता चला है कि कुछ दिन पूर्व प्रदेश इंका की बैठक में दो महासचिवों सेवा राम तथा शमशेर सिंह दुलो ने अपनी गलती मान ली थी कि उन्हें इंका केंद्रीय संसदीय बोर्ड के सदस्य दरबारा सिंह के खिलाफ बयानबाजी नहीं करनी चाहिए ।

इन्सैट-1 सी की सभी प्रणालियां कार्यशील

बेंगलूर, 24 जुलाई (वार्ता): दूसरी एपोजी मोटर चालू किए जाने के बाद भारतीय राष्ट्रीय उपग्रह इन्सैट-1 सी आज अपनी कक्षा के और निकट पहुंच गया । भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की एक विज्ञप्ति में बताया गया है कि उपग्रह की सभी प्रणालियां ठीक तरह से काम कर रही हैं । विज्ञप्ति में कहा गया है कि उपग्रह को उसकी निर्धारित कक्षा में स्थापित करने के लिए कल तीसरी एपोजी मोटर को चालू किया जाएगा ।

इंद्रजीत सूद अत्यन्त ईमानदार, निर्भीक, कर्त्तव्य-परायण और देशभक्त पत्रकार थे : विजय

लुधियाना, 24 जुलाई (महिन्द्रा): दैनिक हिंद समाचार के समाचार सम्पादक श्री इन्द्रजीत, जिन्हें आतंकवादियों ने 13 जुलाई की रात सवा नौ बजे

अत्यन्त ईमानदार, निर्भीक, कर्त्तव्य-परायण और देशभक्त पत्रकार थे । उन्होंने देश की एकता और अखण्डता के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया है । श्री चोपड़ा ने विश्वास दिलाया कि उनके

Punjabi Sanatan

प्राप्त रिपोर्टों की समीक्षा की जानी चाहिए । इस सम्बन्ध में उपयुक्त निर्णय लेने में सहूलियत हो ।

मुख्य सचिव आर.पी. ओझा को भी श्री डांगे ने पत्र लिखकर आतंकवादियों की हत्या का शिकार बने लोगों के परिवारों को राहत देने में हो रहे विलंब का मामला उठाया है ।

श्री सूद को श्रद्धांजलियां

✻हिन्द समाचार के समाचार सम्पादक श्री इंद्रजीत सूद की नृशंस हत्या का समाचार जानकर भारी दुख हुआ । वे मेरे 1952 से परिचित थे । राष्ट्र विरोधी शक्तियों के विरुद्ध संघर्ष में जितना भारी योगदान हिन्द समाचार परिवार ने डाला है, उतना विश्व में कहीं भी किसी अन्य समाचारपत्र-परिवार ने नहीं डाला ।—प्रो. बलराज मधोक भूतपूर्व संसत्सदस्य ।

✻पत्रकारों व निर्दोषों की हत्या करने वाले अधर्मी, दुष्ट एवं आततायी हैं । श्री सूद की यादगार स्थापित की जाए । श्री सूद की आत्मा को प्रभु शांति प्रदान करें ।—स्वामी प्रेमानन्द, विश्वास, ऋषि गौतम, रणजीत कुमार गुप्ता, शाहाबाद मारकंडा ।

सुरक्षा बलों से मुठभेड़

(पृष्ठ 3 का शेष)

छापा मारने के लिए गया तो फार्म हाऊस में छिपे उग्रवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी । यह मुठभेड़ कुछ घंटे चली । सुरक्षा बलों ने फार्म हाऊस से भारी मात्रा में हथियार व गोली-सिक्का बरामद किया ।

आतंकवादी गिरफ्तार

करतारपुर (देव): गत सप्ताह करतारपुर के मास्टर सोमनाथ का स्कूटर पी.यू.सी. 493 एक आतंकवादी पिस्तौल की नोक पर छीन कर ले गया था । गत दिवस मास्टर सोमनाथ का भाई रजिन्द्र पाल अपने मोपेड पर करतारपुर-किशनगढ़ रोड पर जा रहा था तो एक आतंकवादी जो स्कूटर पर किशनगढ़ की ओर से आ रहा था, को देख कर उसने अपने भाई का स्कूटर पहचान लिया । मोपेड पर उसका पीछा करके करतारपुर के सीड फार्म के निकट उसे घेर कर पकड़ लिया । शोर मचाने पर लोग इकट्ठे हो गए तो रजिन्द्र ने आतंकवादी को लोगों के हवाले करके पुलिस को सूचना दी जिस पर करतारपुर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया । इस आतंकवादी ने स्कूटर का नम्बर 493 की जगह 4934 जी.यू.सी. कर दिया था ।

पंजाब में सत्ता समेत 5 उग्रवादी व एक जवान मरा

आतंकवादियों द्वारा हथियारों के तस्कर की हत्या

चंडीगढ़, 24 जुलाई (वार्ता, ह.स.): पंजाब में गत 24 घंटों में खालिस्तान कमांडो फोर्स के स्वयंभू लैफ्टिनैंट जनरल सतनाम सिंह उर्फ सत्ता समेत 5 आतंकवादी मारे गए । 3 उग्रवादी मुठभेड़ों में मारे गए जबकि दो अन्य बचने के प्रयत्न में डूब कर मर गए । 4 अन्य ने आत्म-समर्पण कर दिया । जिला अमृतसर में हथियारों की तस्करी करने वाले एक किसान की उग्रवादियों ने हत्या कर दी और गांव पाशापुरा के निकट हुई एक मुठभेड़ में सी.आर.पी. का एक जवान भी मारा गया ।

पुलिस के महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल ने पुलिस जिला तरनतारन के गांव पखुपुरा में हुई मुठभेड़ के बारे आज रात चंडीगढ़ में पत्रकारों को बताया कि मुठभेड़ में मारा गया दुर्दांत उग्रवादी सतनाम सिंह उर्फ सत्ता उर्फ बुट्टो उर्फ ब्रह्मा बहुत से हत्याकांडों में वांछित था । उसके दो साथी ब्यास नदी में डूबने से मारे गए । श्री गिल ने बताया कि उन्होंने फरार होने के लिए नदी में छलांगें लगा दीं परन्तु वहीं डूब गए । उस पर 25 हजार रुपए का ईनाम था ।

डूबने से मारे गए उग्रवादियों के शव निकाल लिए गए । उनकी अभी शिनाख्त नहीं हो सकी । श्री गिल ने कहा कि हाल ही में खालिस्तान कमांडो फोर्स के स्वयंभू जनरल लाभ सिंह उर्फ सुक्खा सिपाही के मारे जाने के बाद इस मुठभेड़ में सत्ता का मारा जाना सुरक्षा बलों की दूसरी बड़ी सफलता है ।

उग्रवादी मरा पुलिस कर्मी घायल

श्री गिल ने बताया कि भटिंडा के सिविल लाइन्ज क्षेत्र में एक गुरुद्वारा के निकट एक मुठभेड़ में एक उग्रवादी मारा गया जबकि डी.एस.पी. बलबीर सिंह और हवलदार कुलवन्त सिंह गम्भीर रूप से घायल हो गए । अन्तिम सूचना मिलने तक मुठभेड़ जारी थी ।

एक अन्य समाचार के अनुसार घायल डी.एस.पी. का नाम दलबीर सिंह है और वह तलवंडी साबो में तैनात है ।

मुठभेड़ में एक मरा

फरीदकोट (गुप्ता, ह.स., मित्तल): फरीदकोट जिले के कंदूखेड़ा गांव में आज तड़के सुरक्षा बल से मुठभेड़ में एक कुख्यात आतंकवादी मारा गया, उसके चार साथी पकड़ लिए गए जबकि दो अन्य भाग जाने में सफल हो गए ।

आज तड़के चार बजे आतंकवादियों द्वारा राजस्थान से पंजाब में घुसने की कोशिश करने पर यह मुठभेड़ हुई ।

एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि आतंकवादियों के पास से एक चीनी ए.के. 47 असाल्ट राइफल, एक फ्रांसीसी फोल्डिंग सब मशीगन, 32 बोर का एक पाकिस्तानी रिवाल्वर, 38 बोर का एक रिवाल्वर तथा कारतूस बरामद हुए हैं ।

यह उग्रवादी खालिस्तान कमांडो फोर्स से सम्बन्धित बताए जाते हैं । गिरफ्तार आतंकवादियों की शिनाख्त अबोहर और मलोट क्षेत्रों के स्वयंभू एरिया कमांडर दर्शन सिंह (चिराग धनी), फरार दुर्दांत उग्रवादी दर्शन सिंह मोहलां का निकटवर्ती साथी बलविंदर सिंह (रत्ता टिब्बा), गुरनाम सिंह किल्लियांवाली और पाल सिंह (नियामीवाली) के रूप में की गई है । मुठभेड़ में मारे गए उग्रवादी की शिनाख्त नहीं हो सकी ।

हत्याओं की योजना थी

प्रारम्भिक पूछताछ के दौरान इन उग्रवादियों ने बताया कि उनकी योजना अबोहर, मलोट और निकटवर्ती भटिंडा क्षेत्रों में एक ही समुदाय के लोगों की हत्या करना था । उन्होंने आधा दर्जन हत्याएं और पांच डकैतियां करना स्वीकार किया है । स्वयंभू एरिया कमांडर दर्शन सिंह ने बताया कि जिला फिरोजपुर में एक राजनीतिज्ञ की हत्या करने की भी उसकी योजना थी ।

जिला पुलिस चीफ श्री गोविंद राम ने बताया कि बाघापुराना पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ उग्रवादी राजस्थान से पंजाब के मलोट क्षेत्र में लम्बी पुलिस ड्यूटी के गांव कंदूखेड़ा सीमा द्वारा आ रहे हैं । इस पर बाघा पुराना की पुलिस पार्टी ने लम्बी पुलिस और सी.आर.पी. एफ. की एक टुकड़ी के साथ कंदूखेड़ा के निकट नाकेबंदी कर ली । प्रातः लगभग साढ़े 4 बजे 6 से 8 उग्रवादियों ने, जिन्हें वहां नाकेबंदी होने का विचार तक नहीं था, सीमा पार करने का प्रयास किया । जवानों द्वारा चुनौती दिए जाने पर इन्होंने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी । जवाबी फायरिंग से एक उग्रवादी घटनास्थल पर ही मारा गया जबकि चार उग्रवादी आत्मसमर्पण करने को विवश हो गए । उनके दो साथी वापस राजस्थान भाग जाने में सफल हो गए । श्री गोविंद राम ने बताया कि मारे गए उग्रवादी की आयु 25-30 वर्ष के बीच है ।

6 गिरफ्तार

फिरोजपुर (ह.स.) : सुरक्षा बलों ने जिला फिरोजपुर में विभिन्न स्थानों पर नाकाबंदी के दौरान 6 उग्रवादियों को गिरफ्तार करके उनसे दो ए.के.-47 असाल्ट राइफलें, तीन पिस्तौल, एक मैगजीन और एक चोरी का स्कूटर बरामद किया ।

युवा किसान की हत्या

अमृतसर (ह.स.): कल रात तरनतारन पुलिस जिले के खेमकरण थाने के अंतर्गत गज्जाल गांव में ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफलों से लैस पांच आतंकवादियों ने जबर्दस्ती आत्मा सिंह नामक युवा किसान के घर में घुस कर उसकी हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार वहां से भागने से पूर्व आतंकवादियों ने 'खालिस्तान' समर्थक नारे लगाए ।

तस्कर था

एक अन्य समाचार के अनुसार पुलिस सूत्रों ने बताया कि आत्मा सिंह एक भूतपूर्व सैनिक था । वह हथियारों की तस्करी करता था । उसे पहले पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था । उसकी हत्या खालिस्तान लिबरेशन फोर्स से सम्बद्ध उग्रवादियों ने की ।

जवान और उग्रवादी मरे

तरनतारन पुलिस जिला में सरहाली पुलिस स्टेशन के गांव पखुपुरा में हुई एक मुठभेड़ में एक दुर्दांत उग्रवादी सतनाम सिंह सत्ता और सी.आर.पी.एफ. का एक जवान हंगूली राम मारा गया ।

प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार सी.आर.पी.एफ. की गश्ती पार्टी को एक फार्म हाउस में कुछ उग्रवादियों के छिपे होने की सूचना मिली । गश्ती दल वहां

(शेष पृष्ठ 8 पर)

Punjab Archive

स्वर्ण मंदिर के हैडग्रंथी और शिरोमणि कमेटी के सचिव सहित 5 की हत्या

मल सिंह घुमान घायल, रंगरेटा बाल-बाल बचे : उग्रवादियों द्वारा घायल एक व्यक्ति दम तोड़ गया

'बाघा' मुठभेड़ में मरा, एक उग्रवादी को साथियों ने मारा

फिरौती के लिए बच्चे का अपहरण : खेमकरण क्षेत्र में गोलियों से छलनी शव मिला : गाड़ी पर फायरिंग

चंडीगढ़, 25 जुलाई (ह.स.): उग्रवादियों ने स्वर्ण मंदिर के हैडग्रंथी श्री सोहन सिंह और शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक समिति के सचिव श्री भान सिंह सहित पंजाब के विभिन्न स्थानों पर पांच लोगों की हत्या कर दी । मृतकों में एक शिक्षक और तीसरी कक्षा की छात्रा भी शामिल है । अमृतसर में उग्रवादियों की गोली से घायल परमजीत सिंह की आज अस्पताल में मृत्यु हो गई और खेमकरण क्षेत्र में गोलियों से छलनी एक शव बरामद हुआ है । एक बच्चे का उग्रवादियों ने अपहरण कर लिया । विभिन्न स्थानों से सुरक्षा बलों ने लगभग एक दर्जन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है ।

ग्रंथी सहित दो की हत्या

लुधियाना (ह.स.): आतंकवादियों ने यहां स्वर्ण मंदिर के ग्रंथी सोहन सिंह और शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्ध समिति के सचिव भान सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी तथा महासचिव मल सिंह घुमान को गम्भीर रूप से घायल कर दिया ।

ए.के. 47 चीनी राइफलों से तीन आतंकवादियों ने इन तीनों पर उस समय गोलियां बरसाई जब वे स्थानीय गुरुनानाक इंजीनियरिंग कालेज के प्रांगण में एक पेड़ के नीचे खड़े थे । वे यहां कालेज ट्रस्ट की बैठक में भाग लेने आए थे ।

श्री सोहन सिंह की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई जबकि श्री भान सिंह ने अस्पताल में दम तोड़ा । श्री घुमान की हालत गम्भीर बताई जाती है ।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि श्री सोहन सिंह के सिर पर गोली लगी जबकि भान सिंह के सीने और जांघ पर दो गोलियां लगीं । मल सिंह घुमान के सिर, सीने और पेट में तीन गोलियां लगी हैं ।

रीढ़ की हड्डी प्रभावित

एक अन्य समाचार के अनुसार श्री मल सिंह घुमान का आप्रेशन हो गया है । डाक्टरों का कहना है कि गोली पेट में लगी परन्तु इससे रीढ़ की हड्डी भी प्रभावित हुई है । शायद ठीक होने पर भी उनकी टांगें काम न कर सकें ।

परसों यह नेता जब प्रो. दर्शन सिंह से मिले थे तो पत्रकारों ने श्री भान सिंह से पूछा था कि वर्तमान स्थिति के बारे में वह क्या कुछ कहेंगे ? उन्होंने उत्तर दिया था—"हालात बहुत खराब हैं । सोच-समझ कर ही बात करनी चाहिए । मैं कोई बयान नहीं देना चाहता ।"

श्री भान सिंह शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी में सचिव नियुक्त होने से पूर्व दरबार साहब स्थित सिख अजायब घर के प्रबन्धक थे । एम.ए., एल.एल.बी. श्री भान सिंह शिरोमणि कमेटी के कानूनी सलाहकार भी रहे । स्वतंत्रता से पूर्व सिख छात्र संगठन के प्रधान के रूप में उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय भाग लिया । वह अपने पीछे पत्नी, दो लडके और तीन लड़कियां छोड़ गए । आप्रेशन ब्लैक थंडर से 7-8 मास पूर्व तक उग्रवादियों से धमकियां मिलने के कारण वह दरबार साहब नहीं गए थे ।

गत दिनों शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी द्वारा पांच सिंह साहिबान बदले जाने के बाद श्री सोहन सिंह ने स्वर्ण मंदिर के हैडग्रंथी का पद सम्भाला था । अकाल तख्त के चीफ जसबीर सिंह रोडे सहित पहले पांच सिंह साहिबान को हटाने में श्री भान सिंह और श्री मल सिंह घुमान ने मुख्य भूमिका निभाई थी । उल्लेखनीय है कि श्री सोहन सिंह को ज्ञानी पूर्ण सिंह के स्थान पर उक्त पद पर नियुक्त किया गया था । गत दिवस उन्होंने एक बयान में कहा था कि भूतपूर्व मुख्यमंत्री के पंथ से निष्कासन बारे सिंह साहिबान शीघ्र ही निर्णय लेंगे । उग्रवादियों द्वारा मिल रही धमकियों बारे उन्होंने कहा था कि उन्हें अपनी जान की परवाह नहीं, वह वही करेंगे जो सिख परम्परा के अनुरूप होगा और सिख पंथ के हित में होगा ।

लाशें अमृतसर भेजी गईं

'मुसाफिर' के अनुसार दरबार साहब के हैडग्रंथी ज्ञानी सोहन सिंह और शिरोमणि कमेटी के सचिव भान सिंह की लाशें पोस्टमार्टम के बाद उनके वारिसों को सौंप दी गईं । दोनों लाशें दो पुलिस वैनों में उनके रिश्तेदारों के साथ भारी पुलिस फोर्स सहित अमृतसर भेजी गई हैं ।

अंतिम संस्कार

अमृतसर से प्राप्त समाचार के अनुसार शिरोमणि प्रबन्धक कमेटी के अधिकारियों ने बताया कि श्री भान सिंह का अन्तिम संस्कार कल किया जाएगा ।

बाल-बाल बचे

प्रबन्धक समिति के कार्यवाहक अध्यक्ष उजागर सिंह रंगरेटा और कुछ अन्य वरिष्ठ अकाली नेता बैठक के लिए देर से पहुंचने के कारण बाल-बाल बच गए । हत्यारे पैदल आए और वारदात कर कालेज से एक स्कूटर उठा कर सिधवां नहर की ओर

(शेष पृष्ठ 6 पर)

ं आ गई है : राजीव

दोनों देशों के लोगों के बीच संपर्क को रोक रहा है ।

एक लम्बी भेंट में प्रधानमंत्री ने घरेलू और विदेश नीति के मामलों, पंजाब, बोफोर्स और चुनावों में धन की भूमिका सम्बन्धी अनेक सवालों का जवाब दिया ।

यह पूछे जाने पर कि क्या पंजाब में सरकार असफल हो गई है ? श्री गांधी ने जवाब दिया- नहीं । सरकार के असफल होने का सवाल ही नहीं उठता । हमारा मुख्य कार्य पृथकतावादी विचारों और आतंकवाद से लड़ना है । धीरे-धीरे समस्या हमारी पकड़ में आ गई है । उन्होंने कहा- हमें सफलता मिल रही है क्योंकि अधिकतर सिख और हिंदू आतंकवाद का विरोध करने में एकता और अखंडता का परिचय दे रहे हैं ।

श्री गांधी ने कहा कि पंजाब में आतंकवादियों के राजनीति को साम्प्रदायिकता का रूप देने के प्रयास को जनता ने विफल कर दिया है । हमें इस प्रवृत्ति को बनाए रखना है ।

उन्होंने कहा कि धर्म के आधार पर समाज में मतभेद पैदा करने वाले लोगों को अलग-थलग करने के लिए सभी धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक ताकतों को एक साथ आगे आना चाहिए । संयुक्त संघर्ष से राजनैतिक समाधान निकल सकता है और यह समाधान संवैधानिक ढांचे के आधार पर होना चाहिए । उन्होंने कहा कि समाधान में हम किसी तरह की धार्मिक विचारधारा को शामिल करने की इजाजत नहीं दे सकते ।

श्री गांधी ने कहा कि 1984 के अंतिम छः महीने के दौरान और आज के पंजाब में काफी अंतर है । पंजाब में आज प्रशासन आतंकवादियों के खिलाफ काम कर रहा है, जबकि उस समय ऐसा नहीं था । आज औसत आदमी भी आतंकवादियों के खिलाफ खड़ा है । इसके अलावा अब पंजाब में आर्थिक विकास तेज हुआ है और रिकार्ड उत्पादन हुआ है । उन्होंने कहा कि ये कुछ बातें हैं जो यदि

(शेष पृष्ठ 6 पर)

टीचरों की हत्याओं के विरुद्ध हड़ताल

अमृतसर, 25 जुलाई (ह.स.): गत सप्ताह के दौरान आतंकवादियों द्वारा दो स्कूल टीचरों की हत्या किए जाने के विरुद्ध रोष स्वरूप आज इस जिला के प्राइमरी, हाई व हायर सैकेंडरी स्कूलों के सरकारी टीचरों ने हड़ताल की । छज्जलवड्डी के हैड टीचर श्री रूप चन्द की 22 जुलाई को हत्या की गई थी जबकि इससे एक दिन पहले प्राइमरी स्कूल टीचर कश्मीर सिंह की हत्या की गई थी ।

लगभग एक हजार टीचरों ने जिला शिक्षाधिकारी के कार्यालय के बाहर प्रोटैस्ट रैली की और मांग की कि टीचरों को सुरक्षा प्रदान की जाए । टीचर्ज यूनियन के सचिव श्री सरमनजीत सिंह ने कहा कि आज तक जिला में 30 टीचर आतंकवादियों के हाथों मारे जा चुके हैं ।

Punjab Sampada

स्वर्ण मंदिर के हैडग्रंथी और शिरोमणि कमेटी के सचिव सहित 5 की हत्या

मल सिंह घुमान घायल, रंगरेटा बाल-बाल बचे : उग्रवादियों द्वारा घायल एक व्यक्ति दम तोड़ गया

'बाघा' मुठभेड़ में मरा, एक उग्रवादी को साथियों ने मारा

फिरौती के लिए बच्चे का अपहरण : खेमकरण क्षेत्र में गोलियों से छलनी शव मिला : गाड़ी पर फायरिंग

चंडीगढ़, 25 जुलाई (ह.स.): उग्रवादियों ने स्वर्ण मंदिर के हैडग्रंथी श्री सोहन सिंह और शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक समिति के सचिव श्री भान सिंह सहित पंजाब के विभिन्न स्थानों पर पांच लोगों की हत्या कर दी । मृतकों में एक शिक्षक और तीसरी कक्षा की छात्रा भी शामिल है । अमृतसर में उग्रवादियों की गोली से घायल परमजीत सिंह की आज अस्पताल में मृत्यु हो गई और खेमकरण क्षेत्र में गोलियों से छलनी एक शव बरामद हुआ है । एक बच्चे का उग्रवादियों ने अपहरण कर लिया । विभिन्न स्थानों से सुरक्षा बलों ने लगभग एक दर्जन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है ।

ग्रंथी सहित दो की हत्या

लुधियाना (ह.स.): आतंकवादियों ने यहां स्वर्ण मंदिर के ग्रंथी सोहन सिंह और शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्ध समिति के सचिव भान सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी तथा महासचिव मल सिंह घुमान को गम्भीर रूप से घायल कर दिया ।

ए.के. 47 चीनी राइफलों से तीन आतंकवादियों ने इन तीनों पर उस समय गोलियां बरसाईं जब वे स्थानीय गुरुनानाक इंजीनियरिंग कालेज के प्रांगण में एक पेड़ के नीचे खड़े थे । वे यहां कालेज ट्रस्ट की बैठक में भाग लेने आए थे ।

श्री सोहन सिंह की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई जबकि श्री भान सिंह ने अस्पताल में दम तोड़ा । श्री घुमान की हालत गम्भीर बताई जाती है ।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि श्री सोहन सिंह के सिर पर गोली लगी जबकि भान सिंह के सीने और जांघ पर दो गोलियां लगीं । मल सिंह घुमान के सिर, सीने और पेट में तीन गोलियां लगी हैं ।

रीढ़ की हड्डी प्रभावित

एक अन्य समाचार के अनुसार श्री मल सिंह घुमान का आप्रेशन हो गया है । डाक्टरों का कहना है कि गोली पेट में लगी परन्तु इससे रीढ़ की हड्डी भी प्रभावित हुई है । शायद ठीक होने पर भी उनकी टांगें काम न कर सकें ।

परसों यह नेता जब प्रो. दर्शन सिंह से मिले थे तो पत्रकारों ने श्री भान सिंह से पूछा था कि वर्तमान स्थिति के बारे में वह क्या कुछ कहेंगे ? उन्होंने उत्तर दिया था—"हालात बहुत खराब हैं । सोच-समझ कर ही बात करनी चाहिए । मैं कोई बयान नहीं देना चाहता ।"

श्री भान सिंह शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी में सचिव नियुक्त होने से पूर्व दरबार साहब स्थित सिख अजायब घर के प्रबन्धक थे । एम.ए., एल.एल.बी. श्री भान सिंह शिरोमणि कमेटी के कानूनी सलाहकार भी रहे । स्वतंत्रता से पूर्व सिख छात्र संगठन के प्रधान के रूप में उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय भाग लिया । वह अपने पीछे पत्नी, दो लड़के और तीन लड़कियां छोड़ गए । आप्रेशन ब्लैक थंडर से 7-8 मास पूर्व तक उग्रवादियों से धमकियां मिलने के कारण वह दरबार साहब नहीं गए थे ।

गत दिनों शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी द्वारा पांच सिंह साहिबान बदले जाने के बाद श्री सोहन सिंह ने स्वर्ण मंदिर के हैडग्रंथी का पद सम्भाला था । अकाल तख्त के चीफ जसबीर सिंह रोडे सहित पहले पांच सिंह साहिबान को हटाने में श्री भान सिंह और श्री मल सिंह घुमान ने मुख्य भूमिका निभाई थी । उल्लेखनीय है कि श्री सोहन सिंह को ज्ञानी पूर्ण सिंह के स्थान पर उक्त पद पर नियुक्त किया गया था । गत दिवस उन्होंने एक बयान में कहा था कि भूतपूर्व मुख्यमंत्री के पंथ से निष्कासन बारे सिंह साहिबान शीघ्र ही निर्णय लेंगे । उग्रवादियों द्वारा मिल रही धमकियों बारे उन्होंने कहा था कि उन्हें अपनी जान की परवाह नहीं, वह वही करेंगे जो सिख परम्परा के अनुरूप होगा और सिख पंथ के हित में होगा ।

लाशें अमृतसर भेजी गईं

'मुसाफिर' के अनुसार दरबार साहब के हैडग्रंथी ज्ञानी सोहन सिंह और शिरोमणि कमेटी के सचिव भान सिंह की लाशें पोस्टमार्टम के बाद उनके वारिसों को सौंप दी गईं । दोनों लाशें दो पुलिस वैनों में उनके रिश्तेदारों के साथ भारी पुलिस फोर्स सहित अमृतसर भेजी गई हैं ।

अंतिम संस्कार

अमृतसर से प्राप्त समाचार के अनुसार शिरोमणि प्रबन्धक कमेटी के अधिकारियों ने बताया कि श्री भान सिंह का अन्तिम संस्कार कल किया जाएगा ।

बाल-बाल बचे

प्रबन्धक समिति के कार्यवाहक अध्यक्ष उजागर सिंह रंगरेटा और कुछ अन्य वरिष्ठ अकाली नेता बैठक के लिए देर से पहुंचने के कारण बाल-बाल बच गए । हत्यारे पैदल आए और वारदात कर कालेज से एक स्कूटर उठा कर सिधवा नहर की ओर

(शेष पृष्ठ 6 पर)

...में आ गई है : राजीव

दोनों देशों के लोगों के बीच संपर्क को रोक रहा है ।

एक लम्बी भेंट में प्रधानमंत्री ने घरेलू और विदेश नीति के मामलों, पंजाब, बोफोर्स और चुनावों में धन की भूमिका सम्बन्धी अनेक सवालों का जवाब दिया ।

यह पूछे जाने पर कि क्या पंजाब में सरकार असफल हो गई है ? श्री गांधी ने जवाब दिया- नहीं । सरकार के असफल होने का सवाल ही नहीं उठता । हमारा मुख्य कार्य पृथकतावादी विचारों और आतंकवाद से लड़ना है । धीरे-धीरे समस्या हमारी पकड़ में आ गई है । उन्होंने कहा- हमें सफलता मिल रही है क्योंकि अधिकतर सिख और हिंदू आतंकवाद का विरोध करने में एकता और अखंडता का परिचय दे रहे हैं ।

श्री गांधी ने कहा कि पंजाब में आतंकवादियों के राजनीति को साम्प्रदायिकता का रूप देने के प्रयास को जनता ने विफल कर दिया है । हमें इस प्रवृत्ति को बनाए रखना है ।

उन्होंने कहा कि धर्म के आधार पर समाज में मतभेद पैदा करने वाले लोगों को अलग-थलग करने के लिए सभी धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक ताकतों को एक साथ आगे आना चाहिए । संयुक्त संघर्ष से राजनैतिक समाधान निकल सकता है और यह समाधान संवैधानिक ढांचे के आधार पर होना चाहिए । उन्होंने कहा कि समाधान में हम किसी तरह की धार्मिक विचारधारा को शामिल करने की इजाजत नहीं दे सकते ।

श्री गांधी ने कहा कि 1984 के अंतिम छः महीने के दौरान और आज के पंजाब में काफी अंतर है । पंजाब में आज प्रशासन आतंकवादियों के खिलाफ काम कर रहा है, जबकि उस समय ऐसा नहीं था । आज औसत आदमी भी आतंकवादियों के खिलाफ खड़ा है । इसके अलावा अब पंजाब में आर्थिक विकास तेज हुआ है और रिकार्ड उत्पादन हुआ है । उन्होंने कहा कि ये कुछ बातें हैं जो यदि

(शेष पृष्ठ 6 पर)

टीचरों की हत्याओं के विरुद्ध हड़ताल

अमृतसर, 25 जुलाई (ह.स.): गत सप्ताह के दौरान आतंकवादियों द्वारा दो स्कूल टीचरों की हत्या किए जाने के विरुद्ध रोष स्वरूप आज इस जिला के प्राइमरी, हाई व हायर सैकेंडरी स्कूलों के सरकारी टीचरों ने हड़ताल की । छज्जलवड्डी के हैड टीचर श्री रूप चन्द की 22 जुलाई को हत्या की गई थी जबकि इससे एक दिन पहले प्राइमरी स्कूल टीचर कश्मीर सिंह की हत्या की गई थी ।

लगभग एक हजार टीचरों ने जिला शिक्षाधिकारी के कार्यालय के बाहर प्रोटैस्ट रैली की और मांग की कि टीचरों को सुरक्षा प्रदान की जाए । टीचर्ज यूनियन के सचिव श्री सरमनजीत सिंह ने कहा कि आज तक जिला में 30 टीचर आतंकवादियों के हाथों मारे जा चुके हैं ।

Punjab Sonata



राजकीय प्राइमरी स्कूल बजरौर, जिला होशियारपुर के (1) हैड मास्टर श्री गुरबख्श सिंह (2) स्कूल की तीसरी श्रेणी की छात्रा 9 वर्षीय सुमन बाला का शव, जिसकी उग्रवादियों ने सोमवार को प्रातः फायरिंग करके हत्या कर दी । (3) सुमन बाला की माता तथा अन्य महिलाएं विलाप करती हुईं (4) सुमन बाला का बस्ता, खाने का डिब्बा, उसकी चप्पलें व तख्ती आदि कक्षा में रक्तरंजित पड़े दिखाई दे रहे हैं । (छाया : मून लाईट)

Punjab Sanatan





Sukhjinder Kang

आतंकवादियों ने सोमवार को लुधियाना में शिरोमणि कमेटी के सचिव श्री भान सिंह तथा दरबार साहिब अमृतसर के हैड ग्रंथी भाई सोहन सिंह की हत्या कर दी। चित्र में (1) श्री भान सिंह तथा (2) भाई सोहन सिंह के शव (इन्सैट दोनों के पुराने चित्र), (3) घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती श्री मल सिंह घुमान, (4) पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री के. पी. एस. गिल अधिकारियों के साथ बातचीत करते हुए, (5) विलाप करती हुई श्री भान सिंह की पत्नी, बेटी व अन्य।

(छाया : काम्बोज, भाम्बी)

स्वर्ण मंदिर के हैड ग्रंथी की हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

भाग गए । उच्च अधिकारी घटनास्थल के लिए रवाना हो गए हैं तथा आतंकवादियों को पकड़ने की कोशिश की जा रही है ।

श्री चुमान पर यह दूसरा हमला है । एक साल पहले भी समीपवर्ती आलमगीर गुरुद्वारे के पास उन्हें गम्भीर रूप से घायल कर दिया गया था । उस समय वह अकाल तख्त के तत्कालीन जत्थेदार प्रोफैसर दर्शन सिंह द्वारा बुलाई बैठक में भाग ले रहे थे ।

जेवर लूटे

तीन उग्रवादियों ने आज यहां सिविल लाइन्स क्षेत्र में दंडी स्वामी मन्दिर के निकट एक जौहरी श्री अमृत लाल जैन के घर से बंदूक की नोक पर सोने के जेवर लूट लिए । वारदात के समय घर में केवल महिलाएं ही थीं । जाते समय उग्रवादी वी.सी.आर. और हीरो होंडा मोटर साइकिल भी ले गए ।

शिक्षक और छात्रा की हत्या

होशियारपुर से हमारे सम्वाददाता ने खबर दी है कि आज प्रातः लगभग साढ़े 8 बजे दो सशस्त्र उग्रवादियों ने चबेवाल के निकट गांव बजरौर में एक मुख्याध्यापक और तीसरी कक्षा की छात्रा की गोलियां मार कर हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार स्कूटर सवार 2 उग्रवादी उक्त प्राइमरी स्कूल में मुख्याध्यापक श्री गुरबख्श सिंह जो तीसरी कक्षा को पढ़ा रहे थे, के पास कमरे में गए और गुरबख्श सिंह गांव बिहाला के नम्बरदार भी हैं और उनकी धर्मपत्नी नसीब कौर गांव बिहाला की पंच हैं । उन पर गोलियों की बौछार कर दी । जब वह बाहर भागे तो पीछे से उग्रवादी गोलियां चलाते रहे । इतने में एक गोली उनको लगी और वह गिर गए और घटनास्थल पर ही उनकी मृत्यु हो गई । इस बीच एक 9 वर्षीय छात्रा सुमन बाला सैनी सुपुत्री श्री सोहन सिंह सैनी की कनपटी पर भी गोली लगी जिससे वह घटनास्थल पर ही दम तोड़ गई जबकि तीन अन्य बच्चे घायल हो गए । मृतक गुरबख्श सिंह आगामी माह सेवा मुक्त होने वाले थे । उग्रवादी उनकी जीप में एक खत डाल कर एक स्कूटर पर सवार हो कर फरार हो गए । एस.एस.पी. परमजीत सिंह संधु और एस.पी. हरभजन सिंह बाजवा सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंच गए । दोनों लाशों का सिविल अस्पताल होशियारपुर में पोस्टमार्टम करके लाशें वारिसों के हवाले कर दी गई हैं । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है ।

8 गिरफ्तार

कल रात जिला में पुलिस और सुरक्षा बलों के साथ भिड़ंत के बाद 8 उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया गया । उनके कब्जे से भारी मात्रा में शस्त्रास्त्र और विस्फोटक सामग्री बरामद हुई है । इसके अतिरिक्त छीना हुआ एक स्कूटर और ट्रैक्टर भी उनसे बरामद किया गया है ।

पुलिस अधीक्षक श्री परमजीत सिंह संधु ने आज यहां बताया कि कल रात 2 बजे होशियारपुर-दसूहा रोड पर गांव माछिया के निकट पुलिस और बी.एस.एफ. के एक दस्ते ने नाकाबंदी कर रखी थी एक ट्रैक्टर और स्कूटर पर कुछ लोग आते हुए दिखाई दिए । जब उन्हें ललकारा गया तो उन्होंने सुरक्षा बलों पर फायरिंग शुरू कर दी । सुरक्षा बलों ने भी जवाबी फायरिंग शुरू कर दी । दोनों ओर से काफी देर गोलियां चलती रहीं । लेकिन कोई जख्मी नहीं हुआ । बाद में अधिकारियों की जेतावनी पर उग्रवादियों ने हाथ खड़े करके आत्मसमर्पण कर दिया । गिरफ्तार उग्रवादियों में चरणजीत सिंह गांव हजीभटोली थाना दसूहा से 12 बोर का पिस्तौल, कंवलजीत सिंह हाजी भटोली से 12 बोर का पिस्तौल, हरजिन्दर सिंह पिडोरी अटवाल से दोनाली

भटिंडा में गत दिवस पुलिस के साथ मुकाबले में मारे गए उग्रवादी बलजीत सिंह बाघा का शव । (छाया : मान)

बंदूक, हरप्रीत सिंह गांव जंडियाला से 303 बोर की पिस्तौल, हरजिन्दर सिंह से 12 बोर की बंदूक बरामद की गई है । इनके अतिरिक्त गुरदास सिंह, गुरबख्श सिंह और सतपाल सिंह सभी अभियुक्तों को भी धारा 307 के अधीन गिरफ्तार किया गया । ये सभी कत्ल, लूट मार और छीना-झपटी की कई वारदातों में वांछित हैं । इनसे पूछताछ हो रही है ।

नौकर की हत्या

जालन्धर (ह.स.): प्रताप बाग इलाके के एक चाय व्यापारी कृष्ण लाल के निवासस्थान पर आज तड़के उनके एक नौकर की हत्या कर दी गई और एक अन्य नौकर लापता है । पुलिस सूत्रों के अनुसार वारदात के समय कृष्ण लाल अपने परिवार के साथ किसी रिश्तेदार के यहां गए हुए थे । आज सुबह जब वह अपने घर वापस आए तो एक नौकर को मृत पाया और घर की कुछ बहुमूल्य वस्तुएं भी गायब थीं । ऐसा प्रतीत होता है कि नौकर की हत्या से पहले हत्यारे ने उसे किसी कपड़े से बांध दिया था । पुलिस मामले की छानबीन कर रही है । अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि घर से लापता एक नौकर ने ही उसकी हत्या की या इसमें किसी व्यक्ति का हाथ है ।

दोहरी सवारी से पाबंदी हटी

कपूरथला (शर्मा) : जिला मैजिस्ट्रेट श्री ए.आर. तलवाड़ ने एक आदेश द्वारा 3½ हार्स पावर से कम के मोटर साइकिलों, स्कूटरों तथा मोपेडों पर दोहरी सवारी पर लगाई पाबंदी समाप्त कर दी है परन्तु 3½ हार्स के या इससे अधिक के मोटर साइकिल पर लगी पाबन्दी 31 अगस्त 1988 तक जारी रहेगी ।

फगवाड़ा (अशोक) : गत रात यहां से 5 किलोमीटर दूर गांव चचराड़ी के पास तीन उग्रवादियों ने पिस्तौल की नोक पर बिजली बोर्ड के एक जूनियर इंजीनियर प्रेम नाथ से उसका स्कूटर नम्बर पी.सी.एस. 1030 उस समय छीन लिया जब वह अपनी पत्नी सुरिन्दर रानी के साथ गांव लेला से लुधियाना जा रहा था । उग्रवादियों ने दोनों पति-पत्नी की कलाई की घड़ियां उतार लीं व जेब से सारी नकदी भी छीन ली ।

3 गिरफ्तार

अमृतसर (ह.स.): मजीठा पुलिस ने आज खालिस्तान लिबरेशन फोर्स से सम्बद्ध तीन उग्रवादियों सुखजिंदर सिंह, मोहिंदर सिंह और अमरजीत सिंह को गिरफ्तार किया है । जगीर सिंह गिरोह के ये मैम्बर जिला में कई हत्या के केसों में पुलिस को वांछित थे । गिरोह का सरगना पहले ही मुठभेड़ में मारा जा चुका है । पुलिस ने इनके कब्जे से एक स्टेनगन, 12 बोर की दो दोनाली बंदूकें और एक एक नाली बंदूक बरामद की हैं ।

घायल चल बसा

गत 19 जुलाई को हुकम सिंह रोड पर स्कूटर छीनने के प्रयास में उग्रवादियों ने परमजीत सिंह नामक व्यक्ति को घायल कर दिया था, की आज यहां अस्पताल में मृत्यु हो गई ।

शव बरामद

खेमकरण पुलिस स्टेशन के गांव भरेकोने के निकट पुलिस को गोलियों से छलनी एक शव बरामद हुआ है ।

गाड़ी पर फायरिंग

कुछ उग्रवादियों ने गत रात रत्तोके-खेमकरण के मध्य चलने वाली रेल गाड़ी पर फायरिंग की । इस फायरिंग में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है ।

3 में से 2 की शिनाख्त

तरनतारन पुलिस जिला के एस.एस.पी. श्री संजीव गुप्ता ने आज यहां पत्रकारों को बताया कि गत दिवस सतनाम सिंह सत्ता और गुलजार सिंह के मारे जाने से खालिस्तान कमांडो फोर्स को काफी धक्का लगा है । उन्होंने बताया सत्ता का गिरोह चीमा बाठ और चक बम्बा में पूरे-पूरे परिवारों की और गत मास मंड क्षेत्र में ए.एस.आई. बलजीत सिंह सहित चार पुलिस कर्मचारियों की हत्याओं में संलिप्त था । श्री गुप्ता ने बताया कि गत दिवस मारे गए तीसरे उग्रवादी की अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी । उन्होंने बताया कि सत्ता सुर सिंह में सी.आर.पी.एफ. की टुकड़ी पर राकेटों से हमला करने के केस में भी पुलिस को वांछित था ।

लाश बरामद

बटाला (चौधरी) : आज दोपहर लगभग 2½ बजे थाना कादियां के गांव बेलवाल में रेलवे लाइन पर एक लाश बरामद हुई है । इसकी अभी तक पहचान नहीं हो सकी । पुलिस का ख्याल है कि यह वारदात उग्रवादियों की आपसी लड़ाई का परिणाम है ।

'कोछड़' के अनुसार एस.एस.पी. श्री एस.एम. शर्मा ने बताया कि वह उग्रवादियों के एक गिरोह के साथ आ रहा था और वहीं उसकी हत्या कर शव फैंक गए ।

बच्चे का अपहरण

फिरोजपुर (ह.स.): जिला के मालवाला गांव की एक अन्य घटना में आतंकवादियों ने ओम प्रकाश नामक एक व्यक्ति के घर में घुस कर उनके पुत्र अजय कुमार का अपहरण कर लिया । आतंकवादियों ने अजय को छोड़ने के लिए एक लाख रुपए की फिरौती मांगी है ।

युवक की हत्या

जीन्द (गुप्ता): कुछ अज्ञात युवकों ने गत दिवस यहां मंडी के निकट एक युवक राज कुमार की गोली मार कर हत्या कर दी । अभी तक इस सम्बन्ध में किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया ।

उग्रवादी मरा

भटिंडा (ग्रोवर): भटिंडा जिला में 6 हत्याएं, 4 बैंक डकैतियों और छीना-झपटी की एक दर्जन वारदातों में संलिप्त एक पाकिस्तान प्रशिक्षित आतंकवादी बलजीत सिंह बाघा कल शाम भटिंडा की जिला कचहरियों के पीछे स्थित सरकारी कर्मचारियों के क्वार्टरों के पास एक पुलिस मुकाबले में मारा गया । इस मुकाबले में तलवंडी साबो के डी.एस.पी. श्री बलबीर कुमार और हैड कांस्टेबल कुलवंत सिंह सख्त घायल हो गए, जिनको लगी गोलियां सिविल अस्पताल में निकाल दी गई । भटिंडा के सिविल सर्जन डाक्टर एम. एल. गर्ग के अनुसार अब पुलिस अधिकारियों की हालत खतरे से बाहर है ।

जिला के एस.एस.पी. श्री आर. एस. गिल ने पुलिस मुकाबले का ब्यौरा देते हुए कहा कि पुलिस को अपने सूत्रों से यह सूचना मिली थी कि आतंकवादी पावर हाऊस रोड के साथ सरकारी क्वार्टरों में एक क्वार्टर नम्बर एच. 81 में छुपा हुआ है, जहां पुलिस की एक पार्टी श्री बलबीर कुमार के नेतृत्व में पहुंची और क्वार्टर को घेरे में ले लिया । पुलिस पार्टी ने क्वार्टर के पिछवाड़े के दरवाजे पर दस्तक दी । दस्तक होते ही घर में छुपे आतंकवादी ने बड़ी फुर्ती से दरवाजा खोल कर पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी जिससे डी.एस.पी. तथा हैडकांस्टेबल घायल हो गए । बाद में आतंकवादी पीछे मुड़ कर भाग निकला परन्तु पुलिस ने भी गोलियां चलाते हुए आतंकवादी का पीछा शुरू कर दिया । 2-3 सौ गज के फासले पर क्वार्टर नं. 34 के सामने खड़े एक स्कूटर को उसने स्टार्ट करने की कोशिश की लेकिन इतने में पुलिस के कुछ कर्मचारी जो कि मारुति कार में सवार थे, आतंकवादी के निकट पहुंच गए तथा उस पर स्टेनगन का बर्स्ट मारा, जिससे वह वहीं ढेर हो गया । पुलिस ने उसके कब्जे से वह पिस्तौल भी बरामद कर लिया है, जो उसने गत वर्ष एक ए.एस.आई. दीप चंद से चलती हुई बस में छीना था ।

आज प्रातः शीघ्रता में बुलाए गए पत्रकार सम्मेलन में एस.एस.पी. श्री आर.एस. गिल, एस.पी. (डी.) श्री एस.के. शर्मा ने बताया कि उक्त आतंकवादी पाकिस्तान में प्रशिक्षण प्राप्त था तथा डेढ़ वर्ष वहां रहा था । उन्होंने बताया कि रामामंडी के आर्य समाजी व कांग्रेसी नेता बलदेव कृष्ण मित्तल, रामामंडी के ही शराब के ठेकेदार और ट्रक आप्रेटर्ज यूनियन के प्रधान रणजीत सिंह बावा, कमालो के निरंकारी सुखदेव सिंह, पक्का कलां के भट्ठा मालिक अग्रसेन, भटिंडा की लिबड़ा बस सर्विस के मैनेजर को गोली मारने के साथ-साथ भटिंडा के एस.पी. (डी.) के रीडर श्री हरभजन सिंह की हत्या में भी यह आतंकवादी शामिल था । उन्होंने यह भी कहा कि इस गिरोह में आधी दर्जन आतंकवादी शामिल हैं, जिनकी शिनाख्त कर ली गई है । एस.एस.पी. के अनुसार गिरोह के शेष सदस्यों के नाम इस प्रकार हैं : निंदी, गुरनाम सिंह, गुरदास सिंह और नम्बरदार आदि । गिरोह के सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस सक्रिय है । पुलिस मुकाबला शुरू होते ही एच-81 मकान का मालिक बलदेव सिंह मान जो कि टाऊन प्लानिंग विभाग में क्लर्क है, फरार हो गया ।

बंदूक व रिवाल्वर छीन लिए

जलालाबाद (राकेश) : यहां से 10 किलोमीटर दूर गांव जीवां राई के पास 3 उग्रवादियों ने पंजाब रोडवेज की एक बस रोक कर उसके एक यात्री से उसकी बंदूक तथा रिवाल्वर छीन लिया और पैदल ही फिरोजपुर की तरफ चल पड़े । सामने से आ रहे एक स्कूटर सवार को रोक लिया और फायर किया । स्कूटर सवार भाग गया और उग्रवादी उसका स्कूटर लेकर भाग गए ।

घुसपैठिये मरे

फाजिल्का (ह.स.): फाजिल्का क्षेत्र से भारतीय सीमा में घुसने का प्रयास कर रहा 2 घुसपैठिये सुरक्षा बलों की गोली से मारे गये ।

सुखजिंदर सिंह को अग्रतला जेल भेजे जाने को चुनौती

चंडीगढ़, 25 जुलाई (वि.प्र.): एकीकृत अकाली दल के नेता श्री सुखजिंदर सिंह को तिहाड़ जेल से अग्रतला जेल में भेजे जाने को उच्च न्यायालय में चुनौती दी गई है । इस सम्बन्ध में सुखजिंदर सिंह के लड़के सुखपाल सिंह ने आज अपने वकील आर.एस. रंधावा के माध्यम से पंजाब-हरियाणा उच्च न्यायालय में याचिका दायर करके अदालत से आग्रह किया है कि अग्रतला जेल पंजाब से दो हजार किलोमीटर दूर है । जहां न तो श्री सुखजिंदर सिंह के रिश्तेदार आसानी से जा सकते हैं, न वकील ।

न्यायाधीश श्री उजागर सिंह ने इस बारे प्रतिवादी पक्ष को 11 अगस्त का नोटिस जारी किया है ।

क्लासीफाइड विज्ञापन

तीर्थ यात्रा

20 अगस्त रक्षाबंधन पर अमरनाथ, श्रीनगर, पहलगांव, गुलमर्ग, वैष्णोदेवी, चामुंडा, ज्वालाजी, किराया 350/-, मिलें—सुमित ट्रैवल्स, सामने मंदिर माईबोना, चौड़ी सड़क, लुधियाना, फोन-20393

किराए पर

जैनरेटर 1 to 20 किलोवाट तक । सैल्फ स्टार्ट । रैडी स्टाक । कनिष्का 177, राम दरबार, चंडीगढ़ । फोन : 22177.

जायदाद बिकाऊ

रेलवे बाजार में 11 दुकानें बिकाऊ हैं, ऊपर होटल, बैंक, रैस्टोरैंट, कार्यालय, निवास बन सकता है । मिलें—राम किशन गोयल, गली मंदिर ठठेरान, जगाधरी, फोन-26886.

सार्वजनिक सूचना

बिकाऊ

डी फ्रिज मिठाई वाला 5½'x3' अच्छी हालत । हलवाई का बारदान बिकाऊ है । मकान नं. 519, सैक्टर 40-A, चंडीगढ़ ।

टी.वी. सीखें

रंगदार टैलीविजन, V.C.R. कोर्स में दाखिला शुरू । नैशनल इलैक्ट्रोनिक्स ट्रेनिंग कालेज, सामने बस स्टैंड, पठानकोट ।

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 25.7.88, 62/- without trays. NECC Suggested Retail Price 8.30 per Dozen.

रोजगार

सरकारी नौकरी/रोजगार के इच्छुक अपनी

पंजाब में महिला सहित 3 व्यक्तियों की हत्या

चंडीगढ़, 26 जुलाई (वार्ता, ह.स.): गत रात के बाद पंजाब में उग्रवादियों ने एक ही परिवार के दो सदस्यों सहित 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी जबकि एक व्यक्ति को घायल कर दिया । बटाला पुलिस जिला में दो संदिग्ध व्यक्ति मुठभेड़ के बाद पकड़े गए ।

तीन की हत्या

'रैय्या' से 'जसपाल' व 'बाबा बकाला' से 'प्रेम मेहरा' के अनुसार गत रात थाना ब्यास के गांव बताला तथा लोहगढ़ में आतंकवादियों ने एक महिला सहित तीन व्यक्तियों की हत्या कर दी । इन वारदातों में एक व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गया ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव बताला में रात 11 बजे चार संदिग्ध सशस्त्र व्यक्तियों ने प्रीतम कौर पत्नी श्री गुरमुख सिंह के घर दीवार फांद कर प्रवेश किया । इन लोगों ने 65 वर्षीय प्रीतम कौर को जगाया तथा उसे गोली मार दी । आंगन में उसका देवर उजागर सिंह भी सो रहा था । इन आतंकवादियों ने उसे भी गोलियां मार कर मार डाला । पुलिस को घटनास्थल से भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स का एक पत्र मिला है, जिस पर भूपिंदर सिंह भिदा के हस्ताक्षर हैं । पत्र में इन हत्याओं की जिम्मेदारी लेते हुए कहा गया है कि ये लोग पुलिस के मुखबिर थे । पुलिस सूत्रों के अनुसार आतंकवादियों में एक मोना था । घटनास्थल से ए.के.-47 राइफल के चले हुए कारतूस मिले हैं । दोनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए गए हैं ।

एक अन्य सूचना के अनुसार प्रीतम कौर गुरमुख सिंह के घर तीसरे स्थान पर बसी थी । उसका पहला विवाह एक अमीर किसान टहल सिंह के साथ हुआ था, जो आजकल अमरीका में रह रहा है । वह अपने दूसरे पति की मौत के बाद गुरमुख सिंह के घर ही रहती थी । उसके बेटे उसे कई बार वापस ले लेने आए पर वह फिर वहां आ जाती थी ।

आतंकवादी प्रीतम कौर को साथ लेकर गुरमुख सिंह को ढूंढते हुए निकट स्थित उजागर सिंह के घर पहुंचे तथा वहां उन दोनों को गोली मार दी गई ।

दूसरी घटना गांव लोहगढ़ में हुई जहां रात 10.30 बजे सशस्त्र व्यक्ति बलदेव सिंह पुत्र सरजन सिंह के घर घुस आए । उन्होंने बलदेव सिंह को जगा लिया व उसे अपने साथ ले गए । एक किलोमीटर दूर लोहारांवाली ईंट के पास 5 संदिग्ध व्यक्ति खड़े थे जिनमें गुरमुख सिंह उर्फ लला निवासी सिधपरा भी शामिल था । इन व्यक्तियों ने पहले बलदेव सिंह व फिर गुरमुख सिंह को गोलियां मार दी और फरार हो गए । गुरमुख सिंह की घटनास्थल पर ही मौत हो गई तथा बलदेव सिंह को घायलावस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है । हत्या की जिम्मेदारी भिंडरांवाला टाइगर्स फोर्स के जगरूप सिंह ने ली है तथा कहा है कि ये दोनों व्यक्ति लूटपाट करते थे ।

ह.स. के अनुसार उजागर सिंह निहंग था गत 5 दिनों में तरना दल के निहंगों पर यह दूसरा हमला है । 22 जुलाई को गुरुद्वारा सिंह पाला में 5 निहंगों की हत्या कर दी गई थी ।

चोरी का स्कूटर बरामद

करतारपुर (साहनी) : गत रात्रि स्थानीय पुलिस ने गांव जला सिंह के मोड़ पर नाकाबंदी के दौरान एक व्यक्ति, जो कि स्कूटर नं. पी.सी.यू./493 पर आ रहा था, को रोका । उसकी तलाशी लेने पर उसके पास से एक स्टैन तथा कुछ कारतूस मिले । पुलिस ने अभियुक्त का नाम लखबीर सिंह उर्फ लक्खी पुत्र किरपाल सिंह निवासी गांव कालाखेड़ा बताया है । पुलिसपूत्रों के

(शेष पृष्ठ 6 पर)



(सब से ऊपर) स्वर्ण मंदिर अमृतसर के हैडग्रंथी भाई सोहन सिंह (इन्सैट बाएं पार्थिव शरीर) और शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के सचिव श्री भान सिंह (इन्सैट दाएं पार्थिव शरीर) की अमृतसर में शव-यात्रा का एक दृश्य । (दूसरी पंक्ति) मृतकों की पत्नियां, परिवार और अन्य संबंधी विलाप करते हुए । (तीसरी पंक्ति) श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शिरोमणि कमेटी के कार्यकारी प्रधान तथा अन्य जत्थेदार, राष्ट्रीय सुरक्षा समिति पंजाब के प्रधान डा. बलदेव चावला । (चौथी पंक्ति) अरदास करते हुए भूतपूर्व जत्थेदार श्री कृपाल सिंह । दोनों शवों का पास-पास अंतिम संस्कार किया गया । जल रही चिताएं दिखाई दे रही हैं । (छाया : ओम भंडारी)

जिला अमृतसर के गांव बुताला में आतंकवादियों के हाथों मारे गए (1) उजागर सिंह निहंग व (2) प्रीतम कौर के शव (इन्सैट उजागर सिंह का पुराना चित्र), (3) इन दोनों के परिवार के लोग विलाप करते हुए, (4) गांव लोहगढ़ में मारे गए गुरमुख सिंह का शव । (छाया : जसपाल सिंह)

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

अनुसार पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने यह स्वीकार किया है कि उक्त स्कूटर उसने करतारपुर-भुलत्थ सड़क पर से कुछ दिन पहले चोरी किया था ।

संक्षिप्त मुठभेड़ में दो गिरफ्तार

बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना फतेहगढ़ चूड़ियां के गांव छिछरेवाल के निकट गत रात बी.एस.एफ. व पुलिस ने संक्षिप्त मुठभेड़ के पश्चात दो संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार करने का दावा किया है । एस.एस.पी. श्री एस.एम. शर्मा ने पत्रकारों को बताया कि इनकी शिनाख्त सुखजीत सिंह सुक्खा व जोगिन्दर सिंह के रूप में करके इनमें से 9 एम.एम. व 22 एम.एम. के दो व 12 बोर के दो पिस्तौल व कुछ चले-अनचले कारतूस बरामद किए गए हैं ।

घोषित अपराधी था

ह.स. के अनुसार कल थाना कादियां के गांव बेहलवाल के निकट रेलवे लाइन के समीप जो लाश मिली थी, उसकी शिनाख्त साहबी उर्फ बैरागी के रूप में हुई है, जो कि थाना धारीवाल के गांव जफरवाल का एक घोषित अपराधी था । पुलिस के अनुसार वह कई आतंकवादी अपराधों में वांछित था । पुलिस का कहना है कि उसकी मौत आतंकवादियों के गुट संघर्ष का परिणाम है ।

लुधियाना (मुसाफिर): तथाकथित खालिस्तान कमांडो फोर्स के स्वयंभू लैफ्टिनैंट जनरल गुरजंट सिंह बुधसिंह वाला, बब्बर खालसा के सुखदेव सिंह तथा खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के अवतार सिंह ब्रह्मा ने एक संयुक्त बयान में दरबार साहब के हैडग्रंथी ज्ञानी सोहन सिंह (बयान में नाम स्वर्ण सिंह लिखा हुआ है) और शिरोमणि कमेटी के सचिव श्री भान सिंह की हत्या की जिम्मेदारी ली है और अकाली नेताओं को धमकी दी है कि यदि उन्होंने सरकार के साथ कौम का सौदा किया तो उनका हश्र भी इन दोनों जैसा होगा । बयान में जगराओं में की गई चार हत्याओं की भी जिम्मेदारी ली गई है । उन्होंने सुखदेव सिंह झामके को भी चेतावनी दी कि वह झूठी जिम्मेदारियां न ले ।

सुरक्षात्मक पग

फगवाड़ा (अशोक) : उत्तरी रेलवे ने पंजाब से गुजरने वाली सभी मेल, एक्सप्रैस व पैसेंजर यात्री गाड़ियों में यात्रियों की सुरक्षा हेतु पग उठाए हैं । रेलवे सूत्रों अनुसार इस सम्बन्ध में रेलवे पुलिस, रेलवे सुरक्षा बल और होमगार्ड के जवानों की ड्यूटियां लगाई गई हैं ।

जवानों को विशेष प्रशिक्षण

राकेश, तांगड़ी के अनुसार पंजाब में तैनात केंद्रीय रिजर्व पुलिस फोर्स की उग्रवादियों के साथ पूरी तरह निपटने के लिए आधुनिक हथियार दे दिए गए हैं । गत दिवस सी.आर.पी.एफ. के उत्तर क्षेत्र के आई.जी. श्री जोगेंद्र सिंह ने पत्रकारों के साथ बातचीत के दौरान स्पष्ट किया कि केंद्रीय रिजर्व पुलिस फोर्स को उग्रवादियों द्वारा घात लगा कर हमले किए जाने से बचाव बारे विशेष ट्रेनिंग दी जा रही है ।

स्कूटर छीन लिया

जालन्धर (ह.स.): प्रेम कुमार नामक एक व्यक्ति से दो उग्रवादियों ने आज सायं बाईपास के निकट उसका स्कूटर पी.सी.जे. 7848 छीन लिया । अभियुक्त सड़क के किनारे खड़े थे । उन्होंने प्रेम कुमार को पिस्तौल की नोक पर रोका और उसका स्कूटर छीन कर भाग गए ।



संदिग्ध व्यक्तियों द्वारा गांव लोहगढ़ में फायरिंग करके घायल किया गया बलदेव सिंह, जो बाबा बकाला के हस्पताल में दाखिल है । (छाया : जसपाल)

नक्सलवादियों को माफी नहीं

हैदराबाद, 26 जुलाई (वार्ता): आंध्र प्रदेश के गृह मंत्री शिव प्रसाद राव ने नक्सलवादियों को बिना शर्त आम माफी देने से इन्कार कर दिया है ।

भान सिंह की अंत्येष्टि ...

(पृष्ठ 3 का शेष)

शिक्षा संस्थान बंद

गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी के सभी शिक्षण विभाग, स्थानीय खालसा कालेज और शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी द्वारा चलाए जाने वाले सभी शिक्षा संस्थान बंद रहे ।

सिख पंथ को आघात

इन हत्याओं की आज कई राजनीतिक और धार्मिक संगठनों के नेताओं ने निन्दा की है । शिरोमणि कमेटी के सलाहकार श्री हरि सिंह आरेवाला ने कहा कि उग्रवादियों ने यह कोई बहादुरी वाला कार्य नहीं किया । उन्होंने कहा कि उग्रवादी इस तरह गोलियां चला कर शिरोमणि कमेटी को धमका नहीं सकते, कमेटी उसी तरह काम करती रहेगी । श्री आरेवाला ने कहा कि श्री भान सिंह और ज्ञानी सोहन सिंह की हत्या से सिख पंथ को भारी धक्का लगा है । प्रबन्धक कमेटी के एक अन्य सदस्या पूर्ण सिंह जोश ने भी इन हत्याओं को निन्दा की ।

शिरोमणि युवा अकाली दल के प्रधान सर्बजीत सिंह गुमटाला, युवा अकाली दल (बरनाला) अमृतसर के प्रधान सतपाल सिंह बडाली गुरु, पूर्ण सिंह मत्तेवाल, युवा कांग्रेस के प्रधान सुरिन्द शर्मा और फूल चंद गांधी ने भी इन हत्याओं की निन्दा की है ।

कांग्रेस पार्टी अमृतसर के प्रधान प्रिथीपाल सिंह और पूर्व विधायक प्रो. दरबारी लाल ने भी इन हत्याओं की कड़ी निन्दा की ।

सब कुछ लुटा : तलवंडी

एकीकृत अकाली दल और शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के वरिष्ठ नेताओं ने इन हत्याओं की कड़े शब्दों में निन्दा की है । वरिष्ठ अकाली नेता एवं शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के प्रधान जगदेव सिंह तलवंडी ने कहा कि 'अपने दो मित्रों की हत्या की निन्दा करने के लिए मुझे शब्द नहीं मिल रहे । सिख पंथ का सब कुछ लुट गया है ।

सिख कौम पर हमला

शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के कार्यकारी प्रधान श्री उजागर सिंह रंगरेटा ने इन हत्याओं को पूरी 'सिख कौम' पर आक्रमण बताया । उन्होंने कहा कि 'ऐसे घृणित कार्य हमें अपने लक्ष्य से हिला नहीं सकते । हम अपना संघर्ष जारी रखेंगे ।

कार्यकारिणी की बैठक

शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी की कार्यकारिणी की बैठक आगामी वीरवार को यहां बुलाई गई है, जिसमें श्री सोहन सिंह और श्री भान सिंह की उग्रवादियों द्वारा हत्या किए जाने से उत्पन्न संकट पर विचार-विमर्श किया जाएगा । शिरोमणि द्वारा जारी प्रैस विज्ञप्ति में कहा गया कि उस बैठक श्री सोहन सिंह के स्थान पर नए हैडग्रंथी की नियुक्ति बारे भी फैसला किया जाएगा ।

इन्सानियत पर चोट

चंडीगढ़ (वि.प्र.): शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के भूतपूर्व कार्यकारी प्रधान श्री राजेन्द्र सिंह धालीवाल ने आज यहां एक बयान में कहा कि श्री भान सिंह और श्री सोहन सिंह दोनों निर्दोष थे और उनका किसी भी पार्टी से कोई संबंध नहीं था । उन्होंने कहा कि जिसने भी यह हत्याएं की हैं, उसने इन्सानियत पर चोट मारी है ।

अब तो आंख खुलनी चाहिए : भसीन

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की राज्य शाखा के कार्यवाहक सचिव जोगिन्दर भसीन ने आज चंडीगढ़ में इन हत्याओं की तीव्र भर्त्सना की है । उन्होंने कहा कि यह आतंकवादियों का अत्यन्त ही शर्मनाक कृत्य है । श्री भसीन ने कहा कि इससे उन लोगों की भी आंख खुल जानी चाहिए, जो उन्हें घृणित और अवसरवादी सत्ता की राजनीति करने में बढ़ावा देते हैं । उन्होंने कहा कि आतंकवादी न तो धार्मिक प्रवृत्ति के हैं, न ही उनके मन में मानव मूल्यों के लिए कोई सम्मान है ।

केंद्र हस्तक्षेप करे

श्री भसीन ने कहा कि भारत-विरोधी विदेशी शक्तियां यहां अस्थिरता फैलाने पर तुली हुई हैं । अब स्थिति की मांग है कि इन शक्तियों को कुचलने के लिए सभी लोकतांत्रिक शक्तियां एकजुट होकर उनका मुकाबला करें । उन्होंने केंद्र से मांग की कि वह अब तुरन्त हस्तक्षेप करके पंजाब समस्या का कोई हल निकाले और इसके साथ ही कड़े प्रशासनिक पग भी उठाए ।

निःस्वार्थ सेवक

पंजाब विधानसभा के स्पीकर श्री सरजीत सिंह

क्लासीफाइड विज्ञापन

पोल्ट्री

NECC Delhi Egg rate for 26.7.88. 62/- without trays. NECC Suggested Retail Price 8.30 per Dozen.

रोजगार

सरकारी, नौकरी/रोजगार के इच्छुक अपनी

टी.वी. सीखें

रंगवार टैलीविजन, V.C.R. कोर्स में दाखिला शुरू । नैशनल इलैक्ट्रोनिक्स ट्रेनिंग कालेज, सामने बस स्टैंड, पठानकोट ।

गुमशुदा

पुलिस के सब-इंस्पैक्टर, टीचर सहित 3 व्यक्तियों की हत्या : 2 उग्रवादी मारे गए

एक दर्जन आतंकवादी गिरफ्तार, डाकिये से 30 हज़ार रुपए छीने

लुधियाना के निकट हथियारों का भंडार बरामद

चंडीगढ़, 27 जुलाई (वार्ता, ह.स.): पंजाब में कल रात से एक पुलिस सब-इंस्पैक्टर, एक टीचर सहित तीन व्यक्तियों की हत्या कर दी गई जबकि स्पैशल पुलिस फोर्स के साथ मुकाबले में 2 उग्रवादी मारे गए । लुधियाना में एक दर्जन आतंकवादी, 2 पनाह देने वाले गिरफ्तार किए गए तथा जमीन में दबाए गए हथियारों का भंडार बरामद किया गया । फिरोजपुर में एक डाकिये से तीस हजार रुपए छीने गए ।

सरकारी अध्यापक की हत्या

बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना श्री हरगोबिंदपुर के गांव मंडियाला के निकट गत रात दो सशस्त्र अज्ञात युवकों ने फायरिंग करके एक सरकारी अध्यापक मालिक सिंह 'मल्ली' (24) की हत्या कर दी । एस.एस.पी. श्री एस.एम. शर्मा ने पत्रकारों को बताया कि मृतक कस्बा घुमान के सरकारी हाई स्कूल में अध्यापक था और साथ ही इसने बाबा नामदेव आईस फैक्टरी लगा रखी थी । इसकी एक टांग पहले से कटी हुई थी और उसने कृत्रिम टांग लगा रखी थी । गत रात यह साइकल पर घर से फैक्टरी जाने के लिए निकला था कि दो अज्ञात सशस्त्र युवकों ने इस पर फायरिंग करके इसकी हत्या कर दी । श्री शर्मा ने कहा कि हत्यारों की शिनाख्त कर ली गई है । बी.एस.एफ. व पुलिस उन्हें पकड़ने के लिए अलग-अलग गांवों में खोजबीन कर रही है । सिविल अस्पताल बटाला से पोस्टमार्टम के बाद शव उसके वारिसों को संस्कार के लिए दे दिया गया है ।

'वार्ता' के अनुसार मालिक सिंह तरना दल के निहंग चीफ बाबा अजीत सिंह का निकट साथी होने के कारण उग्रवादियों की हिट लिस्ट में था ।

गत रात ही थाना श्री हरगोबिंदपुर के गांव मंडियाला में उग्रवादियों ने एक डेरे पर 22 वर्षीय मलिक सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी । पुलिस ने बताया कि उग्रवादियों ने डेरे में प्रवेश किया और उस पर निकट से गोलियां चलाईं । उसकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । पुलिस ने शव पोस्ट-मार्टम के लिए भेज दिया है ।

सब-इंस्पैक्टर की हत्या

अमृतसर (वि.प्र.): गत रात इस जिला में उग्रवादियों ने पुलिस के एक सब-इंस्पैक्टर सहित दो व्यक्तियों की हत्या कर दी । पुलिस ने बताया कि थाना चौक मेहता के गांव संगरामा में उग्रवादियों ने घर में सो रहे सब-इंस्पैक्टर दलबीर सिंह की हत्या कर दी। वह सी.आई.डी. यूनिट जालन्धर में तैनात था तथा छुट्टी पर गांव आया हुआ था ।

इसी पुलिस थाने के गांव टकापुर में एक व्यक्ति शिंगारा सिंह की हत्या कर दी गई ।

श्री दलबीर सिंह की हत्या के साथ ही उग्रवाद का शिकार होने वाले सी.आई.डी. के कर्मचारियों की संख्या 9 हो गई है । श्री दलबीर सिंह की हत्या की जिम्मेदारी भिंडरांवाला टाइगर फोर्स ने ली है ।

रैया से जसपाल के अनुसार उग्रवादी शिंगारा सिंह के घर में दाखिल हुए । उन्होंने सोये हुए शिंगारा सिंह को उठाया तथा उसे गोलियां मारीं जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई । घटनास्थल पर भिंडरांवाला टाइगर फोर्स के लैटर पैड पर पंजाबी में लिखा पत्र मिला है जिसमें हत्या की जिम्मेदारी ली गई है ।

अंत्येष्टि

श्री हरगोबिंदपुर से पन्नू के अनुसार आज यहां तरना दल के 5 निहंगों की अंत्येष्टि निहंग चीफ बाबा अजीत सिंह द्वारा कर दी गई । इन निहंगों की गत दिनों उग्रवादियों ने हत्या कर दी थी ।

दोनाली छीन ली

गुरदासपुर (विनोद): गत दिवस दो अज्ञात आतंकवादी धारीवाल शहर के माडल टाउन इलाके से यशपाल नामक व्यक्ति के घर में घुस कर पिस्तौल की नोक पर उससे एक दोनाली और सात कारतूस छीन कर फरार हो गए । यह घटना दोपहर लगभग एक बजे की है । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

दो उग्रवादी मारे गए

थाना धारीवाल जिला गुरदासपुर के गांव गज्ज गेजा में आज रात्रि स्पैशल पुलिस के साथ हुए मुकाबले में दो उग्रवादी मारे गए । जिला गुरदासपुर के एस.एस.पी. श्री पी.एम दास ने घटनास्थल से लौट कर पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि आज सायं लगभग 6 बजे 2 उग्रवादी गुलजार सिंह निवासी वडैच के पास फिरौती लेने के लिए आए थे लेकिन उसने इंकार कर दिया । इस पर उग्रवादियों ने गुलजार सिंह को घायल कर दिया । गुलजार सिंह को घायल करने के बाद उग्रवादी भाग गए लेकिन कुछ ग्रामीणों ने उग्रवादियों का पीछा किया और गांव गज्ज गेजा की स्पैशल पुलिस फोर्स को उग्रवादियों की सूचना दी । इस पर उग्रवादियों का स्पैशल पुलिस के साथ मुकाबला हो गया, जिसमें दोनों उग्रवादी मारे गए ।

एक की शिनाख्त

श्री दास ने बताया कि मारे गए उग्रवादियों में से एक की शिनाख्त प्रताप सिंह निवासी कोटला सूरफ के रूप में की गई है, जो बब्बर खालसा का सक्रिय सदस्य था । उसके कब्जे से कुछ शस्त्र भी बरामद किए गए हैं । गुलजार सिंह की चिन्ताजनक हालत में अमृतसर के सरकारी अस्पताल में दाखिल करवा दिया गया है । श्री दास ने बताया कि उग्रवादियों का पीछा करने वाले ग्रामीणों और स्पैशल पुलिस फोर्स के जवानों को नगद पुरस्कार दिए जाएंगे ।

एरिया कमांडर था

गुरदासपुर जिले के बुल्लोवाल गांव के निकट गत दिवस जिस उग्रवादी साहिब सिंह उर्फ साहिबी का शव बरामद हुआ था, पता चला है कि वह खालिस्तान कमांडो फोर्स का 'एरिया कमांडर' था ।

तीस हजार रु. का ईनाम था

बिगत दिवस जिला गुरदासपुर में बेहलवाल के निकट रेल लाइन पर जिस उग्रवादी की लाश मिली थी, उसकी शिनाख्त खालिस्तान कमांडो फोर्स के एरिया कमांडर साहब सिंह उर्फ साहबा बैरागी के रूप में हुई है । उसके सिर पर तीस हजार रुपए का ईनाम घोषित था । साहबा बैरागी 20 हत्याओं में वांछित था । गांव जफरवाल के एक मन्दिर के पुजारी मूलराज का पुत्र साहबा बैरागी 'पंथक कमेटी' के सदस्य हरमेल सिंह जफरवाल के प्रभाव में आकर सिख बन गया था । उसकी मौत आतंकवादियों के आपसी संघर्ष का नतीजा बताई गई है ।

तीस हजार रुपए लूटे

फिरोजपुर (बागी): दो स्कूटर सवार उग्रवादियों ने मंगलवार की शाम को सतलज कोल्ड स्टोरेज फिरोजपुर शहर के निकट एक डाकिये नन्द किशोर से पिस्तौल की नोक पर तीस हजार रुपए छीन लिए । प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि उग्रवादियों में से एक क्लीन शेवन था । दोनों डाकिये का पीछा कर रहे थे । उन्होंने डाकिये के साइकल को रोका तथा रुपए छीन कर चम्पत हो गए ।

दोहरी सवारी पर 16 गिरफ्तार

'जगदीप' के अनुसार फिरोजपुर में दोपहिया वाहनों पर दोहरी सवारी पर लगाई गई पाबंदी का उल्लंघन करने के आरोप में 16 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है ।

'पायलट' के अनुसार कल सायं थाना

(शेष पृष्ठ 6 पर)

सियाचिन क्षेत्र में पाक सेना का जमाव

नई दिल्ली, 27 जुलाई (वार्ता): रक्षा राज्यमंत्री श्रीनत्यामणि पाणिग्रही ने आज लोकसभा में बताया कि सियाचिन ग्लेशियर क्षेत्र में पाकिस्तान की ओर से सैनिकों की संख्या में कुछ वृद्धि हुई है । उन्होंने सदस्यों के प्रश्नों के लिखित उत्तर में बताया कि तीन-चार महीनों के दौरान पाकिस्तानी सेनाओं द्वारा जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा/पार से अंधाधुंध गोलीबारी किये जाने की कुछ घटनाएं भी हुई हैं । ऐसी भी रिपोर्ट मिली है कि पाकिस्तान अत्याधुनिक शस्त्रों और विमानों को धीरे-धीरे उपयोग में ला रहा है । भारत-पाक सीमा पर किसी भी आकस्मिक स्थिति का सामना करने के लिये हमारी सेनाएं तैयार हैं । उन्हें उपयुक्त रूप से तैनात किया गया है ।

रेल दुर्घटनाएं मानवीय भूल का परिणाम : पिछले तीन सालों में 75 प्रतिशत रेल दुर्घटनाएं भूलों के कारण हुईं । यह जानकारी आज रेल उपमंत्री महावीर प्रसाद ने राज्य सभा में दी । उन्होंने बताया कि 13 प्रतिशत दुर्घटनाएं यांत्रिक उपकरणों की खराबी के कारण हुईं ।

रेलमंत्री माधवराव सिंधिया ने एक प्रश्न के उत्तर में स्वीकार किया कि चालू वर्ष में रेल दुर्घटनाओं में वृद्धि हुई है । इस साल अप्रैल से जून तक 131 गाड़ियां पटरी से उतरीं, टक्कर लगने से 8, क्रासिंग पर 17 और आग लगने की एक दुर्घटना हुई । इनमें अधिकांश दुर्घटनाएं रेल कर्मचारियों की गलती से हुईं ।

श्री सिंधिया ने इस महीने केरल में आईलैंड एक्सप्रैस की दुर्घटना की जांच रेलवे सुरक्षा कमिश्नर से कराने को उचित बताया और कहा कि यह रेल मंत्रालय की नहीं नागरिक विमानन मंत्रालय के अधीन एक स्वतंत्र संस्था है ।

पनडुब्बी : रक्षामंत्री कृष्णचंद्र पंत के अनुसार भारत सरकार और पश्चिम जर्मनी के मैसर्स एच.डी.डब्ल्यू. के साथ पनडुब्बी, उसके अतिरिक्त पुर्जों तथा अन्य आवश्यक सामग्री की बिक्री और उत्पादन के लिये हुये करार से संबंधित कोई गोपनीयता भंग नहीं हुई है । विक्रेता मैसर्स एच.डी.डब्ल्यू. के गलती अथवा आपेक्षा को कार रिपोर्ट के कुछ अंशों पर हरियाणा सरकार ने भी टिप्पणी भेजी है ।

दंगे : गृह राज्यमंत्री पी. चिदम्बरम ने लोकसभा में बताया कि पिछले छह महीनों में विभिन्न स्थानों पर हुए साम्प्रदायिक दंगों में 27 व्यक्ति मारे गये तथा 36.40 लाख रुपए की सम्पत्ति नष्ट हुई ।

ए.एस.एल.वी. : विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री ने लोकसभा में कहा कि ए.एस.एल.वी. की असफलता से वैज्ञानिकों को निराश नहीं होना चाहिए और अपने प्रयास जारी रखने चाहिएं ।

एयर होस्टेस : सदन को बताया गया कि एयर इंडिया में विमान परिचारिकाओं की सेवानिवृत्ति की निर्धारित आयु 35 वर्ष है जिसे मैडिकल फिटनैस के आधार पर एक बार में एक-एक वर्ष बढ़ा कर 45 वर्ष की आयु तक बढ़ाया जा सकता है ।

नई पार्टी का स्वागत

चंडीगढ़, 27 जुलाई (वि.प्र.): लोकदल, जनता पार्टी, कांग्रेस (एस) और जनमोर्चा का विलय कर समाजवादी जनता दल बनाने की घोषणा का आम तौर पर स्वागत हुआ । कुछ लोगों ने तो इसे लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए अच्छा पग करार दिया ।

हरियाणा के उपमुख्यमंत्री श्री बनारसी दास गुप्ता, सिंचाई व ऊर्जा मंत्री चौधरी बीरेन्द्र सिंह, उद्योग मंत्री डाक्टर के.आर. पूनिया और हरियाणा लोकदल के उपाध्यक्ष मूल चंद जैन ने विचार व्यक्त किया है कि यह एक नए ऐतिहासिक मोड़ का आरम्भ है जो लोगों की आशा पूरी करेगा ।

आज यहां पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री चौधरी देवी लाल के प्रयासों से लोग अब राजीव गांधी की भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फैंकेंगे । जनमोर्चा चंडीगढ़ के प्रतिनिधि नसीब सिंह गिल और आफताब राय मैनी ने भी इस नई राजनीतिक पार्टी के गठन का स्वागत करते हुए इसे बदल रहे राजनीतिक हालात की ओर अहम

मेला में अंधाधुंध फायरिंग : 5 घायल

बटाला, 27 जुलाई (कोछड़): पुलिस जिला बटाला के थाना हरगोबिंदपुर के भोमा वोझा गांव में आज मेला लगा हुआ था जिसमें 3 हथियारबंद

Punjab Sanatan

Punjabi Sansthan

(1) पुलिस जिला बटाला के गांव मंडियाला के निकट आतंकवादियों के हाथों मारे गए अध्यापक मालिक सिंह का शव । (2) पुलिस जिला बटाला में बी.एस.एफ. तथा पुलिस द्वारा आतंकवादियों से जुलाई में पकड़े गये हथियार व गोली-सिक्का । (छाया : कोछड़)

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

गुरहरसहाय के गांव मोहन के निकट फाज़िल्का से फिरोज़पुर आ रहे स्वास्थ्य विभाग के दो कर्मचारियों से तीन सशस्त्र आतंकवादियों ने उनका स्कूटर पी.ए.सी. 3686 छीन लिया और फरार हो गए । स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी, जो कि गांव सीतो स्थित डिस्पैंसरी से आ रहे थे, ने बताया कि स्कूटर छीनने वाले युवकों ने पहले एक बस को रोक रखा था ।

12 आतंकवादी गिरफ्तार

लुधियाना (महिन्द्रा): लुधियाना पुलिस ने एक दर्जन आतंकवादियों और दो ऐसे व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है जो उन्हें पनाह देते थे। एस.एस.पी. श्री ए.पी. पांडे ने बताया कि गिरफ्तार शुदा आतंकवादियों ने बलजीत सिंह और निर्मल सिंह भौंजी शेरपुर कलां थाना सिधवां बेट, इसी थाना के गांव राव वाल के सुलक्खन सिंह व रेशम सिंह, गांव शेखुपुरा थाना दाखा का मोहन सिंह और गांव मलिक थाना जगराओं का जसबीर सिंह शामिल हैं । इनसे एक विदेशी पिस्तौल, दो पिस्तौल देसी, 2 बंदूकें, 2 रिवाल्वर बरामद हुए हैं ।

गांव शेखुपुरा का अवतार सिंह और गांव गालिब कलां के सुरेन्द्र सिंह छिंदा और काला गिरफ्तार किए गए हैं । उन्होंने गांव गालिब कलां में एक सहकारी समिति को लूटा था । शराब के ठेका के एक कारिंदे की हत्या की थी और हथियार छीने थे । इनके विरुद्ध जगराओं सब डिवीजन में चार डाके मारने तथा एक हत्या का आरोप है । जिला अमृतसर के थाना तरनतारन क्षेत्र के दो आतंकवादी दरबारा सिंह तथा बलविंदर सिंह गिरफ्तार गए हैं । उन्होंने एक ट्रैक्टर छीना था जो जगराओं से बरामद हो गया था ।

रायकोट का जगराज सिंह जग्गा गिरफ्तार किया गया था । उस पर धुरी में एक सी.आर.पी. जवान की हत्या करने का आरोप है । यह रायकोट के एस.एच.ओ. को भी मारने गया था परन्तु वह नहीं मिला था और उसने रायकोट नगर पालिका के एक माली की गोली मारकर हत्या कर दी थी । उसने रायकोट के एक समाचार पत्र एजैंट श्री केवल कृष्ण को भी गोली मारी थी, तलवंडी में पैट्रोल पम्प लूटा था तथा मालेरकोटला में स्कूटर छीना था । रायकोट में उसने कामरेड गरेला पर गोली चलाई थी तथा डेहलों के एस.एच.ओ. की भी हत्या करने की कोशिश की थी । गांव अहीर में उसने एक साधु की हत्या की थी । उससे एक चीनी असाल्ट राइफल तथा 15 गोलियां मिलीं ।

थाना सिधवां बेट के गांव राव वाल के नन्द सिंह और भूपिंदर सिंह को आतंकवादियों को पनाह देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है । यह चरणजीत सिंह चन्नी और गुरशरण सिंह गामा जैसे 'ए' श्रेणी आतंकवादियों को पनाह देते थे ।

दबाये हुए हथियार बरामद

आज लुधियाना पुलिस ने छपार के निकटवर्ती गांव माड़ी में जमीन में दबाए हुए बहुत से हथियार बरामद किये । यह हथियार प्लास्टिक की चादरों में लपेट कर बोरियों में बंद करके दबाये गए थे । इस जगह के ऊपर ईंटें रख दी गई थीं ताकि यह किसी पीर की कब्र मालूम हो ।

एस.एस.पी. ने बताया कि बरामद हुए हथियारों का ब्यौरा इस प्रकार है : 7 चीनी ए.के. 47 असाल्ट सहित, दो विदेशी 32 बोर रिवाल्वर, दो वायरलैस सैट, दस घड़ी की तरह के टाइम बम, एक ट्रांसमीटर, 8 पैंसिल बम, 36 बोर के 3 कारतूस, 8 इलैक्ट्रानिक डैटोनेटर, 12 साधारण डैटोनेटर, 4 प्लास्टिक फ्यूज, 20 किलो जिलेटीन ।

पुलिस रिमांड

कपूरथला (ह.स.): चीफ जुडीशल मैजिस्ट्रेट श्री जी.एस. भट्टी ने दर्दांत आतंकवादी चरणजीत सिंह का 29 जुलाई तक पुलिस रिमांड दे दिया है । उसे आप्रेशन ब्लैक थंडर के दौरान दरबार साहब परिसर से गिरफ्तार किया गया था । आतंकवादी नेता जैमल सिंह पड्डा की हत्या में लिप्त होने के कारण कपूरथला पुलिस के हवाले किया गया था ।

सुरक्षा बलों द्वारा छापे

फगवाड़ा (अशोक): सुरक्षा बलों ने आज प्रातः पुनः फगवाड़ा, गोराया, फिल्लौर, बंगा, नवांशहर क्षेत्रों में अनेक स्थानों पर आतंकवादियों के सम्भावित गुप्त स्थानों पर छापे मारे ।

2 हिरासत में

फगवाड़ा से राकेश के अनुसार कल रात स्थानीय पुलिस ने यहां पर एक इंडस्ट्रियल एरिया खलवाड़ा गेट में संदिग्ध व्यक्तियों की तलाश के छापे मारे । पुलिस ने छापों के दौरान 2 व्यक्तियों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ शुरू कर दी है ।

5000 रुपए छीन लिए

गत दिवस यहां से 12 कि.मी. दूर गांव ठकरवाल में वहां के सरपंच हरबंस सिंह के ईंटों के भट्ठे से 2 व्यक्तियों ने पिस्तौल की नोक पर 5000 रुपए नकद छीन लिये थे फरार हो गए ।

वाक आऊट

(पृष्ठ 3 का शेष)

राज्यसभा से वाक आऊट

राजधानी में हैजा और आंत्रशोथ की महामारी रोकने के सरकार के पर्याप्त से इन्तज़ाम व्यक्त करते हुए राज्यसभा से आज सारे विपक्ष ने हंगामे के बाद वाकआऊट कर दिया ।

विपक्षी नेताओं ने समाचार पत्रों में प्रकाशित प्रधानमंत्री राजीव गांधी के इस वक्तव्य की आज कड़ी आलोचना की है कि विपक्षी दलों को किसी विषय के बारे में जानकारी देना प्रधानमंत्री का काम नहीं है । उन्होंने मांग की कि प्रधानमंत्री अपनी इस "अपमानजनक टिप्पणी" के लिए क्षमा याचना करें । यहां एक संयुक्त बयान में इन नेताओं ने कहा है कि जब प्रधानमंत्री विपक्षी नेताओं को किसी विषय पर बातचीत करने के लिए बुलाते हैं तो उनसे आशा की जाती है कि वह विषय के सम्बन्ध में तथ्यों और सरकार के रवैये के बारे में जानकारी दें तथा यह बताएं कि उन्होंने यह बैठक क्यों बुलाई है ?

एक्यूपंक्चर द्वारा रोगों का उपचार

जलन्धर, 27 जुलाई : पंजाब सेवा सोसायटी (रजि.) की ओर से दोआबा अस्पताल, लिंक रोड माडल टाऊन जालन्धर में प्रातः 9 से दोपहर एक बजे और सायं 4 से 7 बजे तक गठिया, अधरंग, जोड़ों के दर्द, कमर, रीढ़, मिरगी, अंधेपन और गर्दन की दर्द, लकवा, दमा और अन्य पुरानी बीमारियों का उपचार (न लाभ न हानि के आधार पर) एक्यूपंक्चर (सूइयों से चीनी उपचार) द्वारा किया जाया करेगा । डाक्टर जसबीर सिंह दोआबा प्रातः 9 से 10 बजे तक

Punjabi Sahitya

छिंज मेले में उग्रवादियों द्वारा फायरिंग से युवती मरी, कई घायल

उग्रवादी छिंज मेले के बाबा नंग को पूर्व धमकी देकर आए थे : जालन्धर जिले में 68 नई चौकियां

पंजाब में 2 अन्य हत्याएं : अमृतसर में विस्फोट

चंडीगढ़, 28 जुलाई (वार्ता, ह.स.) : उग्रवादियों ने कल रात्रि गुरदासपुर जिले में एक स्थान पर आयोजित छिंज मेले में अंधाधुंध फ़ायरिंग करके एक युवती की हत्या कर दी, अमृतसर जिले में भी एक व्यक्ति की हत्या कर दी, जबकि लुधियाना जिले में एक व्यक्ति को गोलियां मार कर मार डाला, जिसका शव आज बरामद हुआ । अमृतसर में गुरुनानक अस्पताल के भवन के बाहर एक भयंकर विस्फोट में एक व्यक्ति घायल हो गया । जालन्धर जिले में 68 नई पुलिस चौकियां बनाई जा रही हैं ।

2 उग्रवादी बंदी

पड़ोस के हरियाणा की पुलिस ने आतंकवादी पृष्ठभूमि वाले दो कुख्यात डकैतों को पंजाब की सीमा के निकट सिरसा जिले में आतंकवादी गतिविधियां करने से पहले ही गिरफ्तार कर लिया । गिरफ्तार दोनों डकैतों रवि सिंह और साध सिंह के पास से कुछ हथियार, गोली, बारूद और चोरी का एक स्कूटर भी बरामद किया गया ।

कल रात्रि गुरदासपुर जिले के गज्जू गेजा ग्राम में विशेष पुलिस आफिसरों ने जिन दो उग्रवादियों को मार गिराया था, उनमें से एक की शिनाख्त प्रताप सिंह के तौर पर की गई । ये उग्रवादी बाह ग्राम में लूटपाट करने गए थे जहां उन्होंने एक दुकानदार गुलजार सिंह की हत्या कर दी थी व बाद में गज्जू गेजा ग्राम में लूटपाट करने गए थे ।

मृत उग्रवादी प्रताप सिंह बटाला सदर के ग्राम कोटला सराफ का रहने वाला था ।

मेले में अंधाधुंध फ़ायरिंग

बटाला (कोछड़) : पुलिस-जिला बटाला में थाना श्रीहरगोबिन्दपुर के गांव भोमा वोझा में गत सायं बाबा नंग छिंज मेला में आतंकवादियों द्वारा की गई अंधाधुंध फ़ायरिंग में एक 19 वर्षीया महिला परस कौर उर्फ़ परसों की मृत्यु हो गई । सिविल अस्पताल बटाला में मृतका का पोस्टमार्टम कराने आए उसके पिता मोहन सिंह गांव भोमा ने बताया कि गोलियां लगने से परस कौर की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई थी । अस्पताल में आए अन्य लोगों ने बताया कि मेला में कई गांवों के 500 से अधिक ग्रामीण एकत्र थे और फायरिंग होते ही भगदड़ मच गई, जिसका जिधर मुंह था, भाग पड़ा । इन लोगों के अनुसार कम से कम 12 से 15 लोग घायल हुए हैं जिनमें से कुछ घायल बाबा बकाला, घुमान व अमृतसर के अस्पतालों में सीधे चले गए हैं ।

उल्लेखनीय है कि सुरक्षा बलों व पुलिस को पहले से सूचना थी कि इस दो दिन 26 व 27 जुलाई के मेला में आतंकवादी फायरिंग करेंगे । एक पुलिस कर्मचारी ने कहा कि इस सम्बन्ध में पहले धमकी व चेतावनी पत्र भी आया हुआ था । इसी कारण इस अवसर पर सुरक्षा बल व पुलिस तैनात किए गए थे । इस फ़ायरिंग से घायल एक महिला श्रीमती पाल कौर पाली सहित तीन लोग बटाला सिविल अस्पताल में दाखिल हैं । बटाला अस्पताल में उपचाराधीन घायलों की दशा खतरे से बाहर बताई जाती है ।

पुलिस जिला बटाला के पुलिस प्रमुख श्री एस.एम. शर्मा ने पत्रकारों को बताया कि आतंकवादियों ने चीनी असाल्ट राइफलें ए.के. 47 का प्रयोग किया है और काफ़ी मात्रा में चले कारतूस मिले हैं और आतंकवादियों की शिनाख्त करके उनके छुपने के स्थानों कर छापे मारे व खोजबीन की जा रही है । श्री शर्मा ने आगे कहा कि पूछताछ के लिए 14 लोगों को हिरासत में लिया गया है ।

घायलों में पंजाब पुलिस का सिपाही कुलविन्दर सिंह भी शामिल है, जिसे सादी वर्दी में वहां मेले में आए लोगों की सुरक्षा के लिए तैनात किया गया था । वहां बी.एस.एफ. व सी.आर.पी. के भी बहुत से जवान सादी वर्दी में सुरक्षा के लिए तैनात थे ।

बाबा नंग छिंज मेले में कबड्डी व कुश्ती मुख्य आकर्षण केंद्र होते हैं । खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के उग्रवादियों ने एक माह पूर्व ही चेतावनी दी थी कि वे इस मेले में हमला करेंगे । बाबा ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी थी । इसी पर वहां कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए थे । कल निश्चित तिथि पर उग्रवादियों ने हमला करके खून-खराबा किया । सुरक्षा बलों द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने से हमला करने वाले उग्रवादी जल्दी ही फरार हो गए । बटाला सिविल अस्पताल में जहां गुरमीत सिंह व पाल कौर भी भरती हैं, एक हैडकांस्टेबल ने बताया कि उनसे कहा गया था कि वे संदिग्ध लोगों पर निगाह रखें । जब मेला खूब जोर-शोर से चल रहा था, तभी 6 उग्रवादी दो तरफ से दो गुटों में आए और उन्होंने चीनी ए.के.-47 असाल्ट राइफलों से फायरिंग शुरू कर दी । सुरक्षा बलों ने हवाई फ़ायरिंग की क्योंकि जनता गोलीबारी में फंस सकती थी । घटनास्थल से ए.के.-47 चीनी राइफल की गोलियों के 18 खोल मिले हैं । सबसे पहले सुरजीत सिंह व सुलक्खन सिंह को बटाला सिविल अस्पताल लाया गया व उन्हें बाद में गुरु तेग बहादुर अस्पताल अमृतसर भेजा गया, जहां इसी कांड की एक घायल राज रानी को उसके परिवार वाले पहले ही ले आए थे । राज रानी के रिश्तेदारों ने बताया कि फ़ायरिंग के समय राज रानी लंगर में खाना बना रही थी । उसका चचेरा भाई सुलक्खन सिंह पास ही खड़ा था, जब उसे एक गोली लगी । बी.एस.एफ. के ट्रक के पास खड़े एक सिपाही को भी गोली लगी ।

पुलिस ने बताया कि एक हमलावर का नाम युगराज सिंह उर्फ तूफ़ान सिंह है, जो अपने को तथाकथित खालिस्तान लिबरेशन फ़ोर्स का जनरल बताता है ।

किसान की हत्या

अमृतसर : मेहता चौक थाने के अन्तर्गत चौगावां गांव में आतंकवादियों ने कल रात हरजिंदर सिंह नामक एक किसान की गोली मार कर हत्या कर दी । पुलिस ने आज यहां यह जानकारी दी ।

घटनास्थल से खालिस्तान कमांडो फोर्स का एक पत्र मिला है जिस पर बलविन्दर सिंह शाहपुर एरिया कमांडर के हस्ताक्षर हैं । इसमें हरजिन्द्र सिंह को पुलिस का मुखबिर बताया गया है ।

सुरक्षा बलों ने अमृतसर जिले में कल रात एक मुठभेड़ के बाद दो आतंकवादियों जोता व मंगता को गिरफ्तार कर लिया, जबकि उनके दो अन्य साथी बच कर भाग गए ।

तरनतारन के पुलिस चीफ संजीव गुप्ता के अनुसार जोता व मंगता को हरीके पुलिस ने मुठभेड़ के बाद पकड़ा व उनसे 2 पिस्तौलें व कई कारतूस बरामद किए । वे दोनों कपूरथला, फिरोजपुर, अमृतसर में लूटपाट करने व धन वसूलने के कई मामलों में वांछित है ।

कुछ समय पूर्व गिरफ्तार किए गए एक उग्रवादी सुखविन्दर सिंह से पूछताछ के आधार पर पुलिस ने एक नाले से एक चीनी ए.के.-47 असाल्ट राइफल व 9 कारतूस बरामद किए ।

जंडियाला थाना क्षेत्र के भंडर कलां ग्राम में एक घर से पुलिस ने एक ए.के. 47 चीनी राइफल व कुछ कारतूस बरामद किए हैं ।

लोपोके थाना के ग्राम कोटला कम्मा में मोहन

(शेष पृष्ठ 10 पर)



जिला गुरदासपुर के थाना श्रीहरगोबिंदपुर के गांव भोमा में बुधवार को एक मेले में आतंकवादियों द्वारा की गई फायरिंग में (1) मृत परस कौर का शव, (2) फायरिंग में घायल पाल कौर और (3) गुरमीत सिंह (छाया : कोछड़) । इसी घटना के दो घायल, (4) सुलक्खन सिंह और (5) राज रानी, जो अमृतसर के अस्पताल में दाखिल हैं । (छाया : रवि भंडारी)

Punjabi Sanath.com







Punjab Sahitya

अमृतसर में गुरु नानक अस्पताल मजीठा रोड पर बीरवार को तड़के विस्फोट से (1-3) आसपास की कई दुकानें नष्ट हो गईं । (4) दुकानों के अंदर पड़े गैस सिलैंडर फटने से बच गए । (5) थाने के पास खड़े होकर लोग इस तबाही को देखते रहे । (6) घायल राजेश, जिसके दुकान खोलने के साथ ही विस्फोट हुआ । (छाया : ओम भंडारी)

उग्रवादियों द्वारा फायरिंग

(पृष्ठ 3 का शेष)

सिंह के घर से उग्रवादियों ने एक ट्रैक्टर छीन लिया ।

बल्टोहा के रत्ता कुड्डा ग्राम में भगवंत सिंह नामक भू.पू. सैनिक के घर से उसकी 12 बोर की बंदूक उग्रवादियों ने छीन ली ।

विस्फोट

मजीठा रोड पर गुरु नानक अस्पताल के बाहर आज तड़के एक इमारत में शक्तिशाली बम विस्फोट में एक व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गया और तीन स्वास्थ्य प्रयोगशालाएं और दवा की कुछ दुकानें क्षतिग्रस्त हो गईं ।

विस्फोट उस समय हुआ जब राजेश कुमार नामक एक दवाई विक्रेता ने प्रातः 6 बजे शटर उठा कर अपनी दकान में प्रवेश किया । विस्फोट में लाखों रुपए की दवाइयां, मशीनें और अन्य उपकरण नष्ट हो गए ।

पुलिस अधिकारियों को संदेह है कि विस्फोट किसी शक्तिशाली बम के कारण हुआ है । इसके पूर्व पुलिस ने विश्वास प्रकट किया था कि विस्फोट दकान में पड़े दो गैस सिलैंडरों के कारण हुआ लेकिन सिलैंडर मलबे में सही-सलामत मिले ।

विस्फोटक विशेषज्ञों को घटनास्थल पर बुला लिया गया है ।

मजीठा रोड पुलिस चौकी पर ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों ने बताया कि विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि कुछ चीजें उड़ कर चौकी की छत पर आ गिरीं ।

लूटपाट

उग्रवादियों ने जंडियाला थाना क्षेत्र के ग्राम बंडाला में लाभ सिंह के घर में घुस कर उसकी 315 बोर की राइफल व 20 कारतूस छीन लिए ।

भिक्खीविंड क्षेत्र के भाई लाडो ग्राम में लबना सिंह के घर में 6 उग्रवादियों ने घुस कर 12 बोर की दोनाली बन्दूक तथा 21 कारतूस व 32 बोर का एक पिस्तौल व उसके 13 कारतूस छीन लिए ।

वेरोवाल क्षेत्र के ग्राम हनेरवाला में 4 उग्रवादियों ने अजायब सिंह के परिवार से 8 हजार रु. लूट लिए ।

शव मिला

लुधियाना पुलिस थाना क्षेत्र के अन्तर्गत छहारपुर गांव के निकट आज प्रातः गोलियों से छलनी एक शव बरामद हुआ ।

जालन्धर में 68 नई पुलिस चौकियां

जालंधर (वा.): जालन्धर जिले में उग्रवाद का मुकाबला करने के लिए 68 नई पुलिस चौकियां बनाई जा रही हैं । 28 स्पैशल पुलिस आफिसर चौकियां व 20 ग्रामीण सुरक्षा बल चौकियां भी स्थापित की जाएंगी । गश्ती दलों को और मजबूत बनाया गया है और उग्रवादियों के ठिकानों पर छापे मारे जा रहे हैं ।

कान काट दिए

जालन्धर के आदमपुर थाना क्षेत्र के नजराना ग्राम में 4 उग्रवादियों ने हंसा राम के घर में घुस कर वहां लूटपाट करने का प्रयास किया । हंसा राम ने उनमें से एक को पकड़ लिया तो उसके साथी ने हंसा राम का दायां कान काट दिया तथा एक हाथ को भी घायल कर दिया ।

फिल्लौर (शाहबाद): स्थानीय पुलिस से यहां के निकटवर्ती अपरा में कैनेरा बैंक डकैती व अजय कुमार हत्या कांड में वांछित दो अन्य अभियुक्त भी आज गिरफ्तार कर लिए । स्थानीय पुलिस के थाना अध्यक्ष ने बताया कि अभियुक्त जोगिन्दर सिंह व गुरदीप सिंह दोनों चचेरे भाई हैं व गुरदासपुर जिले में गांव बब्बेवाली के रहने वाले हैं व उन दोनों ने फिल्लौर के निकट गांव शील (मंड क्षेत्र) इलाके में कई वारदातें की थीं व अपरा के कैनेरा बैंक को लूटते समय अजय कुमार जो अपनी शादी के लिए पैसे निकलवाने आया हुआ था लुटेरों का प्रतिरोध करने पर गोली मार दी थी व अजय कुमार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी जिसे सरकार द्वारा वीर अर्जुन पुरस्कार द्वारा मरणोपरान्त सम्मानित किया गया ।

फगवाड़ा (राकेश): कल रात स्थानीय थाना सदर पुलिस ने संदिग्ध व्यक्तियों की तलाश में निकटवर्ती गांवों पण्डोरी, मलिकपुर, भाइयोंपती तथा पाछंटा में छापे मारे, परन्तु पुलिस किसी भी व्यक्ति को गिरफ्तार नहीं कर सकी । थाना सदर पुलिस ने गांव रावलपिण्डी के एक व्यक्ति शमशेर सिंह को गिरफ्तार किया है ।

फायरिंग

दसूहा से झावर के अनुसार गत रात्रि 10 बजे ग्राम हुसैनपुर लालोवाल में उग्रवादियों ने एक ठेकेदार गुरदेव सिंह पर फायरिंग की पर वे बाल-बाल बच गए । उनके घर में पुलिस ने चौकी बनाई है । घटना के समय जवान गश्त पर जाने वाले थे जब 5 नकाबपोश उग्रवादियों ने आंगन में आकर एक भैंस के पीछे छिप कर फायरिंग की । जवानों ने भी फायरिंग की पर कोई हताहत नहीं हुआ । दो भैंसे मारी गईं । एक उग्रवादी घायल हुआ पर उसे उसके साथी उठा ले गए ।

पाक ने सम्भवतः परमाणु

नई दिल्ली, 28 जुलाई (वार्ता): प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने आज राज्यसभा को आश्वासन दिया कि पाकिस्तान के परमाणु बम बनाने के प्रयासों को देखते हुए किसी भी कीमत पर भारत की सुरक्षा के साथ समझौता नहीं किया जा सकता । प्रधानमंत्री एक अमरीकी पत्रिका "न्यूजवीक" में छपी रिपोर्ट पर प्रश्नोत्तर काल के दौरान टिप्पणी कर रहे थे । इस रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान ने चार बम प्राप्त कर लिए हैं । विदेश मंत्री पी.वी. नरसिम्हाराव ने बताया कि हमारी सूचना के अनुसार पाकिस्तान बम बनाने के बहुत करीब है अथवा सम्भवतः उसने प्राप्त कर लिया है ।

श्री राव ने इंका के के.वी. तनगवालु व अन्य के मूल प्रश्न के उत्तर में बताया कि भारत ने अमरीका के साथ यह मामला उठाया है लेकिन अभी तक उसके परिणाम कोई संतोषजनक नहीं रहे हैं । विदेशमंत्री ने बताया कि भारत का हमेशा से यह मत रहा है कि परमाणु बम बनाने की क्षमता प्राप्त करने

Punjabi Sahib

जिला अमृतसर में 10 व्यक्तियों समेत पंजाब में 14 की हत्या, 2 उग्रवादी मारे गये

वारदातों में 3 व्यक्ति घायल, एस.पी.ओ. चौकी पर हमला

बड़ी मात्रा में गोली-सिक्का मिला, घायल दुकानदार चल बसा

चंडीगढ़, 29 जुलाई (वार्ता, ह.स.): पंजाब में आतंकवादियों ने एकदम अपनी गतिविधियों में तेजी लाते हुए विभिन्न वारदातों में 14 व्यक्तियों की हत्या कर दी जबकि 2 उग्रवादियों को लोगों ने पीट-पीट कर मार डाला । आतंकवादियों ने सर्वाधिक हत्याएं जिला अमृतसर में की जहां 10 व्यक्ति मारे गए । वारदातों में 3 लोगों के घायल होने की सूचना है । आतंकवादियों ने सी.आर.पी. के एक दल पर तथा एक एस.पी.ओ. चौकी पर हमले किए । बटाला के निकट उग्रवादियों के हाथों घायल दुकानदार गुलजार सिंह दम तोड़ गया ।

तीन व्यक्तियों की हत्या

अमृतसर (वि.प्र.): आतंकवादियों ने कल रात जंडियाला थाने के नंगल दयाल गांव के बाहर बलबीर सिंह, जगतार सिंह और गुरदीप सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । आतंकवादियों ने इन तीनों को जबरदस्ती उनके मकानों से बाहर निकाल लिया और गांव के बाहर खेतों में ले जाकर उनकी हत्या कर दी ।

रैया से जसपाल के अनुसार मृतकों में से बलबीर सिंह तथा जगतार सिंह मजहबी सिख थे जबकि तीसरा गुरदीप सिंह जाट रिटायर्ड फौजी गांव में किरयाने की दुकान करता था । बताया जाता है कि रात लगभग 9 बजे संदिग्ध व्यक्ति गुरदीप सिंह की दुकान पर आए । उस समय दुकान बंद थी । उनके द्वारा दरवाजा खटखटाए जाने पर गुरदीप सिंह के लड़के रछपाल सिंह ने अंदर से पूछा कि कौन है ? इस पर संदिग्ध व्यक्तियों ने कहा कि वे चीनी लेने आए हैं । दरवाजा न खोले जाने पर उन्होंने दरवाजा तोड़ देने की धमकी दी । रछपाल सिंह के दरवाजा खोलते ही संदिग्ध व्यक्तियों ने उसको मारपीट की और उसको साथ लेकर गुरदीप सिंह के घर गए । वहां से वे गुरदीप सिंह को साथ ले गए और जगतार सिंह के घर गए । इन दोनों को साथ लेकर वे बलबीर सिंह के घर गए । बाद में वे तीनों को लेकर गांव के बाहर छप्पड़ के पास चले गए, जहां उन तीनों को गोलियां मारी गईं । गोलियां उनके सिरों में लगीं तथा वे मौके पर ही दमतोड़ गए ।

बब्बर खालसा इंटर नैशनल के लैटर पैड पर लिखा जो पत्र मिला है, उस पर सुखजिंदर सिंह बब्बर और सुखदेव सिंह के हस्ताक्षर हैं । इसमें लिखा है कि गुरदीप सिंह की हत्या इस लिए की गई है क्योंकि उसने अमृत छक कर भंग किया था । जगतार सिंह व बलबीर सिंह शराब का धंधा करते थे ।

2 व्यक्तियों की हत्या

एक अन्य घटना में दो व्यक्तियों मलूक सिंह और सेवा सिंह को आतंकवादियों ने कल रात घरेंडा थाने के धनोआ खुर्द गांव में मौत के घाट उतार दिया । मलूक सिंह की लाइसैंसी राइफल भी आतंकवादी ले गए । पुलिस की सूचना के अनुसार मलूक सिंह के पुत्र और कुछ ग्रामीणों ने आतंकवादियों का पीछा किया और उन पर गोलियां चलाईं लेकिन हत्यारे भाग निकले ।

2 आतंकवादी मारे गए

खालड़े थाने के माड़ी कम्मो के गांव में एक आतंकवादी रवेला सिंह को ग्रामीणों ने पीट-पीट कर मार डाला । आतंकवादियों के एक गिरोह ने लूटपाट के इरादे से श्रीमती बलबीर कौर के मकान में प्रवेश किया । जब बलबीर कौर और परिवार के एक सदस्य ने आतंकवादियों को देख कर शोर मचाया तो लुटेरों ने तेज धार हथियार से उन पर

(शेष पृष्ठ 12 पर)

अकाली दल (लौंगोवाल) नई पार्टी की नीतियों का समर्थन करेगा : बरनाला

होशियारपुर, 29 जुलाई (अश्विनी): पूर्व मुख्यमंत्री और अकाली दल लौंगोवाल के प्रधान श्री सुरजीत सिंह बरनाला और पूर्व वित्तमंत्री श्री बलवन्त सिंह ने 4 प्रतिपक्षी दलों लोकदल, जनता पार्टी, जन मोर्चा और कांग्रेस (स) को विलीन करके समाजवादी जनता दल नाम की नई पार्टी बनाए जाने का स्वागत किया है और घोषणा की है कि अकाली दल लौंगोवाल राष्ट्रीय स्तर पर इस नई पार्टी की नीतियों का पूरा समर्थन करेगा और राज्यों में फैडरल ढांचे के आधार पर अपना अलग अस्तित्व बनाए रखते हुए उसका साथ देगा ।

आज यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए दोनों ने आशा व्यक्त की कि अकाली दल के विभिन्न धड़ों में एकता के लिए उनकी कोशिशों के अच्छे परिणाम निकलेंगे । उन्होंने बताया कि उनके अकाली दल (लौंगोवाल) और संयुक्त अकाली दल ने एकता के संदर्भ में जो उप समितियां बनाई हैं उनकी विधिवत संयुक्त बैठक अभी नहीं हुई । उन्होंने बताया कि 20 अगस्त को संत हरचंद सिंह लौंगोवाल की तीसरी बरसी उनके गांव लौंगोवाल में मनाई जा रही है । आशा है कि प्रतिपक्षी दलों के नेता सर्वश्री वी.पी. सिंह, राम कृष्ण हेगड़े, अटल बिहारी वाजपेई, ज्योति बसु, अजीत सिंह और राजेश्वर राव भी भाग लेंगे । उन्हें निमंत्रण पत्र भेज दिए गए हैं ।

श्री बरनाला ने कहा कि उनके शासन काल में उग्रवादी लोगों को मारने के लिए देसी पिस्तौल और दूसरे छोटे हथियार प्रयुक्त करते थे । बाद में राष्ट्रपति शासन में ए.के. 47 चीनी राइफलें और राकेट प्रयुक्त करने लग गए हैं । सीमा पर कांटेदार तार लगाने के बावजूद पाकिस्तान से हथियारों की तस्करी नहीं रुकी । अब राज्यपाल श्री रे भी कहने लग गए हैं कि समस्या का हल न पुलिस है न बुलट । उन्होंने कहा कि केंद्र को पंजाब के लिए सामूहिक सुविधाओं की घोषणा करनी चाहिए । यह गलत है कि राजीव-लौंगोवाल समझौता की 11 धाराओं में से 8 लागू हो चुकी हैं । वास्तव में एक धारा लागू हुई है जो 1984 के दंगा पीड़ितों के पुनर्वास व क्षतिपूर्ति से सम्बन्ध रखती है । पंजाब में उग्रवादियों ने तब जोर पकड़ा जब चंडीगढ़ 26 जनवरी 1986 को पंजाब को न दिया गया ।

इससे पूर्व उन्होंने गुरुद्वारा सिंहसभा में पार्टी की प्रसभा में भाषण दिया । उन्होंने कहा कि सारे राज्य में प्रसभाएं की जा रही हैं । सर्वश्री सुरजीत सिंह मिन्हास स्पीकर, उपकार सिंह रंधावा, बीरेन्द्र सिंह बाजवा और श्रीमती जगदीश कौर ने भी भाषण किए ।

बोफोर्स बनाम दूरदर्शन धारावाहिक

नई दिल्ली, 29 जुलाई (वार्ता): बोफोर्स दूरदर्शन धारावाहिक है या ग्रामोफोन रिकार्ड है । यह रोचक वार्ता आज लोकसभा में हुई ।

रक्षामंत्री कृष्ण चंद्र पंत ने कहा कि विपक्ष ने तो बोफोर्स को कभी न खत्म होने वाला दूरदर्शन धारावाहिक बनाकर रख दिया है ।

अध्यक्ष बलराम जाखड़ ने कहा कि यह विषय तो घिसे-पिटे रिकार्ड के समान हो गया है जिसे सुनते-सुनते कान पक गए हैं । वही सवाल है, वही जवाब ।

Punjab Sahapedia

जिला अमृतसर में 10 व्यक्तियों समेत पंजाब में 14 की हत्या, 2 उग्रवादी मारे गये

वारदातों में 3 व्यक्ति घायल, एस.पी.ओ. चौकी पर हमला

बड़ी मात्रा में गोली-सिक्का मिला, घायल दुकानदार चल बसा

चंडीगढ़, 29 जुलाई (वार्ता, ह.स.): पंजाब में आतंकवादियों ने एकदम अपनी गतिविधियों में तेजी लाते हुए विभिन्न वारदातों में 14 व्यक्तियों की हत्या कर दी जबकि 2 उग्रवादियों को लोगों ने पीट-पीट कर मार डाला । आतंकवादियों ने सर्वाधिक हत्याएं जिला अमृतसर में कीं जहां 10 व्यक्ति मारे गए । वारदातों में 3 लोगों के घायल होने की सूचना है । आतंकवादियों ने सी.आर.पी. के एक दल पर तथा एक एस.पी.ओ. चौकी पर हमले किए । बटाला के निकट उग्रवादियों के हाथों घायल दुकानदार गुलजार सिंह दम तोड़ गया ।

तीन व्यक्तियों की हत्या

अमृतसर (वि.प्र.): आतंकवादियों ने कल रात जंडियाला थाने के नंगल दयाल गांव के बाहर बलबीर सिंह, जगतार सिंह और गुरदीप सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । आतंकवादियों ने इन तीनों को जबरदस्ती उनके मकानों से बाहर निकाल लिया और गांव के बाहर खेतों में ले जाकर उनकी हत्या कर दी ।

रैया से जसपाल के अनुसार मृतकों में से बलबीर सिंह तथा जगतार सिंह मजहबी सिख थे जबकि तीसरा गुरदीप सिंह जाट रिटायर्ड फौजी गांव में किरयाने की दुकान करता था । बताया जाता है कि रात लगभग 9 बजे संदिग्ध व्यक्ति गुरदीप सिंह की दुकान पर आए । उस समय दुकान बंद थी । उनके द्वारा दरवाजा खटखटाए जाने पर गुरदीप सिंह के लड़के रछपाल सिंह ने अंदर से पूछा कि कौन है ? इस पर संदिग्ध व्यक्तियों ने कहा कि वे चीनी लेने आए हैं । दरवाजा न खोले जाने पर उन्होंने दरवाजा तोड़ देने की धमकी दी । रछपाल सिंह के दरवाजा खोलते ही संदिग्ध व्यक्तियों ने उसको मारपीट की और उसको साथ लेकर गुरदीप सिंह के घर गए । वहां से वे गुरदीप सिंह को साथ ले गए और जगतार सिंह के घर गए । इन दोनों को साथ लेकर वे बलबीर सिंह के घर गए । बाद में वे तीनों को लेकर गांव के बाहर छप्पड़ के पास चले गए, जहां उन तीनों को गोलियां मारी गईं । गोलियां उनके सिरों में लगीं तथा वे मौके पर ही दमतोड़ गए ।

बब्बर खालसा इंटर नैशनल के लैटर पैड पर लिखा जो पत्र मिला है, उस पर सुखजिंदर सिंह बब्बर और सुखदेव सिंह के हस्ताक्षर हैं । इसमें लिखा है कि गुरदीप सिंह की हत्या इस लिए की गई है क्योंकि उसने अमृत छक कर भंग किया था । जगतार सिंह व बलबीर सिंह शराब का धंधा करते थे ।

2 व्यक्तियों की हत्या

एक अन्य घटना में दो व्यक्तियों मलूक सिंह और सेवा सिंह को आतंकवादियों ने कल रात घरेंडा थाने के धनोआ खुर्द गांव में मौत के घाट उतार दिया । मलूक सिंह की लाइसैंसी राइफल भी आतंकवादी ले गए । पुलिस की सूचना के अनुसार मलूक सिंह के पुत्र और कुछ ग्रामीणों ने आतंकवादियों का पीछा किया और उन पर गोलियां चलाईं लेकिन हत्यारे भाग निकले ।

2 आतंकवादी मारे गए

खालड़े थाने के माड़ी कम्मो के गांव में एक आतंकवादी रवेला सिंह को ग्रामीणों ने पीट-पीट कर मार डाला । आतंकवादियों के एक गिरोह ने लूटपाट के इरादे से श्रीमती बलबीर कौर के मकान में प्रवेश किया । जब बलबीर कौर और परिवार के एक सदस्य ने आतंकवादियों को देख कर शोर मचाया तो लड़कों ने तेज धार हथियार से उन पर

(शेष पृष्ठ 12 पर)

अकाली दल (लौंगोवाल) नई पार्टी की नीतियों का समर्थन करेगा : बरनाला

होशियारपुर, 29 जुलाई (अश्विनी): पूर्व मुख्यमंत्री और अकाली दल लौंगोवाल के प्रधान श्री सुरजीत सिंह बरनाला और पूर्व वित्तमंत्री श्री बलवन्त सिंह ने 4 प्रतिपक्षी दलों लोकदल, जनता पार्टी, जन मोर्चा और कांग्रेस (स) को विलीन करके समाजवादी जनता दल नाम की नई पार्टी बनाए जाने का स्वागत किया है और घोषणा की है कि अकाली दल लौंगोवाल राष्ट्रीय स्तर पर इस नई पार्टी की नीतियों का पूरा समर्थन करेगा और राज्यों में फैडरल ढांचे के आधार पर अपना अलग अस्तित्व बनाए रखते हुए उसका साथ देगा ।

आज यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए दोनों ने आशा व्यक्त की कि अकाली दल के विभिन्न धड़ों में एकता के लिए उनकी कोशिशों के अच्छे परिणाम निकलेंगे । उन्होंने बताया कि उनके अकाली दल (लौंगोवाल) और संयुक्त अकाली दल ने एकता के संदर्भ में जो उप समितियां बनाई हैं उनकी विधिवत संयुक्त बैठक अभी नहीं हुई । उन्होंने बताया कि 20 अगस्त को संत हरचंद सिंह लौंगोवाल की तीसरी बरसी उनके गांव लौंगोवाल में मनाई जा रही है । आशा है कि प्रतिपक्षी दलों के नेता सर्वश्री बी.पी. सिंह, राम कृष्ण हेगड़े, अटल बिहारी वाजपेई, ज्योति बसु, अजीत सिंह और राजेश्वर राव भी भाग लेंगे । उन्हें निमंत्रण पत्र भेज दिए गए हैं ।

श्री बरनाला ने कहा कि उनके शासन काल में उग्रवादी लोगों को मारने के लिए देसी पिस्तौल और दूसरे छोटे हथियार प्रयुक्त करते थे । बाद में राष्ट्रपति शासन में ए.के. 47 चीनी राइफलें और राकेट प्रयुक्त करने लग गए हैं । सीमा पर कांटेदार तार लगाने के बावजूद पाकिस्तान से हथियारों की तस्करी नहीं रुकी । अब राज्यपाल श्री रे भी कहने लग गए हैं कि समस्या का हल न पुलिस है न बुलट । उन्होंने कहा कि केंद्र को पंजाब के लिए सामूहिक संबिधाओं की घोषणा करनी चाहिए । यह गलत है कि राजीव-लौंगोवाल समझौता की 11 धाराओं में से 8 लागू हो चुकी हैं । वास्तव में एक धारा लागू हुई है जो 1984 के दंगा पीड़ितों के पुनर्वास व क्षतिपूर्ति से सम्बन्ध रखती है । पंजाब में उग्रवादियों ने तब जोर पकड़ा जब चंडीगढ़ 26 जनवरी 1986 को पंजाब को न दिया गया ।

इससे पूर्व उन्होंने गुरुद्वारा सिंहसभा में पार्टी की प्रसभा में भाषण दिया । उन्होंने कहा कि सारे राज्य में प्रसभाएं की जा रही हैं । सर्वश्री सुरजीत सिंह मिन्हास स्पीकर, उपकार सिंह रंधावा, वीरेन्द्र सिंह बाजवा और श्रीमती जगदीश कौर ने भी भाषण किए ।

बोफोर्स बनाम दूरदर्शन धारावाहिक

नई दिल्ली, 29 जुलाई (वार्ता): बोफोर्स दूरदर्शन धारावाहिक है या ग्रामोफोन रिकार्ड है । यह रोचक वार्ता आज लोकसभा में हुई ।

रक्षामंत्री कृष्ण चंद्र पंत ने कहा कि विपक्ष ने तो बोफोर्स को कभी न खत्म होने वाला दूरदर्शन धारावाहिक बनाकर रख दिया है ।

अध्यक्ष बलराम जाखड़ ने कहा कि यह विषय तो घिसे-पिटे रिकार्ड के समान हो गया है जिसे सुनते-सुनते कान पक गए हैं । वही सवाल है, जहां जनाब ।

Punjab Sahitya

पंजाब में हत्याएं
(पृष्ठ 1 का शेष)

हमला कर दिया । दोनों व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गए ।

इस बीच चीख पुकार सुन कर आसपास के मकानों के लोग वहां पहुंच गए और उन्होंने आतंकवादियों को पकड़ लिया । काफी मार पड़ने पर रवेला सिंह की मृत्यु हो गई जबकि दूसरे आतंकवादी को गम्भीर रूप से घायव अवस्था में पुलिस के हवाले कर दिया गया । बाद में वह भी दम तोड़ गया ।

सी.आर.पी. पर हमला

इसी बीच सुरक्षा बलों ने कल रात भिखी विंड थाने के माड़ी गौड़ गांव के नजदीक आतंकवादियों के एक गिरोह के साथ मुठभेड़ में भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद किया । आतंकवादी गिरोह ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के गश्ती दल पर हमला किया था । पुलिस ने बताया कि आतंकवादी अंधेरे का फायदा उठा कर भाग गए लेकिन अपने पीछे भारी मात्रा में असला छोड़ गए, जिसमें 700 कारतूस और ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफलों की दो भरी हुई मैगजीनें, प्वाइंड 38 रिवाल्वर की दस गोलियां, माऊजर पिस्तौल की एक मैगजीन ए.के. 47 राइफल के तीन खाली कारतूस और कपड़ों से भरा एक थैला शामिल है । आतंकवादियों की खोज के लिए इलाके को सील कर दिया गया है

गोलियों से छलनी लाशें मिलीं

इसी मध्य पुलिस ने थाना जंडियाला के गांव डडवां में तीन गोलियों से छलनी लाशें बरामद कीं ।

महिला की हत्या

आतंकवादियों ने कल रात थाना बैरोवाल के गांव सरावां में एक अधेड़ आयु महिला सुरेंद्र कौर की हत्या कर दी ।

किसान की हत्या

पांच आतंकवादियों के एक अन्य दल ने बैरोवाल थाने के धारीवाल गांव में एक किसान हरि सिंह की हत्या कर दी । पुलिस का कहना है कि गिरोह के तीन सदस्यों के पास ए.के. 47 असाल्ट राइफलें और दो के पास रिवाल्वर थे ।

दो युवकों की हत्या

बटाला (कोछड़): थाना श्री हरगोबिंद पुर के गांव कज्जनपुर में उग्रवादियों ने दो युवकों की हत्या कर दी । पता चला है कि कल लगभग 10 बजे रात दो उग्रवादी इस गांव के एक व्यक्ति महेंद्र सिंह के घर में घस गए और उसके 20 वर्षीय बेटे गुरदेव सिंह को घर से बाहर ले गए । उसके बाद एक अन्य व्यक्ति जोगेंद्र सिंह के घर में उसके बेटे हरदेव सिंह को जबरदस्ती अपने साथ ले गए । वहां दोनों को खेतों में उन्होंने लोहे की मूंगलियां मार-मार कर खत्म कर दिया ।

आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि इस सम्बन्ध में कुछ संदिग्ध लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लेकर जांच की जा रही है । पुलिस सूत्रों से अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो सका कि यह घटना आतंकवाद की है, व्यक्तिगत शत्रुता की या कोई अन्य ।

गोली या करंट

जालन्धर, 29 जुलाई (वार्ता): शिंगारा सिंह अचकचा कर नींद से जाग उठा । उसे महसूस हुआ था कि उसे बिजली का करंट लगा है जबकि वास्तव में उसे गोली लगी थी । घटना जालन्धर जिला के बुलंदपुर गांव की है । वैल्डर शिंगारा सिंह कल रात चारपाई पर सो रहा था कि आधी रात के करीब उसने अजीब-सी सनसनाहट महसूस की । शिंगारा सिंह चिल्ला कर उठ बैठा । लोग उसे पड़ोस के एक डाक्टर के घर ले गये जिसने बताया कि उसे गोली लगी थी लेकिन वह मानने के लिये तैयार ही नहीं हुआ । तब डाक्टर ने उसकी जांघ की तरफ इशारा किया जहां से खून निकल रहा था ।

सरपंच व एक अन्य की हत्या

आज लगभग दो बजे बाद दोपहर थाना सदर बटाला के गांव सुक्खे चिड़े में उग्रवादियों ने दो व्यक्तियों की हत्या कर दी । इनमें से एक गांव का सरपंच जोगा सिंह बताया गया है ।

दूसरा मृतक जोगा सिंह का दोस्त हरबंस सिंह (45) गांव पुराना पिंड था । पुलिस सूत्रों से अभी तक प्राप्त जानकारी के अनुसार यह दोनों गांव के बाहर अपने डेरा में बैठे थे कि कुछ आतंकवादियों ने आकर अंधाधुंध फायरिंग करके इनकी हत्या कर दी व फरार हो गए । बी.एस.एफ. व पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर चले गए हैं ।

जिला पुलिस प्रमुख ने बताया कि यह हत्याएं आतंकवादियों की आपसी शत्रुता का परिणाम है । जोगा सिंह को पहले 2-3 बार आतंकवाद विरोधी कानून के अंतर्गत गिरफ्तार किया जा चुका है । वह कुछ अर्सा पहले ही जमानत पर रिहा हुआ था । उसके डेरे में आमतौर पर आतंकवादी शरण लेते थे । उसके लड़के की भी काफी अर्सा पहले आतंकवादियों ने हत्या कर दी थी । पुलिस प्रमुख ने बताया कि हत्यारों की पहचान कर ली गई है । उन्हें शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा ।

मृतक आतंकवादी की शिनाख्त

पुलिस के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गत 27 जुलाई को थाना धारीवाल के गांव गज्जगज्जी में लोगों द्वारा पिटाई करके व बी.एस.एफ. और पुलिस से मुठभेड़ में मारे गए दूसरे आतंकवादी की शिनाख्त सुरजीत सिंह गांव जलालाबाद थाना मजीठा के रूप में हुई है । प्राप्त जानकारी के अनुसार पहले मृतक आतंकवादी प्रताप सिंह गांव कोटला शर्फ थाना सदर बटाला को धारीवाल पुलिस ने एक मास पहले गांव ढींडसा से हथियारों सहित पकड़ा था लेकिन कुछ दिन बाद वह पुलिस को चकमा देकर थाना से भाग निकला था ।

घायल चल बसा

प्राप्त जानकारी के अनुसार उपरोक्त दोनों आतंकवादियों द्वारा गांव बड़ैच में घायल किए गए दकानदार गुलजार सिंह की अमृतसर अस्पताल ले जाते समय मृत्यु हो गई । उल्लेखनीय है कि जब दोनों आतंकवादियों ने दकानदार को घायल किया तो गांव के लोग इनसे उलझ गए और दोनों आतंकवादी मारे गए थे ।

बब्बर खालसा प्रमुख सुखदेव सिंह 'एरिया कमांडर' गुरनाम सिंह पहलवान, कर्म सिंह व गुरिन्द्र सिंह ने एक प्रैस विज्ञप्ति में कहा है कि इन दोनों मृतक आतंकवादियों प्रताप सिंह व सुरजीत सिंह का उनके संगठन से कोई सम्बन्ध नहीं था ।

घायल कर दिया

जालन्धर (ह.स.): संदिग्ध आतंकवादियों ने कल रात जालन्धर सदर पुलिस थाने के बुलंदपुर गांव में शिंगारा राम नामक एक व्यक्ति को गोली मार कर घायल कर दिया । पुलिस सूत्रों के अनुसार शिंगारा राम जब अपने घर में सो रहा था तब आतंकवादी उसके घरमें घुसे और उस पर गोली चला दी । शिंगारा राम को अस्पताल में दाखिल किया गया है ।

लाश मिली

ह.स. के अनुसार जालन्धर जिला में आज एक खेत में गोलियों से छलनी लाश मिली । लाश की शिनाख्त नहीं की जा सकी ।

एस.पी.ओ. चौकी पर हमला

होशियारपुर (ह.स.): कुछ संदिग्ध आतंकवादियों ने कल रात होशियारपुर के हरयाना थाने के हुसैनपुर लालूवाल गांव में हाल ही में बनाई गई विशेष पुलिस अधिकारी (एस.पी.ओ.) चौकी पर हमला किया और भाग निकले । पुलिस सूत्रों ने बताया कि आतंकवादियों ने आधी रात से ठीक पहले चौकी पर हमला किया । हमलावरों ने ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफल से गोलियां चलाईं । पुलिस कर्मियों ने भी जवाब में गोलियां चलाईं । दोनों तरफ से दस मिनट तक गोलियां चलती रहीं । आतंकवादी बाद में भाग निकले । किसी तरफ से किसी के हताहत होने की सूचना नहीं मिली । पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं और क्षेत्र की घेराबंदी कर ली गई है । आतंकवादियों की खोज के लिए व्यापक धर-पकड़ अभियान चलाया गया है । पुलिस ने मौके से ए.के. 47 असाल्ट राइफल के आधा दर्जन खाली कारतूस बरामद किए ।

लुधियाना (महिन्द्रा): कल दोपहर पश्चात् फोकल प्वाइंट खन्ना के कैटल फील्ड प्लांट में तीन उग्रवादियों ने घुस कर प्लांट के एकाऊंटैंट से पिस्तौल की नोक पर 9022 रुपए छीन लिए ।

लुधियाना पुलिस ने यह जानकारी देते हुए बताया कि उग्रवादी पैदल आए थे और पैदल ही भाग गए । पुलिस ने मुकद्दमा दर्ज कर लिया है ।

10 हजार रुपया लूट लिया

खन्ना (सहगल): आज बाद दोपहर फोकल प्वाएंट में धर्मवीर नामक व्यक्ति की फैक्टरी किरण इंडस्ट्रीज के खजांची शमशेर सिंह से स्टेनगनधारी तीन स्कूटर सवार 10 हजार रुपए छीन कर ले गए ।

स्कूटर छीना

फगवाड़ा (खोसला) : यहां से लगभग आठ किलोमीटर दूर गांव ढरगे की नहर के निकट गांव पांछटा के विनोद कुमार नामक व्यक्ति से 2 उग्रवादी उसका स्कूटर पी.ए.क्यू. 681 छीन कर फरार हो गए ।

फगवाड़ा (राकेश) : आज सायं यहां से 8 कि.मी. दूर गांव डढे की नहर पास 2 आतंकवादियों ने पिस्तौल की नोक पर गांव पांछटा के एक व्यक्ति विनोद कुमार सुपुत्र धर्मपाल से उसका एक बजाज स्कूटर न. पी.ए.क्यू. 681 छीन लिया तथा फरार हो गए ।

कल कपूरथला में जिला के पुलिसमुखी स. स्वर्ण सिंह ने जिला भर के सभी पुलिस अफसरों, एस. एच. ओ. की एक मीटिंग बुलाई, जिसमें जिला भर में ला एंड आर्डर की स्थिति पर विचार किया गया । स. स्वर्ण सिंह ने जिला भर में आतंकवादियों की कार्रवाइयों पर सख्ती से निपटने के आदेश दिए गए । उन्होंने कहा कि देहात में जो पुलिस चौकियां बनाई गई हैं उनमें 20 पुलिस कर्मियों की ड्यूटियां होंगी ।

नरूला को अंतर्राष्ट्रीय सम्मान

लुधियाना, 29 जुलाई (महिन्द्रा): स्थानीय राजकीय कालेज के पूर्व प्रिंसीपल और अंग्रेजी विभाग के मुख्य तथा प्रसिद्ध पंजाबी नावल लेखक श्री सुरिन्द्र सिंह नरूला को यूनेस्को के पैरिस स्थित कार्यालय की तरफ से लेखकों के अंतर्राष्ट्रीय 'कौन की है' में शामिल किया गया है ।

श्री नरूला ने अब तक 13 नावल, 6 कहानी पुस्तकें, 8 आलोचना ग्रंथ, 3 कवि संग्रह, 12

Attention
TV MANUFACTURERS
1ST QUALITY 'PRAKASH'-
PICTURE TUBES
36 Cms Black & White
Readily Available.
Contact :
WEST WELL
Mandi Road, Near Luxmi Cinema JALANDHAR.
greatway Phones : 72628-3249.

PURE HONEY
आवश्यकता है हर महीने 10 टन शुद्ध शहद की । संस्थाएं/सप्लायर्स/मधु मक्खी पालक सम्पर्क करें ।
बाक्स 321
पंजाब केसरी,
जालन्धर ।

सुनहरा मौका !
अपने प्रियजनों के लिए स्मरणीय पूंजीनिवेश
'शंकर कुंज'
(वसंत कुंज सुविकसित हाऊसिंग कोम्प्लैक्स से)
केवल 170 मीटर दूरी पर
फ्री-होल्ड लैंड/प्लाटस उपलब्ध हैं
उत्तम स्थान ! रमणीय प्लाटस !! पक्की रजिस्ट्री !!!
विस्तृत विवरण के लिए स्वयं मिलें :
आदित्या मर्केन्टाइल प्रा. लिमिटेड
26-बी. पाकेट बी, विकासपुरी एक्सटैंशन, आऊटर रिंग रोड, नई दिल्ली-110018
दूरभाष : 5434499, 5454315
स्थानीय प्रतिनिधि :
परमजीत गुप्ता
हाऊस नं. **2563**, डुगरी रोड, फेस-1
अरबन एस्टेट, लुधियाना
दूरभाष : 24946

भारतीय रेलवे डीज़ल कम्पोनैंट वर्क्स, पटियाला

कार्यालय, चीफ इंजीनियर
निविदा सूचना नं. सी.ई. : डी.सी.डब्ल्यू. :
टी-22 : 88-89 : पी.टी.ए. तिथि : 22.7.88

अल्प निविदा सूचना

निम्न कार्यों के लिए सीनियर सिविल इंजीनियर, डीज़ल कम्पोनैंट वर्क्स पटियाला (पंजाब) द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निर्धारित प्रपत्र पर मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित हैं, जो 30.8.88 को सायं 3 बजे तक प्राप्त की जाएंगी और 30.8.88 को सायं 3.30 बजे खोली जाएंगी ।

कार्य का नाम : वर्कशाप एरिया डी. सी. डब्ल्यू./पी. टी. ए. में अतिरिक्त कार्यों का निर्माण तथा ट्रांस्पोर्ट शाप में फैंसिंग उपलब्ध करना ।

क्लासीफाइड विज्ञापन

चिकित्सा
भरपूर सेहत, आनंदमय जीवन वास्ते आरचर्यजनक औषधि । मिलें/लिखें :—Dr. P.K. Sharma, Khera Kalomajri, Ambala City.

टी.वी. सीखें
रंगबार टैलीविज़न, V.C.R. कोर्स में दाखिला शुरू । नैशनल इलैक्ट्रोनिक्स ट्रेनिंग कालेज, सामने बस स्टैंड, पठानकोट ।

पोल्ट्री
EGGS, EGGS. Required Eggs. Payment cash. Contact : Sanjay, Akash Hotel, Ambala Cantt. Phones-24467, 21344.

रोज़गार
सरकारी नौकरी/रोज़गार के इच्छुक अपनी योग्यता/आयु लिखें : Principal, Rozgar Guidance Institute, Ambala City.

कार बाज़ार
नई/पुरानी कारें और मारुति अलाटमैंट लैटर कमीशन पर खरीदने/बेचने वास्ते मिलें : न्यू बांसल कार बाज़ार, भारत नगर चौक, लुधियाना, फोन : 33080.

कोचिंग
English speaking, French, German, Toefl all competitions & combined

बटाला सदर के ग्राम सुक्खा चिड़ा में उग्रवादियों द्वारा मारे गये,(1) जोगा सिंह, (2) हरबंस सिंह, (3) मृतकों के विलाप करते हुए बच्चे, (4) अस्पताल में एकत्र भीड़ । (छाया : कोछड़)

Punjabi Sanatani

एक परिवार के 6 सदस्यों व शिव सेना नेता सहित पंजाब में 7 व्यक्तियों की हत्या

डाक्टर केवल कृष्ण पर हमले में यूथ कांग्रेसी नेता सहित 3 गिरफ्तार

ग्रामीण ने लुटेरे को उसी की गोली से घायल कर दिया

चंडीगढ़, 30 जुलाई (वार्ता, ह.स.): पिछले 24 घंटों के दौरान पंजाब में विभिन्न स्थानों पर 7 व्यक्तियों की हत्या की गई, जिनमें एक परिवार के 6 सदस्य और शिवसेना का एक नेता शामिल है । पंजाब विधानसभा के भूतपूर्व स्पीकर डाक्टर केवल कृष्ण पर फायरिंग के मामले में मुकेरियां के एक यूथ कांग्रेसी नेता सहित 3 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया । डेरा बाबा नानक क्षेत्र में एक लुटेरा ग्रामीण की गोली से घायल हो गया, जबकि दूसरा पकड़ा गया । दो वांछित उग्रवादी गिरफ्तार किए गए ।

घायल उग्रवादी ने दम तोड़ा

अमृतसर (ह.स.): गत रात डेरा बाबा नानक पुलिस स्टेशन के गांव भलोलपुर में उग्रवादियों के दो गुटों में हुए संघर्ष में घायल एक उग्रवादी की आज सायं यहां गुरु तेग बहादुर अस्पताल में मृत्यु हो गई । उसे आज प्रातः यहां अस्पताल में दाखिल कराया गया था ।

परिवार के छः सदस्यों की हत्या

अमृतसर (वि.प्र.): आतंकवादियों ने आज तड़के खालड़ा पुलिस थाने के अंतर्गत भैनी मस्सा सिंह गांव में एक ही परिवार के छः पुरुष सदस्यों की हत्या कर दी । पुलिस सूत्रों के अनुसार आतंकवादियों की गोली के शिकार सदस्यों के नाम हैं- किशोर चन्द (52) और उसके चार बेटे दर्शन कुमार (30), यशपाल (28), सुभाष (23), साहब दयाल (18) तथा पोता राजेश कुमार (10) ।

पुलिस के अनुसार तीन आतंकवादियों के गिरोह ने इस हत्याकांड में ए.के. 47 शॉटगनों तथा .303 पिस्तौल का इस्तेमाल किया । आतंकवादियों ने परिवार की महिला सदस्यों को छोड़ दिया । यह परिवार गांव में किरयाने की दुकान चला रहा था । वारदात के समय यह लोग आंगन में सो रहे थे । घर का एक सदस्य छत पर सो रहा था अतः वह बच गया । पुलिस के अनुसार आतंकवादी दीवार फांद कर घर में घुसे ।

शिवसेना नेता की हत्या

नवांशहर (शर्मा, गौतम): आज लगभग डेढ़ बजे बाद दोपहर दो स्कूटर सवार उग्रवादियों ने यहां घनी जनसंख्या वाले मुहल्ला वेदां में हिंदू शिवसेना नवांशहर के भूतपूर्व कार्यवाहक प्रधान पवन कुमार जैन की हत्या कर दी । वह कपड़े की रंगाई की अपनी दुकान पर बैठे थे । उग्रवादियों ने उनकी छाती में गोलियां मारीं तथा स्कूटर पर फरार हो गए । अस्पताल ले जाने पर डाक्टरों ने श्री जैन को मृत करार दे दिया । इस हत्या के विरुद्ध शहर में हड़ताल हो गई । पुलिस ने हत्यारों को पकड़ने के लिए क्षेत्र को घेरे में ले लिया है ।

'ह.स.' के अनुसार पवन कुमार जैन हिंदू शिवसेना के छठे नेता हैं जिनकी हत्या की गई है । आतंकवादियों की गोली से मरने वाले अन्य शिवसेना नेताओं में विजय कुमार बख्शी, विजय मोहन उर्फ काला, कुलदीप कुमार शर्मा (सभी फिल्लौर इकाई के प्रधान), पंजाब हिंद शिवसेना के प्रधान रमाकांत जलोटा और फगवाड़ा इकाई के कैशियर विनोद गुप्ता शामिल हैं ।

तीन काबू

बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला के एस.पी. मुख्यालय श्री अनिल कुमार शर्मा ने आज पत्रकारों को बताया कि कादियां पुलिस ने गांव ततले के निकट से संक्षिप्त मुठभेड़ के पश्चात् गांव दानेवाली के गुरनाम सिंह को गिरफ्तार करके उससे एक विदेशी 32 बोर का रिवाल्वर, दो चली व चार अनचली गोलियां बरामद की हैं ।

श्री शर्मा ने कहा कि उससे पूछताछ के बाद कादियां पुलिस ने थाना धारीवाल के गांव डेरीवाल के बूटा सिंह व उसके बेटे गुरनाम सिंह को गिरफ्तार करके उनसे एक चीनी असाल्ट राइफल ए.के. 47, 88 कारतूस व चार मैगजीन बरामद किए हैं । यह सभी के.सी.एफ. से संबंधित हैं ।

लड़की से छेड़खानी के कारण हत्याएं

श्री शर्मा ने आगे कहा कि गत 28-29 जुलाई, 88 की रात को गांव कज्जनपुरा, थाना श्रीहरगोबिन्दपुर में आतंकवादियों ने जिन दो युवकों गुरदास सिंह व गुरदेव सिंह को पीट-पीट कर मार डाला था, के संबंध में अब तक की पूछताछ व जांच से ज्ञात हुआ है कि दोनों मृतकों ने गांव की एक लड़की से जबरी बलात्कार का प्रयास कुछ दिन पूर्व किया था व उसकी घड़ी उतार ली । जिस कारण किसी ने किराए के हत्यारों से इनकी हत्या करवा दी । हत्यारों की शिनाख्त कर ली गई है ।

लुटेरा घायल

थाना डेरा बाबा नानक के गांव कोठा में गत रात लूटमार करने के उद्देश्य से एक घर में घुसे लुटेरों में से एक लुटेरा गोली लगने से घायल हो गया जबकि एक अन्य को बाद में गिरफ्तार कर लिया गया ।

आधिकारिक सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार गत रात चार सशस्त्र युवक गांव कोठा के बलदेव सिंह नामक व्यक्ति के घर में घुसे तथा जेवर आदि उनके हवाले करने को कहा, परन्तु इसी बीच अवसर पाकर बलदेव सिंह ने एक लुटेरे की पिस्तौल छीन ली और गोली चला दी, जोकि एक लुटेरे को लगी । इस पर अन्य लुटेरे भाग निकले । गोली की आवाज सुनकर बी.एस.एफ. के जवान घटनास्थल पर पहुंच गए ।

घायल लुटेरे का नाम जसवंत सिंह, निवासी बहलोलपुर है । उसे उपचार के लिए अमृतसर भेजा गया है । बी.एस.एफ. ने उससे मिली जानकारी के आधार पर उसके एक साथी तरसेम

(शेष पृष्ठ 12 पर)



अमृतसर जिले के थाना खालड़ा के गांव भैणी मस्सा सिंह में आतंकवादियों ने के 6 सदस्यों की हत्या कर दी (चित्रों में) (1) किशोर चन्द, (2) दर्शन कु राज, (5) साहिब कुमार, (6) राजेश उर्फ राजीव के शव, (7) वह मक परिवार में बची महिलाएं तथा संबंधी विलाप करते हुए । इन्सैट परिवार के और उनके पोते राजेश (दाएं) के पुराने चित्र (छाया :

अमृतसर जिले के थाना खालड़ा के गांव भैणी मस्सा सिंह में आतंकवादियों ने शुक्रवार रात को एक ही परिवार के 6 सदस्यों की हत्या कर दी (चित्रों में) (1) किशोर चन्द, (2) दर्शन लाल, (3) यश पाल, (4) सुखदेव राज, (5) साहिब कुमार, (6) राजेश उर्फ़ राजीव के शव, (7) वह मकान, जहां वारदात हुई (8 से 11) परिवार में बची महिलाएं तथा संबंधी विलाप करते हुए । इन्सैट परिवार के मृत मुखिया किशोर चन्द (बाएं) और उनके पोते राजेश (दाएं) के पुराने चित्र (छाया : भगवान स्टूडियो, रवि भंडारी)

Punjabi Tribune

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

सिंह को पकड़ कर उसके कब्जे से 12 बोर की दोनाली बंदूक बरामद की है । अन्य दो लुटेरों की तलाश में छापे मारे जा रहे हैं ।

'टोपी' के रहस्योद्घाटन

कपूरथला (शर्मा): वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक स. स्वर्ण सिंह ने बताया कि जिला होशियारपुर में गिरफ्तार एक दुर्दांत आतंकवादी को सुभानपुर के एक हत्या केस में अदालत के आदेश से यहां लाकर पूछताछ की गई तो उस आतंकवादी हरविन्द्र सिंह उर्फ टोपी ने यह रहस्योद्घाटन किया कि उसके नौ सदस्यीय गिरोह ने पंजाब विधानसभा के भूतपूर्व स्पीकर डा. केवल कृष्ण तथा उसके साथियों पर फायरिंग की थी जिसमें तीन की मृत्यु हो गई थी । डाक्टर केवल कृष्ण घायल हो गए थे । आतंकवादी हरविन्द्र सिंह उर्फ टोपी के बताने पर आज सुभानपुर के निकट पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान ट्रक पी.जे.एक्स. 3342 से तीन कथित आतंकवादी कुलदीप सिंह प्रधान यूथ अकाली दल, कुलदीप सिंह उर्फ बल्लू उप-प्रधान यूथ कांग्रेस (इ) मुकेरियां तथा चरणजीत सिंह को गिरफ्तार करके ट्रक अपने कब्जे में लिया है । पूछताछ में आतंकवादियों ने बताया कि इन चारों के अतिरिक्त धन्ना सिंह उर्फ जसपाल सिंह हेड कांस्टेबल जो भूतपूर्व पुलिस महानिदेशक श्री रिबैरो पर हमला में भी शामिल था, अजीत सिंह निष्कासित पुलिस हैड कांस्टेबल पी.ए.पी., हलविन्द्र सिंह उर्फ बाबा चुप निष्कासित एस.सी. पी.ए.पी., सतपाल सिंह उर्फ पाली तथा ट्रक मालिक तरसेम सिंह भी उनमें शामिल थे । इन दुर्दांत आतंकवादियों ने एक राईस शैलर मालिक की वैन छीन कर पहले कुलदीप सिंह के पास छुपा दी । बाद में कुलदीप सिंह उर्फ बल्लू के पास छुपा दी और उन्हें डाक्टर केवल कृष्ण के मुकेरियां आने पर सूचना देने के लिए कहा । 15.5.88 को वैन में चार-तीन राइफलों ए.के. 47 के साथ डाक्टर केवल कृष्ण तथा उनके साथियों पर फायरिंग की और भागते हुए वैन छोड़कर दो स्कूटर छीने, फिर फोर व्हीलर के बाद इस ट्रक में बैठकर भाग गए । डाक्टर केवल कृष्ण ने कुलदीप सिंह उर्फ बल्लू वासी चक अल्लावरुश को मुकेरियां यूथ कांग्रेस (इ) का उप-प्रधान बनाया था । इस गिरोह का सम्बन्ध खालिस्तान कमांडो फोर्स के जनरल लाभ सिंह से है ।

युवक पर फायरिंग

बाथा पुराना से 'मिलाप' के अनुसार मत साएं कस्बा मुदकी के बस स्टैंड पर दो उग्रवादियों ने गोलियां मार कर एक युवक को घायल कर दिया । वारदात के बाद वे निहंग मोटर स्कूटर पर सवार होकर फरार हो गए । घायल को अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

अकाली धर्मनिरपेक्ष ताकतों को साथ दें : भाटिया

अमृतसर, 30 जुलाई : अखिल भारतीय कांग्रेस (इ) कमेटी के भूतपूर्व महासचिव सांसद रघुनन्दन लाल भाटिया ने अकाली नेताओं से अपील की है कि वे पंजाब में आतंकवाद से लड़ने के लिए धर्म निरपेक्ष ताकतों का साथ दें ।

श्री भाटिया ने एक बयान में कहा कि अकालियों ने आतंकवाद की चुनौतियों का सामना करने का साहस नहीं किया । इसके बजाय उन्होंने राष्ट्र विरोधी ताकतों को प्रोत्साहित किया और केंद्र के विरुद्ध अपनी लड़ाई में गुमराह युवकों का उपयोग किया । उन्होंने अकाली नेताओं से अपील की कि वे अपनी नीतियों का पुनरीक्षण करें । उन्होंने कहा कि अकाली नीतियों से न केवल अकाली पार्टी और शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी बंटी है बल्कि पंजाब भी कमजोर हुआ है ।

मायके न भेजने पर आत्महत्या

LIONS INTERNATIONAL

CONGRATS
LION
NARESH
AGGARWAL

OUR DYNAMIC DISTRICT GOVERNOR
ON THE INSTALLATION OF HIS CABINET
ON SUNDAY, the 31st JULY at 9.00 A.M.
at AARTI CINEMA, LUDHIANA.
HEARTIEST WELCOME TO ALL LIONS, LIONESSES AND LEOS

जिला अमृतसर के थाना जंडियाला गुरु के गांव दया सिंह में आत सिंह, (2) जगतार सिंह और बलबीर सिंह (इन्सैट पुराने चित्र) में आतंकवादियों के हाथों मारे गए (4) सेवा सिंह और (5)

देवी के टैलीफोन टेप क

चंडीगढ़, 30 जुलाई (वि.प्र.): हरियाणा के अढ़ाई दर्जन लोकदल विधायकों ने इस बात पर अफसोस व्यक्त किया है कि मुख्यमंत्री चौधरी देवी लाल के टैलीफोन टेप किये जा रहे हैं । आज यहां एक लिखित बयान में इन नेताओं ने केन्द्र सरकार के इस तरह के ओछे हथकंडों की निंदा की और मांग की कि यह क्रम तुरन्त बंद किया जाए । उन्होंने कहा कि चौधरी देवी लाल ने विपक्षी दलों को एक मंच पर लाकर असम्भव कार्य को सम्भव बना दिया । लगता है कि केन्द्र सरकार विपक्षी दलों की एकता

परिणाम
करने वाले
कान्ति भ
रावत, उदै
सिंह, बूटा
सुरेन्द्र मदा
शिव लाल
टेकचंद नैन

सुनील

Punjab Sanam



Punjabi Sc...lani

जिला अमृतसर के थाना जंडियाला गुरु के गांव दया सिंह में आतंकवादियों के हाथों मारे गए (1) गुरदीप सिंह, (2) जगतार सिंह और बलबीर सिंह (इन्सैट पुराने चित्र) के शव । थाना घरेंडा के गांव धनोआ में आतंकवादियों के हाथों मारे गए (4) सेवा सिंह और (5) मलूक सिंह के शव (छाया : जसपाल)

पंजाब में 8 व्यक्तियों की हत्या : मुठभेड़ में 2 आतंकवादी मरे, 3 पुलिस कर्मी घायल

सुलतानविंड क्षेत्र में हुए गोलीकांड का घायल दम तोड़ गया

शिव सेना नेता पवन जैन की भारी सुरक्षा प्रबंधों में अंत्येष्टि

चंडीगढ़, 31 जुलाई (वार्ता, ह.स.): पंजाब में गत 24 घंटों के दौरान विभिन्न स्थानों पर आतंकवादियों ने 8 व्यक्तियों की हत्या कर दी जबकि 2 उग्रवादी पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारे गए । आतंकवादियों की गोली से घायल एक व्यक्ति अस्पताल में दम तोड़ गया । शिवसेना नेता पवन कुमार जैन का भारी सुरक्षा प्रबन्धों के बीच अंतिम संस्कार कर दिया गया । उग्रवादियों के साथ हुई मुठभेड़ में 3 पुलिस कर्मी घायल हो गए ।

दो आतंकवादी मारे गए

पटियाला (भूषण): दो आतंकवादी यहां से तीस किलोमीटर दूर थाना सरहिंद के गांव समीपुर के निकट पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारे गए । यह मुठभेड़ तड़के तीन बजे के करीब हुई । मुठभेड़ में सी.आई.ए. स्टाफ़ का इंस्पैक्टर सुरजीत सिंह तथा हैडकांस्टेबल कुलदीप सिंह भी घायल हो गए । दोनों को यहां लाकर राजेंद्रा अस्पताल में दाखिल करा दिया गया । एक अन्य सूचना के अनुसार तीन पुलिस कर्मी घायल हुए ।

बताया जाता है कि दोनों आतंकवादी मोटर साइकिल पर सवार होकर जा रहे थे,जबकि पुलिस की गश्ती टुकड़ी ने उन्हें चुनौती दी । उन्होंने फ़ायरिंग शुरू कर दी,जिसका पुलिस की ओर से भी जवाब दिया गया । इस पर दोनों आतंकवादी मारे गए ।

मृत आतंकवादियों में से एक की पहचान पटियाला थाना सदर के गांव दौनकलां के गुरचरण सिंह के रूप में हुई है । गुरचरण सिंह गत 18 जून को थाना मुलेपुर के क्षेत्र में ए.एस.आई. प्रीतम सिंह तथा कांस्टेबल साधु सिंह और 19 जून को गांव बीर भभारसी में पुलिस इंस्पैक्टर कुलवंत सिंह और कांस्टेबल सच्चा सिंह की हत्या में वांछित था । एस.एस.पी. श्री सीतल दास के अनुसार गुरचरण सिंह को पहले भी गिरफ्तार किया गया था और वह कुछ समय जेल में रहा । कुछ समय पूर्व उसे रिहा किया गया तो उसने जिला करनाल के गांव कमालपुर गाधियां के सतविंदर सिंह सत्ता के गिरोह के साथ अपने आपको जोड़ लिया । गुरचरण सिंह ने अपने गिरोह से मिलकर चार पुलिस वालों की हत्या की । इसके अलावा वह 16 मई को पटियाला की गुरबख्श कालोनी में हुए गोलीकांड में भी संलिप्त था, जिसमें एक व्यक्ति मर गया था और पांच घायल हो गए थे । वह जाकीओवाल डेरी फ़ायरिंग, गांव घुंडर में नाहर सिंह की हत्या, सरहिंद में तैरते रैस्टोरैंट में हुए गोलीकांड की योजना बनाने तथा राजपुरा में सी.आर.पी. गोलीकांड के केसों में भी संलिप्त था ।

पुलिस ने घटनास्थल से एक चीनी ए.के. 47 असाल्ट राइफल, एक मैगज़ीन, 15 कारतूस, एक विदेशी रिवाल्वर, पांच खाली कारतूस और एक बिना नम्बर का यामा मोटर साइकिल बरामद किया ।

पवन जैन की अंत्येष्टि

नवांशहर (गौतम): शिवसेना नवांशहर के भूतपूर्व प्रधान श्री पवन कुमार जैन,जिनकी कल बाद दोपहर आतंकवादियों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी थी, का आज भारी वर्षा और कड़े सुरक्षा प्रबन्धों के बीच अंतिम संस्कार कर दिया गया । इस मौका पर भारी संख्या में लोग और शिवसेना-कार्यकर्त्ता मौजूद थे । रस्म पगड़ी कल सोमवार 11 बजे प्रातः स्थानीय जैन मंदिर,रेलवे रोड में अदा होगी ।

होशियारपुर (सूद): पंजाब हिंदू शिवसेना के नेताओं सुरेन्द्र डोगरा और रमेश भारद्वाज ने पवन जैन की हत्या की निंदा की तथा उनके परिवार को एक लाख रुपए की ग्रांट दिए जाने की मांग की ।

पांच व्यक्तियों की हत्या

अमृतसर (वि.प्र.): अमृतसर पुलिस ने बताया कि आतंकवादियों ने जिला में तीन व्यक्तियों की गोली मार कर हत्या कर दी । एक महिला की तेज़ धार वाले हथियार से हत्या कर दी और एक घायल व्यक्ति ने अस्पताल में दम तोड़ दिया ।

'आतंकवादी कल रात जंडियाला पुलिस थाने के ठट्ठियां गांव में आए और तारा सिंह, मलूक सिंह और जोगिंदर सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । आतंकवादियों ने उन पर चोरी करने और छीना-झपटी करने का आरोप लगाया।

वल्टोहा पुलिस थाने के अमरकोट गांव में दो आतंकवादियों ने श्रीमती रंजीत कौर नामक एक महिला की तेज़ धार वाले हथियार से हत्या कर दी । सुलतानविंड इलाके में 16 जून को गंभीर रूप से घायल अजय कुमार नामक व्यक्ति ने कल रात अस्पताल में दम तोड़ दिया ।

'वार्ता' के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गांव ठट्ठियां में आतंकवादियों द्वारा मारे गए तीनों व्यक्ति छोटी-मोटी चोरियां करते थे । उनके शवों के निकट कुछ बिजली की मोटरें, पंखे व अन्य सामान मिला ।

दो की हत्या

फिरोज़पुर (ह.स.): कल रात जिला फिरोज़पुर के सोढीनगर क्षेत्र में आतंकवादियों ने दो व्यक्तियों

(शेष पृष्ठ 8 पर)

अमृतसर जिले के जंडियाला गुरु थाना क्षेत्र में ग्राम ठट्ठियां में उग्रवादियों द्वारा मारे गये (1) अवतार सिंह (इनसैट में पुराना चित्र), (2) जोगेन्द्र सिंह, (3) मलूक सिंह के शव (इनसैट में पुराना चित्र), (4) वह स्थान,जहां उग्रवादियों ने तीनों को गोलियां मारीं, (5) मृतकों के परिजन विलाप करते हुए । (छाया : जसपाल)

किसान ब्रिगेड बनाने का फैसला : 5 हज़ार किसान भर्ती होंगे

पटियाला, 31 जुलाई (भूषण): पटियाला जिला कांग्रेस किसान दल ने फैसला किया है कि शीघ्र ही किसान ब्रिगेड संगठित किया जाए जिसमें पांच हजार सुशिक्षित किसान भर्ती किए जाएं । यह ब्रिगेड किसानों को कांग्रेस कार्यक्रम बारे जानकारी देगा और ग्रामीण विकास के लिए केंद्रीय सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं को पूरा करने की प्रक्रिया को तेज करेगा ।

दल ने निर्णय किया है कि पूर्व मंत्री श्री गुरदर्शन सिंह नाभा की याद में शीघ्र ही गुरदर्शन सिंह मैमोरियल ट्रस्ट स्थापित किया जाए और नाभा में उनका बुत लगाया जाए, जिसका शिलान्यास पंजाब प्रदेश कांग्रेस (इ) के प्रधान श्री बेअंत सिंह करें । जिला कांग्रेस किसान दल के चेयरमैन श्री सुखदर्शन सिंह खीरा के अनुसार दल ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रधान श्री राजीव गांधी से मांग की है कि वह पूर्व मुख्यमंत्री श्री दरबारा सिंह को निर्देश दें कि वह पंजाब कांग्रेस में धड़ेबंदी पैदा न करें और संगठन को कमजोर न करें । उनकी वर्तमान सरगर्मियां पंजाब में कांग्रेस को कमजोर करने के लिए केंद्रित हैं ।

किसान दल ने देहात में पेड़ लगाने का अभियान शुरू किया है जिसका श्रीगणेश नाभा से किया गया है । दो मास में सारे जिला में यह कार्यक्रम पूर्ण हो जाएगा ।

Revision of Advertising Rates

w.e.f. Today

Owing to an increase in newsprint prices and other production costs as also encouraging increase in the circulation of our Dailies, we are compelled to revise the advertising rates of Punjab Kesari-Jalandhar, Punjab Kesari-Delhi, Jag Bani and Hind Samachar.

The Advertising Rates w.e.f. August 1, 1993

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

प्रेम सिंह और भिदर सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

एक की हत्या

कल रात जिला गुरदासपुर में उग्रवादियों ने एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी ।

घायल कर दिया

कल रात ही जिला गुरदासपुर के थाना डेरा बाबा नानक के एक गांव में चार आतंकवादियों ने एक व्यक्ति बलदेव सिंह को गोली मार कर सख्त घायल कर दिया । बताया जाता है कि आतंकवादी उसके घर में घुसे तथा उससे उसकी लाइसैंसशुदा राइफल मांगी । उसके इंकार करने पर उन्होंने उस पर गोली चला दी । बलदेव सिंह ने शोर मचा दिया तथा उनमें से एक के साथ गुत्थमगुत्था हो गया । ग्रामीणों ने एक आतंकवादी बलौर सिंह को काबू कर लिया,जबकि तीन अन्य भाग निकले ।

घुसपैठिया मरा

फिरोजपुर जिले में भारत-पाक सीमा पर बी.एस.एफ. से हुई मुठभेड़ में एक पाक घुसपैठिया मारा गया जबकि उसका साथी पाकिस्तान फरार हो गया ।

पुलिस वर्दी में लुटेरे

बटाला (ह.स.) : गत रात स्थानीय मुर्गी मुहल्ला में 4 संदिग्ध आतंकवादियों ने एक व्यक्ति सुभाष चंद्र के घर से 20,000 रुपए मूल्य की नकदी व गहने लूट लिये । पुलिस ने बताया कि आतंकवादी पुलिस की वर्दियां पहने हुए थे ।

किसान की हत्या

आज रात्रि जालंधर जिले के नकोदर थाना क्षेत्र के ग्राम गुहीर में दो उग्रवादियों ने एक अधेड़ किसान हरदयाल सिंह का अपहरण करके उसकी गोलियां मार कर हत्या कर दी व उसका ट्रैक्टर लेकर फरार हो गए । हरदयाल सिंह नए ट्रैक्टर पर पड़ोसी ग्राम महमूदपुर में अपनी धान की फसल देखने गया था, जब उग्रवादियों ने उसका ट्रैक्टर सहित अपहरण कर लिया और हत्या करके ट्रैक्टर लेकर फरार हो गए ।

Punjabi Sansar

एक परिवार के 3 सदस्यों सहित पंजाब में 5 व्यक्तियों की हत्या, 2 आतंकवादी मरे

भोमा भोजा मेले में फायरिंग का घायल दम तोड़ गया

मृत आतंकवादियों में 'बी' श्रेणी का सत्ता भी शामिल

चंडीगढ़, 1 अगस्त (वार्ता, हस): पंजाब में कल रात के बाद आतंकवादियों ने एक परिवार के 3 सदस्यों सहित 5 व्यक्तियों की हत्या कर दी जबकि 'बी' श्रेणी के सतनाम सिंह सत्ता समेत 2 दुर्दांत आतंकवादी मारे गये । एक मेले में उग्रवादियों द्वारा की गई फायरिंग में घायल एक व्यक्ति अस्पताल में दम तोड़ गया ।

परिवार के 3 सदस्यों की हत्या

अमृतसर (वि.प्र.): गत रात थाना खालड़ा के गांवपाधियाना में आतंकवादियों ने रोशन लाल के घर में घुस कर अंधाधुंध गोलियां चलाईं जिनसे रोशन लाल, उसकी धर्मपत्नी कृष्णा देवी और 16 वर्षीय लड़के जनक राज की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई । तथाकथित खालिस्तान कमांडो फोर्स के सुखदेव सिंह ने इस हत्याकांड की जिम्मेदारी ली है ।

उल्लेखनीय है कि अभी दो दिन पहले ही भैणी मस्सा सिंह गांव में आतंकवादियों ने एक समुदाय के 6 सदस्यों की हत्या कर दी थी । इस तरह आतंकवादियों ने गांवों में एक समुदाय के लोगों की हत्याएं फिर शुरू कर दी हैं ।

थाना नकोदर के गांव गहीरा में संदिग्ध आतंकवादियों के हाथों मारे गए मुरदयाल सिंह का शव । (छाया : गगन)

2 दुर्दांत आतंकवादी मरे

दूसरी वारदात में थाना समुंदरी के गांव भरे करीम में एक सरपंच के परिवार ने 2 दुर्दांत आतंकवादियों को मार डाला जो कि उनके घर में घुस आए थे । पुलिस ने बताया कि चुनौती दिए जाने पर आतंकवादियों ने बच निकलने की कोशिश की परन्तु उन्हें गोलियां मार कर खत्म कर दिया गया । उनकी शिनाख्त सतनाम सिंह 'सत्ता' और जसबीर सिंह के रूप में हुई है । सतनाम सिंह 'सत्ता' बी श्रेणी का आतंकवादी था ।

2 लाख रुपया लेने आए थे

एक अन्य सूचना के अनुसार दोनों दुर्दांत आतंकवादी पुलिस को अनेक वारदातों में वांछित थे । बताया जाता है कि अभियुक्त गांव के सरपंच हरचंद सिंह के घर आए और उसे रिवाल्वर दिखाकर 2 लाख रुपए देने को कहा । हरचंद सिंह ने कहा कि वह अंदर से रुपया लाकर देता है । इसी दौरान हरचंद सिंह के लड़के ने अपने लाइसैंसशुदा हथियार निकाल लिए और दोनों बाप-बेटे ने आतंकवादियों पर फायरिंग की जिससे दोनों वहीं ढेर हो गए । बाद में उनकी लाशों पुलिस के हवाले कर दी गईं । इस सूचना में दूसरे आतंकवादी का नाम दलबीर सिंह उर्फ 'कीरा' उर्फ बाबा मान सिंह बताया गया है जो कि इसी गांव का रहने वाला है ।

शराब का धंधा करते थे

फिरोजपुर (बागी): खालिस्तान कमांडो फोर्स के ए.के. 47 चीनी असाल्ट राइफलों से लैस तीन आतंकवादियों ने रविवार की रात थाना घाल खुर्द के सोढी नगर क्षेत्र में खेतों में दो किसानों प्रेम सिंह तथा भिंदर सिंह की हत्या कर दी थी । आतंकवादी घटनास्थल पर एक पत्र छोड़ गये जिसमें दोनों मृतकों पर आरोप लगाया गया है कि वे अवैध शराब का धंधा करते थे । यह जानकारी एस.पी. आप्रेशन श्री एच.बी. चांद ने दी । पत्र में धमकी दी गई है कि अवैध शराब का धंधा करने वालों का यही हश्र होगा ।

गलत फहमी में जवान मरा

जलालाबाद सैक्टर में ताहिलवाला चौकी के निकट बी.एस.एफ. की दो नाका पार्टियों के मध्य तालमेल के अभाव के कारण एक जवान अमर सिंह मर गया जबकि एक अन्य घायल हो गया । बताया जाता है कि एक नाका पार्टी के जवान ने तीन व्यक्तियों को देखा और उन्हें तस्कर समझ कर उन पर गोली चला दी । वास्तव में वे भी बी.एस.एफ. के ही जवान थे जिन्होंने नाका लगा रखा था । तीसरा जवान बाल-बाल बच गया ।

घुसपैठिया मारा गया

कल रात्रि फिरोजपुर के राजोके सैक्टर में बी.एस.एफ से मुठभेड़ में एक पाक घुसपैठिया मारा गया व उसके दो साथी फरार हो गए ।

हत्या

आज रात्रि फरीदकोट जिले के मुक्तसर के पास दो स्कूटर सवार उग्रवादियों ने रघबीर सिंह नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी ।

जमींदार की हत्या

बटाला (कोछड़): गत रात जिला गुरदासपुर के थाना श्री हरगोबिंदपुर के गांव भोलेवाल में आतंकवादियों ने एक 70 वर्षीय जमींदार गोपाल सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । एस.एस.पी. श्री एस.एम. शर्मा ने विवरण देते हुए कहा कि हत्यारों ने 9 एम.एम. की कार्बाइन प्रयोग की है । इसके चार खाली खोल घटनास्थल से मिले हैं और खालिस्तान कमांडो फोर्स ने इस हत्या की जिम्मेदारी लेते हुए घटनास्थल पर पत्र फैंका है ।

घायल चल बसा

इसी मध्य एस.एस.पी. श्री एस.एम. शर्मा ने बताया कि श्री हरगोबिंदपुर थाना क्षेत्र के गांव भोमा भोजा के मेले में आतंकवादियों द्वारा की गई फायरिंग में घायल होने वाले सुलक्खन सिंह की गत रात अमृतसर के गुरुतेग बहादुर अस्पताल में मृत्यु हो गई ।

सुलक्खन सिंह लगभग 5 माह पूर्व कनाडा से यहां आया था व तीन माह पूर्व ही इसका विवाह हुआ था । उल्लेखनीय है कि इस फायरिंग में एक महिला की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई थी व 6 अन्य घायल हुये थे । जिनमें से सरजीत सिंह व श्रीमती राजरानी अभी भी अमृतसर अस्पताल में उपचाराधीन है ।

इसी बीच कादियां पुलिस ने एक व्यक्ति स्वर्ण सिंह को गिरफ्तार करके उससे .12 बोर की दोनाली बंदूक और दो कारतूस बरामद किये ।

कल रात जालंधर जिले के थाना नकोदर के गांव मालही के निकट आतंकवादियों ने एक किसान हरदयाल सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी थी ।

रिवाल्वर छीना

होशियारपुर : कल रात 4 आतंकवादी माहिलपुर के निकटवर्ती गांव ढाडा कलां में गुरदयाल सिंह के घर से उसका रिवाल्वर छीन कर ले गए ।

फगवाड़ा (राकेश खोसला): आज बाद दोपहर लगभग तीन बजे स्थानीय बस अड्डे के बाहर चार स्त्रियां जब बस का इंतजार कर रही थीं तो उनके पास एक मारुति वैन आकर रुकी व उसमें से दो स्त्रियों ने उतर कर खड़ी स्त्रियों में से एक स्त्री के गले से लगभग दो तोले सोने का हार छीन कर फरार हो गईं । थाना सिटी पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है । आज यहां से तीन किलोमीटर गांव चाचोकी में एक पैट्रोल पम्प 'सतवंत फिलिंग स्टेशन' पर दो आतंकवादी बिना नम्बर के स्कूटर पर आए । उन्होंने पांच लीटर पैट्रोल डलवा कर वहां पर एक मकैनिक मनोहर लाल से पिस्तौल की नोक पर 800 रुपए तथा एक अन्य ग्राहक से भी पिस्तौल की नोक पर 825 रुपए छीन कर फरार हो गए । थाना सदर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

ब्रिटेन में आव्रजन पर नई पाबंदियां लाग

लन्दन, 1 अगस्त : ब्रिटेन में आप्रवासियों के आगमन पर और अधिक रोक लगाने वाले नए कानून आज से लाग हो रहे हैं । इससे सबसे अधिक एशियाई लोग प्रभावित होंगे ।

ये नए कानून अभिभावकों द्वारा तय किए गए विवाहों को हतोत्साहित करने के उद्देश्य से बनाए गए हैं । इससे आप्रवासी व्यक्ति बाद में विवाह करके अपनी पत्नियां ब्रिटेन नहीं ला सकेंगे । यह कानून हाल ही में बंगला देश से शुरू हुई आव्रजन की लहर को सबसे अधिक प्रभावित करेगा ।

नए कानूनों के तहत बहु-पत्नी वाले आप्रवासी अब एक से अधिक पत्नी ब्रिटेन नहीं ला सकेंगे । वैसे पिछले एक वर्ष से अधिक पत्नियों को ब्रिटेन लाने के केवल 25 मामले ही सामने आए । यह जानने के लिए कि ब्रिटेन आप्रवासियों के साथ आकर रहने का आवेदन करने वाले परिवारजनों के वास्तविक रक्त सम्बन्ध हैं, उनके आनुवांशिक परीक्षण किए जाएंगे । प्रत्येक वर्ष लगभग 5,000 विदेशी बच्चे ब्रिटेन में रह रहे अपने माता-पिता के साथ आकर रहने के लिए आवेदन करते हैं ।

नए कानून ब्रिटिश नागरिकों को भी प्रभावित करेंगे । अब गैर-यूरोपीय आर्थिक समुदाय (ई.सी.सी.) के देशों के नागरिकों के साथ विवाह करने वाले ब्रिटिश नागरिकों को अपने पति या पत्नी को ब्रिटेन लाने का स्वयं ही अधिकार नहीं मिल जाएगा । अब ऐसे व्यक्तियों को पहले यह प्रमाणपत्र पेश करना होगा कि वे अपनी पत्नी या पति का खर्चा उठाने में सक्षम हैं । 1970 के दशक में यह कानून बन जाने के बाद कि यहां आने वाले राष्ट्रमंडल देशों के नागरिक 1983 के बाद से अपने बच्चे या पति-पत्नी नहीं ला सकेंगे, इस दशक में ब्रिटेन में आप्रवासियों के आगमन में तेजी से कमी हुई है । 1976 में ब्रिटेन आने वाले लगभग 80,000 आप्रवासियों के मुकाबले वर्ष 1986 में सिर्फ 45,000 आप्रवासी ही आए ।

पिछले वर्ष मार्च से आप्रवासियों के आगमन विशेषकर श्रीलंका के शरणार्थियों पर रोक लगाने के लिए ब्रिटिश अधिकारियों ने कड़ा रुख अपनाया है । नया कानून यूरोपीय आर्थिक समुदाय के नागरिकों पर कोई रोक-टोक नहीं लगाता । यहां के नागरिक और उनके सम्बन्धी ब्रिटेन में बेरोक-टोक आ सकते हैं ।

बजाज की जगह भारद्वाज

चंडीगढ़, 1 अगस्त (वि.प्र.): पंजाब सरकार ने वित्त विभाग की विशेष सचिव श्रीमती रूपम दयोल बजाज की जगह श्री आर.आर. भारद्वाज को विभागीय चयन समिति का नया चेयरमैन नियुक्त किया है ।

Punjab Archive

बैंक मैनेजर, निरंकारी सहित पंजाब में 7 की हत्या, 2 आतंकवादी मारे गए

लुधियाना में डाकघर, अमृतसर में खाद की दुकान लूटी गई

फरीदकोट में 17 उग्रवादी गिरफ्तार, भारी मात्रा में हथियार मिले

चंडीगढ़, 2 अगस्त (वार्ता, ह.स.): पंजाब में गत 24 घंटों के दौरान आतंकवादियों ने निरंकारी, बैंक मैनेजर समेत 7 व्यक्तियों की हत्या कर दी जबकि 2 आतंकवादी मुठभेड़ों में मारे गए । जिला फरीदकोट में खालिस्तान कमांडो फोर्स व खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के 17 आतंकवादियों को गिरफ्तार करके भारी मात्रा में हथियार बरामद किए गए । अलग-अलग घटनाओं में 50 हजार रुपए से अधिक की रकम लूटी गई । सी.आर.पी. की एक पार्टी ने आतंकवादियों द्वारा घात लगा कर किया गया हमला पछाड़ दिया ।

गत दिवस हिंद शिवसेना नवांशहर के नेता पवन कुमार जैन की हत्या की जिम्मेदारी तथाकथित खालिस्तान कमांडो फोर्स के स्वयंभू एरिया कमांडर ज्वाला सिंह ने ली है ।

2 की हत्या

आज रात्रि फिरोजपुर जिले में जीरा जा रहे दो लोगों सुरजीत सिंह व रंधीर सिंह की उग्रवादियों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी ।

दुकानदार घायल

अमृतसर (वि.प्र.): कल रात यहां शरीफपुरा इलाके में दो आतंकवादियों ने एक दुकानदार हीरा लाल को गोली मार कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया । आतंकवादी स्कूटर पर भाग गए । हीरा लाल को गुरु तेग बहादुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

बुकिंग क्लर्क पर फायरिंग

अमृतसर में शिवपुरी मुहल्ले के निकट कल रात दो सशस्त्र व्यक्तियों ने उत्तरी रेलवे के मुख्य बुकिंग क्लर्क को गोली मार कर घायल कर दिया । उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है । प्राप्त समाचार के अनुसार आतंकवादियों ने क्लर्क से नकदी मांगी उसके मना करने पर उन्होंने गोली चलाई और रुपयों का थैला छीन कर भाग गए ।

दो आतंकवादी पकड़े

सुरक्षा बलों के नाका दल ने रात सुलतानविंड इलाके में संदिग्ध परिस्थितियों में घूमते हुए दो आतंकवादियों को पकड़ लिया । इनके नाम सुच्चा सिंह और कश्मीर सिंह हैं । आतंकवादी तरनतारन पुलिस थाने के वरपाल गांव के रहने वाले हैं । उनके पास से एक हथगोला और रिवाल्वर बरामद की गई ।

घात लगा कर हमला

पट्टी पुलिस थाने के चीमा गांव के निकट कल शाम कुछ आतंकवादियों ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस के गश्ती दल पर घात लगा कर हमला किया लेकिन केंद्रीय रिजर्व पुलिस द्वारा जवाब में गोली चलाने पर वे भाग गए । कोई भी घायल नहीं हुआ ।

खाद की दुकान लूटी

अमृतसर में आज तीन आतंकवादियों ने एक बाजार में एक खाद की दुकान से लगभग चालीस हजार रुपए लूट लिए । पुलिस ने बताया कि आतंकवादियों की तलाश जारी है ।

निरंकारी की हत्या

बाबा बकाला से मेहरा के अनुसार गत रात थाना जंडियाला के गांव दशमेश नगर में गत रात्रि 5 आतंकवादियों ने एक निरंकारी गुलजार सिंह (50) के घर में घुस कर उसे सोए हुए को जगाया तथा घर से 20 गज की दूरी पर ले जाकर अंधाधुंध फायरिंग करके उसकी हत्या कर दी । गुलजार सिंह के लड़के ने अपने पिता को छुड़ाने के लिए अपनी लाइसैंसी बन्दूक से गोली चला दी । उसका कहना है कि गोली लगने से एक आतंकवादी गम्भीर रूप से घायल हुआ है । वारदात वाले स्थान से 38 बोर के कुछ चले हुए कारतूस बरामद किए गए ।

फगवाड़ा के निकट बंगा थाना के गांव सरहाल काजियां में आतंकवादियों के हमले में मारे गए (ऊपर) बैंक मैनेजर श्री जसबीर सिंह (इनसैट-पुराना चित्र) तथा (नीचे) परिवार के लोग विलाप करते हुए । (छाया : खोसला)

दो भाइयों की हत्या

बटाला से कोछड़ के अनुसार थाना श्री हरगोबिंदपुर के ग्राम माड़ी पन्नुआं में आज सायं सात बजे दो उग्रवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग करके दो भाइयों सुरेंद्र पाल व अजीत राम की हत्या कर दी व एक महिला को घायल कर दिया । एस.एस.पी. एस.एम. शर्मा ने बताया कि अजीत राम की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई, सुरेंद्र पाल अस्पताल लाए जाते समय दम तोड़ गया । महिला भी इन्हीं के परिवार की सदस्य है ।

लुधियाना में उग्रवादी मरा

लुधियाना (ह.स.): कल रात यहां से लगभग 32 किलो मीटर दूर गांव लम्बा जटपुरा के निकट नेजल चौक में एक उग्रवादी मारा गया । पुलिस अधीक्षक श्री सैनी ने आज यहां यह सूचना देते हुए बताया कि पुलिस ने सड़क पर नाका लगाया हुआ था । दो स्कूटर सवारों को आता देख कर पुलिस ने उन्हें रुकने का संकेत दिया । उन्होंने रुकने की बजाए पुलिस पर गोली चला कर भागने की कोशिश की । पुलिस ने तुरन्त पोजीशनें लेकर जवाबी फायर किए जिससे स्कूटर चलाने वाला मारा गया । दूसरा बच कर भाग गया । मारे गए उग्रवादी की अभी तक शिनाख्त नहीं हुई । जो स्कूटर वह चला रहा था वह इसी जिला के एक गांव से गत 30 जून को छीना था । उससे 32 बोर का वैवले स्काट रिवाल्वर कुछ चले हुए और कुछ जीवित कारतूस मिले हैं ।

डाक घर लूट लिया

आज बाद दोपहर लुधियाना के भारत नगर चौक के निकट एक डाकखाने से स्कूटर सवार आतंकवादी 13 हजार रुपए लूट कर फरार हो गए ।

17 आतंकवादी पकड़े गए

फरीदकोट (जि.): फरीदकोट के पुलिस प्रमुख गोबिन्द राम ने बताया कि पुलिस ने गत रात जिला के अलग-अलग स्थानों पर छापे मार कर 17 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया तथा हथियारों का काफी भंडार बरामद किया । उन्होंने बताया कि पकड़े गए आतंकवादी खालिस्तान कमांडो फोर्स तथा खालिस्तान लिबरेशन फोर्स से संबंध रखते हैं । इनमें से 6 आतंकवादी अलग-अलग केसों में पुलिस को वांछित हैं । पकड़े गए आतंकवादियों में तीन ए.के.-47 चीनी असाल्ट राइफलें, 315 बोर की 2 राइफलें, 4 एस.बी.एल., राइफलें, तीन 38 बोर की विदेशी राइफलें, 445 बोर के विदेशी पिस्तौल, 735 अनचले व 116 चले हुए कारतूस बरामद किए गए हैं ।

इनमें से 6 आतंकवादियों को बाघा पुराना क्षेत्र के गांव नत्थूवाला के निकट संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद आत्म-समर्पण पर विवश किया गया । इनके नाम भोला सिंह, चरण सिंह, राज सिंह, काका सिंह, तरसेम राम और कृष्ण राम बताए । इनसे बरामद हुए हथियारों में एक फ्रांस की बनी दो सब मशीनगनें भी शामिल हैं । पांच आतंकवादियों को पक्का गांव में उनके छुपने के स्थान से पकड़ा गया जिनके नाम बूटा सिंह, सोहन सिंह, गुरनाम सिंह, गरमेल सिंह व निक्का सिंह हैं । शेष 6 को थाना जैतो के गांव बिशनन्दी में गिरफ्तार किया गया जिनके नाम बसंत सिंह, बलविंदर सिंह, स्वर्ण सिंह, गुरचरण सिंह,

(शेष पृष्ठ 8 पर)

छोटी सी बात — रंगा

हमें सामूहिक नेतृत्व को अपनाना चाहिए । हमें एक व्यक्ति को सर्वेसर्वा बनाने के फंदे में नहीं फंसना चाहिए ।
—वी. पी. सिंह

इसे कहते हैं नेताओं की सामूहिक गुंडली, जिनमें से हरेक अलग-अलग दिशा में चलता है ।

Punjab Sanatan





फरीदकोट पुलिस द्वारा गिरफ्तार किये गये खालिस्तान कमांडो फोर्स और खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के 17 आतंकवादियों से पकड़े हथियार और गोली सिक्का । इनमें 3 ए.के. 47 राइफलें, फ्रांस में बनी 2 सब-मशीनगनें, 2 राइफलें, 4 बंदकें, विदेश में बने 3 रिवाल्वर तथा 3 अन्य पिस्तौलें, 900 कारामद तथा खाली कारतूस शामिल हैं । (छाया : जिंदल)

पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

नछत्तर सिंह व हरजिन्दर सिंह हैं । पुलिस ने कहा कि इन आतंकवादियों ने एक समुदाय के कुछ लोगों, राजनीतिक नेताओं तथा शराब के कुछ ठेकेदारों की हत्या की योजना बना रखी थी ।

फरीदकोट जिले में गत दो महीनों के दौरान पुलिस व सुरक्षा बलों ने यह लगातार तीसरा हथियारों का भंडार बरामद किया है ।

सरपंच और आतंकवादी मरा

फिरोजपुर (बागी): थाना मल्लांवाला के गांव राय कुतबेवाला में कल रात दो उग्रवादियों ने सरपंच हरबंस सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । कहा जाता है कि सरपंच को धमकी भरे पत्र आते थे जिनमें उससे रुपए की मांग की जाती थी । पुलिस ने सूचना मिलते ही उग्रवादियों का पीछा किया । दोनों विभिन्न दिशाओं में भागे । इनमें से एक को पुलिस ने खेत में घेर लिया तथा आज प्रातः 11 बजे तक उसे घेरे रखा । उसे बाहर निकलने की चेतावनी दी गई तो उसने पुलिस पर फायरिंग की । जवाबी फायरिंग में वह मारा गया । उससे 12 बोर की बन्दूक मिली ।

हत्या के आरोप में गिरफ्तार

कन्तोड़ के अनुसार फिरोजपुर पुलिस ने एक व्यक्ति हरभजन सिंह उर्फ डी.सी. को गुरचरण सिंह नाक व्यक्ति की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया है । 'डी.सी.' पुलिस को कई केसों में वांछित था । डी.एस.पी. परमजीत सिंह ने बताया कि जुलाई के महीने में समाज विरोधी तत्वों के विरुद्ध चलाए गए अभियान तथा निषेधाज्ञा के उल्लंघन पर 16 व्यक्ति गिरफ्तार किए गए । जुएबाजी के आरोप में 20 लोग पकड़े गए ।

बैंक मैनेजर की हत्या

बंगा (खोसला): आतंकवादियों ने आज थाना बंगा के गांव सरहाल काजियां में पंजाब एंड सिंध बैंक के मैनेजर श्री जसबीर सिंह की हत्या कर दी । फायरिंग में बैंक का एक कर्मचारी राजेन्द सिंह घायल हो गया ।

सूत्रों ने बताया कि बैंक मैनेजर के बैंक में पहुंचने के तत्काल बाद आतंकवादियों ने उस पर रिवाल्वरों से फायरिंग की । श्री जसबीर सिंह की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । घायल राजेन्द सिंह को जालन्धर सिविल अस्पताल में दाखिल कराया गया है जहां उसकी हालत गम्भीर बताई जाती है । तथापि हमलावर बैंक से कोई रकम लूटे बगैर फरार हो गए ।

बंगा से खोसला के अनुसार क्लर्क राजेंद्र सिंह के कान के पास गोली लगी है । तीसरी गोली गांव विर्क के दिलबाग सिंह के लगी, जोकि बैंक में ग्राहक के तौर पर आया हुआ था । आतंकवादियों ने रिवाल्वर से गोलियां चलाईं ।

तीन आतंकवादियों में से दो केसधारी व एक मोना था । इनमें से एक स्कूटर स्टार्ट करके बाहर खड़ा रहा । मैनेजर के आने पर अन्य दोनों ने उसे भीतर ले जाकर चाबी मांगी परन्तु चाबी से सेफ नहीं खुला क्योंकि यह कैशियर की चाबी से खुलना था । बैंक का गार्ड छट्टी पर था तथा कैशियर भी नहीं आया हुआ था ।

बंगा के निकट सरहाली स्थित पंजाब एंड सिंध बैंक की शाखा में मंगलवार को आतंकवादियों के हमले में घायल बैंक क्लर्क राजेंद्र सिंह, जो जालन्धर सिविल अस्पताल में उपचाराधीन है । (छाया : नैटवर्क)

70 हजार रुपए लूटे

जम्मू (सच्चर): गत सायं आदकबारी के निकट एक आढ़ती से तीन सशस्त्र व्यक्तियों ने 70,000 लूट लिए । कहा जाता है कि कनक मंडी जम्मू का आढ़ती विजय कुमार वैष्णोदेवी में दुकानदारों से सामान्य की तरह वसूली करके लौट रहा था ।

रफी की स्मृति में समारोह

लुधियाना, 2 अगस्त (महिन्द्रा): रविवार की रात्रि को पंजाबी भवन में फिल्मी गीतों के सम्राट मुहम्मद रफी की याद में एक समारोह किया गया । शांति कला मंच के निदेशक श्री भूपिन्दर जीत ने अतिथियों का स्वागत किया ।

आतंकवादियों का षड्यंत्र

(पृष्ठ 3 का शेष)

साहब पर 'हमले' से सिख जनमत आतंकवादियों के पक्ष में उसी प्रकार हो जाएगा जैसे आप्रेशन ब्ल्यू स्टार के दौरान हुआ था । उसने जगीर सिंह को यह सुनिश्चित बनाने के लिए कहा कि उसकी स्वीकृति के बगैर सिख स्टूडैंट्स फ़ैडरेशन या के.सी.एफ. के नाम पर कोई बयान जारी न हो ।

आतंकवादियों से की गई पूछताछ के परिणामस्वरूप बाद में लिखे गए पत्रों का एक बंडल भी मिला है । वस्सन सिंह ज़फ़रवाल ने 18 मई (यह वही दिन था जिस दिन शेष बचे आतंकवादियों ने भी आत्मसर्मण कर दिया और आप्रेशन ब्लैक थंडर समाप्त हो गया) को पाकिस्तान में अपने अड्डे से भाई गुरनाम सिंह को लिखे पत्र में लिखा—गुरजीत सिंह और जसवीर सिंह ने पंथक कमेटी के प्रतिनिधियों को निकालने का षड्यंत्र रचा है । आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फ़ैडरेशन का पुनर्गठन किया जाना चाहिए तथा गुरजीत सिंह को हटा कर फैडरेशन का नया प्रधान नियुक्त किया जाना चाहिए ।

इस पत्र और पहले के पत्रों में वस्सन सिंह और लाभ सिंह दोनों ने बार-बार पाकिस्तान के साथ अपने सम्पर्कों का उल्लेख किया है । इनमें चोरी-छुपे लाए जाने वाले हथियारों, तस्करों को किए जाने वाले भुगतान का ब्यौरा और उन लोगों के नाम-पते हैं जिनके साथ पाकिस्तान में सम्पर्क किया जाना है । इसके अलावा दूसरी पंक्ति के कई आतंकवादियों से की गई पूछताछ से पंजाब में आतंकवादी हिंसा में पाकिस्तान की संलिप्तता खतरनाक सीमा तक परिलक्षित होती है ।

नहर में दरार

(पृष्ठ 3 का शेष)

गोला, धर्म कोट दंधावा, गुरचेकां मंसूर और ठेठर के इत्यादि शामिल हैं ।

सेना की सहायता

जालन्धर-जिला अधिकारियों ने धुस्सी बांध की दरार को भरने के लिए सेना की सहायता ली है । खेरा मझा सिंह गांव के निकट धुस्सी बांध में दरार आ गई है । भारी वर्षा के कारण प्रशासन ने लोगों को सावधान कर दिया है । धुस्सी में दरार की खबर सुनते ही जिलाधीश श्री सुधीर मित्तल नकोदर पहुंच गए हैं । जिला बाढ़ नियंत्रण अधिकारी श्री एच.पी. लाल मोदगिल विभिन्न टीमों सहित घटनास्थल पर पहुंच गए हैं ।

जालंधर में कई गांव जलमग्न

जालंधर (ह.स.): जिला जालंधर के गांव खेड़ा फौजा सिंह के पास सतलुज दरिया के साथ धुस्सी बांध में दो सौ फुट लंबी दरार पड़ जाने से अनेक गांवों में पानी आ गया है । उपायुक्त श्री सुधीर मित्तल ने क्षेत्र का दौरा करने के बाद बताया है कि फसलों व सम्पत्ति को कोई क्षति नहीं हुई है । प्रशासन की सामयिक कार्रवाई से ग्रामीणों पर से संकट टल गया है ।

एक मरा

फगवाड़ा (अशोक) : आज प्रातः भारी वर्षा में फिसलन के कारण निकटवर्ती गांव सरहाली के पास एक कार के अनियंत्रित होकर उलट जाने से उसमें सवार एक बारात के पांच सदस्यों में से एक बाराती की मृत्यु हो गई जबकि अन्य गम्भीर घायल हो गए, जिन्हें स्थानीय हस्पताल में दाखिल करवाया गया है । कार चालक एक साईकल सवार को बचाते-बचाते कार पर अपना नियंत्रण खो बैठा व एक पेड़ से जा टकराया ।

गत रात्रि भारी वर्षा के कारण यहां से 40 किलो मीटर दूर मैहतपुर के पास गांव संगोवाल में सतलुज दरिया का बांध टूट गया जिससे क्षेत्र में पानी ही पानी हो गया । सैंकड़ों ग्रामीणों व सरकारी कर्मियों ने संयुक्त रूप से कड़े परिश्रम के बाद बांध को अस्थाई तौर पर भर दिया परन्तु आज शाम 4 बजे पुनः उक्त बांध में दरार आ गई । अनेक उच्च अधिकारी मौका पर पहुंच गए हैं व बांध भरने के भरसक प्रयत्न जारी हैं ।

मनोनयन

चंडीगढ़, 2 अगस्त (वि.प्र.): पंजाब सरकार ने गुरु नानक फाऊंडेशन की कार्यकारी परिषद के संरक्षकों का मनोनयन कर दिया है । इनमें पंजाब के

Punjab Sanatan

पट्टी के बाज़ार में फ़ायरिंग से 4 मरे, एस.जी.पी.सी. सदस्य सहित 4 अन्य हत्याएं

फरीदकोट के निकट भारी परिमाण में हथियार, गोली-सिक्का बरामद

सुरक्षा बलों ने बड़े पैमाने पर नरसंहार की साज़िश नाकाम बना दी

चंडीगढ़, 3 अगस्त (वार्ता, ह.स.): उग्रवादियों ने आज रात्रि अमृतसर के पट्टी क्षेत्र के एक बाजार में अंधाधुंध फायरिंग करके कम से कम 4 लोगों की हत्या कर दी । पंजाब में उग्रवादियों ने अन्यत्र शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के वरिष्ठ सदस्य अर्जन सिंह सहित 4 लोगों की हत्या कर दी । पुलिस ने फरीदकोट व फिरोजपुर नगरों में नरसंहार की साजिश को विफल कर दिया तथा भारी परिमाण में शस्त्र आदि बरामद किए । एक शिक्षक की हत्या के विरोध में गुरदासपुर के स्कूलों में हड़ताल रही ।

शिरोमणि कमेटी सदस्य की हत्या

अमृतसर (वि.प्र.): आतंकवादियों ने गत रात थाना सदर के गांव सरहाली खुर्द में शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के सदस्य अर्जन सिंह की हत्या कर दी । 72 वर्षीय श्री अर्जन सिंह एकीकृत अकाली दल के वरिष्ठ नेता थे । आतंकवादियों ने ए.के. 47 शाट गनों का प्रयोग किया ।

तरनतारन से पन्नू के अनुसार श्री अर्जन सिंह के माथे पर तीन तथा गले में एक गोली लगी । गांव में स्थापित पुलिस चौकी के कर्मचारियों ने गोलियों की आवाज सुनकर गोलियां चलाईं लेकिन आतंकवादी भागने में सफल हो गए । बताया जाता है कि आतंकवादी रात पौने 10 बजे के लगभग दीवार फांद कर घर में दाखिल हुए । उन्होंने श्री अर्जन सिंह को सोए हुए को उठाया तथा बाहर ले जाकर गोलियां मारीं । घर वालों के अनुसार उन्होंने गोलियों की आवाज तो सुनी लेकिन भय के कारण कोई बाहर नहीं आया । लगभग आध घंटे बाद उन्होंने बाहर आकर श्री अर्जन सिंह को मृत पाया । परिवार के सदस्यों ने घटना में आतंकवादियों का हाथ होने या निजी शत्रुता की सम्भावना को रद्द कर दिया ।

शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी ने श्री अर्जन सिंह की हत्या की निंदा की है । एक प्रैस विज्ञप्ति में कमेटी ने आरोप लगाया है कि पंथ विरोधी तत्व सरकार के इशारे पर काम करते हुए शिरोमणि कमेटी के सदस्यों की हत्या कर रहे हैं ताकि शिरोमणि कमेटी का अस्तित्व खतरे में डाला जा सके । कमेटी ने शोक संतप्त परिवार के साथ गहरी सम्वेदना प्रकट की ।

तीन की हत्या

10-12 आतंकवादी गत रात थाना लोपोके के गांव बोपाराय बाज सिंह में बाबा सिंह के घर में घुस गए और अंधाधुंध गोलियां चला कर उसकी पत्नी बलबीर कौर (28), उसकी लड़की हरजिंदर पाल कौर (14) तथा उसके नौकर जोगिन्दर सिंह (23) की हत्या कर दी । पुलिस ने बताया कि बाबा सिंह ने अपनी लाइसैंसशुदा 315 बोर की राइफल से गोलियां चला कर आतंकवादियों का मुकाबला किया और उन्हें भगा दिया । आतंकवादी ए.के. 47 शाट गनों से लैस थे । घटनास्थल से ए.के. 47 शाट गन के 79 खाली कारतूस मिले ।

4 की हत्या

अमृतसर जिले के पट्टी क्षेत्र के कढ़ी बाजार में उग्रवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग करके 4 लोगों की हत्या कर दी व दो अन्य को घायल कर दिया ।

खबरों के अनुसार यह घटना रात आठ बज कर पच्चास मिनट पर हुई और दो व्यक्तियों की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई जबकि दो अन्य ने अस्पताल में दम तोड़ा ।

कंट्रोल रूम को मिली सूचना के अनुसार उग्रवादियों की संख्या 4 थी और उन्होंने ए.के.-47 चीनी असाल्ट राइफलों से फायरिंग की ।

मृतकों में राज कुमार, विनोद कुमार, तरसेम लाल, जसबीर सिंह शामिल हैं । घायलों में से एक का नाम मुन्नी लाल है ।

मृतकों में अधिकांश दुकानदार थे । यह घटनास्थल बस अड्डे के पास है । घटनास्थल से पुलिस स्टेशन कुछ ही दूर है ।

सैनिक द्वारा वीरता का प्रदर्शन

बटाला (कोछड़): पुलिस जिला बटाला में थाना श्रीहरगोबिन्दपुर के कस्बा माड़ी पन्नूआं में गत 23 जुलाई की सायं को दो सशस्त्र अज्ञात युवकों द्वारा की गई फायरिंग के सम्बन्ध में आज यहां एस.पी. हैडक्वार्टर श्री अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि आतंकवादियों की गोलियों से दो व्यक्ति अजीत राम (48) तथा साईं दास (70) मारे गए जबकि एक सेवानिवृत्त सैनिक सुरेंद्र पाल और उसकी पत्नी सत्या देवी घायल हो गए थे जिन्हें अमृतसर के अस्पताल में भेजा गया है । श्री शर्मा ने बताया कि सुरेन्द्र पाल के सैनिक बेटे भारत भूषण, जो छुट्टियों में गांव आया हुआ है, ने आतंकवादियों का अपनी लाइसैंसी बंदूक से मुकाबला करते हुए गोलियां चलाईं जिससे आतंकवादी गोलियां चलाते हुए भाग गए वरना वे कई अन्य हत्याएं कर सकते थे । आतंकवादियों ने ए.के. 47 राइफल का प्रयोग किया जिसके कुछ चले हुए कारतूस घटनास्थल से बरामद हुए हैं ।

प्राप्त विवरण के अनुसार माड़ी पन्नूआं के क्षेत्र अन्तगढ़ के ये परिवार पहले पलायन कर चुके थे । अभी कुछ दिन पहले ही वे वापस लौटे थे ।

स्कूल बंद रहे

गत 26 जुलाई को कस्बा घुमान के निकट आतंकवादियों द्वारा मारे गए सरकारी स्कूल के अध्यापक मलिक सिंह मल्ला की हत्या के रोष स्वरूप जिला अध्यापक प्रोटैस्ट एक्शन कमेटी के आह्वान पर आज जिला भर में सरकारी व अन्य स्कूल बंद रहे । अध्यापकों ने तहसील मुख्यालयों पर रैली की तथा एस.डी.एम. को ज्ञापन देकर मांग की कि अध्यापकों को सुरक्षा प्रदान की जाए तथा पुलिस पैट्रन पर सहायता की जाए ।

गत रात्रि आनगढ़ ब्लॉक में फायरिंग करके 2 लोगों की हत्या करने वाले दोनों उग्रवादियों की शिनाख्त हो गई है । ये दोनों खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स के उग्रवादी हैं ।

फगवाड़ा (राकेश): कल स्थानीय थाना सिटी पुलिस ने एक ग्रामीण स्त्री के गले से सोने का हार उतारने के अपराध में 6 सांसी औरतों तथा मारुति वैन के ड्राइवर को गिरफ्तार करके अदालत में पेश किया । अदालत ने वैन के ड्राइवर तथा 3 सांसी औरतों का 6 अगस्त तक पुलिस रिमांड व 3 सांसी औरतों का न्यायिक रिमांड देकर जालन्धर जेल भेज दिया है ।

नर-संहार टला

मोगा (वार्ता): सुरक्षा बलों की सामयिक कार्रवाई से कल रात फरीदकोट और फिरोजपुर नगरों में एक साथ नर-संहार की आतंकवादियों की योजना विफल हो गई । यह जानकारी पुलिस चीफ श्री गोबिन्द राम ने दी । उन्होंने बताया कि उनके अपने नेतृत्व में सुरक्षा बलों ने एक गुप्त सूचना मिलने पर फरीदकोट के निकट गांव गोलेवाला में एक खेत में स्थित निर्जन डेरे में स्थित आतंकवादियों के अड्डे पर छापा मारा । सुरक्षा बलों को देख कर आतंकवादी जिनकी संख्या 6-7 थी, फायरिंग करते हुए भाग गए । डेरे में से भारी परिमाण में अत्याधुनिक हथियार व गोली-सिक्का बरामद हुआ ।

सुरक्षा बलों ने 2 विदेशी राइफलें, चार जर्मन व पाकिस्तान रिवाल्वर, तीन अत्यंत शक्तिशाली चीनी बम, बारह बोर की गनें और विभिन्न बोरों के 100 से अधिक कारतूस बरामद किए । सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों को पकड़ने के लिए बड़े पैमाने पर खोजबीन शुरू कर दी है ।

दो गिरफ्तार

होशियारपुर के एस.एस.पी. ने बताया कि जिला

(शेष पृष्ठ 6 पर)

पंजाब में अब तक 77 प्रवासी श्रमिकों की हत्या

नई दिल्ली, 3 अगस्त (जी.एस. चावला, ह.स.): गृहमंत्री बूटा सिंह ने आज लोकसभा में बताया कि पंजाब में अब तक बिहार, उड़ीसा और अन्य राज्यों से आए 77 श्रमिकों की आतंकवादियों द्वारा हत्या की गई । एक प्रश्न के जवाब में श्री बूटा सिंह ने बताया कि आतंकवाद के शिकार हुए 44 व्यक्तियों के निकट संबंधियों को 31 जुलाई, 1988 तक अनुग्रह अनुदान के रूप में 8.80 लाख रुपए दे दिए गए । शेष मामलों में निकट संबंधी के बारे में सूचना रिपोर्टों के प्राप्त होने पर क्षतिपूर्ति दी जाएगी ।

उन्होंने कहा कि एस.वाई.एल. के साथ-साथ श्रमिकों की सुरक्षा के लिए पंजाब पुलिस और होमगार्डों की चौकियां बिठा दी गई हैं । हरेक चौकी में एक हैडकांस्टेबल, दो कांस्टेबल और चार होमगार्ड जवान तैनात रहते हैं । जिन क्षेत्रों में प्रवासी श्रमिक काम करते हैं, उनमें अर्द्ध सैनिक बलों तथा पंजाब पुलिस द्वारा दिन-रात गश्त की जाती है ।

एक अन्य प्रश्न के उत्तर में गृह राज्यमंत्री पी. चिदम्बरम ने बताया कि पिछले महीने मणिपुर के उखरूल नगर में नैशनल सोशलिस्ट कौंसिल आफ नागालैंड के छापामारों द्वारा घात लगाकर किए गए हमले में तीन सैनिक मारे गए ।

वी.पी. सिंह समाजवादी जनता दल के अध्यक्ष, हेगड़े उपाध्यक्ष बने

नई दिल्ली, 3 अगस्त (वार्ता, हस): हरियाणा के मुख्यमंत्री देवी लाल ने आज प्रस्तावित समाजवादी जनता दल के पदाधिकारियों के नामों की घोषणा कर दी, जिसके अनुसार जन-मोर्चा नेता विश्वनाथ प्रताप सिंह को नए दल का अध्यक्ष बनाया गया है ।

घोषणा के अनुसार कर्नाटक के मुख्यमंत्री रामकृष्ण हेगड़े को नए दल का उपाध्यक्ष, अजीत सिंह को महासचिव, प्रो. मधु दंडवते को संसदीय दल का नेता और श्री देवी लाल को संसदीय बोर्ड का अध्यक्ष बनाया गया है । विज्ञप्ति में कहा गया है कि पदाधिकारियों का चयन हरियाणा भवन में नई पार्टी में शामिल होने वाली पार्टियों के प्रतिनिधियों की बैठक में किया गया । विज्ञप्ति में यह नहीं बताया गया है कि इस बैठक में कौन लोग उपस्थित थे ।

हरियाणा के मुख्यमंत्री देवी लाल द्वारा आज

ज्ञातव्य है कि जनता, लोकदल, कांग्रेस (स) तथा जनमोर्चा को मिला कर समाजवादी जनता दल के गठन का प्रस्ताव 26 जुलाई को जनता नेता बीजू पटनायक के निवास स्थान पर हुई बैठक में किया गया था और इस प्रस्ताव को स्वीकृति के लिए सम्बन्धित दलों के पास भेजने का निश्चय किया गया था । इस स्वीकृति के बाद 15 अगस्त को नए दल के गठन की घोषणा की जानी थी ।

इस बीच जनमोर्चा को छोड़ शेष 3 दलों ने अभी विलय प्रस्ताव को स्वीकृति नहीं दी है । जनता पार्टी की बैठक विलय सम्बन्धी प्रस्ताव पर विचार के लिए कल होने वाली है और लोकदल तथा कांग्रेस (स) ने अपनी बैठक के बारे में कोई संकेत नहीं दिया है ।

जनमोर्चा ने कल अपनी बैठक में नए दल के गठन का स्वागत किया था किंतु अपना अस्तित्व

Punjab Sahatari

र की दरार बद करने सेना के
हुंचे : यमुना का जलस्तर घटा

पिहोवा-अम्बाला मार्ग पर मारकंडा नदी के नारे बसा गांव—भोनी बाढ़ के कारण शेष देश से ट गया है । करनाल का एक गांव किरमच भी पूरी ह पानी की लपेट में आ चुका है, जहां चार-चार ट पानी बह रहा है । गांव के लोगों ने पंचायत घर शरण ले रखी है । वहां 50 से भी अधिक मकान र गए हैं ।

कहा जाता है कि एस.वाई.एल. नहर में साइफन होने के कारण पानी रुक गया था । गांववासियों मांग है कि भाखड़ा की तरह वहां भी साइफन ाया जाए । कमिश्नर अम्बाला बी.डी. धालिया गांव का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया ।

इससे पहले कमिश्नर श्री धालिया, जिलाधीश डी.सी. वर्मा, मेजर बलबीर सिंह, एस.ई. कैनाल वी.पी. सैनी व अन्य उच्चाधिकारियों ने दरार का ोक्षण किया । श्री धालिया ने आशा व्यक्त की दरार दो दिन में बंद हो जाएगी ।

पिहोवा और खड़ना के 25 गांव भी पानी में घिर गए हैं । वहां के लोगों को खाने-पीने की चीजें पहुंचाने के लिए दो किश्तियां भेजी गई हैं ।

नई दिल्ली : उत्तर प्रदेश में बाढ़ से चार और हरियाणा के भर जाने से राज्य में बाढ़ के कारण मरने वालों की संख्या आज बढ़ कर 112 हो गई है ।

जालन्धर : सिंचाई विभाग ने ग्रामीणों की मदद से नकोदर के पास ग्राम खेड़ा फौजा सिंह ग्राम में ननखड़ नदी की बाढ़ से धुस्सी बांध में पड़ गई 3 हजार मीटर की दरार को भर दिया । राहत कार्यों के लिए सेना को अभी भी सतर्क रखा गया है ।

धनधर में तीन सौ मीटर की दरार

भटिंडा : भटिंडा की तलवंडी तहसील के निकट साहूलगढ़ में घग्गर नदी में तीन सौ मीटर की दरार पड़ गई जिससे कई ग्रामों में पानी भर गया ।

ंक मैनेजर की हत्या के विरोध में पंजाब एंड
सिंध बैंक के कर्मचारियों द्वारा हड़ताल

जालन्धर, 3 अगस्त (ह.स.): पंजाब एंड सिंध क के कर्मचारियों ने जालन्धर जिले के गांव रहाल कांजियां में पंजाब एंड सिंध बैंक के मैनेजर ी जसबीर सिंह की कल आतंकवादियों द्वारा हत्या र दिए जाने के विरोध में आज हड़ताल कर दी । र्मचारियों ने काले बिल्ले लगा कर जलूस की शक्ल जालन्धर पुलिस प्रमुख के कार्यालय तक गए तथा पना विरोध प्रकट करते हुए बैंक कर्मचारियों की ुचित सुरक्षा की मांग की । कर्मचारियों ने मृतक परिवार के एक सदस्य को नौकरी तथा एक लाख ए मुआवज़ा देने की मांग की है । इस बीच हत्या रोध में क्लीयरिंग हाउस में भी हड़ताल रही ।

उग्रवादियों द्वारा गत दिवस थाना बंगा के गांव लरुहान कांजियां में पंजाब एंड सिंध बैंक के मैनेजर

पट्टी के बाजार में फायरिंग
(पृष्ठ 3 का शेष)

पुलिस ने 2 उग्रवादियों तेजपाल सिंह गांव दौलतपुर और शमशेर सिंह को गिरफ्तार करके उनसे एक चोरी-शुदा बजाज चेतक स्कूटर बरामद किया । यह दोनों लूटमार की कई वारदातों में वांछित थे ।

आग लगाने की कोशिश

कपूरथला (शर्मा): स्थानीय थाना सदर के गांव लक्खन कलां में कुछ महीने पहले एक ब्राह्मण परिवार के चार सदस्यों सहित 6 व्यक्तियों की आतंकवादियों ने गोलियां मार कर निर्मम हत्या कर दी थी । उस भाग्यहीन परिवार का एक 7 वर्षीय लड़का बचा है । मालूम हुआ है कि दो दिन पूर्व उस मकान के एक कमरा को आग लगाने की कोशिश की गई और सोफा सैट जल गया । मालूम हो जाने पर आग पर काबू पा लिया गया । उस मकान में मृतक करतार चन्द का भाई अपने परिवार तथा उस लड़के के साथ रहता है ।

11 गिरफ्तार

धूरी (सिंगला): एस.एस.पी. श्री ज्ञान सिंह ने बताया कि मालेरकोटला पुलिस ने गांव झल के करनैल सिंह तथा गांव लसोई के सुभाष कुमार को गिरफ्तार किया जबकि वे एक शराब के ठेके को लूटने व एक समुदाय के लोगों की हत्या की योजना बना रहे थे । उन्हें आतंकवाद उन्मूलन कानून के अंतर्गत गिरफ्तार किया गया । पुलिस ने विभिन्न स्थानों से 9 अन्य व्यक्तियों को भी गिरफ्तार किया जिनमें कश्मीरा सिंह, रोजा सिंह, गिंदर सिंह, दरवेश सिंह, राज कुमार राज, भीमसेन, हरभजन सिंह व हीरा लाल शामिल हैं ।

घायल कर दिया

फिरोजपुर (ह.स.): थाना ममदोट के एक गांव पीर के खानगढ़ में तीन आतंकवादियों ने एक व्यक्ति अमरजीत सिंह पर गोली चला कर उसे घायल कर दिया । ब्यौरे की प्रतीक्षा है ।

नी. पी. सिंह अध्यक्ष
(पृष्ठ 3 का शेष)

बहुगुणा आश्चर्यचकित

श्री देवी लाल द्वारा आज यहां प्रस्तावित

Punjabi Sahitya

तेजपाल साथी, उसके गनमैन सहित पंजाब में आतंकवादियों द्वारा 9 व्यक्तियों की हत्या

राष्ट्रीय शिव सेना नेता की हत्या के विरुद्ध लुधियाना में हड़ताल, साथी की अन्त्येष्टि आज

पट्टी गोलीकांड के विरुद्ध पूर्ण बंद : कर्फ़्यू लगा

चंडीगढ़, 4 अगस्त (वार्ता, ह.स.): राष्ट्रीय हिंद शिव सेना पंजाब के प्रधान तेज पाल साथी, एक पुलिस कांस्टेबल तथा सरपंच सहित पंजाब में आतंकवादियों ने विभिन्न स्थानों पर 9 व्यक्तियों की हत्या कर दी । पट्टी में कल रात हुए हत्याकांड के विरोध में आज पूर्ण हड़ताल रही । कस्बा में प्रातः 9 बजे से कर्फ़्यू लागू कर दिया गया, जो मृतकों की अन्त्येष्टि के बाद शाम को उठा लिया गया । तेजपाल साथी की हत्या के विरोध में आल इंडिया हिन्दू शिव सेना ने कल पंजाब बंद का आह्वान किया है ।

पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री के.पी.एस. गिल ने चंडीगढ़ में बताया कि पुलिस द्वारा राज्य में गिरफ्तार किए गए आतंकवादियों में एक दुर्दांत आतंकवादी जोगेन्द्र सिंह भी शामिल है ।

शिव सेना नेता तेज पाल साथी की हत्या के बारे में श्री गिल ने बताया कि श्री साथी के गनमैन की हत्या करने के बाद आतंकवादी दरवाजा तोड़ कर श्री साथी के कमरे में गए क्योंकि दरवाजा अंदर से बंद था । उन्होंने कहा कि जब आतंकवादी भाग रहे थे तो उनके दूसरे गनमैन ने उन्हें देख लिया और उनके पीछे भागा । दोनों आतंकवादी एक स्कूटर पर सवार हो गए जबकि गनमैन ने घटनास्थल पर पहुंची सी.आर.पी. की एक जीप में उनका पीछा किया तथापि एक भीड़ भरे बाजार में आतंकवादी चकमा देकर बच निकले ।

तेजपाल साथी की हत्या

लुधियाना (महिन्द्रा, अश्विनी, जोशी, ह.स.): आज प्रातः यहां दो आतंकवादियों ने राष्ट्रीय हिंद शिव सेना पंजाब के प्रधान श्री तेजपाल साथी की दयानंद अस्पताल में उनके कमरा नम्बर 302 में अंधाधुंध फ़ायरिंग करके हत्या कर दी । कमरे के बाहर बैठा उनका गनमैन भी मारा गया । अपराध करने के बाद दोनों आतंकवादी तीसरी मंज़िल पर स्थित इस प्राइवेट कमरे से सीढ़ियां उतर कर मुर्दाखाना की ओर मुड़े । वहां से खेल के मैदान के छोटे रास्ते से गोलियां चलाते हुए टैगोर नगर और ऊधम सिंह नगर के मध्य गली में पहुंच गए, जहां तीसरा आतंकवादी स्कूटर लिए हुए पहले ही खड़ा था । तीनों इस पर सवार होकर रोज़ गार्डन की ओर होते हुए फ़रार हो गए ।

बताया जाता है कि 4-5 मास पहले जब तेजपाल साथी बम्बई में शिव सेना नेता श्री बाल ठाकरे से मिल कर आए थे, तब भी उनकी 8 बजे रात के करीब हत्या करने की कोशिश की गई थी, परन्तु वह भाग कर अपने घर पहुंच गए थे और बच गए थे ।

श्री साथी नवांशहर में गत दिवस आतंकवादियों के हाथों मारे गए शिवसेना नेता पवन कुमार जैन की रस्म पगड़ी में शामिल होने के बाद लुधियाना लौटते हुए टैम्पो उलट जाने से घायल हो गए थे । उनके बाज़ू की हड्डी टूट गई थी । उनके कुछ साथी भी घायल हो गए थे । प्रथम अगस्त से वह दयानंद अस्पताल में दाखिल थे ।

यह वारदात प्रातः लगभग सवा ग्यारह बजे हुई । आतंकवादियों ने आते ही कमरे के बाहर बैठे गनमैन मोहन लाल उर्फ़ बिल्ला पर ए.के. 47 असाल्ट राइफल और रिवाल्वर से गोलियां चलाईं । वह गम्भीर रूप से घायल हो गया । तब वह कमरा में गए जहां तेजपाल साथी अकेले ही थे । उन्होंने उन पर लगभग एक दर्जन गोलियां चलाईं । मौका पर ही उनकी मृत्यु हो गई । कमरे के अंदर और बाहर गोलियों के दर्जनों खोल बिखरे पड़े थे । फ़ायरिंग से कमरे के अंदर खिड़कियों आदि के सब शीशे टूट गए थे । दीवारों, दरवाजों तथा खिड़कियों पर गोलियों के लगभग एक-एक इंच गहरे दो दर्जन निशान थे । घटनास्थल से पुलिस ने एक खाली मैगज़ीन भी कब्ज़े में लिया है ।

तेजपाल साथी का गनमैन मोहन लाल बिल्ला का शव

'मुसाफ़िर' के अनुसार श्री साथी के तीन अंगरक्षकों के हथियार भी वहां पड़े थे । उनके हथियार वारदात के बाद पुलिस वहां से उठा ले गई । श्री साथी का संस्कार कल होगा । हिन्दू शिव सेना और शिवसेना ने कल फिर लुधियाना बंद की काल दी है ।

कमरे के बाहर बैठे गनमैन मोहन लाल की पगड़ी एक कुर्सी पर गिर पड़ी थी, जबकि दूसरी कुर्सी पर बड़ी मात्रा में खून बिखरा हुआ था । उसे तुरन्त आप्रेशन थियेटर ले जाया गया, परन्तु आप्रेशन के दौरान ही उसकी मृत्यु हो गई ।

सिटी डी.एस.पी. श्री बराड़, पुलिस डिवीज़न नम्बर 5 के एस.एच.ओ. इंस्पैक्टर श्री सोहन लाल शर्मा और सराभा नगर के थाना इंचार्ज श्री किशोर चंद भारी फ़ोर्स के साथ शीघ्र मौका पर पहुंच गए परन्तु एक घंटे बाद तक भी कोई वरिष्ठ पुलिस अफ़सर मौका पर नहीं पहुंचा था । बताया जाता है कि हमलावर अपनी ए.के.-47 राइफल में दूसरा मैगज़ीन भरने के बाद सीढ़ियों से नीचे उतरे ।

डी.एस.पी. सिटी श्री बराड़ ने बताया कि श्री साथी की सरक्षा के लिए एक हैड कांस्टेबल तथा तीन कांस्टेबल दिए गए थे, परन्तु इनमें से एक तो आज अनुपस्थित था, दूसरा एस.पी. सिटी के सामने पेश होने के लिए गया हुआ था और तीसरे का पता नहीं चला । अस्पताल के मैडीकल सुपिरिंटैंडैंट डाक्टर एस.डी. खुराना ने बताया कि आतंकवादियों ने 40-50 फ़ायर किए ।

बताया जाता है कि अस्पताल में वारदात के समय 4-5 सौ आऊट डोर रोगी थे । वे कमरों में छुप गए । लगभग 10 मिनट फ़ायरिंग जारी रही और आतंकवादियों के फ़रार होते समय किसी ने भी उन्हें रोकने का साहस नहीं किया ।

पिछले डेढ़ महीने में श्री साथी हिन्दू शिव सेना के ऐसे तीसरे नेता हैं, जिनकी हत्या की गई । इससे पूर्व हिन्दू शिव सेना के जिन दो नेताओं की हत्या की गई, उनके नाम क्रमशः रमाकांत जलोटा और पवन कुमार जैन हैं ।

हत्या की खबर सुन कर चौड़ा बाजार, तालाब बाजार, साबुन बाजार, गुड़ मंडी, सराफ़ां बाजार, बसाती बाजार आदि बंद हो गए । हिंदू शिव सेना के दो दर्जन से ज्यादा वर्करों ने दंडी स्वामी रोड और गुड़ मंडी के निकट भारी पथराव किया । वह तेजपाल साथी अमर रहे, पंजाब पुलिस मुर्दाबाद के नारे लगा रहे थे, अतः दंडी स्वामी रोड, कचहरी रोड, कैलाश सिनेमा रोड, गुड़ मंडी, घास मंडी, चौड़ा बाजार आदि सब बंद हो गए ।

कुछ समय बाद जिलाधीश और एस.एस.पी. आदि उच्चाधिकारी मौका पर पहुंच गए । पुलिस ने अभियुक्तों की तलाश में कई जगह छापे मारे हैं ।

पंजाब भाजपा के वित्त सचिव कृष्ण गुप्ता ने कहा कि पंजाब में शांति व्यवस्था की हालत बहुत खराब हो गई है । कोई शहर, कस्बा और गांव आतंकवादियों से नहीं बचा । श्री साथी की हत्या से आतंकवाद के विरुद्ध लड़ने वाली शक्तियों को हानि पहुंची है ।

प्रशासन जिम्मेवार

आल इंडिया हिन्दू शिव सेना (उत्तरी क्षेत्र) के पदाधिकारियों और कार्यकर्त्ताओं की एक बैठक आज यहां जगदीश तांगड़ी की अध्यक्षता में हुई जिसमें तेज पाल साथी की हत्या की निंदा की गई । बाद में तांगड़ी ने बताया कि बैठक ने श्री साथी की हत्या के लिए जिला प्रशासन की अयोग्यता को जिम्मेदार ठहराया । उन्होंने बताया कि कल प्रातः 11 बजे श्री साथी के निवास स्थान से अर्थी का जलूस चलेगा । अंतिम संस्कार गोशाला श्मशानघाट पर होगा । उन्होंने कहा कि श्री साथी पर अस्पताल में किया गया कातिलाना हमला एक नापाक हरकत है क्योंकि अस्पताल पर तो शत्रु देश भी हमला नहीं करता । अकाली नेताओं को इस हत्या की खुल कर निंदा करनी चाहिए ।

राष्ट्रीय हिन्दू शिव सेना के प्रधान श्री तेजपाल साथी की निर्मम हत्या पर शोक संदेश प्राप्त हुए हैं । भारतीय जनता पार्टी पंजाब इकाई के कोषाध्यक्ष श्री कृष्ण गुप्ता और लुधियाना भाजपा के कार्यकारिणी सदस्य श्री कुलदीप सूद ने इसको पंजाब सरकार की दुर्बलता करार दिया है ।

लुधियाना (आह्लूवा): श्री तेज पाल साथी की हत्या कितने उग्रवादियों ने की उस पर प्रश्न चिन्ह लगा हुआ है । पुलिस के अनुसार उग्रवादियों की गिनती दो से तीन तक थी जबकि घटनास्थल पर खड़े लोगों व हस्पताल में उपचाराधीन मरीजों के संबंधियों ने उग्रवादियों की गिनती आधी दर्जन तक बताई है ।

कांस्टेबल की हत्या

अमृतसर (वि.प्र.): जिला अमृतसर के थाना हरीके के एस.एच.ओ. के गनमैन अशोक कुमार की दो आतंकवादियों ने धराली थाना क्षेत्र में स्थित उसके ससुराल के गांव में हत्या कर दी । कांस्टेबल छुट्टी पर अपने ससुराल आया हुआ था ।

सिपाही की हत्या

आज रात्रि सरहाली थाना क्षेत्र के ग्राम चोला साहब के पास उग्रवादियों से हुई मुठभेड़ में एक सिपाही मारा गया व एक हैडकांस्टेबल घायल हो गया । उग्रवादियों ने घात लगा कर पुलिस के एक गश्ती दल पर हमला किया था । मृत सिपाही का नाम बलजिंदर सिंह व घायल हैडकांस्टेबल का नाम गुरेंद्र सिंह बताया गया है ।

पट्टी (स): कल रात आठ बज कर 50 मिनट पर पट्टी शहर में उग्रवादियों ने चार व्यक्तियों की हत्या कर दी व दो को ज़ख्मी कर दिया । बस स्टैंड के पास जैन मुहल्ला में उग्रवादियों ने अंधाधुंध फ़ायरिंग की, जिससे राज कुमार जैन (सराफ़) तरसेम लाल जैन व विनोद कुमार जैन की मौके पर ही मौत हो गई तथा मुन्नी लाल जैन गम्भीर रूप से ज़ख्मी हो गए । इसके बाद उन्होंने पुराने सरकारी अस्पताल के पास जसजीत सिंह पुत्र फौजा सिंह भूतपूर्व चेयरमैन मार्कीट कमेटी को गोली मार कर मार दिया तथा कुलदीप सिंह को ज़ख्मी कर दिया । प्रत्यक्षदर्शी का कहना है कि दो उग्रवादी मुहल्ले में आए, जहां मुहल्ले के चौक में तख्तपोश पर कुछ लोग बैठे हुए थे । प्रत्यक्षदर्शी का कहना है कि कल

(शेष पृष्ठ 8 पर)

लोकसभा से विपक्ष का वाक आऊट

नई दिल्ली, 4 अगस्त (वार्ता): नागालैंड के राजनीतिक संकट पर चर्चा कराने की मांग अस्वीकार कर दिए जाने के विरोध में लगभग सभी विपक्षी सदस्य आज लोकसभा से उठ कर चले गए । शून्यकाल के दौरान मार्क्सवादी सदस्य वासुदेव आचार्य, जनता पार्टी के मधु दंडवते,

Punjab Sampada

राष्ट्रीय हिन्द शिवसेना पंजाब के अध्यक्ष श्री तेजपाल साथी की वीरवार को लुधियाना में उग्रवादियों ने हत्या कर दी । चित्र में (1) श्री तेजपाल साथी का मृतक शरीर, (2) श्री साथी का पुराना चित्र, (3) श्री साथी की एक पत्नी विलाप करते हुए, (4) श्री साथी की दूसरी पत्नी शोकाकुल अवस्था में बेहोश पड़ी है तथा परिवार के अन्य शोकाकुल सदस्य विलाप करते हुए । (छाया : जगमोहन काम्बोज)

Punjabi Anatami





जिला अमृतसर के कस्बा पट्टी में बुधवार रात को आतंकवादियों की फायरिंग से मारे गए (1) विनोद कुमार, (2) तरसेव लाल, (3) राज कुमार जैन और (4) जसजीत सिंह के शव । (छाया : सेठी)